(१) जो शब्द संस्कृत और प्राकृत में बिलकुल एक रूप हैं उनको 'तत्सम' या 'संस्कृतसम' कहते हैं, जैसे—अञ्जलि, आगम, इच्छा, ईहा, उत्तम, ऊढा, एरंड, ओङ्कार, किङ्कर, खञ्ज, गण, घण्टा, चित्त, छल, जल, झङ्कार, टङ्कार, डिम्भ, ढक्का, तिमिर, दल, धवल, नीर, परिमल, फल, बहु, भार, मरण, रस, लव, वारि, सुन्दर, हरि, गच्छन्ति, हरन्ति प्रभृति।

(२) जो शब्द संस्कृत से वर्ण-लोप, वर्णागम अथवा वर्ण-परिवर्तन के द्वारा उत्पन्न हुए हैं वे 'तद्भव' अथवा 'संस्कृतभव' कहलाते हैं, जैसे—अग्र=अग्ग, आर्य=आरिअ, इष्ट=इट्ठ, ईर्ष्या=ईसा, उद्गम=उग्गम, कृष्ण=कसण, खर्जूर=खज्जूर, गज=गअ, घर्म=घम्म, चक्र=चक्क, क्षोभ=छोह, यक्ष=जक्ख, ध्यान=झाण, दंश=डंस, नाथ=णाह, त्रिदश=तिअस, दृष्ट=दिट्ठ, धार्मिक=धम्मिअ, पश्चात्=पच्छा, स्पर्श=फंस, बदर=बोर, भार्या=भारिआ, मेघ=मेह, अरण्य=रण्ण, लेश=लेस, शेष=सेस, हृदय=हिअअ, भवति=हवइ, पिबति=पिअइ, पृच्छति=पुच्छइ, अकार्षीत्=अकासी, भविष्यति=होहिइ इत्यादि।

(३) जिन शब्दों का संस्कृत के साथ कुछ भी सादृश्य नहीं है—कोई भी संबन्ध नहीं है, उनको 'देश्य' या 'देशी' बोला जाता है; यथा—अगय (दैत्य), आकासिय (पर्याप्त), इराव, (हस्ती), ईस (कीलक),

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उअचित्त (अपगत), ऊसअ (उपधान), एलविल (धनाढ्य, वृषभ), ओंडल (धम्मिल्ल), कंदोट्ट (कुमुद), खुड्डिअ (सुरत), गयसाउल (विरक्त), घढ (स्तूप), चउक्कर (कार्तिकेय), छंकुई (कपिकच्छू), जच्च (पुरुष), झडप्प (शीघ्र), टंका (जङ्घा), डाल (शाखा), ढंढर (पिशाच, ईर्ष्या), णित्तिरडिअ (त्रुटित), तोमरी (लता), थमिअ (विस्मृत), दाणि (शुल्क), धयण (गृह), निक्खुत्त (निश्चित), पणिआ (करोटिका), फुंटा (केश-बन्ध), बिट्ट (पुत्र), भुंड (शूकर), मड्डा (बलात्कार), रत्ति (आज्ञा), लंच (कुक्कुट), विच्छड्ड (समूह), सयराह (शीघ्र), हुत्त (अभिमुख), उअ (पश्य), खुप्पइ (निमज्जति), छिवइ (स्पृशति), देक्खइ, निअच्छइ (पश्यति), चुक्कइ (भ्रश्यति), चोप्पडइ (म्रक्षति), अहिपच्चुअइ (गृह्णाति) प्रभृति।

उपर्युक्त विभाग प्राकृत के साथ संस्कृत के सादृश्य और पार्थक्य के ऊपर निर्भर करता है। इसके सिवा संस्कृत और प्राकृत के प्राचीन ग्रन्थकारों ने प्राकृत भाषाओं का और एक विभाग किया है जो प्राकृत भाषाओं के उत्पत्ति-स्थानों से संबन्ध रखता है। यह भौगोलिक विभाग (Geographical Classification) कहा जा सकता है।

प्राकृत भाषाओं का भौगोलिक विभाग।

भरत-प्रणीत कहे जाते नाट्य-शास्त्र में, * सात भाषाओं के जो मागधी, अवन्तिजा, प्राच्या, सूरसेनी, अर्धमागधी, वाह्लीका और दाक्षिणात्या ये नाम हैं, चण्ड के प्राकृत-व्याकरण में जो † पैशाचिकी और ‡ मागधिका ये नाम मिलते हैं, दण्डी ने काव्यादर्श में जो § महाराष्ट्राश्रया, शौरसेनी, गौडी और लाटी ये नाम दिये हैं, आचार्य हेमचन्द्र आदि ने मागधी, शौरसेनी, पैशाची और चूलिकापैशाचिक कह कर जिन नामों का निर्देश किया है और मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका के × कतिपय श्लोकों को उद्धृत कर महाराष्ट्री, आवन्ती, शौरसेनी, अर्धमागधी, वाह्लीकी, मागधी, प्राच्या और दाक्षिणात्या इन आठ भाषाओं के, छह विभाषाओं में द्राविड और ओढ्रज इन दो विभाषाओं के, ग्यारह पिशाच-भाषाओं में काञ्चीदेशीय, पाण्डय, पाञ्चाल, गौड, मागध, व्राचड, दाक्षिणात्य, शौरसेन, कैकय और द्राविड इन दश पिशाच-भाषाओं के और सताईस अपभ्रंशों में व्राचड, लाट, वैदर्भ, वार्बर, आवन्त्य, पाञ्चाल, टाक्क, मालव, कैकय, गौड, उड्र, हैव, पाण्डय, कौन्तल, सिंहल, कालिङ्ग, प्राच्य, कार्णाट, काञ्च, द्राविड, गौर्जर, आभीर और मध्यदेशीय इन तेईस अपभ्रंशों के जिन नामों का उल्लेख किया है वे उस भिन्न २ देश से ही संबन्ध रखते हैं जहाँ २ वह २ भाषा उत्पन्न हुई है। षड्भाषाचन्द्रिका के कर्ता ने ÷ 'शूरसेन देश में उत्पन्न भाषा शौरसेनी कही जाती है, मगध देश में उत्पन्न भाषा को मागधी कहते हैं और पिशाच-देशों की भाषा पैशाची और चूलिकापैशाची है' यह लिखते हुए यही बात अधिक स्पष्ट रूप में कही है।

---

* "मागध्यवन्तिजा प्राच्या सूरसेन्यर्धमागधी।
वाह्लीका दाक्षिणात्या च सप्त भाषाः प्रकीर्तिताः॥" (नाट्यशास्त्र १७, ४८)।

† "पैशाचिक्यां रणयोर्लनौ" (प्राकृतलक्षण ३, ३८)।

‡ "मागधिकायां रसयोर्लशौ" (प्राकृतलक्षण ३, ३९)।

§ "महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः।
सागरः सूक्तिरत्नानां सेतुबन्धादि यन्मयम्॥
शौरसेनी च गौडी च लाटी चान्या च तादृशी।
याति प्राकृतमित्येवं व्यवहारेषु सन्निधिम्॥" (काव्यादर्श १, ३४; ३५)।

× ये श्लोक 'पैशाची' और 'अपभ्रंश' के प्रकरण में दिये गये हैं।

÷ "शूरसेनोद्भवा भाषा शौरसेनीति गीयते।
मगधोत्पन्नभाषां तां मागधीं संप्रचक्षते।
पिशाचदेशनियतं पैशाचीद्वितयं भवेत्॥" (षड्भाषाचन्द्रिका, पृष्ठ २)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राकृत वैयाकरणों के मत से तत्सम आदि शब्दों की प्रकृति।

पूर्व में प्राकृत भाषाओं के शब्दों के जो तीन प्रकार दिखाये हैं उनमें प्रथम प्रकार के तत्सम शब्द संस्कृत से ही सब देशों के प्राकृतो में लिये गये हैं; दूसरे प्रकार के तद्भव शब्द संस्कृत से उत्पन्न होने पर भी काल-क्रम से भिन्न २ देश में भिन्न २ रूप को प्राप्त हुए हैं और तीसरे प्रकार के देश्य शब्द वैदिक अथवा लौकिक संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुए हैं, किन्तु भिन्न २ देश में प्रचलित भाषाओं से गृहीत हुए हैं। प्राकृत वैयाकरणों का यही मत है।

देश्य शब्द।

मूल

पहले प्राकृत भाषाओं का जो भौगोलिक विभाग बताया गया है, ये तृतीय प्रकार के देशीशब्द उसी भौगोलिक विभाग से उत्पन्न हुए हैं। वैदिक और लौकिक संस्कृत भाषा पंजाब और मध्यदेश में प्रचलित वैदिक काल की प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई हैं। पंजाब और मध्यदेश के बाहर के अन्य प्रदेशों में उस समय आर्य लोगों की जो प्रादेशिक प्राकृत भाषायें प्रचलित थीं उन्हीं से ये देशीशब्द गृहीत हुए हैं। यही कारण है कि वैदिक और संस्कृत साहित्य में देशीशब्दों के अनुरूप कोई शब्द (प्रतिशब्द) नहीं पाया जाता है।

प्राचीन काल में भिन्न भिन्न प्रादेशिक प्राकृत भाषायें हयात थीं, इस बात का प्रमाण व्यास के महाभारत, भरत के नाट्यशास्त्र और वात्स्यायन के कामसूत्र आदि प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों में और जैनों के ज्ञाताधर्मकथा, विपाकश्रुत, औपपातिकसूत्र तथा राजप्रश्नीय आदि प्राचीन प्राकृत ग्रन्थो में भी मिलता है*। इन ग्रन्थों में 'नानाभाषा', 'देशभाषा' या 'देशीभाषा' शब्द का प्रयोग प्रादेशिक प्राकृत के अर्थ में ही किया गया है। चंड ने अपने प्राकृत व्याकरण में जहाँ † देशीप्रसिद्ध प्राकृत का उल्लेख किया है वहाँ भी देशी शब्द का अर्थ देशीभाषा ही है। ये सब देशी या प्रादेशिक भाषाएँ भिन्न भिन्न प्रदेशों के निवासी आर्य लोगों की ही कथ्य भाषायें थीं। इन भाषाओं का पंजाब और मध्यदेश की कथ्य भाषा के साथ अनेक अंशों में जैसे सादृश्य था वैसे किसी किसी अंश में भेद भी था। जिस जिस अंश में इन भाषाओं का पंजाब और मध्यदेश की प्राकृत भाषा के साथ भेद था उसमें से जिन भिन्न भिन्न नामों ने और धातुओं ने प्राकृत-साहित्य में स्थान पाया है वे ही हैं प्राकृत के देशी वा देश्य शब्द।

---

* "नानाचर्मभिराच्छन्ना **नानाभाषाश्च** भारत। कुशला **देशभाषासु** जल्पन्तोऽन्योन्यमीश्वराः" (महाभारत, शल्यपर्व ४६, १०३)।

"अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि **देशभाषा**विकल्पनम्।"

"अथवा च्छन्दतः कार्या **देशभाषा** प्रयोक्तृभिः" (नाट्यशास्त्र १७, २४; ४६)।

"नात्यन्तं संस्कृतेनैव नात्यन्तं **देशभाषया**। कथां गोष्ठीषु कथयंल्लोके बहुमतो भवेत्" (कामसूत्र १,४,५०)।

"तते णं से मेहे कुमारे......अट्ठारसविहिप्पगार**देसीभासा**विसारए......होत्था"; "तत्थ णं चंपाए नयरीए देवदत्ता नाम गणिया परिवसइ अड्ढा..... **अट्ठारसदेसीभासा**विसारया" (ज्ञाताधर्मकथासूत्र, पत्र ३८; ६२)।

"तत्थ णं वाणियगामे कामज्झया णामं गणिया होत्था......**अट्ठारसदेसी**भासाविसारया" (विपाकश्रुत, पत्र २१-२२)।

"तए णं से दढपइण्णे दारए......**अट्ठारसदेसीभासा**विसारए" (औपपातिक सूत्र, पेरा १०६)।

"तए णं से दढपतिण्णे दारए......**अट्ठारसविहदेसिप्पगारभासा**विसारए" (राजप्रश्नीयसूत्र, पत्र १४८)।

† "सिद्धं प्रसिद्धं प्राकृतं त्रेधा त्रिप्रकारं भवति—संस्कृतयोनि......,संस्कृतसमं......,देशीप्रसिद्धं तच्चेदं हर्षितं=ल्हसिअं" (प्राकृतलक्षण पृष्ठ १-२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राकृत-वैयाकरणों ने इन समस्त देश्य शब्दों में अनेक नाम और धातुओं को संस्कृत नामों के और धातुओं के स्थान में आदेश-द्वारा सिद्ध करके तद्भव-विभाग में अन्तर्गत किये हैं *। यही कारण है कि आचार्य हेमचन्द्र ने अपनी देशीनाममाला में केवल देशी नामों का ही संग्रह किया है और देशी धातुओं का अपने प्राकृत-व्याकरण में संस्कृत धातुओं के आदेश-रूप में उल्लेख किया है; यद्यपि आचार्य हेमचन्द्र के पूर्ववर्ती कई वैयाकरणों ने इनकी गणना देशी धातुओं में ही की है †। ये सब नाम और धातु संस्कृत के नाम और धातुओं के आदेश-रूप में निष्पन्न करने पर भी तद्भव नहीं कहे जा सकते, क्योंकि संस्कृत के साथ इनका कुछ भी सादृश्य नहीं है।

कोई कोई पाश्चात्य भाषातत्त्वज्ञ का यह मत है कि उक्त देशी शब्द और धातु भिन्न भिन्न देशों की द्राविड, मुण्डा आदि अनार्य भाषाओं से लिये गये हैं। यहाँ पर यह कहा जा सकता है कि यदि आधुनिक अनार्य भाषाओं में इन देशी-शब्दों और देशी-धातुओं का प्रयोग उपलब्ध हो तो यह अनुमान करना असंगत नहीं है। किन्तु जबतक यह प्रमाणित न हो कि 'ये देशी शब्द और धातु वर्तमान अनार्य भाषाओं में प्रचलित हैं', तबतक 'ये देशी शब्द और धातु प्रादेशिक आर्य भाषाओं से ही गृहीत हुए हैं' यह कहना ही अधिक संगत प्रतीत होता है। इन अनार्य भाषाओं में दोएक देश्य शब्द और धातु प्रचलित होने पर भी 'वे अनार्य भाषाओं से ही प्राकृत भाषाओं में लिये गये हैं' यह अनुमान न कर 'प्राकृत भाषाओं से ही वे देश्य शब्द और धातु अनार्य भाषाओं में गये हैं' यह अनुमान किया जा सकता है। हाँ, जहाँ ऐसा अनुमान करना असंभव हो वहाँ हम यह स्वीकार करने के लिए बाध्य होंगे कि 'ये देश्य शब्द और धातु अनार्य भाषाओं से ही प्राकृत में लिये गये हैं'; क्योंकि आर्य और अनार्य ये उभय जातियाँ जब एक स्थान में मिश्रित हो गई हैं तब कोई कोई अनार्य शब्द और धातु का आर्य भाषाओं में प्रवेश करना असंभव नहीं है।

डो. केल्डवेल (Caldwell) प्रभृति के मत में वैदिक और लौकिक संस्कृत में भी अनेक शब्द द्राविडीय भाषाओं से गृहीत हुए हैं। यह बात भी संदिग्ध ही है, क्योंकि द्राविडीय भाषा के जिस साहित्य में ये सब शब्द पाये जाते हैं वह वैदिक संस्कृत के साहित्य से प्राचीन नहीं है। इससे 'वैदिक साहित्य में ये सब शब्द द्राविडीय भाषा से गृहीत हुए हैं' इस अनुमान की अपेक्षा 'आर्य लोगों की भाषा से ही अनार्यों की भाषा में ये सब शब्द लिये गये हैं' यह अनुमान ही विशेष ठीक मालूम पड़ता है।

ज़िन प्रादेशिक देशी-भाषाओं से ये सब देशी शब्द प्राकृत-साहित्य में गृहीत हुए हैं वे पूर्वोक्त प्रथम स्तर की प्राकृत भाषाओं के अन्तर्गत और उनकी समसामयिक हैं। ख्रिस्त-पूर्व षष्ठ
समय।
शताब्दी के पहले ये सब देशीभाषायें प्रचलित थीं, इससे ये देश्य शब्द अर्वाचीन नहीं, किन्तु उतने ही प्राचीन हैं जितने कि वैदिक शब्द।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति—वैदिक या लौकिक संस्कृत से नहीं, किन्तु प्रथम स्तर की प्राकृतों से।

प्राकृत के वैयाकरण-गण प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति में प्रकृति शब्द का अर्थ संस्कृत करते हुए प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति लौकिक संस्कृत से मानते हैं। संस्कृत के कई अलंकार-शास्त्रों के टीकाकारों ने

* देखो हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण के द्वितीय पाद के १२७, १२९, १३४, १३६, १३८, १४१, १७४ वगेरः सूत्र और चतुर्थ पाद के २, ३, ४, ५, १०, ११, १२ प्रभृति सूत्र।

† "एते चान्यैर्देशीषु पठिता अपि अस्माभिर्धात्वादेशीकृताः" (हे० प्रा० ४, २) अर्थात् अन्य विद्वानों ने वज्जर, पज्जर, उप्पाल प्रभृति धातुओं का पाठ देशी में किया है, तो भी हमने संस्कृत धातु के आदेश-रूप से ही ये यहीं बताये हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भी तद्भव और तत्सम शब्दों में स्थित 'तत्' शब्द का संबन्ध संस्कृत से लगाकर इसी मत का अनुसरण किया है *। कतिपय प्राकृत-व्याकरणों में प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति इस तरह की गई है :—

"प्रकृतिः संस्कृतं, तत्र भवं तत आगतं वा प्राकृतम्" (हेमचन्द्र प्रा० व्या०)।

"प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवं प्राकृतमुच्यते" (प्राकृतसर्वस्व)।

"प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवत्वात् प्राकृतं स्मृतम्" (प्राकृतचन्द्रिका)।

"प्रकृतेः संस्कृतायास्तु विकृतिः प्राकृती मता" (षड्भाषाचन्द्रिका)।

"प्राकृतस्य तु सर्वमेव संस्कृतं योनिः" (प्राकृतसंजीवनी)।

इन व्युत्पत्तिओं का तात्पर्य यह है कि प्राकृत शब्द 'प्रकृति' शब्द से बना है, 'प्रकृति' का अर्थ है संस्कृत भाषा, संस्कृत भाषा से जो उत्पन्न हुई है वह है प्राकृत भाषा।

प्राकृत वैयाकरणों की प्राकृत शब्द की यह व्याख्या अप्रामाणिक और अव्यापक ही नहीं है, भाषा-तत्त्व से असंगत भी है। अप्रामाणिक इस लिए कही जा सकती है कि प्रकृति शब्द का मुख्य अर्थ संस्कृत भाषा कभी नहीं होता—संस्कृत के किसी कोष में प्राकृत शब्द का यह अर्थ उपलब्ध नहीं है † और गौण या लाक्षणिक अर्थ तबतक नहीं लिया जाता जबतक मुख्य अर्थ में बाध न हो। यहाँ प्रकृति शब्द के मुख्य अर्थ स्वभाव अथवा ‡ जन-साधारण लेने में किसी तरह का बाध भी नहीं है। इससे उक्त व्युत्पत्ति के स्थान में "प्रकृत्या स्वभावेन सिद्धं प्राकृतम्" अथवा "प्रकृतीनां साधारणजनानामिदं प्राकृतम्" यही व्युत्पत्ति संगत और प्रामाणिक हो सकती है। अव्यापक कहने का कारण यह है कि प्राकृत के पूर्वोक्त तीन प्रकारों में तत्सम और तद्भव शब्दों की ही प्रकृति उन्होंने संस्कृत मानी है, तीसरे प्रकार के देश्य शब्दों की नहीं, अथच देश्य को भी प्राकृत कहा है। इससे देश्य प्राकृत में वह व्युत्पत्ति लागू नहीं होती। प्राकृत की संस्कृत से उत्पत्ति भाषा-तत्त्व के सिद्धान्त से भी संगति नहीं रखती, क्योंकि § वैदिक संस्कृत और लौकिक संस्कृत ये दोनों ही साहित्य की मार्जित भाषायें हैं। इन दोनों भाषाओं का व्यवहार शिक्षा की अपेक्षा रखता है। अशिक्षित, अज्ञ और बालक लोग किसी काल में साहित्य की भाषा का न तो स्वयं व्यवहार कर सकते हैं और न समझ ही पाते हैं। इस लिए समस्त देशों में सर्वदा ही अशिक्षित लोगों के व्यवहार के लिए एक कथ्य भाषा चालू रहती है जो साहित्य की भाषा से स्वतन्त्र—अलग—होती है। शिक्षित लोगों को भी अशिक्षित लोगों के साथ बातचीत के प्रसङ्ग में इस कथ्य भाषा का ही व्यवहार करना पड़ता है। वैदिक समय में भी ऐसी कथ्य भाषा प्रचलित थी। और, जिस समय लौकिक संस्कृत भाषा प्रचलित हुई उस समय भी साधारण लोगों की स्वतन्त्र कथ्य भाषा विद्यमान थी, यह नाटक आदि में संस्कृत भाषा के साथ प्राकृत-भाषी पात्रों के उल्लेख से प्रमाणित होता है।

पाणिनि ने संस्कृत भाषा को जो लौकिक भाषा कही है और पतञ्जलि ने इसको जो शिष्ट-भाषा का नाम दिया है, उसका मतलब यह नहीं है कि उस समय प्राकृत भाषा थी ही नहीं, परन्तु उसका अर्थ

---

* "प्रकृतेः संस्कृतादागतं प्राकृतम्" वाग्भटालंकारटीका २, २। "संस्कृतरूपायाः प्रकृतेरुत्पन्नत्वात् प्राकृतम्" काव्यादर्श की प्रेमचन्द्रतर्कवागीश-कृत टीका १, ३३।

† "प्रकृतिर्योनिशिल्पिनोः। पौरामात्यादिलिङ्गेषु गुणसाम्यस्वभावयोः। प्रत्ययात् पूर्विकायां च" (अनेकार्थसंग्रह ८७६-७)।

‡ "स्वाम्यमात्यः सुहृत्कोशो राष्ट्रदुर्गबलानि च।
राज्याङ्गानि प्रकृतयः पौराणां श्रेणयोऽपि च ॥" (अभिधानचिन्तामणि ३, ३७८)।
"यत् कात्यः—अमात्याद्याश्च पौराश्च सद्भिः प्रकृतयः स्मृताः" (अ०चि० ३, ३७८ की टीका)।

§ कोई कोई आधुनिक विद्वान प्राकृत भाषा की उत्पत्ति वैदिक संस्कृत से मानते हैं, देखो पाली-प्रकाश का प्रवेशक पृष्ठ ३४-३६।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह है कि उस समय के शिक्षित लोगों के आपस के वार्तालाप में, वर्तमान काल के पण्डित लोगों में संस्कृत की तरह, और भिन्नदेशीय लोगों के साथ के व्यवहार में Lingua Franca की माफिक संस्कृत भाषा व्यवहृत होती थी। किन्तु बालक, स्त्रियाँ और अशिक्षित लोग अपनी मातृ-भाषा में बातचीत करते थे जो संस्कृत-भिन्न साधारण कथ्य भाषा थी। साधारण कथ्य भाषा किसी देश में किसी काल में साहित्य की भाषा से गृहीत नहीं होती, बल्कि साहित्य-भाषा ही जन-साधारण की कथ्य भाषा से उत्पन्न होती है। इसलिए 'संस्कृत से प्राकृत भाषा की उत्पत्ति हुई है' इसकी अपेक्षा 'क्या तो वैदिक संस्कृत और क्या लौकिक संस्कृत, दोनों ही उस उस समय की प्राकृत भाषाओं से उत्पन्न हुई हैं' यही सिद्धान्त विशेष युक्ति-संगत है। आजकल के भाषा-तत्त्वज्ञों में इसी सिद्धान्त का अधिक आदर देखा जाता है। यह सिद्धान्त पाश्चात्य विद्वानों का कोई नूतन आविष्कार नहीं है, भारतवर्ष के ही प्राचीन भाषातत्त्वज्ञों में भी यह मत प्रचलित था यह निम्नोद्धृत कतिपय प्राचीन ग्रन्थों के अवतरणों से स्पष्ट प्रतीत होता है। रुद्रट-कृत काव्यालङ्कार के एक * श्लोक की व्याख्या में खिस्त की ग्यारहवीं शताब्दी के जैन विद्वान नमिसाधु ने लिखा है कि :—

"प्राकृतेति। सकलजगज्जन्तूनां व्याकरणादिभिरनाहितसंस्कारः सहजो वचन-व्यापारः प्रकृतिः, तत्र: भवं सैव वा प्राकृतम्। 'आरिसवयणे सिद्धं देवाणं अद्धमागहा वाणी' इत्यादिवचनाद् वा प्राक् पूर्वं कृतं प्राक्कृतं बाल-महिलादि-सुबोधं सकलभाषानिबन्धनभूतं वचनमुच्यते। मेघनिर्मुक्तजलमिवैकस्वरूपं तदेव च देशविशेषात् संस्कारकरणाच्च समासादित-विशेषं सत् संस्कृताद्युत्तरविभेदानाप्नोति। अतएव शास्त्रकृता प्राकृतमादौ निर्दिष्टं तदनु संस्कृतादीनि। पाणिन्यादि-व्याकरणोदितशब्दलक्षणेन संस्करणात् संस्कृतमुच्यते।"

इस व्याख्या का तात्पर्य यह है कि—'प्रकृति शब्द का अर्थ है लोगों का व्याकरण आदि के संस्कारों से रहित स्वाभाविक वचन-व्यापार, उससे उत्पन्न अथवा वही है प्राकृत। अथवा, 'प्राक् कृत' पर से प्राकृत शब्द बना है, 'प्राक् कृत' का अर्थ है 'पहले किया गया'। बारह अंग-ग्रन्थों में ग्यारह अंग ग्रन्थ पहले किये गये हैं और इन ग्यारह अङ्ग-ग्रन्थों की भाषा आर्ष-वचन में—सूत्र में—अर्धमागधी कही गई है ‡ जो बालक, महिला आदि को सुबोध—सहज-गम्य—है § और जो सकल भाषाओं का मूल है। यह अर्धमागधी भाषा ही प्राकृत है। यही प्राकृत, मेघ-मुक्त जल की तरह, पहले एक रूप वाला होने पर भी, देश-भेद से और संस्कार करने से भिन्नता को प्राप्त करता हुआ संस्कृत आदि अवान्तर विभेदों में परिणत हुआ है अर्थात् अर्धमागधी प्राकृत से संस्कृत और अन्यान्य प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई है। इसी कारण से मूल ग्रन्थकार (रुद्रट) ने प्राकृत का पहले और संस्कृत

---

* "प्राकृतसंस्कृतमागधपिशाचभाषाश्च शौरसेनी च।
षष्ठोऽत्र भूरिभेदो देशविशेषादपभ्रंशः॥" (काव्यालंकार २, १२)।

‡ बारहवाँ अङ्ग-ग्रन्थ, जिसका नाम दृष्टिवाद है और जिसमें चौदह पूर्व (प्रकरण) थे, संस्कृत भाषा में था। यह बहुत काल से लुप्त हो गया है। यद्यपि इसके विषयों का संक्षिप्त वर्णन समवायाङ्ग सूत्र में है।
"चतुर्दशापि पूर्वाणि संस्कृतानि पुराऽभवन् ॥११४॥
प्रज्ञातिशयसाध्यानि तान्युच्छिन्नानि कालतः। अधुनैकादशाङ्ग्यस्ति सुधर्मस्वामिभाषिता ॥ ११५ ॥
बालस्त्रीमूढमूर्खादिजनानुग्रहणाय सः। प्राकृतां तामिहाकार्षीत्" (प्रभावकचरित्र, पृ० ९८-९९)।

§ "मुत्तूण दिट्ठिवायं कालियउक्कालियंगसिद्धंतं। थीबालवायणत्थं पाययमुइयं जिणवरेहिं ॥"
(आचारदिनकर में उद्धृत प्राचीन गाथा)।
"बालस्त्रीमन्दमूर्खाणां नृणां चारित्रकाङ्क्षिणाम्। अनुग्रहार्थं तत्त्वज्ञैः सिद्धान्तः प्राकृतः कृतः॥"
(दशवैकालिक टीका पत्र १०० में हरिभद्रसूरि ने और काव्यानुशासन की टीका (पृ० १) में आचार्य हेमचन्द्र ने उद्धृत किया हुआ प्राचीन श्लोक)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आदि का बाद में निर्देश किया है। पाणिन्यादि व्याकरणों में बताये हुए नियमों के अनुसार संस्कार पाने के कारण संस्कृत कहलाती है।'

"अकृत्तिमस्वादुपदैर्जनं जनं जिनेन्द्र साक्षादिव पासि भाषितैः" (द्वात्रिंशद्द्वात्रिंशिका १, १८)।

" * अकृत्तिमस्वादुपदां जैनीं वाचमुपास्महे।" (हेमचन्द्रकाव्यानुशासन, पृष्ठ १)।

उक्त पद्यों में क्रमशः महाकवि सिद्धसेन दिवाकर और आचार्य हेमचन्द्र जैसे समर्थ विद्वानों का जिनदेव की वाणी को 'अकृत्तिम' और संस्कृत भाषा को 'कृत्तिम' कहने का भी रहस्य यही है कि प्राकृत जन-साधारण की मातृभाषा होने के कारण अकृत्तिम—स्वाभाविक है और संस्कृत भाषा व्याकरण के संस्कार-रूप बनावटीपन से पूर्ण होने के हेतु कृत्तिम है।

केवल जैन विद्वानों में ही यह मत प्रचलित न था, ख्रिस्त की आठवीं शताब्दी के जैनेतर महाकवि वाक्पतिराज ने भी अपने 'गउडवहो' नामक महाकाव्य में इसी मत को इन स्पष्ट शब्दों में व्यक्त किया है:—

" § सयलाओ इमं वाया विसंति एत्तो य णेंति वायाओ।

एंति समुद्दं चिय णेंति सायराओ च्चिय जलाइं ॥९३॥"

अर्थात् इसी प्राकृत भाषा में सब भाषायें प्रवेश करती हैं और इस प्राकृत भाषा से ही सब भाषायें निर्गत हुई हैं; जल (आ कर) समुद्र में ही प्रवेश करता है और समुद्र से ही (बाष्प रूप से) बाहर होता है। वाक्पति के इस पद्य का मर्म यही है कि प्राकृत भाषा की उत्पत्ति अन्य किसी भाषा से नहीं हुई है, बल्कि संस्कृत आदि सब भाषायें प्राकृत से ही उत्पन्न हुई हैं।

ख्रिस्त की नवम शताब्दी के जैनेतर कवि राजशेखर ने भी अपनी बालरामायण में नीचे का श्लोक लिखकर यही मत प्रकट किया है:—

"यद् योनिः किल संस्कृतस्य सुदृशां जिह्वासु यन्मोदते, यत्र श्रोत्रपथावतारिणि कटुर्भाषाक्षराणां रसः।

गद्यं चूर्णपदं पदं रतिपतेस्तत् प्राकृतं यद्वचस्ताँल्लाटाँल्ललिताङ्गि पश्य नुदती दृष्टेर्निमेषव्रतम् ॥" (४८, ४९)।

जैन और जैनेतर विद्वानों के उक्त वचनों से यह स्पष्ट है कि प्राचीन काल के भारतीय भाषातत्त्वज्ञों में भी यह मत प्रबल रूप से प्रचलित था कि प्राकृत की उत्पत्ति संस्कृत भाषा से नहीं है।

प्राकृत भाषा लौकिक संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुई है इसका और भी एक प्रबल प्रमाण है। वह यह कि प्राकृत के अनेक शब्द और प्रत्ययों का लौकिक संस्कृत को अपेक्षा वैदिक भाषा के साथ अधिक मेल देखने में आता है। प्राकृत भाषा साक्षाद्रूप से लौकिक संस्कृत से उत्पन्न होने पर यह कभी संभवपर नहीं हो सकता। वैदिक साहित्य में भी प्राकृत के अनुरूप अनेक शब्द और प्रत्ययों के प्रयोग विद्यमान हैं।

---

* "अकृत्तिमाणि—असंस्कृतानि, अत एव स्वादूनि मन्दधियामपि पेशलानि पदानि यस्यामिति विग्रहः" (काव्यानुशासनटीका)। आचार्य हेमचन्द्र की 'अकृत्तिम' शब्द की इस स्पष्ट व्याख्या से प्रतीत होता है कि उनका अपने प्राकृत-व्याकरण में प्राकृत की प्रकृति संस्कृत कहना सिद्धान्त-निरूपण के लक्ष्य से नहीं, परन्तु अपने प्राकृत-व्याकरण की रचना-शैली के उपलक्ष में है, क्योंकि सभी उपलब्ध प्राकृत-व्याकरणों की तरह हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण में भी संस्कृत पर से ही प्राकृत-शिक्षा की पद्धति अखत्यार की गई है और इस पद्धति में प्रकृति—मूल—के स्थान में संस्कृत को रखना अनिवार्य हो जाता है। अथवा, यह भी असंभव नहीं है कि व्याकरण-रचना के समय उनका यही सिद्धान्त रहा हो जो बाद में बदल गया हो और इस परिवर्तित सिद्धान्त का काव्यानुशासन में प्रतिपादन किया हो। काव्यानुशासन की रचना व्याकरण के बाद उन्होंने की है यह काव्यानुशासन की "शब्दानुशासनेऽस्माभिः साध्व्यो वाचो विवेचिताः" (पृष्ठ २) इस उक्ति से ही सिद्ध है।

§ सकला इदं वाचो विशन्तीतश्च निर्यन्ति वाचः। आयन्ति समुद्रमेव निर्यन्ति सागरादेव जलानि ॥ ९३ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इससे यह अनुमान करना किसी तरह असंगत नहीं है कि वैदिक संस्कृत और प्राकृत ये दोनों ही एक प्राचीन प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई हैं और यही इस सादृश्य का कारण है। वैदिक भाषा और प्राकृत के सादृश्य के कतिपय उदाहरण हम नीचे उद्धृत करते हैं, ताकि उक्त कथन की सत्यता में कोई संदेह नहीं हो सकता।

वैदिक भाषा और प्राकृत में सादृश्य।

१। प्राकृत में अनेक जगह संस्कृत ऋकार के स्थान में उकार होता है, जैसे—वृन्द=वुन्द, ऋतु=उउ, पृथिवी=पुहवी; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग पाये जाते हैं, जैसे—कृत=कुठ (ऋग्वेद १, ४६, ४)।

२। प्राकृत में संयुक्त वर्ण वाले कई स्थानों में एक व्यञ्जन का लोप होकर पूर्व के ह्रस्व स्वर का दीर्घ होता है, जैसे—दुर्लभ=दूलह, विश्राम=वीसाम, स्पर्श=फास; वैदिक भाषा में भी वैसा होता है, यथा—दुर्लभ=दूळभ (ऋग्वेद ४, ६, ८), दुर्णाश=दूणाश (शुक्लयजुःप्रातिशाख्य ३, ४३)।

३। संस्कृत व्यञ्जनान्त शब्दों के अन्त्य व्यञ्जन का प्राकृत में सर्वत्र लोप होता हैं, जैसे—तावत्=ताव, यशस्=जस; वैदिक साहित्य में भी इस नियम का अभाव नहीं है, यथा—पश्चात्=पश्चा (अथर्वसंहिता १०, ४, ११), उच्चात्=उच्चा (तैत्तिरीयसंहिता २, ३, १४), नीचात्=नीचा (तैत्तिरीयसंहिता १, २, १४)।

४। प्राकृत में संयुक्त र और य का लोप होता है, जैसे—प्रगल्भ=पगब्भ, श्यामा=सामा; वैदिक साहित्य में भी यह पाया जाता है, यथा—अ-प्रगल्भ=अ-पगल्भ (तैत्तिरीयसंहिता ४, ५, ६१); त्र्यच=त्रिच (शतपथब्राह्मण १, ३, ३, ३३)।

५। प्राकृत में संयुक्त वर्ण का पूर्व स्वर ह्रस्व होता है, यथा—पात्र=पत्र, रात्रि=रत्ति, साध्य=सज्झ इत्यादि; वैदिक भाषा में भी ऐसे प्रयोग हैं, जैसे—रोदसीप्रा=रोदसिप्रा (ऋग्वेद १०, ८८, १०), अमात्र=अमत्र (ऋग्वेद ३, ३६, ४)।

६। प्राकृत में संस्कृत द का अनेक जगह ड होता है, जैसे—दण्ड=डण्ड, दंस=डंस, दोला=डोला; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग दुर्लभ नहीं है; जैसे—दुर्दभ=दूडभ (वाजसनेयिसंहिता ३, ३६), पुरोदाश=पुरोडाश (शुक्लयजुःप्रातिशाख्य ३, ४४)।

७। प्राकृत में ध का ह होता है, यथा—बधिर=बहिर, व्याध=वाह; वेद-भाषा में भी ऐसा पाया जाता है, जैसे—प्रतिसंधाय=प्रतिसंहाय (गोपथब्राह्मण २, ४)।

८। प्राकृत में अनेक शब्दों में संयुक्त व्यञ्जनों के बीच में स्वर का आगम होता है, जैसे—क्लिष्ट=किलिट्ठ, स्व=सुव, तन्वी=तणुवी; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग विरल नहीं है, यथा—सहस्र्यः=सहस्रियः, स्वर्गः=सुवर्गः (तैत्तिरीयसंहिता ४, २, ३) तन्वः=तनुवः, स्वः=सुवः (तैत्तिरीयआरण्यक ७, २२, १; ६, २, ७)।

९। प्राकृत में अकारान्त पुंलिङ्ग शब्द के प्रथमा के एकवचन में ओ होता है, जैसे—देवो, जिणो, सो इत्यादि; वैदिक भाषा में भी प्रथमा के एकवचन में कहीं कहीं ओ देखा जाता है, यथा—संवत्सरो अजायत (ऋग्वेदसंहिता १०, १९०, २), सो चित् (ऋग्वेदसंहिता १, १९१, १०-११)।

१०। तृतीया विभक्ति के बहुवचन में प्राकृत में देव आदि अकारान्त शब्दों के रूप देवेहि, गंभीरेहि, जेट्ठेहि आदि होते हैं; वैदिक साहित्य में भी इसीके अनुरूप देवेभिः, गम्भीरेभिः, ज्येष्ठेभिः आदि रूप मिलते हैं।

११। प्राकृत की तरह वैदिक भाषा में भी चतुर्थी के स्थान में षष्ठी विभक्ति होती है *।

* "चतुर्थ्यर्थे बहुलं छन्दसि" (पाणिनि-व्याकरण २, ३, ६२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१२। प्राकृत में पञ्चमी के एकवचन में देवा, वच्छा, जिणा आदि रूप होते हैं; वैदिक साहित्य में भी इसी तरह के उच्चा, नीचा, पश्चा प्रभृति उपलब्ध होते हैं।

१३। प्राकृत में द्विवचन के स्थान में बहुवचन हो होता है; वैदिक भाषा में भी इस तरह के अनेकों प्रयोग मौजुद हैं, यथा—'इन्द्रावरुणौ' के स्थान में 'इन्द्रावरुणा', 'मित्रावरुणौ' की जगह 'मित्रावरुणा', 'यौ सुरथौ रथितमौ दिविस्पृशावश्विनौ' के बदले 'या सुरथा रथीतमा दिविस्पृशा अश्विना', 'नरौ हे' के स्थल में 'नरा हे' आदि।

इस तरह अनेक युक्ति और प्रमाणों से यह साबित होता है कि प्राकृत की उत्पत्ति वैदिक अथवा लौकिक संस्कृत से नहीं, किन्तु वैदिक संस्कृत की उत्पत्ति जिस प्रथम स्तर की प्रादेशिक प्राकृत भाषा से पूर्व में कहा गई है उसीसे हुई है। इससे यहाँ पर इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि संस्कृत के अनेक आलंकारिकों ने और प्राकृत के प्रायः समस्त वैयाकरणों ने 'तत्' शब्द से संस्कृत को लेकर 'तद्भव' शब्द का जो व्यवहार 'संस्कृतभव' अर्थ में किया है वह किसी तरह संगत नहीं हो सकता। इसलिए वहाँ 'तत्' शब्द से संस्कृत के स्थान में वैदिक काल के प्राकृत का ग्रहण कर 'तद्भव' शब्द का प्रयोग 'वैदिक काल के प्राकृत से जो शब्द संस्कृत में लिया गया है उससे उत्पन्न' इसी अर्थ में करना चाहिए। संस्कृत शब्द और प्राकृत तद्भव शब्द इन दोनों का साधारण मूल वैदिक काल का प्राकृत अर्थात् पूर्वोक्त प्राथमिक प्राकृत या प्रथम स्तर का प्राकृत है। इससे जहाँ पर 'तद्भव' शब्द का सैद्धान्तिक अर्थ 'संस्कृतभव' नहीं, किन्तु 'वैदिक काल के प्राकृत से उत्पन्न' यही समझना चाहिए।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का उत्पत्ति-क्रम और उनके प्रधान भेद।

जब उपर्युक्त कथन के अनुसार वैदिक तथा लौकिक संस्कृत और समस्त प्राकृत भाषाओं का मूल एक ही है और वैदिक तथा लौकिक संस्कृत द्वितीय स्तर की सभी प्राकृत भाषाओं से प्राचीन है, तब यह कहने की कोई आवश्यकता नहीं है कि द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के उत्पत्ति-क्रम का निर्णय एकमात्र उसी सादृश्य के तारतम्य पर निर्भर करता है जो उभय संस्कृत और प्राकृत तद्भव शब्दों में पाया जाता है। जिस प्राकृत भाषा के तद्भव शब्दों का वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ जितना अधिक सादृश्य होगा वह उतनी ही प्राचीन और जिसके तद्भव शब्दों का उभय संस्कृत के साथ जितना अधिक भेद होगा वह उतनी हो अर्वाचीन मानी जा सकती है, क्योंकि अधिक भेद के उत्पन्न होने में समय भी अधिक लगता है यह निर्विवाद है।

द्वितीय स्तर की जिन प्राकृत भाषाओं ने साहित्य में अथवा शिलालेखों में स्थान पाया है उनके शब्दों की वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ, उपर्युक्त पद्धति से तुलना करने पर, जो भेद (पार्थक्य) देखने में आते हैं उनके अनुसार द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के निम्नोक्त प्रधान भेद (प्रकार) होते हैं जो क्रम से इन तीन मुख्य काल-विभागों में बाँटे जा सकते हैं;—(१) प्रथम युग—खिस्त-पूर्व चारसौ से ले कर खिस्त के बाद एक सौ वर्ष तक (400 B. C. to 100 A. D.); (२) मध्ययुग—खिस्त के बाद एक सौ से पाँच सौ वर्ष तक (100 A. D. to 500 A. D.); (३) शेष युग—खिस्तीय पाँच सौ से एक हजार वर्ष तक (500 A. D to 1000 A. D.)।

प्रथम युग (खिस्त-पूर्व ४०० से खिस्त के बाद १००)।

(क) हीनयान बौद्धों के त्रिपिटक, महावंश और जातक-प्रभृति ग्रन्थों की पाली भाषा।
(ख) पैशाची और चूलिकापैशाची।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) जैन अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा।
(घ) अंग-ग्रन्थ-भिन्न प्राचीन सूत्रों की और पउम-चरिअ आदि प्राचीन ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
(ङ) अशोक-शिलालेखों की एवं परवर्ति-काल के प्राचीन शिलालेखों की भाषा।
(च) अश्वघोष के नाटकों की भाषा।

मध्ययुग (खिस्तीय १०० से ५००)।

(क) त्रिवेन्द्रम से प्रकाशित भास-रचित कहे जाते नाटकों की और बाद के कालिदास-प्रभृति के नाटकों की शौरसेनी, मागधी और महाराष्ट्री भाषायें।
(ख) सेतुबन्ध, गाथासप्तशती आदि काव्यों की महाराष्ट्री भाषा।
(ग) प्राकृत व्याकरणों में जिनके लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं वे महाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी, पैशाची, चूलिकापैशाची भाषायें।
(घ) दिगम्बर जैन ग्रन्थों की शौरसेनी और परवर्ति-काल के श्वेताम्बर ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
(ङ) चंड के व्याकरण में निर्दिष्ट और विक्रमोर्वशी में प्रयुक्त अपभ्रंश भाषा।

शेष युग (खिस्तीय ५०० से १००० वर्ष)।

भिन्न भिन्न प्रदेशों की परवर्ती काल की अपभ्रंश भाषायें।

अब इन तीन युगों में विभक्त प्रत्येक भाषा का लक्षण और विशेष विवरण, उक्त क्रम के अनुसार (१) पालि (२) पैशाची (३) चूलिकापैशाची (४) अर्धमागधी (५) जैन महाराष्ट्री (६) अशोक-लिपि (७) शौरसेनी (८) मागधी (९) महाराष्ट्री (१०) अपभ्रंश इन शीर्षकों में क्रमशः दिया जाता है।

---

(१) पालि।

हीनयान बौद्धों के धर्म-ग्रन्थों की भाषा को पालि कहते हैं। कई विद्वानों का अनुमान है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से बना है *। 'पङ्क्ति' शब्द का अर्थ है 'श्रेणी' §। प्राचीन बौद्ध लेखक अपने ग्रन्थ में धर्म-शास्त्र की वचन-पङ्क्ति को उद्धृत करते समय इसी पालि शब्द का प्रयोग करते थे, इससे बाद के समय में बौद्ध धर्म-शास्त्रों की भाषा का ही नाम पालि हुआ। अन्य विद्वानों का मत है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से नहीं, परन्तु 'पल्लि' पर से हुआ है। 'पल्लि' शब्द असल में संस्कृत नहीं, परन्तु प्राकृत है, यद्यपि अन्य अनेक प्राकृत शब्दों की तरह यह भी पीछे से संस्कृत में लिया गया है। पल्लि शब्द जैनों के प्राचीन अंग-ग्रन्थों में भी पाया जाता है ÷। 'पल्लि' शब्द का अर्थ है ग्राम या गाँव। 'पालि' का अर्थ गावों में बोली जाती भाषा—ग्राम्य भाषा—होता है। 'पङ्क्ति' पर से 'पालि' होने की कल्पना जितनी क्लेश-साध्य है 'पल्लि' पर से 'पालि' होना उतना ही सहज-बोध्य है। इससे हमें पिछला मत ही अधिक संगत मालूम होता है। 'पालि' केवल ग्रामों की ही भाषा थी, इससे उसका यह

निर्देश और व्युत्पत्ति।

---

* "पङ्क्ति=पंक्ति=पंति=पत्ति=पंटि=पंलि=पल्लि=पालि; अथवा पङ्क्ति=पत्ति=पट्टि=पल्लि=पालि" (पालिप्रकाश, प्रवेशक, पृष्ठ ९)।

§ "सेतुस्सिं तन्तिपन्तीसु नालियं पालि कथ्यते" (अभिधानप्रदीपिका ९९६)।

÷ देखो विपाकश्रुत पत्र ३८, ३९)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नाम हुआ है यह बात नहीं है। बल्कि प्रदेश-विशेष के ग्रामों के तरह शहरों के भी जन-साधारण की यह भाषा थी, परन्तु संस्कृत के अनन्य-भक्त ब्राह्मणों की ही ओर से इस भाषा के तरफ अपनी स्वाभाविक घृणा × को व्यक्त करने के लिए इसका यह नाम दिया जाना और अधिक प्रसिद्ध हो जाने के कारण पीछे से बौद्ध विद्वानों का भी मागधी की जगह इस शब्द का प्रयोग करना आश्चर्य-जनक नहीं जान पड़ता।

उक्त प्राकृत भाषा-समूह में पालि भाषा के साथ वैदिक संस्कृत का अधिक सादृश्य देखा जाता है। इसी कारण से द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं में पालि भाषा सर्वापेक्षा प्राचीन मालूम पड़ती है।

उत्पत्ति-स्थान

पालि भाषा के उत्पत्ति-स्थान के बारे में विद्वानों का मत-भेद है। बौद्ध लोग इसी भाषा को मागधी कहते हैं और उनके मत से इस भाषा का उत्पत्ति-स्थान मगध देश है। परन्तु इस भाषा का मागधी प्राकृत के साथ कोई सादृश्य नहीं है। डो. कोनो (Dr. Konow) और सर ग्रियर्सन ने इस भाषा का पैशाची भाषा के साथ सादृश्य देखकर पैशाची भाषा जिस देश में प्रचलित थी उसी देश को इसका उत्पत्ति-स्थान बताया है, यद्यपि पैशाची भाषा के उत्पत्ति-स्थान के विषय में इन दोनों विद्वानों का मतैक्य नहीं है। डो. कोनो के मत में पैशाची भाषा का उत्पत्ति-स्थान विन्ध्याचल का दक्षिण प्रदेश है और सर ग्रियर्सन का मत यह है कि 'इसका उत्पत्ति-स्थान भारतवर्ष का उत्तर-पश्चिम प्रान्त है; वहाँ उत्पन्न होने के बाद संभव है कि कोकण-प्रदेश-पर्यन्त इसका विस्तार हुआ हो और वहाँ इससे पाली भाषा की उत्पत्ति हुई हो।' परन्तु पालि भाषा अशोक के गूजरात-प्रदेश-स्थित गिरनार के शिलालेख के अनुरूप होने के कारण यह मगध में नहीं, किन्तु 'भारतवर्ष के पश्चिम प्रान्त में उत्पन्न हुई है और वहाँ से सिंहल देश में ले जाई गई है' यही मत विशेष संगत प्रतीत होता है, क्योंकि निम्नोक्त उदाहरणों से पालि-भाषा का गिरनार-शिलालेख के साथ सादृश्य और पूर्व-प्रान्त-स्थित धौलि (खंडगिरि) शिलालेख के साथ पार्थक्य देखा जाता है;—

संस्कृत	पाली	गिरनारशिला०	धौलिशिला०
राज्ञः	राजिनो, रञ्ञो	राञो	लजिने
कृतम्	कतं	कतं	कडे

इस विषय में डो. सुनीतिकुमार चटर्जी का कहना है कि "÷ बुद्धदेव के समस्त उपदेश मागधी भाषा से बाद के समय में मध्यदेश (Doab) की शौरसेनी प्राकृत में अनुवादित हुए थे और वे ही ख्रिस्त-पूर्व प्रायः दो सौ वर्ष से पालि-भाषा के नाम से प्रसिद्ध हुए हैं।" किन्तु सच तो यह है कि पालि भाषा का शौरसेनी और मागधी की अपेक्षा पैशाची के साथ ही अधिक सादृश्य है जो निम्नोक्त उदाहरणों से स्पष्ट जाना जाता है।

संस्कृत	पालि	पैशाची	शौरसेनी	मागधी
* क § (लोक)	क (लोक)	क (लोक)	० (लोअ)	० (लोअ)
* ग (नग)	ग (नग)	ग (नग)	० (णअ)	० (णअ)

× "लोकायतं कुतर्कं च प्राकृतं म्लेच्छभाषितम्।
न श्रोतव्यं द्विजेनैतदधो नयति तद् द्विजम्" (गरुडपुराण, पूर्वखण्ड ९८, १७)।

÷ The Origine and Development of the Bengalee Language, VoL. I, page 57.

§ इन उदाहरणों में प्रथम वह अक्षर दिया गया है जिसका उस उस भाषा के नीचे दिये गये अक्षर में परिवर्तन होता है और अक्षर के बाद ब्राकेट में उसी अक्षर वाला शब्द स्पष्टता के लिए दिया गया है।

* स्वर वर्णों के मध्यवर्ती असंयुक्त वर्ण।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संस्कृत	पालि	पैशाची	शौरसेनी	मागधी
* च (शची)	च (सची)	च (सची)	० (सई)	० (शई)
* ज (रजत)	ज (रजत)	ज (रजत)	० (रअद)	० (लअद)
* त (कृत)	त (कत)	त (कत)	द (कद)	ड (कड)
र (कर)	र (कर)	र (कर)	र (कर)	ल (कल)
श (वश)	स (वस)	स (वस)	स (वस)	श (वश)
ष (मेष)	स (मेस)	स (मेस)	स (मेस)	श (मेश)
स (सारस)	स (सारस)	स (सारस)	स (सारस)	श (शालश)
न (वचन)	न (वचन)	न (वचन)	ण (वअण)	ण (वअण)
ट्ट (पट्ट)	ट्ट (पट्ट)	ट्ट (पट्ट)	ट्ट (पट्ट)	स्ट (पस्ट)
र्थ (अर्थ)	त्थ (अत्थ)	त्थ (अत्थ)	त्थ (अत्थ)	स्त (अस्त)
† स् (वृक्षः)	ओ (रुक्खो)	ओ (रुक्खो)	ओ (रुक्खो)	ए (लुक्खे)

उत्पत्ति-समय।

पालि भाषा की उत्पत्ति का समय खिस्त के पूर्व षष्ठ शताब्दी कहा जाता है, किन्तु वह काल बुद्धदेव की सम-सामयिक कथ्य मागधी भाषा का हो सकता है। पालि कथ्य भाषा नहीं, परन्तु बौद्ध धर्म-साहित्य की भाषा है। संभवतः यह भाषा खिस्त के पूर्व चतुर्थ या पञ्चम शताब्दी में पश्चिम भारत में उत्पन्न हुई थी।

इस पालि-भाषा से आधुनिक सिंहली भाषा की उत्पत्ति हुई है।

प्राकृत शब्द से साधारणतः पालि-भिन्न अन्य भाषायें ही समझी जाती हैं। इससे, और पालि भाषा के अनेक स्वतन्त्र कोष होने से, प्रस्तुत कोष में पालि भाषा के शब्दों को स्थान नहीं दिया गया है। इस लिए पालि भाषा की विशेष आलोचना करने की यहाँ आवश्यकता नहीं है।

---

(२) पैशाची।

निदर्शन।

गुणाढ्य ने ‡ बृहत्कथा पैशाची भाषा में लिखी थी, जो लुप्त हो गई है। इस समय पैशाची भाषा के उदाहरण प्राकृतप्रकाश, आचार्य हेमचन्द्र का प्राकृतव्याकरण, षड्भाषाचन्द्रिका, प्राकृत-सर्वस्व और संक्षिप्तसार आदि प्राकृत-व्याकरणों में, आचार्य हेमचन्द्र के कुमारपाल-चरित तथा § काव्यानुशासन में, मोहराजपराजय-नामक नाटक में और दोएक षड्भाषास्तोत्रों में मिलते हैं।

भरत के नाट्यशास्त्र में पैशाची नाम का उल्लेख देखने में नहीं आता है, परन्तु इसके परवर्ती ÷ रुद्रट, × केशवमिश्र आदि संस्कृत के आलंकारिकों ने इसका उल्लेख किया है। वाग्भट ने इस भाषा को $ 'भूतभाषित' के नाम से अभिहित की है।

---

* स्वर वर्णों के मध्यवर्ती असंयुक्त वर्ण। † पुंलिंग में प्रथमा के एकवचन का प्रत्यय।

‡ आचार्य उद्द्योतन की कुवलय-माला में, दण्डी के काव्यादर्श में, बाण के हर्षचरित में, धनञ्जय के दशरूपक में, सुबन्धु की वासवदत्ता में और अन्यान्य प्राकृत-संस्कृत ग्रन्थों में इसका उल्लेख पाया जाता है। क्षेमेन्द्र-कृत बृहत्कथामञ्जरी और सोमदेवभट्ट-प्रणीत कथासरित्सागर इसी बृहत्कथा का संस्कृत अनुवाद है। इस बृहत्कथा के ही भिन्न भिन्न अंशों के आधार पर बाण, श्रीहर्ष, भवभूति आदि संस्कृत के महाकवियों के कादम्बरी, रत्नावली, मालतीमाधव-प्रभृति अनेक संस्कृत ग्रन्थों की रचना की गई है।

§ पृष्ठ २२६; २३३। ÷ काव्यालङ्कार २, १२। × "संस्कृतं प्राकृतं चैव पैशाची मागधी तथा" (अलङ्कार-शेखर, पृष्ठ ५)। $ "संस्कृतं प्राकृतं तस्यापभ्रंशो भूतभाषितम्" (वाग्भटालङ्कार २, १)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

* वाग्भट तथा † केशवमिश्र ने क्रम से भूत और पिशाच-प्रभृति पात्रों के लिए और ‡ षड्भाषा-चन्द्रिकाकार ने राक्षस, पिशाच और नीच पात्रों के लिए इसका विनियोग बतलाया है।

विनियोग।

षड्भाषाचन्द्रिकाकार पिशाच-देशों की भाषा को ही पैशाची कहते हैं और पिशाच-देशों के निर्देश के लिए नीचे के श्लोकों को उद्धृत करते हैं :—

उत्पत्ति-स्थान।

" § पाराड्यकेकयवाह्लीकसह्यनेपालकुन्तलाः।
सुधेष्णाभोजगान्धारहैवकन्नोजनास्तथा।
एते पिशाचदेशाः स्युः"

मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका के

"काञ्चीदेशीयपाराड्यं च पाञ्चालं गौड-मागधम्।
व्राचडं दाक्षिणात्यं च शौरसेनं च कैकयम्॥
शाबरं द्राविडं चैव एकादश पिशाचजाः।"

इस वचन को उद्धृत कर ग्यारह प्रकार की पैशाची का उल्लेख किया है; परन्तु बाद में इस मत का खण्डन करके सिद्धान्त रूप से इन तीन प्रकार की पैशाची का ग्रहण किया है; यथा—"कैकयं शौरसेनं च पाञ्चालमिति च त्रिधा पैशाच्यः"।

लक्ष्मीधर और मार्कण्डेय ने जिन प्राचीन वचनों का उल्लेख किया है उनमें पाण्ड्य, काञ्ची और कैकय आदि प्रदेश एक दूसरे से अतिदूरवर्ती प्रान्तों में अवस्थित हैं। इतने दूरवर्ती प्रदेश एकदेशीय भाषा के उत्पत्ति-स्थान कैसे हो सकते हैं? यदि पैशाची भाषा किसी प्रदेश की भाषा न हो कर भिन्न भिन्न प्रदेशों में रहने वाली किसी जाति-विशेष की भाषा हो तो इसका संभव इस तरह हो भी सकता है कि पूर्वकाल में किसी एक देश-विशेष में रहने वाली पिशाच-प्राय मनुष्य-जाति बाद में भिन्न भिन्न देशों में फैलती हुई वहाँ अपनी भाषा को ले गई हो। मार्कण्डेय-निर्दिष्ट तीन प्रकार की पैशाची परस्पर संनिहित प्रदेशों की भाषा है, इससे खूब ही संभव है कि यह पहले केकय देश में उत्पन्न हुई हो और बाद में उसीके समीपस्थ शूरसेन और पञ्जाब तक फैल गई हो। मार्कण्डेय ने शौरसेन-पैशाची और पाञ्चाल-पैशाची की प्रकृति जो कैकय-पैशाची कही है इसका मतलब भी यही हो सकता है। सर् ग्रियर्सन के मत में पिशाच-भाषा-भाषी लोगों का आदिम वास-स्थान उत्तर-पश्चिम पञ्जाब अथवा अफगानिस्थान का प्रान्त प्रदेश है, और बाद में वहाँ से ही संभवतः इसका अन्य देशों में विस्तार हुआ है। किन्तु डो. होर्नलि का इस विषय में और ही मत है। उनका कहना यह है कि अनार्य जाति के लोग आर्य-जाति की भाषा का जिस विकृत रूप में उच्चारण करते थे वही पैशाची भाषा है, अर्थात् इनके मत से पैशाची भाषा न तो किसी देश-विशेष की भाषा है और न वह वास्तव में भिन्न भाषा ही है। हमें सर ग्रियर्सन का मत ही प्रामाणिक प्रतीत होता है जो मार्कण्डेय के मत के साथ अनेकांश में मिलता-जुलता है।

---

* "यद् भूतैरुच्यते किञ्चित् तद्भौतिकमिति स्मृतम्" (वाग्भटालङ्कार २, ३)। † "पैशाचीं तु पिशाचाद्याः (प्राहुः)" (अलङ्कारशेखर, पृष्ठ ५)। ‡ "रक्षःपिशाचनीचेषु पैशाचीद्वितयं भवेत्॥ ३५॥" (षड्भाषा-चन्द्रिका, पृष्ठ ३)।

§ वर्तमान मदुरा और कन्याकुमारी के आसपास के प्रदेश का नाम पाराड्य, पञ्चनद प्रदेश का नाम केकय, अफगानिस्थान के वर्तमान बाल्खनगर वाले प्रदेश का नाम वाह्लीक, दक्षिण भारत के पश्चिम उपकूल का नाम सह्य, नर्मदा के उत्पत्ति-स्थान के निकटवर्ती देश का नाम कुन्तल, वर्तमान काबूल और पेशावर वाले प्रदेश का नाम गान्धार, हिमालय के निम्न-वर्ती पार्वत्य प्रदेश-विशेष का नाम हैव और दक्षिण महाराष्ट्र के पार्वत्य अञ्चल का नाम कन्नोजन है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वररुचि ने शौरसेनी प्राकृत को ही पैशाची भाषा का मूल कहा है *। मार्कण्डेय ने पैशाची भाषा को कैकय, शौरसेन और पाञ्चाल इन तीन भेदों में विभक्त कर संस्कृत और शौरसेनी उभय को कैकय-पैशाची का और कैकय-पैशाची को शौरसेन-पैशाची का मूल बतलाया है। पाञ्चाल-पैशाची के मूल का उन्होंने निर्देश ही नहीं किया है, किन्तु उन्होंने इसके जो केरी (केलिः) और मंदिलं (मन्दिरम्) ये दो उदाहरण दिये हैं इससे मालूम होता है कि इस पाञ्चाल-पैशाची का केकय-पैशाची से रकार और लकार के व्यत्यय के अतिरिक्त अन्य कोई भेद नहीं है, सुतरां शौरसेन-पैशाची की तरह पाञ्चाल-पैशाची की प्रकृति भी इनके मत से कैकय-पैशाची ही हो सकती हैं। यहाँ पर यह कहना आवश्यक है कि मार्कण्डेय ने शौरसेन-पैशाची के जो §लक्षण दिये हैं उन पर से शौरसेन-पैशाची का शौरसेनी भाषा के साथ कोई भी संबन्ध प्रतीत नहीं होता, क्योंकि कैकय-पैशाची के साथ शौरसेन-पैशाची के जो भेद उन्होंने बतलाये हैं वे मागधी भाषा के ही अनुरूप हैं, न कि शौरसेनी के। इससे इसको शौरसेन-पैशाची न कह कर मागध-पैशाची कहना ही संगत जान पड़ता है।

प्रकृति।

प्राकृत वैयाकरणों के मत से पैशाची भाषा का मूल शौरसेनी अथवा संस्कृत भाषा है, किन्तु हम पहले यह भलीभान्ति दिखा चुके हैं कि कोई भी प्रादेशिक कथ्य भाषा, संस्कृत अथवा अन्य प्रादेशिक भाषा से उत्पन्न नहीं है, परन्तु वह उसी कथ्य अथवा प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई है जो वैदिक युग में उस प्रदेश में प्रचलित थी। इस लिए पैशाची भाषा का भी मूल संस्कृत या शौरसेनी नहीं, किन्तु वह प्राकृत भाषा ही है जो वैदिक युग में भारतवर्ष के उत्तर-पश्चिम प्रान्त की या अफ़गानिस्थान के पूर्व-प्रान्त-वर्ती प्रदेश की कथ्य भाषा थी।

समय।

प्रथम युग की पैशाची भाषा का कोई निदर्शन साहित्य में नहीं मिलता है। गुणाढ्य की बृहत्कथा संभवतः इसी प्रथम युग की पैशाची भाषा में रची गई थी; किन्तु वह आजकल उपलब्ध नहीं है। इस समय हम व्याकरण, नाटक और काव्य में पैशाची भाषा के जो निदर्शन पाते हैं वह मध्ययुग की पैशाची भाषा का है। मध्ययुग की यह पैशाची भाषा ख्रिस्त की द्वितीय शताब्दी से पाँचवीं शताब्दी पर्यन्त प्रचलित थी।

लक्षण।

पैशाची भाषा का शौरसेनी भाषा के साथ जिस जिस अंश में भेद है वह सामान्य रूप से नीचे दिया जाता है। इसके सिवा अन्य सभी अंशों में वह शौरसेनी के ही समान है। इससे इसके बाकी के लक्षण शौरसेनी के प्रकरण से जाने जा सकते हैं।

वर्ण-भेद।

१। ज्ञ, न्य और ण्य के स्थान में ञ्ञ होता है, यथा—प्रज्ञा=पञ्ञा; ज्ञान=ञ्ञान; कन्यका=कञ्ञका; अभिमन्यु=अभिमञ्ञु; पुण्य=पुञ्ञ।

२। ण और न के स्थान में न होता है; जैसे—गुण=गुन; कनक=कनक।

३। त और द की जगह त होता है; जैसे—भगवती=भगवती; शत=सत; मदन=मतन; देव=तेव।

४। लकार ळ में बदलता है यथा—सील=सीळ; कुल=कुळ।

५। ट की जगह ट और तु होता है; जैसे—कुटुम्बक=कुटुम्बक, कुतुम्बक।

६। महाराष्ट्री के लक्षण में असंयुक्त-व्यञ्जन-परिवर्तन के १ से १३, १५ और १६ अंक वाले जो नियम बतलाये गये हैं वे शौरसेनी भाषा में लागू होते हैं, किन्तु पैशाची में नहीं; यथा—लोक=ळोक; शाखा=साखा; भट=भट; मठ=मठ; गरुड=गरुड; प्रतिभास=पतिभास; कनक=कनक; शपथ=सपथ; रेफ=रेफ; शबल=सबळ; यशस्=यस; करणीय=करणीय; अंगार=इंगार; दाह=दाह।

---

* "प्रकृतिः शौरसेनी" (प्राकृतप्रकाश १०, २)।

§ "सस्य शः", "रस्य लो भवेत्", "चवर्गस्योपरिष्टाद् यः", "कृतादिषु कडादयः", "क्षस्य च्छ", "स्थाविकृतेः ष्टस्य स्तः", "त्तथयोः श ऊर्ध्वं स्यात्", "अतः सोरो (?रे) त्" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १२६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

७। यादृश आदि शब्दों का द परिणत होता है ति में; यथा—यादृश=यातिस; सदृश=सतिस।

नाम-विभक्ति।

१। अकारान्त शब्द की पञ्चमी का एकवचन आतो और आतु होता है; जैसे—जिनातो, जिनातु।

आख्यात।

१। शौरसेनी के दि और दे प्रत्ययों की जगह ति और ते होता है; यथा—गच्छति, गच्छते; रमति, रमते।
२। भविष्य-काल में स्सि के बदले एय्य होता है; जैसे—भविष्यति=हुवेय्य।
३। भाव और कर्म में ईअ तथा इज्ज के स्थान में इय्य होता है, यथा—पठ्यते=पठिय्यते, हसिय्यते।

कृदन्त।

१। त्वा प्रत्यय के स्थान में कहीं तून और कहीं त्थून और द्धून होते हैं; यथा पठित्वा=पठितून; गत्वा=गन्तून; नष्ट्वा=नत्थून, नद्धून; तष्ट्वा=तत्थून, तद्धून।

---

(३) चूलिकापैशाची।

निदर्शन।

चूलिकापैशाची भाषा के लक्षण आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में और पंडित लक्ष्मीधर ने अपनी षड्भाषाचन्द्रिका में दिये हैं। आचार्य हेमचन्द्र के कुमारपालचरित और काव्यानुशासन में इस भाषा के निदर्शन पाये जाते हैं। इनके अतिरिक्त हम्मीर-मदमर्दन-नामक नाटक में और दोएक छोटे २ षड्भाषास्तोत्रों में भी इसके कुछ नमूने देखने में आते हैं।

पैशाची में इसका अन्तर्भाव।

प्राकृतलक्षण, प्राकृतप्रकाश, संक्षिप्तसार और प्राकृतसर्वस्व वगैरः प्राकृत-व्याकरणों में और संस्कृत के अलंकार-ग्रन्थों में चूलिकापैशाची का कोई उल्लेख नहीं है; अथ च आचार्य हेमचन्द्र ने और पं. लक्ष्मीधर ने चूलिकापैशाची के जो लक्षण दिये हैं वे चंड, वररुचि, क्रमदीश्वर और मार्कण्डेय-प्रभृति वैयाकरणों ने पैशाची भाषा के लक्षणों में ही अन्तर्गत किये हैं। इससे यह स्पष्ट जाना जाता है कि उक्त वैयाकरण-गण चूलिकापैशाची को पैशाची भाषा के अन्तर्भूत ही मानते थे, स्वतन्त्र भाषा के रूप में नहीं। आचार्य हेमचन्द्र भी अपने अभिधानचिन्तामणि-नामक संस्कृत कोष-ग्रन्थ के "भाषाः षट् संस्कृतादिकाः" (काण्ड २, १९९) इस वचन की "संस्कृतप्राकृतमागधीशौरसेनीपैशाच्यपभ्रंशलक्षणाः" यह व्याख्या करते हुए चूलिकापैशाची का अलग उल्लेख नहीं करते हैं। इससे मालूम पड़ता है कि वे भी चूलिकापैशाची को पैशाची का ही एक भेद मानते हैं। हमारा भी यही मत है। इससे यहाँ पर इस विषय में पैशाची भाषा के अनन्तरोक्त विवरण से कुछ अधिक लिखने की आवश्यकता नहीं रहती। सिर्फ, आचार्य हेमचन्द्र ने और उन्हीं का पूरा अनुसरण कर पं. लक्ष्मीधर ने इस भाषा के जो लक्षण दिये हैं वे नीचे उद्धृत किये जाते हैं। इनके सिवा सभी अंशों में इस भाषा का पैशाची से कोई पार्थक्य नहीं है।

लक्षण।

१। वर्ग के तृतीय और चतुर्थ अक्षरों के स्थान में क्रमशः प्रथम और द्वितीय होता है*; यथा—नगर=नकर, व्याघ्र=वक्ख, राजा=राचा, निर्झर=निच्छर, तडाग=तटाक, ढक्का=ठक्का; मदन=मतन, मधुर=मथुर, बालक=पालक, भगवती=फकवती।
२। र के स्थान में वैकल्पिक ल होता है, यथा—रुद्र=लुद्द, रुद्द।

---

* अन्य वैयाकरणों के मत से यह नियम शब्द के आदि के अक्षरों में लागू नहीं होता है (हे० प्रा० ४, ३२७)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(४) अर्धमागधी।

भगवान महावीर अपना धर्मोपदेश अर्धमागधी भाषा में देते थे *। इसी उपदेश के अनुसार उनके समसामयिक गणधर श्रीसुधर्मस्वामी ने अर्धमागधी भाषा में ही आचाराङ्ग-प्रभृति सूत्र-ग्रन्थों की रचना की थी ‡। ये ग्रन्थ उस समय लिखे नहीं गये थे, परन्तु शिष्य-परम्परा से कण्ठ-पाठ द्वारा संरक्षित होते थे। दिगम्बर जैनों के मत से ये समस्त ग्रन्थ विलुप्त हो गये हैं, परन्तु श्वेताम्बर जैन दिगम्बरों के इस मन्तव्य से सहमत नहीं हैं। श्वेताम्बरों के मत के अनुसार ये सूत्र-ग्रन्थ महावीर-निर्वाण के बाद ९८० अर्थात् खिस्ताब्द ४५४ में वलभी (वर्तमान वळा, काठियावाड) में श्रीदेवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण ने वर्तमान आकार में लिपिबद्ध किये। उस समय लिखे जाने पर भी इन ग्रन्थों की भाषा प्राचीन है। इसका एक कारण यह है कि जैसे ब्राह्मणों ने कण्ठ-पाठ-द्वारा बहु-शताब्दी-पर्यन्त वेदों की रक्षा की थी वैसे ही जैन मुनिओं ने भी अपनी शिष्य-परम्परा से मुख-पाठ-द्वारा करीब एक हज़ार वर्ष तक अपने इन पवित्र ग्रन्थों को याद रखा था। दूसरा यह है कि जैन धर्म में सूत्र-पाठों के शुद्ध उच्चारण के लिए खूब जोर दिया गया है, यहाँ तक कि मात्रा या अक्षर के भी अशुद्ध या विपरीत उच्चारण करने में दोष माना गया है। तिस पर भी सूत्र-ग्रन्थों की भाषा का सूक्ष्म निरीक्षण करने से इस बात का स्वीकार करना ही पडेगा कि भगवान महावीर के समय की अर्धमागधी भाषा के इन ग्रन्थों में, अज्ञातभाव से ही क्यों न हो, भाषा-विषयक परिवर्तन अवश्य हुआ है। यह परिवर्तन होना असंभव भी नहीं है, क्योंकि ये सूत्र-ग्रन्थ वेदों की तरह शब्द-प्रधान नहीं, किन्तु अर्थ-प्रधान हैं। इतना ही नहीं, बल्कि ये ग्रन्थ जन-साधारण के बोध के लिए ही उस समय की कथ्य भाषा में रचे गये थे § और कथ्य भाषा में समय गुजरने के साथ साथ अवश्य होने वाले परिवर्तन का प्रभाव, कण्ठ-पाठ के रूप में स्थित इन सूत्रों की भाषा पर पड़ना, अन्ततः उस उस समय के लोगों को समझाने के उद्देश्य से भी, आश्चर्यकर नहीं है। इसके सिवा, भाषा-परिवर्तन का यह भी एक मुख्य कारण माना जा सकता है कि भगवान महावीर के निर्वाण से करीब दो सौ वर्ष के बाद (खिस्त-पूर्व ३१०) चन्द्रगुप्त के राजत्व-काल में मगध देश में बारह वर्षों का सुदीर्घ अकाल पड़ने पर साधु लोगों को निर्वाह के लिए समुद्र-तीर-वर्ती प्रदेश (दक्षिण देश) में जाना पड़ा था ÷। उस समय वे सूत्र-ग्रन्थों का परिशीलन न कर सकने के कारण उन्हें भूल से गये थे। इससे अकाल के बाद पाटलिपुत्र में संघ ने एकत्रित होकर जिस जिस साधु को जिस जिस अङ्ग-ग्रन्थ का जो जो अंश जिस जिस आकार में याद रह गया था, उस उस से उस उस अङ्ग-ग्रन्थ के उस उस अंश को उस उस रूप में

प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा अर्धमागधी।

---

* "भगवं च णं अद्धमागहीए भासाए धम्ममाइक्खइ" (समवायाङ्ग सूत्र, पत्र ६०)।
"तए णं समणे भगवं महावीरे कूणिअस्स रएणो भिंभिसारपुत्तस्स......अद्धमागहाए भासाए भासइ।......सा वि य णं अद्धमागहा भासा तेसिं सव्वेसिं आरियमणारियाणं अप्पणो सभासाए परिणामेणं परिणमइ" (औपपातिक सूत्र)।

‡ "अत्थं भासइ अरिहा, सुत्तं गंथंति गणहरा निउणं" (आवश्यकनिर्युक्ति)।

§ "मुत्तूण दिट्ठिवायं कालियउक्कालियंगसिद्धंतं।
थीबालवायणत्थं पाययमुइयं जिणवरेहिं ॥"
(आचारदिनकर में श्रीवर्धमानसूरि ने उद्धृत की हुई प्राचीन गाथा)।
"बालस्त्रीमन्दमूर्खाणां नृणां चारित्रकाङ्क्षिणाम्।
अनुग्रहार्थं तत्त्वज्ञैः सिद्धान्तः प्राकृतः कृतः ॥"
(हरिभद्रसूरि की दशवैकालिक टीका में और हेमचन्द्र के काव्यानुशासन में उद्धृत प्राचीन श्लोक)

÷ देखो Annual Report of Asiatic Society, Bengal, 1893 में डो. होर्नेलि का लेख।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राप्त कर ग्यारह अङ्ग-ग्रन्थों का संकलन किया *। इस घटना से जैसे अङ्ग-ग्रन्थों की भाषा के परिवर्तन का कारण समझ में आ सकता है, वैसे इन ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा में, मगध के पार्श्ववर्ती प्रदेशों की भाषाओं की तुलना में, दूरवर्ती महाराष्ट्र प्रदेश की भाषा का जो अधिक साम्य देखा जाता है उसके कारण का भी पता चलता है। जब ऐतिहासिक प्रमाणों से यह बात सिद्ध है कि दक्षिण प्रदेश में प्राचीन काल में जैन धर्म का अच्छी तरह प्रचार और प्रभाव हुआ था तब यह अनुमान करना अयुक्त नहीं है कि उक्त दीर्घकालिक अकाल के समय साधु लोग समुद्र-तीर-वर्ती इस दक्षिण देश में ही गये थे और वहाँ उन्होंने उपदेश-द्वारा जैन धर्म का प्रचार किया था। यह कहने को कोई आवश्यकता नहीं है कि उक्त साधुओं को दक्षिण प्रदेश में उस समय जो भाषा प्रचलित थी उसका अच्छी तरह ज्ञान हो गया था, क्योंकि उसके विना उपदेश-द्वारा धर्म-प्रचार का कार्य वे कर ही नहीं सकते थे। इससे यह असंभव नहीं है कि उन साधुओं की इस नव-परिचित भाषा का प्रभाव, उनके कण्ठ-स्थित सूत्रों की भाषा पर भी पड़ा था। इसी प्रभाव को लेकर उनमेंसे कईएक साधु-लोग पाटलिपुत्र के उक्त संमेलन में उपस्थित हुए थे, जिससे अङ्गों के पुनः संकलन में उस प्रभाव ने न्यूनाधिक अंश में स्थान पाया था।

उक्त घटना से करीब आठ सौ वर्षों के बाद वलभी (सौराष्ट्र) और मथुरा में जैन ग्रन्थों को लिपि-बद्ध करने के लिए मुनि-संमेलन किये गये थे, क्योंकि इन सूत्र-ग्रन्थों का और उस समय तक अन्य जो जैन ग्रन्थ रचे गये थे उनका भी क्रमशः विस्मरण हो चला था और यदि वही दशा कुछ अधिक समय तक चालू रहती तो समग्र जैन शास्त्रों के लोप हो जाने का डर था जो वास्तव में सत्य था। संभवतः इस समय तक जैन साधुओं का भारतवर्ष के अनेक प्रदेशों में विस्तार हो चुका था और इन समस्त प्रदेशों से अल्पाधिक संख्या में आकर साधु लोगों ने इन संमेलनों में योग-दान किया था। भिन्न भिन्न प्रदेशों से आगत इन मुनिओं से जो ग्रन्थ अथवा ग्रन्थ के अंश जिस रूप में प्राप्त हुआ उसी रूप में वह लिपि-बद्ध किया गया। उक्त मुनिओं के भिन्न भिन्न प्रदेशों में चिर-काल तक विचरने के कारण उन प्रदेशों की भिन्न भिन्न भाषाओं का, उच्चारणों का और विभिन्न प्राकृत भाषाओं के व्याकरणों का कुछ-न-कुछ अलक्षित प्रभाव उनके कण्ठ-स्थित धर्म-ग्रन्थों की भाषा पर भी पड़ना अनिवार्य था। यही कारण है कि अंग-ग्रन्थों में, एक ही अङ्ग-ग्रन्थ के भिन्न भिन्न अंशों में और कहीं कहीं तो एक ही अंग-ग्रन्थ के एक ही वाक्य में परस्पर भाषा-भेद नजर आता है। संभवतः भिन्न भिन्न प्रदेशों की भाषाओं के प्रभाव से युक्त इसी भाषा-भेद को लक्ष्य में लेकर ख्रिस्त की सप्तम शताब्दी के ग्रन्थकार श्रीजिनदासगणि ने अपनी निशीथचूर्णि में अर्धमागधी भाषा का "अट्ठारसदेसीभासानियतं वा अद्धमागहं" यह वैकल्पिक लक्षण किया है। भाषा-परिवर्तन के उक्त अनेक प्रबल कारण उपस्थित होने पर भी अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा में, पाटलिपुत्र के संमेलन के बाद से, आमूल वा अधिक परिवर्तन न होकर उसके बदले जो सूक्ष्म या अल्प ही भाषा-भेद हुआ है और सैंकड़ो की तादाद में उसके प्राचीन रूप अपने असल आकार में जो संरक्षित रह सके हैं उसका श्रेयः सूत्रों के अशुद्ध उच्चारण आदि के लिए प्रदर्शित पाप-बन्ध के उस धार्मिक नियम को है जो संभवतः पाटलीपुत्र के संमेलन के बाद निर्मित या दृढ किया गया था।

---

* "इतश्च तस्मिन् दुष्काले कराले कालरात्रिवत्। निर्वाहार्थं साधुसङ्घस्तीरं नीरनिधेर्ययौ ॥ ५५ ॥
अगुण्यमानं तु तदा साधूनां विस्मृतं श्रुतम्। अनभ्यसनतो नश्यत्यधीतं धीमतामपि ॥ ५६ ॥
संघोऽथ पाटलीपुत्रे दुष्कालान्तेऽखिलोऽमिलत्। यदङ्गाध्ययनोद्देशाद्यासीद् यस्य तदाददे ॥ ५७ ॥
ततश्चैकादशाङ्गानि श्रीसंघोऽमेलयत् तदा। दृष्टिवादनिमित्तं च तस्थौ किञ्चिद् विचिन्तयन् ॥ ५८ ॥
नेपालदेशमार्गस्थं भद्रबाहुं च पूर्विणम्। ज्ञात्वा संघः समाह्वातुं ततः प्रैषीन्मुनिद्वयम् ॥ ५९ ॥"

(स्थविरावलीचरित, सर्ग ९)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यहाँ पर प्रसङ्ग-वश इस बात का उल्लेख करना उचित प्रतीत होता है कि *समवायाङ्ग सूत्र में निर्दिष्ट अङ्ग-ग्रन्थ-संबन्धी विषय और परिमाण का वर्तमान अङ्ग-ग्रन्थों में कहीं कहीं जो थोडा-बहुत क्रमशः विसंवाद और ह्रास पाया जाता हैं और अङ्ग-ग्रन्थों में ही बाद के § उपाङ्ग-ग्रन्थों का और बाद की ÷ घटनाओं का जो उल्लेख दृष्टिगोचर होता है उसका समाधान भी हमको उक्त संमेलनों की घटनाओं से अच्छी तरह मिल जाता है।

अर्धमागधी और आर्ष एक हैं।

×समवायाङ्ग सूत्र, व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र, औपपातिक सूत्र और प्रज्ञापना सूत्र में तथा अन्यान्य प्राचीन जैन ग्रन्थों में जिस भाषा को अर्धमागधी नाम दिया गया है, + स्थानाङ्ग-सूत्र और अनुयोगद्वारसूत्र में जिस भाषा को 'ऋषिभाषिता' कहा गया है और संभवतः इसी 'ऋषिभाषिता' पर से $ आचार्य हेमचन्द्र आदि ने जिस भाषा की 'आर्ष (ऋषिओं की भाषा)' संज्ञा रखी है वह वस्तुतः एक ही भाषा है अर्थात् अर्धमागधी, ऋषिभाषिता और आर्ष ये तीनों एक ही भाषा के भिन्न भिन्न नाम हैं, जिनमें पहला उसके उत्पत्ति-स्थान से और बाकी के दो उस भाषा को सर्व-प्रथम साहित्य में स्थान देने वालों से संबन्ध रखते हैं। जैन सूत्रों की भाषा यही अर्धमागधी, ऋषिभाषिता या आर्ष है। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में आर्ष प्राकृत के जो लक्षण और उदाहरण बताये हैं उनसे तथा "अत एत् सौ पुंसि मागध्याम् ¶" (हे० प्रा० ४, २८७) इस

---

* समवायाङ्ग सूत्र, पत्र १०६ से १२५।

§ "जहा पन्नवणाए पढमए आहारुद्देसए" (व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र १, १—पत्र १९)।

÷ देखो स्थानाङ्ग सूत्र, पत्र ४१० में वर्णित निह्नव-स्वरूप।

× देखो पृष्ठ १९ में दिया हुआ समवायाङ्ग सूत्र और औपपातिकसूत्र का पाठ।

"देवा णं भंते ! कयराए भासाए भासंति ? कयरा वा भासा भासिज्जमाणी विसिस्सति ? गोयमा ! देवा णं **अद्धमागहाए** भासाए भासंति, सावि य णं **अद्धमागहा** भासा भासिज्जमाणी विसिस्सति।" (व्याख्या-प्रज्ञप्तिसूत्र ५, ४—पत्र २२१)।

"से किं तं भासारिया ? भासारिया जे णं **अद्धमागहाए** भासाए भासंति" (प्रज्ञापनासूत्र १—पत्र ६२)।

"मगहद्धविसयभासाणिबद्धं **अद्धमागहं**, अट्ठारसदेसीभासाणिययं वा **अद्धमागहं**" (निशीथचूर्णि)।

"आरिसवयणे सिद्धं देवाणं **अद्धमागहा** वाणी" (काव्यालंकार की नमिसाधुकृतटीका २, १२)।

"सर्वा**र्धमागधीं** सर्वभाषासु परिणामिनीम्।
सर्वेषां सर्वतो वाचं सार्वज्ञीं प्रणिदध्महे॥" (वाग्भट्काव्यानुशासन, पृष्ठ २)।

\+ "सक्कता पागता चेव दुहा भणितीओ आहिया।
सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था **इसिभासिता**॥" (स्थानाङ्गसूत्र ७—पत्र ३९४)।

"सक्कया पायया चेव भणिईओ होंति दोणिण वा।
सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था **इसिभासिआ**॥" (अनुयोगद्वारसूत्र, पत्र १३१)।

$ देखो हेमचन्द्र-प्राकृतव्याकरण का सूत्र १, ३।

"आर्षोत्थमार्षतुल्यं च द्विविधं प्राकृतं विदुः" (प्रेमचन्द्रतर्कवागीश ने काव्यादर्शटीका १, ३३ में उद्धृत किया हुआ पद्यांश)।

¶ मागधी भाषा में अकारान्त पुंलिंग शब्द के प्रथमा के एकवचन में 'ए' होता है।

पुस्तकालय गुरुकुल कांगड़ी
GURUKULA KANGRI LIBRARY
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूत्र की व्याख्या में जो "* यदपि § "पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं ÷" इत्यादिना आर्षस्य अर्धमागध-भाषानियतत्वमाम्नायि वृद्धैस्तदपि प्रायोऽस्यैव विधानात्, न वक्ष्यमाणलक्षणस्य" यह कह कर उसी के अनन्तर जो दशवैकालिक सूत्र से उद्धृत "कयरे आगच्छइ, से तारिसे जिइंदिए" यह उदाहरण दिया है उससे उक्त बात निर्विवाद सिद्ध होती है।

डो. जेकोबी ने प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा को प्राचीन महाराष्ट्री कह कर 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है ×। डो. पिशल ने अपने सुप्रसिद्ध प्राकृत-व्याकरण में डो. जेकोबी की इस बात का सप्रमाण खंडन किया है और यह सिद्ध किया है कि आर्ष और अर्धमागधी इन दोनों में परस्पर भेद नहीं है, एवं प्राचीन जैन सूत्रों की—गद्य और पद्य दोनों की—भाषा परम्परागत मत के अनुसार अर्धमागधी है +। परवर्ती काल के जैन प्राकृत ग्रन्थों की भाषा अल्पांश में अर्धमागधी की और अधिकांश में महाराष्ट्री की विशेषताओं से युक्त होने के कारण 'जैन महाराष्ट्री' कही जा सकती है; परन्तु प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा को, जो शौरसेनी आदि भाषाओं की अपेक्षा महाराष्ट्री से अधिक साम्य रखती हुई भी, अपनी उन अनेक खासियतों से परिपूर्ण है जो महाराष्ट्र आदि किसी प्राकृत में दृष्टिगोचर नहीं होती हैं, यह (जैन महाराष्ट्री) नाम नहीं दिया जा सकता।

अर्धमागधी महाराष्ट्री से भिन्न है।

पंडित बेचरदास अपने गूजराती प्राकृत-व्याकरण की प्रस्तावना में जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा को $ प्राकृत (महाराष्ट्री) सिद्ध करने की विफल चेष्टा करते हुए डो. जेकोबी से भी दो कदम आगे बढ़ गये हैं, क्योंकि डो. जेकोबी जब इस भाषा को प्राचीन महाराष्ट्री—साहित्य-निबद्ध महाराष्ट्री से पुरातन महाराष्ट्री—बताते हैं तब पंडित बेचरदास, प्राकृत भाषाओं के इतिहास जानने की तनिक भी परवा न रखकर, अर्वाचीन महाराष्ट्री से इस प्राचीन अर्धमागधी को अभिन्न सिद्ध करने जा रहे हैं! पंडित बेचरदास ने अपने सिद्धान्त के समर्थन में जो दलीलें पेश की हैं वे अधिकांश में भ्रान्त संस्कारों से उत्पन्न होने के कारण कुछ महत्त्व न रखती हुई भी कुतूहल-जनक अवश्य हैं। उन दलीलों का सारांश यह है—(१) अर्धमागधी में महाराष्ट्री से मात्र दो चार रूपों की ही विशेषता; (२) आचार्य हेमचन्द्र का इस भाषा के लिए स्वतन्त्र व्याकरण या शौरसेनी आदि की तरह अलग अलग सूत्र न बनाकर प्राकृत (महाराष्ट्री) या आर्ष प्राकृत में ही इसको अन्तर्गत करना; (३) इसमें मागधी भाषा की कतिपय विशेषताओं का अभाव; (४) निशीथचूर्णिकार

---

* इसका अर्थ यह है कि प्राचीन आचार्यों ने "पुराना सूत्र अर्धमागधी भाषा में नियत है" इत्यादि वचन-द्वारा आर्ष भाषा को जो अर्धमागधी भाषा कही है वह प्रायः मागधी भाषा के इसी एक एकारवाले विधान को लेकर, न कि आगे कहे जाने वाले मागधी भाषा के अन्य लक्षण के विधान को लेकर।

§ इसी वचन के आधार पर डो. होर्नलि का चण्ड-कृत प्राकृतलक्षण के इन्ट्रोडक्शन (पृष्ठ १८-१९) में यह लिखना कि हेमचन्द्र के मत में 'पोराण' आर्ष प्राकृत का एक नाम है, भ्रम-पूर्ण है, क्योंकि यहाँ पर 'पोराण' यह सूत्र का ही विशेषण है, भाषा का नहीं।

÷ आवश्यकसूत्र के पारिष्ठापनिकाप्रकरण (दे० ला०पु०फं० पत्र ६२८) में यह संपूर्ण गाथा इस तरह है :—

"पुव्वावरसंजुत्तं वेरग्गकरं सतंतमविरुद्धं। पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं॥"

× Kalpa Sutra, Sacred Books of the East, VoL. XII.

\+ Grammatik der Prākrit-Sprachen, § 16-17.

$ जैसे आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में महाराष्ट्री भाषा के अर्थ में प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है वैसे पंडित बेचरदास ने भी अपने प्राकृत-व्याकरण में, जो केवल हेमाचार्य के ही प्राकृत-व्याकरण के आधार पर रचा गया है, सर्वत्र साहित्यिक महाराष्ट्री के ही अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार किया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के अर्धमागधी के दोनों में एक भी लक्षण की इसमें असंगति; (५) प्राचीन जैन ग्रन्थों में इस भाषा का 'प्राकृत' शब्द से निर्देश; (६) नाट्य-शास्त्र में और प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट अर्धमागधी के साथ प्रस्तुत अर्धमागधी की असमानता।

प्रथम दलील के उत्तर में हमें यहाँ अधिक कहने की कोई आवश्यकता नहीं, इसी प्रकरण के अन्त में महाराष्ट्री से अर्धमागधी की विशेषताओं की जो संक्षिप्त सूची दी गई है वही पर्याप्त है। इसके अतिरिक्त डो. बनारसीदासजी की "अर्धमागधी रीडर" मुनि श्रीरत्नचन्द्रजी की "जैन सिद्धान्त-कौमुदी" और डो. पिशल का प्राकृत-व्याकरण मौजुद हैं जिनमें क्रमशः अधिकाधिक संख्या में अर्धमागधी की विशेषताओं का संग्रह है। आचार्य हेमचन्द्र के ही प्राकृत-व्याकरण के "आर्षम्" सूत्र से, इसकी स्पष्ट और सर्व-भेद-ग्राही व्यापक * व्याख्या से और जगह जगह † किये हुए आर्ष के सोदाहरण उल्लेखों से दूसरी दलील की निर्मूलता सिद्ध होती है। यदि आचार्य हेमचन्द्र ने ही निर्दिष्ट की हुई दो-एक विशेषताओं के कारण चूलिकापैशाची अलग भाषा मानी जा सकती है, अथवा आठ-दस विशेषतओं को ले कर शौरसेनी, मागधी और पैशाची भाषाओं को भिन्न भिन्न भाषा स्वीकार करने में आपत्ति नहीं की जा सकती, तो कोई वजह नहीं है कि उसी वैयाकरण ने प्रकारान्तर से अथच स्पष्ट रूप से बताई हुई वैसी ही अनेक विशेषताओं के कारण आर्ष या अर्धमागधी भी भिन्न भाषा न कही जाय। तीसरी दलील की जड़ यह भ्रान्त संस्कार है कि "वही भाषा अर्धमागधी कही जाने योग्य हो सकती है जिसमें मागधी भाषा का आधा अंश हो'। इसी भ्रान्त संस्कार के कारण चौथी दलील में उद्धृत निशीथचूर्णि के अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का सत्य और सीधा अर्थ भी उक्त पंडितजी की समझ में नहीं आया है। इस भ्रान्त संस्कार का निराकरण और निशीथचूर्णिकार ने बताये हुए अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का और उसके वास्तविक अर्थ का निर्देश इसी प्रकरण में आगे चलकर अर्धमागधी के मूल की आलोचना के समय किया जायगा, जिससे इन दोनों दलीलों के उत्तरों को यहाँ दुहराने की आवश्यकता नहीं है। पाँचवीं दलील भी प्राचीन आचार्यों ने जैन सूत्र-ग्रन्थों की भाषा के अर्थ में प्रयुक्त किये हुए 'प्राकृत' शब्द को 'महाराष्ट्री' के अर्थ में घसीटने से ही हुई है। मालुम पड़ता है, पंडितजी ने जैसे अपने व्याकरण में 'प्राकृत' शब्द को केवल महाराष्ट्री के लिए रिझर्व कर रखा है वैसे सभी प्राचीन आचार्यों के 'प्राकृत' शब्द को भी वे एकमात्र महाराष्ट्री के ही अर्थ में मुकरर किया हुआ समझ बैठे हैं ‡। परन्तु यह समझ गलत है। प्राकृत शब्द का मुख्य अर्थ है प्रादेशिक कथ्य भाषा—लोक-भाषा। प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति भी वास्तव में इसी अर्थ से संगति रखती है यह हम पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर चुके हैं। ख्रिस्त की षष्ठ शताब्दी के आचार्य दण्डी ने अपने काव्यादर्श में

"शौरसेनी च गौडी च लाटी चान्या च तादृशी। याति प्राकृतमित्येवं व्यवहारेषु संनिधिम्॥" (१, ३५)।

---

* "आर्षं प्राकृतं बहुलं भवति। तदपि यथास्थानं दर्शयिष्यामः। आर्षे हि सर्वे विधयो विकल्प्यन्ते" (हे० प्रा० १, ३)।

† देखो हेमचन्द्र-प्राकृत व्याकरण के १, ४६; १, ५७; १, ७६; १, ११८; १, ११६; १, १५१; १, १७७; १, २२८; १, २५४; २, १७; २, २१; २, ८६; २, १०१; २, १०४; २, १४६; २, १७४; ३, १६२; और ४, २८७ सूत्रों की व्याख्या।

‡ "ऊपरना बधा उल्लेखोमां वपरायेलो 'प्राकृत' शब्द प्राकृत भाषानो सूचक छे, अनुयोगद्वारमां 'प्राकृत' शब्द प्राकृत भाषाना अर्थमां वपरायेलो छे. (पृ० १३१ स०)। वैयाकरण वररुचिना समयथी तो ए शब्द ए ज अर्थमां वपरातो आव्यो छे; अने ए पछीना आचार्योए पण ए शब्दने ए ज अर्थमां वापरेलो छे, माटे कोईए अहीं ए शब्दने मरडवो नहीं।" (प्राकृतव्याकरण, प्रवेश, पृष्ठ २६ टिप्पनी)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इन खुले शब्दों में यही बात कही है। इससे भी यह स्पष्ट है कि प्राकृत शब्द मुख्यतः प्रादेशिक लोक-भाषा का ही वाचक है और इससे साधारणतः सभी प्रादेशिक कथ्य भाषाओं के अर्थ में इसका प्रयोग होता आया है। दण्डी के समय तक के सभी प्राचीन ग्रन्थों में इसी अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार देखा जाता है। खुद दंडी ने भी महाराष्ट्री भाषा में प्राकृत शब्द के प्रयोग को 'प्रकृष्ट' शब्द से विशेषित करते हुए इसी बात का समर्थन किया है *। दण्डी के महाराष्ट्री को 'प्रकृष्ट प्राकृत' कहने के बाद ही से, विशेष प्रसिद्धि होने के कारण, महाराष्ट्री के अर्थ में 'प्रकृष्ट' शब्द को छोड़ कर केवल प्राकृत शब्द का भी प्रयोग हेमचन्द्र आदि, किन्तु दण्डी के पीछे के ही विद्वानों ने, कहीं कहीं किया है। पंडितजी ने वररुचि के समय से लेकर पीछले आचार्यों का महाराष्ट्री के ही अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार करने की जो बात उक्त टिप्पनी में ही लिखी है उससे प्रतीत होता हैं कि उन्होंने न तो वररुचि का ही व्याकरण देखा है और न उनके पीछे के आचार्यों के ही ग्रन्थों का निरीक्षण करने की कोशिश की है, क्योंकि वररुचि ने तो "शेषं महाराष्ट्रीवत्" (प्राकृतप्रकाश १२, ३२) कहते हुए इस अर्थ में महाराष्ट्री शब्द का ही प्रयोग किया है, न कि प्राकृत शब्द का। आचार्य हेमचन्द्र ने भी कुमारपालचरित में "पाइआहिं भासाहिं" (१, १) में बहुवचन का निर्देश कर और देशीनाममाला (१, ४) में 'विशेष' शब्द लगा कर 'प्राकृत' का प्रयोग साधारण लोक-भाषा के ही अर्थ में किया है। आचार्य दण्डी और हेमचन्द्र ही नहीं, बल्कि खिस्त की नववीं शताब्दी के कवि राजशेखर †, ग्याहवीं शताब्दी के नमिसाधु ‡, उन्नीसवीं शताब्दी के प्रेमचन्द्रतर्कवागीश प्रभृति § प्रभूत जैन और जैनेतर विद्वानों ने इसी अर्थ में प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है। इस तरह जब यह अभ्रान्त सत्य है कि प्राचीन काल से ले कर आजतक प्राकृत शब्द प्रादेशिक कथ्य भाषा के अर्थ में व्यवहृत होता आया है और इसका मुख्य और प्राचीन अर्थ साधारणतः सभी और विशेषतः कोई भी प्रादेशिक भाषा है, तब प्राचीन आचार्यों ने भगवान महावीर की उपदेश-भाषा के और उनके समसामयिक शिष्य सुधर्मस्वामि-प्रणीत जैन सूत्रों की भाषा के ही अभिप्राय में प्रयुक्त किये हुए 'प्राकृत' शब्द का 'अर्ध मगध-प्रदेश (जहाँ भगवान महावीर और सुधर्मस्वामी का उपदेश और विचरण होना प्रसिद्ध है) की लोक-भाषा (अर्धमागधी)' इस सुसंगत अर्थ को छोड़ कर मगध से सुदूरवर्ती प्रदेश 'महाराष्ट्र (जहाँ न तो भगवान महावीर का और न सुधर्मस्वामी का ही उपदेश या विहार होना जाना गया है) की भाषा (महाराष्ट्री)' यह असंगत अर्थ लगाना, अपनी हीन विवेचना-शक्ति का परिचय देना है। इसी सिलसिले में पंडितजी ने अनुयोगद्वार सूत्र की एक अपूर्ण गाथा उद्धृत की है। यदि उक्त पंडितजी अनुयोगद्वार की गाथा के पूर्वार्ध का यहाँ पर उल्लेख करने के पहले इस गाथा के मूल स्थान को ढूँढ पाते और वे प्राकृत शब्द से जिस भाषा (महाराष्ट्री) का ग्रहण करते हैं इसके और प्राचीन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा के इतिहास को न जानते हुए भी सिर्फ उत्तरार्ध-सहित इस गाथा पर ही प्रकरण-संगति के साथ जरा गौर से विचार करने का कष्ट उठाते तो हमारा यह विश्वास है कि, वे कमसे कम इस गाथा का यहाँ हवाला देने का साहस और अनुयोगद्वार के कर्त्ता पर अर्धमागधी के विस्मरण का व्यङ्ग-बाण छोड़ने की धृष्टता कदापि नहीं कर पाते। क्योंकि इस गाथा का मूल स्थान है तृतीय अंग-ग्रन्थ जिसका नाम स्थानाङ्ग-सूत्र है। इसी स्थानाङ्ग-सूत्र के संपूर्ण स्वर-

* "महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः" (काव्यादर्श १, ३४)।

† "परुसो सक्कअ-बंधो पाउअ-बंधोवि होइ सुउमारो" (कर्पूरमञ्जरी, अङ्क १)।

‡ "सूरसेन्यपि प्राकृतभाषैव, तथा प्राकृतमेवापभ्रंशः" (काव्यालङ्कार-टिप्पन २, १२)।

§ "सर्वासामेव प्राकृतभाषाणां"—(काव्यादर्शटीका १, ३३), "तादृशीत्यनेन देशनामोपलक्षिताः सर्वा एव भाषाः प्राकृतसंज्ञयोच्यन्त इति सूचितम्" (काव्यादर्शटीका १, ३५)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रकरण को अनुयोगद्वार सूत्र में उद्धृत किया गया है जिसमें वह गाथा भी शामिल है। वह संपूर्ण गाथा इस तरह है;—

"सक्कता पागता चेव दुहा भणिईओ आहिया। सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिता॥"

इसका शब्दार्थ है—"संस्कृत और प्राकृत ये दो प्रकार की भाषायें कही गई हैं, गाये जाते स्वर-समूह (षड्ज-प्रभृति) में ऋषिभाषिता—आर्ष भाषा—प्रशस्त है।" यहाँ पर प्रकरण है सामान्यतः गीत की भाषा का। वर्तमान समय की तरह उस समय भी सभी भाषाओं में गीत होते थे। इससे यहाँ पर इन सभी भाषाओं का निर्देश करना ही सूत्रकार को अभिप्रेत है जो उन्होंने संस्कृत—व्याकरण-संस्कार-युक्त—भाषा और प्राकृत—व्याकरण-संस्कार-रहित—लोक-भाषा—इन दो मुख्य विभागों में किया है। इस तरह इस गाथा में पहले गीत की भाषाओं का सामान्य रूप से निर्देश कर बाद में इन भाषाओं में जो प्रशस्त है वह 'ऋषिभाषिता' इस विशेष रूप से बताई गई है। यदि यहाँ पर प्राकृत शब्द का 'प्रादेशिक लोक-भाषा' यह सामान्य अर्थ न ले कर पंडितजी के कथनानुसार 'महाराष्ट्री' यह विशेष अर्थ लिया जाय तो गीत की सभी भाषाओं का निर्देश, जो सूत्रकार को करना आवश्यक है, कैसे हो सकता है? क्या उस समय अन्य लोक-भाषाओं में गीत होते ही न थे? गीत का ठेका क्या संस्कृत और महाराष्ट्री इन दो भाषाओं को ही मिला हुआ था? यह कभी संभवित नहीं है। इसी गाथा के उत्तरार्द्ध के 'पसत्था इसिभासिता' इस वचन से अर्धमागधी की सूचना ही नहीं, बल्कि उसका श्रेष्ठपन भी सूत्रकार ने स्पष्ट रूप में बताया है। इससे पंडितजी के उस कथन में कुछ भी सत्यांश नजर नहीं आता है जो उन्होंने सूत्रकार के अर्धमागधी की अलग सूचना न करने के बारे में किया है।

जैसे बौद्धसूत्रों की मागधी (पालि) से नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट मागधी भिन्न है वैसे जैन सूत्रों की अर्धमागधी से नाट्य-शास्त्र की या प्राकृत-व्याकरणों की अर्धमागधी भी अलग है। इससे बौद्धसूत्रों की मागधी नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों की मागधी से मेल न रखने के कारण जैसे महाराष्ट्री न कही जाकर मागधी कही जाती है वैसे जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा भी नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों की अर्धमागधी से समान न होने की वजह से ही महाराष्ट्री न कही जाकर अर्धमागधी ही कही जा सकती है।

नाटकीय अर्धमागधी जैन-सूत्रों की अर्धमागधी से भिन्न है।

भरत-रचित कहे जाते नाट्य-शास्त्र में जिन सात भाषाओं का उल्लेख है उनमें एक अर्धमागधी भी है*। इसी नाट्यशास्त्र में नाटकों के नौकर, राजपुत्र और श्रेष्ठी इन पात्रों के लिए इस भाषा का प्रयोग निर्दिष्ट किया गया है÷। इससे नाटकों में इन पात्रों की जो भाषा है वह अर्धमागधी कही जाती है। परन्तु नाटकों की अर्धमागधी और जैन सूत्रों की अर्धमागधी में परस्पर समानता की अपेक्षा इतना अधिक भेद है कि यह एक दूसरे से अभिन्न कभी नहीं कही जा सकती। मार्कण्डेय ने अपने प्राकृत-व्याकरण में मागधी भाषा के लक्षण बताकर उसी प्रकरण के शेष में अर्धमागधी भाषा का यह लक्षण कहा है—"× शौरसेन्या अदूरत्वादियमेवार्धमागधी" अर्थात् शौरसेनी भाषा के निकट-वर्ती होने के कारण मागधी ही अर्धमागधी है। इस लक्षण के अनन्तर उन्होंने उक्त नाट्य-शास्त्र के उस वचन को उद्धृत किया है जिसमें

* "मागध्यवन्तिजा प्राच्या सूरसेन्यर्धमागधी। वाह्लीका दक्षिणात्या च सप्त भाषाः प्रकीर्तिताः" (१७, ४८)।

÷ "चेटानां राजपुत्राणां श्रेष्ठिनां चार्धमागधी" (भरतीय नाट्यशास्त्र, निर्णयसागरीय संस्करण, १७, ५०)। मार्कण्डेय ने अपने व्याकरण में इस विषय में भरत का नाम देकर जो वचन उद्धृत किया है वह इस तरह है—"'राक्षसीश्रेष्ठिचेटानुकर्म्यादेरर्धमागधी' इति भरतः" यह पाठान्तर ज्ञात होता है।

× प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०३।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्धमागधी के प्रयोगार्ह पात्रों का निर्देश है और इसके बाद उदाहरण के तौर पर वेणीसंहार की राक्षसी की एक उक्ति का उल्लेख कर अर्धमागधी का प्रकरण खतम किया है। इससे यह स्पष्ट मालूम होता है कि भरत का अर्धमागधी-विषयक उक्त वचन और मार्कण्डेय का अर्धमागधी-विषयक उक्त लक्षण नाटकीय अर्धमागधी के लिए ही रचित है; जैन सूत्रों की अर्धमागधी के साथ इसका कोई संबन्ध नहीं है। क्रमदीश्वर ने अपने प्राकृत-व्याकरण में अर्धमागधी का जो लक्षण किया है वह यह है—"* महाराष्ट्री-मिश्राऽर्धमागधी" अर्थात् महाराष्ट्री से मिश्रित मागधी भाषा ही अर्धमागधी है। जान पड़ता है, क्रमदीश्वर का यह लक्षण भी नाटकीय अर्धमागधी के लिए ही प्रयोज्य है, क्योंकि उक्त नाट्यशास्त्र में जिन पात्रों के लिए अर्धमागधी के प्रयोग का नियम बताया गया है, अनेक नाटकों में उन पात्रों की भाषा भिन्न भिन्न है ÷। संभवतः इसी भिन्नता के कारण ही क्रमदीश्वर ने और मार्कण्डेय ने अर्धमागधी के भिन्न भिन्न लक्षण किये हैं।

महाराष्ट्री से अर्धमागधी प्राचीन है।

जैसे हम पहले कह चुके हैं, जैन सूत्रों की अर्धमागधी में इतर भाषाओं की अपेक्षा महाराष्ट्री के लक्षण अधिक देखने में आते हैं। किन्तु यह याद रखना चाहिए कि ये लक्षण साहित्यिक महाराष्ट्री से जैन अर्धमागधी में नहीं आये हैं। इसका कारण यह है कि जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा साहित्यिक महाराष्ट्री भाषा से अधिक प्राचीन है और इससे यही (अर्धमागधी) महाराष्ट्री का मूल कही जा सकती है। + डो. होर्नलि ने जैन अर्धमागधी को ही आर्ष प्राकृत कहकर इसीको परवर्ती काल में उत्पन्न नाटकीय अर्धमागधी, महाराष्ट्री और शौरसेनी भाषाओं का मूल माना है। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में महाराष्ट्री नाम न दे कर प्राकृत के सामान्य नाम से एक भाषा के लक्षण दिये हैं और उनके उदाहरण साधारण तौर से अर्वाचीन महाराष्ट्री-साहित्य से उद्धृत किये हैं; परन्तु जहाँ अर्धमागधी के प्राचीन जैन ग्रन्थों से उदाहरण लिये हैं वहाँ इसको आर्ष प्राकृत का विशेष नाम दिया है। इससे प्रतीत होता है कि आचार्य हेमचन्द्र ने भी एक ही भाषा के प्राचीन रूप को आर्ष प्राकृत और अर्वाचीन रूप को महाराष्ट्री मानते हुए आर्ष प्राकृत को महाराष्ट्री का मूल स्वीकार किया है।

अर्धमागधी शब्द की संगत व्युत्पत्ति।

नाटकीय अर्धमागधी में मागधी भाषा के लक्षण अधिकांश में पाये जाते हैं इससे 'मागधी से ही अर्धमागधी भाषा की उत्पत्ति हुई है और जैन सूत्रों की भाषा में मागधी के लक्षण अधिक न मिलने से वह अर्धमागधी कहलाने योग्य नहीं' यह जो भ्रान्त संस्कार कई लोगों के मन में जमा हुआ है, उसका मूल है अर्धमागधी शब्द को मागधी भाषा के अर्धांश में ग्रहण करना, अर्थात् 'अर्धं मागध्याः' यह व्युत्पत्ति कर 'जिसका अर्धांश मागधी भाषा वह अर्धमागधी' ऐसा करना। वस्तुतः अर्धमागधी शब्द की न वह व्युत्पत्ति ही सत्य है और न वह अर्थ ही। अर्धमागधी शब्द की वास्तविक व्युत्पत्ति है 'अर्धमगधस्येयम्' और इसके अनुसार इसका अर्थ है 'मगध देश के अर्धांश की जो भाषा वह अर्धमागधी'। यही बात ख्रिस्त की सातवीं शताब्दी के ग्रन्थकार श्रीजिनदासगणि महत्तर ने निशीथचूर्णि-नामक ग्रन्थ में "पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं" इस उल्लेख

---

* संक्षिप्तसार, पृष्ठ ३८। ÷ देखो भास-रचित कहे जाते चारुदत्त और स्वप्नवासवदत्त में क्रमशः चेट तथा चेटी की भाषा और शूद्रक के मृच्छकटिक में चेट और श्रेष्ठी चन्दनदास की भाषा।

+ "It thus seems to me very clear, that the Prākrit of Chanda is the ARSHA or ancient (Porana) form of the Ardhamāgadhi, Mahārāshtri and Sauraseni." (Introduction to Prakrita Lakshana of Chanda, Page XIX).

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के 'अर्धमागध' शब्द की व्याख्या के प्रसङ्ग में इन स्पष्ट शब्दों में कही है:—"मगहद्धविसयभासानिबद्धं अद्धमागहं" अर्थात् मगध देश के अर्ध प्रदेश की भाषा में निबद्ध होने के कारण प्राचीन सूत्र 'अर्धमागध' कहा जाता है।

जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-स्थान और उसका 'महाराष्ट्री' के साथ सादृश्य का कारण।

परन्तु, अर्धमागधी का मूल उत्पत्ति-स्थान पश्चिम मगध अथवा मगध और शूरसेन का मध्यवर्ती प्रदेश (अयोध्या) होने पर भी जैन अर्धमागधी में मागधी और शौरसेनी भाषा के विशेष लक्षण देखने में नहीं आते। महाराष्ट्री के साथ ही इसका अधिक सादृश्य नजर आता है। यहाँ पर प्रश्न होता है कि इस सादृश्य का कारण क्या है? सर ग्रियर्सन ने अपने प्राकृत-भाषाओं के भौगोलिक विवरण में यह स्थिर किया है कि जैन अर्धमागधी मध्यदेश (शूरसेन) और मगध के मध्यवर्ती देश (अयोध्या) की भाषा थी एवं आधुनिक पूर्वीय हिन्दी उससे उत्पन्न हुई है। किन्तु हम देखते हैं कि अर्धमागधी के लक्षणों के साथ मागधी, शौरसेनी और आधुनिक पूर्वीय हिन्दी का कोई विशेष संबन्ध नहीं है, परन्तु महाराष्ट्री प्राकृत और आधुनिक मराठी भाषा के साथ उसका सादृश्य अधिक है। इसका कारण क्या? किसीने अभीतक यह ठीक ठीक नहीं बताया है। यह संभव है, जैसा हम पाटलिपुत्र के संमेलन के प्रसंग में ऊपर कह आये हैं, चन्द्रगुप्त के राजत्वकाल में (ख्रिस्त-पूर्व ३१०) बारह वर्षों के अकाल के समय जैन मुनि-संघ पाटलीपुत्र से दक्षिण की ओर गया था। उस समय वहाँ के प्राकृत के प्रभाव से अंग-ग्रन्थों की भाषा का कुछ कुछ परिवर्तन हुआ था। यही महाराष्ट्री प्राकृत का आर्ष प्राकृत के साथ सादृश्य का कारण हो सकता है।

उत्पत्ति-समय।

सर आर. जि. भाण्डारकर जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-समय ख्रिस्तीय द्वितीय शताब्दी मानते हैं। उनके मत में कोई भी साहित्यिक प्राकृत भाषा ख्रिस्त की प्रथम या द्वितीय शताब्दी से पहले की नहीं है। सायद इसी मत का अनुसरण कर डो. सुनीतिकुमार चटर्जी ने अपनी Origin and Development of Bengalee Language नामक पुस्तक में (Introduction, page 18) समस्त नाटकीय प्राकृत-भाषाओं का और जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-काल ख्रिस्तीय तृतीय शताब्दी स्थिर किया है। परन्तु त्रिवेन्द्रम से प्रकाशित भास-रचित कहे जाते नाटकों का निर्माण-समय अन्तत: ख्रिस्त की दूसरी शताब्दी के बाद का न होने से और अश्वघोष-कृत बौद्ध-धर्म-विषयक नाटकों के जो कतिपय अंश डो. ल्युडर्स ने प्रकाशित किये हैं उनका समय ख्रिस्त की प्रथम शताब्दी निश्चित होने से यह प्रमाणित होता है कि उस समय भी नाटकीय प्राकृत भाषायें प्रचलित थीं। और, डो. ल्युडर्स ने यह स्वीकार किया है कि अश्वघोष के नाटकों में जैन अर्धमागधी भाषा के निदर्शन हैं। इससे जैन अर्धमागधी की प्राचीनता का यह भी एक विश्वस्त प्रमाण है। इसके अतिरिक्त, डो. जेकोबी जैन सूत्रों की भाषा और मथुरा के शिलालेखों (ख्रिस्तीय सन् ८३ से १७६) की भाषा से यह अनुमान करते हैं कि जैन अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी का काल ख्रिस्त-पूर्व चतुर्थ शताब्दी का शेष भाग अथवा ख्रिस्त-पूर्व तृतीय शताब्दी का प्रथम भाग है। हम डो. जेकोबी के इस अनुमान को ठीक समझते हैं जो पाटलिपुत्र के उस संमेलन से संगति रखता है जिसका उल्लेख हम पूर्व में कर चुके हैं।

लक्षण।

संस्कृत के साथ महाराष्ट्री के जो प्रधान प्रधान भेद हैं, उनकी संक्षिप्त सूची महाराष्ट्री के प्रकरण में दी जायगी। यहाँ पर महाराष्ट्री से अर्धमागधी की जो मुख्य मुख्य विशेषताएँ हैं उनकी संक्षिप्त सूची दी जाती है। उससे अर्धमागधी के लक्षणों के साथ महाराष्ट्री के लक्षणों की तुलना करने पर यह अच्छी तरह ज्ञात हो सकता है कि महाराष्ट्री की अपेक्षा अर्धमागधी की वैदिक और लौकिक संस्कृत से अधिक निकटता है जो अर्धमागधी की प्राचीनता का एक श्रेष्ठ प्रमाण कहा जा सकता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वर्ण-भेद ।

१। **दो स्वरों के मध्यवर्ती असंयुक्त** क **के स्थान में प्रायः सर्वत्र** ग **और अनेक स्थलों में** त **और** य **होता है; जैसे—**

ग—प्रकल्प=पगप्प; आकर=आगर; आकाश=आगास; प्रकार=पगार; श्रावक=सावग; विवर्जक=विवज्जग; निषेवक=णिसेवग; लोक=लोग; आकृति=आगइ ।

त—आराधक=आराहत (ठाणांगसूत्र—पत्र ३१७), सामायिक=सामातित (ठा० ३२२), विशुद्धिक=विशुद्धित (ठा० ३२२), अधिक=अहित (ठा० ३६३), शाकुनिक=साउणित (ठा० ३६३) नैषधिक=णेसज्जित (ठा० ३६७), वीरासनिक=वीरासणित (ठा० ३६७), वर्धकि=वड्ढति (ठा० ३६८), नैरयिक=नेरतित (ठा० ३६६), सीमंतक=सीमंतत (ठा० ४५८), नरकात्=नरताते (ठा० ४५८), माडम्बिक=माडंबित (ठा० ४५६), कौटुम्बिक=कोडुंबित (ठा० ४५६), सचक्षुष्केण=सचक्खुतेणं (विपाकश्रुत—पत्र ५), कूणिक=कूणित (विपा० ५ टि), अन्तिकात्=अंतिताते (विपा० ७), राहसिकेन=रहस्सितेणं (विपा० ४; १८) **इत्यादि ।**

य—कायिक=काइय, लोक=लोय **वगैरः ।**

२। **दो स्वरों के बीच का असंयुक्त** ग **प्रायः कायम रहता है। कहीं कहीं इसका** त **और** य **होता है। जैसे**—आगम=आगम, आगमन=आगमण, आनुगामिक=आणुगामिय, आगमिष्यत्=आगमिस्स, जागर=जागर, अगारिन्=अगारि, भगवन्=भगवं; अतिग=अतित (ठा० ३६७); सागर=सायर ।

३। **दो स्वरों के बीच के असंयुक्त** च **और** ज **के स्थान में** त **और** य **उभय ही होता है।** च **के उदाहरण, जैसे**—नाराच=णारात (ठा० ३५७), वचस्=वति (ठा० ३६८; ४५०), प्रवचन=पावतण (ठा० ४५१), कदाचित=कयाती (विपा० १७; ३०), वाचना=वायणा, उपचार=उवयार; लोच=लोय, आचार्य=आयरिय। ज **के कुछ निदर्शन ये हैं**—भोजिन्=भोति (सूअ० २, ६, १०), वज्र=वतिर (ठा० ३५७), पूजा=पूता (ठा० ३५८), राजेश्वर=रातीसर (ठा० ४५६), आत्मजः=अत्तते (विपा० ४ टि), प्रजात=पयाय, कामध्वजा=कामज्झया, आत्मज=अत्तय ।

४। **दो स्वरों का मध्यवर्ती** त **प्रायः कायम रहता है, कहीं कहीं इसका** य **होता है; यथा**—वन्दते=वंदति, नमस्यति=नमंसति, पर्युपास्ते=पज्जुवासति (सूअ २, ७; विपा—पत्र ६), जितेन्द्रिय=जितिंदिय (सूअ २, ६, ५), सतत=सतत (सूअ १, १, ४, १२), भवति=भवति (ठा०—पत्र ३१७) अंतरित=अंतरित (ठा० ३४६), धैवत=धेवत (ठा० ३६३), जाति=जाति, आकृति=आगिति, विहरति=विहरति (विपा—४), पुरतः=पुरतो, करोति=करेति (विपा० ६), ततः=तते (विपा० ६; ७; ८), संदिसतु=संदिसतु, संलपति=संलवति (विपा० ७; ८), प्रभृति=पभिति (विपा० १५; १६), करतल=करयल ।

५। **स्वरों के बीच में स्थित** द **का** द **और** त **ही अधिकांश में देखा जाता है, कहीं कहीं** य **भी होता है, जैसे—**

द—प्रदिशः=पदिसो (आचा), भेद=भेद, अनादिकं=अणादियं (सूअ २, ७), वदत्=वदमाण, नदति=णदति, जनपद=जणवद, वेदिष्यति=वेदिहिती (ठा०—पत्र क्रमशः ३२१,३६३,४५८,४५८) **इत्यादि ।**

त—यदा=जता, पाद=पात, निषाद=निसात, नदी=नती, मृषावाद=मुसावात, वादिक=वातित, अन्यदा=अन्नता, कदाचित्=कताती (ठा०—पत्र क्रमशः ३१७, ३४६, ३६३, ३६७, ४५०, ४५१, ४५६, ४५६); यदि=जति, चिरादिक=चिरातीत (विपा० पत्र ४) **इत्यादि ।**

य—प्रतिच्छादन=पडिच्छायण, चतुष्पद=चउप्पय **वगैरः ।**

६। **दो स्वरों के मध्य में स्थित** प **के स्थान में प्रायः सर्वत्र** व **ही होता है; यथा**—पापक=पावग, संलपति=संलवति, सोपचार=सोवयार, अतिपात=अतिवात, उपनीत=उवणीय, अभ्युपपन्न=अज्झोववण्ण, उपगूढ=उवगूढ, आधिपत्य=आहेवच्च, तपक=तवय, व्यपरोपित=ववरोवित **इत्यादि ।**

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

७। स्वरों के मध्यवर्ती य प्रायः कायम रहता है, अनेक स्थानों में इसका त देखा जाता है; जैसे—
य—वायव=वायव, प्रिय=पिय, निरय=निरय, इंद्रिय=इंदिय, गायति=गायइ प्रभृति।
त—स्यात्=सिता, सामायिक=सामातित, कायिक=कातित, पालयिष्यन्ति=पालतिस्संति, पर्याय=परितात, नायक=णातग, गायति=गातति, स्थायिन्=ठाति, शायिन्=साति, नैरयिक=नेरतित (ठा० पत्र क्रमशः ३१७, ३२२, ३२२, ३५७, ३५८, ३६३, ३६४, ३६७, ३६७, ३६६), इन्द्रिय=इंदित (ठा० ३२२, ३५५) इत्यादि।

८। दो स्वरों के बीच के व के स्थान में व, त और य होता है; यथा—
व—वायव=वायव, गौरव=गारव, भवति=भवति, अनुविचिन्त्य=अणुवीति (सूत्र १, १, ३, १३) इत्यादि।
त—परिवार=परिताल, कवि=कति (ठा० पत्र क्रमशः ३५८, ३६३) इत्यादि।
य—परिवर्तन=परियट्टण, परिवर्तना=परियट्टणा (ठा० ३४६) वगैरः।

६। महाराष्ट्री में स्वर-मध्य-वर्ती असंयुक्त क, ग, च, ज, त, द, प, य, व इन व्यञ्जनों का प्रायः सर्वत्र लोप होता है और प्राकृतप्रकाश आदि प्राकृत-व्याकरणों के अनुसार इन लुप्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य कोई वर्ण नहीं होता। सेतुबन्ध, गाथासप्तशती और कर्पूरमञ्जरी आदि नाटकों की महाराष्ट्री भाषा में भी यह लक्षण ठीक ठीक देखने में आता है। आचार्य हेमचन्द्र के प्राकृत-व्याकरण के अनुसार उक्त लुप्त व्यञ्जनों के दोनों तर्फ अवर्ण (अ या आ) होने पर लुप्त व्यञ्जन के स्थान में 'य्' होता है। 'गउडवहो' में यह 'य्' अधिक मात्रा में (उक्त व्यञ्जनों के पूर्व में अवर्ण-भिन्न स्वर रहने पर भी) पाया जाता है। परन्तु जैन अर्धमागधी में, जैसा हम ऊपर देख चुके हैं, प्रायः उक्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य अन्य व्यञ्जन होते हैं और कहीं कहीं तो वही व्यञ्जन कायम रहता है। हाँ, कहीं कहीं उक्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य व्यञ्जन होने या वही व्यञ्जन रहने के बदले महाराष्ट्री की तरह लोप भी देखा जाता है, किन्तु यह लोप वहाँ पर ही देखने में आता है जहाँ उक्त व्यञ्जनों के बाद अ या आ से भिन्न कोई स्वर होता है; जैसे—लोकः=लोओ, रोचित=रोइत, भोजिन्=भोइ, आतुर=आउर, आदेशि=आएसि, कायिक=काइय, आवेश=आएस वगैरः।

१०। शब्द की आदि में, मध्य में और संयोग में सर्वत्र ण की तरह न भी होता है, जैसे—नदी=नई, ज्ञातपुत्र=नायपुत्त, आरनाल=आरनाल, अनल=अनल, अनिल=अनिल, प्रज्ञा=पन्ना, अन्योन्य=अन्नमन्न, विज्ञ=विन्नु, सर्वज्ञ=सव्वन्नु इत्यादि।

११। एव के पूर्व के अम् के स्थान में आम् होता है, यथा—यामेव=जामेव, तामेव=तामेव, क्षिप्रमेव=खिप्पामेव, एवमेव=एवामेव, पूर्वमेव=पुव्वामेव इत्यादि।

१२। दीर्घ स्वर के बाद के इति वा के स्थान में ति वा और इ वा होता है, जैसे—इन्द्रमह इति वा=इंदमहे ति वा, इंदमहे इ वा इत्यादि।

१३। यथा और यावत् शब्द के य का लोप और ज दोनों ही देखे जाते हैं, जैसे—यथाख्यात=अहक्खाय, यथाजात=अहाजात, यथानामक=जहाणामए, यावत्कथा=आवकहा, यावज्जीव=जावज्जीव।

वर्णागम।

१। गद्य में भी अनेक स्थलों में समास के उत्तर शब्द के पहले म् आगम होता है, यथा—निरयंगामी, उड्ढंगारव, दीहंगारव, रहस्संगारव, गोणमाइ, सामाइयमाइयाइं, अजहण्णमणुक्कोस, अदुक्खमसुहा आदि। महाराष्ट्री में पद्य में पादपूर्त्ति के लिए ही कहीं कहीं म् आगम देखा जाता है, गद्य में नहीं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शब्द-भेद ।

१। अर्धमागधी में ऐसे प्रचुर शब्द हैं जिनका प्रयोग महाराष्ट्री में प्रायः उपलब्ध नहीं होता; यथा—अज्झत्थिय, अज्झोववरणा, अणुवीति, आघवरणा, आघवेत्तग, आरणापारणू, आवीकम्म, करणहुइ, केमहालय, दुरूढ, पचत्थिमिल्ल, पाउकुव्वं, पुरत्थिमिल्ल, पोरेवच्च, महतिमहालिया, वक्क, विउस इत्यादि।

२। ऐसे शब्दों की संख्या भी बहुत बड़ी है जिनके रूप अर्धमागधी और महाराष्ट्री में भिन्न भिन्न प्रकार के होते हैं। उनके कुछ उदाहरण नीचे दिये जाते हैं :—

अर्धमागधी	महाराष्ट्री	अर्धमागधी	महाराष्ट्री
अभियागम	अब्भाअम	नितिय	णिच्च
आउंटरण	आउंचरण	निएय	णिअअ
आहरण	उआहरण	पडुप्पन्न	पच्चुप्परण
उप्पिं	उवरिं, अवरिं	पच्छेकम्म	पच्छाकम्म
किया	किरिआ	पाय (पात्र)	पत्त
कीस, केस	केरिस	पुढो (पृथक्)	पुहं, पिहं
केवच्चिर	किअच्चिर	पुरेकम्म	पुराकम्म
गेहि	गिद्धि	पुव्विं	पुव्वं
चियत्त	चइअ	माय (मात्र)	मत्त, मेत्त
छच्च	छक्क	माहरण	बम्हरण
जाया	जत्ता	मिलक्खु, मेच्छ	मिलिच्छ
णिगरण, णिगिरण (नग्न)	णग्ग	वग्गू	वाआ
णिगिणिरण (नाग्न्य)	णग्गत्तरण	वाहरण (उपानह्)	उवारणआ
तच्च (तृतीय)	तइअ	सहेज्ज	सहाअ
तच्च (तथ्य)	तच्छ	सीआरण, सुसारण	मसारण
तेगिच्छा	चिइच्छा	सुमिरण	सिमिरण
दुवालसंग	बारसंग	सुहम, सुहुम	सराह
दोच्च	दुइअ	सोहि	सुद्धि

और, दुवालस, बारस, तेरस, अउणवीसइ, बत्तीस, परणतीस, इगयाल, तेयालीस, परणयाल, अढयाल, एगट्ठि, बावट्ठि, तेवट्ठि, छावट्ठि, अढसट्ठि, अउणत्तरि, बावत्तरि, परणरात्तरि, सत्तहत्तरि, तेयासी, छलसीइ, बाणउइ प्रभृति संख्या-शब्दों के रूप अर्धमागधी में मिलते हैं, महाराष्ट्री में वैसे नहीं।

नाम-विभक्ति।

१। अर्धमागधी में पुंलिंग अकारान्त शब्द के प्रथमा के एकवचन में प्रायः सर्वत्र ए और क्वचित् ओ होता है, किन्तु महाराष्ट्री में ओ ही होता है।

२। सप्तमी का एकवचन स्सिं होता है जब महाराष्ट्री में म्मि।

३। चतुर्थी के एकवचन में आए या आते होता है, जैसे—देवाए, सवणयाए, गमणाए, अट्ठाए, अहिताते, असुभाते, अखमाते (ठा० पत्र ३५८) इत्यादि, महाराष्ट्री में यह नहीं है।

४। अनेक शब्दों के तृतीया के एकवचन में सा होता है, यथा—मणसा, वयसा, कायसा, जोगसा, बलसा, चक्खुसा; महाराष्ट्री में इनके स्थान में क्रमशः मणेण, वएण, काएण, जोगेण, बलेण, चक्खुणा।

५। कम्म और धम्म शब्द के तृतीया के एकवचन में पालि की तरह कम्मुणा और धम्मुणा होता है, जब कि महाराष्ट्री में कम्मेण और धम्मेण।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

६। अर्धमागधी में तत् शब्द के पञ्चमी के बहुवचन में तेब्भो रूप भी देखा जाता है।
७। युष्मत् शब्द का षष्ठी का एकवचन संस्कृत की तरह तव और अस्मत् का षष्ठी का बहुवचन अस्माकं अर्धमागधी में पाया जाता है जो महाराष्ट्री में नहीं है।

आख्यात-विभक्ति।

१। अर्धमागधी में भूतकाल के बहुवचन में इंसु प्रत्यय है, जैसे—पुच्छिंसु, गच्छिंसु, आभासिंसु इत्यादि। महाराष्ट्री में यह प्रयोग लुप्त हो गया है।

धातु-रूप।

१। अर्धमागधी में आइक्खइ, कुव्वइ, भुविं, होक्खती, बूया, अब्बवी, होत्था, हुत्था, पहारेत्था, आघं, दुरूहइ, विगिंचए, तिवायए, अकासो, तिउट्टई, तिउट्टिज्जा, पडिसंधयाति, सारयती, घेच्छिइ, समुच्छिहिंति, आहंसु प्रभृति प्रभूत प्रयोगों में धातु की प्रकृति, प्रत्यय अथवा ये दोनों जिस प्रकार में पाये जाते हैं, महाराष्ट्री में वे भिन्न भिन्न प्रकार के देखे जाते हैं।

धातु-प्रत्यय।

१। अर्धमागधी में त्वा प्रत्यय के रूप अनेक तरह के होते हैं :—

(क) ट्टु; जैसे—कट्टु, साहट्टु, अवहट्टु इत्यादि।

(ख) इत्ता, एत्ता, इत्ताणं और एत्ताणं; यथा—चइत्ता, विउट्टित्ता, पासित्ता, करेत्ता, पासित्ताणं करेत्ताणं इत्यादि।

(ग) इत्तु; यथा—दुरूहित्तु, जाणित्तु, वधित्तु प्रभृति।

(घ) चा; जैसे—किच्चा, णच्चा, सोच्चा, भोच्चा, चेच्चा वगैरः।

(ङ) इया; यथा—परिजाणिया, दुरूहिया आदि।

(च) इनके अतिरिक्त विउक्कम्म, निसम्म, समिच्च, संखाए, अणुवीति, लद्धुं, लद्धूण, दिस्सा इत्यादि प्रयोगों में 'त्वा' के रूप भिन्न भिन्न तरह के पाये जाते हैं।

२। तुम् प्रत्यय के स्थान में इत्तए या इत्तते प्रायः देखने में आता है, जैसे—करित्तए, गच्छित्तए, संभुंजित्तए, उवसामित्तते, (विपा० १३), विहरित्तए आदि।
३। ऋकारान्त धातु के त प्रत्यय के स्थान में ड होता है, जैसे—कड, मड, अभिहड, वावड, संवुड, वियड, वित्थड प्रभृति।

तद्धित।

१। तर प्रत्यय का तराय रूप होता है, यथा—अणिट्ठतराए, अप्पतराए, बहुतराए, कंततराए इत्यादि।
२। आउसो, आउसंतो, गोमी, वुसिमं, भगवंतो, पुरत्थिम, पच्चत्थिम, ओयंसी, दोसिणो, पोरेवच्च आदि प्रयोगों में मतुप्, और अन्य तद्धित प्रत्ययों के जैसे रूप जैन अर्धमागधी में देखे जाते हैं, महाराष्ट्री में वे भिन्न तरह के होते हैं।

महाराष्ट्री से जैन अर्धमागधी में इनके अतिरिक्त और भी अनेक सूक्ष्म भेद हैं जिनका उल्लेख विस्तार-भय से यहाँ नहीं किया गया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(५) जैन महाराष्ट्री।

जैन सूत्र-ग्रन्थों के सिवा श्वेताम्बर जैनों के रचे हुए अन्य ग्रन्थों की प्राकृत भाषा को 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया गया है। इस भाषा में तीर्थंकर और प्राचीन मुनिओं के चरित्र, कथायें, दर्शन, तर्क, ज्योतिष, भूगोल, स्तुति आदि विषयों का विशाल साहित्य विद्यमान है।

नाम-निर्देश और साहित्य।

प्राकृत के प्राचीन वैयाकरणों ने 'जैन महाराष्ट्री' यह नाम दे कर किसी भिन्न भाषा का उल्लेख नहीं किया है। किन्तु आधुनिक पाश्चात्य विद्वानों ने, व्याकरण, काव्य और नाटक-ग्रन्थों में महाराष्ट्री का जो रूप देखा जाता है उससे श्वेताम्बर जैनों के ग्रन्थों की भाषा में कुछ कुछ पार्थक्य देख कर, इसको 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है। इस भाषा में प्राकृत-व्याकरणों में बताये हुए महाराष्ट्री भाषा के लक्षण विशेष रूप से मौजुद होने पर भी जैन अर्धमागधी का बहुत-कुछ प्रभाव देखा जाता है।

जैन महाराष्ट्री के कतिपय ग्रन्थ प्राचीन हैं। यह द्वितीय स्तर के प्रथम युग के प्राकृतों में स्थान पा सकती है। पयन्ना-ग्रन्थ, निर्युक्तियाँ, पउमचरिअ, उपदेशमाला प्रभृति ग्रन्थ प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के उदाहरण हैं। बृहत्कल्प-भाष्य, व्यवहारसूत्र-भाष्य, विशेषावश्यक-भाष्य, निशीथचूर्णि, धर्मसंग्रहणी, समराइच्चकहा-प्रभृति ग्रन्थ मध्य-युग और शेष-युग में रचित होने पर भी इनकी भाषा प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के समान है। दशम शताब्दी के बाद रचे गये प्रवचन-सारोद्धार, उपदेशपदटीका, सुपासनाहचरिअ, उपदेशरहस्य, भाषारहस्य प्रभृति ग्रन्थों की भाषा भी प्रायः प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के ही अनुरूप है। इससे यहाँ पर यह कहना होगा कि जैन महाराष्ट्री के ये ग्रन्थ आधुनिक काल में रचित होने पर भी उसकी भाषा, संस्कृत की तरह, अतिप्राचीन काल में ही उत्पन्न हुई थी और यह भी अनुमान किया जा सकता है कि जैन महाराष्ट्री क्रमशः परिवर्तित हो कर मध्य-युग की व्यञ्जन-लोप-बहुल महाराष्ट्री में रूपान्तरित हुई है।

समय।

अर्धमागधी के जो लक्षण पहले बताये गये हैं उनमें से अनेक इस भाषा में भी पाये जाते हैं। ऐसे लक्षणों में कुछ ये हैं:—

लक्षण।

१। क के स्थान में अनेक स्थलों में ग।
२। लुप्त व्यञ्जनों के स्थान में य्।
३। शब्द की आदि और मध्य में भी ण की तरह न।
४। यथा और यावत् के स्थान में क्रमशः जहा और जाव की तरह अहा और आव भी।
५। समास में उत्तर पद के पूर्व में म्' का आगम।
६। पाय, माय, तेगिच्छग, पडुप्पएणा, साहि, सुहुम, सुमिण आदि शब्दों का भी, पत्त, मेत्त, चेइच्छय आदि की तरह प्रयोग।
७। तृतीया के एकवचन में कहीं कहीं सा प्रत्यय।
८। आइक्खइ, कुव्वइ प्रभृति धातु-रूप।
९। सोचा, किचा वंदित्तु आदि त्वा प्रत्यय के रूप।
१०। कड, वावड, संवुड, प्रभृति त-प्रत्ययान्त रूप।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(६) अशोक-लिपि।

सम्राट् * अशोक ने भारतवर्ष के भिन्न भिन्न स्थानों में अपने धर्म के उपदेशों को शिलाओं में खुदवाये थे। ये सब शिलालेख उस समय में प्रचलित भिन्न भिन्न प्रादेशिक भाषाओं में रचित हैं। भाषा-साम्य की दृष्टि से ये सब शिलालेख प्रधानतः इन तीन भागों में विभक्त किये जा सकते हैं :—

(१) पंजाब के शिलालेख। इनका भाषा संस्कृत के अनुरूप है। इनमें र का लोप नहीं देखा जाता।

(२) पूर्व भारत के शिलालेख। इनकी भाषा का मागधी के साथ सादृश्य देखने में आता है। इनमें र के स्थान में सर्वत्र ल है।

(३) पश्चिम भारत के शिलालेख। ये उज्जयिनी की उस भाषा में है जिसका पालि के साथ अधिक साम्य है।

इन तीनों प्रकार के शिलालेखों के कुछ उदाहरण नीचे दिये जाते हैं जिन पर से इनका भेद अच्छी तरह समझ में आ सकता है।

संस्कृत।	कपर्दगिरि (पंजाब)।	धौलि (उडिसा)।	गिरनार (गूजरात)।
देवानांप्रियस्य	देवानंप्रियस	देवानंपियस	देवानंपियस
राज्ञः	रञो	लजिने	रानो, रनो
वृक्षाः	—	लुखनि	वच्छा
शुश्रूषा	सुश्रुषा	सुसूसा	सुसुसा
नास्ति	नस्ति, नास्ति	नाथि, नथि, नथा	नास्ति

इन शिलालेखों का समय ख्रिस्त-पूर्व २५० वर्ष का है।

इन शिलालेखों की भाषा की उत्पत्ति भगवान महावीर की एवं संभवतः बुद्धदेव की उपदेश-भाषा से ही हुई है †।

---

(७) सौरसेनी।

संस्कृत-नाटकों में प्राकृत गद्यांश सामान्य रूप से सौरसेनी भाषा में लिखा गया है। अश्वघोष के नाटकों में एक तरह की सौरसेनी के उदाहरण पाये जाते हैं जो पालि और अशोकलिपि की भाषा के अनुरूप और पिछले काल के नाटकों में प्रयुक्त सौरसेनी की अपेक्षा प्राचीन है। भास के, कालिदास के और इनके बाद के अधिक नाटकों में सौरसेनी के निदर्शन देखे जाते हैं।

निदर्शन।

वररुचि, हेमचन्द्र, क्रमदीश्वर, लक्ष्मीधर और मार्कण्डेय आदि के प्राकृत-व्याकरणों में सौरसेनी भाषा के लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं।

दण्डी, रुद्रट और वाग्भट आदि संस्कृत के आलंकारिकों ने भी इस भाषा का उल्लेख किया है।

---

* हाल ही में डो. त्रिभुवनदास लहेरचंद ने अपने एक गूजराती लेख में अनेक प्रमाण और युक्तिओं से यह सिद्ध किया है कि अशोक के शिलालेखों के नाम से प्रसिद्ध शिलालेख सम्राट् अशोक के नहीं, परन्तु जैन सम्राट् संप्रति के खुदवाये हुए हैं।

† See Dr. A. B. Keith's Sanskrit Drama, Page 87.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भरत के नाट्यशास्त्र में सौरसेनी भाषा का उल्लेख है, उन्होंने नाटक में नायिका और सखीओं के लिए इस भाषा का प्रयोग बताया है *।

विनियोग।

भरत ने विदूषक की भाषा प्राच्या कही है †, परन्तु मार्कण्डेय के व्याकरण में प्राच्या भाषा के जो लक्षण दिये गये हैं उनसे और नाटकों में प्रयुक्त विदूषक की भाषा पर से यह मालूम होता है कि सौरसेनी से इस भाषा (प्राच्या) का कुछ विशेष भेद नहीं है। इससे हमने भी प्रस्तुत कोष में उसका अलग उल्लेख न करके सौरसेनी में हीं अन्तर्भाव किया है।

प्राच्या भाषा सौरसेनी के अन्तर्गत।

दिगम्बर जैनों के प्रवचनसार, द्रव्यसंग्रह प्रभृति ग्रन्थ भी एक तरह की सौरसेनी भाषा में ही रचित हैं। यह भाषा श्वेताम्बरों की अर्धमागधी और प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट सौरसेनी के मिश्रण से बनी हुई है। इस भाषा को 'जैन सौरसेनी' नाम दिया गया है। जैन सौरसेनी मध्ययुग की जैन महाराष्ट्री की अपेक्षा जैन अर्धमागधी से अधिक निकटता रखती है और मध्ययुग की जैन महाराष्ट्री से प्राचीन है।

जैन सौरसेनी।

सौरसेनी भाषा की उत्पत्ति ‡ सूरसेन देश अर्थात् मथुरा प्रदेश से हुई है।

वररुचि ने अपने व्याकरण में संस्कृत को ही सौरसेनी भाषा की प्रकृति अर्थात् मूल कहा है ÷। किन्तु यह हम पहले ही प्रमाणित कर चुके हैं कि किसी प्राकृत भाषा की उत्पत्ति संस्कृत से नहीं हुई है। सुतरां, सौरसेनी प्राकृत का मूल भी वैदिक या लौकिक संस्कृत नहीं है। सौरसेनी और संस्कृत ये दोनों ही वैदिक युग में प्रचलित सूरसेन अथवा मध्यदेश की कथ्य प्राकृत भाषा से ही उत्पन्न हुई हैं। संस्कृत भाषा पाणिनि-प्रभृति के व्याकरण द्वारा नियन्त्रित होने के कारण परिवर्तन-हीन मृत-भाषा में परिणत हुई। वैदिक काल की सौरसेनी ने प्राकृत-व्याकरण द्वारा नियन्त्रित न होने के कारण क्रमशः परिवर्तित होते हुए पिछले समय की सौरसेनी भाषा का आकार धारण किया। पिछले समय की यह सौरसेनी भी बाद में प्राकृत-व्याकरणों के द्वारा जकड़े जाने के कारण संस्कृत की तरह परिवर्तन-शून्य हो कर मृत-भाषा में परिणत हुई है।

प्रकृति।

अश्वघोष के नाटकों में जिस सौरसेनी भाषा के उदाहरण मिलते हैं वह अशोकलिपि की समसामयिक कही जा सकती है। भास के नाटकों की सौरसेनी का और जैन सौरसेनी का समय संभवतः खिस्त की प्रथम या द्वितीय शताब्दी मालूम होता है।

समय।

महाराष्ट्री भाषा के साथ सौरसेनी भाषा का जिस जिस अंश में भेद है वह नीचे दिया जाता है। इसके सिवा महाराष्ट्री भाषा के जो लक्षण उसके प्रकरण में दिये जायंगे उनमें

लक्षण।

---

* "नायिकानां सखीनां च सूरसेनाविरोधिनी" (नाट्यशास्त्र १७, ५१)।

† "प्राच्या विदूषकादीनां" (नाट्यशास्त्र १७, ५१)।

‡ पन्नवणासूत्र के "सोत्तियमइया (?मई य) चेदी वीयभयं सिंधुसोवीरा। महुरा य सूरसेणा पावा भंगी य मासपुरिवट्टा" (पत्र ६१) इस पाठ पर "चेदिषु शुक्तिकावती, वीतभयं सिन्धुषु, सौवीरेषु मथुरा, सूरसेनेषु पापा, भङ्गे(?ङ्गि)षु मासपुरिवट्टा" इस तरह व्याख्या करते हुए आचार्य मलयगिरि ने सूरसेन देश की राजधानी पावा बतला-कर आजकल के बिहार प्रदेश को ही सूरसेन कहा है। नेमिचन्द्रसूरि ने अपने प्रवचनसारोद्धार-नामक ग्रन्थ में पन्नवणासूत्र के उक्त पाठ को अविकल रूप में उद्धृत किया है। इसकी टीका में श्रीसिद्धसेनसूरि ने आचार्य मलयगिरि की उक्त व्याख्या को 'अतिव्यवहृत' कह कर, उक्त मूल पाठ की व्याख्या इस तरह की है:—शुक्तीमती नगरी चेदयो देशः, वीतभयं नगरं सिन्धुसौवीरा जनपदः, मथुरा नगरी सूरसेनाख्यो देशः, पापा नगरी भङ्गयो देशः, मासपुरी नगरी वर्तो देशः" (दे० ला० संस्करण, पत्र ४४६)।

÷ प्राकृतप्रकाश १२, २।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महाराष्ट्री के साथ सौरसेनी का कोई भेद नहीं है। इन भेदों पर से यह ज्ञात होता है कि अनेक स्थलों में महाराष्ट्री की अपेक्षा सौरसेनी का संस्कृत के साथ पार्थक्य कम और सादृश्य अधिक है।

वर्ण-भेद।

१। स्वर-वर्णों के मध्यवर्ती असंयुक्त त और द के स्थान में द होता है, यथा—रजत=रयद, गदा=गदा।
२। स्वरों के बीच असंयुक्त थ का ह और ध दोनों होते हैं, जैसे—नाथ=णाध, णाह।
३। र्य के स्थान में य्य और ज होता है, यथा—आर्य=अय्य, अज; सूर्य=सुय्य, सुज्ज।

नाम-विभक्ति।

१। पञ्चमी के एकवचन में दो और दु ये दो ही प्रत्यय होते हैं और इनके योग में पूर्व के अकार का दीर्घ होता है, यथा—जिनात्=जिणादो, जिणादु।

आख्यात।

१। ति और ते प्रत्ययों के स्थान में दि और दे होता है, जैसे—हसदि, हसदे, रमदि, रमदे।
२। भविष्यत्काल के प्रत्यय के पूर्व में स्सि लगता है, यथा—हसिस्सिदि, करिस्सिदि।

सन्धि।

१। अन्त्य मकार के बाद इ और ए होने पर ण का वैकल्पिक आगम होता है, यथा—युक्तम् इदम्=जुत्तं णिमं, जुत्तमिमं; एवम् एतत्=एवं णेदं, एवमेदं।

कृदन्त।

१। त्वा प्रत्यय के स्थान में इअ, दूण और त्ता होते हैं, यथा—पठित्वा=पढिअ, पढिदूण, पढित्ता।

---

(८) मागधी।

मागधी प्राकृत के सर्व-प्राचीन निदर्शन अशोक-साम्राज्य के उत्तर और पूर्व भागों के खालसी, मिरट, लौरिया (Lauriya), सहसराम, बराबर (Barābar), रामगढ, धौलि और जौगढ (Jaugada) प्रभृति स्थानों के अशोक-शिलालेखों में पाये जाते हैं। इसके बाद नाटकीय प्राकृतों में मागधी भाषा के उदाहरण देखे जाते हैं। नाटकीय मागधी के सर्व-प्राचीन नमूने अश्वघोष के नाटकों के खण्डित अंशों में मिलते हैं। भास के नाटकों में, कालिदास के नाटकों में और मृच्छकटिक आदि नाटकों में मागधी भाषा के उदाहरण विद्यमान हैं।

निदर्शन।

वररुचि के प्राकृतप्रकाश, चण्ड के प्राकृतलक्षण, हेमचन्द्र के सिद्धहेमचन्द्र (अष्टम अध्याय), क्रमदीश्वर के संक्षिप्तसार, लक्ष्मीधर की षड्भाषाचन्द्रिका और मार्कण्डेय के प्राकृतसर्वस्व आदि प्रायः समस्त प्राकृत-व्याकरणों में मागधी भाषा के लक्षण और उदाहरण दिये गये हैं।

भरत के नाट्यशास्त्र में मागधी भाषा का उल्लेख है और उन्होंने नाटक में राजा के अन्तःपुर में रहने वाले, सुरंग खोदने वाले, कलवार, अश्वपालक वगैरः पात्रों के लिए और विपत्ति में नायक के लिए भी इस भाषा का प्रयोग करने को कहा है *। परन्तु मार्कण्डेय

विनियोग।

---

* "मागधी तु नरेन्द्राणामन्तःपुरनिवासिनाम्" (नाट्यशास्त्र १७, ५०)।
"सुरङ्गाखनकादीनां शुण्डकाराश्वरक्षिणाम्। व्यसने नायकानां स्यादात्मरक्षासु मागधी॥" (नाट्यशास्त्र १७,५६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ने अपने प्राकृतसर्वस्व में उद्धृत किये हुए कोहल के "राक्षसभिक्षुक्षपणकचेटाद्या मागधीं प्राहुः" इस वचन से मालूम होता है कि भरत के कहे हुए उक्त पात्रों के अतिरिक्त भिक्षु, क्षपणक आदि अन्य लोग भी इस भाषा का व्यवहार करते थे। रुद्रट, वाग्भट, हेमचन्द्र आदि आलंकारिकों ने भी अपने अपने अलंकार-ग्रन्थों में इस भाषा का उल्लेख किया है।

उत्पत्ति-स्थान।

मगध देश ही मागधी भाषा का उत्पत्ति-स्थान है। मगध देश की सीमा के बाहर भी अशोक के शिलालेखों में जो इसके निदर्शन पाये जाते हैं उसका कारण यह है कि मागधी भाषा उस समय राज-भाषा होने के कारण मगध के बाहर भी इसका प्रचार हुआ था। संभवतः राज-भाषा होने के कारण ही नाटकों में सर्वत्र ही राजा के अन्तःपुर के लोगों के लिए इस भाषा का व्यवहार करने का नियम हुआ था। प्राचीन भिक्षु और क्षपणक भी मगध के ही निवासी होने से, संभव है, नाटकों में इनकी भाषा भी मागधी ही निर्दिष्ट की गई है।

प्रकृति।

वररुचि ने अपने प्राकृत-व्याकरण में मागधी की प्रकृति—मूल—होने का सम्मान सौरसेनी को दिया है *। इसीका अनुसरण कर मार्कण्डेय ने भी सौरसेनी से ही मागधी की सिद्धि कही है †। किन्तु मागधी और सौरसेनी आदि प्रादेशिक भाषाओं का भेद अशोक के शिलालेखों में भी देखा जाता है। इससे यह सिद्ध है कि ये सब प्रादेशिक भेद प्राचीन और समसामयिक हैं, एक प्रदेश की भाषा से दूसरे प्रदेश में उत्पन्न नहीं हुए हैं। जैसे सौरसेनी मध्यदेश में प्रचलित वैदिक युग की कथ्य भाषा से उत्पन्न हुई है वैसे मागधी ने भी उस कथ्य भाषा से जन्म-ग्रहण किया है जो वैदिककाल में मगध देश में प्रचलित थी।

समय।

अशोक-शिलालेखों की और अश्वघोष के नाटकों की मागधी भाषा प्रथम युग की मागधी भाषा के निदर्शन हैं। भास के और परवर्ती काल के अन्य नाटकों की और प्राकृत-व्याकरणों की मागधी मध्य-युग की मागधी भाषा के उदाहरण हैं।

शाकारी आदि भाषाएँ मागधी के अन्तर्गत हैं।

शाकारी, चाण्डाली और शाबरी ये तीन भाषायें मागधी के ही प्रकार-भेद—रूपान्तर—हैं। भरत ने शाकारी भाषा का व्यवहार शबर, शक आदि और उसी प्रकृति के अन्य लोगों के लिए कहा है ‡ किन्तु मार्कण्डेय ने राजा के साले की भाषा शाकारी बतलाई है ×। भरत पुक्कस आदि जातिओं की व्यवहार-भाषा को चाण्डाली और अंगारकार, व्याध, कठहार और यन्त्र-जीवी लोगों की भाषा को शाबरी कहते हैं ÷। इन तीनों भाषाओं के जो लक्षण और उदाहरण मार्कण्डेय के प्राकृत-व्याकरण में और नाटकों के उक्त पात्रों की भाषा में पाये जाते हैं उनमें और इतर प्राकृत-व्याकरणों की मागधी भाषा के लक्षण और उदाहरणों में तथा नाटकों के मागधी-भाषा-भाषी पात्रों की भाषा में इतना कम भेद और इतना अधिक साम्य है कि उक्त तीन भाषाओं को मागधी से अलग नहीं कही जा सकतीं। यही कारण है कि हमने प्रस्तुत कोष में इन भाषाओं का मागधी में ही समावेश किया है।

---

* "प्रकृतिः सौरसेनी" (प्राकृतप्रकाश ११, २)।

† "मागधी शौरसेनीतः" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०१)।

‡ "शबराणां शकादीनां तत्स्वभावश्च यो गणः। शकारभाषा योक्तव्या" (नाट्यशास्त्र १७, ५३)।

× "शकारस्येयं शाकारी, शकारश्च
'राज्ञोऽनूढाभ्राता श्यालस्त्वैश्वर्यसंपन्नः।
मदमूर्खताभिमानी शकार इति दुष्कुलीनः स्यात्' इत्युक्तेः" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०५)।

÷ "चाण्डाली पुक्कसादिषु। अंगारकरव्याधानां काष्ठयन्त्रोपजीविनाम्। योज्या शबरभाषा तु" (नाट्यशास्त्र १७, ५३-४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मृच्छकटिक के पात्र माथुर और दो द्यूतकारों की भाषा को 'ढक्की' नाम दिया गया है। यह भी मागधी भाषा का ही एक रूपान्तर प्रतीत होता है। मार्कण्डेय ने 'ढक्की' का ही 'टाक्की' नाम से निर्देश किया है, यह उन्होंने वहाँ पर उद्धृत किये हुए एक श्लोक से ज्ञात होता है *। मार्कण्डेय ने पदान्त में उ, तृतीया के एकवचन में ए, पञ्चमी के बहुवचन में हुम् आदि जो इस भाषा के लक्षण दिये हैं उनपर से इसमें अपभ्रंश का ही विशेष साम्य नजर आता है। इस लिए मार्कण्डेय ने वहाँ पर जो यह कहा है कि 'हरिश्चन्द्र इस भाषा को अपभ्रंश मानता है §' वह मत हमें भी संगत मालूम पड़ता है।

ढक्की या टाक्की भाषा।

मागधी भाषा का सौरसेनी के साथ जो प्रधान भेद है वह नीचे दिया जाता है। इसके सिवा अन्य अंशों में मागधी भाषा साधारणतः सौरसेनी के ही अनुरूप है।

लक्षण।

वर्ण-भेद।

१। र के स्थान में सर्वत्र ल होता है +; यथा—नर=णल; कर=कल।
२। श, ष और स के स्थान में तालव्य श होता है; यथा—शोभन=शोहण; पुरुष=पुलिश; सारस=शालश।
३। संयुक्त ष और स के स्थान में दन्त्य सकार होता है; यथा—शुष्क=शुस्क; कष्ट=कस्ट; स्खलति=स्खलदि; बृहस्पति=बुहस्पदि।
४। ट्ट और ष्ठ के स्थान में स्ट होता है; यथा—पट्ट=पस्ट; सुष्ठु=शुस्टु।
५। स्थ और र्थ की जगह स्त होता है; जैसे—उपस्थित=उवस्तिद; सार्थ=शस्त।
६। ज, द्य और य के बदले य होता है; यथा—जानाति=याणादि, दुर्जन=दुय्यण; मद्य=मय्य, अद्य=अय्य; याति=यादि, यम=यम।
७। न्य, एय, ज्ञ और ञ्ज के स्थान में ञ्ञ होता है; यथा—अन्य=अञ्ञ; पुण्य=पुञ्ञ; प्रज्ञा=पञ्ञा; अञ्जलि=अञ्ञलि।
८। अनादि छ के स्थान में श्च होता है; यथा—गच्छ=गश्च, पिच्छिल=पिश्चिल।
९। क्ष की जगह स्क होता है ÷, जैसे—राक्षस=लस्कश, यक्ष=यस्क।

नाम-विभक्ति।

१। अकारान्त पुंलिंग-शब्द के प्रथमा के एकवचन में ए होता है; यथा—जिनः=यिणे, पुरुषः=पुलिशे।
२। अकारान्त शब्द के षष्ठी का एकवचन स्स और आह होता है; यथा—जिनस्य=यिणस्स, यिणाह।
३। अकारान्त शब्द के षष्ठी के बहुवचन में आण और आहँ ये दोनों होते हैं; जैसे—जिनानाम्=यिणाण, यिणाहँ।
४। अस्मत् शब्द के प्रथमा के एकवचन और बहुवचन का रूप हगे होता है।

---

* "प्रयुज्यते नाटकादौ द्यूतादिव्यवहारिभिः।
वणिग्भिर्हीनदेहैश्च तदाहुष्टक्कभाषितम्" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ ११०)।

§ "हरिश्चन्द्रस्त्विमां भाषामपभ्रंश इतीच्छति" (प्राकृतस० पृष्ठ ११०)।

\+ मार्कण्डेय यह नियम वैकल्पिक मानते हैं; "रस्य लो वा भवेत्" (प्राकृतस० पृष्ठ १०१)।

÷ हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण के अनुसार 'क्ष' की जगह जिह्वामूलीय '≍क' होता है; देखो हे० प्रा० ४, २९६।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(६) महाराष्ट्री ।

निदर्शन ।

प्राकृत काव्य और गीति की भाषा महाराष्ट्री कही जाती है। सेतुबन्ध, गाथासप्तशती, गउडवहो, कुमारपालचरित प्रभृति ग्रन्थों में इस भाषा के निदर्शन पाये जाते हैं। गाथा (गीति-साहित्य) में महाराष्ट्री प्राकृत ने इतनी प्रसिद्धि प्राप्त की थी कि बाद में नाटकों में गद्य में सौरसेनी बोलनेवाले पात्रों के लिए संगीत या पद्य में महाराष्ट्री भाषा का व्यवहार करने का रिवाज सा बन गया था। यही कारण है कि कालिदास से ले कर उसके बाद के सभी नाटकों में पद्य में प्रायः महाराष्ट्री भाषा का ही व्यवहार देखा जाता है।

चंड ने अपने प्राकृतलक्षण में 'महाराष्ट्री' इस नाम का उल्लेख और इसके विशेष लक्षण न दे कर भी आर्ष-प्राकृत अथवा अर्धमागधी के और जैन महाराष्ट्री के लक्षणों के साथ साधारण भाव से इसके लक्षण दिये हैं। वररुचि ने अपने प्राकृत-व्याकरण में इस भाषा के '* महाराष्ट्री' नाम का उल्लेख किया है और इसके विशेष लक्षण और उदाहरण दिये हैं। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण में 'महाराष्ट्री' नाम का निर्देश न कर 'प्राकृत' इस साधारण नाम से महाराष्ट्री के ही लक्षण और उदाहरण बताये हैं। क्रमदीश्वर का संक्षिप्तसार, त्रिविक्रम की प्राकृतव्याकरणसूत्रवृत्ति, लक्ष्मीधर की षड्भाषाचन्द्रिका और मार्कण्डेय का प्राकृतसर्वस्व प्रभृति प्राकृत-व्याकरणों में इस भाषा के लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं। चंड-भिन्न सभी प्राकृत वैयाकरणों ने महाराष्ट्री का मुख्य रूप से विवरण दिया है और सौरसेनी, मागधी प्रभृति भाषाओं के महाराष्ट्री के साथ जो भेद हैं वे ही बतलाये हैं।

संस्कृत के अलंकार-शास्त्रों में भी भिन्न भिन्न प्राकृत भाषाओं का उल्लेख मिलता है। भरत के नाट्य-शास्त्र में 'दाक्षिणात्या' भाषा का निर्देश है, किन्तु इसके विशेष लक्षण नहीं दिये गये हैं। संभवतः वह महाराष्ट्री भाषा ही हो सकती है, क्योंकि भरत ने महाराष्ट्री का अलग उल्लेख नहीं किया है। परन्तु मार्कण्डेय के प्राकृतसर्वस्व में उद्धृत प्राकृतचन्द्रिका के + वचन में और प्राकृतसर्वस्व के खुद मार्कण्डेय के § वचन में महाराष्ट्री और दाक्षिणात्या का भिन्न भिन्न भाषा के रूप में उल्लेख किया गया है। दण्डी के काव्यादर्श के

'महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः।
सागरः सूक्तिरत्नानां सेतुबन्धादि यन्मयम् ॥" (१, ३४)।

इस श्लोक में महाराष्ट्री भाषा का और उसकी उत्कृष्टता का स्पष्ट उल्लेख है। दण्डी के समय में महाराष्ट्री प्राकृत का इतना उत्कर्ष हुआ था कि इसके परवर्ती अनेक ग्रन्थकारों ने केवल इस महारष्ट्री के ही अर्थ में उस प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है जो सामान्यतः सर्व प्रादेशिक भाषाओं का वाचक है। रुद्रट का काव्यालंकार, वाग्भटालंकार, पाइअलच्छीनाममाला, हेमचन्द्र का प्राकृत-व्याकरण प्रभृति ग्रन्थो में महाराष्ट्री के ही अर्थ में प्राकृत शब्द व्यवहृत हुआ है। अलंकार-शास्त्र-भिन्न पाइअलच्छीनाममाला और देशीनाममाला इन कोष-ग्रन्थों में भी महाराष्ट्री के उदाहरण हैं।

उत्पत्ति-स्थान ।

डो. होर्नलि के मत में महाराष्ट्री भाषा महाराष्ट्र देश में उत्पन्न नहीं हुई है। वे मानते हैं कि महाराष्ट्री का अर्थ 'विशाल राष्ट्र की भाषा' है और राजपूताना तथा मध्यदेश प्रभृति इसी विशाल राष्ट्र के अन्तर्गत हैं, इसीसे 'महाराष्ट्री' मुख्य प्राकृत कही गई है। किन्तु दण्डी ने इस भाषा को महाराष्ट्र देश की ही भाषा कही है। सर ग्रियर्सन के मत में

* "शेषं महाराष्ट्रीवत्" (प्राकृतप्रकाश १२, ३२)।

\+ "महाराष्ट्री तथावन्ती सौरसेन्यर्धमागधी। बाह्लीकी मागधी प्राच्येत्यष्टौ ता दाक्षिणात्यया ॥" (प्रा०स० पृष्ठ २)।

§ देखो प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ २ और १०४।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महाराष्ट्री प्राकृत से ही आधुनिक मराठी भाषा उत्पन्न हुई है। इससे महाराष्ट्री प्राकृत का उत्पत्ति-स्थान महाराष्ट्र देश ही है यह बात निःसन्देह कही जा सकती है।

प्रकृति।

आचार्य हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण में महाराष्ट्री को ही 'प्राकृत' नाम दिया है और इसकी प्रकृति संस्कृत कही है। इसी तरह चण्ड, लक्ष्मीधर, मार्कण्डेय आदि वैयाकरणों ने साधारण रूप से सभी प्राकृत भाषाओं का मूल (प्रकृति) संस्कृत बताया है। किन्तु हम यह पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर आये हैं कि कोई भी प्राकृत भाषा संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुई है, बल्कि वैदिक काल में भिन्न भिन्न प्रदेशों में प्रचलित आर्यों की कथ्य भाषाओं से ही सभी प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई है, सुतरां महाराष्ट्री भाषा की उत्पत्ति प्राचीन काल के महाराष्ट्र-निवासी आर्यों की कथ्य भाषा से हुई है।

समय।

कौन समय आर्यों ने महाराष्ट्र में सर्व-प्रथम निवास किया था, इस बात का निर्णय करना कठिन है, परन्तु अशोक के पहले प्राकृत भाषा महाराष्ट्र देश में प्रचलित थी, इस विषय में किसीका मत-भेद नहीं है। उस समय महाराष्ट्र देश में प्रचलित प्राकृत से क्रमशः काव्यीय और नाटकीय महाराष्ट्री भाषा उत्पन्न हुई है। प्राकृतप्रकाश का कर्ता वररुचि यदि वृत्तिकार कात्यायन से अभिन्न व्यक्ति हो तो यह स्वीकार करना होगा कि महाराष्ट्री ने अन्ततः ख्रिस्त-पूर्व दो सौ वर्ष के पहले ही साहित्य में स्थान पाया था। लेकिन महाराष्ट्री भाषा के तद्भव शब्दों में व्यञ्जन वर्णों के लोप की बहुलता देखने से यह विश्वास नहीं होता कि यह भाषा उतनी प्राचीन है। वररुचि का व्याकरण संभवतः ख्रिस्त के बाद ही रचा गया है। जैन अर्धमागधी और जैन महाराष्ट्री में महाराष्ट्री प्राकृत के प्रभाव का हमने पहले उल्लेख किया है। महाराष्ट्री भाषा में रचित जो सब साहित्य इस समय पाया जाता है उसमें ख्रिस्त के बाद की महाराष्ट्री के ही निदर्शन देखे जाते हैं। प्राचीन महाराष्ट्री का कोई साहित्य उपलब्ध नहीं है। प्राचीन महाराष्ट्री में बाद की महाराष्ट्री की तरह व्यञ्जन-वर्ण-लोप की अधिकता नहीं थी, इस बात के कुछ निदर्शन चण्ड के व्याकरण में मिलते हैं। जैन अर्धमागधी और जैन महाराष्ट्री में प्राचीन महाराष्ट्री भाषा का सादृश्य रक्षित है।

आवन्ती और वाह्लीकी महाराष्ट्री के अन्तर्गत है।

भरत ने नाट्यशास्त्र में आवन्ती और वाह्लीकी भाषा का उल्लेख कर नाटकों में धूर्त पात्रों के लिए आवन्ती का और द्यूतकारों के लिए वाह्लीकी का प्रयोग कहा है। मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में "आवन्ती स्यान्महाराष्ट्रीशौरसेन्योस्तु संकरात्" और "आवन्त्यामेव वाह्लीकी किन्तु रस्यात्र लो भवेत्" यह कह कर इनका संक्षिप्त लक्षण-निर्देश किया है। मार्कण्डेय ने आवन्ती भाषा के जो त्वा के स्थान में तूण और भविष्यत्काल के प्रत्यय के स्थान में ज्ज और ज्जा प्रभृति लक्षण बतलाये हैं वे महाराष्ट्री के साथ साधारण हैं। उनके दिये हुए किराद, वेदस, पेच्छदि प्रभृति उदाहरणों में जो तकार के स्थान में दकार है वहाँ शौरसेनी के साथ इसका (आवन्ती का) सादृश्य है परन्तु वह भी सर्वत्र नहीं है, जैसे उन्होंके दिये हुए होइ, सुव्वइ, लिज्जइ, भरणाए आदि उदाहरणों में। इसी तरह वाह्लीकी में जो र का ल होता है वही एकमात्र मागधी का सादृश्य है। इसके सिवा सभी अंशों में यह भी आवन्ती की तरह महाराष्ट्री के ही सदृश है। सुतरां, ये दोनों भाषायें महाराष्ट्री के ही अन्तर्गत कही जा सकती हैं। इससे हमने भी इनका इस कोष में अलग निर्देश नहीं किया है।

लक्षण।

संस्कृत भाषा के साथ महाराष्ट्री भाषा के वे भेद नीचे दिये जाते हैं जो महाराष्ट्री और संस्कृत के साथ अन्य प्राकृत भाषाओं के सादृश्य और पार्थक्य की तुलना के लिए भी अधिक उपयुक्त हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वर।

१। अनेक जगह भिन्न स्वरों के स्थान में भिन्न भिन्न स्वर होते हैं; जैसे—समृद्धि=सामिद्धि, ईषत्=ईसि, हर=हीर, ध्वनि=झुणि, शय्या=सेज्जा, पद्म=पोम्म; यथा=जह, सदा=सइ, स्त्यान=थीण, सास्ना=सुण्हा, आसार=ऊसार, ग्राह्य=गेज्झ, आली=ओली; इति=इअ, पथिन्=पह, जिह्वा=जीहा, द्विवचन=दुवअण, पिण्ड=पेंड, द्विधाकृत=दोहाइअ; हरीतकी=हरडई, कश्मीर=कम्हार, पानीय=पाणिअ, जीर्ण=जुण्ण, हीन=हूण, पीयूष=पेऊस; मुकुल=मउल, भ्रुकुटि=भिउडि, क्षुत=छीअ, मुसल=मूसल, तुण्ड=तोंड; सूक्ष्म=सण्ह, उद्व्यूढ=उव्वीढ, वातूल=वाउल, नूपुर=णेउर, तूणीर=तोणीर; वेदना=विअणा, स्तेन=थूण; मनोहर=मणहर, गो=गउ, गाअ; सोच्छ्वास=सूसास।

२। महाराष्ट्री में ॠ, ॠ, ऌ, ॡ ये स्वर सर्वथा लुप्त हो गये हैं।

३। ऋ के स्थान में भिन्न भिन्न स्वर एवं रि होता है, यथा—तृण=तण, मृदुक=माउक्क, कृपा=किवा, मातृ=माइ, माउ; वृत्तान्त=वुत्तंत, मृषा=मुसा, मूसा, मोसा; वृन्त=विंट, वेंट, वोंट; ऋतु=उउ, रिउ; ऋद्धि=रिद्धि, ऋक्ष=रिच्छ; सदृश=सरिस, दृप्त=दरिअ।

४। ऌ के स्थान में इलि होता है, जैसे—क्लृप्त=किलित्त, क्लृन्न=किलिण्ण।

५। ऐ का प्रयोग भी * प्रायः महाराष्ट्री में नहीं है। उसके स्थान में सामान्यतः ए और विशेषतः अइ होता है, यथा—शैल=सेल, ऐरावण=एरावण, वैद्य=वेज्ज, वैधव्य=वेहव्व; सैन्य=सेण्ण, सइण्ण; कैलाश=केलास, कइलास; दैव=देव्व, दइव; ऐश्वर्य=अइसरिअ, दैन्य=दइण्ण।

६। औ का व्यवहार भी * प्रायः महाराष्ट्री में नहीं है। उसके स्थान में सामान्यतः ओ और विशेष स्थलों में उ या अउ होता है; यथा—कौमुदी=कोमुई, यौवन=जोव्वण, दौवारिक=दुवारिअ, पौलोमी=पुलोमी; कौरव=कउरव, गौड=गउड, सौध=सउह।

असंयुक्त व्यञ्जन।

१। स्वरों के मध्यवर्ती क, ग, च, ज, त, द, य, व इन व्यञ्जनों का प्रायः लोप होता है; जैसे क्रमशः—लोक=लोअ, नग=णअ, शची=सई, रजत=रअअ, यती=जई, गदा=गआ, वियोग=विओअ, लावण्य=लाअण्ण।

२। स्वरों के बीच के ख, घ, थ, ध और भ के स्थान में ह होता है, यथा क्रमशः—शाखा=साहा, श्लाघते=लाहइ, नाथ=णाह, साधु=साहु, सभा=सहा।

३। स्वरों के बीच के ट का ड होता है, यथा—भट=भड, घट=घड।

४। स्वरों के बीच के ठ का ढ होता है, जैसे—मठ=मढ, पठति=पढइ।

५। स्वरों के बीच के ड का ल प्रायः होता है, यथा—गरुड=गरुल, तडाग=तलाअ।

६। स्वरों के बीच के त का अनेक स्थल में ड होता है, यथा—प्रतिभास=पडिहास, प्रभृति=पहुडि, व्यापृत=वावड, पताका=पडाआ।

७। न के स्थान में सर्वत्र ण होता है यथा—कनक=कणअ, वचन=वअण, नर=णर, नदी=णई, अन्य=अण्ण, दैन्य=दइण्ण †।

---

* संस्कृत के 'अयि' शब्द का महाराष्ट्री में 'ऐ' होता है। इसके सिवा किसी किसी के मत में 'ऐ' तथा 'औ' का भी प्रयोग होता है, जैसे—कैतव=कैअव, कौरव=कौरव; (हे० प्रा० १, १)।

† वररुचि के प्राकृत-व्याकरण के "नो णः सर्वत्र" (२, ४२) सूत्र के अनुसार सर्वत्र 'न' का 'ण' होता है। सेतुबन्ध और गाथासप्तशती में इसी तरह सार्वत्रिक 'ण' पाया जाता है। हेमचन्द्र आदि कई प्राकृत वैयाकरणों के मत से शब्द की आदि के 'न' का विकल्प से 'ण' होता है, यथा—नदी=णई, नई; नर=णर, नर। गउडवहो में णकार का वैकल्पिक प्रयोग देखा जाता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

८। दो स्वरों के मध्यवर्ती प का कहीं कहीं व और कहीं कहीं लोप होता है, यथा—शपथ=सवह, शाप=साव,उपसर्ग=उवसग्ग, रिपु=रिउ, कपि=कइ।

६। स्वरों के बीच के फ के स्थान में कहीं कहीं भ, कहीं कहीं ह और कहीं कहीं ये दोनों होते हैं; यथा—रेफ=रेभ, शिफा=सिभा, मुक्ताफल=मुत्ताहल, सफल=सभल, सहल, शेफालिका=सेभालिआ, सेहालिआ।

१०। स्वरों के मध्यवर्ती ब का व होता है, जैसे—अलाबू=अलावू, शबल=सवल।

११। आदि के य का ज होता है, यथा—यम=जम, यशस्=जस, याति=जाइ।

१२। कृदन्त के अनीय और य प्रत्यय के य का ज होता है, जैसे—करणीय=करणिज, पेय=पेज्ज।

१३। अनेक जगह र का ल होता है, यथा—हरिद्रा=हलिद्दा, दरिद्र=दलिद्द, युधिष्ठिर=जहुट्ठिल, अङ्गार=इंगाल।

१४। श और ष का सर्वत्र स होता है, यथा—शब्द=सद्द, विश्राम=वीसाम, पुरुष=पुरिस, सस्य=सास, शेष=सेस।

१५। अनेक जगह ह का घ होता है, यथा—दाह=दाघ, सिंह=सिंघ, संहार=संघार।

१६। कहीं कहीं श, ष और स का छ होता है; जैसे—शाव=छाव, षष्ठ=छट्ठ, सुधा=छुहा।

१७। अनेक शब्दों में स्वर-सहित व्यञ्जन का लोप होता है, यथा—राजकुल=राउल, आगत=आअ, कालायस=कालास, हृदय=हिअ, पादपतन=पावडण, यावत्=जा, त्रयोदश=तेरह, स्थविर=थेर, बदर=बोर, कदल=केल, कर्णिकार=कएणोर, चतुर्दश=चोद्दह, मयूख=मोह।

संयुक्त व्यञ्जन।

१। क्ष के स्थान में प्रायः ख और कहीं कहीं छ और झ होता है; जैसे—क्षय=खय, लक्षण=लक्खण, अक्षि=अच्छि, क्षीण=छीण, झीण।

२। त्व, थ्व, द्व और ध्व के स्थान में कहीं कहीं क्रमशः च, छ, ज और झ होता है, यथा—ज्ञात्वा=णाचा, पृथ्वी=पिच्छी, विद्वान=विज्जं, बुद्ध्वा=बुज्झा।

३। ह्रस्व स्वर के परवर्ती थ्य, श्च, त्स और प्स के स्थान में छ होता है; जैसे—पथ्य=पच्छ, पश्चात्=पच्छा, उत्साह=उच्छाह, अप्सरा=अच्छरा।

४। द्य, य्य और र्य का ज होता है, यथा—मद्य=मज्ज, जय्य=जज, कार्य=कज्ज।

५। ध्य और ह्य का झ होता है, यथा—ध्यान=झाण, साध्य=सज्झ, गुह्य=गुज्झ, सह्य=सज्झ।

६। र्त का प्रायः ट होता है, जैसे—नर्तकी=णट्टई, कैवर्त=केवट्ट।

७। ष्ट के स्थान में ठ होता है, यथा—मुष्टि=मुट्ठि, पुष्ट=पुट्ठ, काष्ठ=कट्ठ, इष्ट=इट्ठ।

८। म्न का ण होता है, यथा—निम्न=णिएण, प्रद्युम्न=पज्जुएण।

६। ज्ञ का ण और ज होता है, जैसे—ज्ञान=णाण, जाण; प्रज्ञा=पएणा, पज्जा।

१०। स्त का थ होता है, जैसे—हस्त=हत्थ, स्तोत्र=थोत्त, स्तोक=थोव।

११। ड्म और क्म का प होता है, यथा—कुड्मल=कुंपल, रुक्मिणी=रुप्पिणी।

१२। ष्प और स्प का फ होता है, यथा—पुष्प=पुप्फ, स्पन्दन=फंदण।

१३। ह्व का भ होता है, यथा—जिह्वा=जिब्भा, विह्वल=विब्भल।

१४। न्म और ग्म का म होता है, जैसे—जन्मन=जम्म, मन्मथ=वम्मह, युग्म=जुम्म, तिग्म=तिम्म।

१५। श्म, ष्म, स्म और ह्म का म्ह होता है, यथा—कश्मीर=कम्हार, ग्रीष्म=गिम्ह, विस्मय=विम्हअ, ब्राह्मण=बम्हण।

१६। श्न, ष्ण, स्न, ह्न, ह्ण और क्ष्ण के स्थान में ण्ह होता है, यथा—प्रश्न=पण्ह, उष्ण=उण्ह, स्नान=ण्हाण, वह्नि=वण्हि, पूर्वाह्ण=पुव्वण्ह, तीक्ष्ण=तिण्ह।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१७। ह्ल का ल्ह होता है, यथा—प्रह्लाद=पल्हाअ, कह्लार=कल्हार।

१८। संयोग में पूर्ववर्ती क, ग, ट, ड, त, द, प, श, ष और स का लोप होता है, जैसे—भुक्त=भुत्त, मुग्ध=मुद्ध, षट्पद=छप्पअ, खड्ग=खग्ग, उत्पल=उप्पल, मुद्गर=मुग्गर, सुप्त=सुत्त, निश्चल=णिचल, निष्ठुर=णिट्ठुर, स्खलित=खलिअ।

१९। संयोग में परवर्ती म, न और य का लोप होता है,यथा—स्मर=सर, लग्न=लग्ग, व्याध=वाह।

२०। संयोग में पूर्ववर्ती और परवर्ती सभी ल, व और र का लोप होता है, यथा—उल्का=उक्का, विक्लव=विक्कव, शब्द=सद्द, पक्व=पक्क, अर्क=अक्क, चक्र=चक्क।

२१। संयुक्त अक्षरों के स्थान में जो जो आदेश ऊपर कहा है उसका और संयुक्त व्यञ्जन के लोप होने पर जो जो व्यञ्जन बाकी रहता है उसका, यदि वह शब्द की आदि में न हो तो, द्वित्व होता है, जैसे—ज्ञात्वा=णचा, मद्य=मज्ज, भुक्त=भुत्त, उल्का=उक्का। परन्तु वह आदेश अथवा शेष व्यञ्जन यदि वर्ग का द्वितीय अथवा चतुर्थ अक्षर हो तो द्वित्व न हो कर उसके पूर्व में आदेश अथवा शेष व्यञ्जन के अनन्तर-पूर्व व्यञ्जन का आगम होता है; यथा—लक्षण=लक्खण, पश्चात्=पच्छा, इष्ट=इट्ठ, मुग्ध=मुद्ध।

विश्लेषण।

१। र्ह, र्श, र्ष के मध्य में और संयोग में परवर्ती ल के पूर्व में स्वर का आगम हो कर संयुक्त व्यञ्जनों का विश्लेषण किया जाता है, यथा—अर्हत्=अरह, अरिह, अरुह; आदर्श=आयरिस, हर्ष=हरिस, क्लिष्ट=किलिट्ठ।

व्यत्यय।

१। अनेक शब्दों में व्यञ्जन के स्थान का व्यत्यय होता है, यथा—करेणू=कणेरू, आलान=आणाल, महाराष्ट्र=मरहट्ठ, हरिताल=हलिआर, लघुक=हलुअ, ललाट=णडाल, गुह्य=गुय्ह, सह्य=सय्ह।

सन्धि।

१। समास में कहीं कहीं ह्रस्व स्वर के स्थान में दीर्घ और दीर्घ के स्थान में ह्रस्व होता है; यथा—अन्तर्वेदि=अन्तावेइ, पतिगृह=पइहर, यमुनातट=जँउणाअड, नदीस्रोत:=णइसोत्त।

२। स्वर पर रहने पर पूर्व स्वर का लोप होता है, जैसे—त्रिदशेश:=तिअसीस।

३। संयुक्त व्यञ्जन का पूर्व स्वर ह्रस्व होता है, जैसे—आस्य=अस्स, मुनीन्द्र=मुणिंद, चूर्ण=चुण्ण, नरेन्द्र=णरिंद, म्लेच्छ=मिलिच्छ, नीलोत्पल=णीलुप्पल।

सन्धि-निषेध।

१। उद्वृत्त (व्यञ्जन का लोप होने पर अवशिष्ट रहे हुए) स्वर की पूर्व स्वर के साथ प्राय: सन्धि नहीं होती है, यथा—निशाकर=णिसाअर, रजनीकर=रअणीअर।

२। एक पद में स्वरों की सन्धि नहीं होती है, जैसे—पाद=पाअ, गति=गइ, नगर=णअर।

३। इ, ई, उ और ऊ की, असमान स्वर पर रहने पर, सन्धि नहीं होती है, यथा—वग्गेवि अवयासो, दणुइंदो।

४। ए और ओ की परवर्ती स्वर के साथ सन्धि नहीं होती है, यथा—फले आबंधो, आलक्खिमो एण्हि।

५। आख्यात के स्वर की सन्धि नहीं होती है, जैसे—होइ इह।

नाम-विभक्ति।

१। अकारान्त पुंलिंग शब्द के एकवचन में ओ होता है, जैसे—जिन:=जिणो, वृक्ष:=वच्छो।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२। पञ्चमी के एकवचन में त्तो, ओ, उ, हि और लोप होता है और त्तो-भिन्न अन्य प्रत्ययों के प्रसंग में अकार का आकार होता है जैसे—जिनात्=जिणात्तो, जिणाओ, जिणाउ, जिणाहि, जिणा।

३। पञ्चमी के बहुवचन का प्रत्यय त्तो, ओ, उ और हि होता है, एवं त्तो से अन्य प्रत्यय में पूर्व के अ का आ होता है, हि के प्रसंग में ए भी होता है, यथा—जिणात्तो, जिणाओ, जिणाउ, जिणाहि, जिणेहि।

४। पञ्चमी के एकवचन के प्रत्यय के स्थान में हिंतो और बहुवचन के प्रत्यय के स्थान में हिंतो और सुंतो इन स्वतन्त्र शब्दों का भी प्रयोग होता है, यथा—जिनात्=जिणा हिंतो; जिनेभ्यः=जिणा हिन्तो, जिणे हिन्तो, जिणा सुंतो, जिणे सुंतो।

५। षष्ठी के एकवचन का प्रत्यय स्स होता है, यथा—जिणस्स, मुणिस्स, तरुस्स।

६। अस्मत् शब्द के प्रथमा के एकवचन के रूप म्मि, अम्मि, अम्हि, हं, अहं और अहयं होता है।

७। अस्मत् शब्द के प्रथमा के बहुवचन के रूप अम्ह, अम्हे, अम्हो, मो, वयं और भे होता है।

८। अस्मत् शब्द के षष्ठी का बहुवचन णे, णो, मज्झ, अम्ह, अम्हं, अम्हे, अम्हो, अम्हाण, ममाण, महाण और मज्झाण होता है।

९। युष्मत् शब्द के षष्ठी का एकवचन तइ, तु, ते, तुम्हं, तुह, तुहं, तुव, तुम, तुमे, तुमो, तुमाइ, दि, दे, इ, ए, तुब्भ, तुम्ह, तुज्झ, उब्भ, उम्ह, उज्झ और उय्ह होता है।

लिङ्ग-व्यत्यय।

१। संस्कृत में जो शब्द केवल पुंलिंग हैं, उनमें से कईएक महाराष्ट्री में स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंग भी हैं, यथा—प्रश्नः=पण्हो, पण्हा; गुणाः=गुणा, गुणाइं; देवाः=देवा, देवाणि।

२। अनेक जगह स्त्रीलिंग के स्थान में पुंलिंग होता है, यथा—शरत्=सरओ, प्रावृट्=पाउसो, विद्युता=विज्जुणा।

३। संस्कृत के अनेक क्लीबलिंग शब्दों का प्रयोग महाराष्ट्री में पुंलिंग और स्त्रीलिंग में भी होता है, यथा—यशः=जसो, जन्म=जम्मो, अक्षि=अच्छी, पृष्ठम्=पिट्ठी, चौर्यम्=चोरिआ।

आख्यात।

१। ति और ते प्रत्ययों के त का लोप होता है, जैसे—हसति=हसइ, हसए; रमते=रमइ, रमए।

२। परस्मैपद और आत्मनेपद का विभाग नहीं है, महाराष्ट्री में सभी धातु उभयपदी की तरह हैं।

३। भूतकाल के ह्यस्तन, अद्यतन और परोक्ष विभाग न होकर एक ही तरह के रूप होते हैं। और भूतकाल में आख्यात की जगह त-प्रत्ययान्त कृदन्त का ही प्रयोग अधिक होता है।

४। भविष्यत्-काल के भी संस्कृत की तरह श्वस्तन और भविष्यत् ऐसे दो विभाग नहीं हैं।

५। भविष्यत्काल के प्रत्ययों के पहले हि होता है, यथा—हसिष्यति=हसिहिइ, करिष्यति=करिहिइ।

६। वर्तमान काल के, भविष्यत्काल के और विधि-लिंग और आज्ञार्थक प्रत्ययों के स्थान में ज और ज्जा होता है, यथा—हसति, हसिष्यति, हसेत्, हसतु=हसेज, हसेज्जा।

७। भाव और कर्म में ईअ और इज प्रत्यय होते हैं, यथा—हस्यते=हसीअइ, हसिजइ।

कृदन्त।

१। शीलाद्यर्थक तृ-प्रत्यय के स्थान में इर होता है, यथा—गन्तृ=गमिर, नमनशील=णमिर।

२। त्वा-प्रत्यय के स्थान में तुम्, अ, तूण, तुआण और त्ता होता है, जैसे—पठित्वा=पढिउं, पढिअ, पढिऊण, पढिउआण, पढित्ता।

तद्धित।

१। त्व-प्रत्यय के स्थान में त्त और त्तण होता है, यथा—देवत्व=देवत्त, देवत्तण।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(१०) अपभ्रंश।

महर्षि पतञ्जलि ने अपने महाभाष्य में लिखा है कि "भूयांसोऽपशब्दाः, अल्पीयांसः शब्दाः। एकैकस्य हि शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशाः, तद्यथा—गौरित्यस्य शब्दस्य गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका इत्येवमादयोऽपभ्रंशाः" अर्थात् अपशब्द बहुत और शब्द (शुद्ध) थोड़े हैं, क्योंकि एक एक शब्द के बहुत अपभ्रंश हैं, जैसे 'गौः' इस शब्द के गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका इत्यादि अपभ्रंश हैं। यहाँ पर 'अपभ्रंश' शब्द अपशब्द के अर्थ में ही व्यवहृत है और अपशब्द का अर्थ भी 'संस्कृत-व्याकरण से असिद्ध शब्द' है, यह स्पष्ट है। उक्त उदाहरणों में 'गावी' और 'गोणी' ये दो शब्दों का प्रयोग प्राचीन * जैन-सूत्र-ग्रन्थों में पाया जाता है और † चंड तथा ‡ आचार्य हेमचन्द्र आदि प्राकृत-वैयाकरणों ने भी ये दो शब्द अपने अपने प्राकृत-व्याकरणों में लक्षण-द्वारा सिद्ध किये हैं। दण्डी ने अपने काव्यादर्श में पहले प्राकृत और अपभ्रंश का अलग अलग निर्देश करते हुए काव्य में व्यवहृत आभीर-प्रभृति की भाषा को अपभ्रंश कही है और बाद में यह लिखा है कि 'शास्त्र में संस्कृत-भिन्न सभी भाषायें अपभ्रंश कही गई हैं' §। यहाँ पर दण्डी ने शास्त्र-शब्द का प्रयोग महाभाष्य-प्रभृति व्याकरण के अर्थ में ही किया है। पतञ्जलि-प्रभृति संस्कृत-वैयाकरणों के मत में संस्कृत-भिन्न सभी प्राकृत-भाषायें अपभ्रंश के अन्तर्गत हैं, यह ऊपर के उनके लेख से स्पष्ट है। परन्तु प्राकृत-वैयाकरणों के मत में अपभ्रंश भाषा प्राकृत का ही एक अवान्तर भेद है। काव्यालंकार की टीका में नमिसाधु ने लिखा है कि "प्राकृतमेवापभ्रंशः" (२, १२) अर्थात् अपभ्रंश भी शौरसेनी, मागधी आदि की तरह एक प्रकार का प्राकृत ही है। उक्त क्रमिक उल्लेखों से यह स्पष्ट है कि पतञ्जलि के समय में जिस अपभ्रंश शब्द का 'संस्कृत-व्याकरण-असिद्ध (कोई भी प्राकृत)' इस सामान्य अर्थ में प्रयोग होता था उसने आगे जा कर क्रमशः 'प्राकृत का एक भेद' इस विशेष अर्थ को धारण किया है। हमने भी यहाँ पर अपभ्रंश शब्द का इस विशेष अर्थ में ही व्यवहार किया है।

'अपभ्रंश' शब्द का सामान्य और विशेष अर्थ।

अपभ्रंश भाषा के निदर्शन विक्रमोर्वशी, धर्माभ्युदय आदि नाटक-ग्रन्थों में, हरिवंशपुराण, पउमचरिअ (स्वयंभूदेवकृत), भविसयत्तकहा, संजममंजरी, महापुराण, यशोधरचरित, नागकुमारचरित, कथाकोश, पार्श्वपुराण, सुदर्शनचरित, करकंडुचरित, जयतिहुअणस्तोत्र, विलासवईकहा, सणंकुमारचरिअ, सुपासनाहचरिअ, कुमारपालचरित, कुमारपालप्रतिबोध, उपदेशतरंगिणी प्रभृति काव्य-ग्रन्थों में, प्राकृतलक्षण, सिद्धहेमचन्द्रव्याकरण (अष्टम अध्याय), संक्षिप्तसार, षड्भाषाचन्द्रिका, प्राकृतसर्वस्व वगैरः व्याकरणों में और प्राकृतपिङ्गल-नामक छन्द-ग्रन्थ में पाये जाते हैं।

निदर्शन।

डो. होर्नलि के मत में जिस तरह आर्य लोगों की कथ्य भाषायें अनार्य लोगों के मुख से उच्चारित होने के कारण जिस विकृत रूप को धारण कर पायी थीं वह पैशाची भाषा है और वह कोई भी प्रादेशिक भाषा नहीं है, उस तरह आर्यों की कथ्य भाषायें भारत के आदिम-निवासी अनार्य लोगों की भिन्न भिन्न भाषाओं के प्रभाव से जिन रूपान्तरों को प्राप्त हुई थीं वे ही भिन्न भिन्न अपभ्रंश भाषायें हैं और ये महाराष्ट्री की अपेक्षा अधिक प्राचीन हैं। डो. होर्नलि

प्रकृति और समय।

---

* "खीरीणियाओ गावीओ", "गोणं वियालं" (आचा २, ४, ५)।
"णगरगावीओ" (विपा १, २—पत्र २६)।
"गोणीणं संगेल्लं" (व्यवहारसूत्र, उ० ४)।

† "गोणावी" (प्राकृतलक्षण २, १६)। ‡ "गोणादयः" (हे० प्रा० २, १७४)।

§ "आभीरादिगिरः काव्येष्वपभ्रंश इति स्मृताः।
शास्त्रे तु संस्कृतादन्यदपभ्रंशतयोदितम्" (१, ३६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के इस मत का सर ग्रियर्सन-प्रभृति आधुनिक भाषातत्त्वज्ञ स्वीकार नहीं करते हैं। सर ग्रियर्सन के मत में भिन्न भिन्न प्राकृत भाषायें साहित्य और व्याकरण में नियन्त्रित होकर जन-साधारण में अप्रचलित होने के कारण जिन नूतन कथ्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई थी वे ही अपभ्रंश हैं। ये अपभ्रंश-भाषायें ख्रिस्तीय पञ्चम शताब्दी के बहुत काल पूर्व से ही कथ्य भाषाओं के रूप में व्यवहृत होती थीं, क्योंकि चण्ड के प्राकृत-व्याकरण में और कालिदास की विक्रमोर्वशी में इसके निदर्शन पाये जाने के कारण यह निश्चित है कि ख्रिस्तीय पञ्चम शताब्दी के पहले से ही ये साहित्य में स्थान पाने लगी थीं। ये अपभ्रंश-भाषायें प्रायः दशम शताब्दी पर्यन्त साहित्य की भाषायें थीं। इसके बाद फिर जन-साधारण में अप्रचलित होने से जिन नूतन कथ्य भाषाओं को उत्पत्ति हुई वे हो हिन्दी, बंगला, गूजराती वगैरेः आधुनिक आर्य-कथ्य भाषायें हैं। इनका उत्पत्ति-समय ख्रिस्त की नववीं या दशवीं शताब्दी है। सुतरां, अपभ्रंश-भाषायें ख्रिस्त की पञ्चम शताब्दी के पूर्व से ले कर नववीं या दशवीं शताब्दी पर्यन्त साहित्य की भाषाओं के रूप में प्रचलित थीं। इन अपभ्रंश-भाषाओं की प्रकृति वे विभिन्न प्राकृत-भाषायें हैं जो भारत के विभिन्न प्रदेशों में इन अपभ्रंशों की उत्पत्ति के पूर्वकाल में प्रचलित थीं।

भेद। अपभ्रंश के बहुत भेद हैं, प्राकृतचन्द्रिका में इसके ये सताईस भेद बताये गये हैं :—

"व्राचडो लाटवैदर्भावुपनागरनागरौ। बार्बरावन्त्यपाञ्चालटाक्कमालवकैकयाः ॥
गौडोढ्रहैवपाश्चत्यपाण्ड्यकौन्तलसैंहलाः। कालिङ्ग्यप्राच्यकार्णाटकाञ्च्यद्राविडगौर्जराः ॥
आभीरो मध्यदेशीयः सूक्ष्मभेदव्यवस्थिताः। सप्तविंशत्यपभ्रंशा वैतालादिप्रभेदतः * ॥

मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका से सताईस अपभ्रंशों के जो लक्षण और उदाहरण उद्धृत किये हैं ‡ वे इतने अपर्याप्त और अस्पष्ट हैं कि खुद मार्कडेय ने भी इनको सूक्ष्म कह कर नगण्य बताये हैं और इनका पृथग् पृथग् लक्षण-निर्देश न कर उक्त समस्त अपभ्रंशों का नागर, व्राचड और उपनागर इन तीन प्रधान भेदों में ही अन्तर्भाव माना है §। परन्तु यह बात मानने योग्य नहीं है, क्योंकि जब यह सिद्ध है कि जिन भाषाओं का उत्पत्ति-स्थान भिन्न भिन्न प्रदेश है और जिनकी प्रकृति भी भिन्न भिन्न प्रदेश की भिन्न भिन्न प्राकृत भाषायें हैं तब वे अपभ्रंश भाषायें भी भिन्न भिन्न ही हो सकती हैं और उन सब का समावेश एक दूसरे में नहीं किया जा सकता। वास्तव में बात यह है कि वे सभी अपभ्रंश भिन्न भिन्न होने पर भी साहित्य में निबद्ध न होने के कारण उन सब के निदर्शन ही उपलब्ध नहीं हो सकते थे। इसीसे प्राकृतचन्द्रिकाकार न उनके स्पष्ट लक्षण ही कर पाये हैं और न तो उदाहरण ही अधिक दे सके हैं। यही कारण है कि मार्कण्डेय ने भी इन भेदों को सूक्ष्म कहकर टाल दिये हैं। जिन अपभ्रंश भाषाओं के साहित्य-निबद्ध होने से निदर्शन पाये जाते हैं उनके लक्षण और उदाहरण आचार्य हेमचन्द्र ने केवल अपभ्रंश के सामान्य नाम से और मार्कण्डेय ने अपभ्रंश के तीन विशेष नामों से दिये हैं। आचार्य

---

* बङ्गीयसाहित्यपरिषत्-पत्रिका, १३१७।

‡ "टाक्कं टक्कभाषानागरोपनागरादिभ्योऽवधारणीयम्। तुबहुला मालवी। वाडीबहुला पाञ्चाली। उल्लप्राया वैदर्भी। संबोधनाढ्या लाटी। ईकारोकारबहुला औढ्री। सवीप्सा कैकेयी। समासाढ्या गौडी। डकारबहुला कौन्तली। एकारिणी च पाण्ड्या। युक्ताढ्या सैंहली। हियुक्ता कालिङ्गी। प्राच्या तद्देशीयभाषाढ्या। ज(भ)ट्टादिबहुलाऽऽभीरी। वर्णविपर्ययात् कार्णाटी। मध्यदेशीया तद्देशीयाढ्या। संस्कृताढ्या च गौर्जरी। चकारात् पूर्वोक्तटक्कभाषाग्रहणम्। रत(ल)हभां व्यत्ययेन पाश्चात्या। रेफव्यत्ययेन द्राविडी। ढकारबहुला वैतालिकी। एओबहुला काञ्ची। शेषा देशभाषाविभेदात्।"

§ "नागरो व्राचडश्चोपनागरश्चेति ते त्रयः। अपभ्रंशा; परे सूक्ष्मभेदत्वान्न पृथङ् मताः" (प्रा० स० पृष्ठ ३)। "अन्येषामपभ्रंशानामेष्वेवान्तर्भावः" (प्रा० स० पृष्ठ १२२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हेमचन्द्र ने 'अपभ्रंश' इस सामान्य नाम से और मार्कण्डेय ने 'नागरापभ्रंश' इस विशेष नाम से जो लक्षण और उदाहरण दिये हैं वे राजस्थानी-अपभ्रंश या राजपूताना तथा गूजरात प्रदेश के अपभ्रंश से ही संबन्ध रखते हैं। व्राचडापभ्रंश के नाम से सिन्धप्रदेश के अपभ्रंश के लक्षण और उदाहरण मार्कण्डेय ने अपने व्याकरण में दिये हैं, और उपनागर-अपभ्रंश का कोई लक्षण न देकर केवल नागर और व्राचड के मिश्रण को 'उपनागर अपभ्रंश' कहा है। इसके सिवा सौरसेनी-अपभ्रंश के निदर्शन मध्यदेश के अपभ्रंश में पाये जाते हैं। अन्य अन्य प्रदेशों के अथवा महाराष्ट्री, अर्धमागधी, मागधी और पैशाची भाषाओं के जो अपभ्रंश थे उनका कोई साहित्य उपलब्ध न होने से कोई निदर्शन भी नहीं पाये जाते हैं।

उत्पत्ति-स्थान।

भिन्न भिन्न अपभ्रंश भाषा का उत्पत्ति-स्थान भी भारतवर्ष का भिन्न भिन्न प्रदेश है। रुद्रट ने और वाग्भट ने अपने अपने अलङ्कार-ग्रन्थ में यह बात संक्षेप में अथच स्पष्ट रूप में इस तरह कही है :—

"षष्ठोऽत्र भूरिभेदो देशविशेषादपभ्रंशः" (काव्यालङ्कार २, १२),

"अपभ्रंशस्तु यच्छुद्धं तत्तद्देशेषु भाषितम्" (वाग्भटालङ्कार २, ३)।

आधुनिक आर्य कथ्य भाषाओं की प्रकृति।

ख्रिस्त की पञ्चम शताब्दी के पूर्व से लेकर दशम शताब्दी पर्यन्त भारत के भिन्न भिन्न प्रदेश में कथ्य भाषाओं के रूप में प्रचलित जिस जिस अपभ्रंश भाषा से भिन्न भिन्न प्रदेश की जो जो आधुनिक आर्य कथ्य भाषा (Modern Vernacular) उत्पन्न हुई है उसका विवरण यों है :—

महाराष्ट्री-अपभ्रंश से मराठी और कोंकणी भाषा।
मागधी-अपभ्रंश की पूर्व शाखा से बंगला, उडिया और आसामी भाषा।
मागधी-अपभ्रंश की बिहारी शाखा से मैथिली, मगही और भोजपुरिया।
अर्धमागधी-अपभ्रंश से पूर्वीय हिन्दी भाषायें अर्थात् अवधी, बघेली और छत्तीसगढी।
सौरसेनी-अपभ्रंश से बुन्देली, कनौजी, व्रजभाषा, बाँगरू, हिन्दी या उर्दू ये पाश्चात्य हिन्दी भाषायें।
नागर-अपभ्रंश से राजस्थानी, मालवी, मेवाडी, जयपुरी, मारवाडी तथा गूजराती भाषा।
पालि से सिंहली और मालदीवन।
टाक्की अथवा ढाक्की से लहण्डी या पश्चिमीय पंजाबी।
टाक्की-अपभ्रंश (सौरसेनी के प्रभाव-युक्त) से पूर्वीय पंजाबी।
व्राचड-अपभ्रंश से सिन्धी भाषा।
पैशाची-अपभ्रंश से काश्मीरी भाषा।

लक्षण। नागर-अपभ्रंश के प्रधान प्रधान लक्षण ये हैं :—

वर्ण-परिवर्तन।

१। भिन्न भिन्न स्वरों के स्थान में भिन्न भिन्न स्वर होते हैं; यथा—कृत्य=कच, काच; वचन=वेण, वीण; बाहु=बाह, बाहा, बाहु; पृष्ठ=पट्ठि, पिट्ठि, पुट्ठि; तृण=तण,तिण, तृण; सुकृत=सुकिद, सुकृद; लेखा=लिह, लीह, लेह।

२। स्वरों के मध्यवर्ती असंयुक्त क, ख, त, थ, प और फ के स्थान में प्रायः क्रमशः ग, घ, द, ध, व और भ होता है; यथा—विच्छेदकर=विच्छोहगर; सुख=सुघ, कथित=कधिद, शपथ=सवध, सफल=सभल।

३। अनादि और असंयुक्त म के स्थान में वैकल्पिक सानुनासिक व होता है, यथा—कमल=कवँल, कमल; भ्रमर=भवँर, भमर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

४। संयोग में परवर्ती र का विकल्प से लोप होता है; यथा—प्रिय=पिय, प्रिय; चन्द्र=चन्द, चन्द्र।
५। कहीं कहीं संयोग के परवर्ती य का विकल्प से र होता है, जैसे—व्यास=व्रास, वास; व्याकरण=व्रागरण, वागरण।
६। महाराष्ट्री में जहाँ म्ह होता है वहाँ अपभ्रंश में म्भ और म्ह दोनों होते हैं, यथा—ग्रीष्म=गिम्भ, गिम्ह; श्लेष्म=सिम्भ, सिम्ह।

नाम-विभक्ति।

१। विभक्ति के प्रसङ्ग में ह्रस्व स्वर का दीर्घ और दीर्घ का ह्रस्व प्रायः होता है, यथा—श्यामलः=सामला, खड्गाः=खग्ग; दृष्टिः=दिट्ठि, पुत्री=पुत्ति।
२। साधारणतः सातों विभक्ति के जो प्रत्यय हैं वे नीचे दिये जाते हैं। लिंग-भेद में और शब्द-भेद में अनेक विशेष प्रत्यय भी हैं, जो विस्तार-भय से यहाँ नहीं दिये गये हैं।

	एकवचन।	बहुवचन।
प्रथमा	उ, हो	०
द्वितीया	,,	०
तृतीया	एं	हिं
चतुर्थी	सु, हो, स्सु	हं, ०
पञ्चमी	हे, हु	हुं
षष्ठी	सु, हो, स्सु	हं, ०
सप्तमी	इ, हि	हिं

आख्यात-विभक्ति।

		एकवचन।	बहुवचन।
१।	१ पु०	उं	हुं
	२ पु०	हि	हु
	३ पु०	इ, ए	हिं

२। मध्यम पुरुष के एकवचन में आज्ञार्थ में इ, उ और ए होते हैं, यथा—कुरु=करि, करु, करे।
३। भविष्यत्काल में प्रत्यय के पूर्व में स आगम होता है—यथा—भविष्यति=होसइ।

कृदन्त।

१। तव्य-प्रत्यय के स्थान में इएव्वउं, एव्वउं और एवा होता है, यथा—कर्तव्य=करिएव्वउं, करेव्वउ, करेवा।
२। त्वा के स्थान में इ, इउ, इवि, अवि, एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु होते हैं, यथा—कृत्वा=करि, करिउ, करिवि, करवि, करेप्पि, करेप्पिणु, करेवि, करेविणु।
३। तुम्-प्रत्यय की जगह एवं, अण, अणहं, अणहिं, एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु होते हैं, यथा—कर्तुम्=करेवं, करण, करणहं, करणहिं, करेप्पि, करेप्पिणु, करेवि, करेविणु।
४। शीलाद्यर्थक तृ-प्रत्यय के स्थान में अणअ होता है, जैसे—कर्तृ=करणअ, मारयितृ=मारणअ।

तद्धित।

१। त्व और ता के स्थान में प्पण होता है, यथा—देवत्व=देवप्पण, महत्त्व=वड्डुप्पण।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हम पहले यह कह आये हैं कि वैदिक और लौकिक संस्कृत के शब्दों के साथ तुलना करने पर जिस प्राकृत भाषा में वर्ण-लोप-प्रभृति परिवर्तन जितना अधिक प्रतीत हो, वह उतनी ही परवर्ती काल में उत्पन्न मानी जानी चाहिए। इस नियम के अनुसार, हम देखते हैं कि महाराष्ट्री प्राकृत में व्यञ्जनों का लोप सर्वापेक्षा अधिक है, इससे वह अन्यान्य प्राकृत-भाषाओं के पीछे उत्पन्न हुई है, ऐसा अनुमान किया जाता है। परन्तु अपभ्रंश में उक्त नियम का व्यत्यय देखने में आता है, क्योंकि भिन्न भिन्न प्रदेशों की अपभ्रंश-भाषायें यद्यपि महाराष्ट्री के बाद ही उत्पन्न हुई हैं तथापि महाराष्ट्री में जो व्यञ्जन-वर्ण-लोप देखा जाता है, अपभ्रंश में उसकी अपेक्षा अधिक नहीं, बल्कि कम ही वर्ण-लोप पाया जाता है और ऋ स्वर तथा संयुक्त रकार भी विद्यमान है। इस पर से यह अनुमान करना असंगत नहीं है कि वर्ण-लोप की गति ने महाराष्ट्री प्राकृत में अपनी चरम सीमा को पहुँच कर उसको (महाराष्ट्री को) अस्थि-हीन माँस-पिण्ड की तरह स्वर-बहुल आकार में परिणत कर दिया। अपभ्रंश में उसीकी प्रतिक्रिया शुरू हुई, और प्राचीन स्वर एवं व्यञ्जनों को फिर स्थान दे कर भाषा को भिन्न आदर्श में गठित करने की चेष्टा हुई। उस चेष्टा का ही यह फल है कि पिछले समय में संस्कृत-भाषा का प्रभाव फिर प्रतिष्ठित होकर आधुनिक आर्य कथ्य भाषायें उत्पन्न हुई हैं।

अपभ्रंशों का भिन्न आदर्श में गठन।

प्राकृत पर संस्कृत का प्रभाव।

जैन और बौद्धों ने संस्कृत भाषा का परित्याग कर उस समय की कथ्य भाषा में धर्मोपदेश को लिपि-बद्ध करने की प्रथा प्रचलित की थी। इससे जो दो नयी साहित्य-भाषाओं का जन्म हुआ था, वे जैन सूत्रों की अर्धमागधी और बौद्ध धर्म-ग्रन्थ की पालि भाषा हैं। परन्तु ये दो साहित्य-भाषायें और अन्यान्य समस्त प्राकृत-भाषायें संस्कृत के प्रभाव को उल्लंघन नहीं कर सकी हैं। इस बात का एक प्रमाण तो यह है कि इन समस्त प्राकृत-भाषाओं में संस्कृत-भाषा के अनेक शब्द अविकल रूप में गृहीत हुए हैं। ये शब्द तत्सम कहे जाते हैं। यद्यपि इन तत्सम शब्दों ने प्रथम स्तर की प्राकृत-भाषाओं से ही संस्कृत में स्थान और रक्षण पाया था, तो भी यह स्वीकार करना ही होगा कि ये सब शब्द परवर्ती काल की प्राकृत-भाषाओं में जो अपरिवर्तित रूप में व्यवहृत होते थे वह संस्कृत-साहित्य का ही प्रभाव था।

इसके अतिरिक्त, संस्कृत के ही प्रभाव से बौद्धों में एक मिश्र-भाषा उत्पन्न हुई थी। महायान-बौद्धों के महावैपुल्यसूत्र-नामक कतिपय सूत्र-ग्रन्थ हैं। ललितविस्तर, सद्धर्म-पुण्डरीक, चन्द्रप्रदीपसूत्र प्रभृति इसके अन्तर्गत हैं। इन ग्रन्थों की भाषा में अधिकांश शब्द तो संस्कृत के हैं ही, अनेक प्राकृत-शब्दों के आगे भी संस्कृत की विभक्ति लगाकर उनको भी संस्कृत के अनुरूप किये गये हैं। पाश्चात्य विद्वानों ने इस भाषा को 'गाथा' नाम दिया है। परन्तु यहाँ पर यह कहना आवश्यक है कि इसका यह 'गाथा' नाम असंगत है, क्योंकि यह संस्कृत-मिश्रित प्राकृत का प्रयोग उक्त ग्रन्थों के केवल पद्यांशों में ही नहीं, बल्कि गद्यांश में भी देखा जाता है। इससे इन ग्रन्थों की भाषा को 'गाथा' न कह कर 'प्राकृत-मिश्र संस्कृत' या 'संस्कृत-मिश्र प्राकृत' अथवा संक्षेप में 'मिश्र-भाषा' ही कहना उचित है।

गाथा-भाषा।

डो. बर्नफ और डो. राजेन्द्रलाल मित्र का मत है कि 'संस्कृत-भाषा क्रमशः परिवर्तित होती हुई प्रथम गाथा-भाषा के रूप में और बाद में पालि-भाषा के आकार में परिणत हुई है। इस तरह गाथा-भाषा संस्कृत और पालि की मध्यवर्ती होने के कारण इन दोनों के (संस्कृत और पालि के) लक्षणों से आक्रान्त है।'

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह सिद्धान्त सर्वथा भ्रान्त है, क्योंकि हम यह पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर चुके हैं कि संस्कृत-भाषा क्रमशः परिवर्तित होकर पालि-भाषा में परिणत नहीं हुई है, किन्तु पालि-भाषा वैदिक-युग की एक प्रादेशिक भाषा से ही उत्पन्न हुई है। और, गाथा-भाषा पालि-भाषा के पहले प्रचलित न थी, क्योंकि गाथा-भाषा के समस्त ग्रन्थों का रचना-काल ख्रिस्त-पूर्व दो सौ वर्षों से लेकर ख्रिस्त की तृतीय शताब्दी पर्यन्त का है, इससे गाथा-भाषा बहुत तो पालि-भाषा की समकालीन हो सकती है, न कि पालि-भाषा की पूर्वावस्था। यह भाषा संस्कृत के प्रभाव को कायम रख कर विभिन्न प्राकृत-भाषाओं के मिश्रण से बनी है, इसमें संदेह नहीं है। यही कारण है कि इसके शब्दों को प्रस्तुत कोष में स्थान नहीं दिया गया है।

गाथा-भाषा का थोड़ा नमूना ललितविस्तर से यहां उद्धृत किया जाता है :—

"अध्रुवं त्रिभवं शरदभ्रनिभं, नटरङ्गसमा जगि जन्मि च्युति।
गिरिनद्यसमं लघुशीघ्रजवं, व्रजतायु जगे यथ विद्यु नभे ॥ १ ॥"
"उदकचन्द्रसमा इमि कामगुणाः, प्रतिबिम्ब इवा गिरिघोष यथा।
प्रतिभाससमा नटरङ्गसमास्तथ स्वप्नसमा विदितार्यजनैः ॥ १ ॥" (पृष्ठ २०४, २०६);

बुद्धदेव और उसके सारथि की आपस में बातचीत :—

"एषो हि देव पुरुषो जरयाभिभूतः, क्षीणेन्द्रियः सुदुःखितो बलवीर्यहीनः।
बन्धुजनेन परिभूत अनाथभूतः, कार्यासमर्थ अपविद्ध वनेव दारु ॥
कुलधर्म एष अयमस्य हि त्वं भणाहि, अथवापि सर्वजगतोऽस्य इयं ह्यवस्था।
शीघ्रं भणाहि वचनं यथभूतमेतत्, श्रुत्वा तथार्थमिह योनि संचिन्तयिष्ये ॥
नैतस्य देव कुलधर्म न राष्ट्रधर्मः, सर्वे जगस्य जर यौवन धर्षयाति।
तुभ्यंपि मातृपितृबान्धवज्ञातिसंघो, जरया अमुक्त नहि अन्यगतिर्जनस्य ॥
धिक् सारथे अबुधबालजनस्य बुद्धिर्यद् यौवनेन मदमत्त जरां न पश्ये।
आवर्तयस्विह रथं पुनरहं प्रवेक्ष्ये, किं मह्य क्रीडरतिभिर्जरया श्रितस्य ॥"

संस्कृत पर प्राकृत का प्रभाव।

पहले जो यह कहा जा चुका है कि वैदिक काल के मध्यदेश-प्रचलित प्राकृत से ही वैदिक संस्कृत उत्पन्न हुआ है और वह साहित्य और व्याकरण के द्वारा क्रमशः मार्जित और नियन्त्रित होकर अन्त में लौकिक संस्कृत में परिणत हुआ है; एवं प्राकृत के अन्तर्गत समस्त तत्सम शब्द संस्कृत से नहीं, परन्तु प्रथम स्तर के प्राकृत से ही संस्कृत में और द्वितीय स्तर के प्राकृत में आये हैं; प्राकृत के अन्तर्गत तद्भव शब्द भी संस्कृत से प्राकृत में गृहीत न होकर प्रथम स्तर के प्राकृत से ही क्रमशः परिवर्तित होकर परवर्ती काल के प्राकृत में स्थान पाये हैं और संस्कृत व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होने से वे शब्द संस्कृत में अपरिवर्तित रूप में ही रह गये हैं; इसी तरह प्राकृत के अधिकांश देशी-शब्द भी वैदिक काल के मध्यदेश-भिन्न अन्यान्य प्रदेशों के आर्य-उपनिवेशों की प्राकृत-भाषाओं से ही बाद की प्राकृत-भाषाओं में आये हैं; इससे उन्होंने (देशीशब्दों ने) मध्यदेश के प्राकृत से उत्पन्न वैदिक और लौकिक संस्कृत में कोई स्थान नहीं पाया है। इस पर से यह सहज ही समझा जा सकता है कि प्राकृत ही संस्कृत भाषा का मूल है।

अब इस जगह हम यह बताना चाहते हैं कि प्राकृत से न केवल वैदिक और लौकिक संस्कृत भाषायें उत्पन्न ही हुई हैं, बल्कि संस्कृत ने मृत होकर साहित्य-भाषा में परिणत होने पर भी अपनी अंग-पुष्टि के लिए प्राकृत से ही अनेक शब्दों का संग्रह किया है। ऋग्वेद आदि में प्रयुक्त वंक (वक्र), वहू (वधू),

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मेह (मेघ), पुराण (पुरातन), तितउ (चालनी), उच्छेक (उत्सेक), प्रभृति शब्द और लौकिक संस्कृत में प्रचलित तितउ (चालनी), आवुत्त (भगिनीपति), खुर (क्षुर), गोखुर (गोक्षुर), गुग्गुलु (गुल्गुलु), छुरिका (क्षुरिका), अच्छ (ऋक्ष), कच्छ (कक्ष), पियाल (प्रियाल), गल्ल (गण्ड), चन्दिर (चन्द्र), इन्दिर (इन्द्र), शिथिल (श्लथ), मरन्द (मकरन्द), किसल (किसलय), हाला (सुराविशेष), हेवाक (व्यसन), दाढा (दंष्ट्रा), खिडक्किका (लघुद्वार, भाषा में खिड़की), जारुज (जरायुज), पुराण (पुरातन), वगैरः शब्द प्राकृत से ही अविकल रूप में गृहीत हुए हैं और मारिष (मार्ष), जहिष्यसि (हास्यसि), ब्रूमि (ब्रवीमि), निकुन्तन (निकर्तन), लट्ठ (सुन्दर), प्रभृति प्राकृत के ही मूल शब्द मार्जित कर संस्कृत में लिये गये हैं।

प्राकृत-भाषाओं का उत्कर्ष।

कोई भी कथ्य भाषा क्यों न हो, वह सर्वदा ही परिवर्तन-शील होती है। साहित्य और व्याकरण उसको नियम के बन्धन में जकड कर गति-हीन और अपरिवर्तनीय करते हैं। उसका फल यह होता है कि साहित्य की भाषा क्रमशः कथ्य भाषा से भिन्न हो जाती है और जन-साधारण में अप्रचलित होकर मृत-भाषा में परिणत होती है। साहित्य की हरकोई भाषा एक समय की कथ्य भाषा से ही उत्पन्न होती है और वह जब मृत-भाषा में परिणत होती है तब कथ्य भाषा से फिर एक नयी साहित्य की भाषा की सृष्टि होती है। इस तरह एक समय की कथ्य भाषा से ही वैदिक और लौकिक संस्कृत उत्पन्न हुई थी और वह साधारण के पक्ष में दुर्बोध होने पर अर्धमागधी, पालि आदि प्राकृत भाषाओं ने साहित्य में स्थान पाया था। ये सब प्राकृत-भाषायें भी समय पाकर जन-साधारण में दुर्बोध हो जाने पर संस्कृत की तरह मृत-भाषा में परिणत हो गईं और भिन्न भिन्न प्रदेश की अपभ्रंश-भाषायें साहित्य-भाषाओं के रूप में व्यवहृत होने लगीं। अपभ्रंश-भाषायें भी जब दुर्बोध होकर मृत-भाषाओं में परिणत हो चली तब हिन्दी, बंगला, गूजराती, मराठी प्रभृति आधुनिक आर्य कथ्य भाषायें साहित्य की भाषाओं के रूप में गृहीत हुई हैं। उक्त समस्त कथ्य भाषायें उस उस युग को साहित्य की मृत-भाषाओं की तुलना में अवश्य ऐसे कतिपय उत्कर्षों से विशिष्ट होनी चाहिएँ जिनकी बदौलत ही ये उस उस समय की मृत-भाषाओं को साहित्य के सिंहासन से च्युत कर उस सिंहासन को अपने अधिकार में कर पायी थीं। अब यहाँ हमें यह जानना जरूरी है कि ये उत्कर्ष कौन थे ?

हरकोई भाषा का सर्व-प्रथम उद्देश्य होता है अर्थ-प्रकाश। इसलिए जिस भाषा के द्वारा जितने स्पष्ट रूप से और जितने अल्प प्रयास से अर्थ-प्रकाश किया जाय वह उतनी ही उत्कृष्ट भाषा मानी जाती है। इन दो कारणों के वश होकर ही भाषा का निरन्तर परिवर्तन साधित होता है और भिन्न भिन्न काल में भिन्न भिन्न कथ्य-भाषाओं से नयी नयी साहित्य-भाषाओं की उत्पत्ति होती है। वैदिक संस्कृत क्रमशः लुप्त होकर लौकिक संस्कृत की उत्पत्ति उक्त दो कारणों से ही हुई थी। वैदिक शब्द-समूह अप्रचलित होने पर उसके अनावश्यक प्रकृति और प्रत्ययों को बाद देकर जो सहज ही समझ में आ सके वैसी प्रकृति और प्रत्ययों का संग्रह कर वैदिक भाषा से लौकिक संस्कृत की उत्पत्ति हुई थी। संस्कृत-भाषा के प्रकृति-प्रत्यय काल-क्रम से अप्रचलित होकर जब दुःख-बोध्य हो ऊठे तब उस समय की कथ्य भाषाओं से ही स्पष्टार्थक, सुखोच्चारण-योग्य, मधुर और कोमल प्रकृति-प्रत्ययों का संग्रह कर संस्कृत के अनावश्यक, दुर्बोध, कष्टोच्चारणीय, कठोर और कर्कश प्रकृति-प्रत्यय-सन्धि-समासों का वर्जन कर अर्धमागधी, पाली और अन्यान्य प्राकृत-भाषायें साहित्य-भाषाओं के रूप में व्यवहृत होने लगीं। यदि इन सब नूतन साहित्य-भाषाओं में संस्कृत की अपेक्षा अर्थ-प्रकाश

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की अधिक शक्ति, अल्प आयास से और सुख से उच्चारण-योग्यता प्रभृति गुण न होते तो ये कभी भी संस्कृत जैसी समृद्ध भाषा को साहित्य के सिंहासन से च्युत करने में समर्थ न होतीं। काल-क्रम से ये सब प्राकृत-साहित्य-भाषायें भी जब व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होकर अप्रचलित और जन-साधारण में दुर्बोध हो चलीं तब उस समय प्रचलित प्रादेशिक अपभ्रंश-भाषाओं ने इनको हटाकर साहित्य-भाषाओं का स्थान अपने अधिकार में किया। यहाँ पर यह प्रश्न हो सकता है कि साहित्य की प्राकृत-भाषाओं की अपेक्षा इन अपभ्रंश-भाषाओं में वह कौनसा गुण था जिससे ये अपने पहले की प्राकृत-साहित्य-भाषाओं को परास्त कर उनके स्थान को अपने अधिकार में कर सकीं? इसका उत्तर यह है कि कोई भी गुण चरम सीमा में पहुँच जाने पर फिर वह गुण ही नहीं रहने पाता, वह दोष में परिणत हो जाता है। संस्कृत की अपेक्षा प्राकृत-भाषाओं में यह उत्कर्ष था कि इनमें संस्कृत के कर्कश और कष्टोच्चारणीय असंयुक्त और संयुक्त व्यञ्जन वर्णों के स्थान में सब कोमल और सुखोच्चारणीय वर्ण व्यवहृत होते थे। किन्तु इस गुण की भी सीमा है, महाराष्ट्री-प्राकृत में यह गुण सीमा का अतिक्रम कर गया, यहाँतक कि संस्कृत के अनेक व्यञ्जनों का एकदम ही लोप कर उनके स्थान में स्वर-वर्णों की परम्परा-द्वारा समस्त शब्द गठित होने लगे। इससे इन शब्दों के उच्चारण सुख-साध्य होने के बदले अधिकतर कष्ट-साध्य हुए, क्योंकि बीच बीच में व्यञ्जन-वर्णों से व्यवहित न होकर केवल स्वर-परम्परा का उच्चारण करना कष्टकर होता है। इस तरह प्राकृत-भाषा महाराष्ट्री-प्राकृत में आकर जब इस चरम अवस्था में उपनीत हुई तबसे ही इसका पतन अनिवार्य हो उठा। इसकी प्रतिक्रिया-स्वरूप अपभ्रंश-भाषाओं में नूतन व्यञ्जन-वर्ण बिठा कर सुखोच्चारण-योग्यता करने की चेष्टा हुई। इसका फल यह हुआ कि प्रादेशिक अपभ्रंश-भाषायें साहित्य की भाषाओं के रूप में उन्नीत हुईं। आधुनिक प्रादेशिक आर्य-भाषायें भी प्राकृत-भाषाओं के उस दोष का पूर्ण संशोधन करने के लिए नूतन संस्कृत शब्दों को ग्रहण कर अपभ्रंशों के स्थान को अपने अधिकार में करके नवीन साहित्य-भाषाओं के रूप में परिणत हुई हैं। आधुनिक आर्य-भाषाओं में पूर्व-वर्ती प्राकृतों और अपभ्रंशों की अपेक्षा उत्कर्ष यह है कि इन्होंने शब्दों के संबन्ध में प्राकृत और संस्कृत को मिश्रित कर उभय के गुणों का एक सुन्दर सामञ्जस्य किया है। इनके तद्भव और देश्य शब्दों में प्राकृत की कोमलता और मधुरता है और तत्सम शब्दों में संस्कृत की ओजस्विता। आधुनिक आर्य-भाषाओं में संस्कृत और प्राकृत दोनों की अपेक्षा उत्कर्ष यह है कि ये संस्कृत और प्राकृतों के अनावश्यक लिंग, वचन और विभक्तिओं के भेदों का वर्जन कर, उनके बदले भिन्न भिन्न स्वतन्त्र शब्दों के द्वारा लिंग, वचन और विभक्तिओं के भेदों को प्रकाशित कर और संस्कृत तथा प्राकृतों के विभक्ति-बहुल स्वभाव का परित्याग कर विश्लेषण-शील-भाषा में परिणत हुई हैं। इस तरह इन भाषाओं ने अल्प आयास से वक्ता के अर्थ को अधिकतर स्पष्ट रूप में प्रकाशित करने का मार्ग-प्रदर्शन किया है। उक्त गुणों के कारण ही आधुनिक आर्य-भाषाओं ने वैदिक, संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश इन सब साहित्य-भाषाओं के स्थान पर अपना अधिकार जमाया है।

संस्कृत की अपेक्षा प्राकृत-भाषाओं में जो उत्कर्ष—गुण—ऊपर बताये हैं वे अनेक प्राचीन ग्रन्थकारों ने पहले ही प्रदर्शित किये हैं। उनके ग्रन्थों से, प्राकृत के उत्कर्ष के संबन्ध में, कुछ वचन यहाँ पर उद्धृत किये जाते हैं:—

* "अमिअं पाउअ-कव्वं पढिउं सोउं च जे ण आणंति।
कामस्स तत्त-तत्तिं कुणंति, ते कह ण लज्जंति ?॥ (हाल की गाथासप्तशती १, २)।

अर्थात् जो लोग अमृतोपम प्राकृत-काव्य को न तो पढ़ना जानते हैं और न सुनना जानते हैं अथच काम-तत्त्व की आलोचना करते हैं उनको शरम क्यों नही आती?

* अमृतं प्राकृतकाव्यं पठितुं श्रोतुं च ये न जानन्ति। कामस्य तत्त्वचिन्तां कुर्वन्ति, ते कथं न लज्जन्ते ?॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

* "उम्मिल्लइ लायरणं पयय-च्छायाए सक्कय-वयाणं।
सक्कय-सक्कारुक्करिसणेण पययस्सवि पहावो ॥" (वाक्पतिराज का गउडवहो ६५)।

संस्कृत शब्दों का लावण्य प्राकृत की छाया से ही व्यक्त होता है; संस्कृत-भाषा के उत्कृष्ट संस्कार में भी प्राकृत का प्रभाव व्यक्त होता है।

† "णवमत्थ-दंसणं संनिवेस-सिसिराओ बंध-रिद्धीओ।
अविरलमिणमो आभुवण-बंधमिह णवर पययम्मि ॥" (गउडवहो ७२)।

सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर आज तक प्रचुर परिमाण में नूतन नूतन अर्थों का दर्शन और सुन्दर रचना वाली प्रबन्ध-संपत्ति कहीं भी है तो वह केवल प्राकृत में ही।

‡ "हरिस-विसेसो वियसावओ य मउलावओ य अच्छीण।
इह बहि-हुत्तो अंतो-मुहो य हिययस्स विप्फुरइ ॥" (गउडवहो ७४)।

प्राकृत-काव्य पढने के समय हृदय के भीतर और बाहर एक ऐसा अभूत-पूर्व हर्ष होता है कि जिससे दोनों आँखें एक ही साथ विकसित और मुद्रित होती हैं।

§ "परुसो सक्कअ-बंधो पाउअ-बंधोवि होइ सुउमारो।
पुरिस-महिलाणं जेत्तिअमिहंतरं तेत्तिअमिमाणं ॥" (राजशेखर की कर्पूरमञ्जरी, अङ्क १)।

संस्कृत-भाषा कर्कश और प्राकृत भाषा सुकुमार है। पुरुष और महिला में जितना अन्तर है, इन दो भाषाओं में भी उतना ही प्रभेद है ॥

"गिरः श्रव्या दिव्याः प्रकृतिमधुराः प्राकृतगिरः
सुभव्योऽपभ्रंशः सरसरचनं भूतवचनम्।" (राजशेखर का बालरामायण १, ११)

संस्कृत-भाषा सुनने योग्य है, प्राकृत भाषा स्वभाव-मधुर है, अपभ्रंश-भाषा भव्य है और पैशाची-भाषा की रचना रस-पूर्ण है।

× "सक्कय-कव्वस्सत्थं जेण न याणंति मंद-बुद्धीया।
सव्वाणवि सुह-बोहं तेणेमं पाययं रइयं ॥
गुढत्थ-देसि-रहियं सुललिय-वन्नेहिं विरइयं रम्मं।
पायय-कव्वं लोए कस्स न हिययं सुहावेइ ? ॥ (महेश्वरसूरि का पञ्चमीमाहात्म्य)

सामान्य मनुष्य संस्कृत-काव्य के अर्थ को समझ नहीं पाते हैं। इसलिए यह ग्रन्थ उस प्राकृत-भाषा में रचा जाता है जो सब लोगों को सुख-बोध्य है।

गूढार्थक देशी-शब्दों से रहित और सुललित पदों में रचा हुआ सुन्दर प्राकृत-काव्य किसके हृदय को सुखी नहीं करता ?

"÷ उज्झउ सक्कय-कव्वं सक्कय-कव्वं च निम्मियं जेण।
वंस-हरं व पलित्तं तडयडतट्टत्तणं कुणइ ॥"
(वज्जालग्ग(?) से अपभ्रंशकाव्यत्रयी की प्रस्ता० पृष्ठ ७६ में उद्धृत)

---

* उन्मीलति लावण्यं प्राकृतच्छायया संस्कृतपदानाम्। संस्कृतसंस्कारोत्कर्षणेन प्राकृतस्यापि प्रभाव ॥

† नवमार्थदर्शनं संनिवेशशिशिरा बन्धर्द्धयः। अविरलमिदमाभुवनबन्धमिह केवलं प्राकृते ॥

‡ हर्षविशेषो विकासको मुकुलीकारकश्चाक्ष्णोः। इह बहिर्मुखोऽन्तर्मुखश्च हृदयस्य विस्फुरति ॥

§ परुषः संस्कृतबन्धः प्राकृतबन्धस्तु भवति सुकुमारः। पुरुषमहिलयोर्यावदिहान्तरं तावदनयोः ॥

× संस्कृतकाव्यस्यार्थं येन न जानन्ति मन्दबुद्धयः। सर्वेषामपि सुखबोधं तेनेदं प्राकृतं रचितम् ॥
गुढार्थदेशीरहितं सुललितवर्णैर्विरचितं रम्यम्। प्राकृतकाव्यं लोके कस्य न हृदयं सुखयति ? ॥

÷ उज्झ्यतां संस्कृतकाव्यं संस्कृतकाव्यं च निर्मितं येन। वंशगृहमिव प्रदीप्तं तडतडतट्टत्वं करोति ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संस्कृत-काव्य को छोड़ो और जिसने संस्कृत-काव्य की रचना की है उसका भी नाम मत लो, क्योंकि वह (संस्कृत) जलते हुए बाँस के घर की तरह 'तड तड तट्ट' आवाज करता है— श्रुतिकटु लगता है।

"* पाइय-कव्वम्मि रसो जो जायइ तह व छेय-भणिएहिं।
उययस्स य वासिय-सीयलस्स तित्तिं न वच्चामो ॥
ललिए महुरक्खरए जुवई-यण-वल्लहे स-सिंगारे।
संते पाइय-कव्वे को सक्कइ सक्कयं पढिउं ? ॥" (जयवल्लभ का वज्जालग्ग, पृष्ठ ६)

प्राकृत-भाषा की कविता में और विदग्ध के वचनों में जो रस आता है उससे, वासी और शीतल जल की तरह, तृप्ति नहीं होती है—मन कभी ऊबता नहीं है—उत्कण्ठा निरन्तर बनी ही रहती है।

जब सुन्दर, मधुर, शृङ्गार-रस-पूर्ण और युवतिओं को प्रिय ऐसा प्राकृत-काव्य मौजुद है तब संस्कृत पढने को कौन जाता है ?

---

* प्राकृतकाव्ये रसो यो जायते तथा वा छेकभणितैः। उदकस्य च वासितशीतलस्य तृप्तिं न व्रजामः ॥
ललिते मधुराक्षरके युवतिजनवल्लभे सशृङ्गारे। सति प्राकृतकाव्ये कः शक्नोति संस्कृतं पठितुम् ? ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस कोष में स्वीकृत पद्धति।

१। प्रथम काले टाइपों में क्रम से **प्राकृत शब्द**, उसके बाद सादे टाइपों में उस प्राकृत शब्द के **लिङ्ग** आदि का संक्षिप्त निर्देश, उसके पश्चात् काले कोष्ठ (ब्राकेट) में काले टाइपों में प्राकृत शब्द का **संस्कृत प्रतिशब्द**, उसके अनन्तर सादे टाइपों में हिन्दी भाषा में अर्थ और तदनन्तर सादे टाइपों में ब्राकेट में प्रमाण (रेफरेंस) का उल्लेख किया गया है।

२। शब्दों का क्रम नागरी वर्ण-माला के अनुसार इस तरह रखा गया है;—अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, क, ख, ग आदि। इस तरह अनुस्वार के स्थान की गणना संस्कृत-कोषों की तरह पर-सवर्ण अनुनासिक व्यञ्जन के स्थान में न कर अन्तिम स्वर के बाद और प्रथम व्यञ्जन के पूर्व में ही करने का कारण यह है कि संस्कृत की तरह प्राकृत में *व्याकरण की दृष्टि से भी अनुस्वार के स्थान में अनुनासिक का होना कहीं भी अनिवार्य नहीं है और प्राचीन हस्त-लिखित पुस्तकों में प्रायः सर्वत्र अनुस्वार का ही प्रयोग पाया जाता है।

३। प्राकृत शब्द का प्रयोग विशेष रूप से आर्ष (अर्धमागधी) और महाराष्ट्री भाषा के अर्थ में और सामान्य रूप से आर्ष से ले कर अपभ्रंश-भाषा तक के अर्थ में किया जाता है। प्रस्तुत कोष के 'प्राकृत-शब्द-महार्णव' नाम में प्राकृत-शब्द सामान्य अर्थ में ही गृहीत है। इससे यहाँ † आर्ष, महाराष्ट्री, शौरसेनी, अशोक-शिलालिपि, देश्य, मागधी, पैशाची, चूलिकापैशाची तथा अपभ्रंश भाषाओं के शब्दों का संग्रह किया गया है। परन्तु प्राचीनता और साहित्य की दृष्टि से इन सब भाषाओं में आर्ष और महाराष्ट्री का स्थान ऊँचा है। इससे इन दोनों के शब्द यहाँ पूर्ण रूप से लिये गये हैं और शौरसेनी आदि भाषाओं के प्रायः उन्हीं शब्दों को स्थान दिया गया है जो या तो प्राकृत (आर्ष और महाराष्ट्री) से विशेष भेद रखते हैं अथवा जिनका प्राकृत रूप नहीं पाया गया है, जैसे 'य्येव', 'विधुव', 'संपादइत्तअ', 'संभावीअदि' वगैरः। इस भेद की पहिचान के लिए प्राकृत से इतर भाषा के शब्दों और आख्यात-कृदन्त के रूपों के आगे सादे टाइपों में कोष्ठ में उस उस भाषा का संक्षिप्त नाम-निर्देश कर दिया गया है, जैसे ‡ '(शौ)', '(मा)' इत्यादि। परन्तु शौरसेनी आदि में भी जो शब्द या रूप प्राकृत के ही समान है वहाँ ये भेद-दर्शक चिह्न नहीं दिये गये हैं।

(क) आर्ष और महाराष्ट्री से शौरसेनी आदि भाषाओं के जिन शब्दों में सामान्य (सर्व-शब्द-साधारण) भेद है उनको इस कोष में स्थान दे कर पुनरावृत्ति-द्वारा ग्रन्थ के कलेवर को विशेष बढ़ाना इसलिए उचित नहीं समझा गया है कि वह सामान्य भेद प्राकृत-भाषाओं के साधारण अभ्यासी से भी अज्ञात नहीं है और वह उपोद्घात में भी उस उस भाषा के लक्षण-प्रसङ्ग में दिखा दिया गया है जिससे वह सहज ही ख्याल में आ सकता है।

(ख) आर्ष और महाराष्ट्री में भी परस्पर उल्लेखनीय भेद है। तिस पर भी यहाँ उनका भेद-निर्देश न करने का एक कारण तो यह है कि इन दोनों में इतर भाषाओं से अपेक्षा-कृत समानता अधिक है; दूसरा, प्रकृति की अपेक्षा प्रत्ययों में ही विशेष भेद है जो व्याकरण से संबन्ध रखता है, कोष से नहीं; तीसरा, जैन ग्रन्थकारों ने महाराष्ट्री-ग्रन्थों में भी आर्ष प्राकृत के शब्दों का अविकल रूप में अधिक व्यवहार कर उनको महाराष्ट्री का रूप दे दिया है §।

---

* देखो प्राकृतप्रकाश, सूत्र ४, १४; १७; हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण, सूत्र १,२५; और प्राकृतसर्वस्व, सूत्र ४,२३ आदि।

† प्राकृतसर्वस्व (पृष्ठ १-३) आदि में इनसे अतिरिक्त और भी प्राच्या, शाकारी आदि अनेक उपभेद बताये गये हैं, जिनका समावेश यहाँ शौरसेनी आदि इन्हीं मुख्य भेदों में यथास्थान किया गया है।

‡ इन संक्षिप्त नामों का विवरण संकेत-सूची में देखिए।

§ इसीसे डो. पिशल् आदि पाश्चात्य विद्वानों ने आर्ष-भिन्न जैन प्राकृत-ग्रन्थों की भाषा को 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है। देखो डो. पिशल् का प्राकृतव्याकरण और डो. टेसेटोरी की उपदेशमाला की प्रस्तावना।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

४। प्राकृत में यश्रुति वाला * नियम खूब ही अव्यवस्थित है। प्राकृत-प्रकाश, सेतुबन्ध, गाथासप्तशती और प्राकृतपिंगल आदि में इस नियम का एकदम अभाव है जब कि आर्ष, जैन महाराष्ट्री तथा गउडवहो-प्रभृति ग्रन्थों में इस नियम का हद से ज्यादः आदर देखा जाता है; यहाँ तक कि एक ही शब्द में कहीं तो यश्रुति है और कहीं नहीं, जैसे 'पत्र' और 'पय', 'लोअ' और 'लोय'। इस कोष में ऐसे शब्दों की पुनरावृत्ति न कर कोई भी (यश्रुतिवाले 'य' से रहित या सहित) एक ही शब्द लिया गया है। इससे क्रम तथा इतर समान शब्द की तुलना की सुविधा के लिए आवश्यकतानुरूप कहीं कहीं रेफरेंस वाले शब्द के 'अ' के स्थान में 'य' और 'य' की जगह 'अ' किया गया है।

५। आर्ष ग्रन्थों में यश्रुतिवाले 'य' की तरह 'त' का प्रयोग भी बहुत ही पाया जाता है, जैसे 'अय' (अज) के स्थान में 'अत', 'अईअ' (अतीत) की जगह 'अतीय' आदि। ऐसे शब्दों की भी इस कोष में बहुधा पुनरावृत्ति न करके त-वर्जित शब्दों को ही विशेष रूप से स्थान दिया गया है।

६। संयुक्त शब्दों को उनके क्रमिक स्थान में अलग न दे कर मूल (पूर्व भाग वाले) शब्द के भीतर ही उत्तर भाग वाले शब्द अकारादि क्रम से काले टाइपों में दिये गये हैं और उसके पूर्व ° (ऊर्ध्व बिन्दी) का चिह्न दिया गया है। ऐसे शब्द का संस्कृत प्रतिशब्द भी काले टाइपों में ° चिह्न दे कर दिये गये हैं। विशेष स्थानों में पाठकों की सुगमता के लिए संयुक्त शब्द उसके क्रमिक स्थान में अलग भी बतलाये गये हैं और उसके अर्थ तथा रेफरेंस के लिए मूल शब्द में जहाँ वे दिये गये हैं, देखने की सूचना की गई है।

(क) इन संयुक्त शब्दों में जहाँ 'देखो °——' से जिस शब्द को देखने को कहा गया है वहाँ उस शब्द को उसी मूल शब्द के भीतर देखना चाहिए न कि अन्य शब्द के अन्दर।

७। त्त, त्तण (त्व), आ, या (तल्), अर, यर, तराग (तर), अम, तम (तम) आदि सुगम और सर्वत्र-साधारण प्रत्यय वाले शब्दों में प्रत्ययों को छोड़ कर केवल मूल शब्द ही यहाँ लिये गये हैं। परन्तु जहाँ ऐसे प्रत्ययों में रूप आदि की विशेषता है वहाँ प्रत्यय-सहित शब्द भी लिये गये हैं।

८। धातुओं के सब रूप सादे टाइपों में और कृदन्तों के रूप काले टाइपों में धातु के भीतर दिये गये हैं।

(क) भाव तथा कर्म-कर्तरि रूपों का निर्देश भी धातु के भीतर 'कर्म—' से ही किया गया है।

(ख) भूत कृदन्त के रूप तथा अन्य आख्यात तथा कृदन्त के विशिष्ट रूप बहुधा अलग अलग अपने क्रमिक स्थान में दिये गये हैं।

९। जिन संस्करणों से शब्द-संग्रह किया गया है उनमें रही हुई संपादन की या प्रेस की भूलों को सुधार कर शुद्ध शब्द ही यहाँ दिये गये हैं। पाठकों के ज्ञानार्थ साधारण भूलों को छोड़ कर विशेष भूल वाले पाठ रेफरेंस के उल्लेख के अनन्तर-पूर्व में ज्यों के त्यों उद्धृत भी किये गये हैं और भूल वाले भाग की शुद्धि कौंस में '?' (शङ्काचिह्न) के बाद बतला दी गई है; जैसे देखो **छोब्भ, बब्भ** आदि शब्द।

(क) जहाँ भिन्न भिन्न ग्रन्थों में या एक ही ग्रन्थ के भिन्न भिन्न स्थानों में या संस्करणों में एक ही शब्द के अनेक संदिग्ध रूप पाये गये हैं और जिनके शुद्ध रूप का निर्णय करना कठिन जान पड़ा है वहाँपर ऐसे रूप वाले सब शब्द इस कोष में यथास्थान दिये गये हैं और तुलना के लिए ऐसे प्रत्येक शब्द के अन्त भाग में 'देखो—' लिख कर इतर रूप भी सूचाया गया है; जैसे देखो **'पुक्खलच्छिभय, पोक्खलच्छिलय'**; **'पेसल, पेसलेस'**; **'भयालि, सयालि'** आदि शब्द।

१०। एक ही ग्रन्थ के एक या भिन्न भिन्न संस्करणों के अथवा भिन्न भिन्न ग्रन्थों के पाठ-भेदों के सभी शुद्ध शब्द इस कोष में यथास्थान दिये गये हैं; जैसे—**परिज्झुसिय** (:भगवतीसूत्र २५—पत्र ९२३) और **परिझुसिय**

* हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण का सूत्र १, १८०।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(भग २५ टी—पत्र ६२५); **णिव्विदेज्ज** (भी. मा. का सूत्रकृताङ्ग १, २, ३, १२) और **णिव्विंदेज्ज** (आ. स. का सूत्रकृताङ्ग १, २, ३, १२); **पविरल्लिय** (आ. स. का प्रश्नव्याकरण १, ५—पत्र ६१) और **पवित्थरिल्ल** (अभिधानराजेन्द्र का प्रश्नव्याकरण १, ५); **सामकोट्ठ** (समवायाङ्ग-सूत्र, पत्र १५३) और **सामिकुट्ठ** (प्रवचनसारोद्धार, द्वार ७) प्रभृति।

११। संस्कृत की तरह प्राकृत में भो कम से कम शब्द के आदि के 'ब' तथा 'व' के विषय में गहरा मत-भेद है। एक ही शब्द कहीं बकारादि पाया जाता है तो कहीं वकारादि। जैसे भगवतीसूत्र में 'बत्थि' है तो विपाकश्रुत में 'वत्थि' छपा है। इससे ऐसे शब्दों का दोनों स्थानों में न देकर जो 'ब' या 'व' उचित जान पड़ा है उसी एक स्थल में वह शब्द दिया गया है और उभय प्रकार के शब्दों के रेफरेंस भी वहाँ ही दिये गये हैं। हाँ, जहाँ दोनों अक्षरों के अस्तित्व का स्पष्ट रूप से उल्लेख पाया गया है वहाँ दोनों स्थलों में वह शब्द दिया गया है, जैसे **'बप्फाउल'** और **'वप्फाउल'** * आदि।

१२। लिङ्गादि-बोधक संक्षिप्त शब्द प्राकृत शब्द से ही संबन्ध रखते हैं, संस्कृत-प्रतिशब्द से नहीं।

(क) जहाँ अर्थ-भेद में लिङ्ग आदि का भी भेद है वहाँ उस अर्थ के पूर्व में ही भिन्न लिङ्ग आदि का सूचक शब्द दे दिया गया है। जहाँ ऐसा भिन्न शब्द नहीं दिया है वहाँ उसके पूर्व के अर्थ या अर्थों के समान ही लिङ्ग आदि समझना चाहिए।

(ख) प्राकृत में लिङ्ग-विधि खूब ही अनियमित है। प्राकृत के वैयाकरणों ने भो कुछ अति संक्षिप्त परन्तु † व्यापक सूत्रों के द्वारा इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया है। प्राचीन ग्रन्थों में एक ही शब्द का जिस जिस लिङ्ग में प्रयोग जहाँ तक हमें दृष्टिगोचर हुआ है, उस उस लिङ्ग का निर्देश इस कोष में उस शब्द के पास कर दिया गया है। जहाँ लिङ्ग में विशेष विलक्षणता पाई गई है वहाँ उस ग्रन्थ का अवतरण भी दे दिया गया है।

(ग) जहाँ स्त्री-लिङ्ग का विशेष रूप पाया गया है वहाँ वह अर्थ के बाद 'स्त्री—' निर्देश कर के रेफरेंस के साथ दिया गया है।

अज्झा स्त्री [दे] १ असती, कुलटा ; २ प्रशस्त स्त्री ; ३ नवोढ़ा, दुलहिन ; ४ युवती स्त्री ; ५ वह (स्त्री) ; (दे १, ५० ; गा ८३८, ८५८ ; वज्जा ६४)।

अज्झाइअव्व वि [अध्येतव्य] पढ़ने योग्य ; "सुअं मे भविस्सइ त्ति अज्झाइअव्वं भवइ" (दस ६, ४, ३)।

अज्झाय पुं [अध्याय] १ पठन, अभ्यास ; (नाट)। २ ग्रन्थ का एक अंश ; (विसे ११११ ; प्राप)।

अज्झारुह पुं [अध्यारुह] १ वृक्ष-विशेष ; २ वृक्षों के ऊपर बढ़नेवाली वल्ली या शाखा वगैरः ; (पराण १)।

अज्झारोवण न [अध्यारोपण] १ आरोपण, ऊपर चढ़ाना। २ पूछना, प्रश्न करना ; (विसे २६२८)।

अज्झारोह पुं (अध्यारोह] देखो **अज्झारुह** ; (सूअ २, ३, ७ ; १८ ; १६)।

अज्झावणा स्त्री [अध्यापना] पढ़ाना ; (कम्म १, ६०)।

अज्झावय वि [अध्यापक] पढ़ानेवाला, शिक्षक, गुरु ; (वसु ; सुर ३, २६)।

अज्झावस अक [अध्या+वस्] रहना, वास करना। वकृ—**अज्झावसंत** ; (उवा)।

अज्झास पुं [अध्यास] १ ऊपर बैठना ; २ निवास-स्थान ; (सुपा २०)।

अज्झासणा स्त्री [अध्यासना] सहन करना ; (राज)।

अज्झासिअ वि [अध्यासित] १ आश्रित, अधिष्ठित ; २ स्थापित, निवेशित ; (नाट)।

अज्झाहय वि [अध्याहत] १ उत्तेजित "सीयलेणं सुरहिगंधमट्टियागंधेणं हत्थी अज्झाहओ वणं संभरेइ" (महा)।

अज्झीण वि [अक्षीण] १ अक्षय, अखूट ; २ न. अध्ययन ; (विसे ६५८)।

अज्झुववज्ज देखो **अज्झोववज्ज** ; (पि ७७ ; औप)।

अज्झुववण्ण देखो **अज्झोववण्ण** ; (विपा १, १)।

अज्झुववाय देखो **अज्झोववाय** ; (उप पृ २८१)।

अज्झुसिर वि [अशुषिर] छिद्र-रहित ; (ओघ ३१३)।

अज्झेउ वि [अध्येतृ] पढ़नेवाला ; (विसे १४६५)।

अज्झेल्ली स्त्री [दे] दोहनेपर भी जिसका दोहन हो सके ऐसी गैया ; (दे १, ७)।

अज्झेसणा स्त्री [अध्येषणा] अधिक प्रार्थना, विशेष याचना ; (राज)।

अज्झोयरग } पुं [अध्यवपूरक] १ साधु के लिए अधिक
अज्झोयरय } रसोई करना ; २ साधु के लिए बढ़ाकर की हुई रसोई ; (औप ; पव ६७)।

अज्झोल्लिआ स्त्री [दे] वक्षः-स्थल के आभूषण में की जाती मोतीओं की रचना ; (दे १, ३३)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अज्झोवगमिय वि [**आभ्युपगमिक**] स्वेच्छा से स्वीकृत ; (पराग ३४)।

अज्झोववज्ज अक [**अध्युप+पद्**] अत्यासक्त होना, आसक्ति करना। अज्झोववज्जइ ; (पि ७७)। भवि- अज्झोववज्जिहिइ ; (औप)।

अज्झोववण्ण } वि [**अध्युपपन्न**] अत्यंत आसक्त ;
अज्झोववन्न } (विपा १, २ ; णाया १, २ ; महा ; पि ७७)।

अज्झोववाय पुं [**अध्युपपाद**] अत्यन्त आसक्ति, तल्लीनता ; (पराह २, ५)।

अट } सक [**अट्**] भ्रमण करना, घूमना। अटइ ;
अट्ट } (षड् ; हे १, १६५)। परिअट्टइ ; (हे ४, २३०)।

अट्ट सक [**क्वथ्**] क्वाथ करना। अट्टइ ; (हे ४, ११६; षड् ; गउड)।

अट्ट अक [**शुष्**] सूकना, शुष्क होना। अट्टंति (से ५, ६१)। वकृ—**अट्टंत** ; (से ५, ७३)।

अट्ट वि [**आर्त**] १ पीडित, दुःखित; (विपा १, १)। २ ध्यान-विशेष—इष्ट-संयोग, अनिष्ट-वियोग, रोग-निवृत्ति और भविष्य के लिए चिन्ता करना ; (ठा ४, १)। °**ण्ण** वि [°**ज्ञ**] पीड़ित की पीडा को जाननेवाला ; (षड्)।

अट्ट वि [**ऋत**] गत, प्राप्त ; (णाया १,१ ; भग १२,२)।

अट्ट पुंन [**अट्ट**] १ दुकान, हाट ; (श्रा १४)। २ महल के ऊपर का घर, अटारी ; (कुमा)। ३ आकाश; (भग २०, २)।

अट्ट वि [**दे**] १ कृश, दुर्बल ; २ बड़ा, महान् ; ३ निर्लज्ज, बेशरम ; ४ आलसु, सुस्त ; ५ पुं. शुक, तोता ; ६ शब्द, अवाज ; ७ न. सुख ; ८ भूठ, असत्योक्ति ; (दे १,५०)।

अट्टट्ट वि [**दे**] गया हुआ, गत ; (दे १, १०)।

अट्टट्टहास पुं [**अट्टट्टहास**] देखो **अट्टहास**, (उव)।

अट्टण न [**अट्टन**] १ व्यायाम, कसरत ; (औप)। २ पुं. इस नाम का एक प्रसिद्ध मल्ल ; (उत्त ४)। °**साला** स्त्री [°**शाला**] व्यायाम-शाला, कसरत-शाला ; (औप; कप्प)।

अट्टण न [**अटन**] परिभ्रमण ; (धर्म ३)।

अट्टमट्ट पुं [**दे**] १ आलवाल, कियारी ; (हे २, १७४)। २ अशुभ संकल्प-विकल्प, पाप-संबद्ध अव्यवस्थित विचार ; "अणवट्ठियं मणो जस्स झाइ बहुयाइं अट्टमट्टाइं। तं चितियं च न लहइ, संचिणइ य पावकम्माइं" (उव)।

अट्टय पुं [**अट्टक**] १ हाट, दुकान ; (श्रा १२)। २ पात्र के छिद्र को बन्ध करने में उपयुक्त द्रव्य-विशेष ; (बृह १)।

अट्टयक्कली स्त्री [**दे**] कमर पर हाथ रख कर खड़ा रहना ; (पाअ)।

अट्टहास पुं [**अट्टहास**] बहुत हँसना, खिलखिला कर हँसना; (पि २७१)।

अट्टालग } पुंन [**अट्टालक**] महल का उपरि-भाग, अटारी ;
अट्टालय } (सम १३७ ; पउम २, ६)।

अट्टि स्त्री [**आर्ति**] पीड़ा, दुःख ; (आचा)।

अट्टिय वि [**आर्तित**] शोकादि से पीडित "अट्टा अट्टिय- चित्ता, जह जीवा दुक्खसागरमुवेंति" (औप)।

अट्टिय वि [**अर्दित**] व्याकुल, व्यग्र "अट्टदुहट्टियचित्ता" (औप)।

अट्ठ पुंन [**अर्थ**] १ वस्तु, पदार्थ ; (उवा २ ; अच्चु) ; "अट्ठदंसी" (सूअ १, १४) "अट्ठाइं, हेऊइं, पसिणाइं" (भग २, १)। २ विषय "इंदियट्ठा" (ठा ६)। ३ शब्द का अभिधेय, वाच्य ; (सूअ १, ६)। ४ मतलब, तात्पर्य ; (विपा २,१ ; भास १८)। ५ तत्त्व, परमार्थ "तुब्भेत्थ भो भारहरा गिराणं, अट्ठं न याणाह अहिज्ज वेए" (उत्त १२, ११)। "इओ चुएसु दुहमट्ठदुग्गं" (सूअ १, १०, ६)। ६ प्रयोजन, हेतु ; (हे २, ३३)। ७ अभिलाष, इच्छा "अट्ठो भंते ! भोगेहिं, हंता अट्ठो" (णाया १, १६ ; उत्त ३)। ८ उद्देश्य, लक्ष्य ; (सूअ १, २, १)। ९ धन, पैसा ; (श्रा १४; आचा)। १० फल, लाभ "अट्ठजुत्ताणि सिक्खेज्जा णिरट्ठाणि उ वज्जए" (उत्त १)। ११ मोक्ष, मुक्ति ; (उत्त १)। °**कर** पुं [°**कर**]। १ मंत्री ; २ निमित्त शास्त्र का विद्वान् ; (ठा ४, ३)। °**जाय** वि (**जातार्थ**) जिसकी आवश्यकता हो, जिसका प्रयोजन हो वह "अट्ठेण जस्स कज्जं संजातं एस अट्ठजाओ य" (वव २)। °**जाय** वि [°**याच**] धनार्थी, धन की चाह वाला ; (वव २)। °**सइय** वि [°**शतिक**] सौ अर्थवाला, जिसका सौ अर्थ हो सके ऐसा (वचन आदि); जं २)। °**सेण** पुं [°**सेन**] देखो **अट्ठिसेण**। देखो **अत्थ=अर्थ**।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अट्ठ वि.ब. [**अष्टन्**] संख्या-विशेष, आठ, ८ ; (जी ४१)। **°चत्ताल** वि [**°चत्वारिंश**] अठतालीसवाँ ; (पउम ४८, १२६)। **°चत्तालीस** वि [**°चत्वरिंशत्**] अठतालीस ; (पि ४४५)। **°ट्ठमिया** स्त्री [**°ष्टमिका**] जैन साधुओं का ६४ दिन का एक व्रत, प्रतिमा-विशेष; (सम ७७)। **°तालीस** वि [**°चत्वारिंशत्**] अठतालीस; (नाट)। **°तीस** वि [**°त्रिंशत्**] संख्या-विशेष, अठतीस ; (सम ६५; पि ४४२; ४४५)। **°तीसइम** वि [**°त्रिंश**] अठतीसवाँ ; (पउम ३८, ५८)। **°त्तरि** स्त्री [**°सप्तति**] अठत्तर, ७८ की संख्या ; (पि ४४६)। **°त्तीस** वि [**°त्रिंशत्**] अठतीस ; (सुपा ६५६ ; पि ४४५)। **°दस** वि [**°दशन्**] अठारह, १८ ; (संति ३)। **°दसुत्तरसय** वि [**°दशोत्तरशत**] एक सौ अठारहवाँ ; (पउम ११८, १२०)। **°दह** त्रि [**°दशन्**] अठारह, १८ की संख्या ; (पिंग)। **°पएसिय** वि [**प्रदेशिक**] आठ अवयव वाला ; (ठा १०)। **°पया** स्त्री [**°पदा**] एक वृत्त, छन्द-विशेष ; (पिंग) **°पाहरिअ** वि [**प्राहरिक**] आठ प्रहर संबंधी ; (सुर १५, २१८)। **°भाइया** स्त्री [**°भागिका**] तरल वस्तु नापने का बत्तीस पलों का एक परिमाण ; (अणु)। **°म** न [**°म**] तेला, लगा तार तीन दिनों का उपवास ; (सुर ४, ५५)। **°मंगल** पुंन [**°मङ्गल**] स्वस्तिक आदि आठ मांगलिक वस्तु ; (राय)। **°मभत्त** पुंन [**°मभक्त**] तेला, लगा तार तीन दिनों का उपवास ; (णाया १, १)। **°मभत्तिय** वि [**°मभक्तिक**] तेला करनेवाला ; (विपा २, १)। **°मी** स्त्री [**°मी**] तिथि-विशेष अष्टमी ; (विपा २, १)। **°मुत्ति** पुं [**°मूर्ति**] महादेव, शिव ; (ठा ६)। **°याल** वि [**°चत्वारिंशत्**] अठतालीस ; (भवि)। **°वन्न** वि [**°पञ्चाशत्**] संख्या-विशेष, अट्ठावन, ५८ ; (कम्म १, ३२)। **°वरिस**, **°वारिस** वि [**°वार्षिक**] आठ वर्ष की उम्र का ; (सुर २, १४६ ; ८, १०१)। **°विह** वि [**°विध**] आठ प्रकार का ; (जी २४)। **°वीस** वि [**°विंशति**] अट्ठाईस ; (कम्म १, ५)। **°सट्ठि** स्त्री [**षष्टि**] संख्या-विशेष, अठसठ ; (पि ४४२-६)। **°समइय** वि (°समयिक) जिसकी अवधि आठ 'समय' की हो वह ; (औप)। **°सय** न [**°शत**] एक सौ आठ, १०८; (ठा १०)। **°सहस्स** न [**°सहस्र**] एक हजार और आठ; (औप)। **°सामइय** देखो **°समइय** ; (ठा ८)। **°सिर** वि [**°शिरस्**, **°सिर**] अष्ट-कोण, आठ कोण वाला ; (औप)। **°सेण** पुं [**°सेन**] देखो **अट्ठिसेण**। **°हत्तर** वि [**°सप्ततितम**] अठत्तरवाँ ; (पउम ७८, ५७)। **°हत्तरि** स्त्री [**°सप्तति**] अठत्तर को संख्या, ७८; (सम ८६)। **°हा** अ [**°धा**] आठ प्रकार का ; (पि ४५१)।

°अट्ठ न [**काष्ठ**] काष्ठ, लकड़ी ; (प्रयौ ७४)।

अट्ठंग वि [**अष्टाङ्ग**] जिसका आठ अंग हो वह। **°णिमित्त** न [**°निमित्त**] वह शास्त्र जिसमें भूमि, स्वप्न, शरीर, स्वर आदि आठ विषयों के फलाफल का प्रतिपादन हो ; (सूअ १, १२)। **°महाणिमित्त** न [**°महानिमित्त**) अनन्तर-उक्त अर्थ ; (कप्प)।

अट्ठा स्त्री [**अष्टा**] १ मुष्टि "चउहिं अट्ठाहिं लोयं करेइ" (जं २ ; स १८२)। २ मुट्ठीभर चोज ; (पंचव २)।

अट्ठा स्त्री [**आस्था**] श्रद्धा, विश्वास ; (सूअ २, १)।

अट्ठा स्त्री [**अर्थ**] लिए, वास्ते "तइया य मणी दिव्वो, समप्पिओ जीवरक्खट्ठा" (सुर ६, ६ ; ठा ५, २)। **°दंड** पुं [**°दण्ड**] कार्य के लिए की गई हिंसा ; (ठा ५, २)।

अट्ठाइस वि [**अष्टाविंश**] अठाईसवाँ ; (पिंग)।

अट्ठाइस, **अट्ठाईस** स्त्री [**अष्टा[illegible]**] संख्या-विशेष, अठाईस ; (पिंग; पि ४४[illegible])।

अट्ठाण न [**अस्थान**] १ अ[illegible]य स्थान ; (ठा ६ ; विसे ८४५)। २ कु[illegible] स्थान, वेश्या का मुहल्ला वगैरः ; (वव २)। ३ अयोग्य, गैरव्याजबी "अट्ठाणमेयं कुसला वयंति, दगेण जे सिद्धिमुयाहरंति" (सूअ १, ७)।

अट्ठाण न [**आस्थान**] सभा, सभा-गृह ; (ठा ५, १)।

अट्ठाणउइ स्त्री [**अष्टानवति**] अठाणवे, ६८ ; (सम ६६)।

अट्ठाणउय वि [**अष्टानव[illegible]**] अठाणवाँ, ६८ वाँ ; (पउम ६८, ७८)।

अट्ठाणिय न [**अस्थान**] अपात्र, अनाश्रय। "अट्ठाणिए होइ बहू गुणाणं, जेणाणसंकाइ मुसं वएज्जा" (सूअ १, १३)।

अट्ठायमाण वकृ [**अतिष्ठत्**] नहीं बैठता हुआ ; (पंचा १६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अट्ठार } त्रि. ब. [अष्टादशन्] संख्या-विशेष, अठारह ;
अट्ठारस } (पउम ३५, ७६ ; संति ५)। °विह वि [°विध] अठारह प्रकार का ; (सम ३५)।

अट्ठारसम वि [अष्टादश] १ अठारहवाँ ; (पउम १८, ५८)। २ न. लगा तार आठ दिनों का उपवास ; (णाया १, १)।

अट्ठारसिय वि [अष्टादशिक] अठारह वर्ष की उम्र का ; (वव ४)।

अट्ठारह } देखो अट्ठार ; (षड् ; पिंग)।
अट्ठाराह }

अट्ठावण्ण } स्त्रीन [अष्टापञ्चाशत्] संख्या-विशेष, पचास
अट्ठावन्न } और आठ, ५८ ; (पि २६५ ; सम ७४)।

अट्ठावन्न वि [अष्टापञ्चाश] अठावनवाँ ; (पउम ५८, १६)।

अट्ठावय पुं [अष्टापद] १ स्वनाम-ख्यात पर्वत-विशेष, कैलास ; (पण्ह १, ४)। २ न. एक जात का जुआ ; (पण्ह १, ४)। द्यूत-फलक, जिस पर जुआ खेला जाता है वह ; (पण्ह १, ४)। ४ सुवर्ण, सोना ; (धण ८)। °सेल पुं [°शैल] १ मेरु-पर्वत ; २ स्वनाम-ख्यात पर्वत-विशेष, जहां भगवान् ऋषभदेव निर्वाण पाये थे, "जम्मि तुमं अहिसित्तो, जत्थ य सिवसुक्खसंपयं पत्तो। ते अट्ठावयसेला, सीसामेला गिरिकुलस्स" (धण ८)।

अट्ठावय न [अर्थपद] अर्थ-शास्त्र, संपति-शास्त्र, (सूत्र १, ७; पण्ह १, ४)।

अट्ठावीस स्त्रीन [अष्टाविंशति] अठाईस, २८; (पि ४४२, ४४५)।

अट्ठावीसइ स्त्री [अष्टाविंशति] संख्या-विशेष, अठाईस, २८। °विह वि [°विध] अठाईस प्रकार का, (पि ४५१)।

अट्ठावीसइम वि [अष्टाविंश] १ अठाईसवां ; (पउम २८, १४१)। २ न. तेरह दिनों के लगातार उपवास ; (णाया १, १)।

अट्ठासट्ठि स्त्री [अष्टाषष्टि] संख्या-विशेष, अठसठ, ६८ ; (पिंग)।

अट्ठासि } स्त्री [अष्टाशीति] संख्या-विशेष ; अठासी,
अट्ठासीइ } ८८ ; (पिंग ; सम ७३)।

अट्ठासीय वि [अष्टाशीत] अठासीवाँ; (पउम ८८, ४४)।

अट्ठाह न [अष्टाह] आठ दिन ; (णाया १, ८)।

अट्ठाहिया स्त्री [अष्टाहिका] १ आठ दिनों का एक उत्सव; (पंचा ८)। २ उत्सव ; (णाया १, ८)।

अट्ठि वि [अर्थिन्] प्रार्थी, गरज वाला, अभिलाषी; (आचा)।

अट्ठि } स्त्रीन [अस्थि, °क] १ हड्डी, हाड ; (कुमा;
अट्ठिग } पण्ह १, ३)। २ जिसमें बीज उत्पन्न न
अट्ठिय } हुए हों ऐसा अपरिपक्व फल ; (बृह १)। ३ पुं. कापालिक 'अट्ठी विज्जा कुच्छियभिक्खू' (बृह १; वव २)। °मिंजा स्त्री [°मिञ्जा] हड्डी के भीतर का रस ; (ठा ३, ४)। °सरक्ख पुं [°सरजस्क] कापालिक ; (वव ७)। °सेण न [°षेण] १ वत्स-गोत्र की शाखारूप एक गोत्र; २ पुं. इस गोत्र का प्रवर्तक पुरुष और उसकी संतान ; (ठा ७)।

अट्ठिय वि [अर्थिक] १ गरजू, याचक, प्रार्थी ; (सूत्र १, २, ३)। २ अर्थ का कारण, अर्थ-संबन्धी ; ३ मोक्ष का हेतु, मोक्ष का कारण-भूत "पसन्ना लाभइस्संति विउलं अट्ठियं सुयं" (उत्त १)।

अट्ठिय वि [आर्थिक] १ अर्थ का कारण, अर्थ-संबन्धी, २ मोक्ष का कारण ; (उत्त १)।

अट्ठिय वि [अर्थित] अभिलषित, प्रार्थित ; (उत्त १)।

अट्ठिय वि [अस्थित] १ अव्यवस्थित, अनियमित ; (पण्ह १, ३)। २ चंचल, चपल ; (से २, २४)।

अट्ठिय वि [आस्थिक] हड्डी-संबन्धी, हाड का, "अट्ठियं रसं सुणआ" (भत्त १४२)।

अट्ठिय वि [अस्थित] स्थित, रहा हुआ , (से १, ३५)।

अट्ठुत्तर वि [अष्टोत्तर] आठ से अधिक ; (औप)। °सय न [°शत] एक सौ और आठ; (काल)। °सय वि [°शततम] एक सौ आठवां ; (पउम १०८, ५०)।

अठ } देखो अट्ठ=अष्टन् ; (पिंग; पि ४४२; १४६ ; भग;
अड } सम १३४)।

अड सक [अट्] भ्रमण करना, फिरना "अडंति संसारे" (पण्ह १, १)। वकृ—अडमाण ; (णाया १,१४)।

अड पुं [अवट] १ कूप, इनारा ; (पात्र)। २ कूप के पास पशुओं के पानी पीने के लिये जो गर्त किया जाता है वह ; (हे १, २७१)।

°अड देखो तड=तट ; (गा ११७ ; से १, ५५)।

अडइ } स्त्री [अटवि, °वी] भयानक जंगल, वन ; (सुपा
अडई } १८१, नाट)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अडडज्झिय न [**दे**] विपरीत मैथुन ; (दे १, ४२) ।

अडखम्म सक [**दे**] सँभालना, रक्षण करना । कर्म— "अडखम्मिज्जंति सवरिआहि वणे " (दे १, ४१) ।

अडखम्मिअ वि [**दे**] सँभाला हुआ, रक्षित ; (दे १, ४१) ।

अडड न [**अटट**] 'अटटांग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (ठा ३, ४) ।

अडडंग न [**अटटाङ्ग**] संख्या-विशेष, 'तुडिय' या 'महातुडिय' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (ठा ३, ४) ।

अडण न [**अटन**] भ्रमण, घूमना ; (ठा ६) ।

अडणी स्त्री [**दे**] मार्ग, रास्ता ; (दे १, १६) ।

अडपल्लण न [**दे**] वाहन-विशेष ; (जीव ३) ।

अडयणा } **अडया** } स्त्री [**दे**] कुलटा, व्यभिचारिणी स्त्री ; (दे १, १८; पाअ; गा २७४ ; ६६२ ; वज्जा ८६) ।

अडयाल न [दे] प्रशंसा, तारीफ ; (पण्ण २) ।

अडयाल } **अडयालीस** } स्त्रीन [**अष्टचत्वारिंशत्**] अठतालीस, ४८ की संख्या ; (जीव ३; सम ७०) ।

°**सय** न [°**शत**] एक सौ और अठतालीस, १४८ ; (कम्म २, २५) ।

अडवडण न [**दे**] स्खलना, रुक २ चलना, " तुरयावि परिस्संता अडवडणं काउमारद्धा " (सुपा ६४५) ।

अडवि } **अडवी** } स्त्री [**अटवि**, °**वी**] भयंकर जंगल, गहरा वन; (पराह १, १; महा) ।

अडसट्ठि स्त्री [**अष्टषष्टि**] अठसठ ; (पि ४४२) । °**म** वि [**तम**] अठसठवाँ ; (पउम ६८, ५१) ।

अडाड पुं [**दे**] बलात्कार, जबरदस्ती ; (दे १, १६) ।

अडिल्ल पुं [**अटिल**] एक जात का पक्षी ; (पण्ण १) ।

अडिल्ला स्त्री [**अडिल्ला**] छन्द-विशेष ; (पिंग) ।

अडोलिया स्त्री [**अटोलिका**] १ एक राज-पुत्री, जो यवराज की पुत्री और गर्दभराज की बहिन थी ; २ मूषिका, चूही ; (बृह १) ।

अडोविय वि [**अटोपित**] भरा हुआ ; (पराह १, ३) ।

अड्ड वि [**दे**] जो आड़े आता हो, बीच में बाधक होता हो वह, " सो कोहाडओ अड्डो आवडिओ " (उप १४६ टी) ।

अड्डक्ख सक [**क्षिप्**] फेंकना, गिराना । अड्डक्खइ ; (हे ४, १४३; षड्) ।

अड्डक्खिय वि [**क्षिप्त**] फेंका हुआ ; (कुमा) ।

अड्डण न [**अड्डन**] १ चर्म, चमड़ा ; २ ढाल, फलक "नवमुग्गवणणअड्डणढक्किआजाणुभीसणसरीरा" (सुर २,५) ।

अड्डिया स्त्री [**अड्डिका**] मल्लों की क्रिया-विशेष ; (विसे ३३५७) ।

अड्ढ देखो **अद्ध=अर्ध** ; (हे २, ४१; चंद १०; सुर ६, १२६; महा) ।

अड्ढ वि [**आढ्य**] १ संपन्न, वैभव-शाली, धनी ; (पाअ; उवा) । २ युक्त, सहित ; (पंचा १२) । ३ पूर्ण, परिपूर्ण " विगुणमवि गुणड्ढं " (प्रासू ७१) ।

अड्ढअक्कली स्त्री [**दे**] देखो **अट्टयक्कली**; (दे १,४५) ।

अड्ढत्त वि [**आरब्ध**] शुरू किया हुआ, प्रारब्ध ; (से १३, ६) ।

अड्ढाइज्ज } **अड्ढाइय** } वि [**अर्धतृतीय**] ढ़ाई ; (सम १०१; सुर १, ४४; भवि; विसे १४०१) ।

°**अड्ढिय** वि [**कृष्ट**] खींचा हुआ ; (से ५, ७२) ।

अड्ढुट्ठ वि [**अर्धचतुर्थ**] साढ़े तीन ; " अड्ढुट्ठाइं सयाइं" (पि ४५०) ।

अड्ढेज्ज न [**आढ्यत्व**] धनिपन, श्रीमंताई ; (ठा १०) ।

अड्ढेज्जा स्त्री [**आढ्यज्या**] श्रीमंत ने किया हुआ सत्कार ; (ठा १०) ।

अड्ढोरुग पुं (**अर्धोरुक**] जैन साध्वीओं के पहननेका एक वस्त्र ; (ओघ ३१५) ।

अढ (अप) देखो **अट्ठ=अष्टन्** ; (पि ६७; ३०४; ४४२; ४४५) ।

अढाइस (अप) स्त्रीन [**अष्टाविंशति**] संख्या-विशेष, अठाईस, २८ ; (पि ४४५) ।

अढारसम देखो **अट्ठारसम**; (भग १८; णाया १ १८) ।

अण अ [**अ°, अन्°**] देखो **अ°**; (हे २, १९०; से ११ ६४) ।

अण सक [**अण्**] १ अवाज करना । २ जाना । ३ जानना । ४ समझाना । अणइ ; (विसे ३४४१) ।

अण पुं [**अण**] १ शब्द, अवाज ; २ गमन, गति ; (विसे ३४४०) । ३ कषाय, क्रोध आदि आन्तर शत्रु ; (विसे १२८७) । ४ गाली, आक्रोश अभिशाप ; (तंदु) । ५ न. पाप ; (पराह १, १) । ६ कर्म ; (आचा) । ७ वि. कुत्सित, खराब ; (विसे २७६७ टी) ।

अण पुं [**अन**] देखो **अणंताणुबंधि** ; (कम्म २, ५; १४;२६) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अण पुं [**अनस्**] शकट, गाड़ी ; (धर्म २) ।

अण देखो **अण्ण**=अन्य " अणहिअअ।वि पिआणं " (से ११, १६; २०) ।

अण न [**ऋण**] १ करजा, ऋण ; (हे १, १४१) । २ कर्म ; (उत्त १) । °**धारग** वि [°**धारक**] करजदार, ऋणी ; (णाया १, १७) । °**बल** वि [°**बल**] उत्तमर्ण, लेनदार; (पण्ह १, २) । ° **भंजग** वि [°**भञ्जक**] देउलिया ; (पण्ह १, ३) ।

°**अण** देखो **गण** ; (से ६, ६६) ।

°**अण** देखो **जण** ; " अणणं महिलाअणं रमंतस्स " (गा ४४) ; " गुरुअणपरवस पिअ किं (काप्र ६१) ; " दास-अणाणं " (अच्चु ३२) ।

अण देखो **तण**; (से ६, ६६) ।

°**अणअरद** देखो **अगवरय** ; (नाट) ।

अणइवर वि [**अनतिवर**] जिससे बढ़कर दूसरा न हो, सर्वोत्तम ; " अच्छराओ........अणइवरसोमचारुरूवाओ " (औप) ।

अणईइ वि [**अनीति**] ईति-रहित, शलभादि-कृत उपद्रव से रहित " अणईइपत्ता " (औप) ।

अणंग पुं [**अनङ्ग**] १ काम, विषयाभिलाष, रमणेच्छा; (श्रा १६; आव ६) । २ कामदेव, मन्मथ ; (गा २३३; गउड; कप्पू) । ३ एक राजकुमार, जो आनन्दपुर के राजा जितारि का पुत्र था ; (गच्छ २) । ४ न. विषय-सेवन के मुख्य अंगों के अतिरिक्त स्तन, कुक्षि, मुख आदि अंग; (ठा ५, २) । ५ बनावटी लिंग आदि; (ठा ५.२) । ६ बारह अंग-ग्रन्थों से भिन्न जैन शास्त्र; (विसे ८४४) । ७ वि. शरीर-रहित, अंग-हीन, मृत ; " पहरइ कह णु अणंगो, कह णु हु विंधंति कोसुमा बाणा" (गउड); "पईव-मज्झे पडई पयंगो, रूवाणुरत्तो हवई अणंगो " (सत्त ४८) । °**घरिणी** स्त्री [°**गृहिणी**] रति, कामदेव की पत्नी ; (सुपा ६६७) । °**पडिसेविणी** स्त्री [°**प्रतिषेविणी**] अमर्यादित रीति से विषय-सेवन करनेवाली स्त्री; (ठा ५, २) । °**पविट्ठ** न [°**प्रविष्ट**] बारह अंग-ग्रन्थों से भिन्न जैन ग्रन्थ; (विसे ५२७) । °**बाण** पुं [°**बाण**] काम के बाण ; (गा ७४८) । °**लवण** पुं [°**लवन**] रामचन्द्रजी का एक पुत्र, लव; (पउम ९७,९) । °**सर** पुं [°**शर**] काम के बाण; (गा १०००) । °**सेणा** स्त्री [°**सेना**] द्वारका की एक विख्यात गणिका ; (णाया १, ५; १६) ।

अणंत पुं [**अनन्त**] चालु अवसर्पिणी काल के चौदहवें तीर्थंकर-देव " विमलमणंतं च जिणं " (पडि) । २ विष्णु, कृष्ण ; (पउम ५, १२२) । ३ शेष नाग ; (से ९, ८९) । ४ जिसमें अनन्त जीव हों ऐसी वनस्पति, कन्द-मूल वगैरः ; (ओघ ४१) । ५ न. केवल-ज्ञान ; (णाया १, ८) । ६ आकाश ; (भग २०, २) । ७ वि. नाश-वर्जित, शाश्वत ; (सूअ १,१,४ ; पण्ह १, ३) । ८ निःसीम, अपरिमित, असंख्य से भी कहीं अधिक ; (विसे)। ९ प्रभूत, बहुत, विशेष ; (प्रासू २६ ; ठा ४, १) । °**काइय** वि [°**कायिक**] अनन्त जीव वाली वनस्पति, कन्द-मूल आदि ; (धर्म २) । °**काय** पुं [°**काय**] कन्द-मूल आदि अनन्त जीव वाली वनस्पति ; (पण्ण १)। °**खुत्तो** अ [°**कृत्वस्**] अनन्त वार ; (जी ४४) । °**जीव** पुं [°**जीव**] देखो °**काइय** ; (पण्ण १) । °**जीविय** वि [°**जीविक**] देखो °**काइय** ; (भग ८,३) । °**णाण** न [°**ज्ञान**] केवल-ज्ञान ; (दस २) । °**णाणि** वि [°**ज्ञानिन्**] केवल-ज्ञानी, सर्वज्ञ ; (सूअ १, ६) । °**दंसि** वि [°**दर्शिन्**] सर्वज्ञ ; (पउम ४८, १०५) । °**पासि** वि [°**दर्शिन्**] ऐरवत क्षेत्र के बीसवें जिन-देव ; (तित्थ) । °**मिस्सिया** स्त्री [°**मिश्रिका**] सत्य-मिश्र भाषा का एक भेद ; जैसे अनन्तकाय से भिन्न प्रत्येक-वनस्पति से मिली हुई अनन्तकाय को भी अनन्तकाय कहना ; (पण्ण ११) । °**मीसय** न [°**मिश्रक**] देखो °**मिस्सिया**; (ठा १०) । °**रह** पुं [°**रथ**] विख्यात राजा दशरथ के बड़े भाईका नाम; (पउम २२,१०१)। °**विजय** पुं [°**विजय**] भरतक्षेत्र के २४ वें और ऐरवत क्षेत्र के बीसवें भावि तीर्थंकर का नाम ; (सम १५४)। °**वीरिय** वि [°**वीर्य**] १ अनन्त बल वाला । २ पुं. एक केवलज्ञानी मुनि का नाम ; (पउम १४, १५८) । ३ एक ऋषि, जो कार्तवीर्य के पिता थे ; (आचू १)। ४ भरतक्षेत्र के एक भावि तीर्थंकर का नाम; (ती २१) । °**संसारिय** वि [°**संसारिक**] अनन्त काल तक संसार में जन्म-मरण पानेवाला; (उप ३८४) । °**सेण** पुं [°**सेन**] १ चौथा कुलकर ; (सम १५०) । २ एक अन्तकृद् मुनि ; (अंत ३) ।

अणंतइ पुं [**अनन्तजित्**] चालु काल के चौदहवें जिन-देव; (पउम ५, १४८) ।

अणंतग } १ देखो **अणंत**; (ठा ५, ३) । २ न. वस्त्र-विशेष;
अणंतय } (ओघ ३९) । ३ पुं. ऐरवत क्षेत्र के एक जिनदेव;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(सम १५३)।

अणंतर वि [**अनन्तर**] १ व्यवधान-रहित, अव्यवहित "अणंतरं चयं चइत्ता" (णाया १, ८)। २ पुं. वर्तमान समय; (ठा १०)। ३ क्रिवि. बाद में, पीछे, (विपा १, १)।

अणंतरहिय वि [**अनन्तर्हित**] १ अव्यवहित, व्यवधान-रहित; (आचा)। २ सजीव, सचित्त, चेतन; (निचू ७)।

अणंतसो अ [**अनन्तशस्**] अनन्त वार; (दं ४५)।

अणंताणुबंधि पुं [**अनन्तानुबन्धिन्**] अनन्त काल तक आत्मा को संसार में भ्रमण कराने वाले कषायों की चार चौकडियो में प्रथम चौकड़ी, अतिप्रचंड क्रोध, मान, माया और लोभ; (सम १६)।

अणक्क पुं [**दे**] १ एक म्लेच्छ देश; २ एक म्लेच्छ जाति; (पण्ह १, १)।

अणक्ख पुं [**दे**] १ रोष, गुस्सा, क्रोध; (सुपा १३; १३०; ६१४; भवि)। २ लज्जा; (स ३७६)।

अणक्खर न [**अनक्षर**] श्रुत-ज्ञान का एक भेद—वर्ण के बिना संपर्क के, छींकना, चुटकी बजाना, सिर-हिलाना आदि संकेतों से दूसरे का अभिप्राय जानना; (णंदि)।

अणगार वि [**अनगार**] १ जिसने घर-बार त्याग किया हो वह, साधु, यति, मुनि; (विपा १, १; भग १७, ३)। २ घर-रहित, भिक्षुक, भीखमँगा; (ठा ६)। ३ पुं. भरतक्षेत्र के भावी पांचवें तीर्थंकर का एक पूर्वभवीय नाम; (सम १५४)। °**सुय** न [°**श्रुत**] 'सूत्रकृतांग' सूत्र का एक अध्ययन; (सुअ २, ५)।

अणगार वि [**ऋणकार**] १ करजा करनेवाला; २ दुष्ट शिष्य, अपात्र; (उत्त १)।

अणगार वि [**अनाकार**] आकृति-शून्य, आकार-रहित "उवलंभव्ववहाराभावओ नाणगारं च" (विसे ६५)।

अणगारि पुं [**अनगारिन्**] साधु, यति, मुनि; (सम ३७)।

अणगारिय वि [**अनगारिक**] साधु-संबन्धी, मुनि का; (विसे २६७३)।

अणगाल पुं [**अकाल**] दुर्भिक्ष, अकाल; (बृह ३)।

अणगिण पुं [**अनग्न**] १ जो नंगा न हो, वस्त्रों से आच्छादित। २ कल्पवृक्ष की एक जाति, जो वस्त्र देता है; (तंदु)।

अणग्घ वि [**ऋणघ्न**] ऋण-नाशक, कर्म-नाशक; (दंस)।

अणग्घ, **अणग्घेय** } वि [**अनर्घ्य**] १ अमूल्य, बहुमूल्य, किंमती; (आव ४) "रयणाइं अणग्घेयाइं हुंति पंचप्पयारवण्णाइं" (उप ५६७ टी; स ८०)। २ महान, गुरु; ३ उत्तम, श्रेष्ठ; "तं भगवंतं अणग्घं नियसत्तीए अणग्घभत्तीए, सक्कारेमि" (विवे ६५; ७१)।

अणघ वि [**अनघ**] शुद्ध, निर्मल, स्वच्छ; (पंचव ४)।

अणच्छ देखो **करिस=कृष्**। अणच्छइ; (हे ४, १८७)।

अणच्छिआर वि [**दे**] अच्छिन्न, नहीं छेदा हुआ; (दे १,४४)।

अणज्ज वि [**अन्याय्य**] अयोग्य, जो न्याय-युक्त नहीं; (पण्ह १, १)।

अणज्ज वि [**अनार्य**] आर्य-भिन्न, दुष्ट, खराब, पापी; (पण्ह १, १; अभि १२३)।

अणज्जव (अप) ऊपर देखो। °**खंड** पुं [°**खण्ड**] अनार्य देश, (भवि ३१२, २)।

अणज्झवसाय पुं [**अनध्यवसाय**] अव्यक्त ज्ञान, अति सामान्य ज्ञान; (विसे ६२)।

अणज्झाय पुं [**अनध्याय**] १ अध्ययन का अभाव; २ जिसमें अध्ययन निषिद्ध है वह काल; (नाट)।

अणट्ट वि [**अनार्त**] आर्त-ध्यान से रहित; "अणट्टा किति पव्वए" (उत्त १८, ५०)।

अणट्ठ पुं [**अनर्थ**] १ नुकसान, हानि; (णाया १, ६; उप ६ टी)। २ प्रयोजन का अभाव; (आव ६)। ३ वि. निष्कारण, वृथा, निष्फल; (निचू १; पण्ह २, १)। °**दंड** पुं [**दण्ड**] निष्कारण हिंसा, बिना ही प्रयोजन दूसरे की हानि; (सुअ २, २)।

अणड पुं [**दे**] जार, उपपति; (दे १, १८; षड्)।

अणड्ढ वि [**अनर्ध**] विभाग-रहित, अखण्ड; (ठा ३, ३)

अणण्ण वि [**अनन्य**] १ अभिन्न, अपृथग्भूत; (निचू १)। २ मोक्ष-मार्ग "अणण्णं चरमाणे से ण छणे ण छणावए" (आचा)। ३ असाधारण, अद्वितीय; (सुपा १८६; सुर १, ७)। °**तुल्ल** वि [°**तुल्य**] असाधारण, अनुपम; (उप ६४८ टी)। °**दंसि** वि [°**दर्शिन्**] पदार्थ को सत्य २ देखने वाला; (आचा)। °**परम** वि [°**परम**] संयम, इन्द्रिय-निग्रह "अणण्णपरमे णाणी, णो पमाए कयाइवि" (आचा)। °**मण**, °**मणस** वि [°**मनस्क**] एकाग्र चित्त वाला, तल्लीन; (औप; पउम ६, ६३)। °**समाण** वि [°**समान**] असाधारण, अद्वितीय; (उप ५६७ टी)।

अणत्त वि [**अनात्त**] अगृहीत, अस्वीकृत (ठा २, ३)।

अणत्त वि [**अनार्त्त**] अपीडित "दव्वावइमाईसुं अत्तमणत्तो गवेसणं कुणइ" (वव १)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अणत्त वि [**ऋणार्त्त**] ऋण से पीडित ; (ठा ३, ४) ।

अणत्त वि [**अनात्र**] दुःखकर, सुख-नाशक "णेरइआणं भंते ! किं अत्ता पोग्गला अणत्ता वा" (भग १४, ६) ।

अणत्त न [**दे**] निर्माल्य, देवोच्छिष्ट द्रव्य ; (दे १, १०) ।

अणत्थ देखो **अणट्ठ** ; (पउम ६२, ४ ; श्रा २७ ; सण) ।

अणथंत वकृ [**अतिष्ठत्**] १ नहीं रहता हुआ ; २ अस्त होता हुआ "अणथंते दिवसयरे जो चयइ चउव्विहंपि आहारं" (पउम १४, १३४) ।

अणन्न देखो **अणण्ण** ; (सुपा १८६ ; सुर १, ७ ; पउम ६, ६३) ।

अणपन्निय देखो **अणवण्णिय** ; (भग १०, २) ।

अणप्प वि [**अनर्प्य**] अर्पण करने को अयोग्य या अशक्य ; (ठा ६) ।

अणप्प वि [**अनल्प**] अधिक, बहुत ; (औप) ।

अणप्प पुं [**अनात्मन्**] निजसे भिन्न, आत्मा से पर ; (पउम ३७, २२) । °**ज्ज** वि (°**ज्ञ**) १ निर्बोध, मूर्ख ; २ पागल, भूताविष्ट, पराधीन ; (निचू १) । °**वसग** वि [°**वश**] परवश, पराधीन ; (पउम ३७,२२) ।

अणप्प पुं [**दे**] खड्ग, तलवार ; (दे १, १२) ।

अणप्पिय वि [**अनर्पित**] १ नहीं दिया हुआ ; २ साधारण, सामान्य, अविशेषित ; (ठा १०) । °**णय** पुं [°**नय**] सामान्य-ग्राही पक्ष ; (विसे) ।

अणब्भंतर वि [**अनभ्यन्तर**] भीतरी तत्व को नहीं जानने वाला, रहस्य-अनभिज्ञ "अणब्भंतरा खु अम्हे मदणगदस्स वुत्तंतस्स" (अभि ६१) ।

अणभिग्गह न [**अनभिग्रह**] "सर्वे देवा वन्द्याः" इत्यादिरूप मिथ्यात्व का एक भेद ; (श्रा ६) ।

अणभिग्गहिय न [**अनभिग्रहिक**] ऊपर देखो ; (ठा २, १) ।

अणभिग्गहिय वि [**अनभिगृहीत**] १ कदाग्रह-शून्य ; (श्रा ६) २ अस्वीकृत ; (उत २८) ।

अणभिण्ण } वि [**अनभिज्ञ**] अजान, निर्बोध ; (अभि
अणभिन्न } १७४ ; सुपा १६८) ।

अणभिलप्प वि [**अनभिलाप्य**] अनिर्वचनीय, जो वचन से न कहा जा सके ; (लहुअ ७) ।

अणमिस वि [**अनिमिष**] १ विकसित, खुला हुआ ; (सुर ३, १४३) । २ निमेष-रहित, पलक-वर्जित ; (सुपा ३५४) ।

अणय पुं [**अनय**] अनीति, अन्याय ; (श्रा २७ ; स ५०१) ।

अणयार देखो **अणगार** ; (पउम ०१, ७) ।

अणरण्ण पुं [**अनरण्य**] साकेतपुर का एक राजा, जो पीछे से ऋषि हुआ था ; (पउम १०, ८७) ।

अणरह } वि [**अनर्ह**] अयोग्य, नालायक ; (कुमा) ;
अणरिह } "गावि दिज्जंति अणरिहे, अणरिहत्ते तु इमो
अणरुह } होइ" (पंचभा) ।

अणरहू स्त्री [**दे**] नवोढ़ा, दुलहिन ; (षड्) ।

अणरामय पुं [**दे**] अरति, बेचैनी ; (दे १, ४५ ; भवि) ।

अणराय वि [**अराजक**) राज-शून्य, जिसमें राजा न हो वह ; (बृह १) ।

अणराह पुं (**दे**) सिर में पहनी जाती रंग-बेरंगी पट्टी ; (दे १, २४) ।

अणरिक्क वि [**दे**] अवकाश-रहित, फुरसद-वर्जित ; (दे १,२०) । २ दधि, क्षीर आदि गोरस भोज्य ; (निचू १६) ।

अणरिह } वि [**अनर्ह**] अयोग्य, अ-लायक ; (णाया
अणरुह } १, १) ।

अणल पुं [**अनल**] १ अग्नि, आग ; (कुमा) । २ वि. असमर्थ ; ३ अयोग्य "अणलो अपच्चलोत्ति य होंति अजोगो व एगट्ठा" (निचू ११) ।

अणव वि [**ऋणवत्**] १ करजदार ; २ पुं. दिवस का छव्वीसवाँ मुहूर्त ; (चंद) ।

अणवकय वि [**अनपकृत**] जिसका अपकार न किया गया हो वह ; (उव) ।

अणवगल्ल वि [**अनवग्लान**] ग्लानि-रहित, नीरोग, "सड्ढस्स अणवगल्लस्स निरुवकिट्ठस्स, जंतुणो। एगे ऊसासनीसासे एस पाणुत्ति वुच्चइ" (ठा २, ४) ।

अणवच्च वि [**अनपत्य**] सन्तान-रहित, निर्वंश ; (सुपा २५६) ।

अणवज्ज न [**अनवद्य**] १ पाप का अभाव, कर्म का अभाव ; (सूअ १, १, २) । २ वि. निर्दोष, निष्पाप ; (षड्) ।

अणवज्ज वि [**अनवर्ज्य**] ऊपर देखो ; (विसे) ।

अणवट्ठप्प वि [**अनवस्थाप्य**] १ जिसको फिरसे दीक्षा न दी जा सके ऐसा गुरु अपराध करनेवाला ; (बृह ४) । २ न. गुरु प्रायश्चित्त का एक भेद ; (ठा ३ ४) ।

अणवट्ठिय वि [**अनवस्थित**] १ अव्यवस्थित, अनियमित ;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(प्रासू १३७; सुर ४,७६)। २ चंचल, अस्थिर "अणव-ट्ठियं च चित्तं" (सुर १२, १३८)। ३ पल्य-विशेष, नाप-विशेष; (कम्म ४, ७३)।

अणवण्णिय पुं [अणपन्निक, अणपर्णिक] वानव्यंतर देवों की एक जाति; (पण्ह १, ४; भग १०, २)।

अणवत्थ वि [अनवस्थ] अव्यवस्थित, अनियमित असमंजस; (दे १, १३६)।

अणवत्था स्त्री [अनवस्था] १ अवस्था का अभाव; (उव)। २ एक तर्क-दोष; (विसं)। ३ अव्यवस्था; "जणणी जायइ जाया, जाया माया पिया य पुत्तो य। अणवत्था संसारे, कम्मवसा सव्वजीवाणं" (विवे १०७)।

अणवदग्ग वि [दे] १ अनन्त, अपरिमित, निस्सीम; (भग १, १)। २ अविनाशी (सूअ २, ५)।

अणवन्निय देखो **अणवण्णिय**; (औप)।

अणवयग्ग देखो **अणवदग्ग**; (सम १२५; पण्ह १, ३; प्राप)।

अणवयमाण वक्र [अनपवदत्] १ अपवाद नहीं करता हुआ। २ सत्यवादी; (वव ३)।

अणवरय वि [अनवरत] १ सतत, निरन्तर, अविच्छिन्न; २ न. सदा, हमेशाँ; (गा २८०; सुपा ६)।

अणवराइस (अप) वि [अनन्यादृश] असाधारण, अद्वितीय; (कुमा)।

अणवसर वि [अनवसर] आकस्मिक, अचिन्तित; (पाअ)।

अणवाह वि [अबाध] बाधा-रहित, निर्बाध; (सुपा २६८)।

अणवेक्खिय वि [अनपेक्षित] उपेक्षित, जिसकी परवा न हो।

अणवेक्खिय वि [अनवेक्षित] १ नहीं देखा हुआ; २ अविचारित, नहीं सोचा हुआ। °**कारि** वि (°**कारिन्**) साहसिक। °**कारिया** स्त्री (°**कारिता**) साहस कर्म; (उप ७६८ टी)।

अणसण न [अनशन] आहार का त्याग, उपवास; (सम ११६)।

अणसिय वि [अनशित] उपोषित, उपवासी; (आवम)।

अणह वि [अनघ] निर्दोष, पवित्र; (औप; गा २७२; से ६, ३)।

अणह वि [दे] अक्षत, क्षति-रहित, व्रण-शून्य; (दे १, १३; सुपा ६, ३३; सण)।

अणह न [अनभस्] भूमि, पृथिवी; (से ६, ३)।

अणहप्पणय वि [दे] अनष्ट, विद्यमान; (दे १,४८)।

अणहवणय वि [दे] तिरस्कृत, भर्त्सित; (षड्)।

अणहारय पुं [दे] खल, खला, जिसका मध्य-भाग नीचा हो वह जमीन; (दे १, ३८)।

अणहिअअ वि [अहृदय] हृदय-रहित, निष्ठुर, निर्दय; (प्राप; गा ४१)।

अणहिगय वि [अनधिगत] १ नहीं जाना हुआ। २ पुं. वह साधु, जिसको शास्त्रों का पूरा ज्ञान न हो, अगीतार्थ; (वव १)।

अणहिण्ण देखो **अणभिण्ण**; (प्राप)।

अणहियास वि [अनध्यासक] असहिष्णु, सहन नहीं करने वाला; (उव)।

अणहिल } न [अणहिल्ल] गुजरात देश की प्राचीन राज-
अणहिल्ल } धानी, जो आजकल 'पाटन' नाम से प्रसिद्ध है; (ती २६; कुमा)। °**वाडय** न [**पाटक**] देखो **अणहिल**; (गु १०; मुणि १०८८८)।

अणहीण वि [अनधीन] स्वतन्त्र, अनायत्त; (संग १६१)।

अणाइ वि [अनादि] आदि-रहित, नित्य; (सम १२५)। °**णिहण, निहण** वि [°**निधन**] आद्यन्त-वर्जित, शाश्वत; (उव; सम्म ६५; आव ४)। °**मंत**, °**वंत** वि [**मत्**] अनादि काल से प्रवृत्त; (पउम ११८, ३२; भवि)।

अणाइज्ज वि [अनादेय] १ अनुपादेय, ग्रहण करने को अयोग्य। २ नाम-कर्म का एक भेद, जिसके उदय से जीव का वचन, युक्त होने पर भी, ग्राह्य नहीं समझा जाता है; (कम्म १, २७)।

अणाइय वि [अनादिक] आदि-रहित, नित्य; (सम १२५)।

अणाइय वि [अज्ञातिक] स्वजन-रहित, अकेला; (भग १, १)।

अणाइय वि [अणातीत) पापी, पापिष्ठ; (भग १, १)।

अणाइय पुं [ऋणातीत] संसार, दुनयां; (भग १, १)।

अणाइय वि [अनादृत] जिसका आदर न किया गया हो वह; (उप ८३३ टी)।

अणाइल वि [अनाविल] १ अकलुषित, निर्मल; (पण्ह २, १)।

अणाईअ देखो **अणाइय**; (उप १०३१ टी; पि ७०)।

अणाउ } पुं [अनायुष्क] १ जिन-देव; (सूअ १, ६)।
अणाउय } २ मुक्तात्मा, सिद्ध; (ठा १)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अणाउल वि [**अनाकुल**] अव्याकुल, धीर ; (सूअ १, २, २ ; णाया १, ८) ।

अणाउत्त वि [**अनायुक्त**] उपयोग-शून्य, बे-ख्याल, असावधान ; (औप) ।

अणाएज्ज देखो **अणाइज्ज** ; (सम १५६) ।

अणागय पुं [**अनागत**] १ भविष्य काल,
"अणागयमपस्संता, पच्चुप्पन्नगवेसगा ।
ते पच्छा परितप्पंति, खीणे आउम्मि जोव्वणे" (सूअ १,३,४)। २ वि. भविष्य में होनेवाला ; (सुअ १, २) । °**द्धा** स्त्री [°द्धा) भविष्य काल ; (नव ४२) ।

अणागलिय वि [**अनर्गलित**] नहीं रोका हुआ ; (उवा)।

अणागलिय वि [**अनाकलित**] १ नहीं जाना हुआ, अलक्षित ; (णाया १, ६) । २ अपरिमित "अणागलियतिव्वचंडरोसं सप्परूवं विउव्वइ" (उवा) ।

अणागार वि [**अनाकार**] १ आकार-रहित, आकृति-शून्य; (ठा १०) । २ विशेषता-रहित ; (कम्म ४, १२) । ३ न. दर्शन, सामान्य ज्ञान ; (सम ६५) ।

अणाजीव वि [**अनाजीव**] १ आजीविका-रहित ; २ आजीविका की इच्छा नहीं रखने वाला ; ३ निःस्पृह, निरीह ; (दस ३) ।

अणाजीवि वि [**अनाजीविन्**] ऊपर देखो "अगिलाई अणाजीवी" (पडि ; निचू १) ।

अणाड पुं [**दे**] जार, उपपति ; (दे १, १८) ।

अणाढिय वि [**अनादृत**] १ जिसका आदर न किया गया हो वह, तिरस्कृत ; (आव ३) । २ पुं. जम्बूद्वीप का अधिष्ठायक एक देव; (ठा २, ३) । ३ स्त्री. जम्बूद्वीप के अधिष्ठायक देव को राजधानी ; (जीव ३) ।

अणाणुगामिय वि [**अनानुगामिक**] १ पीछे नहीं जाने वाला ; (ठा ५, १) । २ न. अवधिज्ञान का एक भेद ; (णंदि) ।

अणादिय } **अणादीय** } देखो **अणाइय**; (इक; पण्ह १, १ ; ठा ३, १) ।

अणादेज्ज देखो **अणाइज्ज** ; (पण्ह १, ३) ।

अणाभोग पुं [**अनाभोग**] १ अनुपयोग, बे-ख्याली, असावधानी ; (आव ४) । २ न. मिथ्यात्व-विशेष ; (कम्म ४, ५१) ।

अणामिय वि [**अनामिक**] १ नाम-रहित ; २ पुं. असाध्य रोग ; (तंदु) । ३ स्त्री. कनिष्ठांगुली के ऊपर की अंगुली।

अणाय वि [**अज्ञात**] नहीं जाना हुआ, अपरिचित ; (पउम २४, १७) ।

अणाय पुं [**अनाक**] मर्त्यलोक, मनुष्य-लोक ; (से १,१)।

अणाय पुं [**अनात्मन्**] आत्म-भिन्न; आत्मा से पर ; (सम १) ।

अणायग वि [**अनायक**] नायक-रहित ; (पउम ५६, ७०) ।

अणायग वि [**अज्ञातक**] स्वजन-रहित, अकेला; (निचू ६)।

अणायग वि [**अज्ञायक**] अजान, निर्बोध; (निचू ११)।

अणायतण } **अणाययण** } न [**अनायतन**] १ वेश्या आदि नीच लोगों का घर ; (दस ५, १) । २ जहां सज्जन पुरुषों का संसर्ग न होता हो वह स्थान ; (पण्ह २, ४) । ३ पतित साधुओं का स्थान ; (आव ३) । ४ पशु, नपुंसक वगैरः के संसर्ग वाला स्थान ; (ओघ ७६३) ।

अणायत्त वि [**अनायत्त**] पराधीन ; (पउम २६,२६)।

अणायर पुं [**अनादर**] अ-बहुमान, अपमान; (पाअ) ।

अणायरण न [**अनाचरण**] अनाचार, खराब आचरण ।

अणायरणया स्त्री [**अनाचरण**] ऊपर देखो ; (सम ७१) ।

अणायरिय देखो **अणज्ज**=अनार्य ; (पण्ह १, १; पउम १४, ३०) ।

अणायार देखो **अणागार**=अनाकार ; (विसे) ।

अणायार पुं [**अनाचार**] १ शास्त्र-निषिद्ध आचरण ; (स १८८) । २ गृहीत नियमों का जान-बुझ कर उल्लंघन करना, व्रत-भङ्ग ; (वव १) ।

अणारिय देखो **अणज्ज**=अनार्य ; (उवा) ।

अणारिस वि [**अनार्ष**] जो ऋषि-प्रणीत न हो वह ; (पउम ११, ८०) ।

अणारिस वि [**अन्यादृश**] दूसरे के जैसा; (नाट) ।

अणालत्त वि [**अनालपित**] अनुक्त, अकथित, नहीं बुलाया हुआ; (उवा) ।

अणालवय पुं [**अनालपक**] मौन, नहीं बोलना; (पाअ)।

अणावरण वि [**अनावरण**] १ आवरण-रहित; २ न. केवल ज्ञान; (सम्म ७१) ।

अणाविट्ठि } **अणावुट्ठि** } स्त्री [**अवृष्टि**] वर्षा का अभाव ; (पउम २०, ८७; सम ६०) ।

अणाविल वि [**अनाविल**] १ निर्मल, स्वच्छ ; (गउड) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अणासंसि वि [**अनाशंसिन्**] अनिच्छु, निस्पृह; (बृह १)।

अणासय पुं [**अनाश, °क**] अनशन, भोजनाभाव "खारस्स लोणस्स अणासएणं" (सूअ १, ७, १३)।

अणासव वि [**अनाश्रव**] १ आश्रव-रहित; २ पुं. आश्रव का अभाव, संवर; ३ अहिंसा, दया; (पण्ह २, १)।

अणासिय वि [**अनशित**] भूखा; (सूअ १, ५, २)।

अणाह वि [**अनाथ**] १ शरण-रहित; (निचू ३)। २ स्वामि-रहित, मालिक-रहित। ३ रंक, गरीब, बिचारा; (णाया १, ८)। ४ पुं. एक जैन मुनि; (उत्त २०)।

अणाहि }
अणाहिय } वि [**अनाधि, °क**] मानसिक पीड़ा से रहित; (से ३, ४४; पि ३६५)।

अणाहिट्ठि पुं [**अनाधृष्टि**] एक अन्तकृद् मुनि; (अन्त३)।

अणिइय वि [**अनियत**] १ अनियमित, अव्यवस्थित; २ पुं. संसार; (भग ६, ३३)।

अणिउंचिय वि [**अनिकुञ्चित**] टेढ़ा नहीं किया हुआ; सरल; (गउड)।

अणिउँत }
अणिउँतय }
अणिउँत्तय } देखो **अइमुत्त**; (दे ४,३८; हे १, १७८; कुमा)।

अणिएय वि [**अनियत**] अनियमित, अप्रतिबद्ध; "अखिले अगिद्धे अणिएयचारी, अभयंकरे भिक्खू अणाविलप्पा" (सूअ १, ७, २८)।

अणिंदिय वि [**अनिन्दित**] १ जिसकी निन्दा न की गई हो वह, उत्तम; (धर्म १)। २ पुं. किन्नर देव की एक जाति; (पण्ण १)।

अणिंदिय वि [**अनिन्द्रिय**] १ इंद्रिय-रहित; २ पुं. मुक्त जीव; ३ केवलज्ञानी; (ठा १०)। ४ वि. अतीन्द्रिय, जो इंद्रियों से जाना न जा सके "नय विज्जइ तग्गहणे लिंगंपि अणिंदियत्तणओ" (सुर १२, ४८; स १६८; विसे १८६२)।

अणिंदिया स्त्री [**अनिन्दिता**] ऊर्ध्व लोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी; (ठा ८)।

अणिक्क वि [**अनेक**] एक से ज्यादः; (नव ४३)। **°वाइ** वि [**°वादिन्**] अक्रियावादी; (ठा ८)।

अणिक्किणी स्त्री [**अनीकिनी**] ऐसी सेना जिसमें २१८७ हाथी, २१८७ रथ, ६५६१ घोड़े और १०९३५ प्यादें हों; (पउम ५६, ६)।

अणिक्खित्त वि [**अनिक्षिप्त**] नहीं छोड़ा हुआ, अपरित्यक्त, अविच्छिन्न, "अणिक्खित्तेणं तवोकम्मेणं संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ" (उवा; औप)।

अणिगण }
अणिगिण } देखो **अणगिण**; (जीव ३; सम १७)।

अणिग्गह वि (**अनिग्रह**) स्वच्छन्द, असंयत; (पण्ह १, २)।

अणिच्च वि [**अनित्य**] नश्वर, अस्थायी; (नव २४; प्रासू ६५)। **°भावणा** स्त्री [**°भावना**] सांसारिक पदार्थों की अनित्यता का चिन्तन; (पव ६७)। **°णुप्पेहा** स्त्री [**°नुप्रेक्षा**] देखो पूर्वोक्त अर्थ; (ठा ४, १)।

अणिट्ठ वि [**अनिष्ट**] अप्रीतिकर, द्वेष्य; (उव)।

अणिट्ठिय वि [**अनिष्ठित**] असंपूर्ण; (गउड)।

अणिण देखो **अणिरिण**; (नाट)।

अणिदा स्त्री [**दे. अनिदा**] १ बिना ख्याल किये की गई हिंसा; (भग १६, ५)। २ चित्त की विकलता; ३ ज्ञान का अभाव; (भग १, २)।

अणिमा पुंस्त्री [**अणिमन्**] आठ सिद्धियाँ में एक सिद्धि, अत्यन्त छोटा बन जाने की शक्ति; (पउम ७, १३६)।

अणिमिस }
अणिमेस } वि [**अनिमिष, °मेष**] १ निमेष-शून्य; (सुर ३, १७३)। २ पुं. मत्स्य, मछली; (दस १)। ३ देव, देवता; (वव १; श्रा १६)। **°नयण** पुं [**नयन**] देव, देवता; (विसे ३४८९)।

अणिय न [**अनीक**] सैन्य, लश्कर; (कप्प)।

अणिय न [**अनृत**] असत्य, झूठ; (ठा १०)।

अणिय न [**दे**] धार, अग्र भाग; (पण्ह २, २)।

अणिय वि [**अनित्य**] अस्थिर, अनित्य; (उव)।

अणियट्ट पुं (**अनिवर्त**] १ मोक्ष, मुक्ति; (आचा १, ५, १)। २ एक महाग्रह; (ठा २, ३)।

अणियट्टि वि [**अनिवर्तिन्**] १ निवृत्त नहीं होनेवाला; पीछे नहीं लौटने वाला; (औप)। २ न. शुक्ल-ध्यान का एक भेद; (ठा ४, १)। ३ पुं. एक महाग्रह; (चंद २०)। ४ आगामी उत्सर्पिणी काल में होनेवाले एक तीर्थंकर देव का नाम; (सम १५४)।

अणियट्टि वि [**अनिवृत्ति**] १ निवृत्ति-रहित, व्यावृत्ति-वर्जित; (कर्म २, २)। २ नववाँ गुण-स्थानक; (कर्म २)। **°करण** न [**°करण**] आत्मा का विशुद्ध परिणाम-विशेष; (आचा)। **°बादर** न [**°बादर**] १ नववाँ गुण-स्थानक; २ नववें गुण-स्थानक में प्रवृत्त जीव; (आव ४)।

अणियण देखो **अणगिण**; (जीव ३)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अणियय वि [**अनियत**] १ अव्यवस्थित, अनियमित ; (उव) । २ कल्पवृक्ष की एक जाति, जो वस्त्र देती है ; (ठा १०) ।

अणिया देखो **अणिदा** ; (पिंड) ।

अणिरिक्क वि [**दे**] परतन्त्र, पराधीन ; (काप्र ५४ ; गा ६६१) ।

अणिरिण वि [**अनृण**] ऋण-वर्जित, उऋण, अनृणी ; (अभि ४६; चारु ६६) ।

अणिरुद्ध वि [**अनिरुद्ध**] १ अप्रतिहत, नहीं रोका हुआ ; (सूअ १, १२) । २ एक अन्तकृद् मुनि; (अन्त ४) ।

अणिल पुं [**अनिल**] १ वायु, पवन ; (कुमा) । २ एक अतीत तीर्थंकर का नाम ; (तित्थ) । ३ राक्षस-वंशीय एक राजा ; (पउम ५, २६४) ।

अणिला स्त्री [**अनिला**] बाईसवें तीर्थंकर की एक शिष्या; (पव ६) ।

अणिल्ल न [**दे**] प्रभात, सवेरा ; (दे १, १६) ।

अणिस न [**अनिश**] निरन्तर, सदा, हमेशां ; (गा २६२, प्रासू २६) ।

अणिसट्ठ } **अणिसिट्ठ** } वि [**अनिसृष्ट**] १ अनिक्षिप्त ; २ असंमत, अननुज्ञात; ३ ऐसी भिक्षा, जिसके मालिक अनेक हों और जा सब की अनुमति सं ली न गई हो,—साधु की भिक्षा का एक दोष ; (पिंड; औप) ।

अणिसीह वि [**अनिशीथ**] शास्त्र-विशेष, जो प्रकाश में पढ़ा या पढ़ाया जाय ; (आवम) ।

अणिस्सकड वि [**अनिश्राकृत**] जिस पर किसी खास व्यक्ति का अधिकार न हो, सर्व-साधारण ; (धर्म २) ।

अणिस्सा स्त्री [**अनिश्रा**] अनासक्ति, आसक्ति का अभाव; (उव) ।

अणिस्सिय वि [**अनिश्रित**] १ अनासक्त, आसक्ति-रहित ; (सूअ १, १६) । २ प्रतिबन्ध-रहित, रुकावट-वर्जित , (दस १) । ३ अनाश्रित, किसी के साहाय्य की इच्छा न रखने वाला ; (उत्त १६) । ४ न. ज्ञान-विशेष, अवग्रह-ज्ञान का एक भेद, जो लिंग या पुस्तक के विना ही होता है ; (ठा ६) ।

अणिह वि [**अनीह**] १ धीर, सहिष्णु ; (सूअ १, २, २) २ निष्कपट, सरल ; (सूअ १, ८) । ३ निर्मम, निःस्पृह ; (आचा) ।

अणिह वि [**दे**] १ सदृश, तुल्य ; २ न. मुख, मुँह ; (दे १, ५१) ।

अणिहय वि [**अनिहत**] अहत, नहीं मारा हुआ । °रिउ पुं [°**रिपु**] एक अन्तकृद् मुनि ; (अन्त ३) ।

अणिहस वि [**अनीदृश**] इस माफिक नहीं, विलक्षण ; (स ३०७) ।

अणीय न [**अनीक**] सेना, लश्कर ; (औप) ।

अणीयस पुं [**अनीयस**] एक अन्तकृद् मुनि का नाम ; (अन्त ३) ।

अणीस वि [**अनीश**] असमर्थ ; (अभि ६०) ।

अणीसकड देखो **अणिस्सकड** ; (धर्म २) ।

अणीहारिम वि [**अनिर्हारिम**] गुफा आदि में होने वाला मरण-विशेष ; (भग १३, ८) ।

अणु अ [**अनु**] यह अव्यय नाम और धातु के साथ लगता है और नीचेके अर्थों में से किसी एक को बतलाता है ;—१ समीप, नजदीक ; जैसे—'अणुकुंडल' ; (गउड) । २ लघु, छोटा ; जैसे—'अणुगाम' (उत्त ३) । ३ क्रम, परिपाटी ; जैसे—'अणुगुरु' ; (बृह १) । ४ में, भीतर; जैसे—'अणुजत्त' (महा) । ५ लक्ष्य करना ; जैसे— " अणु जिणं अकारि संगीयं इत्थीहिं " (कुमा) ; " अणु धारं संदट्ठभमोत्तिए तुह असिम्मि सच्चविया " (गउड) । ६ योग्य, उचित ; जैसे—'अणुजुत्ति' (सूअ १, ४, १) । ७ वीप्सा, जैसे—' अणुदिण ' (कुमा) । ८ बीच का भाग, जैसे—'अणुदिसी' (पि ४१३) । ६ अनुकूल, हितकर ; जैसे— 'अणुधम्म' (सूअ १, २, १) । १० प्रतिनिधि, जैसे—'अणुप्पभु' (निचू २) । ११ पीछे, बाद ; जैसे—'अणुमज्जण' (गउड) । १२ बहुत, अत्यंत; जैसे—'अणुवंक' (मा ६२) । १३ मदद करना, सहायता करना, जैसे—'अणुपरिहारि' (ठा ३, ४) । १४ निरर्थक भी इसका प्रयोग होता है, जैसे—देखो 'अणुक्कम', 'अणुसरिस' ।

अणु वि [**अणु**] १ थोड़ा, अल्प ; (पण्ह २, ३) । २ छोटा ; (आचा) । ३ पुं. परमाणु ; (सम्म १३६) । °**मय** वि (°मत) उत्तम कुल, श्रेष्ठ वंश ; (कप्प) । °**विरइ** स्त्री [°**विरति**] देखो **देसविरइ**; (कम्म १, १८) ।

अणु पुं [**दे**] धान-विशेष, चावलकी एक जाति; (दे १, ५२)

°**अणु** स्त्री [**तनु**] शरीर " सुअणु " (गा २६६) ।

अणुअ देखो **अणु**=अणु ; (पाअ) ।

अणुअ वि [**अज्ञ**] अजान, मूर्ख ; (गा १८४, ३४५) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अणुअ पुं [दे] १ आकृति, आकार। २ पुंस्त्री. धान्य-विशेष ; (दे १, ५२ ; श्रा १८)।

अणुअ वि [अनुग] अनुसरण करने वाला "अधम्माणुए" (विपा १, १)।

अणुअ वि [अनुज] १ पीछे से उत्पन्न ; २ पुं. छोटा भाई ; ३ स्त्री. छोटी बहिन ; (अभि ८२; पउम २८,१००)।

अणुअंच सक [अनु+कृष्] पीछे खींचना। संकृ—**अणुअंचिवि** ; (भवि)।

अणुअंपा स्त्री [अनुकम्पा] दया, करुणा ; (से ५, २४; गा १६३)।

अणुअंपि वि [अनुकम्पिन्] दयालु, करुणा करने वाला ; (अभि १७३)।

अणुअत्तय वि [अनुवर्त्तक] अनुकूल आचरण करने वाला, अनुसरण करने वाला ; (विसे ३४०२)।

अणुअत्ति देखो **अणुवत्ति** ; (पुप्फ ३२६)।

अणुअर वि [अनुचर] १ सहायताकारी, सहचर ; (पाअ)। २ सेवक, नौकर ; (प्रामा)।

अणुअल्ल न [दे] प्रभात, सुबह ; (दे १, १६)।

अणुआ स्त्री [दे] लाठी ; (दे १, ५२)।

अणुआर पुं [अनुकार] अनुकरण ; (नाट)।

अणुआरि वि [अनुकारिन्] अनुकरण करने वाला; (नाट)।

अणुआस पुं [अनुकास] प्रसार, विकास; (गाया १ १)।

अणुइअ पुं [दे] धान्य-विशेष, चना ; (दे १, २१)।

अणुइअ देखो **अणुदिय**।

अणुइण्ण वि [अनुकीर्ण] १ व्याप्त, भरा हुआ। २ नहीं गिरा हुआ, अपतित "अवाइण्णपत्ता अणुइण्णपत्ता निद्धु-यजरढपंडुपत्ता" (औप)।

अणुइण्ण वि [अनुद्गीर्ण] बहार नहीं निकला हुआ ; (औप)।

अणुइण्ण देखो **अणुचिण्ण**।

अणुइण्ण देखो **अणुदिण्ण**।

अणुऊल वि [अनुकूल] अप्रतिकूल, अनुकूल ; (गा ५२३)।

अणुऊल सक [अनुकूलय्] अनुकूल करना। भवि—अणु-ऊलइस्सं ; (पि ५२८)।

अणुओअ पुं [अनुयोग] १ व्याख्या, टीका, सूत्र का विस्तार से अर्थ-प्रतिपादन ; (ओघ २)। २ पृच्छा, प्रश्न, (अभि ४४)।

अणुओइय वि [अनुयोजित] प्रवर्तित, प्रवृत्त कराया हुआ ; (णंदि)।

अणुओग देखो **अणुओअ** ; (विसे ६)।

अणुओगि पुं [अनुयोगिन्] सूत्रों का व्याख्याता आचार्य "अणुओगी लोगाणं किल संसयणासओ दढं होइ" (पंचव ४)।

अणुओगिअ वि [अनुयोगिक] दीक्षित, मुनि-शिष्य ; (णंदि)।

अणुओयण न [अनुयोजन] संवन्धन, जोड़ना ; (विसे १३८५)।

अणुकंप सक [अनु+कम्प्] १ दया करना। २ भक्ति करना। ३ हित करना। वकृ—**अणुकंपंत** (नाट)। कृ—**अणुकंपणिज्ज, अणुकंपणीअ**; (अभि ६४; रयण १५)।

अणुकंप वि [अनुकम्प्य] अनुकम्पा के योग्य; (दे १,२२)।

अणुकंप } वि [अनुकम्प, °क] १ दयालु, करुण ; २
अणुकंपय } भक्त, भक्तिमान् ; (उत १२) ; "हिआणुकंपएण देवेणं हरिणेगमेसिणा" (कप्प)। ३ हितकर "आयाणुकंपए णाममेगे, नो पराणुकंपए" (ठा ४, ४)।

अणुकंपण न [अनुकम्पन] १ दया, कृपा ; (बृ ३)। २ भक्ति, सेवा "माउअणुकंपणट्ठाए" (कप्प)।

अणुकंपा स्त्री [अनुकम्पा] ऊपर देखो ; (णाया १, १); "आयरियणुकंपाए गच्छो अणुकंपिओ महाभागो" (कप्प-टी)। °**दाण** न [°दान] करुणा से गरीबों को अन्न आदि देना "अणुकंपादाणं सड्ढयाण न कहिंपि पडिसिद्धं" (धर्म २)।

अणुकंपि वि [अनुकम्पिन्] १ दयालु, कृपालु ; (माल ७५)। २ भक्ति करने वाला ; (सूअ १, ३, २)।

अणुकंपिअ वि [अनुकम्पित] जिस पर अनुकम्पा की गई हो वह ; (नाट)।

अणुकड्ढ सक [अनु+कृष्] १ खींचना ; २ अनुसरण करना। वकृ—**अणुकड्ढमाण, अणुकड्ढेमाण** ; (विपा १, १; णंदि)।

अणुकड्ढि स्त्री [अनुकृष्टि] अनुवर्तन, अनुसरण ; (पंच ५)।

अणुकड्ढिय वि [अनुकृष्ट] अनुकृत, अनुसृत ; (स १८२)।

अणुकप्प पुं [अनुकल्प] १ बड़े पुरुषों के मार्ग का अनुकरण ; २ वि. महापुरुषों का अनुकरण करनेवाला "णाणा-चरणड्ढगाणं पुव्वायरियाण अणुकित्तिं कुणइ, अणुगच्छइ गुणधारी, अणुकप्पं तं वियाणाहि" (पंचभा)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अणुकम पुं [**अनुक्रम**] परिपाटी, क्रम ; (महा)। °**सो** अ [°**शस्**] क्रम से, परिपाटी से ; (जी २८)।

अणुकर सक [**अनु+कृ**] अनुकरण करना, नकल करना। अणुकरेइ ; (स ४३६)।

अणुकरण न [**अनुकरण**] नकल ; (वव ३)।

अणुकह सक [**अनु+कथय्**] अनुवाद करना, पीछे बोलना।

अणुकहण न [**अनुकथन**] अनुवाद ; (सूत्र १, १३)।

अणुकार पुं [**अनुकार**] अनुकरण, नकल ; (कप्पू)।

अणुकारि वि [**अनुकारिन्**] अनुकरण करने वाला "किन्नराणुकारिणा महुरगेएण" (महा)।

अणुकिइ स्त्री [**अनुकृति**] अनुकरण, नकल ; "पुव्वायरियाणं नाणग्गहणेण य तवोविहाणेसु य अणुकिइं करेइ" (पंचू)।

अणुकिण्ण वि [**अनुकीर्ण**] व्याप्त, भरा हुआ ; (पउम ६१, ७)।

अणुकित्तण न [**अनुकीर्तन**] वर्णन, प्रशंसा, श्लाघा ; (पउम ६३, ७३)।

अणुकित्ति देखो **अणुकिइ** ; (पंचभा)।

अणुकुइय वि [**अनुकुचित**] १ पीछे फेंका हुआ ; २ ऊंचा किया हुआ ; (निचू ८)।

अणुकुण सक [**अनु+कृ**] अनुकरण करना। अणुकुणइ ; (विक्र १२६)।

अणुकूल देखो **अणुऊल** ; (हे २, २१७)।

अणुकूलण न [**अनुकूलन**] अनुकूल करना, प्रसन्न करना "तं कहइ। तम्मज्झे जिट्ठमुणी तच्चित्तणुकूलणत्थं जं" (सुपा २३४)।

अणुक्कंत वि [**अन्वाक्रान्त**] आचरित, अनुष्ठित ; (आचा)।

अणुक्कंत वि [**अनुक्रान्त**] आचरित, विहित, अनुष्ठित "एस विही अणुक्कंते माहणेणं मइमया" (आचा)।

अणुक्कम सक [**अनु+क्रम्**] अतिक्रमण करना। वकृ—**अणुक्कमंत** ; (सूत्र १, ५, १, ७)।

अणुक्कम देखो **अणुकम** ; (महा ; नव १६)।

अणुक्कोस पुं [**अनुक्रोश**] दया, करुणा ; (ठा ४, ४)।

अणुक्कोस पुं [**अनुत्कर्ष**] १ उत्कर्ष का अभाव ; २ वि. उत्कर्ष-रहित ; (भग ८, १०)।

अणुक्खित्त वि [**अनुत्क्षिप्त**] ऊंचा न किया हुआ "दिट्ठि धणुक्खित्तमुहं एसो मग्गो कुलवहूणं" (गा ५२६)।

अणुग वि [**अनुग**] अनुचर, नौकर ; (दे ७, ६६)।

अणुगंतव्व देखो **अणुगम=**अनु+गम्।

अणुगंपा स्त्री [**अनुकम्पा**] करुणा, दया; (स १५८)।

अणुगंपिय वि [**अनुकम्पित**] जिस पर करुणा की गई हो वह ; (स ४७५)।

अणुगच्छ देखो **अणुगम=**अनु+गम्। अणुगच्छइ ; वकृ—**अणुगच्छंत, अणुगच्छमाण** ; (नाट ; सूत्र १, १४)। कवकृ—**अणुगच्छिज्जंत** ; (गाया १, २)। संकृ—**अणुगच्छित्ता** ; (कप्प)।

अणुगच्छण देखो **अणुगमण** ; (पुप्फ ४०८)।

अणुगच्छिर वि [**अनुगामिन्**] अनुसरण करने वाला ; (सण)।

अणुगज्ज अक [**अनु+गर्ज्**] प्रतिध्वनि करना, प्रतिशब्द करना। वकृ—**अणुगज्जेमाण** ; (गाया १, १८)।

अणुगम सक [**अनु+गम्**] १ अनुसरण करना, पीछे २ जाना। २ जानना, समझना। ३ व्याख्या करना, सूत्र के अर्थों का स्पष्टीकरण करना। कर्म---अणुगम्मइ; (विसे ६१३)। कवकृ—**अणुगम्मंत, अणुगम्ममाण** ; (उप ६ टी; सुपा ७८; २०८)। संकृ—**अणुगम्म** ; (सूत्र १, १४)। कृ—**अणुगंतव्व** ; (सुर ७, १७६ ; पगण १)।

अणुगम पुं [**अनुगम**] १ अनुसरण, अनुवर्तन; (दे २,६१)। २ जानना, ठीक २ समझना, निश्चय करना ; (ठा १)। ३ सूत्र की व्याख्या, सूत्र के अर्थ का स्पष्टीकरण ; (वव १)। ४ अन्वय, एक की सत्ता में दूसरे की विद्यमानता; (विसे २६०)। ५ व्याख्या, टीका ; (विसे १३५७)। "अणुगम्मइ तेण तहिं, तओ व अणुगमणमेव वाणुगमो। अणुणोणुरूवओ वा, जं सुत्तत्थाणमणुसरणं" (विसे ६१३)।

अणुगमण न [**अनुगमन**] ऊपर देखो।

अणुगमिर वि [**अनुगन्तृ**] अनुसरण करने वाला ; (दे ६, १२७)।

अणुगय वि [**अनुगत**] १ अनुसृत, जिसका अनुसरण किया गया हो वह ; (पगह १, ४)। २ ज्ञात, जाना हुआ ; (विसे)। ३ अनुवृत्त, जो पूर्व से बराबर चला आया हो ; (पगह १, ३)। ४ अतिक्रान्त ; (विसे ६५६)।

अणुगर देखो **अणुकर**। अणुगरेइ ; (स ३३४)। वकृ—**अणुगरिंत** ; (स ६८)।

अणुगवेस सक [**अनु+गवेष्**] खोजना, शोधना, तलाश

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करना । अणुगवेसइ ; (कस) । वकृ—**अणुगवेसेमाण** ; (भग ८, ५) । कृ—**अणुगवेसियव्व**; (कस) ।

अणुगह देखो **अणुग्गह**=अनु+ग्रह् ; (नाट) ।

अणुगहिअ देखो **अणुगिहिअ** ; (दे ८, २६) ।

अणुगाम पुं [**अणुग्राम**] १ छोटा गाँव ; (उत्त ३) । २ उपपुर, शहर के पास का गाँव ; (ठा ५, २) । ३ विवक्षित गाँव से दुसरा गाँव "गामाणुगामं दुइज्जमाणे" (विपा १, १ ; औप ; आचा) ।

अणुगामि / **अणुगामिय** } वि [**अनुगामिन्**, °**मिक**] १ अनुसरण करनेवाला, पीछे २ जानेवाला ; (औप) । २ निर्दोष हेतु, शुद्ध कारण ; (ठा ३, ३) । ३ अवधिज्ञान का एक भेद ; (कम्म १, ८) । ४ अनुचर, सेवक ; (सूत्र १,२,३) ।

अणुगारि वि [**अनुकारिन्**] अनुकरण करनेवाला ; नक्कालची ; (महा; धर्म:५; स ६३०) ।

अणुगिइ स्त्री [**अनुकृति**] अनुकरण, नकल ; (श्रा १) ।

अणुगिण्ह देखो **अणुग्गह**=अनु+ग्रह् । वकृ—**अणुगिण्हमाण, अणुगिण्हेमाण**; (निर १,१; णाया १, १६) ।

अणुगिद्ध वि [**अनुगृद्ध**] अत्यंत आसक्त ; लोलुप ; (सूत्र १, ३, ३) ।

अणुगिद्धि स्त्री [**अनुगृद्धि**] अत्यासक्ति ; (उत्त ३) ।

अणुगिल सक [**अनु+गॄ**] भक्षण करना । संकृ—**अणुगिलइत्ता** ; (णाया १, ७) ।

अणुगिहीअ वि [**अनुगृहीत**] जिस पर महरबानी की गई हो वह ; (स १४; १६३) ।

अणुगीय वि [**अनुगीत**] १ पीछे कहा हुआ, अनूदित ; २ पूर्व ग्रन्थकार के भाव के अनुकूल किया हुआ ग्रन्थ, व्याख्यान आदि ; (उत्त १३) । ३ जिसका गान किया गया हो वह, कीर्त्तित, वर्णित । ४ न. गाना, गीत "उज्जाणे ......मतभिंगाणुगीए" (पउम ३३, १४८) ।

अणुगुण वि [**अनुगुण**] १ अनुकूल, उचित, योग्य ; (नाट) । २ तुल्य, सदृश गुण वाला,

"जाण अलंकारसमो, विहवो मइलेइ तेवि वड्ढंतो ।
विच्छाएइ मियंकं, तुसार-वरिसो अणुगुणेवि" (गउड) ।

अणुगुरु वि [**अनुगुरु**] गुरु-परम्परा के अनुसार जिस विषय का व्यवहार होता हो वह ; (बृह १) ।

अणुगूल वि [**अनुकूल**] अनुकूल ; (स ३७८) ।

अणुगेज्झ वि [**अनुग्राह्य**] अनुग्रह के योग्य, कृपा-पात्र ; (प्राप) ।

अणुगेण्ह देखो **अणुग्गह**=अनु+ग्रह् । अणुगेण्हंतु ; (पि ५१२) ।

अणुग्गह सक [**अनु+ग्रह्**] कृपा करना, महरबानी करना । कृ—**अणुग्गहइदव्व, अणुग्गाहिदव्व** (शौ) (नाट) ।

अणुग्गह पुं [**अनुग्रह**] १ कृपा, महरबानी ; (कप्पू) । २ उपकार ; (औप) । ३ वि. जिस पर अनुग्रह किया जाय वह ; (वव १) ।

अणुग्गह पुं [**अनवग्रह**] जैन साधुओं को रहने के लिए शास्त्र-निषिद्ध स्थान,

"णो गोयरे णो वणगोणियाणं, णो वद्ध दुब्भेंति य जत्थ गावो ।
अरण्णत्थ गोणेहिसु जत्थ खुरणं, स उग्गहो सेसमणुग्गहो तु" (बृह ३) ।

अणुग्गहिअ / **अणुग्गहीअ** / **अणुग्गिहीअ** } वि [**अनुगृहीत:**] जिस पर कृपा की गई हो वह, आभारी ; (महा ; सुपा १६२ ; स ६७) ।

अणुग्घाइम न [**अनुद्घातिम**] १ महा-प्रायश्चित्त का एक भेद ; (ठा ३, ४) । २ वि. महा प्रायश्चित्त का पात्र ; (ठा ३, ४) ।

अणुग्घाइय वि [**अनुद्घातिक**] १ अनुद्घातिम-नामक महा प्रायश्चित्त का पात्र, (ठा ५, ३) । २ न. ग्रन्थांश-विशेष, जिसमें अनुद्घातिम प्रायश्चित्त का वर्णन है ; (पगह २, ५) ।

अणुग्घायं वि [**अनुद्घात**] १ उद्घात-रहित ; २ न. निशीथ सूत्र का वह भाग, जिसमें अनुद्घातिक प्रायश्चित्त का विचार है "उग्घायमणुग्घायं आरोवण तिविहमा निसीहं तु" (आव ३)।

अणुग्घायण न [**अणोद्घातन**] कर्मों का नाश ; (आचा)।

अणुग्घास सक [**अनु+ग्रासय्**] खीलाना, भोजन कराना ; "असणं वा पाणं वा खाइमं वा साइमं वा अणुग्घासेज्ज वा अणुपाएज्ज वा" (निसी ७) । वकृ—**अणुग्घासंत** ; (निचू ७) ।

अणुचय पुं [**अनुचय**] फैला कर इकट्ठा करना ; (उप पृ १५) ।

अणुचर सक [**अनु+चर्**] १ सेवा करना । २ पीछे २ जाना, अनुसरण करना । ३ अनुष्ठान करना । अणुचरइ ; (आरा ६) । अणुचरंति ; (स १३०) । कर्म-अणुचरिज्जइ ; (विसे २५५४) । वकृ—**अणुचरंत** ;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(पुप्फ ३१३)। संकृ—**अणुचरित्ता** ; (चउ १४)।

अणुचर देखो **अणुअर** ; (उत्त २८)।

अणुअरिय वि [**अनुचरित**] अनुष्ठित, विहित, किया हुआ ; (कप्प)

अणुचि सक [**अनु+च्यु**] मरना, एक जन्म से दूसरे जन्म में जाना। संकृ—**अणुचिऊण** ; (महा)।

अणुचिंत सक [**अनु+चिन्त्**] बिचारना, याद करना, सोचना। अणुचिंते; (संथा ६६)। वकृ—**अणुचिंतेमाण**; (गाया १,१)। संकृ—**अणुचीइ, अणुचीति, अणुवीइ**; (आचा; सूत्र १, १, ३, १३ ; दस ७)।

अणुचिंतण न [**अनुचिन्तन**] सोच-विचार, पर्यालोचन ; (आव ४)।

अणुचिंता स्त्री [**अनुचिन्ता**] ऊपर देखो ; (आव ४)।

अणुचिट्ठ सक [**अनु+स्था**] १ अनुष्ठान करना। २ करना। अणुचिट्ठइ ; (महा)।

अणुचिण्ण वि [**अनुचीर्ण**] १ अनुष्ठित, आचरित, विहित ; " मोहतिगिच्छा य कया, विरियायारो य अणुचिण्णो" (ओघ २४६)। २ प्राप्त, मिला हुआ " कायसंफासमणुचिण्णा एगइया पाणा उद्दाइया " (आचा)। ३ परिणमित ; (जीव १)।

अणुचिण्णव वि [**अनुचीर्णवत्**] जिसने अनुष्ठान किया हो वह ; (आचा)।

अणुचिन्न देखो **अणुचिण्ण** ; (सुपा १६२ ; रयण ७५ ; पुप्फ ७५)।

अणुचिय वि [**अनुचित**] अयोग्य ; (बृह १)।

अणुचीइ } देखो **अणुचिंत**।
अणचीति }

अणुच्च वि [**अनुच्च**] ऊंचा नहीं, नीचा। °**कुइय** वि [°**कुचिक**] नीची और अस्थिर शय्या वाला ; (कप्प)।

अणुच्छहंत वि [**अनुत्सहमान**] उत्साह नहीं रखता हुआ; (पउम १८, १८)।

अणुच्छित्त वि [**अनुत्क्षिप्त**] नहीं छोड़ा हुआ, अत्यक्त ; (गउड २३८)।

अणुच्छित्त वि [**अनुत्थित**] १ गर्व-रहित, विनीत ; २ स्फीत, समृद्ध ; ३ सबसे उन्नत, सर्वोच्च ;
" पडिबद्धं नवर तुमे, नरिंदचक्कं पयाववियडंपि।
गहवलयमणुच्छित्तं धुवेव्व परियत्तइ णरिंद " (गउड)।

अणुच्छूढ वि [**अनुत्क्षिप्त**] अत्यक्त, नहीं छोड़ा हुआ ; (गा ५२६)।

अणुज पुं [**अनुज**] छोटा भाई ; (स ३८८)।

अणुजत्त न [**अनुयात्र**] यात्रा में " अरुणया अणुजत्तं निग्गओ पेच्छइ कुसुमियं चूयं " (महा)।

अणुजा सक [**अनु+या**] अनुसरण करना, पीछे चलना। अणुजाइ ; (विसे ७१६)।

अणुजाइ वि [**अनुयायिन्**] अनुसरण करने वाला ; (सुपा ४०५)।

अणुजाण न [**अनुयान**] १ पीछे २ चलना ; २ महोत्सव-विशेष, रथयात्रा ; (बृह १)।

अणुजाण सक [**अनु+ज्ञा**] अनुमति देना, सम्मति देना। अणुजाणइ ; (उव)। भूका—अणुजाणित्था ; (पि ५१७)। हेकृ—**अणुजाणित्तए** ; (ठा २, १)।

अणुजाणण न [**अनुज्ञान**] अनुमति, सम्मति; (सूत्र १, ६)।

अणुजाणावण न [**अनुज्ञापन**] अनुमति लेना, " अणुजाणावणविहिणा " (पंचा ६, १३)।

अणुजाणिय वि [**अनुज्ञात**] सम्मत, अनुमत ; (सुपा ५८४)।

अणुजाय वि [**अनुयात**] १ अनुगत, अनुसृत ; (उप १३७ टी)।

अणुजाय वि [**अनुजात**] १ पीछे से उत्पन्न ; २ सदृश, तुल्य " वसभाणुजाए " (सुज्ज १२)।

अणुजीवि वि [**अनुजीविन्**] १ आश्रित, नौकर, सेवक " पयईए चिय अणुजीविवच्छले " (सुपा ३३७; पात्र; स २४३) °**त्तण** न [°**त्व**] आश्रय, नौकरी; (पि ५६७)।

अणजुत्ति स्त्री [**अनुयुक्ति**] योग्य युक्ति, उचित न्याय ; (सूत्र १, ४, १)

अणुजेट्ठ वि [**अनुज्येष्ठ**] १ बडे के नजदीक का; (आवम)। २ छोटा, उतरता ; (पउम २२, ७६)।

अणुजोग देखो **अणुओअ** ; (ठा १०)।

अणुज्ज वि [**अनूर्ज**] उत्साह-रहित, अनुत्साही, हताश ; (कप्प)।

अणुज्ज वि [**अनोजस्क**] तेज-रहित, फीका " अणुज्जं दीणवयणं विहरइ " (कप्प)।

अणुज्ज वि [**अनूद्य**] उद्देश्य, लक्ष्य ; (धर्म १)।

अणुज्जा स्त्री (**अनुज्ञा**) अनुमति, सम्मति ; (पउम ३८, २४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अणुज्जिय वि [**अनुर्जित**] बल-रहित, निर्बल; (बृह ३)।

अणुज्जुय वि [**अनृजुक**] असरल, वक्र, कपटी, (गा ७८६)।

अणुज्झा सक [**अनु+ध्या**] चिन्तन करना, ध्यान करना। संकृ—**अणुज्झाइत्ता** ; (आवम)।

अणुज्झाण न [**अनुध्यान**] चिन्तन, विचार ; (आवम)।

अणुझा देखो **अणुज्झा**। वकृ—**अणुझायंत**; (कुमा)।

अणुझिअअ वि [**दे**] १ प्रयत, प्रयत्न-शील ; २ जागता, सावधान ; (षड्)।

अणुट्ठ वि [**अनुत्थ**] नहीं ऊठा हुआ, स्थित ; (ओघ ७०)।

अणुट्ठा सक [**अनु+स्था**] १ अनुष्ठान करना, शास्त्रोक्त विधान करना। २ करना। कृ—**अणुट्ठियव्व, अणुट्ठेअ** (सुपा ५३७ ; सुर १४, ८५)।

अणुट्ठाइ वि [**अनुष्ठायिन्**] अनुष्ठान करने वाला; (आचा)।

अणुट्ठाण न [**अनुष्ठान**] १ कृति ; २ शास्त्रोक्त विधान ; (आचा)।

अणुट्ठाण न [**अनुत्थान**] क्रिया का अभाव ; (उवा)।

अणुट्ठावण न [**अनुष्ठापन**] अनुष्ठान कराना ; (कस)।

अणुट्ठिय वि [**अनुष्ठित**] विधि से संपादित, विहित, किया हुआ ; (षड् ; सुर ४, १६६)।

अणुट्ठिय वि [**अनुत्थित**] १ बैठा हुआ। २ आलसु, प्रमादी ; (आचा)।

अणुट्ठियव्व देखो **अणुट्ठा**।

अणुट्ठुभ न [**अनुष्टुप्**] एक प्रसिद्ध छंद "पच्चक्खरगणणाए अणुट्ठुभाणं हवंति दस सहस्सा" (सुपा ६५६)।

अणुट्ठेअ देखो **अणुट्ठा**।

अणुण देखो **अणुणी**। अणुणह ; (भवि)।

अणुणंत देखो **अणुणी**।

अणुणय पुं [**अनुनय**] विनय, प्रार्थना ; (महा ; अभि ११६)।

अणुणाइ वि [**अनुनादिन्**] प्रतिध्वनि करने वाला "गज्जियसहस्स अणुणाइणा" (कप्प)।

अणुणाय पुं [**अनुनाद**] प्रतिध्वनि, प्रतिशब्द ; (विसे ३४०४)

अणुणाय वि [**अनुज्ञात**] अनुमत, अनुमोदित ; (पंचू)।

अणुणास पुंन [**अनुनास**] १ अनुनासिक, जो नाक से बोला जाता है वह अक्षर ; २ वि सानुस्वार, अनुस्वार-युक्त; (ठा ७)। "कागस्सरमणुणासं च" (जीव ३ टी)।

अणुणासिअ पुं [**अनुनासिक**] देखो ऊपर का १ ला अर्थ; (वज्जा ६)।

अणुणी सक [**अनु+नी**] १ अनुनय करना, विनय करना, प्रार्थना करना। २ समझाना, दिलासा देना, सान्तवन करना। वकृ—**अणुणंत** "पुरोहियं तं कमसोणुणंतं" (उत्त १४ ; भवि); **अणुणेंत** ; (गा ६०२)। कवकृ—**अणुणिज्जंत, अणुणिज्जमाण, अणुणीअमाण** ; (सुपा ३६७; से २, १६, पि ५३६)।

अणुणीअ वि [**अनुनीत**] जिसका अनुनय किया गया हो वह ; (दे ८, ४८)।

अणुणेंत देखो **अणुणी**।

अणुण्णय वि [**अनुन्नत**] १ नीचा, नम्र ; (दस ५, १)। २ गर्व-रहित, निरभिमानी "एत्थवि भिक्खू अणुण्णए विणीए" (सूअ १, १६)।

अणुण्णव सक [**अनु+ज्ञापय्**] १ अनुमति देना ; २ आज्ञा देना, हुकुम देना। कर्म—अणुण्णविज्जइ; (उवा)। वकृ—**अणुण्णवेमाण**; (ठा ६)। कृ—**अणुण्णवेयव्व**; (ओघ ३८५ टी)। संकृ—**अणुण्णवित्ता, अणुण्णविय**; (आवम; आचा २, २, ६)।

अणुण्णवणया, **अणुण्णवणा** } स्त्री [**अनुज्ञापना**] १ अनुमति, सम्मति ; २ आज्ञा, फरमायश ; (सम ४४; ओघ ३८४ टी)।

अणुण्णवणी स्त्री [**अनुज्ञापनी**] अनुमति-प्रकाशक भाषा, अनुमति लेनेका वाक्य ; (ठा ४, ३)।

अणुण्णा स्त्री [**अनुज्ञा**] १ अनुमति, अनुमोदन ; (सूअ २, २)। २ आज्ञा। °**कप्प** पुं [°**कल्प**] जैन साधुओं के लिए वस्त्र-पात्रादि लेने के विषय में शास्त्रीय विधान ; (पंचभा)।

अणुण्णाय वि [**अनुज्ञात**] १ जिसको आज्ञा दी गई हो वह। २ अनुमत, अनुमोदित ; (ठा ३, ४)।

अणुण्ह वि [**अनुष्ण**] ठंडा, गरम नहीं वह ; (पि ३१२)।

अणुतड पुं [**अनुतट**] भेद, पदार्थों का एक जात का पृथक्करण, जैसे संतप्त लोहे को हथोड़े से पीटने से स्फुलिंग पृथक् होते हैं (ठा ५)।

अणुतडिया स्त्री [**अनुतटिका**] १ ऊपर देखो ; (पण्ण ११)। २ तलाव, द्रह आदि का भेद ; (भास ७)।

अणुतप्प अक [**अनु+तप्**] अनुताप करना, पछताना। अणुतप्पइ ; (स १८४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अणुतप्पि वि [अनुतापिन्] पश्चात्ताप करने वाला ; (वव १) ।

अणुताव पुं [अनुताप] पश्चाताप ; (पाअ; स १८४) ।

अणुताबि देखो **अणुतप्पि** ; (उप ७२८ टी) ।

अणुत्त वि [अनुक्त] अकथित ; (पंच ५) ।

अणुत्तंत देखो **अणुवत्त** ।

अणुत्तप्प वि [अनुत्त्रप्य] १ परिपूर्ण शरीर । २ पूर्ण शरीरवाला 'हाइ अणुत्तप्पो सो अविगलइंदियपडिपुण्णो' (वव २) ।

अणुत्तर वि [अनुत्तर] १ सर्व-श्रेष्ठ, सर्वोत्तम ; (ठा १०) । २ एक सर्वोत्तम देवलोक का नाम ; (अनु) । ३ छोटा "अणुत्तरो भाया" (पउम ६, ४) । **°ग्गा** स्त्री [°ाग्रा] एक पृथिवी जहां मुक्त जीवों का निवास है, (सूअ १, ६) । **°णाणि** वि [°ज्ञानिन्] केवलज्ञानी ; (सूअ १, २, ३) । **°विमाण** न [°विमान] एक सर्वोत्कृष्ट देवलोक ; (भग ६, ६) । **°ोववाइय** वि [°ौपपातिक] अनुत्तर देवलोक में उत्पन्न; (अनु) । **°ोववाइयदसा** स्त्री. ब. [°ौपपातिकदशा] नववाँ जैन अंग-ग्रन्थ ; (अनु) ।

अणुत्थाण देखो **अणुट्ठाण** ; (स ६४६) ।

अणुत्थाय वि [अनुत्साह] हतोत्साह, निराश ; (कुमा) ।

अणुदत्त पुं [अनुदात्त] नीचे से बोला जानेवाला स्वर ; (बृह १) ।

अणुदय पुं [अनुदय] १ उदय का अभाव ; २ कर्म-फल के अनुभव का अभाव ; (कम्म २, १३; १४;१५) ।

अणुदवि न [दे] प्रभात, सुबह ; (दे १, १६) ।

अणुदिअ वि [अनुदित] जिसका उदय न हुआ हो ; (भग) ।

अणुदिअस न [अनुदिवस] प्रतिदिन, हमेशां; (नाट) ।

अणुदिज्जंत वि [अनुदीयमान] उदय में न आता हुआ ; (भग) ।

अणुदिण न [अनुदिन] प्रतिदिन, हमेशां ; (कुमा) ।

अणुदिण्ण, **अणुदिन्न** } वि [अनुदित] १ उदय को अप्राप्त ; २ फल-दान में अतत्पर (कर्म); (भग १,२;३; "उदिरणा=उदित" (भग १, ४; ७ टी) ।

अणुदिण्ण, **अणुदिन्न** } व [अनुदीरित] १ जिसकी उदीरणा दूर भविष्य में हो ; २ जिसकी उदीरणा भविष्य में न हो ; (भग १, ३) ।

अणुदिय वि [अनुदित] उदय को अप्राप्त "मिच्छत्तं जमुदिन्नं तं खीणं अणुदियं च उवसंतं" (भग १, ३ टी) ।

अणुदियह न [अनुदिवस] प्रतिदिन, हमेशां ; (सुर १, ११५) ।

अणुदिव न [दे] प्रभात, प्रातःकाल ; (षड्) ।

अणुदिसा, **अणुदिसी** } स्त्री [अनुदिक्] विदिक्, ईशान कोण आदि विदिशा ; (विसे २७०० टी; पि ६८; ४१३; कप्प) ।

अणुद्दिट्ठ वि [अनुद्दिष्ट] जिसका उद्देश न किया गया हो वह ; (पण्ह २, १)

अणुद्ध वि [अनूर्ध्व] ऊंचा नहीं, नीचा ; (कुमा) ।

अणुद्धय वि [अनुद्धत] सरल, भद्र, विनयी; (उप ७६८ टी)।

अणुद्धरि पुं [अनुद्धरिन्] एक क्षुद्र जन्तु, कुंथु ; (कप्प) ।

अणुद्धिय वि [अनुद्धृत] १ जिसका उद्धार न किया गया हो वह ; २ बहार नहीं निकाला हुआ "जं कुणइ भावसल्लं अणुद्धियं इत्थ सव्वदुहमूलं" (श्रा ४०) ।

अणुद्धुय वि [अनुद्धूत] अपरित्यक्त, नहीं छोड़ा हुआ ; (कप्प) ।

अणुधम्म पुं [अणुधर्म] गृहस्थ-धर्म; (विसे) ।

अणुधम्म पुं [अनुधर्म] अनुकूल—हितकर धर्म "एसोऽणुधम्मो मुणिणा पवेइओ" (सूअ १ २,१) । **°चारि** वि [°चारिन्] हितकर धर्म का अनुयायी, जैन-धर्मी ; (सूअ १, २, २)

अणुधम्मिय वि [अनुधार्मिक] धर्म के अनुकूल, धर्मोचित, "एयं खु अणुधम्मियं तस्स" (आचा) ।

अणुधाव सक [अनु+धाव्] पीछे दौड़ना । वकृ—**अणुधावंत** ; (स ४, २१) ।

अणुधावण सक [अनुधावन] पीछे दौड़ना; (सुपा ५०३) ।

अणुधाविर वि [अनुधावितृ] पीछे दौड़ने वाला ; (उप ७२८ टी) ।

अणुनाइ वि [अनुनादिन्] प्रतिध्वनि करने वाला ; (कप्प)।

अणुनाय वि [अनुज्ञात] अनुमत, जिसको अनुमति दी गई हो वह "आहवणे मोकलयं अणुनायाए तए नाह" (सुपा ४७७) ।

अणुनास देखो **अणुणास** ; (जीव ३ टी)

अणुन्नव देखो **अणुण्णव** । वकृ—**अणुन्नवेमाण** ; (ठा ५, ३) । कृ—**अणुन्नवेयव्व** ; (कस) । संकृ—**अणुन्नवेत्ता** ; (कस) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अणुन्नवणा देखो **अणुण्णवणा** ; (ओघ ६३० ; कस)।

अणुन्नवणी देखो **अणुण्णवणी**; (ठा ४, १)।

अणुन्ना देखो **अणुण्णा** ; (सुर ४, १३३ ; प्रासू १८१)।

अणुन्नाय देखो **अणुण्णाय** ; (ओघ १; महा)।

अणुपंथ पुं [**अनुपथ**] १ समीप का मार्ग ; (कस)। २ मार्ग के समीप, रास्ता के पास ; (बृह २)।

अणुपत्त वि [**अनुप्राप्त**] प्राप्त, मिला हुआ ; (सुर ४, २११)।

अणुपयट्ट वि [**अनुप्रवृत्त**] अनुसृत, अनुगत ; (महा)।

अणुपरियट्ट सक [**अनुपरि+अट्**] घूमना, परिभ्रमण करना। संकृ—**अणुपरियट्टित्ताणं** "देवे णं भंते महिड्ढिए ......पभू लवणसमुद्दं अणुपरियट्टिताणं हव्वमागच्छित्तए ?" (भग १८, ७) कृ—**अणुपरियट्टियव्व** ; (णाया १, ६)। हेकृ—**अणुपरियट्टेउं** ; (णाया १, ६)।

अणुपरियट्ट अक [**अनुपरि+वृत्**] फिरना, फिरते रहना। "दुक्खाणमेव आवट्टं अणुपरियट्टइ" (आचा)। वकृ—**अणुपरियट्टमाण** ; (आचा)। संकृ— **अणुपरियट्टित्ता** ; (औप)।

अणुपरियट्टण न [**अनुपर्यटन**] परिभ्रमण ; (सूअ १, १, २)।

अणुपरियट्टण न [**अनुपरिवर्तन**] परिवर्तन, फिरना; (भग १, ६)।

अणुपरिवट्ट देखो **अणुपरियट्ट**=अनुपरि + वृत्। वकृ— **अणुपरिवट्टमाण** ; (पि २८६)।

अणुपरिवाडि, °डी स्त्री [**अनुपरिपाटि, °टी**] अनुक्रम ; (सं १५, ६६ ; पउम २०, ११ ; ३२, १६)।

अणुपरिहारि वि [**अणुपरिहारिन्**] 'परिहारी' को मदद करनेवाला, त्यागी मुनि की सेवा-शुश्रूषा करनेवाला; (ठा ३, ४)।

अणुपरिहारि वि [**अनुपरिहारिन्**] ऊपर देखो ; (ठा ३, ४)।

अणुपवाएत्तु वि [**अनुप्रवाचयितृ**] पढ़ानेवाला, पाठक, उपाध्याय ; (ठा ५, २)।

अणुपवाय देखो **अणुप्पवाय**=अनुप्र+वाचय्।

अणुपविट्ठ वि [**अनुप्रविष्ट**] पीछे से प्रविष्ट ; (णाया १, १ ; कप्प)।

अणुपविस सक [**अनुप्र+विश्**] १ पीछे से प्रवेश करना। २ प्रवेश करना, भीतर जाना। अणुपविसइ ; (कप्प)। वकृ—**अणुपविसंत** ; (निचू २)। संकृ—**अणुपविसित्ता** ; (कप्प)।

अणुपवेस पुं [**अनुप्रवेश**] प्रवेश, भीतर जाना ; (निचू ७)।

अणुपस्स सक [**अनु+दृश्**] पर्यालोचन करना, विवेचना करना। संकृ—**अणुपस्सिय** ; (सूअ १, २, २)।

अणुपस्सि वि [**अनुदर्शिन्**] पर्यालोचक, विवेचक ; (आचा)।

अणुपाल सक [**अनु+पालय्**] १ अनुभव करना। २ रक्षण करना। ३ प्रतीक्षा करना, राह देखना। अणुपालेइ ; (महा) ; वकृ—"सायासोक्खम् **अणुपालंतेण**" (पक्खि) ; **अणुपालिंत, अणुपालेमाण** ; (महा)। संकृ—**अणुपालेऊण, अणुपालित्ता, अणुपालिय** ; (महा; कप्प; पि ५७०)।

अणुपालण न [**अनुपालन**] रक्षण, प्रतिपालन; (पंचभा)।

अणुपालणा देखो **अणुवालणा** ; (विसे २५२० टी)।

अणुपालिय वि [**अनुपालित**] रक्षित, प्रतिपालित; (ठा ८)।

अणुपास देखो **अणुपस्स**। वकृ—**अणुपासमाण** ; (दसचू २)।

अणुपिट्ठ न [**अनुपृष्ठ**] अनुक्रम, "अणुपिट्ठसिद्धाइं" (सम्म)।

अणुपुव्व वि [**अनुपूर्व**] क्रमवार, आनुक्रमिक ; (ठा ४, ४)। क्रिवि. क्रमशः ; (पाअ)। **°सो** [**शस्**] अनुक्रम से ; (आचा)।

अणुपुव्व न [**आनुपूर्व्य**] क्रम, परिपाटी, अनुक्रम; (राय)।

अणुपुव्वी स्त्री [**आनुपूर्वी**] ऊपर देखो ; (पाअ)।

अणुपेक्खा स्त्री [**अनुप्रेक्षा**] भावना, चिन्तन, विचार ; (पउम १४, ७७)।

अणुपेहण न [**अनुप्रेक्षण**] ऊपर देखो; (उप १४३ टी)।

अणुपेहा स्त्री [**अनुप्रेक्षा**] ऊपर देखो ; (पि ३२३)।

अणुप्पइन्न वि [**अनुप्रकीर्ण**] एक दूसरे से मिला हुआ, मिश्रित ; (कप्प)।

अणुप्पणो सक [**अनुप्र+णी**] १ प्रणय करना। २ प्रसन्न करना। वकृ—**अणुप्पणंत** ; (उप पृ ३८)।

अणुप्पगंथ वि [**अणुप्रग्रन्थ**] संतोषी, अल्प परिग्रह वाला; (ठा ६)।

अणुप्पगंथ वि [**अनुप्रग्रन्थ**] ऊपर देखो ; (ठा ६)।

अणुप्पण्ण वि [**अनुत्पन्न**] अविद्यमान ; (निचू ५)।

अणुप्पत्त देखो **अणुपत्त** ; (कप्प)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अणुप्पदा सक [**अनुप्र+दा**] दान देना, फिर २ देना। अणुप्पदेइ; (कस)। कृ—**अणुप्पदायव्व** ; (कस)। हेकृ---**अणुप्पदाउं** ; (उवा)।

अणुप्पदाण न [**अनुप्रदान**] दान, फिर २ दान देना ; (आव ६)।

अणुप्पभु पुं [**अनुप्रभु**] स्वामी के स्थानापन्न, प्रतिनिधि ; (निचू २)।

अणुप्पया देखो **अणुप्पदा** । अणुप्पएइ ; (कस)। हेकृ---**अणुप्पयाउं** ; (उवा)।

अणुप्पयाण देखो **अणुप्पदाण** ; (आचा)।

अणुप्पवत्त सक [**अनुप्र+वृत्**] अनुसरण करना। हेकृ—**अणुप्पवत्तए** ; (विसे २२०७)।

अणुप्पवाइत्तु } वि [**अनुप्रवाचयितृ**] अध्यापक, पाठक,
अणुप्पवाएत्तु } पढ़ानेवाला; (ठा ५, १; गच्छ १)।

अणुप्पवाय सक [**अनुप्र+वाचय्**] पढ़ाना। वकृ—**अणुप्पवाएमाण** ; (जं ३)।

अणुप्पवाय न [**अनुप्रवाद**] नववाँ पूर्व, बारहवें जैन अंग-ग्रन्थ का एक अंश-विशेष ; (ठा ९)।

अणुप्पविट्ठ देखो **अणुपविट्ठ** ; (कस)।

अणुप्पवित्ति स्त्री [**अनुप्रवृत्ति**] अनुप्रवेश, अनुगम ; (विसे २१९०)।

अणुप्पविस देखो **अणुपविस** । अणुप्पविसइ ; (उवा)। संकृ—**अणुप्पवेसेत्ता** ; (निचू १)।

अणुप्पवेस देखो **अणुपवेस** ; (नाट)।

अणुप्पवेसण न [**अनुप्रवेशन**] देखो **अणुपवेस** ; (नाट)।

अणुप्पसाद (शौ) सक [**अनुप्र+सादय्**] प्रसन्न करना। अणुप्पसादेदि ; (नाट)।

अणुप्पसूय वि [**अनुप्रसूत**] उत्पन्न, पैदा किया हुआ ; (आचा)।

अणुप्पाइ वि [**अनुपातिन्**] युक्त, संबद्ध, संबन्धी ; (निचू १)।

अणुप्पिय वि [**अनुप्रिय**] अनुकूल, इष्ट ; (सूअ १, ७)।

अणुप्पेंत वि [**अनुत्प्रयत्**] दूर करता, हटाता हुआ ;
" जम्मि अविसरणहिययत्तणेण ते गारवं वलग्गंति।
तं विसममणुप्पेंतो गरुयाण विही खलो होइ " (गउड)।

अणुप्पेच्छ देखो **अणुप्पेह** ;
" तह पुव्विं किं न कयं, न वाहए जेण मे समत्थोवि।
एण्हिं किं कस्स व कुप्पिमोत्ति धीरा ! अणुप्पेच्छ " (उव)।

अणुप्पेसिय वि [**अनुप्रेषित**] पीछे से भेजा हुआ ; (नाट)।

अणुप्पेह सक [**अनुप्र+ईक्ष्**] चिन्तन करना, विचारना। अणुप्पेहंति ; (पि ३२३)। कृ—**अणुप्पेहियव्व** ; (पंसू १)।

अणुप्पेहा स्त्री [**अनुप्रेक्षा**] चिन्तन, भावना, विचार ; स्वाध्याय-विशेष ; (उत्त २९)।

अणुप्फास पुं [**अनुस्पर्श**] अनुभाव, प्रभाव ; " लोहस्सेव अणुप्फासो मन्ने अन्नयरामवि " (दस ६)।

अणुफुसिय वि [**अनुप्रोञ्छित**] पोंछा हुआ, साफ किया हुआ ; (स ३४४)।

अणुबंध सक [**अनु+बन्ध्**] १ अनुसरण करना। २ संबन्ध बनाये रखना। अणुबंधंति; (उत्तर ७१)। वकृ—**अणुबंधंत** ; (वेणी १८३)। कवकृ—**अणुबंधीअमाण**, **अणुबंधिज्जमाण** ; (नाट)। हेकृ—**अणुबंधिदुं** (शौ); (मा ६)।

अणुबंध पुं [**अनुबन्ध**] १ सततपन, निरन्तरता, विच्छेद का अभाव ; (ठा ६ ; उवर १२८)। २ संबन्ध ; (स १३८ ; गउड)। ३ कर्मों का संबन्ध; (पंचा १५)। ४ कर्मों का विपाक, परिणाम ; (उवर ४ ; पंचा १८)। ५ स्नेह, प्रेम ; (स २७९) ;
" नयणाण पडउ वज्जं, अहवा वज्जस्स वड्ढिलं किंपि।
अमुणियजणेवि दिट्ठे, अणुबंधं जाणि कुव्वंति" (सुर ४,२०)।
६ शास्त्र के आरम्भ में कहने लायक अधिकारी, विषय, प्रयोजन और संबन्ध ; (आव १)। ७ निर्बन्ध, आग्रह; (स ४५८)।

अणुबंधअ वि [**अनुबन्धक**] अनुबन्ध करने वाला ; (नाट)।

अणुबंधि वि [**अनुबन्धिन्**] अनुबन्ध वाला, अनुबन्ध करने वाला ; (धर्म २ ; स १२७)।

अणुबंधिअ न [**दे**] हिक्का-रोग, हिचकी ; (दे १, ४४)।

अणुबंधेल्ल वि [**अनुबन्धिन्**] विच्छेद-रहित, अनुगम वाला, अविनश्वर ; (उप २३३)।

अणुबज्झ } वि [**अनुबद्ध**] १ बँधा हुआ, संबद्ध ; (से
अणुबद्ध } ११, ६०)। २ सतत, अविच्छिन्न " अणुबद्ध-तिव्ववेरा परोप्परं वेयणं उदीरेंति " (पण्ह १, १)। ३ व्याप्त ; (णाया १, २)। ४ प्रतिबद्ध ; (णाया १,२)। ५ अत्यंत, बहुत " अणुबद्धनिरंतरवेयणासु" (पण्ह १, १)। ६ उत्पन्न ; (उत्तर ९२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अणुवूह देखो **अणुवूह** ।

अणुब्भड वि [**अनुद्भट**] अनुद्धत, अनुल्वण ; (उत्त २) ।

अणुब्भूय वि [**अनुद्भूत**] अप्रकट, अनुत्पन्न ; (नाट) ।

अणुभअ देखो **अणुभव**=अनुभव ; (नाट) ।

अणुभव सक [**अनु+भू**] १ अनुभव करना, जानना, समझना । २ कर्मफल को भोगना । अणुभवंति ; (पि ४७५) । वकृ—**अणुभवंत** ; (पि ४७५) । संकृ—**अणुभविअ, अणुभवित्ता** ; (नाट ; पण्ह १,१) । हेकृ—**अणुभविउं** ; (उत्त १८) ।

अणुभव पुं [**अनुभव**] १ ज्ञान, बोध, निश्चय ; (पंचा ५) । २ कर्म-फल का भोग ; (विसे) ।

अणुभवण न [**अनुभवन**] ऊपर देखो ; (आव ४; विसे २०६०) ।

अणुभवि वि [**अनुभविन्**] अनुभव करने वाला ; (विसे १६५८) ।

अणुभाग पुं [**अनुभाग**] १ प्रभाव, माहात्म्य ; (सूत्र १, ५, १) । २ शक्ति, सामर्थ्य ; (पउम २) । ३ कर्मों का विपाक—फल; (सूत्र १, ५, १) । ४ कर्मों का रस, कर्मों में फल उत्पन्न करने की शक्ति " ताण रसो अणुभागो " (कम्म १, २ टी ; नव ३१) । °**बंध** पुं [°**बन्ध**] कर्म-पुद्गलों में फल उत्पन्न करने की शक्ति का बनना ; (ठा ४, २) ।

अणुभाय } **अणुभाव** } पुं [**अनुभाव**] १-४ ऊपर देखो ; (प्रासू ३५ ; ठा ३, ३ ; गउड ; आचा ; सम ६) । ५ मनोगत भाव की सूचक चेष्टा, जैसे भौंका चढाना वगैरः, (नाट) । ६ कृपा, महरबानी ; (स ३५५) ।

अणुभावग वि [**अनुभावक**] बोधक, सूचक; (आवम) ।

अणुभास सक [**अनु+भाष्**] १ अनुवाद करना, कही हुई बात को उसी शब्द में, शब्दान्तर में या दूसरी भाषा में कहना । २ चिन्तन करना । " अणुभासइ गुरुवयणं " (आचू ६; वव ३) । वकृ—**अणुभासयंत; अणुभासमाण**; (स १८४ ; विसे २५१२) ।

अणुभासण न [**अनुभाषण**] अनुवाद, उक्त बात का कहना ; (नाट) ।

अणुभासणा स्त्री [**अनुभाषणा**] ऊपर देखो ; (ठा ५, ३ ; विसे २५२० टी) ।

अणुभासय वि [**अनुभाषक**] अनुवादक, अनुवाद करने वाला ; (विसे ३२१७) ।

अणुभासयंत देखो **अणुभास** ।

अणुभुंज सक [**अनु+भुज्**] भोग करना । वकृ—**अणुभुंजमाण** ; (सं १६) ।

अणुभूइ स्त्री [**अनुभूति**] अनुभव ; (विसे १६११) ।

अणुभूय वि [**अनुभूत**] ज्ञात, निश्चित ; (महा) । °**पुव्व** वि [°**पूर्व**] पहले ही जिसका अनुभव हो गया हो वह ; (गाया १, १) ।

अणुभूस सक [**अनु+भूष्**] भूषित करना, शोभित करना । अणुभूसंदि (शौ); (नाट) ।

अणुमइ स्त्री [**अनुमति**] अनुमोदन, सम्मति; (श्रा ६) ।

अणुमंतव्व देखो **अणुमण्ण** ; (विसे १६६०) ।

अणुमग्ग न [**दे**] पीछे पीछे " एवं विचिंतयंती अणुमग्गेणेव चलिया हं " (सुर ४, १४२ ; महा) । °**गामि** वि [°**गामिन्**] पीछे २ जाने वाला ; (पि ४०५) ।

अणुमण्ण } **अणुमन्न** } सक [**अनु+मन्**] अनुमति देना, अनुमोदन करना । अणुमण्णे, अणुमन्नइ ; (पि ४५७ ; महा) । वकृ—**अणुमण्णमाण** ; (उवर ३१) । संकृ—**अणुमन्निऊण** ; (महा) ।

अणुमन्निय } **अणुमय** } वि [**अनुमत**] अनुमोदित, सम्मत ; (उप पृ २६१) ।

अणुमर अक [**अनु+मृ**] १ मरना । २ सती होना, पति के मरने से मर जाना । "जं केवलिणो अणुमरंति" (आउ ३५) । भवि—अणुमरिहिइ ; (पि ५२२) ।

अणुमरण न [**अनुमरण**] ऊपर देखो ; (गउड) ।

अणुमहत्तर वि [**अनुमहत्तर**] मुखिया का प्रतिनिधि ; (निचू ३) ।

अणुमाण न [**अनुमान**] १ अटकल-ज्ञान, हेतु के द्वारा अज्ञात वस्तु का निर्णय ; (गा ३४५ ; ठा ४, ४) ।

अणुमाण सक [**अनु+मानय्**] अनुमान करना । संकृ—**अणुमाणइत्ता** ; (वव १) ।

अणुमाय वि [**अणुमात्र**] बहुत थोड़ा, थोड़ा परिमाण वाला ; (दस ५, २) ।

अणुमाल अक [**अनु+मालय्**] शोभित होना, चमकना । संकृ—**अणुमालिवि** ; (भवि) ।

अणुमेअ वि [**अनुमेय**] अनुमान के योग्य ; (मै ७३) ।

अणुमेरा स्त्री [**अनुमर्यादा**] मर्यादा , हद ; (कस) ।

अणुमोइय वि [**अनुमोदित**] अनुमत, संमत, प्रशंसित ; (आउर ; भवि) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अणुमोय सक (अनु + मुद्] अनुमति देना, प्रशंसा करना। अणुमोयइ ; (उव)। अणुमोएमो ; (चउ ५८)।

अणुमोयग वि [अनुमोदक] अनुमोदन करने वाला ; (विसे)।

अणुमोयण न [अनुमोदन] अनुमति, सम्मति, प्रशंसा ; (उव; पंचा ६)।

अणुम्मुक्क वि [अनुन्मुक्त] नहीं छोड़ा हुआ ; (पण्ह १,४)।

अणुम्मुह वि [अनुन्मुख] अ-संमुख, विमुख ; "किह साहुस्स अणुम्मुहो चिट्ठामि त्ति" (महा)।

अणुयंपा देखो **अणुकंपा** ; (गउड ; स २१४)।

अणुयत्त देखो **अणुवत्त**=अनु+वृत्। **अणुयत्तइ** ; (भवि)। वकृ—**अणुयत्तंत, अणुयत्तमाण** ; (पंचभा ; विसे १४५१)। संकृ—**अणुयत्तिऊण** ; (गउड)।

अणुयत्त देखो **अणुवत्त**=अनुवृत्त ; (भवि)।

अणुयत्तणा स्त्री [अनुवर्तना] १ बिमार की सेवा-शुश्रूषा करना; (बृह १)। २ अनुसरण; ३ अनुकूल वर्तन; (जीव १)।

अणुयत्तिय वि [अनुवृत्त] अनुकूल किया हुआ, प्रसादित ; (सुपा १३०)।

अणुयरिय वि [अनुचरित] आचरित, अनुष्ठित ; (गाया १, १)।

अणुया देखो **अणुण्णा** ; (सूत्र २, १)।

अणुयाव देखो **अणुताव** ; (स १८३)।

अणुयास पुं [अनुकाश] विशेष विकास; (गाया १, १)।

अणुरंगा स्त्री [दे] गाड़ी ; (बृह १)।

अणुरंगिय वि [अनुरङ्गित] रँगा हुआ ; (भवि)।

अणुरंज सक [अनु + रञ्जय्] अनुरागी करना, प्रीणित करना। वकृ—**अणुरंजअंत** ; (नाट)। संकृ—**अणुरंजिअ** ; (नाट)।

अणुरंजण न [अनुरञ्जन] राग, आसक्ति ; (विसे २६७७)।

अणुरंजिएल्लय, **अणुरंजिय** } वि [अनुरञ्जित] अनुरक्त किया हुआ, अनुरागी बनाया हुआ; (जं ३; महा)।

अणुरक्क वि [अनुरक्त] अनुराग-प्राप्त, प्रेम-प्राप्त ; (नाट)।

अणुरज्ज अक [अनु+रञ्ज्] अनुरक्त होना, प्रेमी होना। "अणुरज्जंति खणेणं जुवईउ खणेण पुण विरज्जंति" (महा)।

अणुरत्त देखो **अणुरक्क** ; (गाया १, १६)।

अणुरसिय वि [अनुरसित] बोलाया हुआ, आहूत ; (गाया १, ६)।

अणुराइ, **अणुराइल्ल** } वि [अनुरागिन्] अनुराग वाला, प्रेमी ; (स ३३० ; महा ; सुर १३, १२०)।

अणुराग पुं [अनुराग] प्रेम, प्रीति ; (सुर ४, २२८)।

अणुरागय वि [अन्वागत] १ पीछे आया हुआ ; २ ठीक २ आया हुआ ; ३ न. स्वागत ; (भग २, १)।

अणुरागि देखो **अणुराइ** ; (महा)।

अणुराय देखो **अणुराग** ; (प्रासू १११)।

अणुराहा स्त्री [अनुराधा] नक्षत्र-विशेष ; (सम ६)।

अणुरुंध सक [अनु + रुध्] १ अनुरोध करना। २ स्वीकार करना। ३ आज्ञा का पालन करना। ४ प्रार्थना करना। ५ अक. अधीन होना। कर्म—अणुरुंधिज्जइ; (हे ४, २४८ ; प्रामा)।

अणुरूअ, **अणुरूव** } वि [अनुरूप] १ योग्य, उचित ; (से ६, ३६)। २ अनुकूल ; (सुपा ११२)। ३ सदृश, तुल्य ; (गाया १, १६)। ४ न. समानता, योग्यता ; (सम्म)।

अणुरोह पुं [अनुरोध] १ प्रार्थना "ता ममाणुरोहेण एत्थ घरे निच्चमेव आगंतव्वं" (महा)। २ दाक्षिण्य, दक्षिणता ; (पात्र)।

अणुरोहि वि [अनुरोधिन्] अनुरोध करने वाला ; (स १२१)।

अणुलग्ग वि [अनुलग्न] पीछे लगा हुआ ; (गा ३४५ ; सुर ३, २२६ ; सूक्त ७)।

अणुलद्ध वि [अनुलब्ध] १ पीछे से मिला हुआ ; २ फिर से मिला हुआ ; (नाट)।

अणुलाव पुं [अनुलाप] फिर २ बोलना ; (ठा ७)।

अणुलिंप सक [अनु + लिप्] १ पोतना, लेप करना। २ फिर से पोतना। संकृ—**अणुलिंपित्ता** ; (पि ५८२)। हेकृ—**अणुलिंपित्तए** ; (पि ५७८)।

अणुलिंपण न [अनुलेपन] लेप, पोतना ; (पण्ह २, ३)।

अणुलित्त वि [अनुलिप्त] लिप्त, पोता हुआ, (कप्प)।

अणुलिह सक [अनु + लिह्] १ चाटना। २ छूना। वकृ—**अणुलिहंत**; (सम १३१)। "गयणयलमणुलिहंतं" (पउम ३६, १२)।

अणुलेवण न [अनुलेपन] १ लेप, पोतना; (स्वप्न ६४)। २ फिर से पोतना ; (पण्ण २)।

अणुलेविय वि [अनुलेपित] लिप्त, पोता हुआ "कम्माणुलेविओ सो" (पउम ८२, ७८)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अणुलोम सक [अनुलोमय्] १ क्रम से रखना। २ अनुकूल करना। संकृ—**अणुलोमइत्ता** ; (ठा ६)।

अणुलोम न [अनुलोम] १ अनुक्रम, यथाक्रम "वत्थं दुहाणुलोमेण तह य पडिलोमओ भवे वत्थं" (सुर १६, ४८)।

अणुलोम वि [अनुलोम] सीधा, अनुकूल ; (जं २)।

अणुल्लण वि [अनुल्बण] अनुद्धत, अनुद्भट ; (बृह ३)।

अणुल्लय पुं [अनुल्लक] एक द्वीन्द्रिय क्षुद्र जन्तु ; (उत्त ३६)।

अणुल्लाव पुं [अनुल्लाप] खराब कथन, दुष्ट उक्ति; (ठा ३)।

अणुव पुं [दे] बलात्कार, जबरदस्ती ; (दे १, १६)।

अणुवइट्ठ वि [अनुपदिष्ट] १ अ-कथित, अ-व्याख्यात ; २ जो पूर्व-परम्परा से न आया हो "अणुवइट्ठं नाम जं णो आयरियपरंपरागयं" (निचू ११)।

अणुवउत्त वि [अनुपयुक्त] असावधान ; (विसे)।

अणुवएस पुं [अनुपदेश] १ अयोग्य उपदेश ; (पंचा १२)। २ उपदेश का अभाव ; ३ स्वभाव ; (ठा २, १)।

अणुवओग वि [अनुपयोग] १ उपयोग-रहित ; २ उपयोग का अभाव, असावधानता ; (अणु)।

अणुवंक वि [अनुवक्र] अत्यंत वक्र, बहुत टेढ़ा "जाव अंगारओ रासिं विअ अणुवंकं परिगमणं ण करेदि" (माल ६२)।

अणुवंदण न [अनुवन्दन] प्रति-नमन, प्रति-प्रणाम ; (सार्ध ३६)।

अणुवक्क देखो **अणुवंक** ; (पि ७४)।

अणुवक्ख वि [अनुपाख्य] नाम-रहित, अनिर्वचनीय ; (बृह १)।

अणुवक्खड वि [अनुपस्कृत] संस्कार-रहित (पाक) ; (निचू १)।

अणुवच्च सक [अनु+व्रज्] अनुसरण करना, पीछे २ जाना। अणुवच्चइ ; (हे ४, १०७)।

अणुवच्चिअ वि [अनुव्रजित] अनुसृत ; (कुमा)।

अणुवजीवि वि [अनुपजीविन्] १ अनाश्रित ; २ आजीविका-रहित ; (पंचा १५)।

अणुवजुत्त वि [अनुपयुक्त] असावधान, ख्याल-शून्य ; (अभि १३१)।

अणुवज्ज सक [गम्] जाना। अणुवज्जइ ; (हे ४,१६२)।

अणुवज्ज सक [दे] सेवा-शुश्रूषा करना ; (दे १, ४१)।

अणुवज्जण न [दे] सेवा-शुश्रूषा ; (दे १, ४१)।

अणुवज्जिअ वि [दे] जिसकी सेवा-शुश्रूषा की गई हो वह ; (दे १, ४१)।

अणुवज्जिअ वि [दे] गत, गया हुआ ; (दे १, ४१)।

अणुवट्ट देखो **अणुवत्त**=अनु + वृत्। कृ—**अणुवट्टणीअ** ; (नाट)।

अणुवट्टि देखो **अणुवत्ति**=अनुवर्तिन ; (विमे २४१७)।

अणुवड सक [अनु+पत्] अभिन्न होना। अणुवडइ ; (उवर ७१)।

अणुवत्त सक [अनु+वृत्] १ अनुसरण करना। २ सेवा-शुश्रूषा करना। ३ अनुकूल बरतना। ४ व्याकरण आदि के पूर्व सूत्र के पद का, अन्वय के लिए, नीचे के सूत्र में जाना। अणुवत्तइ ; (स ४२)। वकृ—**अणुत्तंत, अणुवत्तंत, अणुवत्तमाण** ; (प्राप्र ; विसे ३५६८ ; नाट)। कृ—**अणुवट्टणीअ, अणुवत्तणीअ, अणुवत्तियव्व** ; (नाट ; उप १०३१ टी)।

अणुवत्त वि [अनुवृत्त] १ अनुसृत, अनुगत ; २ अनुकूल किया हुआ ; ३ प्रवृत्त ; (वव २)।

अणुवत्तग वि [अनुवर्त्तक] अनुकूल प्रवृत्ति करने वाला, सेवा करने वाला ; (उव)।

अणुवत्तण न [अनुवर्त्तन] १ अनुसरण ; (स २३६)। २ अनुकूल प्रवृत्ति ; (गा २६५)। ३ पूर्व सूत्र के पद का, अन्वय के लिए, नीचे के सूत्र में जाना ; (विसे ३५६८)।

अणुवत्तणा स्त्री [अनुवर्त्तना] ऊपर देखो ; (उवर १४८)।

अणुवत्तय देखो **अणुवत्तग** "अन्नमन्नच्छंदाणुवत्तया" (णाया १, ३)।

अणुवत्ति स्त्री [अनुवृत्ति] १ अनुसरण ; (स ४५६)। २ अनुकूल प्रवृत्ति ; ३ अनुगम ; (विसे ७०५)।

अणुवत्ति वि [अनुवर्त्तिन्] अनुकूल प्रवृत्ति करने वाला, भक्त, सेवक ;

"तुह चंडि ! चलणकमलाणुवत्तिणो कह ण संजमिज्जंति।
सेरिहवहसंकियमहिसहीरमाणेण व जमेण" (गउड)।

अणुवम वि [अनुपम] उपमा-रहित, बेजोड़, अद्वितीय ; (श्रा २७)।

अणुवमा स्त्री [अनुपमा] एक प्रकारका खाद्य द्रव्य ; (जीव ३)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अणुवमिय वि [अनुपमित] देखो **अणुवम** ; (सुपा ६८)।

अणुवय देखो **अणुव्वय** ; (पउम २, ६२)।

अणुवय सक [अनु+वद्] अनुवाद करना, कहे हुए अर्थ को फिरसे कहना। वकृ—**अणुवयमाण** ; (आचा)।

अणुवरय वि [अनुपरत] १ असंयत, अनिग्रही; (ठा २, १)। २ क्रिवि. निरन्तर, हमेशां ; (रयण २५)।

अणुवलद्धि स्त्री [अनुपलब्धि] १ अभाव, अप्राप्ति ; २ अभाव-ज्ञान ; "दुविहा अणुवलद्धीउ" (विसे १६८२)।

अणुवलब्भमाण वि [अनुपलभ्यमान] जो उपलब्ध न होता हो, जो जानने में न आता हो ; (दसनि १)।

अणुवलेवय वि [अनुपलेपक] उपलेप-रहित, अलिप्त ; (पण्ह १, २)

अणुवसंत वि [अनुपशान्त] अशान्त, कुपित ; (उत १६)

अणुवसम पुं [अनुपशम] उपशम का अभाव ; (उव)।

अणुवसु वि [अनुवसु] रागवाला, प्रीतिवाला ; (आचा)।

अणुवह न [अनुपथ] पीछे "कुमराणुवहेण सो लग्गो" (उप ६ टी)।

अणुवहय वि [अनुपहत] अविनाशित ; (पिंड)।

अणुवहुआ स्त्री [दे] नवोढ़ा स्त्री, दुलहिन ; (दे १,४८)।

अणुवाइ वि [अनुपातिन्] १ अनुसरण करने वाला ; (ठा ६)। २ संबन्ध रखने वाला ; (सम १५)।

अणुवाइ वि [अनुवादिन्] अनुवाद करने वाला, उक्त अर्थ को कहने वाला ; (सूअ १, १२ ; सत्त १४ टी)।

अणुवाइ वि [अनुवाचिन्] पढ़ने वाला, अभ्यासी ; "संपुन्न सिवरिसो अणुवाई सव्वसुत्तस्स" (सत्त १४ टी)।

अणुवाएज्ज वि [अनुपादेय] ग्रहण करने के अयोग्य ; (आवम)।

अणुवाद देखो **अणुवाय**=अनुवाद ; (विसे ३५७७)।

अणुवाय पुं [अनुपात] १ अनुसरण ; (पराण १७)। २ संबन्ध, संयोग ; (भग १२, ४)। ३ आगमन ; (पंचा ७)।

अणुवाय पुं [अनुवात] १ अनुकूल पवन ; (राय)। २ वि. अनुकूल पवन वाला प्रदेश—स्थान ; (भग १६, ६)।

अणुवाय वि [अनुपाय] उपाय-रहित, निरुपाय ; (उप पृ १४)।

अणुवाय पुं [अनुवाद] अनुभाषण, उक्त बात को फिर से कहना ; (उवा ; दे १, १३१)।

अणुवायण न [अनुपातन] अवतारण, उतारना; (धर्म २)।

अणुवायय वि [अनुवाचक] कहने वाला, अभिधायक, "पोसहसद्दो रूढीए एत्थ पव्वाणुवायओ भणिओ" (सुपा ६१६)।

अणुवाल देखो **अणुपाल**। वकृ—**अणुवालेंत**; (स २३)। संकृ—**अणुवालिऊण** ; (स १०२)।

अणुवालण न [अनुपालन] रक्षण, परिपालन ; (आचा)।

अणुवालणा स्त्री [अनुपालना] १ ऊपर देखो; (पंचू)। २ °**कप्प** पुं [°कल्प] साधु-गण के नायक की अकस्मात् मृत्यु हो जाने पर गण की रक्षा के लिए शास्त्रीय विधान ; (पंचभा)।

अणुवालय वि [अनुपालक] १ रक्षक, परिपालक। २ पुं. गोशालक के एक भक्त का नाम ; (भग २४, २०)।

अणुवास सक [अनु+वासय्] व्यवस्था करना। अणुवासिज्जासि ; (आचा)।

अणुवास पुं [अनुवास] एक स्थान में अमुक काल तक रह कर फिर वहां ही वास करना ; (पंचभा)।

अणुवासण न [अनुवासन] १ ऊपर देखो। २ यन्त्र-द्वारा तेल आदि को अपान से पेट में चढ़ाना ; (णाया १, १३)।

अणुवासणा स्त्री [अनुवासना] ऊपर देखो ; (पंचभा ; णाया १, १३)। °**कप्प** पुं [°**कल्प**] अनुवास के लिए शास्त्रीय व्यवस्था ; (पंचभा)।

अणुवासग वि [अनुपासक] १ सेवा नहीं करने वाला। २ पुं. जैनेतर गृहस्थ ; (निचू ८)।

अणुवासर न [अनुवासर] प्रतिदिन, हमेशाँ ; (सुर १, २४१)।

अणुवित्ति स्त्री [अनुवृत्ति] १ अनुकूल वर्तन ; (कुमा)। २ अनुसरण ; (उप ८३३ टी)।

अणुविद्ध वि [अनुविद्ध] संबद्ध, जुड़ा हुआ ; (से ११, १५)।

अणुविहाण न [अनुविधान] १ अनुकरण ; २ अनुसरण ; (विसे २०७)।

अणुवीइ स्त्री [अनुवीचि] अनुकूलता "वेयाणुवीइं मा कासि चोइज्जंतो गिलाइ से भुज्जो" (सूअ १, ४, १, १६)।

अणुवीइ, **अणुवीई**, **अणुवीति** } अ [अनुविचिन्त्य] विचार कर, पर्यालोचना कर ; (पि ५६३ ; आचा ; दस ७)। **अणुवीतिय** } देखो **अणुचिंत**।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अणुवूह सक [अनु+बृंह्] अनुमोदन करना, प्रशंसा करना। अणुवूहेइ ; (कप्प)।

अणुवूहेत्तु वि [अनुबृंहितृ] अनुमोदन करने वाला ; (ठा ७)।

अणुवेय सक [अनु+वेदय्] अनुभव करना। वकृ—**अणुवेयंत** ; (सुअ १, ५, १)।

अणुवेयण न [अनुवेदन] फल-भोग, अनुभव ; (स ४०३)।

अणुवेल अ [अनुवेल] निरन्तर, सदा ; (पाअ)।

अणुवेलंधर पुं [अनुवेलन्धर] नाग-कुमार देवों का एक इन्द्र ; (सम ३३)।

अणुवेह देखो **अणुप्पेह**। वकृ—**अणुवेहमाण** ; (सुअ १, १०)।

अणुव्वज सक [अनु+व्रज्] १ अनुसरण करना। २ सामने जाना। अणुव्वजे ; (सुअ १, ४, १, ३)।

अणुव्वय न [अणुव्रत] छोटा व्रत, साधुओं के महाव्रतों की अपेक्षा लघु व्रत, जैन गृहस्थ के पालने के नियम ; (ठा ५, १)।

अणुव्वय न [अनुव्रत] ऊपर देखो ; (ठा ५, १)।

अणुव्वयय वि [अनुव्रजक] अनुसरण करने वाला "अन्नमन्नमणुव्वयया" (णाया १, ३)।

अणुव्वया स्त्री [अनुव्रता] पतिव्रता स्त्री ; (उत्त २०)।

अणुव्वस वि [अनुवश] अधीन, आयत्त "एवं तुब्भे सरागत्था अन्नमन्नमणुव्वसा" (सुअ १, ३, ३)।

अणुव्वाण वि [अनुद्वान] १ अ-बन्ध, खुला हुआ ; (उप २११ टी)। २ स्निग्ध, चिकना "पव्वाणा किंचिउव्वाणामेव किंचिच होअणुव्वाणं" (ओघ ४८८)।

अणुव्विग्ग वि [अनुद्विग्न] अ-खिन्न, खेद-रहित; (णाया १, ८; गा २८५)।

अणुव्विवाग न [अनुविपाक] विपाक के अनुसार "एवं तिरिक्खे मणुयासुरेसु चउरंतणंतं तयणुव्विवागं" (सुअ १, ५, २)।

अणुव्वीइय देखो **अणुवीइ** ; (जीव १)।

अणुसंग पुं [अनुषङ्ग] १ प्रसंग, प्रस्ताव ; (प्रासू ३६; भवि)। २ संसर्ग, सौबत; "मज्झठिई पुण एसा; अणुसङ्गेणं हवन्ति गुण-दोसा" (सट्ठि २८; २७)।

अणुसंचर सक [अनुसं+चर्] १ परिभ्रमण करना। २ पीछे चलना। अणुसंचरइ ; (आचा; सुअ १, १०)।

अणुसंध सक [अनुसं+धा] १ खोजना, ढुंढना, तलास करना। २ विचार करना। ३ पूर्वापर का मिलान करना। **अणुसंधेमि** ; (पि ५००)। संकृ---**अणुसंधिवि** ; (भवि)।

अणुसंधण } न [अनुसंधान] १ खोज, शोध।
अणुसंधाण } २ विचार, चिन्तन "अत्ताणुसंधणपरा सुसावगा एरिसा हुंति" (श्रा २०)। ३ पूर्वापर का मिलान ; (पंचा १२)।

अणुसंधिअ न [दे] अविच्छिन्न हिक्का, निरन्तर हिचकी ; (दे १, ५६)।

अणुसंवेयण न [अनुसंवेदन] १ पीछेसे जानना; २ अनुभव करना; (आचा)।

अणुसंसर सक [अनुसं+सृ] गमन करना, भ्रमण करना। "जो इमाओ दिसाओ वा विदिसाओ वा अणुसंसरइ" (आचा)।

अणुसंसर सक [अनुसं+स्मृ] स्मरण करना, याद करना। अणुसंसरइ; (आचा)।

अणुसज्ज अक [अनु+संज्] १ अनुसरण करना, पूर्व काल से कालान्तर में अनुवर्तन करना। २ प्रीति करना। ३ परिचय करना। अणुसज्जन्ति ; (स ३)। भूका — अणुसज्जित्था; (भग ६,७)।

अणुसज्जणा स्त्री [अनुसज्जना] अनुसरण, अनुवर्तन; (वव १)।

अणुसट्ठ वि [अनुशिष्ट] जिसको शिक्षा दी गई हो वह, शिक्षित; (सुर ११,२६)।

अणुसट्ठि वि [अनुशिष्टि] १ शिक्षण, सीख, उपदेश; (ठा ३, ३)। २ स्तुति, श्लाघा "अणुसट्ठी य थुइ त्ति एगट्ठा" (वव १)। ३ आज्ञा, अनुज्ञा, सम्मति "इच्छामो अणुसट्ठिं पत्त जं देह में भयवं" (सुर ६,२०६)।

अणुसमय न [अनुसमय] प्रतिक्षण; (भग ४१,१)।

अणुसय पुं [अनुशय] १ पश्चात्ताप, खेद; (से २, १६) २ गर्व, अभिमान; (अणु)।

अणुसर सक [अनु+सृ] पीछा करना, अनुवर्तन करना। अणुसरइ; (सण)। वकृ—**अणुसरंत** ; (महा)। कृ—**अणुसरियव्व**; (ठा ५, १)।

अणुसर सक [अनु+स्मृ] याद करना, चिन्तन करना। वकृ—**अणुसरंत**; (पउम ६६, ७)। कृ—**अणुसरियव्व**; (आवम)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अणुसरण न [**अनुसरण**] १ पीछा करना; २ अनुवर्तन; (विसे ६१३)।

अणुसरण न [**अनुस्मरण**] अनुचिन्तन, याद करना; (पंचा १; स २३१)।

अणुसरिउ वि [**अनुस्मर्तृ**] याद करने वाला; (विसे ६२)।

अणुसरिच्छ, **अणुसरिस** वि [**अनुसदृश**] १ समान, तुल्य; (पउम ६४, ७०)। २ योग्य, लायक (सं ११, ११५; पउम ८५, २६)।

अणुसार पुं [**अनुस्वार**] १ वर्ण-विशेष, बिन्दी; २ वि. अनुनासिक वर्ण; (विसे ५०१)।

अणुसार पुं [**अनुसार**] अनुसरण, अनुवर्तन; (गउड़ ; भवि)। २ माफिक, मुताबिक "कहियाणुसारओ सव्वमुवगयं सुमइणा सम्मं" (सार्ध १४४)।

अणुसारि वि [**अनुसारिन्**] अनुसरण करने वाला; (गउड़; स १०१; सार्ध २६)।

अणुसास सक [**अनु+शास्**] १ सीख देना, उपदेश देना। २ आज्ञा करना। ३ शिक्षा करना, सजा देना। अणुसासंति; (पि १७२)। वक्र—**अणुसासंत** (पि ३६७)। कवक्र—**अणुसासिज्जंत**; (सुपा २७३)। क्र—**अणुसासणिज्ज**; (कुमा)। हेक्र—**अणुसासिउं**; (पि ५७६)।

अणुसासण न [**अनुशासन**] १ सीख, उपदेश; (सूअ १, १५)। २ आज्ञा, हुकुम; (सूअ १, २, ३)। ३ शिक्षा, सजा; (पंचा ६)। ४ अनुकम्पा, दया "अणुकंपति वा अणुसासणंति वा एगट्ठा" (पंचचू)।

अणुसासणा स्त्री [**अनुशासना**] ऊपर देखो; (णाया १, १३)।

अणुसासिय वि [**अनुशासित**] शिक्षित; (उत्त १; पि १७३)।

अणुसिक्खिर वि [**अनुशिक्षितृ**] सिखने वाला;
"जं जं करेसि जं जं, जंपसि जह जह तुमं निअच्छेसि।
तं तं अणुसिक्खिरीए, दीहो दिअहो ण संपडइ"। (गा ३७८)।

अणुसिट्ठ देखो **अणुसट्ठ**; (सूअ १, ३, ३)।

अणुसिट्ठि देखो **अणुसट्ठि**; (ओघ १७३; बृह १; उत्त १०)।

अणुसिण वि [**अनुष्ण**] गरम नहीं वह; ठण्डा; (कम्म १, ४६)।

अणुसील सक [**अनु+शीलय्**] पालन करना, रक्षण करना। **अणुसीलइ**; (सण)।

अणुसुत्ति वि [**दे**] अनुकूल; (दे १, २५)।

अणुसूआ स्त्री [**दे**] शीघ्र ही प्रसव करने वाली स्त्री; (दे १, २३)।

अणुसूय वि [**अनुस्यूत**] अनुविद्ध, मिला हुआ; (सूअ २, ३)।

अणुसूयग वि [**अनुसूचक**] जासुस की एक श्रेणी,
"सूयग तहाणुसूयग-पडिसूयग-सव्वसूयगा एव।
पुरिसा कयवित्तीया, वसंति सामंतनगरेसु।
महिला कयवित्तीया, वसंति सामंतनगरेसु॥" (वव १)।

अणुसेढि स्त्री [**अनुश्रेणि**] १ सीधी लाइन। २ न. लाइन-सर; (पि ६६; ३०४)।

अणुसोय पुं [**अनुस्रोतस्**] १ अनुकूल प्रवाह; (ठा ४, ४)। २ वि. अनुकूल "अणुसोयसुहो लोगो पडिसोओ आसमो सुविहियाणं" (दसचू २)। ३ न. प्रवाह के अनुसार,
"अणुसोयपट्ठिए बहुजणम्मि पडिसोयलद्धलक्खेणं।
पडिसोयमेव अप्पा, दायव्वो होउकामेणं।" (दसचू २)।

अणुसोय सक [**अनु+शुच्**] सोचना, चिन्ता करना, अफसोस करना। वक्र—**अणुसोयमाण**; (सुपा १३३)।

अणुस्सर देखो **अणुसर**=अनु+स्मृ। संक्र-**अणुस्सरित्ता**; (सूअ १, ७, १६)।

अणुस्सर देखो **अणुसर**=अनु+सृ। वक्र—**अणुस्सरंत**; (स १४०)।

अणुस्सरण न [**अनुस्मरण**] चिन्तन करना; याद करना; (उव; स ५३५)।

अणुस्सार पुं [**अनुस्वार**] १ अनुस्वार, बिन्दी। २ वि. अनुस्वार वाला अक्षर, अनुस्वार के साथ जिसका उच्चारण हो वह; (णंदि; विसे ५०३)।

अणुस्सुय वि [**अनुत्सुक**] उत्कण्ठा-रहित; (सूअ १, ६)।

अणुस्सुय वि [**अनुश्रुत**] १ अवधारित; (उत्त ५)। २ सुना हुआ; (सूअ १,२,१)। ३ न. भारत-आदि पुराण-शास्त्र; (सूअ १,३,४)।

अणुहर सक [**अनु+हृ**] अनुकरण करना, नकल करना। अणुहरइ; (पि ४७७)।

अणुहरिय वि [**अनुहृत**] जिसका अनुकरण किया गया हो वह, अनुकृत;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

" अणुहरियं धीर तुमे, चरियं निययस्स पुव्वपुरिसस्स।
भरह-महानरवइणो, तिहुयणविक्खाय-कित्तिस्स" (महा)।

अणुहव सक [अनु+भू] अनुभव करना। अणुहवइ; (पि ४७५)। वकृ—**अणुहवमाण**; (सुर १, १७१)। कृ—**अणुहवियव्व, अणुहवणीय**; (पउम १७, १४; सुपा ५८१)। संकृ—**अणुहवेऊण, अणुहविउं**; (प्रासू; पंचा २)।

अणुहवण न [अनुभवन] अनुभव; (स २८७)।

अणुहविय वि [अनुभूत] जिसका अनुभव किया गया हो वह, ; (सुपा ६)।

अणुहारि वि [अनुहारिन्] अनुकरण करने वाला, नक्कालची; (कुमा)।

अणुहाव देखो **अणुभाव**; (स ४०३; ६५६)।

अणुहियासण न [अन्वध्यासन] धैर्य से सहन करना; (जं २)।

अणुहु सक [अनु+भू] अनुभव करना। वकृ—**अणुहुंत**; (पउम १०३, १५२)।

अणुहुंज सक [अनु+भुञ्ज्] भोग करना, भोगना। अणुहुंजइ; (भवि)।

अणुहुत्त देखो **अणुहूअ**; (गा ६५६)।

अणुहूअ वि [अनुभूत] १ जिसका अनुभव किया गया हो वह; (कुमा)। २ न. अनुभव; (से ४, २७)।

अणुहो सक [अनु+भू] अनुभव करना। अणुहोंति; (पि ४७५)। वकृ—**अणुहोंत**; (पउम १०६, १७)। कवकृ—**अणुहोईअंत, अणुहोइज्जंत, अणुहोइज्जमाण**; **अणुहोईअमाण**; (षड्)। कृ—**अणुहोदव्व** (शौ); (अभि १३१)।

अणूकप्प देखो **अणुकप्प**; " एत्तो वोच्छं अणूकप्पं " (पंचभा)।

अणूण वि [अनून] कम नहीं, अधिक; (कुमा)।

अणूय } पुं [अनूप] अधिक जल वाला देश, जल-बहुल
अणूव } स्थान; (विसे १७०३; वव ४)।

अणेअ वि [अनेक] देखो **अणेक्क**; (कुमा; अभि २४६)।

अणेकज्झ वि [दे] चञ्चल, चपल; (दे १,३०)।

अणेक्क } वि [अनेक] एक से अधिक, बहुत; (औप;
अणेग } प्रासू ५३)। °करण न [°करण] पर्याय, धर्म, अवस्था; (सम्म १०६)। °राइय वि [°रात्रिक] अनेक रातों में होने वाला, अनेक रात संबन्धी (उत्सवादि); (कस)। °सो अ [°शस्] अनेक वार; (श्रा १४)।

अणेगंत पुं [अनेकान्त] अनिश्चय, नियम का अभाव; (विसे)। °वाय पुं [°वाद] स्याद्वाद, जैनों का मुख्य सिद्धान्त, सत्व-असत्व आदि अनेक विरुद्ध धर्मों का भी एक वस्तु में सापेक्ष स्वीकार,
"जेण विणा लोगस्सवि, ववहारो सव्वहा न निव्वडइ।
तस्स भुवणेक्कगुरुणो नमो अणेगंतवायस्स" (सम्म १६६)।

अणेगंतिय वि [अनैकान्तिक] ऐकान्तिक नहीं, अनिश्चित, अनियमित; (भग १, १)।

अणेगावाइ वि [अनेकवादिन्] पदार्थों को सर्वथा अलग २ मानने वाला, अक्रियवाद-मत का अनुयायी; (ठा ८)।

अणेच्छंत वि [अनिच्छत्] नहीं चाहता हुआ; (उप ७६८ टी)।

अणेज वि [अनेज] निश्चल, निष्कम्प; (आक)।

अणेज्ज वि [अज्ञेय] जानने को अयोग्य, जानने को अशक्य; (महा)।

अणेलिस वि [अनीदृश] अनुपम, असाधारण, "जे धम्मं सुद्धमक्खंति पडिपुण्णमणेलिसं " (सूअ १, ११)।

अणेवंभूय वि [अनेवम्भूत] विलक्षण, विचित्र "अणेवंभूयंपि वेयणं वेदंति" (भग ५,५)।

अणेस देखो **अण्णेस**। वकृ—**अणेसंत**; (नाट)।

अणेसण न [अन्वेषण] खोज, तलास; (महा)।

अणेसणा स्त्री [अनेषणा] एषणा, का अभाव; (उवा)।

अणेसणिज्ज वि [अनेषणीय] अकल्पनीय, जैन साधुओं के लिए अग्राह्य (भिक्षा-आदि); (ठा ३,१; णाया १ ५)।

अणोउया स्त्री [अनृतुका] जिसको ऋतु-धर्म न आता हो वह स्त्री; (ठा ५,२)।

अणोक्कंत वि [अनवक्रान्त] जिसका पराभव न किया गया हो वह, अजित, ' परवाईहिं अणोक्कंता' (औप)।

अणोगह देखो **अणुग्गह**=अनवग्रह; "नागरगो संवट्टो अणोग्गहो" (बृह ३)।

अणोग्घसिय वि [अनवघर्षित] नहीं घिसा हुआ, अमार्जित; (राय)।

अणोज्ज वि [अनवद्य] निर्दोष, शुद्ध; (णाया १,८)।

अणोज्जंगी स्त्री [अनवद्याङ्गी] भगवान् महावीर की पुत्री का नाम; (आचू)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अणोज्जा स्त्री [**अनवद्या**] ऊपर देखो; (कप्प)।

अणोणअ वि [**अनवनत**] नहीं नमा हुआ; (से १,१)।

अणोत्तप्प देखो **अणुत्तप्प**; (पव ६४)।

अणोम वि [**अनवम**] अ-हीन, परिपूर्ण; (आचा)।

अणोमाण न [**अनपमान**] अनादर का अभाव, सत्कार, "एवं उग्गमदोसा विजढा पइरिक्कया अणोमाणं। मोहतिगिच्छा य कया, विरियायारो य अणुचिण्णो" (ओघ २४६)।

अणोरपार वि [**दे**] १ प्रचुर, प्रभूत; (आवम)। २ अनादि-अनन्त; (पंचा १५; जो ४४)। ३ अति विस्तीर्ण; (पण्ह १,३)।

अणोरुम्मिअ वि [**अनुद्वान**] अ-शुष्क, गिला; (कुमा)।

अणोलय न [**दे**] प्रभात, प्रातःकाल; (दे १,१६)।

अणोवणिहिया स्त्री [**अनौपनिधिकी**] आनुपूर्वी का एक भेद; क्रम-विशेष; (अणु)।

अणोवणिहिया स्त्री [**अनुपनिहिता**] ऊपर देखो; (पि ७७)।

अणोल्ल वि [**अनार्द्र**] १ शुष्क, सूखा हुआ; (गा ५४१)। °**मण** वि [°**मनस्क**] अकरुण, निष्ठुर, निर्दय; (काप्र ८६)।

अणोवम वि [**अनुपम**] उपमा-रहित, अद्वितीय; (पउम ७६, २६; सुर ३,१३०)।

अणोवमिय वि [**अनुपमित**] ऊपर देखो; (पउम २,६३)।

अणोवसंखा स्त्री [**अनुपसंख्या**] अज्ञान, सत्य ज्ञान का अभाव; (सुअ २,१२)।

अणोवहिय वि [**अनुपधिक**] १ परिग्रह-रहित, संतोषी। २ सरल, अकपटी; (आचा)।

अणोवाहणग } वि [**अनुपानत्क**] जूता-रहित, जो **अणोवाहणय** } जूता-पहिना न हो; (औप; पि ७७)।

अणोसिय वि [**अनुषित**] १ जिसने वास न किया हो। २ अव्यवस्थित "अणोसिएणं न करेइ णच्चा" (धर्म ३; सुअ १,१४)।

अणोहंतर वि [**अनोघन्तर**] पार जाने के लिए असमर्थ, "मुणिणा हु एयं पवेइयं अणोहंतरा एए, नो य ओहं तरित्तए" (आचा)।

अणोहट्टय वि [**अनपघट्टक**] निरंकुश, स्वच्छन्दी; (णाया १,१६)।

अणोहीण वि [**अनवहीन**] हीनता-रहित; (पि १२०)।

अण्ण सक [**भुज्**] भोजन करना, खाना। अण्णइ; (षड्)।

अण्ण स [**अन्य**] दूसरा, पर; (प्रासू १३१)। °**उत्थिय** वि [°**तीर्थिक** °**यूथिक**] अन्य दर्शन का अनुयायी; (सम ६०)। °**ग्गहण** न [°**ग्रहण**] १ गान के समय होने वाला एक प्रकार का मुख-विकार। २ पुं. गाने वाला, गान्धर्विक, गवैया; (निचू १७)। °**धम्मिय** वि [°**धर्मिक**] भिन्न धर्म वाला; (ओघ १५)।

अण्ण न [**अन्न**] १ नाज, चावल आदि धान्य; (सुअ १,४,२)। २ भक्ष्य पदार्थ; (उत्त २०)। ३ भक्षण, भोजन; (सुअ १,२)। °**इलाय**, °**गिलाय** वि [**ग्लायक**] वासी अन्न को खाने वाला; (औप; भग १६,३)। °**विहि** पुंस्त्री [°**विधि**] पाक-कला; (औप)।

अण्ण न [**अर्णस्**] पानी, जल; (उत्त ५)।

अण्ण वि [**दे**] १ आरोपित; २ खण्डित; (षड्)।

°**अण्ण** देखो **कण्ण**=कर्ण; (गा ५६४; कप्पू)।

अण्णअ पुं [**दे**] १ युवान, तरुण; २ धूर्त, ठग; ३ देवर; (दे १,५५)।

अण्णइअ वि [**दे**] १ तृप्त; (दे १, १६)। २ सब विषयों में तृप्त, सर्वार्थ-तृप्त; (षड्)

अण्णओ अ [**अन्यतस्**] दूसरे से, दूसरी तर्फ; (उत्त १)। देखो **अन्नओ**।

अण्णण्ण वि [**अन्योन्य**] परस्पर, आपस में; (षड्)।

अण्णण्ण वि [**अन्यान्य**] और और, अलग अलग, "अण्णण्णाइं उवेंता, संसारवहम्मि णिरवसाणम्मि। मरणंति धीरहियआ, वसइट्ठाणाइंव कुलाइं" (गउड)।

अण्णत्त अ [**अन्यत्र**] दूसरे में, भिन्न स्थान में; (गा ६५५)।

अण्णत्ति स्त्री [**दे**] अवज्ञा, अपमान, निरादर; (दे १, १७)।

अण्णत्तो देखो **अण्णओ**; (गा ६३६)।

अण्णत्थ देखो **अण्णत्त**; (विपा १, २)।

अण्णत्थ वि [**अन्यस्थ**] दूसरे (स्थान) में रहा हुआ; (गा ५५०)।

अण्णत्थ वि [**अन्वर्थ**] यथार्थ, यथा नाम तथा गुण वाला; "ठियमण्णत्थे तयत्थनिरवेक्खं" (विसे)।

अण्णमण्ण देखो **अण्णण्ण**=अन्योन्य "अण्णमण्णमणुरत्तया" (णाया १, २)।

अण्णमय वि [**दे**] पुनरुक्त, फिर से कहा हुआ; (दे १, २८)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अण्णयर वि [**अन्यतर**] दो में से कोई एक ; (कप्प)।
अण्णया अ [**अन्यदा**] कोई समय में ; (उप ६ टी)।
अण्णव पुं [**अर्णव**] १ समुद्र ; २ संसार " अरणवंसि महोवंसि एगो तिएणे दुरुत्तरे " (उत्त ५)।
अण्णव न [**ऋणवत्**] एक लोकोत्तर मुहूर्त का नाम; (जं ७)।
अण्णह न [**अन्वह**] प्रतिदिन, हमेशां ; (धर्म १)।
अण्णह देखो **अण्णत्त** ; (षड्)।
अण्णह } अ [**अन्यथा**] अन्य प्रकार से, विपरीत रीति **अण्णहा** } से, उलटा ; (षड् ; महा)। °**भाव** पुं [°**भाव**] वैपरीत्य, उलटापन ; (बृह ४)।
अण्णहि देखो **अण्णत्त** ; (षड्)।
अण्णा स्त्री [**आज्ञा**] आज्ञा, आदेश ; (गा २३; अभि ६३ ; मुद्रा ५७)।
अण्णाइट्ठ वि [**अन्वादिष्ट**] आदिष्ट, जिसको आदेश दिया गया हो वह " अज्जुणए मालागारे मोग्गरपाणिणा जक्खेणं अरणाइट्ठे समाणे " (अंत २०)।
अण्णाइट्ठ वि [**अन्वाविष्ट**] १ व्याप्त ; (भग १४, १)। २ पराधीन, परवश ; (भग १८, ६)।
अण्णाइस (अप) वि [**अन्यादृश**] दूसरे के जैसा ; (पि २४५)।
अण्णाण न [**अज्ञान**] १ अज्ञान, अजानकारी, मूर्खता ; (दे १, ७)। २ मिथ्या ज्ञान, भूठा ज्ञान ; (भग ८, २)। ३ वि. ज्ञान-रहित, मूर्ख ; (भग १, ६)।
अण्णाण न [**दे**] दाय, विवाह-काल में वधू को अथवा वर को जो दान दिया जाता है वह ; (दे १, ७)।
अण्णाणि वि [**अज्ञानिन्**] १ ज्ञान-रहित, मूर्ख ; (सुअ १, ७)। २ मिथ्या-ज्ञानी (पंच १)। ३ अज्ञान को ही श्रेयस्कर मानने वाला, अज्ञान-वादी ; (सुअ १, १२)।
अण्णाणिय वि [**आज्ञानिक**] १ अज्ञान-वादी, अज्ञानवाद का अनुयायी ; (आव ६; सम १०६)। २ मूर्ख, अज्ञानी; (सुअ १, १, २)।
अण्णाय वि [**अज्ञात**] अ-विदित, नहीं जाना हुआ; (पराह २ १)।
अण्णाय पुं [**अन्याय**] न्याय का अभाव ; (श्रा १२)।
अण्णाय वि [**दे**] आर्द्र, गिला ; (से ४, ६)।
अण्णाय वि [**अन्याय्य**] न्याय से च्युत, न्याय-विरुद्ध, " जे विग्गहीए अरणायभासी, न से समे होइ अभंभपत्ते " (सुअ १, १३)।

अण्णाय्य (शौ) ऊपर देखो ; (मा २०)।
अण्णारिच्छ वि [**अन्यादृक्ष**] दूसरे के जैसा ; (प्रामा)।
अण्णारिस वि [**अन्यादृश**] दूसरे के जैसा ; (पि २४५)।
अण्णासय वि [**दे**] आस्तृत, बिछाया हुआ ; (षड्)।
अण्णिज्जमाण देखो **अण्णे**।
अण्णिय वि [**अन्वित**] युक्त, सहित; (सुअ १, १० ; नाट)।
अण्णिया स्त्री [**दे**] देखो **अण्णी** ; (दे १, ५१)।
अण्णिया स्त्री [**अन्निका**] एक विख्यात जैन मुनि की माता का नाम ; (ती ३६)। °**उत्त** पुं [°**पुत्र**] एक विख्यात जैन मुनि ; (ती ३६)।
अण्णी स्त्री [**दे**] १ देवर की स्त्री ; २ पति की बहिन, ननंद; ३ फूफा, पिता की बहिन ; (दे १, ५१)।
अण्णु } वि [**अज्ञ**] अजान, निर्बोध, मूर्ख ; (षड् ; गा **अण्णुअ** } १८४)।
अण्णुण्ण वि [**अन्योन्य**] परस्पर, आपस में ; (गउड)।
अण्णूण वि [**अन्यून**] परिपूर्ण ; (उप पृ २२४)।
अण्णे सक [**अनु+इ**] अनुसरण करना। अरणेइ ; (विसे २५२६)। अरणेंति ; (पि ४६३)। कवकृ— **अण्णिज्जमाण** ; (अन्वीयमान) ; (विपा १, १)।
अण्णेस सक [**अनु+इष्**] १ खोजना, ढूँढना, तहकीकात करना। २ चाहना, वांछना। ३ प्रार्थना करना। अरणेसइ ; (पि १६३)। वकृ—**अण्णेसंत, अण्णेसअंत, अण्णेसमाण** ; (महा; काल)।
अण्णेसण न [**अन्वेषण**] खोज, तलाश, तहकीकात ; (उप ६ टी)।
अण्णेसणा स्त्री [**अन्वेषणा**] १ खोज, तहकीकात; (प्राप)। २ प्रार्थना ; (आचा)। ३ गृहस्थ से दी जाती भिक्षा का ग्रहण ; (ठा ३, ४)।
अण्णेसि वि [**अन्वेषिन्**] खोज करने वाला ; (आचा)।
अण्णेसिय वि [**अन्वेषित**] जिसकी तहकीकात की गई हो वह, " अरणेसिया सव्वओ तुब्भे न कहिंचि दिट्ठा " (महा)।
अण्णोण्ण देखो **अण्णुण्ण**, " अरणोरणसमणुबद्धं णिच्छयओ भणियविसयं तु " (पंचा ६ ; स्वप्न ५२)।
अण्णोसरिअ वि [**दे**] अतिक्रान्त, उल्लङ्घित ; (दे १, ३६)।
अण्ह सक [**भुज्**] १ खाना, भोजन करना। २ पालन करना। ३ ग्रहण करना। अरहइ ; (हे ४, ११०; षड्)। अरहाइ ; (औप)। अरहए ; (कुमा)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

°अण्ह न [अहन्] दिवस, दिन " पुव्वावरण्हकालसमयंसि " (उवा) ।

अण्हग } पुं [आश्रव] कर्म-बन्ध के कारण हिंसादि ;
अण्हय } (पण्ह १, १; ५ ; औप) ।

°अण्हा स्त्री [तृष्णा] तृषा, प्यास ; (गा ६३) ।

अण्हेअअ वि [दे] भ्रान्त, भूला हुआ ; (दे १, २१) ।

अतक्किय वि [अतर्कित] १ अचिन्तित, आकस्मिक, " अतक्कियमेव एरिसं वसणमहं पत्ता " (महा) । २ ठीक २ नहीं देखा हुआ, अपरिलक्षित ; (वव ८) । ३ क्रिवि. " अतक्कियं चेय......विहरिओ रायहत्थी " (महा) ।

अतड त्रि [अतट] छोटा किनारा " अतडववातो सो चेव मग्गो " (बृह १) ।

अतण्हाअ वि [अतृष्णाक] तृष्णा-रहित, निःस्पृह; (अच्चु ६४) ।

अतत्त न [अतत्व] असत्य, झूठ, गैरव्याजवी ; (उप ५०८) ।

अतत्थ वि [अत्रस्त] नहीं डरा हुआ ; निर्भीक ; (कुमा) ।

अतत्थ वि [अतथ्य] असत्य, झूठा ; (आचा) ।

अतर देखो अयर ; (पव १ ; कम्म ५ ; भवि) ।

अतव पुंन [अतपस्] १ तपश्चर्या का अभाव ; (उत्त २३) । २ वि. तप-रहित ; (बृह ४) ।

अतव पुं [अस्तव] अ-प्रशंसा, निन्दा ; (कुमा) ।

अतसी देखो अयसी ; (पण्ण १) ।

अतह वि [अतथ] असत्य, अ-वास्तविक, झूठा ; (सूअ १, १, २ ; आचा) ।

अतह वि [अतथा] उस माफिक नहीं,
" जाओ चिय कायव्वे उच्छाहेंति गरुयाण कित्तीओ ।
ताओ चिय अतह-णिवेयणेण अलसेंति हिययाइं " (गउड) ।

अतार वि [अतार] तरने को अशक्य; (णाया १, ६; १४) ।

अतारिम वि [अतारिम] ऊपर देखो ; (सूअ १, ३, २) ।

अतिउट्ट अक [अति+त्रुट्] १ खूब टूटना ; टूट जाना ; २ सर्व बन्धन से मुक्त होना । अतिउट्टइ ; (सूअ १, १५, ५) ।

अतिउट्ट सक [अति+वृत्] १ उल्लंघन करना । २ व्याप्त होना । °तिउट्टइ ; (सूअ १, १५, ६ टी) ।

अतिउट्ट वि [अतिवृत्त] १ अतिक्रान्त ; २ अनुगत, व्याप्त ; " जंसी गुहाए जलणेतिउट्टे अविजाणओ डज्झइ लुत्तपण्णो " (सूअ १, ५, १, १२) ।

अतित्थ न [अतीर्थ] १ तीर्थ (चतुर्विध संघ) का अभाव, तीर्थ की अनुत्पत्ति ; २ वह काल, जिसमें तीर्थ की प्रवृत्ति न हुई हो या उसका अभाव रहा हो ; (पण्ण १) । °सिद्ध वि [°सिद्ध] अतीर्थ काल में जो मुक्त हुआ हो वह " अतित्थसिद्धा य मरुदेवी " (नव ५६) ।

अतिहि देखो अइहि ।

अतीगाढ वि [अतिगाढ] १ अति-निबिड ; २ क्रिवि. अत्यंत, बहुत " अतीगाढं भीओ जक्खाहिवो " (पउम ८, ११३) ।

अतुल वि [अतुल] अनुपम, असाधारण ; (पण्ह १, १) ।

अतुलिय वि [अतुलित] असाधारण, अद्वितीय ; (भवि) ।

अत्त देखो अप्प=आत्मन् ; (सुर ३, १७४ ; सम ५७ ; णंदि) । °लाभ पुं [°लाभ] स्वरूप की प्राप्ति, उत्पत्ति; (कम्म २, २५) ।

अत्त वि [आर्त्त] पीडित, दुःखित, हैरान; (सुर ३,१४३; कुमा) ।

अत्त वि [आत्त] १ गृहीत, लिया हुआ ; (णाया १, १) । २ स्वीकृत, मंजुर किया हुआ ; (ठा २, ३) । ३ पुं. ज्ञानी मुनि ; (बृह १) ।

अत्त वि [आप्त] १ ज्ञानादि-गुण-संपन्न, गुणी ; २ राग-द्वेष वर्जित, वीतराग ; ३ प्रायश्चित्त-दाता गुरु,
" नाणमादीणि अत्ताणि, जेण अत्तो उ सो भवे ।
रागद्दोसपहीणो वा, जे व इट्ठा विसोहिए " (वव १०) ।
४ मोक्ष, मुक्ति; (सूअ १, १०) । ५ एकान्त हितकर; (भग १४, ६) । ६ प्राप्त, मिला हुआ ; (वव १०) " अत्तप्पसण्णलेस्से " (उत्त १२) ।

अत्त वि [आत्र] दुःख का नाश करने वाला, सुख का उत्पादक ; (भग १४, ६) ।

अत्त अ [अत्र] यहां, इस स्थान में ; (नाट) । °भव वि [°भवत्] पूज्य, माननीय ; (अभि ६१ ; पि २६३) ।

अत्तट्ठ वि [आत्मार्थ] १ आत्मीय, स्वकीय ; (धर्म २) । २ पुं. स्वार्थ " इह कामनियत्तस्स अत्तट्ठे नावरज्झइ " (उत्त ८) ।

अत्तट्ठिय वि [आत्मार्थिक] १ आत्मीय ; २ जो अपने लिए किया गया हो, " उवक्खडं भोयण माहणाणं अत्तट्ठियं सिद्धमहेगपक्खं " (उत्त १२) ।

अत्तण } देखो अप्प=आत्मन् ; (मृच्छ २३६) ।
अत्तणअ } °केरक वि [आत्मीय] निजीय, स्वकीय ; (नाट; पि ४०१) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अत्तणअ } (शौ) वि [**आत्मीय**] स्वकीय, अपना,
अत्तणक } निजका ; (पि २७७ ; नाट) ।
अत्तणिज्जिय वि [**आत्मीय**] स्वकीय ; (ठा ३, १) ।
अत्तणीअ (शौ) ऊपर देखो; (स्वप्न २७) ।
अत्तमाण देखो **आवत्त**=आ+वृत् ।
अत्तय पुं [**आत्मज**] पुत्र, लड़का । °**या** स्त्री [°**जा**] पुत्री, लड़की ; (विपा १, १) ।
अत्तव्व वि [**अत्तव्य**] खाने लायक, भक्ष्य ; (नाट) ।
अत्ता स्त्री [**दे**] १ माता, माँ ; (दे १, ५१ ; चारु ७०)। २ सासू ; (दे १,५१; गा ६६७; हेका ३०) । ३ फूफा; ४ सखी ; (दे १, ५१) ।
°**अत्ता** देखो **जत्ता**; (प्रति ८२) ।
अत्ताण देखो **अत्त**=आत्मन्; (पि ४०१)
अत्ताण वि [**अत्राण**] १ शरण-रहित, रक्षक-वर्जित; (पराह १,१) । २ पुं कन्धे पर लट्ठी रख कर चलने वाला मुसाफिर; ३ फटे-टुटे कपड़े पहन कर मुसाफिरी करने वाला यात्री; (बृह १) ।
अत्ति पुं [**अत्रि**] इस नाम का एक ऋषि; (गउड) ।
अत्ति स्त्री [**अर्त्ति**] पीड़ा, दुःख; (कुमा ; सुपा १८५) । °**हर** वि [°**हर**] पीड़ा-नाशक, दुःख का नाश करने वाला; (अभि १०३) ।
अत्तिहरी स्त्री [**दे**] दूती, समाचार पहुँचाने वाली स्त्री; (षड्) ।
अत्तीकर सक [**आत्मी+कृ**] अपने आधीन करना, वश करना । अत्तीकरेइ; वकृ—**अत्तीकरंत**; (निचू ४) ।
अत्तीकरण न [**आत्मीकरण**] अपने वश करना; (निचू ४) ।
अत्तुक्करिस } पुं [**आत्मोत्कर्ष**] अभिमान, गर्व,
अत्तुक्कोस } "तम्हा अत्तुक्करिसो वज्जेयव्वो जइजणेणं" (सूत्र १,१३; सम ७१) ।
अत्तुक्कोसिय वि [**आत्मोत्कर्षिक**] गर्विष्ठ, अभिमानी; (औप) ।
अत्तेय पुं [**आत्रेय**] १ अत्रि ऋषि का पुत्र; (पि १०; ८३)। २ एक जैन मुनि; (विसे २७६६) ।
अत्तो अ [**अतस्**] १ इससे, इस हेतु से; (गउड) । २ यहां से; (प्रामा) ।
अत्थ देखो **अट्ठ**=अर्थ; (कुमा; उप ७२८ ; ८८४ टी; जी १; प्रासू ६५; गउड) "अरोइअत्थे कहिए विलावो" (गोय ७) "अत्थसद्दो फलत्थोयं" (विसे १०३६ ; १२४३) । °**जोणि** स्त्री [°**योनि**] धनोपार्जन का उपाय, साम-दाम दण्ड-रूप अर्थ-नीति; (ठा ३,३) । °**णय** पुं [°**नय**] शब्द को छोड़ अर्थ को ही मुख्य वस्तु मानने वाला पक्ष; (अणु) । °**सत्थ** न [**शास्त्र**] अर्थ-शास्त्र, संपत्ति-शास्त्र; (णाया १, १) । °**वइ** पुं [°**पति**] १ धनी; २ कुबेर ; (वव ७) । °**वाय** पुं [°**वाद**] १ गुण-वर्णन ; २ दोष-निरूपण; ३ गुण-वाचक शब्द ; ४ दोष-वाचक शब्द; (विसे) । °**वि** वि [**वित्**] अर्थ का जानकार; (पिंड १ भा) । °**सिद्ध** वि [°**सिद्ध**] १ प्रभूत धन वाला; (जं ७) । २ पुं. ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिन-देव; (तित्थ) । °**लिय** न [°**लीक**] धन के लिए असत्य बोलना; (पराह १, २) । °**लोयण** न [°**लोचन**] पदार्थ का सामान्य ज्ञान (आचू १)। °**लोयण** न [°**लोकन**] पदार्थ का निरीक्षण,
"अत्थालोयण-तरला, इयरकईणं भमंति बुद्धीओ ।
अत्थच्चेय निरारम्भमेंति हियय कइन्दाणं ॥ " (गउड) ।
अत्थ पुं [**अस्त**] १ जहां सूर्य अस्त होता है वह पर्वत; (से १०,१०) । २ मेरु पर्वत; (सम ६५) । ३ वि. अविद्यमान; (णाया १,१३) । °**गिरि** पुं [°**गिरि**] अस्ताचल; (सुर ३, २७७; पउम १६,४५) । °**सेल** पुं [°**शैल**] अस्ताचल ; (सुर ३, २२६) । °**चल** पुं [°**चल**] अस्त-गिरि ; (कप्पू) ।
अत्थ न [**अस्त्र**] हथियार, आयुध; (पउम ८,५०; से १४ ६१) ।
अत्थ सक [**अर्थय्**] मांगना, याचना करना, प्रार्थना करना, विज्ञप्ति करना । अत्थयए; (निचू ४) ।
अत्थ अक [**स्था**] बैठना । अत्थइ; (आरा ७१) ।
अत्थ } देखो **अत्त**=अत्न; (कप्प; पि २६३; ३६१) ।
अत्थं }
अत्थंडिल वि [**अस्थण्डिल**] साधुओं के रहने के लिए अयोग्य स्थान, क्षुद्र जन्तुओं से व्याप्त स्थान; (ओघ १३) ।
अत्थंत वकृ [**अस्तं यत्**] अस्त होता हुआ; (वज्जा २२) ।
अत्थक्क न [**दे**] १ अकाण्ड, अकस्मात्, बे-समय; (उप ३३०; से ११,२४; श्रा ३०; भवि) । अत्थक्कगज्जिउब्भंतहित्थहिअआ पहिअजाआ" (गा ३८६) । २ वि. अखिन्न; (वज्जा ६) । ३ क्रिवि. अनवरत, हमेशा; (गउड) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अत्थग्घ वि [**दे**] १ मध्य-वर्ती, बीच का "सभए अत्थग्घे वा ओइगणेसु घणं पट्टं" (ओघ ३४)। २ अगाध, गंभीर; ३ न. लम्बाई, आयाम; ४ स्थान, जगह; (दे १,५४)।

अत्थण न [**अर्थन**] प्रार्थना, याचना; (उप ७२८ टी)।

अत्थत्थि वि [**अर्थार्थिन्**] धन की इच्छा वाला; (उप १३६ टी)।

अत्थम अक [**अस्तम् + इ**] अस्त होना, अदृश्य होना। अत्थमइ; (पि ५५८)। वकृ—**अत्थमंत**; (पउम ८२, ५६)।

अत्थम न [**अस्तमयन**] अस्त होना, अदृश्य होना; (ओघ ५०७; से ८, ८५; गा २८४)।

अत्थमिय वि [**अस्तमित**] १ अस्त हुआ, डुब गया, अदृश्य हुआ; (ओघ ५०७; महा; सुपा १५५)। २ हीन, हानि-प्राप्त; (ठा ४,३)।

अत्थयारिआ स्त्री [**दे**] सखी, वयस्या; (दे १, १६)।

अत्थर सक [**आ + स्तृ**] बिछांना, शय्या करना, पसारना। अत्थरइ; (उव)। संकृ—**अत्थरिऊण**; (महा)।

अत्थरण न [**आस्तरण**] १ बिछौना, शय्या; (से १४, ५०)। २ बिछाना, शय्या करना; (विसे २३२२)।

अत्थरय वि [**आस्तरक**] १ आच्छादन करने वाला; (राय)। २ पुं. बिछौने के ऊपर का वस्त्र; (भग ११, ११; कप्प)।

अत्थरय वि [**अस्तरजस्क**] निर्मल, शुद्ध; (भग ११, ११)।

अत्थवण देखो **अत्थमण** ; (भवि)।

अत्था देखो **अट्ठा**=आस्था।

अत्था } सक [**अस्ताय्**] अस्त होना, डूब जाना, अदृ-
अत्थाअ } श्य होना। अत्थाइ, अत्थाए; (पउम ७३, ३५)। अत्थाअंति; (से ७,२३)। वकृ—**अत्थाअंत**; (से ७, ६६)।

अत्थाअ वि [**अस्तमित**] अस्त हुआ, डूबा हुआ "ताव-चिय दिवसयरो अत्थाओ विगयकिरणसंघाओ" (पउम १०, ६६; से ६,५२)।

अत्थाइया स्त्री [**दे**] गोष्ठी-मण्डप; (स ३६)।

अत्थाण न [**आस्थान**] सभा, सभा-स्थान; (सुर १, ८०)।

अत्थाणिय वि [**अस्थानिन्**] गैर-स्थान में लगा हुआ, "अत्थाणियनयणाहिं" (भवि)।

अत्थाणी स्त्री [**आस्थानी**] सभा-स्थान; (कुमा)।

अत्थाम वि [**अस्थामन्**] बल-रहित, निर्बल; (णाया १,१)।

अत्थार पुं [**दे**] सहायता, साहाय्य; (दे १,६; पाअ)।

अत्थारिय पुं [**दे**] नौकर, कर्मचारी; (वव ६)।

अत्थावग्गह देखो **अत्थुग्गह**; (पगण ५)।

अत्थावत्ति स्त्री [**अर्थापत्ति**] अनुक्त अर्थ को अटकल से समझना, एक प्रकार का अनुमान-ज्ञान, जैसे 'देवदत्त पुष्ट है और दिन में नहीं खाता है' इस वाक्य से 'देवदत्त रात में खाता है' ऐसा अनुक्त अर्थ का ज्ञान; (उप ९९८)।

अत्थाह वि [**अस्ताघ**] १ अथाह, थाह-रहित, गंभीर ; (णाया १, १४)। २ नासिका के ऊपर का भाग भी जिसमें डूब सके इतना गहरा जलाशय ; (बृह ४)। ३ पुं. अतीत चौवीसी में भारत में समुत्पन्न इस नाम के एक तीर्थकर-देव ; (पव ६)।

अत्थाह वि [**दे**] देखो **अत्थग्घ** ; (दे १,५४ ; भवि)।

अत्थि वि [**अर्थिन्**] १ याचक, माँगने वाला ; (सुर १०, १००)। २ धनी, धन वाला ; (पंचा)। ३ मालिक, स्वामी ; (विसे)। ४ गरजू, चाहने वाला,

"धणओ धणत्थियाणं, कामत्थीणं च सव्वकामकरो।
अब्भुद्धर सक [**अभ्युद् + धृ**] उद्धार करना । अब्भुद्धरामि; (भवि) ।

अब्भुद्धरण न [**अभ्युद्धरण**] १ उद्धार ; (स ५४३) । २ वि. उद्धार-कारक ; (हे ४, ३६४) ।

अब्भुन्नय देखो **अब्भुण्णय** ; (णाया १, १) ।

अब्भुब्भड वि [**अभ्युद्भट**] अत्युद्भट, विशेष उद्धत; (भवि)।

अब्भुय न [**अद्भुत**] १ आश्चर्य, विस्मय ; (उप ७६८ टी) । २ वि. आश्चर्य-कारक ; (राय ; सुपा; ३५) । ३ पुं. साहित्य शास्त्र प्रसिद्ध रसों में से एक ;

" विम्हयकरो अपुव्वो, अभूयपुव्वो य जो रसो होइ ।
हरिसविसाउप्पत्ती, लक्खणओ अब्भुओ नाम " (अणु) ।

अब्भुवगच्छ सक [**अभ्युप+गम्**] १ स्वीकार करना । २ पास जाना । प्रयो,—संकृ—**अब्भुवगच्छाविय** ; (पि १६३) ।

अब्भुवगच्छाविअ वि [**अभ्युपगमित**] स्वीकार कराया हुआ ; " ताहे तेहिं कुमारेहिं संबो मज्जं पाएत्ता अब्भुवगच्छाविओ विगयमओ चिंतेइ " (आक पृ ३०) ।

अब्भुवगम पुं [**अभ्युपगम**] १ स्वीकार, अङ्गीकार ; (सम १४५ ; स १७०) । २ तर्कशास्त्र-प्रसिद्ध सिद्धान्त-विशेष ; (बृह १ ; सूअ १, १२) ।

अब्भुवगमणा स्त्री [**अभ्युपगमना**] स्वीकार, अङ्गीकार ; (उप ८०५) ।

अब्भुवगय वि [**अभ्युपगत**] १ स्वीकृत ; (सुर ६, ५८)। २ समीप में गया हुआ ; (आचा) ।

अब्भुववण्ण वि [**अभ्युपपन्न**] अनुग्रह-प्राप्त, अनुगृहीत ; (नाट ; पि १६३; २७६) ।

अब्भुववत्ति स्त्री [**अभ्युपपत्ति**] अनुग्रह, महरबानी ; (अभि १०४) ।

अब्भो देखो **अव्वो** ; (षड्) ।

अब्भोक्खिय वि [**अभ्युक्षित**] सिक्त, सीचा हुआ ; (सुर ६, १६१) ।

अब्भोय (अप) देखो **आभोग** ; (भवि) ।

अब्भोवगमिय वि [**आभ्युपगमिक**] स्वेच्छा से स्वीकृत । °**ा** स्त्री [°**ा**] स्वेच्छा से स्वीकृत तपश्चर्यादि की वेदना ; (ठा ४, ३) ।

अब्हिड देखो **अब्भिड** । अब्हिडइ ; (षड्) ।

अब्हुत्त देखो **अब्भुत्त** । अब्हुतइ ; (षड्) ।

अभग्ग वि [**अभग्न**] १ अखण्डित, अत्रुटित ; (पडि) । २ इस नाम का एक चोर ; (विपा १,१) ।

अभत्त वि [**अभक्त**] १ भक्ति नहीं करने वाला ; (कुमा) । २ न. भोजन का अभाव; (वव ७) । °**ट्ठ** पुं [°**ार्थ**] उपवास ; (आचू ; पडि ; सुपा ३१७) । °**ट्ठिय** वि [°**ार्थिक**] उपोषित, जिसने उपवास किया हो वह ; (पंचव २) ।

अभय न [**अभय**] १ भय का अभाव, धैर्य ; (राय) । २ जीवित, मरण का अभाव ; (सूअ १, ६) । ३ वि. भय-रहित, निर्भीक ; (आचा) ४ पुं. राजा श्रेणिक का एक विख्यात पुत्र और मन्त्री, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी ; (अनु १; णाया १, १) । °**कुमार** पुं [°**कुमार**] देखो अनन्तरोक्त अर्थ; (पडि) । °**दय** वि [°**दय**] भय-विनाशक, जीवित-दाता ; (पडि) । °**दाण** न [°**दान**] जीवित-दान ; (पण्ह २, ४) । °**देव** पुं [°**देव**] कईएक विख्यात जैनाचार्य और ग्रन्थकारों का नाम; (मुणि १०८७४ ; गु १४; ती ४०; सार्ध ७३) । °**प्पदाण** न [**प्रदान**] जीवित का दान ; (सूअ १, ६) । °**वत्त** न [°**वत्त्व**] निर्भयता, अभय ; (सुपा १८) । °**सेण** पुं [°**सेन**] एक राजा का नाम; (पिंड) ।

अभयंकर वि [**अभयंकर**] अभय देने वाला, अहिंसक ; (सूअ १, ७, २८) ।

अभया स्त्री [**अभया**] १ हरीतकी, हरडई; (निचू १५) । २ राजा दधिवाहन की स्त्री का नाम ; (ती ३५) ।

अभयारिट्ठ न [**अभयारिष्ट**] मद्य-विशेष ; (सूअ १, ८) ।

अभवसिद्धिय) पुं [**अभवसिद्धिक**] अभव्य, मुक्ति के
अभवसिद्धिय) लिये अयोग्य जीव ; (ठा २, २ ; णंदि ; ठा १) ।

अभविय) वि [**अभव्य**] १ असुन्दर, अचारु; (विसे)
अभव्व) २ पुं. मुक्ति के लिये अयोग्य जीव ; (विसे ; कम्म ३, २३) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभाअ वि [**अभाग**] अ-स्थान, अयोग्य स्थान ; (से ८, ४२)।

अभाइ वि [**अभागिन्**] अभागा,, हत-भाग्य, कमनसीब ; (चारु २६)।

अभागधेज्ज वि [**अभागधेय**]ऊपर देखो; (पउम २८,८६)

अभाव पुं [**अभाव**] १ ध्वंस, नाश ; (बृह १)। २ अ-विद्यमानता, असत्त्व ; (पंचा ३)। ३ असम्भव ; (दस १)। ४ अशुभ परिणाम ; (उत्त १)।

अभाविय वि [**अभावित**] अयोग्य, अनुचित ; (ठा १० ; बृह ३)।

अभावुग वि [**अभावुक**] जिस पर दूसरे के संग की असर न पड़ सके वह, "विसहरमणी अभावुगदव्वं जीवो उ भावुगं तम्हा" (सुपा १७५; ओघ ७७३)।

अभासग, **अभासय** वि [**अभाषक**] १ बोलने की शक्ति जिसको उत्पन्न न हुई हो वह ; २ नहीं बोलने वाला ; ३ पुं. केवल त्वग्-इन्द्रिय वाला, एकेन्द्रिय जीव; ४ मुक्त आत्मा ; (ठा २, ४; भग; अणु)।

अभासा स्त्री [**अभाषा**] १ असत्य वचन ; २ सत्य-मिश्रित असत्य वचन ; (भग २५, ३)।

अभि अ [**अभि**] निम्न-लिखित अर्थों में से किसी एक को बतलाने वाला अव्यय;— १ संमुख, सामने ; जैसे— 'अभिगच्छणाया' (औप)। २ चारों ओर, समन्तात् ; जैसे—'अभिदो' (स्वप्न ४२)। ३ बलात्कार ; जैसे— 'अभिओग' (धर्म २)। ४ उल्लंघन, अतिक्रमण ; जैसे— 'अभिक्कंत' (आचा)। ५ अत्यन्त, ज्यादः ; जैसे— 'अभिदुग्ग' (सूअ १, ५, २)। ६ लक्ष्य ; जैसे—'अभिमुहं'। ७ प्रतिकूल , जैसे—'अभिवाय' (आचा)। ८ विकल्प ; ९ संभावना ; (निचू १)। १० निरर्थक भी इस अव्यय का प्रयोग होता है; जैसे—'अभिमंतिय' (सुर १६, ६२)।

अभिअण पुं [**अभिजन**] १ कुल ; २ जन्म-भूमि ; (नाट)।

अभिआवण्ण वि [**अभ्यापन्न**] संमुख-आगत ; (सूअ १, ४,२)।

अभिइ स्त्री [**अभिजित्**] नक्षत्र-विशेष ; (ठा २, ३)।

अभिइ सक [**अभि+इ**] सामने जाना, संमुख जाना। वकृ-- **अभिइंत** ; (उप १४२ टी)।

अभिउंज देखो **अभिजुंज** । संकृ—**अभिउंजिय** ; (ठा ३, ४ ; दस १०)।

अभिओअ, **अभिओग** पुं [**अभियोग**] १ आज्ञा, हुकुम; (औप; ठा १०)। २ बलात्कार, "अभिओगे अ निओगे" (श्रा ५)। ३ बलात्कार से कोई भी कार्य में लगाना ; (धर्म २)। ४ अभिभव, परा-भव ; (आव ५)। ५ कार्मण-प्रयोग, वशीकरण, वश करने का चूर्ण या मन्त्र-तन्त्रादि ;

"दुविहो खलु अभिओगो, दव्वे भावे य होइ नायव्वो।
दव्वम्मि होइ जोगो, विज्जा मंता य भावम्मि"
(ओघ ५६७)।

६ गर्व, अभिमान; (आव ५)। ७ आग्रह, हठ; (नाट)। °**पण्णत्ति** स्त्री [°**प्रज्ञप्ति**) विद्या-विशेष ; (णाया १, १६)। देखो **अहिओय**।

अभिओगी स्त्री [**आभियोगी**] भावना-विशेष, ध्यान-विशेष, जो अभियोगिक देव-गति (नौकर-स्थानीय देव-जाति) में उत्पन्न होने का हेतु है ; (बृह १)।

अभिओयण न [**अभियोजन**] देखो **अभिओग** ; (आव; पण्ण २०)।

अभिंगण, **अभिंजण** देखो **अब्भंगण** ; (नाट ; रंभा)।

अभिकंख सक [**अभि+काङ्क्ष्**] इच्छा करना, चाहना। अभिकंखेज्जा ; (आचा)। वकृ—**अभिकंखमाण** ; (दस ६, ३)।

अभिकंखा स्त्री [**अभिकाङ्क्षा**] अभिलाषा, इच्छा ; (आचा)।

अभिकंखि, **अभिकंखिर** वि [**अभिकाङ्क्षिन्**] अभिलाषी, इच्छुक ; (पि ४०५ ; सुपा १२६)।

अभिक्कंत वि [**अभिक्रान्त**] १ गत, अतिक्रान्त, "अण-भिक्कंतं च खलु वयं संपेहाए" (आचा)। २ संमुख गत ; ३ आरब्ध ; ४ उल्लंघित ; (आचा ; सूअ २, २)।

अभिक्कम सक [**अभि+क्रम्**] १ जाना गुजरना। २ सामने जाना। ३ उल्लंघन करना। ४ शुरू करना। वकृ—**अभिक्कममाण** ; (आचा)। संकृ—**अभि-क्कम्म** ; (सूअ १, १, २)।

अभिक्कम पुं [**अभिक्रम**] १ उल्लंघन। २ प्रारम्भ। ३ संमुख-गमन। ४ गमन, गति ; (आचा)।

अभिक्ख, **अभिक्खण** अ [**अभीक्ष्ण**] बारंवार ; (उप १४७ टी ; ठा २, ४ ; वव ३)।

अभिक्खा स्त्री [**अभिख्या**] नाम ; (विसे १०४८)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभिगच्छ सक [**अभि + गम्**] सामने जाना। अभिगच्छंति ; (भग २, ५)।

अभिगच्छणया स्त्री [**अभिगमन**] संमुख-गमन; (औप)।

अभिगज्ज अक [**अभि+गर्ज्**] गर्जना, खूब जोर से अवाज करना। वकृ—**अभिगज्जंत**; (णाया १, १८ ; सुर १३, १८३)।

अभिगम पुं [**अभिगम**] १ प्राप्ति, स्वीकार ; (पक्खि)। २ आदर, सत्कार ; (भग २, ५)। ३ (गुरु का) उपदेश, सीख ; (णाया १, १)। ४ ज्ञान, निश्चय; (पव १४६)। ५ सम्यक्त्व का एक भेद ; (ठा २, १)। ६ प्रवेश ; (से ८, ३३)।

अभिगमण न [**अभिगमन**] ऊपर देखो ; (स्वप्न १६ ; णाया १, १२)।

अभिगमि वि [**अभिगमिन्**] १ आदर करने वाला। २ उपदेशक। ३ निश्चय-कारक। ४ प्रवेश करने वाला। ५ स्वीकार करने वाला, प्राप्त करने वाला ; (पगण ३४)।

अभिगय वि [**अभिगत**] १ प्राप्त। २ सत्कृत। ३ उपदिष्ट। ४ प्रविष्ट ; (बृह १)। ५ ज्ञात, निश्चित ; (णाया १, १)।

अभिगहिय न [**अभिग्रहिक**] मिथ्यात्व-विशेष ; (कम्म ४, ५१)।

अभिगिज्झ अक [**अभि+ गृध्**] अति लोभ करना, आसक्त होना। वकृ—**अभिगिज्झंत** ; (सूअ २, २)।

अभिगिण्ह } **अभिगिन्ह** } सक [**अभि + ग्रह्**] ग्रहण करना, स्वीकारना। अभिगिण्हइ; (कप्प)। संकृ—**अभिगिन्हित्ता, अभिगिज्झ**; (पि ५८२; ठा २, १)।

अभिग्गह पुं [**अभिग्रह**] १ प्रतिज्ञा, नियम ; (ओघ ३)। २ जैन साधुओं का आचार-विशेष ; (बृह १)। ३ प्रत्याख्यान, (नियम-विशेष) का एक भेद ; (आव ६)। ४ कदाग्रह, हठ ; (ठा २, १)। ५ एक प्रकार का शारीरिक विनय ; (वव १)।

अभिग्गहिय वि [**अभिग्रहिक**] अभिग्रह वाला ; (ठा २, १ ; पव ६)।

अभिग्गहिय वि [**अभिगृहीत**] १ जिसके विषय में अभिग्रह किया गया हो वह ; (कप्प ; पव ६)। २ न. अवधारण, निश्चय; (पगण ११)।

अभिघट्ट सक [**अभि + घट्ट्**] वेग से जाना। कवकृ—**अभिघट्टिज्जमाण** ; (राय)।

अभिघाय पुं [**अभिघात**] प्रहार, मार-पीट, हिंसा ; (पगह १, १; बृह ४)।

अभिचंद पुं [**अभिचन्द्र**] १ यदु-वंश के राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र, जिसने जैन दीक्षा ली थी ; (अंत ३)। २ इस नाम का एक कुलकर पुरुष ; (पउम ३, ५५)। ३ मुहूर्त-विशेष ; (सम ५१)।

अभिजण देखो **अभिअण** ; (स्वप्न २६)।

अभिजस न [**अभियशस्**] इस नाम का एक जैन साधुओं का कुल (एक आचार्य की संतति) ; (कप्प)।

अभिजाइ स्त्री [**अभिजाति**] कुलीनता, खानदानी ; (उत्त ११)।

अभिजाण सक [**अभि+ज्ञा**] जानना। वकृ— **अभिजाणमाण** ; (आचा)।

अभिजाय वि [**अभिजात**] १ उत्पन्न, " अभिजायसड्ढो " (उत्त १४)। २ कुलीन ; (राज)।

अभिजुंज सक [**अभि+युज्**] १ मन्त्र-तन्त्रादि से वश करना। २ कोई कार्य में लगाना। ३ आलिंगन करना। ४ स्मरण कराना, याद दिलाना। संकृ—**अभिजुंजिय, अभिजुंजियाणं, अभिजुंजित्ता** ; (भग २, ५ ; सूअ १, ५, २; आचा ; भग ३, ५)।

अभिजुत्त वि [**अभियुक्त**] १ व्रत-नियम में जिसने दूषण न लगाया हो वह ; (णाया १, १४)। २ जानकार, पण्डित ; (णंदि)। ३ दुश्मन से घिरा हुआ ; (वेणी १२०)।

अभिज्झा स्त्री [**अभिध्या**] लोभ, लोलुपता, आसक्ति ; (सम ७१ ; पगह १, ५)।

अभिज्झिय वि [**अभिध्यित**] अभिलषित, वाञ्छित ; (पगण २८)।

अभिट्ठुय वि [**अभिष्टुत**] वर्णित, श्लाघित, प्रशंसित ; (आव २)।

अभिड्डुय देखो **अभिद्दुय** ; (सूअ १, २, ३)।

अभिणअंत } **अभिणइज्जंत** } देखो **अभिणी**।

अभिणंद सक [**अभि+नन्द्**] १ प्रशंसा करना, स्तुति करना। २ आशीर्वाद देना। ३ प्रीति करना। ४ खुशी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मनाना । ५ चाहना, इच्छना । ६ बहुमान करना, आदर करना । अभिणंदइ ; (स १६३) । वकृ— **अभिणंदंत**; (औप ; णाया १, १ ; पउम ५, १३०) । कवकृ— **अभिणंदिज्जमाण** ; (ठा ६ ; णाया १, १) ।

अभिणंदिय वि [**अभिनन्दित**] जिसका अभिनन्दन किया गया हो वह ; (सुपा ३१०) ।

अभिणंदण न [**अभिनन्दन**] १ अभिनन्दन; २ पुं. वर्तमान अवसर्पिणी-काल के चतुर्थ जिन-देव ; (सम ४३) । ३ लोकोत्तर श्रावण मास ; (सुज्ज १०) ।

अभिणय पुं [**अभिनय**] शारीरिक चेष्टा के द्वारा हृदय का भाव प्रकाशित करना , नाट्य-क्रिया; (ठा ४, ४) ।

अभिणव वि [**अभिनव**] नूतन, नया ; (जीव ३) ।

अभिणिक्खंत वि [**अभिनिष्क्रान्त**] दीक्षित, प्रव्रजित ; (स २७८) ।

अभिणिगिण्ह सक [**अभिनि+ग्रह्**] रोकना, अटकाना । संकृ—**अभिणिगिज्झ** ; (पि ३३१; ५९१) ।

अभिणिचारिया स्त्री [**अभिनिचारिका**] भिक्षा के लिए गति-विशेष ; (वव ४) ।

अभिणिपया स्त्री [**अभिनिप्रजा**] अलग २ रही हुई प्रजा; (वव ६) ।

अभिणिबुज्झ सक [**अभिनि+बुध्**] जानना, इन्द्रिय आदि द्वारा निश्चित रूप से ज्ञान करना । अभिणिबुज्झए; (विसे ८१) ।

अभिणिबोह पुं [**अभिनिबोध**] ज्ञान विशेष, मति-ज्ञान ; (सम्म ८६) ।

अभिणियट्टण न [**अभिनिवर्त्तन**] पीछे लौटना, वापिस जाना ; (आचा) ।

अभिणिविट्ठ वि [**अभिनिविष्ट**] १ तीव्र रूप से निविष्ट ; २ आग्रही ; (उत्त १४) ।

अभिणिवेस पुं [**अभिनिवेश**] आग्रह, हठ ; (णाया १, १२) ।

अभिणिवेह पुं [**अभिनिवेध**] उलटा मापना ; (आवम) ।

अभिणिव्वगड वि [**दे. अभिनिर्व्याकृत**] भिन्न परिधि वाला, पृथग्भूत (घर वगैरः); (वव १, ६) ।

अभिणिव्वट्ट सक [**अभिनि+वृत्**] रोकना, प्रतिषेध करना । "से मेहावी अभिणिव्वट्टेज्जा कोहं च माणं च मायं च लोभं च पेज्जं च दोसं च मोहं च गब्भं च जम्मं च मारं च नरयं च तिरियं च दुक्खं च " (आचा) ।

अभिणिव्वट्ट सक [**अभिनिर्+वृत्**] १ संपादित करना, निष्पन्न करना । २ उत्पन्न करना । संकृ—**अभिणिव्वट्टित्ता**, (भग ५, ४) ।

अभिणिव्वट्ट वि [**अभिनिर्वृत्त**] १ निष्पन्न । २ उत्पन्न; "इह खलु अत्तताए तेहिं तेहिं कुलेहिं अभिसेएण अभिसंभूआ अभिसंजाया अभिणिव्वट्टा अभिसंवुड्ढा अभिसंबुद्धा अभिनिक्खंता अणुपुव्वेण महामुणी " (आचा) ।

अभिणिव्वुड वि [**अभिनिर्वृत**] १ मुक्त, मोक्ष-प्राप्त ; (सूअ १, २, १) । २ शान्त, अकुपित; (आचा) । ३ पाप से निवृत्त ; (सूअ १, २, १) ।

अभिणिसज्जा स्त्री [**अभिनिषद्या**] जैन साधुओं को रहने का स्थान-विशेष ; (वव १) ।

अभिणिसिट्ठ वि [**अभिनिसृष्ट**] बाहर निकला हुआ ; (जीव ३) ।

अभिणिसेहिया स्त्री [**अभिनैषेधिकी**] जैन साधुओं का स्वाध्याय करने का स्थान-विशेष ; (वव १) ।

अभिणिस्सड वि [**अभिनिस्सृत**] बाहर निकला हुआ ; (भग १४, ६) ।

अभिणी सक [**अभि+नी**] अभिनय करना, नाट्य करना । वकृ—**अभिणअंत** ; (मै ७५) । कवकृ—**अभिणइज्जंत** ; (सुपा ३५६) ।

अभिणूम न [**अभिनूम**] माया, कपट; (सुअ १, २, १) ।

अभिण्ण वि [**अभिज्ञ**] जानकार, निपुण ; (उप ५८०) ।

अभिण्ण वि [**अभिन्न**] १ अ-त्रुटित, अ-विदारित, अ-खण्डित ; (उवा ; पंचा ११) । २ भेद-रहित, अपृथग्भूत ; (बृह ३) ।

अभिण्णपुड पुं [**दे**] खाली पुड़िया, लोगों को ठगने के लिए लड़के लोग जिसको रास्ता पर रख देते हैं; (दे १,४४) ।

अभिण्णाण न [**अभिज्ञान**] निशानी, चिह्न; (श्रा १४) ।

अभिण्णाय वि [**अभिज्ञात**] जाना हुआ, विदित; (आचा) ।

अभितज्ज सक [**अभि+तर्ज्**] तिरस्कार करना, ताड़न करना । वकृ—**अभितज्जेमाण** ; (णाया १, १८) ।

अभितत्त वि [**अभितप्त**] १ तपाया हुआ, गरम किया हुआ ; (सूअ १, ४, १, २७) ।

अभितव सक [**अभि+तप्**] १ तपाना ; २ पीडा करना । " चत्तारि अगणिओ समारभित्ता जेहिं कूरकम्मा भितविंति, बालं " (सूअ १, ५, १, १३) । कवकृ—**अभितप्पमाण** ; " ते तत्थ चिट्ठंतिभितप्पमाणा मच्छा व जीवंतुवजोतिपत्ता " (सूअ १, ५, १, १३) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभिताव सक [अभि+तापय्] १ तपाना, गरम करना । २ पीडित करना । अभितावयंति; (सूअ १, ५, १, २१; २२) ।

अभिताव पुं [अभिताप] १ दाह ; २ पीडा ; (सूअ १, ५, १ ; २, ६) ।

अभितास सक [अभि+त्रासय्] त्रास उपजाना, भय-भीत करना । वकृ—**अभितासेमाण** ; (गाथा १,१८)।

अभित्थु सक [अभि+स्तु] स्तुति करना, श्लाघा करना, वर्णन करना । अभित्थुणंति, अभित्थुणामि ; (पि ४६४; विसे १०५४) । वकृ—**अभित्थुणमाण**; (कप्प) । कवकृ—**अभित्थुव्वमाण** ; (रयण ६८) ।

अभित्थुय वि [अभिष्टुत] स्तुत, श्लाघित ; (संथा) ।

अभिथु देखो **अभित्थु** । वकृ—**अभिथुणंत** ; (गाया १, १) । कवकृ—**अभिथुव्वमाण**; (कप्प ; ठा ६)।

अभिदुग्ग वि [अभिदुर्ग] १ दुःखोत्पादक स्थान ; २ अतिविषम स्थान ; (सूअ १, ५, १, १७) ।

अभिदो (शौ) अ [अभितः] चारों ओर से; (स्वप्न ४२) ।

अभिद्दव सक [अभि+द्रु] पीड़ा करना, दुःख उपजाना, हैरान करना । " नुदंति वायाहिं अभिद्दवं णरा " (आचा २, १६, २) ।

अभिद्दविय वि [अभिद्रुत] उपद्रुत, हैरान किया हुआ ; (सुर १२, ६७) ।

अभिद्दुय देखो **अभिद्दविय** ; (गाया १, ६ ; स ५६) ।

अभिधाइ वि [अभिधायिन्] वाचक, कहने वाला ; (विसे ३४७२) ;

अभिधारण न [अभिधारण] धारणा, चिन्तन ; (बृह ३) ।

अभिधेज्ज } पुं [अभिधेय] अर्थ, वाच्य, पदार्थ ;
अभिधेय } (विसे १ टी) ।

अभिनंद देखो **अभिणंद** । वकृ—**अभिनंदमाण**; (कप्प) । कवकृ— **अभिनंदिज्जमाण**; (महा) ।

अभिनंदण देखो **अभिणंदण** ; (कप्प) ।

अभिनंदि स्त्री [अभिनंदि] आनन्द, खुशी, "पावेउ अ नंदिसेणमभिनंदिं " (अजि ३७) ।

अभिनिक्खंत देखो **अभिणिक्खंत** ; (आचा) ।

अभिनिक्खम अक [अभिनिर्+क्रम्] दीक्षा (संन्यास) लेना, दीक्षा लेने की इच्छा करना, गृहवास से बाहर निकलना । वकृ—**अभिनिक्खमंत** ; (पि ३६७) ।

अभिनिगिण्ह देखो **अभिणिगिण्ह** ; (आचा) ।

अभिनिवुज्झ देखो **अभिणिवुज्झ** । अभिनिवुज्झइ ; (विसे ६८) ।

अभिनिवट्ट देखो **अभिणिवट्ट** । संकृ—**अभिनिवट्टित्ताणं**; (पि ५८३) ।

अभिनिविट्ठ देखो **अभिणिविट्ठ** ; (भग) ।

अभिनिवेसिय न (अभिनिवेशिक) मिथ्यात्व का एक प्रकार, सत्य वस्तु का ज्ञान होने पर भी उसे नहीं मानने का दुराग्रह ; (श्रा ६; कम्म ४, ५१) ।

अभिनिव्वट्ट देखो **अभिणिव्वट्ट** ; (कप्प; आचा) ।

अभिनिव्विट्ठ वि [अभिनिर्विष्ट] संजात, उत्पन्न ; (कप्प) ।

अभिनिव्वुड देखो **अभिणिव्वुड**; (पि २१६) ।

अभिनिस्सव अक [अभिनि + स्रु] टपकना, झरना । अभिनिस्सवइ; (भग) ।

अभिन्न देखो **अभिण्ण** ; (प्राप्र) ।

अभिन्नाण देखो **अभिण्णाण** ; (ओघ ४३६ ; सुर ७, १०१) ।

अभिन्नाय देखो **अभिण्णाय**; (कप्प) ।

अभिपल्लाणिय वि [अभिपर्याणित] अध्यारोपित, ऊपर रखा हुआ ; (कुमा) ।

अभिपाइय वि [आभिप्रायिक] अभिप्राय-संबन्धी, मनः-कल्पित ; (अणु) ।

अभिप्पाय पुं [अभिप्राय] आशय, मन-परिणाम; (आचा; स ३४ ; सुपा २६२) ।

अभिप्पेय वि [अभिप्रेत] इष्ट ; अभिमत ; (स २३) ।

अभिभव सक [अभि + भू] पराभव करना, परास्त करना । अभिभवइ ; (महा) । संकृ—**अभिभविय, अभिभूय** ; (भग ६, ३३; पण्ह १, २) ।

अभिभव पुं [अभिभव] पराभव, पराजय, तिरस्कार ; (आचा ; दे १, ५७) ।

अभिभवण न [अभिभवन] ऊपर देखो ; (सुपा ४७६) ।

अभिभास सक [अभि+भाष्] संभाषण करना। अभिभासे; (पि १६६) ।

अभिभूइ स्त्री [अभिभूति] पराभव, अभिभव ; (द्र ३०)।

अभिभूय वि [अभिभूत] पराभूत, पराजित ; (आचा ; सुर ४, ७५)

अभिमंजु देखो **अभिमण्णु** ; (हे ४, ३०५) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभिमंत सक [**अभि+मन्त्रय्**] मंत्रित करना, मन्त्र से संस्कारना। संकृ—**अभिमंतिऊण, अभिमंतिय**; (निचू १; आवम)।

अभिमंतिय वि [**अभिमन्त्रित**] मन्त्र से संस्कारित; (सुर १६, ६२)।

अभिमन्न सक [**अभि+मन्**] १ अभिमान करना। २ सम्मत करना। अभिमन्नइ; (विसे २१६०, २६०३)।

अभिमय वि [**अभिमत**] इष्ट, अभिप्रेत; (सूअ २, ४)।

अभिमाण पुं [**अभिमान**] अभिमान, गर्व; (निचू १)।

अभिमार पुं [**अभिमार**] वृक्ष-विशेष; (राज)।

अभिमुह वि [**अभिमुख**] १ संमुख, सामने स्थित; २ क्रिवि. सामने; (भग)।

अभिरइ स्त्री [**अभिरति**] १ रति, संभोग, २ प्रीति, अनुराग; (विसे ३२२३)।

अभिरम अक [**अभि+रम्**] १ क्रीड़ा करना, संभोग करना। २ प्रीति करना। ३ तल्लीन होना, आसक्ति करना। अभिरमइ; (महा)। वकृ—**अभिरमंत, अभिरममाण**; (सुपा १२०; णाया १, २; ४)।

अभिरमिय वि [**अभिरमित**] अनुरक्त किया हुआ, "अभिरमियकुसुयवणसंडं ससिमंडलं पलोयइ" (सुपा ३४)।

अभिरमिय } वि [**अभिरत**] १ अनुरक्त; (सुपा ३४)।
अभिरय } २ तल्लीन, तत्पर "साहू तवनियमसंजमाभिरया" (पउम ३७, ६३; स १२२)।

अभिराम वि [**अभिराम**] सुन्दर, मनोहर, (णाया १, १३; स्वप्न ४५)।

अभिरुइय वि [**अभिरुचित**] पसंद, मन का अभिमत; (णाया १, १; उवा; सुपा ३४४; महा)।

अभिरुय सक [**अभि+रुच्**] पसंद पडना, रुचना। अभिरुयइ; (महा)।

अभिरुह सक [**अभि+रुह्**] १ रोकना। २ ऊपर चढ़ना, आरोहना। संकृ—
"चत्तारि साहिए मासे बहवे पाणजाइया आगम्म।
अभिरुज्झ कायं विहरिंसु आरुहिया णं तत्थ हिंसिंसु"
(आचा)।

अभिरोहिय वि [**अभिरोधित**] चारों ओर से निरुद्ध, रोका हुआ; (णाया १, ६)।

अभिरोहिय वि [**अभिरोहित**] ऊपर देखो "परचक्करायाभिरोहिया" ("परचक्रराजेनापरसैन्यनृपतिनाभिरोहिताः सर्वतः कृतनिरोधा या सा तथा" टी); (णाया १, ६)।

अभिलंघ सक [**अभि+लङ्घ्**] उल्लंघन करना। वकृ—**अभिलंघमाण**; (णाया १, १)।

अभिलप्प वि [**अभिलाप्य**] कथन-योग्य, निर्वचनीय; (आचू १)।

अभिलस सक [**अभि+लष्**] चाहना, वाञ्छना। अहिलसइ; (उव)।

अभिलाअ } पुं [**अभिलाप**] १ शब्द, ध्वनि; (ठा ३,
अभिलाव } १; भास २७)। २ संभाषण; (णाया १, ८; विसे)।

अभिलास पुं [**अभिलाष**] इच्छा, चाह; (णाया १, ६; प्रयौ ६१)।

अभिलासि } वि [**अभिलाषिन्**] चाहने वाला, इच्छुक;
अभिलासिण } (वसु; स ६५४; पउम ३१, १२८)।

अभिलासुग वि [**अभिलाषुक**] अभिलाषी; (उप ३५७ टी)।

अभिलोयण न [**अभिलोकन**] जहां खड़े रह कर दूर की चीज देखी जाय वह स्थान; (पण्ह २, ४)।

अभिलोयण न [**अभिलोचन**] ऊपर देखो; (पण्ह २, ४)।

अभिवंद सक [**अभि+वन्द्**] नमस्कार करना, प्रणाम करना। वकृ—**अभिवंदंत**; (पउम २३, ६)। कृ—"जे साहुणो ते **अभिवंदियव्वा**" (गोय १४); **अभिवंदणिज्ज**; (विसे २६४३)।

अभिवंदय वि [**अभिवन्दक**] प्रणाम करने वाला; (औप)।

अभिवड्ढ अक [**अभि+वृध्**] बढ़ना, बड़ा होना, उन्नत होना। अभिवड्ढामो; भूका—अभिवड्ढित्था; (कप्प)। वकृ—**अभिवड्ढेमाण**; (जं ७)।

अभिवड्ढि देखो **अभिवुड्ढि**; (इक)।

अभिवड्ढिय वि [**अभिवर्धित**] १ बढ़ाया हुआ। २ अधिक मास; ३ अधिक मास वाला वर्ष; (सम ५६; चन्द १२)।

अभिवत्ति स्त्री [**अभिव्यक्ति**] प्रादुर्भाव; (उप २८५)।

अभिवय सक [**अभि+व्रज्**] सामने जाना। वकृ—**अभिवयंत**; (णाया १, ८)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभिवाइय वि [**अभिवादित**] प्रणत, नमस्कृत; (सुपा ३१०)।

अभिवात पुं [**अभिवात**] १ सामने का पवन; २ प्रतिकूल (गरम या रूक्ष) पवन; (आचा)।

अभिवाद } सक [**अभि + वादय्**] प्रणाम करना, **अभिवाय** } नमस्कार करना। अभिवाएइ; (महा)। अभिवादये (विसे १०५४)। वकृ—**अभिवायमाण**; (आचा)। कृ—**अभिवायणिज्ज**; (सुपा ५६८)।

अभिवाय देखो **अभिवात**; (आचा)।

अभिवायण न [**अभिवादन**] प्रणाम, नमस्कार; (आचा; दसचू)।

अभिवाहरणा स्त्री [**अभिव्याहरणा**] बुलाहट, पुकार; (पंचा २)।

अभिवाहार पुं [**अभिव्याहार**] प्रश्नोत्तर, सवाल-जवाब; (विसे ३३९६)।

अभिविहि पुंस्त्री [**अभिविधि**] मर्यादा, व्याप्ति; (पंचा १५; विसे ८७४)।

अभिवुड्ढ देखो **अभिवड्ढ**। संकृ—**अभिवुड्ढित्ता**; (सुज्ज १)।

अभिवुड्ढि स्त्री [**अभिवृद्धि**] १ वृद्धि, बढाव। २ उत्तर भाद्रपदा नक्षत्र; (जं ७)।

अभिव्वंजण न [**अभिव्यञ्जन**] देखो **अभिवत्ति**; (सूअ १, १, १)।

अभिव्वाहार देखो **अभिवाहार**; (विसे ३४१२)।

अभिसंका स्त्री [**अभिशङ्का**] संशय, संदेह; (सूअ १, ६, १, १४)।

अभिसंकि वि [**अभिशङ्किन्**] १ संदेह करने वाला। २ भीरु, डरने वाला; "उज्जु माराभिसंकी मरणा पमुच्चति" (आचा; णाया १, १८)।

अभिसंग पुं [**अभिष्वङ्ग**] आसक्ति; (ठा ३, ४)।

अभिसंजाय वि [**अभिसंजात**] उत्पन्न; (आचा)।

अभिसंथुण सक [**अभिसं+स्तु**] स्तुति करना, वर्णन करना। वकृ—**अभिसंथुणमाण**; (णाया १, ८)।

अभिसंधारण न [**अभिसंधारण**] पर्यालोचन; विचारणा; (आचा)।

अभिसंधि पुंस्त्री [**अभिसंधि**] आशय, अभिप्राय; (उप २११ टी)।

अभिसंधिय वि [**अभिसंहित**] गृहीत, उपात्त; (आचा)।

अभिसंभूय वि [**अभिसंभूत**] उत्पन्न, प्रादुर्भूत; (आचा)।

अभिसंबुद्ध वि [**अभिसंबुद्ध**] ज्ञान-प्राप्त, बोध-प्राप्त; (आचा)।

अभिसंवुड्ढ वि [**अभिसंवृद्ध**] बढ़ा हुआ, उन्नत अवस्था को प्राप्त; (आचा)।

अभिसमण्णागय } वि [**अभिसमन्वागत**] १ अच्छी **अभिसमन्नागय** } तरह जाना हुआ, सुनिर्णीत; (भग ५, ४)। २ व्यवस्थित; (सूअ २, १)। ३ प्राप्त, लब्ध; (भग १५; कप्प; णाया १, ८)।

अभिसमागम सक [**अभिसमा+गम्**] १ सामने जाना। २ प्राप्त करना। ३ निर्णय करना, ठीक २ जानना। संकृ—**अभिसमागम्म**; (आचा; दस ५)।

अभिसमागम पुं [**अभिसमागम**] १ संमुख गमन। २ प्राप्ति। ३ निर्णय; (ठा ३, ४)।

अभिसमे सक [**अभिसमा + इ**] देखो **अभिसमागम**= अभिसमा+गम्। अभिसमेइ; (ठा ३, ४)। संकृ—**अभिसमेच्च**; (आचा)।

अभिसरण न [**अभिसरण**] १ सामने जाना, संमुख गमन; (पगह १,१)। २ प्रिय के पास जाना; (कुमा)।

अभिसव पुं [**अभिषव**] १ मद्य आदि का अर्क; २ मद्य-मांस आदि से मिश्रित चीज; (पव ६)।

अभिसारिआ देखो **अहिसारिआ**; (गा ८७१)।

अभिसिंच सक [**अभि+सिच्**] अभिषेक करना। अभिसिंचति; (कप्प)। कवकृ—**अभिसिच्चमाण**; (कप्प)। प्रयो, हेकृ—**अभिसिंचावित्तए**; (पि ५७८)।

अभिसित्त वि [**अभिषिक्त**] जिसका अभिषेक किया गया हो वह; (आवम)।

अभिसेअ } पुं [**अभिषेक**] १ राजा, आचार्य आदि पद पर **अभिसेग** } आरूढ करना; (संथा; महा); २ स्नान-महोत्सव; "जिणाभिसेगे" (सुपा ५०)। ३ स्नान; (औप; स ३२)। ४ जहां पर अभिषेक किया जाता है वह स्थान; (भग)। ५ शुक्र-शोणित का संयोग "इह खलु अत्तताए तेहिं तेहिं कुलेहिं अभिसेएण अभिसंभूया" (आचा १, ६,१)। ६ वि. आचार्य आदि पद के योग्य; (बृह ३)। ७ अभिषिक्त; (निचू १५)।

अभिसेगा स्त्री [**अभिषेका**] १ साध्वी, संन्यासिनी; (निचू १५)। २ साध्वीओं की मुखिया, प्रवर्तिनी; (धर्म ३; निचू ९)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभिसेज्जा स्त्री [**अभिशय्या**] देखो **अभिणिसज्जा** ; (वव १)। २ भिन्न स्थान ; (विसे ३४६१)।

अभिसेवण न [**अभिषेवण**] पूजा, सेवा, भक्ति ; (पउम १४, ४६)।

अभिस्संग पुं [**अभिष्वङ्ग**] आसक्ति; (विसे २६६४)।

अभिहट्टु अ [**अभिहृत्य**] बलात्कार करके, जबरदस्ती करके ; (आचा ; पि ५७७)।

अभिहड वि [**अभिहृत**] १ सामने लाया हुआ ; (पंचा १३)। २ जैन साधुओं की भिक्षा का एक दोष ; (ठा ३, ४)।

अभिहण सक [**अभि+हन्**] मारना, हिंसा करना। (पि ४६६)। वकृ—**अभिहणमाण** ; (जं ३)।

अभिहणण न [**अभिहनन**] अभिघात ; हिंसा ; (भग ८, ७)।

अभिहय वि [**अभिहत**] मारा हुआ, आहत ; (पडि)।

अभिहा स्त्री [**अभिधा**] नाम, आख्या ; (सण)।

अभिहाण न [**अभिधान**] १ नाम, आख्या ; (कुमा)। २ वाचक, शब्द ; (वव ६)। ३ कथन, उक्ति; (विसे)।

अभिहिय वि [**अभिहित**] कथित, उक्त ; (आचा)।

अभिहेअ पुं [**अभिधेय**] वाच्य, पदार्थ ; (विसे ८४१)।

अभीइ } स्त्री [**अभिजित्**] १ नक्षत्र-विशेष ; (सम ८; **अभीजि** } १५)। २ पुं. एक राज-कुमार; (भग १३,६)। ३ राजा श्रेणिक का एक पुत्र, जिसने जैन दीक्षा ली थी ; (अनु)।

अभीरु वि [**अभीरु**] १ निडर, निर्भीक; (आचा)। २ स्त्री. मध्यम-ग्राम की एक मूर्च्छना ; (ठा ७)।

अभेज्झा देखो **अभिज्झा** ; (पण्ह १, ३)

अभोज्ज वि [**अभोज्य**] भोजन के अयोग्य ; (णाया १, १६)। °**घर** न [°**गृह**] भिक्षा के लिए अयोग्य घर, धोबी आदि नीच जाति का घर ; (बृह १)।

अम सक [**अम्**] १ जाना। २ अवाज करना। ३ खाना। ४ पीडना। ५ अक. रोगी होना। "अम गत्ताईसु" (विसे ३४५३); "अम रोगे वा" (विसे ३४५४)। **अमइ** ; (विसे ३४५३)।

अमग्ग पुं [**अमार्ग**] १ कुमार्ग, खराब रास्ता ; (उव)। २ मिथ्यात्व, कषाय आदि हेय पदार्थ; "अमग्गं परियाणामि मग्गं उवसंपज्जामि" (आव ४)। ३ कुमत, कुदर्शन ; (दंस)।

अमग्घाय पुं [**अमाघात**] १ द्रव्य का अ-हरण; २ अमारि-निवारण, अभय-घोषणा ; (पंचा ६)।

अमच्च पुं [**अमात्य**] मन्त्री, प्रधान ; (औप ; सुर ४, १०४)।

अमच्च पुं [**अमर्त्य**] देव, देवता ; (कुमा)।

अमज्झ वि [**अमध्य**] १ मध्य-रहित, अखण्ड; (ठा ३,२)। २ परमाणु ; (भग २०, ६)।

अमण न [**अमन**] १ ज्ञान, निर्णय ; (ठा ३, ४)। २ अन्त, अवसान ; (विसे ३४५३)।

अमण } वि [**अमनस्क**] १ अप्रीतिकर, अभीष्ट; (ठा **अमणक्ख** } ३, ३)। २ मन-रहित; (आव ४; सूअ २, ४, २)।

अमणाम वि [**अमनआप**] अनिष्ट, अ-मनोहर ; (सम १४६ ; विपा १, १)।

अमणाम वि [**अमनोम**] ऊपर देखो ; (भग; विपा १, १)।

अमणाभ वि [**अवनाम**] पीड़ा-कारक, दुःखोत्पादक ; (सूअ २, १)।

अमणुस्स पुं [**अमनुष्य**] १ मनुष्य-भिन्न देव आदि ; (णंदि)। २ नपुंसक ; (निचू १)।

अमत्त न [**अमत्र**] भाजन, पात्र ; (सूअ १, ६)।

अमम वि [**अमम**] १ ममता-रहित, निःस्पृह ; (पण्ह २, ५; सुपा ५००)। २ पुं. आगामी काल में होने वाले एक जिन-देव का नाम ; (सम १५३)। ३ युग्म रूप से होने वाले मनुष्यों की एक जाति ; (जं ४)। ४ न. दिन के २५ वाँ मुहुर्त का नाम ; (चंद १०)। °**त्त** वि [°**त्व**] निःस्पृह, ममता-रहित ; (पंचव ४)।

अमय वि [**अमय**] विकार-रहित,

"अमओ य होइ जीवो, कारणविरहा जहेव आगासं।
समयं च होअनिच्चं, मिम्मयघडतंतुमाईयं" (विसे)।

अमय न [**अमृत**] १ अमृत, सुधा ; (प्रासू ६६)। २ क्षीर समुद्र का पानी; (राय)। ३ पुं. मोक्ष, मुक्ति ; (सम्म १६७; प्रामा)। ४ वि. नहीं मरा हुआ, जीवित, "अमओ हं नय विमुञ्चामि" (पउम ३३, ८२)। °**कर** पुं [°**कर**] चन्द्र, चन्द्रमा ; (उप ७६८ टी)। °**किरण** पुं [°**किरण**] चन्द्र ; (सुपा ३७७)। °**कुंड** पुं [°**कुण्ड**] चन्द्र, चाँद ; (श्रा २७)। °**घोस** पुं [°**घोष**] एक राजा का नाम ; (संथा)। °**फल** न [°**फल**] अमृतोपम फल ; (णाया १, ६)। °**मइय**,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

°मय वि [°मय] अमृत-पूर्ण ; (कुमा ; सुर ३, १२१ ; २३३) । °मऊह पुं [°मयूख] चन्द्र ; (मै ६८) । °वल्लरि, °वल्लरी स्त्री [°वल्लरि, °री] अमृतलता, वल्ली-विशेष, गुडूची । °वल्लि, °वल्ली स्त्री [°वल्लि, °ल्ली] वल्ली-विशेष, गुडूची ; (श्रा २०; पव ४) । °वास पुं [°वर्ष] सुधा-वृष्टि; (आचा) । देखो अमिय=अमृत ।

अमय पुं [दे] १ चन्द्र, चन्द्रमा ; (दे १, १५) । २ असुर, दैत्य ; (षड्) ।

अमयणिग्गम पुं [दे. अमृतनिर्गम] १ चन्द्र, चन्द्रमा ; (दे १, १५) ।

अमर वि [आमर] दिव्य, देव-संबन्धी, "अमरा आउहभेया" (पउम ६१, ४६) ।

अमर पुं [अमर] १ देव, देवता ; (पात्र) । २ मुक्त आत्मा ; (ओप) । ३ भगवान् ऋषभदेव का एक पुत्र ; (राज) । ४ अनन्तवीर्य-नामक भावी जिन-देव के पूर्व-जन्म का नाम; (ती २१) । ५ वि मरण-रहित "पावंति अविग्घेणं जीवा अयरामरं ठाणं" (पडि) । °कंका स्त्री [°कङ्का] एक नगरी का नाम ; (उप ६४८ टी) । °केउ पुं [°केतु] एक राज-कुमार ; (दंस) । °गिरि पुं [°गिरि] मेरु पर्वत ; (पउम ६५, ३७) । °गेह न [°गेह] स्वर्ग; (उप ७२८ टी) । °चन्दण न [चन्दन] १ हरिचन्दन वृक्ष ; २ एक प्रकार का सुगन्धित काष्ठ ; (पात्र) । °तरु पुं [°तरु] कल्प-वृक्ष; (सुपा ४४) । °दत्त पुं [°दत्त] एक श्रेष्ठि-पुत्र का नाम; (धम्म) । °नाह पुं [नाथ] इन्द्र ; (पउम १०१, ७५) । °पुर न [°पुर] स्वर्ग ; (पउम २, १४) । °पुरी स्त्री [°पुरी] स्वर्ग-पुरी, अमरावती; (उप पृ १०५) । °पभ पुं [°प्रभ] वानर-द्वीप का एक राजा ; (पउम ६, ६६) °वइ पुं [°पति] इन्द्र ; (पउम १०१, ७० ; सुर १, १) । °वहू स्त्री [°वधू] देवी; (महा) । °सामि पुं [स्वामिन्] इन्द्र; (विसे १४३६ टी) । °सेण पुं [°सेन] १ एक राजा का नाम ; (दंस) । २ एक राज-कुमार का नाम ; (णाया १, ८) । °ालय वि [°ालय] स्वर्ग ; "चविउममरालयाए" (उप ७२८ टी ; सुपा ३५) । °ावई स्त्री [°ावती] १ देव-नगरी, स्वर्ग-पुरी ; (पात्र) । २ मर्त्य-लोक की एक नगरी, राजा श्रीसेण की राजधानी ; (उप ९८६ टी) ।

अमरंगणा स्त्री [अमराङ्गना] देवी ; (श्रा २७) ।

अमरिंद पुं [अमरेन्द्र] देवों का राजा, इन्द्र ; (भवि) ।

अमरिस पुं [अमर्ष] १ असहिष्णुता ; (हे २, १०५) । २ कदाग्रह ; (उत ३४) । ३ क्रोध, गुस्सा ; (पराह १. ३; पात्र) ।

अमरिसण न [अमर्षण] १—३ ऊपर देखो । ४ वि. असहिष्णु, क्रोधी ; (पराह १, ४) । ५ सहिष्णु, क्षमा-शील ; (सम १५३) ।

अमरिसण वि [अमसृण] उद्यमी, उद्योगी ; (सम १५३) ।

अमरिसिय वि [अमर्षित] १ मत्सरी, असहिष्णु ; (आवम ; स ५६५) ।

अमरी स्त्री (अमरी) देवी ; (कुमा) ।

अमल वि [अमल] १ निर्मल, स्वच्छ; (उत्र ; सुपा ३४) । २ पुं. भगवान् ऋषभदेव के एक पुत्र का नाम ; (राज) ।

अमला स्त्री [अमला] शक्र की एक अग्र-महिषी का नाम, इन्द्राणी-विशेष ; (ठा ८) ।

अमाइ, अमाइल्ल वि [अमायिन्] निष्कपट, सरल ; (आचा ; ठा १०; द्र ४७) ।

अमाघाय देखो अमग्घाय ; (उवा) ।

अमाण वि [अमान] १ गर्व-रहित, नम्र ; (कप्प) । २ असंख्य, "ठाणट्ठाणविलोइज्जमाणमाणोसहिसमूहो" (उव ६ टी) ।

अमाय वि [अमात] नहीं माया हुआ ; "सुसाहुवग्गस्स मणे अमाया" (सत्त ३५) ।

अमाय वि [अमाय] निष्कपट, सरल ; (कप्प) ।

अमायि देखो अमाइ ; (भग) ।

अमारि स्त्री [अमारि] हिंसा-निवारण, जीवित-दान ; (सुपा ११२) । °घोस पुं [°घोष] अहिंसा की घोषणा ; (सुपा ३०६) । °पडह पुं [°पटह] हिंसा-निषेध का डिण्डिम, "अमारिपडह च घोसावेइ" (रयण ९०) ।

अमावसा, अमावस्सा, अमावासा स्त्री [अमावास्या] तिथि-विशेष, अमावस; (कप्प ; सुपा २२६ ; णाया १, १० ; चंद १०) ।

अमिज्ज वि [अमेय] माप करने के लिये अशक्य, असंख्य; (कप्प) ।

अमिज्झ न [अमेध्य] १ अशुचि वस्तु, "भरियममिज्झस्स दुरहिगंधस्स" (उप ७२८ टी) । २ विष्ठा ; (सुपा ३१३) ।

अमित्त पुंन [अमित्र] रिपु, दुश्मन ; (ठा ४, ४; से ५, १७) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अमिय देखो **अमय**=अमृत; (प्रासू १; गा २; विसे; आवम; पिंग)। °**कुंड** न [°**कुण्ड**] नगर-विशेष का नाम; (सुपा ५७८)। °**गइ** स्त्री [°**गति**] एक छन्द का नाम; (पिंग)। °**णाणि** पुं [°**ज्ञानिन्**] ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थंकर देव का नाम; (सम १५३)। °**भूय** वि [**भूत**] अमृत-तुल्य; (आउ)। °**मेह** पुं [°**मेघ**] अमृत-वर्षा; (जं ३)। °**रुइ** पुं [°**रुचि**] चन्द्र, चन्द्रमा; (श्रा १६)।

अमिय वि [**अमित**] परिमाण-रहित, असंख्य, अनन्त; (भग ५, ४; सुपा ३१; श्रा २७)। °**गइ** पुं [°**गति**] दक्षिण दिशा के एक इन्द्र का नाम, दिक्कुमारों का इन्द्र; (ठा २, ३)। °**जस** पुं [°**यशस्**] एक चक्रवर्ती राजा का नाम; (महा)। °**णाणि** वि [°**ज्ञानिन्**] १ सर्वज्ञ; (विसे)। २ ऐरवत क्षेत्र के एक जिन-देव का नाम; (सम १५३)। °**तेय** पुं [°**तेजस्**] एक जैन मुनि का नाम; (उप ७६८टी)। °**बल** पुं [°**बल**] इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम; (पउम ५, ४)। °**वाहण** पुं [°**वाहन**] दिक्कुमार देवों के एक इन्द्र का नाम; (ठा २, ३)। °**वेग** पुं [°**वेग**] राक्षस वंश के एक राजा का नाम; (पउम ५, २६१)। °**ासणिय** वि [°**ासनिक**] एक स्थान पर नहीं बैठने वाला, चंचल; (कप्प)।

अमिल न [**दे**] ऊन का बना हुआ वस्त्र; (श्रा १८)। २ पुं. मेष, भेड़; (ओघ ३६८)।

अमिला स्त्री [**अमिला**] १ बीसवें जिन-देव की प्रथम शिष्या; (सम १५२)। २ पाड़ी, छोटी भैंस; (बृह १)।

अमिलाण, **अमिलाय** वि [**अम्लान**] १ म्लानि-रहित, ताजा, हृष्ट; (सुर ३, ६५; भग ११, ११)। २ पुं. कुरण्टक वृक्ष; ३ न. कुरण्टक वृक्ष का पुष्प; (दे १, ३७)।

अमु स [**अदस्**] वह, अमुक; (पि ४३२)।

अमुअ स [**अमुक**] वह, कोई, अमका-ढमका; (ओघ ३२ भा; सुपा ३१४)।

अमुअ देखो **अमय**=अमृत; (प्रासू ५१; गा ६७६)।

अमुअ देखो **अमय**=अमय; (काप्र ७७७)।

अमुअ वि [**अस्मृत**] स्मरण में नहीं आया हुआ; (भग ३, ६)।

अमुइ वि [**अमोचिन्**] नहीं छोड़ने वाला; (उव)।

अमुग देखो **अमुअ**=अमुक; (कुमा)।

अमुगत्थ वि [**अमुत्र**] अमुक स्थान में; (सुपा ६०२)।

अमुण वि [**अज्ञ**] अजान, मूर्ख; (बृह १)।

अमुणिय वि [**अज्ञात**] अविदित; (सुर ४, २०)।

अमुणिय वि [**अज्ञान**] मूर्ख, अजान; (पण्ह १, २)।

अमुत्त वि [**अमुक्त**] अपरित्यक्त; (ठा १०)।

अमुत्त वि [**अमूर्त**] रूप-रहित, निराकार; (सुर १४, ३६)।

अमुदग्ग, **अमुयग्ग** न [**अमुदग्र**] १ अतीन्द्रिय मिथ्याज्ञान विशेष, जैसे देवताओं के पुद्गल-रहित शरीर को देख कर जीव का शरीर पुद्गल से निर्मित नहीं है ऐसा निर्णय; (ठा ७)।

अमुसा स्त्री [**अमृषा**] सत्य वचन; (सूअ १, १०)। °**वाइ** वि [°**वादिन्**] सत्यवादी; (कुमा)।

अमुह वि [**अमुख**] निरुत्तर; (वव ६)।

अमुहरि वि [**अमुखरिन्**] अ-वाचाट, मित-भाषी; (उत्त १)।

अमूढ वि [**अमूढ**] अ-मुग्ध, विचक्षण; (णाया १, ६)। °**णाण** न [°**ज्ञान**] सत्य ज्ञान; (आवम)। °**दिट्ठि** स्त्री [°**दृष्टि**] १ सम्यग्दर्शन; (पव ६)। २ अविचलित बुद्धि; (उत्त २)। ३ वि. अविचलित दृष्टि वाला, सम्यग्दृष्टि; (गच्छ १)।

अमूस वि [**अमृष**] सत्यवादी; (कुमा)।

अमेज्ज देखो **अमिज्ज**; (भग ११, ११)।

अमेज्झ देखो **अमिज्झ**; (महा)।

अमोल्ल वि [**अमूल्य**] जिसकी कीमत न हो सके वह, बहुमूल्य; (गउड; सुपा ५१६)।

अमोसलि न [**दे. अमुशलि**] वस्त्रादि-निरीक्षण का एक प्रकार; (ओघ २५)।

अमोसा देखो **अमुसा**; (कुमा)।

अमोह वि [**अमोघ**] १ अवन्ध्य, सफल; (सुपा ८३; ५७५)। २ पुं. सूर्य के उदय और अस्त के समय किरणों के विकार से होने वाली रेखा-विशेष; (भग ३, ६)। ३ एक यक्ष का नाम; (विपा १, ४)। °**दंसि** वि [°**दर्शिन्**] १ ठीक २ देखने वाला; (दस ६)। २ न. उद्यान-विशेष; ३ पुं. यक्ष-विशेष; (विपा १, ३)। °**पहारि** वि [°**प्रहारिन्**] अचूक प्रहार करने वाला, निशान-बाज; (महा)। °**रह** पुं [°**रथ**] इस नाम का एक रथिक; (महा)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अमोह पुं [**अमोह**] १ मोह का अभाव, सत्य-ग्रह ; (विसे)। २ रुचक पर्वत का एक शिखर; (ठा ८)। ३ वि. मोह-रहित, निर्मोह ; (सुपा ८३)।

अमोहण न [**अमोहन**] १ मोह का अभाव; (वव १०)। २ वि. मुग्ध नहीं करने वाला ; (कप्प)।

अमोहा स्त्री [**अमोघा**] १ एक जम्बू-वृक्ष, जिसके नाम से यह जम्बूद्वीप कहलाता है; (जीव ३)। २ एक पुष्करिणी; (दीव)।

अम्म देखो **अंब**=आम्ल ; (उर २, ६)।

अम्मएव पुं [**आम्रदेव**] एक जैन आचार्य ; (पव २७६-गा ६०९)।

अम्मगा देखो **अम्मया** ; (उवा)।

अम्मच्छ वि [**दे**] असंबद्ध; (षड्)।

अम्मड देखो **अंबड** ; (औप)।

अम्मडी (अप) स्त्री [**अम्बा**] माता, माँ ; (हे ४, ४२४)।

अम्मणुअंचिय न [**दे**] अनुगमन, अनुसरण; (दे १,४६)।

अम्मधाई देखो **अंबधाई** ; (विपा १, ६)।

अम्मया स्त्री [**अम्बा**] १ माता, जननी ; (उवा)। २ पांचवें वासुदेव की माता का नाम ; (सम १५२)।

अम्महे (शौ) अ. हर्ष-सूचक अव्यय ; (हे ४, २८४)।

अम्मा स्त्री (**दे. अम्बा**) माता; माँ ; (दे १, ५)। °**पिइ**, °**पिउ**, °**पियर**, °**पीइ** पुंब. [°**पितृ**] माँ-बाप, माता-पिता ; (वव ३ ; कप्प; सुर ३, ८३ ; ठा ३, १; सुर ३, ८८ ; ७, १७०)। °**पेइय** वि [°**पैतृक**] माँ-बाप-संबन्धी ; (भग १, ७)।

अम्माइआ स्त्री [**दे**) अनुसरण करने वाली स्त्री, पीछे २ जाने वाली स्त्री (दे १, २२)।

अम्मो अ [ ] १ आश्चर्य-सूचक अव्यय ; (हे २, २०८ ; स्वप्न २६)। २ माता का संबोधन, हे माँ ; (उवा ; कुमा)।

अम्मोस वि [**अमर्ष्य**] अक्षम्य, क्षमा के अयोग्य ; (सुपा ४८७)।

अम्ह स [**अस्मत्**] हम, निज, खुद ; (हे २, ९९ ; १४२)। °**केर**, °**क्केर**, °**च्चय** वि [°**ीय**] अस्मदीय, हमारा ; (हे २, ९९ ; सुपा ४९६)।

अम्हत्त वि [**दे**] प्रमृष्ट, प्रमार्जित ; (षड्)।

अम्हार } (अप) वि [**अस्मदीय**] हमारा ; (षड् ;
अम्हारय } कुमा)।

अम्हारिच्छ वि [**अस्मादृक्ष**] हमारे जैसा ; (प्रामा)।

अम्हारिस वि [**अस्मादृश**] हमारे जैसा; (हे १, १४२; षड्)।

अम्हेच्चय वि [**आस्माक**] अस्मदीय, हमारा ; (कुमा ; हे २, १४९)।

अम्हो अ [**अहो**] आश्चर्य-सूचक अव्यय ; (षड्)।

अय पुं [**अग**] १ पहाड़, पर्वत ; २ साँप, सर्प ; ३ सूर्य, सूरज ; (श्रा २३)।

अय पुं [**अज**] १ छाग, बकरा ; (विपा १, ४)। २ पूर्व भाद्रपदा नक्षत्र का अधिष्ठायक देव ; (ठा २, ३)। ३ महादेव ; ४ विष्णु ; ५ रामचन्द्र ; ६ ब्रह्मा ; ७ कामदेव ; (श्रा २३)। ८ महाग्रह-विशेष ; (ठा ६)। ९ बीजोत्पादक शक्ति से रहित धान्य ; (पउम ११, २५)। °**करक** पुं [°**करक**] एक महाग्रह का नाम ; (ठा २, ३)। °**वाल** पुं [°**पाल**] आभीर ; (श्रा २३)।

अय पुं [**अय**] १ गमन, गति ; (विसे २७९३; श्रा २३)। २ लाभ, प्राप्ति; ३ अनुभव ; (विसे)। ४ न. पुण्य ; (ठा १०)। ५ भाग्य, नसीब; (श्रा २३)।

अय न [**अक**] १ दुःख ; २ पाप ; (श्रा २३)।

अय न [**अयस्**] लोहा, लोह ; (औप ६२)। °**आगर** पुं [°**आकर**] १ लोहे की खान ; (निचू ५)। २ लोहे का कारखाना ; (ठा ८)। °**कंत** °**क्खंत** पुं [°**कान्त**] लोह-चुम्बक; (आवम)। °**कडिल्ल** न [**दे** °**कडिल्ल**] कटाह ; (आघ)। °**कुंडी** स्त्री [°**कुण्डी**] लोहे का भाजन-विशेष ; (विपा १, ६)। °**कोट्ठय** पुं [°**कोष्ठक**] लोहे का कुशूल, लोहे का गोला ; "पोट्टं अयकोट्ठओ व्व वट्टं" (उवा)। °**गोलय** पुं [°**गोलक**] लोहे का गोला ; (श्रा १६)। °**दव्वी** स्त्री [°**दर्वी**] लोहे की कड़छी, जिसमें दाल, कढ़ी आदि हलाया जाता है ; (दे २, ७)। °**पाय** न [°**पात्र**] लोहे का भाजन। °**सलागा** स्त्री [°**शलाका**] लोहे की सलाई ; (उप २११ टी)।

अय सक [**अय्**] १ गमन करना, जाना । २ प्राप्त करना। ३ जानना। वकृ—**अयमाण** ; (सम ६३)।

अयंछ सक [**कृष्**] १ खींचना। २ जतना, चास करना। ३ रेखा करना। अयंछइ ; (हे ४, १८७)।

अयंछिर वि [**कर्षिन्**] कर्षण-शील, खींचने वाला ; (कुमा)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अयंड पुं [**अकाण्ड**] १ अनुचित समय ; (महा)। २ अकस्मात्, हठात् ; (पउम ५, १६४; से ६,४४; गउड)। ३ क्रिवि. अनधारा, अतर्कित ; (पाअ)।

अयंत वकृ [**आयत्**] आता हुआ, प्रवेश करता हुआ ; (आवम)।

अयंपिर वि [**अजल्पितृ**] नहीं बोलने वाला, मौनी ; (पि २६६; ५६६)।

अयंपुल पुं [**अयंपुल**] गो-शालक का एक शिष्य ; (भग ८, ५)

अयंस पुं [**आदर्श**] दर्पण, काँच। °**मुह** पुं [°**मुख**] १ इस नाम का एक द्वीप ; २ द्वीप-विशेष का निवासी ; (इक)।

अयंसंधि वि [**इदंसंधि**] उपयुक्त कार्य को यथासमय करने वाला ; (आचा)।

अयक
अयग } पुं [**दे**] दानव, असुर ; (दे १, ६)।

अयगर पुं [**अजगर**] अजगर, मोटा साँप ; (पण्ह १, १ ; पउम ६३, ५४)।

अयड पुं [**दे. अवट**] कूप, कुँआ ; (दे १, १८)।

अयण न [**अतन**] सतत होना, निरन्तर होना ; (विसे ३५७८)।

अयण न [**अयन**] १ गमन ; २ प्राप्ति, लाभ ; (विसे ८३)। ३ ज्ञान, निर्णय ; (विसे ८३)। ४ गृह, मन्दिर "चंडियायणं" (स ४३५)। ५ वि. प्रापक, प्राप्त करने वाला ; (विसे ६६०)। ६ पुंन. वर्ष का आधा भाग, जिसमें सूर्य दक्षिण से उत्तर में या उत्तर से दक्षिण में जाता है ; ((ठा २, ४) ;

"एक्के अअणे दिअहा, बीए रअणीओ होंति दीहाओ।
विरहाअणो अउव्वो, इत्थ दुवे च्चेअ वड्ढंति"
(गा ८४६)।

अयण न [**अदन**] १ भक्षण ; २ खुराक, भोजन ; (स १३० ; उर ८, ७)।

अयणु वि [**अज्ञ**] अजान, मूर्ख ; (सुर ३, १६६)।

अयणु वि [**अतनु**] स्थूल, मोटा, महान् ; (सण)।

अयतंचिअ वि [**दे**] पुष्ट, उपचित; (दे १, ४७)।

अयर वि [**अजर**] वृद्धावस्था-रहित "अयरामरं ठाणं" (पडि; उव)।

अयर पुंन [**अतर**] १ सागर, समुद्र ; (दं २८)। २ समय का मान-विशेष, सागरोपम ; (संग २१, २५ ; धण ४३)। ३ वि. तरने को अशक्य ; (बृह १)। ४ असमर्थ, अशक्त ; (निचू १)। ५ ग्लान, बिमार ; (बृह १)।

अयरामर वि [**अजरामर**] १ जरा और मरण से रहित ; (नव २)। २ न.मुक्ति, मोक्ष ; (पउम ८, १२७)।

अयल देखो **अचल**=अचल ; (पाअ ; गउड; उप पृ १०५; अंत ३ ; पउम ८५, ४; सम ८८ ; कप्प ; सम १६)।

अयला देखो **अचला**; (पउम १२०, १५६)।

अयस देखो **अजस** ; (गउड ; प्रासू २३; १५३ ; गा १७८)।

अयसि वि [**अयशस्विन्**] अजसी, यशो-रहित, कीर्ति-शून्य; (गउड)।

अयसि
अयसी } स्त्री [**अतसी**] धान्य-विशेष, अलसी ; (भग; ठा ७ ; णाया १, ५)।

अया स्त्री [**अजा**] १ बकरी ; २ माया, अविद्या ; ३ प्रकृति, कुदरत; (हे ३, ३२;षड्)। °**किवाणिज्ज** पुं [°**कृपाणीय**] न्याय-विशेष, जैसे बकरी के गले पर अनधारी छुरी पड़ती है उस माफिक अनधारा किसी कार्य का होना; (आचा)। °**पाल** पुं [°**पाल**] आभीर, बकरी चराने वाला ; (स २६०)। °**वय** पुं [°**व्रज**] बकरी का वाडा ; (भग १६, ३)।

अयागर देखो **अय-आगर**; (ठा ८)।

अयाण न [**अज्ञान**] ज्ञान का अभाव ; (सत्त ६३)।

अयाण वि [**अज्ञ, अज्ञान**] अजान, अज्ञानी, मूर्ख ; (ओघ ७४ ; पउम २२, ८३ ; गा २७५ ; दे ७, ७३)।

अयाणअ वि [**अज्ञायक**] ऊपर देखो ; (पाअ; भवि)।

अयाणंत देखो **अजाणंत** ; (ओघ ११)।

अयाणमाण देखो **अजाणमाण** ; (नव ३६)।

अयाणिय देखो **अजाणिय** ; (उप ७२८ टी)।

अयाणुय देखो **अजाणुय** ; (सुर ३, १६८ ; सुपा ५४३)।

अयार पुं [**अकार**] 'अ' अक्षर; (विसे ४७८)।

अयाल पुं [**अकाल**] अयोग्य समय, अनुचित काल ; (पउम २२, ८५)।

अयालि पुं [**दे**] दुर्दिन, मेघाच्छन्न दिवस ; (दे १, १३)।

अयालिय वि [**अकालिक**] आकस्मिक, अकाण्डोत्पन्न, "पडउ पडउ एयस्स हत्थतले अयालिया विज्जू" (रंभा)।

अयि देखो **अइ**=अयि ; (हे २, २१७)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अयुजरेवइ स्त्री [**दे**] अचिर-युवति, नवोढा, दुलहिन ; (षड्)।
अयोमय देखो **अओ-मय** ; (अंत १६)।
अय्यावत्त (शौ) पुं [**आर्यावर्त**] भारत, हिन्दुस्थान ; (कुमा)।
अय्युण (म) देखो **अज्जुण** ; (हे ४, २६२)।
अर पुं [**अर**] १ धूरी, पहिये का बीचका काष्ठ; २ अठारहवाँ जिनदेव और सातवाँ चक्रवर्ती राजा; "सुमिणे अरं महरिहं पासइ जणणी अरो तम्हा" (आव २ ; सम ५३ ; उत्त १८)। ३ समय का एक परिमाण, कालचक्र का बारहवाँ हिस्सा ; (ती २१)।
°**अर** पुं [°**कर**] १ किरण ; (गा ३४३ ; से १, १७)। हस्त; हाथ ; (से १, २८)। ३ शुल्क, चुंगी ; (से १, २८)।
अरइ स्त्री [**अरति**] १ बेचैनी ; (भग ; आचा ; उत्त २)। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] अरति का हेतु-भूत कर्म-विशेष ; (ठा ६)। °**परिसह, परीसह** पुं (°**परिषह, परीषह**) अरति को सहन करना; (पंच ८)। °**मोहणिज्ज** न [°**मोह-नीय**] अरति का उत्पादक कर्म-विशेष ; (कम्म १)। °**रइ** स्त्री [°**रति**] सुख-दुःख ; (ठा १)।
°**अरंग** देखो **तरंग** ; (से २, २६)।
अरंजर पुंन [**अरञ्जर**] घड़ा, जल-घट ; (ठा ४, ४)।
°**अरक्ख** देखो **वरक्ख** ; (से ६, ४४)।
अरक्खरी स्त्री [**अराक्षरी**] नगरी-विशेष ; (आक)।
अरग देखो **अर** ; (पराह २, ४ ; भग ३, ५)।
अरज्झिय वि [**अरहित**] निरन्तर, सतत "अरज्झि-याभितावा" (सूअ १, ५, १)।
अरड्डु पुं [**अरड्डु**] वृक्ष-विशेष ; (उप १०३१ टी)।
अरण न [**अरण**] हिंसा ; (उव)।
अरणि पुं [**अरणि**] १ वृक्ष-विशेष ; २ इस वृक्ष की लकड़ी, जिसको घिसने पर अग्नि जल्दी पैदा होती है; (आवम; णाया १, १८)।
अरणि पुंस्त्री [**दे**] १ रास्ता, मार्ग ; २ पङ्क्ति, कतार ; (षड्)।
अरणिया स्त्री [**अरणिका**] वनस्पति-विशेष ; (आचा)।
अरणेट्टय पुं [**दे. अरणेटक**] पत्थरों के टुकड़ों से मिली हुई सफेद मिट्टी ; (जी ३)।
अरण्ण न [**अरण्य**] वन, जंगल ; (हे १, ६६)।
°**वडिंसग** न [°**वतंसक**] देव-विमान विशेष ; (सम ३६)। °**साण** पुं [°**श्वन्**] जंगली कुत्ता; (कुमा)।
अरण्णय वि [**आरण्यक**] जंगली, जंगल-वासी ; (अभि ५२)।
अरत्त वि [**अरक्त**] राग-रहित, नीराग ; (आचा)।
अरन्न देखो **अरण्ण** ; (कप्प ; उव)।
अरमंतिया स्त्री [**अरमन्तिका**] अ-रमणता, कार्य में अत-त्परता ; (उवा)।
अरय देखो **अर** ; (खेत्त १०८)।
अरय वि [**अरजस्**) १ रजोगुण-रहित ; (पउम ६, १४६)। २ एक महाग्रह का नाम ; (ठा २, ३)। ३ वि. धूली-रहित, निर्मल ; (कप्प)। ४ न. पांचवें देव-लोक का एक प्रतर ; (ठा ६)। ५ रजोगुण का अभाव ; "अरो य अरयं पत्तो पत्तो गइमणुत्तरं" (उत्त १८)।
अरय वि [**अरत**] अनासक्त, निःस्पृह ; (आचा)।
अरया स्त्री [**अरजा**] कुमुद-नामक विजय की राजधानी ; (जं ४)।
अरयणि पुं [**अरत्नि**] परिमाण-विशेष, खुली अंगुली वाला हाथ ; (ठा ४, ४)।
अरर न [**अरर**] १ युद्ध ; २ ढकना। °**कुरी** स्त्री [°**कुरी**] नगरी-विशेष ; (धम्म ६ टी)।
अररि पुंन [**अररि**] किवाड, द्वार ; (प्रामा)।
अरल न [**दे**] १ चीरी, कीट-विशेष ; २ मशक, मच्छड़ ; (दे १, ५३)।
अरलाया स्त्री [**दे**] चीरी, कीट-विशेष ; (दे १, २६)।
अरलु देखो **अरड्डु** ; (पउम ४२, ८)।
अरविंद न [**अरविन्द**] कमल, पद्म ; (पराह २, ४)।
अरविंदर वि [**दे**] दीर्घ, लम्बा ; (दे १, ४५)।
अरस पुं [**अरस**] रस-रहित, नीरस ; (णाया १, ५)।
अरस पुं [**अर्शस्**] व्याधि-विशेष, बवासीर ; (श्रा २२)।
अरह वक्र [**अर्हत्**] १ पूजा के योग्य, पूज्य ; (षड् ; हे २, १११)। २ पुं. जिन-देव, तीर्थंकर ; (सम्म ६७)। °**मित्त** पुं [°**मित्र**] एक व्यापारी का नाम ; (गच्छ २)।
अरह वि [**अरहस्**] १ प्रकट। २ जिससे कुछ भी छिपा न हो। ३ पुं. जिन-देव, सर्वज्ञ ; (ठा ४, १ ; ६)।
अरह वि [**अरथ**] परिग्रह-रहित ; (भग)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अरहंत वक [**अर्हत्**] १ पूजा के योग्य, पूज्य ; (षड् ; हे २, १११ ; भग ८, ५)। २ पुं. जिन भगवान्, तीर्थंकर-देव ; (आचा; ठा ३, ४)।

अरहंत वि [**अरहोन्तर्**] १ सर्वज्ञ, सब कुछ जानने वाला। २ पुं. जिन भगवान् ; (भग २, १)।

अरहंत वि [**अरथान्त**] १ निःस्पृह, निर्मम ; २ पुं. जिन-देव ; (भग)।

अरहंत वक [**अरहयत्**] १ अपने स्वभाव को नहीं छोडने वाला ; २ पुं. जिनेश्वर देव ; (भग)।

अरहट्ट पुं [**अरघट्ट**] अरहट, पानी का चरखा, पानी निकालने का यन्त्र-विशेष ; (गा ४६० ; प्रासु ५५ ; " भमिओ कालमणंतं अरहट्टघडिव्व जलमज्झे " (जीवा १)।

अरहण्णय पुं [**अरहन्नक**] एक व्यापारी का नाम ; (णाया १, ८)।

अराइ पुं [**अराति**] रिपु, दुश्मन ; (कुमा)।

अराइ स्त्री [**अरात्रि**] दिन, दिवस ; (कुमा)।

अरागि वि [**अरागिन्**] राग-रहित; वीतराग ; (पउम ११७, ४१)।

अरि पुं [**अरि**] दुश्मन, रिपु ; (पउम ७३, १६)। °**छव्वग्ग** पुं [°**षड्वर्ग**] छः आन्तरिक शत्रु—काम, क्रोध, लोभ, मान, मद, हर्ष ; (सूअ १, १, ४)। °**दमण** वि [°**दमन**] १ रिपु-विनाशक। २ पुं. इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम ; (पउम ५, ७)। ३ एक जैन मुनि जो भगवान् अजितनाथ के पूर्वजन्म के गुरू थे ; (पउम २०, ७)। °**दमणी** स्त्री [°**दमनी**] विद्या-विशेष; (पउम ७, १४५)। °**विद्धंसी** स्त्री [°**विध्वंसिनी**] रिपु का नाश करने वाली एक विद्या ; (पउम ७, १४०)। °**संतास** पुं [°**संत्रास**] राक्षस वंश में उत्पन्न लङ्का का एक राजा ; (पउम ५, २६५)। °**हंत** वि [°**हन्तृ**] १ रिपु-विनाशक ; २ पुं जिन-देव ; (आवम)।

अरिस देखो **अरस** ; (णाया १, १३)।

अरिसल्ल } **अरिसिल्ल** } वि [**अर्शस्वत्**] बवासीर रोग वाला ; (पाअ ; विपा १, ७)।

अरिह वि [**अर्ह**] १ योग्य, लायक ; (सुपा २६६ ; प्राप्र)। २ जिन-देव ; (औप)।

अरिह सक [**अर्ह**] १ योग्य होना। २ पूजा के योग्य होना। ३ पूजा करना। अरिहइ ; (महा)। अरिहेति ; (भग)।

अरिह देखो **अरह**=अर्हत् ; (हे २, १११ ; षड्)। °**दत्त**, °**दिण्ण** पुं [°**दत्त**] जैन मुनि-विशेष का नाम ; (कप्प)।

अरिहंत देखो **अरहंत** = अर्हत् ; (हे २, १११ ; षड् ; णाया १, १)। °**चेइय** न [°**चैत्य**] १ जिन-मन्दिर ; (उवा ; आचू)। °**सासण** न [°**शासन**] १ जैन आगम-ग्रन्थ ; २ जिन-आज्ञा ; (पण्ह २, ५)।

°**अरु** देखो **तरु** ; (से २, १६; ५, ८५)।

अरुग न [**दे. अरुक**] व्रण, घाव, " अरुगं इहरा कुत्थइ " (बृह ३)।

अरुण पुं [**अरुण**] १ सूर्य, सूरज ; (से ३, ६)। २ सूर्य का सारथि ; ३ संध्याराग, सन्ध्या की लाली ; (से ८, ७)। ४ द्वीप-विशेष ; ५ समुद्र-विशेष, " गंतूण होइ अरुणो, अरुणो दीवो तओ उदही " (दीव)। ६ एक ग्रह-देवता का नाम ; (ठा २, ३—पत्र ७८)। ७ गन्धावती-पर्वत का अधिष्ठाता देव ; (ठा २, ३—पत्र ६६))। ८ देव-विशेष ; (णंदि)। ६ रक्त रंग, लाली ; (गउड)। १० न. विमान-विशेष ; (सम १४)। ११ वि. रक्त, लाल ; (गउड)। °**कंत** न [°**कान्त**] देव-विमान-विशेष ; (उवा)। °**कील** न [°**कील**] देव-विमान-विशेष ; (उवा)। °**गंगा** स्त्री [°**गङ्गा**] महाराष्ट्र देश की एक नदी; (ती २८)। °**गव** न [°**गव**] देव-विमान-विशेष ; (उवा)। °**ज्झय** न [°**ध्वज**] एक देव-विमान का नाम ; (उवा)। °**प्पभ**, °**प्पह** न [°**प्रभ**] इस नाम का एक देव-विमान ; (उवा)। °**भद्द** पुं [°**भद्र**] एक देवता का नाम ; (सुज्ज १६)। °**भूय** न [°**भूत**] एक देव-विमान ; (उवा)। °**महाभद्द** पुं [°**महाभद्र**] देव-विशेष ; (सुज्ज १६)। °**महावर** पुं [°**महावर**] १ द्वीप-विशेष ; २ समुद्र-विशेष ; (इक)। °**वडिंसय** न [°**ावतंसक**] एक देव-विमान ; (उवा)। °**वर** पुं [°**वर**] १ द्वीप-विशेष ; २ समुद्र-विशेष ; (सुज्ज १६)। °**वरोभास** पुं [°**वरावभास**] १ द्वीप-विशेष ; २ समुद्र-विशेष; (सुज्ज १६)। °**सिट्ठ** न [°**शिष्ट**] एक देव-विमान ; (उवा)। °**ाभ** न [°**ाभ**] देव-विमान-विशेष ; (उवा)।

अरुण न [**दे**] कमल, पद्म ; (दे १, ८)।

अरुणिय वि [**अरुणित**] रक्त, लाल ; (गउड)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अरुणुत्तरवडिंसग न [**अरुणोत्तरावतंसक**] इस नाम का एक देव-विमान ; (सम १४)।

अरुणोदग पुं [**अरुणोदक**] समुद्र-विशेष ; (सुज्ज १६)।

अरुणोदय पुं [**अरुणोदय**] समुद्र-विशेष ; (भग)।

अरुणोववाय पुं [**अरुणोपपात**] ग्रन्थ-विशेष का नाम ; (णंदि)।

अरुय वि [**अरुष्**] व्रण, घाव ; (सूत्र १, ३, ३)।

अरुय वि [**अरुज्**] नीरोगी, रोग-रहित ; (सम १ ; अजि २१)।

अरुह देखो **अरह**=अर्हत् ; (हे २, १११ ; षड् ; भवि)।

अरुह वि [**अरुह**] १ जन्म-रहित ; २ पुं. मुक्त आत्मा ; (पव २७५ ; भग १, १)। ३ जिन-देव ; (पउम ५, १२२)।

अरुह देखो **अरिह**=अर्ह्। अरुहसि ; (अभि १०४)। वकृ—**अरुहमाण** ; (षड्)।

अरुह वि [**अर्ह**] योग्य ; (उत्तर ८४)।

अरुहंत देखो **अरहंत**=अर्हत् ; (हे २, १११ ; षड्)।

अरुहंत वि [**अरोहत्**] १ नहीं उगता हुआ, जन्म नहीं लेता हुआ ; (भग १, १)।

अरूव वि [**अरूप**] रूप-रहित, अमूर्त ; (पउम ७५, २६)।

अरूवि वि [**अरूपिन्**] ऊपर देखो ; (ठा ५, ३ ; आचा ; पराग १)।

अरे अ [**अरे**] १—२ संभाषण और रति-कलह का सूचक अव्यय ; (हे २, २०१ ; षड्)।

अरोअ अक [**उत्+लस्**] उल्लास पाना, विकसित होना। अरोअइ ; (हे ४, २०२ ; कुमा)।

अरोअअ पुं [**अरोचक**] रोग-विशेष, अन्न की अरुचि ; (श्रा २२)।

अरोइ वि [**अरोचिन्**] अरुचि वाला, रुचि-रहित, " अरोइ अत्थे कहिए विलावो " (गोय ७)।

अरोग वि [**अरोग**] रोग-रहित ; (भग १८, १)। °**या** स्त्री [°**ता**] आरोग्य, नीरोगता ; (उप ७२८ टी)।

अरोगि वि [**अरोगिन्**] नीरोग, रोग-रहित। °**या** स्त्री [°**ता**] आरोग्य, तंदुरस्ती ; (महा)।

अरोस वि [**अरोष**] १ गुस्सा-रहित। २—३ पुं. एक म्लेच्छ देश और उसमें रहने वाली म्लेच्छ-जाति ; (पराह १, १)।

अल न [**अल**] १ विच्छू के पुच्छ का अग्र भाग,
" अलमेव विच्छुआणं, मुहमेव अहीणं तह य मंदस्स।
दिट्ठि-वियं पिसुणाणं, सव्वं सव्वस्स भय-जणयं "
(प्रासू १६)।
२ अला-देवी का एक सिंहासन ;(गाया २)। ३ वि. समर्थ ; (आचा)। °**पट्ट** न [°**पट्ट**] विच्छू के पूंछ जैसे आकार वाला एक शस्त्र ; (विपा १, ६)।

°**अल** देखो **तल** ; (गा ७५ ; से १, ७८)।

अलं अ [**अलम्**] १ पर्याप्त, पूर्ण ; " अलमाणंदं जणं-तीए " (सुर १३, २१)। २ प्रतिषेध, निवारण, बस ; (उप २, ७)।

अलंकर सक [**अलं+कृ**] भूषित करना, विराजित करना। अलंकरेंति ; (पि ५०६)। वकृ—**अलंकरंत** ; (माल १४३)। संकृ—**अलंकरिअ** ; (पि ५८१)। प्रयो, कर्म—अलंकरावीयउ ; (स ६४)।

अलंकरण न [**अलङ्करण**] १ आभूषण, अलंकार; (रयण ७४, भवि)। २ वि. शोभा-कारक ; " मज्झमलोअस्स अलंकरणिं सुलोअणिं " (विक्र १४)।

अलंकरिय वि [**अलंकृत**] सुशोभित, विभूषित, " किं नयरमलंकरियं जम्ममहेणं तए महापुरिस। " (सुपा ५८४ ; सुर ४, ११८)।

अलंकार पुं [**अलंकार**] १ भूषण, गहना; (औप ; राय)। २ भूषा, शोभा ; (ठा ४, ४)। °**सहा** स्त्री [°**सभा**] भूषा-ग्रह, शृङ्गार-घर ; (इक)।

अलंकारिय पुं [**अलंकारिक**] नापित, नाई, हजाम ; (गाया १, १३)। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] हजामत, चौर-कर्म ; (गाया १, १३)। °**सहा** स्त्री [°**सभा**] हजामत बनाने का स्थान ; (गाया १, १३)।

अलंकिय वि [**अलंकृत**] १ विभूषित, सुशोभित ; (कप्प; महा)। २ न. संगीत का एक गुण ; (जीव ३)।

अलंकुण देखो **अलंकर**। अलंकुणंति; (रयण ५२)।

अलंघ वि [**अलङ्घ्य**] १ उल्लंघन करने को अयोग्य ; (सुर १, ४१)। २ उल्लंघन करने को अशक्य ; (उप ५६७ टी)।

अलंघणिय, **अलंघणीय** वि [**अलङ्घनीय**] ऊपर देखो ; (महा ; सुपा ६०१ ; पि ६६ ; नाट)।

अलंप पुं [**दे**] कुर्कुट, मुर्गा ; (दे १, १३)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अलंबुसा स्त्री [**अलम्बुषा**] १ एक दिक्कुमारी देवी का नाम ; (ठा ८)। २ गुल्म-विशेष ; (पाअ)।

अलंभि स्त्री [**अलाभ**] अ-प्राप्ति ; (ओघ २३ भा)।

अलका स्त्री [**अलका**] नगरी-विशेष, पहले प्रतिवासुदेव की राजधानी ; (पउम २०, २०१)। देखो **अलया** ।

अलक्ख पुं [**अलक्ष**] १ इस नामका एक राजा, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ले कर मुक्ति पाई थी ; (अंत १८)। २ न. 'अंतगडदसा' सूत्र के एक अध्ययन का नाम ; (अंत १८)।

अलक्ख वि [**अलक्ष्य**] लक्ष्य में न आ सके ऐसा ; (सुर ३, १३६ ; महा)।

अलक्खमाण वि [**अलक्ष्यमाण**] जो पिछाना न जा सकता हो, गुप्त ; (उप ५६३ टी)।

अलक्खिय वि [**अलक्षित**] १ अज्ञात, अपरिचित ; (से १३, ४५)। २ नहीं पिछाना हुआ ; (सुर ४, १४०)।

अलग देखो **अलय**=अलक ; (महा)।

अलगा देखो **अलया** ; (अंत १)।

अलग्ग न [**दे**] कलंक देना, दोष का झूठा आरोप ; (दे १, ११)।

अलचपुर न [**अचलपुर**] नगर-विशेष ; (कुमा)।

अलज्ज वि [**अलज्ज**] निर्लज्ज, बेशरम ; (पगह १, ३)।

अलज्जिर वि [**अलज्जालु**] ऊपर देखो ; (गा ६०; ४४५ ; ६६१ ; महा)।

अलट्टपल्लट्ट न [**दे**] पार्श्व का परिवर्तन ; (दे १, ४८)।

अलत्त पुं [**अलक्त**] आलता, स्त्री-लोक हाथ-पैर को लाल करने के लिए जो रंग लगाती है वह ; (अनु ५)।

अलत्तय पुं [**अलक्तक**] १ ऊपर देखो ; (सुपा ४०६)। २ आलता से रँगा हुआ ; (अनु)।

°**अलधोय** देखो **कलधोय** ; (से ६, ४६)।

अलमंजुल वि [**दे**] आलसी, सुस्त ; (दे १, ४६)।

अलमंथु वि [**अलमस्तु**] १ समर्थ; २ निषेधक, निवारक; (ठा ४, २)।

अलमल पुं [**दे**] दुर्दान्त बैल ; (दे १, २५)।

अलमलवसह पुं [**दे**] उन्मत्त बैल ; (दे १, २५)।

अलय न [**दे**] विद्रुम, प्रवाल ; (दे १, १६ ; भवि)।

अलय पुं [**अलक**] १ बिच्छू का कांटा ; (विपा १, ६)। २ केश, घुंघराले बाल ; (पाअ ; स ६६)।

अलया स्त्री [**अलका**] कुबेर की नगरी ; (पाअ ; णाया १, ४)। देखो **अलका** ।

अलव वि [**अलप**] मौनी, नहीं बोलने वाला ; (सुअ २, ६)।

अलवलवसह पुं [**दे**] धूर्त बैल ; (षड्)।

अलस वि [**अलस**] १ आलसी, सुस्त ; (प्रासू ७)। २ मन्द, धीमा ; (पाअ)। ३ पुं. क्षुद्र कीट-विशेष, भू-नाग, वर्षा-ऋतु में साँप-सरीखा लाल रंग का जो लम्बा जन्तु उत्पन्न होता है वह ; (जी १५ ; पुप्फ २६५)।

अलस वि [**दे**] १ मधुर अवाज वाला " खं अलसं कलमंजुलं " (पाअ)। २ कुसुम्भ रंग से रँगा हुआ ; ३ न. मोम ; (दे १, ५२)।

°**अलस** देखो **कलस**; (से १, ६; ११, ४०; गा ३६६)।

अलसग } पुं [**अलसक**] १ विसूचिका रोग ; (उवा)।
अलसय } २ श्वयथु, सूजन ; (आचा)।

अलसाइअ वि [**अलसायित**] जिसने आलसी की तरह आचरण किया हो, मन्द; (गा ३५२)।

अलसाय अक [**अलसाय्**] आलसी होना, आलसी की तरह काम करना । अलसाअइ ; (पि ५५८)। वकृ— **अलसायंत, अलसायमाण** ; (से १४, १ ; उप पृ ३१५ ; गच्छ १)।

अलसी देखो **अयसी** ; (आचा ; षड् ; हे २, ११)।

अला स्त्री [**अला**] १ इस नाम की एक देवी ; (ठा ६)। २ एक इन्द्राणी का नाम ; (णाया २)। °**वडिंसग** न. [°**वतंसक**] अलादेवी का भवन ; (णाया २)।

°**अला** देखो **कला** ; (गा ६५७)।

अलाउ न [**अलावु**] तुम्बी-फल, तुम्बा ; (औप; प्रासू १५१)।

अलाऊ } स्त्री [**अलाबू**] तुम्बी-लता ; (कुमा ; षड्)।
अलावू }

अलाय न [**अलात**] १ उल्मुक, जलता हुआ काष्ठ ; (दे १, १०७ ; ओघ २१ भा)। २ अङ्गार, कोयला ; (से ३, ३४)।

अलावु देखो **अलाउ** ; (जं ३)।

अलावू देखो **अलाऊ** ; (पि १४१; २०१)।

अलाह पुं [**अलाभ**] नुकसान, गैरलाभ; " ववहरमाणाण पुणो होइ सुलाहो कयावलाहो वा " (सुपा ४४६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अलाहि देखो **अलं** ; (उव ७२८ टी; हे २, १८६ ; णाया १, १ ; गा १२७)।

अलि पुं [**अलि**] भ्रमर ; (कुमा)। °**उल** न [°**कुल**] भ्रमरों का समूह ; (हे ४, २५३)। °**विरुय** न [°**विरुत**] भ्रमर का गुञ्जारव ; (पाअ)।

अलिअल्ली स्त्री [**दे**] १ कस्तूरी ; २ व्याघ्र, शेर ; (दे १, ५६)।

अलिआ स्त्री [**दे**] सखी ; (दे १, १६)।

अलिआर न [**दे**] दूध ; (दे १, २३)।

अलिंजर न [**अलिञ्जर**] १ घड़ा, कुम्भ ; (ठा ४, २)। २ कुण्ड, पात्र-विशेष ; (दे १, ३७)।

अलिंजरअ पुं [**अलिञ्जरक**] १ घड़ा ; (उवा)। २ रंगने का कुंडा, रंग-पात्र ; (पाअ)।

अलिंद न [**अलिन्द**] पात्र-विशेष, एक प्रकार का जल-पात्र; (ओघ ४७६)।

अलिंदग पुं [**अलिन्दक**] १ द्वार का प्रकोष्ठ ; (स ४७६)। २ घर के बाहर के दरवाजे का चौक ; ३ बाहर का अग्र-भाग ; (बृह २ ; राज)।

अलिण पुं [**दे**] वृश्चिक, विच्छू ; (दे १, ११)।

अलिणी स्त्री [**अलिनी**] भ्रमरी ; (कुमा)।

अलित्त न [**अरित्र**] नौका खेवने का डाँड़, चप्पू ; (आचा २, ३ १)।

अलिय न [**अलिक**] कपाल ; (पाअ)।

अलिय न [**अलीक**] १ मृषावाद, असत्य वचन ; (पाअ)। २ वि. झूठा, खोटा, " अलिअपलुसालाव—" (पाअ)। ३ निष्फल, निरर्थक ; (पण्ह १, २)। °**वाइ** वि [°**वादिन्**] मृषावादी ; (पउम ११, २७; महा)।

अलिल्ल सक [**कथय्**] कहना, बोलना। अलिल्लह ; (पिंग)।

अलिल्लह नं [**दे**] १ छन्द-विशेष का नाम ; २ वि. अप्र-योजक , नियम-रहित ; (पिंग)।

अलिल्ला स्त्री [**अलिल्ला**] इस नाम का एक छन्द ; (पिंग)।

अलीग } **अलीय** } देखो **अलिय**=अलीक; (सुर ४ २२३ ; सुपा ३०० ; महा)।

अलीवहू स्त्री [**अलिवधू**] भमरी ; (कुमा)।

अलीसअ पुं [**दे**] शाक-वृक्ष, साग का पेड़ ; (दे १, २७)।

अलुक्खि वि [**अरूक्षिन्**] कोमल ; (भग ११, ४)।

अलेसि वि [**अलेश्यिन्**] १ लेश्या-रहित ; २ पुं. मुक्त आत्मा ; (ठा ३, ४)।

अलोग पुं [**अलोक**] जीव-पुद्गल आदि रहित आकाश ; (भग)।

अलोणिय वि [**अलवणिक**) लूण-रहित, नमक-शून्य, " नय अलोणियं सिलं कोइ चट्टेइ " (महा)।

अलोय देखो **अलोग** ; (सम १)।

अलोभ पुं [**अलोभ**] १ लोभ का अभाव, संतोष। २ वि. लोभ-रहित, संतोषी ; (भग; उव)।

अलोल वि [**अलोल**] अ-लम्पट, निर्लोभ ; (दस १० ; पि ८५)।

अलोह देखो **अलोभ** ; (कप्प)।

अल्ल न [**दे**] दिन, दिवस ; (दे १, ५)।

अल्ल देखो **अद्द** ; (हे १, ८२)।

अल्ल अक [**नम्**] नमना, नीचे झुकना। ओअल्लंति ; (से ६, ४३)।

अल्लई स्त्री [**आर्द्रकी**] लता-विशेष, आर्द्रक-लता ; (पण्ण १७)।

अल्लग देखो **अल्लय**=आर्द्रक ; (धर्म २)।

अल्लत्थ सक [**उत्+क्षिप्**] ऊंचा फेंकना। अल्लत्थइ ; (हे ४, १४४)।

अल्लत्थ न [**दे**] १ जलार्द्रा, गिला पंखा ; २ केयूर, भूषण-विशेष ; (दे १, ५४)।

अल्लत्थिअ वि [**उत्क्षिप्त**] ऊंचा फेंका हुआ ; (कुमा)।

अल्लय न [**आर्द्रक**] आदा ; (जी ६)। °**तिय** न [°**त्रिक**] आदा, हल्दी और कचूरा ; (जी ६)।

अल्लय वि [**दे**] परिचित, ज्ञात ; (दे १, १२)।

अल्लय पुं [**अल्लक**] इस नाम का एक विख्यात जैन मुनि और ग्रन्थकार, उद्द्योतनसूरि का उपाध्याय-अवस्था का नाम; (सुर १६, २३६)।

अल्लल्ल पुं [**दे**] मयूर, मोर ; (दे १, १३)।

अल्लविय [**अप**] देखो **आलत्त**=आलपित ; (भवि)।

अल्ला स्त्री [**दे**] माता, माँ ; (दे १, ५)।

अल्लि } **अल्लिअ** } देखो **अल्ली**। अल्लिइ ; (षड्)। अल्लिअइ ; (दे १, ५८ ; हे ४, ५४)। वकृ— **अल्लिअंत** ; (से १२, ७१ ; पउम १२, ५१)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अल्लिअ सक [उप + सृप्] समीप में जाना। अल्लिअइ ; (हे ४, १३९)। वकृ—**अल्लिअंत** ; (कुमा)। प्रया—अल्लियावेइ ; (पि ४८२; ५५१)।

अल्लिअ वि [आद्रित] गिला किया हुआ ; (गा ४४०)।

अल्लियावण न [आलायन] आलीन करना, श्लिष्ट करना, मिलान; (भग ८, ९)।

अल्लिल्ल पुं [दे] भमरा ; (षड्)।

अल्लिव सक [अर्पय्] अर्पण करना। अल्लिवइ ; (हे ४ ३९ ; भवि ; पि १९६; ४८५)।

अल्ली, अल्लीअ सक [आ + ली] १ आना। २ प्रवेश करना। ३ जोड़ना। ४ आश्रय करना। ५ आलिंगन करना। ६ अक. संगत होना। अल्लीअइ ; (हे ४, ५४)। भूका—अल्लीसी ; (प्रामा)। हेकृ—**अल्लीउं** (बृह ६)।

अल्लीण वि [आलीन] १ आश्लिष्ट ; २ आगत ; ३ प्रविष्ट ; ४ संगत ; ५ योजित ; ६ थोड़ा लीन ; (हे ४, ५४)। ७ आश्रित ; (कप्प)। ८ तल्लीन, तत्पर ; (वव १०)।

अल्लेस वि [अलेश्य] लेश्या-रहित ; (कम्म ४, ५०)।

अल्हाद पुं [आह्लाद] खुशी, प्रमाद, आनन्द ; (प्राप्र)।

अव अ [अप] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;—१ विपरीतता, उल्टापन ; जैसे—'अवकय, अवंगुय'। २ वापिसी, पीछेपन ; जैसे—'अवक्कमइ'। ३ बुरापन, खराबपन ; जैसे—'अवमग्ग, अवसद्द'। ४ न्यूनता, कमो; जैसे—'अवड्ढ'। ५ रहितपन, वियोग ; जैसे—'अवबाण'। ६ बाहरपन ; जैसे—'अवक्कमण'।

अव अ [अव] निम्न-लिखित अर्थों का सूचक अव्यय ; १ निम्नता ; जैसे—'अवइरण'। २ पीछेपन ; जैसे—'अवचुल्ली'। ३ तिरस्कार; अनादर ; जैसे—'अवगणंत' ४ खराबी, बुराई ; जैसे—'अवगुण'। ५ गमन ; ६ अनुभव; (राज)। ७ हानि, ह्रास; जैसे—'अवक्कास'। ८ अभाव ; जैसे—'अवलद्धि'। ९ मर्यादा ; (विसे ८२)। १० निरर्थक भी इसका प्रयोग होता है; जैसे—'अवपुट्ठ, अवगल्ल'।

अव सक [अव्] १ रक्षण करना ;—"अवंतु मुणिणो य पयकमलं" (रयण ६)। २ जाना, गमन करना ; ३ इच्छा करना ; ४ जानना ; ५ प्रवेश करना ; ६ सुनना ; ७ माँगना, याचना ; ८ करना, बनाना ; ९ चाहना ; १० प्राप्त करना ; ११ आलिङ्गन ; १२ मारना, हिंसा करना ; १३ जलाना ; १४ अक. प्रीति करना ; १५ तृप्त होना ; १६ प्रकाशना ; १७ बढ़ना। अव ; (श्रा २३ ; विसे २०२०)

अव पुं [अव] शब्द, अवाज ; (श्रा २३)।

अवअक्ख सक [दृश्] देखना। अवअक्खइ ; (हे ४, १८१ ; कुमा)।

अवअक्खिअ न [दे] निवापित मुख, मुंडाया हुआ मुँह ; (दे १, ४०)।

अवअच्छ न [दे [कक्षा-वस्त्र ; (दे १,२६)।

अवअच्छ अक [ह्लाद्] आनन्द पाना, खुश होना। अवअच्छइ; (हे ४, १२२)।

अवअच्छ सक [ह्लादय्] खुश करना। अवअच्छइ ; (हे ४, १२२)।

अवअच्छिअ [दे] देखो **अवअक्खिअ** ; (दे १, ४०)।

अवअच्छिअ वि [ह्लादित] १ हृष्ट, आह्लाद-प्राप्त। २ खुश किया हुआ, हर्षित ; (कुमा)।

अवअज्झ सक [दृश्] देखना। अवअज्झइ ; (षड्)।

अवअणिअ वि [दे] असंघटित, असंयुक्त ; (दे १, ४३)।

अवअण्ण पुं [दे] ऊखल, गूगल ; (दे १, २६)।

अवअत्त वि [अपवृत्त] स्खलित ; (से १०, १८)।

अवआस सक [दृश्] देखना। अवआसइ ; (हे ४, १८१ ; कुमा)।

अवइ वि [अव्रतिन्] व्रत-शून्य, अ-विरत, असंयत ; (बृह १)।

अवइण्ण वि [अवतीर्ण] १ उतरा हुआ, नीचे आया हुआ। २ जन्मा हुआ ; (कप्पू ; पउम ७९, २८)।

अवइद (शौ) वि [अवचित] एकत्रित, इकट्ठा किया हुआ ; (अभि ११७)।

अवइद (शौ) वि [अपकृत] १ जिसका अहित किया गया हो वह। २ न. अपकार, अ-हित ; (चारु ४०)।

अवइन्न देखो **अवइण्ण** ; (सुर ३, १२२)।

अवउज्ज सक [अवकुब्ज्] नीचे नमना। संकृ—**अवउज्जिय** ; (आचा २, १, ७)।

अवउज्झ सक [अप + उज्झ्] परित्याग करना ; छोड़ देना। संकृ—**अवउज्झिऊण** ; (बृह ३)।

अवउडग, अवउडय देखो **अवओडग** ; (णाया १, २ ; अनु)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवउंठण न [**अवगुण्ठन**] १ ढकना । २ मुँह ढकने का वस्त्र, घूँघट ; (चारु ७०) ।

अवऊढ वि [**अवगूढ**] आलिंगित ; " संभावहूअवऊढो णववारिहरोव्व विज्जुलापडिभिन्नो " (हे २, ६ ; स ४६६)।

अवऊसण न [**अपवसन**] तपश्चर्या-विशेष ; (पंचा १६)।

अवऊसण न [**अपजोषण**] ऊपर देखो ; (पंचा १६)।

अवऊहण न [**अवगूहन**] आलिङ्गन ; (गा ३३४ ; ५५६ ; वज्जा ७४) ।

अवएड पुं [**अवएज**] तापिका-हस्त, पात्र-विशेष ; (णाया १, १ टी—पत्र ४३) ।

अवएस पुं [**अपदेश**] बहाना, छल ; (पाअ) ।

अवओडग न [**अवकोटक**] गले को मरोड़ना, कृकाटिका को नीचे ले जाना ; (विपा १, २) । °**बंधण** न [°**बन्धन**] १ हाथ और सिर को पृष्ठ भाग से बाँधना ; (पराह १, २) । २ वि. रस्सी से गला और हाथ को मोड़ कर पृष्ठ भाग के साथ जिसको बांधा जाय वह ; (विपा १, २) ।

अवंग पुं [**अपाङ्ग**] नेत्र का प्रान्त भाग ; (सुर ३,१२४; ११, ६१) ।

अवंग पुं [**दे**] कटाक्ष ; (दे १, १५) ।

अवंगु } वि [**दे. अपावृत**] नहीं ढ़का हुआ, खुला ;
अवंगुय } (औप ; पराह २, ४) ।

अवंचिअ वि [**अवञ्चित**] अधोमुख, अवाङ्मुख ; (वज्जा १०) ।

अवंचिअ वि [**अवञ्चित**] नहीं ठगा हुआ ; (वज्जा १०)।

अवंझ वि [**अवन्ध्य**] सफल, अचूक ; (सुपा ३२५) । °**पवाय** न [°**प्रवाद**] ग्यारहवाँ पूर्व, जैन ग्रन्थांश-विशेष ; (सम २६) ।

अवंतर वि [**अवान्तर**] भीतरी, बीचका ; (आवम) ।

अवंति } स्त्री [**अवन्ति °न्ती**] १ मालव देश ; २ मालव
अवंती } देश की राजधानी, जो आजकल राजपूताना में ' उजैन ' नाम से प्रसिद्ध है ; (महा ; सुपा ३६६ ; आवम)। °**गंगा** स्त्री [°**गङ्गा**] आजीविक मत में प्रसिद्ध काल-विशेष ; (भग २४, १) । °**वड्ढण** पुं [°**वर्धन**] इस नाम का एक राजा , (आव ४) । °**सुकुमाल** पुं [°**सुकुमाल**] एक श्रेष्ठि-पुत्र जो आर्यसुहस्ति आचार्य के पास दीक्षा ले कर देव-लाक के नलिनीगुल्म विमान में उत्पन्न हुआ है; (पडि)। °**सेण** पुं [°**षेण**] एक राजा; (आक)।

अवंदिम वि [**अवन्द्य**] वन्दन करने को अयोग्य, प्रणाम के अयोग्य ; (दसचू १) ।

अवकंख सक [**अव+काङ्क्ष्**] १ चाहना । २ देखना । अवकंखइ ; (भग) । वकृ—**अवकंखमाण** ; (णाया १, ६) ।

अवकंत देखो **अवक्कंत** ; " कुमरोवि सत्थराओ उट्ठेता सणियमवकंतो " (महा) ।

अवकय वि [**अपकृत**] १ जिसका अपकार किया गया हो वह ; (उव) । २ अपकार, अहित ; (सुपा ६४१) ।

अवकर सक [**अप + कृ**] अहित करना । अवकरेंति ; (सूअ १, ४, १, २३) ।

अवकरिस पुं [**अपकर्ष**] अपकर्ष, ह्रास, हानि ; (सम ६०) ।

अवकलुसिय वि [**अपकलुषित**] मलिन ; (गउड) ।

अवकस सक [**अव+कष्**] त्याग करना । संकृ—**अवकसित्ता** ; (चउ १४) ।

अवकारि वि [**अपकारिन्**] अहित करने वाला ; (पउम ६, ८५) ।

अवकिण्ण वि [**अवकीर्ण**] परित्यक्त ; (दे १, १३०) ।

अवकिण्णग } पुं [**अपकीर्णक**] करकण्डू-नामक एक
अवकिण्णय } जैन महर्षि का पूर्व नाम ; (महा) ।

अवकित्ति स्त्री [**अपकीर्त्ति**] अपयश ; (दे १, ६०) ।

अवकीरण न [**अवकरण**] छोड़ना, त्याग, उत्सर्ग ; (आव ५) ।

अवकीरिअ वि [**दे**] विरहित, वियुक्त ; (दे १, ३८) ।

अवकीरियव्व वि [**अवकरितव्य**] त्याज्य, छोड़ने लायक; (पराह १, ५) ।

अवकूजिय न [**अवकूजित**] हाथ को ऊंचा-नीचा करना ; (निचू १७) ।

अवकेसि पुं [**अवकेशिन्**] फल-वन्ध्य वनस्पति ; (उर २, ८) ।

अवकोडक देखो **अवओडग** ; (पराह १, १) ।

अवक्कंत वि [**अपक्रान्त**] १ पीछे हटा हुआ, वापस लौटा हुआ; (सुपा २६२; उप १३४ टी ; महा) । २ निकृष्ट, जघन्य ; (ठा ६) ।

अवक्कंति स्त्री [**अपक्रान्ति**] १ अपसरण ; २ निर्गमन ; (णाया १, ८) ।

अवक्कंति स्त्री [**अवक्रान्ति**] गमन, गति ; (आचा) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवक्कम अक [अप + क्रम्] १ पीछे हटना । २ बाहर निकलना । अवक्कमइ ; (महा, कप्प)। वकृ—**अवक्कममाण** ; (विपा १, ६)। संकृ—**अवक्कमइत्ता, अवक्कम्म** ; (कप्प, वव १)।

अवक्कम सक [अव + क्रम्] जाना । अवक्कमइ ; (भग)। संकृ—**अवक्कमित्ता**; (भग)।

अवक्कमण न [अपक्रमण] १ बाहर निकलना ; (ठा ५, २)। २ पलायन, भागना ; "निग्गमणमवक्कमणं निस्सरणं पलायणं च एगट्ठा" (वव १०)। ३ पीछे हटना ; (णाया १, १)।

अवक्कय पुं [अवक्रय] भाड़ा, भाटि ; (बृह १)।

अवक्करस पुं [दे] दारु, मद्य ; (दे १, ४६ ; पाअ)।

अवक्करिस } [अपकर्ष] हानि, अपचय; (विसे १७६६;
अवक्कास } भग १२, ५)।

अवक्कास पुं [अवकर्ष] ऊपर देखो ; (भग १२, ५)।

अवक्कास पुं [अप्रकाश] अन्धकार, अँधेरा; (भग १२, ५)।

अवक्कोस पुं [अवक्रोश] मान, अहंकार ; (सम ७१)।

अवक्ख सक [दृश्] देखना । अवक्खइ ; (षड्)। अवक्खंए ; (भवि)। वकृ—**अवक्खंत** ; (कुमा)।

अवक्खंद पुं [अवस्कन्द] १ शिबिर, छावनी, सैन्य का पड़ाव ; २ नगर का रिपु-सैन्य द्वारा वेष्टन, घेरा ; (हे २, ४ ; स ४१२)।

अवक्खारण न [अपक्षारण] १ निर्भर्त्सना, कठोर वचन; २ सहानुभूति का अभाव ; (पगह १, २)।

अवक्खेव पुं [अवक्षेप] विघ्न, बाधा ; (विपा १, ६)।

अवक्खेवण न [अवक्षेपण] १ बाधा ; अन्तराय ; २ क्रिया-विशेष, नीचे जाना ; (आवम; विसे २४६२)।

अवखेर सक [दे] १ खिन्न करना । २ तिरस्कार करना। अवखेरइ ; (भवि)। वकृ—**अवखेरंत** ; (भवि)।

अवगइ स्त्री [अपगति] १ खराब गति ; २ गोपनीय स्थान ; (सुपा ३४५)।

अवगंड न [अवगण्ड] १ सुवर्ण ; २ पानी का फेन ; (सुअ १, ६)।

अवगंतव्व देखो **अवगम**=अवगम् ।

अवगच्छ सक [अव + गम्] जानना । अवगच्छइ ; (महा)। अवगच्छे ; (स १५२)।

अवगच्छ अक [अप + गम्] दूर होना ; निकल जाना। अवगच्छइ ; (महा)।

अवगण } सक [अव+गणय्] अनादर करना, तिरस्कारना।
अवगण्ण } वकृ—**अवगणंत**; (श्रा २७)। संकृ—**अवगण्णिय** ; (आरा १०५)।

अवगणणा स्त्री [अवगणना] अवज्ञा, अनादर ; (दे १, २७)।

अवगणिय } वि [अवगणित] अवज्ञात, तिरस्कृत;
अवगण्णिय } (दे ; जीव १)।

अवगद वि [दे] विस्तीर्ण, विशाल ; (दे १, ३०)।

अवगन्न देखो **अवगण**। अवगन्नइ ; (भवि)। संकृ—**अवगन्निवि** ; (भवि)।

अवगन्निय देखो **अवगण्णिय** ; (सुपा ४२१ ; भवि)।

अवगम पुं [अपगम] १ अपसरण ; (सुपा ३०२)। २ विनाश ; (स १५३, विसे ११८२)।

अवगम सक [अव + गम्] १ जानना, २ निर्णय करना। संकृ—**अवगमित्तु** ; (सार्ध ६३)। कृ—**अवगंतव्व** ; (स ५२६)।

अवगम पुं [अवगम] १ ज्ञान ; २ निर्णय, निश्चय ; (विसे १८०)।

अवगमण न [अवगमन] ऊपर देखो ; (स ६७०, विसे १८६ ; ४०१)।

अवगमिअ } वि [अवगत] १ ज्ञात, विदित ; (सुपा
अवगय } २१८)। २ निश्चित, अवधारित ; (दे दे ३, २३ ; स १४०)।

अवगय वि [अपगत] गुजरा हुआ, विनष्ट ; (णाया १, १ ; दस १०, १६)।

अवगर सक [अप + कृ] अपकार करना, अहित करना। अवगरेइ ; (स ६३६)।

अवगरिस देखो **अवक्करिस** ; (विसे १५८३)।

अवगल वि [दे] आक्रान्त ; (षड्)।

अवगल्ल वि [अवग्लान] बिमार ; (ठा २, ४)।

अवगाढ देखो **ओगाढ** ; (ठा १ ; भग ; स १७२)।

अवगादु वि [अवगाहितृ] अवगाहन करने वाला ; (विसे २८२२)।

अवगार पुं [अपकार] अपकार, अहित-करण ; (सुर २, ४३)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवगास पुं [**अवकाश**] १ फुरसद ; (महा) । २ जगह, स्थान ; (आवम) । ३ अवस्थान, अवस्थिति ; (ठा ४, ३) ।

अवगाह सक [**अव+गाह्**] अवगाहन करना । अवगाहइ ; (सण) ।

अवगाह पुं [**अवगाह**] १ अवगाहन ; २ अवकाश ; (उत्त २८) ।

अवगाहण न [**अवगाहन**] अवगाहन " तित्थावगाहणत्थं आगंतव्वं तए तत्थ " (सुपा ५६३) ।

अवगाहणा देखो **ओगाहणा** ; (ठा ४, ३ ; विसे २०८८) ।

अवगिंचण न [**दे. अववेचन**] पृथक्करण ; (उप पृ ६६) ।

अवगिज्झ देखो **ओगिज्झ** । संकृ—**अवगिज्झिय** ; (कप्प) ।

अवगीय वि [**अवगीत**] निन्दित ; (उप पृ १८१) ।

अवगुंठण देखो **अवउंठण** ; (दे १, ६) ।

अवगुंठिय वि [**अवगुण्ठित**] आच्छादित ; (महा) ।

अवगुण पुं [**अवगुण**] दुर्गुण, दोष ; (हे ४, ३६५) ।

अवगुण सक [**अव+गुणय्**] खोलना, उद्घाटन करना । अवगुणेज्जा ; (आचा २, २, २, ४) । वकृ—**अवगुणंत**; (भग १५) ।

अवगूढ वि [**अवगूढ**] १ आलिंगित; (हे २, १६८) । २ व्याप्त ; (गाया १, ८) ।

अवगूढ न [**दे**] व्यलीक, अपराध ; (दे १, २०) ।

अवगूहण न [**अवगूहन**] आलिंगन ; (सुर १४, २२० ; पउम ७४, २४) ।

अवग्ग वि [**अव्यक्त**] १ अस्पष्ट । २ पुं. अगीतार्थ, शास्त्रानभिज्ञ साधु; (उप ८७४) ।

अवग्गह देखो **उग्गह** ; (पव ३०) ।

अवग्गहण न [**अवग्रहण**] देखो **उग्गह** ; (विसे १८०) ।

अवच देखो **अवय**=अवच ; (भग) ।

अवचइय वि [**अपचयिक**] अपकर्ष-प्राप्त, ह्रास वाला ; (आचा) ।

अवचय पुं [**अपचय**] ह्रास, अपकर्ष ; (भग ११, ११ ; स २८२) ।

अवचय पुं [**अवचय**] इकट्ठा करना ; (कुमा) ।

अवचयण न [**अवचयन**] ऊपर देखो ; (दे ३, ५६) ।

अवचि अक [**अप+चि**] हीन होना, कम जाना । अवचिज्जइ ; (भग) । अवचिज्जंति ; (भग २५, २) ।

अवचि, **अवचिण** सक [**अव+चि**] इकट्ठा करना (फूल आदि को वृक्ष से तोड़ कर) । अवचिणइ ; (नाट) । भवि—अवचिणिस्सं ; (पि ५३१) । हेकृ—**अवचिणेदुं** (शौ) ; (पि ५०२) ।

अवचिय वि [**अपचित**] हीन, ह्रास-प्राप्त; (विसे ८६७) ।

अवचिय वि [**अवचित**] इकट्ठा किया हुआ ; (पाअ) ।

अवचुण्णिय वि [**अवचूर्णित**] तोड़ा हुआ, चूर २ किया हुआ ; (महा) ।

अवचुल्ली स्त्री [**अवचुल्ली**] चूल्हे का पीछला भाग ; (पिंड) ।

अवचूल देखो **ओऊल** ; (गाया १, १६—पत्र २१६) ।

अवच्च न [**अपत्य**] संतान, बच्चा ; (कप्प ; आव १ ; प्रासू ८३) । °**व** वि [°**वत्**] संतान वाला ; (सुपा १०६) ।

अवच्चीय वि [**अपत्यीय**] संतानीय, संतान-संबन्धी ; (ठा ६) ।

अवच्छुण्ण न [**दे**] क्रोध से कहा जाता मार्मिक वचन ; (दे १, ३६) ।

अवच्छेय पुं [**अवच्छेद**] विभाग, अंश ; (ठा ३, ३) ।

अवछंद वि [**अपच्छन्दस्क**] छन्द के लक्षण से रहित, छन्दो-दोष-दुष्ट ; (पिंग) ।

अवजस पुं [**अपयशस्**] अपकीर्ति ; (उप पृ १८७) ।

अवजाण सक [**अप+ज्ञा**] १ अपलाप करना । " बालस्स मंदयं बीयं जं च कडं अवजाणई भुज्जो " (सुअ १, ४, १, २६) ।

अवजाय पुं [**अपजात**] पिता की अपेक्षा से हीन वैभव वाला पुत्र ; (ठा ४, १) ।

अवजीव वि [**अपजीव**] जीव-रहित, मृत, अ-चेतन ; (गउड) ।

अवजुय वि [**अवयुत**] पृथग्भूत, भिन्न ; (वव ७) ।

अवज्ज न [**अवद्य**] १ पाप ; (पण्ह २, ४) । २ वि. निन्दनीय ; (सुअ १, १, २) ।

अवज्जस सक [**गम्**] जाना, गमन करना । अवज्जसइ ; (हे ४, १६२) । वकृ— **अवज्जसंत** ; (कुमा) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवज्जा स्त्री [**अवज्ञा**] अनादर ; (स ६०४) ।

अवज्झ वि [**अवध्य**] मारने के अयोग्य ; (गाया १, १६) ।

अवज्झस न [**दे**] १ कटी, कमर ; २ वि. कठिन ; (दे १, ५६) ।

अवज्झा स्त्री [**अवध्या**] १ अयोध्या नगरी ; (इक) । २ विदेह-वर्ष की एक नगरी ; (ठा २, ३) ।

अवज्झाण न [**अपध्यान**] बुरा चिन्तन, दुर्ध्यान ; (सुपा ५४६ ; उप ४६६ ; सम ५० ; विसे ३०१३) ।

अवज्झाय वि [**अपध्यात**] १ दुर्ध्यान का विषय ; २ अवज्ञात, तिरस्कृत ; (गाया १, १४) ।

अवज्झाय (अप) देखो **उवज्झाय** ; (दे १, ३७) ।

अवट्ट सक [**अप+वृत्**] घुमाना, फिराना । "अवट्ट अवट्ट ति वाहरंते करणहारे रज्जुपरिवत्तणुज्जएसुं निज्जामएसुं अयंडम्मि चेव गिरिसिहरनिवडियं पिव विवन्नं जाणवत्तं" (स ३५५) ।

अवट्टा स्त्री [**आवर्त्ता**] राज-मार्ग से बाहर की जगह ; (उप ६६१) ।

अवट्टंभ पुं [**अवष्टम्भ**] अवलम्बन, आश्रय ; (पउम २६, २७ ; स ३३१) ।

अवट्टव सक [**अव+स्तम्भ्**] अवलम्बन करना, सहारा लेना । संकृ—**अवट्ठविअ** ; (विक्र ६४) ।

अवट्ठद्ध वि [**अवष्टब्ध**] १ अवलम्बित । २ आक्रान्त, "अवठ्ठद्धा महाविसाएणं" (स ५८४) ।

अवट्ठाण न [**अवस्थान**] १ अवस्थिति, अवस्था । २ व्यवस्था ; (बृह ५) ।

अवट्ठिअ वि [**अवस्थित**] १ स्थिर रहा हुआ ; (भग) । २ नित्य, शाश्वत ; (ठा ३, ३) । ३ जो बढ़ता-घटता न हो ; (जीव ३) ।

अवट्ठिइ स्त्री [**अवस्थिति**] अवस्थान ; (ठा ३, ४ ; विसे ७५८) ।

अवठंभ सक [**अव+स्तम्भ्**] अवलम्बन करना । संकृ—

"घाएण मओ, सद्देण मई, चोज्जेण वाहवहुयावि ।
अवठंभिऊण धणुहं वाहेणवि मुक्किया पाणा"
(वज्जा ४६) ।

अवठंभ पुं [**दे**] ताम्बूल, पान ; (दे १, ३६) ।

अवड पुं [**अवट**] कूप, कुँआ ; (गउड) ।

अवड } पुं [**दे**] १ कूप, कुँआ ; २ आराम, बगीचा ;
अवडअ } (दे १, ५३) ।

अवडअ पुं [**दे**] १ चञ्चा, तृण-पुरुष ; (दे १, २०) ।

अवडंक पुं [**अवटङ्क**] प्रसिद्धि, ख्याति, "जणकयावडंकेण निग्घिणसम्मो णाम" (महा) ।

अवडक्किअ वि [**दे**] कूप आदि में गिर कर मरा हुआ, जिसने आत्म-हत्या की हो वह ; (दे १, ४७) ।

अवडाह सक [**उत्+क्रुश्**] ऊंचे स्वर से रुदन करना । अवडाहेमि ; (दे १, ४७) ।

अवडाहिअ न [**दे**] १ ऊंचे स्वर से रोदन ; (दे १, ४७) । २ वि. उत्कृष्ट ; (षड्) ।

अवडिअ वि [**दे**] खिन्न, परिश्रान्त ; (दे १, २१) ।

अवडु पुं [**अवटु**] कृकाटिका, घंडी, कण्ठ-मणि ; (पाअ) ।

अवडुअ पुं [**दे**] उदूखल, उलूखल ; (दे १, २६) ।

अवडुल्लिअ वि [**दे**] कूप आदि में गिरा हुआ ; (षड्) ।

अवड्ढ वि [**अपार्ध**] १ आधा ; (सुज्ज १०) । २ आधा दिन "अवड्ढं पच्चक्खाइ" (पडि ; भग १६, ३) । ३ आधे से कम ; (भग ७, १ ; नव ४१) ।

°**क्खेत्त** न [°**क्षेत्र**] १ नक्षत्र-विशेष ; (चंद १०) । २ मुहूर्त-विशेष ; (ठा ६) ।

अवण पुं [**दे**] १ पानी का प्रवाह ; २ घर का फलहक ; (दे १, ५५) ।

अवण न [**अवन**] १ गमन ; २ अनुभव ; (णंदि ; विसे ८३) ।

अवणद्ध वि [**अवनद्ध**] १ संबद्ध, जोड़ा हुआ ; (सुर २, ७) । २ आच्छादित ; (भग) ।

अवणम अक [**अव+नम्**] नीचे नमना । वकृ—**अवणमंत** ; (राय) ।

अवणमिय वि [**अवनत**] अवनत ; (सुपा ४२६) ।

अवणमिय वि [**अवनमित**] नीचे किया हुआ, नमाया हुआ ; (सुर २, ४१) ।

अवणय वि [**अवनत**] नमा हुआ ; (दस ५) ।

अवणय पुं [**अपनय**] १ अपनयन, हटाना, (ठा ८) । २ निन्दा ; (पव १४३ ; विसे १४०३ टी) ।

अवणयण न [**अपनयन**] हटाना, दूर करना ; (सुपा ११ ; स ४८३ ; उप ४६६) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवणि स्त्री [**अवनि**] पृथिवी, भूमि; (उप ३३६ टी)।

अवणिंत देखो **अवणी**=अप+नी ।

अवणिंद पुं [**अवनीन्द्र**] राजा, भूप ; (भवि) ।

अवणिय देखो **अवणीय** ; " तं कुणसु चित्तनिवसणमवणिय-नीसेसदोसमलं " (विवे १३८) ।

अवणी देखो **अवणि**; (सुपा ३१०)। °**सर** पुं [°**श्वर**] राजा, भूमि-पति ; (भवि) ।

अवणी सक [**अप+नी**] दूर करना, हटाना । अवणेइ, अवणेमि ; (महा) । वकृ—**अवणिंत, अवणेंत** ; (निचू १ ; सुर २, ८) । कवकृ—**अवणेज्जंत** ; (उप १४६ टी) । कृ—**अवणेअ** ; (द्र ३७) ।

अवणीय वि [**अपनीत**] दूर किया हुआ ; (सुपा ५४) ।

अवणेंत देखो **अवणी**=अप+नी ।

अवणोय पुं [**अपनोद**] अपनयन, हटाना ; (विसे ६८२) ।

अवणोयण न [**अपनोदन**] अपनयन ; दूरीकरण ; (स ६२१) ।

अवण्ण वि [**अवर्ण**] १ वर्ण-रहित, रूप-रहित; (भग) । २ पुं. निन्दा ; (पंचव ४) । ३ अपकीर्ति ; (ओघ १८४ भा) । °**व** वि [°**वत्**] निन्दक " तेसिं अवरणवं वाले महामोहं पकुव्वइ " (सम ५१) । °**वाय** पुं [°**वाद**] निन्दा ; (द्र २६) ।

अवण्ण न [**दे**] अवज्ञा, निरादर ; (दे १, १७) ।

अवण्णा स्त्री [**अवज्ञा**] निरादर, तिरस्कार ; (औप) ।

अवण्हअ पुं [**अपह्नव**] अपलाप ; (षड्) ।

अवण्हवण न [**अपह्नवन**] अपलाप ; (आचा) ।

अवण्हाण न [**अवस्नान**] साबु आदि से स्नान करना ; (णाया १, १३ ; विपा १, १)

अवतंस देखो **अवयंस**=अवतंस ; (कुमा) ।

अवतंसिय वि [**अवतंसित**] विभूषित ; (कुमा) ।

अवतट्ठ वि [**अवतष्ट**] तनूकृत, छिला हुआ; (सूअ १, ५,२)।

अवतट्ठि देखो **अवयट्ठि**=अवतष्टि ; (सूअ १, ७) ।

अवतारण न [**अवतारण**] १ उतारना; २ योजना करना; (विसे ६४०) ।

अवतित्थ न [**अपतीर्थ**] कुत्सित घाट, खराब किनारा ; (सुपा १५) ।

अवत्त वि [**अव्यक्त**] १ अ-स्पष्ट ; (विसे) । २ कम उमर वाला ; (वृह १) । ३ अ-संस्कृत ; (गच्छ १) । ४पुं. देखो **अवग्ग** ; (निचू २) ।

अवत्त वि [**अवात**] पवन-रहित ; (गच्छ १) ।

अवत्त वि [**अवाप्त**] प्राप्त, लब्ध ।

अवत्त न [**अवत्र**] आसन-विशेष ; (निचू १) ।

अवत्तय वि [**दे**] विसंस्थुल, अव्यवस्थित ; (दे १, ३४)।

अवत्तव्व वि [**अवक्तव्य**] १ वचन से कहने को अशक्य, अनिर्वचनीय ; २ सप्त-भंगी का चतुर्थ भंग ;
"अत्थंतरभूएहि अ नियएहिं दोहिं समयमाईहिं ।
वयणविसेसाईअं दव्वमवत्तव्वयं पडइ " (सम्म ३६) ।

अवत्तिय न [**अव्यक्तिक**] १ एक जैनाभास मत, निह्नव-प्रचालित एक मत; २ वि. इस मत का अनुयायी; (ठा ७)।

अवत्थंतर न [**अवस्थान्तर**] जुदी दशा, भिन्न अवस्था ; (सुर ३, २०६) ।

अवत्थग वि [**अपार्थक**] १ निरर्थक, व्यर्थ ; २ अ-संबद्ध अर्थ वाला (सुत्त वगैरः); (विसे) ।

अवत्थद्ध वि [**अवष्टब्ध**] अवलम्बन-प्राप्त, जिसको सहारा मिला हो वह ; (णाया १, १८) ।

अवत्थय वि [**अपार्थक**] निरर्थक ; (विसे ६६६ टी) ।

अवत्थरा स्त्री [**दे**] पाद-प्रहार, लात मारना ; (दे १, २२) ।

अवत्था स्त्री [**अवस्था**] दशा, अवस्थिति ; (ठा ८, कुमा) ।

अवत्थाण न [**अवस्थान**] अवस्थिति ; (ठा ४, १ ; स ६२७ ; महा ; सुर १, २)।

अवत्थाव सक [**अव+स्थापय्**] १ स्थिर करना, ठहराना । २ व्यवस्थित करना । हेकृ—**अवत्थाविदुं** ; **अवत्था-वइदुं** (शौ); (पि ५७३ ; नाट) ।

अवत्थाविद (शौ) वि [**अवस्थापित**] अवस्थित किया हुआ ; (नाट) ।

अवत्थिय देखो **अवट्ठिय** ; (महा ; स २७४) ।

अवत्थिय वि [**अवस्तृत**] फैलाया हुआ, प्रसारित ; (णाया १, ८) ।

अवत्थु न [**अवस्तु**] १ अभाव, असत्व ; (भवि ; आवम) । २ वि. निरर्थक, निष्फल ; (पण्ह १, २) ।

अवदग्ग देखो **अवयग्ग** (सूअ २, २; ५)

अवदल वि [**अपदल**] १ निःसार, सार-रहित ; २ कच्चा, अपक्व ; (ठा ४, ४) ।

अवदहण न [**अवदहन**] दम्भन, गरम लोहे की कोश आदि से चर्म (फोड़े आदि) पर दागना ; (णाया १,४) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवदाय वि [**अवदात**] १ पवित्र, निर्मल "दिणयरकरावदायं भत्तं पेहित्तु चक्खुणा सम्मं" (सुपा ४६१)। २ श्वेत, सफेद ; (पग्ह १, ४ ; पात्र)।

अवदार न [**अपद्वार**] १ छोटी खिड़की ; २ गुप्त द्वार ; (उप ६६१)।

अवदाल सक [**अव+दलय्**] खोलना। अवदालेइ ; (औप)। संकृ—**अवदालेत्ता** ; (औप)।

अवदालिय वि [**अवदलित**] विकसित, विजृम्भित ; "अवदालियपुंडरीयनयणे" (औप; पग्ह १, ४ ; उवा)।

अवदिसा स्त्री [**अपदिक्**] भ्रान्त दिशा ; (स ५२६)।

अवदेस देखो **अवएस** ; (अभि ७६)।

अवद्दार } देखो **अवदार** ; (गाया १, २ ; प्रारू)।
अवद्दाल }

अवद्दाहणा स्त्री. देखो **अवदहण** ; (विपा १, १)।

अवद्दुस न [**दे**] उलूखल आदि घर का सामान्य उपकरण, गुजराती में जिसको 'राचरचिलु' कहते हैं ; (दे १, ३०)।

अवद्धंस पुं [**अवध्वंस**] विनाश ; (ठा ४, ४)।

अवधार सक [**अव+धारय्**] निश्चय करना। कृ—**अवधारियव्व** ; (पंचा ३)।

अवधारण न [**अवधारण**] निश्चय, निर्णय ; (श्रा ३०)।

अवधारिय वि [**अवधारित**] निश्चित, निर्णीत ; (वसु)।

अवधारियव्व देखो **अवधार**।

अवधाव सक [**अप+धाव्**] पीछे दौड़ना। अवधावइ ; (सण)। वकृ—**अवधावंत** ; (स २३२)।

अवधिका स्त्री [**दे**] उपदेहिका, दिमक ; (पग्ह १, १)।

अवधीरिय वि [**अवधीरित**] तिरस्कृत, अपमानित ; (बृह १, ४)।

अवधुण } सक [**अव+धू**] १ परित्याग करना। २
अवधूण } अवज्ञा करना। संकृ—**अवधुणिअ, अवधूणिअ** ; (माल २३२ ; वेणी ११०)।

अवधूय वि [**अवधूत**] १ अवज्ञात, तिरस्कृत ; (ओघ १८ भा. टी)। २ विक्षिप्त ; (श्राव ४)।

अवनिद्दय पुं [**अपनिद्रक**] उजागर, निद्रा का अभाव ; (सुर ६, ८३)।

अवन्न देखो **अवण्ण**=अवर्ण ; (भग; उव ; ओघ ३५१)।

अवन्ना देखो **अवण्णा** ; (ओघ ३८२ भा; सुर १६, १३१ ; सुपा ३७२)।

अवपक्का स्त्री [**अवपाक्या**] तापिका, तवी; छोटा तवा ; (गाया १, १ टी—पत्र ४३)।

अवपुट्ठ वि [**अवस्पृष्ट**] जिसका स्पर्श किया गया हो वह; "जीए ससिकंतमणिमंदिराइं निसि ससिकरावपुट्ठाइं। वियलियबाहजलाइं रोयंतिव तरणितवियाइं" (सुपा ३)।

अवपुसिय वि [**दे**] संघटित, संयुक्त ; (दे १, ३६)।

अवप्पओग पुं [**अपप्रयोग**] उल्टा प्रयोग, विरुद्ध औषधियों का मिश्रण ; (बृह १)।

अवप्फार पुं [**अवस्फार**] विस्तार, फैलाव, "ता किमिमिणा अहोपुरिसियावप्फारपाएणं" (स २८८)।

अवबंध पुं [**अवबन्ध**] बन्ध, बन्धन ; (गउड)।

अवबद्ध वि [**अवबद्ध**] बंधा हुआ, नियन्त्रित ; (धर्म ३)।

अवबाण वि [**अपबाण**] बाण-रहित ; (गउड)।

अवबुज्झ सक [**अव+बुध्**] १ जानना। २ समझना। "जत्थ तं मुज्झसी रायं, पेचत्थं नावबुज्झसे" (उत्त १८,१३)। वकृ—**अवबुज्झमाण** ; (स ८५)। संकृ—**अवबुज्झिऊण** ; (स १६७)।

अवबोह पुं [**अवबोध**] १ ज्ञान, बोध ; (सुपा १७)। २ विकास ; (गउड)। ३ जागरण ; (धर्म २)। ४ स्मरण, यादी ; (आचा)।

अवबोहय वि [**अवबोधक**] अवबोध-कारक ; "भवियकमलावबोहय, मोहमहातिमिरपसरभरसूर" (काल)।

अवबोहि पुं [**अवबोधि**] १ ज्ञान ; २ निश्चय, निर्णय; (आचू १, विसे ११५४)।

अवभास अक [**अव+भास्**] चमकना, प्रकाशित होना।

अवभास पुं [**अवभास**] प्रकाश ; (सुज्ज ३)।

अवभासय वि [**अवभासक**] प्रकाशक ; (विसे ३१७; २०००)।

अवभासि वि [**अवभासिन्**] देदीप्यमान, प्रकाशने वाला ; (गउड)।

अवभासिय वि [**अवभासित**] प्रकाशित ; (विसे)।

अवभासिय वि [**अवभाषित**] आक्रुष्ट, अभिशप्त ; (वव १)।

अवम देखो **ओम** ; (आचा)।

अवमग्ग पुं [**अपमार्ग**] कुमार्ग, खराब रास्ता; (कुमा)।

अवमग्ग पुं [**अपामार्ग**] वृक्ष-विशेष, चिचड़ा, लटजीरा ; (दे १, ८)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवमच्चु पुं [**अपमृत्यु**] अकाल मृत्यु, अनमौत मरण ; (दे ६, ३ ; कुमा)

अवमज्ज सक [**अव+मृज्**] पोंछना, झाड़ना, साफ करना। संकृ—**अवमज्जिऊण** ; (स ३४८) ।

अवमण्ण सक [**अव+मन्**] तिरस्कार करना । अवमण्णंति ; (उवर १२२) ।

अवमद्द पुं [**अवमर्द**] मर्दन, विनाश ; (पण्ह १, २)।

अवमद्दग वि [**अवमर्दक**] मर्दन करने वाला ; (गाया १, १६) ।

अवमन्न सक [**अव+मन्**] अवज्ञा करना, निरादर करना । अवमन्नइ ; (महा)। वकृ—**अवमन्नंत** ; (सुअ १,३,४) संकृ—**अवमन्निऊण** ; (महा) ।

अवमन्निय, **अवमय** } वि [**अवमत**] अवज्ञात, अवगणित ; (सुर १६, १२७ ; महा ; उव) ।

अवमाण पुं [**अपमान**] तिरस्कार ; (सुर १, २३५)।

अवमाण पुंन [**अवमान**] १ अवज्ञा, तिरस्कार । २ परिमाण ; (ठा ४, १) ।

अवमाण सक [**अव+मानय्**] अवगणना करना। अवमाणइ ; (भवि) ।

अवमाणण न [**अवमानन**] अनादर, अवज्ञा ; (पण्ह १, ५ ; औप) ।

अवमाणण न [**अपमानन**] तिरस्कार, अपमान; (स १०)।

अवमाणणा स्त्री [**अवमानना**] अवगणना ; (काल) ।

अवमाणि वि [**अवमानिन्**] अवज्ञा करने वाला ; (अभि ६६) ।

अवमाणिय वि [**अपमानित**] तिरस्कृत ; (से १०, ६६; सुपा १०५) ।

अवमाणिय वि [**अवमानित**] १ अवज्ञात, अनादृत ; (सुर २, १७६) । २ अपूरित, " अवमाणियदोहला " (भग ११, ११) ।

अवमार पुं [**अपस्मार**] भयंकर रोग-विशेष ; पागलपन ; (आचा) ।

अवमारिय वि [**अपस्मारित**, °**रिक**] अपस्मार रोग वाला ; (आचा) ।

अवमारुय पुं [**अवमारुत**] नीचे चलता पवन ; (गउड)।

अवमिच्चु देखो **अवमच्चु** ; (प्राकृ) ।

अवमिय वि [**दे**] जिसको घाव हो गया हो वह, व्रणित ; (बृह ३) ।

अवमुक्क वि [**अवमुक्त**] परित्यक्त ; (पि ५६६) ।

अवमेह वि [**अपमेघ**] मेघ-रहित ; (गउड) ।

अवय देखो **अपय**=अपद ; (सुअ १, ८; ११) ।

अवय न [**अब्ज**] कमल, पद्म ; (पण्ण १) ।

अवय वि [**अवच**] १ नीचा ; अनुच्च ; (उत ३) । २ जघन्य, हीन ; अश्रेष्ठ ; (सुअ १, १०) । ३ प्रतिकूल ; (भग १, ६) ।

अवयंस पुं [**अवतंस**] १ शिरो-भूषण विशेष ; (कुमा ; गा १७३) । २ कान का आभूषण ; (पाअ) ।

अवयंस सक [**अवतंसय्**] भूषित करना । अवअंसअंति; (पि १४२; ४६०) ।

अवयक्ख सक [**अप+ईक्ष्**] अपेक्षा करना, राह देखना। अवयक्खइ ; (गाया १, ६)। वकृ—**अवयक्खंत**, **अवयक्खमाण** ; (गाया १, ६ ; भग १०, २) ।

अवयक्ख सक [**अव+ईक्ष्**] १ देखना । २ पीछे से देखना । वकृ—**अवयक्खंत** ; (आव १८८ भा) ।

अवयक्खा स्त्री [**अपेक्षा**] अपेक्षा ; (गाया १, ६) ।

अवयग्ग न [**दे**] अन्त, अवसान ; (भग १, १) ।

अवयच्छ सक [**अव+गम्**] जानना । अवयच्छइ ; (स ११३) । संकृ—**अवयच्छिय** ; (स २१०) ।

अवयच्छ सक [**दृश्**] देखना । अवयच्छइ ; (हे ४, १८१) । वकृ—**अवयच्छंत** ; (कुमा) ।

अवयच्छिय वि [**दृष्ट**] देखा हुआ ; (गाया १, ८) ।

अवयच्छिय वि [**दे**] प्रसारित, " फुंकारपवणपिसुणियमवयच्छियमयगरमहा य " (स ११३) ।

अवयज्झ सक [**दृश्**] देखना। अवयज्झइ ; (हे ४, १८१) । संकृ—**अवयज्झिऊण** ; (कुमा) ।

अवयट्ठि स्त्री [**अवतष्टि**] तनूकरण, पतला करना ; (आचा) ।

अवयट्ठि वि [**अवस्थायिन्**] अवस्थिति करने वाला ; स्थिर रहने वाला ; (आचा) ।

अवयट्ठि स्त्री [**अवकृष्टि**] आकर्षण ; (आचा) ।

अवयड्ढिअ वि [**दे**] युद्ध में पकड़ा हुआ ; (दे १, ४६)।

अवयण न [**अवचन**] कुत्सित वचन, दूषित भाषा ; (ठा ६) ।

अवयर सक [**अव+तृ**] १ नीचे उतरना । २ जन्म-ग्रहण करना । अवयरइ ; (हे १, १७२) । वकृ—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवयरंत, अवयरमाण; (पउम ८२, ६३ ; सुपा १८१)। संकृ—**अवयरिउं**; (प्रासू)।

अवयरिअ पुं [दे] वियोग, विरह ; (दे १, ३६)।

अवयरिअ वि [अपकृत] १ जिसका अपकार किया गया हो वह। २ न. अपकार, अहित-करण, "को हेऊ तुह गमणे तुह अवयरियं मए किं व" (सुपा ४२१)।

अवयरिअ वि [अवतीर्ण] १ जन्मा हुआ। २ नीचे उतरा हुआ ; (सुर ६, १८६)।

अवयव पुं [अवयव] १ अंश, विभाग। २ अनुमान-प्रयोग का वाक्यांश ; (दसनि १ ; हे १, २४५)।

अवयवि वि [अवयविन्] अवयव वाला (ठा १ ; विसे २३५०)।

अवयाढ देखो **ओगाढ** ; (नाट ; गउड)।

अवयाण न [दे] खींचने की डोरी, लगाम ; (दे १, २४)।

अवयाय पुं [अपवाय] अपराध, दोष; (उप १०३१ टी)।

अवयार पुं [अपकार] अहित-करण ; (स ४३७ ; कुमा ; प्रासू ६)।

अवयार पुं [अवतार] १ उतरना। २ देहान्तर-धारण, जन्म-ग्रहण। ३ मनुष्य रूपमें देवता का प्रकाशित होना "अज्ज! एवं तुमं देवावयारो विय आगईए" (स ४१६; भवि)। ४ संगति, योजना ; (विसे १००८)। ५ प्रवेश ; (विसे १०४३)।

अवयार पुं [दे] माघ-पूर्णिमा का एक उत्सव, जिसमें इख से दंतवन आदि किया जाता है ; (दे १, ३२)।

अवयारि वि [अपकारिन्] अपकार करने वाला; (स १७६; विवे ७६)।

अवयालिय वि [अवचालित] चलायमान किया हुआ ; (स ४२)।

अवयास सक [श्लिष्] आलिंगन करना। अवयासइ ; (हे ४, १९०)। कवकृ—**अवयासिज्जमाण** ; (औप)। संकृ—**अवयासिय** ; (णाया १, २)।

अवयास सक [अव+काश्] प्रकट करना। संकृ—**अवयासेऊण** ; (तंदु)।

अवयास देखो **अवगास** ; (गउड, कुमा)।

अवयास पुं [श्लेष] आलिंगन ; (ओघ २४४ भा)।

अवयासण न [श्लेषण] आलिंगन ; (बृह १)।

अवयासाविय वि [श्लेषित] आलिंगन कराया हुआ ; (विपा १, ४)।

अवयासिय वि [श्लिष्ट] आलिंगित ; (कुमा; पाअ)।

अवयासिणी स्त्री [दे] नासा-रज्जु, नाक में डाली जाती डोर ; (दे १, ४६)।

अवर वि [अपर] अन्य, दूसरा, तद्भिन्न ; (श्रा २७ ; महा)। °**हा** अ [°था] अन्यथा ; (पंचा ८)।

अवर स [अपर] १ पिछला काल या देश ; (महा)। २ पिछले काल या देशमें रहा हुआ ; पाश्चात्य ; (सम १३ ; महा)। ३ पश्चिम दिशा में स्थित, "अवरद्दारेणं" (स ६४६)। °**कंका** स्त्री [°कङ्का] १ धातकी-खंड के भरतक्षेत्र की एक राजधानी; २ इस नामका "ज्ञात-धर्मकथा" सूत्र का एक अध्ययन ; (णाया १, १६)। °**ण्ह** पुं [°ह्ण] १ दिन का अन्तिम प्रहर; (ठा ४, २)। २ दिनका उत्तरी भाग ; (आचू १; गा २६६; प्रासू ५४)। °**दाहिण** पुं [°दक्षिण] १ नैऋत्य कोण ; २ वि. नैऋत्य कोण में स्थित ; (पंचा २)। °**दाहिणा** स्त्री [°दक्षिणा] पश्चिम और दक्षिण दिशा के बीच की दिशा, नैऋत कोण ; (वव ७)। °**फाणु** स्त्री [°पार्ष्णि] एड़ी, अड्डी का पिछला भाग ; (वव ८)। °**राय** पुं [°रात्र] देखो **अवरत्त**=अपररात्र ; (आचा)। °**विदेह** पुं [°विदेह] महाविदेह-नामक वर्ष का पश्चिम भाग ; (ठा २, ३; पडि)। °**विदेहकूड** न [°विदेहकूट] पर्वत-विशेष का शिखर-विशेष ; (जं ४)। देखो **अपर**।

अवर स [अवर] ऊपर देखो ; (महा; णाया १, १६; वव ७; पंचा २)।

अवरंमुह वि [अपराङ्मुख] १ संमुख ; २ तत्पर ; (पि २६६)।

अवरच्छ देखो **अपरच्छ** ; (पण्ह १, ३)।

अवरज्ज पुं [दे] १ गत दिन ; २ आगामी दिन ; ३ प्रभात, सुबह ; (दे १, ५६)।

अवरज्झ अक [अप+राध्] १ अपराध करना, गुनाह करना। २ नष्ट होना। अवरज्झइ ; (महा; उव)। वकृ—**अवरज्झंत** ; (राज)।

अवरत्त पुं [अपररात्र, अवररात्र] रात्रि का पिछला भाग ; (भग; णाया १, १)।

अवरत्त वि [अपरक्त] १ विरक्त, उदास ; (उप पृ ३०८)। २ नाराज, नाखुश ; (मुद्रा २६७)।

अवरत्तअ / **अवरत्तेअ** } पुं [दे] पश्चात्ताप, अनुताप; (दे १,४४; पाअ)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवरद्ध न [**अपराद्ध**] १ अपराध, गुनाह; (सुर २, १२१)। २ वि. जिसने अपराध किया हो वह, अपराधी, "सगडे दारए ममं अंतेउरंसि अवरद्धे" (विपा १, ४; स २८)। ३ विनाशित, नष्ट किया हुआ; (गाया १,१)।

अवरद्धिग } पुंस्त्री [**अपराद्धिक**) १ सर्प-दंश ; २
अवरद्धिय } फुनसी, छोटा फोड़ा; (ओघ ३४१; पिंड)।

अवरा स्त्री [**अपरा**] विदेह-वर्ष की एक नगरी; (ठा २,३)।

अवराइया देखो **अपराइया** ; (पउम २५, १; जं ४; ठा २, ३)।

अवराइस देखो **अण्णाइस** ; (षड् ; हे ४, ४१३)।

अवराजिय देखो **अपराइय** , (इक)।

अवराजिया देखो **अपराइया** ; (इक)।

अवराह पुं [**अपराध**] १ अपराध, गुनाह ; (आव १)। २ अनिष्ट, बुराई ; "अवराहेसु गुणेसु य निमित्तमेत्तं परो होइ" (प्रासू १२२)।

अवराह पुं [**दे**] कटी, कमर ; (दे १, २८)।

अवराहिय न [**अपराधित**] १ अपराध, गुनाह, "जंपइ जणो महल्लं कस्सवि अवराहियं जायं" (पउम ६४, २५; स ३२०)। २ अपकार, अनिष्ट, अहित,
"सिरि चडिआ खंति प्फलइं, पुणु डालइं मोडंति।
तोवि महद्दुम सउणाहं, अवराहिउ न करंति" (हे ४,४४५)।

अवराहुत्त वि [**अपराभिमुख**] १ पराङ्मुख ; २ पश्चिम दिशा तरफ मुँह किया हुआ ; (आव ४)।

अवरि
अवरिं } अ [**उपरि**] ऊपर ; (दे १, २६; प्राप्र)।

अवरिक्क वि [**दे**] अवसर-रहित, अनवसर; (दे १, २०)।

अवरिगलिअ वि [**अपरिगलित**] पूर्ण, भरपूर; (से ११, ८८)।

अवरिज्ज वि [**दे**] अद्वितीय, असाधारण; (दे १,३६; षड्)।

अवरिल्ल वि [**उपरि**] उत्तरीय वस्त्र, चद्दर ; (हे २, १६६ ; कुमा ; गउड ; पात्र)।

अवरिल्ल वि [**अपरीय**] पाश्चात्य, पश्चिम दिशा-संबन्धी "तो णं तुब्भे अवरिल्लं वणसंडं गच्छेज्जाह" (णाया १, ६)।

अवरिहड्ढपुसण न [**दे**] १ अकीर्ति, अजस; २ असत्य, झूठ; ३ दान ; (दे १, ६०)।

अवरुंड सक [**दे**] आलिङ्गन करना। अवरुंडइ , (दे १, ११ ; सुर ३, १८२ ; भवि) कर्म—अवरुंडिज्जइ ; (दे १, ११)। संकृ—अवरुंडिऊण ; (दे १, ११ ; स ४२१)।

अवरुंडण } न [**दे**] आलिङ्गन ; (भवि ; पात्र ; दे
अवरुंडिअ } १, ११,)।

अवरुत्तर पुं [**अपरोत्तर**] १ वायव्य कोण ; २ वि. वायव्य कोण में स्थित ; (भग)।

अवरुत्तरा स्त्री [**अपरोत्तरा**] वायव्य दिशा, पश्चिम और उत्तर के बीच की दिशा ; (वव ७)।

अवरुद्ध वि [**अवरुद्ध**] घिरा हुआ ; (विसे २६७५)।

अवरुप्पर देखो **अवरोप्पर**; (कुमा ; रंभा)।

अवरुह अक [**अव+रुह**] नीचे उतरना। अवरुहहि ; (मै १४)।

अवरोप्पर } वि [**परस्पर**] आपस में ; (हे ४, ४०६ ;
अवरोवर } गउड ; सुपा २२ ; सुर ३, ७६ ; षड्)।

अवरोह पुं [**अवरोध**] १ अन्तःपुर, जनानखाना ; (सुपा ६३)। २ अन्तःपुर में रहनेवाली स्त्री; (विपा १, ४)। ३ नगर को सैन्य से घेरना ; (निचू ८)। ४ संक्षेप ; (विसे ३५५५)। ५ प्रतिबन्ध ; "कहं सव्वत्थित्तावरोहोत्ति" (विसे १७२३)। °**जुवइ** स्त्री [°**युवति**] अन्तःपुर की स्त्री ; (पि ३८७)।

अवरोह पुं [**अवरोह**] उगने वाला, (तृण आदि); (गउड)।

अवरोह पुं [**दे**] कटी, कमर ; (दे १, २८)।

अवलंब सक [**अव + लम्ब्**] १ सहारा लेना, आश्रय लेना। २ लटकना। अवलंबइ ; (कस)। अवलंबेइ; (महा)। वकृ—**अवलंबमाण** ; (सम्म ५८)। कवकृ—**अवलंबिज्जंत**; (पि ३६७)। संकृ—**अवलंबिऊण, अवलंबिय** ; (आव ५ ; आचा २, १, ६)। हेकृ—**अवलंबित्तए** ; (दसा ७)। कृ—**अवलंबणिय, अवलंबिअव्व** ; (से १०, २६)।

अवलंब } पुं [**अवलम्ब, °क**] १ सहारा, आश्रय ;
अवलंबग } (श्रा १६)। २ वि. लटकने वाला ; (औप; वव ४)। ३ सहारा लेने वाला ; (पच्च ८०)।

अवलंबण न [**अवलम्बन**] १ लटकना। २ आश्रय, सहारा ; (ठा ५, २ ; राय)।

अवलंबि वि [**अवलम्बिन्**] अवलम्बन करने वाला ; (गउड ; विसे २३२६)।

अवलंबिय वि [**अवलम्बित**] १ लटका हुआ। २ आश्रित ; (णाया १, १)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवलंबिर देखो **अवलंबि** ; (गा ३६७)।
अवलक्खण न [**अपलक्षण**] खराब लक्षण, बुरी आदत ; (भवि)।
अवलग्ग वि [**अवलग्न**] १ आरूढ ; २ लगा हुआ, संलग्न ; (महा)।
अवलत्त वि [**अपलपित**] अपह्नुत, छिपाया हुआ ; (स २१२)।
अवलद्ध वि [**अपलब्ध**] अनादर से प्राप्त ; (ठा ६)।
अवलद्धि स्त्री [**अवलब्धि**] अ-प्राप्ति ; (भग)।
अवलय न [**दे**] घर, मकान ; (दे १, २३)।
अवलव सक [**अप+लप्**] १ असत्य बोलना। २ सत्य को छिपाना। कवकृ—**अवलविज्जंत** ; (सुपा १३२)। कृ—**अवलवणिज्ज** ; (सुपा ३१५)।
अवलाव पुं [**अपलाप**] अपह्नव ; (निचू १)।
अवलिअ न [**दे**] असत्य, झूठ ; (दे १, २२)।
अवलिंब पुं [**अवलिम्ब**] जीव या पुद्गलों से व्याप्त स्थान-विशेष ; (ठा २, ४)।
अवलिच्छअ वि [**दे**] अ-प्राप्त, अनासादित ; (से ६, ७८)।
अवलित्त वि [**अवलिप्त**] १ लिप्त ; २ गर्वित ; "अलसो सढोवलित्तो, आलंबण-तप्परो अइपमाई। एवं ठिओवि मन्नइ, अप्पाणं सुट्ठिओ मित्ति" (उव)।
अवलुआ स्त्री [**दे**] क्रोध, गुस्सा ; (दे १, ३६)।
अवलुत्त वि [**अवलुप्त**] लोप-प्राप्त ; (नाट)।
अवलेअ } **अवलेव** } [**अवलेप**] १ अहंकार, गर्व। २ लेप, लेपन ; (पाअ ; महा ; नाट)। ३ अवज्ञा, अनादर ; (गउड)।
अवलेहणिया स्त्री [**अवलेखनिका**] १ वांस का छिलका ; (ठा ४, २)। २ धूली आदि झाड़ने का एक उपकरण ; (निचू १)।
अवलेहि } **अवलेहिया** } स्त्री [**अवलेखि, °का**] १ वांसका छिलका; (कम्म १, २०)। २ लेह्य-विशेष ; (पव ४)। ३ चावल के आटा के साथ पकाया हुआ दूध ; (पभा ३२)।
अवलोअ सक [**अव+लोक्**] देखना, अवलोकन करना। वकृ—**अवलोअंत, अवलोएमाण**; (रयण ३६ ; णाया १, १) संकृ—**अवलोइऊण** ; (काल)। कृ—**अवलोयणीय** ; (सुपा ७०)।
अवलोग } **अवलोय** } पुं [**अवलोक**] अवलोकन, दर्शन ; (उप ६८६ टी ; सुपा ६ ; स २७६ ; गउड)।
अवलोयण न [**अवलोकन**] १ दर्शन ; विलोकन ; (गउड)। २ स्थान-विशेष ; "तुंगं अवलोयणं चेव" (पउम ८०, ४)। ३ शिखर-विशेष ; (ती ४)
अवलोव पुं [**अपलोप**] छिपाना, लोप करना; (पण्ह १,२)।
अवलोवणी स्त्री [**अपलोपनी**] विद्या-विशेष ; (पउम ७, १३६)।
अवलोह वि [**अपलोह**] लोह-रहित ; (गउड)।
अवल्लय न [**दे. अवल्लक**] नौका खेवने का उपकरण-विशेष ; (आचा २, ३, १)।
अवल्लाव } **अवल्लावय** } पुं [**दे. अपलाप**] असत्य-कथन, अपलाप ; (दे १, ३८)।
अवव न [**अवव**] संख्या-विशेष 'अववाङ्ग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (ठा २, ४)।
अववंग न [**अववाङ्ग**] संख्या-विशेष, 'अडड' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह; (ठा २, ४)।
अववक्कल वि [**अपवल्कल**] त्वचा-रहित ; (गउड)।
अववक्का स्त्री [**अवपाक्या**] तापिका, छोटा तवा ; (भग ११, ११)।
अववग्ग पुं [**अपवर्ग**] मोक्ष, मुक्ति ; (आवम)।
अववट्टण न [**अपवर्तन**] १ अपसरण। २ कर्म-परमाणुओं को दीर्घ स्थिति को छोटी करना ; (पंच ५)।
अववट्टणा स्त्री [**अपवर्तना**] ऊपर देखो ; (पंच ५)।
अववत्त वि [**अपवृत्त**] १ वापिस लौटा हुआ ; २ अप-सृत ; (दे १, १५२)।
अववरक पुं [**अपवरक**] कोठरी, छोटा घर ; (मुद्रा ८१)।
अववाइय वि [**अपवादिक**] अपवाद वाला ; (नाट)।
अववाय पुं [**अपवाद**] १ विशेष नियम, अपवाद ; (उप ७८१)। २ निन्दा, अवर्ण-वाद; (पण्ह २, २)। ३ अनुज्ञा, संमति ; (निचू १)। ४ निश्चय, निर्णय वाली हकीकत ; (निचू ५)।
अववास सक [**अव + काश्**] अवकाश देना, जगह देना। अववासइ ; (प्राप्र)।
अववाह सक [**अव+गाह्**] अवगाहन करना। अव-वाहइ; (प्राप्र)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवविह पुं [**अवविध**] गोशालक के एक भक्त का नाम ; (भग ८, ५)।

अववीड पुं [**अवपीड**] निष्पीड़न, दबाना ; (गउड)।

अववीडण न [**अवपीडन**] ऊपर देखो ; (गउड)।

अवस वि [**अवश**] १ अ-स्वाधीन, पराधीन ; (सूअ १, ३, १)। २ स्वतन्त्र, स्वाधीन ; (से १, १)।

अवसं अ [**अवश्यम्**] अवश्य, जरूर, निश्चय ; (हे ४, ४२७)।

अवसउण न [**अपशकुन**] अनिष्ट-सूचक निमित्त, खराब शकुन ; (ओघ ८१ भा ; गा २६१ ; सुपा ३६३)।

अवसक्क सक [**अव+ष्वष्क्**] पीछे हट जाना। अवसक्केज्जा ; (आचा)।

अवसक्कण न [**अवष्वष्कण**] अपसरण, पीछे हटना ; (पंचा १३)।

अवसक्कि वि [**अवष्वष्किन्**] पीछे हटने वाला ; (आचा)।

अवसण्ण वि [**दे**] झरा हुआ, टपका हुआ; (षड्)।

अवसद्द पुं [**अपशब्द**] १ अशुद्ध शब्द ; (सुर १६, २४८)। २ खराब वचन ; (हे १, १७२)। ३ अपकीर्ति, अपयश ; (कुमा)।

अवसप्प अक [**अव+सृप्**] १ पीछे हटना। २ निवृत्त होना। ३ उतरना। अवसप्पंति ; (पि १७३)।

अवसप्पण न [**अपसर्पण**] अपसरण, अपवर्तन ; (पउम ५६, ७८)।

अवसप्पि वि [**अपसर्पिन्**] १ पीछे हटने वाला ; २ निवृत्त होने वाला ; (सूअ १, २, २)।

अवसप्पिय वि [**अपसर्पित**] १ अपसृत। २ निवृत्त। ३ अवतीर्ण ; (भवि)।

अवसप्पिणी देखो **ओसप्पिणी** ; (भग ३, २; भवि)।

अवसमिआ (**दे**) देखो **अंबसमी** ; (दे १, ३७)।

अवसय वि [**अपशद**] नीच, अधम ; (ठा ४, ४)।

अवसर अक [**अप+सृ**] १ पीछे हटना। २ निवृत्त होना। अवसरइ; (हे १, १७२)। कृ—**अवसरियव्व**; (उप १४६ टी)।

अवसर सक [**अव+सृ**] आश्रय करना। संकृ—" ओसरणम् **अवसरित्ता** " (चउ १८)।

अवसर पुं [**अवसर**] १ काल, समय ; (पाअ)। २ प्रस्ताव, मौका ; (प्रासू ५७; महा)।

अवसरण देखो **ओसरण** ; (पव ६२)।

अवसरण न [**अपसरण**] १ पीछे हटना। २ निवृत्ति; (गउड)।

अवसरिय वि [**आवसरिक**] सामयिक, समयोपयुक्त ; (सण)।

अवसरीर पुं [**अपशरीर**] रोग, व्याधि, " सव्वावसरीर-हिओ " (उप ५९७ टी)।

अवसवस वि [**अपस्ववश**] पराधीन, परतन्त्र ; (णाया १, १६)।

अवसव्वय न [**अपसव्यक**] शरीर का दहिना भाग ; (उप पृ २०८)।

अवसह पुं [**आवसथ**] घर, मकान ; (उत्त ३२)।

अवसह न [**दे**] १ उत्सव ; २ नियम ; (दे १, ५८)।

अवसाइअ वि [**अप्रसादित**] प्रसन्न नहीं किया हुआ ; (से १०, ६३)।

अवसाण न [**अवसान**] १ नाश ; २ अन्त भाग ; (गउड; पि ३६६)।

अवसाय पुं [**अवश्याय**] हिम, बर्फ ; (गउड)।

अवसारिअ वि [**अप्रसारित**] नहीं फैलाया हुआ, अ-विस्तारित ; (से ,१)।

अवसारिअ वि [**अपसारित**] १ आकृष्ट, खींचा हुआ ; (से १, १)। २ दूर किया हुआ, हटाया हुआ ; (सुपा २२२)।

अवसावण न [**अवस्रावण**] १ काञ्जी ; (बृह १)। २ भात वगैरः का पानी ; (सूक्त ८६)।

अवसिअ वि [**अपसृत**] पीछे हटा हुआ; (से १३, ६३)।

अवसिअ वि [**अवसित**] १ समाप्त, परिपूर्ण। २ ज्ञात, जाना हुआ ; (विसे २४८२)।

अवसिज्ज अक (**अव+सद्**) हारना, पराजित होना "एक्को-वि नावसिज्जइ " (विसे २४८४)।

अवसिद (शौ) वि [**अवसित**] समाप्त, पूर्ण ; (अभि १३३. प्रति १०६)।

अवसिद्धंत पुं [**अपसिद्धान्त**] दूषित सिद्धान्त ; (विसे २४५७; ६)।

अवसीय अक [**अव+सद्**] क्लेश पाना, खिन्न होना। वकृ—**अवसीयंत** ; (पउम ३३, १३१)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवसुअ अक [**उद्+वा**] सूखना, शुष्क होना । अवसुअइ ; (षड्) ।

अवसेअ पुं [**अवसेक**] सिञ्चन, छिटकाव ; (अभि २१०) ।

अवसेअ वि [**अवसेय**] जानने योग्य ; (विसे २६७१) ।

अवसें (अप) देखो **अवसं** ; (हे ४, ४२७) ।

अवसेण देखो **अवसं** " अवसेण भुंजियव्वा ; (पउम १०२, २०१) ।

अवसेस पुं [**अवशेष**] १ अवशिष्ट, बाकी ; (सुपा ७७) । २ वि. सब, सर्व ; (उप २११ टी) ।

अवसेसिय वि [**अवशेषित**] १ समाप्त किया हुआ, पार पहुँचाया हुआ ; (से ४, ४७) । २ बाकी का, अवशिष्ट ; (भग) ।

अवसेह सक [**गम्**] जाना । अवसेहइ ; (हे ४, १६२) । अवसेहंति ; (कुमा) ।

अवसेह अक [**नश्**] भागना, पलायन करना । अवसेहइ ; (हे ४, १७८ ; कुमा) ।

अवसोइया स्त्री [**अवस्वापिका**] निद्रा ; (सुपा ६०६) ।

अवसोग वि [**अपशोक**] १ शोक-रहित । २ देव-विशेष ; (दीव) ।

अवसोण वि [**अपशोण**] थोड़ा लाल ; (गउड) ।

अवसोवणी स्त्री [**अवस्वापनी**] निद्रा ; (सुपा ४७) ।

अवस्स वि [**अवश्य**] जरूरी, नियत ; (आवम, आव ४) । °**कम्म** न [°**कर्मन्**] आवश्यक क्रिया ; (आचू १) । °**करणिज्ज** वि [°**करणीय**] अवश्य करने लायक कर्म, सामायिक आदि । °**किरिया** स्त्री [°**क्रिया**] आवश्यक अनुष्ठान ; (आचू १) । °**किच्च** वि [°**कृत्य**] आवश्यक कार्य ; (दे) ।

अवस्सं अ [**अवश्यम्**] जरूर, निश्चय ; (पि ३१५) ।

अवस्सिय वि [**अवाश्रित**] आश्रित, अवलग्न ; (अनु ६) ।

अवह सक [**रच्**] निर्माण करना, बनाना । अवहइ ; (हे ४, ६४) ।

अवह स [**उभय**] दोनों, युगल ; (हे २, १३८) ।

अवहइ स्त्री [**अपहति**] विनाश ; (विसे २०१५) ।

अवहट्ट वि [**दे**] अभिमानी, गर्वित ; (दे १, २३) ।

अवहट्टु देखो **अवहर**=अप+हृ ।

अवहड वि [**अपहृत**] ले लिया गया, छीना हुआ ; (सुपा २६६ ; पण्ह १, ३) ।

अवहड वि [**अवहृत**] ऊपर देखो ; (प्रारू) ।

अवहड न [**दे**] मुसल ; (दे १, ३२) ।

अवहण्ण पुं [**दे**] ऊखल, उदूखल ; (दे १, २६) ।

अवहत्थ पुं [**अपहस्त**] मारने के लिए या निकाल बाहर करने के लिए ऊंचा किया हुआ हाथ, " अवहत्थेण हओ कुमरो " (महा) ।

अवहत्थ सक [**अपहस्तय्**] १ हाथ को ऊंचा करना। २ त्याग करना, छोड़ देना । अवहत्थेइ ; (महा) । संकृ—**अवहत्थिऊण, अवहत्थेऊण** ; (पि ५८६ ; महा) ।

अवहत्थरा स्त्री [**दे**] लात मारना, पाद-प्रहार ; (दे १, २२) ।

अवहत्थिय वि [**अपहस्तित**] परित्यक्त, दूर किया हुआ ; (महा ; काप्र ५२४ ; गा ३५३ ; सुपा १६३ ; गंदि) ।

अवहय वि [**अपहत**] नष्ट, नाश-प्राप्त ; (से १४, २८) ।

अवहय वि [**अघातक**] अहिंसक ; (ओघ ७५०) ।

अवहर सक [**गम्**] जाना । अवहरइ ; (हे ४, १६२) ।

अवहर अक [**नश्**] भाग जाना, पलायन करना । अवहरइ ; (हे ४, १७८ ; कुमा) ।

अवहर सक [**अप+हृ**] १ छीन लेना, अपहरण करना । २ भागाकार करना, भाग देना । अवहरइ ; (महा) । अवहरेज्जा ; (उवा) । कवकृ—**अवहरिज्जंत, अवहीरमाण** ; (सुर ३, १४२; भग २५, ४ ; णाया १, १८) । संकृ—**अवहरिऊण, अवहट्टु** ; (महा ; आचा ; भग) ।

अवहर वि [**अपहर**] अपहारक, छीन लेने वाला ; (गा १५६) ।

अवहरण न [**अपहरण**] छीन लेना ; (कुमा ; सुपा २५०) ।

अवहरिअ वि [**गत**] गया हुआ ; (कुमा) ।

अवहरिअ वि [**अपहृत**] छीन लिया हुआ ; (सुर ३, १४१ ; कुम्मा ६) ।

अवहस सक [**अव, अप+हस्**] तुच्छकारना, तिरस्कारना, उपहास करना । अवहसइ ; (णाया १, १८) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवहसिय वि [अप°, अवहसित] तिरस्कृत, उपहसित ; (गाया १, ८; सुर १२, ६७)।

अवहाय पुं [दे] विरह, वियोग ; (दे १, ३६)।

अवहाय अ [अपहाय] छोड़ कर, त्याग कर ; (भग १५)।

अवहाण न [अवधान] १ ख्याल, उपयोग ; (सुर १०, ७१ ; कुमा)। २ ज्ञान, जानना ; (वसे ८२)।

अवहार सक [अव+धारय्] निर्णय करना, निश्चय करना । कर्म—अवहारिज्जइ ; (स १६६)। हेकृ—**अवहारेउं** ; (भास १६)।

अवहार (अप) देखो **अवहर**=अप+हृ । अवहारइ ; (भवि)। संकृ—**अवहारिवि** ; (भवि)।

अवहार पुं [अपहार] १ अपहरण ; (पण्ह १, ३ ; सुपा २७५)। २ दूर करना, परित्याग ; (गाया १, ६)। ३ चोरी ; (सुपा ४४६)। ४ बाहर करना; निकालना ; (निचू ७)। ५ भागाकार ; (भग २५, ४)। ६ नाश, विनाश ; (सुर ७, १२५)।

अवहार पुं [अवधार] निश्चय, निर्णय । °**व** वि [वत्] निश्चय वाला ; (ठा १०)।

अवहारण न [अवधारण] निश्चय, निर्णय ; (से ११, १५ ; स १६६)।

अवहारय वि [अपहारक] छीनने वाला, अपहरण करने वाला ; (सुर ११, १२)।

अवहारि वि [अपहारिन्] अपहारक, छीनने वाला ; (सुपा ५०३)।

अवहारिय वि [अवधारित] निश्चित ; (स ५७६ ; पउम २३, ६ ; सुपा ३३१)।

अवहाव सक [कृप्] दया करना, कृपा करना । अवहावेइ ; (षड् ; हे ४, १५१)। अवहावसु (कुमा)।

अवहास पुं [अवभास] प्रकाश, तेज ; (गउड ; प्राप्र)।

अवहासिणी स्त्री [अवहासिनी] नासा-रज्जु ; "मोत्तव्वे जोत्तअपग्गहम्मि अवहासिणी मुक्का" (गा ६६४)।

अवहासिय वि [अवभासित] प्रकाशित ; (सुपा १४२)

अवहि देखो **ओहि**; (सुपा ८६; ५७८; विसे ८२; ७३७)।

अवहिट्ठ वि [दे] दर्पित, अभिमानी, गर्वित ; (षड्)।

अवहिय वि [अपहृत] छीन लिया हुआ ; (पउम २०, ६६ ; सुर ११,३२ ; सुपा ४१३)।

अवहिय वि [अवधृत] नियमित ; (विसे २६३३)।

अवहिय वि [अवहित] सावधान, ख्याल-युक्त ; (पाअ ; महा ; गाया १, २ ; पउम १०, ६५ ; सुपा ४२३)। °**मण** वि [°मनस्] तल्लीन, एकाग्र-चित्त ; (सुपा ६)।

अवहिय वि [रचित] निर्मित, बनाया हुआ ; (कुमा)।

अवहीण वि [अवहीन] हीन, उतरता, कम दरजा वाला ; (नाट ; पि १२०)।

अवहीय वि [अपधीक] निन्द्य बुद्धि वाला, दुर्बुद्धि ; (पण्ह १, २)।

अवहीर सक [अव+धीरय्] अवज्ञा करना, तिरस्कार करना । अवहीरेइ ; (महा)। वकृ—**अवहीरंत** ; (सुपा ३१२)। कवकृ—**अवहीरिज्जंत**; (सुपा ३७६)। संकृ—**अवहीरिऊण** ; (महा)।

अवहीरण न [अवधीरण] अवहेलना, तिरस्कार ; (गा १४६; अभि ६८ ; गउड)।

अवहीरणा स्त्री [अवधीरणा] ऊपर देखो ; (से १३, १६ ; वेणी १८)।

अवहीरमाण देखो **अवहर**=अप+हृ ।

अवहीरिअ वि [अवधीरित] अवज्ञात, तिरस्कृत; (से ११, ७ ; गउड)।

अवहील देखो **अवहीर**। अवहीलइ ; (सण)।

अवहेअ वि [दे] दया-योग्य, कृपा-पात्र ; (दे १, २२)।

अवहेड सक [मुच्] छोड़ना, त्याग करना । अवहेडइ ; (हे ४, ६१)। संकृ—**अवहेडिउं** ; (कुमा)।

अवहेडिय वि [दे] नीचे की तरफ मोडा हुआ, अवमोटित ; (उत्त १२)।

अवहेरि } स्त्री [अवहेला] अवगणना, तिरस्कार ; (उप
अवहेरी } २६०, ५६७ टी ; भवि ; सुपा २६१ ; महा)।

अवहेलअ वि [अवहेलक] तिरस्कारक ; (सुपा १०६)।

अवहोअ पुं [दे] विरह, वियोग ; (षड्)।

अवहोल अक [अव+होलय्] १ भूलना । २ संदेह करना । वकृ—**अवहोलंत** ; (गाया १, ८)।

अवाइ वि [अपायिन्] १ दुःखी, २ दोषी, अपराधी ; "निब्भिचसच्चवाई होइ अवाई य नेहलोएवि" (सुपा २७५)।

अवाईण वि [अवाचीन] अधो-मुख ; (गाया १, १)।

अवाईण वि [अवातीन] वायु से अनुपहत; (गाया १, १)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवाउड वि [**अ-व्यापृत**] किसी कार्य में नहीं लगा हुआ; (उप पृ ३०२)।

अवाउड वि [**अप्रावृत**] अनाच्छादित, नग्न, दिगम्बर ; (णाया १, १ ; ठा ५, १)।

अवाडिअ वि [**दे**] वञ्चित; प्रतारित ; (षड्)।

अवाण देखो **अपाण** ; (पात्र ; विपा १, ६)।

अवाय पुं [**अपाय**] १ अनर्थ, अनिष्ट ; (ठा १)। २ दोष, दूषण ; (सुर ४, १२०)। ३ उदाहरण-विशेष ; (ठा ४, ३)। ४ विनाश ; (धर्म १)। ५ वियोग, पार्थक्य ; (णंदि)। ६ संशय-रहित निश्चयात्मक ज्ञान-विशेष ; (ठा ४, ४ ; णंदि)। °**दंसि** वि [°**दर्शिन्**] भावी अनर्थों को जानने वाला ; (ठा ८ ; द्र ४६)। °**विजय** न [°**विचय**, °**विजय**] ध्यान-विशेष ; (ठा ४, २)।

अवाय पुं [**अवाय**] संशय-रहित निश्चयात्मक ज्ञान-विशेष, मति ज्ञान का एक भेद ; (ठा ४, ४ ; णंदि)।

अवाय वि [**अम्लान**] अ-म्लान, म्लानि-रहित ; ताजा ; "अवायमल्लमंडिया" (स ३७२)।

अवायाण न [**अपादान**] कारक-विशेष, स्थानान्तरी-करण ; (ठा ८ ; विसे २०६६)।

अवार वि [**अपार**] पार-रहित, अनन्त ; (मै ६८)।

अवार पुं [**दे**] दुकान, हाट ; (दे १, १२)।

अवारी स्त्री [**दे**] ऊपर देखो ; (दे १, १२)।

अवालुआ स्त्री [**दे**] होठ का प्रान्त भाग ; (दे १, २८)।

अवालुआ स्त्री [**अवालुका**] एक स्निग्ध द्रव्य ; (तंदु)।

अवाव पुं [**अवाप**] रसोई, पाक। °**कहा** स्त्री [°**कथा**] रसोई-संबन्धी कथा ; (ठा ४, २)।

अवास } **अवासें** } (अप) देखो **अवसें** ; (षड्)।

अवाह पुं [**अवाह**] देश-विशेष ; (इक)।

अवाहा देखो **अवाहा** ; (औप)।

अवि अ [**अपि**] निम्न-लिखित अर्थों का सूचक अव्यय ; १ प्रश्न ; (से ५, ४)। २ अवधारण ; निश्चय ; (आचा ; गा ५०२)। ३ समुच्चय ; (विसे ३५५१ ; भग १, ७)। ४ संभावना ; (विसे ३५४८ ; उत्त ३)। ५ विलाप ; (पात्र)। ६-७ वाक्य के उपन्यास और पादपूर्ति में भी इसका प्रयोग होता है ; (आचा ; पउम ८, १४६ ; षड्)।

अवि पुं [**अवि**] १ अज ; २ मेष ; (विसे १७७४)।

अविअ वि [**दे**] उक्त, कथित ; (दे १, १०)।

अविअ वि [**अवित**] रक्षित ; (दे ५, ३५)।

अविअ अ [**अपिच**] समुच्चय-द्योतक अव्यय ; (सुर २, २४६ ; भग ३, २)।

अविअ पुं [**अविक**] मेष, भेड़ ; (आचा)।

अविउ वि [**अवित्**] अज्ञ, मूर्ख ; (सद्दि ४६)।

अविउक्कंतिय वि [**अव्युत्क्रान्तिक**] उत्पत्ति-रहित ; (भग)।

अविउसरण न [**अव्युत्सर्जन**] अ-परित्याग, पास में रखना; (भग)।

अविकरण न [**अविकरण**] गृहीत वस्तुओं को यथास्थान नहीं रखना ; (बृह ३)।

अविक्ख देखो **अवेक्ख**। अविक्खइ ; (महा)। हेकृ—**अविक्खिउं** ; (स ३०७)। कृ—**अविक्खणिज्ज** ; (विसे १७१६)।

अविक्खग वि [**अपेक्षक**] अपेक्षा करने वाला ; (विसे १७१६)।

अविक्खण न [**अवेक्षण**] अवलोकन, निरीक्षण ; (भवि)।

अविक्खण न [**अपेक्षण**] अपेक्षा ; परवा ; (विसे १७१६)।

अविक्खा देखो **अवेक्खा** ; (कुमा)।

अविक्खिय वि [**अपेक्षित**] १ अपेक्षित ; २ न. अपेक्षा, परवा, "नाविक्खियं सभाए" (श्रा १४)।

अविक्खिय वि [**अवेक्षित**] अवलोकित ; (सुपा ७२)।

अविगइय वि [**अविकृतिक**] घृत आदि विकार-जनक वस्तुओं का त्यागी ; (सूअ २, २)।

अविगडिय वि [**अविकटित**] अनालोचित ; (वव १)।

अविगप्प देखो **अवियप्प** ; (सुर ४, १८६)।

अविगल वि [**अविकल**] अखण्ड, पूर्ण ; (उप २८३)।

अविगिच्छ वि [**अविचिकित्स्य**] जिसका इलाज न हो सके ऐसा, असाध्य व्याधि,

"तालपुडं गरलाणं, जह बहुवाहीण खित्तिओ वाही।
दोसाणमसेसाणं, तह अविगिच्छो मुसादोसो" (श्रा १२)।

अविगीय पुं [**अविगीत**] अगीतार्थ, शास्त्रों के रहस्य का अनभिज्ञ साधु ; (वव ३)।

अविग्गह वि [**अविग्रह**] १ शरीर-रहित ; २ युद्ध-रहित, कलह-वर्जित ; (सुपा २३४)। ३ सरल, सीधा ; (भग)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

°ग्गइ स्त्री [°गति] अकुटिल गति ; (भग १४, ५) ।
अविच्छ वि [अवीप्स्य] वीप्सा-रहित, व्याप्ति-रहित ; (षड्) ।
अविजाणय वि [अविज्ञायक] अनजान, मूर्ख ; (सूअ १, ५, १) ।
अविज्ज वि [अवीज] बीज-शक्ति से रहित ; (पउम ११, २५) ।
अविणय पुं [अविनय] विनय का अभाव ; (ठा ३, ३) ।
अविणयवइ, **अविणयवर** पुं [दे] जार, उपपति ; (दे १, १८) ।
अविणिद्द वि [अविनिद्र] निद्रा-विच्छेद-रहित ; (गा ६६) ।
अविण्णा स्त्री [अविज्ञा] अनुपयोग, ख्याल का अभाव ; (सूअ १, १, १) ।
अवितह वि [अवितथ] सत्य, सच्चा ; (महा ; उव) ।
अविद, **अविदा** अ [अविद, °दा] विषाद-सूचक अव्यय ; (पि २२ ; स्वप्न ५८) ।
अविधि पुंस्त्री [अविधि] १ विरुद्ध विधि ; २ विधि का अभाव ; (बृह ३ ; आचू १) ।
अविन्नाण वि [अविज्ञान] १ अजान । २ अज्ञात, अपरिचित ; (पउम ५, २१९) ।
अवियड्ढ वि [अविदग्ध] अ-निपुण; (सुपा ५८२) ।
अवियत्त न [अप्रीतिक] १ प्रीति का अभाव; (ठा १०) । २ वि. अप्रीति-कारक ; (पगह १, १) ।
अवियत्त वि [अव्यक्त] अस्फुट, अस्पष्ट, " अवियत्तं दंसणं अणागारं " (सम्म ६५) ।
अवियप्प वि [अविकल्प] १ भेद-रहित, " वंजणपज्जायस्स उ पुरिसो पुरिसो त्ति निच्चमवियप्पो " (सम्म ३५) । २ क्रिवि निःसंशय, संशय-रहित, " सवियप्पनिव्वियप्पं इय पुरिसं जो भणिज्ज अवियप्पं " (सम्म ३५) ।
अवियाउरी स्त्री [दे. अविजनयित्री] वन्ध्या स्त्री ; (गाया १, २) ।
अवियाणय देखो **अविजाणय** ; (आचा) ।
अविरइ स्त्री [अविरति] १ विराम का अभाव, अ-निवृत्ति; २ पाप-कर्म से अनिवृत्ति ; (सम १० ; पगह २, ५) । ३ हिंसा ; (कम्म ४) । ४ अब्रह्म, मैथुन ; (ठा ६) । ५ विरति-परिणाम का अभाव ; (सुअ २, २) । ६ वि विरति-रहित ; (नाट) । °वाय पुं [°वाद] १ अविरति की चर्चा ; २ मैथुन-चर्चा ; (ठा ६) ।

अविरइय वि [अविरतिक] विरति से रहित, पाप-निवृत्ति से वर्जित, पाप-कर्म में प्रवृत्त ; (भग; कस) ।
अविरत्त वि [अविरक्त] वैराग्य-रहित ; (गाया १, १४) ।
अविरय वि [अविरत] १ विराम-रहित, अविच्छिन्न ; (गा १५५) । २ पाप-निवृत्ति से रहित ; (ठा २, १) । ३ चतुर्थ गुण-स्थानक वाला जीव ; (कम्म ४, ६३) । ४ क्रिवि. सदा, हमेशा ; (पाअ) । °सम्मद्दिट्ठि स्त्री [°सम्यग्दृष्टि] चतुर्थ गुण-स्थानक ; (कम्म २, २) ।
अविरल वि [अविरल] निबिड, घन ; (गाया १, १) ।
अविरहि वि [अविरहिन्] विरह-रहित ; (कुमा) ।
उवरुंध सक [**उप+रुध्**] १ अटकाव करना, रोकना। २ अडचन डालना। ३ प्रतिबन्ध करना। कर्म—उवरुज्झइ, उवरुंधिज्जइ; (हे ४, २४८)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उवरुद्द पुं [**उपरुद्र**] नरक के जीवों को दुःख देने वाले परमाधार्मिक देवों की एक जाति ; "रुद्दोवरुद्द काले अ, महाकाले ति यावरे" (सम २८)।

"भंजंति अंगमंगाणि, ऊरुबाहुसिराणि कर-चरणा।
कप्पेंति कप्पणीहिं, उवरुद्दा पावकम्मरया"
(सुअ १, ५)।

उवरुद्ध वि [**उपरुद्ध**] १ रचित। २ प्रतिरुद्ध, अवरुद्ध; "पासत्थपमुहचोरोवरुद्धधणभव्वसत्थाणं" (सार्ध ६८; उप पृ ३८५)।

उवरोह पुं [**उपरोध**] १ अडचन, बाधा; (विसे १४१३; स ३१६) ; "भूओवरोहरहिए" (आव ४)। २ अटकाव, प्रतिबन्ध ; (बृह १; स १५)। ३ घेरा, नगर आदि का सैन्य द्वारा वेष्टन; "उवरोहभया कीरइ सप्परिखे पुरवरस्स पागारो" (बृह ३)। ४ निर्बन्ध, आग्रह; (स ४५७)।

उवरोहि वि [**उपरोधिन्**] उपरोध करने वाला; (आव ४)।

उवल पुं [**उपल**] १ पाषाण, पत्थर ; (प्रास् १७५)। २ टाँकी वगैरः को संस्कृत करने वाला पाषाण-विशेष; (पराण १)।

उवलम्बण पुं [**उपलम्बन**] साँकल वाला एक प्रकार का दीपक ; (अनु)।

उवलंभ सक [**उप+लभ्**] १ प्राप्त करना। २ जानना। ३ उलहना देना। कर्म—उवलंभिज्जइ ; (पि ५४१)। वकृ—**उवलंभेमाण** ; (णाया १, १८)।

उवलंभ पुं [**उपलम्भ**] १ लाभ, प्राप्ति ; (सुपा ६)। २ ज्ञान ; (स ६५१)। ३ उलहना; "एवं बहूवलंभे" (उप ६४८ टी)।

उवलंभणा स्त्री [**उपलम्भना**] उलहना; "धणणं सत्थवाहं बहूहिं खेज्जणाहि य रुंटणाहि य उवलंभणाहि य खेज्जमाणा य रुंटमाणा य उवलंभेमाणा य धणस्स एयमट्ठं णिवेदेंति" (णाया १, १८)।

उवलक्ख सक [**उप+लक्षय्**] जानना, पहिचानना। उवलक्खेइ ; (महा)। संकृ—**उवलक्खेऊण**; (महा)। कृ—**उवलक्खिज्ज** ; (उप पृ ८७)।

उवलक्खण न [**उपलक्षण**] १ पहिचान; (सुपा ६१)। २ अन्यार्थ-बोधक संकेत ; (श्रा ३०)।

उवलक्खिअ वि [**उपलक्षित**] १ पहिचाना हुआ, परिचित; (श्रा १२)।

उवलग्ग वि [**उपलग्न**] लगा हुआ, लग्न; "पउमिणिपत्तोवलग्गजलबिंदुनिचयचित्तं" (कप्प; भवि)।

उवलद्ध वि [**उपलब्ध**] १ प्राप्त ; २ विज्ञात ; "जइ सव्वं उवलद्धं, जइ अप्पा भाविओ उवसमेण" (उव ; णाया १. १३ ; १४)। ३ उपालब्ध, जिसको उलहना दिया गया हो वह ; (उप ७२८ टी)।

उवलद्धि स्त्री [**उपलब्धि**] १ प्राप्ति, लाभ ; २ ज्ञान ; (विसे २०६)।

उवलद्धु वि [**उपलब्धृ**] ग्रहण करने वाला, जानने वाला ; (विसे ६२)।

उवलभ देखो **उवलंभ**=उप+लभ्। वकृ—**उवलभंत**; (पि ४५७)। संकृ—**उवलब्भ** ; (पि ५६०)।

उवलभत्ता } स्त्री [**दे**] वलय, कङ्गन ; (दे १,
उवलयभग्गा } १२०)।

उवलल अक [**उप+लल्**] क्रीड़ा करना, विलास करना। वकृ—**उवललंत** ; (महा)। प्रयो, वकृ—**उवलालिज्जमाण** ; (णाया १, १)।

उवललय न [**दे**] सुरत, मैथुन ; (दे १, ११७)।

उवललिय न [**उपललित**] क्रीडा-विशेष; (णाया १. ६)।

उवलह देखो **उवलंभ**=उप+लभ्। संकृ—**उवलहिय** ; (स ३२) ; **उवलहिऊण** ; (स ६१०)।

उवला सक [**उप+ला**] १ ग्रहण करना। २ आश्रय करना। हेकृ—**उवलाउं** ; (वव १)।

उवलि देखो **उवलिंल**। उवलिइज्जा ; (आचा २, ३, १, २)।

उवलिंप सक [**उप+लिप्**] लीपना, पोतना। भवि—उवलिंपिहिइ ; (पि ५४६)।

उवलित्त वि [**उपलिप्त**] लीपा हुआ, पोता हुआ ; (णाया १, १)।

उवलीण देखो **उवल्लीण**।

उवलुअ वि [**दे**] सलज्ज, लज्जा-युक्त ; (दे १, १०७)।

उवलेव पुं [**उपलेप**] १ लेपना। २ कर्म-बन्ध; (औप)। ३ संश्लेष ; (आचा)। ४ आश्लेष; (सूअ १, १, २)।

उवलेवण न [**उपलेपन**] ऊपर देखो ; (भग ११, ६ ; निचू १ ; औप)।

उवलेविय वि [**उपलेपित**] लीपा हुआ, पोता हुआ ; (कप्प)।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उवलोभ सक [उप+लोभय्] लालच देना, लोभ दिखाना। संकृ—**उवलोभेऊण** ; (महा)।

उवलोहिय वि [उपलोभित] जिसको लालच दी गई हो वह ; (उप ७२८ टी)।

उवल्लि सक [उप+ली] १ रहना, स्थिति करना। २ आश्रय करना। उवल्लिइ ; (पि १६६; ४७४)। "तओ संजयामेव वासावासं उवल्लिइज्जा" (आचा २, ३,१, १ ; २)।

उवल्लीण वि [उपलीन] १ स्थित। २ प्रच्छन्न-स्थित; "उवल्लीणा मेहुणधम्मं विण्णवेंति" (आचा २)।

उववज्ज अक [उप+पद्] १ उत्पन्न होना। २ संगत होना, युक्त होना। उववज्जइ; भवि—उववज्जिहिइ; (भग; महा) वकृ—**उववज्जमाण**; (ठा ४)। संकृ—**उववज्जित्ता**; (भग १७, ६)। हेकृ—**उववज्जिउं** ; (सूअ २, १)।

उववज्जण न [उपवर्जन] त्याग, "असमंजसोववज्जण-मिह जायइ सव्वसंगचायाओ" (सुपा ४७१)।

उववज्जमाण देखो **उववाय**=उप+वादय्।

उववट्ट अक [उप+वृत्] च्युत होना, मरना, एक गति से दूसरी गति में जाना। उववट्टइ ; (भग)। वकृ—**उव-वट्टमाण** ; (भग)।

उववण न [उपवन] बगीचा ; (णाया १, १ ; गउड)।

उववण्ण वि [उपपन्न] १ उत्पन्न ; "उववण्णो माणु-सम्मि लोगम्मि" (उत्त ६)। २ संगत, युक्त ; (पंचा ६; उवर ४७)। ३ प्रेरित ; "उववण्णो पावकम्मुणा" (उत्त १६)। ४ न. उत्पत्ति, जन्म ; (भग १४,१)।

उववत्ति स्त्री [उपपत्ति] १ उत्पत्ति, जन्म ; (ठा २)। २ युक्ति, न्याय; (पउम २, ११७; उवर ४६)। ३ विषय; ४ संभव; "विसउ त्ति वा संभउ त्ति वा उवव त्ति त्ति वा एगट्ठा" (आचू १)।

उववत्तु वि [उपपत्तृ] उत्पन्न होने वाला, "देवलोगेसु देव-त्ताए उववत्तारो भवंति" (औप; ठा ८)।

उववन्न देखो **उववण्ण** ; (भग ; ठा २, २ ; स १५८ ; १६२)।

उववयण न [उपपतन] देखो **उववाय**=उपपात; "उव-वयणं उववाओ" (पंचभा)।

उववसण न [उपवसन] उपवास ; (सुपा ६१६)।

उववाइय वि [औपपादिक, औपपातिक] १ उत्पन्न होने वाला ; "अत्थि मे आया उववाइए, नत्थि मे आया उव-वाइए" (आचा)। २ देवरूप या नारक रूप से उत्पन्न होने वाला ; (पण्ह १, ४)।

उववाय पुं [उप+वादय्] वाद्य बजाना। कवकृ—**उप-वज्जमाण, उववज्जमाण** ; (कप्प; राज)।

उववाय पुं [उपपात] १ देव या नारक जीव की उत्पत्ति—जन्म ; (कप्प)। २ सेवा, आदर ; "आणोववायवयणनिद्देसे चिट्ठंति" (भग ३, ३)। ३ विनय; ४ आज्ञा ; 'उववाओ णिद्देसो आणा विणओ य होंति एगट्ठा" (वव ४)। ५ प्रादुर्भाव; (पण्ण १६)। ६ उपसंपादन, संप्राप्ति; (निचू ५)। °**कप्प** पुं [°कल्प] साध्वाचार-विशेष, पार्श्वस्थों के साथ रह कर संविग्न-विहार की संप्राप्ति ; (पंचभा)। °**य** वि [°**ज**] देव या नारक गति में उत्पन्न जीव ; (आचा)।

उववास पुंन [उपवास] उपवास, अनाहार, दिन-रात भोजनादि का अभाव ; (उवा; महा)।

उववासि वि [उपवासिन्] जिसने उपवास किया हो वह (पउम ३३, ५१; सुपा ४७८)।

उववासिय वि [उपवासित] उपवास किया हुआ ; (भवि)।

उवविट्ठ वि [उपविष्ट] बैठा हुआ, निषण्ण ; (आवम)।

उवविणिग्गय वि [उपविनिर्गत] सतत निर्गत; (जीव३)।

उवविस अक [उप+विश्] बैठना। उवविसइ ; (महा)। संकृ—**उवविसिअ** ; (अभि ३८)।

उववीअ न [उपवीत] १ यज्ञसूत्र, जनोऊ ; (णाया १, १६ ; गउड)। २ सहित, युक्त ; "गुणसंपओववीओ" (विसे ३४११)।

उववीड अ [उपपीड] उपमर्दन ; "सिविणोववीडं आलिंग-णेण गाढं पीडिओ" (रंभा)।

उववूह सक [उप+बृंह्] १ पुष्ट करना। २ प्रशंसा करना, तारीफ करना। संकृ—**उववूहेऊण** ; (दसनि ३)। कृ—**उववूहेयव्व** ; (दसनि ३)।

उववूहण न [उपबृंहण] १ बृद्धि, पोषण ; (पण्ह २, १)। २ प्रशंसा, श्लाघा ; (पंचा २)।

उववूहा स्त्री [उपबृंहा] ऊपर देखो; "उववूह-थिरीकरणे वच्छ-ल्लपभावणे अट्ठ" (पडि)।

उववूहणिय वि [उपबृंहणीय] पुष्टि-कर्ता ; (निचू ८)। स्त्री. पट्ट-विशेष, राजा वगैरः के भोजन-समय में उपभोग में आने वाला पट्टा ; (निचू ६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उववूहिय वि [उपबृंहित] १ वृद्धि को प्राप्त पुष्ट; (सं १५)। २ प्रशंसित ; (उप पृ ३८९)।

उववूहिर वि [उपबृंहिन्] १ पोषक, पुष्टि-कारक ; २ प्रशंसक ; (सण)।

उववेय वि [उपेत] युक्त, सहित ; (णाया १, १ ; औप वसु ; सुर १, ३४ ; विसे ६६६)।

उवसंखा स्त्री [उपसंख्या] यथावस्थित पदार्थ-ज्ञान; (सूत्र २, १६)।

उवसंगह सक [उपसं+ग्रह्] उपकार करना। कर्म—उवसंगहिज्जइ ; (स १६१)।

उवसंघर सक [उपसं+हृ] उपसंहार करना। उवसंघरमि; (भवि)।

उवसंघरिय देखो **उवसंहरिय** ; (भवि)।

उवसंघिय वि [उपसंहृत] जिसका उपसंहार किया गया हो वह, समापित ; (विसे १०११)।

उवसंचि सक [उपसं+चि] संचय करना। संकृ—**उवसंचिवि** ; (सण)।

उवसंठिय वि [उपसंस्थित] १ समीप में स्थित; २ उपस्थित ; (सण)।

उवसंत वि [उपशान्त] १ क्रोधादि-विकार-रहित; (सूत्र १, ६; धर्म ३)। २ नष्ट, अपगत; "उवसंतरयं करेह" (राय)। ३ पुं. ऐरवत क्षेत्र के स्वनाम-धन्य एक तीर्थङ्कर-देव; (पव ७)। °**मोह** पुं [°मोह] ग्यारहवाँ गुण-स्थानक ; (सम २६)।

उवसंति स्त्री [उपशान्ति] उपशम ; (आचा)।

उपसंधारिय वि [उपसंधारित] संकल्पित; (निचू १)।

उवसंपज्ज [उपसं+पद्] १ समीप में जाना। २ स्वीकार करना। ३ प्राप्त करना। उवसंपज्जइ; (स १६१)। वकृ—**उवसंपज्जंत**; (वव १)। संकृ—**उवसंपज्जित्ता, उवसंपज्जित्ताणं** ; (कप्प ; उवा)। हेकृ—**उवसंपज्जिउं**; (बृह १)।

उवसंपण्ण वि [उपसंपन्न] १ प्राप्त ; २ समीप-गत ; (धर्म ३)।

उवसंपया स्त्री [उपसंपद्] १ ज्ञान वगैरः को प्राप्ति के लिए दूसरे गुर्वादि के पास जाना; (धर्म ३)। २ अन्य गुरु आदि की सत्ता का स्वीकार करना ; (ठा ३, ३)। ३ लाभ, प्राप्ति; (उत्त २६)।

उवसंहरिय वि [उपसंहृत] हटाया हुआ "वंतेण य उवसहरिया माया" (महा)।

उवसंहार पुं [उपसंहार] १ समाप्ति ; २ उपनय ; (श्रा ३६)।

उवसग्ग पुं [उपसर्ग] १ उपद्रव, बाधा ; (ठा १०)। २ अव्यय-विशेष, जो धातु के पूर्व में जोड़े जाने से उस धातु के अर्थ की विशेषता करता है ; (पण्ह २, २)।

उवसग्ग वि [दे] मन्द, आलसी; (दे १, ११३)।

उवसज्जण न [उपसर्जन] १ अ-प्रधान, गौण ; (विसे २२६२)। २ सम्बन्ध ; (विसे ३००५)।

उवसत्त वि [उपसक्त] विशेष आसक्ति वाला, (उत्त ३२)।

उवसद्द पुं [उपशब्द] सुरत-समय का शब्द ; (तंदु)।

उवसप्प सक [उप+सृप्] समीप जाना। संकृ—**उवसप्पिऊण**; (महा ; स ५२६)।

उवसप्पि वि [उपसर्पिन्] समीप में जाने वाला; (भवि)।

उवसप्पिय वि [उपसर्पित] पास गया हुआ; (पाअ)।

उवसम पुं [उप+शम्] १ क्रोध-रहित होना। २ शान्त होना, ठंढ़ा होना। ३ नष्ट होना। उवसमइ ; (कप्प; कस; महा)। कृ—**उवसमियव्व**; (कप्प)। प्रयो—उवसमेइ; (विसे १२८४), उवसमावेइ ; (पि ५५२) ; कृ—**उवसमावियव्व**; (कप्प)।

उवसम पुं [उपशम] १ क्रोध का अभाव, क्षमा; (आचा)। २ इन्द्रिय-निग्रह ; (धर्म ३)। ३ पन्द्रहवाँ दिवस; (चंद १०)। ४ मुहूर्त्त-विशेष ; (सम ५१)। °**सम्म** न [°सम्यक्त्व] सम्यक्त्व-विशेष ; (भग)।

उवसमणा स्त्री [उपशमना] आत्मिक प्रयत्न विशेष, जिससे कर्म-पुद्गल उदय-उदीरणादि के अयोग्य बनाये जाँय वह ; (पंच)।

उवसमि वि [उपशमिन्] उपशम वाला ; (विसे ५३० टी)।

उवसमिय वि [उपशमित] उपशम-प्राप्त ; (भवि)।

उवसमिय वि [औपशमिक] १ उपशम से होने वाला; २ उपशम से संबन्ध रखने वाला ; (सुपा ६४८)।

उवसाम सक [उप+शमय्] १ शान्त करना। २ रहित करना। उवसामेइ ; (भग)। वकृ—**उवसामेमाण**; (राज) कृ—**उवसामियव्व** ; (कप्प)। संकृ—**उवसामइत्तु** ; (पंच)।

उवसाम देखो **उवसम** ; (विसे १३०६)।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उवसामग वि [**उपशमक**] १ क्रोधादि को उपशान्त करने वाला ; (विसे ५२६; आव ४) । २ उपशम से संबन्ध रखने वाला ; " उवसामगसेढिगयस्स होइ उवसामगं तु सम्मत्तं " (विसे २७३५) ।

उवसामण न [**उपशमन**] उपशान्ति, उपशम ; (स ४६६) ।

उवसामणया स्त्री [**उपशमना**] उपशम ; (ठा ८) ।

उवसामय देखो **उवसामग** ; (सम २६; विसे १३०२)।

उवसामिय वि [**औपशमिक**] १ उपशम-संबन्धी ; २ भाव-विशेष ; " मोहोवसमसहावो, सव्वो उवसामिओ भावो " (विसे ३४६४)। ३ सम्यक्त्व-विशेष ; (विसे ५२६) ।

उवसामिय वि [**उपशमित**] शान्त किया हुआ ; (वव १)।

उवसाह सक [**उप+कथ्**] कहना । उवसाहइ; (सण)।

उवसाहण वि [**उपसाधन**] निष्पादक ; (सण) ।

उवसाहिय वि [**उपसाधित**] तय्यार किया हुआ; (पउम ३४, ८ ; सण) ।

उवसित्त वि [**उपसिक्त**] सिक्त, छिटका हुआ; (रंभा)।

उवसिलोअ सक [**उपश्लोकय्**] वर्णन करना, प्रशंसा करना। कृ—**उवसिलोअइदव्व** (शौ) ; (मुद्रा १६८) ।

उवसुत्त वि [**उपसुप्त**] सोया हुआ ; (से १५, ११) ।

उवसुद्ध वि [**उपशुद्ध**] निर्दोष ; (सूत्र १, ७) ।

उवसूइय वि [**उपसूचित**] संसूचित ; (सण) ।

उवसेर वि [**दे**] रति-योग्य ; (दे १, १०४) ।

उवसेवय वि [**उपसेवक**] सेवा करने वाला, भक्त; (भवि)।

उवसोभ अक [**उप+शुभ्**] शोभना, विराजना । वकृ—**उवसोभमाण, उवसोभेमाण** ; (भग; णाया १, १) ।

उवसोभिय वि [**उपशोभित**] सुशोभित, विराजित; (औप)।

उवसोहा स्त्री [**उपशोभा**] शोभा, विभूषा ; (सुर ३, १०४) ।

उवसोहिय वि [**उपशोधित**] निर्मल किया हुआ, शुद्ध किया हुआ ; (णाया १, १) ।

उवसोहिय देखो **उवसोभिय** ; (सुपा ५ ; भवि ; सार्ध ६६)।

उवस्सग्ग देखो **उवसग्ग** ; (कस) ।

उवस्सय पुं [**उपाश्रय**] जैन साधुओं को निवास करने का स्थान ; (सम १८८ ; ओघ १७ भा ; उप ६४८ टी) ।

उवस्सा स्त्री [**उपाश्रा**] द्वेष; (वव १) ।

उवस्सिय वि [**उपाश्रित**] १ द्वेषी ; (वव १) । २ अङ्गीकृत ; ३ समीप में स्थित; ४ न. द्वेष ; (राज) ।

उवह स [**उभय**] दोनों, युगल; (कुमा; हे २, १३८)।

उवह अ [**दे**] 'देखो' अर्थ को बतलाने वाला अव्यय; (षड्)।

उवहट्ट सक [**समा+रभ्**] शुरू करना, आरम्भ करना। उवहट्टइ ; (षड्) ।

उवहड वि [**उपहृत**] १ उपढौकित, उपस्थापित; (राज)। २ भोजन-स्थान में अर्पित भोजन ; (ठा ३, ३) ।

उवहण सक [**उप+हन्**] १ विनाश करना । २ आघात पहुँचाना । उवहणइ ;(उव) । कर्म—उवहम्मइ ; (षड्)। वकृ—**उवहणंत** ; (राज) ।

उवहणण न [**उपहनन**] १ आघात ; २ विनाश ; (ठा १०) ।

उवहत्थ सक [**समा+रच्**] १ रचना, बनाना । २ उत्तेजित करना । उवहत्थइ ; (हे ४, ६५) ।

उवहत्थिय वि [**समारचित**] १ बनाया हुआ; २ उत्तेजित; (कुमा) ।

उवहम्म° देखो **उवहण** ।

उवहय वि [**उपहत**] १ विनाशित ; (प्रासू १३५) । २ दूषित ; (बृह १) ।

उवहर सक [**उप+हृ**] १ पूजा करना । २ उपस्थित करना। ३ अर्पण करना । उवहरइ; (हे ४, २५६)। भूका—उवहरिंसु; (ठा ६) ।

उवहस सक [**उप+हस्**] उपहास करना, हाँसी करना। कृ—**उवहसणिज्ज**; (स ३) ।

उवहसिअ वि [**उपहसित**] १ जिसका उपहास किया गया हो वह ; (पि १५५) । २ न. उपहास; (तंदु)।

उवहा स्त्री [**उपधा**] माया, कपट ; (धर्म ३) ।

उवहाण न [**उपधान**] १ तकिया, उसीसा; (दे १, १४०; सुर १२, २५; सुपा ४) । २ तपश्चर्या; (सूत्र १, ३; २, २१)। ३ उपाधि; "सच्चंपि फलिहरयणं उवहाणवसा कलिज्जए कालं" (उप ७२८ टी) ।

उवहार पुं [**उपहार**] १ भेंट, उपहार ; (प्रति ७४) । २ विस्तार, फैलाव ; "पहासमुदओवहारेहिं सव्वओ चेव दीवयंतं" (कप्प) ।

उवहारणया देखो **उवधारणया** ; (राज) ।

उवहारिअ वि [**उपधारित**] अवधारित, निश्चित; (सूत्र २)।

उवहारिआ } स्त्री [**दे**] दोहने वाली स्त्री; (गा ७३१; दे १, **उवहारी** } १०८) ।

उवहास पुं [**उपहास**] हाँसी, ठट्ठा ; (हे २, २०१)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उवहास वि [उपहास्य] हाँसी के योग्य,
"सुसमत्थो वि हु जो, जणयअज्जियं संपयं निसेवेइ ।
सो अम्मि! ताव लोए, ममंव उवहासयं लहइ" (सुर १, २३२)।

उवहासणिज्ज वि [उपहसनीय] हास्यास्पद ; (पउम १०६, २०) ।

उवहि पुं [उदधि] समुद्र, सागर ; (से ५, ४०; ४२; भवि)।

उवहि पुंस्त्री [उपधि] १ माया, कपट ; (आचा) । २ कर्म; (सूत्र १, २) । ३ उपकरण, साधन ; "तिविहा उवही पण्णत्ता" (ठा ३ ; ओघ २) ।

उवहिय वि [उपहित] १ उपढौकित, अर्पित ; २ निहित, स्थापित ; (आचा; विसे ६३७)। ३ न. उपढौकन, अर्पण ; (निचू २०) ।

उवहिय वि [औपधिक] माया से प्रच्छन्न विचरने वाला ; (णाया १, २) ।

उवहुंज सक [उप+भुज्] उपभोग करना, कार्य में लाना । उवहुंजइ ; (पि ५०७) । कवकृ—**उवहुज्जंत** ; (पि ५४६) ।

उवहुत्त देखो **उवभुत्त** ; (पाअ ; से १०, ४५) ।

उवाइण सक [उप + याच्]:मनौती करना, किसी काम के पूरा होने पर किसी देवता की विशेष आराधना करने का मानसिक संकल्प करना । हेकृ—"जति णं अहं देवाणुप्पिया ! दारगं वा दारियं वा पयामि, ताणं अहं तुब्भं जायं च दायं च भागं च अक्खयणिहिं च अणुवड्ढेस्सामि त्ति कट्टु ओवाइयं **उवाइणित्तए** " (विपा १, ७) ।

उवाइण सक [उपा+दा] १ ग्रहण करना । २ प्रवेश करना । हेकृ—**उवाइणित्तए**; (ठा ३); प्रयो—"तं सेयं खलु मम जितसत्तुस्स रण्णो संताणं तच्चाणं तहियाणं अवितहाणं सब्भूताण जिणपण्णत्ताणं भावाणं अभिगमणट्ठयाए एयमट्ठं **उवाइणावित्तए** " (णाया १, १२) ।

उवाइणाव सक [अति+क्रम्] १ उल्लंघन करना । २ गुजारना, पसार करना । उवाइणावेइ; वकृ—**उवाइणावेंत**; हेकृ—**उवाइणावेत्तए** ; (कस) ; **उवाइणावित्तए** ; (कप्प) । "से गामंसि वा जाव संनिवेसंसि वा बहिया से णं संनिविट्ठं पेहाए कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा तद्दिवसं भिक्खायरियाए गंतूण पडिनियत्तए; नो से कप्पइ तं रयणिं तत्थेव उवाइणावेत्तए। जे खलु निग्गंथे वा निग्गंथी वा तं रयणिं तत्थेव उवाइणावेइ, उवाइणावेंतं वा साइज्जइ, से दुहओ वीइक्कममाणे आवज्जइ चउम्मासियं परिहारट्ठाणं अणुग्घाइयं" (कस) । "नो से कप्पइ तं रयणिं उवाइणावित्तए" (कप्प) ।

उवाइणाविय वि [अतिक्रान्त] १ उल्लङ्घित । २ गुजारा हुआ, पसार किया हुआ, बिताया हुआ; "नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा असणं वा ४ पढमाए पोरुसीए पडिग्गाहेत्ता पच्छिमं पोरुसिं उवाइणावेत्तए । से य आहच्च उवाइणाविए सिया, तं नो अप्पणा भुंजेज्जा" (कस) ।

उवाइय देखो **उवयाइय** ; (णाया १, २ ; सुपा १० ; महा) ।

उवाई स्त्री [उलावकी] पोताकी-नामक विद्या की प्रतिपक्षभूत एक विद्या ; (विसे २४५४) ।

उवाएज्ज } वि [उपादेय] ग्राह्य, ग्रहण करने योग्य ;
उवाएय } (विसे ; स १४८) ।

उवागच्छ } सक [उपा+गम्] समीप में आना । उवागच्छइ ;
उवागम } (भग; कप्प)। भवि—उवागमिस्संति; (आचा २, ३, १, २) संकृ—**उवागच्छित्ता** ; (भग; कप्प)। हेकृ—**उवागच्छित्तए** ; (कप्प) ।

उवागम पुं [उपागम] समीप में आगमन ; (राज) ।

उवागमण न [उपागमन] १ समीप में आगमन । २ स्थान, स्थिति ; (आचानि ३११) ।

उवागय वि [उपागत] १ समीप में आया हुआ ; (आचा २, ३, १, २) । २ प्राप्त; "एगदिवसंपि जीवो पवज्जमुवागओ अणन्नमणो" (उव) ।

उवाडिय वि [उत्पाटित] उखेड़ा हुआ ; (विपा १, ६)।

उवाणया } स्त्री [उपानह्] जूता; (षड्)। "पुव्वमुत्तारि-
उवाणहा } याओ उवाणहाओ पएसु ठवियाओ" (सुपा ६१०; सूत्र १, ४, २, ६) ।

उवादा सक [उपा+दा] ग्रहण करना । कर्म—उवादीयंति; (भग)। संकृ—**उवादाय, उवादिएत्ता** ; (भग) । कवकृ—**उवादीयमाण** ; (आचा २) ।

उवादाण न [उपादान] १ ग्रहण, स्वीकार । २ कार्यरूप में परिणत होने वाला कारण ; ३ जिसका ग्रहण किया जाय वह, ग्राह्य; "नाओवादाणे च्चिय मुच्छा लोभोत्ति तो रागो" (विसे २६७०) ।

उवादिय वि [उपजग्ध] उपभुक्त ; (राज) ।

उवाय पुं [उपाय] १ हेतु, साधन ; (उत्त ३२) । २ दृष्टान्त, "उवाओ सो साधम्मेण य विधम्मेण य" (आचू १)। ३ प्रतीकार ; (ठा ४,३) ।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उवाय सक [उप+याच्] मनौती करना। वकृ—**उवायमाण**; (णाया १, २; १७)।

उवायण न [उपायन] भेंट, उपहार, नज़राना; (उप २४५; सुपा २२४; ४१०; गउड)।

उवायणाव देखो **उवाइणाव**। उवायणावेइ; वकृ—**उवायणावेंत**; हेकृ—**उवायणावेत्तए**; (कस); **उवायणावित्तए**; (कप्प)।

उवायाण देखो **उवादाण**; (अच्चु १२; स २; विसे २९७६)।

उवायाय वि [उपायात] समीप में आया हुआ; (निर १,१)।

उवारूढ वि [उपारूढ] आरूढ; (स ३३१)।

उवालंभ सक [उपा+लभ्] उलहना देना। उवालंभइ; (कप्प)। वकृ—**उवालंभंत**; (पउम १६, ४१) संकृ—**उवालंभित्ता**; (बृह ४)। कृ—**उवालंभणिज्ज**; (माल १५५)।

उवालंभ पुं [उपालम्भ] उलहना; (णाया १, १; मा ४)।

उवालद्ध वि [उपालब्ध] जिसको उलहना दिया गया हो वह "उवालद्धो य सो सिवो बंभणेणे" (निचू १; माल १६७)।

उवालह सक [उपा+लभ्] उलहना देना। भवि—उवालहिस्सं; (प्राप)।

उवास सक [उप+आस्] उपासना करना, सेवा करना। सुस्सूसमाणो उवासेज्जा सुपण्णं सुतवस्सियं" (सूअ १, ९)। वकृ—**उवासमाण**; (ठा ६)।

उवास पुं [अवकाश] खाली जगह, आकाश; (ठा २, ४; ८; भग)।

उवासग वि [उपासक] १ उपासना करने वाला, सेवक; २ पुं. श्रावक, जैन गृहस्थ; (उत्त २)। °**दसा** स्त्री [°दशा] सातवाँ जैन अंग-ग्रन्थ; (सम १)। °**पडिमा** स्त्री [°प्रतिमा] श्रावकों को करने योग्य नियम-विशेष; (उत्त २)।

उवासण न [उपासन] उपासना, सेवा; (स ५४३; मै ८६)।

उवासणा स्त्री [उपासना] १ क्षौर-कर्म, हजामत वगैरहः सफाई; २ सेवा, शुश्रूषा "उवासणा मंसुकम्ममाइया, गुरुराईणं वा उवासणा पज्जुवासणया" (आवम)।

उवासय देखो **उवासग**; (सम ११९)।

उवासय पुं [उपाश्रय] जैन मुनिओं का निवास-स्थान; (उप १४२ टी)।

उवासिय वि [उपासित] सेवित; (पउम ६९, ४२)।

उवाहण सक [उपा+हन्] विनाश करना, मारना। वकृ—**उवाहणंत**; (पराह १, २)।

उवाहणा देखो **उवाणहा**; (अनु; णाया १, १५)।

उवाहि पुंस्त्री [उपाधि] १ कर्म-जनित विशेषण; (आचा)। २ सामीप्य, संनिधि; (भग १, १)। ३ अस्वाभाविक धर्म; "सुद्धोवि फलिहमणी उपाहिवसओ धरेइ अन्नत्तं" (धम्म ११ टी)।

उवि सक [उप+इ] १ समीप आना। २ स्वीकार करना। ३ प्राप्त करना। उविंति; (भग)। वकृ—**उविंत**; (पि ४९३; प्रामा)।

उविअ देखो **अविअ**=अपिच; (स २०९)।

उविअ वि [उपेत] युक्त, सहित; (भवि)।

उविअ न [दे] शीघ्र, जल्दी; (दे १, ८९)। २ वि. परिकर्मित, संस्कारित; " णाणामणिकणगरयणविमलमहरिहनिउणोवियमिसिमिसितविरइयसुसिलिट्ठविसिट्ठलट्ठसंठियपसत्थआविद्धवीरवलए " (णाया १, १)।

उविंद पुं [उपेन्द्र] कृष्ण; (कुमा)। °**वज्जा** स्त्री [°वज्रा] ग्यारह अक्षरों के पाद वाला एक छन्द; (पिंग)।

उविक्ख सक [उप+ईक्ष्] उपेक्षा करना, अनादर करना। वकृ—**उविक्खमाण**; (द्र १६)।

उविक्खा स्त्री [उपेक्षा] उपेक्षा, अनादर; (काल)।

उविक्खिय वि [उपेक्षित] तिरस्कृत, अनादृत; (सुपा ३९५)।

उविक्खेव पुं [उद्विक्षेप] हजामत, मुण्डन; (तंदु)।

उवियग्ग वि [उद्विग्न] खिन्न, उद्वेग-प्राप्त; (राज)।

उवीव अक [उद्+विच्] उद्वेग करना, खिन्न होना। उवीवइ; (नाट)।

उवुज्झमाण देखो **उव्वह**।

उवे देखो **उवि**। उवेइ, उवेंति; (औप)। वकृ—**उवेंत**; (महा)। संकृ—**उवेच्च**; (सूअ १, १४)।

उवेक्ख देखो **उविक्ख**। उवेक्खह; (सुपा ३५४)। कृ—**उवेक्खियव्व**; (स ९०)।

उवेक्खिअ देखो **उविक्खिय**; (गा ४२०)।

उवेच्च देखो **उवे**।

उवेय वि [उपेत] १ समीप-गत; २ युक्त, सहित; (संथा ९)।

उवेय वि [उपेय] उपाय-साध्य; (राज)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उवेल्ल अक [**प्र+सृ**] फैलना, प्रसारित होना । उवेल्लइ; (हे ४, ७७) ।

उवेह सक [**उप+ईक्ष्**] उपेक्षा करना, तिरस्कार करना, उदासीन रहना । उवेहइ ; (धम्म १६) । वकृ—**उवेहंत, उवेहमाण** ; (स ४६ ; ठा ६) । कृ—**उवेहियव्व** ; (सण) ।

उवेह सक [**उत्प्र+ईक्ष्**] १ जानना; समझना । २ निश्चय करना । ३ कल्पना करना । उवेहाहि ; वकृ—**उवेहमाण** ; "उवेहमाणे अणुवेहमाणं बूया, उवेहाहि समियाए" (आचा)। संकृ—**उवेहाए** ; (आचा)।

उवेहा स्त्री [**उपेक्षा**] तिरस्कार, अनादर, उदासीनता ; (सम ३२) । °**कर** वि [°**कर**] उपेक्षक, उदासीन ; (आ २८) ।

उवेहा स्त्री [**उत्प्रेक्षा**] १ ज्ञान, समझ । २ कल्पना । ३ अवधारण, निश्चय ; (औप) ।

उवेहिय वि [**उपेक्षित**] अनादृत, तिरस्कृत ; (उप १२६ ; सुपा १३५) ।

°**उव्व** देखो **पुव्व** ; (गा ४१४) ।

उव्वंत वि [**उद्वान्त**] १ वमन किया हुआ ; २ निष्क्रान्त, निर्गत ; (अभि २०६) ।

उव्वक्क सक [**उद् + वम्**] १ बाहर निकालना । २ वमन करना । हेकृ—**उव्वक्किउं** ; (सुपा १३६) ।

उव्वक्क, **उव्वक्किय** वि [**उद्वान्त**] १ बाहर निकाला हुआ ; (वव १) । २ वमन किया हुआ ;
"संतोसामयपाणं, काउं उव्वक्कियं हयासेण ।
जं गहिऊणं विरई, कलंकिया मोहमूढेण" (सुपा ४३५)।

उव्वग्ग देखो **ओवग्ग** । संकृ—**उव्वग्गिवि** ; (भवि) ।

उव्वट्ट उभ [**उद्+वृत्, वर्त्तय्**] १ चलना-फिरना । २ २ मरना, एक गति से दूसरी गति में जन्म लेना । ३ पिष्टिका आदि से शरीर के मल को दूर करना । ४ कर्म-परमाणुओं की लघु स्थिति को हटा कर लम्बी स्थिति करना । ५ पार्श्व को चलाना-फिराना । ५ उत्पन्न होना, उदित होना । उव्वट्टइ ; (भग)। वकृ—**उव्वट्टंत, उव्वट्टमाण; उअत्तंत**; (भग ; नाट ; उत्तर १०७; बृह १)। संकृ—**उव्वट्टित्ता, उहट्टु, उव्वट्टिय**; (जीव १; विपा १, १; आचा २, ७; स २०६) । —**उव्वट्टित्तए** ; (कस) ।

उव्वट्ट देखो **उव्वट्टिय**=उद्वृत्त ; (भग) ।

उव्वट्ट वि [**दे**] १ नीराग, राग-रहित; २ गलित ; (दे १, १२६) ।

उव्वट्टण न [**उद्वर्त्तन**] १ शरीर पर से मल वगैरः को दूर करना; २ शरीर को निर्मल करने वाला द्रव्य—सुगन्धि वस्तु; (उवा; गाया १, १३)। ३ दूसरे जन्म में जाना, मरण ; ४ पार्श्व का परिवर्तन; (आव ४) । ५ कर्म-परमाणुओं की ह्रस्व स्थिति को दीर्घ करना ; (पंच)।

उव्वट्टण न [**अपवर्त्तन**] देखो **उव्वट्टणा**=अपवर्तना; (विसे २५१४) ।

उव्वट्टणा स्त्री [**उद्वर्त्तना**] १ मरण, शरीर से जीव का निकलना ; (ठा २, ३) । २ पार्श्व का परिवर्तन; (आव ४)। ३ जीव का एक प्रयत्न, जिससे कर्म-परमाणुओं की लघु स्थिति दीर्घ होती है, करण-विशेष ; (भग ३१, ३२) ।

उव्वट्टणा स्त्री [**अपवर्त्तना**] जीव का एक प्रयत्न, जिससे कर्मों की दीर्घ स्थिति का ह्रास होता है; (विसे २५१५ टी)।

उव्वट्टिय वि [**उद्वृत्त**] किसी गति से बाहर निकला हुआ, मृत; "आउक्खएण उव्वट्टिया समाणा" (पण्ह १, १) ।

उव्वट्टिय वि [**उद्वर्त्तित**] १ जिसने किसी भी द्रव्य से शरीर पर का तैल वगैरः का मैल दूर किया हो वह; 'तओ तत्थट्ठिओ चेव अब्भंगिओ उव्वट्टिओ उण्हखलउदगेहिं पमज्जिओ" (महा)। २ प्रच्यावित, किसी पद से भ्रष्ट किया हुआ ; (पिंड) ।

उव्वड्ढ वि [**उद्वृद्ध**] वृद्धि-प्राप्त ; (आवम) ।

उव्वण वि [**उल्वण**] प्रचण्ड, उद्भट; (उप पृ ७०; गउड; धम्म ११ टी) ।

उव्वत्त देखो **उव्वट्ट**=उद्+वृत्। उव्वत्तइ; (पि २८६)। वकृ—**उव्वत्तंत, उव्वत्तमाण**; (से ५, ४२; स २५८; ६२७)। कवकृ—**उव्वत्तिज्जमाण**; (गाया १, ३) संकृ—**उव्वत्तिवि** ; (भवि) ।

उव्वत्त देखो **उव्वट्ट** (दे)।

उव्वत्त वि [**उद्वृत्त**] १ उत्तान, चित्त; (से ५, ६२) । २ उल्लसित ; (हे ४, ४३४) । ३ जिसने पार्श्व को घुमाया हो वह ; (आव ३)। ४ ऊर्ध्व-स्थित; "सो उव्वत्तविसाणो खंधवसभो जाओ" (महा) । ५ घुमाया हुआ, फिराया हुआ; (प्राप) ।

उव्वत्त वि [**अपवृत्त**] उलटा रहा हुआ, विपरीत स्थित ; (से १, ६१) ।

उव्वत्तण न [**उद्वर्त्तन**] १ पार्श्व का परिवर्तन; (गा २८३; निचू ४) । २ ऊँचा रहना, ऊर्ध्व-वर्त्तन; (ओघ १६ भा)।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उव्वत्तिय वि [**उद्वर्त्तित**] १ परिवर्तित, चक्राकार घुमा हुआ; (स ८५); "भमियं व वणतरूहिं उव्वत्तियं व सयलवसुहाए" (सुर १२, १६६) ।

उव्वद्ध देखो **उव्वड्ढ** ; (महा) ।

उव्वम सक [**उद्+वम्**] उलटी करना, पीछा निकाल देना । वकृ—**उव्वमंत** ; (से ५, ६ ; गा ३४१) ।

उव्वमिअ वि [**उद्वान्त**] उलटी किया हुआ, वमन किया हुआ ; (पाअ) ।

उव्वर अक [**उद्+वृ**] शेष रहना, बच जाना ; "तुम्हाण देंताण जमुव्वरेइ देज्जाह साहूण तमायरेण" (उप २११ टी)। वकृ—**उव्वरंत** ; (नाट) ।

उव्वर पुं [**दे**] घर्म, ताप ; (दे १, ८७) ।

उव्वरिअ वि [**दे**] १ अधिक, बचा हुआ, अवशिष्ट ; (दे १, १३२; पिंग; गा ४७४; सुपा ११, ५३२; ओघ १६८ भा) । २ अनीप्सित, अनभीष्ट ; ३ निश्चित ; ४ अगणित; ५ न. ताप, गरमी; (दे १, १३२)। ६ वि. अतिक्रान्त, उल्लङ्घित ; "परदव्वहरणविरया निरयाइदुहाण ते खलुव्वरिया" (सुपा ३६८) ।

उव्वरिअ न [**अपवरिका**] कोठरी, छोटा घर; (सुर १४, १७४) ।

उव्वल सक [**उद्+वल्**] १ उपलेपन करना । २ पीछे लौटना । हेकृ—**उव्वलित्तए** ; (कस) ।

उव्वलण न [**उद्वलन**] १ शरीर का उपलेपन-विशेष ; (णाया १, १; १३) । २ मालिश, अभ्यङ्गन ; (बृह ३, औप) ।

उव्वलिय वि [**उद्वलित**] पीछे लौटा हुआ ; (महा) ।

उव्वस वि [**उद्वस**] उजाड़, वसति-रहित ; (सुपा १८८; ४०६) ।

उव्वसिय वि [**उद्वसित**] ऊपर देखो ; (गा १६४ ; सुर २, ११६ ; सुपा ५४१) ।

उव्वसी स्त्री [**उर्वशी**] १ एक अप्सरा ; (सण) । २ रावण की एक स्वनाम-ख्यात पत्नी ; (पउम ७४, ८) ।

उव्वह सक [**उद्+वह्**] १ धारण करना । २ उठाना । उव्वहइ ; (महा) । वकृ—**उव्वहंत, उव्वहमाण** ; (पि ३६७; से ६, ५)। कवकृ—**उव्वुज्झमाण**; (णाया १,९)।

उव्वहण न [**उद्वहन**] १ धारण ; २ उत्थापन ; (गउड; नाट) ।

उव्वहण न [**दे**] महान् आवेश ; (दे १, ११०) ।

उव्वा स्त्री [**दे**] घर्म, ताप ; (दे १, ८७) ।

उव्वा } अक [**उद्+वा**] १ सूखना, शुष्क होना ।
उव्वाअ } उव्वाइ, उव्वाअइ ; (षड् ; हे ४, २४०) ।

उव्वाअ वि [**उद्वात**] शुष्क, सूखा ; (गउड) ।

उव्वाअ } वि [**दे**] खिन्न, परिश्रान्त ; (दे १, १०२ ;
उव्वाइअ } बृह १; वव ४; पाअ; गा ७५८; सुपा ४३६) ।

उव्वाउल न [**दे**] १ गीत ; २ उपवन, बगीचा ; (दे १, १३४) ।

उव्वाडुल न [**दे**] १ विपरीत सुरत; २ मर्यादा-रहित मैथुन; (दे १, १३३) ।

उव्वाढ वि [**दे**] १ विस्तीर्ण, विशाल ; २ दुःख रहित ; (दे १, १२६) ।

उव्वार (अप) सक [**उद्+वर्तय्**] त्याग करना, छोड़ देना । कर्म—उव्वारिज्जइ ; (हे ४, ४३८) ।

उव्वाल सक [**कथ्**] कहना, बोलना । उव्वालइ; (षड्)।

उव्वास सक [**उद्+वासय्**] १ दूर करना । २ देश-निकाल करना । ३ उजाड़ करना । उव्वासइ; (नाट; पिंग)।

उव्वासिय वि [**उद्वासित**] १ उजाड़ किया हुआ; (पउम २७, ११) । २ देश-बाहर किया हुआ ; (सुपा ५४२)। ३ दूर किया हुआ ; (गा १०६) ।

उव्वाह पुं [**दे**] घर्म, ताप ; (दे १, ८७) ।

उव्वाह पुं [**उद्वाह**] बीवाह ; (मै २१) ।

उव्वाह सक [**उद्+बाधय्**] विशेष प्रकार से पीडित करना । कवकृ—**उव्वाहिज्जमाण** ; (आचा; णाया १, २) ।

उव्वाहिअ वि [**दे**] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ; (दे १, १०६)।

उव्वाहुल न [**दे**] १ उत्सुकता, उत्कण्ठा ; (भवि ; दे १, १३६) । २ वि. द्वेष्य, अप्रीतिकर ; (दे १, १३६) ।

उव्वाहुलिय वि [**दे**] उत्सुक, उत्कण्ठित ; (भवि) ।

उव्विआइअ वि [**उद्वेदित**] उत्पीडित ; (से १३, २६)।

उव्विक्क न [**दे**] प्रलपित, प्रलाप ; (षड्) ।

उव्विग्ग वि [**उद्विग्न**] १ खिन्न; २ भीत, घबड़ाया हुआ; (हे २, ७९) ।

उव्विग्गिर वि [**उद्वेगशील**] उद्वेग करने वाला ; (वाका ३८) ।

उव्विड वि [**दे**] १ चकित, भीत ; २ क्लान्त, क्लेश-युक्त; (षड्) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उव्विडिम वि [**दे**] १ अधिक प्रमाण वाला ; २ मर्यादा-रहित, निर्लज्ज ; (दे १, १३४)।

उव्विण्ण देखो **उव्विग्ग** ; (पि २१६)।

उव्विद्ध वि [**उद्विद्ध**] १ ऊँचा गया हुआ, उच्छ्रित ; (पण्ह १, ४)। २ गभीर, गहरा ; (सम ४४; गाया १, १)। ३ विद्ध; "कोलयसएहिं धरणियले उव्विद्धो" (संथा ८७)।

उव्विन्न देखो **उव्विग्ग** ; (हे २, ७९ ; सुर ४, २४८)।

उव्विय अक [**उद्+विज्**] उद्वेग करना, उदासीन होना, खिन्न होना। "को उव्विएज्ज नरवर ! मरणस्स अवस्स गंतव्वे" (स १२९)। वकृ—**उव्वियमाण**; (स १३६)।

उव्वियणिज्ज वि [**उद्वेजनीय**] उद्वेग-प्रद ; (पउम १६, ३९ ; सुपा ५९७)।

उव्विरेयण न [**उद्विरेचन**] खाली करना। "एवं च भरिउव्विरेयणं कुव्वंतस्स" (काल)।

उव्विल्ल अक [**उद्+वेल्**] १ चलना, काँपना। २ वेष्टन करना। वकृ—**उव्विल्लंत, उव्विल्लमाण**; (सुपा ८८; उप पृ ७७)।

उव्विल्ल अक [**प्र+सृ**] फैलना, पसरना। उव्विल्लइ; (भवि)।

उव्विल्ल वि [**उद्वेल**] चञ्चल, चपल ; (सुपा ३४)।

उव्विल्लिर वि [**उद्वेलितृ**] चलने वाला, हिलने वाला ; (सुपा ८८)।

उव्विव अक [**उद्+विज्**] उद्वेग करना, खिन्न होना; उव्विवइ ; (षड्)।

उव्विव्व वि [**दे**] १ क्रुद्ध , क्रोध युक्त ; (षड्)। २ उद्भट वेष वाला ; (पात्र)।

उव्विह सक [**उत्+व्यध्**] १ ऊँचा फेंकना। २ ऊँचा जाना, उडना। 'से जहाणामए केइ पुरिसे उसुं उव्विहइ' (पि १२९)। वकृ—"मणसावि उव्विहंताइं अणेगाइं आससयाइं पासंति" (गाया १, १७ टी—पत्र २३१)। वकृ—**उव्विहमाण** ; (भग १६)। संकृ—**उव्विहित्ता**; (पि १२९)।

उव्विह पुं [**उद्विह**] स्वनाम-ख्यात एक आजीविक मत का उपासक ; (भग ८, ५)।

उव्वी स्त्री [**ऊर्वी**] पृथिवी ; (से २, ३०)। °**स** पुं [°**श**] राजा ; (कुमा)।

उव्वीढ देखो **उव्वूढ** ; (कुमा ; हे १, १२०)।

उव्वीढ वि [**दे**] उत्खात, खोदा हुआ ; (दे १, १००)।

उव्वीड वि [**उद्विद्ध**] उच्छ्रित ; " तस्स उसुस्स उव्वीडस्स समाणस्स " (पि १२९)।

उव्वील सक [**अव+पीडय्**] पीडा पहुँचाना, मार-पीट करना। वकृ—**उव्वीलेमाण** ; (राज)।

उव्वीलय वि [**अपव्रीडक**] लज्जा-रहित करने वाला, शिष्य को प्रायश्चित लेने में शरम को दूर करने का उपदेश देने वाला (गुरु) ; (भग २५, ७ ; द ४९)।

उव्वुण्ण } वि [**दे**] १ उद्विग्न ; २ उत्सिक्त ; ३ शून्य ;
उव्वुन्न } (दे १, १२३)। ४ उद्भट, उल्बण ; (दे १, १२३ ; सुर ३, २०५)।

उव्वूढ वि [**उद्व्यूढ**] १ धारण किया हुआ, पहना हुआ ; (कुमा)। २ ऊँचा लिया हुआ, ऊपर धारण किया हुआ; (से ५, ५४ ; ९, ११)। ३ परिणीत, कृत-विवाह ; (सुपा ४५९)।

उव्वेअणीअ वि [**उद्वेजनीय**] उद्वेग-कारक ; (नाट)।

उव्वेग पुं [**उद्वेग**] १ शोक, दिलगीरी ; (ठा ३, ३)। २ व्याकुलता ; (भग ३, ६)।

उव्वेढ सक [**उद्+वेष्ट्**] १ बाँधना। २ पृथक् करना, बन्धन-मुक्त करना। उव्वेढइ ; (षड्)। उव्वेढिज्ज ; (आचा २, ३, २. २)।

उव्वेढण न [**उद्वेष्टन**] १ बन्धन। २ वि. बन्धन-रहित किया हुआ ; (राज)।

उव्वेढिअ वि [**उद्वेष्टित**] १ बन्धन-रहित किया हुआ ; २ परिवेष्टित ; (दे ४, ४९)।

उव्वेत्ताल न [**दे**] अविच्छिन्न चिल्लाना, निरन्तर रोदन ; (दे १, १०१)।

उव्वेय देखो **उव्वेग** ; (कुमा; महा)।

उव्वेयग वि [**उद्वेजक**] उद्वेग-कारक ; (रयण ४०)।

उव्वेयणग } वि [**उद्वेजनक**] उद्वेग-जनक ; (आउ;
उव्वेयणय } पण्ह १, १)।

उव्वेल अक [**प्र+सृ**] फैलना। उव्वेलइ ; (षड्)।

उव्वेल वि [**उद्वेल**] उच्छलित ; (से २, ३०)।

उव्वेलिअ वि [**उद्वेलित**] फैला हुआ, प्रसृत ; (माल १४२)।

उव्वेल्ल देखो **उव्वेढ**। उव्वेल्लइ ; (हे ४, २२३)। कर्म—उव्वेल्लिज्जइ ; (कुमा)।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उव्वेल्ल सक [उद् + वेल्ल्] १ सत्वर जाना । २ त्याग करना । ३ ऊँचा उडना, ऊँचा जाना । ४ अक. फैलना, पसरना । वकृ—**उव्वेल्लंत** ; (पि १०७) ।

उव्वेल्ल वि [उद्वेल] १ उच्छलित, उछला हुआ "उव्वेल्ला सलिलनिही" (पउम ९, ७२) । २ प्रसृत, फैला हुआ; (पाअ) । ३ उद्भिन्न ; "हरिसवसुव्वेल्लपुलयाए" (स ६२५) ।

उव्वेल्लिअ वि [उद्वेल्लित] १ कम्पित ; (गा ६०५) । २ उत्सारित ; (बृह ३) । ३ प्रसारित ; (स ३३५) ।

उव्वेल्लिर वि [उद्वेल्लितृ] सत्वर जाने वाला; (कुमा) ।

उव्वेव देखो **उव्विव** । उव्वेवइ ; (षड्) ।

उव्वेव देखो **उव्वेग** ; (कुमा; सुर ४, ३९ ; ११, १६४) ।

उव्वेवग वि [उद्वेजक] उद्वेग-कारक,

"थद्धा छिद्दप्पेही, अवन्नवाई सयम्मई चवला ।
वंका कोहणसीला, सीसा उव्वेवगा गुरुणा" (उव) ।

उव्वेवणय वि [उद्वेजनक] उद्वेग-जनक; (पच्च ४५) ।

उव्वेवय देखो **उव्वेवग** ; (स २६२) ।

उव्वेसर पुं [उव्वेश्वर] इस नामका एक राजा ; (कुमा) ।

उव्वेह पुं [उद्वेध] १ ऊँचाई; (सम १०४) । २ गहराई ; (ठा १०) । ३ जमीन का अवगाह ; (ठा १०) ।

उव्वेहलिया स्त्री [उद्वेधलिका] वनस्पति-विशेष; (पराण १) ।

उसड्ढ वि [दे] ऊँचा ; (राय) ।

उसण पुं [उशनस्] ग्रह-विशेष, शुक्र, भार्गव ; (पाअ) ।

उसणसेण पुं [दे] बलभद्र ; (दे १, ११८) ।

उसत्त वि [उत्सक्त] ऊपर बँधा हुआ ; (णाया १, १) ।

उसन्न पुं [उत्सन्न] भ्रष्ट यति-विशेष की एक जाति ; (सं ६१) ।

उसप्पिणी देखो **उस्सप्पिणी** ; (जी ४० ; विसे २७०९) ।

उसभ पुं [ऋषभ, वृषभ] १ स्वनाम-ख्यात प्रथम जिन-देव ; (सम ४३ ; कप्प) २ बैल, साँढ; (जीव ३) । ३ वेष्टन-पट्ट; (पव २१६) । ४ देव-विशेष ; (ठा ८) । ५ ब्राह्मण-विशेष ; (उत्त १) । °**कंठ** पुं [°कण्ठ] १ बैल का गला ; २ रत्न-विशेष ; (जीव ३) । °**कूड** पुं [°कूट] पर्वत-विशेष; (ठा ८) । °**णाराय** न [°नाराच] संहनन-विशेष, शरीर-बन्ध-विशेष ; (पंच) । °**दत्त** पुं [°दत्त] ब्राह्मणकुण्ड ग्राम का रहने वाला एक ब्राह्मण, जिसके घर भगवान् महावीर अवतरे थे ; (कप्प) । °**पुर** न [°पुर] नगर-विशेष ; (विपा २, २) । °**पुरी** स्त्री. [°पुरी] एक राजधानी ; (ठा ८) । °**सेण** पुं [°सेन] भगवान् ऋषभ-देव के प्रथम गणधर ; (आचू १) ।

उसर (पै) पुंस्त्री [उष्ट्र] ऊँट ; (पि २५६) ।

उसलिअ वि [दे] रोमाञ्चित, पुलकित ; (षड्) ।

उसह देखो **उसभ** ; (हे १, १३१; १३३; १४१; षड् ; कुमा ; सम १५२ ; पउम ४, ३५) ।

उसा अ [उषस्] प्रभात-काल ; (गउड) ।

उसिण वि [उष्ण] गरम, तप्त ; (कप्प ठा ३,१) । २ पुंन. गरम स्पर्श; (उत्त १) । ३ गरमी, ताप; (उत्त २) ।

उसिय वि [उत्सृत] व्याप्त, फैला हुआ ; (सम १३७) ।

उसिय वि [उषित] रहा हुआ, निवसित ; (से ८,६३ ; भत्त १२८) ।

उसीर न [उशीर] सुगन्धि तृण-विशेष, खश ; (पण्ह २, ५) ।

उसीर न [दे] कमल-दण्ड, बिस ; (दे १, ९४) ।

उसु पुं (इषु) १ बाण, शर ; (सूअ १, ५,१) । २ धनुराकार क्षेत्र का बाण-स्थानीय क्षेत्र-परिमाण ;

"धणुवग्गाओ नियमा, जीवावग्गं विसोहइत्ताणं ।
सेसस्स छब्भागे, जं मूलं तं उसू होइ" (जो १) ।

°**कार**, °**गार**, °**यार** पुं [°कार] १ पर्वत-विशेष ; (सम ६६ ; ठा २, ३ ; राज) । २ इस नाम का एक राजा ; ३ स्वनाम-ख्यात एक पुरोहित; (उत्त १४) । ४ वि. बाण बनाने वाला ; (राज) । ५ स्वनाम-ख्यात एक नगर ; (उत्त १४) ।

उसुअ पुं [दे] दोष, दूषण ; (दे १, ८९) ।

उसुअ वि [उत्सुक] उत्कण्ठित ; (सुपा २२४) ।

उसुयाल न [दे] उदूखल ; (राज) ।

उसूलग पुं [दे] परिखा, शत्रु-सैन्य का नाश करने के लिए ऊपर से आच्छादित गर्त्त विशेष ; (उत्त ९) ।

उस्स पुं [दे] हिम, ओस ; "अप्पहरिएसु अप्पुस्सेसु" (बृह ४) ।

उस्संकलिअ वि [उत्संकलित] निसृष्ट, परित्यक्त ; (आचा २) ।

उस्संखलअ वि [उच्छृङ्खलक] उच्छृङ्खल, निरङ्कुश ; (पि २१३) ।

उस्संग पुं [उत्सङ्ग] क्रोड, कोला ; (नाट) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उस्संघट्ट वि [उत्संघट्ट] शरीर-स्पर्श से रहित; (उप ५५५)।

उस्सक्क अक [उत्+ष्वष्क्] १ उत्कण्ठित होना। २ पीछे हटना। ३ सक. स्थगित करना। संकृ—**उस्सक्कइत्ता**; प्रयो—**उस्सक्कावइत्ता**; (ठा ६)।

उस्सक्कण न [उत्ष्वष्कण] किसी कार्य को कुछ समय के लिये स्थगित करना (धर्म ३)।

उस्सग्ग पुं [उत्सर्ग] १ त्याग; (आव ५)। २ सामान्य विधि; (उप ७८१)।

उस्सण्ण वि [अवसन्न] निमग्न; "अबंभे उस्सण्णा" (पण्ह १, ४)।

उस्सण्ण अ [दे] प्रायः, प्रायेण; (राज)।

उस्सण्हसण्हिआ स्त्री [उत्श्लक्ष्णश्लक्ष्णिका] परिमाण-विशेष, ऊर्ध्व-रेणु का ६४ वाँ हिस्सा; (इक)।

उस्सन्न वि [उत्सन्न] निज धर्म में आलसी साधु; (गुभा १२)।

उस्सप्पण न [उत्सर्पण] १ उन्नति, पोषण; २ वि. उन्नत करने वाला, बढ़ाने वाला; "कंदप्पदप्पउस्सप्पणाइं वयणाइं जंपए जा सो" (सुपा ५०६)।

उस्सप्पणा स्त्री [उत्सर्पणा] उन्नति, प्रभावना; (उप ३२६)।

उस्सप्पिणी स्त्री [उत्सर्पिणी] उन्नत काल विशेष, दश कोटाकोटि-सागरोपम-परिमित काल-विशेष, जिसमें सर्व पदार्थों की क्रमशः उन्नति होती है; (सम ७२; ठा १, १; पउम २०, ६८)।

उस्सय पुं [उच्छ्रय] १ उन्नति, उच्चता; (विसे ३४१)। २ अहिंसा; (पण्ह २, १)। ३ शरीर; (राज)।

उस्सयण न [उच्छ्रयण] अभिमान, गर्व; (सूअ १, ६)।

उस्सर अक [उत्+सृ] हटना, दूर जाना। उस्सरह; (स्वप्न ६)।

उस्सव सक [उत्+श्रि] १ ऊँचा करना। २ खड़ा करना। उस्सवेह; संकृ—**उस्सवित्ता**; (कप्प)। प्रयो, संकृ—**उस्सविय**; (आचा २, १)।

उस्सव पुं [उत्सव] उत्सव; (अभि १६४)।

उस्सवणया स्त्री [उच्छ्रयणता] ऊँचा ढ़ेर करना, इकट्ठा करना; (भग)।

उस्सस अक [उत्+श्वस्] १ उच्छ्वास लेना, श्वास लेना। २ उल्लसित होना। उस्ससइ; (भग)। कवकृ—**उस्ससिज्जमाण**; (ठा १०)।

उस्ससिय वि [उच्छ्वसित] १ उच्छ्वास-प्राप्त; २ उल्लसित; (उत्त २०)।

उस्सा स्त्री [उस्रा] गैया, गौ; (दे १, ८६)।

उस्सा [दे] देखो **ओसा**; (ठा ४, ४)। °**चारण** पुं [°चारण] ओस के अवलम्बन से गति करने की सामर्थ्य वाला मुनि; (पव ६८)।

उस्सार सक [उत्+सारय्] १ दूर करना, हटाना। २ बहुत दिन में पाठनीय ग्रन्थ को एक ही दिन में पढ़ाना। वकृ—**उस्सारिंत**; (बृह १)। संकृ—**उस्सारित्ता**; (महा)। कृ—**उस्सारइदव्व** (शौ); (स्वप्न २०)।

उस्सार पुं [उत्सार] अनेक दिन में पढ़ाने योग्य ग्रन्थ का एक ही दिन में अध्यापन। °**कप्प** पुं [°कल्प] पाठन-संबन्धी आचार-विशेष; (बृह १)।

उस्सारग वि [उत्सारक] दूर करने वाला; २ उत्सार-कल्प के योग्य; (बृह १)।

उस्सारण न [उत्सारण] १ दूरीकरण; २ अनेक दिनों में पढ़ाने योग्य ग्रन्थ का एक ही दिन में अध्यापन; "अरिहइ उस्सारणं काउं" (बृह १)।

उस्सारिय वि [उत्सारित] दूरीकृत; हटाया हुआ; (संथा ५७)।

उस्सास पुं [उच्छ्वास] १ ऊसास, ऊँचा श्वास; (पण्ण १)। २ प्रबल श्वास; (आव ५)। °**नाम** न [°नामन्] उसास-हेतुक कर्म-विशेष; (सम ६७)।

उस्सासय वि [उच्छ्वासक] उसास लेने वाला; (विसे २७१५)।

उस्सिंखल वि [उच्छृङ्खल] स्वैरी, स्वेच्छाचारी, निरङ्कुश; (उप १४६ टी)।

उस्सिंघिय वि [दे] आघ्रात, सूँघा हुआ; (स २६०)।

उस्सिंच सक [उत्+सिच्] १ सिंचना, सेक करना। २ ऊपर सिंचना। ३ आक्षेप करना। ४ खाली करना। "पुण्णं वा नावं उस्सिंचेज्जा" (आचा २, ३, १, ११)। उस्सिंचति; (निचू १८)। वकृ—**उस्सिंचमाण**; (आचा २, १, ६)।

उस्सिंचण न [उत्सेचन] १ सिञ्चन। २ कूपादि से जल वगैरः को बाहर खींचना; (आचा)। ३ सिंचन के उपकरण; (आचा २)।

उस्सिक्क सक [मुच्] छोड़ना, त्याग करना। उस्सिक्कइ; (हे ४, ६१)।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उस्सिक्क सक [उत् + क्षिप्] ऊँचा फेंकना। उस्सिक्कइ; (हे ४, १४४)।

उस्सिक्किअ वि [मुक्त] मुक्त, परित्यक्त; (कुमा)।

उस्सिक्किअ वि [उत्क्षिप्त] १ ऊँचा फेंका हुआ। २ ऊपर रखा हुआ; (स ५०३)।

उस्सिय वि [उच्छ्रित] उन्नत, ऊँचा किया हुआ; (कप्प)।

उस्सिय वि [उत्सृत] १ व्याप्त; २ ऊँचा किया हुआ; (कप्प)।

उस्सीस न [उच्छीर्ष] तकिया; (सुपा ४३७; णाया १, १; ओघ २३२)।

उस्सुआव सक [उत्सुकय्] उत्कण्ठित करना; उत्सुक करना। उस्सुआवेइ; (उत्तर ७१)।

उस्सुंक } वि [उच्छुल्क] शुल्क-रहित, कर-रहित; **उस्सुक्क** } (कप्प; णाया १, १)।

उस्सुक्क वि [उत्सुक] उत्कण्ठित।

उस्सुक्काव वि [उत्सुकय्] उत्सुक करना, उत्कण्ठित करना। संकृ—**उस्सुक्कावइत्ता**; (राज)।

उस्सुग वि [उत्सुक] उत्कण्ठित; (पउम ७६, २६; पण्ह २, ३)।

उस्सुत्त वि [उत्सूत्र] सूत्र-विरुद्ध, सिद्धान्त-विपरीत; (वव १; उप १४६ टी)।

उस्सुय देखो **उस्सुग**; (भग ५, ४; औप)।

उस्सुय न [औत्सुक्य] उत्कण्ठा, उत्सुकता। °**कर** वि [°कर] उत्कण्ठा-जनक; (णाया १, १)।

उस्सूण वि [उच्छून] सूजा हुआ, फूला हुआ; (उप ५६४; गउड; स २०३)।

उस्सूर न [उत्सूर] सन्ध्या, शाम; "वच्चामो नियनयरे उस्सूरं वट्टए जेण" (सुर ७, ६३; उप पृ २२०)।

उस्सेअ पुं [उत्सेक] १ सिंचन; २ उन्नति; ३ गर्व; (चारु ४५)।

उस्सेइम वि [उत्स्वेदिम] आटा से मिश्रित पानी, आटा-धोया जल; (कप्प; ठा ३, ३)।

उस्सेह पुं [उत्सेध] १ ऊँचाई; (विपा १, १)। २ शिखर, टोंच; (जीव ३)। ३ उन्नति, अभ्युदय; "पडणंता उस्सेहा" (स ३६६)।

उस्सेहंगुल न [उत्सेधाङ्गुल] एक प्रकार का परिमाण; (विसे ३४० टी)।

उह स [उभ] दोनों, युग्म, युगल; (षड्)।

उहट्टु देखो **उव्वट्ट** = उद् + वृत्।

उहय स [उभय] दोनों, युग्म; (कुमा; भवि)।

उहर न [उपगृह] छोटा घर, आश्रय-विशेष; (पण्ह १, १)।

उहार पुं [उहार] मत्स्य-विशेष; (राज)।

उहु [अप] देखो **अहो** = अहो; (सण)।

उहुर वि [दे] अवाङ्मुख, अधोमुख; (गउड)।

इअ सिरि**पाइअसद्दमहण्णवे** उआराइसद्दसंकलणो
पंचमो तरंगो समत्तो।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऊ

ऊ पुं [**ऊ**] प्राकृत वर्णमाला का षष्ठ स्वर-वर्ण; (हे १, १ ; प्रामा)।

ऊ अ [**दे**] निम्न-लिखित अर्थों का सूचक अव्यय;—१ गर्हा, निन्दा, जैसे—"ऊ णिल्लज्ज"; २ आक्षेप, प्रस्तुत वाक्य के विपरीत अर्थ की आशंका से उसे उलटाना, जैसे—"ऊ किं मए भणिअं" ; ३ विस्मय, आश्चर्य ; जैसे—"कह मुणिआ अहयं ; ४ सूचना, जैसे—"ऊ केण ण विण्णायं" (हे २, १६६ ; षड्)।

ऊअट्ठ वि [**अववृष्ट**] वृष्टि से नष्ट ; (पाअ)।

ऊआ स्त्री [**दे**] यूका, जू ; (दे १, १३६)।

ऊआस पुं [**उपवास**] भोजनाभाव ; (हे १, १७३)।

ऊगिय वि [**दे**] अलंकृत ; (षड्)।

ऊज्झाअ देखो **उवज्झाय** ; (हे १, १७३ ; प्रामा)।

°ऊड देखो **कूड** ; (से १२, ७८ ; गा ५८३)।

ऊढ वि [**ऊढ**] वहन किया हुआ, धारण किया हुआ "ऊढ-कलं वज्जुणपरिमलेसु सुरमंदिरंतेसु" (गउड)।

ऊढा स्त्री [**ऊढा**] विवाहिता स्त्री ; (पाअ)।

ऊढिअय वि [**दे**] १ प्रावृत, आच्छादित ; २ आच्छादन, प्रावरण ; (पाअ)।

ऊण वि [**ऊन**] न्यून, हीन ; (पउम ११८, ११६)। **°वीसइम** वि [**°विंशतितम**] उन्नीसवाँ ; (पउम १६, ८०)।

ऊण न [**ऋण**] ऋण, करजा ; (नाट)।

ऊणंदिअ वि [**दे**] आनन्दित, हर्षित ; (दे १, १४१ ; षड्)।

ऊणिमा स्त्री [**पूर्णिमा**] पूर्णिमा" तओ तीए चेव ऊणिमाए भरिऊण भंडस्स वहणाइं पत्थिओ पारसउलं" (महा)।

ऊणिय वि [**ऊनित**] कम किया हुआ ; (जं २)।

ऊणोयरिआ स्त्री [**ऊनोदरिता**] कम आहार करना, तप-विशेष ; (भग २५, ७ ; नव २८)।

ऊमिणण न [**दे**] प्रोंखणक, चुमना; (धर्म २)।

ऊमिणिय वि [**दे**] प्रोञ्छित, जिसने स्नान के बाद शरीर पोंछा हो वह ; (स ७५)।

ऊमित्तिअ न [**दे**] दोनों पार्श्वों में आघात करना ; (दे १, १४२)।

ऊर पुं [**दे**] १ ग्राम, गाँव ; २ संघ, समूह ; (दे १, १४३)।

°ऊर देखो **तूर** ; (से ८, ६५)।

°ऊर देखो **पूर** ; (से ८, ६५ ; गा ४५; २३१)।

ऊरण पुं [**ऊरण**] मेष, भेड़ ; (राय; विसे)।

ऊरणी स्त्री [**दे**] मेष, भेड़ ; (दे १, १४०)।

°ऊरय वि [**पूरक**] पूर्ति करने वाला ; (भवि)।

ऊरस वि [**औरस**] पुत्र-विशेष, स्व-पुत्र ; (ठा १०)।

ऊरिसंकिअ वि [**दे**] रुद्ध, रोका हुआ ; (षड्)।

ऊरी अ [**ऊरी**] १ अंगीकार। २ विस्तार। **°कय** वि [**°कृत**] अंगीकृत, स्वीकृत ; (उप ७२८ टी)।

ऊरु पुं [**ऊरु**] जङ्घा, जाँघ ; (णाया १, १८ ; कुमा)। **°जाल** न [**°जाल**] जाँघ तक लटकने वाला एक आभूषण; (औप)।

ऊरुदग्घ वि [**ऊरुदघ्न**] जंघा-प्रमाण (गहरा वगैरः) ; (षड्)।

ऊरुद्दअस वि [**ऊरुद्वयस**] ऊपर देखो ; (षड्)।

ऊरुमेत्त वि [**ऊरुमात्र**] ऊपर देखो ; (षड्)।

ऊल पुं [**दे**] गति-भंग ; (दे १, १३६)।

°ऊल देखो **कूल** ; (गा १८६)।

ऊस पुं [**उस्र**] किरण ; (हे १, ४३)। **°मालि** पुं [**°मालिन्**] सूर्य ; (कुमा)।

ऊस पुं [**ऊष**] क्षार-भूमि की मिट्टी; (पण्ण १ ; जी ४)।

ऊसअ न [**दे**] उपधान; ओसीसा; (दे १, १४०; षड्)।

ऊसढ वि [**उत्सृष्ट**] १ परित्यक्त; २ न. उत्सर्जन, मलादि का त्याग ; "नो तत्थ ऊसढं पकरेज्जा, तं जहा; उच्चारं वा" (आचा २, २, १, ३)।

ऊसढ वि [**दे. उच्छ्रित**] १ उच्च, श्रेष्ठ ; (आचा २, ४, २, ३ ; जीव ३)। २ ताजा ; "भद्दं भद्दएति वा, ऊसढं ऊसढेति वा, रसियं रसिए ति वा" (आचा २, ४, २, २)।

ऊसण न [**दे**] गति-भङ्ग ; (दे १, १३६)।

ऊसणहसणिहया देखो **उस्सणहसणिहया**; (पव २५४)।

ऊसत्त देखो **उसत्त** ; (कप्प; आवम)।

ऊसत्थ पुं [**दे**] १ जम्भाई ; २ वि. आकुल ; (दे १, १४३)।

ऊसर अक [**उत्+सृ**] १ खिसकना। २ दूर होना। ३ सक. त्यागना। ऊसरइ ; (भवि)। संकृ—**ऊसरिवि**; (भवि)।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऊसर न [**ऊषर**] क्षार-भूमि, जिसमें बीज नहीं पैदा होता है ; "ऊसरदवदलियदड्डरुक्खनाएण" (सम्य १७; भक्त ७३)।

ऊसरण न [**उत्सरण**] आरोहण; "थाणूसरणं तओ समुप्पयणं" (विसे १२०८)।

ऊसल अक [**उत्+लस्**] उल्लसित होना। ऊसलइ; (हे ४, २०२ ; षड् ; कुमा)।

ऊसल वि [**दे**] पीन, पुष्ट ; (दे १, १४०)।

ऊसलिअ वि [**उल्लसित**] उल्लसित, पादुर्भूत; (कुमा)।

ऊसलिअ वि [**दे**] रोमाञ्चित; पुलकित ; (दे १, १४१ ; पाअ)।

ऊसव देखो **उस्सव**=उत्सव ; (स्वप्न ६३)।

ऊसव देखो **उस्सव**=उत्+श्रि। उस्सवेह ; (पि ६४ ; ५५१)। संकृ—**ऊसविय** ; (कप्प ; भग)।

ऊसविअ वि [**दे**] १ उद्भ्रान्त; (दे १, १४३)। २ ऊँचा किया हुआ; (दे १, १४३; णाया १, ८ ; पाअ)। ३ उद्वान्त; वमित ; (षड्)।

ऊसविअ वि [**उच्छ्रित**] ऊर्ध्व-स्थित ; (कप्प)।

ऊसस सक [**उत्+श्वस्**] १ उसास लेना, ऊँचा साँस लेना। विकसित होना। ३ पुलकित होना। ऊससइ ; (पि ६४; ३१५)। वकृ—**ऊससंत, ऊससमाण,** (गा ७४; धण ४ ; पि ४९६)।

ऊससण न [**उच्छ्वसन**] उसास। °**लद्धि** स्त्री [°**लब्धि**] श्वासाच्छ्वास की शक्ति ; (कम्म १, ४४)।

ऊससिअ न [**उच्छ्वसित**] १ उसास; (पडि)। २ वि. उल्लसित ; ३ पुलकित ; (स ८३)।

ऊससिर वि [**उच्छ्वसितृ**] उसास लेने वाला; (हे २, १४५)।

ऊसाअंत वि [**दे**] खेद होने पर शिथिल ; (दे १, १४१)।

ऊसाइअ वि [**दे**] १ विक्षिप्त ; २ उत्क्षिप्त ; (दे १, १४१)।

ऊसार सक [**उत्+सारय्**] दूर करना, त्यागना। संकृ—**ऊसारिवि** (अप); (भवि)।

ऊसार पुं [**दे**] गर्त-विशेष ; (दे १, १४०)।

ऊसार पुं [**उत्सार**] परित्याग ; (भवि)।

ऊसार पुं [**आसार**] वेग वाली वृष्टि ; (हे १, ७६ ; षड्)।

ऊसारि वि [**आसारिन्**] वेग से बरसने वाला; (कुमा)।

ऊसारिअ वि [**उत्सारित**] दूर किया हुआ ; (महा ; भवि)।

ऊसास पुं [**उच्छ्वास**] १ उसास, ऊँचा श्वास; (आचू ५)। २ मरण ; (बृह १)। °**णाम** न [°**नामन्**] कर्म-विशेष ; (कम्म १, ४४)।

ऊसासय वि [**उच्छ्वासक**]: उसास लेने वाला; (विसे २७१४)।

ऊसासिअ वि [**उच्छ्वासित**] बाधा-रहित किया हुआ ; (से १२, ६२)।

ऊसाह पुं [**उत्साह**] उत्साह, उछाह ; (मा १०)।

ऊसिक्क सक [**उत्+ष्वष्क्**] ऊँचा करना। संकृ—**ऊसिक्किऊण** ; (भग १, ८ टी)।

ऊसिक्किअ वि [**दे**] प्रदीप्त, शोभायमान ; (पाअ)।

ऊसित्त वि [**उत्सिक्त**] १ गर्वित ; २ उद्धत ; ३ बढ़ा हुआ ; ४ अतिशायित ; (हे १, ११४)।

ऊसित्त वि [**अवसिक्त**] उपलिप्त ; (पाअ)।

ऊसिय देखो **उस्सिय**=उच्छ्रित ; (औप; कप्प; सण)।

ऊससी / **ऊसीसग** / **ऊसीसय** } न [**उच्छीर्ष, °क**] ओसीसा, सिरहाना; (णाया १, ७ ; पाअ ; सुपा ५३; १२०)।

ऊसुअ वि [**उत्सुक**] उत्कण्ठित ; (गा ५४३; कुमा)।

ऊसुअ वि [**उच्छुक**] जहां से शुक उद्गत हुआ हो वह ; (हे १, ११४)।

ऊसुइअ वि [**उत्सुकित**] उत्सुक किया हुआ; (गा ३१२)।

ऊसुंभ अक [**उत्+लस्**] उल्लसित होना। ऊसुंभइ ; (हे ४, २०२)।

ऊसुंभिअ वि [**उल्लसित**] उल्लास-प्राप्त ; (कुमा)।

ऊसुंभिअ न [**दे**] १ रोदन-विशेष, गला बैठ जाय ऐसा रुदन ; (दे १, १४२ ; षड्)

ऊसुक्किअ वि [**दे**] विमुक्त, परित्यक्त; (दे १, १४२)।

ऊसुग देखो **ऊसुअ**=उत्सुक ; (उप ५९७ टी)।

ऊसुम्मिअ वि [**दे**] ओसीसा किया हुआ ; (षड्)।

ऊसुर न [**दे**] ताम्बूल, पान ; (हे २, १७४)।

ऊसुरुसुंभिअ [**दे**] देखो **ऊसुंभिअ** ; (दे १, १४२)।

ऊह सक [**ऊह्**] १ तर्क करना। २ बिचारना। ऊहइ ; (विसे ८३१)। ऊहेमि; (सुर ११, १८५)। संकृ—**ऊहिऊण** ; (आउ ५२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऊह न [**ऊधस्**] स्तन ; (विपा १, २)।

ऊह पुं [**ऊह**] १ विचार, विवेक-बुद्धि ; (राज)। २ तर्क, वितर्क ; (सूत्र २, ४)। ३ संख्या-विशेष ; (राज)। ४ ओघ-संज्ञा, अव्यक्त ज्ञान; (विसे ५२२; ५२३)।

ऊहंग न [**ऊहाङ्ग**] संख्या-विशेष ; (राज)।

ऊहट्ट वि [**दे**] उपहसित ; (दे १, १४०)।

ऊहसिय वि [**उपहसित**] जिसका उपहास किया गया हो वह ; (दे १, १४०)।

ऊहा स्त्री [**ऊहा**] तर्क, विचार-बुद्धि ; (आवम)।

ऊहिअ वि [**ऊहित**] अनुमान से ज्ञात ; (से ६, ४२)।

इअ सिरि-**पाइअसद्दमहण्णवे ऊ**आराइसद्दसंकलणो
छट्टो तरंगो समत्तो।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ए

ए पुं [**ए**] स्वर-वर्ण विशेष ; (हे १, १; प्रामा) ।

ए अ [**ए, ऐ**] इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ आमन्त्रण, सम्बोधन; जैसे—"ए एहि सवडहुत्तो मज्झ" (पउम ८, १७४) । २ वाक्यालंकार, वाक्य-शोभा; जैसे—"से जहा-णाम ए" (अणु) । ३ स्मरण ; ४ असूया, ईर्ष्या ; ५ अनुकम्पा, करुणा ; ६ आह्वान ; (हे २, २१७ ; भवि; गा ६०४) ।

ए सक [**आ + इ**] आना, आगमन करना । एइ ; (उवा)। भवि—एहिइ ; (उवा) । वकृ—**एंत**; (पउम ८, ४३ ; सुर ११, १४८) ; **इंत**; (सुर ३, १३) । **एज्जंत** ; (पि ५६१); **एज्जमाण** ; (उप ६४८ टी) ।

ए° देखो **एत्तिअ** ; (उवा) ।

ए° देखो **एवं** ; (उवा) ।

एअ स [**एतत्**] यह ; (भग; हे १, ११ ; महा) । °**रिस** वि [°**दृश**] ऐसा, इसके जैसा ; (द्र ३२) । °**रूव** वि [°**रूप**] ऐसा, इस प्रकार का ; (गाया १, १, महा) ।

एअ देखो **एग**; (गउड; नाट; स्वप्न ६०; १०६) । °**आइ** वि [°**किन्**] अकेला; (अभि १६०; प्रति ६५) । °**रह** त्रि. ब. [°**दशन्**] ग्यारह की संख्या, दश और एक ; (पि २४५)। °**रहम** वि [°**दश**] ग्यारहवाँ ; (भवि) ।

एअ देखो **एव**=एव ; (कुमा) ।

एअ } देखो **एवं** ; "एअ वि सिरीअ दिट्ठआ" (से ३, ४६ ;
एअं } गउड ; पिंग) ।

एअंत देखो **एक्कंत** ; (वेणी १८) ।

एआईस (अप) पुं. ब. [**एकविंशति**] एक्कीस; (पिंग) ।

एआरिच्छ वि [**एतादृक्ष**] ऐसा, इसके जैसा; (प्रामा) ।

एइज्जमाण देखो **एय**=एज् ।

एईस वि [**एतादृश**] ऐसा ; (विसे २५४६) ।

एउंजि (अप) अ [**एवमेव**] १ इसी तरह ; २ यही ; (भवि) ।

एऊण देखो **एगूण** ; (पिंग) ।

एंत देखो **इ**=इ ।

एंत देखो **ए**=आ+इ ।

एक देखो **एक्क** तथा **एग** ; (षड्; सम ६६; पउम १०३; १७२ ; हेका ११६; पराह २, ५ ; पउम ११४, २४ ; सुपा १६५ ; कप्प ; सम ७१; १५३) । °**इआ** अ [°**दा**] एक समय में, कोई वख्त ; (हे २, १६२) । °**ल** (अप) वि [°**क**] एकाकी ; (पि ५६५) । °**लिय** वि [°**किन्**] एकाकी, अकेला ; (उप ७२८ टी) । °**णउइ** स्त्री [°**नवति**] संख्या-विशेष, एकानवे ; (सम ६५; पि ४३५) ।

एकूण देखो **अउण**=एकोन ; (सुज्ज १६) ।

एक्क देखो **एक** तथा **एग** ; (हे २, ६६; सुपा १४३; सम ६६; ५५; पउम ३१, १२८ ; गउड; कप्प; मा १८; सुपा ४८६ ; मा ४१; पि ५६५; नाट; णाया १, १ ; गा ६१८; काल; सुर ५, २४२ ; भग ; सम ३६; पउम २१, ६३ ; कप्प) । °**वए** देखो **एगवए** ; (गउड; सुर १, ३८) । °**सणिय** वि [°**शनिक**] एक ही वार भोजन करने वाला; (पराह २, १) । °**सत्तरि** स्त्री [°**सप्तति**] संख्या-विशेष, ७१, एकहत्तर ; (सम ८२) । °**सरग, सरय** वि [°**सरक, °सर्ग**] एक समान, एक सरीखा ; (उवा; भग १६; पराह २,५) । °**सि** अ [°**शस्**] एक वार; "सव्व-जहन्नो उदओ दसगुणिओ एक्कसि कयाणं" (भग) ; "एक्कसि कओ पमाओ जीवं पाडेइ भवसमुद्दम्मि" (सुर ८, ११२) "एक्कसि सीलकलंकिअहं देज्जहिं पच्छिताइं" (हे ४, ४२८) । °**सि** अ [°**त्र**] एक (किसी एक) में, "एक्कसि न खु त्थिरो सित्ति पिओ कीइवि उवालद्धो" (कुमा)। °**सि, °सिअं** अ [°**दा**] कोई एक समय में; (हे २, १६२) । °**सिं** अ [°**शस्**] एक वार ; (पि ४५१) । °**इ** वि [°**किन्**] अकेला ; (प्रयौ २३) । °**इ** पुं [°**दि**] स्वनाम-ख्यात एक माण्डलिक; (सुबा); (विपा १, १) । °**णउय** वि [°**नवत**] ६१ वाँ ; (पउम ६१, ३०) । °**रसम** वि [°**दश**] ग्यारहवाँ ; (विपा १, १; उवा; सुर ११, २५०) । °**रह** त्रि. ब. [°**दशन्**] ग्यारह, दश और एक; (षड्) । °**सीइ** स्त्री [°**शीति**] संख्या-विशेष, एकासी ; (सम ८८) । °**सीइविह** वि [°**शीतिविध**] एकासी तरह का; (पराण १; १७) । °**सीय** वि [°**शीत**] एकासीवाँ, ८१ वाँ; (पउम ८१, १६)। °**त्तरसय** वि [°**त्तरशततम**] एक सौ एक वाँ, १०१ वाँ; (पउम १०१, ७६) । °**यर** पुं [°**दर**] सहोदर भाई, सगा भाई ; (पउम ६, ६० ; ४६, १८) । °**यरा** स्त्री [°**दरा**] सगी बहिन ; (पउम ८, १०६) ।

एक्कक वि [**एकक**] अकेला ; (हेका ३१) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक्क वि [**दे**] स्नेह-पर, प्रेम-तत्पर ; (दे १, १४४)।

एक्कई (अप) वि [**एकाकिन्**] एकाकी, अकेला ; (भवि)।

एक्कंग न [**दे**] चन्दन, सुगन्धि काष्ठ-विशेष ; (दे १, १४४)।

एक्कंत पुं [**एकान्त**] १ सर्वथा ; २ तत्व, प्रमेय ; ३ जरूर, अवश्य ; ४ असाधारणता, विशेष; (से ४, २३)। ५ निर्जन, निराला ; (गा १०२)। देखो **एगंत**।

एक्कक्क वि [**एकैक**] हर एक, प्रत्येक ; (नाट)।

एक्कक्कम [**दे**] देखो **एक्केक्कम** ; (से ५, ५६)।

एक्कघरिल्ल पुं [**दे**] देवर , पति का छोटा भाई; (दे १, १४६)।

एक्कणड पुं [**दे**] कथक, कथा कहने वाला; (दे १, १४५)।

एक्कमुह वि [**दे**] १ धर्म-रहित, निधर्मी ; २ दरिद्र, निर्धन ; ३ प्रिय, इष्ट ; (दे १, १४८)।

एक्कमेक्क वि [**एकैक**] प्रत्येक, हर एक ; (हे ३, १ ; षड् ; कुमा)।

एक्कल्ल वि [**दे**] प्रबल, बलवान् ; (षड्)।

एक्कल्लपुडिंग न [**दे**] विरल-बिन्दु-वृष्टि, अल्प बिन्दु-वाली वारिस ; (दे १, १४७)।

एक्कसरिअं अ [**दे**] १ शीघ्र, तुरन्त; २ संप्रति, आजकल ; (हे २. २१३ ; षड्)।

एक्कसाहिल्ल वि [**दे**] एक स्थान में रहने वाला ; (दे १, १४६)।

एक्कसिंबली स्त्री [**दे**] शाल्मली-पुष्पों से नूतन फल वाली ; (दे १, १४६)।

एक्कार पुं [**अयस्कार**] लोहार ; (हे १, १६६ ; कुमा)।

एक्की स्त्री [**एका**] एक (स्त्री) ; (निचू १)।

एक्कूण देखो **अउण** ; (पि ४४५)।

एक्केक्कम वि [**दे**] परस्पर, अन्योन्य; (दे १, १४५)। "सुहडा एक्केक्कमं अपेच्छंता" (पउम ६८, १५)।

एग स [**एक**] १ एक, प्रथम संख्या ; (अणु)। २ एकाकी, अकेला ; (ठा ४,१)। ३ अद्वितीय ; (कुमा)। ४ असहाय, निःसहाय ; (विपा १, २)। ५ अन्य, दूसरा "एवमेगे वदंति मोसा" (पण्ह १, २)। ६ समान, सदृश, तुल्य ; (उवा)। °**इय** देखो **एग** ; "अत्थेगइयाणं नेरइयाणं एगं पलिओवमं ठिई पन्नत्ता" (सम २ ; ठा ७ ; औप)। °**इय** वि [°**क**] अकेला, एकाकी ; (भग)। °**ओ** अ [°**तस्**] एक तरफ; (कप्प)। °**क्खरिय** वि [°**ाक्षरिक**] एक अक्षर वाला (नाम) ; (अणु)। °**खंधी** स्त्री [°**स्कन्ध**] एक स्कन्ध वाला (वृक्ष वगैरः); (जीव ३)। °**खुर** वि [°**खुर**] एक खुर वाला (गौ वगैरः पशु) ; (पराण १)। °**ग** वि [°**क**] एकाकी, अकेला ; (श्रा १४)। °**ग्ग** वि [°**ाग्र**] तल्लीन, तत्पर ; (सुर १, ३०)। °**चक्खु** वि [°**चक्षुष्क**] एक आँख वाला, एकाक्ष, काना ; (पण्ह २, ५)। °**चत्ताल** वि [°**चत्वारिंश**] एकतालीसवाँ ; (पउम ४१, ७६)। °**चर** वि [°**चर**] एकाकी विहरने वाला ; (आचा)। °**चरिया** स्त्री [°**चर्या**] एकाकी विहरना; (आचा)। °**चारि** वि [°**चारिन्**] एकल-विहारी ; (सूअ १, १३)। °**चूड** पुं [°**चूड**] विद्याधर वंश का एक राजा ; (पउम ५, ४५)। °**च्छत्त** वि [°**च्छत्र**] १ पूर्ण प्रभुत्व वाला, अकण्टक; "एगच्छत्तं ससागरं भुंजिऊण वसुहं" (पण्ह २, ४)। २ अद्वितीय ; (काप्र १८६)। °**जडि** वि [°**जटिन्**] महाग्रह-विशेष ; (ठा २, ३)। °**जाय** वि [°**जात**] अकेला, निस्सहाय; "खग्गविसाणं व एगजाए" (पण्ह २, ५)। °**ट्ठ** वि [°**स्थ**] इक्कट्ठा, एकत्रित ; (भग १४, ६ ; उप पृ ३४१)। °**ट्ठ** वि [°**ार्थ**] एक अर्थ वाला, पर्याय-शब्द; (ओघ १ भा)। °**ट्ठ**, °**ट्ठं** अ [°**त्र**] एक स्थान में "मिलिया सव्वेवि एगट्ठं" (पउम ४७, ४४)। °**ट्ठिय** वि [°**ार्थिक**] एक ही अर्थ वाला, समानार्थक, पर्याय-शब्द ; (ठा १)। °**ट्ठिय** वि [°**ास्थिक**] जिसके फल में एक ही बीज होता है ऐसा आम वगैरः पेड़ ; (पण्ण १)। °**णासा** स्त्री [°**नासा**] एक दिक्कुमारी, देवी-विशेष ; (आव १)। °**त्त** न [°**त्र**] एक ही स्थान में "एगत्ते ठिओ" (स ४७०)। °**त्थ** देखो °**ट्ठ** ; (सम्म १०६ ; निचू १)। °**नासा** देखो °**णासा** ; (ठा ८)। °**पए** अ [°**पदे**] एक ही साथ, युगपत् ; (पि १७१)। °**पक्ख** वि [°**पक्ष**] १ असहाय ; (राज)। २ ऐकान्तिक, अविरुद्ध ; (सूअ १, १२)। °**पन्नास** स्त्रीन [°**पञ्चाशत्**] एकावन, पचास और एक। °**पन्नासइम** वि [°**पञ्चाशत्तम**] एकावनवाँ, ५१ वाँ ; (पउम ५१, २८)। °**पाइअ** वि [°**पादिक**] एक पाँव ऊँचा रखने वाला (आतापना में) ; (कस)। °**पासग** वि [°**पार्श्वक**] एक ही पार्श्व का भूमि

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कायपिउच्छा } स्त्री [**दे**] कोकिला, कोयल, पिकी ; (दे २, **कायपिउला** } ३० ; षड्)।

कायर वि [**कातर**] अधीर, डरपोक ; (णाया १, १ ; प्रासू ५८)।

कायर वि [**दे**] प्रिय, स्नेह-पात्र ; (दे २, ५८)।

कायरिय वि [**कातर**] १ डरपोक, भयभीत, अ-धीर ; "धीरेणावि मरियव्वं कायरिएणावि अवस्समरियव्वं" (प्रासू १०६)। २ पुं. गोशालक का एक भक्त ; (भग ८, ५)।

कायरिया स्त्री [**कातरिका**] माया, कपट; (सुअ १, २, १)।

कायल पुं [**दे**] १ काक, कौआ ; (दे २, ५८ ; पाअ)। २ वि. प्रिय, स्नेह-पात्र ; (दे २, ५८)।

कायलि देखो **कागलि** ; (नाट—मृच्छ ६२)।

कायवंझ [**कायवन्ध्य**] ग्रह-विशेष; ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष ; (राज)।

कायव्व देखो **कर=कृ**।

काया स्त्री [**काया**] शरीर, देह ; (प्रासू ११२)।

कायाग पुं [**कायाक**] नट-विशेष, बहुरूपिया ; (बृह ४)।

कार सक [**कारय्**] करवाना, बनवाना। कारेइ, कारेह ; (पि ४७२; सुपा ११३)। भूका—कारेत्था; (पि ५१७)। वकृ—**कारयंत** ; (सुर १६, १०); **कारेमाण**; (कप्प)। कवकृ—**कारिज्जंत** ; (सुपा ५७)। संकृ—**कारिऊण**; (पि ५८४)। कृ—**कारेयव्व** ; (पंचा ६)।

कार वि [**दे**] कटु, कड़वा, तीता ; (दे २, २६)।

कार पुंन. देखो **कारा**=कारा ; (स ६११; णाया १,१)।

कार पुं [**कार**] १ क्रिया, कृति, व्यापार ; (ठा १०)। २ रूप, आकृति ; ३ संघ का मध्य भाग ; (वव ३)।

°कार वि [**°कार**] करने वाला ; (पउम १७, ७)।

कारंकड वि [**दे**] परुष, कठिन ; (दे २, ३०)।

कारंड } पुं [**कारण्ड, °क**] पक्षि-विशेष; "हंसकारंडव-**कारंडग** } चक्कवाओवसोभियं" (भवि.; औप ; स ६०१; **कारंडव** } णाया १, १ ; पण्ह १, १ ; विक ४१)।

कारग वि [**कारक**] १ करने वाला ; (पउम ८२, ७६ ; उप पृ २१५)। २ कराने वाला ; (श्रा ६ ; विसे)। ३ न. कर्ता, कर्म वगैरः व्याकरण-प्रसिद्ध कारक; (विसे ३३८४)। ४ कारण, हेतु ; "कारगं ति वा कारगं ति वा साहारगं ति वा एगट्ठा" (आचू १)। ५ उदाहरण, दृष्टान्त ; (ओघ १६ भा)। ६ पुंन. सम्यक्त्व-विशेष, शास्त्रानुसार शुद्ध क्रिया ; "जं जह भणियं तुमए तं तह करणम्मि कारगो होइ" (सम्य १४)।

कारण न [**कारण**] १ हेतु, निमित्त ; (विसे २०६८ ; स्वप्न १७)। २ प्रयोजन ; (आचा)। ३ अपवाद ; (कप्प)।

कारणिज्ज वि [**कारणीय**] प्रयोजनीय ; (स ३२६)।

कारणिय वि [**कारणिक**] १ प्रयोजन से किया जाता ; (उवर १०८)। २ कारण से प्रवृत्त ; (वव २)। ३ पुं. न्याय-कर्ता, न्यायाधीश ; (सुपा ११८)।

कारय देखो **कारग** ; (श्रा १६ ; विसे ३४२०)।

कारव सक [**कारय्**] करवाना, बनवाना। कारवेइ ; (उव)। वकृ—**कारविंत** ; (सुपा ६३२ ; पुप्फ ४७)। संकृ—**कारवित्ता** ; (कप्प)।

कारवण न [**कारण**] निर्मापन, बनवाना ; (राज)।

कारवस पुं [**कारवश**] देश-विशेष ; (भवि)।

कारवाहिय वि [**कारवाधित**] देखो **करवाहिय** ; (औप)।

कारविय वि [**कारित**] कराया हुआ ; (सुर १, २२६)।

कारह वि [**कारभ**] करभ-संबन्धी ; (गउड)।

कारा स्त्री [**कारा**] कैदखाना ; (दे २, २० ; पाअ)। **°गार** पुंन [**°गार**] कैदखाना, जेल ; (सुपा १२२ ; सार्ध ५२)। **°घर** न [**°गृह**] कैदखाना ; (अच्चु ८३)। **°मंदिर** न [**°मन्दिर**] कैदखाना, जेलखाना ; (कप्प)।

कारा स्त्री [**दे**] लेखा, रेखा ; (दे २, ३६)।

कारायणी स्त्री [**दे**] शाल्मलि-वृक्ष, सेमल का पेड़ ; (दे २, १८)।

काराव देखो **कारव**। कारावेइ ; (पि ५५२)। भवि—काराविस्सं ; (पि ५२८)।

कारावण देखो **कारवण** ; (पण्ह १, ३ ; उप ४०६)।

कारावय वि [**कारक**] कराने वाला, विधापक ; (स ५५७)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

काराविय वि [**कारित**] करवाया हुआ, बनवाया हुआ ; (विसे १०१६ ; सुर ३, २४ ; स १९३)।

कारि वि [**कारिन्**] कर्ता, करने वाला ; "एयस्स कारिणो बालिसत्तमारोविया जेण" (उव ५९७ टी)। "एयअणत्थस्स कारिणी अहयं" (सुर ८, ५९)।

कारिम वि [**दे**] कृत्रिम, बनावटी, नकली ; (दे २, २७ ; गा ४५७ ; षड् ; उप ७२८ टी ; स ११६ ; प्रासू २०)।

कारिय वि [**कारित**] कराया हुआ, बनवाया हुआ ; (पण्ह २, ५)।

कारियल्लई स्त्री [**दे**] वल्ली-विशेष, करैला का गाछ; (पण्ण १—पत्र ३३)।

कारिया स्त्री [**कारिका**] करने वाली, कर्त्री ; (उवा)।

कारिल्ली स्त्री [**दे**] वल्ली-विशेष, करैला का गाछ; (सुक्त ६१)।

कारीस पुं [**कारीष**] गोइठा का अग्नि, कंडा की आग; (उत्त १२)।

कारु पुं [**कारु**] कारीगर, शिल्पी ; (पाअ ; प्रासू ८०)।

कारुइज्ज वि [**कारुकीय**] कारीगर से संबन्ध रखने वाला; (पण्ह १, २)।

कारुणिय वि [**कारुणिक**] दयालु, कृपालु ; (ठा ४, २ ; सण)।

कारुण्ण } न [**कारुण्य**] दया, करुणा ; (महा ; उप
कारुन्न } ७२८ टी)।

कारेमाण } देखो **कार**=कारय् ।
कारेयव्व }

कारेल्लय न [**दे**] करैला, तरकारी विशेष ; (अनु ६)।

कारोडिय पुं [**कारोटिक**] १ कापालिक, भिक्षुक-विशेष ; २ ताम्बूल-वाहक, स्थगीधर ; (औप)।

काल न [**दे**] तमिस्र, अन्धकार ; (दे २, २६; षड्)।

काल पुं [**काल**] १ समय, वख्त ; (जी ४९)। २ मृत्यु, मरण ; (विसे २०६७ ; प्रासू ११२)। ३ प्रस्ताव, प्रसङ्ग, अवसर ; (विसे २०६७)। ४ विलम्ब, देरी ; (स्वप्न ६१)। ५ उमर, वय ; (स्वप्न ४२)। ६ ऋतु ; (स्वप्न ४२)। ७ ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष ; (ठा २, ३—पत्र ७८)। ८ ज्योतिः-शास्त्र-प्रसिद्ध एक कुयोग ; (गण १९)। ९ सातवीं नरक-पृथ्वी का एक नरकावास ; (ठा ५, ३—पत्र ३४१ ; सम ५८)। १० नरक के जीवों को दुःख देने वाले परमाधार्मिक देवों की एक जाति ; (सम २८)। ११ वेलम्ब इन्द्र का एक लोकपाल ; (ठा ४, १—पत्र १९८)। १२ प्रभञ्जन इन्द्र का एक लोकपाल ; (ठा ४, १—पत्र १९८)। १३ इन्द्र-विशेष, पिशाच-निकाय का दक्षिण दिशा का इन्द्र ; (ठा २, ३—पत्र ८५)। १४ पूर्वीय लवण समुद्र के पाताल-कलशों का अधिष्ठाता देव ; (ठा ४, २—पत्र २२६)। १५ राजा श्रेणिक का एक पुत्र ; (निर १, १)। १६ इस नाम का एक गृहपति ; (णाया २, १)। १७ अभाव ; (बृह ४)। १८ पिशाच देवों की एक जाति ; (पण्ण १)। १९ निधि-विशेष ; (ठा ९—पत्र ४४९)। २० वर्ण-विशेष, श्याम-वर्ण ; (पण्ण २)। २१ न. देव-विमान-विशेष ; (सम ३५)। २२ निरयावली सूत्र का एक अध्ययन ; (निर १, १)। २३ काली-देवी का सिंहासन ; (णाया २)। २४ वि. कृष्ण, काला रंग का ; (सुर २, ५)। °**कंखि** वि [°**काङ्क्षिन्**] १ समय की अपेक्षा करने वाला; (आचा)। २ अवसर का ज्ञाता ; (उत्त ६)। °**कप्प** पुं [°**कल्प**] १ समय-संबन्धी शास्त्रीय विधान ; २ उसका प्रतिपादक शास्त्र; (पंचभा)। °**काल** पुं [°**काल**] मृत्यु-समय ; (विसे २०६६)। °**कूड** न [°**कूट**] उत्कट विष-विशेष ; (सुपा २३८)। °**क्खेव** पुं [°**क्षेप**] विलम्ब, देरी ; (से १३, ४२)। °**गय** वि [°**गत**] मृत्यु-प्राप्त, मृत ; (णाया १, १ ; महा)। °**चक्क** न [°**चक्र**] १ वीस सागरापम परिमित समय ; (णंदि)। २ एक भयंकर शस्त्र ; "जाहे एवमवि न सक्कइ ताहे कालचक्कं विउव्वइ" (आवम)। °**चूला** स्त्री [°**चूडा**] अधिक मास वगैरः का अधिक समय ; (निचू १)। °**ण्णु** वि [°**ज्ञ**] अवसर का जानकार ; (उप १७९ टी ; आचा)। °**दट्ठ** वि [°**दष्ट**] मौत से मरा हुआ ; (उप ७२८ टी)। °**देव** पुं [**देव**] देव-विशेष ; (दीव)। °**धम्म** पुं [°**धर्म**] मृत्यु, मरण ; (णाया १, १ ; विपा १, २)। °**न्न**, °**न्नु** देखो **ण्णु** ; (पि २७६ ; सुपा १०९)। °**परियाय** पुं [°**पर्याय**] मृत्यु-समय; (आचा)। °**परिहीण** न [°**परिहीन**] विलम्ब, देरी; (राय)। °**पाल** पुं [°**पाल**] देव-विशेष, धरणेन्द्र का एक लोकपाल ; (ठा ४, १)। °**पास** पुं [°**पाश**] ज्योतिः-शास्त्र-प्रसिद्ध एक कुयोग; (गण १८)। °**पिट्ठ**, °**पुट्ठ** पुंन [°**पृष्ठ**] १ धनुष ; २ कर्ण का धनुष ; ३ काला हरिण ; ४ क्रौञ्च पक्षी ; (पि ५३)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

°पुरिस पुं [°पुरुष] जो पुं-वेद कर्म का अनुभव करता हो वह; (सूत्र १, ४, १, २ टी)। °प्पभ पुं [°प्रभ] इस नाम का एक पर्वत; (ठा १०)। °फोडय पुंस्त्री [°स्फोटक] प्राणहर फोड़ा। स्त्री—°डिया; (रंभा)। °मास पुं [°मास] मृत्यु-समय; "कालमासे कालं किच्चा" (विपा १, १; २; भग ७, ६)। °मासिणी स्त्री [°मासिनी] गर्भिणी, गुर्विणी; (दस ५, १)। °मिग पुं [°मृग] कृष्ण मृग की एक जाति; (जं २)। °रत्ति स्त्री [°रात्रि] प्रलय-रात्रि, प्रलय-काल; (गउड)। °वडिंसग न [°वतंसक] देव-विमान विशेष, काली देवी का विमान; (णाया २)। °वाइ वि [°वादिन्] जगत् को काल-कृत मानने वाला, समय को ही सब कुछ मानने वाला; (णंदि)। °वासि पुं [°वर्षिन्] अवसर पर बरसने वाला मेघ; (ठा ४, ३—पत्र २६०)। °संदीव पुं [°संदीप] असुर-विशेष, त्रिपुरासुर; (आक)। °समय पुं [°समय] समय, वख्त; (सुज्ज ८)। °समा स्त्री [°समा] समय-विशेष, आरक-रूप समय; (जो २)। °सार पुं [°सार] मृग की एक जाति, काला मृग; "एक्को वि कालसारो ण देइ गंतुं पयाहिणवलंतो" (गा २५)। °सोअरिय पुं [°सौकरिक] स्वनाम-ख्यात एक कसाई; (आक)। °गरु, °गुरु, °यरु न [°गुरु] सुगन्धि द्रव्य-विशेष, जो धूप के काम में लाया जाता है; (णाया १, १; कप्प; औप; गउड)। °यस, °स न [°यस] लोहे की एक जाति; (हे १, २६६; कुमा; प्राप्र; से ८, ४६)। °सवेसियपुत्त पुं [°स्यवैशिकपुत्र] इस नाम का एक जैन मुनि जो भगवान् पार्श्वनाथ की परम्परा में थे; (भग)।

कालंजर पुं [**कालञ्जर**] १ देश-विशेष; (पिंग)। २ पर्वत-विशेष; (आवम)। देखो **कालिंजर**।

कालक्खर सक [**दे**] १ निर्भर्त्सना करना, फटकारना। २ निर्वासित करना, बाहर निकाल देना। "तो तेणं भणिया भज्जा, पिए ! पुत्तो कालक्खरियइ एसो, तो सा रोसेण भणइ तयभिमुहं, मइ जीवंतीए इमं न होइ ता जाउ दव्वंपि; किं कज्जइ लच्छीए, पुत्तविउत्ताण पिउणा पियमम ! जयम्मि" (सुपा ३६६; ४००)।

कालक्खर पुंन [**कालाक्षर**] १ अल्प ज्ञान, अल्प शिक्षा; २ वि. अल्प-शिक्षित; "कालक्खरदूसिक्खिअ धम्मिअ रे निंबकीडअसरिच्छ" (गा ८७८)।

कालक्खरिअ वि [**दे**] १ उपालब्ध, निर्भर्त्सित; २ निर्वासित; "तहवि न विरमइ दुलहो अणाहकुलडाए संगमे, तत्तो कालक्खरिओ पिउणा" (सुपा ३८८); "तो पिउणा कालेणं कालक्खरिओ" (सुपा ४८८)।

कालक्खरिअ वि [**कालाक्षरिक**] अक्षर-ज्ञान वाला, शिक्षित; "भो तुम्हाणं सव्वाणं मज्झे अहं एक्को कालक्खरिओ" (कप्पू)।

कालग } पुं [**कालक**] १ एक प्रसिद्ध जैनाचार्य; (पुप्फ
कालय } १४६; २४०)। २ भ्रमर, भमरा; (राज)। देखो **काल**; (उवा; उप ६८६ टी)।

कालय वि [**दे**] धूर्त, ठग; (दे २, २८)।

कालवट्ट न [**दे. कालपृष्ठ**] धनुष; (दे २, २८)।

कालवेसिय पुं [**कालवैशिक**] एक वेश्या-पुत्र; (उत्त २)।

काला स्त्री [**काला**] १ श्याम-वर्ण वाली; २ तिरस्कार करने वाली; (कुमा)। ३ एक इन्द्राणी, चमरेन्द्र की एक पटरानी; (ठा ५, १)। ४ वेश्या-विशेष; (उत्त २)।

कालि पुं [**कालिन्**] बिहार का एक पर्वत; (ती १३)।

कालिआ स्त्री [**दे**] १ शरीर, देह; २ कालान्तर; ३ मेघ, वारिस; (दे २, ५८)। ४ मेघ-समूह, बादल; (पाअ)।

कालिआ स्त्री [**कालिका**] १ देवी-विशेष; (सुपा १८२)। २ एक प्रकार का तोफानी पवन; (उप ७२८ टी; णाया १, ६)।

कालिंग पुं [**कालिङ्ग**] १ देश-विशेष; "पत्तो कालिंगदेसओ" (श्रा १२)। २ वि. कलिङ्ग देश में उत्पन्न; (पउम ६६, ५५)।

कालिंगी स्त्री [**कालिङ्गी**] वल्ली-विशेष, तरबूज का गाछ; (पण्ण १)।

कालिंजण न [**दे**] तापिच्छ, श्याम तमाल का पेड़; (दे २, २६)।

कालिंजणी स्त्री [**दे**] ऊपर देखो; (दे २, २६)।

कालिंजर पुं [**कालिञ्जर**] १ देश-विशेष; (पिंग)। २ पर्वत-विशेष; (उत्त १३)। ३ न. जंगल-विशेष; (पउम ५८, ६)। ४ तीर्थ-स्थान विशेष; (ती ६)।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कालिंदी स्त्री [**कालिन्दी**] १ यमुना नदी ; (पात्र)। २ एक इन्द्राणी, शक्रेन्द्र की एक पटरानी ; (पउम १०२, १५९)।

कालिंब पुं [**दे**] १ शरीर, देह ; २ मेघ, वारिस ; (दे २, ५९)।

कालिग देखो **कालिय**=कालिक ; (राज)।

कालिगी स्त्री [**कालिकी**] संज्ञा-विशेष, बहुत समय पहले गुजरी हुई चीज का भी जिससे स्मरण हो सके वह ; (विसे ५०८)।

कालिज्ज न [**कालेय**] हृदय का गूढ़ मांस-विशेष ; (तंदु)।

कालिम पुंस्त्री [**कालिमन्**] श्यामता, कृष्णता, दागीपन ; (सुर ३, ४४ ; श्रा १२)।

कालिअ पुं [**कालिय**] इस नाम का एक सर्प ; (सुपा १८१)।

कालिय वि [**कालिक**] १ काल में उत्पन्न, काल-संबन्धी ; २ अनिश्चित, अव्यवस्थित ; "हत्थागया इमे कामा कालिया जे अणागया" (उत्त ५; कुरु १६)। ३ वह शास्त्र, जिसको अमुक समय में ही पढ़ने की शास्त्रीय आज्ञा है ; (ठा २, १—पत्र ४९)। °**दीव** पुं [°**द्वीप**] द्वीप-विशेष ; (णाया १, १७—पत्र २२८)। °**पुत्त** पुं [°**पुत्र**] एक जैन मुनि ; जो भगवान् पार्श्वनाथ की परम्परा में से थे ; (भग)। °**सण्णि** वि [°**संज्ञिन्**] कालिकी संज्ञा वाला ; (विसे ५०९)। °**सुय** न [°**श्रुत**] वह शास्त्र जो अमुक समय में ही पढ़ा जा सके ; (णंदि)। °**णुओग** पुं [°**ानुयोग**] देखो पूर्वोक्त अर्थ ; (भग)।

काली स्त्री [**काली**] १ विद्या-देवी विशेष ; (संति ५)। २ चमरेन्द्र की एक पटरानी ; (ठा ५, १ ; णाया २, १)। ३ वनस्पति-विशेष, काकजङ्घा ; (अनु ४)। ४ श्याम-वर्ण वाली स्त्री ; "सामा गायइ महुरं, काली गायइ खरं च रुक्खं च" (ठा ७)। ५ राजा श्रेणिक की एक रानी ; (निर १, १)। ६ चौथी जैन शासन-देवी ; (संति ९) ७ पार्वती, गौरी ; (पात्र)। ८ इस नाम का एक छंद ; (पिंग)।

कालुण न [**कारुण्य**] दया, करुणा। °**वडिया** स्त्री [°**वृत्ति**] भीख माँग कर आजीविका करना ; (त्रिपा १, १)।

कालुणिय देखो **कारुणिय** ; (सूत्र १, १, १)।

कालुसिय न [**कालुष्य**] कलुषता, मलिनता ; (आउ)।

कालेज्ज न [**दे**] तापिच्छ, श्याम तमाल का पेड़ ; (दे २, २९)।

कालेय न [**कालेय**] १ काली देवी का अपत्य ; २ सुगन्धि द्रव्य-विशेष, कालचन्दन ; (स ७५)। ३ हृदय का मांस-खण्ड, कलेजा ; (सूत्र १, ५, १ ; रंभा)।

कालोद देखो **कालोय** ; (जीव ३)।

कालोदधि पुं [**कालोदधि**] समुद्र-विशेष ; (पण्ह १, ५)।

कालोदाइ पुं [**कालोदायिन्**] इस नाम का एक दार्शनिक विद्वान ; (भग ७, १०)।

कालोय पुं [**कालोद**] समुद्र-विशेष, जो धातकी-खण्ड द्वीप को चारों तरफ घिर कर स्थित है ; (सम ६७)।

काव } **कावड** } पुं [**दे**] १ कावर, बहङ्गी, बोझ ढ़ोनेके लिए तराजूनुमाँ एक वस्तु, इसमें दोनों ओर सिकहर लटकाये जाते हैं ; (जीव ३ ; पउम ७५, ५२)। °**कोडिय** पुं [°**कोटिक**] कावर से भार ढ़ोने वाला ; (अणु)। देखो **काय**=(दे)।

कावडिअ पुं [**दे**] वैवधिक, कावर से भार ढोने वाला ; (पउम ७५, ५२)।

कावध पुं [**कावध्य**] एक महा-ग्रह, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष ; (राज)।

कावलिअ वि [**दे**] अ-सहन, अ-सहिष्णु ; (दे २, २८)।

कावलिअ वि [**कावलिक**] कवल-प्रक्षेप रूप आहार ; (भग ; संग १८१)।

कावालिअ पुं [**कापालिक**] वाम-मार्गी, अघोर सम्प्रदाय का मनुष्य ; (सुपा १७४ ; ३९७ ; दे १, ३१ ; प्रबो ११५)।

कावालिआ } **कावालिणी** } स्त्री [**कापालिकी**] कापालिक-व्रत वाली स्त्री ; (गा ४०८)।

काविट्ठ न [**कापिष्ठ**] देव-विमान विशेष ; (सम २७ ; पउम २०, २३)।

काविल न [**कापिल**] १ सांख्य-दर्शन ; (सम्म १४५)। २ वि. सांख्य मत का अनुयायी ; (औप)।

काविलिय वि [**कापिलीय**] १ कपिल-मुनि-संबन्धी ; २ न. कपिल-मुनि के वृत्तान्त वाला एक ग्रन्थांश ; 'उत्तराध्ययन' सूत्र का आठवाँ अध्ययन ; (सम ६४)।

काविसायण देखो **कविसायण** ; (जीव ३)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कावी स्त्री [**दे**] नीलवर्ण वाली, हरा रंग की चीज ; (दे २, २६)।

कावुरिस देखो **कापुरिस** ; (स ३७५)।

कावेअ न [**कापेय**] वानरपन, चञ्चलता ; (अच्चु ६२)।

कास देखो **कड्ढ=कृष्**। कासइ ; (षड्)।

कास अक [**कास्**] १ कहरना, रोग-विशेष से खराब आवाज करना। २ कासना, खाँसी की आवाज करना। ३ खोखार करना। ४ छींक खाना। वकृ—**कासंत, कासमाण** ; (पराह १, ३—पत्र ५४ ; आचा)। संकृ—**कासित्ता** ; (जीव ३)।

कास पुं [**काश, °स**] १ रोग-विशेष, खाँसी ; (गाया १, १३)। २ तृण-विशेष, कास ; "कासकुसुमंव मन्ने सुनिप्फलं जम्म-जीवियं नियय" (उप ७२८ टी) ; "कासकुसुमंव विहलं" (आप ५८)। ३ उसका फूल जो सफेद और शोभायमान होता है ; "ता तत्थ नियइ धूलिं ससहरहरहासकाससंकासं" (सुपा ४२८ ; कुमा)। ४ ग्रह-विशेष, ग्रह-देव-विशेष; (ठा २, ३)। ५ रस ; (ठा ७)। ६ संसार, जगत् ; (आचा)।

कास देखो **कंस=कांस्य** ; (हे १, २९ ; षड्)।

कासंकस वि [**कासङ्कष**] प्रमादी, संसार में आसक्त ; (आचा)।

कासग देखो **कासय** ; "जेण रोहंति बीजाइं, जेण जीवंति कासगा" (निचू १)।

कासण न [**कासन**] खोखारना, खाट्कार ; (ओघ २३५)।

कासमद्दग पुं [**कासमर्दक**] वनस्पति-विशेष, गुच्छ-विशेष ; (पराण १—पत्र ३२)।

कासय } पुं [**कर्षक**] कृषीबल, किसान ; (दे १, ८७ ;
कासव } पाअ) ;

"जह वा लुणाइ सस्साइं, कासवो परिणयाइं छित्तम्मि।
तह भूयाइं कयंतो, वत्थुसहावो इमो जम्हा"
(सुपा ६५१)।

कासव पुं [**कश्यप**] १ इस नाम का एक ऋषि ; (प्रामा)। २ हरिण की एक जाति ; ३ एक जात की मछली ; ४ दक्ष प्रजापति का जामाता ; ५ वि. दारू पीने वाला ; (हे १, ४३ ; षड्)।

कासव न [**काश्यप**] १ इस नाम का एक गोत्र ; (ठा ७; गाया १, १ ; कप्प)। २ पुं. भगवान् ऋषभदेव का एक पूर्व पुरुष ; ३ वि. काश्यप गोत्र में उत्पन्न-काश्यप-गोत्रीय ; (ठा ७—पत्र ३९० ; उत्त ७ ; कप्प; सुअ १, ६)। ४ पुं. नापित, हजाम ; (भग ९, १० ; आवम)। ५ इस नाम का एक गृहस्थ ; (अंत १८)। ६ न. इस नाम का एक 'अंतगडदसा' सूत्र का अध्ययन ; (अंत १८)।

कासविज्जया स्त्री [**काश्यपीया**] जैन मुनिओं की एक शाखा ; (कप्प)।

कासवी स्त्री [**काश्यपी**] १ पृथिवी, धरित्री ; (कुमा)। २ कश्यप-गोत्रीया स्त्री ; (कप्प)। **°रइ** स्त्री [**°रति**] भगवान् सुमतिनाथ की प्रथम शिष्या ; (सम १५२)।

कासा स्त्री [**कृशा**] दुर्बल स्त्री ; (हे १, १२७ ; षड्)।

कासाइया } स्त्री [**काषायी**] कषाय-रंग से रंगी हुई
कासाई } साड़ी, लाल साड़ी ; (कप्प ; उवा)।

कासाय वि [**काषाय**] कषाय-रंग से रंगा हुआ वस्त्रादि; (गउड)।

कासार न [**कासार**] १ तलाव, छोटा सरोवर ; (सुपा १६६)। २ पक्वान्न-विशेष, कँसार ; (स १८६)। ३ पुं. समूह, जत्था ; (गउड)। ४ प्रदेश, स्थान ; (गउड)। **°भूमि** स्त्री [**°भूमि**] नितम्ब-प्रदेश ; (गउड)।

कासार न [**दे**] धातु-विशेष, सीसपत्रक ; (दे २, २७)।

कासि पुं [**काशि**] १ देश-विशेष, काशी जिला ; "कासित्ति जणवओ" (सुपा ३१ ; उत्त १८)। २ काशी देश का राजा; (कुमा)। ३ स्त्री. काशी नगरी, बनारस शहर; (कुमा)। **°पुर** न [**°पुर**] काशी नगरी, बनारस शहर ; (पउम ६, १३७)। **°राय** पुं [**°राज**] काशी-देश का राजा ; (उत्त १८)। **°व** पुं [**°प**] काशी-देश का राजा ; (पउम १०४, ११)। **°वड्ढण** पुं [**°वर्धन**] इस नाम का एक राजा, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी ; (ठा ८—पत्र ४३०)।

कासिअ न [**दे**] १ सूक्ष्म वस्त्र, बारीक कपड़ा ; २ सफेद वस्त्र ; (दे २, ५९)।

कासिअ न [**कासित**] छींक, क्षुत् ; (राज)।

कासिज्ज न [**दे**] काकस्थल-नामक देश ; (दे २, २७)।

कासिल्ल वि [**कासिक**] खाँसी रोग वाला; (विपा १, ७—पत्र ७२)।

कासी स्त्री [**काशी**] काशी, बनारस ; (गाया १, ८)। **°राय** पुं [**°राज**] काशी का राजा ; (पिंग)। **°स** पुं [**°श**] काशी का राजा ; (पिंग)। **°सर** पुं [**°श्वर**] काशी का राजा ; (पिंग)।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

काहल वि [**दे**] १ मृदु, कोमल ; २ ठग, धूर्त; (दे २, ५८)।

काहल वि [**कातर**] कातर, डरपोक, अ-धीर ; (हे १, २१४ ; २५४)।

काहल पुंन [**काहल**] १ वाद्य-विशेष ; (सुर ३, ६६ ; औप ; णंदि)। २ अव्यक्त आवाज; (पगह २, २)।

काहला स्त्री [**काहला**] वाद्य-विशेष ; महा-ढक्का ; (विक्र ८७)।

काहली स्त्री [**दे**] तरुणी, युवति ; (दे २, २६)।

काहल्ली स्त्री [**दे**] १ खर्च करने का धान्यादि ; २ तवा, जिस पर पूरी वगैरः पकाया जाता है ; (दे २, ५६)।

काहार पुं [**दे**] कहार, पानी वगैरः ढ़ोने का काम करने वाला नौकर ; (दे २, २७ ; भवि)।

काहावण पुं [**कार्षापण**] सिक्का-विशेष ; (हे २,७१ ; पगह १, २ ; षड् ; प्राप्र)।

काहिय वि [**काथिक**] कथा-कार, वार्ता करने वाला ; (बृह १)।

काहिल पुं [**दे**] गोपाल, ग्वाला ; स्त्री—°**ला** ; (दे २, २८)।

काहिल्लिआ स्त्री [**दे**] तवा, जिस पर पूरी आदि पकाया जाता है ; (पाअ)।

काहीइदाण न [**करिष्यतिदान**] प्रत्युपकार की आशा से दिया जाता दान ; (ठा १०)।

काहे अ [**कदा**] कब, किस समय ? (हे २, ६५ ; अंत २४ ; प्राप्र)।

काहेणु स्त्री [**दे**] गुञ्जा, लाल रत्ती ; (दे २, २१)।

कि देखो **किं** ; (हे १, २९ ; षड्)।

कि सक [**कृ**] करना, बनाना ; "डुक्कियं करणे" (विसे ३३००)। कवकृ—**किज्जंत**; (सुर १, ६० ; ३, १४ ; ५९)।

किअ देखो **कय**=कृत ; (काप्र ६२५ ; प्रासू १५ ; धम्म २४ ; मै ६५ ; वज्जा ४)।

किअ देखो **किव**=कृप ; (षड्)।

किअंत वि [**कियत्**] कितना ; (सण)।

किअंत देखो **कयंत** ; (अच्चु ५६)।

किआडिआ स्त्री [**कृकाटिका**] गला का उन्नत भाग ; (पाअ)।

किइ स्त्री [**कृति**] कृति, क्रिया, विधान ; (षड् ; प्राप्र ; उव)। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] १ वन्दन, प्रणमन ; (सम २१)। २ कार्य-करण ; (भग १४, ३)।

किं स [**किम्**] कौन, क्या, क्यों, निन्दा, प्रश्न, अतिशय, अल्पता और सादृश्य को बतलाने वाला शब्द; (हे १, २९; ३, ५८ ; ७१ ; कुमा ; विपा १, १ ; निचू १३)। "किं बुल्लंति मणीओ जाउ सहस्सेहिं घिप्पंति" (प्रासू ४)। °**उण** अ [°**पुनः**] तव फिर, फिर क्या ? (प्राप्र)।

किंकत्तव्वया देखो **किंकायव्वया** ; (आचा २, २, ३)।

किंकम्म पुं [**किंकर्मन्**] इस नाम का एक गृहस्थ ; (अंत)।

किंकर पुं [**किङ्कर**] नौकर, चाकर, दास ; (सुपा ६० ; २२३)। °**सच्च** पुं [°**सत्य**] १ परमेश्वर, परमात्मा ; २ अच्युत, विष्णु ; (अच्चु २)।

किंकरी स्त्री [**किङ्करी**] दासी, नौकरानी ; (कप्पू)।

किंकायव्वया स्त्री [**किंकर्त्तव्यता**] क्या करना है यह जानना। °**मूढ** वि [°**मूढ**] किंकर्तव्य-विमूढ़, हक्कावक्का, भौंचक्का, वह मनुष्य जिसे यह न सूझ पड़े कि क्या किया जाय ; (महा)।

किंकिअ वि [**दे**] सफेद, श्वेत ; (दे २, ३१)।

किंकिच्चजड वि [**किंकृत्यजड**] हक्कावक्का, वह मनुष्य जिसे यह न सूझ पड़े कि क्या किया जाय ; (श्रा २७)।

किंकिणिआ स्त्री [**किङ्किणिका**] क्षुद्र घण्टिका ; (सुपा १५६)।

किंकिणी स्त्री [**किङ्किणी**] ऊपर देखो ; (सुपा १५४; कुमा)।

किंगिरिड पुं [**किङ्गिरिट**] क्षुद्र कीट-विशेष, त्रीन्द्रिय जीव की एक जाति ; (राज)।

किंच अ [**किञ्च**] समुच्चय-द्योतक अव्यय, और भी, दूसरा भी ; (सुर १, ४० ; ४१)।

किंचण न [**किञ्चन**] १ द्रव्य-हरण, चोरी ; (विसे ३४५१)। २ अ. कुछ, किञ्चित् ; (वव २)।

किंचहिय वि [**किञ्चिदधिक**] कुछ ज्याद ; (सुपा ४३०)।

किंचि अ [**किञ्चित्**] अल्प, ईषत्, थोड़ा ; (जी १; स्वप्न ४७)।

किंचिम्मत्त वि [**किञ्चिन्मात्र**] स्वल्प, बहुत थोड़ा, यत्किञ्चित् ; (सुपा १४२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किंचूण वि [**किञ्चिदून**] कुछ कम, पूर्ण-प्राय ; (औप)।

किंजक्क पुं [**किञ्जल्क**] पुष्प-रेणु, पराग ; (गाया १, १)।

किंजक्ख पुं [**दे**] शिरीष-वृक्ष, सिरस का पेड़ ; (दे २, ३१)।

किंणेदं (शौ) अ [**किमिदम्, किमेतत्**] यह क्या ? ; (षड् ; कुमा)।

किंतु अ [**किन्तु**] परन्तु, लेकिन ; (सुर ४, ३७)।

किंथुग्घ देखो **किंसुग्घ** ; (राज)।

किंदिय न [**केन्द्र**] १ वर्तुल का मध्य-स्थल ; २ ज्योतिष में इष्ट लग्न से पहला; चौथा, सातवाँ और दशवाँ स्थान ; "किंदियठाणट्ठियगुरुम्मि" (सुपा ३६)।

किंदुअ पुं [**कन्दुक**] कन्दुक, गेंद ; (भवि)।

किंधर पुं [**दे**] छोटी मछली ; (दे २, ३२)।

किंनर पुं [**किन्नर**] १ व्यन्तर देवों की एक जाति ; (पणह १, ४)। २ भगवान् धर्मनाथजी के शासन-देव का नाम ; (संति ८)। ३ चमरेन्द्र की रथ-सेना का अधिपति देव ; (ठा ५, १)। ४ एक इन्द्र ; (ठा २, ३)। ५ देव-गन्धर्व, देव-गायन ; (कुमा)। °**कंठ** पुं [°**कण्ठ**] किन्नर के कण्ठ जितना बड़ा एक मणि ; (जीव ३)।

किंनरी स्त्री [**किन्नरी**] किन्नर देव की स्त्री ; (कुमा)।

किंपय वि [**दे**] कृपण, कंजूस ; (दे २, ३१)।

किंपाग पुं [**किम्पाक**] १ वृक्ष-विशेष ; "हुंति मुहि चिय महुरा विसया किंपागभूरुहफलं व" (पुप्फ ३६२ ; औप)। २ न. उसका फल, जो देखने में और स्वाद में सुन्दर परन्तु खाने से प्राण का नाश करता है; "किंपागफलोवमा विसया" (सुर १२, १३८)।

किंपि अ [**किमपि**] कुछ भी ; (प्रासू ६०)।

किंपुरिस पुं [**किंपुरुष**] १ व्यन्तर देवों की एक जाति ; (पणह १, ४)। २ एक इन्द्र, किन्नर-निकाय का उत्तर दिशा का इन्द्र ; (ठा २, ३)। ३ वैरोचन बलीन्द्र के रथ-सेना का अधिपति देव ; (ठा ५, १—पत्र ३०२)। °**कंठ** पुं [°**कण्ठ**] मणि की एक जाति, जो किंपुरुष के कण्ठ जितना बड़ा होता है ; (जीव ३)।

किंबोड वि [**दे**] स्खलित, गिरा हुआ, भुला हुआ ; (दे २, ३१)।

किंमज्झ वि [**किंमध्य**] असार, निःसार; (पणह २, ४)।

किंसारु पुं [**किंशारु**] सस्य-शूक, सस्य का तीक्ष्ण अग्र भाग ; (दे २, ६)।

किंसुग्घ न [**किंस्तुघ्न**] ज्योतिष-प्रसिद्ध एक स्थिर करण ; (विसे ३३५०)।

किंसुअ पुं [**किंशुक**] १ पलाश का पेड़, टेसू, ढ़ाक ; (सुर ३, ४६)। २ न. पलाश का पुष्प ; (हे १, २६ ; ८६)।

किक्किंडि पुं [**दे**] सर्प, साँप ; (दे २, ३२)।

किक्किंधा स्त्री [**किष्किन्धा**] नगरी-विशेष ; (से १४, ५५)।

किक्किंधि पुं [**किष्किन्धि**] १ पर्वत-विशेष ; (पउम ६, ४५)। २ इस नाम का एक राजा; (पउम ६, १५४; १०, २०)। °**पुर** न [°**पुर**] नगर-विशेष; (पउम ६, ४५)।

किच्च वि [**कृत्य**] १ करने योग्य, कर्तव्य, फरज ; (सुपा ४६५ ; कुमा)। २ वन्दनीय, पूजनीय ; "न पिट्ठओ न पुरओ नेव किच्चाण पिट्ठओ" (उत ३)। ३ पुं. गृहस्थ; (सूअ १, १, ४)। ४ न. शास्त्रोक्त अनुष्ठान, क्रिया कृति; (आचा २, २, २ ; सूअ १, १, ४)।

किच्चंत वि [**कृत्यमान**] १ छिन्न किया जाता, काटा जाता ; २ पीड़ित किया जाता, सताया जाता ; (राज)।

किच्चण न [**दे**] प्रक्षालन, धोना ; "हरिअच्छेयण छप्पइयघच्चणं किच्चणं च पोत्ताणं" (ओघ १६८—पत्र ७२)।

किच्चा स्त्री [**कृत्या**] १ काटना, कर्तन ; (उप पृ ३५६)। २ क्रिया, काम, कर्म ; ३ देव वगैरः की मूर्ति का एक भेद; ४ जादुगिरी, जादू ; ५ रोग-विशेष, महामारी का रोग; (हे १, १२८)।

किच्चा देखो **कर=कृ**।

किच्चि स्त्री [**कृत्ति**] १ मृग वगैरः का चमड़ा; २ चमड़े का वस्त्र; ३ भूर्जपत्र, भोजपत्र; ४ कृतिका नक्षत्र; (हे २,१२; ८९ ; षड्)। °**पाउरण** पुं [°**प्रावरण**] महादेव, शिव; (कुमा)। °**हर** पुं [°**धर**] महादेव, शिव ; (षड्)।

किच्चिरं अ [**कियच्चिरम्**] कितने समय तक, कब तक ? (उप १२८ टी)।

किच्छ न [**कृच्छ्र**] १ दुःख, कष्ट ; (ठा ५, १)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२ वि. कष्ट-साध्य, कष्ट-युक्त; (हे १, १२८)। ३ क्रिवि. दुःख से, मुश्किल से; (सुर ८, १४८)।

किज्ज वि [**क्रेय**] खरीदने योग्य; "अकिज्जं किज्जमेव वा" (दस ७)।

किज्जंत देखो **कि**=कृ।

किज्जिअ वि [**कृत**] किया गया, निर्मित; (पिंग)।

किट्ट सक [**कीर्त्तय्**] १ श्लाघा करना, स्तुति करना। २ वर्णन करना। ३ कहना, बोलना। किट्टइ, किट्टेइ; (आचा; भग)। वकृ—**किट्टमाण**; (पि २८९)। संकृ—**किट्टइत्ता, किट्टित्ता**; (उत्त २९; कप्प)। हेकृ—**किट्टित्तए**; (कस)।

किट्ट स्त्रीन [**किट्ट**] १ धातु का मल, मैल; (उप ५३२)। २ रंग-विशेष; (उर ६, ५)। ३ तेल, घी वगैरः का मैल। स्त्री—°**ट्टी**; (पभा ३३)।

किट्टण देखो **कित्तण**; (बृह ३)।

किट्टि स्त्री [**किट्टि**] १ अल्पीकरण-विशेष, विभाग-विशेष; "अपुव्वविसोहीए अणुभागोणूणविभयणं किट्टी" (पंच १२; आवम)।

किट्टिय वि [**कीर्तित**] १ वर्णित, प्रशंसित; (सूअ २, ६)। २ प्रतिपादित, कथित; (सूअ २, २; ठा ७)।

किट्टिया स्त्री [**कीटिका**] वनस्पति-विशेष; (पराग १; भग ७, २)।

किट्टिस न [**किट्टिस**] १ खली, सरसों, तिल आदि का तैल-रहित चूर्ण; (अणु)। २ एक प्रकार का सूत, सूता; (अणु; आवम)।

किट्टी देखो **किट्ट**=किट्ट।

किट्टीकय वि [**किट्टीकृत**] आपस में मिला हुआ, एकाकार, जैसे सुवर्ण आदि का किट्ट उसमें मिल जाता है उस तरह मिला हुआ; (उव)।

किट्ठ वि [**क्लिष्ट**] क्लेश-युक्त; (भग ३, २; जीव ३)।

किट्ठ वि [**कृष्ट**] जोता हुआ, हल-विदारित; (सुर ११, ५६; भग ३, २)। २ न. देव-विमान विशेष; "जे देवा सिरिवच्छं सिरिदामकंडं मल्लं किट्ठं (? ट्टं) चावोरणयं अररणवडिंसगं विमाणं देवत्ताए उववरणा" (सम ३९)।

किट्ठि स्त्री [**कृष्टि**] १ कर्षण; २ खींचाव, आकर्षण। ३ देव-विमान विशेष; (सम ९)। °**कूड** न [°**कूट**] देव-विमान-विशेष; (सम ९)। °**घोस** न [°**घोष**] विमान-विशेष; (सम ९) °**जुत्त** न [°**युक्त**] विमान-विशेष; (सम ९)। °**ज्झय** न [°**ध्वज**] विमान-विशेष; (सम ९)। °**प्पभ** न [°**प्रभ**] देव-विमान विशेष; (सम ९)। °**वण्ण** न [°**वर्ण**] विमान-विशेष; (सम ९)। °**सिंग** न [°**शृङ्ग**] विमान-विशेष; (सम ९)। °**सिट्ठ** न [°**शिष्ट**] एक देव-विमान; (सम ९)।

किट्ठियावत्त न [**कृष्ट्यावर्त्त**] देव-विमान विशेष; (सम ९)।

किट्ठुत्तरवडिंसग न [**कृष्ट्युत्तरावतंसक**] इस नाम का एक देव-विमान, देव-भवन; (सम ९)।

किडि पुं [**किरि**] सूकर, सूअर; (हे १, २५१; षड्)।

किडिकिडिया स्त्री [**किटिकिटिका**] सूखी हड्डी का आवाज; (णाया १, १—पत्र ७४)।

किडिभ पुं [**किटिभ**] रोग-विशेष, एक जात का क्षुद्र कोढ़; (लहुअ १५; भग ७, ६)।

किडिया स्त्री [**दे**] खिड़की, छोटा द्वार; (स ५८३)।

किड्ड अक [**क्रीड्**] खेलना, क्रीड़ा करना। वकृ—**किड्डंत**; (पि ३९७)।

किड्डकर वि [**क्रीडाकर**] क्रीड़ा-कारक; (औप)।

किड्डा स्त्री [**क्रीडा**] १ क्रीड़ा, खेल; (विपा १, ७)। २ बाल्यावस्था; (ठा १०—पत्र ५१९)।

किड्डाविया स्त्री [**क्रीडिका**] क्रीड़न-धात्री, बालक को खेल-कूद कराने वाली दाई; (णाया १, १६—पत्र २११)।

किढि वि [**दे**] १ संभोग के लिए जिसको एकान्त स्थान में लाया जाय वह; (वव ३)। २ स्थविर, वृद्ध; (बृह १)।

किढिण न [**किठिन**] संन्यासिओं का एक पात्र, जो वाँस का बना हुआ होता है; (भग ७, ९)।

किण सक [**क्री**] खरीदना। किणइ; (हे ४, ५२)। वकृ—"से **किणं** किणावेमाणे हणं घायमाणे" (सूअ २, १)। **किणंत**; (सुपा ३९६)। संकृ—**किणित्ता**; (पि ५८२)। प्रयो—किणावेइ; (पि ५५१)।

किण पुं [**किण**] १ घर्षण-चिन्ह, घर्षण की निशानी; (गउड)। २ मांस-ग्रन्थि; ३ सूखा घाव; (सुपा ३७०; वज्जा ३६)।

किणइय वि [**दे**] शोभित, विभूषित; (पउम ६२, ९)।

किणण न [**क्रयण**] किनना, खरीद, क्रय; (उप पृ २५८)।

किणा देखो **किण्णा**; (प्राप्र; हे ३, ६९)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किणिकिण अक [**किणिकिणय्**] किण किण आवाज करना। वकृ—**किणिकिणिंत**; (औप)।

किणिय वि [**क्रीत**] किना हुआ, खरीदा हुआ ; (सुपा ४३४)।

किणिय पुं [**किणिक**] १ मनुष्य की एक जाति, जो वादित्र बनाती और बजाती है ; (वव ३)। २ रस्सी बनाने का काम करने वाली मनुष्य-जाति ; " किणिया उ वरत्ताओ वलिंति " (पंचू)।

किणिय न [**किणित**] वाद्य-विशेष ; (राय)।

किणिया स्त्री [**किणिका**] छोटा फोड़ा, फुनसी ;
" अन्नेवि सइं महियलनिसीयणुप्पन्नकिणियपोंगिल्ला।
मलिणजरकप्पडोच्छइयविग्गहा कहवि हिंडंति "
(स १८०)।

किणिस सक [**शाणय्**] तीक्ष्ण करना, तेज करना। किणिसइ ; (पिंग)।

किणो अ [**किमिति**] क्यों, किस लिए ? (दे २, ३१ ; हे २, २१६ ; पाअ ; गा ६७ ; महा)।

किण्ण वि [**कीर्ण**] १ उत्कीर्ण, खुदा हुआ; "उवलकिरणव्व कट्ठघडियव्व" (सुपा ५७१)। २ क्षिप्त, फेंका हुआ ; (ठा ६)।

किण्ण पुं [**किण्व**] १ फल वाला वृक्ष-विशेष, जिससे दारू बनता है ; (गउड ; आचा)। २ न. सुरा-बीज, किण्व-वृक्ष के बीज, जिस का दारू बनता है ; (उत्त २)। °**सुरा** स्त्री [°**सुरा**] किण्व-वृक्ष के फल से बनी हुई मदिरा ; (गउड)।

किण्ण वि [**दे**] शोभमान, राजमान ; (दे २, ३०)।

किण्णं अ [**किंनम्**] प्रश्नार्थक अव्यय; (उवा)।

किण्णर देखो **किंनर** ; (जं १ ; राय ; इक)।

किण्णा अ [**कथम्**] क्यों, क्यों कर, कैसे ? "किराणा लद्धा किराणा पत्ता" (विपा २, १—पत्र १०६)।

किण्णु अ [**किंनु**] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;—१ प्रश्न ; २ वितर्क ; ३ सादृश्य ; ४ स्थान, स्थल ; ५ विकल्प; (उवा ; स्वप्न ३४)।

किण्ह देखो **कण्ह** ; (गा ६५ ; णाया १, १ ; उर ६, ५ ; पगण १७)।

किण्ह न [**दे**] १ बारीक कपड़ा ; २ सफेद कपड़ा ; (दे २, ५६)।

किण्हा देखो **कण्हा** ; (ठा ५, ३—पत्र ३५१ ; कम्म ४ १३)।

कितव पुं [**कितव**] द्यूतकर, जूआरी ; (दे ४, ८)।

कित्त देखो **किट्ट=कीर्तय्**। भवि—कित्तइस्सं ; (पडि)। संकृ—**कित्तइत्ताण** ; (पच ११६)।

कित्तण न [**कीर्त्तन**] १ श्लाघा, स्तुति; "तव य जिणुत्तम संति कित्तणं" (अजि ४ ; से ११, १३३)। २ वर्णन, प्रतिपादन; ३ कथन, उक्ति; (विसे ६४० ; गउड; कुमा)।

कित्तवीरिअ देखो **कत्तवीरिअ** ; (ठा ८)।

कित्ति स्त्री [**कीर्त्ति**] १ यश, कीर्त्ति, सुख्याति ; (औप ; प्रासू ४३ ; ७४ ; ८२)। २ एक विद्या-देवी; (पउम ७, १४१)। ३ केसरि-द्रह की अधिष्ठात्री देवी; (ठा २, ३—पत्र ७२)। ४ देव-प्रतिमा विशेष; (णाया १, १ टी – पत्र ४३)। ५ श्लाघा, प्रशंसा ; (पंच ३)। ६ नीलवन्त पर्वत का एक शिखर ; (जं ४)। ७ सौधर्म देवलोक की एक देवी ; (निर)। ८ पुं. इस नाम का एक जैन मुनि, जिसके पास पांचवें बलदेव ने दीक्षा ली थी ; (पउम २०, २०५)। °**कर** वि [°**कर**] १ यशस्कर, ख्याति-कारक; (णाया १, १)। २ पुं. भगवान् आदिनाथ के एक पुत्र का नाम ; (राज)। °**चंद** पुं [°**चन्द्र**] नृप-विशेष ; (धम्म)। °**धम्म** पुं [°**धर्म**] इस नाम का एक राजा ; (दंस)। °**धर** पुं [°**धर**] १ नृप-विशेष ; (तंदु)। २ एक जैन मुनि, दूसरे बलदेव के गुरु; (पउम २०,२०५)। °**पुरिस** पुं [°**पुरुष**] कीर्ति-प्रधान पुरुष, वासुदेव वगैरः ; (ठा ६)। °**म** वि [°**मत्**] कीर्ति-युक्त। °**मई** स्त्री [°**मती**] १ एक जैन साध्वी, (आक)। २ ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती की एक स्त्री; (उत्त १३)। °**य** वि [°**द**] कीर्तिकर, यशस्कर ; (औप)।

कित्ति स्त्री [**कृत्ति**] चर्म, चमड़ा; "कुत्तो अम्हाण वग्घकित्तीय" (काप्र ८६३ ; गा ६४० ; वज्जा ४४)।

कित्तिम वि [**कृत्रिम**] बनावटी, नकली; (सुपा २४ ; ६१३)।

कित्तिय वि [**कीर्त्तित**] १ उक्त, कथित; "कित्तियवंदियमहिया" (पडि)। २ प्रशंसित, श्लाघित ; (ठा २, ४)। ३ निरूपित, प्रतिपादित ; (तंदु)।

कित्तिय वि [**कियत्**] कितना ; (गउड)।

किन्न वि [**क्लिन्न**] आर्द्र, गीला ; (हे ४, ३२६)।

किन्ह देखो **कण्ह** ; (कप्प)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किपाड वि [**दे**] स्खलित, गिरा हुआ ; (षड्) ।

किब्बिस न [**किल्बिष**] १ पाप, पातक ; (पराह १, २) । २ मांस ; "निग्गयं च से बीयपासेणं किब्बिसं" (स २६३) । ३ पुं. चाराडाल-स्थानीय देव-जाति ; (भग १२, ५) । ४ वि. मलिन; ५ अधम, नीच ; (उत्त ३)। ६ पापी, दुष्ट ; (धर्म ३) । ७ कर्बुर, चितकबरा ; (तंदु) ।

किब्बिसिय पुं [**किल्बिषिक**] १ चाराडाल-स्थानीय देव-जाति ; (ठा ३, ४—पत्र १६२) । २ केवल वेषधारी साधु ; (भग) । ३ वि. अधम, नीच; (सूत्र १, १, ३)। ४ पाप-फल को भोगने वाला दरिद्र, पंगु वगैरः ; (णाया १, १) । ५ भाराड-चेष्टा करने वाला ; (औप) ।

किब्बिसिया स्त्री [**कैल्बिषिकी**] १ भावना-विशेष, धर्म-गुरु वगैरः की निन्दा करने की आदत ; (धर्म ३) । २ केवल वेष-धारी साधु की वृत्ति ; (भग) ।

किम (अप) अ [**कथम्**] क्यों, कैसे ? (हे ४, ४०१)।

किमण देखो **किवण** ; (आचा) ।

किमस्स पुं [**किमश्व**] नृप-विशेष, जिसने इन्द्र को संग्राम में हराया था और शाप लगने से जो मर कर अजगर हुआ था ; (निचू १) ।

किमि पुं [**कृमि**] १ क्षुद्र जीव, कीट-विशेष; (पराह १, ३)। २ पेट में, फुनसी में और बवासीर में उत्पन्न होता जन्तु-विशेष, (जी १५)। ३ द्वीन्द्रिय कीट-विशेष; (पराह १, १—पत्र २३)। °**य** न [°**ज**] कृमि-तन्तु से उत्पन्न वस्त्र; "कोसेज्जपट्टमाई जं, किमियं तु पवुच्चइ" (पंचभा) । °**राग**, °**राय** पुं [°**राग**] किरमिजी का रंग ; (कम्म १, २० ; दे २, ३२; पराह २, ४) । °**रासि** पुं [°**राशि**] वनस्पति-विशेष ; (पराग १—पत्र ३६) ।

किमिघरवसण [**दे**] देखो **किमिहरवसण** ; (षड्) ।

किमिच्छय न [**किमिच्छक**] इच्छानुसार दान ; (णाया १, ८—पत्र १५०) ।

किमिण वि [**कृमिमत्**] कृमि-युक्त ; "किमिणबहुदुरभिगंधेसु" (पराह २, ५) ।

किमिराय वि [**दे**] लाक्षा से रक्त ; (दे २, ३२) ।

किमिहरवसण न [**दे**] कौशेय वस्त्र ; (दे २, ३३) ।

किमु अ [**किमु**] इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ प्रश्न; २ वितर्क ; ३ निन्दा ; ४ निषेध ; (हे २, २१७ ; पिंग) ।

किमुय अ [**किमुत**] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;—१ प्रश्न ; २ विकल्प ; ३ वितर्क ; ४ अतिशय ; (हे २, २१८) "अमरनररायमहियं ति पूइयं तेहिं, किमुय सेसेहिं" (विसे १०६१) ।

किम्मिय न [**दे. किम्मित**] जड़ता, जाड्य ; (राज) ।

किम्मीर वि [**किर्मीर**] १ कर्बुर, कबरा; (पात्र) । २ पुं. राक्षस-विशेष, जिसको भीमसेन ने मारा था ; (वेणी ११७) । ३ वंश-विशेष; "जाया किम्मीरवंसे " (रंभा) ।

कियत्थ देखो **कयत्थ** ; (भवि) ।

कियव्व देखो **कइअव** ; (उप ७२८ टी) ।

किया देखो **किरिया** ; " हयं नाणं कियाहीणं " (हे २, १०४) ; " मग्गणुसारी सद्धो पन्नवणिज्जो कियावंरो चेव " (उप १६६ ; विसे ३५६३ टी ; कप्पू) ।

कियाणं देखो **कर**=कृ ।

कियाणग न [**क्रयाणक**] किराना, करियाना, बेचने योग्य चीज ; (सुर १, ६०) ।

किर पुं [**दे**] सूकर, सूअर ; (दे २, ३० ; षड्) ।

किर अ [**किल**] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;—१ संभावना ; २ निश्चय ; ३ हेतु, निश्चित कारण ; ४ वार्ता-प्रसिद्ध अर्थ ; ५ अरुचि ; ६ अलीक, असत्य ; ७ संशय, संदेह ; (हे २, १८६ ; षड् ; गा १२६ ; प्रासू १७ ; दस १) । ७ पाद-पूर्ति में भी इसका प्रयोग होता है ; (कम्म ४, ७६) ।

किर सक [**कॄ**] १ फेंकना । २ पसारना, फैलाना । ३ बिखेरना । वकृ—**किरंत** ; (से ४, ५८ ; १४, ५७) ।

किरण पुंन [**किरण**] किरण, रश्मि, प्रभा ; (सुपा ३५१; गउड ; प्रासू ८२) ।

किरणिल्ल वि [**किरणवत्**] किरण वाला, तेजस्वी ; (सुर २, २४२) ।

किराड, **किराय** } पुं [**किरात**] १ अनार्य देश-विशेष ; (पव १४८) । २ भील, एक जंगली जाति ; (सुर २, २७ ; १६० ; सुपा ३६१ ; हे १, १८३) ।

किरि पुं [**किरि**] भालु का आवाज ; " कत्थइ किरिति कत्थइ हिरित्ति कत्थइ छिरित्ति रिच्छाणं सद्दो"(पउम ६४,४५)।

किरि पुं [**किरि**] सूकर, सूअर ; (गउड) ।

किरिइरिआ, **किरिकिरिआ** } स्त्री [**दे**] १ कर्णोपकर्णिका, एक कान से दूसरे कान गई हुई बात, गप ; २ कुतूहल, कौतुक ; (दे २, ६१) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किरित्तण देखो **कित्तण** ; (नाट—माल ९७)।

किरिया स्त्री [**क्रिया**] १ क्रिया, कृति, व्यापार, प्रयत्न ; (सूत्र २, १ ; ठा ३, ३)। २ शास्त्रोक्त अनुष्ठान, धर्मानुष्ठान ; (सूत्र २, ४ ; पव १४६)। ३ सावद्य व्यापार ; (भग १७, १)। ४ **°ट्ठाण** न [**°स्थान**] कर्म-बन्ध का कारण ; (सूत्र २, २ ; आव ४)। **°वर** वि [**°पर**] अनुष्ठान-कुशल ; (षड्)। **°वाइ** वि [**°वादिन्**] १ आस्तिक, जीवादि का अस्तित्व मानने वाला ; (ठा ४, ४)। २ केवल क्रिया से ही मोक्ष होता है ऐसा मानने वाला ; (सम १०६)। **°विसाल** न [**°विशाल**] एक जैन ग्रन्थांश, तेरहवाँ पूर्व-ग्रन्थ ; (सम २६)।

किरीड पुं [**किरीट**] मुकुट, शिरो-भूषण ; (पाअ)।

किरीडि पुं [**किरीटिन्**] अर्जुन, मध्यम पाण्डव ; (वेणी १६२)।

किरीत वि [**क्रीत**] किना हुआ, खरीदा हुआ ; (प्राप्र)।

किरीय पुं [**किरीय**] १ एक म्लेच्छ देश; २ उसमें उत्पन्न म्लेच्छ जाति; (राज)।

किरोलय न [**किरोलक**] फल-विशेष, किरोलिका वल्ली का फल ; (उर ६, ५)।

किल देखो **किर**=किल ; (हे २, १८६ ; गउड ; कुमा)।

किलंत वि [**क्लान्त**] खिन्न, श्रान्त ; (षड्)।

किलंज न [**किलिञ्ज**] बाँस का एक पात्र, जिस में गैया वगैरः को खाना खिलाया जाता है ; (उवा)।

किलकिल अक [**किलकिलाय्**] 'किल किल' आवाज करना, हँसना। "किलकिलइ व्व सहरिसं मणिकंचीकिंकिणिरवेण" (कप्पू)।

किलकिलाइय न [**किलकिलायित**] 'किलकिल' ध्वनि, हर्ष-ध्वनि ; (आवम)।

किलणी स्त्री [**दे**] रथ्या, गली ; (दे २, ३१)।

किलम्म अक [**क्लम्**] क्लान्त होना, खिन्न होना। किलम्मइ ; (कप्पू)। किलम्मसि ; (वज्जा ६२)। वकृ—**किलम्मंत** ; (पि १३६)।

किलाचक्क न [**क्रीडाचक्र**] इस नाम का एक छन्द—वृत्त ; (पिंग)।

किलाड पुं [**किलाट**] दूध का विकार-विशेष, मलाई ; (दे २, २२)।

किलाम सक [**क्लमय्**] क्लान्त करना, खिन्न करना, ग्लानि उत्पन्न करना। किलामेज्ज ; (पि १३६)। वकृ—**किलामेंत** ; (भग ५, ६)। कवकृ—**किलामीअमाण** ; (मा ४६)।

किलाम पुं [**क्लम**] खेद, परिश्रम, ग्लानि ; "खमणिज्जो मे किलामो" (पडि ; विसे २४०४)।

किलामणया स्त्री [**क्लमना**] खिन्न करना, ग्लानि उत्पन्न करना ; (भग ३, ३)।

किलामिअ वि [**क्लमित**] खिन्न किया हुआ, हैरान किया हुआ, पीड़ित ; "तण्हाकिलामिअंगो" (पउम १०३, २२ ; सुर १०, ४८)।

किलिंच न [**दे**] छोटी लकड़ी, लकड़ी का टुकड़ा ; "दंतंतरसोहणयं किलिंचमित्तं पि अविदिन्नं" (भत्त १०२ ; पाअ ; दे २, ११)।

किलिंचिअ न [**दे**] ऊपर देखो ; (गा ८०)।

किलिंत देखो **किलंत** ; (नाट—मृच्छ २५ ; पि १३६)।

किलिकिंच अक [**रम्**] रमण करना, क्रीड़ा करना। किलिकिंचइ ; (हे ४, १६८)।

किलिकिंचिअ न [**रत**] रमण, क्रीड़ा, संभोग ; (कुमा)।

किलिकिल अक [**किलकिलाय्**] 'किल किल' आवाज करना। वकृ—**किलिकिलंत** ; (उप १०३१ टी)।

किलिकिलि न [**किलिकिलि**] इस नाम का एक विद्याधर-नगर ; (इक)।

किलिकिलिकिल देखो **किलकिल**। वकृ—**किलिकिलिकिलंत** ; (पउम ३३, ८)।

किलिगिलिय न [**किलिकिलित**] 'किल किल' आवाज करना, हर्ष-द्योतक ध्वनि-विशेष ; (स ३७० ; ३८५)।

किलिट्ठ वि [**क्लिष्ट**] १ क्लेश-युक्त; (उत्त ३२)। २ कठिन, विषम ; ३ क्लेश-जनक ; (प्राप्र ; हे २, १०६ ; उव)।

किलिण्ण देखो **किलिन्न** ; (स्वप्न ८५)।

किलित्त वि [**क्लृप्त**] कल्पित, रचित ; (प्राप्र ; षड् ; हे १, १४५)।

किलित्ति स्त्री [**क्लृप्ति**] रचना, कल्पना ; (पि ५९)।

किलिन्न वि [**क्लिन्न**] आर्द्र, गीला ; (हे १, १४५ ; २, १०६)।

किलिम्म देखो **किलम्म**। किलिम्मइ ; (पि१७७)। वकृ—**किलिम्मंत** ; (से ६, ८० ; ११, ५०)।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किलिम्मिअ वि [दे] कथित, उक्त; (दे २, ३२)।

किलिव देखो **कीव** ; (वव २ ; मै ४३)।

किलिस अक [**क्लिश्**] खेद पाना, थक जाना, दुःखी होना। वकृ—**किलिसंत** ; (पउम २१, ३८)।

किलिस देखो **किलेस**; "मिच्छत्तमच्छभीयाण, किलिससलिलम्मि बुड्डाणं" (सुपा ६४)।

किलिसिअ वि [**क्लेशित**] आयासित, क्लेश-प्राप्त ; (स १४६)।

किलिस्स देखो **किलिस**=क्लिश्। किलिस्सइ ; (महा; उव)। वकृ—**किलिस्संत** ; (नाट—माल ३१)।

किलिस्सिअ वि [**क्लिष्ट**] क्लेश-प्राप्त, क्लेश-युक्त ; (उप पृ ११६)।

किलीण देखो **किलिण्ण** ; (भवि)।

किलीव देखो **कीव** ; (स ६०)।

किलेस पुं [**क्लेश**] १ खेद, थकावट; (औप)। २ दुःख, पीड़ा, बाधा; (पउम २२, ७५ ; सुज्ज २०)। ३ दुःख का कारण ; ४ कर्म, शुभाशुभ कर्म ; (बृह १)। °**यर** वि [°**कर**] क्लेश-जनक ; (पउम २२, ७५)।

किलेसिय वि [**क्लेशित**] दुःखी किया हुआ ; (सुर ४, १६७ ; १६६)।

किल्ला देखो **किड्डा** ; (मै ६१)।

किव पुं [**कृप**] १ इस नाम का एक ऋषि, कृपाचार्य ; (हे १, १२८)। "भाइसयसमग्गं गंगेयं विदुरं दोणं जयद्दहं सउणिं कीवं (? सउणिं किवं) आसत्थामं" (णाया १, १६—पत्र २०८)।

किवँ (अप) देखो **कहं** ; (कुमा)।

किवण वि [**कृपण**] १ गरीब, रंक, दीन ; (सूअ १, १, ३ ; अच्चु ६७)। २ दरिद्र, निर्धन ; (पणह १, २)। ३ कंजूस, अ-दाता ; (दे २, ३१)। ४ क्लीब, कायर ; (सूअ २, २)।

किवा स्त्री [**कृपा**] दया, मेहरबानी ; (हे १, १२८)। °**वन्न** वि [°**पन्न**] कृपा-प्राप्त, दयालु ; (पउम ६५,४७)।

किवाण पुंन [**कृपाण**] खड्ग, तलवार ; (सुपा १५८ ; हे १, १२८ ; गउड)।

किवालु वि [**कृपालु**] दयालु, दया करने वाला ; (पउम ३४, ५० ; ६७, २०)।

किविड न [दे] १ खलिहान, अन्न साफ करने का स्थान ; २ वि. खलिहान में जो हुआ हो वह ; (दे २, ६०)।

किविडी स्त्री [दे] १ किवाड़, पार्श्व-द्वार ; २ घर का पिछला आँगन ; (दे २, ६०)।

किविण देखो **किवण** ; (हे १, ४६ ; १२८ ; गा १३६; सुर ३, ४४ ; प्रासू ५१ ; पणह १, १)।

किस वि [**कृश**] १ दुर्बल, निर्बल ; (उवर ११३)। २ पतला ; (हे १, १२८ ; ठा ४, २)।

किसंग वि [**कृशाङ्ग**] दुर्बल शरीर वाला; (गा ६५७)।

किसर पुं [**कृशर**] १ पक्वान्न-विशेष, तिल, चावल और दूध की बनी हुई एक खाद्य चीज ; २ खिचड़ी, चावल और दाल का मिश्रित भोजन-विशेष ; (हे १, १२८)।

किसर देखो **केसर** ; "महमहिअदसणकिसरं" (हे १,१४६)।

किसरा स्त्री [**कृशरा**] खिचड़ी, चावल-दाल का मिश्रित भोजन-विशेष ; (हे १. १२८ ; दे १, ८८)।

किसल देखो **किसलय** ; (हे १, २६६ ; कुमा)।

किसलइय वि [**किसलयित**] अङ्कुरित, नये अङ्कुर वाला; (सुर ३, ३६)।

किसलय पुंन [**किसलय**] १ नूतन अङ्कुर ; (श्रा २०)। २ कोमल पत्ती ; (जी ६)। "सव्वोवि किसलओ खलु उग्गममाणो अणंतओ भणिओ" (पण्ण १)। °**माला** स्त्री [°**माला**] छन्द-विशेष ; (अजि १६)।

किसा देखो **कासा** ; (हे १, १२७)।

किसाणु पुं [**कृशानु**] १ अग्नि, वह्नि, आग ; २ वृक्ष-विशेष, चित्रक वृक्ष ; ३ तीन की संख्या ; (हे १, १२८; षड्)।

किसि स्त्री [**कृषि**] खेती, चास ; (विसे १६१५ ;सुर १५, २०० ; प्राप्र)।

किसिअ वि [**कृशित**] दुर्बलता-प्राप्त, कृशता-युक्त ; (गा ४० ; वज्जा ४०)।

किसिअ वि [**कृषित**] १ विलिखित, रेखा किया हुआ ; २ जोता हुआ, कृष्ट ; ३ खींचा हुआ ; (हे १, १२८)।

किसीवल पुं [**कृषीवल**] कर्षक, किसान ; "पायं पसस्स धन्नं भक्खंति किसीवला पुव्विं" (श्रा १६)।

किसोर पुं [**किशोर**] बाल्यावस्था के बाद की अवस्था वाला बालक ; "सीहकिसोरोव्व गुहाओ निग्गओ" (सुपा ५४१)।

किसोरी स्त्री [**किशोरी**] कुमारी, अविवाहिता युवती ; (णाया १, ६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किस्स देखो **किलिस**=क्लिश् । संकृ—**किस्सइत्ता** ; (सूत्र १, ३, २) ।

किह } देखो **कहं**; (आचा; कुमा; भग ३, २; गाया १,१७) ।
किहं }

कीअ देखो **कीव** ; (षड् ; प्राप्र) ।

कीइस वि [**कीदृश**] कैसा, किस तरह का ; (स १४०) ।

कीकस पुं [**कीकश**] १ कृमि-जन्तु विशेष; २ न. हड्डी, हाड़ ; ३ कठिन, कठोर ; (राज) ।

कीचअ देखो **कीयग** ; (वेणी १७७) ।

कीड देखो **किड्ड**=क्रीड् । भवि—कीडिस्सं; (पि २२६) ।

कीड पुं [**कीट**] १ कीड़ा, चुद्र जन्तु ; (उव) । २ कीट-विशेष; चतुरिन्द्रिय जन्तु की एक जाति ; (उत्त २) ।

कीडइल्ल वि [**कीटवत्**] कीड़ा वाला, कीटक-युक्त ; (गउड) ।

कीडण न [**क्रीडन**] खेल, क्रीड़ा ; (सुर १, ११८) ।

कीडय पुं [**कीटक**] देखो **कीड**=कीट ; (नाट ; सुपा ३७०) ।

कीडय न [**कीटज**] कीड़े के तन्तु से उत्पन्न होता वस्त्र, वस्त्र-विशेष ; (अणु) ।

कीडा देखो **किड्डा** ; (सुर ३, ११६ ; उवा) ।

कीडाविया देखो **किड्डाविया** ; (राज) ।

कीडिया स्त्री [**कीटिका**] पिपीलिका, चींटी; (सुर १०, १७६) ।

कीडी स्त्री [**कीटी**] ऊपर देखो ; (उप १४७ टी ; दे २, ३) ।

कीण सक [**क्री**] खरीदना, मोल लेना । कीणइ, कीणए ; (षड्) । भवि—कीणिस्सं ; (पि ५११ ; ५३४) ।

कीणास पुं [**कीनाश**] यम, जम ; (पाअ; सुपा १८३) । °**गिह** न [°**गृह**] मृत्यु, मौत ; (उप १३६ टी) ।

कीय वि [**क्रीत**] १ खरीदा हुआ, मोल लिया हुआ ; (सम ३९ ; पगह २, १ ; सुपा ३४५) । २ जैन साधुओं के लिए भिक्षा का एक दोष; (ठा ३, ४) । ३ न. क्रय, खरीद; (दस ३ ; सूत्र १, ६) । °**कड**, °**गड** वि [°**कृत**] १ मूल्य देकर लिया हुआ ; (बृह १) । २ साधु के लिए मोल से किना हुआ, जैन साधु के लिए भिक्षा-दोष-युक्त वस्तु ; (पि ३३०) ।

कीयग पुं [**कीचक**] विराट देश के राजा का साला, जिसे भीम ने मारा था ; (उप ६४८ टी) । "नवमं दूयं विराडनयरं, तत्थ णं तुमं कि(? की)यगं भाउसयसमग्गं" (गाया १, १६—पत्र २०६) ।

कीया स्त्री [**कीका**] नयन-तारा; "मरकतमसारकलितनयण-कीयरासिवन्ने" (गाया १, १ टी—पत्र ६) ।

कीर पुं [**दे.कीर**] शुक, तोता ; (दे २, २१ ; उर १, १४) ।

कीर पुं [**कीर**] १ देश-विशेष, काश्मीर देश ; २ वि. काश्मीर देश संबन्धी, ३ वि. काश्मीर देश में उत्पन्न ; (विसे ४६४ टी) ।

कीरंत } देखो **कर**=कृ ।
कीरमाण }

कीरल पुं [**कीरल**] देश-विशेष ; (पउम ६८, ६४) ।

कीरिस देखो **केरिस** ; (गा ३७४ ; मा ४) ।

कीरी स्त्री [**कीरी**] लिपि-विशेष, कीर देश की लिपि ; (विसे ४६४ टी) ।

कील अक [**क्रीड्**] क्रीड़ा करना, खेलना । कीलइ; (प्राप्र) । वकृ—**कीलंत**, **कीलमाण**; (सुर १, १२१; पि २४०) । संकृ—**कीलेत्ता**, **कीलिऊण**; (सुर १, ११७; पि २४०) ।

कील वि [**दे**] स्तोक, अल्प, थोड़ा ; (दे २, २१) ।

कील देखो **खील** ; (पाअ) ।

कीलण न [**क्रीडन**] क्रीड़ा, खेल ; (औप) । °**धाई** स्त्री [°**धात्री**] बालक को खेल-कूद कराने वाली दाई ; (गाया १, १) ।

कीलणअ न [**क्रीडनक**] खिलौना ; (अभि २४२) ।

कीलणिआ } स्त्री [**दे**] रथ्या, गली ; (दे २, ३१) ।
कीलणी }

कीला स्त्री [**दे**] १ नव-वधू, दुलहिन ; (दे २, ३३) ।

कीला स्त्री [**कीला**] सुरत समय में किया जाता हृदय-ताड़न विशेष ; (दे २, ६४) ।

कीला स्त्री [**क्रीडा**] खेल, क्रीडन ; (सुपा ३५८ ; सुर १, ११७) । °**वास** पुं [°**वास**] क्रीड़ा करने का स्थान; (इक) ।

कीलाल न [**कीलाल**] रुधिर, खून, रक्त; (उप ८६; पाअ) ।

कीलालिअ वि [**कीलालित**] रुधिर-युक्त, खून वाला ; (गउड) ।

कीलावण न [**क्रीडन**] खेल कराना ; (गाया १, २) ।

कीलावणय न [**क्रीडनक**] खिलौना ; (निर १, १) ।

कीलिअ न [**क्रीडित**] क्रीड़ा, रमण, क्रीड़न ; (सम १५ ; स २४१) ।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कीलिअ वि [**कीलित**] खूँटा ठोका हुआ ; " लिहियव्व कीलियव्व " (महा ; सुपा २५४) ।

कीलिआ स्त्री [**कीलिका**] १ छोटा खूँटा, खूँटी ; (कम्म १, ३९) । २ शरीर-संहनन विशेष, शरीर का एक प्रकार का बाँधा, जिसमें हड्डियां केवल खूँटों से बँधी हुई हों ऐसा शरीर-बन्धन ; (सम १४९; कम्म १, ३९) ।

कीव पुं [**क्लीब**] १ नपुंसक ; (बृह ४) । २ वि. कातर, अधीर ; (सुर २, १४ ; गाया १, १) ।

कीव पुं [**दे. कीव**] पक्षि-विशेष; (पराह १, १—पत्र ८) ।

कीस वि [**कीदृश**] कैसा, किस तरह का ; (भग ; पराण ३४) ।

कीस वि [**किंस्व**] कौन स्वभाव वाला, कैसे स्वभाव का ; (भग) ।

कीस अ [**कस्मात्**] क्यों, किस से, किस कारण से ? (उव ; हे ३, ६८) ।

कु अ [**कु**] १ अल्प, थोड़ा ; २ निषिद्ध, निवारित ; ३ कुत्सित, निन्दित ; (हे २, २१७ ; से १, २६; सम्म १) । ४ विशेष, ज्यादः ; (गाया १, १४) । °**उरिस** पुं [°**पुरुष**] खराब आदमी, दुर्जन ; (से १२, ३३) । °**चर** वि [°**चर**] खराब चाल-चलन वाला, सदाचार-रहित ; (आचा) । °**डंड** पुं [°**दण्ड**] पाश-विशेष, जिसका प्रान्त भाग काष्ठ का होता है ऐसा रज्जु-पाश ; (पराह १, ३) । °**डंडिम** वि [°**दण्डिम**] दराड देकर छीना हुआ द्रव्य ; (विपा १, ३) । °**तित्थ** न [°**तीर्थ**] १ जलाशय में उतरने का खराब मार्ग ; (प्रासू ६०) । २ दूषित दर्शन ; (सुअ १, १, १) । ३ °**तित्थि** वि [°**तीर्थिन्**] दूषित मत का अनुयायी ; (कुमा) । °**दंडिम** देखो **डंडिम** ; (गाया १, १—पत्र ३७) । °**दंसण** न [°**दर्शन**] दुष्ट मत, दूषित धर्म ; (पराण २) । °**दंसणि** वि [°**दर्शनिन्**] १ दुष्ट दार्शनिक; २ दूषित मत का अनुयायी; (श्रा ६) । °**दिट्ठि** स्त्री [°**दृष्टि**] १ कुत्सित दर्शन ; (उत्त २८) । २ दूषित मत का अनुयायी ; (धर्म २) । °**दिट्ठिय** वि [**दृष्टिक**] दुष्ट दर्शन का अनुयायी, मिथ्यात्वी; (पउम ३०, ४४) । °**प्पवयण** न [°**प्रवचन**] १ दूषित शास्त्र ; २ वि. दूषित सिद्धान्त को मानने वाला ; (अणु) । °**प्पावयणिय** वि [°**प्रावचनिक**] १ दूषित सिद्धान्त का अनुसरण करने वाला ; (सुअ १, ३, २) । २ दूषित आगम-संबन्धी (अनुष्ठान); (अणु) । °**भत्त** न [°**भक्त**] खराब भोजन; (पउम २०, १६६) । °**मार** पुं [°**मार**] १ कुत्सित मार ; (सुअ २, २) । २ अत्यन्त मार, मृत-प्राय करने वाला ताडन ; (गाया १, १४) । °**रंडा** स्त्री [°**रण्डा**] राँड़, विधवा ; (श्रा १६) । °**रुव, °रूव** न [°**रूप**] १ खराब रूप ; (उप ३६२ टी ; पराह १, ४) । २ माया-विशेष ; (भग १२, ५) । °**लिंग** न [°**लिङ्ग**] १ कुत्सित भेष ; (दंस) । २ पुं. कीट वगैरः क्षुद्र जन्तु ; (विसे १७५४) । ३ वि. कुतीर्थिक, दूषित धर्म का अनुयायी ; (आवम) । °**लिंगि** पुं [**लिङ्गिन्**] १ कीट वगैरः क्षुद्र जन्तु ; (ओघ ७४८) । २ वि. कुतीर्थिक, असत्य धर्म का अनुयायी ; (पराह १, २) । °**वय** न [°**पद**] खराब शब्द ;

" सो सोहइ दूसंतो, कइयणरइयाइं विविहकव्वाइं ।
जो भंजिऊण कुवयं, अन्नपयं सुंदरं देइ "
(वज्जा ६) ।

°**वियप्प** पुं [°**विकल्प**] कुत्सित विचार ; (सुपा ४४) । °**वुरिस** देखो °**उरिस** ; (पउम ६५, ४५) । °**संसग्ग** पुं [°**संसर्ग**] खराब सोबत, दुर्जन-संगति ; (धर्म ३) । °**सत्थ** पुंन [°**शास्त्र**] कुत्सित शास्त्र, अनाप्त-प्रणीत सिद्धान्त ; " ईसरमयाइया सव्वे कुसत्था " (निचू ११) । °**समय** पुं [°**समय**] १ अनाप्त-प्रणीत शास्त्र; (सम्म १) । २ वि. कुतीर्थिक, कुशास्त्र का प्रणेता और अनुयायी ; (सम) । °**सल्लिय** वि [°**शल्यिक**] जिसके भीतर खराब शल्य घुस गया हो वह ; (पराह २, ४) । °**सील** न [°**शील**] १ खराब स्वभाव ; (आचा) । २ अब्रह्मचर्य, व्यभिचार ; (ठा ४, ४) । ३ वि. जिसका आचरण अच्छा न हो वह, दुराचारी ; (ओघ ७६३) । ४ अब्रह्मचारी, व्यभिचारी ; (ठा ५, ३) । °**स्सुमिण** पुंन [°**स्वप्न**] खराब स्वप्न; (श्रा ६) । °**हण** वि [°**धन**] अल्प धन वाला, दरिद्र; (पराह २, १—पत्र १००) ।

कु स्त्री [**कु**] १ पृथिवी, भूमि; "कुसमयविसासणं" (सम्म १ टी—पत्र ११४ ; से १, २६) । °**त्तिअ** न [°**त्रिक**] १ तीनों जगत्, स्वर्ग, मर्त्य और पाताल लोक ; २ तीन जगत् में स्थित पदार्थ ; (औप) । °**त्तिअ** वि [°**त्रिज**] तीनों जगत् में उत्पन्न वस्तु ; (आवम) । °**त्तिआवण** पुंन [°**त्रिकापण**] तीनों जगत् के पदार्थ जहां मिल सकें ऐसी दुकान ; (भग ; गाया १, १—पत्र ५३) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

°वलय न [°वलय] पृथ्वी-मण्डल; (श्रा २७)।

कुअरी देखो **कुआँरी** ; (पि २५१) ।

कुअलअ देखो **कुवलय** ; (प्राप्र) ।

कुआँरी देखो **कुमारी** ; (गा २६८) ।

कुइमाण वि [दे] म्लान, शुष्क ; (दे २, ४०) ।

कुइय वि [कुचित] अवस्यन्दित, चरित ; (ठा ६) ।

कुइय वि [कुपित] क्रुद्ध, कोप-युक्त ; (भवि) ।

कुइयण्ण पुं [कुविकर्ण] इस नाम का एक गृहपति, एक गृहस्थ; (विसे ६३२) ।

कुउअ पुंन [कुतुप] स्नेह-पात्र, घी तैल वगैरः भरनेका चमड़े का पात्र-विशेष; "तुप्पाइं को(? कु)उआइं" (पाअ)। देखो **कुतुव** ।

कुउआ स्त्री [दे] तुम्बी-पात्र, तुम्बा ; (दे २, १२) ।

कुऊल न [दे] १ नीवी, नारा, इजारबन्द ; २ पहने हुए कपड़े का प्रांत भाग, अञ्चल; (दे २, ३८) ।

कुऊहल न [कुतूहल] १ अपूर्व वस्तु देखने की लालसा—उत्सुकता ; २ कौतुक, परिहास ; (हे १, ११७ ; कुमा) ।

कुओ अ [कुतः] कहांसे ? (षड्) । °**इ** अ [°चित्] कहींसे, किसीसे ; (स १८५)। °**वि** अ [°अपि] कहीं से भी ; (काल) ।

कुंआरी स्त्री [कुमारी] वनस्पति-विशेष, कुवारपाठा, घी कुवार, घीगुवार ; (श्रा २० ; जी १०) ।

कुंकण न [दे] १ कोकनद, रक्त कमल ; (पगण १—पत्र ४०)। २ पुं. क्षुद्र जन्तु-विशेष, चतुरिन्द्रिय कीड़े की एक जाति ; (उत्त ३६) ।

कुंकण पुं [कोङ्कण] देश-विशेष ; (अणु ; सार्ध ३४)।

कुंकुम न [कुङ्कुम] केसर, सुगन्धी द्रव्य-विशेष ; (कुमा; श्रा १८) ।

कुंग पुं [कुङ्ग] देश-विशेष ; (भवि) ।

कुंच सक [कुञ्च्] १ जाना, चलना ; २ अक. संकुचित होना ; ३ टेढ़ा चलना ; (कुमा; गउड) ।

कुंच पुं [क्रौञ्च] १ पक्षि-विशेष ; (पगह १, १ ; उप पृ २०८; उर १, १४)। २ इस नाम का एक असुर; (पाअ)। ३ इस नामका एक अनार्य देश ; ४ वि. उसके निवासी लोग ; (पव २७४) । °**रवा** स्त्री [°रवा] दण्डकारण्य की इस नाम की एक नदी ; (पउम ४२, १५) । °**वीरग** न [°वीरक] एक प्रकार का जहाज ; (निचू १६) । °**रि** पुं [°रि] कार्तिकेय, स्कन्द ; (पाअ) । देखो **कोंच** ।

कुंचल न [दे] मुकुल, कलि, बौर ; (दे २, ३६ ; पाअ) ।

कुंचि वि [कुञ्चिन्] १ कुटिल, वक्र ; २ मायावी, कपटी ; (वव १) ।

कुंचिगा देखो **कोंचिगा** ।

कुंचिय वि [कुञ्चित] १ संकुचित ; (सुपा ५८) । २ कुण्डल आकार वाला, गोलाकृति; (औप; जं २)। ३ कुटिल, वक्र ; (वव १) ।

कुंचिय पुं [कुञ्चिक] इस नाम का एक जैन उपासक ; (भत्त १३३) ।

कुंचिया देखो **कोंचिगा** । रूई से भरा हुआ पहनने का एक प्रकार का कपड़ा; (जीत) ।

कुंजर पुं [कुञ्जर] हस्ती, हाथी ; (हे १, ६६ ; पाअ)। °**पुर** न [°पुर] नगर-विशेष; हस्तिनापुर ; (पउम ६५, ३४) । °**सेणा** स्त्री [°सेना] ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती की एक रानी ; (उत्त २६) । °**ावत्त** न [°ावर्त] नगर-विशेष ; (सुर ३, ८८) ।

कुंट वि [कुण्ट] १ कुब्ज, वामन ; (आचा) । २ हाथ-रहित, हस्त-हीन ; (पव ११० ; निचू ११ ; आचा) ।

कुंटलविंटल न [दे] १ मंत्र-तंत्रादि का प्रयोग, पाखण्ड-विशेष ; (आवम) । २ मंत्र-तंत्रादि से आजीविका चलाने वाला ; (आक) ।

कुंटार वि [दे] म्लान, सूखा, मलिन ; (दे २, ४०) ।

कुंटि स्त्री [दे] १ गठरी, गाँठ ; (दे २, ३४) । २ शस्त्र-विशेष, एक प्रकार का औजार ; "मुसलुक्खलहलदंताल-कुंटिकुद्दालपमुहसत्थाणं" (सुपा ५२६) ।

कुंठ वि [कुण्ठ] १ मंद, अलस; (श्रा १६) । २ मूर्ख, बुद्धि-रहित ; (आचा) ।

कुंड न [कुण्ड] १ कूँड़ा, पात्र-विशेष ; (षड्) । २ जलाशय-विशेष ; (णंदि)। ३ इस नाम का एक सरोवर ; (ती ३४)। ४ आज्ञा, आदेश; "वेसमणकुंडधारिणो तिरियजंभगा देवा" (कप्प)। °**कोलिय** पुं [°कोलिक] एक जैन उपासक; (उवा) । °**ग्गाम** पुं [°ग्राम] मगध देश का एक गाँव; (कप्प; पउम २, २१) । °**धारि** वि [°धारिन्] आज्ञा-कारी ; (कप्प)। °**पुर** न [°पुर] ग्राम-विशेष ; (कप्प) ।

कुंड न [दे] ऊख पीलने का जीर्ण काण्ड, जो बाँस का बना हुआ होता है ; (दे २, ३३ ; ४, ४५) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुंडभी स्त्री [दे] छोटी पताका ; (आवम)।

गण पुं [**गण**] १ समूह, समुदाय, यूथ, थोक ; (जी ३४ ; कुमा ; प्रासू ४ ; ७५ ; १५१)। २ गच्छ, समान आचार व्यवहार वाले साधुओं का समूह; (कप्प)। ३ छन्दः-शास्त्र प्रसिद्ध मात्रा-समूह ; (पिंग)। ४ शिव का अनुचर; (पाअ ; कुमा)। ५ मल्लों का समुदाय ; (अणु)। °**ओ** अ [°**तस्**] अनेकशः, बहुशः; (सुअ २, ६)। °**नायग** पुं [°**नायक**] गण का मुखिया ; (णाया १, १)। °**नाह** पुं [°**नाथ**] १ गण का स्वामी, गण का मुखिया ; (सुपा २, १०)। २ गणधर, जिन-देव का प्रधान शिष्य ; (पउम १२, ९)। ३ आचार्य, सूरि ; (सार्ध २३)। °**भाव** पुं [°**भाव**] विवेक-विशेष ; (गउड)। °**राय** पुं [°**राज**] १ सामन्त राजा ; (भग ७, ९)। २ सेनापति ; (आव ३ ; कप्प)। °**वइ** पुं [°**पति**] १ गण का स्वामी ; २ गणेश, गजानन, शिव-पुत्र; (गा ३७२ ; गउड)। ३ जिन देव का मुख्य शिष्य; गणधर ; (सिग्घ २)। °**सामि** पुं [°**स्वामिन्**] गण का मुखिया, गण-धर ; (उप २८० टी)। °**हर** पुं [°**धर**] १ जिन-देव का प्रधान शिष्य ; (सम ११३)। २ अनुपम ज्ञानादि-गुण-समूह का धारण करने वाला जैन साधु, आचार्य वगैरः ; "सेज्जंभवं गणहरं" (आवम ; पव २७६)। °**हरिंद** पुं [°**धरेन्द्र**] गणधरों में श्रेष्ठ, प्रधान गणधर ; (पउम ३, ४३ ; ५८, १)। °**हारि** पुं [°**धारिन्**] देखो °**हर** ; (गण २३; सार्ध १)। °**ाजीव** पुं [°**ाजीव**] गण के नाम से निर्वाह करने वाला; (ठा ५, १)। °**ावच्छेइय**, °**ावच्छेदय**, °**ावच्छेयय** पुं [°**ावच्छेदक**] साधु-गण के कार्य की चिन्ता करने वाला साधु ; (आचा २, १, १० ; ठा ३, ३ ; कप्प)। °**ाहिवइ** पुं [°**ाधिपति**] १ शिव-पुत्र, गजानन, गणेश ; (गा ४०३ ; पाअ)। २ जिन-देव का प्रधान शिष्य ; (पउम २६, ४)।

गणग पुं [**गणक**] १ ज्योतिषी, जोशी, ज्योतिष-शास्त्र का जानकार ; (णाया १, १)। २ भंडारी, भाण्डागारिक ; (णाया १, १—पत्र १९)।

गणण न [**गणन**] गिनती, संख्यान ; (वव १)।

गणणा स्त्री [**गणना**] गिनती, संख्या, संख्यान ; (सुर २, १३२ ; प्रासू १०० ; सूअ २, २)।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गणणाइआ स्त्री [दे. गण-नायिका] पार्वती, चण्डी, शिव-पत्नी ; (दे २, ८७)।

गणय देखो **गणग** ; (औप ; सुपा २०३)।

गणसम वि [दे] गोष्ठी-रत, गोठ में लीन ; (दे २, ८६)।

गणायमह पुं [दे] विवाह-गणक ; (दे २, ८६)।

गणाविअ वि [गणित] गिनती कराया हुआ; (स ६२६)।

गणि वि [गणिन्] १ गण का स्वामी, गण का मुखिया। स्त्री—**गणिणी**; (सुपा ६०२)। २ पुं. आचार्य, गच्छ-नायक, साधु-समुदाय का नायक ; (ठा ८)। ३ जिन-देव का प्रधान साधु-शिष्य ; (पउम ६१, १०)। ४ परिच्छेद, निश्चय, सिद्धान्त ; (णंदि)। **°पिडग** न [°पिटक] १ बारह मुख्य जैन आगम ग्रन्थ, द्वादशाङ्गी ; (सम १ ; १०६)। २ निर्युक्ति वगैरः से युक्त जैन आगम; (औप)। ३ पुं. यक्ष-विशेष, जिन-शासन का अधि-ष्ठायक देव ; (संति ४)। ४ निश्चय-समूह, सिद्धान्त-समूह; (णंदि)। **°विज्जा** स्त्री [°विद्या] १ शास्त्र-विशेष ; २ ज्योतिष और निमित्त शास्त्र का ज्ञान ; (णंदि)।

गणिम न [गणिम] गिनती से बेची जाती वस्तु, संख्या पर जिसका भाव हो वह ; (श्रा १८ ; णाया १, ८)।

गणिय वि [गणित] १ गिना हुआ; २ न. गिनती, संख्या; (ठा ६ ; जं २)। ३ जैन साधुओं का एक कुल ; (कप्प)। ४ अंक-गणित, गणित-शास्त्र ; (णंदि ; अणु)। **°लिवि** स्त्री [°लिपि] लिपि-विशेष, अंक-लिपि ; (सम ३५)।

गणिय पुं [गणिक] गणित-शास्त्र का ज्ञाता ; "गणियं जाणइ गणिओ" (अणु)।

गणिया स्त्री [गणिका] वेश्या, गणिका ; (श्रा १२ ; विपा १, २)।

गणिर वि [गणयितृ] गिनती करने वाला; (गा २०८)।

गणेत्तिआ / **गणेत्ती** स्त्री [दे] १ रुद्राक्ष का बना हुआ हाथ का आभूषण-विशेष ; (णाया १, १६—पत्र २१३; औप ; भग ; महा)। २ अक्ष-माला ; (दे २, ८१)।

गणेसर पुं [गणेश्वर] १ गण का नायक। २ छन्द-विशेष ; (पिंग)।

गत्त न [गात्र] देह, शरीर ; (औप ; पाअ ; सुर २, १०१)।

गत्त देखो **गड्ड** ; (भग १५)। स्त्री—**गत्ता** ; (सुपा २१४)।

गत्त न [दे] १ ईषा, चौपाई की लकड़ी विशेष ; २ पंक, कर्दम ; (दे २, ६६)। ३ वि. गत, गया हुआ; (षड्)।

गत्ताडी / **गत्ताडी** स्त्री [दे] १ गवादनी, वनस्पति-विशेष ; (दे २, ८२)। २ गायिका, गाने वाली स्त्री; (षड्; दे २, ८२)।

गत्थ वि [ग्रस्त] कवलित, ग्रास किया हुआ ; "अइमहच्छ-लोभगच्छा (? त्था)" (पण्ह १, ३—पत्र ४४ ; नाट—चैत १४६)।

गद सक [गद्] बोलना, कहना। वकृ—**गदंत**; (नाट—चैत ४५)।

गद्दतोय पुं [गर्दतोय] लोकान्तिक देवों की एक जाति; (सम ८५ ; णाया १, ८)।

गद्दब्भ पुं [दे] कटु-ध्वनि, कर्ण-कटु आवाज ; (दे २, ८२ ; पाअ ; स १११ ; ४२०)।

गद्दभ देखो **गद्दह=गर्दभ** ; (आक)।

गद्दभय देखो **गद्दहय** ; (आचा २, ३, १ ; आवम)।

गद्दभाल पुं [गर्दभाल] स्वनाम-प्रसिद्ध एक परिव्राजक ; (भग)।

गद्दभालि पुं [गर्दभालि] एक जैन मुनि; (ती २५)।

गद्दभिल्ल पुं [गर्दभिल्ल] उज्जयिनी का एक राजा; (निचू १० ; पि २६१ ; ४००)।

गद्दभी स्त्री [गर्दभी] १ गधी, गद्दही ; (पि २६१)। २ विद्या-विशेष ; (काल)।

गद्दह पुं [गर्दभ] १ गदहा, गधा, खर ; (सम ५० ; दे २, ८० ; पाअ ; हे २, ३७)। २ इस नाम का एक मन्त्रि-पुत्र ; (बृह १)।

गद्दह न [दे] कुमुद, चन्द्र-विकासी कमल ; (दे २, ८३)।

गद्दहय पुं [गर्दभक] १ क्षुद्र जन्तु-विशेष, जो गो-शाला वगैरः में उत्पन्न होता है; (जी १७)। २ देखो **गद्दह** ; (नाट)।

गद्दही देखा **गद्दभी** ; (नाट—मृच्छ ५८ ; निचू १०)।

गद्दिअ वि [दे] गर्वित, गर्व-युक्त ; (दे २, ८३)।

गद्ध पुं [गृध्र] पक्षि-विशेष, गीध, गिद्ध ; (औप)।

गन्न वि [गण्य] १ माननीय, आदरास्पद; "हियमप्पणो करेंता, कस्स न होइ गरुओ गुरुगन्नो", "सव्वो गुणेहि गन्नो" (उव)। २ न. गणना, गिनती ; "मुल्लस्स कुणइ गन्नं" (सुपा २५३)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गब्भ पुं [**गर्भ**] १ कुक्षि, पेट, उदर ; (ठा ५, १) । २ उत्पत्ति-स्थान, जन्म-स्थान ; (ठा २, ३) । ३ भ्रूण, अन्तरापत्य ; (कप्प) । ४ मध्य, अन्तर, भीतर का ; (णाया १, ८) । °**गरा** स्त्री [°**करी**] गर्भाधान करने वाली विद्या-विशेष (सूअ २, २) । °**घर** न [°**गृह**] भीतर का घर, घर का भीतरी भाग ; (णाया १, ८) । °**ज** वि [°**ज**] गर्भ में उत्पन्न होने वाला प्राणी, मनुष्य, पशु वगैरः (पउम १०२, ६७) । °**त्थ** वि [°**स्थ**] १ गर्भ में रहने वाला ; २ गर्भ से उत्पन्न होने वाला मनुष्य वगैरः ; (ठा २, २) । °**मास** पुं [°**मास**] कार्तिक से लेकर माघ तक का महीना ; (वव ७) । °**य** देखो °**ज** ; (जी २३) । °**वई** स्त्री [°**वती**] गर्भिणी स्त्री ; (सुपा २७६) । °**वक्कंति** स्त्री [°**व्युत्क्रान्ति**] १ गर्भाशय में उत्पत्ति; (ठा २, ३) । °**वक्कंतिअ** वि [°**व्युत्क्रान्तिक**] गर्भाशय में जिसकी उत्पत्ति होती है वह ; (सम २ ; २५) । °**हर** देखो **घर** ; (सुर ६, २१ ; सुपा १८२) ।

गब्भर न [**गह्वर**] १ कोटर, गुहा; २ गहन, विषम स्थान; (आव ४ ; पि ३३२) ।

गब्भिज्ज पुं [**दे. गर्भज**] जहाज का निम्न-श्रेणिस्थ नौकर ; "कुच्छिधारकन्नधारगब्भिज(? ज्ज)संजत्ताणावावाणियगा" (णाया १, ८—पत्र १३३ ; राज) ।

गब्भिण } वि [**गर्भित**] १ जिसको गर्भ पैदा हुआ हो
गब्भिय } वह, गर्भ-युक्त ; (हे १, १०८ ; प्राप्र ; णाया १, ७) । २ युक्त, सहित ; "वेडिसदलनीलभित्तिगब्भिणयं" (कुमा ; षड्) ।

गब्भिल्ल देखो **गब्भिज्ज** ; (णाया १, १७—पत्र २२८) ।

गम सक [**गम्**] १ जाना, गति करना, चलना । २ जानना, समझना । ३ प्राप्त करना । भूका—गमिही; (कुमा) । कर्म-गम्मइ, गमिज्जइ; (हे ४,२४६) । कवकृ—**गम्ममाण**; (स ३४०) । संकृ—**गंतुं, गमिअ, गंता, गंतूण, गंतूणं**; (कुमा ; षड् ; प्राप्र ; औप ; कस ;), **गडुअ, गडिअ, गदुअ** (शौ) ; (हे ४, २७२; पि ५८१; नाट—मालती ४०) , **गमेप्पि, गमेप्पिणु, गंप्पि, गंप्पिणु** (अप) ; (कुमा) । हेकृ—**गंतुं** ; (कस; श्रा १४) । कृ—**गंतव्व, गमणिज्ज, गमणीअ**; (णाया १, १; गा २४६ ; उत्त; भग ; नाट) ।

गम सक [**गमय्**] १ ले जाना । २ व्यतीत करना, पसार करना, गुजारना । गमेंति ; (गउड) । "मुद्धा ! मुद्धा मा दियहे गमेह" (सत्त ४) । कर्म—गमेज्जंति; (गउड) । वकृ—**गमंत**; (सुपा २०२) । संकृ—**गमिऊण**; (पि) हेकृ—**गमित्तए** ; (पि ५७८) ।

गम पुं [**गम**] १ गमन, गति, चाल ; (उप २२० टी) । २ प्रवेश ; (पउम १, २६) । ३ शास्त्र का तुल्य पाठ, एक तरह का पाठ, जिसका तात्पर्य भिन्न हो; (दे १, १; विसे ५४६ ; भग) । ४ व्याख्या, टीका ; (विसे ६१३) । ५ बोध, ज्ञान, समझ ; (अणु ; णंदि) । ६ मार्ग, रास्ता ; (ठा ७) ।

गमग वि [**गमक**] बोधक, निश्चायक ; (विसे ३१५) ।

गमण न [**गमन**] गमन, गति ; (भग ; प्रासू १३२) । २ वेदन, बोध ; (णंदि) । ३ व्याख्यान, टीका ; ४ पुष्य वगैरः नव नक्षत्र ; (राज) ।

गमणया } स्त्री [**गमन**] गमन, गति "लोगंतगमणयाए"
गमणा } (ठा ४, ३) । "पायवंदए पहारेत्थ गमणाए" (णाया १, १—पत्र २६) ।

गमणिज्ज देखो **गम**=गम् ।

गमणिया स्त्री [**गमनिका**] १ संक्षिप्त व्याख्यान, दग्-दर्शन ; (राज) । २ गुजारना, अतिक्रमण ; "कालगमणिया एत्थ उवाओ" (उप ७२८ टी)

गमणी स्त्री [**गमनी**] १ विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से आकाश में गमन किया जा सकता है ; (णाया १, १६—पत्र २१३) । २ जूता; "सव्वोवि जणो जलं विगाहिंतो उत्तारइ गमणीओ चरणाहिंतो" (सुपा ६१०) ।

गमणीअ देखो **गम** = गम् ।

गमय देखो **गमग** ; (विसे २६७३) ।

गमाव देखो **गम** = गमय् । गमावइ ; (सण) ।

गमिद वि [**दे**] १ अपूर्ण ; २ गूढ़ ; ३ स्खलित ; (षड्) ।

गमिय वि [**गमित**] १ गुजारा हुआ, अतिक्रांत ; (गउड) । २ ज्ञापित, बोधित, निवेदित ; (विसे ५५६) ।

गमिय न [**गमिक**] शास्त्र-विशेष, सदृश पाठ वाला शास्त्र; "भंग-गणियाइं गमियं सरिसगमं च कारणवसेण" (विसे ५४६ ; ४५४) ।

गमिर वि [**गन्तृ**] जाने वाला; (हे २, १४५) ।

गमेप्पि } देखो **गम**=गम् ।
गमेप्पिणु }

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गमेस देखो **गवेस**। गमेसइ ; (हे ४, १८६)। गमेंति ; (कुमा)।

गम्म वि [गम्य] १ जानने योग्य ; २ जो जाना जा सके ; (उवर १७० ; सुपा ४२६) ३ हराने योग्य, आक्रमणीय ; (सुर २, १२६ ; १५, १४४)। ४ जाने योग्य ; ५ भोगने योग्य स्वपत्नी वगैरः ; (सुर १२, ५२)।

गम्ममाण देखो **गम**=गम्।

गय वि [दे] १ घूर्णित, भ्रमित, घुमाया गया ; (दे २, ८६ ; षड्)। २ मृत, मरा हुआ, निर्जीव ; (दे २, ८६)।

गय वि [गत] १ गया हुआ ; (सुपा ३३४)। २ अतिक्रान्त, गुजरा हुआ ; (दे १, ५६)। ३ विज्ञात, जाना हुआ ; (गउड)। ४ नष्ट, हत ; (उप ७२८ टी)। ५ प्राप्त ; "आवईगयंपि सुहए" (प्रासू ८३ ; १०७)। ६ स्थित, रहा हुआ ; "मणगयं" (उत १)। ७ प्रविष्ट, जिसने प्रवेश किया हो ; (ठा ४, १)। ८ प्रवृत्त ; (सूअ १, १, १)। ९ व्यवस्थित ; (औप)। १० न. गति, गमन ; "उसभो गइंदमयगलपुललियगयविक्कमो भयवं" (वसु; सुपा ५७८; आचा)। °**पाण** वि [°**प्राण**] मृत, मरा हुआ ; (श्रा २७)। °**राय** वि [°**राग**] राग-रहित, वीतराग, निरीह ; (उप ७२८ टी)। °**वइया**, °**वई** स्त्री [°**पतिका**] १ विधवा, रांड़ ; (औप ; पउम २६, ४२)। २ जिसका पति विदेश गया हो वह स्त्री ; प्रोषित-भर्तृका ; (गा ३३२ ; पउम २६, ४२)। °**वय** वि [°**वयस्**] वृद्ध, बुड्ढा ; (पाअ)। °**णुगइअ** वि [°**ानुगतिक**] अंध-परम्परा का अनुयायी, अंध-श्रद्धालु ; (उवर ४६

गय पुं [**गज**] १ हाथी, हस्ती, कुञ्जर ; (अणु ; औप ; प्रासू १५४ ; सुपा ३३४)। २ एक अंतकृत् जैन मुनि, गज-सुकुमाल मुनि ; (अंत ३)। ३ इस नाम का एक शेठ ; (उप ७६८ टी)। ४ रावण का एक सुभट ; (पउम ५६, २)। °**उर** न [°**पुर**] नगर-विशेष, कुरु देश का प्रधान नगर, हस्तिनापुर ; (उप १०१४ ; महा ; सण)। °**कण्ण**, °**कन्न** पुं [°**कर्ण**] १ द्वीप-विशेष ; २ उसमें रहने वाला ; (जीव ३; ठा ४, २)। °**कलभ** पुं [°**कलभ**] हाथी का बच्चा ; (राय)। °**गय** वि [°**गत**] हाथी ऊपर आरूढ़; (औप)। °**ग्गपय** पुं [°**ाग्रपद**] पर्वत-विशेष ; (आक)। °**त्थ** वि [°**स्थ**] हाथी ऊपर स्थित ; (पउम ८, ८६)। °**पुर** देखो °**उर** ; (सूअ १, ५, १)। °**बंधय** पुं [°**बन्धक**] हाथी को पकड़ने वाली जाति ; (सुपा ६४२)। °**मारिणी** स्त्री [°**मारिणी**] वनस्पति, विशेष-गुच्छ विशेष; (पण्ण १—पत्र ३२)। °**मुह** पुं [°**मुख**] १ गणेश, गणपति, शिव-पुत्र ; (पाअ)। २ यक्ष-विशेष ; (गण ११)। °**राय** पुं [°**राज**] प्रधान हाथी, श्रेष्ठ हस्ती ; (सुपा ३८६)। °**वइ** पुं [°**पति**] गजेंद्र, श्रेष्ठ हस्ती; (णाया १ १६ ; सुपा २८६)। °**वर** पुं [°**वर**] प्रधान हाथी। °**वरारि** पुं [°**वरारि**] सिंह, शार्दूल, वनराज ; (पउम १७, ७६)। °**वहू** स्त्री [°**वधू**] हथिनी, हस्तिनी ; (पाअ)। °**वीही** स्त्री [°**वीथी**] शुक्र वगैरः महा-ग्रहों का चार-क्षेत्र-विशेष; (ठा ६)। °**ससण** पुं [°**श्वसन**] हाथी की सूँढ ; (औप)। °**सुकुमाल** पुं [°**सुकुमाल**] एक प्रसिद्ध जैन मुनि, उसी भव में मुक्ति-गत जैन साधु-विशेष ; (अंत, पडि)। °**ारि** पुं [°**ारि**] सिंह, पञ्चानन; (सवि)। °**ारोह** पुं [°**ारोह**] हस्तिपक, महावत ; (पाअ)।

गय पुं [**गद**] रोग, बिमारी ; (ओप ; सुपा ५७८)।

गयंक पुं [**गजाङ्क**] देवों की एक जाति, दिक्कुमार देव; (औप)।

गयंद पुं [**गजेन्द्र**] श्रेष्ठ हाथी ; (गउड)।

गयण न [**गगन**] गगन, आकाश, अम्बर ; (हे २, १६४ ; गउड)। °**गइ** पुं [°**गति**] एक राज-कुमार, (दंस)। °**चर** वि [°**चर**] आकाश में चलने वाला, पक्षी, विद्याधर वगैरः (सुपा २५०)। °**मंडल** पुं [°**मण्डल**] एक राजा ; (दंस)।

गयणवइ पुं [**दे**] मेघ, मेह, बादल ; (दे २, ८८)।

गयणिंदु पुं [**गगनेन्दु**] विद्याधर वंश के एक राजा का नाम; (पउम ५, ४५)।

गयसाउल } वि [**दे**] विरक्त, वैरागी (दे २, ८७ ;
गयसाउल्ल } षड्)

गया स्त्री [**गदा**] लोहे का या पाषाण का अस्त्र-विशेष, लोहे का मुग्दर या लाठी ; (राय)। °**हर** पुं [°**धर**] वासुदेव ; (उत्त ११)।

गया स्त्री [**गया**] स्वनाम-प्रसिद्ध नगर-विशेष ; (उप २५१)।

°**गर** वि [°**कर**] करने वाला, कर्ता; (सण)।

गर पुं [**गर**] १ विष-विशेष, एक प्रकार का जहर; (निचू१)। २ ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध बवादि करणों में से एक ; (विसे ३३४८)

°**गरण** देखो **करण** ; (रयण ६३)।

गरल न [**गरल**] १ विष, जहर ; (पाअ प्रासू ३६)। २ रहस्य ; ३ वि. अव्यक्त, अस्पष्ट; "अ-गरलाए अ-मम्मणाए" (औप)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गरलिगाबद्ध वि [गरलिकाबद्ध] निक्षिप्त, उपन्यस्त ; (निचू १)।

गरह सक [गर्ह्] निन्दा करना, घृणा करना। गरहइ; गरहह; (भग)। वकृ—**गरहंत**; (द्र १५)। कवकृ—**गरहिज्जमाण**; (णाया १, ८)। संकृ—**गरहित्ता**; (आचा २, १५)। हेकृ—**गरहित्तए** ; (कस; ठा २, १)। कृ—**गरहणिज्ज, गरहणीय, गरहियव्व** ; (सुपा १८४ ; ३७६ ; पगह २, १)।

गरहण न [गर्हण] निन्दा, घृणा ; (पि १३२)।

गरहणया } स्त्री [गर्हणा] निन्दा, घृणा ; (भग १७, ३;
गरहणा } औप ; पगह २, १)।

गरहा स्त्री [गर्हा] निन्दा, घृणा ; (भग)।

गरहिअ वि [गर्हित] निन्दित, घृणित ; (सं ६३ ; द्र ३३ ; सण)।

°गरिअ वि [कृत] किया हुआ, निर्मित ; (दे ७, ११)।

गरिट्ठ वि [गरिष्ठ] अति गुरु, बड़ा भारी ; (सुपा १० ; १२८ ; प्रासू १५४)।

गरिम पुंस्त्री [गरिमन्] गुरुता, गुरुत्व, गौरव ; (हे १, ३५ ; सुपा २३ ; १०६)।

गरिह देखो **गरह**। गरिहइ , गरिहामि ; (महा ; पडि)।

गरिह पुं [गर्ह] निन्दा, गर्हा ; (प्राप्र)।

गरिहा स्त्री [गर्हा] निन्दा, घृणा, जुगुप्सा ; (आव ७६१ ; स १६०)।

गरु देखो **गुरु** ; "गरुयरगत्ताए खिविऊण" (सुपा २१४)।

गरुअ वि [**गुरुक**] गुरू, बड़ा, महान् ; (हे १, १०६ ; प्राप्र ; प्रासू ३६)।

गरुअ सक [**गुरुकाय्**] गुरू करना, बड़ा बनाना। गरुएइ ; (पि १२३)।

"हंसाण सरेहिं सिरी, सारिज्जेइ अह सराण हंसेहिं।
अण्णाण्णं चिअ एए, अप्पाणं णवर गरुअंति"
(हेका २५५)।

गरुआ } अक [**गुरुकाय्**] १ बडा बनना। २ बड़े
गरुआअ } की तरह आचरण करना। गरुआइ, गरुआअइ; (हे ३, १३८)।

गरुइअ वि [**गुरुकित**] बड़ा किया हुआ ; (से ६, २० गउड)

गरुई } स्त्री [**गुर्वी**] बड़ी, ज्येष्ठा, महती ; (हे १,१०७;
गरुवी } प्राप्र ; निचू १)।

गरुक्क देखो **गरुअ** ; "णवजाव्वणगुअपसाहिणा सिंगारगुणगरुक्केण" (प्राप)।

गरुड देखो **गरुल** ; (संति १ ; स२६५; पिंग)। छन्द-विशेष ; (पिंग)। **°त्थ** न [**°ास्त्र**] अस्त्र-विशेष, उरगास्त्र का प्रतिपक्षी अस्त्र ; (पउम १२, १३० ; ७१, ६६)। **°द्धय** पुं [**°ध्वज**] विष्णु वासुदेव ; (पउम ६१, ५७)। **°वूह** पुं [**°व्यूह**] सेना की एक प्रकार की रचना ; (महा ; पि २४०)।

गरुडंक पुं [**गरुडाङ्क**] १ विष्णु, वासुदेव ; २ इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम ; (पउम ५, ७)।

गरुल पुं [**गरुड**] १ पक्षि-राज, पक्षि-विशेष ; (पगह १, १)। २ यक्ष-विशेष, भगवान् शान्तिनाथ का शासन-यक्ष ; (संति ८)। ३ भवनपति देवों की एक जाति, सुपर्णकुमार देव; (पगह १, ४)। ४ सुपर्णकुमार देवों का इन्द्र , (सूअ १, ६)। **°केउ** पुं [**°केतु**] देखो **°ज्झय** ; (राज)। **°ज्झय, °द्धय** पुं [**°ध्वज**] १ गरुड़ पक्षी के चित्र वाली ध्वजा ; (राय)। २ वासुदेव कृष्ण ; ३ देव-जाति विशेष ; सुपर्णकुमार देव ; (आवम; सम ; पि)। **°व्वूह** देखो **गरुड-वूह** ; (जं २) ; **°सत्थ** न [**°शस्त्र**] गरुड़ास्त्र, अस्त्र-विशेष ; (महा)। **°ासण** न [**°ासन**] आसन-विशेष ; (राय)। **°ोववाय** न [**°ोपपात**] शास्त्र-विशेष, जिसका याद करने से गरुड़ देव प्रत्यक्ष होता है ; (ठा १०)। देखो **गरुड**।

गरुवी देखो **गरुई** ; (कुमा)।

गल अक [**गल्**] १ गल जाना, सड़ना। २ खतम होना, समाप्त होना। ३ झरना, टपकना, गिरना। ४ पिघलना, नरम होना। ५ सक. गिराना, टपकाना। "जाव रत्ती गलइ" (महा)। वकृ—" नवेण रस-सोएहिं **गलंतम्** असुइरसं " (महा ; सुर ४, ६८ ; सुपा २०४)। **गलिंत** ; (पगह १, ३; प्रासू ७२)। प्रयो, वकृ—**गलाविमाण**; (णाया १, १२)।

गल } पुं [**गल**] १ गला, ग्रीवा, कण्ठ ; (सुपा ३३ ;
गलअ } पाअ)। २ वडिश, मच्छी पकड़ने का काँटा ; (उप १८८; विपा १, ८ ; सुर ८, १४०)। **°गज्जि** स्त्री [**°गर्जि**] गले की गर्जना ; (महा)। **°गज्जिय** न [**°गर्जित**] गल-गर्जन; (महा)। **°लाय** वि [**°लात**] गले में लगाया हुआ, कण्ठ न्यस्त ; (औप)।

गलई स्त्री [**गलकी**] वनस्पति-विशेष ; (राज)।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गलग देखो **गलअ** ; (पराह १, १)।

गलत्थ देखो **खिव**। गलत्थइ ; (हे ४, १४३ ; भवि)।

गलत्थण न [**क्षेपण**] १ क्षेपण, फेंकना ; २ प्रेरण ; (से ५, ५३ ; सुपा २८)।

गलत्थलिअ वि [**दे**] १ क्षिप्त, फेंका हुआ ; २ प्रेरित ; (दे २, ८७)।

गलत्थल्ल पुं [**दे**] गलहस्त, हाथ से गला पकड़ना; (णाया १, ६ ; पराह १, ३—पत्र ५३)।

गलत्थल्लिअ [**दे**] देखो **गलत्थलिअ** ; (से ५, ४३ ; ८, ६१)।

गलत्था स्त्री [**दे**] प्रेरणा ;

"गरुयाणं चिंय भुवणम्मि आवया न उण हुंति लहुयाण।
गहकल्लोलगलत्था, ससिसूराणं न ताराणं"
(उप ७२८ टी)।

गलत्थिअ वि [**क्षिप्त**] १ प्रेरित ; (सुपा ६३५)। २ फेंका हुआ ; (दे २, ८७; कुमा)। ३ बाहर निकाला हुआ; (पाअ)।

गलद्धअ पुं [**दे**] प्रेरित, क्षिप्त ; (षड्)।

गलाण देखो **गिलाण** ; (नाट—चैत ३४)।

गलि } वि [**गलि**, °**क**] दुर्विनीत, दुर्दम ; (श्रा १२ ;
गलिअ } सुपा २७६)। °**गद्दह** पुं [°**गर्दभ**] अविनीत गदहा ; (उत्त २७)। °**बइल्ल** पुं [°**बलीवर्द**] दुर्विनीत बैल ; (कप्पू)। °**स्स** पुं [°**श्व**] दुर्दम घोड़ा ; (उत्त १)।

गलिअ वि [**गलित**] १ गला हुआ, पिघला हुआ ; (कप्प)। २ क्षालित; प्रक्षालित; (कुमा)। ३ स्खलित, पतित ; (से १, २)। ४ नष्ट, नाश-प्राप्त; (सुपा २४३; सण)।

गलिअ वि [**दे**] स्मृत, याद किया हुआ ; (दे २, ८१)।

गलिंत देखो **गल**=गल्।

गलिर वि [**गलितृ**] निरन्तर पिघलता, टपकता; "बहुसोगगलिरनयणेण" (श्रा १४)।

गलुल देखो **गरुल**; (अच्चु १; षड्)।

गलोई } स्त्री [**गडूची**] वल्ली-विशेष, गिलोय , गुरुच ;
गलोया } (हे १, १२४ ; जी १०)।

गल्ल पुं [**गल्ल**] १ गाल, कपोल ; (दे २, ८१ ; उवा)। २ हाथी का गण्ड-स्थल, कुम्भ-स्थल ; (षड्)। °**मसूरिया** स्त्री [°**मसूरिका**] गाल का उपधान ; (जीत)।

गल्लक्क पुंन [**दे**] १ स्फटिक मणि ; (प्राप ; पि २९६)।

गल्लत्थ देखो **गलत्थ**। गल्लत्थइ ; (षड्)।

गल्लप्फोड पुं [**दे**] डमरुक, वाद्य-विशेष ; (दे २, ८६)।

गल्लोल्ल न [**दे**] गडुक, पात्र-विशेष ; (निचू १)।

गव पुंस्त्री [**गो**] पशु, जानवर ; (सूअ १, २, ३)।

गवक्ख पुं [**गवाक्ष**] १ गवाक्ष, वातायन ; (औप; पराह २, ४)। २ गवाक्ष के आकृति का रत्न-विशेष ; (जीव ३)। °**जाल** न [°**जाल**] १ रत्न-विशेष का ढग ; (जीव ३ ; राय)। २ जाली वाला वातायन ; (औप)।

गवच्छ पुं [**दे**] आच्छादन, ढकना ; (राय)।

गवच्छिअ वि [**दे**] आच्छादित, ढका हुआ ; (राय; जीव ३)।

गवत्त न [**दे**] घास, तृण ; (दे २, ८५)।

गवय पुं [**गवय**] गो की आकृति का जङ्गली पशु-विशेष ; (पराह १, १)।

गवर पुं [**दे**] वनस्पति-विशेष ; (पराण १—पत्र ३४)।

गवल पुं [**गवल**] १ जङ्गली पशु-विशेष ; जंगली महिष; (पउम ८८, ६)। २ न. महिष का सिंग ; (पराण १७ ; सुपा ६२)।

गवा स्त्री [**गो**] गैया, गाय ; (पउम ८०, १३)।

गवायणी स्त्री [**गवादनी**] इन्द्रवारुणी, वनस्पति-विशेष; (दे २, ८२)।

गवार वि [**दे**] गँवार, छोटे गाँव का निवासी; (वज्जा ४)।

गवालिय न [**गवालीक**]गौ के विषय में अनृत भाषण; (पराह १, २)।

गविअ वि [**दे**] अवधृत, निश्चित ; (षड्)।

गविट्ठ वि [**गवेषित**] खोजा हुआ ; (सुपा १५४ ; ६४०; स ४८४ ; पाअ)।

गविल न [**दे**] जात्य चीनी, शुद्ध मिस्री ; (उर ५, ६)।

गवेधुआ स्त्री [**गवेधुका**] जैन मुनि-गण की एक शाखा ; (कप्प)।

गवेलग पुंस्त्री [**गवेलक**] १ मेष, भेड़ ; (णाया १, १ ; औप)। २ गौ और भेड़; (ठा ७)।

गवेस सक [**गवेषय्**] गवेषणा करना, खोजना, तलास करना। गवेसइ ; (महा ; षड्)। भूका—गवेसित्था ; (आचा)। वकृ—**गवेसंत, गवेसयंत, गवेसमाण** ; (श्रा १२ ;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुपा ४१० ; सुर १, २०२ ; गाया १, ४)। हेकृ—**गवेसित्तए** ; (कप्प)।

गवेसइत्तु वि [**गवेषयितृ**] खोज करने वाला, गवेषक ; (ठा ४, २)।

गवेसग वि [**गवेषक**] ऊपर देखो ; (उप पृ ३३)।

गवेसण न [**गवेषण**] खोज, अन्वेषण ; (औप ; सुर ४, १४३)।

गवेसणया } स्त्री [**गवेषणा**] १ खोज, अन्वेषण; (औप;
गवेसणा } सुपा २३३)। २ शुद्ध भिक्षा की याचना; (ओघ ३)। ३ भिक्षा का ग्रहण ; (ठा ३, ४)।

गवेसय देखो **गवेसग**; (भवि)।

गवेसाविय वि [**गवेषित**] १ दूसरे से खोजवाया हुआ, दूसरे द्वारा खोज किया गया ; (स २०७ ; ओघ ६२२ टी)। २ गवेषित, अन्वेषित, खोजा हुआ ; (स ६८)।

गवेसि वि [**गवेषिन्**] खोज करने वाला, गवेषक; (पुप्फ ४४०)।

गवेसिअ वि [**गवेषित**] अन्वेषित, खोजा हुआ ; (सुर १५, १२६)।

गव्व पुं [**गर्व**] मान, अहंकार, अभिमान ; (भग १५ ; पव २१६)।

गव्वर न [**गह्वर**] कोटर, गुहा ; (स ३६३)।

गव्वि वि [**गर्विन्**] अभिमानी, गर्व-युक्त ; (श्रा १२ ; दे ७, ६१)।

गव्विट्ठ वि [**गर्विष्ठ**] विशेष अभिमानी, गर्व करने वाला ; (दे १, १२८)।

गव्विय वि [**गर्वित**] गर्व-युक्त, जिसको अभिमान उत्पन्न हुआ हो वह ; (पाअ ; सुपा २७०)।

गव्विर वि [**गर्विन्**] अहंकारी, अभिमानी; (हे २, १५६ ; हेका ४५)। स्त्री—**°री** ; (हेका ४५)।

गस सक [**ग्रस्**] खाना, निगलना, भक्षण करना। गसइ; (हे ४, २०४ ; षड्)। वकृ—**गसंत**; (उप ३२० टी)।

गसण न [**ग्रसन**] भक्षण, निगलना; (स ३५७)।

गसिअ वि [**ग्रस्त**] भक्षित, निगलित ; (कुमा ; सुर ६, ६० ; सुपा ४८६)।

गह सक [**ग्रह्**] १ ग्रहण करना, लेना। २ जानना। गेहइ; (सण)। वकृ—**गहंत** ; (श्रा २७)। संकृ—**गहाय, गहिअ, गहिऊण, गहिया, गहेउं** ; (पि ५६१ ; नाट; पि ५८६; सूअ १, ४, १; १, ५, २)। कृ—**गहीअव्व, गहेअव्व** ; (रयण ७० ; भग)।

गह पुं [**ग्रह**] १ ग्रहण, आदान, स्वीकार ; (विसे ३७१ ; सुर ३, ६२)। २ सूर्य, चन्द्र वगैरः ज्योतिष्क देव ; (गउड ; पण्ह १, २)। ३ कर्म का बन्ध ; (दस ४)। ४ भूत वगैरः का आक्रमण, आवेश ; (कुमा ; सुर २, १४४)। ५ गृद्धि, आसक्ति, तल्लीनता ; (आचा)। ६ संगीत का रस-विशेष ; (दस २)। **°खोभ** पुं [**°क्षोभ**] राक्षस वंश के एक राजा का नाम, एक लंकेश ; (पउम ५, २६६)। **°गज्जिय** न [**°गर्जित**] ग्रहों के संचार से होने वाली आवाज; (जीव ३)। **°गहिय** वि [**°गृहीत**] भूतादि से आक्रान्त, पागल ; (कुमा ; सुर २, १४४)। **°चरिय** न [**°चरित**] १ ज्योतिष-शास्त्र ; (वव ४)। २ ज्योतिष-शास्त्र का परिज्ञान ; (सम ८३)। **°दंड** पुं [**°दण्ड**] दण्डाकार ग्रह-पंक्ति; (भग ३, ७)। **°नाह** पुं [**°नाथ**] १ सूर्य, सूरज ; (श्रा २८)। २ चन्द्र, चन्द्रमा ; (उप ७२८ टी)। **°मुसल** न [**°मुशल**] मुशलाकार ग्रह-पंक्ति ; (जीव ३)। **°सिंघाडग** न [**°शृङ्गाटक**] १ पानी-फल के आकार वाली ग्रह-पङ्क्ति ; (भग ३, ७)। २ ग्रह-युग्म, ग्रह की जोड़ी; (जीव ३)। **°ाहिव** पुं [**°ाधिप**] सूर्य, सूरज ; (श्रा २८)।

गह° न [**गृह**] घर, मकान। **°वइ** पुं [**°पति**] गृहस्थ, गृही, संसारी ; (पउम २०, ११६ ; प्राप्र ; पाअ)। **°वइणी** स्त्री [**°पत्नी**] गृहिणी, स्त्री ; (सुपा २२६)।

गहकल्लोल पुं [**दे. ग्रहकल्लोल**] राहु, ग्रह-विशेष; (दे २, ८६ ; पाअ)।

गहगह अक [**दे**] हर्ष से भर जाना, आनन्द-पूर्ण होना। गहगहइ ; (भवि)।

गहण न [**ग्रहण**] १ आदान, स्वीकार; (से ४, ३३ ; प्रासू १४)। २ आदर, सम्मान ; ३ ज्ञान, अवबोध ; (से ४, ३३)। ४ शब्द, आवाज; (आचा २, ३, ३; आवम)। ५ ग्रहण करने वाला; ६ इन्द्रिय ; (विसे १७०७)। ७ चन्द्र-सूर्य का उपराग; (भग १२, ६)। ८ ग्राह्य, जिसका ग्रहण किया जाय वह; (उत्त ३२)। ९ शिक्षा-विशेष; (आव)।

गहण न [**ग्राहण**] ग्रहण कराना, अंगीकार कराना ; "जो आसि बंभचेरग्गहणगुरू" (कुमा)।

गहण वि [**गहन**] १ निबिड़, दुर्भेद्य, दुर्गम ; "काले अणाइणिहणे जोणीगहणम्मि भीसणे इत्थ" (जी ४६);

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"फलसारणलिणिगहणा" (गउड)। २ वन, झाड़ी, घना कानन ; (पाअ ; भग)। ३ वृक्ष-गह्वर, वृक्ष का कोटर; (विपा १, ३—पत्र ४६)।

गहण न [दे] १ निर्जल स्थान, जल-रहित प्रदेश; (दे २, ८२ ; आचा २, ३, ३)। २ बन्धक, धरोहर, गिरों ; (सुपा ५४८)।

गहणय न [दे] गहना, आभूषण ; (सुपा १५४)।

गहणया स्त्री [ग्रहण] ग्रहण, स्वीकार, उपादान; (औप)।

गहणी स्त्री [ग्रहणी] गुदाशय, गाँड़ ; (पराह १, ४ ; औप)।

गहणी स्त्री [दे] जबरदस्ती हरण की हुई स्त्री, बाँदी ; (दे २, ८४ ; से ६, ४७)।

गहत्थि पुं [गभस्ति] किरण, त्विषा ; (पाअ)।

गहर पुं [दे] गृध्र, गीध पक्षी ; (दे २, ८४ ; पाअ)।

गहवइ पुं [दे] १ ग्रामीण, गाँव का रहने वाला ; (दे २, १००)। २ चन्द्रमा, चाँद ; (दे २, १०० ; पाअ ; वाअ १५)।

गहिअ वि [दे] वक्रित, मोड़ा हुआ, टेढ़ा, किया हुआ ; (दे २, ८५)।

गहिअ वि [गृहीत] १ उपात्त, स्वीकृत ; (औप ; ठा ४, ४)। २ पकड़ा हुआ ; (पराह १, ३)। ३ ज्ञात, उपलब्ध, विदित ; (उत्त २ ; षड्)।

गहिअ वि [गृद्ध] आसक्त, तल्लीन ; (आचा)।

गहिआ स्त्री [दे] १ काम-भोग के लिए जिसकी प्रार्थना की जाती हो वह स्त्री ; (दे २, ८५)। २ ग्रहण करने योग्य स्त्री; (षड्)।

गहिर वि [गभीर] गहरा, गम्भीर, अ-स्ताघ ; (दे १, १०१ ; काप्र ६२५ ; कप्प ; गउड ; औप ; प्राप्र)।

गहिल वि [ग्रहिल] भूतादि से आविष्ट, पागल ; (श्रा १४)।

गहिलिय, **गहिल्ल** वि [दे. ग्रहिल] आवेश-युक्त, पागल, भ्रान्त-चित्त ; (पउम ११३, ४३ ; षड् ; श्रा १२ ; उप ५६७ टी ; भवि)।

गहीअ देखो **गहिअ**=गृहीत ; (श्रा १२ ; रयण ६८)।

गहीर देखो **गभीर** ; (प्रासू ६)।

गहीरिअ न [गाम्भीर्य] गहराई, गम्भीरपन ; (हे २, १०७)।

गहीरिम पुंस्त्री [गभीरिमन्] गहराई, गम्भीरता ; (हे ४, ४१६)।

गहेअव्व, **गहेउं** देखो **गह**=ग्रह्।

गहूण (अप) देखो **गह**=ग्रह्। गहूणइ ; (षड्)।

गा, **गाअ** सक [गै] १ गाना, आलापना। २ वर्णन करना। ३ श्लाघा करना। गाइ, गाअइ; (हे ४,६)। वकृ—**गंत, गाअंत, गायमाण**; (गा ५४६; पि ४७६ ; पउम ६४,२४)। कवकृ—**गिज्जंत** ; (गउड ; गा ६४२ ; सुपा २१ ; सुर ३, ७६)। संकृ—**गाइउं** ; (महा)।

गाअ पुं [गो] बैल, वृषभ, साँढ़ ; (हे १, १५८)।

गाअ न [गात्र] १ शरीर, देह ; (सम ६०)। २ शरीर का अवयव ; (औप)।

गाअ वि [गायक] गाने वाला ; (कुमा)।

गाअंक पुं [गवाङ्क] महादेव, शिव ; (कुमा)।

गाअण वि [गायन] गाने वाला, गवैया; (सुपा ५५ ; सण)।

गाइअ वि [गीत] १ गाया हुआ ; "किन्नरेण तो गाइअं गीयं" (सुपा १६)। २ न. गीत, गान, गाना ; (आव ४)।

गाइआ स्त्री [गायिका] गाने वाली स्त्री ; (गा ६४४)।

गाइर वि [गाथक] गाने वाला, गवैया ; (सुपा ५४)।

गाई स्त्री [गो] गैया, गौ ; (हे १, १५८ ; दे ४, १८ ; गा २७१ ; सुर ७, ६५)।

गाउ, **गाउअ**, **गाऊअ** न [गव्यूत] १ कोस, क्रोश, दो हजार धनुष-प्रमाण जमीन; (पि २५४ ; औप ; इक ; जी १८ ; विसे ८२ टी)। २ दो कोस, क्रोश-युग्म (ओघ १२)।

गागर पुं [दे] स्त्री को पहनने का वस्त्र-विशेष, घघरा ; गुजराती में 'घाघरो' ; (पराह १,४)। २ मत्स्य-विशेष; (पराण १)।

गागरी [दे] देखो **गायरी** ; (पि ६२)।

गागलि पुं [गागलि] एक जैन मुनि ; (उत्त १०)।

गागेज्ज वि [दे] मथित, आलोड़ित ; (दे २, ८८)।

गागेज्जा स्त्री [दे] नवोढ़ा, दुलहिन ; (दे २, ८८)।

गाडिअ वि [दे] विधुर, वियुक्त ; (दे २,८३)।

गाढ वि [गाढ] १ गाढ, निविड़, सान्द्र ; (पाअ ; सुर १४, ४८)। २ मजबूत, दृढ़ ; (सुर ४,२३७)। ३ क्रिवि. अत्यन्त, अतिशय ; (कप्प)।

गाण न [गान] गीत, गाना ; (हे ४,६)।

गाण वि [गायन] गवैया, गीत-प्रवीण ; (दे ३, १०८)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गाणंगणिअ पुं [**गाणङ्गणिक**] छ ही मास के भीतर एक साधु-गण से दूसरे गण में जाने वाला साधु ; (बृह १) ।

गाणी स्त्री [**दे**] गवादनी, वनस्पति-विशेष, इन्द्रवारुणी ; (दे २, ८२) ।

गाथा देखो **गाहा** ; (भग ; पिंग) ।

गाध वि [**गाध**] स्ताव, अ-गहरा ; (दे ५, २४) ।

गाम पुं [**ग्राम**] १ समूह, निकर ; "चवलो इंदियगामो" (सुर २, १३८) । २ प्राणि-समूह, जन्तु-निकर ; (विसे २८६६) । ३ गाँव, वसति, ग्रास; (कप्प; णाया १,१८; औप) । ४ इन्द्रिय-समूह ; (भग; औप) । °**कंडग**, °**कंडय** पुं [°**कण्टक**] १ इन्द्रिय-समूह रूप काँटा ; (भग ; औप) । २ दुर्जनों का रूक्ष आलाप, गाली ; (आचा) । °**घायग** वि [°**घातक**] गाँव का नाश करने वाला ; (पण्ह १,३) । °**णिद्धमण** न [°**निर्धमन**] गाँव का पानी जाने का रास्ता, नाला ; (कप्प) । °**धम्म** पुं [°**धर्म**] १ विषयाभिलाष, विषय की वाञ्छा ; (ठा १०) । २ इन्द्रियों का स्वभाव ; ३ विषय-प्रवृत्ति ; (आचा) । ४ मैथुन ; (सूत्र १, २,२) । ५ शब्द, रूप वगैरः इन्द्रियों का विषय; (पण्ह १,४) । ६ गाँव का धर्म, गाँव का कर्तव्य ; (ठा १०) । °**द्ध** पुंन [°**ार्ध**] आधा गाँव । २ उत्तर भारत, भारत का उत्तर प्रदेश ; (निचू १२) । °**मारी** स्त्री [°**मारी**] गाँव भर में फैली हुई बिमारी-विशेष ; (जीव ३) । °**रोग** पुं [°**रोग**] ग्राम-व्यापक बिमारी; (जं २) । °**वइ** पुं [°**पति**] गाँव का मुखिया ; (पाअ) । °**णुग्गाम** न [°**ानुग्राम**] एक गाँव से दूसरे गाँव ; (औप) । °**यार** पुं [°**ाचार**] विषय ; (आवम) ।

गामउड } पुं [**दे**] गाँव का मुखिया ; (दे २, ८९ ;
गामऊड } बृह ३) ।

गामंतिय न [**ग्रामान्तिक**] १ गाँव की सीमा ; (आचा) । २ वि. गाँव की सीमा में रहने वाला ; (दसा १) । ३ पुं. जैनेतर दार्शनिक विशेष ; (सूत्र २,२) ।

गामगोह पुं [**दे**] गाँव का मुखिया ; (दे २, ८९) ।

गामड पुं [**ग्रामक**] गाँव, छोटा गाँव ; (श्रा १६) ।

गामण न [**दे. गमन**] भूमि में गमन, भू-सर्पण ; (भग ११, ११) ।

गामणह न [**दे**] ग्राम-स्थान, ग्राम-प्रदेश ; (षड्) ।

गामणि देखो **गामणी** ; (दे २, ८९; षड्) ।

गामणिसुअ पुं [**दे**] गाँव का मुखिया ; (दे २,८९) ।

गामणी पुं [**दे**] गाँव का मुखिया ; (दे २,८९ ; पाअ) ।

गामणी वि [**ग्रामणी**] १ श्रेष्ठ, प्रधान, नायक ; (से ७, ६० ; धण १ ; गा ४४६ ; षड्) । २ पुं. तृण-विशेष ; (दे २, ११२) ।

गामपिंडोलग पुं [**दे**] भीख से पेट भरने के लिए गाँव का आश्रय लेने वाला भीखारी ; (आचा) ।

गामरोड पुं [**दे**] छल से गाँव का मुखिया बन बैठने वाला ; गाँव के लोगों में फूट उत्पन्न कर गाँव का मालिक होने वाला; (दे २, ९०) ।

गामहण न [**दे**] १ ग्राम-स्थान, गाँव का प्रदेश; (दे २,९०) । २ छोटा गाँव ; (पाअ) ।

गामाग पुं [**ग्रामाक**] ग्राम-विशेष, इस नाम का एक सन्निवेश ; (आवम) ।

गामार वि [**दे. ग्रामीण**] ग्रामीण, छोटे गाँव का रहने वाला ; (वज्जा ४) ।

गामि वि [**गामिन्**] जाने वाला ; (गा १६७ ; आचा) । स्त्री—°**णी**; (कप्प) ।

गामिअ वि [**ग्रैमिक**] १ देखो **गामिल्ल**; (दे २, १००) । २ ग्राम का मुखिया ; (निचू २) । ३ विषयाभिलाषी ; (आचा) ।

गामिणिआ स्त्री [**गामिनिका**] गमन करने वाली स्त्री ; "ललिअहंसबहुगामिणिआहिं" (अजि २६) ।

गामिल्ल } वि [**ग्रामीण**] गाँव का निवासी, गँवार ;
गामिल्लुअ } (पउम ७७, १०८; विसे १ टी; दे ८, ४७) ।
गामीण } स्त्री—°**ल्ली** ; (कुमा) ।

गामुअ वि [**गामुक**] जाने वाला ; (स १७५) ।

गामेइआ स्त्री [**ग्रामेयिका**] गाँव की रहने वाली स्त्री, गँवार स्त्री ; (गउड) ।

गामेणी स्त्री [**दे**] छागी, अजा, बकरी ; (दे २, ८४) ।

गामेयग वि [**ग्रामेयक**] गाँव का निवासी, गँवार; (बृह १) ।

गामेरेड [**दे**] देखो **गामरोड**; (षड्) ।

गामेलुअ } देखो **गामिल्ल** ; (मृच्छ २७५ ; विपा १,१ ;
गामेल्ल } विसे १४११) ।

गामेस पुं [**ग्रामेश**] गाँव का अधिपति; (दे २,३७) ।

गायरी स्त्री [**दे**] गगरी, कलशी, छोटा घड़ा; (दे २,८९) ।

°**गार** वि [°**कार**] कारक, कर्ता; (भवि) ।

गार पुं [**दे. ग्रावन्**] पत्थर, पाषाण, कङ्कर; (वव ४) ।

गार न [**अगार**] गृह, घर, मकान; (ठा ६) । °**त्थ** पुंस्त्री [°**स्थ**] गृहस्थ, गृही; (निचू१) । °**त्थिय** पुंस्त्री [°**स्थित**]

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गृहस्थ, गृही, संसारी; "गारत्थियजणउचियं भासासमिओ न भासिज्जा" (पुप्फ १८१; ठा ६)।

°गारय वि [**कारक**] कर्ता, करने वाला; (स १५१)।

गारव पुंन [**गौरव**] १ अभिमान, अहंकार; २ अभिलाष, लालसा; "तओ गारवा पराणत्ता" (ठा ३,४ ; श्रा ३५; सम ८)। ३ महत्व, गुरुत्व, प्रभाव ; (कुमा)। ४ आदर, सम्मान ; (षड् ; प्राप्र)।

गारविय वि [**गौरवित**] १ गौरवान्वित, महत्वशाली। २ गर्व-युक्त, अभिमानी ; ३ लालसा वाला, अभिलाषी ; (सूअ १,१,१)।

गारविल्ल वि [**गौरववत्**] ऊपर देखो ; (कम्म१,५६)।

गारि पुंस्त्री [**अगारिन्**] गृही, संसारी, गृहस्थ; (उत्त ५,१६)।

गारिहत्थिय स्त्रीन [**गार्हस्थ्य**] गृहस्थ-संबन्धी, संसारि-संबन्धी। स्त्री—**°या** ; (पव २३५)।

गारुड } वि [**गारुड**] १ गरुड़-संबन्धी ; २ सर्प के विष **गारुल** } को उतारने वाला, सर्प-विष को दूर करने वाला ; ३ पुं. सर्प-विष को दूर करने वाला मन्त्र ; (उप ६८६ टी ; से १४, ५७)। ४ न. शास्त्र-विशेष, मन्त्र-शास्त्र-विशेष, सर्प-विष-नाशक मन्त्र का जिसमें वर्णन हो वह शास्त्र ; (ठा ६)। **°मंत** पुं [**°मन्त्र**] सर्प-विष का नाशक मन्त्र ; (सुपा २१६)। **°विउ** वि [**°वित्**] गारुड मन्त्र का जानकार, गारुड शास्त्र का जानकार ; (उप ६८६ टी)।

गाल सक [**गालय्**] १ गालना, छानना। २ नाश करना। ३ उल्लंघन करना, अतिक्रमण करना। गालयइ ; (विसे ६४)। वकृ—**गालेमाण** ; (भग ६,३३)। कवकृ—**गालिज्जंत** ; (सुपा १७३)। प्रयो—गालावेइ ; (णाया १, १२)।

गालण न [**गालन**] छानना, गालना; (पराह १, १ ; उप पृ ३७६)।

गालणा स्त्री [**गालना**] १ गालना, छानना ; २ गिरवाना; ३ पिघलवाना ; (विपा १,१)।

गालवाहिया स्त्री [**दे**] छोटी नौका, डोंगी ; "एत्थंतरम्मि समागया गालवाहियाए निज्जामया" (स ३५१)।

गालि स्त्री [**गालि**] गाली, अपशब्द, असभ्य वचन; (सुपा ३७०)।

गालिय वि [**गालित**] १ छाना हुआ। २ अतिक्रान्त। ३ विनाशित; ४ क्षिप्त ; "गालियमिंठो निरंकुसो वियरिओ रायहत्थी" (महा)।

गाली स्त्री [**गाली**] देखो **गालि** ; (पव ३८)।

गाव (अप) देखो **गा**। गावइ ; (पिंग)। वकृ—**गावंत** ; (पि २५४)।

गाव (अप) देखो **गव्व** ; (भवि)।

गाव वि [**दे**] गत, गया हुआ, गुजरा हुआ ; (षड्)।

गाव } पुं [**ग्रावन्**] १ पत्थर, पाषाण; (पाअ)। २ **गावाण** } पहाड़, गिरि ; (हे ३, ५६)।

गावि (अप) देखो **गव्विअ** ; (भवि)।

गावी स्त्री [**गो**] गौ, गैया ; (हे २, १७४ ; विपा १, २ ; महा)।

गास पुं [**ग्रास**] ग्रास, कवल ; (सुपा ४८८)।

गाह देखो **गह**=ग्रह्। कर्म—गाहिज्जइ ; (प्राप्र)।

गाह सक [**ग्राहय्**] ग्रहण कराना। गाहेइ ; (औप)।

गाह सक [**गाहू**] १ गाहना, ढूँढ़ना। २ पढ़ना, अभ्यास करना। ३ अनुभव करना। ४ टोह लगाना। गाहदि (शौ) ; (मृच्छ ७२)। कवकृ—**गाहिज्जंत** ; (वज्जा ४)।

गाह पुं [**गाध**] स्ताघ, थाह ; (ठा ४, ४)।

गाह पुं [**ग्राह**] १ गाह, कुंभीर, नक्र, जल-जन्तु विशेष ; (दे २, ८६ ; णाया १, ४ ; जी २०)। २ आग्रह, हठ ; (विसे २५८६; पउम १६, १२)। ३ ग्रहण, आदान; (निचू १)। ४ गारुड़िक, सर्प को पकड़ने वाली मनुष्य-जाति ; (बृह १)। **°वई** स्त्री [**°वती**] नदी-विशेष ; (ठा २, ३—पत्र ८०)।

गाहग वि [**ग्राहक**] १ ग्रहण करने वाला, लेने वाला; (सुपा ११)। २ समझने वाला, जानने वाला; (सुपा ३४३)। ३ समझाने वाला, शिक्षक, आचार्य, गुरु ; (औप)। ४ ज्ञापक, बोधक। स्त्री—**गाहिगा** ; (औप)।

गाहण न [**ग्राहण**] १ ग्रहण कराना ; २ ग्रहण, आदान ; "गाहण तवचरियस्सा गहणं चिय गाहणा होंति" (पंचभा)। ३ शास्त्र, सिद्धान्त ; (वव ४)। ४ बोधक वचन, शिक्षा, उपदेश ; (पराह २, २)।

गाहणया } स्त्री [**ग्राहणा**] ऊपर देखो ; (उप पृ ३१४ ; **गाहणा** } आचा ; गच्छ १)।

गाहय देखो **गाहग** ; (विसे ८३१ ; स ४६८)।

गाहा स्त्री [**गाथा**] १ छन्द-विशेष, आर्या, गीति ; (ठा ५, ३ ; अजि ३७ ; ३८)। २ प्रतिष्ठा ; ३ निश्चय ; "सेसपयारा य गाहा" (आव ४)। ४ सूत्रकृतांग सूत्र का सोलहवाँ अध्ययन ; (सूअ १, १, १)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गाहा स्त्री [दे] गृह, घर, मकान ; "गाहा घरं गिहमिति एगट्ठा" (वव ८) । °**वइ** पुंस्त्री [°**पति**] १ गृहस्थ, गृही, संसारी; (ठा ४,४ ; सुपा २२६) । २ धनी, धनाढ्य; (उत्त १) । ३ भंडारी, भाण्डागारिक ; (सम २७) । स्त्री—°**णी**; (गाया १, ५ ; उवा) ।

गाहाल पुं [**ग्राहाल**] कीट-विशेष, त्रीन्द्रिय जन्तु विशेष ; (जीव १) ।

गाहावई स्त्री [**ग्राहावती**] १ नदी-विशेष ; २ द्वीप-विशेष; ३ ह्रद-विशेष, जहां से ग्राहावती नदी निकलती है; (जं ४) ।

गाहाविय वि [**ग्राहित**] जिसको ग्रहण कराया गया हो वह ; (सुर ११, १८३) ।

गाहिणी स्त्री [**गाहिनी**] १ गाहने वाली स्त्री । २ छन्द-विशेष ; (पिंग) ।

गाहिपुर न [**गाधिपुर**] नगर-विशेष ; (गउड) ।

गाहिय वि [**ग्राहित**] १ जिसको ग्रहण कराया गया हो वह ; २ आमित, ऊकसाया हुआ ; (सूअ १, २, १) ।

गाहीकय वि [**गाथीकृत**] एकत्रित, इकट्ठा किया हुआ ; (सूअ १, १६) ।

गाहु स्त्री [**गाहु**] छन्द-विशेष ; (पिंग) ।

गाहुलि पुंस्त्री [**दे**] ग्राह, नक्र, क्रूर जल-जन्तु विशेष ; (दे २, ८९) ।

गाहुलिया देखो **गाहा**=गाथा ; (सुपा २६४) ।

गिंठि स्त्री [**गृष्टि**] १ एक बार ब्यायी हुई ; २ एक बार ब्यायी हुई गौ ; (हे १, २६) ।

गिंधुअ [**दे**] देखो **गेंठुअ**; (पाअ) ।

गिंधुल्ल [**दे**] देखो **गेंठुल्ल** ; (पाअ) ।

गिंभ (अप) देखो **गिम्ह** ; (हे ४, ४४२) ।

गिंह देखो **गिम्ह** ; (षड्) ।

गिज्जंत देखो **गा** ।

गिज्झ अक [**गृध्**] आसक्त होना, लम्पट होना । गिज्झइ ; (हे ४, २१७) । गिज्झह ; (गाया १, ८) । वकृ—**गिज्झंत**; (औप) । कृ—**गिज्झियव्व**; (पगह २, ५) ।

गिज्झ वि [**गृह्य, ग्राह्य**] १ ग्रहण करने योग्य ; २ अपनी तरफ में किया जा सके ऐसा ; (ठा ३, २) ।

गिट्ठि देखो **गिंठि** ; " वारेंतस्सवि वला दिट्ठी गिट्ठिव्व जवसम्मि" (उप ७२८ टी ; पाअ ; गा ६४०) ।

गिड्डिया स्त्री [**दे**] गेड़ी, गेंद खेलने की लकड़ी ; (पव ३८) ।

गिण देखो **गण**=गणय् । गिणंति ; (सट्टि ६७) ।

गिण्ह देखो **गह**=ग्रह् । गिण्हइ ; (कप्प) । वकृ—**गिण्हंत**, **गिण्हमाण**; (सुपा ६१६ ; गाया १, १) । संकृ—**गिण्हिउं**, **गिण्हिऊण**, **गिण्हित्ता**; (पि ५७४ ; ५८५ ; ५८२) । हेकृ—**गिण्हित्तए** ; (कप्प) । कृ—**गिण्हियव्व**, **गिण्हेयव्व**; (अणु; सुपा ५१३) ।

गिण्हणा स्त्री [**ग्रहण**] उपादान, आदान ; (उत्त १९, २७) ।

गिद्ध पुं [**गृध्र**] पक्षि-विशेष, गीध; (पाअ ; गाया १,१६) ।

गिद्ध वि [**गृद्ध**] आसक्त, लम्पट, लोलुप ; (पगह १, २ ; आचू ३) ।

गिद्धि स्त्री [**गृद्धि**] आसक्ति, लम्पटता, गार्ध्य ; (सूअ १, ६) ।

गिम्ह पुं [**ग्रीष्म**] ऋतु-विशेष, गरमी की मोसिम ; (हे २, ७४ ; प्राप्र) ।

गिर सक [**गॄ**] १ बोलना, उच्चारण करना । २ गिलना, निगलना । गिरइ ; (षड्) ।

गिरा स्त्री [**गिर्**] वाणी, भाषा, वाक् ; (हे १, १६) ।

गिरि पुं [**गिरि**] १ पहाड़, पर्वत ; (गउड ; हे १, २३) । °**अडी** स्त्री [°**तटी**] पर्वतीय नदी; (गउड) । °**कण्णई**, °**कण्णी** स्त्री [°**कर्णी**] वल्ली-विशेष, लता-विशेष ; (पगण १—पत्र ३३ ; श्रा २०) । °**कूड** न [°**कूट**] १ पर्वत का शिखर । २ पुं. रामचन्द्र का महत ; (पउम ८०, ४) । °**जण्ण** पुं [°**यज्ञ**] कोंकण देश में वर्षा-काल में किया जाता एक प्रकार का उत्सव ; (बृह १) । °**णई** स्त्री [°**नदी**] पर्वतीय नदी; (पि ३८५) । °**णाल** पुं [°**नार**] प्रसिद्ध पर्वत-विशेष, जो काठियावाड़ में आज-कल भी "गिरनार" के नाम से विख्यात है ; (ती ३) । °**दारिणी** स्त्री [°**दारिणी**] विद्या-विशेष ; (पउम ७, १३६) । °**नई** देखो °**णई** ; (सुपा ६३५) । °**पक्खंदण** न [°**प्रस्कन्दन**] पहाड़ पर से गिरना ; (निचू ११) । °**यडय** न [°**कटक**] पर्वत-नितम्ब ; (गउड) । °**पब्भार** पुं [°**प्राग्भार**] पर्वत-नितम्ब ; (संथा) । °**राय** पुं [°**राज**] मेरु पर्वत ; (इक) । °**वर** पुं [°**वर**] प्रधान पर्वत, उत्तम पहाड़ ; (सुपा १७६) । °**वरिंद** पुं [°**वरेन्द्र**] मेरु पर्वत ; (श्रा २७) । °**सुआ** स्त्री [°**सुता**] पार्वती, गौरी ; (पिंग) ।

गिरि पुं [**दे**] बीज-कोश ; (दे ६, १४८) ।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गिरिंद पुं [**गिरीन्द्र**] १ श्रेष्ठ पर्वत ; २ मेरु पर्वत ; ३ हिमाचल ; (कप्पू) ।

गिरिडी स्त्री [**दे**] पशुओं के दाँत को बाँधने का उपकरण-विशेष ; "दंतगिरिडिं पवंधइ" (सुपा २३७) ।

गिरिस पुं [**गिरिश**] महादेव, शिव; (पाअ ; दे ६,१२१) । °**वास** पुं [°**वास**] कैलाश पर्वत; (से ६, ७५) ।

गिरीस पुं [**गिरीश**] १ हिमाचल पर्वत ; २ महादेव, शिव ; (पिंग) ।

गिल सक [**गॄ**] गिलना, निगलना, भक्षण करना । संकृ— **गिलिऊण** ; (नाट) ।

गिलण न [**गरण**] निगरण, भक्षण ; (हे ४,४४५) ।

गिला } **गिलाअ** } अक [**ग्लै**] १ ग्लान होना, बिमार होना । २ खिन्न होना, थक जाना । ३ उदासीन होना । गिलाइ, गिलायइ, गिलाएमि ; (भग ; कस ; आचा) । वकृ— **गिलायमाण** ; (ठा ३,३) ।

गिला स्त्री [**ग्लानि**] १ बिमारी, रोग ; २ खेद, थाक ; (ठा ८) ।

गिलाण वि [**ग्लान**] १ बिमार, रोगी ; (सूअ १, ३,३) । २ अशक्त, असमर्थ, थका हुआ ; (ठा ३,४) । ३ उदासीन, हर्ष-रहित ; (णाया १, १३ ; हे २, १०६) ।

गिलाणि स्त्री [**ग्लानि**] ग्लानि, खेद, थकावट ; (ठा ५,१) ।

गिलायय वि [**ग्लायक**] ग्लानि-युक्त, ग्लान ; (औप) ।

गिलासि पुंस्त्री [**ग्रासिन्**] व्याधि-विशेष, भस्मक रोग ; (आचा) । स्त्री—°**णी** ; (आचा) ।

गिलिअ वि [**गिलित**] निगला हुआ, भक्षित ; (सुपा ३, २०६ ; सुपा ६४०) ।

गिलिअवंत वि [**गिलितवत्**] जिसने भक्षण किया हो वह ; (पि ५६६) ।

गिलोइया } **गिलोई** } स्त्री [**दे**] गृह-गोधा, छिपकली ; (सुपा ६४० ; पुप्फ २६७) ।

गिल्लि स्त्री [**दे**] १ हाथी की पीठ पर कसा जाता होदा, हौदा ; (णाया १,१—पत्र ४३ टी ; औप) । २ डोली, दो आदमी से उठाई जाती एक प्रकार की शिबिका ; (सूअ २,२; दसा ६) ।

गिव्वाण पुं [**गीर्वाण**] देव, सुर, त्रिदश ; (उप ५३० टी) ।

गिह न [**गृह**] घर, मकान ; (आचा ; श्रा २३; स्वप्न ६४)। °**त्थ** पुंस्त्री [**स्थ**] गृहस्थ, गृही, संसारी ; (कप्प ; द ५) । स्त्री—°**त्था**; (पउम ४६, ३३) । °**नाह** पुं [°**नाथ**] घर का मालिक ; (श्रा २८) । °**लिंगि** पुंस्त्री [°**लिङ्गिन्**] गृहस्थ, गृही, संसारी; (दंस)। °**वइ** पुंस्त्री [°**पति**] गृहस्थ, गृही, घर का मालिक; (ठा ५, ३; सुपा २३४) । °**वास** पुं [°**वास**] १ घर में निवास ; २ द्वितीयाश्रम, संसारिपन ; "गिहवासं पासं पिव मन्नंतो वसइ दुक्खिओ तम्मि" (धम्म ; सूअ १,६) । °**ावट्ट** पुं [°**ावर्त्त**] द्वितीय आश्रम, संसारिपन ; (सूअ १,४,१) । °**ासम** पुं [°**ाश्रम**] घरवास, द्वितीयाश्रम ; (स १४८) ।

गिहि पुं [**गृहिन्**] गृही, संसारी, गृहस्थ ; (ओघ १७ भा ; नव ४३) । °**धम्म** पुं [°**धर्म**] गृहस्थ-धर्म, श्रावक-धर्म ; (राज) । °**लिंग** न [°**लिङ्ग**] गृहस्थ का वेष ; (बृह १)।

गिहिणी स्त्री [**गृहिणी**] गृहिणी, भार्या, स्त्री ; (सुपा ८३; श्रा १६) ।

गिहीअ वि [**गृहीत**] आत्त, उपात्त, ग्रहण किया हुआ ; (स ४२८) ।

गिहेलुय पुं [**गृहैलुक**] देहली, द्वार के नीचे की लकड़ी ; (निचू १३) ।

गी स्त्री [**गिर्**] वाणी, भाषा, वाक् ; "थिरसुज्जलं च छाया-घणं च गोविलसियं जस्स" (गउड) ।

गीआ स्त्री [**गीता**] छन्द-विशेष ; (पिंग) ।

गीइ स्त्री [**गीति**] १ छन्द-विशेष, आर्या-वृत्त का एक भेद ; २ गान, गीत ; (ठा ७ ; उप १३० टी) ।

गीइया स्त्री [**गीतिका**] ऊपर देखो ; (औप ; णाया १,१) ।

गीय वि [**गीत**] १ पद्य-मय वाक्य, गेय, जो गाया जाय वह ; (पण्ह २,५ ; अणु) । २ कथित, प्रतिपादित; (णाया १,१)। ३ प्रसिद्ध, विख्यात; (संथा) । ४ न. गान, ताल और बाजे के अनुसार गाना ; (जं२; उत्त१) । ५ संगीत-कला, गान-कला, संगीत-शास्त्र का परिज्ञान ; (णाया १,१) । ६ पुं. गीतार्थ, उत्सर्ग-अपवाद वगैरः का जानकार जैन साधु, विद्वान् जैन मुनि; (उप७७३) । °**जस** पुं [°**यशस्**] इन्द्र-विशेष, गन्धर्व देवों का एक इन्द्र ; (ठा२,३ ; इक) । °**त्थ** पुं [°**र्थ**] १ विद्वान् जैन मुनि ; (उप ८३३ टी; वव ४; सुपा १२७) । २ संगीत-रहस्य ; (मै१४) । °**पुर** न [°**पुर**] नगर-विशेष ; (पउम ५५,५३)। °**रइ** स्त्री [°**रति**] १ संगीत-क्रीड़ा ; (औप) । २ पुं. गन्धर्व देवों का एक इन्द्र ; (इक; भग३,८)। ३ गन्धर्व-सेना का अधिपति देव-विशेष; (ठा ७)। ४ वि. संगीत-प्रिय, गान-प्रिय ; (विपा१,२) ।

गीवा स्त्री [**ग्रीवा**] कण्ठ, डोक ; (पाअ) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुंछ देखो **गुच्छ** ; (हे १,२६)।

गुंछा स्त्री [**दे**] १ बिन्दु ; २ दाढ़ी-मूँछ ; ३ अधम, नीच ; (दे २,१०१)।

गुंज अक [**हस्**] हसना, हास्य करना। गुंजइ; (हे ४,१९६)।

गुंज अक [**गुञ्ज्**] १ गुन गुन करना, भ्रमर आदि का आवाज करना। २ गर्जना, सिंह वगैरः का आवाज करना। "गुंजंति सीहा" (महा)। वकृ—**गुंजंत**; (गाया १,१—पत्र ५; रंभा)।

गुंज पुं [**गुञ्ज**] १ गुञ्जारव करता वायु; (पउम १३,४३)। २ पर्वत-विशेष; "गुंजवरपव्वयं ते" (पउम ८,९०; ९४)।

गुंजा स्त्री [**गुञ्जा**] १ लता-विशेष; (सुर २,६)। २ फल-विशेष, घुङ्गची ; (गाया १,१; गा३१०)। ३ भम्भा, वाद्य-विशेष ; (आचा)। ४ परिमाण-विशेष; (ठा४,१))। ५ गुञ्जारव, गुञ्जन, गुन गुन आवाज; "गुंजाचक्ककुहरोवगूढं" (राय)। ६ वायु-विशेष, गुञ्जारव करता वायु; (जीव१; जी७)। °**फल, °हल** न [°**फल**] फल-विशेष, घुङ्गची; (सुर२,६;सुपा२६१)।

गुंजालिया स्त्री [**गुञ्जालिका**] वक्र-सारिणी, टेढ़ी कियारी; (णाया १,१)। २ गोल पुष्करिणी ; (निचू १२)। ३ वक्र नदी; (पराण ११)।

गुंजाविअ वि [**हासित**] हसाया हुआ ; (कुमा ७,४१)।

गुंजिअ न [**गुञ्जित**] गुन गुन आवाज, भ्रमर वगैरः का शब्द ; (कुमा)।

गुंजिर वि [**गुञ्जितृ**] गुन गुन आवाज करने वाला; (उप १०३१ टी)।

गुंजुल्ल देखो **गुंजोल्ल**। गुंजुल्लइ ; (हे ४,२०२)।

गुंजेल्लिअ वि [**दे**] पिण्डीकृत, इकट्ठा किया हुआ; (दे२,९२)।

गुंजोल्ल अक [**उत्+लस्**] उल्लास पाना, विकसित होना। गुंजोल्लइ ; (हे ४, २०२)।

गुंजोल्लिअ वि [**उल्लसित**] उल्लसित, विकसित; (कुमा)।

गुंठ सक [**उद्+धूलय्, गुण्ठ्**] धूल वाला करना, धूली के रङ्ग का करना, धूसरित करना। गुंठइ; (हे४,२९)। वकृ—**गुंठंत** ; (कुमा)।

गुंठ पुं [**दे**] १ अधम अश्व, दुष्ट घोड़ा; (दे२,९१; स ४५४)। २ वि. मायावी, कपटी ; (वव३)।

गुंठा स्त्री [**दे**] माया, दम्भ, छल ; (वव ३)।

गुंठिअ वि [**गुण्ठित**] १ धूसरित; २ व्याप्त; ३ आच्छादित; (दे १, ८५)।

गुंठी स्त्री [**दे**] नीरंगी, स्त्री का वस्त्र-विशेष ; (दे२,९०)।

गुंड न [**दे**] मुस्ता से उत्पन्न होने वाला तृण-विशेष; (दे २, ९१)।

गुंडण न [**गुण्डन**] धूलि का लेप, धूल का शरीर में लगाना ; "रयरेणुगुंडणाणि य नो सम्मं सहसि" (गाया १, १—पत्र ७१)।

गुंडिअ वि [**गुण्डित**] १ धूलि-लिप्त, धूलि-युक्त; (पाअ)। २ लिप्त, पोता हुआ; "चुरणगुंडिअगातं" (विपा १, २—पत्र २४)। ३ घिरा हुआ ; "सउणी जह पसुगुंडिया" (सूअ १, २, १)। ४ आच्छादित, प्रावृत ; (आचा)। ५ प्रेरित ; (पण्ह १, ३)।

गुंथण न [**ग्रन्थन**] गूँथना, गठना ; (रयण १८)।

गुंद पुं [**गुन्द्र**] वृक्ष-विशेष ; (पाअ)।

गुंदल न [**दे. गुन्दल**] १ आनन्द-ध्वनि, खुशी का आवाज, हर्ष का तुमुल-ध्वनि ; "मत्तवरकामिणीसंचकयगुंदलं" (सुर ३, ११५)। "करिणीहिं कलहेहिं य खणमेक्कं हरिसगुंदलं काउं" (सुपा १३७)। २ हर्ष-भर, आनन्द-संदोह, खुशी की वृद्धि ; "अमंदआणंदगुंदलपुरुव्वं", "आणंदगुंदलेणं ललइ लीलावईहिं परिकलिओ" (सुपा २२; १३६)। ३ वि. आनन्द-मग्न, खुशी में लीन ; "तं तह दट्ठुं आणंदगुंदलं" (सुपा १३४)।

गुंदवडय न [**दे**] एक जात की मीठाई, गुजराती में जिसको 'गुंदवडा' कहते हैं ; (सुपा ४८५)।

गुंदा } स्त्री [**दे**] १ बिन्दु, २ अधम, नीच ; (दे २,
गुंपा } १०१)।

गुंफ सक [**गुम्फ्**] गूँथना, गठना। गुंफइ ; (षड्)। वकृ—**गुंफंत** ; (कुमा)।

गुंफ पुं [**गुम्फ**] १ रचना, गूँथना, ग्रन्थन; (उप १०३१ टी ; दे १, १५० ; ६, १४२)।

गुंफ पुं [**दे**] गुप्ति, कारागार, जेल ; (दे २, ९०)।

गुंफण न [**दे**] गोफन, पत्थर फेंकने का अस्त्र-विशेष ; "गुंफणफेरणसुंकारएहिं" (सुर २, ८)।

गुंफी स्त्री [**दे**] शतपदी, क्षुद्र कीट-विशेष, गोजर, कनखजूरा; (दे २, ९१)।

गुग्गुल पुं [**गुग्गुल**] सुगन्धित द्रव्य-विशेष, गूगल ; (सुपा १५१)।

गुग्गुली स्त्री [**गुग्गुल**] गूगल का पेड़ ; (जी १०)।

गुग्गुलु देखो **गुग्गुल** ; (स ४३६)।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुच्छ } पुं [**गुच्छ**] १ गुच्छा, गुच्छक, स्तबक; (उत्त २;
गुच्छय } स्वप्न ७२)। २ वृक्षों की एक जाति ; (पराण १)। ३ पत्ती का समूह ; (जं १)।

गुच्छय देखो **गोच्छय** ; (ओघ ६६८)।

गुच्छिय वि [**गुच्छित**] गुच्छा वाला, गुच्छ-युक्त ; "निच्चं गुच्छिया" (राय)।

गुज्ज देखो **गोज्ज** ; (सुपा २८१)।

गुज्जर पु [**गूर्जर**] १ भारत का एक प्रान्त, गुजरात देश ; (पिंग)। २ वि. गुजरात का निवासी। स्त्री—°री; (नाट)।

गुज्जरत्ता स्त्री [**गूर्जरत्रा**] गुजरात देश ; (सार्ध ६८)।

गुज्झलिअ वि [**दे**] संघटित ; (षड्)।

गुज्झ } वि [**गुह्य**] १ गोपनीय, छिपाने योग्य ; (णाया
गुज्झअ } १, १ ; हे २, १२४)। २ न. गुप्त बात, रहस्य; "सिमंतिणिहिययगयं गुज्झं पिव तक्खणं फुट्टं" (उप ७२८ टी)। ३ लिंग, पुरुष-चिन्ह ; ४ योनि, स्त्री-चिन्ह ; (धर्म २)। ५ मैथुन, संभोग ; (पराह १, ४)। °हर वि [°धर] गुप्त बात को प्रकट नहीं करने वाला ; (दे २, ४३)। °हर वि [°हर] रहस्य-भेदी, गुप्त बात को प्रसिद्ध करने वाला ; (दे २, ६३)।

गुज्झअ } पुं [**गुह्यक**] देवों की एक जाति; (ठा ५, ३)।
गुज्झग }

गुट्ठ न [**दे**] स्तम्ब, तृण-काराड; "अज्जुणगुट्ठं व तस्स जाणूइं" (उवा)।

गुट्ठ देखो **गोट्ठ** ; (पात्र ; भत्त १६२)।

गुट्ठी देखो **गोट्ठी** ; (सूक्त ५८)।

गुड सक [**गुड्**] १ हाथी को कवच वगैरः से सजाना। २ लड़ाई के लिए तय्यार करना, सजाना। "गुडह गइंदे पउणीकरेह रहवक्कयाइक्के" (सुपा २८८)। कवकृ—"गुडिअगुडिज्जंतभडं" (से १२, ८७)।

गुड पुं [**गुड**] १ गुड़, ईख का विकार, लाल शक्कर; (हे १, २०२; प्रासू १५१)। २ एक प्रकार का कवच; (राज)। °**सत्थ** न [°**सार्थ**] नगर-विशेष ; (आक)।

गुडदालिअ वि [**दे**] पिराडीकृत, इकट्ठा किया हुआ; (दे २, ६२)।

गुडा स्त्री [**गुडा**] १ हाथी का कवच ; २ अश्व का कवच ; (विपा १, २)।

गुडिअ वि [**गुडित**] कवचित, वर्मित, कृत-संनाह ; (से १२, ७३ ; ८७ ; विपा १, २)।

गुडिआ स्त्री [**गुटिका**] गोली ; (गा १७७)।

गुडोलद्धिआ स्त्री [**दे**] चुम्बन ; (दे २, ६१)।

गुण सक [**गुणय्**] १ गिनना। २ आवृत्ति करना, याद करना। गुणइ ; (सूक्त ५१ ; हे ४, ४२२)। गुणेइ ; (उव)। वकृ—**गुणमाण** ; (उप पृ ३६६)।

गुण पुंन [**गुण**] १ गुण, पर्याय, स्वभाव, धर्म ; (ठा ६, ३)। २ ज्ञान, सुख वगैरः एक ही साथ रहने वाला धर्म ; (सम्म १०७ ; १०६)। ३ ज्ञान, विनय, दान, शौर्य, सदाचार वगैरः दोष-प्रतिपक्षी पदार्थ ; (कुमा ; उत्त १६ ; अणु ; ठा ४, ३ ; स १, ४)। ४ लाभ, फायदा ; "विहवेहिं गुणाइं मग्गंति" (हे १, ३४ ; सुपा १०३)। ५ प्रशस्तता, प्रशंसा ; (णाया १, १)। ६ रज्जू, डोरा, धागा ; (स १, ४)। ७ व्याकरण-प्रसिद्ध ए, ओ और अर् रूप स्वर-विकार ; (सुपा १०३)। ८ जैन गृहस्थ को पालने का व्रत-विशेष, गुण-व्रत ; (पंचव ३)। ९ रूप, रस, गन्ध वगैरः द्रव्याश्रित धर्म ; "गुण-पच्चक्खत्तणओ गुणोवि जाओ घडोव्व पच्चक्खो" (ठा १, १; उत्त २८)। १० प्रत्यञ्चा, धनुष का रोदा; (कुमा)। ११ कार्य, प्रयोजन; (भग २, १०)। १२ अप्रधान, अ-मुख्य, गौण; (हे १, ३४)। १३ अंश, विभाग; (अणु)। १४ उपकार, हित ; (पंचा ५)। °कर वि [°कर] १ लाभ-कारक ; २ उपकार-कारक; (पंचा ५)। °**कार** पुं [°**कार**] गुना करना, अभ्यास-राशि; (सम ६०)। °**चंद** पुं [°**चन्द्र**] १ एक राज-कुमार ; (आवम)। २ एक जैन मुनि और ग्रन्थकार; ३ श्रेष्ठि-विशेष ; (राज)। °**ट्ठाण** न [°**स्थान**] गुणों का स्वरूप-विशेष, मिथ्यादृष्टि वगैरः चउदह गुण-स्थानक ; (कम्म ४; पव ६०)। °**ट्ठिअ** पुं [°**र्थिक**] गुण को प्रधान मानने वाला मत, नय-विशेष; (सम्म १०७)। °**ड्ढ** वि [°**ाढ्य**] गुणी, गुणवान् ; (सुर ३, २०; १३०)। °**ण्ण** °**ण्णु**, °**न्न**, °**न्नु** वि [°**ज्ञ**] गुण का जानकार ; (गउड ; उवर ८६ ; उप ५३० टी; सुपा १२२)। °**मंत** वि [°**वत्**] गुणी, गुण-युक्त ; (आचा २, १, ६)। °**पुरिस** पुं [°**पुरुष**] गुणी पुरुष; (सूअ १, ४)। °**रयणसंवच्छर** न [°**रत्नसंवत्सर**] तपश्चर्या-विशेष ; (भग)। °**व**, °**वंत** वि [°**वत्**] गुणी, गुण-युक्त; (श्रा ३६; उप ८७५)। °**व्वय** न [°**व्रत**] जैन गृहस्थ को पालने योग्य व्रत-विशेष; (पडि)। °**सिलय** न [°**शिलक**] राजगृह नगर का एक चैत्य ; (णाया १, १)। °**सेढि** स्त्री [°**श्रेणि**] कर्म-पुद्गलों की रचना-विशेष ; (पंच)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

°**सेण** पुं [°**सेन**] इस नाम का एक प्रसिद्ध राजा; (स ६)। °**हर** वि [°**धर**] १ गुणों को धारण करने वाला, गुणी; २ तन्तु-धारक; स्त्री— °**रा**; (सुपा ३२७)। °**यर** पुं [°**ाकर**] गुणों की खान, अनेक गुण वाला, गुणी; (पउम १५,६८; प्रासू १३४)।

गुण देखो **एगूण**। "गुणसट्ठि अपमत्ते सुराउवंधं तु जइ इहागच्छे" (कम्म २,८; ४, ५४; ५६; श्रा ४४)।

°**गुण** वि [°**गुण**] गुना, आवृत्त; "वीसगुणो तीसगुणो" (कुमा; प्रासू २६)।

गुणा स्त्री [**दे**] मिष्टान्न-विशेष; (भवि)।

गुणाविय वि [**गुणित**] पढाया हुआ, पाठित; "तत्थ सो अज्झएण सयलाओ धणुव्वेयाइयाओ महत्थविज्जाओ गुणाविओ" (महा)।

गुणि वि [**गुणिन्**] गुण-युक्त, गुण वाला; (उप ५६७ टी; गउड; प्रासू २६)।

गुणिअ वि [**गुणित**] १ गुना हुआ, जिसका गुणा किया गया हो वह; (श्रा ६)। २ चिन्तित, याद किया हुआ; (से ११, ३१)। ३ पठित, अधीत; (ओघ ६२)। ४ जिस पाठ की आवृत्ति की गई हो वह, परावर्त्तित; (वव ३)।

गुणिल्ल वि [**गुणवत्**] गुणी, गुण-युक्त; (पि ५९५)।

गुत्त वि [**गुप्त**] गुप्त, प्रच्छन्न, छिपा हुआ; (णाया १,४; सुर ७, २३४)। २ रक्षित; (उत्त १५)। ३ स्व-पर की रक्षा करने वाला, गुप्ति-युक्त, मन वगैरः की निर्दोष प्रवृत्ति वाला; (उप ६०४)। ४ एक स्वनाम-प्रसिद्ध जैनाचार्य; (आक)।

गुत्त देखो **गोत्त**; (पाअ; भग; आवम)।

गुत्तण्हाण न [**दे**] पितृ-तर्पण; (दे २, ९३)।

गुत्ति स्त्री [**गुप्ति**] १ कैदखाना, जेल; (सुर १,७३; सुपा ९३)। २ कठघरा; (सुपा ९३)। ३ मन, वचन और काया की अशुभ प्रवृत्ति का रोकना; ४ मन वगैरः की निर्दोष प्रवृत्ति; (ठा २, १; सम ८)। °**गुत्त** वि [°**गुप्त**] मन वगैरः की निर्दोष प्रवृत्ति वाला, संयत; (पण्ह २,४)। °**पाल** पुं [°**पाल**] जेल का रक्षक, कैदखाना का अध्यक्ष; (सुपा ४६७)। °**सेण** पुं [°**सेन**] ऐरवत क्षेत्र में उत्पन्न एक जिनदेव; (सम१५३)।

गुत्ति स्त्री [**दे**] १ बन्धन; (दे २, १०१; भवि)। २ इच्छा, अभिलाषा; ३ वचन, आवाज; ४ लता, वल्ली; ५ सिर पर पहनी जाती फूल की माला; (दे २, १०१)।

गुत्तिंदिय वि [**गुप्तेन्द्रिय**] इंद्रिय-निग्रह करने वाला, संयतेंद्रिय; (भग; णाया १,४)।

गुत्तिय वि [**गौप्तिक**] रक्षक, रक्षण करने वाला; "नगरगुत्तिए सद्दावेइ" (कप्प)।

गुत्थ वि [**ग्रथित**] गुम्फित, गूँथा हुआ; (स ३०३; प्राप; गा ६३; कप्पू)।

गुत्थंड पुं [**दे**] भास-पक्षी, पक्षि-विशेष; (दे २, ९२)।

गुद पुंस्त्री [**गुद**] गाँड़, गुदा; (दे ६, ४९)।

गुप्प अक [**गुप्**] व्याकुल होना। गुप्पइ; (हे ४,१५०; षड्)। वकृ—**गुप्पंत, गुप्पमाण**; (कुमा ६, १०२; कप्प; औप)।

गुप्प वि [**गोप्य**] १ छिपाने योग्य। २ न. एकान्त, विजन; (ठा ४,१)।

गुप्पई स्त्री [**गोष्पदी**] गौ का पैर डूबे उतना गहरा; "को उत्तरिउं जलहिं, निव्वुड्डए गुप्पईनीरे" (धम्म १२ टी)।

गुप्पंत न [**दे**] १ शयनीय, शय्या; २ वि. गोपित, रक्षित; (दे २,१०२)। ३ संमूढ, मुग्ध, घबड़ाया हुआ, व्याकुल; (दे २, १०२; से १,२; २,४)।

गुप्पय देखो **गो-पय**; (सुक्त ११)।

गुप्फ पुं [**गुल्फ**] फीली, पैर की गाँठ; (स ३३; हे २,९०)।

गुप्फगुमिअ वि [**दे**] सुगन्धी, सुगन्ध-युक्त; (दे २, ९३)।

गुब्भ देखो **गुप्फ**; (षड्)।

गुभ सक [**गुफ्**] गूँथना, गठना। गुभइ; (हे १,२३६)।

गुम सक [**भ्रम्**] घूमना, पर्यटन करना, भ्रमण करना। गुमइ; (हे ४, १६१)।

गुमगुम / **गुमगुमाअ** अक [**गुमगुमाय्**] १ गुम गुम आवाज करना। २ मधुर अव्यक्त ध्वनि करना। वकृ—**गुमगुमंत, गुमगुमिंत, गुमगुमायंत**; (औप; णाया१, १; कप्प; पउम ३३, ९)।

गुमगुमाइय वि [**गुमगुमायित**] जिसने गुम-गुम आवाज किया हो वह; (औप)।

गुमिअ वि [**भ्रमित**] भ्रमित, घुमाया हुआ; (कुमा)।

गुमिल वि [**दे**] १ मूढ, मुग्ध; २ गहन, गहरा; ३ प्रस्खलित; ४ आपूर्ण, भरपूर; (दे २, १०२)।

गुमुगुमुगुम देखो **गुमगुम**। वकृ—**गुमुगुमुगुमंत, गुमुगुमुगुमेंत**; (पउम २, ४०; ९२, ९)।

गुम्म अक [**मुह्**] मुग्ध होना, घबड़ाना, व्याकुल होना। गुम्मइ; (हे ४, २०७)।

गुम्म पुंन [**गुल्म**] १ लता, वल्ली, वनस्पति-विशेष; (पण्ण १)। २ झाड़ी, वृक्ष-घटा; (पाअ)। ३ सेना-विशेष, जिसमें

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२७ हाथी, २७ रथ, ८१ घोड़ा और १३५ प्यादा हो ऐसी सेना ; (पउम ५६,५)। ४ वृन्द, समूह ; (औप ; सूअ २, २)। ५ गच्छ का एक हिस्सा, जैन मुनि-समाज का एक अंश ; (औप)। ६ स्थान, जगह ; (ओघ १६३)।

गुम्मइअ वि [दे] १ मूढ़, मूर्ख ; (दे २, १०३ ; ओघ १३६ ; पाअ ; षड्)। २ अपूरित, पूर्ण नहीं किया हुआ ; (षड्)। ३ पूरित, पूर्ण किया हुआ ; (दे २,१०३)। ४ स्खलित ; ५ संचलित, मूल से उच्चलित ; ६ विघटित, वियुक्त ; (दे २, १०३ ; षड्)।

गुम्मड देखो **गुम्म**। गुम्मडइ ; (हे ४, २०७)।

तित्थेसर पुं [**तीर्थेश्वर**] जिन-देव, जिन भगवान् ; (सुपा ५१ ; ८६ ; २६०)।

तिदस देखो **तिअस** ; (नाट—विक्र २८)।

तिदिव न [**त्रिदिव**] स्वर्ग, देव-लोक; (सुपा १४२; कुप्र ३२०)।

तिध (अप) देखो **तहा** ; (हे ४, ४०१ ; कुमा)।

तिन्न देखो **तिण्ण** ; (सम १)।

तिन्न वि [**दे**] स्तीमित, आर्द्र, गीला ; (णाया १, ६)।

तिप्प सक [**तर्पय्**] तृप्त करना। हेकृ—"न इमो जीवो सक्को तिप्पेउं कामभोगेहिं" (पच्च५५)। कृ—**तिप्पियव्व** ; (पउम ११, ७३)।

तिप्प अक [**तिप्**] १ झरना, चूना। २ अफसोस करना। ३ रोना। ४ सक. सुख-च्युत करना। तिप्पामि, तिप्पंति ; (सूअ २, १ ; २, २, ५५)। वकृ—**तिप्पमाण**; (णाया१,१—पत्र ४७)। प्रयो. वकृ—**तिप्पयंत**; (सम५१)।

तिप्प वि [**तृप्त**] संतुष्ट ; (हे १, १२८)।

तिप्पणया स्त्री [**तेपनता**] अश्रु-विमोचन, रोदन ; (ठा ४, १ ; औप)।

तिम (अप) देखो **तहा** ; (हे४, ४०१ ; भवि ; कम्म१)।

तिमि पुं [**तिमि**] मत्स्य की एक जाति ; (पण्ह १, १)।

तिमिंगिल पुं [**दे**] मत्स्य, मछली ; (दे ५, १३)।

तिमिंगिल पुं [**तिमिङ्गिल**] मत्स्य की एक जाति ; (दे ५, १३ ; सं ७, ८ ; पण्ह १, १)। °**गिल** पुं [°**गिल**] एक प्रकार का महान् मत्स्य ; (सूअ २, ६)।

तिमिंगिलि पुं [**तिमिङ्गिलि**] मत्स्य की एक जाति ; (पउम २२, ८३)।

तिमिगिल देखो **तिमिंगिल**=तिमिङ्गिल; (उप ५१७)।

तिमिच्छय } पुं [**दे**] पथिक, मुसाफिर ; (दे ५, १३)।
तिमिच्छाह }

तिमिण न [**दे**] गीला काष्ठ ; (दे ५, ११)।

तिमिर न [**तिमिर**] १ अन्धकार, अँधेरा ; (पडि ; कप्प)। २ निकाचित कर्म ; (धर्म२)। ३ अल्प ज्ञान ; ४ अज्ञान ; (आचू ५)। ५ पुं. वृक्ष-विशेष ; (स २०६)।

तिमिरिच्छ पुं [**दे**] वृक्ष-विशेष, करंज का पेड़; (दे ५,१३)।

तिमिरिस पुं [**दे**] वृक्ष-विशेष ; (पराण१—पत्र ३३)।

तिमिल स्त्रीन [**तिमिल**] वाद्य-विशेष; (पउम ५७, २२)। स्त्री—°**ला** ; (राज)।

तिमिस पुं [**तिमिष**] एक प्रकार का पौधा, पेठा, कुम्हड़ा;(कप्पू)।

तिमिसा } स्त्री [**तिमिस्रा**] वैताढ्य पर्वत की एक गुफा ;
तिमिस्सा } (ठा २, ३ ; पण्ह १, १—पत्र १४)।

तिम्म अक [**स्तीम्**] भींजना, आर्द्र होना। वकृ—**तिम्म-माण** ; (पउम ३५, २०)।

तिम्म देखो **तिग्ग** ; (हे २, ६२)।

तिम्मिअ वि [**स्तीमित**] आर्द्र, गीला ; (दे १, ३७)।

तिरक्कर सक [**तिरस्+कृ**] तिरस्कार करना, अवधीरणा करना। कृ—**तिरक्करणीअ** ; (नाट)।

तिरक्कार पुं [**तिरस्कार**] तिरस्कार, अपमान, अवहेलना ; (प्रबो ४१ ; सुपा १४४)।

तिरक्करिणी } स्त्री [**तिरस्करिणी**] यवनिका, परदा ;
तिरक्खरिणी } (पि ३०६ ; अभि १८६)।

तिरिअ } वि [**तिर्यच्**] १ वक्र, कुटिल, वाँका; (चंद२ ;
तिरिअंच } उप पृ ३६६ ; सुर १३, १६३)। २ पुं. पशु,
तिरिक्ख } पक्षी आदि प्राणी ; देव, नारक और मनुष्य से
तिरिच्छ } भिन्न योनि में उत्पन्न जन्तु ; (धण ४४ ; हे २, १४३ ; सूअ १, ३, १; उप पृ १८६ ; प्रासू १७६; महा ; आरा ४६ ; पउम २, ५६ ; जी २०)। ३ मर्त्य-लोक, मध्य लोक ; (ठा ३, २)। ४ न. मध्य, बीच ;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(अणु ; भग १४, ५), "तिरियं असंखेज्जाणं दीवसमुद्दाणं मज्झं मज्झेण जेणेव जंबुद्दीवे दीवे" (कप्प)। °**गइ** स्त्री [°**गति**] १ तिर्यग्-योनि; (ठा ५, ३)। २ वक्र गति, टेढ़ी चाल, कुटिल गमन ; (चंद २)। °**जंभग** पुं [°**जृम्भक**] देवों की एक जाति ; (कप्प)। °**जोणि** स्त्री [°**योनि**] पशु, पक्षी आदि का उत्पत्ति-स्थान ; (महा)। °**जोणिअ** वि [°**योनिक**] तिर्यग्-योनि में उत्पन्न ; (सम २ ; भग ; जीव १ ; ठा ३, १)। °**जोणिणी** स्त्री [°**योनिका**) तिर्यग्-योनि में उत्पन्न स्त्री जन्तु, तिर्यक् स्त्री ; (पराण १७—पत्र ५०३)। °**दिसा** °**दिसि** स्त्री [°**दिश्**] पूर्व आदि दिशा; (आवम; उवा)। °**पव्वय** पुं [°**पर्वत**] बीच में पड़ता पहाड़, मार्गविरोधक पर्वत ; (भग १४, ५)। °**भित्ति** स्त्री [°**भित्ति**] बीच की भींत ; (आचा)। °**लोग** पुं [°**लोक**] मर्त्य लोक, मध्य लोक ; (ठा ५, ३)। °**वसइ** स्त्री [°**वसति**] तिर्यग्-योनि ; (पराह १, १)।

तिरिच्छ वि [**तिरश्चीन**] १ तिर्यग् गत ; (राज)। २ तिर्यक्-संबन्धी ; (उत्त २१, १६)।

तिरिच्छि देखो **तिरिअ** ; (हे २, १४३ ; षड्)।

तिरिच्छी स्त्री [**तिरश्ची**] तिर्यक्-स्त्री ; (कुमा)।

तिरिड पुं [**दे**] एक जाति का पेड़, तिमिर वृक्ष; (दे ५, ११)।

तिरिडिअ वि [**दे**] १ तिमिर-युक्त ; २ विचित; (दे ५, २१)।

तिरिड्डि पुं [**दे**] उष्ण वात, गरम पवन ; (दे ५, १२)।

तिरिश्चि (मा) देखो **तिरिच्छि** ; (हे ४, २९५)।

तिरीड पुंन [**किरीट**] मुकुट, सिर का आभूषण ; (पराह १, ४ ; सम १५३)।

तिरीड पुं [**तिरीट**] वृक्ष-विशेष ; (बृह २)। °**पट्टय** न [°**पट्टक**] वृक्ष-विशेष की छाल का बना हुआ कपड़ा ; (ठा ५, ३—पत्र ३३८)।

तिरीडि वि [**किरीटिन्**] मुकुट-युक्त, मुकुट-विभूषित ; (उत्त ६, ६०)।

तिरोभाव पुं [**तिरोभाव**] लय, अन्तर्धान ; (विसे २६६६)।

तिरोवइ वि [**दे**] वृति से अन्तर्हित, वाड से व्यवहित ; (दे ५, १३)।

तिरोहिअ वि [**तिरोहित**] अन्तर्हित, आच्छादित ; (राज)।

तिल पुं [**तिल**] १ स्वनाम-प्रसिद्ध अन्न-विशेष ; (गा ६६५ ; णाया १, १ ; प्रासू ३४ ; १०८)। २ ज्योतिष्क देव-विशेष, ग्रह-विशेष ; (ठा २, ३)। °**कुट्टी** स्त्री [°**कुट्टी**] तिल की बनी हुई एक भोज्य वस्तु ; (धर्म २)। °**पप्पडिया** स्त्री [°**पर्पटिका**] तिल की बनी हुई एक खाद्य चीज ; (पराण १)। °**पुप्फवण्ण** पुं [°**पुष्पवर्ण**] ज्योतिष्क देव-विशेष ; ग्रह-विशेष ; (ठा २, ३)। °**मल्ली** स्त्री [°**मल्ली**] एक खाद्य वस्तु ; (धर्म २)। °**संगलिया** स्त्री [°**संगलिका**] तिल की फली ; (भग १५)। °**सक्कुलिया** स्त्री [°**शष्कुलिका**] तिल की बनी हुई खाद्य वस्तु-विशेष ; (राज)।

तिलइअ वि [**तिलकित**] तिलक की तरह आचरित, विभूषित ; "जयजयसद्दतिलइओ मंगलज्झुणी" (धर्मा ६)।

तिलंग पुं [**तिलङ्ग**] देश-विशेष, एक भारतीय दक्षिण देश; (कुमा ; इक)।

तिलग } पुं [**तिलक**] १ वृक्ष-विशेष ; (सम १५२ ;
तिलय } औप ; कप्प ; णाया १, ९ ; उप ९८६ टी ; गा १६)। २ एक प्रतिवासुदेव राजा, भरतक्षेत्र में उत्पन्न पहला प्रतिवासुदेव ; (सम १५४)। ३ द्वीप-विशेष ; ४ समुद्र-विशेष ; (राज)। ५ न. पुष्प-विशेष; (कुमा)। ६ टीका, ललाट में किया जाता चन्दन आदि का चिह्न; (कुमा धर्मा ६)। ७ एक विद्याधर-नगर; (इक)।

तिलितिलय पुं [**दे**] जल-जन्तु विशेष; (कप्प)।

तिलिम स्त्रीन [**दे**] वाद्य-विशेष; (सुपा २४२ ; सण)। स्त्री —°**मा**; (सुर ३, ६८)।

तिलुक्क न [**त्रैलोक्य**] स्वर्ग, मर्त्य और पाताल लोक; (दं २३)।

तिलेल्ल न [**तिलतैल**] तिल का तेल ; (कुमा)।

तिलोक्क देखो **तिलुक्क** ; (सुर १, ६२)।

तिलोत्तमा स्त्री [**तिलोत्तमा**] एक स्वर्गीय अप्सरा ; (उप ७६८ टी ; महा)।

तिलोदग } न [**तिलोदक**] तिल का धौन ; (आचा;
तिलोदय } कप्प)।

तिल्ल न [**तैल**] तैल, तेल ; (सुक्त ३५; कुप्र २४०)।

तिल्ल न [**तिल्ल**] छन्द-विशेष ; (पिंग)।

तिल्लग वि [**तैलक**] तेल बेचने वाला ; (बृह १)।

तिल्लोदा स्त्री [**तैलोदा**] नदी-विशेष ; (निचू १)।

तिवँ (अप) देखो **तहा** ; (हे ४, ३९७)।

तिवण्णी स्त्री [**त्रिवर्णी**] एक महौषधि; (ती ५)।

तिविडा स्त्री [**दे**] सूची, सूई ; (दे ५, १२)।

तिविडी स्त्री [**दे**] पुटिका, छोटा पुड़वा ; (दे ५, १२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तिव्व वि [**तीव्र**] १ प्रबल, प्रचण्ड, उत्कट ; (भग १५ ; आचा) । २ रौद्र, भयानक ; (सूअ १. ५, १) । ३ गाढ़, निबिड़ ; (पण्ह १, १) । ४ तिक्त, कडुआ ; (भग ६, ३४) । ५ प्रकृष्ट, प्रकर्ष-युक्त ; (णाया १,१—पत्र ४) ।

तिव्व वि [**दे. तीव्र**] १ दुःसह, जो कठिनता से सहन हो सके ; (दे ५,११; सूअ १,३,३ ; १, ५, १; २,६; आचा)। २ अत्यन्त अधिक, अत्यर्थ ; (दे ५, ११; धर्म २ ; औप ; पण्ह १, ३, पंचा १५ ; आव ६ ; उवा) ।

तिसला स्त्री [**त्रिशला**] भगवान् महावीर की माता का नाम; (सम १५१) । °**सुअ** पुं [°**सुत**] भगवान् महावीर ; (पउम १, ३३) ।

तिसा स्त्री [**तृषा**] प्यास, पिपासा ; (सुर ६, २०६ ; पात्र) ।

तिसाइय } वि [**तृषित**] तृषातुर, प्यासा ; (महा ; उव ;
तिसिय } पण्ह १, ४ ; सुर १, १६६) ।

तिसिर पुं. ब. [**त्रिशिरस्**] १ देश-विशेष ; (पउम ६८, ६५) । २ पुं. नृप-विशेष ; (पउम ६६, ४६) । ३ रावण का एक पुत्र ; (से १२, ५६) ।

तिस्सगुत्त देखो **तीसगुत्त** ; (राज) ।

तिह (अप) देखो **तहा** ; (कुमा) ।

तिहि पुंस्त्री [**तिथि**] पंचदश चन्द्र-कला से युक्त काल, दिन, तारीख ; (चंद १० ; पि १८०) ।

तीअ वि [**तृतीय**] तीसरा ; (सम १५०; संक्षि २०) ।

तीअ वि [**अतीत**] १ गुजरा हुआ, बीता हुआ; (सुपा ४४६; भग) । २ पुं. भूत काल ; (ठा ३, ४) ।

तीइल पुं [**तैतिल**] ज्योतिष-प्रसिद्ध करण-विशेष ; (विसे ३३४८) ।

तीमण न [**तीमन**] कढ़ी, खाद्य-विशेष ; (दे२, ३५ ;सण)।

तीमिअ वि [**तीमित**] आर्द्र, गीला ; (कुप्र ३७३) ।

तीर अक [**शक्**] समर्थ होना । तीरइ ; (हे४, ८६) ।

तीर सक [**तीरय्**] समाप्त करना, परिपूर्ण करना । तीरइ, तीरेइ ; (हे४, ८६ ; भग) । संकृ—**तीरित्ता** ; (कप्प) ।

तीर पुंन [**तीर**] किनारा, तट, पार ; (स्वप्न ११६ ; प्रासू ६० ; ठा ४, १ ; कप्प) ।

तीरंगम वि [**तीरंगम**] पार-गामी ; (आचा) ।

तीरिय वि [**तीरित**] समापित, परिपूर्ण किया हुआ ; (पव ५) ।

तीरिया स्त्री [**दे**] शर रखने का थैला, बाणधि (?) ; "गहिअमणेण पासत्थं धणुवरं, संधिओ तीरियासरो" (स२६७)।

तीस न [**त्रिंशत्**] १ संख्या विशेष, तीस ; २ तीस-संख्या वाला ; (महा ; भवि) ।

तीसआ } स्त्री [**त्रिंशत्**] ऊपर देखो ; (संक्षि २१) ।
तीसइ } °**वरिस** वि [°**वर्ष**] तीस वर्ष की उम्र का ; (पउम २, २८) ।

तीसइम वि [**त्रिंश**] १ तीसवाँ ; (पउम ३०, ९८) । २ लगातार चौदह दिनों का उपवास ; (णाया १, १) ।

तीसगुत्त पुं [**तिष्यगुप्त**] एक प्राचीन आचार्य-विशेष, जिसने अन्तिम प्रदेश में जीव की सत्ता का पन्थ चलाया था; (ठा७)।

तीसभद्द पुं [**तिष्यभद्र**] एक जैन मुनि ; (कप्प) ।

तीसम वि [**त्रिंश**] तीसवाँ ; (भवि) ।

तीसा स्त्री. देखो **तीस** ; (हे १, ९२) ।

तीसिया स्त्री [**त्रिंशिका**] तीस वर्ष के उम्र की स्त्री; (वव७)।

तु अ [**तु**] इन अर्थों का सूचक अव्ययः—१ भिन्नता, भेद, विशेषण ; (श्रा २७ ; विसे ३०३५) । २ अवधारण, निश्चय ; (सूअ १, २, २) । ३ समुच्चय ; (सूअ १, १, १) । ४ कारण, हेतु ; (निचू १) । ५ पाद-पूरक अव्यय ; (विसे ३०३५ ; पंचा ४) ।

तुअ सक [**तुद्**] व्यथा करना, पीड़ा करना । तुअइ ; (षड्) । प्रयो. संकृ—**तुयावइत्ता** ; (ठा ३, २) ।

तुअर पुं [**तुवर**] धान्य-विशेष, रहर ; (जं १) ।

तुअर अक [**त्वर्**] त्वरा करना । तुअर ; (गा ६०९) ।

तुंग वि [**तुङ्ग**] १ ऊँचा, उच्च ; (गा २५६ ; औप) । २ पुं. छन्द-विशेष ; (पिंग) ।

तुंगार पुं [**तुङ्गार**] अग्नि कोण का पवन ; (आवम) ।

तुंगिम पुंस्त्री [**तुङ्गिमन्**] ऊँचाई, उच्चत्व ; (सुपा १२४; वज्जा १५० ; कप्पू ; सण) ।

तुंगिय पुं [**तुङ्गिक**] १ ग्राम-विशेष ; (आवम) । २ पर्वत-विशेष, "तुंगे तुंगियसिहरे गंतुं तिव्वं तवं तवइ" (कुप्र १०२) । ३ पुंस्त्री. गोत्र-विशेष में उत्पन्न ; "जसभद्दं तुंगियं चेव" (णंदि) ।

तुंगिया स्त्री [**तुङ्गिका**] नगरी-विशेष ; (भग) ।

तुंगियायण न [**तुङ्गिकायन**] एक गोत्र का नाम ; (कप्प)।

तुंगी स्त्री [**दे**] १ रात्रि, रात ; (दे ५, १४) । २ आयुध-विशेष ; "असिपरसुकुंततुंगीसंघट्ट—" (काल) ।

तुंगीय पुं [**तुङ्गीय**] पर्वत-विशेष ; (सुर १, २००) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तुंड स्त्रीन [तुण्ड] १ मुख, मुँह ; (गा ४०२) । २ अग्र-भाग ; (निचू १) । स्त्री—°डी ; "किं कोवि जीवियत्थी कंडुयइ अहिस्स तुंडीए" (सुपा ३२२) ।

तुंडीर न [दे] मधुर बिम्बी-फल ; (दे ५, १४) ।

तुंडुअ पुं [दे] जीर्ण घट, पुराना घड़ा ; (दे ५, १५) ।

तुंतुक्खुडिअ वि [दे] त्वरा-युक्त ; (दे ५, १६) ।

तुंद न [तुन्द] उदर, पेट ; (दे ५, १४ ; उप ७२८टी) ।

तुंदिल } वि [तुन्दिल] बड़ा पेट वाला ; (कप्पू ; पि **तुंदिल्ल** } ५९५ ; उत्त ७) ।

तुंब न [तुम्ब] तुम्बी, अलाबु ; (पउम २६, ३४ ; ओघ ३८; कुप्र १३६)। २ गाड़ी की नाभि; "न हि तुंबम्मि विणट्ठे अरया साहारया हुंति" (आवम) । ३ 'ज्ञाताधर्मकथा' सूत्र का एक अध्ययन ; (सम) । °**वण** न [°वन] संनिवेश-विशेष, एक गाँव का नाम ; (सार्ध २५) । °**वीण** वि [°वीण] वीणा-विशेष का बजाने वाला ; (जीव ३) । °**वीणिय** वि [°वीणिक] वही पूर्वोक्त अर्थ ; (औप ; पराह २, ४ ; णाया १, १) ।

तुंबरु देखो **तुंबुरु** ; (इक) ।

तुंबा स्त्री [तुम्बा] लोकपाल देवों की एक अभ्यन्तर परिषद्; (ठा ३, २) ।

तुंबिणी स्त्री [तुम्बिनी] वल्ली-विशेष ; (हे ४, ४२७ ; राज) ।

तुंबिल्ली स्त्री [दे] १ मधु-पटल, मधपुड़ा ; २ उदूखल, ऊखल; (दे ५, २३) ।

तुंबी स्त्री [तुम्बी] १ तुम्बी, अलाबू ; (दे ५, १४) । २ जैन साधुओं का एक पात्र, तरपनी ; (सुपा ६४१) ।

तुंबुरु पुं [तुम्बुरु] १ वृक्ष-विशेष, टिंबरू का पेड़ ; (दे ४, ३) । २ गन्धर्व देवों की एक जाति ; (पराण १ ; सुपा ३६४) । ३ भगवान् सुमतिनाथ का शासनाधिष्ठायक देव ; (संति ७) । ४ शक्रेन्द्र के गन्धर्व-सैन्य का अधिपति देव-विशेष ; (ठा ७) ।

तुक्खार पुं [दे] एक उत्तम जाति का अश्व ; "अन्नं च तत्थ पत्ता तुक्खारतुरंगमा बहुविहीया" (सुर ११, ४६ ; भवि) । देखो **तोक्खार** ।

तुच्छ वि [दे] अवशुष्क, सूख गया हुआ ; (दे ५, १४)।

तुच्छ वि [तुच्छ] १ हलका, जघन्य, निकृष्ट, हीन ; (णाया १, ५ ; प्रासू ६६) । २ अल्प, थोड़ा ; (भग ६, ३३) । ३ शून्य, रिक्त ; (आचा) । ४ असार, निःसार ; (भग १८, ३) । ५ अपूर्ण ; (ठा ४, ४) ।

तुच्छइअ } वि [दे] रञ्जित, अनुराग-प्राप्त ; (दे ५, १५)। **तुच्छय** }

तुच्छिम पुंस्त्री [तुच्छत्व] तुच्छता ; (वज्जा १५६) ।

तुज्ज न [तूर्य] वाद्य, बाजा ; (सुज्ज १०) ।

तुट्ट अक [त्रुट्, तुड्] १ टूटना, छिन्न होना, खण्डित होना। २ खूटना, तुटइ ; (महा ; सण ; हे ४, ११६)। "अणवरयं देंतस्सवि तुट्टंति न सायरे रयणाइ" (वज्जा १५६) । वकृ—**तुट्टंत**; (सण) ।

तुट्ट वि [त्रुटित] टूटा हुआ, छिन्न, खण्डित ; (स ७१५; सूक्त १७ ; दे १, ६२) ।

तुट्टण न [त्रोटन] विच्छेद, पृथक्करण ; (सूअ १, १, १; वज्जा ११६) ।

तुट्टिअ वि [त्रुटित, तुडित] छिन्न, खण्डित ; (कुमा) ।

तुट्टिर वि [त्रुटितृ] टूटने वाला ; (कुमा ; सण) ।

तुट्ठ वि [तुष्ट] तोष-प्राप्त, संतुष्ट ; (सुर ३, ४१ ; उवा)।

तुट्ठि स्त्री [तुष्टि]१ खुशी, आनन्द, संतोष; (स २००; सुर ३, २५; सुपा २४६; निर १,१) । २ कृपा, महरबानी; (कुप्र १)।

तुड अक [तुड्] टूटना, अलग होना । तुडइ; (हे ४,११६)।

तुडि स्त्री [त्रुटि] १ न्यूनता, कमी ; २ दोष, दूषण ; (हे ४, ३९०) । ३ संशय, संदेह ; (सुर ३, १६१) ।

तुडिअ वि [त्रुटित] टूटा हुआ, विच्छिन्न; (अच्चु ३३ ; दे १,१५६; सुपा ८५) ।

तुडिअ न [दे.त्रुटित] १ वाद्य, वादित्र, बाजा ; (औप ; राय ; जं ३; पराह २, ५) ।२ बाहु-रक्षक, हाथ का आभरण-विशेष ; (औप ; ठा ८ ; पउम ८२,१०४; राय) । ३ संख्या-विशेष, 'तुडिअंग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (इक ; ठा २,४) । ४ साँधा, फटे हुए वस्त्र आदि में लगायी जाती पट्टी ; (निचू २) ।

तुडिअंग न [दे.त्रुटिताङ्ग] १ संख्या-विशेष, 'पूर्व' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (इक ; ठा २, ४) । २ पुं. वाद्य देने वाला कल्प-वृक्ष ; (ठा१० ; सम १७ ; पउम १०२, १२३) ।

तुडिआ स्त्री [तुडिता] लोकपाल देवों के अग्र-महिषिओं की मध्यम परिषत् ; (ठा ३, २) ।

तुडिआ स्त्री [दे.तुटिका] बाहु-रक्षिका, हाथ का आभरण-विशेष ; (पराह १, ४ ; णाया १, १ टी—पत्र ४३) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तुणय पुं [दे] वाद्य-विशेष ; (दे ५, १६)।
तुण्णग देखो **तुण्णाग** ; (राज)।
तुण्णण न [**तुन्नन**] फटे हुए वस्त्र का सन्धान ; (उप पृ ४१३)।
तुण्णाग / **तुण्णाय** पुं [**तुन्नवाय**] वस्त्र को साँधने वाला, रफू करने वाला ; (णंदि ; उप पृ२१० ; महा)।
तुण्णिय वि [**तुन्नित**] रफू किया हुआ, साँधा हुआ; (बृह१)।
तुण्हि अ [**तूष्णीम्**] मौन, चुपकी ; (भवि)।
तुण्हि पुं [दे] सूकर, सूअर ; (दे ५, १४)।
तुण्हिअ / **तुण्हिक्क** वि [**तूष्णीक**] मौन रहा हुआ ; (प्राप्र ; गा ३५४ ; सुर ४, १४८)।
तुण्हिक्क वि [दे] मृदु-निश्चल ; (दे ५, १५)।
तुण्हीअ देखो **तुण्हिअ** ; (स्वप्न ४२)।
तुत्त देखो **तोत्त** ; (सुपा २३७)।
तुद देखो **तुअ** । तुदए ; (षड्)। वकृ—**तुदं** ; (विसे १४७०)।
तुप्प पुं [दे] १ कौतुक ; २ विवाह, शादी ; ३ सर्षप, सरसों, धान्य-विशेष; ४ कुतुप, घी आदि भरने का चर्म-पात्र ; (दे५, २२)। ५ वि. म्रक्षित, चुपड़ा हुआ, घी आदि से लिप्त; (दे५, २२ ; कप्प ; गा २२ ; २८६ ; हे १, २००)। ६ स्निग्ध, स्नेह-युक्त ; (दे ५, २२ ; ओघ ३०७ भा)। ७ न. घृत, घी ; (से १५, ३८ ; सुपा६३४ ; कुमा)।
तुप्पइअ / **तुप्पलिअ** / **तुप्पविअ** वि [दे] घी से लिप्त ; (गा ५२० अ)।
तुमंतुम पुं [दे] क्रोध-कृत मनो-विकार विशेष ; (ठा ८—पत्र ४४१)।
तुमुल पुं [**तुमुल**] १ लोम-हर्षण युद्ध, भयानक संग्राम ; (गउड)। २ न. शोरगुल ; (पाअ)।
तुम्ह स [**युष्मत्**] तुम, आप ; (हे१, २४६)।
तुम्हकेर वि [**त्वदीय**] तुम्हारा ; (कुमा)।
तुम्हकेर वि [**युष्मदीय**] आपका, तुम्हारा ; (हे १,२४६ ; २, १४७)।
तुम्हार (अप) ऊपर देखो ; (भवि)।
तुम्हारिस वि [**युष्मादृश**] आप के जैसा, तुम्हारे जैसा ; (हे १, १४२ ; गउड ; महा)।
तुम्हेच्चय वि [**यौष्माक**] आपका, तुम्हारा; (हे २,१४६; कुमा ; षड्)।

तुयट्ट अक [**त्वग्+वृत्**] पार्श्व को घुमाना, करवट फिराना। तुयट्टइ ; (कप्प ; भग)। तुयट्टेज्ज, तुयट्टेज्जा ; (भग ; औप)। हेकृ—**तुयट्टित्तए** ; (आचा)। कृ—**तुयट्टियव्व** ; (णाया १,१ ; भग; औप)।
तुयट्टण न [**त्वग्वर्तन**] पार्श्व-परिवर्तन, करवट फिराना; (ओघ १५२ भा ; औप)।
तुयट्टावण न [**त्वग्वर्तन**] करवट बदलवाना। (आचा)।
तुयावइत्ता देखो **तुअ**।
तुर अक [**त्वर्**] त्वरा करना, शीघ्रता करना। वकृ—**तुरंत, तुरंत, तुरमाण, तुरेमाण**; (हे ४,१७२; प्रासु ५८; षड्)।
तुरंग पुं [**तुरङ्ग**] अश्व, घोड़ा ; (कुमा ; प्रासु ११७)। २ रामचन्द्र का एक सुभट ; (पउम ५६, ३८)।
तुरंगम पुं [**तुरङ्गम**] अश्व, घोड़ा ; (पाअ ; पिंग)।
तुरंगिआ स्त्री [**तुरङ्गिका**] घोड़ी ; (पाअ)।
तुरंत देखो **तुर**।
तुरक्क पुं [**दे. तुरुष्क**] १ देश-विशेष, तुर्किस्तान ; २ अनार्य जाति-विशेष, तुर्क ; (ती १४)।
तुरग देखो **तुरय** ; (भग११,११ ; राय)। °**मुह** पुं [°**मुख**] अनार्य देश-विशेष ; (सूअ २,१)। °**मेढग** पुं [°**मेढ्रक**] अनार्य देश-विशेष ; (सूअ १, ५, १)।
तुरमाण देखो **तुर**।
तुरय पुं [**तुरग**] १ अश्व, घोड़ा ; (पराह १, ४)। २ छन्द-विशेष ; (पिंग)। °**देहपिंजरण** न [°**देहापञ्जरण**] अश्व को सिंगारना ; (पाअ)। देखो **तुरग**।
तुर / **तुरा** स्त्री [**त्वरा**] शीघ्रता, जल्दी ; (दे ५, १६)। °**वंत** वि [°**वत्**] त्वरा-युक्त ; त्वरा वाला ; (से ४, ३०)।
तुरिअ वि [**त्वरित**] १ त्वरा-युक्त, उतावला ; (पाअ ; हे ४,१७२ ; औप ; प्राप्र)। २ क्रिवि. शीघ्र, जल्दी ; (सुपा ४६४ ; भवि)। °**गइ** वि [°**गति**] १ शीघ्र गति वाला। २ पुं. अमितगति-नामक इन्द्र का एक लोकपाल; (ठा ४, १)।
तुरिअ वि [**तुर्य**] चौथा, चतुर्थ ; (सुर ४, २५० ; कम्म ४, ६६ ; सुपा ४६४)। °**निद्दा** स्त्री [°**निद्रा**] मरण-दशा ; (उप पृ १४३)।
तुरिअ न [**तूर्य**] वाद्य, वादित्र ; "तुरियाणं संनिनाएण, दिव्वेणं गगणं फुसे" (उत्त २२, १२)।
तुरिमिणी देखो **तुरुमणी** ; (राज)।
तुरी स्त्री [**दे**] १ पीन, पुष्ट; २ शय्या का उपकरण; (दे५,२२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तुरु न [दे] वाद्य-विशेष ; (विक ८७) ।

तुरुक्क न [तुरुष्क] सुगन्धि द्रव्य-विशेष, जो धूप करने में काम आता है, सिल्हक ; (सम १३७ ; णाया १, १ ; पउम २, ११ ; औप) ।

तुरुक्की स्त्री [तुरुष्की] लिपि-विशेष ; (विसे ४६४ टी) ।

तुरुमणी स्त्री [दे] नगरी-विशेष (भत्त ६२) ।

तुरेंत, **तुरेमाण** } देखो **तुर** ।

तुल सक [तोलय्] १ तौलना । २ उठाना । ३ ठीक २ निश्चय करना । तुलइ, तुलेइ ; (हे ४, २५ ; उव ; वज्जा १५८)। वकृ—**तुलंत** ; (पिंग) । संकृ—**तुलेऊण** ; (बृह १) । कृ—**तुलेअव्व** ; (से ६, २६) ।

तुल° देखो **तुला** ; (सुपा ३६) ।

तुलंगा देखो **तुलग्गा** ; (अच्चु ८०) ।

तुलग्ग न [दे] काकतालीय न्याय ; (दे ५, १५ ; से ४, २७) ।

तुलग्गा स्त्री [दे] यदृच्छा, स्वैरिता, स्वेच्छा ; (विक ३५)।

तुलण न [तुलन] तौलना, तोलन ; (कप्पू ; वज्जा १५७)।

तुलणा स्त्री [तुलना] तौलना, तोलन ; (उप पृ २७४ ; स ६६२) ।

तुलय वि [तोलक] तौलने वाला ; (सुपा १६७) ।

तुलसिआ स्त्री [तुलसिका] नीचे देखो ; (कुमा) ।

तुलसी स्त्री [दे.तुलसी] लता-विशेष, तुलसी ; (दे ५, १४ ; पण्ण १ ; ठा ८ ; पाअ) ।

तुला स्त्री [तुला] १ राशि-विशेष ; (सुपा ३६) । २ तराजू, तौलने का साधन ; (सुपा ३६० ; गा १६१) । ३ उपमा, सादृश्य ; (सूअ २, २) । **°सम** वि [°सम] राग-द्वेष से रहित, मध्यस्थ ; (बृह ६) ।

तुलिअ वि [तुलित] १ उठाया हुआ, ऊँचा किया हुआ ; (से ६, २०) । २ तौला हुआ; (पाअ) । ३ गुना हुआ; (राज) ।

तुलेअव्व देखो **तुल** ।

तुल्ल वि [तुल्य] समान, सरीखा ; (भग ; प्रासू १२ ; १४६) ।

तुवर अक [त्वर्] त्वरा करना, शीघ्रता करना । तुवरइ ; हे ४,१७०)। वकृ—**तुवरंत**; (हे ४,१७०) । प्रयो. वकृ—**तुवराअंत** ; (नाट—मालती ५०) ।

तुवर पुंन [तुवर] १ रस-विशेष, कषाय रस ; (दे ५, १६) ।२ वि. कषाय रस वाला, कसैला ; (से ८, ५५) ।

तुवरा देखो **तुरा** ; (नाट—महावीर २७) ।

तुवरी स्त्री [तुवरी] अन्न-विशेष, अरहर ; (श्रा १८ ; गा ३५८) ।

तुस पुं [तुष] १ कोद्रव आदि तुच्छ धान्य ; (ठा ८) । २ धान्य का छिलका, भूसी ; (दे २, ३६) ।

तुसली स्त्री [दे] धान्य-विशेष ; "तं तत्थवि तो तुसलिं वावइ सो किंणिवि वरवीयं" (सुपा ५४५), "देवगिहे जंतीए तुज्झ तुसली अणुगणाया" (सुपा १३ टि) ।

तुसार न [तुषार] हिम, बर्फ ; (पाअ) । **°कर** पुं [°कर] चन्द्र, चन्द्रमा ; (सुपा ३३) ।

तुसिणिय, **तुसिणीय** } वि [तुष्णीक] मौनी, चुप, वचन-रहित ; (णाया १, १—पत्र २८ ; ठा ३, ३) ।

तुसिय पुं [तुषित] लोकान्तिक देवों की एक जाति ; (णाया १, ८ ; सम ८५) ।

तुसेअजंभ न [दे] दारु, लकड़ी, काष्ठ ; (दे ५, १६) ।

तुसोदग, **तुसोदय** } न [तुषोदक] व्रीहि आदि का धौन-जल ; (राज ; कप्प) ।

तुस्स देखो **तूस**=तुष् । तुस्सइ ; (विसे ६३२) ।

तुह° स [त्वत्°] तुम । **°तणय** वि [°संबन्धिन्] तुम्हारा, तुमसे संबन्ध रखने वाला; (सुपा ५५३) ।

तुहार (अप) वि [त्वदीय] तुम्हारा ; (हे ४, ४३४)।

तुहिण न [तुहिन] हिम, तुषार ; (पाअ) । **°इरि** पुं [**°गिरि**] हिमाचल पर्वत ; (गउड) । **°कर** पुं [°कर] चन्द्रमा ; (कप्पू) । **°गिरि** देखो **°इरि** ; (सुपा ६५८)। **°लय** पुं [**°लय**] हिमालय पर्वत ; (सुपा ८८) ।

तूअ पुं [दे] ईख का काम करने वाला ; (दे ५, १६) ।

तूण पुंन [तूण] इषुधि, भाथा, तरकस ; (हे १, १२५ ; षड् ; कुमा) ।

तूणइल्ल पुं [तूणावत्] तूणा-नामक वाद्य बजाने वाला; (पण्ह २, ४ ; औप ; कप्प) ।

तूणा, **तूणि°** } स्त्री [तूणा] १ वाद्य-विशेष ; (राय ; अणु) । २ इषुधि, भाथा ; (जं ३ ; पि १२७) ।

तूर देखो **तुरव** । तूरइ ; (हे ४, १७१ ; षड्) । वकृ—**तूरंत, तूरेंत, तूरमाण, तूरेमाण**; (हे ४, १७१ ; सुपा २६१ ; षड्) ।

तूर पुंन [तूर्य] वाद्य, बाजा ; (हे २, ६३ ; षड् ; प्राप्र) । **°वइ** पुं [°पति] नटों का मुखिया ; (बृह १) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तूरंत } देखो तूर=तुरव।
तूरमाण }
तूरविअ वि [त्वरित] जिसको शीघ्रता कराई गई हो वह; (से १२, ८३)।
तूरिय पुं [तौर्यिक] वाद्य बजाने वाला; (स ७०५)।
तूरी स्त्री [दे] एक प्रकार की मिट्टी; (जी ४)।
तूरंत } देखो तूर=तुरव।
तूरमाण }
तूल न [तूल] रुई, रुआ, बीज-रहित कपास; (औप; पात्र; भवि)।
तूलिअ न. नीचे देखो। "णगु विणासिज्जइ महग्घियं तूलियं गंडुग्रमाइयं" (महा)।
तूलिआ स्त्री [तूलिका] १ रुई से भरा मोटा बिछौना, गद्दा; (दे ५, २२)। २ तसवीर बनाने की कलम; (णाया १, ८)।
तूलिणी स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष, शाल्मली का पेड़; (दे ५, १७)।
तूलिल्ल वि [तूलिकावत्] तसवीर बनाने की कलम वाला, कूर्चिका-युक्त; (गउड)।
तूली स्त्री [तूली] देखो तूलिआ; (सुर २, ८२; पउम ३५, २४; सुपा २६२)।
तूवर देखो तुवर; (विपा १, १—पत्र १६)।
तूस अक [तुष्] खुश होना। तूसइ, तूसए; (हे ४, २३६; संक्षि ३६; षड्)। कृ—तूसियव्व; (पण्ह २,५)।
तूह देखो तित्थ; (हे १,१०४; २,७२; कुमा; दे ५,१६)।
तूहण पुं [दे] पुरुष, आदमी; (दे ५, १७)।
ते° देखो ति=त्रि। °आलीस स्त्रीन [°चत्वारिंशत्] १ संख्या-विशेष, चालीस और तीन की संख्या; २ तेआलीस की संख्या वाला; (सम ६८)। °आलीसइम वि [°चत्वारिंश] तेआलीसवाँ; (पउम ४३, ४६)। °आसी स्त्री [°अशीति] १ संख्या-विशेष, अस्सी और तीन; २ तिरासी की संख्या वाला; (पि ४४६)। °आसीइम वि [°अशीतितम] तिरासीवाँ; (सम ८६; पउम ८३, १४)। °इंदिय पुं [°इन्द्रिय] स्पर्श, जीभ और नाक इन तीन इन्द्रिय वाला प्राणी; (ठा २, ४; जी १७)। °ओय पुं [°ओजस्] विषम राशि-विशेष; (ठा ४, ३)। °णउइ स्त्री [°नवति] तिरानवे, नब्बे और तीन, ९३; (सम ९७)। °णउय वि [°नवत] तिरानवाँ, ९३ वाँ; (कप्प; पउम ९३, ४०)। °णवइ देखो °णउइ; (सुपा ६५४)। °तीस, °त्तीस स्त्रीन [त्रयस्त्रिंशत्] तेतीस, तीस और तीन; (भग; सम ५८)। स्त्री—°सा; (हे १, १६५; पि ४४७)। °त्तीसइम वि [त्रयस्त्रिंश] तेतीसवाँ; (पउम ३३, १४८)। °वट्ठि स्त्री [°षष्टि] तिरसठ, साठ और तीन; (पि २६५)। °वण्ण, °वन्न स्त्रीन [°पञ्चाशत्] त्रेपन, पचास और तीन; (हे २, १७४; षड्; सम ७२)। °वत्तरि स्त्री [°सप्तति] तिहत्तर; (पि २६५)। °वीस स्त्रीन [त्रयोविंशति] तेईस, बीस और तीन; (सम ४२; हे १, १६५)। °वीस, °वीसइम वि [त्रयोविंश] तेईसवाँ; (पउम २०, ८२; २३, २६; ठा ६)। °संझ न [°सन्ध्य] प्रातः, मध्याह्न और सायंकाल का समय; (पउम ६६, ११)। °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] देखो °वट्ठि; (सम ७७)। °सीइ स्त्री [°अशीति] तिरासी, अस्सी और तीन; (सम ८६; कप्प)। °सीइम वि [°अशीत] तिरासीवाँ; (कप्प)।
तेअ सक [तेजय्] तेज करना, पैनाना, तीक्ष्ण करना। तेअइ; (षड्)।
तेअ देखो तइअ=तृतीय; (रंभा)।
तेअ पुं [तेजस्] १ कान्ति, दीप्ति, प्रकाश, प्रभा; (उवा; भग; कुमा; ठा ८)। २ ताप, अभिताप; (कुमा; सूअ १, ५,१)। ३ प्रताप; ४ माहात्म्य, प्रभाव; ५ बल, पराक्रम; (कुमा)। °मंत वि [°विन्] तेज वाला, प्रभा-युक्त; (पण्ह २, ४)। °वीरिय पुं [°वीर्य] भरत चक्रवर्ती के प्रपौत्र का पौत्र, जिसको आदर्श-भवन में केवलज्ञान हुआ था; (ठा ८)।
तेअ न [स्तेय] चोरी; (भग २ ७)।
तेअ देखो तेअय; (भग)।
तेअंसि वि [तेजस्विन्] तेज-वाला, तेज-युक्त; (औप; रयण ४; भग; महा; सम १५२; पउम १०२, १४१)।
तेअग देखो तेअय; (जीव १)।
तेअण न [तेजन] १ तेज करना, पैनाना; २ उत्तेजन; (हे ४, १०४)। ३ वि. उत्तेजित करने वाला; (कुमा)।
तेअय न [तैजस] शरीर-सहचारी सूक्ष्म शरीर-विशेष; (ठा २, १; ५, १; भग)।
तेअलि पुं [तेतलिन्] १ मनुष्य जाति-विशेष; (जं १; इक)। २ एक मन्त्री के पिता का नाम; (णाया १, १४)। °पुत्त पुं [°पुत्र] राजा कनकरथ का एक मन्त्री; (णाया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१, १४)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष; (गाया १, १४)। °सुय पुं [°सुत] देखो °पुत्त; (राज)। देखो तेतलि।

तेअव अक [प्र+दीप्] १ दीपना, चमकना। २ जलना। तेअवइ; (हे ४, १५२; षड्)।

तेअविअ वि [प्रदीप्त] जला हुआ; (कुमा)। २ चमका हुआ, उद्दीप्त; (पाअ)।

तेअविअ वि [तेजित] तेज किया हुआ; (दे ८,१३)।

तेअस्सि पुं [तेजस्विन्] इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम; (पउम ५, ५)।

तेआ स्त्री [तेजस्] त्रयोदशी तिथि; (जो ४; जं ७)।

तेआ स्त्री [त्रेता] युग-विशेष, दूसरा युग; "तेआजुगे य दासरही रामो सीयालक्खणसंजुओवि" (ती २६)।

तेआ° देखो **तेअय**; (सम १४२; पि ६४)।

तेआलि पुं [दे] वृक्ष-विशेष; (पराण १, १—पत्र ३४)।

तेइच्छ न [चैकित्स्य] चिकित्सा-कर्म, प्रतीकार; (दस३)।

तेइच्छा स्त्री [चिकित्सा] प्रतीकार, इलाज; (आचा; गाया १, १३)।

तेइच्छिय देखो **तेगिच्छिय**; (विपा १, १)।

तेइच्छी स्त्री [चिकित्सा, चैकित्सी] प्रतीकार, इलाज; (कप्प)।

तेइल्ल देखो **तेअंसि**; (सुर ७, २१७; सुपा ३३)।

तेउ पुं [तेजस्] १ आग, अग्नि; (भग; दं १३)। २ लेश्या-विशेष, तेजो-लेश्या; (भग; कम्म ४, ५०)। ३ अग्निशिख-नामक इन्द्र का एक लोकपाल; (ठा४, १)। ४ताप, अग्निताप; (सूअ १, १, १)। ५ प्रकाश, , उद्योत; (सूअ२, १)। °आय देखो °काय; (भग)। °कंत पुं [°कान्त] लोकपाल देव-विशेष; (ठा४, १)। °काइय पुं [°कायिक] अग्नि का जीव; (ठा३, १)। °काय पुं [°काय] अग्नि का जीव; (पि३५५)। °क्काइय देखो °काइय; (पराण १; जीव १)। °प्पभ पुं [°प्रभ] अग्निशिख-नामक इन्द्र का एक लोकपाल; (ठा ४, १)। °प्फास पुं [°स्पर्श] उष्ण स्पर्श; (आचा)। °लेस वि [°लेश्य] तेजो-लेश्या वाला; (भग)। °लेसा स्त्री [°लेश्या] तप-विशेष के प्रभाव से होने वाली शक्ति-विशेष से उत्पन्न होती तेज की ज्वाला; (ठा ३, १; सम ११)। °लेस्स देखो °लेस; (पराण १७)। °लेस्सा देखो °लेसा; (ठा ३,३)। °सिह पुं [°शिख] एक लोकपाल; (ठा४, १)। °सोय न [°शौच] भस्म आदि से किया जाता शौच; (ठा ५, ३)।

तेउ देखो **तेअय**; (पव २३१)।

तेंडुअ न [दे] वृक्ष विशेष, टींबरू का पेड़; (दे ५, १७)।

तेंदु, तेंदुअ, तेंदुग पुं [तिन्दुक] १ वृक्ष-विशेष, तेंदु का पेड़; (पराण १; ठा ८; पउम ४२, ७)। २ गेंद, कन्दुक; (पउम १५, १३)।

तेंदुसय पुं [दे] कन्दुक, गेंद; (णाया१, ८)।

तेंबरु पुं [दे] क्षुद्र कीट-विशेष, त्रीन्द्रिय जन्तु की एक जाति; (जीव १)।

तेगिच्छ देखो **तेइच्छ**; (सुर १२, २११)।

तेगिच्छग वि [चिकित्सक] १ चिचित्सा करने वाला; २ पुं. वैद्य, हकीम; (उप ५६४)।

तेगिच्छा देखो **तेइच्छा**; (सुर १२, २११)।

तेगिच्छायण देखो **तिगिच्छायण**; (राज)।

तेगिच्छि देखो **तिगिंछि**; (राज)।

तेगिच्छिय वि [चैकित्सिक] १ चिकित्सा करने वाला; २ पुं, वैद्य, हकीम; ३ न. चिकित्सा-कर्म, प्रतीकार-करण। °साला स्त्री [°शाला] दवाखाना, चिकित्सालय; (णाया १, १३—पत्र १७६)।

तेजंसि देखो **तेअंसि**; (पि ७४)।

तेजपाल पुं [तेजपाल] गुजरात के राजा वीरधवल का एक यशस्वी मंत्री; (ती २)।

तेजलपुर न [तेजलपुर] गिरनार पर्वत के पास, मंत्री तेजपाल का बसाया हुआ एक नगर; (ती २)।

तेजस्सि देखो **तेअंसि**; (वव १)।

तेज्ज (अप) देखो **चय=त्यज्**। तेज्जइ; (पिंग)। संकृ—**तेज्जिअ**; (पिंग)।

तेज्जिअ (अप) वि [त्यक्त] छोड़ा हुआ; (पिंग)।

तेड्ड पुं [दे] १ शलभ, अन्न-नाशक कीट, टिड्डा; २ पिशाच, राक्षस; (दे ५, २३)।

तेण अ [तेन] १ लक्षण-सूचक अव्यय, "भमररुअं तेण कमलवणं" (हे २, १८३; कुमा)। २ उस तरफ; (भग)।

तेण, तेणग, णयते पुं [स्तेन] चोर, तस्कर; (ओघ ११; कप्प; गच्छ ३; ओघ ४०२)। °प्पओग पुं [°प्रयोग] १ चोर को चोरी करने के लिए प्रेरणा करना; २ चोरी के साधनों का दान या विक्रय; (धर्म २)।

तेणिअ, तेणिक्क न [स्तैन्य] चोरी, अदत्त वस्तु का ग्रहण; (श्रा १४; ओघ ५६६; पण्ह १, ३)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तेणिस वि [**तैनिश**] तिनिशवृक्ष-संबन्धी, बेंत का; (भग ७, ६)।

तेण्ण न [**स्तैन्य**] चोरी, पर-द्रव्य का अपहरण ; (निचू १)।

तेण्हाइअ वि [**तृष्णित**] तृष्णा-युक्त, प्यासा ; (से १३, ३६)।

तेतलि पुं [**तेतलिन्**] १ धरणेन्द्र के गन्धर्व-सेना का नायक; (इक)। २ देखो **तेअलि** ; (णाया १, १४—पत्र १६०)।

तेतिल देखो **तीइल** ; (जं ७)।

तेत्तिअ वि [**तावत्**] उतना ; (प्राप्र ; गउड ; गा ७१ ; कुमा)।

तेत्तिर देखो **तित्तिर** ; (जीव १)।

तेत्तिल वि [**तावत्**] उतना ; (हे २, १५७ ; कुमा)।

तेत्तुल } (अप) ऊपर देखो ; (हे ४, ४०७ ; कुमा ; हे
तेत्रुल्ल } ४, ४३५ टि)।

तेत्थु (अप) देखो **तत्थ**=तत्र ; (हे ४, ४०४ ; कुमा)।

तेद्दह देखो **तेत्तिल** ; (हे २, १५७ ; प्राप्र ; षड् ; कुमा)।

तेन्न देखो **तेण्ण** ; (कस)।

तेम (अप) देखो **तह**=तथा ; (पिंग)।

तेमासिअ वि [**त्रैमासिक**] १ तीन मास में होने वाला ; (भग)। २ तीन मास-संबन्धी ; (सुर ६, २११ ; १४, २२८)।

तेम्व देखो **तेम** ; (हे ४, ४१८)।

तेर } त्रि.व. [**त्रयोदशन्**] तेरह, दस और तीन ; (श्रा
तेरस } ४४ ; दं २१ ; कम्म २, २६ ; ३३)।

तेरसम वि [**त्रयोदश**] तेरहवाँ ; (सम २५ ; णाया १, १—पत्र ७२)।

तेरसया स्त्री [**दे**] जैन मुनिओं की एक शाखा ; (कप्प)।

तेरसी स्त्री [**त्रयोदशी**] १ तेरहवीं । २ तिथि-विशेष, तेरस ; (सम २६ ; सुर ३, १०५)।

तेरसुत्तरसय वि [**त्रयोदशोत्तरशततम**] एक सौ तेरहवाँ, ११३ वाँ ; (पउम ११३, ७२)।

तेरह देखो **तेरस** ; (हे १, १६५ ; प्राप्र)।

तेरासिअ वि [**त्रैराशिक**] १ मत-विशेष का अनुयायी, त्रैराशिक मत—जीव, अजीव और नोजीव इन तीन राशिओं को मानने वाला; (औप; ठा ७)। २ न. मत-विशेष; (सम ४०; विसे २४५१ ; ठा ७)।

तेरिच्छ देखो **तिरिच्छ**=तिरश्चीन। "दिव्वं व मणुस्सं वा तेरिच्छं वा सरागहिअएणं" (आप २१)।

तेरिच्छ न [**तिर्यक्त्व**] तिर्यंचपन, पशु-पक्षिपन ; (उप १०३१ टी)।

तेरिच्छिअ वि [**तैरश्चिक**] तिर्यक्-संबन्धी ; (ओघ ३६६ ; भग)।

तेल न [**तैल**] १ गोत्र विशेष, जो माण्डव्य गोत्र की एक शाखा है ; (ठा ७)। २ तिल का विकार, तेल ; (संक्षि १७)।

तेलंग पुं.व. [**तैलङ्ग**] १ देश-विशेष; २ पुंस्त्री. देश-विशेष का निवासी मनुष्य ; (पिंग)।

तेलाडी स्त्री [**तैलाटी**] कीट-विशेष, गंधोली ; (दे ७, ८४)।

तेलुक्क }
तेलोअ } न [**त्रैलोक्य**] तीन जगत—स्वर्ग, मर्त्य और पाताल लोक ; (प्रासू ६७ ; प्राप्र ; णाया १,
तेलोक्क } ४ ; पउम ८, ७६ ; हे १, १४८ ; २, ६७ ; षड् ; संक्षि १७)। °**दंसि** वि [°**दर्शिन्**] सर्वज्ञ, सर्वदर्शी ; (ओघ ५६६)। °**णाह** पुं [°**नाथ**] तीनों जगत् का स्वामी, परमेश्वर ; (षड्)। °**मंडण** न [°**मण्डन**] १ तीनों जगत् का भूषण। २ पुं. रावण का पट्ट-हस्ती ; (पउम ८०, ६०)।

तेल्ल न [**तैल**] तेल, तिल का विकार, स्निग्ध द्रव्य-विशेष ; (हे २, ६८ ; अणु ; पव ४)। °**केला** स्त्री [°**केला**] मिट्टी का भाजन-विशेष; (राज)। °**पल्ल** न [°**पल्य**] तैल रखने का मिट्टी का भाजन-विशेष ; (दसा १०)। °**पाइया** स्त्री [°**पायिका**] क्षुद्र जन्तु-विशेष ; (आवम)।

तेल्लग न [**तैलक**] सुरा-विशेष ; (जीव ३)।

तेल्लिअ पुं [**तैलिक**] तेल बेचने वाला ; (वव ६)।

तेल्लोअ }
तेल्लोक्क } देखो **तेलुक्क** ; (पि १६६ ; प्राप्र)।

तेवँ }
तेवँइ } (अप) देखो **तह**=तथा ; (हे ४, ३६७ ; कुमा)।

तेवट्ठ वि [**त्रैषष्ट**] तिरसठ की संख्या वाला, जिसमें तिरसठ अधिक हो ऐसी संख्या ; "तिन्नि तेवट्ठाइं पावादुयसयाइं" (पि २६५)।

तेवड (अप) वि [**तावत्**] उतना ; (हे ४, ४०७; कुमा)।

तेह (अप) वि [**तादृश्**] उसके जैसा, वैसा ; (हे ४, ४०२; षड्)।

तेहिं (अप) अ. वास्ते, लिए; (हे ४, ४२५; कुमा)।

तो देखो **तओ** ; (आचा ; कुमा)।

तो अ [**तदा**] तब, उस समय ; (कुमा)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तोअय पुं [दे] चातक पक्षी ; (दे ५, १८) ।

तोंड देखो **तुंड** ; (हे १, ११६ ; प्राप्र) ।

तोंतडि स्त्री [दे] करम्ब, दही-भात की बनी हुई एक खाद्य वस्तु ; (दे ५, ४) ।

तोक्कय वि [दे] बिना ही कारण तत्पर होने वाला ; (दे ५, १८) ।

तोक्खार देखो **तुक्खार** ; "खरखुरखयखोणीयलअसंखतोक्खारलक्खजुओ" (सुर १२, ६१) ।

तोटअ न [त्रोटक] छन्द-विशेष ; (पिंग) ।

तोड सक [तुड्] १ तोड़ना, भेदन करना । २ अक टूटना । तोडइ ; (हे४, ११६) । वकृ—**तोडंत** ; (भवि) । संकृ—**तोडिउं** ; (भवि) , **तोडित्ता** ; (ती ७) ।

तोड पुं [त्रोट] त्रुटि ; (उप पृ १८) ।

तोडण वि [दे] असहन, असहिष्णु ; (दे५, १८) ।

तोडण न [तोदन] व्यथा, पीड़ा-करण ; (राज) ।

तोडहिआ स्त्री [दे] वाद्य-विशेष ; (आचा २, ११) ।

तोडिअ वि [त्रोटित] तोड़ा हुआ ; (महा ; सण) ।

तोड्ड पुं [दे] चुद्र कीट-विशेष, चतुरिन्द्रिय जीव की एक जाति ; (राज)

तोण पुंन [तूण] शरधि, भाथा; (पाअ ; औप ; हे१, १२५; विपा १, ३) ।

तोणीर पुंन [तूणीर] शरधि, भाथा ; (पाअ ; हे१, १२४; भवि) ।

तोत्त न [तोत्र] प्रतोद, बैल को मारने का बाँस का आयुध-विशेष ; (पाअ ; दे३, १६ ; सुपा २३७ ; सुर१४, ५१) ।

तोत्तडि [दे] देखो **तोंतडि** ; (पाअ) ।

तोदग वि [तोदक] व्यथा उपजाने वाला, पीड़ा-कारक ; (उत्त २०) ।

तोमर पुं [तोमर] १ बाण-विशेष, एक प्रकार का बाण ; (पण्ह १, १ ; सुर २, २८ ; औप) । २ न. छन्द-विशेष ; (पिंग) ।

तोमरिअ पुं [दे] १ शस्त्र का प्रमार्जन करने वाला ; (दे ५, १८) । २ शस्त्र-मार्जन ; (षड्) ।

तोमरिगुंडी स्त्री [दे] वल्ली विशेष ; (पाअ) ।

तोमरी स्त्री [दे] वल्ली, लता ; (दे५, १७) ।

तोम्हार (अप) देखो **तुम्हार** ; (पि ४३४) ।

तोय न [तोय] पानी, जल ; (पण्ह १, ३ ; वज्जा १४ ; दे २, ४७) । °**धरा**, °**धारा** स्त्री [°धारा] एक दिक्कुमारी देवी ; (इक ; ठा ८) । °**पट्ठ**, °**पिट्ठ** न [°पृष्ठ] पानी का उपरि-भाग ; (पण्ह १, ३ ; औप) ।

तोय पुं [तोद] व्यथा, पीड़ा ; (ठा ४, ४) ।

तोरण न [तोरण] १ द्वार का अवयव-विशेष, बहिर्द्वार ; (गा २६२) । २ बन्दन-वार, फूल या पत्तों की माला जो उत्सव में लटकाई जाती है ; (औप) । °**उर** न [°पुर] नगर-विशेष ; (महा) ।

तोरविअ वि [दे] उत्तेजित ; (पाअ ; कुप्र १६२) ।

तोरामदा स्त्री [दे] नेत्र का रोग-विशेष ; (महानि ३) ।

तोल देखो **तुल**=तोलय् । तोलइ, तोलेइ ; (पिंग ; महा) । वकृ—**तोलंत** ; (वज्जा१५८) । कवकृ—**तोलिज्जमाण**; (सुर १५, ६४) । कृ—**तोलियव्व**; (स १६२) ।

तोल पुंन [दे] मगध-देश प्रसिद्ध पल, परिमाण-विशेष ; (तंदु)।

तोलण पुं [दे] पुरुष, आदमी ; (दे ५, १७) ।

तोलण न [तोलन] तौल करना, तौलना, नाप करना;(राज)।

तोलिय वि [तोलित] तौला हुआ ; (महा) ।

तोल्ल न [तोल्य, तोल] तौल, वजन; (कुप्र १४६) ।

तोवट्ट पुं [दे] १ कान का आभूषण-विशेष ; २ कमल की कर्णिका ; (दे ५, २३) ।

तोस सक [तोषय्] खुशी करना, सन्तुष्ट करना । तोसइ ; (उव) । कर्म—तोसिज्जइ ; (गा ५०८) ।

तोस पुं [तोष] खुशी, आनन्द, संतोष ; (पाअ ; सुपा २७५) । °**यर** वि [°कर] संतोष-कारक ; (काल) ।

तोस न [दे] धन, दौलत ; (दे ५, १७) ।

तोसलि पुं [तोसलिन्] १ ग्राम-विशेष ; २ देश-विशेष ; ३ एक जैन आचार्य ; (राज) । °**पुत्त** पुं [°पुत्र] एक प्रसिद्ध जैन आचार्य ; (आवम) ।

तोसलिय पुं [तोसलिक] तोसलि-ग्राम का अधीश चत्रिय; (आवम) ।

तोसविअ } वि [तोषित] खुश किया हुआ, संतोषित ;
तोसिअ } (हे ३, १५० ; पउम ७७, ८८) ।

तोहार (अप) देखो **तुहार** ; (पिंग ; पि ४३४) ।

°**त्त** वि [°त्र] त्राण-कर्ता, रक्षक ; " सकलत्तं संतुट्ठो सकलत्तो सो नरो होइ " (सुपा ३६६) ।

°**त्तण** देखो **तण** ; (से १, ६१) ।

°**त्ति** देखो **इअ**=इति ; (कप्प ; स्वप्न १० ; सण) ।

°**त्थ** देखो **एत्थ** ; (गा १३२) ।

°**त्थ** वि [°स्थ] स्थित, रहा हुआ ; (आचा) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

°त्थ देखो अत्थ ; (वाअ १५) ।
त्थअ देखो थय=स्तृत ; (से १, १) ।
°त्थउड देखो थउड ; (गउड) ।
°त्थंब देखो थंब ; (चारु २०) ।
°त्थंभ देखो थंभ ; (कुमा) ।
°त्थंभण देखो थंभण ; (वा १०) ।
°त्थरु देखो थरु ; (पि ३२७) ।
°त्थल देखो थल ; (काप्र ८७) ।
°त्थली देखो थली ; (पि ३८७) ।
°त्थव देखो थव=स्तु । वकृ—°त्थवंत ; (नाट) ।
°त्थवअ देखो थवय ; (से १, ४० ; नाट) ।
°त्थाण देखो थाण ; (नाट) ।
°त्थाल देखो थाल ; (कुमा) ।
°त्थिअ देखो थिअ ; (गा ४२१) ।
°त्थिर देखो थिर ; (कुमा) ।
°त्थोअ देखो थोअ ; (नाट—वेणी २४) ।

इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि तयाराइसद्दसंकलणो
तेवीसइमो तरंगो समत्तो ।

थ

थ पुं [**थ**] दन्त-स्थानीय व्यञ्जन-विशेष ; (प्राप ; प्रामा) ।

थ अ. १-२ वाक्यालंकार और पाद-पूर्ति में प्रयुक्त किया जाता अव्यय ; "किं थ तयं पम्हुट्ठं जं थ तया भो जयंत पवरम्मि" (णाया १, १—पत्र १४८ ; पंचा ११) ।

°थ देखो **एत्थ** ; (गा १३१ ; १३२ ; कस) ।

थइअ वि [**स्थगित**] आच्छादित, ढका हुआ ; (से ५, ४३ ; गा ५७०) ।

थइअ° } स्त्री [**स्थगिका**] पानदानी, पान रखने का पात्र ;
थइआ } (महा) । **°इत्त** पुं [**°वत्**] ताम्बूल-पात्र-वाहक नौकर; (कुप्र ७१)। **°धर** पुं [**°धर**] ताम्बूल-पात्र का वाहक नौकर ; (सुपा १०७) । **°वाहग** पुं [**°वाहक**] पानदानी का वाहक नौकर ; (सुपा १०७) । देखो **थगिय°** ।

थइआ स्त्री [**दे**] थैली, कोथली ; "संबलथइआसणाहो" "दंसिया संवलत्थई (? इ) या" (कुप्र १२ ; ८०) ।

थइउं देखो **थय**=स्थगय् ।

थउड न [**स्थपुट**] १ विषम और उन्नत प्रदेश ; (दे २, ७८) । २ वि. नीचा-ऊँचा ; (गउड) ।

थउडिअ वि [**स्थपुटित**] १ विषम और उन्नत प्रदेश वाला । २ नीचा-ऊँचा प्रदेश वाला ; (गउड) ।

थउड्ड न [**दे**] भल्लातक, वृक्ष-विशेष, भिलावा; (दे ५,२६)।

थंडिल न [**स्थण्डिल**] १ शुद्ध भूमि, जन्तु-रहित प्रदेश ; (कस ; निचू ४) । २ क्रोध, गुस्सा ; (सूअ १, ६) ।

थंडिल्ल न [**स्थण्डिल**] शुद्ध भूमि ; (सुपा ५५८ ; आचा)।

थंडिल्ल न [**दे**] मण्डल, वृत्त प्रदेश ; (दे ५, २५) ।

थंत देखो **था**।

थंब वि [**दे**] विषम, अ-सम ; (दे ५, २४) ।

थंब पुं [**स्तम्ब**] तृण आदि का गुच्छ ; (दे ८, ४६ ; ओघ ७७१ ; कुप्र २२३) ।

थंभ अक [**स्तम्भ्**] १ रुकना, स्तब्ध होना, स्थिर होना, निश्चल होना । २ सक. क्रिया-निरोध करना, अटकाना ; रोकना, निश्चल करना । **थंभइ** ; (भवि) । कर्म—थंभिज्जइ; (हे २, ६) । संकृ—**थंभिउं** ; (कुप्र ३८५) ।

थंभ पुं [**स्तम्भ**] १ स्तम्भ, थम्भा ; (हे २, ६ ; कुमा ; प्रासू ३३) । २ अभिमान, गर्व, अहंकार ; (सूअ १, १३; उत्त ११) । **°विज्जा** स्त्री [**°विद्या**] स्तब्ध करने की विद्या ; (सुपा ४६३) ।

थंभण न [**स्तम्भन**] १ स्तब्ध-करण, थमाँना ; (विसे ३००७ ; सुपा ५६६) । २ स्तब्ध करने का मन्त्र ; (सुपा ५६६) । ३ गुजरात का एक नगर, जो आजकल 'खंभात' नाम से प्रसिद्ध है ; (ती ५१) । **°पुर** न [**°पुर**] नगर-विशेष, खंभात ; (सिग्घ १) ।

थंभणया स्त्री [**स्तम्भना**] स्तब्ध-करण; (ठा ४, ४) ।

थंभणी स्त्री [**स्तम्भनी**] स्तम्भन करने वाली विद्या-विशेष ; (णाया १, १६) ।

थंभय देखो **थंभ** = स्तम्भ ; (कुमा) ।

थंभिय वि [**स्तम्भित**] १ स्तब्ध किया हुआ, थमाया हुआ; (कुप्र १४१; कुमा; कप्प ; औप) । २ जो स्तब्ध हुआ हो, अवष्टब्ध; (स ४६४) ।

थक्क अक [**स्था**] रहना, बैठना, स्थिर होना । **थक्कइ** ; (हे ४, १६ ; पिंग) । भवि—**थक्किस्सइ** ; (पि ३०६)।

थक्क अक [**फक्क्**] नीचे जाना । थक्कइ; (हे ४,८७) ।

थक्क अक [**श्रम्**] थकना, श्रान्त होना । थक्कंति; (पिंग)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

थक्क वि [**स्थित**] रहा हुआ ; (कुमा ; वज्जा ३८ ; सुपा २३७ ; आरा ७७ ; सद्दि ६) ।

थक्क पुं [**दे**] १ अवसर, प्रस्ताव, समय ; (दे ५, २४ ; वव ६ ; महा ; विसे २०६३) । २ थका हुआ, श्रान्त ; "थक्कं सव्वसरीरं हियए सूलं सुदूसहं एइ" (सुर ७, १८५ ; ४, १६५) ।

थक्किअ वि [**श्रान्त**] थका हुआ, (पिंग) ।

थग देखो **थय**=स्थगय् । भवि—थगइस्सं ; (पि २२१) ।

थगण न [**स्थगन**] पिधान, संवरण, आच्छादन ; (दे २, ८३ ; ठा ४, ४) ।

थगथग अक [**थगथगाय्**] धड़कना, काँपना । वकृ— **थगथगिंत** ; (महा) ।

थगिय वि [**स्थगित**] पिहित, आच्छादित, आवृत ; (दस ५, १ ; आवम) ।

थगिय° देखो **थइअ°** । °**ग्गाहि** पुं [°**ग्राहिन्**] ताम्बूल-वाहक नौकर ; (सुपा ३३६) ।

थग्गया स्त्री [**दे**] चंचु, चोंच ; (दे ५, २६) ।

थग्घ पुं [**दे**] थाह, तला, पानी के नीचे की भूमि, गहराई का अन्त ; (दे ५, २४) ।

थग्घा स्त्री [**दे**] ऊपर देखो ; (पाअ) ।

थट्ट पुंन [**दे**] १ ठठ, समूह, यूथ, जत्था ; "दुद्धरतुरंगथट्टा" (सुपा २८८), "विहडइ लहु दुट्ठानिट्ठदोघट्टथट्ट" (लहुअ ४) । २ ठाठ, सजधज, आडम्बर ; (भवि) ।

थट्टि स्त्री [**दे**] पशु, जानवर ; (दे ५, २४) ।

थड पुंन [**दे**] ठठ, यूथ, समूह ; (भवि) ।

थड्ढ वि [**स्तब्ध**] १ निश्चल ; २ अभिमानी, गर्विष्ठ ; (सुपा ४३७ ; ५८२) ।

थड्ढिअ वि [**स्तम्भित**] १ स्तब्ध किया हुआ । २ स्तब्ध, निश्चल । ३ न. गुरु-वन्दन का एक दोष, अकड़ रह कर गुरु को किया जाता प्रणाम ; (गुभा २३) ।

थण अक [**स्तन्**] १ गरजना । २ आक्रन्द करना, चिल्लाना । ३ आक्रोश करना । ४ जोर से नीसास लेना । वकृ—**थणंत**; (गा २६०) ।

थण पुं [**स्तन**] थन, कुच, पयोधर ; (आचा ; कुमा ; काप्र १६१) । °**जीवि** वि [°**जीविन्**] स्तन-पान पर निभने वाला बालक ; (श्रा १४) । °**वई** स्त्री [°**वती**] बड़े स्तन वाली ; (गउड) । °**विसारि** वि [°**विसारिन्**] । स्तन पर फैलने वाला ; (गउड) । °**सुत्त** न [°**सूत्र**] उरः-सूत्र ; (दे) । °**हर** पुं [°**भर**] स्तन का बोझ ; (हे १, १८६) ।

थणंधय पुं [**स्तनन्धय**] स्तन-पान करने वाला बालक ; छोटा बच्चा ; "निययं थणं धयंतं थणंधयं हंदि पिच्छंति" (सुर १०, ३७ ; अच्चु ६३) ।

थणण न [**स्तनन**] १ गर्जन, गरजना ; (सुअ १, ५, २) । २ आक्रन्द, चिल्लाहट; (सुअ १, ५, १) । ३ आक्रोश, अभिशाप; (राज) । ४ आवाज वाला नीसास ; (सुअ १, २, ३) ।

थणिय न [**स्तनित**] १ मेघ का गर्जन ; (वज्जा १२; दे ५, २७) । २ आक्रन्द, चिल्लाहट ; (सम १५३) । ३ पुं. भवनपति देवों की एक जाति; (औप ; पण्ह १, ४) । °**कुमार** पुं [°**कुमार**] भवनपति देवों की एक जाति ; (ठा १, १) ।

थणिल्ल वि [**स्तनवत्**] स्तन वाला ; (कप्पू) ।

थणुल्लअ पुं [**स्तनक**] छोटा स्तन ; (गउड) ।

थण्णु देखो **थाणु** ; (गा ४२२) ।

थत्तिअ न [**दे**] विश्राम ; (दे ५, २६) ।

थद्ध देखो **थड्ढ** ; (सम ५१ ; गा ३०४ ; वज्जा १०) ।

थन्न न [**स्तन्य**] स्तन का दूध । °**जीवि** वि [°**जीविन्**] छोटा बच्चा ; (सुपा ६१६) ।

थप्पण न [**स्थापन**] न्यास, न्यसन ; (कुप्र ११७) ।

थप्पिअ वि [**स्थापित**] रक्खा हुआ, न्यस्त ; (पिंग) ।

थब्भर पुं [**दे**] अयोध्या नगरी के समीप का एक ह्रद ; (ती ११) ।

थमिअ वि [**दे**] विस्मृत ; (दे ५, २५) ।

थय सक [**स्थगय्**] आच्छादन करना, आवृत करना, ढकना । थएइ, थएसु ; (पि ३०६ ; गा ६०५) । भवि—थइस्सं ; (गा ३१४) । हेकृ—**थइउं**; (गा ३६४) ।

थय वि [**स्तृत**] व्याप्त, भरपूर ; (से १, १) ।

थय पुं [**स्तव**] स्तुति, स्तवन, गुण-कीर्तन ; (अजि ३६ ; सं ४४) ।

थयण न [**स्तवन**] ऊपर देखो ; "थुइथयणवंदणनमंसणाणि एगट्ठिआणि एयाइं" (आव २) ।

थर पुं [**दे**] दही की तर, दही ऊपर की मलाई; (दे ५,२४)।

थरत्थर / **थरथर** / **थरहर** } अक [**दे**] थरथरना, काँपना । थरत्थरइ, थरथरेइ, थरहरइ ; (सद्दि ६६; पि २०७; सुर ७, ६; गा १६५) । वकृ—**थरथरंत**, थरथ-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राअंत, थरथराअमाण, थरथरेंत ; (ओघ ४७० ; पि ५५८ ; नाट—मालती ५५ ; पउम ३१, ४४) ।

थरहरिअ वि [दे] कम्पित ; (दे ५, २७ ; भवि ; सुर १, ७; सुपा २१ ; जय १०) ।

थरु पुं [दे. त्सरु] खड्ग-मुष्टि ; (दे ५, २४) ।

थरुगिण पुं [थरुकिन] १ देश-विशेष; २ पुंस्त्री. उस देश का निवासी। स्त्री—°गिणिआ; (इक) ।

थल न [स्थल] १ भूमि, जगह, सूखी जमीन ; (कुमा ; उप ६८६ टी) । २ ग्रास लेते समय खुले हुए मुँह को फाँक. खुले हुए मुँह की खाली जगह; (वव ७) । °इल्ल वि [°वत्] स्थल-युक्त ; (गउड) । °कुक्कुडियंड न [°कुक्कुट्यण्ड] कवल-प्रक्षेप के लिए खुला हुआ मुख; (वव ७) । °चार पुं [°चार] जमीन में चलना; (आचा) । °नलिणी स्त्री [°नलिनी] जमीन में होने वाला कमल का गाछ; (कुमा) । °य वि [°ज] जमीन में उत्पन्न होने वाला ; (पण्ण १; पउम १२, ३७) । °यर वि [°चर] १ जमीन पर चलने वाला ; २ जमीन पर चलने वाला पंचेन्द्रिय तिर्यच प्राणी; (जीव ३; जी २०; औप) । स्त्री—°री; (जीव ३) ।

थलय पुं [दे] मंडप, तृणादि-निर्मित गृह; (दे ५, २५) ।

थलहिगा, **थलहिया** स्त्री [दे] मृतक-स्मारक, शव को गाड़ कर उस पर किया जाता एक प्रकार का चबूतरा ; (स ७५६ ; ७५७) ।

थली स्त्री [स्थली] जल-शून्य भू-भाग; (कुमा ; पाअ) । °घोडय पुं [°घोटक] पशु-विशेष; (वव ७) ।

थल्लिया स्त्री [दे. स्थालिका] थलिया, छोटा थाल, भोजन करने का बरतन ; (पउम २०, १६६) ।

थव सक [स्तु] स्तुति करना। वकृ—**थवंत**; (नाट) ।

थव देखो **थय**=स्तव; (हे २, ४६ ; सुपा ४४६) ।

थव पुं [दे] पशु, जानवर ; (दे ५, २४) ।

थवइ पुं [स्थपति] वर्धकि, बढ़ई ; (दे २, २२) ।

थवइय वि [स्तवकित] स्तवक वाला, गुच्छ-युक्त; (णाया १, १; औप) ।

थवइल्ल वि [दे] जाँघ फैला कर बैठा हुआ ; (दे ५,२६)।

थवक्क पुं [दे] थोक, समूह, जत्था; " लब्भइ कुलवहुघुरए थवक्कओ सयलसोक्खाणं" (वज्जा ६६) ।

थवण देखो **थयण** ; (आव २) ।

थवणिया स्त्री [स्थापनिका] न्यास, जमा रखी हुई वस्तु; "कन्नगोभूमालियथवणियअवहारकूडसक्खिज्जं" (सुपा २७५) ।

थवय पुं [स्तवक] फूल आदि का गुच्छ ; (दे२, १०३ ; पाअ) ।

थविआ स्त्री [दे] प्रसेविका, वीणा के अन्त में लगाया जाता छोटा काष्ठ-विशेष ; (दे २, २५) ।

थविय वि [स्थापित] न्यस्त, निहित ; (भवि) ।

थविय वि [स्तुत] जिसकी स्तुति की गई हो वह, श्लाघित ; (सुपा ३४३) ।

थवी [दे] देखो **थविआ** ; (दे २, २५) ।

थस, **थसल** वि [दे] विस्तीर्ण ; (दे ५, २५) ।

थह पुं [दे] निलय, आश्रय, स्थान; (दे ५, २५) ।

था देखो **ठा** । थाइ; (भवि) । भवि—थाहिइ; (पि५२४) । वकृ—**थंत** ; (पउम१४, १३४ ; भवि) । संकृ—**थाऊण** ; (हे४, १६) ।

थाइ वि [स्थायिन्] रहने वाला । °णी स्त्री [°नी] वर्ष वर्ष पर प्रसव करने वाली घोड़ी ; (राज) ।

थाण देखो **ठाण** ; (हे४, १६ ; विसे१८५६ ; उप पृ३३२)।

थाणय न [स्थानक] आलवाल, कियारी ; (दे५,२७) ।

थाणय न [दे] १ चौकी, पहरा ; "भयाणया अडवि त्ति निविट्ठाइं थाणयाइं", "तओ बहुवोलियाए रयणीए थाणयनिविट्ठा तुरियतुरियमागया सबरपुरिसा" (स ५३७ ; ५४६) । २ पुं. चोकीदार, चोकी करने वाला आदमी; "पहायसमए य विसंसरिएसुं थाणएसुं" (स ५३७) ।

थाणिज्ज वि [दे] गौरवित, सम्मानित ; (दे ४, ५) ।

थाणीय वि [स्थानीय] स्थानापन्न; (स ६६७) ।

थाणु पुं [स्थाणु] १ महादेव, शिव ; (हे २, ७ ; कुमा ; पाअ) । २ ठूंठा वृक्ष ; (गा २३२; पाअ), "दवदड्ढथाणुसरिसं" (कुप्र १०२) । ३ खीला ; ४ स्तम्भ ; (राज) ।

थाणेसर न [स्थानेश्वर] समुद्र के किनारे पर का एक शहर; (उप ७२८ टी ; स १४८) ।

थाम वि [दे] विस्तीर्ण ; (दे ५, २५) ।

थाम न [स्थामन्] १ बल, वीर्य, पराक्रम ; (हे४, २६७; ठा ३, १) । २ वि. बल-युक्त ; (निचू ११) । °व वि [°वत्] बलवान् ; (उत्त २) ।

थाम न [दे. ठाण] स्थान, जगह ; (संक्षि ४७ ; स ४६ ; ७४३) । 'सेवालियभूमितले फिल्लुसमाणा य थामथामम्मि" (सुर २, १०५) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

थार पुं [**दे**] घन, मेघ ; (दे ५, २७)।

थारुणय वि [**थारुकिन**] देश-विशेष में उत्पन्न। स्त्री—°**णिया** ; (औप)। देखो **थरुगिण**।

थाल पुंन [**स्थाल**] बड़ी थलिया, भोजन करने का पात्र ; (दे ६, १२ ; अंत ५ ; उप पृ २५७)।

थालइ वि [**स्थालकिन्**] १ थाल वाला। २ पुं. वानप्रस्थ का एक भेद ; (औप)।

थाला स्त्री [**दे**] धारा ; (षड्)।

थाली स्त्री [**स्थाली**] पाक-पात्र, हाँड़ी, बटलोही ; (ठा ३, १ ; सुपा ४८७)। °**पाग** वि [°**पाक**] हाँडी में पकाया हुआ ; (ठा ३, १)।

थावच्चा स्त्री [**स्थापत्या**] द्वारका-निवासी एक गृहस्थ स्त्री ; (णाया १, ५)। °**पुत्त** पुं [°**पुत्र**] स्थापत्या का पुत, एक जैन मुनि ; (णाया १, ५ ; अंत)।

थावण न [**स्थापन**] न्यास, आधान ; (स २१३)।

थावय पुं [**स्थापक**] समर्थ हेतु, स्वपक्ष-साधक हेतु ; (ठा ४, ३—पत्र २५४)।

थावर वि [**स्थावर**] १ स्थिर रहने वाला। २ पुं. एकेन्द्रिय प्राणी, केवल स्पर्शेन्द्रिय वाला पृथिवी, पानी और वनस्पति आदि का जीव ; (ठा ३, २ ; जी २)। ३ एक विशेष-नाम, एक नौकर का नाम ; (उप ५६७ टी)। °**काय** पुं [°**काय**] एकेन्द्रिय जीव ; (ठा २, १)। °**णाम**, °**नाम** न [°**नामन्**] कर्म-विशेष, स्थावरत्व-प्राप्ति का कारण-भूत कर्म ; (पंच ३ ; सम ६७)।

थासग } **थासय** } पुं [**स्थासक**] १ दर्पण, आदर्श, शीशा ; (विपा १, २—पत्र २४)। २ दर्पण के आकार का पात्र-विशेष ; (औप ; अनु ; णाया १, १ टी)। ३ अश्व का आभरण-विशेष ; (राज)।

थाह पुं [**दे**] १ स्थान, जगह ; २ वि. अस्ताघ, गंभीर जल-वाला ; ३ विस्तीर्ण ; ४ दीर्घ, लम्बा ; (दे ५, ३०)।

थाह पुं [**स्थाघ**] थाह, तला, गहराई का अन्त ; (पाअ ; विसे १३३२ ; णाया १, ६ ; १४ ; से ८, ४०)।

थाहिअ पुं [**दे**] आलाप, स्वर-विशेष ; (सुपा १६)।

थिअ वि [**स्थित**] रहा हुआ ; (स २७० ; विसे १०३५ ; भवि)।

थिइ देखो **ठिइ** ; (से २, १८ ; गउड)।

थिंप अक [**तृप्**] तृप्त होना, संतुष्ट होना। थिंपइ ; (प्राप्र)। भवि—थिंपिहिंति ; (प्राप्र ८, २२ टी)। संकृ—**थिंपिअ** ; (प्राप्र ८, २२ टी)।

थिग्गल न [**दे**] १ भित्ति-द्वार, भींत में किया हुआ दरवाजा ; (दस ५, १, १५)। २ फटे-फुटे वस्त्र में किया जाता संधान, वस्त्र आदि के खंडित भाग में लगाई जाती जोड़ ; (पराण १७ ; विसे १४३६ टी)।

थिण्ण वि [**स्त्यान**] कठिन, जमा हुआ ; (हे १, ७४ ; २, ६६ ; से २, ३०)। देखो **थीण**।

थिण्ण वि [**दे**] १ स्नेह-रहित दया वाला ; २ अभिमानी, गर्व-युक्त ; (दे ५, ३०)।

थिन्न वि [**दे**] गर्वित, अभिमानी ; (पाअ)।

थिप्प देखो **थिंप**। थिप्पइ ; (हे ४, १३८)।

थिप्प अक [**वि + गल्**] गल जाना। थिप्पइ ; (हे ४, १७५)।

थिम सक [**स्तिम्**] आर्द्र करना, गीला करना। हेकृ—**थिमिउं** ; (राज)।

थिमिअ वि [**दे**, **स्तिमित**] स्थिर, निश्चल ; (दे ५, २७ ; से २, ४३ ; ८, ६१ ; णाया १, १ ; विपा १, १ ; पराह १, ४ ; २, ५ ; औप ; सुज्ज १ ; सूअ १, ३, ४)। २ मन्थर, धीमा ; (पाअ)।

थिमिअ पुं [**स्तिमित**] राजा अन्धकवृष्णि के एक पुत्र का नाम ; (अंत ३)।

थिर वि [**स्थिर**] १ निश्चल, निष्कम्प ; (विपा १, १ ; सम ११६ ; णाया १, ८)। २ निष्पन्न, संपन्न, (दस ७, ३५)। °**णाम**, °**नाम** न [°**नामन्**] कर्म-विशेष, जिसके उदय से दन्त, हड्डी आदि अवयवों की स्थिरता होती है ; (कम्म १, ४६ ; सम ६७)। °**वलिया** स्त्री [°**वलिका**] जन्तु-विशेष, सर्प की एक जाति ; (जीव २)।

थिरणाम वि [**दे**] चल-चित्त, चंचल-मनस्क ; (दे ५, २७)।

थिरण्णेस वि [**दे**] अस्थिर, चंचल ; (षड्)।

थिरसीस वि [**दे**] १ निर्भीक, निडर ; २ निर्भर ; ३ जिसने सिर पर कवच बाँधा हो वह ; (दे ५, ३१)।

थिरिम पुंस्त्री [**स्थैर्य**] स्थिरता ; (सण)।

थिरीकरण न [**स्थिरीकरण**] स्थिर करना, दृढ़ करना, जमाना ; (श्रा ६ ; रयण ६६)।

थिल्लि स्त्री [**दे**] यान-विशेष ; —१ दो घोड़े की बग्घी ; २ दो खच्चर आदि से वाह्य यान ; (सूअ २, २, ६२ ; णाया १, १ टी—पत्र ४३ ; औप)।

थिविथिव अक [**थिवथिवाय्**] थिव थिव आवाज करना। वकृ—**थिविथिवंत** ; (विपा १, ७)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

थिवुग } **थिवुय** } पुं [**स्तिबुक**] जल-बिन्दु ; (विसे ७०४ ; ७०५ ; सम १४६) । °**संकम** पुं [°**संक्रम**] कर्म-प्रकृतिओं का आपस में संक्रमण-विशेष; (पंचा ५) ।

थिहु पुं [**स्तिभु**] वनस्पति-विशेष ; (राज) ।

थी स्त्री [**स्त्री**] स्त्री, महिला, नारी ; (हे २, १३० ; कुमा ; प्रासू ६५) ।

थीण देखो **थिण्ण** ; (हे१,७४ ; दे१, ६१ ; कुमा ; पाअ)। °**गिद्धि** स्त्री [°**गृद्धि**] निकृष्ट निद्रा-विशेष ; (ठा ६ ; विसे २३४ ; उत्त ३३, ५) । °**द्धि** स्त्री [°**र्द्धि**] अधम निद्रा-विशेष ; (सम१५) । °**द्धिय** वि [°**र्द्धिक**] स्त्यानर्द्धि निद्रा वाला ; (विसे २३५) ।

थु अ. तिरस्कार-सूचक अव्यय ; (प्रति ८१) ।

थुअ वि [**स्तुत**] जिसकी स्तुति की गई हो वह, प्रशंसित ; (दे ८, २७ ; धण ५० ; अजि १८) ।

थुइ स्त्री [**स्तुति**] स्तव, गुण-कीर्तन ; (कुमा ; चैत्य १ ; सुर १०, १०३) ।

थुक्क अक [**थूत्+कृ**] १ थूकना । २ सक. तिरस्कार करना, थुतकारना, अनादर के साथ निकालना । थुक्केइ; (वज्जा ४६) । संकृ—**थुक्किऊण** ; (सुपा ३४६) ।

थुक्क न [**थूत्कृत**] थूक, कफ, खखार ; (दे ४, ४१) ।

थुक्कार पुं [**थूत्कार**] तिरस्कार ; (राय) ।

थुक्कार सक [**थूत्कारय्**] तिरस्कार करना । कवकृ—**थुक्कारिज्जमाण** ; (पि ५६३) ।

थुक्किअ वि [**दे**] उन्नत, ऊँचा ; (दे ५, २८) ।

थुक्किअ वि [**थूत्कृत**] थूका हुआ ; (दे ५, २८ ; सुपा ३४६) ।

थुड न [**दे. स्थुड**] वृक्ष का स्कन्ध; "चीरीउ करेऊण बद्धा ताण थुडेसु" (सुपा ५८४ ; ३६६) ।

थुडंकिअय न [**दे**] रोष-युक्त वचन ; (पाअ) ।

थुडुंकिअ न [**दे**] १ अल्प-कुपित मुँह का संकोच, थोड़ा गुस्सा होने से होता मुँह का संकोच ; २ मौन, चुपकी; (दे ५, ३१) ।

थुड्डहीर न [**दे**] चामर ; (दे ५, २८) ।

थुण सक [**स्तु**] स्तुति करना, गुण-वर्णन करना । थुणइ ; (हे ४, २४१) । कर्म—थुव्वइ, थुणिज्जइ; (हे ४, २४२)। वकृ—**थुणंत** ; (भवि) । कवकृ—**थुव्वंत, थुव्वमाण** ; (सुपा ८८ ; सुर४, ६६ ; स ७०१) । संकृ —**थोऊण** , (काल) । हेकृ—**थोत्तुं** ; (मुणि१०८७५) । कृ—**थुव्व, थोअव्व** ; (भवि ; चैत्य ३५ ; स ७१०) ।

थुणण न [**स्तवन**] गुण-कीर्तन, स्तुति; (सुपा ३७) ।

थुणिर वि [**स्तोतृ**] स्तुति करने वाला ; (काल) ।

थुण्ण वि [**दे**] दृप्त, अभिमानी ; (दे ५, २७) ।

थुत्त न [**स्तोत्र**] स्तुति, स्तुति-पाठ; (भवि) ।

थुत्थुक्कारिय वि [**थुथुत्कारित**] थुतकारा हुआ, तिरस्कृत, अपमानित ; (भवि) ।

थुथूकार पुं [**थुथूत्कार**] तिरस्कार ; (प्रयौ ८१) ।

थुरुणुल्लणय न [**दे**] शय्या, बिछौना ; (दे ५, २८) ।

थुलम पुं [**दे**] पट-कुटी, तंबू, वस्त्र-गृह, कपड-कोट ; (दे ५, २८) ।

थुल्ल वि [**दे**] परिवर्तित, बदला हुआ ; (दे ५, २७) ।

थुल्ल वि [**स्थूल**] मोटा ; (हे २, ९९ ; प्रामा) ।

थुवअ वि [**स्तावक**] स्तुति करने वाला; (हे १, ७५) ।

थुवण न [**स्तवन**] स्तुति, स्तव ; (कुप्र ३५१) ।

थुव्व } **थुव्वंत** } देखो **थुण** ।

थू अ. निन्दा-सूचक अव्यय ; "थू निल्लज्जो लोओ" (हे २, २०० ; कुमा) ।

थूण पुं [**दे**] अश्व, घोड़ा ; (दे ५, २९) ।

थूण देखो **तेण**=स्तेन ; (हे २, १४७) ।

थूणा स्त्री [**स्थूणा**] खम्भा, खूँटी; (षड् ; पण्ण१५) ।

थूणाग पुं [**स्थूणाक**] सन्निवेश-विशेष, ग्राम-विशेष ; (आवम) ।

थूभ पुं [**स्तूप**] थूहा, टीला, डूह, स्मृति-स्तम्भ ; (विसे६६८; सुपा २०९; कुप्र १६५; आचा २, १, २) ।

थूभिया } **थूभियागा** } स्त्री [**स्तूपिका**] १ छोटा स्तूप ; (ओघ४३९ ; औप) । २ छोटा शिखर ; (सम१३७) ।

थूरी स्त्री [**दे**] तन्तुवाय का एक उपकरण ; (दे५, २८) ।

थूल देखो **थुल्ल** ; (पाअ ; पउम १४, ११३ ; उवा) । °**भद्द** पुं [°**भद्र**] एक सुप्रसिद्ध जैन महर्षि ; (हे१, २५५ ; पडि) ।

थूलघोण पुं [**दे**] सूकर, वराह ; (दे५, २९) ।

थूव } **थूह** } देखो **थूभ** ; (दे ७, ४० ; सुर १, ५८) ।

थूह पुं [**दे**] १ प्रासाद का शिखर ; (दे ५, ३२ ; पाअ)। २ चातक पक्षी ; ३ वल्मीक ; (दे ५, ३२) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

थेअ वि [**स्थेय**] १ रहने योग्य ; २ जो रह सकता हो ; ३ पुं. फैसला करने वाला, न्यायाधीश ; (हे ४, २६७)।

थेग पुं [**दे**] कन्द-विशेष ; (श्रा २० ; जी ६)।

थेज्ज न [**स्थैर्य**] स्थिरता ; (विसे १४)।

थेज्ज देखो **थेअ** ; (वव ३)।

थेण पुं [**स्तेन**] चोर, तस्कर ; (हे १, १४७)।

[°ख्याति] धर्म से ख्याति वाला, धर्मात्मा; (औप)। °गुरु पुं [°गुरु] धर्म-दर्शक गुरु, धर्माचार्य ; (द १)। °गुत्त वि [°गुप्त] धर्म-रक्षक ; (षड्)। °घोस पुं [°घोष] कईएक जैन मुनि और आचार्यों का नाम ; (आचू १; ती ७; आव ४ ; भग ११, ११)। °चक्क न [°चक्र] जिनदेव का धर्म-प्रकाशक चक्र ; (पव ४० ; सुपा ६२)। °चक्कवट्टि पुं [°चक्रवर्तिन्] जिन-देव; (आचू १)। °चक्कि पुं [°चक्रिन्] जिन भगवान् ; (कुम्मा ३०)। °जणणी स्त्री [°जननी] धर्म की प्राप्ति कराने वाली स्त्री, धर्म-देशिका ; (पंचा १६)। °जस पुं [°यशस्] जैन मुनि-विशेष का नाम; (आव ४)। °जागरिया स्त्री [°जागर्या] १ धर्म-चिन्तन के लिए किया जाता जागरण; (भग १२, १)। २ जन्म से छठवें दिन में किया जाता एक उत्सव ; (कप्प)। °ज्झय पुं [°ध्वज] १ धर्म-द्योतक ध्वज, इन्द्र-ध्वज; (राय)। २ ऐरवत क्षेत्र के पांचवें भावी जिन-देव ; (सम १५४)। °ज्झाण न [°ध्यान] धर्म-चिन्तन, शुभ ध्यान-विशेष ; (सम ६)। °ज्झाणि वि [°ध्यानिन्] धर्म ध्यान से युक्त ; (आव ४)। °ट्ठि वि [°र्थिन्] धर्म का अभिलाषी ; (सूअ १, २, २)। °णायग वि [°नायक] १ धर्म का नेता; (सम १; पडि)। °ण्णु वि [°ज्ञ] धर्म का ज्ञाता ; (दंस ४)। °तित्थयर पुं [°तीर्थकर] जिन भगवान् ; (उत्त २३; पडि)। °त्थ न [°स्त्र] अस्त्र-विशेष, एक प्रकार का हथियार; (पउम ७१, ६३)। °त्थि देखो °ट्ठि ; (पंचव ४)। °त्थिकाय पुं [°स्तिकाय] गति-क्रिया में सहायता पहुँचाने वाला एक अरूपी पदार्थ; (भग)। °दय वि [°दय] धर्म की प्राप्ति कराने वाला, धर्म-देशक ; (भग)। °दार न [°द्वार] धर्म का उपाय ; (ठा ४,४)। °दार पुंब. [°दार] धर्म-पत्नी; (कप्पू)। °दास पुं [°दास] भगवान् महावीर का एक शिष्य, और उपदेशमाला का कर्ता ; (उव)। °देव पुं [°देव] एक प्रसिद्ध जैन आचार्य ; (सार्ध ७८)। °देसग, °देसय वि [°देशक] धर्म का उपदेश करने वाला ; (राज ; भग ; पडि)। °धुरा स्त्री [°धुरा] धर्म रूप धुरा ; (णाया १, ८)। °नायग देखो °णायग; (भग)। °पडिमा स्त्री [°प्रतिमा] १ धर्म की प्रतिज्ञा ; २ धर्म का साधन-भूत शरीर ; (ठा १)। °पण्णत्ति स्त्री [°प्रज्ञप्ति] धर्म की प्ररूपणा ; (उवा)। °पत्तिणी (शौ) स्त्री [°पत्नी] धर्म-पत्नी, स्त्री, भार्या (अभि २२२)। °पिवासय वि [°पिपासक] धर्म के लिए प्यासा ; (भग)। °पिवासिय वि [°पिपासित] धर्म की प्यास वाला; (तंदु)। °पुरिस पुं [°पुरुष] धर्म-प्रवर्तक पुरुष ; (ठा ३, १)। °पलज्जण वि [°प्ररञ्जन] धर्म में आसक्त ; (णाया १, १८)। °प्पवाइ वि [°प्रवादिन्] धर्मोपदेशक ; (आचानि १, ४, २)। °प्पह पुं [°प्रभ] एक जैन आचार्य ; (रयण ५८)। °प्पावाउय वि [°प्रावादुक] धर्म-प्रवाद, धर्मोपदेशक ; (आचानि १, १४, १)। °बुद्धि वि [°बुद्धि] धार्मिक, धर्म-मति ; २ पुं. एक राजा का नाम ; (उप ७२८ टी)। °मित्त पुं [°मित्र] भगवान् पद्मप्रभ का पूर्वभवीय नाम ; (सम १५१)। °य वि [°द] धर्म-दाता, धर्म-देशक ; (सम १)। °रुइ स्त्री [°रुचि] १धर्म-प्रीति; (धर्म २)। २ वि. धर्म में रुचि वाला ; (ठा १०)। ३ पुं. एक जैन मुनि; (विपा १, १; उप ६४८ टी)।४ वाराणसी का एक राजा; (आवम)। °लाभ पुं [°लाभ] १ धर्म की प्राप्ति ; २ जैन साधु द्वारा दिया जाता आशीर्वाद ; (सुर ८, १०६)। °लाभिअ वि [°लाभित] जिसको 'धर्मलाभ' रूप आशीर्वाद दिया गया हो वह; (स ६६)। °लाह देखो °लाभ; (स ३६)। °लाहण न [°लाभन] धर्मलाभ-रूप आशीर्वाद देना; "कयं धम्मलाहणं" (स ४६६)। °लाहिअ देखो लाभिअ ; (स १४८)। °वंत वि [°वत] धर्म वाला; (आचा)। °वय पुं [°व्यय] धर्मार्थ दान, धर्मादा; (सुपा ६१७)। °वि, °विउ वि [°वित्] धर्म का जानकार ; (आचा)। °विज्ज पुं [°वैद्य] धर्माचार्य ; (पंचव १)। °व्वय देखो °वय ; (सुपा ६१७)। °सद्धा स्त्री [°श्रद्धा] धर्म-विश्वास; (उत्त २६)। °सण्णा देखो °सन्ना; (भग ७, ६)। °सत्थ न [°शास्त्र] धर्म-प्रतिपादक शास्त्र ; (दंस ४)। °सन्ना स्त्री [°संज्ञा] १ धर्म-विश्वास ; २ धर्म-बुद्धि ; (पण्ह १, ३)। °सारहि पुं [°सारथि] धर्मरथ का प्रवर्तक, धर्म-देशक; (धण २७; पडि)। °साला स्त्री [°शाला] धर्म-स्थान; (कुप्र ३३)। °सील वि [°शील] धार्मिक, (सूअ २, २)। °सीह पुं [°सिंह] १ भगवान् अभिनन्दन का पूर्वभवीय नाम ; (सम १५१)। २ एक जैन मुनि ; (संथा ६६)। °सेण पुं [°सेन] एक बलदेव का पूर्वभवीय नाम; (सम १५३)। °इगर वि [°दिकर] धर्म का प्रथम प्रवर्तक; २ पुं. जिन-देव; (धर्म २)। °णुट्ठाण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न [°नुष्ठान] धर्म का आचरण; (धर्म १)। °णुण्ण वि [°नुज्ञ] धर्म का अनुमोदन करने वाला ; (सूत्र २, २ ; णाया १, १८)। °णुय वि [°नुग] धर्म का अनुसरण करने वाला ; (औप)। °यरिय पुं [°चार्य] धर्म-दाता गुरु; (सम १२०)। °वाय पुं [°वाद] १ धर्म-चर्चा ; २ बारहवाँ जैन अंग-ग्रन्थ, दृष्टिवाद; (ठा १०)। °हिगरणिय पुं [°धिकरणिक] न्यायाधीश, न्याय-कर्ता; (सुपा ११७)। °हिगारि वि [°धिकारिन्] धर्म-ग्रहण के योग्य; (धर्म १)।

धम्म वि [**धर्म्य**] धर्म-युक्त धर्म-संगत ; " जं पुण तुमं कहेसि तमेव धम्मं " (महानि ४ ; द्र ४१)।

धम्ममण पुं [दे] वृक्ष-विशेष ; (उप १०३१ टी ; पउम ४२, ६)।

धम्ममाण देखो **धम**।

धम्मय पुं [दे] १ चार अंगुल का हस्त-व्रण; २ चण्डी देवी का नर-बलि ; (दे ५, ६३)।

धम्मि वि [**धर्मिन्**] १ धर्म-युक्त, द्रव्य, पदार्थ । २ धार्मिक, धर्म-परायण ; (सुपा २६; ३३६ ; ५०६ ; वज्जा १०६)।

धम्मिअ } वि [**धार्मिक**] १ धर्म-तत्पर, धर्म-परायण; (गा
धम्मिग } १६७ ; उप ८६२ ; पण्ह २, ४)। २ धर्म-सम्बन्धी ; (उप २६४; पंचा ६) । ३ धार्मिक-संबन्धी ;(ठा ३, ४)।

धम्मिट्ठ वि [**धर्मिष्ठ**] अतिशय धार्मिक ; (औप ; सुपा १४०)।

धम्मिट्ठ वि [**धर्मेष्ट**] धर्म-प्रिय; (औप)।

धम्मिट्ठ वि [**धर्मेष्ट**] धार्मिक जन को प्रिय ; (औप)।

धम्मिल्ल } पुंन [**धम्मिल्ल**] १ संयत केश, बँधा हुआ केश;
धम्मेल्ल } (प्राप्र; षड्; संक्षि ३) । २ पुं. एक जैन मुनि ; (आव ६)।

धम्मोसर पुं [**धर्मेश्वर**] अतीत उत्सर्पिणी-काल में भरत-वर्ष में उत्पन्न एक जिन-देव ; (पव ७)।

धम्मुत्तर वि [**धर्मोत्तर**] १ गुणी, गुणों से श्रेष्ठ ; (आचू ५)। २ न. धर्म का प्राधान्य; "धम्मुत्तरं वड्ढउ" (पडि)।

धम्मोवएसग } वि [**धर्मोपदेशक**] धर्म का उपदेश देने
धम्मोवएसय } वाला; (णाया १,१६; सुपा १७२; धर्म२)।

धय सक [**धे**] पान करना, स्तन-पान करना। वकृ—**धयंत**; (सुर १०, ३७)।

धय पुंस्त्री [**ध्वज**] ध्वजा, पताका; (हे २, २७; णाया १, १६ ; पण्ह १, ४; गा ३४)। स्त्री—°**या** ; (पिंग)। °**वड** पुं [°**पट**] ध्वजा का वस्त्र ; (कुमा)।

धय पुं [दे] नर, पुरुष; (दे ५, ५७)।

धयण न [दे] गृह, घर ; (दे ५,५७)।

धयरट्ठ पुं [**धृतराष्ट्र**] हंस पक्षी; (पाअ)।

धर सक [**धृ**] १ धारण करना। २ पकड़ना। धरइ, धरेइ; (हे ४, २३४; ३३६) । कर्म—धरिज्जइ; (पि ५३७)। वकृ—**धरंत, धरमाण**; (सण; भवि; गा ७६१) । कवकृ—**धरंत, धरेंत, धरिज्जंत, धरिज्जमाण**; (से ११, १२७ ; १४, ८१; राज ; पण्ह १, ४ ; औप)। संकृ—**धरिउं**; (कुप्र ७)। कृ—**धरियव्व** ; (सुपा २७२)।

धर सक [**धरय्**] पृथिवी का पालन करना । वकृ—**धरंत**; (सुर २, १३०)।

धर न [दे] तूल, रूई ; (दे ५, ५७)।

धर पुं [**धर**] १ भगवान् पद्मप्रभ का पिता; (सम १५०)। २ मथुरा नगरी का एक राजा ; (णाया १, १६)। ३ पर्वत, पहाड़ ; (से ८, ६३ ; पाअ)।

°**धर** वि [°**धर**] धारण करने वाला ; (कप्प)।

धरग्ग पुं [दे] कपास ; (दे ५, ५८)।

धरण पुं [**धरण**] १ नाग-कुमार देवों का दक्षिण-दिशा का इन्द्र ; (ठा २, ३ ; औप) । २ यदुवंशीय राजा अन्धक-वृष्णि का एक पुत्र ; (अंत ३)। ३ श्रेष्ठि-विशेष ; (उप ७२८ टी ; सुपा ५५६)। ४ न. धारण करना ; (से ३, ३ ; सार्ध ६ ; वज्जा ४८)। ५ सोलह तोले का एक परिमाण ; (जो २)। ६ धरना देना, लङ्घन-पूर्वक उपवेशन ; (पव ३८)। ७ तोलने का साधन; (जा २)। ८ वि. धारण करने वाला ; (कुमा)। °**प्पभ** पुं [°**प्रभ**] धरणेन्द्र का उत्पात-पर्वत ; (ठा १०)।

धरणा स्त्री [**धरणा**] देखो **धारणा**; (णंदि)।

धरणि स्त्री [**धरणि**] १ भूमि, पृथिवी; (औप; कुमा)। २ भगवान् अरनाथ की शासन-देवी ; (संति १०)। ३ भगवान् वासुपूज्य की प्रथम शिष्या ; (सम १५२ ; पव ६)। °**खील** पुं [°**कील**] मेरु पर्वत ; (सुज्ज ५)। °**चर** पुं [°**चर**] मनुष्य ; (पउम १०१, ४७)। °**धर** पुं [°**धर**] १ पर्वत, पहाड़ ; (अजि १७)। २ अयोध्या नगरी का एक सूर्य-वंशीय राजा ; (पउम ५, ५०)। °**धरप्पवर** पुं [°**धरप्रवर**] मेरु पर्वत ; (अजि १५)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

°धरवइ पुं [°धरपति] मेरु पर्वत ; (अजि १७)। °धरा स्त्री [°धरा] भगवान् विमलनाथ की प्रथम शिष्या ; (सम १५२)। °यल न [°तल] भूमि-तल, भू-तल ; (णाया १, २)। °वइ पुं [°पति] भू-पति, राजा ; (सुपा ३३४)। °वट्ठ न [°पृष्ठ] मही-पीठ, भूमि-तल; (महा)। °हर देखो °धर ; (से ६, ३६)।

धरणिंद पुं [धरणेन्द्र] नाग-कुमारों का दक्षिण-दिशा का इन्द्र ; (पउम ५, ३८)।

धरणी देखो धरणि ; (प्रासू २३ ; पि ५३ ; से २, २४; कुप्र २२)।

धरा स्त्री [धरा] पृथिवी, भूमि ; (गउड ; सुपा २०१)। °धर, °हर पुं [°धर] पर्वत, पहाड ; (से६, ७६ ; ३८ ; स २९९ ; ७०३ ; उप ७६८ टी)।

धराविअ वि [धारित] पकड़ा हुआ ; (स २०६ ; सुपा ३२५ ; संक्षि ३४)। २ स्थापित; " धराविय़ं मडयं " (कुप्र १४०)।

धरिअ वि [धृत] १ धारण किया हुआ; (गा१०१ ; सुपा १२२)। २ रोका हुआ ; (स २०६)।

धरिज्जंत, **धरिज्जमाण** } देखो धर=धृ।

धरिणो स्त्री [धरिणी] पृथिवी, भूमि; (पात्र)।

धरिम न [धरिम] १ जो तराजू में तौल कर बेचा जाय वह ; (श्रा १८ ; णाया १, ८)। २ ऋण, करजा; (णाया १, १)। ३ एक तरह का नाप, तौल; (जो २)।

धरियव्व देखो धर=धृ।

धरिस अक [धृष्]१ संहत होना, एकत्रित होना। २ प्रगल्भता करना, धीठाई करना। ३ मिलना, संबद्ध होना। ४ सक. हिंसा करना, मारना। ५ अमर्ष करना, सहन नहीं करना। धरिसइ; (राज)।

धरिसण न [धर्षण] १ परिभव, अभिभव; २ संहति, समूह; ३ अमर्ष, असहिष्णुता; ४ हिंसा ; ५ बन्धन, योजन; (निचू १ ; राज)। ६ प्रगल्भता, धृष्टता, धीठाई ; (औप)।

धरंत देखो धर=धृ।

धव पुं [धव] १ पति, स्वामी ; (णाया १, १ ; वव७)। २ वृक्ष-विशेष ; (पराण १ ; उप १०३१ टी ; औप)।

धवक्क अक [दे] धड़कना, भय से व्याकुल होना, धुकधुकाना। धवक्कइ ; (सण)।

धवक्किय वि [दे] धड़का हुआ, भयसे व्याकुल बना हुआ;(सण)।

धवण न [धावन] धौन, चावल आदि का धावन-जल ; (सूक्त ८९)।

धवल पुं [दे] स्व-जाति में उत्तम ; (दे ५, ५७)।

धवल वि [धवल] १ सफेद, श्वेत ; (पात्र ; सुपा २८५)। २ पुं. उत्तम बैल; (गा ६३८)। ३ पुंन. छन्द-विशेष; (पिंग)। °गिरि पुं [°गिरि] कैलास पर्वत ; (ती ४६)। °गेह न [°गेह] प्रासाद, महल ; (कुमा)। °चंद पुं [°चन्द्र] एक जैन मुनि ; (दं ४७)। °रव पुं [°रव] मंगल-गीत; (सुपा २९५)। °हर न [°गृह] प्रासाद, महल ; (श्रा १२ ; महा)।

धवल सक [धवलय्] सफेद करना। धवलइ; (पि ५५७)। कवकृ—**धवलिज्जंत**; (गउड)।

धवलक्क न [धवलार्क] ग्राम-विशेष, जो आजकल 'धोलका' नाम से गुजरात में प्रसिद्ध है ; (ती ३)।

धवलण न [धवलन] सफेद करना, श्वेती-करण ; (कुमा)।

धवलसउण पुं [दे] हंस ; (दे ५, ५९ ; पात्र)।

धवला स्त्री [धवला] गौ, गैया ; (गा ६३८)।

धवलाअ अक [धवलाय्] सफेद होना। वकृ—**धवलाअंत**; (गा ९)।

धवलाइअ वि [धवलायित] १ उत्तम बैल की तरह जिसने कार्य किया हो वह ; २ न. उत्तम वृषभ की तरह आचरण ; (सार्ध ६)।

धवलिम पुंस्त्री [धवलिमन्] सफेदपन, शुक्लता ; (सुपा ७४)।

धवलिय वि [धवलित] सफेद किया हुआ ; (भवि)।

धवली स्त्री [धवली] उत्तम गौ, श्रेष्ठ गैया; (गउड)।

धव्व पुं [दे] वेग ; (दे ५, ५७)।

धस अक [धस्] १ धसना। २ नीचे जाना। ३ प्रवेश करना। धसइ, धसउ ; (पिंग)।

धस पुं [धस्] 'धस्' ऐसा आवाज, गिरने का आवाज; " धसत्ति महिमंडले पडिओ " (महा ; णाया १, १—पत्र ४७)।

धसक्क पुं [दे] हृदय की घबराहट का आवाज, गुजराती में 'धासको'; "तो जायहिअधसक्का" (श्रा १४; कुप्र४३५)।

धसक्किअ वि [दे] खूब घबड़ाया हुआ; (श्रा १४)।

धसल वि [दे] विस्तीर्ण ; (दे ५, ५८)।

धा सक [धा] धारण करना। धाइ, धाअइ, धाअए ; (षड्)। कर्म—धीयए ; (पिंड)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धा सक [ध्यै] ध्यान करना, चिन्तन करना। धाअंति ; (संक्षि ७६)।

धा सक [धाव्] १ दौड़ना। २ शुद्ध करना, धोना। धाइ, धाअइ ; (हे ४, २४०)। भवि—धाहिइ ; (षड्)।

धाइअ वि [धावित] दौड़ा हुआ; (से ८, ६८ ; भवि)।

धाइअसंड देखो **धायइ-संड**; (महा)।

धाई देखो **धत्ती** ; (हे २, ८१ ; पव ६७)। ४ धाई का काम करने से प्राप्त की हुई भिक्षा ; (ठा ३, ४)। ५ छन्द-विशेष ; (पिंग)। °**पिंड** पुं [°पिण्ड] धाई का काम कर प्राप्त की हुई भिक्षा; (पव ६७)।

धाई देखो **धायई** ; (उप ६४८ टी)।

धाउ पुं [धातु] १ सोना, चाँदी, तांबा, लोहा, राँगा, सीसा और जस्ता ये सात वस्तु; (जी ३)। २ गेरु, मनसिल आदि पदार्थ ; (से ४, ४; पण्ह १,२)। ३ शरीर-धारक वस्तु—कफ, वात, पित्त, रस, रक्त, माँस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्र ; (औप; कुप्र १५८)। ४ पृथिवी, जल, तेज और वायु ये चार महाभूत; (सूअ १,१,१)। ५ व्याकरण-प्रसिद्ध शब्द-योनि, 'भू' 'पच्' आदि; (अणु)। ६ स्वभाव, प्रकृति; (स २४१)। ७ नाट्य-शास्त्र-प्रसिद्ध आलत्तिका-विशेष ; (कुमा २, ६६)। °**य** वि [°ज] १ धातु से उत्पन्न; २ वस्त्र-विशेष ; (पंचभा)। ३ नाम, शब्द ; (अणु)। °**वाइअ** वि [°वादिक] ओषधि आदि के योग से ताम्र आदि का सोना वगैरः बनाने वाला, किमियागर; (कुप्र ३६७)।

धाउ पुं [धातृ] पणपन्नि-नामक व्यन्तर-देवों का एक इन्द्र; (ठा २, ३)।

धाड अक [निर्+सृ] बाहर निकलना। धाडइ ; (हे ४, ७९)।

धाड सक [निर्+सारय्] बाहर निकालना। संकृ—**धाडिऊण** ; (कुप्र ८३)। कवकृ—**धाडिज्जंत** ; (पउम १७, २८ ; ३१, ११६)।

धाड सक [ध्राड्] प्रेरणा करना। २ नाश करना। धाडेंति ; (सूअ १, ४, २)। कवकृ—**धाडीयंत**; (पण्ह १, ३—पत्र ५४)।

धाडण न [ध्राडन] १ प्रेरणा, २ नाश ; (औप)।

धाडाविअ वि [निस्सारित] बाहर निकाला हुआ, निर्वासित; (पउम २२, ८)।

धाडि वि [दे] निरस्त, निराकृत ; (दे ५, ५६)।

धाडिअ वि [निःसृत] बाहर निकला हुआ ; (कुमा)।

धाडिअ पुं [दे] आराम, बगीचा ; (दे ५, ५६)।

धाडिअ वि [निस्सारित] निर्वासित, बाहर निकाला हुआ; (पउम १०१, ६० ; स २६८ ; उप ७२८ टी)।

धाडी स्त्री [धाटी]। १ डाकुओं का दल ; (सुर २, ४; प्रारू)। २ हमला, आक्रमण, धावा ; (कप्पू)।

धाण देखो **धण्ण**=धन्य ; (वज्जा ६०)।

धाणा स्त्री [धाना] धनिया, एक जात का मसाला ; (दे ७, ६६ ; प्रारू)।

धाणुक्क वि [धानुष्क] धनुर्धर, धनुर्विद्या में निपुण ; (उप पृ ८६ ; सुर १३, १६२ ; वेणी ११४; कुप्र ४५२)।

धाणूरिअ न [दे] फल-भेद ; (दे ५, ६०)।

धाम न [धामन्] बल, पराक्रम ; (आरा ६३ ; सण)।

धाय वि [ध्रात] १ तृप्त, संतुष्ट ; (ओघ ७७ भा ; सुर २, ६७)। २ न. सुभिक्ष, सुकाल; (बृह ५)।

धायइ°, **धायई** स्त्री [धातकी] वृक्ष-विशेष, धाय का पेड़ ; (पण्ण १; पउम ५३,७९; ठा २,३; सम १५२)। °**खंड** पुं [°खण्ड] स्वनाम-ख्यात एक द्वीप ; (ठा २, ३; अणु)। °**संड** पुं [°षण्ड] स्वनाम-ख्यात एक द्वीप ; (जीव ३ ; ठा ८ ; इक)।

धार सक [धारय्] १ धारण करना। २ करजा रखना। धारेइ; (महा)। वकृ—**धारंत, धारअंत, धारेमाण, धारयमाण, धारिंत** ; (सुर ३, १८६ ; नाट—विक्र १०६; भग ; सुपा २५४; २६४)। हेकृ—**धारिउं, धारेत्तए, धारित्तए**; (पि ५७३; कस; ठा ५,३)। कृ—**धारणिज्ज, धारणीय, धारेयव्व**; (णाया १, १ ; भग ७, ६; सुर १४,७७; सुपा ४८२)।

धार न [धार] १ धारा-संबन्धी जल; २ वि. धारण करने वाला ; (राज)।

धार वि [दे] लघु, छोटा; (दे ५,५६)।

धारग वि [धारक] धारण करने वाला ; (कप्प ; उप पृ ७५ ; सुपा २५४)।

धारण न [धारण] १ धारने की अवस्था ; २ ग्रहण ; ३ रक्षण, रखना ; ४ परिधान करना; ५ अवलम्बन ; (औप; ठा ३, ३)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धारणा स्त्री [**धारणा**] १ मर्यादा, स्थिति ; (आवम)। २ विषय ग्रहण करने वाली बुद्धि ; (ठा ८; दंस ५)। ३ ज्ञात विषय का अ-विस्मरण; (विसे २९१)। ४ अवधारण, निश्चय; (आवम)। ५ मन की स्थिरता । ६ घर का एक अवयव; (भग ८, २)। °**ववहार** पुं [°**व्यवहार**] व्यवहार-विशेष; (ठा ५, २)।

धारणिज्ज देखो **धार**=धारय्।

धारणी स्त्री [**धारणी**] १ धारण करने वाली ; (औप)। २ ग्यारहवें जिनदेव की प्रथम शिष्या ; (सम १५२)। ३ वसुदेव आदि अनेक राजाओं की रानी का नाम; (अंत; आचू; १ ; विपा २, १ ; णाया १, १)।

धारणीय देखो **धार**=धारय्।

धारय देखो **धारग** ; (ओघ १ ; भवि)।

धारयमाण देखो **धार**=धारय्।

धारा स्त्री [**दे**] रण-मुख, रण-भूमि का अग्रभाग; (दे ५,५९)।

धारा स्त्री [**धारा**] १ अस्त्र के आगे का भाग, धार; (गउड; प्रासू ६२)। २ प्रवाह, प्रणाली ; (महा)। ३ अश्व की गति-विशेष ; (कुमा ; महा)। ४ जल-धारा, पानी की धारा; ५ वर्षा, वृष्टि; ६ द्रव पदार्थों का प्रवाह रूप से पतन ; (गउड)। ७ एक राज-पत्नी ; (आवम)। °**कयंब** पुं [°**कदम्ब**] कदम्ब की एक जाति, जो वर्षा से फलती-फूलती है (कुमा)। °**धर** पुं [°**धर**] मेघ; (सुपा २०१)। °**वारि** न [°**वारि**] धारा से गिरता जल ; (भग १३, ६)। °**वारिय** वि [°**वारिक**] जहाँ धारा से पानी गिरता हो वह ; (भग १३, ६)। °**हय** वि [°**हत**] वर्षा से सिक्त ; (कप्प)। °**हर** देखो °**धर** ; (सुर १३, १९५)।

धारावास पुं [**दे**] १ भेक, मेढ़क ; (दे ५, ६३ ; षड्)। २ मेघ ; (दे ५, ६३)।

धारि वि [**धारिन्**] धारण करने वाला ; (औप ; कप्प)।

धारिंत देखो **धार**=धारय्।

धारिणी देखो **धारणी** ; (औप)।

धारित्तए देखो **धार**=धारय्।

धारिय वि [**धारित**] धारण किया हुआ ; (भवि ; आचा)।

धारी देखो **धत्ती** ; (हे २, ८१)।

धारी देखो **धारा** ; (कुमा)।

धारेत्तए, **धारेयव्व** } देखो **धार**=धारय्।

धाव सक [**धाव्**] १ दौड़ना। २ शुद्ध करना, धोना। धावइ ; (हे ४, २२८ ; २३८)। वकृ—**धावंत, धावमाण**; (प्रासू ८४; महा; कप्प)। संकृ—**धाविऊण**; (महा)।

धावण न [**धावन**] १ वेग से गमन, दौड़ना ; (सूअ १, ७)। २ प्रक्षालन, धोना; (कुप्र १६४)।

धावणय पुं [**धावनक**] दौड़ते हुए समाचार पहुँचाने का काम करने वाला, हरकारा, संदेसिया ; (सुपा १०५ ; २९५)।

धावणया स्त्री [**धान**] स्तन-पान करना ; (उप ८३३)।

धावमाण देखो **धाव**।

धाविअ वि [**धावित**] दौड़ा हुआ ; (भवि)।

धाविर वि [**धावितृ**] दौड़ने वाला ; (सण ; सुपा ५४)।

धावी देखो **धाई**=धात्री ; (उप १३९ टी ; स ६६ ; सुर २, ११२ ; १६, ८८)।

धाहा स्त्री [**दे**] धाह, पुकार, चिल्लाहट ; (पउम ५३, ८८; सुपा ३१७ ; ३४०)।

धाहाविय न [**दे**] धाह, पुकार, चिल्लाहट ; (स ३७० ; सुपा ३८० ; ४६६ ; महा)।

धाहिय वि [**दे**] पलायित, भागा हुआ ; (धम्म ११ टी)।

धि अ [**धिक्**] धिक्कार, छीः ; (रंभा)।

धिइ स्त्री [**धृति**] १ धैर्य, धीरज ; (सूअ १, ८ ; षड्)। २ धारण; (आवम)। ३ धारणा, ज्ञात विषय का अ-विस्मरण; (विसे)। ४ धरण, अवस्थान ; (सूअ १, ११)। ५ अहिंसा; (पण्ह २, १)। ६ धैर्य की अधिष्ठायिका देवी ; ७ देवी की प्रतिमा-विशेष ; (राज ; णाया १, १ टी—पत्र ४३)। ८ तिगिच्छि-द्रह की अधिष्ठायिका देवी ; (इक ; ठा २३)। °**कूड** न [°**कूट**] धृति-देवी का अधिष्ठित शिखर-विशेष; (जं ४)। °**धर** पुं [°**धर**] १ एक अन्तकृद् महर्षि; २ 'अंतगड-दसा' सूत्र का एक अध्ययन; (अंत १८)। °**म**, °**मंत** वि [°**मत्**] धीरज वाला ; (ठा ८ ; पण्ह२, ४)।

धिक्कय वि [**धिक्कृत**] १ धिक्कारा हुआ ; (वव १)। २ न. धिक्कार, तिरस्कार; (बृह ६)।

धिक्करण न [**धिक्करण**] तिरस्कार, धिक्कार ; (गाया १, १६)।

धिक्करिअ वि [**धिक्कृत**] धिक्कारा हुआ; (कुप्र १५७)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धिक्कार पुं [धिक्कार] १ धिक्कार, तिरस्कार ; (पण्ह १, ३; द्र २६)। २ युगलिक मनुष्यों के समय की एक दण्ड-नीति ; (ठा ७—पत्र ३६८)।

धिक्कार सक [धिक्+कारय्] धिक्कारना, तिरस्कार करना। कवकृ—**धिक्कारिज्जमाण** ; (पि ५६३)।

धिज्ज न [धैर्य] धीरज, धृति ; (हे २, ६४)।

धिज्ज वि [धेय] धारण करने योग्य ; (णाया १, १)।

धिज्ज वि [ध्येय] ध्यान-योग्य, चिन्तनीय ;(णाया१, १)।

धिज्जाइ पुंस्त्री [द्विजाति, धिग्जाति] ब्राह्मण, विप्र। स्त्री—"तत्थ भद्दा नाम **धिज्जाइणी**" (आवम)।

धिज्जाइय, **धिज्जाईय** पुंस्त्री [द्विजातिक, धिग्जातीय] ब्राह्मण, विप्र ; (महा ; उप १२६ ; आव ३)।

धिज्जीविय न [धिग्जीवित] निन्दनीय जीवन ; (सूत्र २, २)।

धिट्ठ वि [धृष्ट] धीठ, प्रगल्भ ; २ निर्लज्ज, बेशरम ; (हे १, १३० ; सुर २, ६ ; गा ६२७ ; श्रा १४)।

धिट्ठज्जुण्ण देखो **धट्ठज्जुण्ण** ; (पि २७८)।

धिट्ठिम पुंस्त्री [धृष्टत्व] धृष्टता, धीठाई ; (सुपा १२०)।

धिद्धी, **धिधी** अ [धिक् धिक्] छीः छीः ; (उव; वे ६१; रंभा)।

धिप्प अक [दीप्] दीपना, चमकना। धिप्पइ ; (हे १, २२३)।

धिप्पिर वि [दीप्र] देदीप्यमान, चमकीला ; (कुमा)।

धिय अ [धिक्] धिक्कार, छीः ; "वेइ गिरं धिय मुंडिय" (उप ६३४)।

धिरत्थु अ [धिगस्तु] धिक्कार हो ; (णाया १, १६ ; महा; प्रारू)।

धिसण पुं [धिषण] बृहस्पति, सुर-गुरु ; (पाअ)।

धिसि अ [धिक्] धिक्कार, छीः ; (सुपा ३६५ ; सण)।

धी स्त्री [धी] बुद्धि, मति; (पाअ; णाया १,१६; कुप्र ११६; २४७; प्रासू २०)। °**धण** वि [°धन] १ बुद्धिमान्, विद्वान् ; २ पुं. एक मन्त्री का नाम; (उप ७६८ टी)। °**म, °मंत** वि [°मत्] बुद्धिशाली, विद्वान् ; (उप७२८ टी; कप्प; राज)।

धी अ [धिक्] धिक्कार, छीः ; (उव; वे ५५)।

धीआ स्त्री [दुहितृ] लड़की, पुत्री ; (मृच्छ १०६ ; पि ३६२ ; महा ; भवि ; पच्च ४२)।

धीउल्लिया स्त्री [दे] पुतली ; (स ७३७)।

धीर अक [धीरय्] १ धीरज धरना। २ सक. धीरज देना, आश्वासन देना। धीरेंति ; (गउड)।

धीर वि [धीर] १ धैर्य वाला, सुस्थिर, अ-चञ्चल ; (से ४, ३० ; गा ३६७ ; ठा ४, २)। २ बुद्धिमान्, पण्डित, विद्वान् ; (उप ७६८ टी ; धर्म २)। ३ विवेकी, शिष्ट ; (सूत्र १, ७)। ४ सहिष्णु; (सूत्र १, ३, ४)। ५ पुं. परमेश्वर, परमात्मा, जिन-देव; ६ गणधर-देव; (आचा; आव ४)।

धीर न [धैर्य] धीरज, धीरता ; (हे २, ६४; कुमा)।

धीरव सक [धीरय्] सान्त्वन करना, दिलासा देना। कर्म—धीरविज्जंति ; (कुप्र २७३)।

धीरवण न [धीरण] धीरज देना, सान्त्वन ; (वव १)।

धीरविय वि [धीरित] जिसको सान्त्वन दिया गया हो वह, आश्वासित ; (स ६०४)।

धीराअ अक [धीराय्] धीर होना, धीरज धरना। वकृ—**धीराअंत** ; (से १२, ७०)।

धीराविअ देखो **धीरविय** ; (पि ५५६)।

धीरिअ देखो **धीर=धैर्य** ; (हे २, १०७)।

धीरिअ देखो **धीरविय** ; (भवि)।

धीरिम पुंस्त्री [धीरत्व] धैर्य, धीरज; (उप पृ ६३; सुपा १०६ ; भवि; कुप्र १५०)।

धीवर पुं [धीवर] १ मच्छीमार, जालजीवी; (कुमा; कुप्र २४७)। २ वि. उत्तम बुद्धि वाला; (उप ७६८ टी ; कुप्र २४७)।

धुअ देखो **धुव**=धाव्। धुअइ; (गा १३०)।

धुअ सक [धु] १ कँपाना। २ फेंकना। ३त्याग करना। वकृ—**धुअमाण** ; (से १४, ६६)।

धुअ देखो **धुव** = **ध्रुव**; (भवि)। छन्द-विशेष ; (पिंग)।

धुअ वि [धुत] १ कम्पित ; (गा ७८ ; दे १, १७३)। २ त्यक्त ; (औप)। ३ उच्छलित ; (से ४, ४)। ४ न. कर्म ; (सूत्र २, २)। ५ मोक्ष, मुक्ति; (सूत्र १, ७)। ६ त्याग, संग-त्याग, संयम ; (सूत्र १, २, २ ; आचा)। °**वाय** पुं [°वाद] कर्म-नाश का उपदेश ; (आचा)।

धुअगाय पुं [दे] भ्रमर, भमरा ; (दे ५, ५७ ; पाअ)।

धुअराय पुं [दे] ऊपर देखो ; (षड्)।

धुंधुमार पुं [धुन्धुमार] नृप-विशेष ; (कुप्र २६३)।

धुंधुमारा स्त्री [दे] इन्द्राणी, शची ; (दे ५, ६०)।

धुक्काधुक्क अक [कम्प्] काँपना, धुक् धुक् होना। धुक्काधुक्कइ ; (गा ५८३)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धुक्कुद्धुअ } वि [दे] उल्लसित, उल्लास-युक्त ; (दे
धुक्कुद्धुगिअ } ५, ६०)।

धुक्कुधुअ देखो **धुक्काधुक्क**। वक्ृ—**धुक्कुधुअंत** ; (भवि)।

धुक्कोडिअ न [दे] संशय, संदेह ; (वज्जा ६०)।

धुगुधुग अक [धुगधुगाय्] धुग् धुग् आवाज करना। वकृ—**धुगुधुगंत** ; (पराह १, ३—पत्र४५)।

धुट्ठुअ देखो **धुद्धुअ**। धुट्ठुअइ ; (हे ४, ३९५)।

धुण सक [धू] १ कँपाना, हिलाना। २ दूर करना, हटाना। ३ नाश करना। धुणइ, धुणाइ ; (हे ४, ५९ ; आचा ; पि १२०)। कर्म—धुव्वइ, धुणिज्जइ ; (हे४, २४२)। वकृ—**धुणंत** ; (सुपा १८५)। संकृ—**धुणिऊण, धुणिया, धुणेऊण** ; (षड् ; दस ६, ३)। हेकृ—**धुणित्तए** ; (सूअ १, २, २)। कृ—**धुणेज्ज** ; (आचू १)।

धुणण न [धूनन] १ अपनयन ; २ परित्याग ; (राज)।

धुणणा स्त्री [धूनन] कम्पन ; (ओघ १६५ भा)।

धुणाव सक [धूनय्] कँपाना, हिलाना। धुणावइ; (वज्जा६)।

धुणाविअ वि [धूनित] कँपाया हुआ ; (उप ७६८ टी)।

धुणि देखो **झुणि** ; (षड्)।

धुणिऊण } देखो **धुण**।
धुणित्तए }

धुणिय वि [धूत] कम्पित, हिलाया हुआ ; "मत्थयं धुणियं" (सुपा ३२० ; २०१)।

धुणिया } देखो **धुण**।
धुणेज्ज }

धुण्ण वि [धाव्य] १ दूर करने योग्य ; २ न. पाप ; ३ कर्म ; (दस ६, १ ; दसा ६)।

धुत्त वि [धूर्त] १ ठग, वञ्चक, प्रतारक ; (प्रासू ४० ; श्रा १२)। २ जूआ खेलने वाला; ३ पुं. धतूरे का पेड़ ; ४ लोहे का काट; ५ लवण-विशेष, एक प्रकार का नोन ; (हे २, ३०)।

धुत्त वि [दे] १ विस्तीर्ण ; (दे ५, ५८)। २ आक्रान्त; (षड्)।

धुत्त } सक [धूर्तय्] ठगना। धुत्तारसि ; (सुपा११४)।
धुत्तार } वकृ—**धुत्तयंत** ; (श्रा १२)।

धुत्तारिअ वि [धूर्तित] ठगा हुआ, वञ्चित; (उप७२८टी)।

धुत्ति स्त्री [धूर्त्ति] जरा, बुढ़ापा ; (राज)।

धुत्तिअ वि [धूर्तित] वञ्चित, प्रतारित ; (सुपा ३२४ ; श्रा १२)।

धुत्तिम पुंस्त्री [धूर्तत्व] धूर्तता, धूर्तपन, ठगाई ; (हे१, ३५; कुमा ; श्रा १२)।

धुत्ती स्त्री [धूर्ता] धूर्त स्त्री; (वज्जा १०६)।

धुत्तीरय न [धत्तूरक] धतूरे का पुष्प; (वज्जा १०६)।

धुद्धुअ (अप) अक [शब्दाय्] आवाज करना। धुद्धुअइ; (हे ४, ३९५)।

धुम्म पुं [धूम्र] १ धूम, धूँआ। २ वर्ण-विशेष, कपोत-वर्ण; ३ वि. कपोत वर्ण वाला। °क्ख पुं [°ाक्ष] एक राक्षस ; (से १२, ६०)।

धुर न. देखो **धुरा** ; (उप पृ ६३)।

धुर पुं [धुर] १ ज्योतिष्क ग्रह-विशेष ; (ठा २, ३)। २ कर्जदार, ऋणी; "जस्स कलसम्मि वहियाखंडाइं तस्स धुरधणं लब्भं, पुणरवि देउं धुराणं" (सुपा ४२६)।

धुरंधर वि [धुरन्धर] १ भार को वहन करने में समर्थ, किसी कार्य को पार पहुँचाने में शक्तिमान्, भार-वाहक; (से ३, ३६)। २ नेता, मुखिया, अगुआ ; (सरा ; उत्तर२०)। ३ पुं. गाड़ी, हल आदि खींचने वाला बैल ; (दे ८, ४४)।

धुरा स्त्री [धुर्] १ गाड़ी वगैरः का अग्र भाग, धुरी ; (उव)। २ भार, बोझा ; ३ चिन्ता ; (हे १, १६)। °धार वि [°धार] धुरा को वहन करने वाला, धुरन्धर ; (पउम ७, १७१)।

धुरी स्त्री [धुरी] अक्ष, धुरा, गाड़ी का जूआ ; (अणु)।

धुव सक [धाव्] धोना, शुद्ध करना। धुवइ, धुवंति ; (हे ४, २३८ ; गा ४३३ ; पिंड२८)। वकृ—**धुवंत** ; (से ८, १०२)। कवकृ—**धुव्वंत, धुव्वमाण** ; (गा ५६३ ; से ६, ४५ ; वज्जा २४ ; पि ५३८)।

धुव सक [धू] कँपाना, हिलाना। धुवइ ; (हे४, ५६ ; षड्)। कर्म—**धुव्वइ**; (कुमा)। कवकृ—**धुव्वंत**; (कुमा)।

धुव वि [ध्रुव] १ निश्चल, स्थिर ; (जीव३)। २ नित्य, शाश्वत, सर्वदा-स्थायी ; (ठा५, ३; सूअ२, ४)। ३ अवश्य-भावी ; (सूअ २, १)। ४ निश्चित, नियत ; (आचा)। ५ पुं. अश्व के शरीर का आवर्त ; (कुमा)। ६ मोक्ष, मुक्ति ; ७ संयम, इन्द्रियादि-निग्रह; (सूअ १, ४, १)। ८ संसार; (अणु)। ९ न. मुक्ति का कारण, मोक्ष-मार्ग ; (आचा)। १० कर्म ; (अणु)। ११ अत्यन्त, अतिशय; "धुवमोगिएहइ"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ठा६)। °**कम्मिय** पुं [°**कर्मिक**] लोहार आदि शिल्पी; (वव१)। °**चारि** वि [°**चारिन्**] मुमुक्षु, मुक्ति का अभिलाषी ; (आचा)। °**णिग्गह** पुं [°**निग्रह**] आवश्यक, अवश्य करने योग्य अनुष्ठान-विशेष ; (अणु)। °**मग्ग** पुं [°**मार्ग**] मुक्ति-मार्ग, मोक्ष-मार्ग ; (सूअ १, ४, १)। °**राहु** पुं [°**राहु**] राहु-विशेष ; (सम २६)। °**वण्ण** पुं [°**वर्ण**] १ संयम ; २ मोक्ष, मुक्ति ; ३ शाश्वत यश ; (आचा)। देखो **धुअ**=ध्रुव ।

धुवण न [**धावन**] १ प्रक्षालन ; (ओघ ७२ ; ३४७ ; स २७२)। २ वि. कँपाने वाला, हिलाने वाला। स्त्री—°**णी** ; (कुमा)।

धुव्व देखो **धुव**=धाव् । धुव्वइ ; (संक्षि ३६)।

धुव्वंत देखो **धव**=धू ।

धुव्वंत } देखो **धुव**=धाव् ।
धुव्वमाण }

धुहअ वि [**दे**] पुरस्कृत, आगे किया हुआ ; (षड्)।

धूअ वि [**धूत**] देखो **धुअ**=धुत ; (आचा ; दस ३,१३ ; पि ३१२ ; ३६२ ; सूअ १, ४, २)।

धूअ देखो **धूव**=धूप ; (सुपा ६५७)।

धूआ स्त्री [**दुहितृ**] लड़की, पुत्री ; (हे २, १२६ ; प्रासू ६४)।

धूण पुं [**दे**] गज, हाथी ; (दे ५, ६०)।

धूणिय वि [**धूनित**] कम्पित ; (कुप्र ६८)।

धूम पुं [**धूम**] १ धूम, धूँआ, अग्नि-चिन्ह; (गउड)। २ द्वेष , अ-प्रीति ; (पगह २, १)। °**इंगाल** पुं. व. [°**ङ्गार**] द्वेष और राग; (ओघ २८८ भा)। °**केउ** पुं [°**केतु**] १ ज्योतिष्क ग्रह-विशेष ; (ठा २, ३ ; पगह १, ५ ; औप)। २ वन्हि, अग्नि, आग ; (उत्त२२)। ३ अशुभ उत्पात का सूचक तारा-पुन्ज; (गउड)। °**चारण** पुं [°**चारण**] धूम के अवलम्बन से आकाश में गमन करने की शक्ति वाला मुनि-विशेष ; (गच्छ २)। °**जोणि** पुं [°**योनि**] बादल, मेघ; (पाअ)। °**ज्झय** देखो °**द्धय**; (राज)। °**दोस** पुं [°**दोष**] भिक्षा का एक दोष, द्वेष से भोजन करना ; (आचा २, १, ३)। °**द्धय** पुं [°**ध्वज**] वह्नि, अग्नि ; (पाअ ; उप १०३१ टी)। °**प्पभा**, °**प्पहा** स्त्री [°**प्रभा**] पाचवीं नरक-पृथिवी ; (ठा ७ ; प्राकृ)। °**ल** वि [°**ल**] धूँआ वाला; (उप २६४ टी)। °**वडल** पुंन [°**पटल**] धूम-समूह; (हे २, १६८)। °**वण्ण** वि [°**वर्ण**] पाराडुर वर्ण वाला; (णाया १, १७)। °**सिहा** स्त्री [°**शिखा**] धूँए का अग्र भाग; (ठा४, २)।

धूमंग पुं [**दे**] भ्रमर, भमरा ; (दे ५, ५७)।

धूमण न [**धूमन**] धूम-पान ; (सूअ २, १)।

धूमद्दार न [**दे**] गवाक्ष, वातायन ; (दे ५, ६१)।

धूमद्धय पुं [**दे**] १ तड़ाग, तलाव ; २ महिष, भैंसा ; (दे ५, ६३)।

धूमद्धयमहिसी स्त्री.व. [**दे**] कृत्तिका नक्षत्र ; (दे ५, ६२)।

धूमपलियाम वि [**दे**] गर्त में डाल कर आग लगाने पर भी जो कच्चा रह जाय वह ; (निचू १५)।

धूममहिसी स्त्री [**दे**] नीहार, कुहरा, कुहासा ; (दे ५, ६१ ; पाअ)।

धूमरी स्त्री [**दे**] १ नीहार, कुहासा ; (दे ५, ६१)। २ तुहिन, हिम ; (षड्)।

धूमसिहा } स्त्री [**दे**] नीहार, कुहासा ; (दे ५, ६१ ;
धूमा } ठा १०)।

धूमाअ अक [**धूमाय्**] १ धूँआ करना । २ जलाना। ३ धूम की तरह आचरना । धूमाअंति ; (से ८, १६ ; गउड)। वकृ—**धूमायंत** ; (गउड ; से १, ८)।

धूमाभा स्त्री [**धूमाभा**] पाँचवीं नरक-पृथिवी ; (पउम ७५, ४७)।

धूमिअ वि [**धूमित**] १ धूम-युक्त ; (पिंड)। २ छौंका हुआ (शाक आदि) ; (दे ६, ८८)।

धूमिआ स्त्री [**दे**] नीहार, कुहासा ; (दे ५, ६१ ; पाअ ; ठा १० ; भग ३, ७ ; अणु)।

धूरिअ वि [**दे**] दीर्घ, लम्बा ; (दे ५, ६२)।

धूरिअवट्ट पुं [**दे**] अश्व, घोड़ा ; (दे ५, ६१)।

धूलडिआ (अप) देखो **धूलि** ; (हे ४, ४३२)।

धूलि } स्त्री [**धूलि**, °**ली**] धूल, रज, रेणु ; (गउड ;
धूली } प्रासू २८ ; ८४)। °**कंब**, °**कलंब** पुं [°**कदम्ब**] ग्रीष्म ऋतु में विकसने वाला कदम्ब-वृक्ष ; (कुमा)। °**जंघ** वि [°**जङ्घ**] जिसके पाँव में धूल लगी हो वह ; (वव १०)। °**धूसर** वि [°**धूसर**] धूल से लिप्त ; (गा ७७४ ; ८२६)। °**धोउ** वि [°**धोतृ**] धूल को साफ करने वाला ; (सुपा ३३६)। °**पंथ** पुं [°**पथ**] धूलि-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बहुल मार्ग ; (ओघ २४ टी)। °वरिस पुं [°वर्ष] धूल की वर्षा ; (आवम)। °हर न [°गृह] वर्षा ऋतु में लड़के लोग जो धूल का घर बनाते हैं वह; (उप ५६७ टी)।

धूलीवट्ट पुं [दे] अश्व, घोड़ा ; (दे ५, ६१)।

धूव सक [धूपय्] धूप करना । धूवेज्ज ; (आचा २, १३)। वकृ—**धूवेंत** ; (पि ३६७)।

धूव पुं [धूप] १ सुगन्धि द्रव्य से उत्पन्न धूम ; २ सुगन्धि द्रव्य-विशेष, जो देव-पूजा आदि में जलाया जाता है ; (णाया १, १ ; सुर ३, ६५)। °घडी स्त्री [°घटी] धूप-पात्र, धूप से भरी हुई कलशी ; (जं १)। °जंत न [°यन्त्र] धूप-पात्र ; (दे ३, ३५)।

धूवण न [धूपन] १ धूप देना; २ धूम-पान, रोग की निवृत्ति के लिए किया जाता धूम का पान; "धूवणे त्ति वमणे य वत्थीकम्मविरेयणे" (दस ३, ६)। °वट्टि स्त्री [°वर्त्ति] धूप की बनी हुई वर्तिका, अगरबत्ती ; (कप्पू)।

धूविअ वि [धूपित] १ तापित , गरम किया हुआ ; २ हिंग आदि से छोंका हुआ ; (चारु ६)। ३ धूप दिया हुआ ; (औप ; गच्छ १)।

धूसर पुं [धूसर]:१ हलका पीला रंग, ईषत् पाण्डु वर्ण; २ वि. धूसर रंग वाला, ईषत् पाण्डु वर्ण वाला ; (प्रासू ८४ ; गा ७७४ ; से ६, ८२)।

धूसरिअ वि [धूसरित] धूसर वर्ण वाला ; (पाअ ; भवि)।

धे सक [धा] धारण करना । धेइ ; (संक्षि ३३)। "धेहि धीरत्तं" (कुप्र १००)।

धेअ } वि [ध्येय] ध्यान-योग्य ; (अजि १४ ; णाया
धेज्ज } १, १)।

धेज्ज वि [धेय] धारण करने योग्य ; (णाया १, १)।

धेज्ज न [धैर्य] धीरज, धीरता ; (पण्ह २, २)।

धेणु स्त्री [धेनु] १ नव-प्रसुता गौ ; २ सवत्सा गौ ; ३ दुधार गाय ; (हे ३, २६; चंड)।

धेर देखो **धीर**=धैर्य ; (विक्र १७)।

धेवय पुं [धैवत] स्वर-विशेष ; "धेवयस्सरसंपण्णा भवंति कलहप्पिया" (ठा ७—पत्र ३६३)।

धोअ सक [धाव्] धोना, शुद्ध करना, पखारना । धोएज्जा ; (आचा)। वकृ—**धोयंत** ; (सुपा ८५)।

धोअ वि [धौत] धोया हुआ , प्रक्षालित ; (से १, २५; ७, २० ; गा ३६६)।

धोअग वि [धावक] १ धोने वाला ; २ पुं. धोबी ; (उप पृ ३३३)

धोअण वि [धावन] धोना, प्रक्षालन ; (श्रा २० ; रयण १८ ; ओघ ३४७)।

धोइअ देखो **धोअ**=धौत ; (गा १८)।

धोज्ज वि [धुर्य]१ धुरीण, भार-वाहक ; २ अगुआ, नेता, धुरन्धर ; (वव १)।

धोरण न [दे] गति-चातुर्य ; (औप)।

धोरणि } स्त्री [धोरणि, °णी] पङ्क्ति, कतार ; (सुपा
धोरणी } ४६ ; भवि ; षड्)।

धोरिय देखो **धोज्ज** ; (सुपा २८२)।

धोरुगिणी स्त्री [धोरुकिनिका] देश-विशेष में उत्पन्न स्त्री; (णाया १, १—पत्र ३७);

धोरेय वि [धौरेय] देखो **धोज्ज**; (सुपा ६५०)।

धोव देखो **धोअ**=धाव् । धोवइ ; (स १५७ ; पि ७८)। धोवेज्जा ; (आचा)। वकृ—**धोवंत**; (भवि)। कवकृ—**धोव्वंत, धोव्वमाण**; (पउम १०, ४४ ; णाया १, ८)। कृ—**धोवणिय** ; (णाया १, १६)।

धोवय देखो **धोवग** ; (दे ८, ३६)।

ध्रुवु (अप) अ [ध्रुवम्] अटल, स्थिर; (हे ४,४१८)।

इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि धआराइ-
सद्दसंकलणो छव्वीसइमो तरंगो समत्तो ।

—०—

न देखो ण[1] ।

१ प्राकृत भाषा में नकारादि सब शब्द णकारादि होते हैं, अर्थात् आदि के नकार के स्थान में नित्य या विकल्प से 'ण' होनेका व्याकरणों का सामान्य नियम है ; (प्राप्र २,४२ ; दे ५, ६३ टी ; हे १ , २२६ ; षड् १ , ३ , ५३), और प्राकृत-साहित्य-ग्रन्थों में दोनों तरह के प्रयोग पाये जाते हैं । इससे ऐसे सब शब्द णकार के प्रकरण में आ जाने से यहाँ पर पुनरावृत्ति कर व्यर्थ में पुस्तक का कलेवर बढ़ाना उचित नहीं समझा गया है । पाठकगण णकार के प्रकरण में आदि के 'ण' के स्थान में सर्वत्र 'न' समझ लें । यही कारण है कि नकारादि शब्दों के भी प्रमाण णकारादि शब्दों में ही दिये गये हैं ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

પં. શ્રી ચન્દ્રસાગર
નં.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

PĀIA-SADDA-MAHAṆṆAVO

A COMPREHENSIVE PRAKRIT HINDI DICTIONARY

with Sanskrit equivalents, quotations

AND

complete references.

:o:

Vol. III.

:o:

BY

PANDIT HARGOVIND DAS T. SHETH, Nyaya-Vyakarana-tirtha,

Lecturer in Prakrit, Calcutta University.

CALCUTTA

:o:

FIRST EDITION

:o:

[All rights reserved]

:o:

1925.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Printed by GANESH PERSHAD, at tae Shrf Raja Ram Press, 20, Armanian Street,
and Pnblished by Pandit HARGOVIND DAS T. SHETH. 26, Zakariah Street, Calcutta.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रमाणग्रन्थों (रेफरन्सेज़) की सूची का क्रोड़पत्र ।

संकेत ।	ग्रन्थ का नाम ।	संस्करण आदि ।		जिसके अंक दिये गये हैं वह ।
अज्झ	= अध्यात्ममतपरीक्षा	१ भीमसिंह माणक, संवत् १९३३	...	गाथा
		२ जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर	...	„
आत्म	= आत्मसंबोधकुलक	†हस्तलिखित	...	„
आत्महि	= आत्महितोपदेशकुलक	„	...	„
आत्मानु	= आत्मानुशास्तिकुलक	„	...	„
उत्त	= उत्तराध्ययन सूत्र	‡३ हस्तलिखित	...	अध्ययन, गाथा
उपपं	= उपदेशपंचाशिका	†हस्तलिखित	...	गाथा
उवकु	= उपदेशकुलक	„	...	„
कम्म ५	= कर्मग्रन्थ पाँचवाँ	२जैनधर्म प्रसारक सभा, भावनगर. संवत् १९६८		„
कम्म ६	= कर्मग्रन्थ छठवाँ	„		„
कप्पूर	= कर्पूरचरित (भाण)	गायकवाड़ ओरिएन्टल् सिरिज़, नं० ८. १९१८		पृष्ठ
कर्म	= कर्मकुलक	†हस्तलिखित	...	गाथा
किरात	= किरातार्जुनीय (व्यायोग)	गायकवाड़ ओरिएन्टल् सिरिज़, नं० ८. १९१८	...	पृष्ठ
कुलक	= कुलकसंग्रह	जैन श्रेयस्कर मंडल, म्हेसाणा. १९१४	...	„
खा	= खामणाकुलक	†हस्तलिखित	...	गाथा
गच्छा	= गच्छाचारपयन्नो	१ चंदुलाल मोहोलाल कोठारी, अहमदाबाद. संवत् १९८०		अधिकार०
		२ शेठ जमनाभाई भगुभाई, अहमदाबाद. १९२४	...	„
चेइय	= चेइयवंदणमहाभास	जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर. संवत् १९७७		गाथा
जीवस	= जीवसमासप्रकरण	†हस्तलिखित	...	„
तंदु	= तंदुवेयालियपयन्नो	२ दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई. १९२२	...	पत्र
त्रि	= त्रिपुरदाह (डिम)	गायकवाड़ ओरिएन्टल् सिरिज़, नं० ८. १९१८		पृष्ठ
देवेन्द्र	= देवेन्द्रनरकेन्द्रप्रकरण	जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर. १९२२	...	गाथा
द्रव्य	= द्रव्यसंग्रह	जैन-ग्रन्थ-रत्नाकर-कार्यालय, बम्बई. १९०६	...	„
धम्मो	= धम्मोवएसकुलक	†हस्तलिखित	...	„
धर्मवि	= धर्मविधिप्रकरण सटीक	जेसंगभाई छोटालाल सुतरीया, अहमदाबाद. १९२४		पत्र
धर्मसं	= धर्मसंग्रहणी	दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई. १९१६-१८		गाथा
धात्वा	= प्राकृतधात्वादेश	एसियाटिक सोसाइटी ओफ बेंगाल, १९२४	...	पृष्ठ
निसा	= निशाविरामकुलक	†हस्तलिखित		गाथा
पव	= प्रवचनसारोद्धार	२ दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई. १९२२—२५		+द्वार
पार्थ	= पार्थपराक्रम	गायकवाड़ ओरिएन्टल् सिरिज़, नं० ४. १९१७		पृष्ठ
पिंड	= पिण्डनिर्युक्ति	२ दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई. १९२२	...	गाथा
पिंडभा	= पिण्डनिर्युक्तिभाष्य	„	...	„

† श्रद्धेय श्रीयुत केशवलालभाई प्रेमचंद मोदी, बी. ए., एल्-एल्. बी. से प्राप्त ।

‡ सुखबोधा-नामक प्राकृत-बहुल टीका से विभूषित यह उत्तराध्ययन सूत्र की हस्तलिखित प्रति आचार्य श्रीविजयमेघसूरिजी के भंडार से श्रद्धेय श्रीयुत के० प्रे० मोदी द्वारा प्राप्त हुई थी। इस प्रति के पत्र १८६ हैं ।

+ द्वार-प्रारम्भ के पूर्व के प्रस्ताव के लिये 'पव' के बाद केवल गाथा के अंक दिए गए हैं ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संकेत।	ग्रन्थ का नाम।	संस्करण आदि।		जिसके अंक दिये गये हैं वह।
प्रवि	= प्रव्रज्याविधानकुलक	†हस्तलिखित		गाथा
प्राकृ	= प्राकृतसर्वस्व (मार्कण्डेय-कृत)	विझागापटम्		पृष्ठ
भवि	= भविसयत्त कहा	*२ गायकवाड़ ओरिएन्टल् सिरिज़, १९२३	...	
मंगल	= मंगलकुलक	†हस्तलिखित	...	गाथा
मन	= मनोनिग्रहभावना	,,	...	,,
मोह	= मोहराजपराजय	गायकवाड़ ओरिएन्टल् सिरिज़, नं० ६, १९१८		पृष्ठ
यति	= यतिशिक्षापंचाशिका	†हस्तलिखित	...	गाथा
रत्न	= रत्नत्रयकुलक	,,	...	,,
रुक्मि	= रुक्मिणीहरण (ईहामृग)	गायकवाड़ ओरिएन्टल् सिरिज़, नं० ८, १९१८		पृष्ठ
वि	= विषयत्यागोपदेशकुलक	†हस्तलिखित	...	गाथा
विचार	= विचारसार प्रकरण	आगमोदय समिति, बम्बई, १९२३	...	,,
श्रावक	= श्रावकप्रज्ञप्ति	श्रीयुत केशवलाल प्रेमचंद संपादित, १९०५	...	गाथा
श्रु	= श्रुतास्वाद	†हस्तलिखित	...	,,
संबोध	= संबोधप्रकरण	जैन-ग्रन्थ-प्रकाशक सभा, अहमदाबाद, १९१६	...	पत्र
संवे	= संवेगचूलिकाकुलक	†हस्तलिखित	...	गाथा
संवेग	= संवेगमंजरी	,,	...	,,
सट्ठि	= सट्ठिसयपयरण सटीक	सत्यविजय जैन ग्रन्थमाला, नं० ६, अहमदाबाद, १९२५		,,
समु	= समुद्रमथन (समवकार)	गायकवाड़ ओरिएन्टल् सिरिज़, नं० ८, १९१८		पृष्ठ
सम्मत्त	= सम्यक्त्वसप्तति सटीक	दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९१६	...	पत्र
सम्यक्त्वो	= सम्यक्त्वोत्पादविधिकुलक	†हस्तलिखित	...	गाथा
सा	= सामान्यगुणोपदेशकुलक	,,	...	,,
सिक्खा	= शिक्षाशतक	,,	...	,,
सिरि	= सिरिसिरिवालकहा	दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९२३	...	,,
सुख	= सुखबोधा टीका (उत्तराध्ययनस्य)	‡हस्तलिखित	...	अध्ययन, गाथा
सूअनि	= सूत्रकृतांगनिर्युक्ति	१ आगमोदय समिति, बम्बई, संवत् १९७३	...	गाथा
		२ भीमसिंह माणक, बम्बई, संवत् १९३६	...	,,
हम्मीर	= हम्मीरमदमर्दन	गायकवाड़ ओरिएन्टल् सिरिज़, नं० १०, १९२०		पृष्ठ
हास्य	= हास्यचूडामणि (प्रहसन)	,,	...	,,
हि	= हितोपदेशकुलक	†हस्तलिखित	...	गाथा
हित	= हितोपदेशसारकुलक	,,		,,

† श्रद्धेय श्रीयुत के० प्रे० मोदी से प्राप्त।

‡ देखो 'उत्त' के नीचे की टिप्पनी।

श्री ... नं.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प

प पुं [**प**] १ ओष्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष ; (प्राप)। २ पाप-त्याग ; " पत्ति य पाववज्जणे " (आवम)।

प अ [**प्र**] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;—१ प्रकर्ष ; जैसे—' पओस ' (से २, ११)। २ प्रारम्भ ; जैसे—' पक्कमिम ', ' पकरेइ ' (जं १ ; भग १,१)। ३ उत्पत्ति ; ४ ख्याति, प्रसिद्धि ; ५ व्यवहार ; ६ चारों ओर से ; (निचू १ ; हे २, २१७)। ७ प्रस्रवण, मूल ; (विसे ७८१)। ८ फिर फिर ; (निचू ३ ; १७)। ९ गुजरा हुआ, विनष्ट ; जैसे—' पाउम ' ; (ठा ४, २—पत्र २१३ टी)।

प° वि [**प्राच्**] पूर्व तर्फ स्थित ; (भवि)।

पअंगम पुं [**प्लवङ्गम**] छन्द-विशेष ; (पिंग)।

पअंघ पुं [**प्रजङ्घ**] राक्षस-विशेष ; (से १२, ८३)।

पइ पुं [**पति**] १ धव, भर्ता ; (पाअ ; गा १५९ ; कप्प)। २ मालिक ; ३ रक्षक ; जैसे—' भूवई, ', ' तिअसगणवई ' ' नरवइ ' (सुपा ३६ ; अजि १७ ; १९)। ४ श्रेष्ठ, उत्तम ; जैसे—' धरणिधरवई ' (अजि १७)। °**घर** न [°**गृह**] ससुराल ; (षड्)। °**वया**, °**व्वया** स्त्री [°**व्रता**] पति-सेवा-परायण स्त्री, कुलवती स्त्री ; (गा ४१७ ; सुर ६, ६७)। °**हर** देखो °**घर** ; (हे १, ४)।

पइ देखो **पडि** ; (ठा २, १ ; काल ; उबर २१)।

पइअ वि [**दे**] १ भर्त्सित, तिरस्कृत ; २ न. पहिया, रथ-चक्र ; (दे ६, ६४)।

पइइ देखो **पगइ**=प्रकृति ; (से २, ४५)।

पइउं देखो **पय**=पच्।

पइउवचरण न [**प्रत्युपचरण**] प्रत्युपचार, प्रति-सेवा; (रंभा)।

पइऊल देखो **पडिकूल** ; (नाट—विक्र ४५)।

पइंवया देखो **पइ-वया** ; (गाया १, १६—पत्र २०४)।

पइक (अप) देखो **पाइक्क** ; (पिंग)।

पइकिदि देखो **पडिकिदि** ; (नाट—शकु ११६)।

पइक्क देखो **पाइक्क** ; (पिंग ; वि १६४)।

पइगिइ देखो **पडिकिदि** ; (स ६२५)।

पइच्छन्न पुं [**प्रतिच्छन्न**] भूत-विशेष ; (राज)।

पइज्ज (अप) वि [**पतित**] गिरा हुआ, (पिंग)।

पइज्ज (अप) वि [**प्राप्त**] मिला हुआ, लब्ध ; (पिंग)।

पइज्जा देखो **पइण्णा** ; (भवि ; सण)।

पइट्ठ वि [**दे**] १ जिसने रस का जाना हो वह ; २ विरल ; ३ पुं. मार्ग, रास्ता ; (दे ६, ६६)।

पइट्ठ पुं [**प्रतिष्ठ**] भगवान् सुपार्श्वनाथ के पिता का नाम ; (सम १५०)।

पइट्ठ वि [**प्रविष्ट**] जिसने प्रवेश किया हो वह ; (स४२६)।

पइट्ठवण देखो **पइट्ठावण** ; (राज)।

पइट्ठा स्त्री [**प्रतिष्ठा**] १ आदर, सम्मान ; २ कीर्ति, यश ; ३ व्यवस्था ; (हे १, २०६)। ४ स्थापना, संस्थापन ; (णंदि)। ५ अवस्थान, स्थिति ; (पंचा ८)। ६ मूर्त्ति में ईश्वर के गुणों का आरोपण ; " जिणबिंबाण पइट्ठं कराया वि हु आइसंतस्स " (सुर १६, १३)। ७ आश्रय, आधार ; (औप)।

पइट्ठाण न [**प्रतिष्ठान**] १ स्थिति, अवस्थान ; " काऊणं पइट्ठाणं रमणिज्जे एत्थ अच्छामो " (पउम ४२, २७ ; ठा ६)। २ आधार, आश्रय ; (भग)। ३ महल आदि की नींव ; (पव १४८)। ४ नगर-विशेष; (आक २१)।

पइट्ठाण न [**दे**] नगर, शहर ; (दे ६, २६)।

पइट्ठावक } देखो **पइट्ठावय** ; (गाया १, १६; राज)।
पइट्ठावग }

पइट्ठावण न [**प्रतिष्ठापन**] १ संस्थापन ; (पंचा ८)। २ व्यवस्थापन ; (पंचा ७)।

पइट्ठावय वि [**प्रतिष्ठापक**] प्रतिष्ठा करने वाला ; (औप ; पि २२०)।

पइट्ठाविय वि [**प्रतिष्ठापित**] संस्थापित; (स ६२ ; ७०५)।

पइट्ठिय वि [**प्रतिष्ठित**] १ स्थित, अवस्थित ; (उवा)। २ आश्रित ; " रयणायरतीरपइट्ठियाण पुरिसाण जं च दालिद्दं " (प्रासू ७०)। ३ व्यवस्थित ; (आचा २, १, ७)। ४ गौरवान्वित ; (हे १, ३८)।

पइण्ण वि [**दे**] विपुल, विस्तृत ; (दे ६, ७)।

पइण्ण वि [**प्रतीर्ण**] प्रकर्ष से तीर्ण ; (आचा)।

पइण्ण } वि [**प्रकीर्ण**, °**क**] १ विक्षिप्त, फेंका हुआ ;
पइण्णग } " रत्थापइण्णणाअणुप्पला तुमं सा पडिच्छए एंतं" (गा १४०)। २ अनेक प्रकार से मिश्रित ; (पंचू)। ३ बिखरा हुआ ; (ठा ६)। ४ विस्तारित ; (बृह १)। ५ न. ग्रन्थ-विशेष, तीर्थंकर-देव के सामान्य शिष्य ने बनाया हुआ ग्रन्थ ; (णंदि)। °**कहा** स्त्री [°**कथा**] उत्सर्ग, सामान्य नियम ; " उस्सग्गो पइण्णकहा भण्णइ अववादो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निच्छयकहा भरणइ " (निचू ५)। °तव पुं [°तपस्] तपश्चर्या-विशेष ; (पंचा १६)।

पइण्णा स्त्री [**प्रतिज्ञा**] १ प्रण, शपथ ; (नाट—मालती १०६)। २ नियम ; (औप ; पंचा १८)। ३ तर्क-शास्त्र-प्रसिद्ध अनुमान-प्रमाण का एक अवयव, साध्य वचन का निर्देश ; (दसनि १)।

पइण्णाद (शौ) वि [**प्रतिज्ञात**] जिसकी प्रतिज्ञा की गई हो वह ; (मा १५)।

पइत्त देखो **पउत्त**=प्रवृत्त ; (भवि)।

पइत्त वि [**प्रदीप्त**] जला हुआ, प्रज्वलित; (से १५, ७३)।

पइत्त देखो **पवित्त**=पवित्र ; (सुपा ७४)।

पइदि (शौ) देखो **पगइ** ; (नाट—शकु ६१)।

पइदिण न [**प्रतिदिन**] हर रोज ; (काल)।

पइदिद्ध वि [**प्रतिदिग्ध**] विलिप्त ; (सूम १, ५, १)।

पइदियह न [**प्रतिदिवस**] प्रतिदिन, हर रोज ; (सुर १, ५०)।

पइनियय वि [**प्रतिनियत**] मुकर्रर किया हुआ, नियुक्त किया हुआ ; (आवम)।

पइन्न } देखो **पइण्ण** ; (उव ; भवि ; श्रा ६)।
पइन्नग }

पइन्ना देखो **पइण्णा** ; (सुर १, १)।

पइप्प देखो **पलिप्प**। वकृ—**पइप्पमाण** ; (गा ४१६)।

पइप्पईय न [**प्रतिप्रतीक**] प्रत्यंग, हर अंग ; (रंभा)।

पइभय वि [**प्रतिभय**] प्रत्येक प्राणी को भय उपजाने वाला ; (णाया १, २ ; पराह १, १ ; औप)।

पइभा स्त्री [**प्रतिभा**] बुद्धि-विशेष, प्रत्युत्पन्न-मतित्व ; (पुप्फ ३३१)।

पइमुह वि [**प्रतिमुख**] संमुख ; (उप ७४४)।

पइरिक्क वि [**दे. प्रतिरिक्त**] १ शून्य, रहित ; (दे ६, ७१ ; से २, १५)। २ विशाल, विस्तीर्ण ; (दे ६, ७१)। ३ तुच्छ, हलका ; (से १, ५८)। ४ प्रचुर, विपुल ; (आघ २४६—पत्र १०३)। ५ नितान्त, अत्यन्त ; " पइरिक्कसुहाए मणाणुकूलाए विहारभूमीए " (कप्प)। ६ न. एकान्त स्थान, विजन स्थान, निर्जन जगह ; (दे ६, ७१ ; स २३५ ; ७५५ ; गा ८८ ; उप २६३)।

पइल (अप) देखो **पढम** ; (पि ४४६)।

पइलाइया स्त्री [**प्रतिलादिका**] हाथ के बल चलने वाली सर्प की एक जाति ; (राज)।

पइल्ल पुं [**दे. पदिक**] १ ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष ; (ठा २, ३)। २ रोग-विशेष, श्लीपद ; (पराह २, ५)।

पइव पुं [**प्रतिव**] एक यादव का नाम ; (राज)।

पइवरिस न [**प्रतिवर्ष**] हरएक वर्ष ; (पि २२०)।

पइवाइ वि [**प्रतिवादिन्**] प्रतिवादी, प्रतिपक्षी ; (विसे २४८८)।

पइविसिट्ठ वि [**प्रतिविशिष्ट**] विशेष-युक्त, विशिष्ट ; (उवा)।

पइविसेस पुं [**प्रतिविशेष**] विशेष, भेद, भिन्नता ; (विसे ५२)।

पइस देखो **पविस**। पइसइ ; (भवि)। पइसंति ; (दे १, ६४ टि) कर्म—पइसिज्जइ ; (भवि)। वकृ—**पइसंत** ; (भवि)। कृ—**पइसियव्व** ; (स २३४)।

पइसमय न [**प्रतिसमय**] हर समय, प्रतिक्षण ; (पि २२०)।

पइसर देखो **पविस**। पइसरइ ; (भवि)।

पइसार सक [**प्र+वेशय्**] प्रवेश कराना। पइसारइ ; (भवि)।

पइसारिय वि [**प्रवेशित**] जिसका प्रवेश कराया गया हो वह ; " पइसारिओ य नयरिं " (महा ; भवि)।

पइहंत पुं [**दे**] जयन्त, इन्द्र का एक पुत्र; (दे ६, १६)।

पइहा सक [**प्रति+हा**] त्याग करना। संकृ—**पइहिऊण** ; (उव)।

पई° देखो **पइ**=पति ; (षड् ; हे १, ४ ; सुर १, १७६)।

पईअ वि [**प्रतीत**] १ विज्ञात। २ विश्वस्त। ३ प्रसिद्ध, विख्यात ; (विसे ७०६)।

पईअ न [**प्रतीक**] अंग, अवयव ; (रंभा)।

पईइ स्त्री [**प्रतीति**] १ विश्वास। २ प्रसिद्धि ; (राज)।

पईव देखो **पलीव**। पईवेइ ; (कस)।

पईव पुं [**प्रदीप**] दीपक, दिया ; (पाअ ; जी १)।

पईव वि [**प्रतीप**] १ प्रतिकूल ; (हे १, २०६)। २ पुं. शत्रु, दुश्मन ; (उप ६४८ टी ; हे १, २३१)।

पईस (अप) देखो **पइस**। पईसइ ; (भवि)।

पउ (अप) वि [**पतित**] गिरा हुआ ; (पिंग)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पउअ पुं [**दे**] दिन, दिवस ; (दे ६, ५)।

पउअ न [**प्रयुत**] संख्या-विशेष, 'प्रयुताङ्ग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (इक ; ठा २, ४)।

पउअंग न [**प्रयुताङ्ग**] संख्या-विशेष ; 'अयुत' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (ठा २, ४)।

पउंज सक [**प्र+युज्**] १ जोड़ना, युक्त करना। २ उच्चारण करना। ३ प्रवृत्त करना। ४ प्रेरणा करना। ५ व्यवहार करना। ६ करना। **पउंजइ** ; (महा ; भवि ; पि ५०७)। पउंजंति ; (कप्प)। वकृ—**पउंजंत, पउंजमाण** ; (औप ; पउम ३५, ३६)। कवकृ—**पउज्जमाण** ; (प्रयौ २३)। कृ—**पउंजिअव्व, पउज्ज**; (पगह २, ३ ; उप ७२८ टी ; विसे ३३८४), **पउद्दव्व** (अप) ; (कुमा)।

पउंजग वि [**प्रयोजक**] प्रेरक, प्रेरणा करने वाला ; (पंचव १)।

पउंजण वि [**प्रयोजन**] प्रयोग करने वाला ; (पउम १४, २०)। देखो **पओअण**।

पउंजणया } स्त्री [**प्रयोजना**] प्रयोग ; (ओघ ११४), **पउंजणा** } "दुक्खं कीरइ कव्वं, कव्वम्मि कए पउंजणा दुक्खं" (वज्जा २)।

पउंजिअ वि [**प्रयुक्त**] जिसका प्रयोग किया गया हो वह ; (सुपा १४० ; ४४७)।

पउंजित्तु वि [**प्रयोक्तृ**] प्रवृत्ति करने वाला ; (ठा ५, १)।

पउंजित्तु वि [**प्रयोजयितृ**] प्रवृत्ति कराने वाला ; (ठा ५, १)।

पउज्ज, **पउज्जमाण** } देखो **पउंज**।

पउट्ट अ [**परिवृत्य**] मर कर। °**परिहार** पुं [°**परिहार**] मर कर फिर उसी शरीर में उत्पन्न होकर उस शरीर का परिभोग करना ; "एवं खलु गोसाला ! वणस्सइ-काइयाओ पउट्टपरिहारं परिहरंति" (भग १५—पत्र ६६७)।

पउट्ट वि [**परिवर्त**] १ परिवर्त, मर कर फिर उसी शरीर में उत्पन्न होना ; २ परिवर्त-वाद ; "एस णं गोयमा ! गोसालस्स मंखलिपुत्तस्स पउट्टे" (भग १५—पत्र ६६७)।

पउट्ठ वि [**प्रवृष्ट**] बरसा हुआ ; (हे १,१३१)।

पउट्ठ पुं [**प्रकोष्ठ**] हाथ का पहुँचा, कलाई और केहुनी के बीच का भाग ; (पगह १, ४—पत्र ७८ ; कप्प; कुमा)।

पउट्ठ वि [**प्रजुष्ट**] १ विशेष सेवित ; २ न. अति उच्छिष्ट ; (चंड)।

पउट्ठ वि [**प्रद्विष्ट**] द्वेष-युक्त ; "ता सा पउट्ठचित्ता" (सुपा ४७५)।

पउढ न [**दे**] १ गृह, घर ; २ पुं. घर का पश्चिम प्रदेश ; (दे ६, ४)।

पउण पुं [**दे**] १ व्रण-प्ररोह ; २ नियम-विशेष ; (दे ६, ६५)।

पउण वि [**प्रगुण**] १ पटु, निर्दोष ; "कह सच्चरणविहीणं जायइ पउणिंदियाणंपि" (सुपा ४७२ ; महा)। २ तय्यार ; (दंस ३)।

पउणाड पुं [**प्रपुनाट**] वृक्ष-विशेष, पमाड का पेड़, चकवड़ ; (दे ५, ५ टि)।

पउत्त अक [**प्र+वृत्**] प्रवृत्ति करना। कृ—**पउत्तिदव्व** (शौ) ; (नाट—शकु ८७)।

पउत्त वि [**प्रयुक्त**] जिसका प्रयोग किया गया हो वह ; (महा ; भवि)। २ न. प्रयोग ; (णाया १, १)।

पउत्त न [**प्रतोत्र**] प्रतोद, प्राजन, पैना ; (दसा १०)।

पउत्त वि [**प्रवृत्त**] जिसने प्रवृत्ति की हो वह ; (उवा)।

पउत्ति स्त्री [**प्रवृत्ति**] १ प्रवर्तन ; (भग १५)। २ समाचार, वृत्तान्त ; (पाअ ; सुर २, ४८ ; ३, ८४)। ३ कार्य, काज। °**वाउय** वि [°**व्यापृत**] कार्य में लगा हुआ ; (औप)।

पउत्ति स्त्री [**प्रयुक्ति**] बात, हकीकत ; (उप पृ २२८ ; राज)।

पउत्तिदव्व देखो **पउत्त**=प्र+वृत्।

पउत्थ न [**दे**] १ गृह, घर ; (दे ६, ६६)। २ वि. प्रोषित, प्रवास में गया हुआ ; "एहिइ सोवि पउत्थो अहं अ कुप्पेज्ज सोवि अणुणेज्ज" (गा १७ ; ६६७ ; हेका ३० ; पउम १७, ३ ; वज्जा ७६ ; विवे १३२ ; उव ; दे ६, ६६ ; भवि)। °**वइया** स्त्री [°**पतिका**] जिसका पति देशान्तर गया हो वह स्त्री ; (ओघ ४१३ ; सुपा ५०८)।

पउद्दव्व देखो **पउंज**।

पउप्पय देखो **पओप्पय** ; (भग ११, ११ टी)।

पउप्पय देखो **पओप्पय**=प्रपौत्रिक ; (भग ११,११ टी)।

पउम न [**पद्म**] १ सूर्य-विकासी कमल ; (हे २, ११३; पगह १, ३ ; कप्प ; औप ; प्रासू ११३)। २ देव-विमान विशेष ; (सम ३३ ; ३५)। ३ संख्या-विशेष,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'पद्मांग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (ठा २, ४ ; इक)। ४ गन्ध-द्रव्य-विशेष ; (औप ; जीव ३)। ५ सुधर्मा सभा का एक सिंहासन ; (णाया २)। ६ दिन का नववाँ मुहूर्त ; (जो २)। ७ दक्षिण-रुचक-पर्वत का एक शिखर ; (ठा ८)। ८ राजा रामचन्द्र, सीता-पति ; (पउम १, ५ ; २५, ८)। ९ आठवाँ बलदेव, श्रीकृष्ण के बड़े भाई ; १० इस अवसर्पिणीकाल में उत्पन्न नववाँ चक्रवर्ती राजा, राजा पद्मोत्तर का पुत्र ; (पउम ५, १५३ ; १५४)। ११ एक राजा का नाम ; (उप ६४८ टी)। १२ माल्यव-नामक पर्वत का अधिष्ठाता देव ; (ठा २, ३)। १३ भरतक्षेत्र में आगामी उत्सर्पिणी में उत्पन्न होनेवाला आठवाँ चक्रवर्ती राजा ; (सम १५४)। १४ भरतक्षेत्र का भावी आठवाँ बलदेव ; (सम १५४)। १५ चक्रवर्ती राजा का निधि, जो रोग-नाशक सुन्दर वस्त्रों की पूर्ति करता है ; (उप ६८६ टी)। १६ राजा श्रेणिक का एक पौत्र ; (निर २, १)। १७ एक जैन मुनि का नाम ; (कप्प)। १८ एक ह्रद ; (कप्प)। १९ पद्म-वृक्ष का अधिष्ठाता देव ; (ठा २, ३)। २० महापद्म-नामक जिन-देव के पास दीक्षा लेने वाला एक राजा, एक भावी राजर्षि ; (ठा ८)। **°गुम्म** न [**°गुल्म**] १ आठवें देवलोक में स्थित एक देव-विमान का नाम ; (सम ३५)। २ प्रथम देवलोक में स्थित एक देव-विमान का नाम ; (महा)। ३ पुं. राजा श्रेणिक का एक पौत्र ; (निर २, १)। ४ एक भावी राजर्षि, महापद्म-नामक जिन-देव के पास दीक्षा लेनेवाला एक राजा ; (ठा ८)। **°चरिय** न [**°चरित**] १ राजा रामचन्द्र की जीवनी—चरित्र ; २ प्राकृत भाषा का एक प्राचीन ग्रन्थ, जैन रामायण ; (पउम ११८, १२१)। **°णाभ** पुं [**°नाभ**] १ वासुदेव, विष्णु ; (पउम ४०, १)। २ आगामी उत्सर्पिणी-काल में भरतक्षेत्र में होने वाले प्रथम जिन-देव का नाम ; (पव ४६)। ३ कपिल-वासुदेव के एक माण्डलिक राजा का नाम ; (णाया १, १६—पत्र २१३)। **°दल** न [**°दल**] कमल-पत्र ; (प्रारू)। **°द्दह** पुं [**°द्रह**] विविध प्रकार के कमलों से परिपूर्ण एक महान् ह्रद का नाम ; (सम १०४ ; कप्प ; पउम १०२, ३०)। **°द्धय** पुं [**°ध्वज**] एक भावी राजर्षि, जो महापद्म-नामक जिन-देव के पास दीक्षा लेगा ; (ठा ८)। **°नाह** देखो **°णाभ** ; (उप ६४८ टी)। **°पुर** न [**°पुर**] एक दाक्षिणात्य नगर, जो आजकल 'नासिक' नाम से प्रसिद्ध है ; (राज)। **°प्पभ** पुं [**°प्रभ**] इस अवसर्पिणी-काल में उत्पन्न षष्ठ जिन-देव का नाम ; (कप्प)। **°प्पभा** स्त्री [**°प्रभा**] एक पुष्करिणी का नाम ; (इक)। **°प्पह** देखो **°प्पभ** ; (ठा ५, १ ; सम ४३ ; पडि)। **°भद्द** पुं [**°भद्र**] राजा श्रेणिक का एक पौत्र ; (निर २, १)। **°मालि** पुं [**°मालिन्**] विद्याधर-वंश के एक राजा का नाम ; (पउम ५, ४२)। **°मुह** देखो **पउमाणण** ; (पड्)। **°रह** पुं [**°रथ**] १ विद्याधर-वंश का एक राजा ; (पउम ५, ४३)। २ मथुरा नगरी के राजा जयसेन का पुत्र ; (महा)। **°राय** पुं [**°राग**] रक्त-वर्ण मणि-विशेष ; (पि १३६ ; १६६)। **°राय** पुं [**°राज**] धातकीखण्ड की अपरकंका नगरी का एक राजा, जिसने द्रौपदी का अपहरण किया था; (ठा १०)। **°रुक्ख** पुं [**°वृक्ष**] १ उत्तर-कुरु क्षेत्र में स्थित एक वृक्ष ; (ठा २, ३)। २ वृक्ष-सदृश बड़ा कमल ; (जीव ३)। **°लया** स्त्री [**°लता**] १ कमलिनी, पद्मिनी ; (जीव ३ ; भग ; कप्प)। २ कमल के आकार वाली वल्ली ; (णाया १,१)। **°वडिंसय, °वडेंसय** न [**°ावतंसक**] पद्मावती-देवी का सौधर्म-नामक देवलोक में स्थित एक विमान ; (राज ; णाया २—पत्र २५३)। **°वरवेइया** स्त्री [**°वरवेदिका**] १ कमलों की श्रेष्ठ वेदिका ; (भग)। २ जम्बूद्वीप की जगती के ऊपर रही हुई देवों की एक भोग-भूमि ; (जीव ३)। **°वूह** पुं [**°व्यूह**] सैन्य की पद्माकार रचना ; (पण्ह १, ३)। **°सर** पुं [**°सरस्**] कमलों से युक्त सरोवर ; (णाया १, १ ; कप्प ; महा)। **°सिरी** स्त्री [**°श्री**] १ अष्टम चक्रवर्ती सुभूमि-राज की पटरानी ; (सम १५२)। २ एक स्त्री का नाम ; (कुमा)। **°सेण** पुं [**°सेन**] १ राजा श्रेणिक के एक पौत्र का नाम, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी ; (निर १, २)। २ नागकुमार-जातीय एक देव का नाम ; (दीव)। **°सेहर** पुं [**°शेखर**] पृथ्वीपुर नगर के एक राजा का नाम ; (धम्म ७)। **°ागर** पुं [**°ाकर**] १ कमलों का समूह ; २ सरोवर ; (उप १३३ टी)। **°ासण** न [**°ासन**] पद्माकार आसन ; (जं १)।

पउमा स्त्री [**पद्मा**] १ बीसवें तीर्थंकर श्रीमुनिसुव्रतस्वामी की माता का नाम ; (सम १५१)। २ सौधर्म देवलोक के इन्द्र की एक पटरानी का नाम ; (ठा ८—पत्र ४२६ ; पउम १०३, १५९)। ३ भीम-नामक राक्षसेन्द्र की एक पटरानी ; (ठा ४,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१—पत्र २०४)। ४ एक विद्याधर कन्या का नाम ; (पउम ६,२४)। ५ रावण की एक पत्नी ; (पउम ७४, १०) ६ लक्ष्मी ; (राज)। ७ वनस्पति-विशेष ; (पगण १—पत्र ३६)। ८ चौदहवें तीर्थंकर श्रीअनन्तनाथ की मुख्य शिष्या का नाम ; (पव ९)। ९ सुदर्शना-जम्बू की उत्तर दिशा में स्थित एक पुष्करिणी ; (इक)। १० दूसरे बलदेव और वासुदेव की माता का नाम ; ११ लेश्या-विशेष ; (राज)।

पउमाड पुं [**दे**] वृक्ष-विशेष, पमाड़ का पेड़, चकवड़ ; (दे ५, ५)।

पउमाणण पुं [**पद्मानन**] एक राजा का नाम ; (उप १०३१ टी)।

पउमाभ पुं [**पद्माभ**] षष्ठ तीर्थंकर का नाम ; (पउम १,२)।

पउमार [**दे**] देखो **पउमाड** ; (दे ५, ५ टि)।

पउमावई स्त्री [**पद्मावती**] १ जम्बूद्वीप के सुमेरु पर्वत के पूर्व तरफ के रुचक पर्वत पर रहने वाली एक दिक्कुमारी-देवी ; (ठा ८)। २ भगवान् पार्श्वनाथ की शासन-देवी, जो नागराज धरणेन्द्र की पटरानी है ; (संति १०)। ३ श्रीकृष्ण की एक पत्नी का नाम ; (अंत १५)। ४ भीम-नामक राक्षसेन्द्र की एक पटरानी ; (भग १०, ५)। ५ शक्रेन्द्र की एक पटरानी ; (णाया २—पत्र २५३)। ६ चम्पेश्वर राजा दधिवाहन की एक स्त्री का नाम ; (आव ४)। ७ राजा कूणिक की एक पत्नी ; (भग ७, ९)। ८ अयोध्या के राजा हरिसिंह की एक पत्नी ; (धम्म ८)। ९ तेतलिपुर के राजा कनककेतु की पत्नी ; (दंस १)। १० कौशाम्बी नगरी के राजा शतानीक के पुत्र उदयन की पत्नी ; (विपा १, ५)। ११ शैलकपुर के राजा शैलक की पत्नी ; (णाया १, ५)। १२ राजा कूणिक के पुत्र काल-कुमार की भार्या का नाम ; १३ राजा महाबल की भार्या का नाम ; (निर १, १; ५ ; पि १३९)। १४ बीसवें तीर्थंकर श्रीमुनिसुव्रत-स्वामी की माता का नाम ; (पव ११)। १५ पुण्डरीकिणी नगरी के राजा महापद्म की पटरानी ; (आचू १)। १६ रम्य-नामक विजय की राजधानी ; (जं ४)।

पउमावत्ती (अप) स्त्री [**पद्मावती**] छन्द-विशेष ; (पिंग)।

पउमिणी स्त्री [**पद्मिनी**] १ कमलिनी, कमल-लता; (कप्प ; सुपा १५५)। २ एक श्रेष्ठी की स्त्री का नाम ; (उप ७२८ टी)।

पउमुत्तर पुं [**पद्मोत्तर**] १ नववें चक्रवर्ती श्रीमहापद्म-राज के पिता का नाम ; (सम १५२)। २ मन्दर पर्वत के भद्रशाल वन का एक दिग्हस्ती पर्वत ; (इक)।

पउमुत्तरा स्त्री [**पद्मोत्तरा**] एक प्रकार की सक्कर ; (णाया १, १७—पत्र २२९ ; पगण १७)।

पउर वि [**प्रचुर**] प्रभूत, बहुत ; (हे १, १८० ; कुमा ; सुर ४, ७४)।

पउर वि [**पौर**] १ पुर-संबन्धी, नगर से संबन्ध रखने वाला ; २ नगर में रहने वाला ; (हे १, १६२)।

पउरव पुं [**पौरव**] पुरु-नामक चन्द्र-वंशीय नृप का पुत्र; (संक्षि ६)।

पउराण (अप) देखो **पुराण** ; (भवि)।

पउरिस } पुंन [**पौरुष**] पुरुषत्व, पुरुषार्थ ; (हे १, १११ ;
पउरुस } १६२)। " पउरुसं " (प्राप्र), " पउरुसं " (संक्षि ६)।

पउल सक [**पच्**] पकाना । पउलइ ; (हे ४, ९० ; दे ६, २९)।

पउलण न [**पचन**] पकाना, पाक ; (पगह १, १)।

पउलिअ वि [**पक्व**] पका हुआ ; (पाअ)।

पउलिअ वि [**प्रज्वलित**] दग्ध, जला हुआ ; (उवा)।

पउल्ल देखो **पउल** । पउल्लइ ; (षड् ; हे ४, ९० टि)।

पउल्ल वि [**पक्व**] पका हुआ; (पंचा १)।

पउविय वि [**प्रकुपित**] विशेष कुपित, क्रुद्ध ; (महा)।

पउस सक [**प्र + द्विष्**] द्वेष करना । पउसेज्जा; (ओघ २५ भा)।

पउसय वि [**दे**] देश-विशेष में उत्पन्न । स्त्री—°**सिया** ; (औप)।

पउस्स देखो **पउस** । पउस्ससि ; (कुप्र ३७७)। वकृ—**पउस्संत, पउस्समाण** ; (राज ; अंत २२)। संकृ—**पउस्सिऊण** ; (स ५१३)।

पउहण (अप) देखो **पवहण** ; (भवि)।

पऊढ न [**दे**] गृह, घर ; (दे ६, ४)।

पए अ [**प्राक्**] पहले, पूर्व ; " तित्थगरवयणकरणे आयरिआणं कयं पए होइ " (ओघ ४७ भा), " जइ पुण वियालपत्ता पए व पत्ता उवस्सयं न लभे " (ओघ १९८)।

पएणियार पुं [**प्रैणीचार**] व्याध की एक जाति, जो हरिणों को पकड़ने के लिए हरिणी-समूह को चराते एवं पालते हैं ; (पगह १, १—पत्र १४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पएर पुं [**दे**] १ वृति-विवर, बाड़ का छिद्र ; २ मार्ग, रास्ता ; ३ कंठदीनार-नामक भूषण-विशेष ; ४ गले का छिद्र ; ५ दीन-नाद, आर्त-स्वर ; ६ वि. दुःशील, दुराचारी ; (दे ६, ६७)।

पएस पुं [**दे**] प्रातिवेश्मिक, पड़ौसी ; (दे ६, ३)।

पएस पुं [**प्रदेश**] १ जिसका विभाग न हो सके ऐसा सूक्ष्म अवयव ; (ठा १, १)। २ कर्म-दल का संचय ; (नव ३१)। ३ स्थान, जगह ; (कुमा ६, ५६)। ४ देश का एक भाग, प्रान्त ; (कुमा ६) । ५ परिमाण-विशेष, निरंश-अवयव-परिमित माप ; ६ छोटा भाग ; ७ परमाणु ; ८ द्व्यणुक ; ९ त्र्यणुक, तीन परमाणुओं का समूह ; (राज)। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] कर्म-विशेष, प्रदेश-रूप कर्म ; (भग)। °**ग्ग** न [°**ाग्र**] कर्मों के दलिकों का परिमाण ; (भग)। °**घण** वि [°**घन**] निबिड प्रदेश ; (औप) । °**णाम** न [°**नामन्**] कर्म-विशेष ; (ठा ६) । °**णाम** पुं [°**नाम**] कर्म-द्रव्यों का परिणाम ; (ठा ६)। °**बंध** पुं [°**बन्ध**] कर्म-दलों का आत्म-प्रदेशों के साथ संबन्धन ; (सम ६)। °**संकम** पुं [°**संक्रम**] कर्म-द्रव्यों को भिन्न स्वभाव-वाले कर्मों के रूप में परिणत करना ; (ठा ४, २)।

पएसण न [**प्रदेशन**] उपदेश ; " पएसणायं णाम उवएसो " (आचू १)।

पएसय वि [**प्रदेशक**] उपदेशक, प्रदर्शक ; " सिद्धिपहपए-सए वंदे" (विसे १०२५)।

पएसि पुं [**प्रदेशिन्**] स्वनाम-ख्यात एक राजा, जो श्री पार्श्वनाथ भगवान् के केशि-नामक गणधर से प्रबुद्ध हुआ था ; (राय ; कुप्र १४५ ; श्रा ६)।

पएसिणी स्त्री [**दे**] पड़ौस में रहने वाली स्त्री ; (दे ६, ३ टी)।

पएसिणी स्त्री [**प्रदेशिनी**] अंगुष्ठ के पास की उंगली, तर्जनी ; (ओघ ३९०)।

पएसिय देखो **पदेसिय** ; (राज)।

पओअ देखो **पओग** ; (हे १, २४५ ; अभि ९ ; सण ; पि ८५)।

पओअण न [**प्रयोजन**] १ हेतु, निमित्त, कारण ; (सूअ १, १२) । २ कार्य, काम ; ३ मतलब ; (महा ; उत्त २३ ; स्वप्न ४८)।

पओइद (शौ) वि [**प्रयोजित**] जिसका प्रयोग कराया गया हो वह ; (नाट—विक्र १०३)।

पओग पुं [**प्रयोग**] १ शब्द-योजना ; (भास ६३)। २ जीव का व्यापार, चेतन का प्रयत्न ; "उप्पाआ दुविगप्पा पओगजणिआ य विस्ससा चेव" (सम २५ ; ठा ३, १ ; सम्म १३९ ; स ५२४)। ३ प्रेरणा ; (श्रा १४)। ४ उपाय ; (आचू १)। ५ जीव के प्रयत्न में कारण-भूत मन आदि ; (ठा ३, ३)। ६ वाद-विवाद, शास्त्रार्थ ; (दसा ४)। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] मन आदि की चेष्टा से आत्म-प्रदेशों के साथ बँधने वाला कर्म ; (राज)। °**करण** न [°**करण**] जीव के व्यापार द्वारा होने वाला किसी वस्तु का निर्माण ; " होइ उ एगा जीवव्वावारो तेण जं विणिम्माणं पओगकरणं तयं बहुहा" (विसे)। °**किरिया** स्त्री [°**क्रिया**] मन आदि की चेष्टा ; (ठा ३, ३)। °**फड्डय** न [°**स्पर्धक**] मन आदि के व्यापार-स्थान की वृद्धि-द्वारा कर्म-परमाणुओं में बढ़ने वाला रस ; (कम्मप २३)। °**बंध** पुं [°**बन्ध**] जीव-प्रयत्न द्वारा होने वाला बन्धन ; (भग १८, ३)। °**मइ** स्त्री [°**मति**] वाद-विषयक परिज्ञान ; (दसा ४)। °**संपया** स्त्री [°**संपत्**] आचार्य का वाद-विषयक सामर्थ्य ; (ठा ८)। °**सा** अ [**प्रयोगेण**] जीव-प्रयत्न से ; (पि ३६४)।

पओट्ठ देखो **पउट्ठ** = प्रकोष्ठ ; (प्राप्र ; औप ; पि ८४)।

पओत्त न [**प्रतोत्र**] प्रतोद, प्राजन-यष्टि, पैना। °**धर** पुं [°**धर**] बैल गाड़ी हाँकने वाला, बहलवान ; (णाया १, १)।

पओद पुं [**प्रतोद**] ऊपर देखो ; (औप)।

पओप्पय पुं [**प्रपौत्रक**] १ प्रपौत्र, पौत्र का पुत्र ; २ प्रशिष्य का शिष्य ; " तेणं कालेणं तेणं समएणं विमलस्स अरहओ पओप्पए धम्मघोसे नामं अणगारे " (भग ११, ११—पत्र ५४८)।

पओप्पय पुं [**दे. प्रपौत्रिक**] १ वंश-परम्परा ; २ शिष्य-संतति, शिष्य-संतान ; (भग ११, ११—पत्र ५४८ टी)।

पओल पुं [**पटोल**] पटोल, परवर, परोरा ; (पण्ण १)।

पओली स्त्री [**प्रतोली**] १ नगर के भीतर का रास्ता ; (अणु)। २ नगर का दरवाजा ; " गाउरं पओली य" (पाअ ; सुपा २९१ ; श्रा १२ ; उप पृ ८५ ; भवि)।

पओवट्टाव देखो **पज्जवत्थाव**। पओवट्टावेहि ; (पि २८४)।

पओवाह पुं [**पयोवाह**] मेघ, बादल ; (पउम ८, ४९ ; से १, २४ ; सुर २, ८५)।

पओस पुं [**दे. प्रद्वेष**] प्रद्वेष, प्रकृष्ट द्वेष ; (ठा १० ; अंत ; राय ; आव ४ ; सुर १५, ५८ ; पुप्फ ४६५ ; कम्म १ ; महानि ४ ; कुप्र १० ; स ६९६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पओस पुंन [**प्रदोष**] १ सन्ध्याकाल, दिन और रात्रि का सन्धि-काल ; (से १, ३४ ; कुमा) । २ वि प्रभूत दोषों से युक्त ; (से २, ११) ।

पओहण (अप) देखो **पवहण** ; (भवि) ।

पओहर पुं [**पयोधर**] १ स्तन, थन ; (पाअ ; से १, २४ ; गउड ; सुर २, ८५) । २ मेघ, बादल ; (वज्जा १००) । ३ छन्द-विशेष ; (पिंग) ।

पंक पुंन [**पङ्क**] १ कर्दम, कादा, कीच ; " धम्ममिनं पि नो लग्गं पंकंव गयणंगणे" (श्रा २८ ; हे १, ३० ; ४, ३५७ ; प्रासू २५), " सुसइ व पंकं " (वज्जा १३४) । २ पाप ; (सुअ २, २) । ३ असंयम, इन्द्रिय वगैरः का अ-निग्रह ; (निचू १) । °**आवलिआ** स्त्री [°**वलिका**] छन्द-विशेष; (पिंग) । °**प्पभा** स्त्री [°**प्रभा**] चौथी नरक-भूमि ; (ठा ७ ; इक) । °**बहुल** वि [°**बहुल**] १ कर्दम-प्रचुर ; (सम ६०) । २ पाप-प्रचुर ; (सूअ २, २) । ३ रत्नप्रभा-नामक नरक-भूमि का प्रथम काण्ड ; (जीव ३) । °**य** न [°**ज**] कमल, पद्म ; (हे ३, २६ ; गउड ; कुमा) । °**वई** स्त्री [°**वती**] नदी-विशेष ; (ठा २, ३—पत्र ८०) ।

पंका स्त्री [**पङ्का**] चतुर्थ नरक-भूमि ; (इक ; कम्म ३,५) ।

पंकावई स्त्री [**पङ्कावती**] पुष्कल-नामक विजय के पश्चिम तरफ की एक नदी ; (इक ; जं ४) ।

पंकिय वि [**पङ्कित**] पंक-युक्त, कीच वाला; (भग ६, ३ ; भवि) ।

पंकिल वि [**पङ्किल**] कर्दम वाला ; (श्रा २८ ; गा ७६६ ; कप्पू ; कुप्र १८७) ।

पंकेरुह न [**पङ्केरुह**] कमल, पद्म ; (कप्पू ; कुप्र १४१) ।

पंख पुंस्त्री [**पक्ष**] १ पंख, पाँखि, पत्त ; (पि ७४ ; राय ; पउम ११, ११८ ; श्रा १४) । २ पनरह दिन, पखवाड़ा ; (राज) । °**ासण** न [°**ासन**] आसन-विशेष ; (राय) ।

पंखि पुंस्त्री [**पक्षिन्**] पंखी, चिड़िया, पत्ती ; (श्रा १४) । स्त्री—°**णी** ; (पि ७४) ।

पंखुडिआ }
पंखुडी } स्त्री [**दे**] पंख, पत्त ; (कुप्र २६; दे ६, ८) ।

पंग सक [**ग्रह्**] ग्रहण करना । पंगइ ; (हे ४, २०६) ।

पंगण न [**प्राङ्गण**] आँगन ; (कुप्र २५०) ।

पंगु वि [**पङ्गु**] पाद-विकल, खञ्ज, खाड़ा ; (पाअ ; पि ३८०; पिंग) ।

पंगुर सक [**प्रा + वृ**] ढकना, आच्छादन करना । पंगुरइ ; (भवि) । संकृ —**पंगुरिवि** ; (भवि) ।

पंगुरण न [**प्रावरण**] वस्त्र, कपड़ा ; (हे १, १७५ ; कुमा ; गा ७८२) ।

पंगुल वि [**पङ्गुल**] देखो **पंगु**; (विपा १, १; सं ७५;पाअ)।

पंच त्रि. ब. [**पञ्चन्**] पाँच, ५ ; (हे ३, १२३ ; कप्प ; कुमा) । °**उल** न [°**कुल**] पंचायत ; (स २२२) । °**उलिय** पुं [°**कुलिक**] पंचायत में बैठ कर विचार करने वाला ; (स २२२) । °**कत्तिय** पुं [°**कृत्तिक**] भगवान् कुन्थुनाथ, जिनके पाँचों कल्याणक कृत्तिका नक्षत्र में हुए थे ; (ठा ५, १) । °**कप्प** पुं [°**कल्प**] श्रीभद्रबाहुस्वामि-कृत एक प्राचीन ग्रन्थ का नाम ; (पंचभा) । °**कल्लाणय** न [**कल्याणक**] १ तीर्थंकर का च्यवन, जन्म, दीक्षा, केवलज्ञान और निर्वाण ; २ काम्पिल्यपुर, जहां तेरहवें जिन-देव श्रीविमलनाथ के पाँचों कल्याणक हुए थे ; (ती २४) । ३ तप-विशेष ; (जीत) । °**कोट्ठग** वि [°**कोष्ठक**] १ पाँच कोष्ठों से युक्त ; २ पुं. पुरुष ; (तंदु) । °**गव्व** न [°**गव्य**] गौ के ये पाँच पदार्थ—दही, दूध, घृत, गोमय और मूत्र, पंचगव्य ; (कप्पू) । °**गाह** न [°**गाथ**] गाथा-छन्द-वाले पाँच पद्य ; (कस) । °**गुण** वि [°**गुण**] पाँच-गुना ; (ठा ५, ३) । °**चित्त** पुं [°**चित्र**] षष्ठ जिन-देव श्रीपद्मप्रभ, जिनके पाँचों कल्याणक चित्रा नक्षत्र में हुए थे ; (ठा ५, १ ; कप्प) । °**जाम** न [°**याम**] १ अहिंसा, सत्य, अ-चौर्य, ब्रह्मचर्य और त्याग ये पाँच महाव्रत ; २ वि. जिसमें इन पाँच महाव्रतों का निरूपण हो वह ; (ठा ६) । °**णउइ** स्त्री [°**नवति**] पंचानवे, ९५ ; (काल) । °**णउय** वि [°**नवत**] ९५ वाँ ; (काल) । °**तालीस** (अप) स्त्रीन [°**चत्वारिंशत्**] पैंतालीस, ४५ ; (पिंग ; पि ४४५) । °**तित्थी** स्त्री [°**तीर्थी**] पाँच तीर्थों का समुदाय ; (धर्म २) । °**तीसइम** वि [°**त्रिंशत्तम**] पैंतीसवाँ, ३५ वाँ ; (पण्ण ३५) । ° **दस** त्रि. ब. [°**दशन्**] पनरह, १५ ; (कप्पू) । °**दसम** वि [°**दशम**] पनरहवाँ, १५ वाँ ; (णाया १, १)। °**दसी** स्त्री [°**दशी**] १ पनरहवीं, १५ वीं; (विसे ५७६) । २ पूर्णिमा ; ३ अमावास्या ; (सुज्ज १०) । °**दसुत्तरसय** वि [°**दशोत्तरशततम**] एक सौ पनरहवाँ, ११५ वाँ ; (पउम ११५, २४) । °**नउइ** देखो °**णउइ** ; (पि ४४७) । °**नाणि** वि [°**ज्ञानिन्**] मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यव और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

केवल इन पाँचों ज्ञानों से युक्त, सर्वज्ञ; (सम्म ६६)। °पव्वी स्त्री [°पर्वी] मास की दो अष्टमी, दो चतुर्दशी और शुक्र पंचमी ये पाँच तिथियाँ; (रयण २६)। °पुव्वासाढ पुं [°पूर्वाषाढ] दशवें जिन-देव श्रीशीतलनाथ, जिनके पाँचों कल्याणक पूर्वाषाढा नक्षत्र में हुए थे; (ठा ५, १)। °पूस पुं [°पुष्य] पनरहवें जिन-देव श्रीधर्मनाथ; (ठा ५, १)। °बाण पुं [°बाण] काम-देव; (सुर ४, २४६; कुमा)। °भूय न [°भूत] पृथिवी, जल, अग्नि, वायु और आकाश ये पाँच पदार्थ; (सूत्र १, १, १)। °भूयवाइ वि [°भूतवादिन्] आत्म आदि पदार्थों को न मान कर केवल पाँच भूतों को ही मानने वाला, नास्तिक; (सूत्र १, १, १)। °महव्वइय वि [°महाव्रतिक] पाँच महाव्रतों वाला; (सूत्र २, ७)। °महव्वय न [°महाव्रत] हिंसा, असत्य, चोरी, मैथुन, और परिग्रह का सर्वथा परित्याग; (पगह २, ५)। °महाभूय न [°महाभूत] पृथिवी, जल, अग्नि, वायु और आकाश ये पाँच पदार्थ; (विसे)। °मुट्ठिय वि [°मुष्टिक] पाँच मुष्टिओं का, पाँच मुष्टिओं से पूर्ण किया जाता (लोच); (णाया १, १; कप्प; महा)। °मुह पुं [°मुख] सिंह, पंचानन; (उप १०३१ टी)। °यसो देखो °दसी; (पउम ६६, १४)। °रत्त, °राय पुं [°रात्र] पाँच रात; (मा ४३; पगह २, ५—पत्र १४६)। °रासिय न [°राशिक] गणित-विशेष; (ठा ४, ३)। °रूविय वि [°रूपिक] पाँच प्रकार के वर्ण वाला; (ठा ४, ४)। °वत्थुग न [°वस्तुक] आचार्य हरिभद्रसूरि-रचित ग्रन्थ-विशेष; (पंचव १, १)। °वरिस वि [°वर्ष] पाँच वर्ष की अवस्था वाला; (सुर २, ७३)। °विह वि [°विध] पाँच प्रकार का; (अणु)। °वीसइम वि [°विंशतितम] पचीसवाँ; (पउम २५, २६)। °संगह पुं [°संग्रह] आचार्य श्रीहरिभद्रसूरि-कृत एक जैन ग्रन्थ; (पंच १)। °संवच्छरिय वि [°सांवत्सरिक] पाँच वर्ष परिमाण वाला, पाँच वर्ष की आयु वाला; (सम ७५)। °सट्ठ वि [°षष्ट] पैंसठवाँ, ६५वाँ; (पउम ६५, ५१)। °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] पैंसठ, ६५; (कप्प)। °समिय वि [°समित] पाँच समितिओं का पालन करने वाला; (सं ८)। °सर पुं [°शर] काम-देव; (पाअ; सुर २, ६३; सुपा ६०; रंभा)। °सीस पुं [°शीर्ष] देव-विशेष; (दीव)। °सुण्ण न [°शून्य] पाँच प्राणि-वध-स्थान; (सूत्र १, १, ४)। °सुत्तग न [°सूत्रक] आचार्य-श्रीहरिभद्रसूरि निर्मित एक जैन ग्रन्थ; (पंसू १)। °सेल, °सेलग, °सेलय पुं [°शैल, °क] लवणोदधि में स्थित और पाँच पर्वतों से विभूषित एक छोटा द्वीप; (महा; बृह ४)। °सोगंधिअ वि [°सौगन्धिक] इलायची, लवंग, कपूर, कक्कोल और जातिफल इन पाँच सुगन्धित वस्तुओं से संस्कृत; "नन्नत्थ पंचसोगंधिएणं तंबोलेणं, अवसेसं मुह-वासविहिं पच्चक्खामि" (उवा)। °हत्तर वि [°सप्तत] पचहत्तरवाँ, ७५ वाँ; (पउम ७५, ८६)। °हत्तरि स्त्री [°सप्तति] १ संख्या-विशेष, ७५; २ जिनकी संख्या पचहत्तर हो वे; (पि २६४; कप्प)। °हत्थुत्तर पुं [°हस्तोत्तर] भगवान् महावीर, जिनके पाँचों कल्याणक उत्तरफाल्गुनी-नक्षत्र में हुए थे; (कप्प)। °उह पुं [°ायुध] कामदेव; (सण)। °णउइ स्त्री [°नवति] १ संख्या-विशेष, पंचानवे, ६५; २ जिनकी संख्या पंचानवे हो वे; (सम ६७; पउम २०, १०३; पि ४४०)। °णउय वि [°नवत] पंचानवाँ, ६५ वाँ; (पउम ६५, ६६)। °णण पुं [°नन] सिंह, गजेन्द्र; (सुपा १७६; भवि)। °णुव्वइय वि [°णुव्रतिक] हिंसा, असत्य, चोरी, मैथुन और परिग्रह का आंशिक त्याग वाला; (उवा; औप; णाया १, १२)। °याम देखो °जाम; (बृह ६)। °स स्त्रीन [°शत्] १ संख्या-विशेष, पचास, ५०; २ जिनकी संख्या पचास हो वे; "पंचासं अज्जियासा-हस्सीओ" (सम ७०)। °सग न [°शक] आचार्य श्रीहरिभद्रसूरि-कृत एक जैन ग्रन्थ; (पंचा)। °सीइ स्त्री [°शीति] १ संख्या-विशेष, अस्सी और पाँच, ८५; २ जिनकी संख्या पचासी हो वे; (सम ६२; पि ४४६)। °सीइम वि [°शीतितम] पचासीवाँ, ८५ वाँ; (पउम ८५, ३१; कप्प; पि ४४६)।

पंचअण्ण देखो **पंचजण्ण**; (गउड)।

पंचंग न [**पञ्चाङ्ग**] १ दो हाथ, दो जानू और मस्तक ये पाँच शरीरावयव; २ वि. पूर्वोक्त पाँच अंग वाला; (प्रणाम आदि) "पंचंग करिय ताहे पणिवायं" (सुर ४, ६८)।

पंचंगुलि पुं [**दे**] एरण्ड-वृक्ष, रेंडी का गाछ; (दे ६, १७)।

पंचंगुलि पुं [**पञ्चाङ्गुलि**] हस्त, हाथ; (णाया १, १; कप्प)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पंचंगुलिआ स्त्री [**पञ्चाङ्गुलिका**] वल्ली-विशेष ; (पगण १—पत्र ३३)।

पंचग न [**पञ्चक**] पाँच का समूह ; (आचा)।

पंचजण्ण पुं [**पाञ्चजन्य**] श्रीकृष्ण का शंख ; (काप्र ८६२ ; गा ६७४)।

पंचत्त, पंचत्तण न [**पञ्चत्व**] १ पाँचपन, पञ्चरूपता ; (सुर १, ५)। २ मरण, मौत ; (सुर १, ५ ; सण ; उप पृ १२४)।

पंचपुल पुंन [**दे**] मत्स्य-बन्धन विशेष, मछली पकड़ने की जाल-विशेष ; (विपा १, ८—पत्र ८५ टि)।

पंचम वि [**पञ्चम**] १ पाँचवाँ ; (उवा) २ स्वर-विशेष ; (ठा ७)। °**धारा** स्त्री [°**धारा**] अश्व की एक तरह की गति ; (महा)।

पंचमासिअ वि [**पाञ्चमासिक**] १ पाँच मास की उम्र का ; २ पाँच मास में पूर्ण होने वाला (अभिग्रह आदि) ; स्त्री—°**आ** ; (सम २१)।

पंचमिय वि [**पाञ्चमिक**] पाँचवाँ, पंचम ; (ओघ ६१)।

पंचमी स्त्री [**पञ्चमी**] १ पाँचवीं ; (प्रामा)। २ तिथि-विशेष, पंचमी तिथि ; (सम २६ ; श्रा २८)। ३ व्याकरण-प्रसिद्ध अपादान विभक्ति ; (अणु)।

पंचयन्न देखो **पञ्चजण्ण** ; (गाया १, १६ ; सुपा २६४)।

पंचलोइया स्त्री [**पञ्चलौकिका**] भुजपरिसर्प-विशेष, हाथ से चलने वाले सर्प-जातीय प्राणी की एक जाति ; (जीव २)।

पंचवडी स्त्री [**पञ्चवटी**] पाँच वट-वृक्ष वाला एक स्थान, जहां श्रीरामचन्द्रजी ने अपने वनवास के समय आवास किया था, इस स्थान का अस्तित्व कई लोग 'नासिक' नगर के पास गोदावरी नदी के किनारे मानते हैं, जब कि आधुनिक गवेषक लोग बस्तर रजवाड़े के दक्षिणी छोर पर, गोदावरी के किनारे, इसका होना सिद्ध करते हैं ; (उत्तर ८१)।

पंचाल पुं. ब. [**पञ्चाल, पाञ्चाल**] १ देश-विशेष, पञ्जाब देश ; (गाया १, ८ ; महा ; पगण १)। २ पुं. पञ्जाब देश का राजा ; (भवि)। ३ छन्द-विशेष ; (पिंग)।

पंचालिआ स्त्री [**पञ्चालिका**] पुतली, काष्ठादि-निर्मित छोटी प्रतिमा ; (कप्पू)।

पंचालिआ स्त्री [**पाञ्चालिका**] १ द्रुपद-राज की कन्या, द्रौपदी ; (वेणी १५८)। २ गान का एक भेद ; (कप्पू)।

पंचावण्ण, पंचावन्न स्त्रीन [**दे. पञ्चपञ्चाशत्**] १ संख्या-विशेष, पचपन, ५५ ; २ जिनकी संख्या पचपन हो वे ; (हे २, १७४ ; दे २, २७ ; दे २, २७ टि)।

पंचावन्न वि [**दे. पञ्चपञ्चाश**] पचपनवाँ ; (पउम ५५, ६१)।

पंचिंदिय, पंचिंदिय वि [**पञ्चेन्द्रिय**] १ वह जीव जिसको त्वचा, जीभ, नाक, आँख और कान ये पाँचों इन्द्रियाँ हों ; (पगण १ ; कप्प ; जीव १ ; भवि)। २ न. त्वचा आदि पाँच इन्द्रियाँ ; (धर्म ३)।

पंचुंबर स्त्रीन [**पञ्चोदुम्बर**] वट, पीपल, उदुम्बर, प्लक्ष और काकोदुम्बरी का फल ; (भवि)। स्त्री —°**री** ; (श्रा २०)।

पंचुत्तरसय वि [**पञ्चोत्तरशततम**] एक सौ पाँचवाँ, १०५वाँ ; (पउम १०५, ११५)।

पंचेडिय वि [**दे**] विनाशित ; " जेण लोयस्स लोहतणं फेडियं दुक्कंदप्पदप्पं च पंचेडियं " (भवि)।

पंचेसु पुं [**पञ्चेषु**] कामदेव, कंदर्प ; (कप्पू ; रंभा)।

पंछि पुं [**पक्षिन्**] पञ्छी, पक्षी, पखेरू, चिड़िया ; (उप १०३१ टी)।

पंजर न [**पञ्जर**] पिंजरा, पिंजड़ा ; (गउड ; कप्पू ; अच्चु २)।

पंजरिय वि [**पञ्जरित**] पिंजरे में बंद किया हुआ ; (गउड)।

पंजल वि [**प्राञ्जल**] सरल, सीधा, ऋजु ; (सुपा ३६४ ; वज्जा ३०)।

पंजलि पुंस्त्री [**प्राञ्जलि**] प्रणाम करने के लिए जोड़ा हुआ कर-संपुट, हस्त-न्यास-विशेष, संयुक्त कर-द्वय ; (उवा)। °**उड** पुं [°**पुट**] अञ्जलि-पुट, संयुक्त कर-द्वय ; (सम १५१ ; औप)। °**उड,** °**कड** वि [**कृतप्राञ्जलि**] जिसने प्रणाम के लिए हाथ जोड़ा हो वह ; (भग ; औप)।

पंड वि [**पाण्ड्य**] देश-विशेष में उत्पन्न। स्त्री—°**डी** ; " पंडीणं गंडवालीपुलअणचवला " (कप्पू)।

पंड, पंडग, पंडय पुं [**पण्ड, °क**] १ नपुंसक, क्लीब ; (ओघ ४६७ ; सम १५ ; पाअ)। २ न. मेरु पर्वत का एक वन ; (ठा २, ३ ; इक)।

पंडय देखो **पंडव** ; (हे १, ७०)।

पंडर पुं [**पाण्डर**] १ क्षीरवर-नामक द्वीप का अधिष्ठाता देव ; (राज)। २ श्वेत वर्ण, सफेद रंग ; ३ वि. श्वेत-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वर्ण वाला, सफेद ; (कप्प) । °भिक्खु पुं [°भिक्षु] श्वेताम्बर जैन संप्रदाय का मुनि ; (स ५५२) ।

पंडर देखो **पंडुर** ; (स्वप्न ७१) ।

पंडरंग पुं [**दे**] रुद्र, महादेव, शिव ; (दे ६, २३) ।

पंडरंगु पुं [**दे**] ग्रामेश, गाँव का अधिपति ; (षड्) ।

पंडरिय देखो **पंडुरिअ** ; (भवि) ।

पंडव पुं [**पाण्डव**] राजा पाण्डु का पुत्र—१ युधिष्ठिर, २ भीम, ३ अर्जुन, ४ सहदेव और ५ नकुल ; (णाया १, १६ ; उप ६४८ टी) ।

पंडविअ वि [**दे**] जलार्द्र, पानी से भीजा हुआ ; (दे ६, २०) ।

पंडिअ वि [**पण्डित**] १ विद्वान्, शास्त्रों के मर्म को जानने वाला, बुद्धिमान्, तत्वज्ञ ; "कामज्झया णामं गणिया होत्था बावत्तरीकलापंडिया" (विपा १, २ ; प्रासू ७४ ; १२६) । २ संयत, साधु ; (सूअ १, ८, ६) । °मरण न [°मरण] साधु का मरण, शुभ मरण-विशेष ; (भग ; पच्च ४६) । °माण वि [°म्मन्य] विद्याभिमानी, निज को पण्डित मानने वाला, दुर्विदग्ध ; (ओघ २७ भा) । °माणि वि [°मानिन्] देखो पूर्वोक्त अर्थ ; (पउम १०५, २१ ; उप १३४ टी) । °वीरिअ न [°वीर्य] संयत का आत्म-बल ; (भग) ।

पंडिच्च न [**पाण्डित्य**] पण्डिताई, विद्वत्ता, वैदुष्य ;
पंडित्त (उव ; सुर १२, ६८ ; सुपा २६ ; रंभा ; सं ५७) ।

पंडी देखो **पंड**=पाण्ड्य ।

पंडीअ (अप) देखो **पंडिअ** ; (पिंग) ।

पंडु पुं [**पाण्डु**] १ नृप-विशेष, पाण्डवों का पिता ; (उप ६४८ टी ; सुपा २७०) । २ रोग-विशेष, पाण्डु-रोग ; (जं १) । ३ वर्ण-विशेष, शुक्ल और पीत वर्ण ; ४ श्वेत वर्ण ; ५ वि. शुक्ल और पीत वर्ण वाला ; (कप्पू ; गउड) । ६ सफेद, श्वेत ; "सेअं सिअं वलक्खं अवदायं पंडु धवलं च" (पाअ ; गउड) । ७ शिला-विशेष, पाण्डु-कम्बला-नामक शिला ; (जं ४ ; इक) । °कंबलसिला स्त्री [°कम्बलशिला] मेरु पर्वत के पाण्डक वन के दक्षिण छोर पर स्थित एक शिला, जिस पर जिन-देवों का जन्माभिषेक किया जाता है; (जं ४) । °कंबला स्त्री [°कम्बला] वही पूर्वोक्त अर्थ ; (ठा २, ३) । °तणय पुं [°तनय] पाण्डुराज का पुत्र, पाण्डव ; (गउड ४८५) । °भद्द पुं [°भद्र] एक जैन मुनि, जो आर्य संभूतिविजय के शिष्य थे ; (कप्प) । °मट्टिया, °मत्तिया स्त्री [°मृत्तिका] एक प्रकार की सफेद मिट्टी ; (जीव १ ; पण्ण १—पत्र २५) । °महुरा स्त्री [°मथुरा] स्वनाम-ख्यात एक नगरी, पाण्डवों ने बनाई हुई भारतवर्ष के दक्षिण तरफ की एक नगरी का नाम ; (णाया १, १६—पत्र २२५ ; अंत) । °राय पुं [°राज] राजा पाण्डु, पाण्डवों का पिता ; (णाया १, १६) । °सुय पुं [°सुत] पाण्डव ; (उप ६४८ टी) । °सेण पुं [°सेन] पाण्डवों का द्रौपदी से उत्पन्न एक पुत्र ; (णाया १, १६ ; उप ६४८ टी) ।

पंडुइय वि [**पाण्डुकित**] १ श्वेत रंग का किया हुआ ; (णाया १, १—पत्र २८) ।

पंडुग पुं [**पाण्डुक**] १ चक्रवर्ती का धान्यों की पूर्ति
पंडुय करने वाला एक निधि ; (राज ; ठा २, १—पत्र ४४ ; उप ६८६ टी) । २ सर्प की एक जाति ; (आवृ १) । ३ न. मेरु पर्वत पर स्थित एक वन, पाण्डक-वन ; (सम ६६) ।

पंडुर पुं [**पाण्डुर**] १ श्वेत वर्ण, सफेद रंग ; २ पीत-मिश्रित श्वेत वर्ण ; ३ वि. सफेद वर्ण वाला ; ४ श्वेत-मिश्रित पीत वर्ण वाला ; (कप्प ; उव ; से ८, ४६) । °ज्जा स्त्री [°र्या] एक जैन साध्वी का नाम ; (आवम) । °त्थिय पुं [°अस्थिक] एक गाँव का नाम ; (आचू १) ।

पंडुरग पुं [**पाण्डुरक**] १ शिव-भक्त संन्यासिओं की
पंडुरय एक जाति ; (णाया १, १५—पत्र १६३) । २ देखो **पंडुर** ; "केसा पंडुरया हवंति ते" (उत ३) ।

पंडुरिअ वि [**पाण्डुरित**] पाण्डुर वर्ण वाला बना
पंडुलइय हुआ ; (गा ३८८ ; विपा १, २—पत्र २७) ।

पंत वि [**प्रान्त**] १ अन्त-वर्ती, अन्तिम ; (भग ६, ३३) । २ अशोभन, असुन्दर ; (आचा ; ओघ १७ भा) । ३ इन्द्रियों का अननुकूल, इन्द्रिय-प्रतिकूल ; (पण्ह २, ५) । ४ अभद्र, असभ्य, अशिष्ट ; (ओघ ३६ टी) । ५ अपशाद, नीच, दुष्ट ; (णाया १, ८) । ६ दरिद्र, निर्धन ; (ओघ ६१) । ७ जीर्ण, फटा-टूटा ; "पंतवत्थ—" (बृह २) । ८ व्यापन्न, विनष्ट ; "सिप्पाबचणमाई अंतं, पंतं च होइ वावन्नं" (बृह १ ; आचा) । ९ नीरस, सूखा ; (उत ८) । १० भुक्तावशिष्ट, खा लेने पर बचा हुआ ; ११ पर्युषित, वासी ; (णाया १, ५—पत्र १११) । °कुल न [°कुल] नीच कुल, जघन्य जाति ;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ठा ८)। °**चर** वि [°**चर**] नीरस आहार की खोज करने वाला तपस्वी ; (पराह २, १)। °**जीवि** वि [°**जीविन्**] नीरस आहार से शरीर-निर्वाह करने वाला ; (ठा ५, १)। °**हार** वि [°**हार**] लूखा-सूखा आहार करने वाला ; (ठा ५, १)।

पंति स्त्री [**पङ्क्ति**] १ पंक्ति, श्रेणी ; (हे १, २५ ; कुमा ; कप्प): । २ सेना-विशेष, जिसमें एक हाथी, एक रथ, तीन घोड़े और पाँच पदाती हों ऐसी सेना ; (पउम ५६, ४)।

पंति स्त्री [**दे**] वेणी, केश-रचना ; (दे ६, २)।

पंतिय स्त्रीन [**पङ्क्ति**] पंक्ति, श्रेणी ; " सराणि वा सरपंतियाणि वा सरसरपंतियाणि वा " (आचा २, ३, ३, २)। स्त्री—" पंतियाओ " (अणु)।

पंथ पुं [**पन्थ, पथिन्**] मार्ग, रास्ता ; " पंथं किर देसित्ता " (हे १, ८८), " पंथम्मि पहपरिब्भट्ठं " (सुपा ५५० ; हेका ५४ ; प्रासू १७३)।

पंथ पुं [**पान्थ**] पथिक, मुसाफिर ; (हे १, ३० ; अच्चु ७४)। °**कुट्टण** न [°**कुट्टन**] मार-पीट कर मुसाफिरों को लूटना ; (णाया १, १८)। °**कोट्ट** पुं [°**कुट्ट**] वही अर्थ ; (विपा १, १—पत्र ११)। °**कोट्टि** स्त्री [°**कुट्टि**] वही अर्थ ; "से चोरसेणावई गामघायं वा जाव पंथकोट्टिं वा काउं वच्चति " (णाया १, १८)।

पंथग पुं [**पान्थक**] एक जैन मुनि ; (णाया १, ५ ; धम्म ६ टी)।

पंथाण देखो **पंथ**=पन्थ, पथिन् ; " पंथझाणे पंथाणंझाणे " (आउ ११)।

पंथिअ पुं [**पन्थिक, पथिक**] मुसाफिर, पान्थ ; " पंथिअ ण एत्थ संथर " (काप्र १५८ ; महा ; कुमा ; णाया १, ८ ; वज्जा ६० ; १५८)।

पंथुच्छुहणी स्त्री [**दे**] श्वशुर-गृह से पहली वार आनीत स्त्री ; (दे ६, ३५)।

पंपुअ वि [**दे**] दीर्घ, लम्बा ; (दे ६, १२)।

पंफुल्ल वि [**प्रफुल्ल**] विकसित ; (पिंग)।

पंफुल्लिअ वि [**दे**] गवेषित, जिसकी खोज की गई हो वह ; (दे ६, १७)।

पंस सक [**पांसय्**] मलिन करना। पंसेई ; (विसे ३०५२)।

पंसण वि [**पांसन**] कलङ्कित करने वाला, दूषण लगाने वाला ; (हे १, ७० ; सुपा ३४५)।

पंसु पुं [**पांसु, पांशु**] धूली, रज, रेणु ; (हे १, २६; पाअ ; आचा)। °**कीलिय**, °**क्कीलिय** वि [°**क्रीडित**] जिसके साथ बचपन में पांशु-क्रीड़ा की गई हो वह, बचपन का दोस्त ; (महा ; सण)। °**पिसाय** पुंस्त्री [°**पिशाच**] जो रेणु-लिप्त होने के कारण पिशाच के तुल्य मालूम पड़ता हो वह ; (उत्त १२)। **मूलिय** पुं [°**मूलिक**] विद्याधर, मनुष्य-विशेष ; (राज)।

पंसु पुं [**पर्शु**] कुठार ; (हे १, २६)।

पंसु देखो **पसु** ; (षड्)।

पंसुल पुं [**दे**] १ कोकिल, कोयल ; २ जार, उपपति ; (दे ६, ६६)। ३ वि. रुद्ध, रोका हुआ ; (षड्)।

पंसुल पुं [**पांसुल**] १ पुंश्चल, परस्त्री-लम्पट ; (गा ५१० ; ५६६)। २ वि. धूलि-युक्त ; (गउड)।

पंसुला स्त्री [**पांसुला**] कुलटा, व्यभिचारिणी स्त्री ; (कुमा)।

पंसुलिअ वि [**पांसुलित**] धूलि-युक्त किया हुआ ; " पंसुलिअकरेण " (गउड)।

पंसुलिआ स्त्री [**दे. पांशुलिका**] पार्श्व की हड्डी ; (पत्र २५३)।

पंसुली स्त्री [**पांसुली**] कुलटा, व्यभिचारिणी स्त्री ; (पाअ ; सुर १५, २ ; हे २, १७६)।

पकंथ देखो **पगंथ** ; (आचा १, ६, २)।

पकंथग पुं [**प्रकन्थक**] अश्व-विशेष ; (ठा ४, ३—पत्र २४८)।

पकंप पुं [**प्रकम्प**] कम्प, काँपना ; (आव ४)।

पकंपण न [**प्रकम्पन**] ऊपर देखो ; (सुपा ६५१)।

पकंपिअ वि [**प्रकम्पित**] प्रकम्प-युक्त, काँपा हुआ ; (आव २)।

पकंपिर वि [**प्रकम्पितृ**] काँपने वाला ; (उप पृ १३२)। स्त्री—°**री** ; (रंभा)।

पकड्ढ देखो **पगड्ढ** । :कवकृ—**पकड्ढिज्जमाण** ; (औप)।

पकड्ढ वि [**प्रकृष्ट**] १ प्रकर्ष-युक्त ; :२ खींचा हुआ ; (औप)।

पकड्ढण न [**प्रकर्षण**] आकर्षण, खींचाव; (निचू २०)।

पकत्थ सक [**प्र+कत्थ्**] श्लाघा करना, प्रशंसा करना। पकत्थइ ; (सूअ १, ४, १, १६ ; पि ५४३)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पकप्प अक [प्र+क्लृप्] १ काम में आना, उपयोग में आना। २ काटना, छेदना। कृ—**पकप्प** ; (ठा ५, १—पत्र ३००)। देखो **पगप्प**=प्र+क्लृप्।

पकप्प सक [प्र+कल्पय्] १ करना, बनाना। २ संकल्प करना। "वासं वयं वित्ति पकप्पयामो" (सूत्र २, ६, ५२)।

पकप्प पुं [प्रकल्प] १ उत्कृष्ट आचार, उत्तम आचरण; (ठा ४, ३)। २ अपवाद, बाधक नियम; (उप ६७७ टी; निचू १)। ३ अध्ययन-विशेष 'आचारांग' सूत्र का एक अध्ययन; ४ व्यवस्थापन; "अट्ठावीसविहे आयार-पकप्पे" (सम २८)। ५ कल्पना; ६ प्ररूपणा; ७ विच्छेद, प्रकृष्ट छेदन; (निचू १)। ८ जैन साधुओं का एक प्रकार का आचार, स्थविर-कल्प; (पंचभा)। ९ एक महाग्रह, ज्यौतिष देव-विशेष; (सुज्ज २०)। °**गंथ** पुं [°ग्रन्थ] एक जैन प्राचीन ग्रन्थ, 'निशीथ' सूत्र; (जीव १)। °**जइ** पुं [°यति] 'निशीथ' अध्ययन का जानकार साधु; "धम्मो जिणपन्नत्तो पकप्पजइणा कहेयव्वो" (धर्म १)। °**धर** वि [°धर] 'निशीथ' अध्ययन का जानकार; (निचू २०)। देखो **पगप्प**=प्रकल्प।

पकप्पणा स्त्री [प्रकल्पना] प्ररूपणा, व्याख्या; "परूवण त्ति वा पकप्पण त्ति वा एगट्ठा" (निचू १)।

पकप्पिअ वि [प्रकल्पित] १ संकल्पित; (द्र २)। २ निर्मित; (महा)। ३ न. पूर्वोपार्जित द्रव्य; "ण णो अत्थि पकप्पियं" (सूत्र १, ३, ३, ४)। देखो **पगप्पिअ**।

पकय वि [प्रकृत] प्रवृत्त, कार्य में लगा हुआ; (उप ६२०)।

पकर सक [प्र+कृ] १ करने का प्रारम्भ करना। २ प्रकर्ष से करना। ३ करना। पकरेइ, पकरंति, पकरेंति; (भग; पि ५०९)। वकृ—**पकरेमाण**; (भग)। संकृ—**पकरित्ता**; (भग)।

पकर देखो **पयर**=प्रकर; (नाट—वेणी ७२)।

पकरणया स्त्री [प्रकरणता] करण, कृति; (भग)।

पकहिअ वि [प्रकथित] जिसने कहने का प्रारम्भ किया हो वह; (उप १०३१ टी; वसु)।

पकाम न [प्रकाम] १ अत्यर्थ, अत्यन्त; (गाया १, १-६ महा; नाट—शकु २७)। २ पुं. प्रकृष्ट अभिलाष; (भग ७, ७)।

पकाव (अप) सक [पच्] पकाना। पकावउ; (पिंग; पि ४५४)।

पकास देखो **पयास**=प्रकाश; (पिंग)।

पकिट्ठ देखो **पगिट्ठ**; (राज)।

पकिण्ण वि [प्रकीर्ण] १ उप्त, बोया हुआ; २ दत्त, दिया हुआ; "जहिं पकिरणा (न्ना) विरुहंति पुण्णा" (उत्त १२, १३)। देखो **पइण्ण**=प्रकीर्ण।

पकिदि (शौ) देखो **पइइ**=प्रकृति; (स्वप्न ६०; अभि ६५)।

पकिन्न देखो **पकिण्ण**; (उत्त १२, १३)।

पकुण देखो **पकर**=प्र+कृ। पकुणइ; (कम्म १, ६०)।

पकुप्प अक [प्र+कुप्] क्रोध करना। पकुप्पंति; (महानि ४)।

पकुप्पित (चूपै) वि [प्रकुपित] क्रुद्ध, कुपित; (हे ४, ३२६)।

पकुविअ ऊपर देखो; (महानि ४)।

पकुव्व सक [प्र+कृ, प्र+कुर्व्] १ करने का प्रारम्भ करना। २ प्रकर्ष से करना। ३ करना। पकुव्वइ; (पि ५०८)। वकृ—**पकुव्वमाण**; (सुर १६, २४; पि ५०८)।

पकुव्वि वि [प्रकारिन्, प्रकुर्विन्] १ करने वाला, कर्ता। २ पुं. प्रायश्चित्त देकर शुद्धि कराने में समर्थ गुरु; (द्र ४९; ठा ८; पुप्फ ३५६)।

पकूविअ वि [प्रकूजित] ऊँचे स्वर से चिल्लाया हुआ; (उप पृ ३३२)।

पकोट्ठ देखो **पओट्ठ**; (राज)।

पकोव पुं [प्रकोप] गुस्सा, क्रोध; (श्रा १४)।

पक्क वि [पक्व] पका हुआ; (हे १, ४७; २, ७९; पाअ)।

पक्क वि [दे] १ दृप्त, गर्वित; २ समर्थ, पक्का, पहुँचा हुआ; (दे ६, ६४; पाअ)।

पक्कंत वि [प्रक्रान्त] प्रस्तुत, प्रकृत; (कुमा २७)।

पक्कगाह पुं [दे] १ मकर, मगरमच्छ; (दे ६, २३)। २ पानी में बसने वाला सिंहाकार जल-जन्तु; (से ५, ४७)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पक्कण वि [**दे**] १ अ-सहन, अ-सहिष्णु ; २ समर्थ, शक्त ; (दे ६, ६६) । ३ पुं. चाण्डाल ; (सं ६३) । ४ एक अनार्य देश; ५ पुंस्त्री. अनार्य देश-विशेष में रहने वाली एक मनुष्य-जाति ; (औप ; राज); स्त्री—°**णी** ; (णाया १, १ ; औप ; इक) । ६ पुं. एक नीच जाति का घर, शबर-गृह ; (पंरा ५२) । °**उल** न [°**कुल**] १ चाण्डाल का घर ; (वृह ३) । २ एक गर्हित कुल ; "पक्कणउले वसंतो सउणी इयरोवि गरहिओ होइ" (आव ३) ।

पक्कणि वि [**दे**] १ अतिशय शोभमान, खूब शोभता हुआ ; २ भग्न, भाँगा हुआ ; ३ प्रियंवद, प्रिय-भाषी ; (दे ६, ६५) ।

पक्कणिय पुंस्त्री [**दे**] एक अनार्य देश में रहने वाली मनुष्य-जाति ; (पण्ह १, १—पत्र १४ ; इक) ।

पक्कन्न न [**पक्वान्न**] केवल घी में बनी हुई वस्तु, मिठाई आदि ; (सुपा ३८७) ।

पक्कम सक [**प्र + क्रम्**] प्रकर्ष से समर्थ होना । पक्कमइ ; (भग १५—पत्र ६७८) ।

पक्कम पुं [**प्रक्रम**] प्रस्ताव, प्रसंग ; (सुपा ३७४) ।

पक्कल वि [**दे**] १ समर्थ, शक्त ; (हे २, १७४ ; पाअ ; सुर ११, १०४ ; वज्जा ३४) । २ दर्प-युक्त, गर्वित ; (सुर ११, १०४ ; गा ११८) । ३ प्रौढ ; "चत्तारि पक्कल-वइल्ला" (गा ८१२ ; पि ४३६) ।

पक्कस देखो **वक्कस** ; (आचा) ।

पक्कसावअ पुं [**दे**] १ शरभ ; २ व्याघ्र ; (दे ६, ७५) ।

पक्काइय वि [**पक्वीकृत**] पकाया हुआ ; "पक्काइयमाउ-लिंगसारिच्छा" (वज्जा ६२) ।

पक्किर सक [**प्र + कृ**] फेंकना । वकृ—"छारं च धूलिं च कयवरं च उवरिं **पक्किरमाणा**" (णाया १, २) ।

पक्कीलिय वि [**प्रक्रीडित**] जिसने क्रीड़ा का प्रारम्भ किया हो वह ; (णाया १, १ ; कप्प) ।

पक्केल्लय वि [**पक्व**] पका हुआ ; (उवा) ।

पक्ख पुं [**पक्ष**] १ पाख, पखवारा, आधा महीना, पन्द्रह दिन-रात ; (ठा २, ४—पत्र ८६ ; कुमा) । २ शुक्ल और कृष्ण पक्ष, उजेला और अँधेरा पाख ; (जीव २ ; हे २, १०६) । ३ पार्श्व, पाँजर, कन्धा के नीचे का भाग ; ४ पक्षियों का अवयव-विशेष, पंख, पर, पतत्र ; (कुमा) । ५ तर्क-शास्त्र-प्रसिद्ध अनुमान-प्रमाण का एक अवयव, साध्य वाली वस्तु ; (विसे २८२४) । ६ तरफ, ओर ; ७ जत्था, दल, टोली ; ८ मित्र, सखा ; ९ शरीर का आधा भाग ; १० तरफदार ; ११ तीर का पंख ; (हे २, १४७) । १२ तरफदारी ; (वव १) । °**ग** वि [°**ग**] पक्ष-गामी, पक्ष-पर्यन्त स्थायी ; (कम्म १, १८) । °**पिंड** पुंन [°**पिण्ड**] आसन-विशेष—१ जानु और जाँघ पर वस्त्र बाँध कर बैठना ; २ दोनों हाथों से शरीर का बन्धन कर बैठना ; (उत्त १, १९) । °**य** पुं [°**क**] पंखा, तालवृन्त ; (कप्प) । °**वंत** वि [°**वत्**] तरफदारी वाला ; (वव १) । °**वाइल्ल** वि [°**पातिन्**] पक्षपात करने वाला, तरफदारी करने वाला ; (उप ७२८ टी ; धम्म १ टी) । °**वाद** पुं [°**पात**] तरफदारी ; (उप ६७० ; स्वप्न ४५) । °**वादि** (शौ) देखो °**वाइल्ल** ; (नाट—विक्र २ ; मालती ६५) । °**वाय** देखो °**वाद** ; (सुपा २०६ ; ३६३) । °**वाय** पुं [°**वाद**] पक्ष-संबन्धी विवाद ; (उप पृ ३१२) । °**वाह** पुं [°**वाह**] वेदिका का एक देश-विशेष ; (जं १) । °**वडिअ** वि [°**पतित**] पक्षपाती ; (हे ४, ४०१) । °**वाइया** स्त्री [°**वापिका**] होम-विशेष ; (स ७५७) ।

पक्खंत न [**पक्षान्त**] अन्यतर इन्द्रिय-जात ; "अन्नयरं इंदियजायं पक्खंतं भगणइ" (निचू ६) ।

पक्खंतर न [**पक्षान्तर**] अन्य पक्ष, भिन्न पक्ष, दूसरा पक्ष ; (नाट—महावी २५) ।

पक्खंद सक [**प्र + स्कन्द्**] १ आक्रमण करना । २ दौड़ कर गिरना । ३ अध्यवसाय करना । "पक्खंदे जलियं जोइं धूमकेउं दुरासयं" (राज) । "अगणिं व पक्खंद पयंगसेणा" (उत्त १२, २७) ।

पक्खंदण न [**प्रस्कन्दन**] १ आक्रमण ; २ अध्यवसाय । ३ दौड़ कर गिरना ; (निचू ११) ।

पक्खज्जमाण वि [**प्रखाद्यमान**] जो खाया जाता हो वह ; (सूअ १, ५, २) ।

पक्खडिअ वि [**दे**] प्रस्फुरित, विजृम्भित, समुत्पन्न ; "पक्खडिए सिहिपडिलिहिरे विरहे" (दे ६, २०) ।

पक्खर सक [**सं + नाहय्**] संनद्ध करना, अश्व को कवच से सज्जित करना । पक्खरेह ; (सुपा २८८) । संकृ—**पक्खरिअ** ; (पिंग) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पक्खर न [**दे**] पाखर, अश्व-संनाह, घोड़े का कवच ; (कुप्र ४४६ ; पिंग)।

पक्खरा स्त्री [**दे**] पाखर, अश्व-संनाह ; (दे ६, १०)। " ओसारिअपक्खरे " (विपा १, २)।

पक्खरिअ वि [**संनद्ध**] कवचित, संनद्ध, कवच से सज्जित, (अश्व) ; (सुपा ५०२ ; कुप्र १२० ; भवि)।

पक्खल अक [**प्र + स्खल्**] गिरना, पड़ना, स्खलित होना। पक्खलइ ; (कस)। वकृ — **पक्खलंत**, **पक्खलमाण** ; (दस ५, १ ; पि ३०६ ; नाट—मृच्छ १७ ; बृह ६)।

पक्खाउज्ज न [**पक्षातोद्य**] पखाउज, पखावज, एक प्रकार का बाजा ; (कप्पू)।

पक्खाय वि [**प्रख्यात**] प्रसिद्ध, विश्रुत ; (प्रारू)।

पक्खारिण पुं [**प्रक्षारिण**] १ अनार्य-देश विशेष ; २ पुंस्त्री. उस देश का निवासी मनुष्य ; स्त्री— °**णी** ; (राय)।

पक्खाल सक [**प्र + क्षालय्**] पखारना, शुद्ध करना, धोना। कवकृ—**पक्खालिज्जमाण** ; (गाया १, ५)। संकृ — **पक्खालिअ, पक्खालिऊण** ; (नाट—चैत ४०; महा)।

पक्खालण न [**प्रक्षालन**] पखारना, धोना ; (स ५२ ; औप)।

पक्खालिअ वि [**प्रक्षालित**] पखारा हुआ, धोया हुआ ; (औप ; भवि)।

पक्खासण न [**पक्ष्यासन**] आसन-विशेष, जिसके नीचे अनेक प्रकार के पक्षिओं का चिह्न हो ऐसा आसन ; (जीव ३)।

पक्खि पुंस्त्री [**पक्षिन्**] पाखी, पत्ती ; (ठा ४, ४ ; आचा ; सुपा ५६२)। स्त्री— °**णी** ; (श्रा १४)। °**बिराल** पुंस्त्री [°**बिराल**] पक्षि-विशेष ; (भग १३, ६)। स्त्री — °**ली** ; (जीव १)। °**राय** पुं [°**राज**] गरुड़ ; (सुपा २१०)। नीचे देखो।

पक्खिअ पुंस्त्री [**पक्षिक**] १ ऊपर देखो ; (श्रा २८)। २ वि. पक्षपाती, तरफदारी करने वाला ; " तप्पक्खिओ पुणो अगणो " (श्रा १२)।

पक्खिअ वि [**पाक्षिक**] १ पाख में होने वाला ; २ पक्ष से संबन्ध रखने वाला, अर्ध मास-संबन्धी ; (कप्प ; धर्म २)। ३ न. पर्व-विशेष, चतुर्दशी ; (लहुअ १६ ; द्र ४५)। °**पक्खिअ** पुं [°**पक्षिक**] नपुंसक-विशेष, जिसको एक पाख में तीव्र विषयाभिलाष होता हो और एक पक्ष में अल्प, ऐसा नपुंसक ; (पुप्फ १२७)।

पक्खिकायण न [**पाक्षिकायन**] गोत्र-विशेष जो कौशिक गोत्र की एक शाखा है ; (ठा ७)।

पक्खिण देखो **पक्खि** ; " जह पक्खिणाण गरुडो " (पउम १४, १०४)।

पक्खिणी देखो **पक्खि**।

पक्खित्त वि [**प्रक्षिप्त**] फेंका हुआ ; (महा ; पि १८१)।

पक्खिप्प } देखो **पक्खिव**।
पक्खिप्पमाण }

पक्खिव सक [**प्र + क्षिप्**] १ फेंकना, फेंक देना। २ छोड़ना, त्यागना। ३ डालना। पक्खिवइ ; (महा ; कप्प)। पक्खिवह, पक्खिवेज्जा ; (आचा २, ३, २, ३)। कवकृ — **पक्खिप्पमाण** ; (गाया १, ८ — पत्र १२६ ; १४७)। संकृ —**पक्खिविऊण**, पक्खिप्प ; (महा ; सुअ १, ५, १; पि ३१६) कृ —**पक्खिवेयव्व** ; (उप ६४८ टी)। प्रयो —वकृ —**पक्खिवावेमाण** ; (गाया १, १२)।

पक्खीण वि [**प्रक्षीण**] अत्यन्त क्षीण ; " अहं पक्खीण-विभवो " (महा)।

पक्खुडिअ वि [**प्रखण्डित**] खण्डित, अ-संपूर्ण ; (सुपा ११६)।

पक्खुब्भ अक [**प्र + क्षुभ्**] १ क्षोभ पाना ; २ वृद्ध होना, बढ़ना। वकृ—**पक्खुब्भंत** ; (से २, २४)।

पक्खुब्भंत देखो **पक्खोभ**।

पक्खुभिय वि [**प्रक्षुभित**] क्षोभ-प्राप्त ; प्रक्षुब्ध ; (औप)।

पक्खेव } पुं [**प्रक्षेप**, °**क**] १ क्षेपण, फेंकना ; " बहिया पोग्गलपक्खेवे " (उवा)।
पक्खेवग }

२ पूर्ति करने वाला द्रव्य, पूर्ति के लिये पीछे से डाली जाती वस्तु ; " अपक्खेवगस्स पक्खेवं दलयइ " (गाया १, १५—पत्र १९३)।

पक्खेवण न [**प्रक्षेपण**] क्षेपण, प्रक्षेप ; (औप)।

पक्खेवय देखो **पक्खेवग** ; (बृह १)।

पक्खोड सक [**वि + कोशय्**] १ खोलना। २ फैलाना। पक्खोडइ ; (हे ४, ४२)। संकृ—**पक्खोडिऊण** ; (सुपा ३३८)।

पक्खोड सक [**शद्**] १ कँपाना ; २ झाड़ कर गिराना। पक्खोडइ ; (हे ४, १३०)। संकृ—**पक्खोडिय** ; (उप ५८४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पक्खोड सक [प्र + छादय्] ढकना, आच्छादन करना। संकृ—**पक्खोडिय** ; (उप ५८४)।

पक्खोडण न [शदन] धूनन, कँपाना ; (कुमा)।

पक्खोडिअ वि [शदित] निर्भाटित, झाड़ कर गिराया हुआ ; (दे ६, २७ ; पाअ)।

पक्खोडिय देखो **पक्खोड** = शद, प्र + छादय्।

पक्खोभ सक [प्र + क्षोभय्] क्षुब्ध करना, क्षोभ उत्पन्न कर हिला देना। कवकृ—**पक्खुब्भंत** ; (से २, २४)।

पक्खोलण न [शदन] १ स्खलित होने वाला ; २ रुष्ट होने वाला ; (राज)।

पखल वि [प्रखर] प्रचण्ड, तीव्र ; (प्राप्र)।

पगइ स्त्री [प्रकृति] १ प्रकृति, स्वभाव ; (भग ; कम्म १, २ ; सुर १४, ६६ ; सुपा ११०)। २ प्रकृत अर्थ, प्रस्तुत अर्थ ; "पडिसेहदुगं पगइं गमेइ" (विसे २५०२)। ३ प्राकृत लोक, साधारण जन-समूह ; "दिन्नमुद्दारं बहुदव्वं पगईणं" (सुपा ५६७)। ४ कुम्भकार आदि अठारह मनुष्य-जातियाँ ; "अट्ठारसपगइब्भंतराए को सो न जो एइ" (आक १२)। ५ कर्मों का भेद ; (सम ६)। ६ सत्व, रज और तम की साम्यावस्था ; ७ बलदेव के एक पुत्र का नाम ; (राज)। °**बंध** पुं [°बन्ध] कर्म-पुद्गलों में भिन्न भिन्न शक्तिओं का पैदा होना ; (कम्म १, २)। देखो **पगडि**।

पगंठ पुं [प्रकण्ठ] १ पीठ-विशेष ; २ अन्त का अवनत प्रदेश ; (जीव ३)।

पगंथ सक [प्र + कथय्] निन्दा करना। "अलियं पगं-(कं)थे अदुवा पगं(कं)थे" (आचा)।

पगड वि [प्रकट] व्यक्त, खुला ; (पि २१६)

पगड वि [प्रकृत] प्रविहित, विनिर्मित ; (उत्त १३)।

पगडण न [प्रकटन] प्रकाश करना, खुला करना ; (णंदि)।

पगडि स्त्री [प्रकृति] १ भेद, प्रकार ; (भग)। २—देखो **पगइ** ; (सम ४६ ; सुर १४, ६८)।

पगडीकय वि [प्रकटीकृत] व्यक्त किया हुआ ; (सुपा १८१)।

पगड्ड सक [प्र + कृष्] खींचना। कवकृ—**पगड्डिज्जमाण** ; (विपा १, १)।

पगप्प देखो **पकप्प** = प्र + कल्पय्। संकृ—**पगप्पएत्ता** ; (सूत्र २, ६, ३७)।

पगप्प देखो **पकप्प** = प्र + क्लृप् ; (सूत्र १, ८, ५)।

पगप्प पुं [प्रकल्प] १ उत्पन्न होने वाला, प्रादुर्भूत होने वाला ; "बहुगुणप्पगप्पाइं कुज्जा अत्तसमाहिए" (सूत्र १, ३, ३, १६)। देखो **पकप्प**=प्रकल्प ; (आचा)।

पगप्पिअ वि [प्रकल्पित] प्ररूपित, कथित; "ण उ एयाहिं दिट्ठीहिं पुव्वमासि पगप्पियं" (सूत्र १, ३, ३,१६)। देखो **पकप्पिअ**।

पगप्पित्तु वि [प्रकल्पयितृ, प्रकर्तयितृ] काटने वाला, कतरने वाला ; "हंता छेत्ता पगिब्भ(प्पि)त्ता आय-सायाणुगामिणो" (सूत्र १, ८, ५)।

पगब्भ अक [प्र + गल्भ्] १ धृष्टता करना, धृष्ट होना ; २ समर्थ होना। पगब्भइ, पगब्भई ; (आचा ; सूत्र १, २, २, २१ ; १, २, ३, १० ; उत्त ५, ७)।

पगब्भ वि [प्रगल्भ] धृष्ट, धीठ ; (पउम ३३, ६६)। २ समर्थ ; (उप २६४ टी)।

पगब्भ न [प्रागल्भ्य] धृष्टता, धीठाई ; "पगब्भि पाणे बहुणंतिवाती" (सूत्र १, ७, ८)।

पगब्भा स्त्री [प्रगल्भा] भगवान् पार्श्वनाथ की एक शिष्या ; (आवम)।

पगब्भिअ वि [प्रगल्भित] धृष्टता-युक्त ; (सूत्र १, १, १, १३ ; १, २, ३, ४)।

पगय वि [प्रकृत] प्रस्तुत, अधिकृत ; (विसे ८३३ ; उप ४७६)।

पगय वि [प्रगत] १ प्राप्त ; (राज)। २ जिसने गमन करने का प्रारम्भ किया हो वह ; "मुणिणोवि जहाभि-मयं पगया पगएण कज्जेण" (सुपा २३५)। ३ न. प्रस्ताव, अधिकार ; (सूत्र १, ११ ; १५)।

पगय न [दे] पग, पाँव, पैर ; "एत्थंतरम्मि लग्गो चंड-मारुओ। तेण भग्गो तुरयपगयमग्गो" (महा)।

पगर पुं [प्रकर] समूह, राशि ; (सुपा ६५५)।

पगरण न [प्रकरण] १ अधिकार, प्रस्ताव ; २ ग्रन्थ-खण्ड-विशेष, ग्रन्थांश-विशेष ; (विसे १११५)। ३ किसी एक विषय को लेकर बनाया हुआ छोटा ग्रन्थ ; (उव)।

पगरिस पुं [प्रकर्ष] १ उत्कर्ष, श्रेष्ठता ; (सुपा १०६)। २ आधिक्य, अतिशय ; (सुर ४, १६६)।

पगरिसण न [प्रकर्षण] ऊपर देखो ; (यति १६)।

पगल अक [प्र + गल्] झरना, टपकना। वकृ—**पगलंत** ; (विपा १, ७ ; महा)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पगहिय वि [**प्रगृहीत**] ग्रहण किया हुआ, उपात्त ; (सुर ३, १६९) ।

पगाइय वि [**प्रगीत**] जिसने गाने का प्रारम्भ किया हो वह ; " पगाइयाइं मंगलमंतेउराइं " (स ७३६) ।

पगाढ वि [**प्रगाढ**] अत्यन्त गाढ ; (विपा १, १ ; सुपा ५३०) ।

पगाम देखो **पकाम** ; (आचा ; श्रा १४ ; सुर ३, ८७ ; कुप्र ३१५) ।

पगार पुं [**प्रकार**] १ भेद ; (आचू १) । २ रीति : " एएण पगारेण सव्वं दव्वं दवाविओ " (महा) । ३ आदि, वगैरः, प्रभृति ; (सूअ १, १३) ।

पगास देखो **पयास** = प्र + काशय् । वक्र—**पगासेंत** ; (महा) ।

पगास पुं [**प्रकाश**] १ प्रभा, दीप्ति, चमक ; (गाया १, १), " एगं महं नीलुप्पलगवलगुलियअयसिकुसुमप्पगासं असिं सुरधारं गहाय " (उवा) । २ प्रसिद्धि, ख्याति ; (सूअ १, ६) । ३ आविर्भाव, प्रादुर्भाव ; ४ उद्योत, आतप ; (राज) । ५ क्रोध, गुस्सा ; " छन्नं च पसंस णो करे न य उक्कोस पगास माहणे " (सूअ १, २, २६) । ६ वि प्रकट, व्यक्त ; (निचू १) ।

पगासग देखो **पगासय** ; (राज) ।

पगासण देखो **पयासण** ; (औप) ।

पगासणया स्त्री [**प्रकाशनता**] प्रकाश, आलोक ; (ओघ ५५०) ।

पगासय वि [**प्रकाशक**] प्रकाश करने वाला ; (विसे ११५५) ।

पगासिय वि [**प्रकाशित**] उद्योतित, दीप्त ; "मे सूरियस्स अब्भुग्गमेणं मग्गं वियाणाइ पगासियंसि " (सूअ १, १४, १२) ।

पगिज्झिय देखो **पगिण्ह** ; (कस ; औप ; पि ५९१) ।

पगिट्ठ वि [**प्रकृष्ट**] १ प्रधान, मुख्य ; (सुपा ७७) । २ उत्तम, श्रेष्ठ ; (कुप्र २० ; सुपा २२६) ।

पगिण्ह सक [**प्र + ग्रह्**] १ ग्रहण करना । २ उठाना । ३ धारण करना । ४ करना । संकृ—**पगिण्हित्ता, पगिण्हित्ताणं, पगिज्झिय** ; (पि ५८२ ; ५८३ ; औप ; आचा २,३,४, १; कस) ।

पगीअ वि [**प्रगीत**] १ गाया हुआ ; (पउम ३७, ४८) । २ जिसका गीत गाया गया हो वह ; (उप २११ टी) ।

पगुण देखो **पउण** ; (सूअ १, १, २) ।

पगुणीकर सक [**प्रगुणी + कृ**] प्रगुण करना, तय्यार करना, सज्ज करना । कवकृ—**पगुणीकीरंत**; (सुर १३, ३१) ।

पगे अ [**प्रगे**] सुबह, प्रभात काल ; (सुर ७,७८ ; कुप्र १५५) ।

पग्ग सक [**ग्रह्**] ग्रहण करना । पग्गइ ; (षड्) ।

पग्गह पुं [**प्रग्रह**] १ उपधि, उपकरण ; (ओघ ६६६) । २ लगाम ; (से ६, २७ ; १२, ६६) । ३ पशुओं को नाक में लगाई जाती डोरी, नाक की रस्सी, नाथ ; ४ पशुओं को बाँधने की डोरी, रस्सी ; (गाया १, ३ ; उत्त) । ५ नायक, मुखिया ; (ठा १) । ६ ग्रहण, उपादान ; ७ योजन, जोड़ना ; " अंजलिपग्गहेणं " (भग) ।

पग्गहिअ वि [**प्रगृहीत**] १ अभ्युपगत, सम्यक् स्वीकृत ; (अनु ३) । २ प्रकर्ष से गृहीत ; (भग ; औप) । ३ उठाया हुआ ; (धर्म ३ ; ठा ६) ।

पग्गहिय वि [**प्रग्रहिक**] ऊपर देखो ; (उत्त) ।

पग्गिम } (अप) अ [**प्रायस्**] प्रायः, बहुधा ; (षड् ;
पग्गिम्व } हे ४, ४१४ ; कुमा) ।

पग्गेज्ज पुं [**दे**] निकर, समूह ; (दे ६, १५) ।

पघंस सक [**प्र + घृष्**] फिर फिर घिसना । पघंसेज्ज ; (निचू १७) । प्रयो—वकृ—**पघंसावंत** ; (निचू १७) ।

पघंसण न [**प्रघर्षण**] पुनः पुनः घर्षण ; " एक्कं दिणं आघंसणं, दिणे दिणे पघंसणं " (निचू ३) ।

पघोल अक [**प्र + घूर्णय्**] मिलना, संगत होना । वकृ— " कंउपघोलंतपंचमुग्गारो " (कुप्र २३६) ।

पघोस पुं [**प्रघोष**] उच्चैः शब्द-प्रकाश, उद्घोषणा ; (भवि) ।

पघोसिय वि [**प्रघोषित**] घोषित किया हुआ, उच्च स्वर से प्रकाशित किया हुआ ; (भवि) ।

पच सक [**पच्**] पकाना । पचइ, पचए, पचंति ; पचसि, पचसे, पचह, पचत्थ ; पचामि, पचामो, पचामु, पचाम, पचिमो, पचिमु ; (संचि ३० ; पि ४३६ ; ४५५) । कवकृ—**पच्चमाण** ; "नरए नेरइयाणं अहोनिसिं पच्चमाणाणं" (सुर १४, ४६ ; सुपा ३२८) ।

पच (अप) देखो **पंच** । °**आलीस**, °**तालीस** स्त्रीन [°**चत्वारिंशत्**] १ संख्या-विशेष, पैतालीस ; ४५ ; २ पैतालीस संख्या जिनकी हो वे ; (पि २७३ ; ४४५ ; पिंग) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पचंकमणग न [**प्रचङ्क्रमण, °क**] पाँव से चलना ; (औप)।

पचंकमावण न [**प्रचङ्क्रमण**] पाँव से संचारण, पाँव से चलाना ; (औप १०५ टि)।

पचंड देखो **पयंड** ; (वव ८)।

पचलिय देखो **पयलिय=**प्रचलित ; (औप)।

पचाल सक [**प्र + चालय्**] अतिशय चलाना, खूब चलाना। वकृ—**पचालेमाण** ; (भग १७, १)।

पचिय वि [**प्रचित**] समृद्ध ; (स्वप्न ६६)।

पचीस (अप) स्त्रीन [**पञ्चविंशति**] १ पचीस, संख्या-विशेष, वीस और पाँच, २५ ; २ जिनकी संख्या पचीस हो वे ; (पिंग ; पि २७३)।

पचुन्निय वि [**प्रचूर्णित**] चूर चूर किया हुआ ; (सुर २, ८७)।

पचेलिम वि [**पचेलिम**] पक्व, पका हुआ ; " सइमहुर-पचेलिमफलेहिं " (सुपा ८३)।

पचोइअ वि [**प्रचोदित**] प्रेरित ; (सूअ १, २, ३)।

पच्चइय वि [**प्रत्ययिक**] १ विश्वासी, विश्वास वाला ; (गाया १, १२)। २ ज्ञान वाला, प्रत्यय वाला ; ३ न. श्रुत-ज्ञान, आगम-ज्ञान ; (विसे २१३६)।

पच्चइय वि [**प्रत्ययित**] विश्वास वाला, विश्वस्त ; (महा ; सुर १६, १६६)।

पच्चइय वि [**प्रात्ययिक**] प्रत्यय से उत्पन्न, प्रतीति से संजात ; (ठा ३, ३—पत्र १५१)।

पच्चंग न [**प्रत्यङ्ग**] हर एक अवयव ; (गुण १५ ; कप्पू)।

पच्चंगिरा स्त्री [**प्रत्यङ्गिरा**] विद्या-देवी विशेष ; " इसिविय-संतवयणा पभणइ पच्चंगिरा अहं विज्जा " (सुपा ३०६)।

पच्चंत पुं [**प्रत्यन्त**] १ अनार्य देश ; (प्रयौ १६)। २ वि. समीपस्थ देश, संनिकृष्ट प्रान्त भाग ; (सुर २, २००)।

पच्चंतिय वि [**प्रत्यन्तिक**] समीप-देश में स्थित ; (उप २११ टी)।

पच्चंतिय वि [**प्रात्यन्तिक**] प्रत्यन्त देश से आया हुआ ; (धम्म ८ टी)।

पच्चक्ख न [**प्रत्यक्ष**] १ इन्द्रिय आदि की सहायता के विना ही उत्पन्न होने वाला ज्ञान ; (विसे ८९)। २ इन्द्रियों से उत्पन्न होने वाला ज्ञान ; (ठा ४, ३)। ३ वि. प्रत्यक्ष ज्ञान का विषय ; " पच्चक्खाओ अणंगो एसो तरुणो महाभागो " (सुर ३, १७१)।

पच्चक्ख } सक [**प्रत्या + ख्या**] त्याग करना, त्याग
पच्चक्खा } करने का नियम करना। पच्चक्खाइ ; (भग)। वकृ—**पच्चक्खमाण, पच्चक्खाएमाण** ; (पि ५६१ ; उवा)। संकृ—**पच्चक्खाइत्ता** ; (पि ५८२)। कृ—**पच्चक्खेय** ; (आव ६)।

पच्चक्खाण न [**प्रत्याख्यान**] १ परित्याग करने की प्रतिज्ञा ; (भग ; उवा)। २ जैन ग्रन्थांश-विशेष, नववाँ पूर्व-ग्रन्थ ; (सम २६)। ३ सर्व सावद्य कर्मों से निवृत्ति ; (कम्म १, १७)। °**वरण** पुं [°**वरण**] कषाय-विशेष, सावद्य-विरति का प्रतिबन्धक क्रोध-आदि ; (कम्म १, १७)।

पच्चक्खाणि वि [**प्रत्याख्यानिन्**] त्याग की प्रतिज्ञा करने वाला ; (भग ६, ४)।

पच्चक्खाणी स्त्री [**प्रत्याख्यानी**] भाषा-विशेष, प्रतिषेध-वचन ; (भग १०, ३)।

पच्चक्खाय वि [**प्रत्याख्यात**] त्यक्त, छोड़ दिया हुआ ; (गाया १, १ ; भग ; कप्प)।

पच्चक्खायय वि [**प्रत्याख्यायक**] त्याग करने वाला, " भत्तपच्चक्खायए " (भग १४, ७)।

पच्चक्खाव सक [**प्रत्या + ख्यापय्**] त्याग कराना ; किसी विषय का त्याग करने की प्रतिज्ञा कराना। वकृ—**पच्चक्खावित** ; (आव ६)।

पच्चक्खि वि [**प्रत्यक्षिन्**] प्रत्यक्ष ज्ञान वाला ; (वव १)।

पच्चक्खिय देखो **पच्चक्खाय** ; (सुपा ६२४)।

पच्चक्खीकर सक [**प्रत्यक्षी + कृ**] प्रत्यक्ष करना, साक्षात् करना। भवि—**पच्चक्खीकरिस्सं** ; (अभि १८८)।

पच्चक्खीकिद (शौ) वि [**प्रत्यक्षीकृत**] प्रत्यक्ष किया हुआ, साक्षात् जाना हुआ ; (पि ४९)।

पच्चक्खीभू अक [**प्रत्यक्षी + भू**] प्रत्यक्ष होना, साक्षात् होना। संकृ—**पच्चक्खीभूय** ; (आवम)।

पच्चक्खेय देखो **पच्चक्ख**।

पच्चग्ग वि [**प्रत्यग्र**] १ प्रधान, मुख्य ; (स २४)। २ श्रेष्ठ, सुन्दर ; (उप ६८६ टी ; सुर १०, १५२)। ३ नवीन, नया ; (पाअ)।

पच्चच्छिम देखो **पच्चत्थिम** ; (राज ; ठा २, ३—पत्र ७६)।

पच्चच्छिमा देखो **पच्चत्थिमा** ; (राज)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पच्चच्छिमिल्ल वि [**पाश्चात्य**] पश्चिम दिशा में उत्पन्न, पश्चिम-दिशा-सम्बन्धी ; (सम ६६ ; पि ३६५)।

पच्चच्छिमुत्तरा देखो **पच्चत्थिमुत्तरा** ; (राज)।

पच्चड अक [**क्षर्**] झरना, टपकना। पच्चडइ; (हे ४, १७३)। वकृ—**पच्चडमाण** ; (कुमा)।

पच्चड्ड सक [**गम्**] जाना, गमन करना। पच्चड्डइ ; (हे ४, १६२)।

पच्चड्डिअ वि [**क्षरित**] झरा हुआ, टपका हुआ ; (हे २, १७४)।

पच्चड्डिया स्त्री [**दे. प्रत्यड्डिका**] मल्लों का एक प्रकार का करण ; (विसे ३३५७)।

पच्चणीय वि [**प्रत्यनीक**] विरोधी, प्रतिपक्षी, दुश्मन ; (उप १४६ टी ; सुपा ३०७)।

पच्चणुभव सक [**प्रत्यनु + भू**] अनुभव करना। वकृ—**पच्चणुभवमाण** ; (गाया १, २)।

पच्चत्त वि [**प्रत्यक्त**] जिसका त्याग करने का प्रारम्भ किया गया हो वह ; (उप ८२८)।

पच्चत्तर न [**दे**] चाटु, खुशामद ; (दे ६, २१)।

पच्चत्थरण न [**प्रत्यास्तरण**] बिछौना ; (पि २८५)। देखो **पल्हत्थरण**।

पच्चत्थि वि [**प्रत्यर्थिन्**] प्रतिपक्षी, विरोधी, दुश्मन ; (उप १०३१ टी ; पाअ ; कुप्र १४१)।

पच्चत्थिम वि [**पाश्चात्य, पश्चिम**] १ पश्चिम दिशा तरफ का ; २ न. पश्चिम दिशा ; "पुरत्थिमेणं लवणसमुद्दे जोयणसाहस्सियं खेत्तं जाणइ, पासइ ; एवं दक्खिणेणं, पच्चत्थिमेणं" (उवा ; भग ; आचा ; ठा २, ३)।

पच्चत्थिमा स्त्री [**पश्चिमा**] पश्चिम दिशा; (ठा १०—पत्र ४७८ ; आचा)।

पच्चत्थिमिल्ल वि [**पाश्चात्य**] पश्चिम दिशा का ; (विपा १, ७ ; पि ५६५ ; ६०२)।

पच्चत्थिमुत्तरा स्त्री [**पश्चिमोत्तरा**] पश्चिमोत्तर दिशा, वायव्य कोण ; (ठा १०—पत्र ४७८)।

पच्चत्थुय वि [**प्रत्यास्तृत**] आच्छादित, ढका हुआ ; (पउम ६४, ६६; जीव ३)। २ बिछाया हुआ; (उप ६४८ टी)।

पच्चद्ध न [**पश्चार्ध**] पिछला आधा, उत्तरार्ध; (गउड)।

पच्चद्धचक्कवट्टि पुं [**प्रत्यर्धचक्रवर्तिन्**] वासुदेव का प्रतिपक्षी राजा, प्रतिवासुदेव ; (ती ३)।

पच्चप्पण न [**प्रत्यर्पण**] वापिस देना ; (विसे ३०५७)।

पच्चप्पिण सक [**प्रति + अर्पय्**] १ वापिस देना, लौटाना। २ सौंपे हुए कार्य को करके निवेदन करना। पच्चप्पिणइ ; (कप्प)। कर्म—पच्चप्पिणिज्जइ ; (पि ५५७)। वकृ—**पच्चप्पिणमाण** ; (ठा ५, २—पत्र ३११)। संकृ—**पच्चप्पिणित्ता** ; (पि ५५७)।

पच्चवलोक्क वि [**दे**] आसक्त-चित्त, तल्लीन-मनस्क ; (दे ६, ३४)।

पच्चब्भास पुं [**प्रत्याभास**] निगमन, प्रत्युच्चारण ; (विसे २६३२)।

पच्चभिआण देखो **पच्चभिजाण**। पच्चभिआणादि (शौ); (पि १७० ; ५१०)।

पच्चभिआणिद (शौ) देखो **पच्चभिजाणिअ**; (पि५६५)।

पच्चभिजाण सक [**प्रत्यभि + ज्ञा**] पहिचानना, पहिचान लेना। पच्चभिजाणइ ; (महा)। वकृ —**पच्चभिजाणमाण** ; (गाया १, १६)। संकृ—**पच्चभिजाणिऊण** ; (महा)।

पच्चभिजाणिअ वि [**प्रत्यभिज्ञात**] पहिचाना हुआ ; (स ३६०)।

पच्चभिणाण न [**प्रत्यभिज्ञान**] पहिचान; (स २१२ ; नाट—शकु ८४)।

पच्चभिन्नाय देखो **पच्चभिजाणिअ** ; (स १०० ; सुर ६, ७६ ; महा)।

पच्चमाण देखो **पच**=पच्।

पच्चय पुं [**प्रत्यय**] १ प्रतीति, ज्ञान, बोध ; (उव ; ठा १; विसे २१४०)। २ निर्णय, निश्चय ; (विसे २१३२)। ३ हेतु, कारण ; (ठा २, ४)। ४ शपथ, विश्वास उत्पन्न करने के लिए किया या कराया जाता तप्त-माष आदि का चर्वण वगैरः ; (विसे २१३१)। ५ ज्ञान का कारण ; ६ ज्ञान का विषय, ज्ञेय पदार्थ ; (राज)। ७ प्रत्यय-जनक, प्रतीति का उत्पादक ; (विसे २१३१ ; आवम)। ८ विश्वास, श्रद्धा ; ९ शब्द, आवाज ; १० छिद्र, विवर ; ११ आधार, आश्रय ; १२ व्याकरण-प्रसिद्ध प्रकृति में लगता शब्द-विशेष ; (हे २, १३)।

पच्चल वि [**दे**] १ पक्का, समर्थ, पहुँचा हुआ ; (दे ६, ६९ ; सुपा ३४ ; सुर १, १४ ; कुप्र ६६ ; पाअ)। २ अ-सहन, अ-सहिष्णु ; (दे ६, ६९)।

पच्चलिउ } (अप) अ [**प्रत्युत**] वैपरीत्य, वरं-च,
पच्चल्लिउ } वरन् ; (हे ४, ४२०)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पच्चवणद (शौ) वि [**प्रत्यवनत**] नमा हुआ ; "एस मं कोवि पच्चवणदसिरोहरं उच्छुं विअ तिगण(?)भंगं करेदि" (अभि २२४) ।

पच्चवत्थय वि [**प्रत्यवस्तृत**] १ बिछाया हुआ ; २ आच्छादित ; (आवम) ।

पच्चवत्थाण न [**प्रत्यवस्थान**] १ शङ्का-परिहार, समाधान ; (विसे १००७) । २ प्रतिवचन, खगडन ; (बृह १)।

पच्चवर न [**दे**] मुसल, एक प्रकार की मोटी लकड़ी जिससे चावल आदि अन्न कूटे जाते हैं ; (दे ६, १५) ।

पच्चवाय पुं [**प्रत्यवाय**] १ बाधा, विघ्न, व्याघात; (गाया १, ६ ; महा ; स २०६) । २ दोष, दूषण ; (पउम ६५, १२ ; अच्चु ७० ; ओघ २४) । ३ पाप ; "बहुपच्चवायभरिओ गिहवासो" (सुपा १६२) । ४ दुःख, पीडा ; (कुप्र ५५२) ।

पच्चवेक्खिद (शौ) वि [**प्रत्यवेक्षित**] निरीक्षित ; (नाट—शकु १३०) ।

पच्चह न [**प्रत्यह**] हररोज, प्रतिदिन ; (अभि ६०) ।

पच्चहिजाण } **पच्चहियाण** } देखो **पच्चभिजाण** । पच्चहिजाणेदि ; (पि ५१०) । पच्चहियाणइ ; (स ४२) । संकृ—**पच्चहियाणिऊण** ; (स ४४०) ।

पच्चा स्त्री [**दे**] तृण--विशेष, बल्वज ; (ठा ५, ३) । °**पिच्चियय** न [**दे**] बल्वज तृण की कूटी हुई छाल का बना हुआ रजोहरण—जैन साधु का एक उपकरण ; (ठा ५, ३—पत्र ३३८) ।

पच्चा देखो **पच्छा** ; (प्रयौ ३६ ; नाट—रत्ना ७) ।

पच्चाअच्छ सक [**प्रत्या + गम्**] पीछे लौटना, वापिस आना । पच्चाअच्छइ ; (षड्) ।

पच्चाअद (शौ) देखो **पच्चागय** ; (प्रयौ २५) ।

पच्चाइक्ख देखो **पच्चक्ख**=प्रत्या + ख्या । पच्चाइक्खामि; (आचा २, १५, ५, १) । भवि—पच्चाइक्खिस्सामि; (पि ५२६) । वकृ—**पच्चाइक्खमाण** , (पि ४६२) ।

पच्चाएस पुंन [**प्रत्यादेश**] दृष्टान्त, निदर्शन, उदाहरण ; "पच्चाएसोव्व धम्मनिरयाणं" (स ३५ ; उवं ; कुप्र ५०), "पच्चाएसं दिट्ठंतं" (पाअ) । देखो **पच्चादेस** ।

पच्चागय वि [**प्रत्यागत**] १ वापिस आया हुआ ; (गा ६३३ ; दे १, ३१ ; महा) । २ न. प्रत्यागमन ; (ठा ६—पत्र ३६५) ।

पच्चाचक्ख सक [**प्रत्या + चक्ष्**] परित्याग करना । हेकृ—**पच्चाचक्खिदुं** (शौ); (पि ४६६ ; ५७४) ।

पच्चाणयण न [**प्रत्यानयन**] वापिस ले आना; (मुद्रा २७०)।

पच्चाणि° } **पच्चाणी** } सक [**प्रत्या + णी**] वापिस ले आना । कवकृ—**पच्चाणिज्जंत** ; (से ११, १३५) ।

पच्चाणीद (शौ) वि [**प्रत्यानीत**] वापिस लाया हुआ ; (पि ८१ ; नाट—विक्र १०) ।

पच्चाथरण न [**प्रत्यास्तरण**] सामने होकर लड़ना; (राज)।

पच्चादिट्ठ वि [**प्रत्यादिष्ट**] निरस्त, निराकृत; (पि १४५; मृच्छ ६) ।

पच्चादेस पुं [**प्रत्यादेश**] निराकरण ; (अभि ७२ ; १७८ ; नाट—विक्र ३) । देखो **पच्चाएस** ।

पच्चापड अक [**प्रत्या + पत्**] वापिस आना, लौट कर आ पड़ना । वकृ—"अग्गपडिहयपुणरविपच्चापडंतचंचलमिरिइकवयं ; (औप) ।

पच्चामित्त पुंन [**प्रत्यमित्र**] अमित्र, दुश्मन ; (णाया १, २—पत्र ८७ ; औप) ।

पच्चाय सक [**प्रति + आयय्**] १ प्रतीति कराना । २ विश्वास कराना । पच्चाअइ ; (गा ७१२) । पच्चाएमो ; (स ३२४) ।

पच्चाय° देखो **पच्चाया** ।

पच्चायण न [**प्रत्यायन**] ज्ञान कराना, प्रतीति-जनन ; (विसे २१३६) ।

पच्चायय वि [**प्रत्यायक**] १ निर्णय-जनक ; २ विश्वास-जनक ; (विक्र ११३) ।

पच्चाया अक [**प्रत्या + जन्**] उत्पन्न होना, जन्म लेना । पच्चायंति ; (औप)। भवि—पच्चायाहिइ ; (औप; पि ५२७)।

पच्चाया अक [**प्रत्या + या**] ऊपर देखो । पच्चायंति ; (पि ५२७) ।

पच्चायाइ स्त्री [**प्रत्याजाति, प्रत्यायाति**] उत्पत्ति, जन्म-ग्रहण ; (ठा ३, ३—पत्र १४४) ।

पच्चायाय वि [**प्रत्यायात**] उत्पन्न ; (भग) ।

पच्चार सक [**उपा + लभ्**] उपालम्भ देना, उलहना देना । पच्चारइ, पच्चारंति ; (हे ४, १५६ ; कुमा) ।

पच्चारण न [**उपालम्भन**] प्रतिभेद ; (पाअ) ।

पच्चारिय वि [**उपालब्ध**] जिसको उलहना दिया गया हो वह ; (भवि) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पच्चालिय वि [दे. प्रत्यार्दित] आर्द्र किया हुआ, गीला किया हुआ ; "पच्चालिया य से अहिययरं बाहसलिलेण दिट्ठी" (स ३०८)।

पच्चालीढ न [प्रत्यालीढ] वाम पाद को पीछे हटा कर और दक्षिण पाँव को आगे रख कर खड़े रहने वाले धानुष्क की स्थिति ; (वव १)।

पच्चावरण्ह पुं [प्रत्यपराह्न] मध्याह्न के बाद का समय, तीसरा पहर ; (विपा १, ३ टि ; पि ३३०)।

पच्चासण्ण वि [प्रत्यासन्न] समीप में स्थित ; (विसे २६३१)।

पच्चासत्ति स्त्री [प्रत्यासत्ति] समीपता, सामीप्य ; (मुद्रा १६१)।

पच्चासन्न देखो **पच्चासण्ण** "निच्चं पच्चासन्नो परिसक्कइ सव्वओ मच्चू" (उप ६ टी)।

पच्चासा स्त्री [प्रत्याशा] १ आकाङ्क्षा, वाञ्छा, अभिलाष ; २ निराशा के बाद की आशा ; (स ३६८)। ३ लोभ, लालच ; (उप पृ ७६)।

पच्चासि वि [प्रत्याशिन्] वान्त वस्तु का भक्षण करने वाला ; (आचा)।

पच्चिम देखो **पच्छिम** ; (पिंग ; पि ३०१)।

पच्चुअ (दे) देखो **पच्चुहिअ** ; (दे ६, २५)।

पच्चुआर देखो **पच्चुवयार**; (चारु ३६; नाट—मृच्छ५७)।

पच्चुग्गच्छणया स्त्री [प्रत्युद्गमनता] अभिमुख गमन ; (भग १४, ३)।

पच्चुच्चार पुं [प्रत्युच्चार] अनुवाद, अनुभाषण ; (स १८४)।

पच्चुच्छुहणी स्त्री [दे] नूतन सुरा, ताजा दारु; (दे २,३५)।

लट्ठिअ न [**दे**] खाद्य-विशेष; "जेट्ठाहिं लट्ठिएणं भोचा कज्जं साहिंति" (सुज्ज १०, १७)।

लडह वि [**दे**] १ रम्य, सुन्दर; (दे ७, १७; सुपा ६; सिरि ४७; ८७५; गउड; औप; कप्प; कुमा; हेका २६५; सण; भवि)। २ सुकुमार, कोमल; (काप्र ७६५; भवि)। ३ विदग्ध, चतुर; (दे ७, १७)। ४ प्रधान मुख्य; (कुमा)। (दे ७, २०)।

लडहक्खमिअ वि [**दे**] विघटित, वियुक्त;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लडहा स्त्री [दे] विलासवती स्त्री; (षड्) ।

लडाल देखो **णडाल**; (प्राकृ ३७; पि २६०) ।

लड्डिय न [दे] लाड़, छोह, प्यार; (भवि) ।

लड्डुअ } पुं [**लड्डुक**] लड्डू, मोदक; (गा ६४१; प्रयौ
लड्डुग } ८३; कुप्र २०६; भवि; पउम ८४, ४; पिंड ३७७) ।

लड्डुयार वि [**लड्डुककार**] लड्डू बनाने वाला, हलवाई; (कुप्र २०६) ।

लढ सक [**स्मृ**] स्मरण करना, याद करना । लढइ; (हे ४, ७४) । वकृ—**लढंत**; (कुमा) ।

लढिअ वि [**स्मृत**] याद किया हुआ; (पाअ) ।

लण्ह वि [**श्लक्ष्ण**] १ चिकना, मसृण; (सम १३७; ठा ४, २; औप; कप्पू) । २ अल्प, थोड़ा; ३ न. लोहा, धातु-विशेष; (हे २, ७७; प्राकृ १८) ।

लत्त वि [**लप्त, लपित**] उक्त, कथित; (सुपा २३४) ।

लत्ता } स्त्री [दे] १ लात, पार्ष्णि-प्रहार; (सुपा २३८;
लत्तिआ } ठा २, ३—पत्र ६३) । २ आतोद्य-विशेष; (ठा २, ३; आचा २, ११, ३) ।

लदण } (मा) देखो **रयण**=रत्न; (अभि १८४; प्राकृ
लदन } १०२) ।

लद्द सक [दे] भार भरना, बोझ डालना, गुजराती में 'लादवुं'। हेकृ—**लद्देउं**; (सुपा २७५) ।

लद्दण न [दे] भार-क्षेप; (स ५३७) ।

लद्दी स्त्री [दे] हाथी आदि की विष्ठा, गुजराती में 'लीद'; (सुपा १३७) ।

लद्ध वि [**लब्ध**] प्राप्त; (भग; उवा; औप; हे ३, २३) ।

लद्धि स्त्री [**लब्धि**] १ क्षयोपशम, ज्ञान आदि के आवारक कर्मों का विनाश और उपशान्ति; (विसे २९९७) । २ सामर्थ्य-विशेष, योग आदि से प्राप्त होती विशिष्ट शक्ति; (पव २७०; संबोध २८) । ३ अहिंसा; (पण्ह २, १—पत्र ९९) । ४ प्राप्ति, लाभ; (भग ८, २) । ५ इन्द्रिय और मन से होने वाला विज्ञान, श्रुत ज्ञान का उपयोग; (विसे ४६६) । ६ योग्यता; (अणु) । °**पुलाअ** पुं [°**पुलाक**] लब्धि-विशेष-संपन्न मुनि; "संघाइयाण कज्जे चुण्णिज्जा चक्कवट्टिमवि जीए । तीए लद्धीइ जुओ लद्धिपुलाओ" (संबोध १८) ।

लद्धिअ वि [**लब्ध**] प्राप्त; (वै ६६) ।

लद्धिल्ल वि [**लब्धिमत्**] लब्धि-युक्त; (पंच १, ७) ।

लद्धुं } देखो **लभ** ।
लद्धूण }

लप्पसिया स्त्री [दे] लपसी, एक प्रकार का पक्वान्न, (पव ४) ।

लब्भ नीचे देखो ।

लभ सक [**लभ्**] प्राप्त करना । लभइ, लभए; (आचा; कस; विसे १२१५) । भवि—लच्छिसि, लभिस्सं, लभिस्सामि; (उव; महा; पि ५२५) । कर्म—लज्भइ, लब्भइ; (महा ६०, १६; हे १, १८७; ४, २४९; कुमा) । संकृ—**लभिय, लद्धुं, लद्धूण**; (पंच ५, १६४; आचा; काल) । हेकृ—**लद्धुं**; (काल) । कृ—**लब्भ**; (पण्ह २, १; विसे २८३७; सुपा ११; २३३; स १७५; सण) ।

लय सक [**ला**] ग्रहण करना । लएइ, लयंति; (उव) । कर्म—लइज्जइ, लिज्जइ; (भवि; सिरि ९९३) । वकृ—**लयंत**; (वज्जा २८; महा; सिरि ३७५) । संकृ—**लइ, लएवि, लएविणु** (अप); (पिंग; भवि) । देखो **ले**=ला ।

लय न [दे] नव-दम्पति का आपस में नाम लेने का उत्सव; (दे ७, १६) ।

लय देखो **लव**=लव; (गउड; से ५, १४) ।

लय पुं [**लय**] १ श्लेष; २ मन की साम्यावस्था; (कुमा) । ३ लीनता, तल्लीनता; ४ तिरोभाव; (विसे २६६६) । ५ संगीत का एक अंग, स्वर-विशेष; (स ७०४; हास्य १२३) ।

लय° देखो **लया** । °**हरय** न [°**गृहक**] लता-गृह; (सुपा ३८१) ।

लयंग न [**लताङ्ग**] संख्या-विशेष, चौरासी लाख पूर्व; "पुव्वाण सयसहस्सं चुलसीइगुणं लयंगमिह होइ" (जो २) ।

लयण वि [दे] १ तनु, कृश, क्षाम; (दे ७, २७; पाअ) । २ मृदु, कोमल; ३ न. वल्ली, लता; (दे ७, २७) ।

लयण न [**लयन**] १ तिरोभाव, छिपना; (विसे २८१७; दे ७, २४) । २ अवस्थान; (सुर ३, २०६) । ३ देखो **लेण**; (राज) ।

लयणी स्त्री [दे] लता, वल्ली; (पाअ; षड्) ।

लया स्त्री [**लता**] १ वल्ली, वल्लरी; (पण्ण १; गा २८; काप्र ७२३; कुमा; कप्प) । २ प्रकार, भेद; "संवाडो त्ति वा लय त्ति वा पगारो त्ति वा एगट्ठा" (बृह १) । ३ तप-विशेष; (पव २७१) । ४ संख्या-विशेष, चौरासी लाख लतांग-परिमित संख्या; (जो २) । ५ कम्बा, छड़ी, यष्टि;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"कसप्पहारे य लयप्पहारे य छिवापहारे य" (णाया १, २—पत्त ८६; विपा १, ६—पत्त ६६)। °जुद्ध न [°युद्ध] लड़ने की एक कला, एक तरह का युद्ध; (औप)।

लयापुरिस पुं [दे] वह स्थान जहां पद्म-हस्त स्त्री का चित्रण किया जाय; "पउमकरा जत्थ वहू लिहिज्जए सो लयापुरिसो" (दे ७, २०)।

लल अक [लल्, लड्] १ विलास करना, मौज करना। २ झूलना। ललइ, ललेइ; (प्राकृ ७३; सण; महा; सुपा ४०३)। वकृ—**ललंत, ललमाण**; (गा ४४६; सुर २, २३७; भवि; औप; सुपा १८१; १८७)।

ललणा स्त्री [ललना] स्त्री, महिला, नारी; (तंदु ५०; सुपा ४६७)।

ललाड देखो **णडाल**; (औप; पि २६०)।

ललाम न [ललामन्] प्रधान, नायक; (अभि ६५)।

ललिअ न [ललित] १ विलास, मौज, लीला; (पाअ; पव १६६; औप)। २ अंग-विन्यास-विशेष; (पण्ह १, ४)। ३ प्रसन्नता, प्रसाद; (विपा १, २ टी—पत्त २२)। ४ वि. क्रीडा-प्रधान, मौजी; (णाया १, १६—पत्त २०५)। ५ शोभा-युक्त, सुन्दर, मनोहर; (णाया १, १; औप; राय)। ६ मंजु, मधुर; (पाअ)। ७ ईप्सित, अभिलषित; (णाया १, ६)। °मित्त पुं [°मित्र] सातवें वासुदेव का पूर्व-जन्मीय नाम; (सम १५३; पउम २०, १७१)। °वित्थरा स्त्री [°विस्तरा] आचार्य श्रीहरिभद्रसूरि का बनाया हुआ एक जैन ग्रन्थ; (चेइय २५६)।

ललिअंग पुं [ललिताङ्ग] एक राज-कुमार; (उप ६८६ टी)।

ललिअय न [ललितक] छन्द-विशेष; (अजि १८)।

ललिआ स्त्री [ललिता] एक पुरोहित-स्त्री; (उप ७२८ टी)।

लल्ल वि [दे] १ स-स्पृह, स्पृहा वाला; २ न्यून, अधूरा; (दे ७, २६)।

लल्ल वि [लल्ल] अव्यक्त आवाज वाला; (पण्ह १, २)।

लल्लक्क पुं [लल्लक्क] छठवीं नरक-पृथिवी का एक नरक-स्थान; (देवेन्द्र १२)।

लल्लक्क वि [दे] १ भीम, भयंकर; (दे ७, १८; पाअ; सुर १६, १४८), "लल्लक्कनरयविअणाओ" (भत्त ११०)। २ पुं. ललकार, लड़ाई आदि के लिए आह्वान; (उप ७६८ टी)।

लल्लि स्त्री [दे] खुशामद; (धर्मवि ३८; जय १६)।

ललिरी स्त्री [दे] मछली पकड़ने का जाल-विशेष; (विपा १, ८—पत्त ८५)।

लव सक [लू] काटना। संकृ—**लविऊण**; हेकृ—**लविउं**; कृ—**लविअव्व**; (प्राकृ ६६)।

लव सक [लप्] बोलना, कहना। लवइ; (कुमा; संबोध १८; सण), लवे; (भास ६६)। वकृ—**लवंत, लवमाण**; (सुपा २६७; सुर ३, ६१)।

लव सक [प्र + वर्तय्] प्रवृत्ति कराना। "णो विज्जू लवंति" (सुज्ज २०)।

लव वि [लप] वाचाट, बकवादी; (सुअ २, ६, १५)।

लव पुं [लव] १ समय का एक सूक्ष्म परिमाण, सात स्तोक, मुहूर्त का सतरहवाँ अंश; (ठा २, ४—पत्त ८६; सम ८५)। २ लेश, अल्प, थोड़ा; (पाअ; प्रासू ६६; ११८; सण)। ३ न. कर्म; (सुअ १, २, २, २०; २, ६, ६)। °सत्तम पुं [°सप्तम] अनुत्तरविमान निवासी देव, सर्वोत्तम देव-जाति; (पण्ह २, ४; उव; सुअ १, ६, २४)।

लवअ पुं [दे. लवक] गोंद, लासा, चेंप, निर्यास; "लवओ गुंदो" (पाअ)।

लवइअ वि [दे. लवकित] नूतन दल से युक्त, अंकुरित, पल्लवित; (औप; भग; णाया १, १ टी—पत्त ५)।

लवंग पुंन [लवङ्ग] १ वृक्ष-विशेष; (पण्ण १—पत्त ३४; कुप्र २४६)। २ वृक्ष-विशेष का फूल; (णाया १, १—पत्त १२; पण्ह २, ५)।

लवण न [लवन] छेदन, काटना; (विसे ३३०६)।

लवण न [लवण] १ लोन, नमक; (कुमा)। २ पुं. रस-विशेष, क्षार रस; (अणु)। ३ समुद्र-विशेष; (सम ६७; णाया १, ६; पउम ६६, १८)। ४ सीता का एक पुत्र, लव; (पउम ६७, १६)। ५ मधुराज का एक पुत्र; (पउम ८६, ४७)। °जल पुं [°जल] लवण समुद्र; (पउम ५४, २७)। °ोय पुं [°ोद] लवण समुद्र; (पउम ६४, १३)। देखो **लोण**।

लवणिम पुंस्त्री [लवणिमन्] लावण्य; (कुमा)।

लवल न [लवल] पुष्प-विशेष; (कुमा)।

लवली स्त्री [लवली] लता-विशेष; (सुपा ३८१; कुप्र २४६)।

लवव वि [दे] सुप्त, सोया हुआ; (षड्)।

लविअ वि [लपित] उक्त, कथित; (सुअ १, ६, ३५; कुमा; सुपा २६७)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लवित्त न [**लवित्र**] दाल, घास काटने का एक औज़ार; (दे १, ८२)।

लविर वि [**लपितृ**] बोलने वाला; (सण)। स्त्री—°**रा**; (कुमा)।

लस अक [**लस्**] १ श्लेष करना। २ चमकना। ३ क्रीडा करना। लसइ; (प्राकृ ७२)। वकृ—**लसंत**; (सण)।

लसइ पुं [**दे**] काम, कन्दर्प; (दे ७, १८)।

लसक न [**दे**] तरु-क्षीर, पेड़ का दूध; (दे ७, १८)।

लसण देखो **लसुण**; (सुअ १, ७, १३)।

लसिर वि [**लसितृ**] १ श्लिष्ट होने वाला; २ चमकने वाला, दीप्र; (से ८, ४४)।

लसुअ न [**दे**] तैल, तेल; (दे ७, १८)।

लसुण न [**लशुन**] ल्हसुन, कन्द-विशेष; (श्रा २०)।

लह देखो **लभ**। लहइ, लहेइ, लहए; (महा; पि ४५७)। भवि—लहिस्सामो; (महा)। कर्म—लहिज्जइ; (हे ४, २४९)। वकृ—**लहंत**; (प्रासू)। संकृ—**लहिउं**, **लहिऊण**; (कुप्र १; महा), **लहेप्पि**, **लहेप्पिणु**, **लहेवि** (अप); (पि ५८८)। कृ—**लहणिज्ज**, **लहिअव्व**; (श्रा १४; सुर ६, ५३; सुपा ४२७)।

लहग पुं [**दे**] वासी अन्न में पैदा होने वाला द्वीन्द्रिय कीट-विशेष; (जी १५)।

लहण न [**लभन**] १ लाभ, प्राप्ति; २ ग्रहण, स्वीकार; (श्रा १४)।

लहर पुं [**लहर**] एक वणिक्-पुत्र; (सुपा ६१७)।

लहरि } स्त्री [**लहरि**, °**री**] तरंग, कल्लोल; (सण; प्रासू
लहरी } ६९; कुमा)।

लहाविअ वि [**लम्भित**] प्रापित, प्राप्त कराया हुआ; (कुप्र २३२)।

लहिअ देखो **लद्ध**; (कप्प; पिंग)।

लहिम देखो **लघिम**; (षड्)।

लहु } वि [**लघु**] १ छोटा, जघन्य; (कुमा; सुपा ३६०;
लहुअ } कम्म ४, ७२; महा)। २ हलका; (से ७, ४४; पात्र)। ३ तुच्छ, निःसार; (पण्ह १, २—पत्र २८; पण्ह २, २—पत्र ११९)। ४ श्लाघनीय, प्रशंसनीय; (से १२, ५३)। ५ थोड़ा, अल्प; (सुपा ३५४)। ६ मनोहर, सुन्दर; (हे २, १२२)। स्त्री—°**ई**, °**वी**; (षड्; प्राकृ २८; गउड; हे २, ११३)। ७ न. कृष्णागुरु, सुगन्धि धूप-द्रव्य विशेष; ८ वीरण-मूल; (हे २, १२२)। ९ शीघ्र, जल्दी; (द ४६; पण्ह २, २—पत्र ११९)। १० स्पर्श-विशेष; (अणु)। ११ लघुस्पर्श-नामक एक कर्म-भेद; (कम्म १, ४१)। १२ पुं. एक मात्रा वाला अक्षर; (हे ३, १३४)। °**कम्म** वि [°**कर्मन्**] जिसके अल्प ही कर्म अवशिष्ट रहे हों, शीघ्र मुक्ति-गामी; (सुपा ३५४)। °**करण** न [°**करण**] दक्षता, चातुरी; (णाया १, ३—पत्र ९२; उवा)। °**परक्कम** पुं [°**पराक्रम**] ईशानेन्द्र का एक पदाति-सेनापति; (ठा ५, १—पत्र ३०३; इक)। °**सं-खिज्ज** न [°**संख्येय**] संख्या-विशेष, जघन्य संख्यात; (कम्म ४, ७२)।

लहुअ सक [**लघय्**, **लघु+कृ**] लघु करना। लहुअंति, लहु-एसि; (श्रा २०; गा ३४५)। वकृ—**लहुअंत**; (से १५, २७)।

लहुअवड पुं [**दे**] न्यग्रोध वृक्ष; (दे ७, २०)।

लहुआइअ } वि [**लघूकृत**] लघु किया हुआ; (से ६,
लहुइअ } ४; १२, ५४; स २०७; गउड)।

लहुई देखो **लहु**।

लहुग देखो **लहु**; (कप्प; द ५८)।

लहुवी देखो **लहु**।

लाइअ वि [**लागित**] लगाया हुआ; (से २, २६; वज्जा ५०)।

लाइअ वि [**दे**] १ गृहीत, स्वीकृत; (दे ७, २७)। २ घृष्ट; (से २, २६)। ३ न. भूषा, मण्डन; (दे ७, २७)। ४ भूमि को गोबर आदि से लीपना; (सम १३७; कप्प; औप; णाया १, १ टी—पत्र ३)। ५ चर्मार्ध, आधा चमड़ा; (दे ७, २७)।

लाइअव्व देखो **लाय**=लावय्।

लाइज्जंत देखो **लाय**=लागय्।

लाइम वि [**दे**] १ लाजा के योग्य, खोई के योग्य; २ रोपण के योग्य, बोने लायक; (आचा २, ४, २, १५; दस ७, ३४)।

लाइल्ल पुं [**दे**] वृषभ, बैल; (दे ७, १९)।

लाउ देखो **अलाउ**; (हे १, ६६; भग; कस; औप)।

लाऊ देखो **अलाऊ**; (हे १, ६६; कुमा)।

लाख (अप) देखो **लक्ख**=लक्ष; (पिंग)।

लाग पुं [**दे**] चुंगी, एक प्रकार का सरकारी कर; गुजराती में 'लागो'; (सिरि ४३३; ४३४)।

Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लाघव न [**लाघव**] लघुता, लघुपन; (भग; कप्प; सुपा १०३; कुप्र २७७; किरात १६)।

लाघवि वि [**लाघविन्**] लघुता-युक्त, लाघव वाला; (उत्त २६, ४२; आचा)।

लाघविअ न [**लाघविक**] लघुता, लाघव; (ठा ५, ३ — पत्र ३४२; विसे ७ टी; सूअ २, १, ५७; भग)।

लाज देखो **लाय**=लाज; (दे ५, १०)।

लाड पुं [**लाट**] देश-विशेष; (सुपा ६५८; कुप्र २५४; सत्त ६७ टी; भवि; सण; इक)।

लाडी स्त्री [**लाटी**] लिपि-विशेष; (विसे ४६४ टी)।

लाढ पुं [**लाढ**] देश-विशेष, एक आर्य देश; (आचा; पव २७५; विचार ४६)।

लाढ वि [**दे**] १ निर्दोष आहार से आत्मा का निर्वाह करने वाला, संयमी, आत्म-निग्रही; (सूअ १, १०, ३; सुख २, १८)। २ प्रधान, मुख्य; (उत्त १५, २)। ३ पुं. एक जैन आचार्य; (राज)।

लाण न [**लान**] ग्रहण, आदान; (से ७, ६०)।

लाबू देखो **लाऊ**; (षड्)।

लाभ पुं [**लाभ**] १ नफा, फायदा; (उव; सुख ८, १३)। २ प्राप्ति; (ठा ३, ४)। ३ सूद, ब्याज; (उप ६५७)।

लाभंतराइय न [**लाभान्तरायिक**] लाभ का प्रतिबन्धक कर्म; (धर्मसं ६४८)।

लाभिय } वि [**लाभिक**] लाभ-युक्त, लाभ वाला; (औप;
लाभिल्ल } कर्म १७)।

लाम वि [**दे**] रम्य, सुन्दर; (औप)।

लामंजय न [**दे**] तृण-विशेष, उशीर तृण; (पाअ)।

लामा स्त्री [**दे**] डाकिनी, डाइन; (दे ७, २१)।

लाय सक [**लागय्**] लगाना, जोड़ना। लाएसि; (विसे ४२३)। वकृ—**लायंत**; (भवि)। कवकृ—**लाइज्जंत**; (से १३, १३)। संकृ—**लाइवि** (अप); (हे ४, ३३१; ३७६)।

लाय सक [**लावय्**] १ कटवाना। २ काटना, छेदना। कृ—**लाइअव्व**; (से १५, ७५)।

लाय देखो **लाइअ**=(दे); "लाउल्लोइय—" (औप)।

लाय वि [**लात**] १ आत्त, गृहीत; २ न्यस्त, स्थापित; (औप)। ३ न. लग्न का एक दोष; "लायाइदोसमुक्कं नरवर अइसोहणं लग्गं" (सुपा १०८)।

लाय पुंस्त्री [**लाज**] १ आर्द्र तण्डुल; २ ब. भ्रष्ट धान्य, भुँजा हुआ नाज, खोई; (कप्पू)।

लायण न [**लागन**] लगवाना; (गा ४५८)।

लायण्ण न [**लावण्य**] १ शरीर-सौन्दर्य-विशेष, शरीर-कान्ति; (पाअ; कुमा; सण; पि १८६)। २ लवणत्व, क्षारत्व; (हे १, १७७; १८०)।

लाल सक [**लालय्**] स्नेह-पूर्वक पालन करना। लालंति; (तंदु ५०)। कवकृ—**लालिज्जंत** (सुर २, ७३; सुपा २४)।

लालंप अक [**वि + लप्**] विलाप करना। लालंपइ; (प्राकृ ७३)।

लालंपिअ न [**दे**] १ प्रवाल; २ खलीन; ३ आक्रन्दित; (दे ७, २७)।

लालंभ देखो **लालंप**। लालंभइ; (प्राकृ ७३)।

लालण न [**लालन**] स्नेह-पूर्वक पालन; (पउम २६, ८८)।

लालप्प देखो **लालंप**। लालप्पइ; (प्राकृ ७३)।

लालप्प सक [**लालप्य्**] १ खूब बकना। २ बारबार बोलना। ३ गर्हित बोलना। लालप्पइ; (सूअ १, १०, १६)। वकृ—**लालप्पमाण**; (उत्त १४, १०; आचा)।

लालप्पण न [**लालपन**] गर्हित जल्पन; (पण्ह १, ३— पत्र ४३)।

लालब्भ } देखो **लालंप**। लालब्भइ, लालम्हइ; (प्राकृ
लालम्ह } ७३; धात्वा १५०)।

लालय न [**लालक**] लाला, लार; (दे ५, १६)।

लालस वि [**दे**] १ मृदु, कोमल; २ इच्छा; (दे ७, २१)।

लालस वि [**लालस**] लम्पट, लोलुप; (पाअ; हे ४, ४०१)।

लाला स्त्री [**लाला**] लार, मुँह से गिरता जल-लव; (औप; गा ५५१; कुमा; सुपा २२६)।

लालिअ देखो **ललिअ**; "कुसुमिअहरिअंदणाकणयदंडपरिरंभलालिअंगीओ" (गउड)।

लालिअ वि [**लालित**] स्नेह-पूर्वक पालित; (भवि)।

लालिच (अप) पुं [**नालिच**] वृक्ष-विशेष; (पिंग)।

लालिल्ल वि [**लालावत्**] लार वाला; (सुपा ५३१)।

लाव सक [**लापय्**] बुलवाना; कहलाना। लावएज्जा; (सूअ १, ७, २४)।

लाव देखो **लावग**; (उप ५०७)।

लावंज न [**दे**] सुगन्धी तृण-विशेष, उशीर, खश; (दे ५, २१)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लावक } पुं [**लावक**] १ पक्षि-विशेष; (विपा १, ७—
लावग } पत्र ७५; पगह १, १—पत्र ८)। २ वि. काटने वाला; (विसे ३२०६)।

लावणिअ वि [**लावणिक**] लवण से संस्कृत; (विपा १, २—पत्र २७)

लावण्ण } देखो **लायण्ण**; (औप; रंभा; काल; अभि ९२;
लावन्न } भवि)।

लावय देखो **लावग**; (उत्त)।

लाविय (अप) वि [**लात**] लाया हुआ; (भवि)।

लाविया स्त्री [**दे**] उपलोभन; (सूअ १, २, १, १८)।

लाविर वि [**लवितृ**] काटने वाला; (गा ३५५)।

लास न [**लास्य**] १ भरतशास्त्र-प्रसिद्ध गेयपद आदि; (कुमा)। २ नृत्य, नाच; (पात्र)। ३ स्त्री का नाच; ४ वाद्य, नृत्य और गीत का समुदाय; (हे २, ९२)।

लासक } पुं [**लासक**] १ रास गाने वाला; २ जय-
लासग } शब्द बोलने वाला, भाण्ड; (णाया १, १ टी—पत्र २; औप; पगह २, ४—पत्र १३२; कप्प)।

लासय पुं [**लासक, ह्रासक**] १ अनार्य देश-विशेष; २ पुंस्त्री. अनार्य देश-विशेष का रहने वाला; स्त्री—°**सिया**; (औप; णाया १, १—पत्र ३७; इक; अंत)। देखो **ल्हासिय**।

लासयविहय पुं [**दे. लासकविहग**] मयूर, मोर; (दे ७, २१)।

लाह सक [**श्लाघ्**] प्रशंसा करना। लाहइ; (हे १, १८७)।

लाह देखो **लाभ**; (उव; हे ४, ३९०; श्रा १२; णाया १, ६)।

लाहण न [**दे**] भोज्य-भेद, खाद्य वस्तु की भेंट; (दे ७, २१; ६, ७३; सद्धि ७८ टी; रंभा १३)।

लाहल देखो **णाहल**; (हे १, २५६; कुमा)।

लाहव देखो **लाघव**; (किरात १७)।

लाहवि देखो **लाघवि**; (भवि)।

लाहविय देखो **लाघविअ**; (राज)।

लिअ सक [**लिप्**] लेपन करना, लीपना। लिअइ; (प्राकृ ७१)।

लिअ वि [**लिप्त**] १ लीपा हुआ; (गा ५२८)। २ न. लेप; (प्राकृ ७७)।

लिआर पुं [**लृकार**] 'ऌ' वर्ण; (प्राकृ ९)।

लिंक पुं [**दे**] बाल, लड़का; (दे ७, २२)।

लिंकिअ वि [**दे**] १ आक्षिप्त; २ लीन; (दे ७, २८)।

लिंखय देखो **लंख**; (सुपा ३५६)।

लिंग सक [**लिङ्ग्**] १ जानना। २ गति करना। ३ आलिंगन करना। कर्म—लिंगिज्जइ; (संबोध ५१)।

लिंग न [**लिङ्ग**] १ चिह्न, निशानी; (प्रासू २४; गउड)। २ दार्शनिकों का वेष-धारण, साधु का अपने धर्म के अनुसार वेष; (कुमा; विसे २५८५ टि; ठा ५, १—पत्र ३०३)। ३ अनुमान प्रमाण का साधक हेतु; (विसे १५५०)। ४ पुंश्चिह्न, पुरुष का असाधारण चिह्न; (गउड)। ५ शब्द का धर्म-विशेष, पुंलिंग आदि; (कुमा; राज)। °**ज्झय** पुं [°**ध्वज**] वेष-धारी साधु; (उप ४८६)। °**जीव** पुं [°**जीव**] वही अर्थ; (ठा ५, १)।

लिंगि वि [**लिङ्गिन्**] १ साध्य, हेतु से जानी जाती वस्तु; (विसे १५५०)। २ किसी धर्म के वेष को धारण करने वाला, साधु, संन्यासी; (पउम २२, ३; सुर २, १३०); स्त्री—°**णी**; (पुप्फ ४५४)।

लिंगिय वि [**लैङ्गिक**] १ अनुमान प्रमाण; (विसे ९५)। २ किसी धर्म के वेष को धारण करने वाला साधु, संन्यासी; (मोह १०१)।

लिंछ न [**दे**] १ चुल्ली-स्थान, चुल्हा का आश्रय; २ अग्नि-विशेष; (ठा ८ टी—पत्र ४१९)। देखो **लिच्छ**।

लिंड न [**दे**] १ हाथी आदि की विष्ठा, गुजराती में 'लींद'; (णाया १, १—पत्र ६३; उप २६४ टी; ती २)। २ शैवल-रहित पुराना पानी; (पगह २, ५—पत्र १५१)।

लिंडिया स्त्री [**दे**] अज आदि की विष्ठा; गुजराती में 'लिंडी'; (उप पृ २३७)।

लिंत देखो **ले=ला**।

लिंप सक [**लिप्**] लीपना, लेप करना। लिंपइ; (हे ४, १४९; प्राकृ ७१)। कर्म—लिप्पइ; (आचा)। वकृ—**लिंपेमाण**; (णाया १, ६)। कवकृ—**लिप्पंत, लिप्पमाण**; (ओघभा १९५; रयण २९)।

लिंपण न [**लेपन**] लेप, लीपना; (पिंड २४६; सुपा ६१६)।

लिंपाविय वि [**लेपित**] लेप कराया हुआ; (कुप्र १४०)।

लिंपिय वि [**लिप्त**] लीपा हुआ; (कुमा)।

लिंब पुं [**निम्ब**] वृक्ष-विशेष, नीम का पेड़, मराठी में 'लिंब'; (हे १, २३०; कुमा; स ३५)।

लिंब पुं [**दे. लिम्ब**] आस्तरण-विशेष; (णाया १, १—पत्र १३)।

Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लिंबड (अप) देखो **लिंब**=निम्ब; गुजराती में 'लिंबडो'; (हे ४, ३८७; पि २४७) ।

लिंबोहली स्त्री [**दे**] निम्ब-फल; (सूक्त ८६) ।

लिकार देखो **लिआर**; (पि ५६) ।

लिक्क अक [**नि+ली**] छिपना । लिक्कइ; (हे ४, ५५; षड्) । वकृ—**लिक्कंत**; (कुमा) ।

लिक्ख न [**लेख्य**] लेखा, हिसाब; "लिक्खं गणिऊण चिंतए सिट्ठी" (सिरि ४१८; सुपा ४२५) । देखो **लेक्ख** ।

लिक्ख स्त्रीन [**दे**] छोटा स्रोत; (दे ७, २१); स्त्री—°**क्खा**; (दे ७, २१) ।

लिक्खा स्त्री [**लिक्षा**] १ लघु यूका; (दे ८, ६६; सं ६७) । २ परिमाण-विशेष; (इक) ।

लिखाप (अशो) सक [**लेखय्**] लिखवाना । भवि—लिखापयिस्सं; (पि ७) ।

लिखापित (अशो) वि [**लेखित**] लिखवाया हुआ; (पि ७)।

लिच्छ सक [**लिप्स्**] प्राप्त करने को चाहना । लिच्छइ; (हे २, २१) ।

लिच्छ देखो **लिंछ**; (ठा ८—पत्र ४३७) ।

लिच्छवि देखो **लेच्छइ**=लेच्छकि; (अंत) ।

लिच्छा स्त्री [**लिप्सा**] लाभ की इच्छा; (उप ६३०; प्राकृ २३) ।

लिच्छु वि [**लिप्सु**] लाभ की चाह वाला; (सुख ६, १; कुमा) ।

लिज्जिअ (अप) वि [**लात**] गृहीत; (पिंग) ।

लिट्टिअ न [**दे**] १ चाटु, खुशामद; (दे ७, २२) । २ वि. लम्पट, लोलुप; (सुपा ५६३) ।

लिट्टु देखो **लेट्टु**; (वृ) ।

लित्त वि [**लिप्त**] १ लेप-युक्त, लिपा हुआ; (हे १, ६; कुमा; भवि) । २ संवेष्टित; (सूअ १, ३, ३, १३) ।

लित्ति पुंस्त्री [**दे**] खड्ग आदि का दोष; (दे ७, २२) ।

लिप्प देखो **लित्त**; (गा ५१६; गउड) ।

लिप्प देखो **लेप्प**; (कुप्र ३८४) ।

लिप्पंत } **लिप्पमाण** } देखो **लिंप** ।

लिब्भंत देखो **लिह**=लिह् ।

लिल्लिर वि [**दे**] १ हरा, आर्द्र; २ हरा रँग वाला; "अइ-लिल्लिरपट्टबंधणमिसेण चोरसु पट्टबंधं व जो फुडं तत्थ उव्वहइ" (धर्मवि ७३) ।

लिवि } **लिवी** } स्त्री [**लिपि, °पी**] अक्षर-लेखन-प्रक्रिया; (सम ३५; भग) ।

लिस अक [**स्वप्**] सोना, शयन करना । लिसइ; (हे ४, १४६) ।

लिस सक [**श्लिष्**] आलिंगन करना । भवि—लिसिस्सामो; (सूअ २, ७, १०) ।

लिसय वि [**दे**] तनूकृत, क्षीण; (दे ७, २२) ।

लिस्स देखो **लिस**=श्लिष् । लिस्संति; (सुअ १, ४, १, २)।

लिह सक [**लिख्**] १ लिखना । २ रेखा करना । लिहइ; (हे १, १८७; प्राकृ ७०) । कर्म—लिक्खइ; (उत्त) । प्रयो—लिहावेइ, लिहावंति; (कुप्र ३४८; सिरि १२७८) ।

लिह सक [**लिह्**] चाटना । लिहइ; (कुमा; प्राकृ ७०) । कर्म—लिहिज्जइ, लिब्भइ; (हे ४, २४५) । वकृ—लिहंत; (भत्त १४२) । कवकृ—**लिब्भंत**; (से ६, ४१) । कृ—**लेज्झ**; (णाया १, १७—पत्र २३२) ।

लिहण न [**लेहन**] चाटन; (उर १, ८; षड्; रंभा १६) ।

लिहण न [**लेखन**] १ लिखना, लेख; (कुप्र ३६८) । २ रेखा-करण; (तंदु ५०) । ३ लिखवाना; "पत्तयणलिहणं सहस्से लक्खे जिणभवणकारवणं" (संबोध ३६) ।

लिहा स्त्री [**लेखा**] देखो **रेहा**=रेखा; "इक्क च्चिय मह भ-इणी मयणा धन्नाण धू(?धु)रि लहइ लिहं" (सिरि ६७७)।

लिहावण न [**लेखन**] लिखवाना; (उप ७२४) ।

लिहाविय वि [**लेखित**] लिखवाया हुआ; (स ६०) ।

लिहिअ वि [**लिखित**] १ लिखा हुआ; (प्रासू ५८) । २ उल्लिखित; (उत्त) । ३ रेखा किया हुआ, चित्रित; (कुमा) ।

लिह्लअ (अप) वि [**लात**] लिया हुआ, गृहीत; (पिंग) ।

लीढ वि [**लीढ**] १ चाटा हुआ; (सुपा ६५१) । २ स्पृष्ट; "नरिंदसिरि(? सिर)कुसुमलीढपायवीढं" (कुप्र ५) । ३ युक्त; (पव १२५) ।

लीण वि [**लीन**] लय-युक्त; (कुमा) ।

लील पुं [**दे**] यज्ञ; (दे ७, २३) ।

लीला स्त्री [**लीला**] १ विलास, मौज; २ क्रीड़ा; (कुमा; पाअ; प्रासू ६१) । ३ छन्द-विशेष; (पिंग) । °**वई** स्त्री [°**वती**] १ विलास-वती स्त्री; (प्रासू ६१) । २ छन्द-विशेष; (पिंग) । °**वह** वि [°**वह**] लीला-वाहक; (गउड) ।

लीलाइअ न [**लीलायित**] १ क्रीड़ा, केलि; (कप्पू) । २ प्रभाव; "धम्मस्स लीलाइयं" (उप १०३१ टी) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लीलाय सक [**लीलाय्**] लीला करना। वकृ—**लीलायंत**; (णाया १, १—पत्र १३; कप्प)। कृ—**लीलाइयव्व**; (गउड)।

लीव पुं [**दे**] बाल, बालक; (दे ७, २२; सुर १५, २१८)।

लीहा देखो **लिहा**; (णाया १, ८—पत्र १४५; कुमा; भवि; सुपा १०६; १२४)।

लुअ सक [**लू**] छेदना, काटना। लुएज्जा; (पि ४७३)।

लुअ देखो **लुंप**। लुअइ; (प्राकृ ७१)।

लुअ वि [**लून**] काटा हुआ, छिन्न; (हे ४, २५८; गा ८; से ३, ४२; दे ७, २३; सुर १३, १७५; सुपा ५२४)।

लुअ वि [**लुप्त**] १ जिसका लोप किया गया हो वह; २ न. लोप; (प्राकृ ७७)।

लुअंत वि [**लूनवत्**] जिसने छेदन किया हो वह; (धात्वा १५१)।

लुंक वि [**दे**] सुप्त, सोया हुआ; (दे ७, २३)।

लुंकणी स्त्री [**दे**] लुकना, छिपना; (दे ७, २४)।

लुंख पुं [**दे**] नियम; (दे ७, २३)।

लुंखाय पुं [**दे**] निर्णय; (दे ७, २३)।

लुंखिअ वि [**दे**] कलुष, मलिन; (से १५, ४२)।

लुंच सक [**लुञ्च्**] १ बाल उखाड़ना। २ अपनयन करना, दूर करना। लुंचइ; (भवि)। भूका—लुंचिंसु; (आचा)।

लुंचिअ वि [**लुञ्चित**] केश-रहित किया हुआ, मुण्डित; (कुप्र २६२; सुपा ६४१)।

लुंछ सक [**मृज्, प्र + उञ्छ्**] मार्जन करना, पोंछना। लुंछइ; (हे ४, १०५; प्राकृ ६७; धात्वा १५१)। वकृ—**लुंछंत**; (कुमा)।

लुंट सक [**लुण्ट्**] लूटना। लुंटंति; (सुपा ३५२)। वकृ—**लुंटंत**; (धर्मवि १२३)। कवकृ—**लुंटिज्जंत**; (सुर २, १४)।

लुंटण न [**लुण्टन**] लूट; (सुर ३, ४६; कुमा)।

लुंटाक वि [**लुण्टाक**] लूटने वाला, लुटेरा; (धर्मवि १२३)।

लुंठग वि [**लुण्ठक**] खल, दुर्जन; "चेडवंदवेढिआ उवहसिज्जमाणा लुंठगलोएण, अणुकंपिज्जंती धम्मिअजणेण" (सुख २, ६)।

लुंठिअ वि [**लुण्ठित**] बलाद् गृहीत, जबरदस्ती से लिया हुआ; (पिंग)।

लुंप सक [**लुप्**] १ लोप करना, विनाश करना। २ उत्पीडन करना। लुंपइ, लुंपहा; (प्राकृ ७१; सूअ १, ३, ४, ७)। कर्म—लुप्पइ; (आचा), लुप्पए; (सूअ १, २, १, १३)। कवकृ—**लुप्पंत, लुप्पमाण**; (पि ५४२; उवा)। संकृ—**लुंपित्ता**; (पि ५८२)।

लुंपइत्तु वि [**लोपयितृ**] लोप करने वाला; (आचा; सूअ २, २, ६)।

लुंपणा स्त्री [**लोपना**] विनाश; (पण्ह १, १—पत्र ६)।

लुंपित्तु वि [**लोप्तृ**] लोप करने वाला; (आचा)।

लुंबी स्त्री [**दे. लुम्बी**] १ स्तबक, फलों का गुच्छा; (दे ७, २८; कुमा; गा ३२२; कुप्र ४६०)। २ लता, वल्ली; (दे ७, २८)।

लुक्क अक [**नि + ली**] लुकना, छिपना। लुक्कइ; (हे ४, ५५; षड्)। वकृ—**लुक्कंत**; (कुमा; वज्जा ५६)।

लुक्क अक [**तुड्**] टूटना। लुक्कइ; (हे ४, ११६)।

लुक्क वि [**दे**] सुप्त, सोया हुआ; (षड्)।

लुक्क वि [**निलीन**] लुका हुआ, छिपा हुआ; (गा ४६; ५५८; पिंग)।

लुक्क वि [**रुग्ण**] १ भग्न; (कुमा)। २ बिमार, रोगी; (हे २, २)।

लुक्क वि [**लुञ्चित**] मुण्डित, केश-रहित; (कप्प; पिंड २१७)।

लुक्कमाण देखो **लोअ**=लोक्।

लुक्किअ वि [**तुडित**] टूटा हुआ, खण्डित; (कुमा)।

लुक्किअ वि [**निलीन**] लुका हुआ, छिपा हुआ; (पिंग)।

लुक्ख पुं [**रूक्ष**] १ स्पर्श-विशेष, लूखा स्पर्श; (ठा १; सम ४१)। २ वि. रूक्ष स्पर्श वाला, स्नेह-रहित, लूखा; (णाया १, १—पत्र ७३; कप्प; औप)। देखो **लूह**=रूक्ष।

लुग्ग वि [**दे. रुग्ण**] १ भग्न, भाँगा हुआ; (दे ७, २३; हे २, २; ४, २५८)। २ रोगी, बिमार; (हे २, २; ४, २५८; षड्)।

लुच्छ देखो **लुंछ**=मृज्। लुच्छइ; (षड्)।

लुट्ट सक [**लुण्ट्**] लूटना। लुट्टइ; (षड्)।

लुट्ट देखो **लोट्ट**=स्वप्। लुट्टइ; (कुमा ६, १००)।

लुट्ट वि [**लुण्टित**] लूटा गया; (धर्मवि ७)।

लुट्ठ पुं [**लोष्ट**] रोड़ा, ईंट आदि का टुकड़ा; (दे ७, २६)।

लुड्ड देखो **लुद्ध**; (प्राकृ २१)।

लुढ अक [**लुठ्**] लुढकना, लेटना। वकृ—**लुढमाण**; (स २५४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लुढिअ वि [**लुठित**] लेटा हुआ; (सुपा ५०३; स ३६६)।

लुण देखो **लुअ=लू** । लुणइ; (हे ४, २४१)। कर्म — लुणिज्जइ, लुव्वइ; (प्राप्र; हे ४, २४२)। संकृ—**लुणिऊण, लुणेऊण**; (प्राकृ ६६; षड्), **लुणेप्पि** (अप); (पि ५८८)।

लुणिअ वि [**लून**] काटा हुआ; (धर्मवि १२६; सिरि ४०४)।

लुत्त वि [**लुप्त**] लोप-प्राप्त; "करेइ लुत्तो इकारो त्थ" (चेइय ६७७)।

लुत्त न [**लोप्त्र**] चोरी का माल; (श्रावक ९३ टी)।

लुद्ध पुं [**लुब्ध**] १ व्याध; (पगह १, २; निचू ४)। २ वि. लोलुप, लम्पट; (पाअ; विपा १, ७—पत्र ७७; प्रासू ७६)। ३ न. लोभ; (बृह ३)।

लुद्ध न [**लोध्र**] गन्ध-द्रव्य-विशेष; "सिणाणं अदुवा कक्कं लुद्धं पउमगाणि अ" (दस ६, ६४)। देखो **लोद्ध=लोध्र** ।

लुप्पंत } देखो **लुंप** ।
लुप्पमाण }

लुब्भ } अक [**लुभ्**] १ लोभ करना । २ आसक्ति करना ।
लुभ } लुब्भइ, लुब्भसि; (हे ४, १५३; कुमा), लुभइ; (षड्)। कृ—**लुभियव्व**; (पगह २, ५—पत्र १४६)।

लुभ देखो **लुह=मृज्** । लुभइ; (संक्षि ३५)।

लुरणी स्त्री [**दे**] वाद्य-विशेष; (दे ७, २४)।

लुल देखो **लुढ** । लुलइ; (पिंग)। वकृ—**लुलंत, लुलमाण**; (सुपा ११७; सुर १०, २३१)।

लुलिअ वि [**लुठित**] लेटा हुआ; (सुर ४, ६८)।

लुलिअ वि [**लुलित**] घूर्णित, चलित; (उवा; कुमा; काप्र ८६३)।

लुव देखो **लुअ=लू** । लुवइ; (धात्वा १५१)।

लुव्व° देखो **लुण** ।

लुह सक [**मृज्**] मार्जन करना, पोंछना । लुहइ; (हे ४, १०५; षड्; प्राकृ ६६; भवि)।

लुहण न [**मार्जन**] शुद्धि; (कुमा)।

लूअ देखो **लुअ=लून**; (षड्)।

लूआ स्त्री [**दे**] मृग-तृष्णा, सूर्य-किरण में जल की भ्रान्ति; (दे ७, २४)।

लूआ स्त्री [**लूता**] १ वातिक रोग-विशेष; (पंचा १८, २७; सुपा १४७; लहुअ १५)। २ जाल बनाने वाला कृमि, मकड़ी; (ओघ ३२३; दे)।

लूड सक [**लुण्ट्**] लूटना, चोरी करना । लूडइ, लूडेइ, लूडेह; (धर्मवि ८०; संवेग २६; कुप्र ५६)। हेकृ—**लूडेउं**; (सुपा ३०७; धर्मवि १२४)। प्रयो—वकृ—**लूडावंत**; (सुपा ३५२)।

लूड वि [**लुण्ट**] लूटने वाला; स्त्री—°**डी**;

"सो नत्थि एत्थ गामे जो एयं महमहंतलायरणं ।
तरुणाण हिययलूडिं परिसक्कंतिं निवारेइ ॥"
(हेका २६०; काप्र ६१७)।

लूडण न [**लुण्टन**] लूट, चोरी; (स ४४१)।

लूडिअ वि [**लुण्टित**] लूटा हुआ; (स ५३६; पउम ३०, ६२; सुपा ३०७)।

लूण देखो **लुअ=लून**; (दे ७, २३; सुपा ५२२; कुमा)।

लूण न [**लवण**] १ लून, नमक; (जी ४)। २ पुं. वनस्पति-विशेष; (श्रा २०; धर्म २)। देखो **लवण** ।

लूर सक [**छिद्**] काटना । लूरइ; (हे ४, १२४)।

लूरिअ वि [**छिन्न**] काटा हुआ; (कुमा ६, ८३)।

लूस सक [**लूषय्**] १ वध करना, मार डालना । २ पीड़ना, कदर्थन करना, हैरान करना । ३ दूषित करना । ४ चोरी करना । ५ विनाश करना । ६ अनादर करना । ७ तोड़ना । ८ छोटे को बड़ा और बड़े को छोटा करना । लूसंति, लूसयति, लूसएज्जा; (सूअ १, ३, १, १४; १, ७, २१; १, १४, १६; १, १४, २५)। भूका—लूसिंसु; (आचा)। संकृ—**लूसिउं**; (श्रा १२)।

लूसअ } वि [**लूषक**] १ हिंसक, हिंसा करने वाला; २
लूसग } विनाशक; (सूअ २, १, ५०; १, २, ३, ६)। ३ प्रकृति-क्रूर, निर्दय; ४ भक्षक; (सुअ १, ३, १, ८)। ५ दूषित करने वाला; (सूअ १, १४, २६)। ६ विराधक, आज्ञा नहीं मानने वाला; (सूअ १, २, २, ६; आचा)। ७ हेतु-विशेष; (ठा ४, ३—पत्र २५४)।

लूसण वि [**लूषण**] ऊपर देखो; (आचा; औप)।

लूसिअ वि [**लूषित**] १ लुण्टित, लुटा गया; (श्रा १२)। २ उपद्रुत, पीडित; (सम्मत्त १७५)। ३ विनाशित; (सुबोध १०)। ४ हिंसित; (आचा)।

लूह सक [**मृज्, रूक्षय्**] पोंछना । लूहेइ, लूहेंति; (राय; णाया १, १—पत्र ५३)। संकृ—**लूहित्ता**; (पि २५७)।

लूह वि [**रूक्ष**] १ लूखा, स्नेह-रहित; (आचा; पिंड १६६; उव)। २ पुं. संयम, विरति, चारित्र; (सूअ १, ३, १,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३)। ३ न. तप-विशेष, निर्विकृतिक तप; (संबोध ५८)। देखो **लुक्ख**।

लूहिय वि [**रूक्षित**] पोंछा हुआ; (गाया १,१—पत्र १६; कप्प; औप)।

ले सक [**ला**] लेना, ग्रहण करना। लेइ; (हे ४, २३८; कुमा)। वकृ—**लिंत**; (सुपा ५३२; पिंग)। संकृ—**लेवि** (अप); (हे ४, ४४०)। हेकृ—**लेविणु** (अप); (हे ४, ४४१)।

लेक्ख न [**लेख्य**] १ व्यवहार, व्यापार; (सुपा ४२४)। २ लेखा, हिसाब; (कुप्र २३८)।

लेक्खा देखो **लिहा**; (गउड)।

लेख देखो **लेह**=लेख; (सम ३५)।

लेखापित देखो **लिखापित**; (पि ७)।

लेच्छइ पुं [**लेच्छकि**] १ क्षत्रिय-विशेष; २ एक प्रसिद्ध राज-वंश; (सुअ १, १३, १०; भग; कप्प; औप; अंत)।

लेच्छइ पुं [**लिप्सुक, लेच्छकि**] १ वणिक्, वैश्य; २ एक वणिग्-जाति; (सुअ २, १, १३)।

लेच्छारिय वि [**दे**] खरण्टित, लिप्त; (पिंड २१०)।

लेज्झ देखो **लिह**=लिह्।

लेट्ठु पुंन [**लेष्टु**] रोड़ा, ईंट पत्थर आदि का टूकड़ा; (विसे २४६६; औप; उव; कप्प; महा)।

लेडु, **लेडुअ** पुंन [**दे. लेष्टु**] ऊपर देखो; (पाअ; दे ७, २४)।

लेडुक्क पुं [**दे**] १ रोडा, लोष्ट; २ वि. लम्पट; (दे ७, २६)।

लेढिअ न [**दे**] स्मरण, स्मृति; (दे ७, २५)।

लदुक्क पुं [**दे**] रोड़ा, लोष्ट; (दे ७, २४; पाअ)।

लेण न [**लयन**] १ गिरि-वर्ती पाषाण-गृह; (णाया १, २—पत्र ७६)। २ बिल, जन्तु-गृह; (कप्प)। °**विहि** पुंस्त्री [°**विधि**] कला-विशेष; (औप)। देखो **लयण**=लयन।

लेप्प न [**लेप्य**] भित्ति, भींत; (धर्मसं २६; कुप्र ३००)।

लेलु देखो **लेडु**; (आचा; सुअ २, २, १८; पिंड ३४६)।

लेव पुं [**लेप**] १ लेपन; (सम ३६; पउम २, २८)। २ नाभि-प्रमाण जल; (ओघभा ३४)। ३ पुं. भगवान् महावीर के समय का नालंदा-निवासी एक गृहस्थ; (सुअ २, ७, १)। °**कड**, °**ड** वि [°**कृत**] लेप-मिश्रित; (ओघ ५६५; पत्र ४ टी—पत्र ४६; पडि)।

लेवण न [**लेपन**] लेप-करण; (पत्र १३३)।

लेस पुं [**लेश**] १ अल्प, स्तोक, लव, थोड़ा; (पाअ; दे ७, २८)। २ संक्षेप; (दं १)।

लेस वि [**दे**] १ लिखित; २ आश्वस्त; ३ निःशब्द, शब्द-रहित; ४ पुं. निद्रा; (दे ७, २८)।

लेस पुं [**श्लेष**] संश्लेष, संबन्ध, मिलान; (राय)।

लेसण न [**श्लेषण**] ऊपर देखो; (विसे ३००७)।

लेसणया, **लेसणा** स्त्री [**श्लेषणा**] ऊपर देखो; (औप; ठा ४, ४—पत्र २८०; राज)।

लेसणी स्त्री [**श्लेषणी**] विद्या-विशेष; (सुअ २, २, २७; णाया १, १६—पत्र २१३)।

लेसा स्त्री [**लेश्या**] १ तेज, दीप्ति; २ मंडल, बिम्ब; "चंदस्स लेसं आवरेत्ताणं चिट्ठइ" (सम २६)। ३ किरण; (सुज्ज १६)। ४ देह-सौन्दर्य; (राज)। ५ आत्मा का परिणाम-विशेष, कृष्णादि द्रव्यों के सांनिध्य से उत्पन्न होने वाला आत्मा का शुभ या अशुभ परिणाम; ६ आत्मा के शुभ या अशुभ परिणाम की उत्पत्ति में निमित्त-भुत कृष्णादि द्रव्य; (भग; उवा; औप; पव १५२; जीवस ७४; संबोध ४८; पण्ण १७; कम्म ४, १; ६; ३१)।

लेसिय वि [**श्लेषित**] श्लेष-युक्त; (स ७६२)।

लेस्सा देखो **लेसा**; (भग)।

लेह देखो **लिह**=लिख्। लेहइ; (प्राकृ ७०)।

लेह देखो **लिह**=लिह्। लेहइ; (प्राकृ ७०)।

लेह (अप) देखो **लह**=लभ्। लेहइ; (पिंग)।

लेह पुं [**लेह**] अवलेह, चाटन; (पउम २, २८)।

लेह पुं [**लेख**] १ लिखना, लेखन, अक्षर-विन्यास; (गा २४४; उवा)। २ पत्र, चिट्ठी; (कप्पू)। ३ देव, देवता; ४ लिपि; ५ वि. लेख्य, जो लिखा जाय; (हे २, १८६)। ६ लेखक, लिखने वाला; "अज्जवि लेहत्तणे तण्हा" (वज्जा १००)। °**वाह** वि [°**वाह**] चिट्ठी ले जाने वाला, पत्र-वाहक; (पउम ३१, १; सुपा ५१६)। °**वाहग**, °**वाहय** वि [°**वाहक**] वही अर्थ; (सुपा ३३१; ३३२)। °**साला** स्त्री [°**शाला**] पाठशाला; (उप ७२८ टी)। °**ारिय** पुं [°**ाचार्य**] उपाध्याय, शिक्षक; (महा)।

लेहड वि [**दे**] लम्पट, लुब्ध; (दे ७, २५; उव)।

लेहण न [**लेहन**] चाटन, आस्वादन; (पउम ३, १०७)।

लेहणी स्त्री [**लेखनी**] कलम, लेखिनी; (पउम २६, ५; गा २४४)।

लेहल देखो **लहड**; (गा ४६१)।

Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लेहा देखो **लिहा**; (औप; कप्प; कप्पू; कुप्र ३६६; स्वप्न ५२)।
लेहिय वि [**लेखित**] लिखवाया हुआ; (ती ७)।
लेड्डुअ पुं [**दे**] लोष्ट, रोड़ा, ढेला; (दे ७, २४)।
लोअ देखो **रोअ**=रोचय्। संकृ—लोएया; (कस)।
लोअ सक [**लोक्, लोकय्**] देखना। वकृ—**लोअअंत**; (नाट)। कवकृ—**लुक्कमाण**; (उप १४२ टी)। संकृ—**लोइउं**; (कुप्र ३)।
लोअ पुं [**लोक**] १ धर्मास्तिकाय आदि द्रव्यों का आधार-भूत आकाश-क्षेत्र, जगत्, संसार, भुवन; २ जीव, अजीव आदि द्रव्य; ३ समय, आवलिका आदि काल; ४ गुण, पर्याय, धर्म; ५ जन, मनुष्य आदि प्राणि-वर्ग; (ठा १—पत्र १३; टी—पत्र १४; भग; हे १, १८०; कुमा; जी १४; प्रासू ५२; ७१; उव; सुर १, ६६)। ६ आलोक, प्रकाश; (वज्जा १०६)। °**ग्ग** न [°**ग्र**] १ ईषत्प्राग्भारा-नामक पृथिवी, मुक्त-स्थान; (णाया १, ५—पत्र १०५; इक)। २ मुक्ति, मोक्ष, निर्वाण; (पात्र)। °**ग्गथूभिआ** स्त्री [°**ग्रस्तूपिका**] मुक्त-स्थान, ईषत्प्राग्भारा पृथिवी; (इक)। °**ग्गपडिबुज्झणा** स्त्री [°**ग्रप्रतिबोधना**] वही अर्थ; (इक)। °**णाभि** पुं [°**नाभि**] मेरु पर्वत; (सुज्ज ५)। °**प्पवाय** पुं [**प्रवाद**] जन-श्रुति, कहावत; (सुर २, ४७)। °**मज्झ** पुं [°**मध्य**] मेरु पर्वत; (सुज्ज ५)। °**वाय** पुं [°**वाद**] जन-श्रुति, लोकोक्ति; (स २६०; मा ४८)। °**गास** पुं [°**काश**] लोक-क्षेत्र, अलोक-भिन्न आकाश; (भग)। °**हाणय** न [°**भाणक**] कहावत, लोकोक्ति; (भवि)। देखो **लोग**।
लोअ पुं [**लोच**] लुञ्चन, केशों का उत्पाटन; (सुपा ६४१; कुप्र १७३; णाया १, १—पत्र ६०; औप; उव)।
लोअ पुं [**लोप**] अ-दर्शन, विध्वंस; (चेइय ६६१)।
लोअंतिय पुं [**लोकान्तिक**] एक देव-जाति; (कप्प)।
लोअग न [**दे, लोचक**] गुण-रहित अन्न, खराब नाज; (कस)।
लोअडी (अप) स्त्री [**लोमपटी**] कम्बल; (हे ४, ४२३)।
लोअण पुंन [**लोचन**] आँख, चक्षु, नेत्र; (हे १, ३३; २, १८४; कुमा; पात्र; सुर २, २२२)। °**वत्त** न [°**पत्र**] अक्षि-लोम, बरवनी, पद्म; (से ६, ६८)।
लोअणिल्ल वि [**लोचनवत्**] आँख वाला; (सुपा २००)।
लोआणी स्त्री [**दे**] वनस्पति-विशेष; (पराण १—पत्र ३६)।
लोइअ वि [**लोकित**] निरीक्षित, दृष्ट; (गा २७१; स ७१३)।
लोइअ वि [**लौकिक**] लोक-संबन्धी, सांसारिक; (आचा; विपा १, २—पत्र ३०; णाया १, ६—पत्र १६६)।
लोउत्तर वि [**लोकोत्तर**] लोक-प्रधान, लोक-श्रेष्ठ, असाधारण; "लोउत्तरं चरिअं" (श्रा १६; विसे ८७०)। देखो **लोगुत्तर**।
लोउत्तरिय वि [**लोकोत्तरिक**] ऊपर देखो; (श्रा १)।
लोंक वि [**दे**] सुप्त, सोया हुआ; (दे ७, २३)।
लोग देखो **लोअ**=लोक; (ठा ३, २; ३, ३—पत्र १४२; कप्प; कुमा; सुर १, ७६; हे १, १७७; प्रासू २५; ४७)। ७ न. एक देव-विमान; (सम २५)। °**कंत** न [°**कान्त**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**कूड** न [°**कूट**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**ग्गचूलिआ** स्त्री [°**ग्रचूलिका**] मुक्त-स्थान, सिद्धि-शिला; (सम २२)। °**जत्ता** स्त्री [°**यात्रा**] लोक-व्यवहार; (णाया १, २—पत्र ८८)। °**ट्ठिइ** स्त्री [°**स्थिति**] लोक-व्यवस्था; (ठा ३, ३)। °**दव्व** न [°**द्रव्य**] जीव, अजीव आदि पदार्थ-समूह; (भग)। °**नाभि** पुं [°**नाभि**] मेरु पर्वत; (सुज्ज ५ टी—पत्र ७७)। °**नाह** पुं [°**नाथ**] जगत् का स्वामी, परमेश्वर; (सम १; भग)। °**परिपूरणा** स्त्री [°**परिपूरणा**] ईषत्प्राग्भारा पृथिवी, मुक्त-स्थान; (सम २२)। °**पाल** पुं [°**पाल**] इन्द्रों के दिक्पाल, देव-विशेष; (ठा ३, १; औप)। °**प्पभ** पुं [°**प्रभ**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**बिंदुसार** पुंन [°**बिन्दुसार**] चौदहवाँ पूर्व-ग्रन्थ; (सम ४४)। °**मज्झावसिअ** पुंन [°**मध्यावसित**] अभिनय-विशेष; (ठा ४, ४—पत्र २८५)। °**मज्झावसाणिअ** पुंन [°**मध्यावसानिक**] वही अर्थ; (राय)। °**रूव** न [°**रूप**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**लेस** न [°**लेश्य**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**वण्ण** न [°**वर्ण**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**वाल** देखो °**पाल**; (कुप्र १३५)। °**वीर** पुं [°**वीर**] भगवान् महावीर; (उव)। °**सिंग** न [°**शृङ्ग**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**सिट्ठ** न [°**सृष्ट**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**हिअ** न [°**हित**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**यय** न [°**यत**] नास्तिक-प्रणीत शास्त्र, चार्वाक-दर्शन; (णंदि)। °**लोग** पुंन [°**लोक**] परिपूर्ण आकाश-क्षेत्र, संपूर्ण जगत्; (उव; पि २०२)। °**ावत्त** न [°**ावर्त**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**हाण** न [°**ख्यान**] लोकोक्ति, जन-श्रुति; (उप ५३० टी)।
लोगंतिय देखो **लोअंतिय**; (पि ४६३)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लोगिग देखो लोइअ=लौकिक; (धर्मसं १२४८) ।

लोगुत्तर देखो लोउत्तर । **°वडिंसय** न [**°ावतंसक**] एक देव-विमान; (सम २५) ।

लोगुत्तरिय देखो लोउत्तरिय; (ओघ ७६५) ।

लोट्ट अक [**स्वप्**] लोटना, सोना । लोट्टइ; (हे ४, १४६) । वकृ—**लोट्टय**°; (पाअ) ।

लोट्ट अक [**लुठ्**] १ लेटना । २ प्रवृत्त होना । लोट्टइ, लोट्टती; (प्राकृ ७२; सुअ १, १५, १४) । वकृ—**लोट्टंत**; (सुपा ४६६) ।

लोट्ट } **लोट्टय** } पुं [**दे**] १ कच्चा चावल; (निचू ४) । २ पुंस्री. हाथी का छोटा बच्चा; (गाया १, १—पत्र ६३), स्त्री—**°ट्टिया**; (गाया १, १) ।

लोट्टिअ वि [**दे**] उपविष्ट; (दे ७, २५) ।

लोट्ठ वि [**दे**] स्मृत; (षड्) ।

लोट्ठ पुं [**लोष्ट**] रोड़ा, ढेला; (दे ७, २४) ।

लोडाविअ वि [**लोटित**] घुमाया हुआ; (गा ७६६) ।

लोढ सक [**दे**] कपास निकालना; गुजराती में 'लोढवुं' । वकृ—**लोढयंत**; (राज) ।

लोढ पुं [**दे**] १ लोढ़ा, शिलापुत्रक, पीसने का पत्थर; (दस ५, १, ४५; उवा) । २ ओषधि-विशेष, पद्मिनीकन्द; (पव ४; श्रा २०; संबोध ४४) । ३ वि. स्मृत; ४ शयित; (दे ७, २६) ।

लोढय पुं [**दे. लोठक**] कपास के बीज निकालने का यन्त्र; (गउड) ।

लोढिअ वि [**लोठित**] लेटवाया हुआ, सोलाया हुआ; (पउम ६१, ६७) ।

लोण न [**लवण**] १ लून, नमक; २ लावण्य, शरीर-कान्ति; (गा ३१६; कुमा) । ३ पुं. वृक्ष-विशेष; (पउम ४२, ७; श्रा २०; पव ४) । ४—देखो **लवण**; (हे १, १७१; प्राप्र; गउड; औप) ।

लोणिय वि [**लावणिक**] लवण-युक्त, लवण-संबन्धी; (ओघ ७७६) ।

लोण्ण न [**लावण्य**] शरीर-कान्ति; (प्राकृ ५) ।

लोत्त न [**लोप्त्र**] चोरी का माल; (स १७३) ।

लोद्ध पुं [**लोध्र**] वृक्ष-विशेष; (गाया १, १—पत्र ६५; पणण १; सुअ १, ४, २, ७; औप; कुमा) । देखो **लुद्ध**=लोध्र ।

लोद्ध देखो **लुद्ध**=लुब्ध; (पाअ; सुर ३, ४७; १०, २२३; प्राप्र) ।

लोप्प देखो **लुंप** । "जो एवं वायं लोप्पइ सो तिण्णिवि लोप्पयंतो किं केणावि धरिउं पारीयइ" (स ४६२) ।

लोभ सक [**लोभय्**] लुभाना, लालच देना । कवकृ—**लोभिज्जंत**; (सुपा ६१) ।

लोभ पुं [**लोभ**] लालच, तृष्णा; (आचा; कप्प; औप; उव; ठा ३, ४) । २ वि. लोभ-युक्त; (पडि) ।

लोभि } **लोभिल्ल** } वि [**लोभिन्**] लोभ वाला; (कम्म ४, ४०; पउम ४, ४६) ।

लोम पुंन [**लोमन्**] रोम, रोंआँ, रुँगटा; (उवा) । **°पक्खि** पुं [**°पक्षिन्**] रोम के पँख वाला पक्षी; (ठा ४, ४—पत्र २७१) । **°स** वि [**°श**] लोम-युक्त; (गउड) । **°हत्थ** पुं [**°हस्त**] पींछी, रोमों का बना हुआ झाडू; (विपा १, ७—पत्र ७८; औप; गाया १, २) । **°हरिस** पुं [**°हर्ष**] १ नरकावास-विशेष; (देवेन्द्र २७) । २ रोमाञ्च, रोमों का खड़ा होना; (उत्त ५, ३१) । **°हार** पुं [**°हार**] मार कर धन लूटने वाला चोर; (उत्त ६, २८) । **°ाहार** पुं [**°ाहार**] रुँगटों से लिया जाता आहार, त्वचा से ली जाती खुराक; (भग; सूअनि १७१) ।

लोमसी स्त्री [**दे**] १ ककड़ी, खीरा; (उप पृ २५२) । २ वल्ली-विशेष, ककड़ी का गाछ; (वव १) ।

लोर पुंन [**दे**] १ नेत्र, आँख; २ अश्रु, आँसु; (पिंग) ।

लोल अक [**लुठ्**] १ लेटना । २ सक. विलोडन करना । लोलइ; (पिंड ४२२; पिंग), "लोलेइ रक्खसबलं" (पउम ७१, ४०) । वकृ—**लोलंत, लोलमाण**; (कप्प; पिंग; पउम ५३, ७६) ।

लोल सक [**लोठय्**] लेटाना । लोलेइ, लोलेमि; (उवा) ।

लोल वि [**लोल**] १ लम्पट, लुब्ध, आसक्त; (गाया १, १ टी—पत्र ५; औप; कप्प; पाअ; सुपा ३६५) । २ पुं. रत्नप्रभा नरक का एक नरकावास; (ठा ६—पत्र ३६५; देवेन्द्र ३०) । ३ शर्कराप्रभा-नामक द्वितीय नरक-पृथिवी का नववाँ नरकेन्द्रक—नरक-स्थान; (देवेन्द्र ७) । **°मज्झ** पुं [**°मध्य**] नरकावास-विशेष; (ठा ६ टी—पत्र ३६७) । **°सिट्ठ** पुं [**°शिष्ट**] नरकावास-विशेष; (ठा ६ टी) । **°ावत्त** पुं [**°ावर्त**] नरकावास-विशेष; (ठा ६ टी; देवेन्द्र ७) ।

लोलंठिअ न [**दे**] चाटु, खुशामद; (दे ७, २२) ।

लोलण न [**लोठन**] १ लेटना, घोलन; (सुअ १, ५, १, १७) । २ लेटवाना; (उप ५१०) ।

लोलपच्छ पुं [**लोलपाक्ष**] नरक-स्थान-विशेष; (देवेन्द्र ३०) ।

Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लोलिक्क न [लौल्य] लम्पटता, लोलुपता; (पराह १, ३—पत्र ४३)।

लोलिम पुंस्त्री [लोलत्व] ऊपर देखो; (कुमा)।

लोलुअ वि [लोलुप] १ लम्पट, लुब्ध; (पउम १, ३०; २६, ४७; पात्र; सुर १४, ३३)। २ पुं. रत्नप्रभा नरक का एक नरकावास; (ठा ६—पत्र ३६५)। °च्चुअ पुं [°च्युत] रत्नप्रभा-नरक का एक नरक-स्थान; (उवा)।

लोलुंचाविअ वि [दे] रचित-तृष्णा, जिसने तृष्णा की हो वह; (दे ७, २५)।

लोलुव देखो **लोलुअ**; (सूत्र २, ६, ४४)।

लोव सक [लोपय्] लोप करना, विध्वंस करना। लोवेइ; (महा)।

लोव पुंन [लोप] विध्वंस, विनाश, अ-दर्शन; "कम-लोव-कारया" (कुप्र ४), "आ दुट्ठे जासु वहिं लोवं व तुमं अदं-सणा होसु" (धर्मवि १३३)।

लोह देखो **लोभ**=लोभ; (कुमा; प्रासू १७६)।

लोह पुंन [लोह] १ धातु-विशेष, लोहा; (विपा १, ६—पत्र ६६; पात्र; कुमा)। २ धातु, कोई भी धातु; "जह लोहाण सुवन्नं तणाण धन्नं धणाण रयणाइं" (सुपा ६३६)। °कार पुं [°कार] लोहार; (कुप्र १८८)। °जंघ पुं [°जङ्घ] १ भारत में उत्पन्न द्वितीय प्रतिवासुदेव राजा; (सम १५४)। २ राजा चराडप्रद्योत का एक दूत; (महा)। °जंघवण न [°जङ्घवन] मथुरा के समीप का एक वन; (ती ७)।

लोह वि [लौह] लोहे का, लोह-निर्मित; (से १४, २०)।

लोहंगिणी स्त्री [लोहाङ्गिनी] छन्द-विशेष; (पिंग)।

लोहल पुं [लोहल] शब्द-विशेष, अव्यक्त शब्द; (षड्)।

लोहार पुं [लोहकार] लोहार, लोहे का काम करने वाला शिल्पी; (दे ८, ७१; ठा ८—पत्र ४१७)।

लोहि° } देखो **लोही**; "कुंभीसु य पयणेसु य लोहियसु य
लोहिअ° } कंदुलोहिकुंभीसु" (सुअनि ८०; ७६)।

लोहिअ पुं [लोहित] १ लाल रँग, रक्त-वर्ण; २ वि. रक्त वर्ण वाला, लाल; (से २, ४; उवा)। ३ न. रुधिर, खून; (पउम ५, ७६)। ४ गोत्र-विशेष, जो कौशिक गोत्र की एक शाखा है; (ठा ७—पत्र ३६०)।

लोहिअंक पुं [लोहित्यक, लोहिताङ्क] अठासी महाग्रहों में तीसरा महाग्रह; (सुज्ज २०)।

लोहिअक्ख पुं [लोहिताक्ष] १ एक महाग्रह; (ठा २, ३—पत्र ७७)। २ चमरेन्द्र के महिष-सैन्य का अधिपति; (ठा ५, १—पत्र ३०२; इक)। ३ रत्न की एक जाति; (णाया १, १—पत्र ३१; कुप्र; उत्त ३६, ७६)। ४ एक देव-विमान; (देवेन्द्र १३२; १४४)। ५ रत्नप्रभा पृथिवी का एक काराड; (सम १०४)। ६ एक पर्वत-कूट; (इक)।

लोहिआ } अक [लोहिताय्] लाल होना। लोहिआइ,
लोहिआअ } लोहिआअइ; (हे ३, १३८; कुमा)।

लोहिआमुह पुं [लोहितामुख] रत्नप्रभा का एक नरका-वास; (स ८८)।

लोहिच्च } न [लौहित्यायन] गोत्र-विशेष; (सुज्ज
लोहिच्चायण } १०, १६ टी; इक; सुज्ज १०, १६)।

लोहिणी } स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष, कन्द-विशेष; (पराण
लोहिणीहू } १—पत्र ३५), "लोहिणीहू य थीहू य" (उत्त ३६, ६६; सुख ३६, ६६)।

लोहिल्ल वि [दे, लोभिन्] लम्पट, लुब्ध; (दे ७, २४; पउम ८, १०७; गा ४४४)।

लोही स्त्री [लौही] लोहे का बना हुआ भाजन-विशेष, कराह; (उप ८३३; चारु १)।

ल्हस देखो **लस**=लस्। ल्हसइ; (प्राकृ ७२)।

ल्हस अक [स्रंस्] खिसकना, सरकना, गिर पड़ना। ल्हसइ; (हे ४, १९७; षड्)। वकृ—**ल्हसंत**; (वज्जा ६०)।

ल्हसण न [स्रंसन] खिसकना, पतन; (सुपा ५५)।

ल्हसाव सक [स्रंसय्] खिसकाना। संकृ—**ल्हसाविअ**; (सुपा ३०८)।

ल्हसाविअ वि [स्रंसित] खिसकाया हुआ; (कुमा)।

ल्हसिअ वि [स्रस्त] खिसक कर गिरा हुआ; (कुप्र १८५ वज्जा ८४)।

ल्हसिअ वि [दे] हर्षित; (चंड)।

ल्हसुण देखो **लसुण**; (पराण १—पत्र ४०; पि २१०)।

ल्हादि स्त्री [ह्लादि] आह्लाद, प्रमोद, खुशी; (राज)।

ल्हाय पुं [ह्लाद] ऊपर देखो; (धर्मसं २१६)।

ल्हासिय पुं [ल्हासिक] एक अनार्य मनुष्य-जाति; (पराह १, १—पत्र १४)।

ल्हिक्क अक [नि+ली] छिपना। ल्हिक्कइ; (हे ४, ५५; षड् २०६)। वकृ—**ल्हिक्कंत**; (कुमा)।

ल्हिक्क वि [दे] १ नष्ट; (हे ४, २५८)। २ गत; (षड्)।

इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि लआराइसद्दसंकलणो चउत्तीसइमो तरंगो समत्तो।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व

व पुं [**व**] १ अन्तस्थ व्यञ्जन वर्ण-विशेष, जिसका उच्चारण-स्थान दन्त और ओष्ठ हैं; (प्राप; प्रामा)। २ पुंन. वरुण; (से १, १; २, ११)।

व अ [**व**] देखो **इव**; (से २, ११; गा १८; ६३; ६४; ७६; कुमा; हे २, १८२; प्रासू २)।

व देखो **वा**=अ; (हे १, ६७; गा ४२; १६४; कुमा; प्राकृ २६; भवि)।

व° देखो **वाया**=वाच्। **°क्खेवअ** वि [**°क्षेपक**] वचन का निरसन—खण्डन; (गा २४२ अ)। **°प्पइराय** पुं [**°पति-राज**] एक प्राचीन कवि, 'गउडवहो' काव्य का कर्ता; (गउड)।

वअणीआ स्त्री [**दे**] १ उन्मत्त स्त्री; २ दुःशील स्त्री; (षड्)।

वअल अक [**प्र+सृ**] पसरना, फैलना। वअलइ; (षड्)।

वआड देखो **वायाड**=वाचाट; (संक्षि २)।

वइ अ [**वै**] इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ अवधारण, निश्चय; (विसे १८००)। २ अनुनय; ३ संबोधन; ४ पादपूर्ति; (चंड)।

वइ अ [**दे**] वदि, कृष्ण पक्ष; "फग्गुणवइछ्ठीए" (सुपा ८६)।

वइ वि [**वतिन्**] व्रत वाला, संयमी; (उत्त; सुपा ४३६)। स्त्री—**°णी**; (उप ५७१)।

वइ स्त्री [**वाच्**] वाणी, वचन; (सम २५; कप्प; उप ६०४; श्रा ३१; सुपा १८४; कम्म ४, २४; २७; २८)। **°गुत्त** वि [**°गुप्त**] वाणी का संयम वाला; (आचा; उप ६०४)। **°गुत्ति** स्त्री [**°गुप्ति**] वाणी का संयम; (आचा)। **°जोअ, °जोग** पुं [**°योग**] वचन-व्यापार; (भग; पण्ह १, २)। **°जोगि** वि [**°योगिन्**] वचन-व्यापार वाला; (भग)। **°मंत** वि [**°मत्**] वचन वाला; (आचा २, १, ६, १)। **°मेत्त** न [**°मात्र**] निरर्थक वचन; (धर्मसं २८४; २८५; ८४४)। देखो **वई**।

वइ स्त्री [**वृति**] वाड, काँटे आदि से बनाई जाती स्थान-परिधि, घेरा, "धन्नाणं रक्खट्टा कीरंति वईओ" (श्रा १०; गउड; गा ६६; उप ६४८; पउम १०३, १११; वज्जा ८६), "उच्छू वोलंति वइं" (धर्मवि ५३; संबोध ४२)।

°वइ देखो **पइ**=पति; (गा ६६; से ४, ३४; कप्प; कुमा)।

वइ° देखो **वय**=वद्।

वइ° देखो **वय**=व्रज्।

वइअ वि [**दे**] १ पीत, जिसका पान किया गया हो वह; (दे ७, ३४)। २ आच्छादित, ढका हुआ; "पच्छाइअनूमिआइं वइआइं" (पाअ)।

वइअ वि [**व्ययित**] जिसका व्यय किया गया हो वह; "कि-मिह दव्वेण वइएणं बहुएणं" (सुपा ५७८; ७३; ४१०)।

वइअब्भ पुं [**वैदर्भ**] १ विदर्भ देश का राजा; २ वि. विदर्भ देश में उत्पन्न; (षड्)।

वइअर पुं [**व्यतिकर**] प्रसङ्ग, प्रस्ताव; (सुर ४, १३६; महा)।

वइअव्व देखो **वय**=व्रज्।

वइआ स्त्री [**व्रजिका**] छोटा गोकुल; (पिंड ३०६; सुख २, ५; ओघ ८४)।

वइआलिअ वि [**वैतालिक**] मंगल-स्तुति आदि से राजा को जगाने वाला मागध आदि; (हे १, १५२)।

वइआलीअ पुंन [**वैतालीय**] छन्द-विशेष; (हे १, १५१)।

वइएस वि [**वैदेश**] विदेश-संबन्धी, परदेशी; (पउम ३३, २४; हे १, १५१; प्राकृ ६)।

वइएह पुं [**वैदेह**] १ वणिक्, वैश्य; २ शूद्र पुरुष और वैश्य स्त्री से उत्पन्न जाति-विशेष; ३ राजा जनक; ४ वि. देह-रहित से संबन्ध रखने वाला; ५ मिथिला देश का; (हे १, १५१; प्राकृ ६)।

वइंगण न [**दे**] बैंगन, वृन्ताक, भंटा; (दे ६, १००)।

वइकच्छ पुं [**वैकक्ष**] उत्तरासंग; (औप)।

वइकल्लिअ न [**वैकल्य**] विकलता; (पाअ)।

वइकुंठ पुं [**वैकुण्ठ**] १ उपेन्द्र, विष्णु; (पाअ)। २ लोक-विशेष, विष्णु का धाम; (उप १०३१ टी)।

वइक्कंत वि [**व्यतिक्रान्त**] व्यतीत, गुजरा हुआ; (पउम २, ७४; उवा; पडि)।

वइक्कम पुं [**व्यतिक्रम**] विशेष उल्लंघन, व्रत-दोष-विशेष; (ठा ३, ४—पत्र १५६; पव ६ टी; पउम ३१, ६१)।

वइगरणिय पुं [**वैकरणिक**] राज-कर्मचारि-विशेष; (सुपा ५४८)।

वइगा देखो **वइआ**; (सुख २, ५; बृह ३)।

वइगुण्ण न [**वैगुण्य**] १ वैकल्य, अपरिपूर्णता, असंपन्नता; (धर्मसं ८८४)। २ विपरीतपन, विपर्यय; (राज)।

वइचित्त न [**वैचित्र्य**] विचित्रता; (विसे ३११; धर्मसं ६५)।

वइजवण वि [**वैजवन**] गोत्र-विशेष में उत्पन्न; (हे १, १५१)।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वइणी देखो **वइ**=व्रतिन्।
वइतुलिय वि [**वैतुलिक**] तुल्यता-रहित; (निचू ११)।
वइत्तए } देखो **वय**=वद्।
वइत्ता }
वइत्ता देखो **वय**=वच्।
वइत्तु वि [**वदितृ**] बोलने वाला; "मुसं वइत्ता भवति" (ठा ७—पत्र ३८६)।
वइदब्भ देखो **वइअब्भ**; (हे १, १५१)।
वइदिस पुं [**वैदिश**] १ अवन्ती देश, मालव देश; "वइदिस उज्जेणीए जियपडिमा एलगच्छं च" (उप २०२)। २ वि. विदिशा-संबन्धी; (बृह ६)।
वइदेस देखो **वइएस**; (प्राप्र)।
वइदेसिअ वि [**वैदेशिक**] विदेशीय, परदेशी; (संक्षि ५; कुप्र ३८०; सिरि ३६३; पि ६१)।
वइदेह देखो **वइएह**; (प्राप्र)।
वइदेही स्त्री [**वैदेही**] १ राजा जनक की स्त्री, सीता की माता; (पउम २६, ७५)। २ जनकात्मजा, सीता; ३ हरिद्रा, हल्दी; ४ पिप्पली, पीपल; ५ वणिक्-स्त्री; (संक्षि ५)।
वइधम्म न [**वैधर्म्य**] विरुद्धधर्मता, विपरीतपन; (विसे ३२२८)।
वइमिस्स त्रि [**व्यतिमिश्र**] संमिलित; (आचा २, १, ३, २)।
वइर पुंन [**वज्र**] १ रत्न-विशेष, हीरक, हीरा; (सम ६३; औप; कप्प; भग; कुमा)। २ इन्द्र का अस्त्र; (षड्)। ३ एक देव-विमान; (देवेन्द्र १३३; सम २५)। ४ विद्युत्, बिजली; (कुमा)। ५ पुं. एक सुप्रसिद्ध जैन महर्षि; (कप्प; हे १, ६; कुमा)। ६ कोकिलाक्ष वृक्ष; ७ श्वेत कुशा; ८ श्रीकृष्ण का एक प्रपौत्र; ९ न. बालक, शिशु; १० धात्री; ११ काँजी; १२ वज्रपुष्प; १३ एक प्रकार का लोहा; १४ अभ्र-विशेष; १५ ज्योतिष-प्रसिद्ध एक योग; (हे २, १०५)। १६ कीलिका, छोटा कील; (सम १४६)। °**कंड** न [°**काण्ड**] रत्नप्रभा पृथिवी का एक वज्ररत्न-मय काण्ड; (राज)। °**कंत** न [°**कान्त**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**कूड** न [°**कूट**] १ एक देव-विमान; (सम २५)। २ देवी-विशेष का आवासभूत एक शिखर; (राज)। °**जंघ** पुं [°**जङ्घ**] १ भरतक्षेत्र में उत्पन्न तृतीय प्रतिवासुदेव; (सम १५४)। २ पुष्कलावती विजय के लोहार्गल नगर का एक राजा; (आव)। °**प्पभ** न [°**प्रभ**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**मज्झा** स्त्री [°**मध्या**] प्रतिमा-विशेष, एक प्रकार का व्रत; (ठा ४, १—पत्र १६५)। °**रूव** न [°**रूप**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**लेस** न [°**लेश्य**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**वण्ण** न [°**वर्ण**] देवविमान-विशेष; (सम २५)। °**सिंग** न [°**शृङ्ग**] एक देव-विमान का नाम; (सम २५)। °**सिंह** पुं [°**सिंह**] एक राजा; (काल; पि ४००)। °**सिट्ठ** न [°**सृष्ट**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**सीह** देखो **सिंह**; (काल)। °**सेण** पुं [°**सेन**] एक प्राचीन जैन महर्षि जो वज्रस्वामी के शिष्य थे; (कप्प)। °**सेणा** स्त्री [°**सेना**] १ एक इन्द्राणी, दाक्षिणात्य वानव्यन्तरेन्द्र की एक अग्र-महिषी; (णाया २—पत्र २५२)। २ एक दिक्कुमारी देवी; (इक)। °**हर** पुं [°**धर**] इन्द्र; (षड्)। °**मय** वि [°**मय**] वज्र रत्नों का बना हुआ; (सम ६३; औप; पि ७०; १३५), स्त्री—°**मई**, °**मती**; (जीव ३; पि २०३ टि ४)। °**वत्त** न [°**वर्त**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**सभनाराय** न [°**ऋषभनाराच**] संहनन-विशेष; (सम १४६; भग)। देखो **वज्ज**=वज्र।
वइरा स्त्री [**वज्रा**] एक जैन मुनि-शाखा; (कप्प)।
वइराग न [**वैराग्य**] विरक्ति, उदासीनता; (पउम २६, २०)।
वइराड पुं [**वैराट**] १ एक आर्य देश; २ न. प्राचीन भारतीय नगर-विशेष, जो मत्स्य देश की राजधानी थी; "वइराड मच्छ वरुणा अच्छा" (पव २७५)।
वइराय देखो **वइराग**; (भवि)।
वइरि } वि [**वैरिन्**] दुश्मन, रिपु; (सुर १, ७; काल;
वइरिअ } प्रासू १७४)।
वइरिक्क न [**दे**] विजन, एकान्त स्थान; देखो **पइरिक्क**; "अहिअं सुगणाइ निरंजणाइ वइरिक्कगुणणुसिआइ"; (गा ८७०)।
वइरित्त वि [**व्यतिरिक्त**] भिन्न, अलग; (सुर १२, ४४; चेइय ५६४)।
वइरी स्त्री [**वज्रा**] एक जैन मुनि-शाखा; (कप्प)।
वइरुट्टा स्त्री [**वैरोट्या**] १ एक विद्या-देवी; (संति ६)। २ भगवान् मल्लिनाथजी की शासन-देवी; (संति १०)।
वइरुत्तरवडिंसग न [**वज्रोत्तरावतंसक**] एक देव-विमान; (सम २५)।
वइरेअ } पुं [**व्यतिरेक**] १ अभाव; (धर्मसं ११२)।
वइरेग } २ साध्य के अभाव में हेतु का नितान्त अभाव; (धर्मसं ३६२; उप ४१३; विसे २६०; २२०४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वइरोअण पुं [**वैरोचन**] १ अग्नि, वह्नि; (सुअ १, ६, ६)। २ बलि-नामक इन्द्र; (देवेन्द्र ३०७)। ३ उत्तर दिशा में रहने वाले असुरनिकाय के देव; (भग ३, १; सम ७४)। ४ पुंन. एक लोकान्तिक देव-विमान; (पव २६७; सम १४)।

वइरोअण पुं [**दे**] बुद्ध देव; (दे ७, ५१)।

वइरोड पुं [**दे**] जार, उपपति; (दे ७, ४२)।

वइवलय पुं [**दे**] साँप की एक जाति, दुन्दुभ सर्प; (दे ७, ५१)।

वइवाय पुं [**व्यतीपात**] ज्योतिष-प्रसिद्ध एक योग; (राज)।

वइवेला स्त्री [**दे**] सीमा; (दे ७, ३१)।

वइस देखो **वइस्स**=वैश्य;

"वाणिज्जकरिसणाइगोरक्खणपालणेसु उज्जुत्ता।
ते होंति वइसनामा वावारपरायणा धीरा"
(पउम ३, ११६)।

वइसइअ वि [**वैषयिक**] विषय से उत्पन्न, विषय-संबन्धी; (संक्षि ५)।

वइसंपायण पुं [**वैशम्पायन**] एक ऋषि जो व्यास का शिष्य था; (हे १, १५१; प्राप्र)।

वइसम्म पुंन [**वैषम्य**] विषमता; "वइसम्मो" (संक्षि ५; पि ६१)।

वइसवण पुं [**वैश्रवण**] कुबेर; (हे १, १५२; भवि)।

वइसस न [**वैशस**] रोमाञ्चकारी पाप-कृत्य; (उप ५७५)।

वइसानर देखो **वइस्साणर**; (धम्म १२ टी)।

वइसाल वि [**वैशाल**] विशाला में उत्पन्न; (हे १, १५१)।

वइसाह पुं [**वैशाख**] १ मास-विशेष; (सुर ४, १०१; भवि)। २ मन्थन-दण्ड; ३ पुंन. योद्धा का स्थान-विशेष; (हे १, १५१; प्राप्र)।

वइसाही देखो **वेसाही**; (राज)।

वइसिअ वि [**वैशिक**] वेष से जीविका उपार्जन करने वाला; (हे १, १५२; प्राप्र)।

वइसिट्ठ न [**वैशिष्ट्य**] विशिष्टता, भेद; (धर्मसं ६६)।

वइसेसिअ न [**वैशेषिक**] १ दर्शन-विशेष, कणाद-दर्शन; (विसे २५०७)। २ विशेष; "जोएज्ज भावओ वा वइसेसियलक्खणं चउहा" (विसे २१७८)।

वइस्स पुंस्त्री [**वैश्य**] वर्ण-विशेष, वणिक्, महाजन; (विपा १, ५)।
वि [**द्वेष्य**] अप्रीतिकर; (उत्त ३२, १०३)।

वइस्सदेव पुं [**वैश्वदेव**] वैश्वानर, अग्नि; (निर ३, १)।

वइस्साणर पुं [**वैश्वानर**] १ वह्नि, अग्नि; २ चित्रक वृक्ष; ३ सामवेद का अवयव-विशेष; (हे १, १५१)।

वई देखो **वइ**=वाच्; (आचा)। °**मय** वि [°**मय**] वचनात्मक; (दस ६, ३, ६)।

वईअ वि [**व्यतीत**] अतीत, गुजरा हुआ। °**सोग** पुं [°**शोक**] एक जैन मुनि; (पउम २०, २०)।

वईवय सक [**व्यति+व्रज्**] जाना, गमन करना। वकृ— "कोल्लायस्स संनिवेसस्स अदूरसामंतेणं **वईवयमाणे** बहुजणसद्दं निसामेइ" (उवा)।

वईवाय देखो **वइवाय**; (राज)।

वउ पुंस्त्री [**दे**] लावण्य, शरीर-कान्ति; "वऊ अ लायण्णे" (दे ७, ३०)।

वउ न [**वपुष्**] शरीर, देह; (राज)।

वउलिअ वि [**दे**] शूल-प्रोत; (दे ७, ४४)।

वएमाण देखो **वय**=वद्।

वओ° देखो **वय**=वचस्; (आचा)। °**मय** न [°**मय**] वाङ्मय, शास्त्र; (विसे ५५१)।

वओ° देखो **वय**=वयस्; (पउम ४८, ११५)।

वओवउप्फ } पुंन [**दे**] विषुवत्, समान रात और दिन वाला
वओवत्थ } काल; (दे ७, ५०)।

वं° देखो **वाया**=वाच्। °**नियम** पुं [°**नियम**] वाणी की मर्यादा; (उप ७२८ टी)।

वंक वि [**वङ्क, वक्र**] १ बाँका, टेढ़ा, कुटिल; (कुमा; सुपा १७२; पि ७४)। २ नदी का बाँक; (हे १, २६; प्राप्र)।

वंक पुं [**दे**] कलंक, दाग; (दे ७, ३०)।

°**वंक** देखो **पंक**; (से ६, २६; गउड)।

वंकचूल पुं [**वङ्कचूल**] एक प्रसिद्ध राज-कुमार; (धर्मवि ५२; पडि)।

वंकचूलि पुं [**वङ्कचूलि**] ऊपर देखो; "तओ गया वंकचूलिणो गेहे" (धर्मवि ५३; ५६; ६०)।

वंकण न [**वङ्कन, वक्रण**] वक्रीकरण, कुटिल बनाना; (ठा २, १—पत्र ४०)।

वंकिअ वि [**वक्रित**] बाँका किया हुआ; (से ६, ५६)।

°**वंकिअ** वि [**पङ्कित**] पंक-युक्त; (से ६, ५६)।

वंकिम पुंस्त्री [**वक्रिमन्**] वक्रता, कुटिलता; (पि ७४; हे ४, ३४४; ४०१)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वंकुड } देखो **वंक**=वंक; "विविहविसविडविनिग्गयवंकुड-
वंकुण } तिक्खग्गकंटइए। एयारिसम्मि य वणे" (स २५६; हे ४, ४१८; भवि; पि ७४)।

वंकुभ (शौ) ऊपर देखो; (प्राकृ ६७)।

वंग न [**दे**] वृन्ताक, भंटा; (दे ७, २६)।

वंग वि [व्यङ्ग] विकृत अंग; "ववगयवलीपलियवंगदुव्वन्नवाधिदोहग्गसोयमुक्काओ" (पगह १, ४—पत्र ७६)।

वंगच्छ पुं [**दे**] प्रमथ, शिव का अनुचर-विशेष; (दे ७, ३६)।

वंगण न [**व्यङ्गन**] क्षत; (राज)।

वंगिय वि [**व्यङ्गित**] विकृत शरीर वाला; (राज)।

वंगेवड्ड पुं [**दे**] सूकर, सूअर; (दे ७, ४२)।

वंच सक [**वञ्च्**] ठगना। वंचइ; (हे ४, ९३; षड्; महा)। कर्म—वंचिज्जइ; (भवि)। संकृ—**वंचिऊण**; (महा)। कृ—**वंचणीअ**; (प्राप्र)। प्रयो—वकृ—"तो सो **वंचावितो** कुमरपहारं वएइ पुरबाहिं" (सुपा ५७२)।

वंच (अप) देखो **वच्च**=व्रज्। वंचइ; (प्राकृ ११९)। संकृ—**वंचिवि**; (भवि)।

वंच सक [**उद्**+**नमय्**] ऊँचा उठाना। वंचइ (?); (धात्वा १५१)।

वंच वि [**वञ्च**] ठगने वाला, धूर्त; "कुडिलत्तणं च वंकत्तणं च वंचत्तणं असच्चं च" (वज्जा ११६; हे ४, ४१२)।

वंचअ } वि [**वञ्चक**] ऊपर देखो; (नाट—मालवि;
वंचग } श्रा २८)।

वंचण न [**वञ्चन**] १ प्रतारण, ठगाई; (सम्मत्त २१७)। २ वि. ठगने वाला; (संबोध ४१)। °**चण** वि [°**चण**] ठगने में चतुर; (सम्मत्त २१७)।

वंचणा स्त्री [**वञ्चना**] प्रतारणा; (उव; कप्पू)।

वंचिअ वि [**वञ्चित**] १ प्रतारित; (पाअ)। २ रहित, वर्जित; (गउड)।

वंछा स्त्री [**वाञ्छा**] इच्छा, चाह; (सुपा ४०४)।

वंज सक [**वि**+**अञ्ज्**] व्यक्त करना, प्रकट करना। कर्म—वंजिज्जइ; (विसे १९४; ४६३; धर्मसं ५३)।

वंज देखो **वंच**= उद्+नमय्। वंजइ (?); (धात्वा १५१)।

वंज देखो **वंद**=वन्द्।

वंजग देखो **वंजय**; (राज)।

वंजण न [**व्यञ्जन**] १ वर्ण, अक्षर; "अणक्खरं होज्ज वंजणक्खरओ" (विसे १७०), "तो नत्थि अत्थभेओ वंजणरयणा परं भिन्ना" (चेइय ८६६)। २ स्वर-भिन्न अक्षर, क से ह तक वर्ण; (विसे ४६१; ४६२)। ३ शब्द, पद; "सो पुण समासओ चिअ वंजणनिअओ य अत्थनिअओ अ" (सम्म ३०; सूअनि ६; पडि; विसे १७०)। ४ तरकारी, कढी आदि रस-व्यञ्जक वस्तु; (सुपा ६२३; ओघ ३५६)। ५ शुक्र, वीर्य; (विसे २२८)। ६ शरीर का मश आदि चिह्न; (पव २५७; औप)। ७ मश आदि शरीर-चिह्नों के फल का उपदेशक शास्त्र; (सम ४६)। ८ कक्षा आदि के बाल; (राज)। ९ प्रकाशन, व्यक्तीकरण; (विसे ४६१)। १० श्रोत्रादि इन्द्रिय; ११ शब्द आदि द्रव्य; १२ द्रव्य और इंद्रिय का संबन्ध; (णंदि; विसे २५०)। °**वग्गह**, °**ोग्गह** पुं [°**ावग्रह**] ज्ञान-विशेष, चक्षु और मन को छोड़ कर अन्य इन्द्रियों से होने वाला ज्ञान-विशेष; (कम्म १, ४; ठा २, १)।

वंजय वि [**व्यञ्जक**] व्यक्त करने वाला; (भास २६)।

वंजर पुं [**मार्जार**] बिल्ला; (हे २, १३२; कुमा)।

वंजर न [**दे**] नीवी, कटी-वस्त्र; (दे ७, ४१)।

वंजिअ वि [**व्यञ्जित**] व्यक्त किया हुआ, प्रकटित; (कुमा १, १८; २, ६९)।

वंजुल पुं [**वञ्जुल**] १ अशोक वृक्ष; (गा ४२२; स १११)। २ वेतस वृक्ष; (पाअ), "वंजुलसंगेण विसं व पन्नगो मुयइ सो पावं" (धम्म ११ टी; वज्जा ९६; उप ७२८ टी)। ३ पक्षि-विशेष; (पगह १, १—पत्र ८)।

वंजुलि वि [**वञ्जुलिन्**] वेतस वृक्ष वाला; स्त्री—°णी; (गउड)।

वंझ वि [**वन्ध्य**] शून्य, वर्जित; (कुमा)।

वंझा स्त्री [**वन्ध्या**] बाँझ स्त्री, अपुत्रवती स्त्री; (पउम २६, ८३; सुपा ३२४)।

वंट न [**वृन्त**] फल या पत्तों का बन्धन; (पिंड ४५)।

वंटग पुं [**वण्टक**] बाँट, विभाग; (निचू १६)।

वंठ पुं [**दे**] १ अकृत-विवाह, अ-विवाहित, गुजराती में 'वांढो'; (दे ७, ८३; ओघ २१८)। २ खण्ड, टुकड़ा; ३ गण्ड; (दे ७, ८३)। ४ भृत्य, दास; (दे ७, ८३; सुर २, १९८; रयण ८३; सिरि १११५)। ५ वि. निःस्नेह, स्नेह-रहित; (दे ७, ८३)। ६ धूर्त, ठग; (श्रा १२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वंठ वि [**वण्ठ**] खर्व, वामन; (हे ४, ४४७)।

वंठण (अप) न [**वण्टन**] बाँटना, विभाजन; (पिंग)।

वंडइअ वि [**दे**] पीडित; (षड्)।

°**वंडु** देखो **पंडु**; (गा २९५)।

वंडुअ न [**दे**] राज्य; (दे ७, ३६)।

°**वंडुर** देखो **पंडुर**; (गा ३७४)।

वंढ पुं [**दे**] बन्ध; (दे ७, २९)।

वंत वि [**वान्त**] १ जिसका वमन किया गया हो वह; (उव)। २ पुंन. वमन; "वंते इ वा पित्ते इ वा" (भग)।

वंतर पुं [**व्यन्तर**] एक देव-जाति; (दं २७; महा)।

वंतरिअ पुं [**व्यन्तरिक**] ऊपर देखो; (भग)।

वंतरिणी स्त्री [**व्यन्तरी**] व्यन्तर-जातीय देवी; (सुपा ६१३)।

वंता देखो **वम**।

°**वंति** देखो **पन्ति**; (गा २७८; ४६३)।

°**वंथ** देखो **पन्थ**; (से १, १६; ३, ४२; १३, २०; पि ४०३)।

वंद सक [**वन्द्**] १ प्रणाम करना। २ स्तवन करना। वंदइ; (उव; महा; कप्प)। वकृ—**वन्दमाण**; (ओघ १८; सं १०; अभि १७२)। कवकृ—**वन्दिज्जमाण**; (उप ९८६ टी; प्रासू १६५)। संकृ—**वन्दिअ, वन्दिओ, वन्दिऊण, वन्दित्ता, वन्दित्तु, वंदेवि**; (कम्म १, १; चंड; कप्प; षड्; हे ३, १४६; चंड)। हेकृ—**वंदित्तए**; (उवा)। कृ—**वंज, वंद, वंदणिज्ज, वंदणीअ, वंदिम**; (राज; अजि १४; द्रव्य १; णाया १, १; प्रासू १६२; नाट—मृच्छ १३०; दसचू १)।

वंद न [**वृन्द**] समूह, यूथ; (पउम १, १; औप; प्राप्र)।

वंदअ, **वंदग** } वि [**वन्दक**] वन्दन करने वाला; (पउम ६, ५८; १०१, ७३; महा; औप; सुख १, ३)।

वंदण न [**वन्दन**] १ प्रणमन, प्रणाम; २ स्तवन, स्तुति; (कप्प; सुर ४, ६२; उव)। °**कलस** पुं [°**कलश**] मांगलिक घट; (औप)। °**घड** पुं [°**घट**] वही अर्थ; (औप)। °**माला**, °**मालिआ** स्त्री [°**माला**] घर के द्वार पर मंगल के लिए बँधी जाती पत्त-माला; (सुपा ५४; सुर १०, ४; गा २६२)। °**वडिआ**, °**वत्तिआ** स्त्री [°**प्रत्यय**] वन्दन-हेतु; (सुपा ४३२; पडि)।

वंदणा स्त्री [**वन्दना**] १ प्रणाम; २ स्तवन; (पंचा ३, २; पण्ह २, १—पत्त १००; अंत)।

वंदणिया स्त्री [**दे**] मोरी, नाला, पनाला; "अत्थि कंबलो, गणियाए नेमि। मुक्को। तओ तीसे दिन्नो। तीए चं(? वं)-दणियाए छूढो" (सुख २, १७)।

वंदाप (अशो) देखो **वंदाव**। वंदापयति; (पि ७)।

वंदारय पुं [**वृन्दारक**] १ देव, देवता; (पाअ; कुमा)। २ वि. मनोहर; (कुमा)। ३ मुख्य, प्रधान; (हे १, १३२)।

वंदारु वि [**वन्दारु**] वन्दन करने वाला; (चेइय ६२१; लहुअ १)।

वंदाव सक [**वन्दय्**] वन्दन करवाना। वंदावइ; (उव)।

वंदावणग न [**वन्दन**] वन्दन, प्रणाम; (श्रावक ३७४)।

वंदिअ देखो **वंद**=वन्द्।

वंदिअ वि [**वन्दित**] जिसको वन्दन किया गया हो वह; (कप्प; उव)।

वंदिम देखो **वंद**=वन्द्।

वंद्र न [**वन्द्र**] समूह, यूथ; (हे १, ५३; २, ७९; पउम ११, १२०; स ६९९)।

वंध पुं [**वन्ध्य**] एक महाग्रह, ज्योतिष्क देव-विशेष; (सुज्ज २०)।

वंफ सक [**काङ्क्ष्**] चाहना, अभिलाष करना। वंफइ, वंफए, वंफंति; (हे ४, १९२; कुमा)।

वंफ अक [**वल्**] लौटना। वंफइ; (हे ४, १७६; षड्)।

वंफि वि [**वलिन्**] १ लौटने वाला; २ नीचे गिरने वाला; (कुमा)।

वंफिअ वि [**काङ्क्षित**] अभिलषित; (कुमा)।

वंफिअ वि [**दे**] भुक्त, खाया हुआ; (दे ७, ३५; पाअ)।

वंस पुं [**दे**] कलंक, दाग; (दे ७, ३०)।

वंस पुं [**वंश**] १ बाँस, वेणु; (पण्ह २, ५—पत्त १४९; पाअ)। २ वाद्य-विशेष; "वाइओ वंसो" (कुमा २, ७०; राय)। ३ कुल; "चुलुगवंसदीवओ" (कुमा २, ९१)। ४ सन्तान, संतति; ५ पृष्ठावयव, पीठ का भाग; ६ वर्ग; ७ इक्षु, ऊख; ८ वृक्ष-विशेष, सालवृक्ष; (हे १, २६०)। °**इरि** पुं [°**गिरि**] पर्वत-विशेष; (पउम ३९, ४)। °**करिल्ल**, °**गरिल्ल** पुंन [°**करील**] वंशांकुर, बाँस का कोमल नवावयव; (श्रा २०; पव ४)। °**जाली**, °**याली** स्त्री [°**जाली**] बाँसों की गहन घटा; (सुर १२, २००; उप पृ ३६)। °**रोअणा** स्त्री [°**रोचना**] वंशलोचन; (कप्पू)।

Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वंसकवेल्लुय पुंन [दे. वंशकवेल्लुक] छत के नीचे दोनों तरफ तिरछा रखा जाता बाँस; (जीव ३; राय)।

वंसग देखो **वंसय**; (राज)।

वंसप्फाल वि [दे] १ प्रकट, व्यक्त; २ ऋजु, सरल; (दे ७, ४८)।

वंसय वि [व्यंसक] १ धूर्त, ठग; २ पुं. दुष्ट हेतु-विशेष; (ठा ४, ३—पत्र २५४)।

वंसा स्त्री [वंशा] द्वितीय नरक-पृथिवी; (ठा ७—पत्र ३८८; इक)।

वंसि° देखो **वंसी**=वंश; (कम्म १, २०)।

वंसिअ वि [वांशिक] वंश-वाद्य बजाने वाला; (हे १, ७०; कुमा)।

वंसिअ वि [व्यंसित] छलित, प्रतारित; (राज)।

वंसी स्त्री [वांशी] १ सुरा-विशेष; (बृह २)। २ बाँस की जाली; (ठा ३, १—पत्र १२१)। **°कलंका** स्त्री [°कलङ्का] बाँस की जाली की बनी हुई बाड़; (विपा १, ३—पत्र ३८)। **°पत्तिया** स्त्री [°पत्रिका] योनि-विशेष, वंशजाली के पत्र के आकार की योनि; (ठा ३, १)।

वंसी स्त्री [वंशी] वाद्य-विशेष, मुरली; (बृह २)। **°णहिया** स्त्री [°नखिका] वनस्पति-विशेष; (पगण १—पत्र ३८)। **°मुह** पुं. [°मुख] द्वीन्द्रिय जीव-विशेष; (जीव १ टी—पत्र ३१)।

वंसी स्त्री [वंश] बाँस। **°मूल** न [°मूल] बाँस की जड़; (कस)।

वंसी स्त्री [दे] मस्तक पर स्थित माला; (दे ७, ३०)।

वक्क न [वाक्य] पद-समुदाय, शब्द-समूह; (उव; उप ८३३; ८५६)।

वक्क न [वल्क] त्वचा, छाल; (उप ८३६; औप)। **°बंध** पुं [°बन्ध] वल्क-बन्धन; (विपा १, ८)।

वक्क देखो **वंक**=वंक; (गाया १, ८—पत्र १३३; स ६११; धर्मसं ३४८; ३४६)।

वक्क न [वक्त्र] मुख, मुँह; (पउम १११, १७; गा १६४)।

वक्क न [दे] पिष्ट, पिसान, आटा; (षड्)।

वक्कंत पुंन [वक्रान्त] प्रथम नरक-भूमि का दशवाँ नरकेन्द्रक—नरकावास-विशेष; (देवेन्द्र ५)।

वक्कंत वि [अवक्रान्त] उत्पन्न; (कप्प; पि १४२)।

वक्कंति स्त्री [अवक्रान्ति] उत्पत्ति; (कप्प; सम २; भग)।

वक्कड न [दे] १ दुर्दिन; २ निरन्तर वृष्टि; (दे ७, ३५)।

वक्कडबंध न [दे] कर्णाभरण, कान का आभूषण; (दे ७, ५१)।

वक्कम अक [अव+क्रम्] उत्पन्न होना। वक्कमइ; (भग; कप्प)। भूका—वक्कमिंसु; (कप्प)। भवि—वक्कमिस्संति; (कप्प)। वकृ—**वक्कममाण**; (भग; गाया १, १—पत्र २०)।

वक्कर (अप) देखो **वक्क**=वंक; (भवि)।

वक्कल न [वल्कल] वृक्ष की छाल; (प्राप्र; सुपा २५१; हे ४, ३४१; ४११; प्रति ५)। **°चीरि** पुं [°चीरिन्] एक महर्षि, जो राजा प्रसन्नचन्द्र के छोटे भाई थे; (कुप्र २८६)।

वक्कलि } वि [वल्कलिन्] वृक्ष की छाल पहनने वाला
वक्कलिण } (तापस); (कुमा; भत्त १००; संबोध २१; पउम ३६, ८४)।

वक्कलुय वि [दे] पुरस्कृत, आगे किया हुआ; (दे ७, ४६)।

वक्कस न [दे] १ पुराणे धान का चावल; २ पुरातन सक्तु-पिण्ड; ३ बहुत दिनों का वासी गोरस; ४ गेहूँ का माँड; (आचा १, ६, ४, १३)।

वक्किद (शौ) देखो **वंकिअ**; (पि ७४)।

वक्ख देखो **वच्छ**=वृक्ष; (चंड; उप ८८५)।

वक्ख देखो **वच्छ**=वक्षस्; (संक्षि १५; प्राकृ २२; नाट—मृच्छ १३३)।

°वक्ख देखो **पक्ख**; (गा ४४२; से ३, ४२; ४, २३; स ६५१)।

वक्खमाण देखो **वय**=व्र ।

वक्खल वि [दे] आच्छादित, ढका हुआ; (षड्)।

वक्खा सक [व्या+ख्या] १ विवरण करना। २ कहना। कृ—**वक्खेय**; (विसे १३७०)।

वक्खा स्त्री [व्याख्या] विवरण, विशद रूप से अर्थ-प्ररूपण; (विसे ६६४)।

वक्खाण न [व्याख्यान] १ ऊपर देखो; (चेइय २७१; विसे ६६५)। २ कथन; (हे २, ६०)।

वक्खाण सक [व्याख्यानय्] १ विवरण करना। २ कहना। वक्खाणइ; (भवि)। भवि—वक्खाणइस्सं (शौ); (पि २७६)। कर्म—वक्खाणिज्जइ; (विसे ६८४)। वकृ—**वक्खाणयंत**; (उवर ६८; रयण २१)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संकृ—**वक्खाणेउं**; (विसे ११) । कृ—**वक्खाणेअव्व**; (राज) ।

वक्खाणि वि [**व्याख्यानिन्**] व्याख्यान-कर्ता; (धर्मसं १२६१) ।

वक्खाणिय वि [**व्याख्यानित**] व्याख्यात; (विसे १०८७)।

वक्खाणीअ (अप) ऊपर देखो; (पिंग ५०६) ।

वक्खाय वि [**व्याख्यात**] १ विवृत, वर्णित; (स १३२; चेइय ७७१) । २ पुं. मोक्ष, मुक्ति; (आचा १, ५, ६, ८) ।

वक्खार पुं [**दे**] बखार, अन्न आदि रखने का मकान, गुदाम; (उप १०३१ टी) ।

वक्खार पुं [**वक्षार, वक्षस्कार**] १ पर्वत-विशेष, गज-दन्त के आकार का पर्वत; (सम १०१; इक) । २ भू-भाग, भू-प्रदेश; (पउम २, ५४; ५५; ५६; ५८) ।

वक्खारय न [**दे**] १ रति-गृह; २ अन्तःपुर; (दे ७, ४५) ।

वक्खाव सक [**व्या + ख्यापय्**] व्याख्यान कराना । वक्खावइ; (प्राकृ ६१) ।

वक्खित्त वि [**व्याक्षिप्त**] १ व्यग्र, व्याकुल; (ओघ १३; कुप्र २७) । २ किसी कार्य में व्यापृत; (पव २) ।

वक्खेय देखो **वक्खा**=व्या+ख्या ।

वक्खेव पुं [**व्याक्षेप**] १ व्यग्रता, व्याकुलता; (उवा; उप १३६ टी; १४०) । २ कार्य-बाहुल्य; (सुख ३, १) ।

वक्खेव पुं [**अवक्षेप**] प्रतिषेध, खण्डन; (गा २४२ अ) ।

वक्खो° देखो **वच्छ**=वक्षस् । °**रुह** पुं [°**रुह**] स्तन, थन; (सुपा ३८६) ।

वक्तु (शौ) देखो **वंक**=वंक; (प्राकृ ६७) ।

वखाण (अप) देखो **वक्खाण**=व्याख्यानय् । बखाण; (पिंग) ।

वखाणिअ (अप) देखो **वक्खाणिय**; (पिंग) ।

वगडा स्त्री [**दे**] बाड, परिक्षेप; (कस; वव ६) ।

वग्ग सक [**वल्ग्**] १ जाना, गति करना । २ कूदना । ३ बहु-भाषण करना । ४ अभिमान-सूचक शब्द करना, खूँखारना । वग्गइ; (भवि; सण; पि २६६), वग्गंति; (सुपा २८८) । कर्म—वग्गीअदि (शौ); (किरात १७) । वकृ—**वग्गंत**; (स ३८३; सुपा ४६३; भवि) । संकृ—**वग्गित्ता**; (पि २६६) ।

वग्ग पुं [**वर्ग**] १ सजातीय समूह; (णंदि; सुर ३, ४; कुमा)। २ गणित-विशेष, दो समान संख्या का परस्पर गुणन; (ठा १०—पत्र ४६६) । ३ ग्रन्थ-परिच्छेद, अध्ययन, सर्ग; (हे १, १७७; २, ७६) । °**मूल** न [°**मूल**] गणित-विशेष, वह अंक जिसका वर्ग किया गया हो, जैसे ४ का वर्ग करने से १६ होता है, १६ का वर्गमूल ४ होता है; (जीवस १५७) । °**वग्ग** पुं [°**वर्ग**] गणित-विशेष, वर्ग से वर्ग का गुणन, जैसे २का वर्ग ४, ४का वर्ग १६, यह २का वर्गवर्ग कहलाता है; (ठा १०) ।

वग्ग. सक [**वर्गय्**] वर्ग करना, किसी अंक को समान अंक से गुणना । वग्गसु; (कम्म ४, ८४) ।

वग्ग वि [**व्यग्र**] व्याकुल; (उत्त १५, ४; रयण ८०) ।

वग्ग देखो **वक्क**=वल्क; (विसे १५४) ।

वग्ग वि [**वाल्क**] वृक्ष-त्वचा का बना हुआ; (णाया १, १ टी—पत्र ४३) ।

वग्गंखिअ न [**दे**] युद्ध, लडाई; (दे ७, ४६) ।

वग्गण न [**वल्गन**] कूदना; (औप; कुप्र १०७; कप्प; णाया १, १—पत्र १६; प्राप) ।

वग्गणा स्त्री [**वर्गणा**] सजातीय समूह; (ठा १—पत्र २७) ।

वग्गय न [**दे**] वार्ता, बात; (दे ७, ३८) ।

वग्गा स्त्री [**वल्गा**] लगाम; (उप ७६८ टी) ।

वग्गावग्गिं अ. वर्ग रूप से; (औप) ।

वग्गि वि [**वाग्मिन्**] १ प्रशस्त वाक्य बोलने वाला; २ पुं. बृहस्पति; (प्राप्र; पि २७७) ।

वग्गिअ [**वर्गित**] वर्ग किया हुआ; (कम्म ४, ८०) ।

वग्गिअ न [**वल्गित**] १ बहु भाषण, बकवाद; (सम्मत्त २२७) । २ बड़ाई का आवाज; (मोह ८७) । ३ गति, चाल; (सण) ।

वग्गिर वि [**वल्गितृ**] १ खूँखार आवाज करने वाला; २ गति-विशेष वाला; (सुर ११, १७१) ।

वग्गु देखो **वाया**=वाच्; "वग्गूहिं" (औप; कप्प; सम ५०; कुम्मा १६) ।

वग्गु देखो **वग्ग**=वर्ग; "वग्गुहि" (औप) ।

वग्गु वि [**वल्गु**] १ सुन्दर, शोभन; (सूअ १, ४, २, ४) । २ कल, मधुर; (पाअ) । ३ विजय-क्षेत्र-विशेष, प्रान्त-विशेष; (ठा २, ३—पत्र ८०) । ४ पुंन. एक देव-विमान, वैश्रमण लोकपाल का विमान; (देवेन्द्र १३१; २७०) ।

वग्गुरा न [**वागुरा**] १ मृग-बन्धन, पशु फँसाने का जाल,

Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फन्दा; (पराह १, १; विपा १, २—पत्त ३५)। २ समूह, समुदाय; "मणुस्सवग्गुरापरिक्खित्ते" (उवा; प्राप)।

वग्गुरिय वि [**वागुरिक**] १ मृग-जाल से जीविका निर्वाह करने वाला, व्याध, पारधि; (ओघ ७६६)। २ पुं. नर्तक-विशेष; (राज)।

वग्गुलि पुंस्त्री [**वल्गुलि**] १ पक्षि-विशेष; (पराह १, १—पत्त ८)। २ रोग-विशेष; (ओघभा २७७; श्रावक ६१ टी)।

वग्गोज्ज वि [**दे**) प्रचुर, प्रभूत; (दे ७, ३८)।

वग्गोअ वि [**दे**] नकुल, न्यौला; (दे ७, ४०)।

वग्गोरमय वि [**दे**] रूक्ष, लूखा; (दे ७, ५२)।

वग्गोल सक [**रोमन्थय्**] पगुराना, चबी हुई वस्तु का पुनः चबाना; गुजराती में 'वागोळवुं'। वग्गोलइ; (हे ४, ४३)।

वग्गोलिर वि [**रोमन्थयितृ**] पगुराने वाला; (कुमा)।

वग्घ पुं [**व्याघ्र**] १ बाघ, शेर; (पाअ; स्वप्न ७०; सुपा ४६३)। २ रक्त एरगड का पेड़; ३ करञ्ज वृक्ष; (हे २, ६०)। °**मुह** पुं [°**मुख**] १ एक अन्तर्द्वीप; २ उस में रहने वाली मनुष्य-जाति; (ठा ४, २—पत्त २२६; इक)।

वग्घाअ पुं [**दे**] १ साहाय्य, मदद; २ वि. विकसित, खिला हुआ; (दे ७, ८६)।

वग्घाडी स्त्री [**दे**] उपहास के लिये किया जाता एक प्रकार का आवाज; "अप्पेगइया वग्घाडीओ करेंति" (णाया १, ८—पत्त १४४)।

वग्घारिअ वि [**व्याघारित**] १ बघारा हुआ, छौंका हुआ; (नाट—मृच्छ २२१)। २ व्याप्त; "सीतोदयवियडवग्घारियपाणिणा" (सम ३६)।

वग्घारिअ वि [**दे**] प्रलम्बित; "पडिबद्धसरीरवग्घारियसोणिसुत्तगमल्लदामकलावे" (सूअ २, २, ५५), "वग्घारियपाणी" (णाया १, ८—पत्त १५४; कप्प; औप; महा)।

वग्घावच्च न [**व्याघ्रापत्य**] एक गोत्र जो वाशिष्ठ गोत्र की एक शाखा है; (ठा ७—पत्त ३६०; सुज्ज १०, १६; कप्प; इक)।

वग्घी स्त्री [**व्याघ्री**] १ बाघ की मादा; (कुमा)। २ एक विद्या; (विसे २४५४)।

वघाय देखो **वाघाय**; "आउस्स कालाइचरं वघाए, लद्धाणुमाणे य परस्स अट्ठे" (सूअ १, १३, २०)।

वचा स्त्री [**वचा**] १ पृथिवी, धरती; (से २, ११)। २ ओषधि-विशेष, वच; (मृच्छ १७०)। देखो **वया**=वचा।

वच्च सक [**व्रज्**] जाना, गमन करना। वच्चइ; (हे ४, २२५; महा)। भवि—वच्चिहिसि; (महा)। वकृ—**वच्चंत, वच्चमाण**; (सुर २, ७२; महा; गा १६)।

वच्च सक [**काङ्क्ष्**] चाहना, अभिलाष करना। वच्चइ, वच्चउ; (हे ४, १६२; कुमा)।

वच्च देखो **वय**=वच्।

वच्च पुंन [**वर्चस्**] १ पुरीष, विष्ठा; (पाअ; ओघ १६७; सुपा १७६; तंदु १४)। २ कूडा-करकट; "भोगो तंबोलाइ कुणंतो जिणगिहे कुणइ वच्चं" (संबोध ४)। ३ चौथी नरक का चौथा नरकेन्द्रक—नरकस्थान-विशेष; (देवेन्द्र १०)। ४ तेज, प्रभाव; (णाया १, १—पत्त ६)। °**घर**, °**हर** न [°**गृह**] पाखाना, टट्टी; (सूअ १, ४, २, १३; स ७४१)।

वच्च देखो **वय**=वचस्; (णाया १, १—पत्त ६)।

वच्चंसि वि [**वचस्विन्**] प्रशस्त वचन वाला; (णाया १, १—पत्त ६)।

वच्चंसि वि [**वर्चस्विन्**] तेजस्वी; (णाया १, १; सम १५२; औप; पि ७४)।

वच्चय पुं [**व्यत्यय**] विपर्यास, उलट-पुलट; (उपपृ २६६; पव १०४)। देखो **वत्तअ**।

वच्चरा (अप) देखो **वचा**; (भवि)।

वच्चा देखो **वय**=वच्।

वच्चामेलिय देखो **विच्चामेलिय**; (विसे १४८१)।

वच्चास पुं [**व्यत्यास**] विपर्यास, विपर्यय; (ओघ २७१; कम्म ५, ८६)।

वच्चासिय वि [**व्यत्यासित**] उलटा किया हुआ; (विसे ८५३)।

वच्चीसग पुं [**वच्चीसक**] वाद्य-विशेष; (अनु)।

वच्चो° देखो **वच्च**=वर्चस्; (सुर ६, २८)।

वच्छ न [**दे**] पार्श्व, समीप; (दे ७, ३०)।

वच्छ पुंन [**वक्षस्**] छाती, सीना; (हे २, १७; संक्षि १५; प्राप्र; गा ३५१; कुमा)। °**त्थल** न [°**स्थल**] उरःस्थल, छाती; (कुमा; महा)। °**सुत्त** न [°**सूत्र**] आभूषण-विशेष, वक्षःस्थल में पहनने की सँकली; (भग ६, ३३ टी—पत्त ४७७)।

वच्छ पुं [**वृक्ष**] पेड़, शाखी, द्रुम; (प्राप्र; कुमा; हे २, १७; पाअ)।

वच्छ पुं [**वत्स**] १ बछडा; (सुर ३, ६५; पाअ)। २

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शिशु, बच्चा; ३ वत्सर, वर्ष; ४ वक्षःस्थल, छाती; (प्राप्र)। ५ ज्योतिषशास्त्र-प्रसिद्ध एक चक्र; (गण १६)। ६ देश-विशेष; (ती १०)। ७ विजय-क्षेत्र-विशेष; (ठा २, ३—पत्र ८०)। ८ न. गोत्र-विशेष; ९ वि. उस गोत्र में उत्पन्न; (ठा ७—पत्र ३९०; कप्प)। °दर पुंस्त्री [°तर] १ क्षुद्र वत्स; २ दमनीय बछड़ा आदि; स्त्री—°री; (प्राकृ २३)। °मित्ता स्त्री [°मित्रा] १ अधोलोक में रहने वाली एक दिक्कुमारी देवी; (ठा ८—पत्र ४३७; इक)। २ ऊर्ध्वलोक में रहने वाली एक दिक्कुमारी देवी; (इक; राज)। °यर देखो °दर; (दे २, ९; ७, ३७)। °राय पुं [°राज] एक राजा; (ती १०)। °वाल पुंस्त्री [°पाल] गोप, ग्वाला; (पाअ), स्त्री—°ली; (आवम)।

वच्छगावई स्त्री [**वत्सकावती**] एक विजय-क्षेत्र; (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)।

वच्छर पुंन [**वत्सर**] साल, वर्ष; (प्राप्र; सिरि ९३५)।

वच्छल वि [**वत्सल**] स्नेही, स्नेह-युक्त; (गा ३; कुमा; सुर ६, १३७)।

वच्छल्ल न [**वात्सल्य**] स्नेह, अनुराग, प्रेम; (कुमा; पडि)।

वच्छा स्त्री [**वत्सा**] १ विजय-क्षेत्र विशेष; २ एक नगरी; (इक)। ३ लड़की; (कप्पू)।

वच्छाण पुं [**उक्षन्**] बैल, बलीवर्द; "उक्खा वसहा य वच्छाणा" (पाअ)।

वच्छावई स्त्री [**वत्सावती**] विजय-क्षेत्र विशेष; (जं ४)।

वच्छि° देखो **वय=वच्**।

वच्छिउड पुं [**दे**] गर्भाशय; (दे ७, ४४ टी)।

वच्छिम पुंस्त्री [**वृक्षत्व**] वृक्षपन; (षड्)।

वच्छिमय पुं [**दे**] गर्भ-शय्या; (दे ७, ४४)।

वच्छीउत्त पुं [**दे**] नापित, हजाम; (दे ७, ४७; पाअ; स ७५)।

वच्छीव पुं [**दे**] गोप, ग्वाला; (दे ७, ४१; पाअ)।

वच्छुद्धलिअ वि [**दे**] प्रत्युद्धृत; (षड्)।

वच्छोम न [**वक्षोम**] नगर-विशेष, कुन्तल देश की प्राचीन राजधानी; (कप्पू)।

वच्छोमी स्त्री [**दे**] काव्य की एक रीति; (कप्पू)।

वज्ज अक [**त्रस्**] डरना। वज्जइ, वज्जए; (हे ४, १९८; प्राकृ ७५; धात्वा १५१)।

वज्ज देखो **वच्च=व्रज्**। वज्जइ; (नाट—मृच्छ १९३), वज्जसि; (पि ४८८)।

वज्ज सक [**वर्जय्**] त्याग करना। कवकृ—**वज्जिज्जंत**; (पंचा १०, २७)। संकृ—**वज्जिय, वज्जेवि, वज्जिऊण, वज्जेत्ता**; (महा; काल; पंचा १२, ६)। कृ—**वज्ज, वज्जणिज्ज, वज्जेयव्व**; (पिंड ५९२; भग; पण्ह २, ४; सुपा ४८५; महा; पण्ह १, ४; सुपा ११०; उप १०३७)।

वज्ज अक [**वद्**] बजना, वाद्य आदि का आवाज होना। वज्जइ; (हे ४, ४०६; सुपा ३३४)। वकृ—**वज्जंत, वज्जमाण**; (सुर ३, ११५; सुपा ६५६)।

वज्ज न [**वाद्य**] बाजा, वादित्र; (दे ३, ५८; गा ४२०)।

वज्ज वि [**वर्य**] १ श्रेष्ठ, उत्तम; (सुर १०, २)। २ प्रधान, मुख्य; (हे २, २४)।

वज्ज वि [**वर्ज**] १ रहित, वर्जित; "जिणवज्जदेवयाणं न नमइ जो तस्स तणुसुद्धी" (श्रा ६), "सहजनिग्गोगजवज्जा पायं न घडंति आगारा" (चेइय ४७१), "लोयववहारवज्जा तुब्भे परमत्थमूढा य" (धर्मवि ८४५; विसे २८४७; श्रावक ३०७; सुर १४, ७८)। २ न. छोड़कर, बिना, सिवाय; (श्रा ६; दं १७; कम्म ४, ३४; ५३)। ३ पुं. हिंसा, प्राण-वध; (पण्ह १, १—पत्र ६)।

वज्ज देखो **अवज्ज**; (सुअ १, ४, २, १९; बृह १)।

वज्ज देखो **वइर=वज्र**; (कुमा; सुर ४, १५२; गु ५; हे १, १७७; २, १०५; षड्; कम्म १, ३९; जीवस ४६; सम २५)। १७ पुं. विद्याधर-वंश का एक राजा; (पउम ५, १६; १७; ८, १३३)। १८ हिंसा, प्राण-वध; (पण्ह १, १—पत्र ६)। १९ कन्द-विशेष; (पण्ण १—पत्र ३६; उत्त ३६, ९९)। २० म. कर्म-विशेष, बँधाता हुआ कर्म; (सुअ २, २, ६५; ठा ४, १—पत्र १९७)। २१ पाप; (सुअ १, ४, २, १९)। °कंठ पुं [°कण्ठ] वानर-द्वीप का एक राजा; (पउम ६, ६०)। °कंत न [°कान्त] एक देव-विमान; (सम २५)। °कंद पुं [°कन्द] एक प्रकार का कन्द, वनस्पति-विशेष; (श्रा २०)। °कूड न [°कूट] एक देव-विमान; (सम २५)। °क्ख पुं [°क्ष] एक विद्याधर-वंशीय राजा; (पउम ८, १३२)। °चूड पुं [°चूड] विद्याधर-वंश का एक राजा; (पउम ५, ४६)। °जंघ पुं [°जङ्घ] विद्याधर-वंशीय एक नरेश; (पउम ५, १५)। °णाभ पुं [°नाभ] भगवान् अभिनन्दन-स्वामी के प्रथम गणधर; (सम १५२)। देखो °नाभ।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

°दत्त पुं [°दत्त] १ विद्याधर-बंश का एक राजा; (पउम ५, १५)। २ एक जैन मुनि; (पउम २०, १८)। °द्धय पुं [°ध्वज] एक विद्याधर-वंशीय राजा; (पउम ५, १५)। °धर देखो °हर; (पउम १०२, १५६; विचार १००)। °नागरी स्त्री [°नागरी] एक जैन मुनि-शाखा; (कप्प)। °नाभ पुं [°नाभ] एक जैन मुनि; (पउम २०, १६)। देखो °णाभ। °पाणि पुं [°पाणि] १ इन्द्र; (उत्त ११, २३; देवेन्द्र २८३; उप २११ टी)। २ एक विद्याधर-नरपति; (पउम ५, १७)। °प्पभ न [°प्रभ] एक देव-विमान; (सम २५) । °बाहु पुं [°बाहु] एक विद्याधर-वंशीय राजा; (पउम ५, १६)। °भूमि स्त्री [°भूमि] लाट देश का एक प्रदेश; (आचा १, ६, ३, २)। °म (अप) देखो मय; (हे ४, ३६५)। °मज्झ पुं [°मध्य] १ राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंकेश; (पउम ५, २६३)। २ रावणाधीन एक सामन्त राजा; (पउम ८, १३२)। °मज्झा स्त्री [°मध्या] एक प्रतिमा, व्रत-विशेष; (औप २४)। °मय वि [°मय] वज्र का बना हुआ; (पउम ६२, १०), स्त्री—°मई; (नाट—उत्तर ४५)। °रिसहनाराय न [°ऋषभनाराच] संहनन-विशेष, शरीर का एक तरह का सर्वोत्तम बन्ध; (कम्म १, ३८)। °रूव न [°रूप] एक देव-विमान; (सम २५)। °लेस न [°लेश्य] एक देव-विमान; (सम २५)। °वँ (अप) देखो °म; (हे ४, ३६५)। °वण्ण न [°वर्ण] एक देव-विमान; (सम २५)। °वेग पुं [°वेग] एक विद्याधर का नाम; (महा)। °सिंखला स्त्री [°श्रृङ्खला] एक विद्या-देवी; (संति ५)। °सिंग न [°श्रृङ्ग] एक देव-विमान; (सम २५)। °सिट्ठ न [°सृष्ट] एक देव-विमान; (सम २५)। °सुंदर पुं [°सुन्दर] विद्याधर-वंश में उत्पन्न एक राजा; (पउम ५, १७)। °सुजण्हु पुं [°सुजह्नु] विद्याधर-वंश का एक राजा; (पउम ५, १७)। °सेण पुं [°सेन] १ एक जैन मुनि जो भगवान् ऋषभदेव के पूर्व जन्म में गुरू थे; (पउम २०, १७)। २ विक्रम की चौदहवीं शताब्दी के एक जैन आचार्य; (सिरि १३४०)। °हर पुं [°धर] १ इन्द्र, देव-राज; (से १५, ४८; उव)। २ वि. वज्र को धारण करने वाला; (सुपा ३३४)। °उह पुं [°युध] १ इन्द्र; (पउम ३, १३७; ५१, १८)। २ विद्याधर-वंश का एक राजा; (पउम ५, १६)। °भ पुं [°भ] एक विद्याधर-वंशीय राजा; (पउम ५, १६)। °वत्त न [°वर्त] एक देव-विमान; (सम २५)। °स पुं [°श] एक विद्याधर-राजा; (पउम ५, १७)।

वज्जंक पुं [**वज्राङ्क**] विद्याधर-वंश का एक राजा; (पउम ५, १६)।

वज्जंकुसी स्त्री [**वज्राङ्कुशी**] एक विद्या-देवी; (संति ५)।

वज्जंत देखो **वज्ज=वद्**।

वज्जंधर पुं [**वज्रन्धर**] विद्याधर-वंश का एक राजा; (पउम ५, १६)।

वज्जघट्टिता स्त्री [**दे**] मन्द-भाग्य स्त्री; (संक्षि ४७)।

वज्जण न [**वर्जन**] परित्याग, परिहार; (सुर ४, ८२; स २७१; सुपा २४५; श्रु ६)।

वज्जणअ (अप) वि [**वदितृ**] बजने वाला; "पडहु बज्जणउ" (हे ४, ४४३)।

वज्जणया } स्त्री [**वर्जना**] परित्याग; (सम ४४; उत्त
वज्जणा } १६, ३०; उव)।

वज्जमाण देखो **वज्ज=वद्**।

वज्जय वि [**वर्जक**] त्यागने वाला; (उवा)।

वज्जर सक [**कथय्**] कहना, बोलना। वज्जरइ, वज्जरेइ; (हे ४, २; षड्; महा)। वकृ—**वज्जरंत**; (हे ४, २; चेइय १४६)। संकृ—**वज्जरिऊण**; (हे ४, २)। कृ—**वज्जरिअव्व**; (हे ४, २)।

वज्जर देखो **वंजर=मार्जार**; (चंड)।

वज्जर पुं [**वर्जर**] १ देश-विशेष; २ वि. देश-विशेष में उत्पन्न; "परिवाहिया य तेणं बहवे वल्हीयतुरुक्कवज्जराइया आसा" (स १३)।

वज्जरण न [**कथन**] उक्ति, वचन; (हे ४, २)।

वज्जरा स्त्री [**दे**] तरंगिणी, नदी; (दे ७, ३७)।

वज्जरिअ वि [**कथित**] कहा हुआ, उक्त; (हे ४, २; सुर १, ३२; भवि)।

वज्जा स्त्री [**दे**] अधिकार, प्रस्ताव; (दे ७, ३२; वज्जा २)।

वज्जाव (अप) सक [**वाचय्**] वचवाना, पढ़ाना। वज्जावइ; (प्राकृ १२०)।

वज्जाव सक [**वादय्**] बजाना। वज्जावइ; (भवि)।

वज्जाविय वि [**वादित**] बजाया हुआ; (भवि)।

वज्जि पुं [**वज्रिन्**] इन्द्र; (संबोध ८)।

वज्जिअ वि [**दे**] अवलोकित, दृष्ट; (दे ७, ३६; महा)।

वज्जिअ वि [**वादित**] बजाया हुआ; (सिरि ५३५)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वज्जिअ वि [वर्जित] रहित; (उवा; औप; महा; प्रासू ७९)।
वज्जियावग पुं [दे] इक्षु, ऊख; (वव १)।
वज्जिर वि [वदितृ] बजने वाला; (सुर ११, १७२; सुपा ४५; ८७; सिरि १५५; सण), "गहिख(?ख)ज्जिराउज्ज-गज्जिजज्जरियबंभंडभंडोयरो" (कुप्र २२४)।
वज्जुत्तरवडिंसग न [वज्रोत्तरावतंसक] एक देव-विमान; (सम २५)।
वज्जोयरी स्त्री [वज्रोदरी] विद्या-विशेष; (पउम ७, १३८)।
वज्झ वि [वध्य] वध के योग्य; (सुपा २४८; गा २६; ४६६; दे ८, ४६)। °**नेवत्थिय** वि [°नेपथ्यिक] मृत्यु-दंड-प्राप्त को पहनाया जाता वेष वाला; (पगह १, ३—पत्र ५४)। °**माला** स्त्री [°माला] वध्य को पहनाई जाती माला, कनेर के फूलों की माला; (भत्त १२०)।
वज्झ वि [वाह्य] १ वहन करने योग्य; (प्राप्र; उप १५० टी)। २ न. अश्व आदि यान; (स ६०३)। °**खेड्ड** न [°खेल] कला-विशेष, यान की सवारी का इल्म; (स ६०३)।
वज्झा स्त्री [हत्या] वध, घात; (सुख ४, ६; महा)।
वज्झियायण न [वध्यायन] गोत्र-विशेष; (सुज्ज १०, १६)।
वञ्च (अप) देखो **वच्च**=व्रज्। वञ्चइ, वञ्चदि; (षड्)।
वट्ट सक [वृत्] १ बरतना, होना। २ आचरण करना। वट्टइ, वट्टए, वट्टंति; (सुर ३, ३६; उव; कप्प)। वकृ—**वट्टंत, वट्टमाण**; (गा ४१०; कम्म ३, २०; चेइय ७१३; भवि; उवा; पडि; कप्प; पि ३५०)। हेकृ—**वट्टिउं**; (चेइय ३६८)। कृ—**वट्टियव्व**; (उव)।
वट्ट सक [वर्तय्] १ बरताना। २ पिंड रूप से बाँधना। ३ परोसना। ४ ढकना, आच्छादन करना। वट्टंति; (पिंड २३६)। कवकृ—**वट्टिज्जमाण**; (औप)।
वट्ट वि [वृत्त] १ वर्तुल, गोलाकार; (सम ६३; औप; उवा)। २ अतीत, गुजरा हुआ; ३ मृत; ४ संजात, उत्पन्न; ५ अधीत; ६ दृढ; ७ पुं. कूर्म, कछुआ; (हे २, २६)। ८ न. वर्तन, वृत्ति, प्रवृत्ति; (सूअ १, ४, २, २)। °**क्खुर, °खुर** पुं [°खुर] श्रेष्ठ अश्व; (ओघ ४३८; राज)। °**खेड, °खेड्ड** स्त्रीन [°खेल] कला-विशेष; (णाया १, १—पत्र ३८; स ६०३; अंत ३१ टि); देखो **वत्थ-खेड्ड**। देखो **वत्त, वित्त**=वृत्त।
वट्ट पुंन [वर्त्मन्] वाट, मार्ग, रास्ता; "पडिसोएण पवट्ठा चत्ता अणुसोअगामिणो वट्टा" (सार्ध ११८; सुर १०, ४; सुपा ३३०), "वट्टं" (प्राकृ २०)। °**वाडण** न [°पातन] मुसाफिरों को रास्ते में लुटना; "परदोहवट्टवाडण-वंदग्गहखत्तखणणपमुहाइं" (कुप्र ११३), "सो वट्टपाडणेहिं वंदग्गहणेहिं खत्तखणणेहिं" (धर्मवि १२३)। °**वेयड्ढ** पुं [°वैताढ्य] पर्वत-विशेष; (ठा १०)।
वट्ट पुंन [दे] १ प्याला, गुजराती में 'वाटको'; "पढमवुंटम्मि खलिया जीहा, हत्थाउ निवडियं वट्टं" (सुपा ४९६)। २ पुं. हानि, नुकसान, गुजराती में 'वट्टो'; "अन्नह उवक्खएणावि मूला वट्टो इहं होही" (सुपा ४४५)। ३ लोष्टक, शिला-पुत्रक; "वट्टावरएणं" (भग १६, ३—पत्र ७६६)। ४ खाद्य-विशेष, घाड़ी कढ़ी; (पगह २, ५—पत्र १४८)।
वट्ट पुं [वर्त] देश-विशेष; (सत्त ६७ टी)।
°**वट्ट** पुं [पट्ट] प्रवाह; (कुमा)। देखो **पट्ट**; (से ५, १४; भवि; गउड)।
वट्टंत देखो **वट्ट**=वृत।
वट्टक } देखो **वट्टय**=वर्तक; (पगह १, १—पत्र ८; विपा
वट्टग } १, ७—पत्र ७५; सूअ २, २, १०; २६; ४३)।
वट्टणा देखो **वत्तणा**; (राज)।
वट्टमग न [वर्त्मक] मार्ग, रास्ता; (आचा; औप)।
वट्टमाण देखो **वट्ट**=वृत।
वट्टमाण न [दे] १ अंग, शरीर; २ गन्ध-द्रव्य का एक तरह का अधिवास; (दे ७, ८७)।
वट्टय देखो **वट्ट**=दे; (पउम १०२, १२०)।
वट्टय पुं [वर्तक] १ पक्षि-विशेष, बटेर; (सूअ १, २, १, २; उवा)। २ बालकों को खेलने का एक तरह का चपड़े का बना हुआ गोल खिलौना; (अनु ५; णाया १, १८—पत्र २३५)।
°**वट्टय** देखो **पट्ट**; (गउड)।
वट्टा स्त्री [दे. वर्त्मन्] देखो **वट्ट**=वर्त्मन्; (दे ७, ३१)।
वट्टा स्त्री [वार्ता] बात, कथा; (कुमा)।
वट्टाव सक [वर्तय्] बरताना, काम में लगाना। वट्टावेइ; (उव)।
वट्टावण न [वर्तन] बरताना, कार्य में लगाना; (उव)।
वट्टावय वि [वर्तक] बरताने वाला, प्रवर्तक; (उव; णाया १, १४—पत्र १८६)।
वट्टि स्त्री [वर्ति] १ वत्ती, दीपक में जलने वाली वाती; २ सलाई, आँख में सुरमा लगाने की सली; ३ शरीर पर किया

Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाता एक तरह का लेप; ४ लेख, लिखना; ५ कलम, पीछी; (हे २, ३०)। देखो **वत्ति, वित्ति** ।

वट्टिअ वि [**वर्तित**] १ परिवर्तित; (दे ५, २७)। २ वलित; (पव २१६ टी)। ३ वर्तुल, गोल; (पराह १, ४—पत्र ७८; तंदु २०)। ४ प्रवर्तित; (भवि)।

वट्टिआ स्त्री [**वर्तिका**] देखो **वट्टि**; (अभि २१७; नाट—रत्ना २१; स २३६)।

वट्टिन वि [**दे**] अतिरिक्त; (दे ७, ३४)।

वट्टिव न [**दे**] पर-कार्य; (दे ७, ४०)।

वट्टी स्त्री [**वर्ती**] देखो **वट्टि**; (हे २, ३०)।

°**वट्टी** स्त्री [**पट्टी**] पट्टा; "ताव य कडिवट्टीओ पडिया रयणावली झत्ति" (सुपा ३४४; १५४)।

वट्टु न [**दे**] पात्र-विशेष; (बृह १)। °**कर** पुं [°**कर**] यन्त्र-विशेष; (राज)। °**करी** स्त्री [°**करी**] विद्या-विशेष; (राज)।

वट्टुल वि [**वर्तुल**] १ गोल, वृत्ताकार; (पाअ)। २ पलाण्डु के समान एक तरह का कन्द-मूल; (हे २, ३०; प्राकृ)।

°**वट्ठ** देखो **पट्ठ**=पृष्ठ; (गउड; गा १५०; हे १, ८४; १२६)।

°**वट्ठि** देखो **सट्ठि**; "बा-वट्ठी" (सम ७५; पंच ५, १८; पि २६५; ४४६)।

वड पुं [**दे**] १ द्वार का एक देश, दरवाजे का एक भाग; २ खेत; (दे ७, ८२)। ३ मत्स्य की एक जाति; (पराण १—पत्र ४७)। ४ विभाग; (निचू २)। देखो **वड्ड**; "वडसफरपवहणाणं" (सिरि ३८२)।

वड पुं [**वट**] १ वृक्ष-विशेष, बड़ का पेड़; (पराण १—पत्र ३१; गा ६४; कप्पू)। २ न. वस्त्र-विशेष; "वडजुगपट्टजुगाइं" (णाया १, १ टी—पत्र ४३)। °**नयर** न [°**नगर**] नगर-विशेष; (पउम १०५, ८८)। °**वद्द** न [°**पद्र**] १ गुजरात का एक नगर, जो आज कल 'वडौदा' नाम से प्रसिद्ध है; (उप ५१६)। २ एक गोकुल; (उप ५९७ टी)। °**सावित्ती** स्त्री [°**सावित्री**] एक देवी; (कप्पू)।

वड देखो **पड**=पत्। वकृ—"उअहिम्मि उण **वडंता**" (से ७, ७)।

°**वड** देखो **पड**=पट; "पवणाहयवडचंचलाओ लच्छीओ तह य मणुयाणं" (सुर ४, ७६; से १०, १६; सुर १, ६१; ३, ६७; गा ३२६)।

वडग न [**वटक**] खाद्य-विशेष, वड़ा; (पिंड ६३७)।

वडग देखो **वड**=वट; (अंत)।

°**वडण** देखो **पडण**; (गा ५६७; गउड; महा)।

वडप्प न [**दे**] १ लता-गहन; २ निरन्तर वृष्टि; (दे ७, ८४)।

वडभ वि [**वडभ**] १ वामन, ह्रस्व; (ओघभा ८२)। २ जिसका पृष्ठ-भाग बाहर निकल आया हो वह; (आचा)। ३ नाभि के ऊपर का भाग जिसका टेढ़ा हो वह; (पराह १, १—पत्र २३)। ४ पीछे का या आगे का अंग जिसका बाहर निकल आया हो वह; (पव ११०)। ५ जिसका पेट बड़ा हो कर आगे निकल आया हो वह; स्त्री—°**भी**; (णाया १, १—पत्र ३७; औप; पि ३८७)।

वडय देखो **वडग**=वटक; (सुपा ४८५)।

°**वडल** देखो **पडल**; (गउड)।

वडवग्गि पुं [**वडवाग्नि**] वडवानल, समुद्र के भीतर की आग; (गा ४०३)।

वडवड अक [**वि+लप्**] विलाप करना। वडवडइ; (हे ४, १४८), वडवडंति; (कुमा)।

वडवा स्त्री [**वडवा**] घोड़ी; (पाअ; धर्मवि १४५)। °**णल**, °**नल** पुं [°**नल**] समुद्र के भीतर की आग, वडवाग्नि; (पि २४०; श्रा १६)। °**मुह** न [°**मुख**] १ वही अर्थ; (से १, ८)। २ एक महा-पाताल; (इक)। °**हुआस** पुं [°**हुताश**] वडवानल; (समु १५४)।

वडह देखो **वडभ**; (आचा १, २, ३, २)।

वडह पुं [**दे**] पक्षि-विशेष; (दे ७, ३३)।

°**वडह** देखो **पडह**; (से १२, ४७)।

वडही देखो **वलही**; (गउड)।

°**वडाआ** देखो **पडाया**; (गा १२०)।

वडालि स्त्री [**दे**] पंक्ति, श्रेणि; (दे ७, ३६)।

°**वडाहा** देखो **पडाया**; "धवलधयवडाहो" (महा)।

°**वडिअ** देखो **पडिअ**; (से ५, १०; कुप्र १८१; उवा)।

वडिअ वि [**गृहीत**] ग्रहण किया हुआ; (सुर ७, १६६)।

वडिंस पुं [**वतंस**] १ मेरु पर्वत; (सुज ५ टी—पत्र ७८)। २ भूषण; "रायकुलवडिंसगा वि मुणिवसभा" (उव; कप्प)। ३ एक दिग्हस्ति-कूट; (इक)। ४ प्रधान, मुख्य; ५ श्रेष्ठ, उत्तम; (कप्प; महा)। ६ कर्णपूर, कान का आभूषण; (णाया १, १—पत्र ३१)। देखो **वडेंस**, **अवयंस**।

वडिणाय पुं [**दे**] घर्घर कण्ठ, बैठा हुआ गला; (बृह)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वडिया स्त्री [**वृत्तिता**] वर्तन; "भयवंतदंसणवडियाए" (स ६८३; आचा २, ७, १)।

°**वडिया** देखो **पडिया**=प्रतिज्ञा; (आचा २, ७, १)।

वडिसर न [**दे**] चूल्ली-मूल, चूल्हे का मूल; (दे ७, ४८)।

वडिवस्सअ वि [**वरिवस्यक**] पूजक, पूजा करने वाला; (चारु १)।

वडिसाअ वि [**दे**] स्रुत, टपका हुआ; (षड्)।

वडी स्त्री [**दे**] बड़ी, एक प्रकार का खाद्य; (पव ३८)।

वडुमग / **वडूमग** } देखो **वट्टमग**; (औप; आचा)।

वडेंस पुं [**वतंस**] शेखर, मुकुट; (भग; णाया १, १ टी—पत्र ५)। देखो **वडिंस**।

वडेंसा स्त्री [**वतंसा**] किंनर-नामक किन्नरेन्द्र की एक अग्र-महिषी; (ठा ४, १—पत्र २०४; णाया २—पत्र २५२)।

वडेंसिया स्त्री [**वतंसिका**] अवतंस की तरह करना, मुकुट-स्थानापन्न करना; "अट्ठारसवंजणाउलं भोयणं भोयावेत्ता जाव-ज्जीवं पिट्ठिवडेंसियाए परिवहेज्जा" (ठा ३, १—पत्र ११७)।

वड्ड वि [**दे**] बड़ा, महान्; (दे ७, २९; तंदु ५५; सुपा १२४; णाया २—पत्र २४८; सम्मत्त १७३; भवि; हे ४, ३६६; ३६७; ३७१)। °**त्थरग** पुं [°**आस्तरक**] ऊँट की पीठ पर रखा जाता आसन; (पव ८४ टी)। °**त्तण** न [°**त्व**] बड़प्पन, महत्ता; (हे ४, ३८४; कप्पू)। °**प्पण** (अप) न [°**त्व**] वही; (हे ४, ३६६; ४३७; पि ३००)। °**यर** वि [°**तर**] विशेष बड़ा; (हे २, १७४)।

वड्डवास पुं [**दे**] मेघ, अभ्र; (दे ७, ४७; कुमा)।

वड्डहुल्लि पुं [**दे**] मालाकार, माली; (दे ७, ४२)।

वड्डार (अप) देखो **वड्ड-यर**; (भवि)।

वड्डिम वि [**दे**] स्रुत, टपका हुआ; (षड्)।

वड्डिल [**दे**] देखो **वड्ड**;

"नयणाण पडउ वज्जं अहवा वज्जस्स वड्डिलं किंपि।
अमुणियजणेवि दिट्ठे अणुबंधं जाणि कुव्वंति"
(सुर ४, २०; वज्जा ६२)।

वड्डुअर देखो **वड्ड-यर**; (षड्)।

वड्ढ अक [**वृध्**] बढ़ना। वड्ढइ; (हे ४, २२०; महा; काल)। भूका—वड्ढित्था; (कप्प)। वकृ—**वड्ढंत**, **वड्ढमाण**; (सुर १, ११६; महा; गा ११३)। हेकृ—**वड्ढिउं**; (महा)।

वड्ढ सक [**वर्धय्**] १ बढ़ाना, विस्तारना। २ बधाई देना। वड्ढंति; (उव)। वकृ—**वड्ढअंत**; (नाट—मृच्छ १८)। कर्म—वड्ढिज्जंति; (सिरि ४२४)। देखो **वद्ध**=वर्धय्।

वड्ढइ पुं [**वर्धकि**] बढ़ई, सुतार; (सम २७; उप पृ १५३; पाअ; धर्मसं ४८६; दे ७, ४४)।

वड्ढइअ पुं [**दे**] चर्मकार, मोची; (दे ७, ४४)।

वड्ढण न [**वर्धन**] १ वृद्धि, बढ़ाव; (कप्पू)। २ वि. वृद्धि-जनक; (महा; सुर १३, १३९)।

वड्ढणमिर वि [**दे**] पीन, पुष्ट; (दे ७, ५१)।

वड्ढणसाल वि [**दे**] जिसका पूँछ कट गया हो वह; (दे ७, ४९)।

वड्ढमाण देखो **वड्ढ**=वृध्।

वड्ढमाण / **वड्ढमाणय** } न [**वर्धमान**, °**क**] १ गुजरात का एक नगर जो आजकल 'वढवाण' के नाम से प्रसिद्ध है; "सिरिवड्ढमाणनयरं पत्ता गुज्जरधरावलयं" (सम्मत्त ७५)। २ अवधिज्ञान का एक भेद, उत्तरोत्तर बढता जाता एक प्रकार का परोक्ष रूपी द्रव्यों का ज्ञान; (ठा ६—पत्र ३७०; कम्म १, ८)। ३ पुं. भगवान् महावीर; (भवि)। देखो **वद्धमाण**।

वड्ढय देखो **वट्ट**=दे; "पाणभरियं वड्ढयं पियावयणसमप्पियं पीयमाणं पि तीए सुट्ठुयरं भरियमंसुएहिं" (स ३८२)।

वड्ढव सक [**वर्धय्**, **वर्धापय्**] १ बढ़ाना, वृद्धि करना। २ बधाई देना, अभ्युदय का निवेदन करना। वड्ढवइ; (प्राकृ ६०)।

वड्ढवअ वि [**वर्धक**] १ बढाने वाला; २ बधाई देने वाला; (प्राकृ ६१)।

वड्ढवण न [**दे**] वस्त्र का आहरण; (दे ७, ८७)।

वड्ढवण न [**दे**, **वर्धापन**] बधाई, अभ्युदय-निवेदन; (दे ७, ८७)।

वड्ढविअ वि [**वर्धित**, **वर्धापित**] जिसको बधाई दी गई हो वह; (दे ६, ७४)।

वड्ढार (अप) सक [**वर्धय्**] बढ़ाना, गुजराती में 'वधारवुं'। वड्ढारइ; (भवि)।

वड्ढाव देखो **वड्ढव**। वड्ढावेमि; (प्राकृ ६१; पि ५५२)।

वड्ढावअ देखो **वड्ढवअ**; (प्राकृ ६१; कप्पू; उवा)।

वड्ढाविअ वि [**दे**] समापित, समाप्त किया हुआ; (दे ७, ४५)।

वड्ढि वि [**वर्धिन्**] बढ़ने वाला; (से १, १)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वड्ढि स्त्री [**वृद्धि**] बढ़ाव; (उवा; देवेन्द्र ३६७; जीवस २७४)।

वड्ढिअ वि [**वृद्ध**] बढ़ा हुआ; (कुमा ७, ५८; गा ४१०; महा)।

वड्ढिअ वि [**वर्धित**] १ बढ़ाया हुआ; "महिवीढे नइवड्ढिय-नीरो उयहिव्व वित्थरइ" (सिरि ६२७)। २ खण्डित किया हुआ, काटा हुआ; (से १, १)।

वड्ढिआ स्त्री [**दे**] कूपतुला, ढेंकुवा; (दे ७, ३६)।

वड्ढिम पुंस्त्री [**वृद्धिमन्**] वृद्धि, बढ़ाव; "पत्ता दिगां वड्ढिमा" (प्राकृ ३३; कप्पू)।

वढ देखो **वड**=वट; (हे २, १७४; पि २०७)।

वढ वि [**दे**] मूक, वाक्-शक्ति से रहित; (संक्षि ३६)।

वढर } **वढल** } पुं [**बठर**] १ मूर्ख छात्र; २ ब्राह्मण पुरुष और वैश्य स्त्री से उत्पन्न संतान, अम्बष्ठ; ३ वि. शठ, धूर्त; ४ मन्द, अलस; (हे १, २५४; षड्)।

वण सक [**वन्**] माँगना, याचना करना। वणेइ; (पिंड ४४३)।

वण पुं [**दे**] १ अधिकार; २ श्वपच, चाँडाल; (दे ७, ८२)।

वण पुंन [**व्रण**] घाव, प्रहार, क्षत; "जस्सेअ वणो तस्सेअ वेअणा" (काप्र ८७१; गा ३८१; ४२७; पाअ)। °**वट्ट** पुं [°**पट्ट**] घाव पर बाँधी जाती पट्टी; (गा ४५८)।

वण न [**वन**] १ अरण्य, जंगल; (भग; पाअ; उवा; कुमा; प्रासू ६२; १४५)। २ पानी, जल; (पाअ; वज्जा ८८)। ३ निवास; ४ आलय; (हे ३, ८८; प्राप्र)। ५ वनस्पति; (कम्म ४, १०; १६; ३६; दं १३)। ६ उद्यान, बगीचा; (उप ६८६ टी)। ७ पुं. देवों की एक जाति, वानव्यंतर देव; (भग; कम्म ३, १०)। ८ वृक्ष-विशेष; (राय)। °**कम्म** पुंन [°**कर्मन्**] जंगल को काटने या बेचने का काम; (भग ८, ५—पत्र ३७०; पडि)। °**कम्मंत** न [°**कर्मान्त**] वनस्पति का कारखाना; (आचा २, २, २, १०)। °**गय** पुं [°**गज**] जंगली हाथी; (से ३, ६३)। °**ग्गि** पुं [°**ग्नि**] दावानल; (पाअ)। °**चर** वि [°**चर**] वन में रहने वाला, जंगली; (पण्ह १, १—पत्र १३); स्त्री—°**री**; (रयण ६०); देखो °**यर**। °**छिंद** वि [°**च्छिद्**] जंगल काटने वाला; (कुप्र १०४)। °**त्थली** स्त्री [°**स्थली**] अरण्य-भूमि; (से ३, ६३)। °**दव** पुं [°**दव**] दवानल; (णाया १, १—पत्र ६५)। °**पव्वय** पुं [°**पर्वत**] वनस्पति से व्याप्त पर्वत; "वणाणि वा वणपव्वयाणि वा" (आचा २, ३, ३, २)। °**बिराल** पुं [°**बिडाल**] जंगली बिल्ला; (सण)। °**माल** न [°**माल**] एक देव-विमान; (सम ४१)। °**माला** स्त्री [°**माला**] १ पैर तक लटकने वाली माला; (औप; अच्चु ३६)। २ एक राज-पत्नी; (पउम ११, १४)। ३ रावण की एक पत्नी; (पउम ३६, ३२)। °**य** वि [°**ज**] वन में उत्पन्न, जंगली; (वज्जा १२८)। °**यर** वि [°**चर**] १ वन में रहने वाला, बनैला; (णाया १, १—पत्र ६२; गउड)। २ पुंस्त्री. व्यन्तर देव; (विसे ७०७; पव १९०); स्त्री—°**री**; (उप पृ ३३०)। °**राइ** स्त्री [°**राजि**] तरु-पंक्ति, वृक्ष-समूह; (चंड; सुर ३, ४२; अभि ५५)। °**राज**, °**राय** पुं [°**राज**] १ विक्रम की आठवीं शताब्दी का गुजरात का एक प्रसिद्ध राजा; (मोह १०८)। २ सिंह, केसरी; (चंड)। °**लइया**, °**लया** स्त्री [°**लता**] १ एक स्त्री का नाम; (महा)। २ वह वृक्ष जिसको एक ही शाखा हो; (कप्प; राय)। °**वाल** वि [°**पाल**] उद्यान-पालक, माली; (उप ६८६ टी)। °**वास** पुं [°**वास**] अरण्य में रहना; (पि ३५१)। °**वासी** स्त्री [**वासी**] नगरी-विशेष; (राज)। °**विदुग्ग** न [°**विदुर्ग**] नानाविध वृक्षों का समूह; (सूअ २, २, ८; भग)। °**विरोहि** पुं [°**विरोहिन्**] आषाढ मास; (सुज्ज १०, १९)। °**संड** पुंन [°**षण्ड**] अनेकविध वृक्षों की घटा—समूह; (ठा २, ४; भग; णाया १, २; औप)। °**हत्थि** पुं [°**हस्तिन्**] जंगल का हाथी; (से ८, ३६)। °**ालि**, °**ोलि** स्त्री [°**ालि**] वन-पंक्ति; (गा ५७९; हे २, १७७)।

वणइ स्त्री [**दे**] वन-राजि, वृक्ष-पंक्ति; (दे ७, ३८; षड्)।

वणण न [**वनन**] बछड़े को उसकी माता से भिन्न दूसरी गो से लगाना; (पण्ह १, २—पत्र २६)।

वणद्धि स्त्री [**दे**] गो-वृन्द, गो-समूह; (दे ७, ३८)।

वणनत्तडिअ वि [**दे**] पुरस्कृत, आगे किया हुआ; (षड्)।

वणपक्कसावअ पुं [**दे**] शरभ, श्वापद-विशेष; (दे ७, ५२)।

वणप्फइ पुं [**वनस्पति**] १ वृक्ष-विशेष, फूल के बिना ही जिसमें फल लगता हो वह वृक्ष; (हे २, ६९; कुमा)। २ लता, गुल्म, वृक्ष आदि कोई भी गाछ, पेड़ मात्र; (भग)। ३ न. फल; (कुमा ३, २६)। °**काइअ** वि [°**कायिक**]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वनस्पति का जीव; (भग) ।
वणय पुं [**वनक**] दूसरी नरक-पृथिवी का एक नरक-स्थान; (देवेन्द्र ६) ।
वणरसि (अप) देखो **वाणारसी**; (पिंग; पि ३५४) ।
वणव पुं [**दे**] दावानल; (दे ७, ३७) ।
वणसवाई स्त्री [**दे**] कोकिला, कोयल; (दे ७, ५२; पाअ) ।
वणस्सइ देखो **वणप्फइ**; (हे २, ६९; जी २; उव; पराण १) ।
वणाय वि [**दे**] व्याध से व्याप्त; (दे ७, ३५) ।
वणार पुं [**दे**] दमनीय बछड़ा; (दे ७, ३७) ।
वणि वि [**व्रणिन्**] घाव वाला, जिसको घाव हुआ हो वह; (दे ६, ३६; पंचा १६, ११) ।
वणि / **वणिअ** पुं [**वणिज्**] बनिया, व्यापारी, वैश्य; (औप; उप ७२८ टी; सुर १४, ६६; सुपा २७६; सुर १, ११३; प्रासु ८०; कुमा; महा) ।
वणिअ वि [**व्रणित**] व्रण-युक्त, घाव वाला; (गा ४५८; ६४६; पउम ७५, १३) ।
वणिअ पुं [**वनीपक**] भिक्षुक, भिखारी; "वणि जायणि त्ति वणिओ पायप्पाणं वणेइत्ति" (पिंड ४४३) ।
वणिअ न [**वणिज**] ज्योतिष-प्रसिद्ध एक करण; (विसे ३३४८; सुज्जनि ११) ।
वणिआ स्त्री [**वनिका**] वाटिका, बगीचा; "असोयवणिआइ मज्झयारम्मि" (भाव ७; उवा) ।
वणिआ स्त्री [**वनिता**] स्त्री, महिला, नारी; (गा १७; कुमा; तंदु ५०; सम्मत्त १७५) ।
वणिज देखो **वणिअ**=वणिज्; (चारु ३४) ।
वणिज / **वणिज्ज** न [**वाणिज्य**] व्यापार, बेपार; "एत्तियकालं हट्टे जइ तं चिट्ठेसि वणिजकए" (सुपा ५१०; २५२), "उज्जेणी-आगओ वणिज्जेणं" (पउम ३३, ६६; स ४४३; सुर १, ६०; कुप्र ३६५; सुपा ३८४; प्रासू ८०; भवि; श्रा १२) । °**रय** वि [°**कारक**] व्यापारी; (सुपा ३४३; उप पृ १०४) ।
वणी स्त्री [**वनी**] १ भीख से प्राप्त धन; (ठा ५, ३—पत्र ३४१) । २ फली-विशेष, जिससे कपास निकलता है; (राज) ।
वणीमग / **वणीमय** पुं [**वनीपक**] याचक, भिक्षुक, भिखारी; (ठा ५, ३; सुपा १६८; सण; ओघ ४३६) ।
वणे अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ निश्चय; (हे २, २०६; कुमा) । २ विकल्प; ३ अनुकम्पनीय; ४ संभावना; (हे २, २०६) ।
वणेच्चर देखो **वण-यर**; (रयण ५६) ।
वण्ण सक [**वर्णय्**] १ वर्णन करना । २ प्रशंसा करना । ३ रँगना । वण्णआमो; (पि ४९०) । कर्म—**वण्णिज्जइ**; (सिरि १२८८), वण्णिअइ (अप); (हे ४, ३४५) । वकृ—**वण्णंत**; (गा ३५०) । हेकृ—**वण्णिउं**; (पि ५७३) । कृ—**वण्णणिज्ज, वण्णेअव्व**; (हे ३, १७९; भग) ।
वण्ण पुं [**वर्ण**] १ प्रशंसा, श्लाघा; (उप ६०७) । २ यश, कीर्ति; (ओघ ६०) । २ शुक्ल आदि रँग; (भग; ठा ४, ४; उवा) । ४ अकार आदि अक्षर; ५ ब्राह्मण, वैश्य आदि जाति; ६ गुण; ७ अंगराग; ८ सुवर्ण, सोना; ९ विलेपन की वस्तु; १० व्रत-विशेष; ११ वर्णन; १२ विलेपन-क्रिया; १३ गीत का क्रम; १४ चित्र; (हे १, १७७; प्राप्र) । १५ कर्म-विशेष, शुक्ल आदि वर्ण का कारण-भूत कर्म; (कम्म १, २४) । १६ संयम; १७ मोक्ष, मुक्ति; (आचा) । १८ न. कुंकुम; (हे १, १४२) । °**णाम**, °**नाम** पुंन [°**नामन्**] कर्म-विशेष; (राज; सम ६७) । °**मंत** वि [°**वत्**] प्रशस्त वर्ण वाला; (भग) । °**वाइ** वि [°**वादिन्**] श्लाघा-कर्ता, प्रशंसक; (वव १) । °**वाय** पुं [°**वाद**] प्रशंसा, श्लाघा; (पंचा ९, २३) । °**ावास** पुं [°**ावास**] वर्णन-प्रकरण, वर्णन-पद्धति; (जीव ३; उवा) । °**ावास** पुं [°**व्यास**] वर्णन-विस्तार; (भग; उवा) ।
वण्ण वि [**दे**] १ अच्छ, स्वच्छ; २ रक्त; (दे ७, ८३) ।
°**वण्ण** देखो **पण्ण**; (गा ६०१; गउड) ।
वण्णग देखो **वण्णय**; (उवा; औप) ।
वण्णण न [**वर्णन**] १ श्लाघा, प्रशंसा; (कप्पू) । २ विवेचन, विवरण, निरूपण; (रयण ४) ।
वण्णणा स्त्री [**वर्णना**] ऊपर देखो; (दे १, २१; सार्ध ४५) ।
वण्णय पुंन [**दे. वर्णक**] १ चन्दन, श्रीखण्ड; (दे ७, ३७; पंचा ८, २३) । २ पिष्टातक-चूर्ण, अंगराग; (दे ७, ३७; स्वप्न ६१) ।
वण्णय पुं [**वर्णक**] वर्णन-ग्रन्थ, वर्णन-प्रकरण; (विपा १, १; उवा; औप) ।
वण्णिअ वि [**वर्णित**] जिसका वर्णन किया गया हो वह;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(महा) ।
वण्णिआ देखो **वन्निआ**; (गा ६२०) ।
वण्हि पुं [**वृष्णि**] १ एक राजा, जो अन्धक-वृष्णि नाम से प्रसिद्ध था; "वरिह पिया धारिणी माया" (अंत ३) । २ एक अन्तकृद् महर्षि; "अक्खोभ पसेणई वरही" (अंत) । ३ अन्धकवृष्णि-वंश में उत्पन्न, यादव; (णंदि) । °**दसा** स्त्री. ब. [°**दशा**] एक जैन आगम-ग्रन्थ; (निर ५) । °**पुंगव** पुं [°**पुंगव**] यादव-श्रेष्ठ; (उत्त २२, १३; णाया १, १६—पत्र २११) ।
वण्हि पुं [**वह्नि**] १ अग्नि, आग; (पाअ; महा) । २ लोकान्तिक देवों की एक जाति; (णाया १, ८—पत्र १५१)। ३ चित्रक वृक्ष; ४ भिलावाँ का पेड़; ५ नीबू का गाछ; (हे २, ७५) ।
वत देखो **वय**=व्रत; (चंड) ।
वति देखो **वइ**=व्रतिन्; (उप ३८१) ।
वति देखो **वइ**=वृति; (चंड) ।
वतु पुं [**दे**] निवह, समूह; (दे ७, ३२) ।
वत्त देखो **वट्ट**=वृत । वत्तइ; (भवि), वत्तदि (शौ); (स्वप्न ६०) ।
वत्त देखो **वट्ट**=वर्तय् । वत्तइ; (भवि) । वत्तेज्ज; (आचा २, १५, ४२) । वत्तेज्जासि, वत्तेहामि; (उवा; पि ५२८)।
वत्त न [**वार्त**] आरोग्य; (उत्त १८, ३८) ।
वत्त वि [**व्याप्त**] फैला हुआ, भरपूर; (कप्प; विसे ३०३६)।
वत्त देखो **वट्ट**=वृत्त; (स ३०८; महा; सुर १, १७८; ३, ७६; औप; हे १, १४५) ।
वत्त वि [**व्यक्त**] प्रकट, खुला; (धर्मसं ५५५) ।
वत्त न [**वक्त्र**] मुख, मुँह; (हे १, १८; भवि) ।
°**वत्त** देखो **पत्त**=पत्र; (गा ६०४; हेका ५०; गउड) ।
°**वत्त** देखो **पत्त**=पात्र; (गउड; गा ३००) ।
वत्त° देखो **वत्ता**; (भवि) । °**यार** वि [°**कार**] वार्ता कहने वाला; (भवि) ।
वत्तअ पुं [**व्यत्यय**] १ विपर्यय, विपर्यास; २ व्यतिक्रम, उल्लंघन; (प्राकृ २१) ।
वत्तए देखो **वय**=वच् ।
वत्तडिआ } (अप) देखो **वत्ता**; (कुमा; हे ४, ४३२;
वत्तडी } सण) ।
वत्तण न [**वर्तन**] १ जीविका, निर्वाह; "किं न तुमं मच्छएहिं कुडुंबवत्तणं करेसि" (कुप्र २८) । २ आवृत्ति, परावर्तन; (पंचा १२, ४३) । ३ स्थिति; ४ स्थापन; ५ वर्तन, होना; ६ वि. वृत्ति वाला; ७ रहने वाला; (संक्षि १०) ।
वत्तणा स्त्री [**वर्तना**] ऊपर देखो; "वत्तणालक्खणो कालो" (उत्त २८, १०; आवम) ।
वत्तणी स्त्री [**वर्तनी**] मार्ग, रास्ता; (पण्ह १, ३—पत्र ५४; विसे १२०७; सुअनि ६१ टी; सुपा ५१८) ।
वत्तद्ध वि [**दे**] १ सुन्दर; २ बहु-शिक्षित; (दे ७, ८४)।
वत्तमाण पुं [**वर्तमान**] १ काल-विशेष, चलता काल; (प्राप्र; संक्षि १०) । २ वर्तमान-कालीन, विद्यमान; ३ विद्यमानता; (धर्मसं ५७३) ।
°**वत्तरि** देखो **सत्तरि**; (सम ८३; प्रासू १२६; पि ४४६)।
वत्तव्व देखो **वय**=वच् ।
वत्ता स्त्री [**दे**] सूत्र-वलनक, सूत्र-वेष्टन-यंत्र; (पण्ह १, ४—पत्र ७८; तंदु २०) । देखो **चत्ता**=(दे) ।
वत्ता स्त्री [**वार्ता**] १ बात, कथा; (से ६, ३८; सुपा ३८७; प्रासू १; कुमा) । २ वृत्तान्त, हकीकत; (पाअ)। ३ वृत्ति; ४ दुर्गा; ५ कृषि-कर्म, खेती; ६ जनश्रुति, किंवदन्ती; ७ गन्ध का अनुभव; ८ काल-कर्तृक भूत-नाश; (हे २, ३०) । °**लाव** पुं [°**लाप**] बातचीत; (सिरि २८२) ।
वत्तार वि [**दे**] गर्वित, गर्व-युक्त; (दे ७, ४१) ।
वत्ति स्त्री [**दे**] सीमा; (दे ७, ३१) ।
वत्ति देखो **वट्टि**; (गा २३२; ६५८; विसे १३६८) ।
वत्ति वि [**वर्तिन्**] वर्तने वाला; (महा) ।
वत्ति स्त्री [**वृत्ति**] प्रवृत्ति; (सूअ २, ४, २) । देखो **वित्ति** ।
वत्ति स्त्री [**व्यक्ति**] अमुक एक वस्तु, एकाकी वस्तु । °**पइट्ठा** स्त्री [°**प्रतिष्ठा**] प्रतिष्ठा-विशेष, जिस समय में जो तीर्थंकर विद्यमान हो उसके बिम्ब की विधि-पूर्वक स्थापना; (चेइय ३५) ।
वत्तिअ वि [**वार्तिक**] कथाकार; "वत्तिओ" (हे २, ३०)। २ पुंन. टीका की टीका; (सम ४६; विसे १४२२) । ३ ग्रन्थ की टीका—व्याख्या; (विसे १३८५) ।
वत्तिअ वि [**वर्तित**] १ वृत्त—गोल किया हुआ; (णाया १, ७) । २ आच्छादित; (पडि) ।
°**वत्तिअ** देखो **पच्चय**=प्रत्यय; (औप) ।
वत्तिआ देखो **वट्टिआ**; (प्राप्र) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाय पुं [**दे**] १ वनस्पति-विशेष; (सूअ २, ३, १६)। २ न. गन्ध; (दे ७, ५३)।

वाय पुं [**व्रात**] समूह, संघ; (श्रा २३; भवि)।

वाय वि [**व्यातृ**] संवरण करने वाला; (श्रा २३)।

वाय वि [**व्यागस्**] प्रकृष्ट अपराधी; (श्रा २३)।

वाय पुं [**वातृ**] १ पवन, वायु; २ कपड़ा बुनने वाला, जुलाहा; (श्रा २३)।

वाय वि [**व्याप**] प्रकृष्ट बिस्तार वाला; (श्रा २३)।

वाय पुं [**वाक**] ऋग्वेद आदि वाक्य; (श्रा २३)।

वाय पुं [**व्याय**] १ गति, चाल; २ पवन, वायु; ३ पक्षी का आगमन; ४ विशिष्ट लाभ; (श्रा २३)।

वाय पुं [**व्याच**] वंचन, ठगाई; (श्रा २३)।

वाय पुं [**वाज**] १ पक्ष, पँख; २ मुनि, ऋषि; ३ शब्द, आवाज; ४ वेग; ५ न. घृत, घी; ६ पानी, जल; ७ यज्ञ का धान्य; (श्रा २३)।

वाय न [**वाच**] शुक-समूह; (श्रा २३)।

वाय वि [**वाज्**] १ फेंकने वाला; २ नाशक; (श्रा २३)।

वाय पुं [**व्याज**] १ कपट, माया; २ बहाना, छल; ३ विशिष्ट गति; (श्रा २३)।

वाय देखो **वाग**=वल्क; (विपा १, ६—पत्र ६६)।

वाय पुं [**व्राय**] विवाह, शादी; (श्रा २३)।

वाय पुं [**व्यात**] विशिष्ट गमन; (श्रा २३)।

वाय पुं [**वाप**] १ वपन, बोना, २ क्षेत्र, खेत; (श्रा २३)।

वाय पुं [**वाय**] १ गमन, गति; २ सूँघना; ३ जानना, ज्ञान; ४ इच्छा; ५ खाना, भक्षण; ६ परिणयन, विवाह; (श्रा २३)।

वाय वि [**व्याद**] विशेष ग्रहण करने वाला; (श्रा २३)।

वाय वि [**वाच्**] वक्ता, बोलने वाला; (श्रा २३)।

वाय पुं [**वात**] १ पवन, वायु; (भग; णाया १, ११; जी ७; कुमा)। २ उत्कर्ष; (उव ५५ टि)। ३ पुंन. एक देव-विमान; (सम १०)। °**कंत** पुंन [°**कान्त**] एक देव-विमान; (सम १०)। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] अपान वायु का सरना, पर्दन; (ओघ ६२२ टी)। °**कूड** पुंन [°**कूट**] एक देव-विमान; (सम १०)। °**खंध** पुं [°**स्कन्ध**] घनवात आदि वायु; (ठा २, ४—पत्र ८६)। °**ज्झय** पुंन [°**ध्वज**] एक देव-विमान; (सम १०)। °**णिसग्ग** पुं [°**निसर्ग**] अपान वायु का सरना, पर्दन; (पडि)। °**पलिक्खोभ** पुं [°**परिक्षोभ**] कृष्णराजि, काले पुद्गलों की रेखा; (भग ६, ५—पत्र २७१)। °**प्पभ** पुंन [°**प्रभ**] देव-विमान विशेष; (सम १०)। °**फलिह** पुं [°**परिघ**] वही अर्थ; (भग ६, ५)। °**रुह** पुं [°**रुह**] वनस्पति-विशेष; (पगण १—पत्र ३६)। °**लेस्स** पुंन [°**लेश्य**] एक देव-विमान; (सम १०)। °**वण्ण** पुंन [°**वर्ण**] एक देव-विमान; (सम १०)। °**सिंग** पुंन [°**श्रृङ्ग**] एक देव-विमान; (सम १०)। °**सिट्ठ** पुंन [°**सृष्ट**] एक देव-विमान; (सम १०)। °**ावत्त** पुंन [°**ावर्त**] एक देव-विमान; (सम १०)।

वाय पुं [**वाद**] १ तत्त्व-विचार, शास्त्रार्थ; (ओघभा १७; धर्मवि ८०; प्रासू ६३)। २ उक्ति, वचन; (औप)। ३ नाम, आख्या; "वल्लहवाएण अलं मम" (गा १२३)। ४ बजाना; "मद्दलवायचउप्फललोयं" (सिरि १५७)। ५ स्थैर्य, स्थिरता; (श्रा २३)। °**त्थ** पुं [°**ार्थ**] तत्त्व-चर्चा; "तेहि समं कुणइ वायत्थं" (पउम ४१, ५७)। °**त्थि** वि [°**ार्थिन्**] शास्त्रार्थ की चाह वाला; (पउम १०५, २६)।

°**वाय** पुं [**पाक**] १ रसोई; २ बालक; ३ दैत्य, दानव; (श्रा २३)। देखो **पाग**।

°**वाय** पुं [**पात**] १ पतन; (स ६५७; कुमा)। २ गमन; ३ उत्पतन, कूदना; (से १, ५५)। ४ पक्षी; ५ न. पक्षि-समूह; (श्रा २३)।

°**वाय** वि [**पातृ**] १ रक्षा करने वाला; २ पीने वाला; ३ सूखने वाला; (श्रा २३)।

°**वाय** देखो **वाय**; (श्रा २३)।

°**वाय** पुं [**पाद**] १ पर्यन्त; २ पर्वत; ३ पूजा; ४ मूल; ५ किरण; ६ पैर; ७ चौथा भाग; (श्रा २३)। देखो **पाय**=पाद।

°**वाय** देखो **पाव**=पाप; (श्रा २३)।

°**वाय** पुं [**पाय**] १ रक्षा, रक्षण; २ वि. पीने वाला; (श्रा २३)।

°**वाय** देखो **अवाय**=अपाय; "बहुवायम्मि वि देहे विसुज्झमाणस्स वर मरणं" (उव)।

वायउत्त पुं [**दे**] १ विट, भडुआ; २ जार, उपपति; (दे ७, ८८)।

वायंगण न [**दे**] बैंगन, वृन्ताक, भंटा; (श्रा २०; संबोध ४४; पव ४)।

वायंतिय वि [**वागन्तिक**] वचन-मात्र में नियमित; (राज)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वायग पुं [**वाचक**] १ अभिधायक, अभिधा-वृत्ति से अर्थ का प्रकाशक शब्द; (सम्मत्त १४३)। २ उपाध्याय, सूत्र-पाठक मुनि; (गण ५; संबोध २५; सार्ध १४७)। ३ पूर्व-ग्रन्थों का जानकार मुनि; (पराण १—पत्र ४; सम्मत्त १४१; पंचा ६, ४५)। ४ एक प्राचीन जैन महर्षि और ग्रन्थकार, तत्त्वार्थ सूत्र का कर्ता श्री उमास्वातिजी; (पंचा ६, ४५)। ५ वि. कथक, कहने वाला; ६ पढ़ाने वाला; (गण ५)।

वायग वि [**वादक**] बजाने वाला; (कुप्र ६; महा)।

वायग पुं [**वायक**] तन्तुवाय, जुलाहा; (दे ६, ५६)।

वायड पुं [**दे**] एक श्रेष्ठि-वंश; (कुप्र १४३)।

वायड वि [**व्याकृत**] स्पष्ट, प्रकट अर्थ वाला; (दसनि ७)। देखो **वागरिय**।

वायडघड पुं [**दे**] वाद्य-विशेष, दर्दुर-नामक बाजा; (दे ७, ६१)।

वायडाग पुं [**दे**] सर्प की एक जाति; (पराण १—पत्र ५१)।

वायण न [**वाचन**] देखो **वायणा**; (नाट—रत्ना १०)।

वायण न [**वादन**] १ बजाना; (सुपा १६; २६३; कुप्र ४१; महा; कप्पू)। २ वि. बजाने वाला; (दे ७, ६१ टी)।

वायण न [**दे**] भोज्योपायन, खाद्य पदार्थ का बाँटा जाता उपहार; (दे ७, ५७; पात्र)।

वायणया, **वायणा** स्त्री [**वाचना**] १ पठन, गुरु-समीपे अध्ययन; (उत्त २६, १)। २ अध्यापन, पढ़ाना; (सम १०६; उव)। ३ व्याख्यान; (पव ६४)। ४ सूत्र-पाठ; (कप्प)।

वायणिअ वि [**वाचनिक**] वचन-संबन्धी; (नाट —विक्र ३५)।

वायय देखो **वायग**=वायक; (दे ५, २८)।

वायरण देखो **वागरण**; (हे १, २६८; कुमा; भवि; षड्)।

वायव वि [**वायव**] वायु रोग वाला, वात-रोगी; (विपा १, १—पत्र ५)।

°**वायव** देखो **पायव**; (से ७, ६७)।

वायव्व पुं [**वायव्य**] १ वायुदेवता-संबन्धी; "वारुण-वायव्वाइं पहवियाइं कमेण सत्थाइं" (सुर ८, ४५; महा)। २ न. गौ के खुर से उड़ी हुई रज; "वायव्वरहाणरहाया" (कुमा)।

वायव्वा स्त्री [**वायव्या**] पश्चिम और उत्तर के बीच की दिशा, वायव्य कोण; (ठा १०—पत्र ४७८; सुपा ९८; २९७)।

वायस पुं [**वायस**] १ काक, कौआ; (उवा; प्रासू १६९; हे ४, ३५२)। २ कायोत्सर्ग का एक दोष, कायोत्सर्ग में कौए की तरह दृष्टि को इधर-उधर घुमाना; (पव ५)।

°**परिमंडल** न [°**परिमण्डल**] विद्या-विशेष, कौए के स्वर और स्थान आदि से शुभाशुभ फल बतलाने वाली विद्या; (सूअ २, २, २७)।

वाया स्त्री [**वाच्**] १ वचन, वाणी; (पाअ; प्रासू ६; पडि; स ४६२; से १, ३७; गा ३२; ४०६)। २ वाणी की अधिष्ठायिका देवी, सरस्वती; (श्रा २३)। ३ व्याकरण-शास्त्र; (गउड ८०२)। देखो **वइ**=वाच्।

वायाड पुं [**दे. वाचाट**] शुक, तोता; (दे ७, ५६)।

वायाड वि [**वाचाट**] वाचाल, बकवादी; (सुपा ३९०; चेइय ११७; संक्षि २)।

वायाम पुं [**व्यायाम**] कसरत, शारीरिक श्रम; (ठा १—पत्र १९; णाया १, १—पत्र १९; कप्प; औप; स्वप्न ३६)।

वायाम सक [**व्यायामय्**] कसरत करना, शारीरिक श्रम करना। वकृ—"सुट्ठु वि **वायामेंतो** कायं न करेइ किंचि गुणं" (उव)।

वायायण पुंन [**वातायन**] १ गवाक्ष; (पउम ३९, ६१; स २४१; पाअ; महा)। २ पुं. राम का एक सैनिक; (पउम ६७, १०)।

वायार पुं [**दे**] शिशिर-वात, गुजराती में 'वायरो'; (दे ७, ५६)।

वायाल वि [**वाचाल**] मुखर, बकवादी; (श्रा १२; पाअ; सुपा ११३)।

°**वायाल** देखो **पायाल**; (से ५, ३७)।

वायाविअ वि [**वादित**] बजवाया हुआ; (स ५२७; कुप्र १३६)।

वायु देखो **वाउ**=वायु; (सुज्ज १०, १२; कुमा; सम १९)।

वार सक [**वारय्**] रोकना, निषेध करना। वारेइ; (उवा; महा)। वकृ—**वारंत**; (सुपा १८३)। कवकृ—**वारिज्जंत**; (काप्र १९१; महा)। हेकृ—**वारेउं**; (सूअ १, ३, २, ७)। कृ—**वारियव्व**, **वारेयव्व**; (सुपा ५५२; २७२)।

वार पुं [**दे. वार**] चषक, पान-पात्र; (दे ७, ५४)।

वार पुं [**वार**] १ समूह, यूथ; (सुपा २१४; सुर १४, २४;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विउक्कम सक [**व्युत्+क्रम्**] १ परित्याग करना। २ उल्लंघन करना। ३ अक. च्युत होना, नष्ट होना, मरना। ४ उत्पन्न होना। विउक्कमंति; (भग; ठा ३, ३—पत्र १४१)। संकृ—**विउकम्म**; (सूअ १, १, १, ६; उत्त ५, १५; आचा १, ८, १, २)।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विउक्कस सक [व्युत् + कर्षय्] गर्व करना, बड़ाई करना। विउक्कसेज्जा, (सूत्र १, १३, ६); विउक्कसे, (आचा १, ६, ४, २)।

विउक्कस्स पुं [व्युत्कर्ष] गर्व, अभिमान; (सूत्र १, १, २, १२)।

विउच्छा देखो **वि-उच्छा**=विद्-जुगुप्सा।

विउच्छेअ पुं [व्यवच्छेद] विनाश; (पंचा १७, १८)।

विउज्जम अक [व्युद् + यम्] विशेष उद्यम करना। वकृ—"धम्मियंपि **विउज्जमंताणं**" (पउम १०२, १३७)।

विउज्झ अक [वि + बुध्] जागना। विउज्झइ; (भवि; सण)।

विउट्ट सक [वि + कुट्टय्] विच्छेद करना, विनाश करना। हेकृ—**विउट्टित्तए**; (ठा २, १—पत्र ५६; कस)।

विउट्ट सक [वि + त्रोटय्] तोड़ डालना। विउट्टइ; (सूत्र २, २, २०)। हेकृ—**विउट्टित्तए**; (ठा २, १—पत्र ५६)।

विउट्ट अक [वि + वृत्] १ उत्पन्न होना। २ निवृत्त होना। विउट्टंति; (सूत्र २, ३, १), विउट्टेज्जा; (ठा ८ टी—पत्र ४१८)।

विउट्ट सक [वि + वर्तय्] १ विच्छेद करना। २ घूमकर जाना। विउट्टंति; (स १७८)। संकृ—**विउट्टाणं**; (आचा १, ८, १, २)। हेकृ—**विउट्टित्तए**; (ठा २, १—पत्र ५६)।

विउट्ट देखो **विअट्ट**=विवृत्त; (कप्प)।

विउट्टण न [विवर्तन] निवृत्ति; (ओघ ७६१)।

विउट्टण न [विकुट्टन] १ विच्छेद; २ आलोचना, अतिचार-विच्छेद; (ओघ ७६१)। ३ वि. विच्छेद-कर्ता; (धर्मसं ६६६)।

विउट्टणा स्त्री [विकुट्टना] १ विविध कुट्टन; २ पीड़ा, संताप; (सूत्र १, १२, २१)।

विउट्ठिअ वि [व्युत्थित] जो विरोध में खड़ा हुआ हो वह, विरोधी बना हुआ; (सूत्र १, १४, ८)।

विउड सक [वि + नाशय्] विनाश करना। विउडइ; (हे ४, ३१)। कर्म—विउडिज्जंति; (स ६७६)।

विउडण न [विनाशन] १ विनाश; (स २७; ६९१)। २ वि. विनाश-कर्ता; (स ३७; २८२)।

विउडिअ वि [विनाशित] नष्ट किया गया; (पाअ; कुमा; उप ७२८ टी)।

विउण वि [विगुण] गुण-रहित, गुण-हीन; (दे ६, ७८)।

विउत्त वि [वियुक्त] विरहित, वियोग-प्राप्त; (सुर ३, १२३; १०, १४५; सुपा ११०; काल; सण)।

विउत्ता देखो **विअत्त**=वि + वर्तय्।

विउत्थिअ देखो **विउट्ठिअ**; (कुप्र २२४; ३६६)।

विउद देखो **विउअ**=विवृत; (प्राप्र)।

विउद्ध वि [विबुद्ध] १ जागृत; (सुपा १४०)। २ विकसित; (स ७६८)।

विउप्पकड वि [व्युत्प्रकट] अतिशय प्रकट—व्यक्त; (भग ७, १० टी—पत्र ३२५)।

विउम वि [विद्वस्] विद्वान्, विज्ञ; "विउमं ता पयहिज्ज संथवं" (सूत्र १, २, २, ११)।

विउर देखो **विदुर**; (वेणी १३४)।

विउल वि [विपुल] १ प्रभूत, प्रचुर; २ विस्तीर्ण, विशाल; (उवा; औप)। ३ उत्तम, श्रेष्ठ; (भग ६, ३३)। ४ अगाध, गम्भीर; (प्राप्र)। ५ पुं. राजगिर के समीप का एक पर्वत; (पउम २, ३७)। °**जस** पुं [°**यशस्**] एक जिन-देव का नाम; (उप ९८६ टी)। °**मइ** स्त्री [°**मति**] मनःपर्यव-नामक ज्ञान का एक भेद; (कम्म १, ८; आवम)। २ वि. उक्त ज्ञान वाला; (कप्प; औप)। °**गरी** स्त्री [°**करी**] विद्या-विशेष; (पउम ७, १३८)। देखो **विपुल**।

विउव देखो **विउव्व**=वैक्रिय; (कम्म ३, २)।

विउवसिय देखो **विओसिय**=व्यवशमित; (राज)।

विउवाय पुं [व्युत्पात] हिंसा, प्राण-वध; (सूत्र २, ४, ३)।

विउव्व सक [वि + कृ, वि + कुर्व्] १ बनाना—दिव्य सामर्थ्य से उत्पन्न करना। २ अलंकृत करना, मण्डित करना। विउव्वइ, विउव्वए; (भग; कप्प; महा; पि ५०८)। भूका—विउव्विंसु; भवि—विउव्विस्संति; (भग ३, १—पत्र १५६), विउव्विस्सामि; (पि ५३३)। वकृ—**विउव्वमाण**; (सुज्ज २०)। कवकृ—**विउव्विज्जमाण**; (ठा १०—पत्र ४७२)। संकृ—**विउव्विऊण, विउव्विऊणं, विउव्वित्ता, विउव्विउं**; (महा; पि ५८५; भग; कस; सुपा ४७)। हेकृ—**विउव्वित्तए**; (पि ५७८)।

विउव्व न [वैक्रिय] १ शरीर-विशेष, अनेक स्वरूपों और क्रियाओं को करने में समर्थ शरीर; (पउम १०२, ९८; पव १६२; कम्म १, ३७)। २ कर्म-विशेष, वैक्रिय शरीर की प्राप्ति का कारण-भूत कर्म; (कम्म १, ३३)। ३ वि. वैक्रिय शरीर से संबन्ध रखने वाला; (कम्म ४, २६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विउव्वणया } स्त्री [विक्रिया, विकुर्वणा] १ बनावट,
विउव्वणा } शक्ति-विशेष से किया जाता वस्तु-निर्माण; (सूअनि १६३; औप; पउम ११७, ३१; पव २३०)। २ शक्ति-विशेष, वैक्रिय-करण शक्ति; (देवेन्द्र २३०)।

विउव्वाढ वि [दे] १ विस्तीर्ण; २ दुःख-रहित; (दे १,१२६)।

विउव्वि वि [वैक्रियिन्, विकुर्विन्] १ विकुर्वणा करने वाला; (उप ३५७ टी)। २ वैक्रिय-शरीर वाला; (उत्त १३, ३२; सुख १३, ३२)।

विउव्विअ वि [विकृत, विकुर्वित] १ निर्मित, बनाया हुआ; (भग; महा; औप; सुपा ८८)। २ अलंकृत, विभूषित; (बृह १)।

विउव्विअ वि [वैक्रियिक] वैक्रिय शरीर से संबन्ध रखने वाला; (कम्म ४, २४)। देखो **वेउव्विअ**।

विउस वि [विद्वस्] विज्ञ, पण्डित; (पाअ; उप पृ १०६; सुपा १०७; प्रासू ६३; भवि; महा), "विउसेहिं" (चेइय ७७४), "विउसाणं" (सम्मत्त २१६)।

विउसग्ग देखो **विओसग्ग**; (हे २, १७४; षड्)।

विउसमण न [व्युपशमन, व्यवशमन] १ उपशम, उपक्षय; २ सुरत का अवसान; "ता से णं पुरिसे विउसमणकालसमयंसि केरिसए सायासोक्खं पच्चणुब्भवमाणे विहरति" (सुज्ज २०; भग १२, ६—पत्न ५७८)। ३ वि. विनाशक; "सव्व-दुक्खपावाण विउसमणं" (पगह २, १—पत्न १००)।

विउसमणया स्त्री [व्यवशमना] उपशम, क्रोध-परित्याग; (भग १७, ३—पत्न ७२६)।

विउसमिय देखो **विओसमिय**; (राज)।

विउसरण न [व्युत्सर्जन] परित्याग; (दंस १)।

विउसरणया स्त्री [व्युत्सर्जना] ऊपर देखो; (भग; णाया १, १—पत्न ४६)।

विउसव देखो **विओसव**। संकृ—**विउसवेत्ता**; (कस १, ३५ टि)।

विउसवण देखो **विउसमण**; (पगह २, ४—पत्न १३१)।

विउसविय देखो **विओसविय**; (ठा ६—पत्न ३७०)।

विउसिज्जा देखो **विओसिज्ज**; (आचा १, ६, २, २)।

विउस्स सक [वि+उश्] विशेष बोलना। विउस्संति; (सूअ १, १, २, २३)।

विउस्स अक [विद्वस्य्] विद्वान् की तरह आचरण करना। विउस्संति; (सूअ १, १, २, २३)।

विउस्सग्ग देखो **विओसग्ग**; (भग १, ६; उत्त ३०,३०)।

विउस्सित्त वि [व्युत्सित, व्युत्सिक्त] अभिनिविष्ट, कदाग्रह-युक्त; (सूअ १, १, १, ६)।

विउस्सिय वि [व्युषित] विशेष रूप से रहा हुआ; (सूअ १, १, २, २३)।

विउस्सिय वि [व्युच्छ्रित] विविध तरह से आश्रित; "संसारं ते विउस्सिया" (सूअ १, १, २, २३)।

विउह वि [विबुध] १ पण्डित, विद्वान्; २ पुं. देव, सुर; (हे १, १७७)। देखो **विबुह**।

विऊरिअ वि [दे] नष्ट, नाश-प्राप्त; (दे ७, ७२)।

विऊसिर सक [व्युत्+सृज्] परित्याग करना; "विऊसिरे विन्नु अगारबंधणं" (आचा २, १६, १)।

विऊह पुं [व्यूह] रचना-विशेष; (पंचा ८, ३०)।

विएअ वि [वितेजस्] महान् प्रकाश;
"अच्चंतविएएणावि गरुयाण ण णिव्वडंति संकप्पा।
विज्जुज्जुओ वहलत्तणेण मोहेइ अच्छीइं" (गउड)।

विएऊण अ [दे] चुन कर; "सुयसागरा विएऊण जेण सुय-रयणमुत्तमं दिण्णं" (पगण १—पत्न ४)।

विएस पुं [विदेश] १ देशान्तर, परदेश; (सिरि ४६७; महा)। २ कुत्सित ग्राम, खराब गाँव; ३ बन्धन-स्थान; (गा ७६)।

विओअ पुं [वियोग] जुदाई, बिछोह, विरह; (स्वप्न ६३; अभि ४६; हे १, १७७; सुर ४, १५२; महा)।

विओइअ वि [वियोजित] जुदा किया हुआ; (से ६, ७१; गा १३२; स ६८; सुर १५, २१७)।

विओग देखो **विओअ**; (सुर २, २१५; ४, १५१; महा)।

विओगिय वि [वियोगित] वियोग-प्राप्त; (धर्मवि १३१)।

विओज सक [वि+योजय्] अलग करना। विओजयंति; (सूअ १, ५, १, १६)।

विओजय वि [वियोजक] वियोग-कारक; (स ७५०)।

विओदर पुं [वृकोदर] भीमसेन, एक पाण्डव; (नाट—वेणी ३६)।

विओयण न [वियोजन] वियोग, विछोह; (सुर ११,३२)।

विओरमण न [व्युपरमण] विराधना, विनाश; "छक्काय-विओरमणं" (ओघभा १६०; ओघ ३२६)।

विओल वि [दे] आविग्न, उद्वेग-युक्त; (दे ७, ६३)।

विओवाय पुं [व्यवपात] भ्रंश, नाश; (आचा; सूअ १, ३, ४)।

विओसग्ग पुं [व्युत्सर्ग] १ परित्याग; २ तप-विशेष, निरीहपन से शरीर आदि का त्याग; (औप)।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विओसमण देखो **विउसमण**; (पगह २, २—पत्र ११८; २, ५—पत्र १४६) ।

विओसमिय वि [**व्यवशमित**] उपशान्त किया हुआ; (कस ६, १ टि) ।

विओसरणया देखो **विउसरणया**; (औप) ।

विओसव सक [**व्यव+शमय्**] उपशान्त करना, ठराडा करना, दबा देना । संकृ—"तं अहिगरणं अ-**विओसवेत्ता**" (कस) ।

विओसविय } देखो **विओसमिय**; "अविओसवियपाहुडे"
विओसिअ } (कस १, ३५; ४, ५) । "विओसवियं वा पुणो उदीरित्तए" (कस ६, १; ४, ५ टि) ।

विओसिज्जा अ [**व्युत्सृज्य**] परित्याग कर; (आचा १, ६, २, १) ।

विओसिय वि [**व्यवसित**] पर्यवसित, समाप्त किया हुआ; (सूअ १, १, ३, ५) ।

विओसिय वि [**विकोशित**] कोश-रहित, निरावरण, नंगा; "विउ(?ओ)सियवरासि—" (पगह १, ३—पत्र ४५) ।

विओसिर देखो **विऊसिर**; (पि २३५) ।

विओह पुं [**विबोध**] जागरण, जागृति; (भवि) ।

विंख न [**दे**] वाद्य-विशेष; (राज) ।

विंचिणिअ वि [**दे**] १ पाटित, विदारित; २ धारा; (दे ७, ६३) ।

विंचुअ पुं [**वृश्चिक**] जन्तु-विशेष, बिच्छू; (हे १, १२८; २, १६; ८९) ।

विंछ अक [**वि+घट्**] अलग होना । विंछइ; (प्राकृ ७१)।

विंछिअ } देखो **विंचुअ**; (हे १, २६; २, १६; सुख
विंछुअ } ३६, १४८; पउम ३९, १७; प्राप्र; प्राकृ २३; गा २३७ अ) ।

विंजण देखो **वंजण**; "तेत्तीसविंजणाइं" (चंड) ।

विंजण देखो **विअण**=व्यजन; गुजराती में 'विंजणो'; (रंभा ३०) ।

विंझ पुं [**विन्ध्य**] १ पर्वत-विशेष, विन्ध्याचल; (गा ११५; णाया १, १—पत्र ६४) । २ व्याध, बहेलिया; (हे १, २५; २, २६; प्राप्र) । ३ एक जैन मुनि; (विसे २५१२) । ४ एक श्रेष्ठि-पुत्र; (सुपा ५७८) ।

विंट सक [**वेष्ट्**] वेष्टन करना, लपेटना, गुजराती में 'विंटवुं' । "विंटइ तं उज्जाणं हयगयरहसुहडकोडीहिं" (सुपा ५७३) । प्रयो—संकृ—**विंटाविउं**; (सुपा १८६) ।

विंट न [**वृन्त**] फल-पत्र आदि का बन्धन; (हे १, १३९; प्राकृ ४; रंभा; प्रासू १०२) ।

विंटल } न [**दे**] १ वशीकरण-क्रिया; "अन्नाइंपि कुंड-
विंटलिअ } लवि(?टलविं)टलाइं करलाघवाइं कम्माइं" (सिरि ५७) । २ निमित्त आदि का प्रयोग; (बृह १), "विंटलियाणि पउजंति" (गच्छ ३, १३) ।

विंटलिआ स्त्री [**दे**] गठरी, पोटली; गुजराती में 'विंटलु'; "ताव कुमरेण खित्ता तम्मुरमा वत्थविंटलिया", "तीए विंटलियाए" (सुपा २६१) ।

विंटिया स्त्री [**दे**] १ गठरी, पोटली; (सुख २, ५; उप १४२ टी) । २ मुद्रिका, अंगुलीयक, गुजराती में 'वींटी'; "उच्चारोवरि मुक्का कणयमयविंटिया नियया" (सुपा ६११), "पडिवन्नाओ मणिविंदि(?टि)याहि तह अंगुलीओ त्ति" (स ७६) ।

विंतर पुं [**व्यन्तर**] १ बिच्छू आदि दुष्ट जन्तु; (उप ५६४), "दुट्ठाण को न बीहइ विंतरसप्पाण व खलाणं" (वज्जा १२) । २ एक देव-जाति; "निस्सूगाणं नराणं हि विंतरा अवि किंकरा" (श्रा १२; दं २) ।

विंताकी स्त्री [**वृन्ताकी**] बैंगन का गाछ; (सण) ।

विंद सक [**विद्**] १ जानना । २ प्राप्त करना । "धम्मं च जे विंदति तत्थ तत्थ" (सूअ १, १४, २७) । वकृ—**विंदमाण**; (णाया १, १—पत्र २९; विपा १, २—पत्र ३४) ।

विंद देखो **वंद**=वृन्द; (भवि; पि ३६८) ।

विंदारग } देखो **वंदारय**; (सुपा ५०३; नाट—शकु
विंदारय } ८८) । °**वर** पुं [°**वर**] इन्द्र; (सम्मत ७५) ।

विंदावण पुंन [**वृन्दावन**] मथुरा का एक वन; (ती ७) ।

विंदुरिल्ल वि [**दे**] १ उज्ज्वल, देदीप्यमान; २ मंजुल घोष वाला, कल-कंठ; ३ विद्राण, म्लान; ४ विस्तृत; "घंटाहिं विंदुरिल्लासुरतरुणीविमाणाणुसारं लहंती" (कप्पू) ।

विंद्र देखो **वंद्र**; (प्राकृ ३६) ।

विंद्रावण देखो **विंदावण**; (प्राकृ ३६) ।

विंध सक [**व्यध्**] बींधना, छेदना, बेधना । विंधइ, विंधेज्जा; (पि ४८९; भग) । वकृ—**विंधंत**; (सुर २, ९३) । संकृ—**विंधिअ**; (नाट—मृच्छ २१३) । हेकृ—**विंधिउं**; (स ६२) । कृ—**विंधेयव्व**; (सुपा २६६) ।

विंधण न [**व्यधन**] छेदन, बेधना; "लक्खविंधण—" (धर्मवि ५२) ।

विंधिअ वि [**विद्ध**] जो बेधा गया हो वह, छिन्न; (सम्मत १५८) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विंभय देखो **विम्हय**=विस्मय; (भवि)।

विंभर देखो **विम्हर**। विंभरइ; (पि ३१३)।

विंभल वि [विह्वल] व्याकुल, घबड़ाया हुआ; "विसविंभल—" (उप ५६७ टी; कुप्र ६०; पिंड ५६८; भवि; ओघ ७३)।

विंभिअ वि [विस्मित] आश्चर्य-चकित; "ओधुणइ दीवओ विंभ (?भि)ओ व्व पवणाहओ सीसं" (वज्जा ६६; भवि)।

विंभिअ देखो **विअंभिअ**; "सोहग्गविंभियासाए" (वज्जा ८६)।

विंसदि (शौ) स्त्री [विंशति] बीस, २०; (प्रयौ २०)।

विकंथ सक [वि+कत्थ्] प्रशंसा करना। विकंथइज्जा; (सुअ १, १४, २१)।

विकंप अक [वि+कम्प्] हिल जाना, चलित होना। वकृ—**विकंपमाणो**; (सूअ १, १४, १४)।

विकंप सक [वि+कम्पय्] १ हिलाना, चलाना। २ त्याग करना, छोड़ना। ३ अपने मंडल से बाहर निकलना। ४ भीतर प्रवेश करना। विकंपइ; (सुज्ज १, १)। संकृ—**विकंपइत्ता**; (सुज्ज १, ६)।

विकंप वि [विकम्प] कम्प, हिलन; (पंचा १८, १५)।

विकच वि [विकच] विकसित, प्रफुल्ल; (दे ७, ८६)।

विकट्ट सक [वि+कृत्] काटना। वकृ—**विकट्टंत**; (संथा ६६)।

विकट्टिय वि [विकृत्त] काटा हुआ; (तंदु ४४)।

विकट्ठ देखो **विअट्ठ**; (राज)।

विकड्ढ सक [वि+कृष्] खींचना। विकड्ढ; (पण्ह १, १—पत्र १८)। वकृ—**विकड्ढमाण**; (उवा)।

विकत्त देखो **विकट्ट**। विकत्तंति; (सूअ १, ५, २, २), विकत्ताहि; (पण्ह १, १—पत्र १८)।

विकत्तु वि [विकर्तृ] विक्षेपक, विनाशक; "अप्पा कत्ता विकत्ता य दुक्खाण य सुहाण य" (उत्त २०, ३७)।

विकत्थ देखो **विकंथ**। विकत्थइ, विकत्थसि; (उव; कुप्र १२५)। वकृ—**विकत्थंत**; (सुपा ३१६)।

विकत्थण न [विकत्थन] १ प्रशंसा, श्लाघा; २ वि. प्रशंसा-कर्ता; (पुप्फ ३३०; धर्मवि ३६)।

विकत्थणा स्त्री [विकत्थना] प्रशंसा, श्लाघा; (पिंड १२८)।

विकप्प देखो **विअप्प**; (कस; पंचभा)।

विकप्पण न [विकल्पन] छेदन, काटना; "पओउ(?पउ)-लया-विकप्पणाणि य" (पण्ह १, १—पत्र १८)।

विकप्पणा देखो **विअप्पणा**; (गाया १, १६—पत्र २१८)।

विकप्पिय देखो **विगप्पिअ**; (राज)।

विकय देखो **विगय**=विकृत; (पण्ह १, १—पत्र १३; १, ३—पत्र ४५)।

विकय देखो **विकच**; (पिंग)।

विकर सक [वि+कृ] विकार पाना। कवकृ—**विकीरंत**; (अच्चु ४७)।

विकरण न [विकरण] विक्षेपण, विनाश; "कम्मरयविकरण-करं" (गाया १, ८—पत्र १५२)।

विकराल देखो **विगराल**; (दे; राज)।

विकल देखो **विअल**=विकल; "कला अ-विकला तुज्झ" (कुप्र ८; सिरि २२३; पंचा ६, ३६)। देखो **विगल**=विकल।

विकस देखो **विअस**। विकसइ; (षड्)।

विकसिय देखो **विअसिअ**; (कप्प)।

विकहा देखो **विगहा**; (सम ४६)।

विकारिण वि [विकारिन्] विकार-युक्त; "बालो अ-विका-रिणा अबुद्धीओ" (पउम २६, ६०)।

विकासर देखो **विआसर**; (हे १, ४३)।

विकिइ देखो **विगइ**=विकृति; (विसे २९६८)।

विकिंचण देखो **विगिंचण**; (ओघभा २०६ टी)।

विकिंचणया देखो **विगिंचणया**; (ओघभा २०६ टी; ठा ८ टी—पत्र ४४१)।

विकिट्ठ वि [विकृष्ट] १ उत्कृष्ट; "विकिट्ठतवसोसियंगो" (महा)। २ न. लगा तार चार दिनों का उपवास; (संबोध ५८)। देखो **विगिट्ठ**।

विकिण सक [वि+क्री] बेचना। विकिणइ; (हे ४, ५२)।

विकिणण न [विक्रयण] विक्रय, बेचना; (कुमा)।

विकिण्ण वि [विकीर्ण] १ व्याप्त, भरा हुआ; (भग)। २—देखो **विइण्ण**, **विकिन्न**=विकीर्ण; (दे)।

विकिदि देखो **विगइ**=विकृति; (प्राकृ १२)।

विकिन्न वि [विकीर्ण] १ आकृष्ट; (पण्ह १, १—पत्र १८)। २—देखो **विइण्ण**=विकीर्ण; (पण्ह १, ३—पत्र ४५)।

विकिय देखो **विगिय**; (ओघभा २८६ टी)।

विकिर अक [वि+कृ] १ बिखरना। २ सक. फेंकना। ३ हिलाना। कवकृ—**विइज्जंत**, **विकिरिज्जमाण**; (गउड ३३४; राज)।

विकिरण देखो **विकरण**; (तंदु ४१)।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विकिरिया स्त्री [**विक्रिया**] १ विविध क्रिया; २ विशिष्ट क्रिया; (राज)। देखो **विक्किरिया** ।

विकीण देखो **विकिण** । विकीणइ, विकीणए; (षड्)।

विकीरंत देखो **विकर** ।

विकुच्छिअ वि [**विकुत्सित**] खराब, दुष्ट; (भवि)।

विकुज्ज सक [**विकुब्जय्**] कुब्ज करना, दबाना । संकृ— **विकुज्जिय**; (आचा २, ३, २, ६)।

विकुप्प अक [**वि+कुप्**] कोप करना । विकुप्पए; (गा ६६७)।

विकुव्व देखो **विउव्व**=वि+कृ, कुर्व् । विकुव्वंति; (पि ५०८)। भूका—विकुव्विंसु; (पि ५१६)। भवि—विकुव्विस्संति; (पि ५३३)। वकृ — **विकुव्वमाण**; (ठा ३, १—पत्र १२०)।

विकुस पुं [**विकुश**] वल्वज आदि तृण; (औप; णाया १, १ टी—पत्र ६)।

विकूड सक [**वि+कूटय्**] प्रतिघात करना । विकूडे; (विसे ९३३)।

विकूण सक [**वि+कूणय्**] घृणा से मुँह मोड़ना । विकूणेइ; (विवे १०६)।

विकोअ पुं [**विकोच**] विस्तार, फैलाव; (धर्मसं ३६५ ; भग ५, ७ टी—पत्र २३६)।

विकोव देखो **विगोव** । "जो पवयणं विकोवइ सो नेओ दीहसंसारी" (चेइय ८३०)।

विकोवण न [**विकोपन**] विकास, प्रसार, फैलाव; "सीसमइविकोवणट्ठाए" (पिंड ६७)।

विकोवणया स्त्री [**विकोपना**] विपाक; "इंदिअत्थविकोवणयाए" (ठा ६—पत्र ४४६)।

विकोविय वि [**विकोविद**] कुशल, निपुण; (पिंड ४३१)।

विकोस वि [**विकोश**] कोश-रहित; (तंदु २०)।

विको, **विकोसाय** } अक [**विकोशय्**] १ कोश-रहित होना, विकसना; २ फैलना । विकोसइ; (हे ४, ४२)। वकृ—**विकोसायंत**; (पग्ह १, ४—पत्र ७८)।

विकोसिअ वि [**विकोशित**] १ विकसित; (कुमा)। २ कोश-रहित, नंगा; (णाया १, ८—पत्र १३३)।

विक्क सक [**वि+क्री**] बेचना । वकृ —**विक्कंत**; (पउम २६, ६)। कवकृ—**विक्कायमाण**; (दस ५, १, ७२)।

विक्कअ पुं [**विक्रय**] बेचना; (अभि १८४; गउड; सं ४६)।

विक्कअ देखो **विक्कव**; (षड्)।

विक्कइ वि [**विक्रयिन्**] बेचने वाला; (दे २, ९८)।

विक्कंत देखो **विक्क** ।

विक्कंत वि [**विक्रान्त**] १ पराक्रमी, शूर; (णाया १, १—पत्र २१; विसे १०५९; प्रासू १०७; कप्प)। २ पुं. पहली नरक-भूमि का बारहवाँ नरकेन्द्रक—नरक-स्थान विशेष; (देवेन्द्र ५)।

विक्कंति स्त्री [**विक्रान्ति**] विक्रम, पराक्रम; (णाया १, १६—पत्र २११)।

विक्कंभ देखो **विक्खंभ**=विष्कम्भ; (देवेन्द्र ३०९)।

विक्कणण न [**विक्रयण**] विक्रय, बेचना; (सुपा ६०९; सट्ठि ९ टी)।

विक्कम अक [**वि+क्रम्**] पराक्रम करना, शूरता दिखलाना । भवि—विक्कमिस्सदि (शौ); (पार्थ ६)।

विक्कम पुं [**विक्रम**] १ शौर्य, पराक्रम; (कुमा)। २ सामर्थ्य; (गउड)। ३ एक राजा का नाम; (सुपा ५६९)। ४ राजा विक्रमादित्य; (रंभा ७)। °**जस** पुं [°**यशस्**] एक राजा; (महा)। °**पुर** न [°**पुर**] एक नगर का नाम; (ती २१)। °**राय** पुं [°**राज**] एक राजा; (महा)। °**सेण** पुं [°**सेन**] एक राज-कुमार; (सुपा ५९२)। °**इच्च**, °**इत्त** पुं [°**ादित्य**] एक सुप्रसिद्ध राजा; (गा ४६४ अ; सम्मत्त १४६; सुपा ५९२; गा ४६४)।

विक्कमण पुं [**दे**] चतुर चाल वाला घोड़ा; (दे ७, ६७)।

विक्कमि वि [**विक्रमिन्**] पराक्रमी, शूर; (कुमा)।

विक्कव वि [**विक्लव**] व्याकुल, बेचैन; (पव १६९; प्राप्र; संबोध २१)।

विक्कायमाण देखो **विक्क** ।

विक्कि देखो **विक्कइ**; "ते नाणविक्किणो पुण मिच्छत्तपरा, न ते मुणिणो" (संबोध १६)।

विक्किंत वि [**विकृत्त**] छिन्न, काटा हुआ; (पग्ह १, ३—पत्र ५४)।

विक्किट्ठ देखो **विकिट्ठ**; (संबोध ५८)।

विक्किण सक [**वि+क्री**] बेचना । विक्किणइ; (प्राप्र)। कर्म—विक्किणीअंति; (पि ५४८)। वकृ— **विक्किणंत**, **विक्किणिंत**; (पि ३९७; सुपा २७६)। संकृ— **विक्किणिअ**; (नाट—मृच्छ ६५)।

विक्किणिअ, **क्कय** } वि [**विक्रीत**] बेचा हुआ; (सुपा ६४२; भवि)।

विक्किय देखो **विउव्व**=वैक्रिय; "कयविक्कियरूवो सुरो व्व

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लक्खियसि" (सुपा १८७), "कयविक्किय-कम्रो देवुव्व" (सम्मत्त १०४)।

विक्किरिया स्त्री [**विक्रिया**] विकृति, विकार; "तीए नयणाइएहिं विकिकिरियं कुणइ" (सुपा ५१४)। देखो **विकिरिया**।

विक्कीय देखो **विक्किय**=विक्रीत; (सुर ६, १६५; सुपा ३८५)।

विक्के सक [**वि+क्री**] बेचना। विक्केइ, विक्केअइ; (हे ४, ५२; प्राप्र; धोत्वा १५२)। कृ—**विक्केज्ज**; (दे ६, ४०; ७, ६६)।

विक्केणुअ वि [**दे**] विक्रेय, बेचने योग्य; (दे ७, ६६)।

विक्कोण पुं [**विकोण**] विकूणन, घृणा से मुँह सिकुड़ना; (दे ३, २८)।

विक्कोस सक [**वि+क्रुश्**] चिल्लाना। विक्कोश (मा); (मृच्छ २७)।

विक्खंभ पुं [**दे**] १ स्थान, जगह; (दे ७, ८८)। २ अंतराल, बीच का भाग; (दे ७, ८८; से ६, ५७)। ३ विवर, छिद्र; (से ३, १४)।

विक्खंभ पुं [**विष्कम्भ**] १ विस्तार; (पराण १—पत्र ५२; ठा ४, २—पत्र २२६; दे ७, ८८; पाअ)। २ चौडाई; "जंबुद्दीवे दीवे एगं जोयणसहस्सं आयामविक्खंभेण पराणत्ते" (सम २)। ३ बाहल्य, स्थूलता, मोटाई; (सुज्ज १, १—पत्र ७)। ४ प्रतिबन्ध, निरोध; (सम्यक्त्वो ८)। ५ नाटक का एक अंग; (कप्पू)। ६ द्वार के दोनों तर्फ के खम्भों के बीच का अन्तर; (ठा ४, २—पत्र २२५)।

विक्खंभिअ वि [**विष्कम्भित**] निरुद्ध, रोका हुआ; (सम्यक्त्वो ८)।

विक्खण न [**दे**] कार्य, काम, काज; (दे ७, ६४)।

विक्खय वि [**विक्षत**] व्रण-युक्त, कृत-व्रण; (भग ७, ६—पत्र ३०७)।

विक्खर सक [**वि + कॄ**] १ छितरना, तितर-बितर करना। २ फैलाना। ३ इधर उधर फेंकना। विक्खरइ; (कप्पू), विक्खरेज्जा; (उवा २०० टि)। कवकृ—**विक्खरिज्जमाण**; (राज)।

विक्खवण न [**विक्षपण**] १ विनाश; २ वि. विनाशक; "वज्जं असंखपडिवक्खविक्खवणं" (सुपा ४७)।

विक्खाइ स्त्री [**विख्याति**] प्रसिद्धि; (भवि)।

विक्खाय वि [**विख्यात**] प्रसिद्ध, विश्रुत; (पाअ; सुर १, ४६; रंभा; महा)।

विक्खास वि [**दे**] विरूप, खराब, कुत्सित; (दे ७, ६३)।

विक्खिण्ण वि [**दे**] १ आयत, लम्बा; २ अवतीर्ण; ३ न. जघन; (दे ७, ८८)।

विक्खिण्ण देखो **विकिण्ण**; (कस)।

विक्खित्त वि [**विक्षिप्त**] १ फेंका हुआ; (पाअ; कस; गउड)। २ भ्रान्त, पागल; "पसुत्तविक्खित्तजणे परियणे" (उप ७२८ टी; दे १, १३३; महा)।

विक्खिर देखो **विक्खर**। विक्खिरेज्जा; (उवा)।

विक्खिरिअ वि [**विकीर्ण**] बिखरा हुआ, छितरा हुआ, फैला हुआ; (सुर ५, २०६; सुपा २४६; गउड)।

विक्खिव सक [**वि + क्षिप्**] १ दूर करना। २ प्रेरना। ३ फेंकना। विक्खिवइ; (महा)।

विक्खिवण न [**विक्षेपण**] १ दूरीकरण; २ प्रेरणा; (पव ६४)।

विक्खेव पुं [**विक्षेप**] १ क्षोभ; "छोहो विक्खेवो" (पाअ)। २ उचाट, ग्लानि, खेद; (से ५, ३)। ३ ऊँचा फेंकना, ऊर्ध्व-क्षेपण; (ओघभा १६३)। ४ फेंकना, क्षेपण; (गा ५८२)। ५ शृंगार-विशेष, अवज्ञा से किया हुआ मण्डन; (पराह २, ४—पत्र १३२)। ६ चित्त-भ्रम; (स २८२)। ७ विलंब, देरी; (स ७३५)। ८ सैन्य, लश्कर; (स २४; ५७३)।

विक्खेवणी स्त्री [**विक्षेपणी**] कथा का एक भेद; (ठा ४, २—पत्र २१०)।

विक्खेविया स्त्री [**विक्षेपिका**] व्याक्षेप, विक्षेप; (वव ६)।

विक्खोड सक [**दे**] निन्दा करना; गुजराती में 'वखोडवु'। विक्खोडेइ; (सिरि ८२५)।

विखंडिय वि [**विखण्डित**] खण्डित किया हुआ; (पउम २२, ६२)।

विग देखो **विअ**=वृक; (पराह १, १—पत्र ७; सण; णाया १, १—पत्र ६५)।

विगइ स्त्री [**विकृति**] १ विकार-जनक घृत आदि वस्तु; (णाया १, ८—पत्र १२२; उव; सं ७२; श्रा २०)। २ विकार; (उत्त ३२, १०१)।

विगइ स्त्री [**विगति**] विनाश; (विसे २१४६)।

विगइंगाल वि [**विगताङ्गार**] राग-रहित; (ओघ ५७६)।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विगइच्छ वि [**विगतेच्छ**] इच्छा-रहित, निःस्पृह; (उप १३० टी; ६१३) ।

विगंच देखो **विगिंच** । संकृ— **विगंचिउं, विगंचिऊण;** (वव २; संबोध ५७) ।

विगंचण देखो **विगिंचण;** "काए कंड्डयणं वज्जे तहा खेल-विगंचणं" (संबोध ३) ।

विगंचिअ देखो **विइंचिअ;** (स १३५ टि) ।

विगच्छ अक [**वि+गम्**] नष्ट होना । वकृ—**विगच्छंत;** (सम्म १३४) ।

विगज्झ देखो **विगह=वि+ग्रह्** ।

विगड देखो **विअड=विकट;** (पराह १, ४—पत्र ७८; औप) ।

विगड देखो **विअड=विवृत;** (ठा ३, १ टी—पत्र १२२) ।

विगण सक [**वि+गणय्**] १ निन्दा करना, २ घृणा करना । कवकृ—**विगणिज्जंत;** (तंदु १४) ।

विगत्त सक [**वि+कृत्**] काटना, छेदना । संकृ— **विगत्तिऊणं;** (सूअ १, ५, २, ८) ।

विगत्त वि [**विकृत्त**] काटा हुआ, छिन्न; (पराह १, १—पत्र १८) ।

विगत्तग वि [**विकर्तक**] काटने वाला; (सूअ २, २, ६२) ।

विगत्तणा स्त्री [**विकर्तना**] छेदन; (उव) ।

विगत्थय वि [**विकत्थक**] प्रशंसा करने वाला, आत्म-श्लाघा करने वाला; (भवि) ।

विगप्प देखो **विअप्प** = वि + कल्पय् । वकृ—**विगप्पयंत, विगप्पमाण;** (सुर ६, २२४; ३, १२४) ।

विगप्प पुं [**विकल्प**] १ एक पक्ष में प्राप्ति; "चसद्दो विगप्पेणं" (पंच ३, ४४) । २—देखो **विअप्प=विकल्प;** (गाया १, १६—पत्र २१८; सुर ३, १०२; ४, २२२; सुपा १२६; जी २५) ।

विगप्पण देखो **विअप्पण;** (उत्तर २३, ३२; महा) ।

विगप्पिअ वि [**विकल्पित**] १ उत्प्रेक्षित, कल्पित; (पव २; उव) । २ चिन्तित, विचारित; (पव १४५) । ३ काटा हुआ, छिन्न; "हत्थपायपडिच्छिन्नं कन्ननासविगप्पिअं" (दस ८, ५६) ।

विगम पुं [**विगम**] विनाश; (सुर ७, २२६; १२, १६) ।

विगय वि [**विकृत**] विकार-प्राप्त; (गाया १, २—पत्र ७६; १, ८—पत्र १३३) ।

विगय वि [**विगत**] १ नाश-प्राप्त, विनष्ट; (सम्म १३४; विसे ३३७७; पिंड ६१०) । २ पुं. एक नरक-स्थान; (देवेन्द्र २६) । °**धूम** वि [°**धूम**] द्वेष-रहित; (ओघ ५७६) । °**सोग** पुं [°**शोक**] एक महा-ग्रह, ज्योतिष्क देव-विशेष; (ठा २, ३—पत्र ७८), देखो **वीअ-सोग** । °**सोगा** स्त्री [°**शोका**] विजय-विशेष की एक नगरी; (ठा २, ३—पत्र ८०) ।

विगरण न [**विकरण**] परिष्ठापन, परित्याग; (कस) ।

विगरह सक [**वि+गर्ह्**] निन्दा करना । वकृ—**विगरहमाण;** (सूअ २, ६, १२) ।

विगराल वि [**विकराल**] भीषण, भयंकर; (सुपा १८२; ५०५; सण) ।

विगल सक [**वि+गल्**] टपकना, चूना । विगलइ; (षड्) ।

विगल पुं [**विकल**] १ विकलेन्द्रिय —दो, तीन या चार ज्ञानेन्द्रिय वाला जन्तु; (कम्म ३, ११; ४, ३; १५; १६; जी ४१) । २—देखो **विअल=विकल;** (उव; उप पृ १८१; पंचा १४, ४७) । °**देस** पुं [°**देश**] नय-वाक्य; (अज्झ ६२) ।

विगलिंदिय पुं [**विकलेन्द्रिय**] दो, तीन या चार इन्द्रिय वाला जन्तु; (ठा २, २; ३, १—पत्र १२१) ।

विगस अक [**वि+कस्**] खिलना, फूलना । विगसंति; (तंदु ५३) । वकृ—**विगसंत;** (गाया १, १—पत्र १६) ।

विगह सक [**वि+ग्रह्**] १ लड़ाई करना । २ वर्ग-मूल निकालना । ३ समास आदि का समानार्थक वाक्य बनाना । संकृ—"भूओ भूओ **विगज्झ** मूलतिगं" (पंच २, १८) ।

विगह देखो **विग्गह;** "हासदवविवज्जिए विगहमुक्के" (गच्छ २, ३३) ।

विगहा स्त्री [**विकथा**] शास्त्र-विरुद्ध वार्ता, स्त्री आदि की अनुपयोगी बात; (भग; उव; सुर १४, ८८; सुपा २५२; गच्छ १, ११) ।

विगाढ वि [**विगाढ**] १ विशेष गाढ, अतिशय निबिड; (उत्त १०, ४ टी) । २ चारों ओर से व्याप्त; (राज) ।

विगाण न [**विगान**] १ वचनीय, लोकापवाद; (दे ३, ३) । २ विप्रतिपत्ति, विरोध; (धर्मसं २६६; चेइय ७५६) ।

विगार पुं [**विकार**] विकृति, प्रकृति का अन्यथा परिणाम; (उप ६८६ टी; विसे १६८८) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विगारि वि [**विकारिन्**] विकृत होने वाला ; (पिंड २८०; पउम १०१, ४८) ।

विगाल देखो **विआल**=विकाल; (सुर १, ११७) ।

विगालिय वि [**विगालित**] विलम्बित, प्रतीक्षित; "एत्तिय-मेत्तं कालं विमा (?गा)लियं जेण आसाए" (सुर ६, २३)।

विगाह सक [**वि+गाह्**] १ अवगाहन करना । २ प्रवेश करना । संकृ—**विगाहिआ**; (सम ५०) ।

विगिंच सक [**वि+विच्**] १ पृथक् करना, अलग करना । २ परित्याग करना । ३ विनाश करना । विगिंचइ, विगिंचए, विगिंचंति; (आचा; कस; श्रावक २९२ टी; सूअ १, १, ४, १२; पिंड ३९९), विगिंच; (सूअ १, १३, २१; उत्त ३, १३ ; पिंड ३९५) । वकृ—**विगिंचंत**, **विगिंच-माण**; (श्रावक २९२ टी; आचा) । संकृ—**विगिंचिऊणं**; **विगिंचित्ता**; (पिंड ३०५; आचा) । हेकृ—**विगिंचिउं**; (पिंड ३९८) । कृ—**विगिंचियव्व**; (पि ५७०) ।

विगिंचण न [**विवेचन**] परिष्ठापन, परित्याग; (पिंड ४८३ ; कस) ।

विगिंचणया, **विगिंचणा**, **विगिंचणिआ** स्त्री [**विवेचना**] १ निर्जरा, विनाश; (ठा ८—पत्र ४४१) । २ परित्याग; (ओघभा २०९ ; स ५१ ; ओघ ६०६ ; ८७) ।

विगिच्छा स्त्री [**विचिकित्सा**] संदेह, संशय, वहम ; (श्रा ३; पडि) ।

विगिट्ठ देखो **विकिट्ठ**; "अन्ने तवं विगिट्ठं काउं थोवावसेस-संसारा" (पउम २, ८३; ४, २७; गच्छ २, २५; उत्त ३६, २५३) । °**खमग** पुं [°**क्षपक**] तपस्वी साधु; (राज)। °**भत्तिय** वि [°**भक्तिक**] लगातार चार या उससे अधिक दिनों का उपवास करने वाला; (कप्प) ।

विगिय देखो **विगय**=विकृत; (ओघभा २८६) ।

विगिला, **विगिलाअ** अक [**वि+ग्लै**] विशेष ग्लान होना, खिन्न होना । विगिलाइ, विगिलाएज्जा ; (पि १३६ ; आचा २, २, ३, २८) ।

विगुण वि [**विगुण**] १ गुण-रहित; (सिरि १२३३; प्रासू ७१) । २ अननुगुण, प्रतिकूल; (पंचा ६, ३२) ।

विगुत्त वि [**विगुप्त**] १ तिरस्कृत, अवधीरित ; (श्रा १२)। २ जो खुला पड़ गया हो वह, जिसकी पोल खुल गई हो वह, जिसकी फजीहत हुई हो वह ; "सदुक्कयविगुत्तो" (श्रा १४; धर्मवि ७७) ।

विगुप्प° देखो **विगोव** ।

विगुव्वणा देखो **विउव्वणा**; (ठा १—पत्र १९) ।

विगुव्विय देखो **विउव्विअ**; (पउम ३९, ३२) ।

विगोइय वि [**विगोपित**] जिसका दोष प्रकट किया गया हो वह; (सण) ।

विगोव सक [**वि+गोपय्**] १ प्रकाशित करना । २ तिर-स्कार करना । ३ फजीहत करना । भवि—"न खु न खु चउवेयपुत्तगो भोदुं सुद्ददिक्खं पवज्जिय अप्पाणं विगोविस्स" (मोह १०) । कर्म—विगुप्पइ; (धर्मवि १३४), विगु-प्पहि (अप); (भवि) । संकृ—**विगोवित्ता**, **विगोव-इत्ता**; (कप्प; णाया १, १६—पत्र २४४) ।

विगोवण न [**विकोपन**] विकास; "तहवि य दंसिज्जंतो सीय-मइविगोवणमदुट्ठा" (श्रावक २२८) ।

विग्गह पुं [**विग्रह**] १ वक्रता, बाँक; (ठा २, ४—पत्र ८६)। २ शरीर, देह; (पाअ; स ७२६; सुपा १९) । ३ युद्ध, लड़ाई; (स ६३४) । ४ समास आदि के समान अर्थ वाला वाक्य; (विसे १००२) । ५ विभाग; (ठा १०)। ६ आकृति, आकार; "वरवइरविग्गहए" (भग ३, ८)। °**गइ** स्त्री [°**गति**] बाँक वाली गति, वक्र गति; (ठा २, १—पत्र ५५; भग) ।

विग्गहिय वि [**वैग्रहिक**] शरीर के अनुरूप; "विग्गहिय-उन्नयकुच्छी" (पराह १, ४—पत्र ७८) ।

विग्गहीअ वि [**विग्रहिक**] युद्ध-प्रिय; "जं विग्गहीए अनाय-भासी" (सूअ १, १३, ६) ।

विग्गाहा (अप) स्त्री [**विगाथा**] छन्द-विशेष; (पिंग)।

विग्गुत्त वि [**दे**] व्याकुल किया हुआ ; (भवि) ।

विग्गुत्त देखो **विगुत्त**; (धर्मवि ५८; ६८) ।

विग्गोव देखो **विगोव** । संकृ—**विग्गोवित्ता** ; (कप्प; औप) ।

विग्गोव पुं [**दे**] आकुलता, व्याकुलता ; (दे ७, ६४; भवि; वज्जा ३२) ।

विग्गोवणया स्त्री [**विगोपना**] १ तिरस्कार ; २ फजीहत; (उव) ।

विग्घ पुंन [**विघ्न**] १ अन्तराय, व्याघात, प्रतिबन्ध ; (सुपा ३९५; कुमा; प्रासू ५४; १३५; कप्प; कम्म १, ६१; प्रइ) । २ कर्म-विशेष, आत्मा की वीर्य, दान आदि शक्तिओं का घातक कर्म; (कम्म १, ५२; ५३) । °**कर** वि [°**कर**] प्रति-बन्ध-कर्त्ता; (कम्म १, ६१) । °**ह** वि [°**घ्न**] विघ्न-

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुस्तकालय गुरुकुल कांगड़ी

नाशक; (श्रु ७५)। °ग्वह वि [°ग्वह] विघ्न वाला; (सुर १, ४३)।

विग्घर वि [**विगृह**] गृह-रहित; "तह उग्घरविग्घरनिरंगणोवि न य इच्छियं लहइ" (गाया १, १० टी—पत्र १७१)।

विग्घिय वि [**विघ्नित**] विघ्न-युक्त; (हम्मीर १४)।

विग्घुट्ठ वि [**विघुष्ट**] चिल्लाया हुआ; (विपा १, २—पत्र २६)। देखो **विग्घुट्ठ**।

विघट्ट सक [**वि+घट्टय्**] १ वियुक्त करना। २ विनाश करना। विघट्टेइ; (उव)।

विघट्टण न [**विघट्टन**] विनाश; (नाट)।

विघडण देखो **विहडण**; (राज)।

विघत्थ वि [**विघस्त, विग्रस्त**] १ विशेष रूप से भक्षित; २ व्याप्त; "वाहिविघत्थस्स मत्तस्स" (महा; प्राप)।

विघर देखो **विग्घर**; (उत्र)।

विघाय पुं [**विघात**] विनाश; (कुमा)।

विघायग वि [**विघातक**] विनाश-कर्ता; (धर्मसं ५२६)।

विघुट्ठ न [**विघुष्ट**] विरूप आवाज करना; (पराह १, ३—पत्र ४५)। देखो **विग्घुट्ठ**।

विघुम्म अक [**वि+घूर्णय्**] डोलना। वकृ—**विघुम्ममाण**; (सुर ३, १०६)।

विचक्खु वि [**विचक्षुष्क**] चक्षु-रहित, अन्धा; (उप ७२८ टी)।

विचच्चिया स्त्री [**विचर्चिका**] रोग-विशेष, पामा; (राज)।

विचलिर वि [**विचलितृ**] चलायमान होने वाला; (सण)।

विचलिय वि [**विचलित**] चंचल बना हुआ; (भवि)।

विचार देखो **विआर=वि+चारय्**। विचारेंति; (मृच्छ १०४)।

विचारग वि [**विचारक**] विचार-कर्ता; (रंभा)।

विचारण देखो **विआरण=विचारण**; (कुप्र ३६७)।

विचारणा देखो **विआरणा=विचारणा**; (धर्मसं ३०६)।

विचाल न [**विचाल**] अन्तराल; (दे ७, ८८)।

विचिअ वि [**विचित**] चुना हुआ; (दे ७, ६१)।

विचिंत सक [**वि+चिन्तय्**] विचार करना। विचिंतेइ; (महा)। वकृ—**विचिंतेंत**; (सुर १२, १६६)। कृ—**विचिंतियव्व, विचिंतिज्ज**; (पंचा ६, ४६; द्रव्य ५०)।

विचिंतण न [**विचिन्तन**] विचार, विमर्श; (श्रु ६)।

विचिंतिअ वि [**विचिन्तित**] विचारित; (सुर ८, ३)।

विचिंतिर वि [**विचिन्तयितृ**] विचार-कर्ता; (श्रा १२; सण)।

विचिगिच्छा स्त्री [**विचिकित्सा**] संशय, धर्म-कार्य के फल की तरफ संदेह; (सम्मत्त ६५)।

विचिट्ठिअ वि [**विचेष्टित**] १ जिसकी कोशिश की गई हो वह; (सुपा ४७०)। २ न. चेष्टा, प्रयत्न; (उप ३२० टी)।

विचिण, **विचिण्ण** } सक [**वि+चि**] १ खोज करना। २ फूल आदि चुनना। विचिणंति; (पि ५०२)। वकृ—**विचिण्णंत**; (मा ४६)।

विचित्त वि [**विचित्र**] १ विविध, अनेक तरह का; "विचित्ततवोकम्मेहिं" (महा; राय; प्रासू ४२)। २ अद्भुत, आश्चर्यकारक; "विहिणो विचित्तयं जाणिऊण" (सुर १३, ४)। ३ अनेक रँग वाला, शबल; (गाया १, ६; कप्प)। ४ अनेक चित्रों से युक्त; (कप्प; सुज्ज २०)। ५ पुं. पर्वत-विशेष; (पराह १, ५—पत्र ६४)। ६ वेणुदेव और वेणुदारि-नामक इन्द्रों का एक लोकपाल; (ठा ४, १—पत्र १६७)। °**कूड** पुं [°**कूट**] शीतोदा नदी के किनारे पर स्थित पर्वत-विशेष; (इक)। °**पक्ख** पुं [°**पक्ष**] १ वेणुदेव और वेणुदारि-नामक इन्द्रों का एक लोकपाल; (ठा ४, १—पत्र १६७; इक)। २ चतुरिन्द्रिय जंतु की एक जाति; (पराण १—पत्र ४६)।

विचित्ता स्त्री [**विचित्रा**] ऊर्ध्व लोक में रहने वाली एक दिक्कुमारी देवी; (ठा ७—पत्र ४३७)। २ अधोलोक में रहने वाली एक दिक्कुमारी देवी; (राज)।

विचित्तिय वि [**विचित्रित**] विचित्रता से युक्त; (सण)।

विचुणिद (शौ) देखो **विचिअ**; (नाट—मालती १४१)।

विचुन्नण न [**विचूर्णन**] चूर चूर करना, टुकड़ा २ करना; (द्र ३०)।

विचेयण वि [**विचेतन**] चैतन्य-रहित, निर्जीव; (उप पृ ४६)।

विचेल वि [**विचेल**] वस्त्र-वर्जित, नंगा; (पिंड ४७८)।

विच्च सक [**वि+अय्**] व्यय करना। विच्चेइ; (ती ८)। देखो **विव्व**।

विच्च न [**दे. वर्त्मन्**] १ बीच, मध्य; "विच्चम्मि य सज्झाओ कायव्वो परमपयहेऊ" (पुप्फ ४२७), "ठिओ अहं कूडकवाडविच्चे" (निसा १६)। २ मार्ग, रास्ता; (हे ४, ४२१; कुमा; भवि)।

विच्च सक [**दे**] समीप में आना। विच्चइ; (भवि)।

विच्चवण न [**विच्यवन**] भ्रंश, विनाश; (विसे २६१)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विच्चामेलिय वि [**व्यत्याम्रेडित**] १ भिन्न भिन्न अंशों से मिश्रित; २ अस्थान में ही छिन्न हो कर फिर ग्रथित, तोड़ कर साँधा हुआ; (विसे ८५५)।

विच्चाय पुं [**वित्याग**] परित्याग; "पूयम्मि वीयरायं भावो विप्फुरइ विसयविच्चाया" (संबोध ८)।

विच्चि स्त्री [**वीचि**] तरंग, कल्लोल; (पउम १०६, ४१)।

विच्चु } **विच्चुअ** } देखो **विंचुअ**; (उव ५९३; पि ५०; पणण १—पत्न ४६)।

विच्चुइ स्त्री [**विच्युति**] भ्रंश, विनाश; (विसे १८०)।

विच्चोअय न [**दे**] उपधान, ओसीसा; (दे ७, ६८)।

विच्छ° देखो **विअ**=विद्।

विच्छड्ड सक [**वि+छर्दय्**] परित्याग करना। वकृ—**विच्छड्डेमाण**; (णाया १, १८—पत्न २३९)। संकृ—**विच्छड्डइत्ता**; (कप्प)।

विच्छड्ड पुं [**विच्छर्द**] १ ऋद्धि, वैभव, संपत्ति; (पाअ; दे ७, ३२ टी; हे २, ३६; षड्)। २ विस्तार; (कुमा; सुपा १९२)।

विच्छड्ड पुं [**दे**] १ निवह, समूह; (दे ७, ३२; गउड; से २, २; ६, ७२; गा ३८७)। २ ठाटबाट, सजधज, धामधूम; "महया विच्छड्डेणं सोहणलग्गम्मि गुरुपमोएणं। कमलावई उ रन्ना परिणीया" (सुर १, १६९; कुप्र ५१; सम्मत्त १९३; धर्मवि ८२)।

विच्छड्डि स्त्री [**विच्छर्दि**] १ विशेष वमन; २ परित्याग; (प्राप्र)। ३ विस्तार; "निम्मलो केवलालोअलच्छिविच्छि-(?च्छ)ड्डिकारओ" (सिरि १०९१)।

विच्छड्डिअ वि [**विच्छर्दित**] १ परित्यक्त; "पामुक्कं विच्छड्डिअं अवहत्थिअं उज्झिअं चत्तं" (पाअ; णाया १, १; ठा ८; औप)। २ विक्षिप्त, फेंका हुआ; (सूअ २, ७, २)। ३ पुंजीकृत, इकट्ठा किया हुआ; (से १०, ४९)। ४ विच्छादित, आच्छादित; (हम्मीर १७)।

विच्छड्डेमाण देखो **विच्छड्ड**=वि+छर्दय्।

विच्छड्डिअ देखो **विच्छड्डिअ**; (नाट—मालती १२९)।

विच्छय वि [**विक्षत**] विविध तरह से पीड़ित; (सूअ १, २, ३, ५)। देखो **विक्खय**।

विच्छल देखो **विब्भल**; (षड् ४०)।

विच्छवि वि [**विच्छवि**] १ विरूप आकृति वाला, कुडौल; (पणह १, ३—पत्न ५४)। २ पुं. एक नरक-स्थान; (देवेन्द्र २८)।

विच्छाइय वि [**विच्छायित**] निस्तेज किया हुआ; (सुपा १६६)।

विच्छाय वि [**विच्छाय**] निस्तेज, कान्ति-रहित, फीका; (सुर ४, १०९; कप्पू ; प्रासू १३७; महा; गउड)।

विच्छाय सक [**विच्छायय्**] निस्तेज करना। "विच्छाएइ मियंकं तुसारवरिसो अणुगुणोवि" (गउड)। वकृ—**विच्छाअंत**, (कप्पू)।

विच्छिअ वि [**दे**] १ पाटित, विदारित; २ विचित, चुना हुआ; ३ विरल; (दे ७, ९१)।

विच्छिअ देखो **विंछिअ**; (उत्त ३६, १४८; पि ५०; ११८; ३०१)।

विच्छिंद सक [**वि+छिंद्**] तोड़ना, अलग करना। विच्छिंदइ; (पि ५०६)। भवि—विच्छिंदिहिति; (पि ५३२)। वकृ—**विच्छिंदमाण**; (भग ८, ३—पत्न ३६५)।

विच्छिण्ण वि [**विच्छिन्न**] अलग किया हुआ; (विपा १, २ टि—पत्न २८; नाट—मृच्छ ८६)।

विच्छित्ति स्त्री [**विच्छित्ति**] १ विन्यास, रचना; (पाअ; स ६१५; सुपा ५४; ८३; २६०; गउड)। २ प्रान्त भाग; (सुर ३, ७०)। ३ अंगराग; (गा ७८०)।

विच्छिन्न देखो **विच्छिण्ण**; (विपा १, २ टी—पत्न २८)।

विच्छिव सक [**वि+स्पृश्**] विशेष रूप से स्पर्श करना। कवकृ—**विच्छिप्पमाण**; (कप्प; औप)।

विच्छिव सक [**वि+क्षिप्**] फेंकना। संकृ—विच्छिविअ; (नाट—चैत ३८)।

विच्छु } **विच्छुअ** } देखो **विंचुअ**; (गा २३७; जी १८; उत्त ३६, १४८; प्रासू १९; णाया १, ८—पत्न १३३)।

विच्छुडिअ वि [**विच्छुटित**] १ बिछुडा हुआ, जो अलग हुआ हो, विरहित; "जइवि हु कालवसेणं ससी समुद्दाओ कहवि विच्छु-(?च्छु)डिओ" (वज्जा १५६)। २ मुक्त; (राज)।

विच्छुरिअ वि [**दे**] अपूर्व, अद्भुत; (षड्)।

विच्छुरिअ वि [**विच्छुरित**] १ खचित, जड़ा हुआ; "खचिअं विच्छुरिअयं जडिअं" (पाअ)। २ संबद्ध, जोड़ा हुआ; (से १४, ७९)। ३ व्याप्त; (पउम २, १०१; सुपा ६; २१२; सुर २, २२१)।

विच्छुह सक [**वि+क्षिप्**] फेंकना, दूर करना। विच्छुहइ; (से १०, ७३; गा ४२४ अ)। कृ—विच्छुहेअव्व; (से १०, ५३)।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विच्छुह अक [**वि + क्षुभ्**] विक्षोभ करना, चंचल हो उठना। विच्छुहिरे; (हे ३, १४२)।

विच्छूढ वि [**विक्षिप्त**] १ फेंका हुआ, दूर किया हुआ; (से ६, १६)। २ प्रेरित; (पाअ)।

विच्छूढ वि [**दे**] वियुक्त, विरहित, विघटित; "विच्छूढा जूहाओ" (स ६७८)।

विच्छूढव्व देखो **विच्छुह=वि+क्षिप्**।

विच्छेअ पुं [**दे**] १ विलास; २ जघन; (दे ७, ६०)।

विच्छेअ पुं [**विच्छेद**] १ विभाग, पृथक्करण; (विसे १००६)। २ वियोग; (गा ६१३)। ३ अनुबन्ध-विनाश, प्रवाह-निरोध; (कप्पू)।

विच्छेअण न [**विच्छेदन**] ऊपर देखो; (राज)।

विच्छेअय वि [**विच्छेदक**] विच्छेद-कर्ता; (भवि)।

विच्छेइ वि [**विच्छेदिन्**] ऊपर देखो; (कुप्र २२)।

विच्छेइअ वि [**विच्छेदित**] विच्छिन्न किया हुआ; (नाट—विक्र ८२)।

विच्छोइय वि [**दे**] विरहित; (भवि)।

विच्छोड देखो **विच्छोल**। संकृ—**विच्छोडिवि** (अप); (हे ४, ४३६)।

विच्छोम पुं [**दे. विदर्भ**] नगर-विशेष; "विदर्भे विच्छोमो" (प्राकृ ३८)।

विच्छोय पुं [**दे**] विरह, वियोग; (भवि)। देखो **विच्छोह**।

विच्छोल सक [**कम्पय्**] कँपाना। विच्छोलइ; (हे ४, ४६)। वकृ—**विच्छोलंत, विच्छोलिंत**; (कप्पू; सुर १०, १०७; १५, १३)।

विच्छोलिअ वि [**कम्पित**] कँपाया हुआ; (कुमा; गउड)।

विच्छोलिअ वि [**विच्छोलित**] धौत, धोया हुआ; "धोअं विच्छोलिअं" (पाअ)।

विच्छोव सक [**दे**] वियुक्त करना, विरहित करना;
"कालेण रूढपेम्मे परोप्परं हिययनिव्वडियभावे।
अकलुसहियओ एसो विच्छोवइ सत्तसंघाए" (स १८६)।

विच्छोह पुं [**दे**] विरह, वियोग; (दे ७, ६२; हे ४, ३६६)।

विच्छोह पुं [**विक्षोभ**] १ विक्षेप; "जे संमुहागअबोलंतवलिअपिअपेसिअच्छिविच्छोहा" (गा २१०), "पुलइयकवोलमूला विसुक्ककडक्खविच्छोहा" (सम्मत्त १६१)। २ चंचलता; (उप पृ १५८)।

विछल सक [**वि + छलय्**] छलित करना, ठगना। कर्म—विछलिज्जइ; (महा)।

विछोय देखो **विच्छोय**। विछोयइ; (स १८६ टि)।

विजइ वि [**विजयिन्**] विजेता, जीतने वाला; (कप्पू; नाट—विक्र ५)।

विजंभ देखो **विअंभ=वि+जृम्भ्**। वकृ—**विजंभंत**; (काप्र १८६)।

विजढ वि [**वित्यक्त**] परित्यक्त; (उत्त ३६, ८३; सुख ३६, ८३; ओघ ३४६)।

विजण देखो **विअण=विजन**। "लक्खण ! देसो इमो विजणो" (पउम ३३, १३; हे १, १७७; कुमा)।

विजय सक [**वि + जि**] १ जीतना, फतह करना। २ अक. उत्कर्ष से बरतना, उत्कर्ष-युक्त होना। विजयइ; (पव २७६—गाथा १५६६), "विजयंतु ते पएसा विहरेइ जत्थ वीरजिणनाहो" (धर्मवि २२)। कृ—**विजेतव्व** (पै); (कुमा)।

विजय पुं [**विचय**] १ निर्णय, शास्त्र के अर्थ का ज्ञान-पूर्वक निश्चय; (ठा ४, १—पत्र १८८; सुज्ज १०, २२)। २ अनुचिन्तन, विमर्श; (औप)।

विजय पुं [**विजय**] १ जय, जीत, फतह; (कुमा; कम्म १, ५५; अभि ८१)। २ एक देव-विमान; (अनु; सम ५७; ५८)। ३ विजय-विमान-निवासी देवता; (सम ५६)। ४ एक मुहूर्त, अहोरात्र का बारहवाँ या सतरहवाँ मुहूर्त; (सम ५१; सुज्ज १०, १३; कप्प; णाया १, ८—पत्र १३३)। ५ भगवान् नमिनाथजी का पिता; (सम १५१)। ६ भारत वर्ष के बीसवें भावी जिनदेव; (सम १५४; पव ४६)। ७ तृतीय चक्रवर्ती के पिता का नाम; (सम १५२)। ८ आश्विन मास; (सुज्ज १०, १६)। ९ भारत वर्ष में उत्पन्न द्वितीय बलदेव; (सम ८४; १५८ टी; अनु; पव २०६)। १० भारत वर्ष का भावी दूसरा बलदेव; (सम १५४)। ११ ग्यारहवें चक्रवर्ती राजा का पिता; (सम १५२)। १२ एक राजा; (उप ७६८ टी)। १३ एक क्षत्रिय का नाम; (विपा १, १—पत्र ४)। १४ भगवान् चन्द्रप्रभ का शासन-देव; (संति ७)। १५ जंबूद्वीप का पूर्व द्वार; १६ उस द्वार का अधिष्ठाता देव; (ठा ४, २—पत्र २२५)। १७ लवण समुद्र का पूर्व द्वार; १८ उस द्वार का अधिपति देव; (ठा ४, २—पत्र २२६; इक)। १९ क्षेत्र-विशेष, महाविदेह वर्ष का प्रान्त-तुल्य प्रदेश; (ठा ८—पत्र ४३५; इक; जं ४)। २० उत्कर्ष; "जएणं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विजएणं वद्धावेइ" (णाया १,१—पत्र ३०; औप; राय)। २१ पराभव करके ग्रहण करना; (कुमा)। २२ विक्रम की प्रथम शताब्दी के एक जैन आचार्य; (पउम ११८, ११७)। २३ अभ्युदय ; (राय) । २४ समृद्धि; (राज)। २५ धातकी खगड का पूर्व द्वार; (इक)। २६ कालोद समुद्र, पुष्करवर द्वीप तथा पुष्करोद समुद्र का पूर्व द्वार; (राज)। २७ रुचक पर्वत का एक कूट; (ठा ८—पत्र ४३६; इक)। २८ एक राज-कुमार; (धम्म ११)। २९ छन्द-विशेष; (पिंग)। ३० वि. जीतने वाला; "वरतुरए विहगाहिवविजयवेगधरे" (सम्मत्त २१६)। **°चरपुर** न [**°चरपुर**] एक विद्याधर-नगर; (इक)। **°जत्ता** स्त्री [**°यात्रा**] विजय के लिए किया जाता प्रयाण; (धर्मवि ५६)। **°ढक्का** स्त्री [**°ढक्का**] विजय-सूचक भेरी; (सुपा २६८)। **°देव** पुं [**°देव**] अठारहवीं शताब्दी का एक जैन आचार्य; (अज्झ १)। **°पुर** न [**°पुर**] नगर-विशेष; (इक २२३; २२४; ३२६)। **°पुरा, °पुरी** स्त्री [**°पुरी**] पद्मकावती-नामक विजय-क्षेत्र की राजधानी; (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)। **°माण** पुं [**°मान**] एक जैन आचार्य; (द्र ७०)। **°वंत** वि [**°वत्**] विजयी, विजेता; (ति १४)। **°वद्धमाण** पुंन [**°वर्धमान**] ग्राम-विशेष; (विपा १, १)। **°वेजयंती** स्त्री [**°वैजयन्ती**] विजय-सूचक पताका; (औप)। **°सायर** पुं [**°सागर**] एक सूर्यवंशी राजा; (पउम ५, ६२)। **°सिंह, °सीह** पुं [**°सिंह**] १ एक सुप्रसिद्ध प्राचीन जैनाचार्य; (सुपा ६५८)। २ एक विद्याधर राज-कुमार; (पउम ६, १५७)। **°सूरि** पुं [**°सूरि**] चन्द्रगुप्त के समय का एक जैन आचार्य; (धर्मवि ४४)। **°सेण** पुं [**°सेन**] एक प्रसिद्ध जैन आचार्य जो आम्रदेव सूरि के शिष्य थे; (पव २७६—गाथा १५९९)।

विजयंता, विजयंती स्त्री [**वैजयन्ती**] १ पक्ष की आठवीं रात; (सुज्ज १०, १४)। २ एक रानी का नाम; (उप ७२८ टी)।

विजया स्त्री [**विजया**] १ भगवान अजितनाथजी की माता का नाम; (सम १५१)। २ पाँचवें बलदेव की माता; (सम १५२)। ३ अंगारक आदि ग्रहों की एक पटरानी; (ठा ४, १—पत्र २०४)। ४ विद्या-विशेष; (पउम ७, १४१)। ५ पूर्व-रुचक पर रहने वाली एक दिक्कुमारी देवी; (ठा ८—पत्र ४३६)। ६ पाँचवें चक्रवर्ती राजा की पटरानी—स्त्री-रत्न; (सम १५२)। ७ विजय-नामक देव की राजधानी; (सम २१)। ८ वप्रा-नामक विजय की राजधानी; (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)। ९ पक्ष की सातवीं रात; (सुज्ज १०, १४)। १० एक श्रेष्ठिनी; (सुपा ६२९)। ११ भगवान विमलनाथजी की शासन-देवी; (पव २७; संति १०)। १२ भगवान् सुमतिनाथजी की दीक्षा-शिबिका; (सम १५१)। १३ एक पुष्करिणी; (इक)।

विजल वि [**विजल**] १ जल-रहित; (गउड)। २ न. जल-रहित पंक; (दस ५, १, ४)। देखो **विज्जल**।

विजह सक [**वि + हा**] परित्याग करना। विजहइ; (पि ५७७)। संकृ—**विजहित्तु**; (उत्त ८, २)।

विजहणा स्त्री [**विहान**] परित्याग; (ठा ३, ३—पत्र १३९)।

विजाइय वि [**विजातीय**] भिन्न जाति का, दूसरी तरह का; (उप १२८ टी)।

विजाण देखो **विआण**=वि + ज्ञा। संकृ—**विजाणित्ता, विजाणिय**; (कप्प)।

विजाणग, विजाणय वि [**विज्ञायक**] जानने वाला, विज्ञ; (आचा; सूअनि १४५)।

विजाणुअ वि [**विज्ञ, विज्ञायक**] ऊपर देखो; (प्राकृ १८)।

विजादीअ (शौ) देखो **विजाइय**; (नाट—चैत ८८)।

विजाय न [**दे**] लक्ष्य, निशाना; "लक्खं विजायं" (पाअ)।

विजिअ वि [**विजित**] पराभूत, हारा हुआ; (सुर ९, २५; स ७००)।

विजुत्त वि [**वियुक्त**] विरहित; (धर्मसं १७४)।

विजुरि (अप) स्त्री [**विद्युत्**] बिजली; (पिंग)।

विजेट्ठ वि [**विज्येष्ठ**] मध्यम; "जेट्ठ विजेट्ठा कणिट्ठा य" (चेइय १५३)।

विजेतव्व देखो **विजय**=वि + जि।

विजोज सक [**वि + योजय्**] वियोग करना, अलग करना। संकृ—**विजोजिय**; (पंच ५, १२९)।

विजोजिअ वि [**वियोजित**] जुदा किया हुआ; (कुप्र २८८)।

विजोयावइत्तु वि [**वियोजयितृ**] वियोजक, अलग करने वाला; (ठा ४, ३—पत्र २३८; २३९)।

विजोहा स्त्री [**विज्जोहा**] छन्द-विशेष; (पिंग)।

CC-0. In Public Domain

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विज्ज अक [विद्] होना। विज्जइ, विज्जए; (षड्; कस; भग; महा), विज्जई; (सुअ १, ११, ६)। वकृ— **विज्जंत; विज्जमाण;** (सुर २, १७६; पंचा ६, ४७)।

विज्ज सक [वीजय्] पँखा चलाना, हवा करना। कर्म— विज्जिज्जइ; (भवि)। कवकृ—**विज्जिज्जंत;** (पउम ६१, ३७; वज्जा ३६)।

विज्ज पुं [वैद्य] चिकित्सक, हकीम; (सुर १२, २४; नाट—विक्र ६५)।

विज्ज पुं. ब. [दे] देश-विशेष; (पउम ६८, ६५)।

विज्ज पुं [विद्वस्, विज्ञ] पण्डित, जानकार; (हे २, १५; कुमा; प्राकृ १८; सूअ १, ६, ५)।

विज्ज देखो **वीरिअ;** (पउम ३७, ७०)।

विज्ज° देखो **विज्जा।** °**उभर** (अप) देखो **विज्जा-हर;** (पि २१६)। °**त्थि** वि [°**र्थिन्**] छात्र, अभ्यासी; (सम्मत्त १४३)।

विज्ज° देखो **विज्जु;** (कुप्र ३६६)।

°**विज्जंतअ** देखो **पिज्जंत;** (से २, २४; पि ६०३)।

विज्जय न [वैद्यक] चिकित्सा; (उर ८, १०; भवि)।

विज्जल पुं [विजल] १ नरकावास-विशेष, एक नरक-स्थान; (देवेन्द्र ३८)। २ जल-रहित; (निचू १)।

विज्जलिया स्त्री [विद्युत्] बिजली; (कुप्र २८५)।

विज्जा स्त्री [विद्या] १ शास्त्र-ज्ञान, यथार्थ ज्ञान, सम्यग् ज्ञान; (उत्त २३, २; सांदि; धर्मवि ३६; कुमा; प्रासू ४३)। २ मन्त्र, देवी-अधिष्ठित अक्षर-पद्धति; ३ साधना वाला मन्त्र; (पिंड ४६४; औप; ठा ३, ४ टी—पत्र १५६)। °**अणुप्पवाय** न [°**अनुप्रवाद**] जैन अंग-ग्रन्थांश विशेष, दशवाँ पूर्व; (सम २६)। °**चारण** पुं [°**चारण**] शक्ति-विशेष-संपन्न मुनि; (भग २०, ६—पत्र ७६३)। °**चारणलद्धि** स्त्री [°**चारणलब्धि**] शक्ति-विशेष; (भग २०, ६)। °**णुप्पवाय** देखो °**अणुप्पवाय;** (राज)। °**णुवाय** न [°**नुवाद**] दशवाँ पूर्व; (सिरि २०७)। °**पिंड** पुं [°**पिण्ड**] विद्या के बल से अर्जित भिक्षा; (निचू १३)। °**मंत** वि [°**वत्**] विद्या-संपन्न; (उप ४२५)। °**लय** पुंन [°**लय**] पाठ-शाला; (प्रामा)। °**सिद्ध** वि [°**सिद्ध**] १ सर्व विद्याओं का अधिपति, सभी विद्याओं से संपन्न; २ जिसको कम से कम एक महाविद्या सिद्ध हो चुकी हो वह, "विज्जाण चक्कवट्टी विज्जासिद्धो स, जस्स वेगावि सिज्झेज्ज महाविज्जा" (आवम)। °**हर** पुं [°**धर**] १ क्षत्रियों का एक वंश; (पउम ५, २)। २ पुंस्त्री. उस वंश में उत्पन्न; (महा), स्त्री—°**री;** (महा; उव)। ३ वि. विद्या-धारी, शक्ति विशेष-संपन्न; (औप; राय; जं ४)। °**हरगोवाल** पुं [°**धरगोपाल**] एक प्राचीन जैन मुनि, जो सुस्थित और सुप्रतिबुद्ध आचार्य के शिष्य थे; (कप्प)। °**हरी** स्त्री [°**धरी**] एक जैन मुनि-शाखा; (कप्प)। °**हार** (अप) न [°**धर**] छन्द-विशेष; (पिंग)।

विज्जावच्च (अप) देखो **वेयावच्च;** (भवि)।

विज्जाहर वि [वैद्याधर] विद्याधर-संबन्धी; स्त्री—"एसा विज्जाहरी माया" (महा)।

विज्जिडिय देखो **विज्झडिय;** (राज)।

विज्जु पुं [विद्युत्] १ विद्याधर-वंश का एक राजा ; (पउम ५, १८)। २ देवों की एक जाति, भवनपति देवों का एक भेद; (पगह १, ४—पत्र ६८)। ३ आमलकप्पा नगरी का निवासी एक गृहस्थ ; (णाया २—पत्र २५१)। ४ एक नरक-स्थान; (देवेन्द्र २६)। ५ स्त्री. ईशानेन्द्र के सोम आदि लोकपालों की एक अग्रमहिषी—पटरानी; (ठा ४, १—पत्र २०४)। ६ चमर-नामक इन्द्र की एक पटरानी; (ठा ५, १—पत्र ३०२; णाया २—पत्र २५१)। ७ पुंस्त्री. बिजली ; "विज्जुणा, विज्जूए" (हे १, ३३ ; कुमा ; गा १३५)। ८ सन्ध्या, शाम; (हे १, ३३)। ६ वि. विशेष रूप से चमकने वाला; "विज्जुसोयामणिप्पभा" (उत्त २२, ७)। °**कार** देखो °**यार;** (जीव ३—पत्र ३४२)। °**कुमार** पुं [°**कुमार**] एक देव-जाति; (भग; इक)। °**कुमारी** स्त्री [°**कुमारी**] विदिग् रुचक पर रहने वाली दिक्कुमारी देवी; "चत्तारि विज्जु-कुमारिमहत्तरियाओ पगणत्ताओ" (ठा ४, १—पत्र १६८)। °**जिब्भ** (?), °**जिब्भ** पुं [°**जिह्व**] अनुवेलंधर नाग-राज का एक आवास-पर्वत; (इक; राज)। °**तेअ** पुं [°**तेजस्**] विद्याधरवंश का एक राजा; (पउम ५, १८)। °**दंत** पु [°**दन्त**] १ एक अन्तद्वीप ; २ उसमें रहने वाली मनुष्य-जाति; (ठा ४, २—पत्र २२६)। °**दत्त** पुं [°**दत्त**] विद्याधरवंश का एक राजा ; (पउम ५, १८)। °**दाढ** पुं [°**दंष्ट्र**] विद्याधर-वंश में उत्पन्न एक राजा का नाम; (पउम ५, १८)। °**पह, °प्पभ, °प्पह** पुं [°**प्रभ**] १ एक वक्षस्कार पर्वत का नाम ; (सम १०२ टी ; ठा २, ३—पत्र ६६; ५, २—पत्र ३२६; जं ४; सम १०२ ; इक)। २ कूट-विशेष, विद्युत्प्रभ वक्षस्कार का एक शिखर ;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(जं ४ ; इक)। ३ देव-विशेष, विद्युत्प्रभ-नामक वक्षस्कार पर्वत का अधिष्ठाता देव; (जं ४)। ४ अनुवेलंधर नागराज का एक आवास-पर्वत; (ठा ४, २—पत्र २२६ ; इक)। ५ उस पर्वत का निवासी देव ; (ठा ४, २—पत्र २२६)। ६ देवकुरु वर्ष में स्थित एक महाद्रह ; (ठा ५, २—पत्र ३२६)। ७ न. एक विद्याधर-नगर; (इक ३२६)। °मई स्त्री [°मती] एक स्त्री का नाम; (पण्ह १, ४—पत्र ८५)। °मालि पुं [°मालिन्] १ पंचशैल द्वीप का अधिपति एक यक्ष; (महा)। २ रावण का एक सुभट; (से १३, ८४)। ३ ब्रह्मदेवलोक का इन्द्र ; (राज)। °मुह पुं [°मुख] १ विद्याधर-वंश का एक राजा; (पउम ५, १८)। २ एक अन्त-द्वीप ; ३ उसका निवासी मनुष्य ; (ठा ४, २—पत्र २२६; इक)। °मेह पुं [°मेघ] १ विद्युत्प्रधान मेघ, जल-रहित मेघ; २ बिजली गिराने वाला मेघ; (भग ७, ६—पत्र ३०५)। °यार पुं [°कार] बिजली करना, विद्युद्-रचना; (भग २, ६)। °लआ, °लया स्त्री [°लता] विद्युत्, बिजली; (नाट—वेणी ६६; काल)। °ल्लेहाइद न [°लेखायित] बिजली की तरह आचरण ; (कप्पू)। °विलसिअ न [°विलसित] १ छन्द-विशेष; (अजि २१)। २ बिजली का विलास ; (से ४, ४०)। °सिहा स्त्री [°शिखा] एक रानी का नाम ; (महा)।

विज्जुआ स्त्री [विद्युत्] १ बिजली; (नाट—वेणी ६६)। २ बलि-नामक इन्द्र के सोम आदि चारों लोकपालों की एक २ पटरानी; "मित्तगा सुभद्दा विज्जुत्ता (? या) असणी" (ठा ४, १—पत्र २०४; इक)। ३ धरणेन्द्र की एक अग्र-महिषी; (णाया २—पत्र २५१; इक)।

विज्जुआइत्तु स्त्री [विद्युत्कर्तृ] बिजली करने वाला; (ठा ४, ४—पत्र २६६)।

विज्जुला, **विज्जुलिआ**, **विज्जुली** } देखो **विज्जु**=विद्युत्; (हे २, १७३; षड् १६१; कुमा; प्राकृ ३६; प्राप्र; पि २४४)।

विज्जू° देखो **विज्जु**। °**माला** स्त्री [°**माला**] छन्द-विशेष; (पिंग)।

विज्जे अ [**दे**] १ मार्ग से, रास्ता से; २ लिए; (भवि)।

विज्जोअ पुं [**विद्योत**] उद्योत, प्रकाश; "जोव्वणं जोविअं रूवं विज्जुविज्जोअचंचलं" (हित ६)।

विज्जोइय, **विज्जोविय** } वि [**विद्योतित**] प्रकाशित, चमका हुआ; (उप पृ ३३; स ५७६)।

विज्झ सक [**व्यध्**] बींधना, वेध करना, भेदना। विज्झंति; (सूअ १, ५, १, ६), विज्झसे; (गा ४४१)। संकृ—**विद्धूण**; (सूअ १, ५, १, ६)। कृ—**विज्झ**; (षड्)।

विज्झ अक [**वि+घट्**] अलग होना। विज्झइ; (धात्वा १५२)।

विज्झ न [**दे**] बीभ, धक्का, ठेला; "तो हत्थी तम्मि पडे विज्झं दाऊण कुमरमणुमग्गे" (धर्मवि ८१), "ताव वणवारणेण य विज्झाइ(? इं) नरं अपावमाणेण। कुविएण विइण्णाइं धणियं नग्गोहरुक्खम्मि" (स ११३)।

विज्झ वि [**विद्ध**] बिधा हुआ; "जइ तंपि तेण बाणेण विज्झसे जेण हं विज्झा" (गा ४४१)।

विज्झ देखो **विज्झ**=व्यध्।

विज्झडिय वि [**दे**] १ मिश्रित, व्याप्त; "सीउण्हखरफरुस-वायविज्झडिया" (भग ७, ६—पत्र ३०७; उव)।

विज्झल देखो **विब्भल**=विह्वल; (भग ७, ६ टी—पत्र ३०८)।

विज्झव सक [**वि+ध्यापय्**] बुझाना, दीपक आदि को गुल करना, ठण्ढ़ा करना। विज्झवइ; (गउड; कुप्र ३९७)। कर्म—विज्झविज्जइ; (गा ४०७; स ४८६)। संकृ—**विज्झवेऊणं**, **विज्झविय**; (धर्मसं ६५८; स ४६६)। कृ—**विज्झवियव्व**; (पउम ७८, ३७)।

विज्झवण स्त्रीन [**विध्यापन**] बुझाना, उपशान्ति; (स ४८६; सम्मत्त १६२; कुप्र २७०); स्त्री—°**णा**; (संथा १०६)।

विज्झविअ वि [**विध्यापित**] बुझाया हुआ, गुल किया हुआ, ठण्ढ़ा किया हुआ; (से ८, १६; १२, ७७; गा ३३३; पउम २०, ६२)।

विज्झा, **विज्झाअ** } अक [**वि+ध्यै**] बुझना, ठण्ढा होना, गुल होना। विज्झाइ; (गा ४३०; हे २, २८)। वकृ—**विज्झाअंत**; (गा १०६)।

विज्झाअ, **विज्झाण** } वि [**विध्यात**] १ बुझा हुआ, उपशान्त; (हे १, ३१; णाया १, १—पत्र ६६; १, १४—पत्र १९०; गउड; सुपा ४४८; प्रासू १३७; पउम ५, १८२)। २ संक्रम-विशेष; "विज्झायनामगेणं संकमणेणं सुज्झंति" (सम्यक्त्वो २१)।

विज्झाव देखो **विज्झव**। विज्झावेइ; (गा ८३६)।

विज्झावण देखो **विज्झवण**; (उप २६४ टी)।

विज्झाविअ देखो **विज्झविअ**; (महा)।

CC-0. In Public Domain.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विज्झिडिय पुं [दे] मत्स्य की एक जाति; (पराग १—पत्र ४७) ।

विटंक देखो **विडंक**; (माल २३४; राज) ।

विट्टाल सक [दे] अस्पृश्य करना, उच्छिष्ट करना, बिगाड़ना, दूषित करना, अपवित्र करना । विट्टालिंति; (सुख १, १५) । कर्म—"विट्टालिज्जइ गंगा कयाइ किं वायसवोरेहिं" (चेइय १३४)। वकृ—**विट्टालयंत**; (सिरि ११३२) ।

विट्टाल पुं [दे] अस्पृश्य-संसर्ग, उच्छिष्टता, अपवित्रता; "तुह घरम्मि चंडाली विट्टालं कुणइ", "सा घरवाहिं चिट्ठइ भुंजइ य, न तेण देव विट्टालो" (कुप्र २४३; हे ४, ४२२) ।

विट्टालण न [दे] ऊपर देखो; (स ७०१) ।

विट्टालि वि [दे] बिगाड़ने वाला, अपवित्र करने वाला; स्त्री—°**णी**; (कप्पू) ।

विट्टालिअ वि [दे] उच्छिष्ट किया हुआ, अपवित्र किया हुआ, बिगाड़ा हुआ; (धर्मवि ४५; सिरि ७१६; सुपा ११५; ३६०; महा) ।

विट्टी स्त्री [दे] गठरी, पोटली; (ओघ ३२४) । देखो **विंटिया** ।

विट्ठ वि [वृष्ट] बरसा हुआ; (हे १, १३७; षड्) ।

विट्ठ वि [विष्ट] १ प्रविष्ट, पैठा हुआ; (सूअ १, ३, १, १३) । २ उपविष्ट, बैठा हुआ; (पिंड ६००) ।

विट्ठ वि [दे] सुप्तोत्थित, सो कर उठा हुआ; (षड्) ।

विट्ठअ न [विष्टप] भुवन, जगत; (मृच्छ १०६) ।

विट्ठंभ सक [वि + ष्टम्भय्] १ रोकना । २ स्थापित करना, रखना । विट्ठंभंति; (औप) । संकृ—**विट्ठंभित्ता**; (औप) ।

विट्ठंभणया स्त्री [विष्टम्भना] स्थापना; (औप) ।

विट्ठर पुंन [विष्टर] आसन ; "विट्ठरो" (प्राप्र; पउम ८०, ७ ; पाअ ; सुपा ६०) ।

विट्ठा स्त्री [विष्ठा] बीट, पुरीष, मल; (पाअ; ओघभा २६६ ; प्रासू १५८) । °**हर** न [°**गृह**] मलोत्सर्ग-स्थान, टट्टी; (पउम ७४, ३८) ।

विट्ठि स्त्री [विष्टि] १ कर्म, काज, काम; (दे २, ४३) । २ ज्योतिष-प्रसिद्ध एक करण, अर्ध तिथि ; (विसे ३३४८; स २६५; गण १६) । ३ भद्रा नक्षत्र ; (सुर १६, ६०) । ४ बेगार, मजूरी दिये बिना ही कराया जाता काम; (उर ६, ११) ।

विट्ठि स्त्री [विष्टि] वर्षा, वारिस; (हे १, १३७ ; प्राकृ ८; संक्षि ५ ; पउम २०, ८७ ; कुमा; रंभा) । देखो **वुट्ठि** ।

विट्टित वि [दे] अर्जित; (षड्) ।

विट्ठिय न [विस्थित] विशिष्ट स्थिति; (भग ६, ३२ टी—पत्र ४६६) ।

विड पुं [विट] १ भडुआ ; (कुमा ; सुर ३, ११६ ; रंभा) ।

विड न [विड] लवण-विशेष, एक तरह का नमक; (दस ६, १८) ।

विडंक पुंन [विटङ्क] कपोतपाली, प्रासाद आदि के आगे की ओर काठ का बना हुआ पक्षियों के रहने का स्थान, छतरी ; (णाया १, १—पत्र १२ ; दे ७, ८६ ; गउड) ।

विडंकिआ स्त्री [दे] वेदिका, वेदी, चोतरा; (दे ७, ३७) ।

विडंग देखो **विडंक** ; (पराह १, १—पत्र ८) ।

विडंग पुंन [विडङ्ग] १ औषध-विशेष ; २ वि. अभिज्ञ, विदग्ध ;
"विज्ज न एसो जरओ न य वाही एस कोवि संभूओ ।
उवसमइ सलोणेणं विडंगजोयामयरसेणं" (वज्जा १०४) ।

विडंब सक [वि + डम्बय्] १ तिरस्कार करना, अपमान करना । २ दुःख देना । ३ नकल करना । विडंबइ, विडंबंति, विडंबेमि; (भवि ; कुप्र १६४ ; स ६६३) । वकृ—**विडंबंत**; (पउम ८, ३२) । कवकृ—**विडंबिज्जंत**; (सुपा ७०) ।

विडंब पुंन [विडम्ब] १ तिरस्कार, अपमान; (भवि) । २ माया-जाल, प्रपंच; "अणिच्चं च कामाण सेवाविडंबं" (श्रु ६ ; कप्पू) ।

विडंबग वि [विडम्बक] विडंबना-जनक; "जइवेसविडंबगा नवरं" (संबोध १४ ; उव) ।

विडंबण न [विडम्बन] नीचे देखो ; (भवि) ।

विडंबणा स्त्री [विडम्बना] १ तिरस्कार, अपमान ; (दे) । २ दुःख, कष्ट ; (धण ४२) । ३ अनुकरण, नकल ; ४ उपहास ; ५ कपट-वेष ; (कप्पू) ।

विडंबिय वि [विडम्बित] विडम्बना-प्राप्त ; (कप्प; गउड ३०२) ।

विडज्झमाण वि [विदह्यमान] जो जलाया जाता हो वह, जलता हुआ ; (आचा १, ६, ४, १) ।

विडड्ड देखो **विदड्ड** ; (गा ६७१) ।

विडप्प } पुं [दे] राहु ; (दे ७, ६५ ; पाअ ; गउड;
विडय } वज्जा ६८ ; दे ७, ६५) ।

विडव पुं [विटप) १ पल्लव ; (सुर ३, ४५) । २

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शाखा; (भवि ११०)। ३ पल्लव-विस्तार; ४ स्तम्ब गुच्छा; (प्राप्र)।

विसम वि [**विषम**] १ ऊँचा-नीचा, उन्नतावनत; (कुमा; गउड)। २ अ-सम, अ-समान, अ-तुल्य; (भग; गउड)। ३ अयुग्म, एकी संख्या, जैसे—एक, तीन पाँच, सात आदि; ४ दारुण, कठिन, कठोर; ५ सकट, संकड़ा, कमचौड़ा, संकीर्ण; (हे १, २४१; षड्)। ६ पुंन. आकाश; (भग २०, २)। °**क्खर** वि [°**क्षर**] अपसिद्धान्त वाला, असत्य निर्णय वाला; (से ४, २४)। °**लोअण** पुं [°**लोचन**] महादेव, शिव; (वेणी ११७)। °**बाण** पुं [°**बाण**] कामदेव; (सण)। °**सर** पुं [°**शर**] वही; (स १; सुपा १६३; सण)।

विसमय न [**दे**] भल्लातक, भिलावाँ; (दे ७, ६६)।

विसमय देखो **विस-मय**।

विसमिअ वि [**विषमित**] १ बीच बीच में विच्छेदित; (से ९, ८७)। २ विषम बना हुआ; (गउड)।

विसमिअ वि [**विस्मृत**] भुला हुआ, अस्मृत; (से ९, ८७)।

विसमिअ [**विश्रमित**] विश्रान्त किया हुआ, विश्राम-प्रापित; (से ९, ८७)।

विसमिअ वि [**दे**] १ विमल, निर्मल ; २ उत्थित; (दे ७, ९२)।

विसमिर वि [**विश्रमितृ**] विश्राम करने वाला; स्त्री—°**री**;

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(गा ५२; प्राकृ ३०)।

विसम्म अक [**वि+श्रम्**] विश्राम करना, आराम करना। भवि—विसम्मिहिइ; (गा ५७५)। कृ—**विसम्मिअव्व**; (से ६, २)।

विसय वि [**विशद**] १ निर्मल, स्वच्छ; (कुप्र ४१५; सट्ठि ७८ टी)। २ व्यक्त, स्पष्ट; (पाअ)। ३ धवल, सफेद; (औप)।

विसय वि [**विशय**] १ गृह, घर; (उत्त ७, १)। २ संभव, संभावना; (आचू १)।

विसय पुं [**विषय**] १ गोचर, इन्द्रिय आदि से जाना जाता पदार्थ—शब्द, रूप, रस आदि वस्तु; (पाअ; कुमा; महा) २ जनपद, देश; (ओघभा ८; कुमा; पउम २७, ११; सुपा ३१; महा)। ३ काम-भोग, विलास; "भोग-पुरिसो समज्जियविसयसुहो" (ठा ३, १ टी—पत्र ११४; कम्म १, ५७; सुपा ३१; महा)। ४ बाबत, प्रकरण, प्रस्ताव; "जोइसविसए" (उप ६८६ टी; ओघभा ६)। °**विहइ** पुं [°**धिपति**] देश का मालिक, राजा; (सुपा ४६४)।

विसर सक [**वि+सृज्**] १ त्याग करना। २ बिदा करना, भेजना। विसरइ; (षड्)।

विसर अक [**वि+सृ**] सरकना, धसना, नीचे गिरना, खिसकना। वकृ—**विसरंत**; (णाया १, ९—पत्र १५७; से १४, ५४)।

विसर सक [**वि+स्मृ**] भूल जाना, याद न आना। विसरइ; (प्राकृ ६३)।

विसर पुं [**दे**] सैन्य, सेना, लश्कर; (दे ७, ६२)।

विसर पुं [**विसर**] समूह, यूथ, संघात; (सुपा ३; सुर १, १८५; १०, १४)।

विसरण न [**विशरण**] विनाश; (राज)।

विसरय पुंन [**दे**] वाद्य-विशेष; (महा)।

विसरा स्त्री [**विसरा**] मच्छी पकडने का जाल-विशेष; (विपा १, ८—पत्र ८५)।

विसरिअ वि [**विस्मृत**] याद नहीं आया हुआ; (पि ३१३)।

विसरिया स्त्री [**दे**] सरट, कृकलास, गिरगिट; (राज)।

विसरिस वि [**विसदृश**] अ-समान, विजातीय; (सण)।

विसलेस पुं [**विश्लेष**] जुदाई, वियोग, पृथग्भाव; (चंड)।

विसल्ल वि [**विशल्य**] शल्य-रहित; (पउम ६३, ११; चेइय ३८७)। °**करणी** स्त्री [°**करणी**] विद्या-विशेष; (सूअ २, २, २७)।

विसल्ला स्त्री [**विशल्या**] १ एक महौषधि; (ती ५)। २ लक्ष्मण की एक स्त्री; (पउम ६३, २९)।

विसस सक [**वि+शस्**] वध करना, मार डालना। "विससेइ महिसे" (मोह ७६)। कवकृ—**विससिज्जंत**; (गउड ३१९)।

विसस देखो **विस्सस**=वि+श्वस्। कृ-**विससिअव्व**; (सं १०८)।

विससिय वि [**विशसित**] वध किया हुआ, जो मार डाला गया हो वह; (गउड; स ४७५; सम्मत्त १४०)।

विसह सक [**वि+षह्**] सहन करना। विसहंति; (उव)। वकृ—**विसहंत**; (से १२, २३; सुपा २३३)। हेकृ—**विसहिउं**; (स ३४६)।

विसह वि [**विषह**] सहन करने वाला, सहिष्णु; "वसुंधरा इव सव्वफासविसहे" (कप्प; औप)।

विसह देखो **वसभ**; (गउड)।

विसहण न [**विषहण**] १ सहन करना; (धर्मसं ८९७)। २ वि. सहिष्णु; (पव ७३ टी)।

विसहिअ वि [**विषोढ**] सहन किया हुआ; (से ६, ३३)।

विसाअ (अप) स्त्री [**विश्वा**] छन्द-विशेष; (पिंग)।

विसाइ वि [**विषादिन्**] विषाद-युक्त, शोक-ग्रस्त; (संबोध ३६)।

विसाण न [**विषाण**] १ हाथी का दाँत; (पण्ह १, १—पत्र ८; अणु २१२)। २ शृंग, सिंग; (सुख ९, १; पाअ; औप)। ३ सूअर का दाँत; (उवा)। ४ पुं. ब. देश-विशेष; (पउम ९८, ६५)।

विसाण सक [**विशाणय्**] घिसना, शाण पर चढ़ाना। कर्म—विसाणीअदि (शौ); (नाट— मृच्छ १३९)।

विसाणि वि [**विषाणिन्**] १ सिंग वाला; २ पुं. हाथी, हस्ती; ३ शृंगाटक, सिंघाडा; ४ ऋषभ-नामक औषध; (अणु १४२)।

विसाय सक [**वि+स्वादय्**] विशेष चखना, खाना। वकृ—**विसाएमाण**; (णाया १, १—पत्र ३७; कप्प)।

विसाय पुं [**विषाद**] खेद, शोक, दिलगीरी, अफसोस; (उव; गउड; सुपा १०४; हे १, १५५)। °**वंत** वि [°**वत्**] खिन्न, शोक-ग्रस्त; (आ १४)।

विसाय वि [**विसात**] १ सुख-रहित; (विवे १३६)। २

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुंन. एक देव-विमान; (सम ३८)।

विसाय वि [**विस्वाद**] स्वाद-रहित; "आमयकारि विसायं मिच्छत्तं कयसगां व जं भुत्तं" (विवे १३६)।

विसार सक [**वि+सारय्**] फैलाना। वकृ—**विसारंत**; (उत्त २२, ३४)।

विसार पुं [**दे**] सैन्य, सेना; (षड्)।

विसार वि [**विसार**] सार-रहित, निस्सार; (गउड)।

विसारण न [**विशारण**] खण्डन; (पिंड ५९०)।

विसारणिय वि [**विस्मारणिक**] स्मारणा-रहित, जिसको याद न दिलाया गया हो वह; (काल)।

विसारय वि [**दे**] धृष्ट, ढीठ, साहसी; (दे ७, ६६)।

विसारय वि [**विशारद**] विद्वान, पण्डित, दक्ष ; (पण्ह, १, ३—पत्र ५३; भग; औप; सुर १, १३; आत्म १९)।

विसारि वि [**विसारिन्**] फैलने वाला, व्यापक; (गउड), स्त्री—°णी; (कप्पू)।

विसारि पुं [**दे**] कमलासन, ब्रह्मा; (दे ७, ६२)।

विसाल वि [**विशाल**] १ विस्तृत, बड़ा, विस्तीर्ण, चौड़ा; (पाअ; सुर २, ११६; प्रति १०)। २ पुं. एक ग्रह-देवता, अठासी महाग्रहों में एक महाग्रह; (ठा २, ३—पत्र ७८)। ३ एक इन्द्र, कन्दित-निकाय का उत्तर दिशा का इन्द्र; (ठा २, ३—पत्र ८५)। ४ पुंन. देव-विमान विशेष; (सम ३५; देवेन्द्र १३६; पव १९४)। ५ न. एक विद्याधर-नगर; (इक)।

विसालय पुं [**दे**] जलधि, समुद्र; (दे ७, ७१)।

विसाला स्त्री [**विशाला**] १ एक नगरी का नाम, उज्जयिनी, उजैन; (सुपा १०३; उप ९८८)। २ भगवान् पार्श्वनाथ की दीक्षा-शिविका; (विचार १२९)। ३ जंबूवृक्ष विशेष, जिससे यह जंबूद्वीप कहलाता है; ४ राजधानी-विशेष; (इक)। ५ भगवान महावीर की माता का नाम; (सूअ १, २, ३, २२)। ६ एक पुष्करिणी; (राज)।

विसालिस देखो **विसरिस**; (उत्त ३, १४)।

विसासण वि [**विशासन**] विघातक, विनाशक; "कुसमय-विसासणं" (सम्म १)।

विसासिअ वि [**विशासित**] १ मारित, हिंसित, जिसका वध किया गया हो वह; २ विशेष रूप से धर्षित; ३ विश्लेषित, वियुक्त किया हुआ; ४ मार भगाया हुआ; (से ८, ६३)।

विसाह पुं [**विशाख**] स्कन्द, कार्तिकेय; (पाअ)।

विसाहा स्त्री [**विशाखा**] १ नक्षत्र-विशेष; (सम १०)। २ व्यक्ति-वाचक नाम, एक स्त्री का नाम; (वज्जा १२२)। ३ एक विद्याधर-कन्या; (महा)।

विसाहिअ वि [**विसाधित**] १ सिद्ध किया गया; २ न. संसिद्धि; "खग्गविसाहिउ जहिं लहहु पिय तहि देसहिं जाहु" (हे ४, ३८६; ४११)।

विसाही स्त्री [**वैशाखी**] १ वैशाख मास की पूर्णिमा; २ वैशाख मास की अमावस; (सुज्ज १०, ६)।

विसि स्त्री [**दे**] करि-शारी, गज-पर्याण; (दे ७, ६१)।

विसि देखो **बिसि**; (हे १, १२८; प्राप्र)।

विसिज्जमाण देखो **विस**=वि-शॄ।

विसिट्ठ वि [**विशिष्ट**] १ प्रधान, मुख्य; (सूअ १, ६, ७; पण्ह २, १—पत्र ९९)। २ विशेष-युक्त; (महा)। ३ विशेष शिष्ट, सुसभ्य; (वज्जा १६०)। ४ युक्त, सहित; (पराग २३—पत्र ६७१)। ५ व्यतिरिक्त, भिन्न, विलक्षण; (विसे)। ६ पुं. एक इन्द्र, द्वीपकुमार-देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र; (ठा २, ३—पत्र ८४)। ७ न. लगातार छह दिनों का उपवास; (संबोध ५८)। °**दिट्ठि** स्त्री [°**दृष्टि**] अहिंसा; (पण्ह २, १)।

विसिट्ठि स्त्री [**विसृष्टि**] विपरीत क्रम; (सिरि ८७८)।

विसिण वि [**दे**] रोमश, प्रचुर रोम वाला; (दे ७, ६४)।

विसिस सक [**वि+शिष्**] विशेषण-युक्त करना। कर्म—"किरिया विस(?सि)स्सए पुण नाणाउ, सुए जओ भणिअं" (अज्भ ५८; ५९)।

विसिह पुं [**विशिख**] १ बाण, तीर; (पाअ; पउम ८, १००; सुपा २२; किरात १३)। २ वि. शिखा-रहित; (गउड ५३९)।

विसी देखो **बिसी**; (हे १, १२८; प्राप्र)।

विसी स्त्री [**विंशति**] वीस, वीस का समूह; "केत्ती(?त्ति)-आओ भाअवदाणं विसीओ" (हास्य १३९)।

विसीअ अक [**वि+सद्**] १ खेद करना। २ निमग्न होना, डूबना। विसीयइ, विसीअंति, विसीअए, विसीयह; (सूअ १, ३, ४, १; १, ३, ४, ५; ठा ४, ४—पत्र २७८; उव)। वकृ—**विसीयंत**; (पि ३९७)।

विसीइय वि [**विशीर्ण**] १ जीर्ण, त्रुटित; २ न. टूटना, जर्जरित होना; "संधीहिं विहडियं पिव विसीइयं सव्व-अंगेहिं" (सुर १२, १६९)।

विसीरंत देखो **विस**=वि+शॄ।

विसील वि [**विशील**] १ ब्रह्मचर्य-रहित, व्यभिचारी;

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(वसु; उप ५६७ टी)। २ खराब स्वभाव वाला, विरूप आचरण वाला; (उत्त ११, ५)।

विसुज्झ अक [**वि+शुध्**] शुद्धि करना। विसुज्झइ; (उव)। वकृ—**विसुज्झंत, विसुज्झमाण**; (उप ३२० टी; णाया १, १—पत्र ६४; उवा; औप; सुर १६, १६१)।

विसुणिय वि [**विश्रुत**] विज्ञात; (पण्ह १, ४—पत्र ८५)।

विसुत्त वि [**विस्रोतस्**] १ प्रतिकूल; २ खराब, दुष्ट; (भवि)।

विसुत्तिया देखो **विसोत्तिया**; (श्रावक ५९; दस ५, १, ९)।

विसुद्ध वि [**विशुद्ध**] १ निर्मल, निर्दोष; (सम ११९; ठा ४, ४ टी—पत्र २८३; प्रासू २२; उव; हे ३, ३८)। २ विशद, उज्ज्वल; (पण्ण १७—पत्र ४८६)। ३ पुं. ब्रह्मदेवलोक का एक प्रतर; (ठा ६—पत्र ३६७)।

विसुद्धि स्त्री [**विशुद्धि**] निर्दोषता, निर्मलता; (औप; गा ७३७)।

विसुमर सक [**वि+स्मृ**] भूल जाना, याद न आना। विसुमरइ, विसुमरामि; (महा; पि ३१३), विसुमरेहि; (स २०४)।

विसुमरिअ वि [**विस्मृत**] जिसका विस्मरण हुआ हो वह; (स २९५; सुख २, २९; सुर १४, १७)।

विसुराविय वि [**खेदित**] खिन्न किया हुआ; "अरई-विलासविसुरावियाण निव्वडइ सोहग्गं" (गउड १११)।

विसुव न [**विषुवत्**] रात और दिन की समानता वाला काल; (दे ७, ५०)।

विसूइया स्त्री [**विसूचिका**] रोग-विशेष; (उव; सुर १६, ७२; आचा २, २, १, ४)।

विसूणिय वि [**विशूनित**] १ फुला हुआ, सुजा हुआ; (पण्ह १, १—पत्र १८)। २ काटा हुआ, उत्कृत्त; (सूत्र १, ५, २, ९)।

विसूर देखो **विसुमर**। विसूरइ; (प्राकृ ६३)।

विसूर अक [**खिद्**] खेद करना। विसूरइ; (हे ४, १३२; प्राप्र; उव)। वकृ—**विसूरंत, विसूरमाण**; (उव; गा ४१४; सुपा ३०२; गउड)। कृ—**विसूरियव्व**; (गउड)।

विसूरण न [**खेदन**] १ खेद; २ पीड़ा; (पण्ह १, ५—पत्र ९४)।

विसूरणा स्त्री [**खेदना**] खेद, अफसोस, दुःख; (से १, ३)।

विसूरिअ वि [**खिन्न**] खेद-युक्त, दिलगीर; (से १, ७६)।

विसूहिय पुंन [**विष्वग्हित**] एक देव-विमान; (सम ४१)।

विसेढि स्त्री [**विश्रेणि**] १ विदिशा-संबन्धी श्रेणि, वक्र रेखा; २ वि. विश्रेणि में स्थित; (णंदि; पि ६६; ३०४)।

विसेस सक [**वि+शेषय्**] विशेष-युक्त करना, गुण आदि द्वारा दूसरे से भिन्न करना, विशेषण से अन्वित करना, व्यवच्छेद करना। विसेसइ, विसेसेइ; (भवि; सण; सूअनि ६१ टी; भग; विसे ७६; महा)। कर्म—विसेसिज्जइ; (विसे ३१११)। संकृ—**विसेसिउं**; (विसे ३११४)। कृ—**विसेसणिज्ज, विसेस्स**; (विसे २१५६; १०३५)।

विसेस पुंन [**विशेष**] १ प्रभेद, पार्थक्य, भिन्नता; "ण संपरायंसि विसेसमत्थि" (सूत्र २, ६, ४६; भग; विसे १०५; उव)। २ भेद, प्रकार; "दसविहे विसेसे पन्नत्ते" (ठा १०; महा; उव)। ३ असाधारण, अमुक, व्यक्ति, खास; (उव; जी ३९; महा; अभि २१०)। ४ पर्याय, धर्म, गुण; (विसे २६७)। ५ अधिक, अतिशय, ज्यादः; "तओ विसेसेण तं पुज्ज" (भग; प्रासू १७६; महा; जी ३९)। ६ तिलक; ७ साहित्यशास्त्र-प्रसिद्ध अलंकार-विशेष; ८ वैशेषिक-प्रसिद्ध अन्त्य पदार्थ; (हे १, २६०)। °न्नु वि [°ज्ञ] विशेष जानने वाला; (सं ३२; महा)। °ओ अ [°तस्] खास करके; (महा)।

विसेस पुं [**विश्लेष**] पृथक्करण; (वव १)।

विसेसण न [**विशेषण**] दूसरे से भिन्नता बताने वाला गुण आदि; (उप ४४४; भास ८९; पंच १, १२; विसे ११५)।

विसेसणिज्ज देखो **विसेस**=वि + शेषय्।

विसेसय पुंन [**विशेषक**] तिलक, चन्दन आदि का मस्तक-स्थित चिह्न; (पाअ; से १०, ७४; वेणी ४९; गा ९३८; कुप्र २५५)।

विसेसिअ वि [**विशेषित**] १ विशेषण-युक्त किया हुआ, भेदित; (सम्म ३७; विसे २६८७)। २ अतिशयित; (पाअ)।

विसेस्स देखो **विसेस**=वि+शेषय्।

विसोग वि [**विशोक**] शोक-रहित; (आचा)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विसोत्तिया स्त्री [**विस्रोतसिका**] १ विमार्ग-गमन, प्रतिकूल गति; २ मन का विमार्ग में गमन, अपध्यान, दुष्ट चिन्तन; (आचा; विसे ३०१२; उव; धर्मसं ८१२)। ३ शंका; (आचा)।

विसोपग } **विसोवग** } पुंन [दे. **विंशोपक**] कौड़ी का बीसमा हिस्सा; (धर्मवि ५७; पंचा ११, २२)।

विसोह सक [**वि+शोधय्**] १ शुद्ध करना, मल-रहित करना, निर्दोष बनाना। २ त्याग करना। विसोहइ, विसोहेइ; (उव; सण; कस)। विसोहिज्ज; (आचा २, ३, २, ३)। हेकृ—**विसोहित्तए**; (ठा २, १—पत्र ५६)।

विसोह वि [**विशोभ**] शोभा-रहित; (दे १, ११०)।

विसोहण न [**विशोधन**] शुद्धि-करण; (कस)।

विसोहणया स्त्री [**विशोधना**] ऊपर देखो; (ठा ८—पत्र ४४१)।

विसोहय वि [**विशोधक**] शुद्धि-कर्ता; (सूअ १, ३, ३, १६)।

विसोहि स्त्री [**विशोधि**] १ विशुद्धि, निर्मलता, विशुद्धता; (पउम १०२, १९६; उव; पिंड ६७१; सुपा १६२)। २ अपराध के योग्य प्रायश्चित्त; (ओव २)। ३ आवश्यक, सामायिक आदि षट्-कर्म; (अणु ३१)। ४ भिक्षा का एक दोष, जिस दोष वाले आहार का त्याग करने पर शेष भिक्षा या भिक्षा-पात्र विशुद्ध हो वह दोष; (पिंड ३९५)। °**कोडि** स्त्री [°**कोटि**] पूर्वोक्त विशोधि-दोष का प्रकार; (पिंड ३९५)।

विसोहिय वि [**विशोधित**] १ शुद्ध किया हुआ; २ पुं. मोक्ष-मार्ग; (सूअ १, १३, ३)।

विस्स देखो **विस**=विश्। "देवीए जेण समयं अहंपि अग्गीए विस्सामि" (सुर २, १२७)।

विस्स न [**विस्र**] १ कच्ची गन्ध, अपक्व मांस आदि की बू; २ वि. कच्ची गन्ध वाला; (प्राप; अभि १८४)। °**गंधि** वि [°**गन्धिन्**] आमगंधि, अपक्व मांस के समान गंध वाला; (अभि १८४)।

विस्स पुं [**विश्व**] १ एक नक्षत्र-देवता, उत्तराषाढा नक्षत्र का अधिष्ठाता देव; (ठा २, ३—पत्र ७७; अणु १४५; सुज १०, १२)। २ स. सर्व, सकल, सब; (विसे १६०३; सुर १२, ५६)। ३ पुंन. जगत्, दुनियाँ; (सुपा १३६; सम्मत्त १६०; रंभा)। °**इ** पुं [°**जित्**] यज्ञ-विशेष; (प्राकृ ९५)। °**कम्म** पुं [°**कर्मन्**] शिल्पी विशेष, देव-वर्धकि; (स ६००; कुप्र ६)। °**पुर** न [°**पुर**] नगर-विशेष; (सुपा ६३५)। °**भूइ** पुं [°**भूति**] प्रथम वासुदेव का पूर्व-भवीय नाम; (सम १५३; पउम २०, १७१; भत्त १३७; ती ७)। °**यम्म** देखो °**कम्म**; (स ६१०)। °**वाइअ** पुं [°**वादिक**] भगवान महावीर का एक गण; (ठा ९—पत्र ४५१)। °**सेण** पुं [°**सेन**] १ भगवान शान्तिनाथजी का पिता, एक राजा; (सम १५१; १५२)। २ अहोरात्र का एक मुहूर्त; (सम ५१)। देखो **वीस**=विश्व।

विस्सअ (मा) देखो **विम्हय**=विस्मय; (षड्)।

विस्संत देखो **वीसंत**; (सुपा ५८३)।

विस्संतिअ न [**विश्रान्तिक**] मथुरा का एक तीर्थ; (ती ७)।

विस्संद सक [**वि+स्यन्द्**] टपकना, झरना, चूना। विस्संदति; (ठा ४, ४—पत्र २७९)।

विस्संभ सक [**वि+श्रम्भ्**] विश्वास करना। कृ—**विस्संभणिज्ज**; (श्रा १४; उपपं १९)।

विस्संभ पुं [**विश्रम्भ**] विश्वास, श्रद्धा; (प्रयौ ९९; महा)। °**घाइ** वि [°**घातिन्**] विश्वास-घातक; (णाया १, २—पत्र ७९)।

विस्संभण न [**विश्रम्भण**] विश्वास; (माल १६६)।

विस्संभणया स्त्री [**विश्रम्भणा**] विश्वास; (आचा)।

विस्संभर पुं [**विश्वम्भर**] जन्तु-विशेष; भुजपरिसर्प की एक जाति; (सूअ २, ३, २५; ओघ ३२३)। २ मूषक, चूहा; (ओघ ३२३)। ३ इन्द्र; ४ विष्णु, नारायण; (नाट—चैत ३८)।

विस्संभरा स्त्री [**विश्वम्भरा**] पृथिवी, धरती; (कुप्र २१३)।

विस्संभिय वि [**विश्रब्ध**] विश्वास-प्राप्त, विश्वासी; (सुख १, १४)।

विस्संभिय वि [**विश्वभृत्**] जगत्-पूरक; (उत्त ३, २)।

विस्सत्थ देखो **वीसत्थ**; (नाट—शकु ५३)।

विस्सद्ध देखो **वीसद्ध**; (अभि १६३; मुद्रा २२३)।

विस्सम अक [**वि+श्रम्**] थाक लेना। विस्समइ; (प्राकृ २६)। कृ—**विस्समिअ**; (नाट—मालती ११)।

विस्सम पुं [**विश्रम**] विश्राम, विश्रान्ति; (स्वप्न १०६)।

विस्समिअ देखो **विस्संत**; (सुपा ३७२)।

विस्सर सक [**वि+स्मृ**] भूलना। विस्सरइ; (धात्वा

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१५३)।

विस्सर वि [**विस्वर**] खराब आवाज वाला; (सम ५०; पग्ह १, १—पत्र १८)।

विस्सरण न [**विस्मरण**] विस्मृति, याद न आना; (पुभा २४; कुल १४)।

विस्सरिय वि [**विस्मृत**] भुला हुआ; (उप पृ ११३)।

विस्सस सक [**वि+श्वस्**] विश्वास करना, भरोसा करना। विस्ससइ; (प्राकृ २६)। वकृ—**विस्ससंत**; (श्रा १४)। कृ—**विस्ससणिज्ज**; (श्रा १४; भत्त ६६)।

विस्ससिअ वि [**विश्वस्त**] विश्वास-युक्त, भरोसा-पात्र; (श्रा १४; सुपा १८३)।

विस्साणिय वि [**विश्राणित**] दिया हुआ, अर्पित; (उप १३८ टी)।

विस्साम देखो **वीसाम**; (प्राकृ २६; नाट—शकु २७)।

विस्सामण न [**विश्रामण**] चप्पी, अंग-मर्दन आदि भक्ति, वैयावृत्त्य; (ती ८)।

विस्सामणा स्त्री [**विश्रामणा**] ऊपर देखो; (पव ३८; हित २०)।

विस्साय देखो **विसाय**=वि+स्वादय्। कृ—**विस्सायणिज्ज**; (णाया १, १२—पत्र १७४)।

विस्सार सक [**वि+स्मृ**] भूल जाना। संकृ—"कोऊहलपरा **विस्सारिऊण** रायसासणं अगणिऊण नियभूमिं पविट्ठा नयरिं" (महा)।

विस्सार सक [**वि + स्मारय्**] विस्मरण करवाना; (नाट—मालती ११७)।

विस्सारण न [**विसारण**] विस्तारण, फैलाना; (पव ३८)।

विस्सावसु पुं [**विश्वावसु**] एक गन्धर्व, देव-विशेष; (पउम ७२, २६)।

विस्सास पुं [**विश्वास**] भरोसा, प्रतीति, श्रद्धा; (सुख १, १०; सुपा ३५२; प्राप्र)।

विस्सासिय वि [**विश्वासित**] जिसको विश्वास कराया गया हो वह; (सुपा १७७)।

विस्साहल पुं [**विश्वाहल**] अंग-विद्या का जानकार चतुर्थ रुद्र-पुरुष; (विचार ४७३)।

विस्सुअ वि [**विश्रुत**] प्रसिद्ध, विख्यात; (पाअ; औप; प्रासू १०७)।

विस्सुमरिय देखो **विसुमरिअ**; (उप १२७)।

विस्सेणि } **विस्सेणी** } स्त्री [**विश्रेणि, °णी**] निःश्रेणि, सीढ़ी; (आचा)।

विस्सेसर पुं [**विश्वेश्वर**] काशी-विश्वनाथ, काशी में स्थित महादेव की एक मूर्ति; (सम्मत्त ७५)।

विस्सोअसिआ देखो **विसोत्तिआ**; (हे २, ६८)।

विह सक [**व्यध्**] ताड़न करना। वकृ—**विहमाण**; (उत्त २७, ३; सुख २७, ३)।

विह देखो **विस**=विष; (आचा; पि २६३)।

विह पुंन [**दे**] १ मार्ग, रास्ता; (ओघ ६०६)। २ अनेक दिनों में उल्लंघनीय मार्ग; (आचा २, ३, १, ११; २, ३, ३, १४)। ३ अटवी-प्राय मार्ग; (आचा २, ५, २, ७)।

विह पुंन [**विहायस्**] आकाश, गगन; (भग २०, २—पत्र ७७५; दसनि १, २३)। देखो **विहग**=विहायस्।

विह पुंस्त्री [**विध**] १ भेद, प्रकार; (उवा; कप्प)। २ पुंन. आकाश, गगन; (भग २०, २—पत्र ७७५; आचा १, ८, ४, ५; दसनि १, २३)।

विहई स्त्री [**दे**] वृन्ताकी, वेंगन का गाछ; (दे ७, ६३)।

विहंग पुं [**विहङ्ग**] पक्षी, चिड़िया, पखेरू; (पाअ; गउड; कप्प; सुर ३, २४५; प्रासू १७२)। °**णाह** पुं [°**नाथ**] गरुड पक्षी; (गउड ८२३; ८२४; १०२२)।

विहंग पुं [**विभङ्ग**] विभाग, टुकड़ा, अंश; (पग्ह १, ३—पत्र ५४; गउड ४०४)। देखो **विभंग**; (गउड; भवि)।

विहंगम पुं [**विहंगम**] पक्षी, चिड़िया; (गउड; मोह ३३; श्रु ७७; सण)।

विहंज सक [**वि+भञ्ज्**] भाँगना, तोड़ना, विनाश करना। संकृ—**विहंजिवि** (अप); (भवि)।

विहंजिअ वि [**विभक्त**] बाँटा हुआ; "आगमजुत्तिपमाणविहंजिओ" (भवि)।

विहंड सक [**वि+खण्डय्**] विच्छेद करना, विनाश करना। विहंडइ; (भवि)।

विहंडण न [**विखण्डन**] १ विच्छेद, विनाश; (सम्मत्त ३०)। २ वि. विच्छेद-कर्ता, विनाशक; (सण)।

विहंडण वि [**विभण्डन**] भाँडने वाला, गालि-सूचक; "भणणसि रे जइ विहंडणं वअणं" (गा ६१२)।

विहंडिअ वि [**विखण्डित**] विनाशित; (पिंग; सण)।

विहग पुं [**विहग**] पक्षी, चिड़िया; (पउम १४, ८८; नाट)। °**हिव** पुं [°**धिप**] गरुड; (६६७; उत्त २०, ६०)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पक्षी; (सम्मत्त २१६)।

विहग पुंन [**विहायस्**] आकाश, गगन। **गइ** स्त्री [**गति**] १ आकाश में गमन; (पंचा ३, ६)। २ कर्म-विशेष, आकाश में गति कर सकने में कारण-भूत कर्म; (सम ६७; कम्म १, २४; ४३)।

विहट्ट देखो **विघट्ट**। विहट्टइ; (भवि)।

विहट्टिअ वि [**विघट्टित**] खण्डित, द्विधाभूत; (से २, ३२)।

विहड अक [**वि + घट्**] वियुक्त होना, अलग होना, टूट जाना। विहडइ, विहडेइ; (महा; प्राकृ ७१)। वकृ—**विहडंत**; (से ३, १४)।

विहड सक [**वि + घटय्**] ताड़ना, खण्डित करना। संकृ—**विहडिऊण**; (सण)।

विहड देखो **विहल**=विह्वल; (से ४, ५४)।

विहडण न [**विघटन**] १ अलग होना, वियोग; (सुपा ११६; २४३)। २ अलग करना; ३ खोलना; "तह झीणा जह मउलियलोयणउडविहडणे वि असमत्था" (वज्जा ८८)।

विहडण पुं [**दे**] अनर्थ; (पड्)।

विहडणा स्त्री [**विघटना**] वियोजन, अलग करना; "संघडणविहडणावावडेण विहिणा जणो नडिओ" (धर्मवि ४२)।

विहडप्फड वि [**दे**] १ व्याकुल, व्यग्र; (हे २, १७४)। २ त्वरित, शीघ्र; (भवि)।

विहडा स्त्री [**विघटा**] विभेद, अनैक्य, फाट-फुट; "जह मह कुडुंबविहडा न घडइ कइयावि दंतकलहेण" (सुपा ४२१)।

विहडाव सक [**वि+घटय्**] वियुक्त करना, अलग करना। विहडावइ; (महा)।

विहडावण न [**विघटन**] वियोजन; (भवि)।

विहडाविय वि [**विघटित**] वियोजित; (सार्ध ७१)।

विहडिय वि [**विघटित**] १ वियुक्त, विच्छिन्न; (महा ३६, ५)। २ खुला हुआ; (महा ३०, ३०)।

विहण देखो **विहन्न**। विहणंति; (पि ४९०)। संकृ—**विहत्तु**; (सूअ १, ५, १, २१)।

विहणु वि [**दे**] संपूर्ण, सकल; (सण)

विहण्ण न [**दे**] पिंजन, पीजना; (दे ७, ६३)।

विहत्त देखो **विभत्त**; (से ७, १५; चेइय २७४; सुर १, ४७; सुपा ३६९)।

विहत्ति देखो **विभत्ति**; (पउम २४, ५; उप पृ १४७)।

विहत्तु देखो **विहण**।

विहत्थ वि [**विहस्त**] १ व्याकुल, व्यग्र; (से १२, ४९; कुप्र ४०९; सिरि ३८६; ८३६; सम्मत्त १६१)। २ कुशल, दक्ष; "दहरणविहत्थहत्था" (कुप्र १०३; २०६)। ३ पुं. विशिष्ट हाथ, किसी वस्तु से युक्त हाथ; "पढमं उत्तरिऊणं धवलो जा जाइ पाहुडविहत्थो" (सिरि ६९१), "सद्दवभाणविहत्थो" (उव)। ४ क्लीव; (सम्मत्त १६१)।

विहत्थि पुंस्त्री [**वितस्ति**] परिमाण-विशेष, बारह अंगुल का परिमाण; (हे १, २१४; कुमा; अणु १५७)।

विहदि स्त्री [**विधृति**] १ विशेष धैर्य; २ वि. धैर्य-रहित; (संक्षि ९)।

विहन्न } **विहम्म** } सक [**वि + हन्**] १ मारना, ताड़न करना। २ नाश करना। ३ अतिक्रमण करना। विहन्नई; (उत्त २, २२)। कर्म—विहन्निज्जा; (उत्त २, १)। वकृ—**विहम्ममाण, विहम्माण**; (पि ५६२; उत्त २७, ३)। कवकृ—**विहम्ममाण**; (सूअ १, ७, ३०)।

विहम्म वि [**विधर्मन्**] भिन्न धर्म वाला, विभिन्न, विलक्षण; "मोत्तूणायसहावं वसेज्ज वत्थुं विहम्मम्मि" (विसे २२४१)।

विहम्म सक [**विधर्मय्**] धर्म-रहित करना। वकृ—**विहम्मेमाण**; (विपा १,१—पत्र ११)।

विहम्म न [**वैधर्म्य**] १ विधर्मता, विरुद्ध-धर्मता; २ तर्क-शास्त्र-प्रसिद्ध उदाहरण-भेद, वैधर्म्य-दृष्टान्त; (सम्म १५३)।

विहम्मणा स्त्री [**विधर्मणा, विहनन**] कदर्थना, पीड़ा; (पण्ह १, ३—पत्र ५३; विसे २३५०)।

विहय वि [**दे**] पिंजित, धुना हुआ; (दे ७, ६४)।

विहय वि [**विहत**] १ मारा हुआ, आहत; (पउम २७, २८)। २ विनाशित; (महा)।

विहय देखो **विहग**=विहग; (गउड; सण)।

विहय देखो **विहव**=विभव; (दे ३, २९; नाट—मालवि ३३)।

विहर अक [**वि + हृ**] १ क्रीड़ा करना, खेलना। २ रहना, स्थिति करना। ३ सक. गमन करना, जाना। विहरइ; (हे ४, २५९; उवा; कप्प; उव), विहरंति; (भग), विहरेज्ज;

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(पव १०४)। भूका—विहरिंसु, विहरित्था; (उत्त २३, ६; पि ३५०; ५१७)। भवि—विहरिस्सइ; (पि ५२२)। वकृ—**विहरंत, विहरमाण**; (उत्त २३, ७; सुख २३, ७; ओघ १२४; महा; भग)। संकृ—**विहरित्ता, विहरिअ**; (भग; नाट—वक १०२)। हेकृ—**विहरित्तए, विहरिउं**; (भग; टा २, १—पत्र ५६; उव)। कृ—**विहरियव्व**; (उप १३१ टी)।

विहर सक [**प्रति+ईक्ष्**] प्रतीक्षा करना, बाट जोहना। विहरइ; (षड्)।

विहर देखो **विहार**; (उप ८३३ टी)।

विहरण न [**विहरण**] विहार; (कुप्र २२)।

विहरिअ न [**दे**] सुरत, संभोग; (दे ७, ७०)।

विहरिअ वि [**विहृत**] जिसने विहार किया हो वह; (ओघ २१०; उव; कुप्र १६६)।

विहल अक [**वि+ह्वल्**] व्याकुल होना। वकृ—**विहलंत**; (स ४१५)।

विहल देखो **विहड**=वि+घट्। वकृ—**विहलंत**; (से १४, २६)।

विहल वि [**विह्वल**] व्याकुल, व्यग्र; (हे २, ५८; प्राकृ २४; पउम ८, २००; से ५, ५८; गा २८५; प्रासू ५; हास्य १४०; वज्जा २४; षड्; गउड)।

विहल देखो **विअल**=विकल; (संक्षि ८)।

विहल वि [**विफल**] १ निष्फल, निरर्थक; (गउड; सुपा ३६६)। २ असत्य, झूठा; "मिच्छा मोहं विहलं अलिअं असचं असब्भूअं" (पाअ)।

विहल सक [**विफलय्**] निष्फल बनाना, निरर्थक करना। विहलंति; (उव)।

विहलंखल } वि [**विह्वलाङ्ग**] व्याकुल शरीर वाला;
विहलंघल } (काप्र १६६; स २५५; सुख १८, ३५; सुर ६, १७३; सुपा ४४७), "वियणाविहलंघला पडिया" (सुर १५, २०४)।

विहलिअ वि [**विह्वलित**] व्याकुल किया हुआ; (कुमा ३, ४३; प्राप; महा)।

विहलिअ देखो **विहडिय**; (से ७, ४६)।

विहलिअ वि [**विफलित**] विफल किया हुआ; (सण)।

विहल्ल अक [**वि+रु, वि+स्तृ ?**] १ आवाज करना। २ सक. विस्तार करना। विहल्लइ; (धात्वा १५३)।

विहल्ल पुं [**विहल्ल**] राजा श्रेणिक का एक पुत्र; (पडि)।

विहव पुं [**विभव**] समृद्धि, संपत्ति, ऐश्वर्य; (पाअ; गउड; कुमा; हे ४, ६०; प्रासू ७२; ७६)।

विहवण न [**विधवन**] विनाश; (राज)।

विहवा स्त्री [**विधवा**] जिसका पति मर गया हो वह स्त्री, राँड; (औप; उव; गा ५३६; स्वप्न ५६; सुर १, ४३)।

विहवि वि [**विभविन्**] संपत्ति-शाली, धनाढ्य; (कुमा; सुपा ४२२; गउड)।

विहव्व देखो **विहव**=विभव; (नाट—मृच्छ ६६)।

विहस अक [**वि+हस्**] १ विकसना, खिलना, प्रफुल्ल होना। २ हास्य करना, मध्यम प्रकार का हास्य करना। विहसइ, विहसए, विहसेइ, विहसंति; (प्राकृ २६; सण; कुमा; हे ४, ३६५)। विहसेज्ज, विहसेज्जा; (कुमा ५, ८५)। भवि—विहसिहिइ, विहसेहिइ; (कुमा ५, ८३)। वकृ—**विहसंत, विहसेंत**; (से २, ३६; कुमा ३, ८८; ५, ८४)। संकृ—**विहसिऊण, विहसिअ, विहसेऊण**; (गउड ८४५; ६१५; नाट—शकु ६८; कुमा ५, ८२)। हेकृ—**विहसिउं, विहसेउं**; (कुमा ५, ८२)।

विहसाव सक [**वि+हासय्**] १ हँसाना। २ विकसित करना। संकृ—**विहसाविऊण, विहसावेऊण**; (प्राकृ ६१)।

विहसाविअ वि [**विहासित**] १ हँसाया हुआ; २ विकसित किया हुआ; (प्राकृ ६१)।

विहसिअ वि [**विहसित**] १ विकसित, खिला हुआ, प्रफुल्ल; "विहसियदिट्ठीए विहसियमुहीए" (महा; सम्मत्त ७६)। २ न. मध्यम प्रकार का हास्य; (गउड ६६६; ७५१)।

विहसिर वि [**विहसितृ**] खिलने वाला, विकसित होने वाला; (कुमा)।

विहसिव्विअ वि [**दे**] विकसित, खिला हुआ; (दे ७, ६१)।

विहस्सइ देखो **बिहस्सइ**; (पाअ; औप)।

विहा अक [**वि+भा**] शोभना, चमकना। विहादि (शौ) (पि ४८७)।

विहा सक [**वि+हा**] परित्याग करना। संकृ—**विहाय**; (सूअ १, १४, १)।

विहा अ [**वृथा**] निरर्थक, व्यर्थ, मुधा; (पंचा १२, ५)।

विहा स्त्री [**विधा**] प्रकार, भेद; (कप्प; महा; अणु)।

विहा° देखो **विहग=विहायस्**; (धर्मसं ६१६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विहाइ वि [**विधायिन्**] कर्ता, करने वाला; (चेइय ४०३; उप ७६८ टी; धर्मवि १३६)।

विहाउ वि [**विधातृ**] १ कर्ता, निर्माता; (विसे १५६७; पंचा ६, ३६)। २ पुं. पराणपन्नि-देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र; (ठा २, ३ —पत्र ८५)।

विहाड सक [**वि+घटय्**] १ वियुक्त करना, अलग करना। २ विनाश करना। ३ खोलना, उघाड़ना। विहाडेइ, विहाडेंति; (राय १०४; महा; भग), "कम्मसमुग्गं विहाडेंति" (ओप; राय)। संकृ—"समुग्गयं तं **विहाडेउं**" (धर्मवि १५)। कृ—**विहाडेयव्व**; (महा)।

विहाड वि [**विघाट**] विकट; (राज)।

विहाड वि [**विहाट**] प्रकाश-कर्ता; (सम्म २)।

विहाडण न [**दे**] अनर्थ; (दे ७, ७१.)।

विहाडिअ वि [**विघटित**] १ वियोजित, अलग किया हुआ; (धर्मसं ७४२)। २ विनाशित; (उप ५६७ टी)।

विहाडिअ वि [**विघटित**] उद्घाटित, खोला हुआ; (उप पृ ५४; वसु)।

विहाडिर वि [**विघटयितृ**] अलग करने वाला, वियोजक; (सण)।

विहाण पुं [**दे**] १ विधि, विधाता, दैव, भाग्य; (दे ७, ६०), "माणुसमयजूहवहं विहाणवाहो करेमाणो" (स १३०; भवि)। २ विहान, प्रभात, सुबह; (दे ७, ६०; से ३, ३१; भवि; हे ४, ३३०; ३६२; सिरि ५२५)। ३ पूजन अर्चन; "अन्नो चेव कुरदेवयाविहाणनिमित्तं पयारिऊण परियणं एयाए वावाइओ हविस्सइ" (स २६६)।

विहाण न [**विधान**] १ शास्त्रोक्त रीति; (उप ७६८; पव ३५)। २ निर्माण, रचना; (पंचा ७, ५; रंभा; महा)। ३ प्रकार, भेद; (से ३, ३१; पगह १, १; भग)। ४ व्याकरणोक्त विधि-विशेष; (पगह २, २—पत्र ११४)। ५ अवस्था-विशेष; (सूअ २, १, ३२.)। ६ विशेष; "विहाणमग्गणं पडुच्च" (भग १, १ टी)। ७ रीति; (महा)। ८ क्रम, परिपाटी; (बृह १)।

विहाण न [**विहान**] परित्याग; (राज)।

विहाणिय (अप) वि [**विधायिन्**] कर्ता, करने वाला; (सण)।

विहाय अक [**वि+भा**] १ शोभना। २ प्रकाशना, चमकना, दीपना। विहायंति; (स १२)। वकृ—**विहायंत**; (सिरि २९८)।

विहाय पुं [**विघात**] १ अवसान, अंत; (से १, १६)। २ विरोधी, दुश्मन, परिपन्थी; (से ८, ५४; स ४१२)।

विहाय देखो **विभाग**; (गउड; से ६, ३२)।

विहाय वि [**विभात**] १ प्रकाशित; "निसा विहाय त्ति उट्ठिओ कणहो" (कुप्र २६८)। २ न. प्रभात, प्रातःकाल; (से १२, १६)।

विहाय देखो **विहग**=विहायस्; (श्रा २२)।

विहाय देखो **विहा**=वि + हा।

विहाय (अप) देखो **विहिअ**; (भवि)।

विहार सक [**वि+धारय्**] १ अपेक्षा करना। २ विशेष रूप से धारण करना। वकृ—**विहारंत**; (पउम ८,१५६)।

विहार पुं [**विहार**] १ विचरण, गमन, गति; (पव १०४; उवा)। २ क्रीड़ा-स्थान; (सम १००)। ३ देव-गृह, देव-मन्दिर; (उत्त ३०, ७; कुमा)। ४ अवस्थान, अवस्थिति; "असासयं दट्ठु इमं विहारं" (उत्त १४, ७)। ५ क्रीड़ा; (ठा ८; कप्प)। ६ मुनि-वर्तन, मुनि-चर्या, साध्वाचार; (वव १; णांदि; उव)। °**भूमि** स्त्री [°**भूमि**] १ स्वाध्याय-स्थान; (आचा २, १, १, ८; कस; कप्प)। २ विचरण-भूमि; (वव ४)। ३ क्रीड़ा-स्थान; ४ चैत्य की जगह; (कप्प; राज)।

विहारि वि [**विहारिन्**] विहार करने वाला; (आचा; उव; श्रा १४)।

विहालिय देखो **विहाडिअ**; "दुवारं विहालियं पासइ" (उप ६४८ टी)।

विहाव देखो **विभाव**=वि + भावय्। विहावइ, विहावेमि; (भवि; रुक्मि ५७)। कवकृ—**विहाविज्जमाण**; (स ४१)। कृ—**विहावियव्व**; (उप ३४२)।

विहावण न [**विधापन**] निर्मापण, करवाना; (चेइय ६९)।

विहावण न [**विभावन**] आलोचन; " एवं विचिंतियव्वं गुणदोसविहावणं परमं " (पंचा ६, ४६)।

विहावरी स्त्री [**विभावरी**] रात्रि, निशा; (पाअ; उप ७६८ टी; सुपा ३९३)।

विहावसु पुं [**विभावसु**] अग्नि, आग; (पाअ)। देखो **विभावसु**।

विहाविअ वि [**विभावित**] दृष्ट, निरीक्षित; "दिट्ठं विहाविअं" (पाअ; गा ५०७)।

विहाविअ वि [**विभावित**] उल्लसित, प्रस्फुरित; (स

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

६७)।

विहास पुं [**विहास**] हाँसी, उपहास; (भवि)।

विहास } देखो **विहसाव**। संकृ—**विहासिऊण, विहासेऊण, विहासाविऊण, विहासावेऊण**; (प्राकृ ६१)।
विहासाव }

विहासाविअ } देखो **विहसाविअ**; (प्राकृ ६१)।
विहासिअ }

विहि पुं [**विधि**] १ ब्रह्मा, चतुरानन, विधाता; (पाअ; अच्चु ३७; धर्मसं ६२६; कुमा)। २ पुंस्त्री. प्रकार, भेद; (उवा), "सव्वाहिं नयविहीहिं " (पव १४६)। ३ शास्त्रोक्त विधान, अनुष्ठान, व्यवस्था; (पंचा ६, ४८; औप)। ४ क्रम, सिलसिला, परिपाटी; (बृह १)। ५ रीति; ६ नियोग, आदेश, आज्ञा; ७ आज्ञा-सूचक वाक्य; ८ व्याकरण का सूत्र-विशेष; ९ कर्म; १० हाथी को खाने का अन्न; (हे १, ३५)। ११ दैव, भाग्य; "अणुकूलो अहव विही किंवा तं जं न करेइ" (सुर ६, ८१; पाअ; कुमा; प्रासू ५८)। १२ नीति, न्याय; १३ स्थिति, मर्यादा; (बृह १)। १४ कृति, करण; (पंचा ११)। °न्नु वि [°ज्ञ] विधि का जानकार; (णाया १, १,—पत्र ११; सुर ८, ११८)। °**वयण** न [°**वचन**] विधि-वाक्य, विधि-वाद, विध्युपदेश; (चेइय ७४४)। °**वाय** पुं [°**वाद**] वही पूर्वोक्त अर्थ; (भास ७५; चेइय ७४४)।

विहिअ वि [**विहित**] १ कृत, अनुष्ठित, निर्मित; (पाअ; महा)। २ चेष्टित; (औप)। ३ शास्त्र में जिसका विधान हो, वह, शास्त्रोक्त; (पंचा १४, २७)।

विहिंस सक [**वि+हिंस्**] विविध उपायों से मारना, वध करना। विहिंसइ; (आचा १, १, १, ४)। कृ—**विहिंस**, (पण्ह १, २—पत्र ४०)।

विहिंस वि [**विहिंस**] हिंसा करने वाला; "अ-विहिंसे सुव्वए दंते" (आचा १, ६, ४, ३)।

विहिंसग वि [**विहिंसक**] वध करने वाला; (आचा; गच्छ १, १०)।

विहिंसण न [**विहिंसन**] विविध प्रकार से मारना; (पण्ह १, १—पत्र १८)।

विहिंसा स्त्री [**विहिंसा**] १ विशेष हिंसा; (पण्ह १, १—पत्र ५)। २ विविध हिंसा; (सूअ १, २, १, १४)।

विहिण्ण } वि [**विभिन्न**] १ जुदा, अलग; (से ७, ५३; १३, ८६; भवि)। २ खण्डित, भाँग कर टुकडा २ बना हुआ; (से ३, ६०)।
विहिन्न }

विहिम न [**दे**] जंगल, अरण्य; (उप ८४२ टी)।

विहिमिहिअ वि [**दे**] विकसित, प्रफुल्ल; (षड्)।

विहियव्व देखो **विहे=वि+धा**।

विहिविल्ल सक [**वि+रचय्**] बनाना, निर्माण करना। विहिविल्लइ; (प्राकृ ७४)।

विहीण वि [**विहीन**] १ वर्जित, रहित; (प्रासू १७२)। २ त्यक्त; (कुमा)।

विहीर सक [**प्रति+ईक्ष्**] प्रतीक्षा करना, बाट जोहना। विहीरइ; (हे ४, १९३), विहीरह; (स ४१८)।

विहीर वि [**प्रतीक्ष**] प्रतीक्षा करने वाला; (कुमा ७, ३८)।

विहीरिअ वि [**प्रतीक्षित**] जिसकी प्रतीक्षा की गई हो वह; (पाअ)

विहीसण देखो **विभीसण**; (से ४, ५५)।

विहीसिया देखो **विभीसिया**; (सुपा ५४१)।

विहु पुं [**विधु**] १ चन्द्र, चाँद; (पाअ)। २ विष्णु, श्रीकृष्ण; ३ ब्रह्मा; ४ शंकर, महादेव; ५ वायु, पवन; ६ कपूर; (हे ३, १९)।

विहुअ वि [**विधुत**] कम्पित; (गा ६६०; गउड)। २ उन्मूलित, उखाड़ा हुआ; (से १, ५५)। ३ त्यक्त; (गउड)।

विहुंडुअ पुं [**दे**] राहु, ग्रह-विशेष; (दे ७, ६५)।

विहुण सक [**वि+धू**] १ कँपाना, हिलाना। २ दूर करना, हटाना। ३ त्याग करना। ४ पृथग् करना, अलग करना। विहुणइ, विहुणंति; (भवि; पि ५०३), विहुणाहि; (उत्त १०, ३)। कर्म—विहुव्वइ; (पि ५३६)। वकृ—**विहुणंत, विहुणमाण**; (सुपा २७२; पउम ९४, ३५)। संकृ—कवकृ—**विहुव्वंत**; (से ६, ३५; ७, २१)। संकृ—**विहुणिय**; (सूअ १, २, १, १५; यति २१; स३०८)।

विहुणण न [**विधूनन**] १ दूरीकरण; (पउम १०१, १९)। २ व्यजन, पंखा; (राज)।

विहुणिय वि [**विधूत**] देखो **विहुअ**; (सुपा २५३; यति २१)।

विहुर वि [**विधुर**] १ विकल, व्याकुल, विह्वल; (स्वप्न ६३; महा; कुमा; दे १, १५; सुपा ९२; गउड; सण)। २ ... ३ विसदृश, विलक्षण, विषम; क्षीण; (गउड १०३९)। ३ ... "अविसिट्ठम्मिवि जोगम्मि बाहिरे होइ विहुरया" (ओघ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

५१)। ४ विश्लिष्ट, वियुक्त; (गउड ८३९)। ५ न. व्याकुल-भाव, विह्वलता; "विलोट्टए विहुरम्मि" (स ७१६; वज्जा ३२; ९४; प्रासू ५८; भवि; सण)।

विहुराइअ वि [**विधुरायित**] व्याकुल बना हुआ; (गउड १११ टी)।

विहुरिज्जमाण वि [**विधुरायमाण**] व्याकुल बनता; (सुपा ४१६)।

विहुरिय वि [**विधुरित**] १ व्याकुल बना हुआ; (सुर २, २१६; ६, ११५; महा)। २ वियुक्त बना हुआ, बिछुड़ा हुआ, विरहित; (गउड)।

विहुरीकय वि [**विधुरीकृत**] व्याकुल किया हुआ; (कुमा)।

विहुल देखो **विहुर**; (पाअ)।

विहुल्ल वि [**विफुल्ल**] १ खिला हुआ; २ उत्साही; "निय-कज्जविहुल्ली" (भवि)।

विहुव्वंत देखो **विहुण**।

विहूअ वि [**विधूत**] १ कम्पित; (माल १७८)। २ वर्जित, रहित; "नयविहिविहूयबुद्धी" (पउम ५५, ४)। देखो **विधूय**, **विहुअ**।

विहूइ देखो **विभूइ**; (अच्चु १४; भवि)।

विहूण देखो **विहुण**। संकृ—**विहूणिया**; (आचा १, ७, ८, २४; सूअ १, १, २, १२; पि ५०३)।

विहूण देखो **विहोण**; (कुमा; उव)।

विहूणय न [**विधूनक**] व्यजन, पंखा; (सूअ १, ४, २, १०)।

विहूसण देखो **विभूसण**; (दे ६, १२७; सुपा १९१; कुप्र २९)।

विहूसा स्त्री [**विभूषा**] १ शोभा; (सुपा ६२१; दे ६, ८३)। २ अलंकार आदि से शरीर की सजावट; (पंचा १०, २१)।

विहूसिअ वि [**विभूषित**] विभूषा-युक्त, अलंकृत; (भवि)।

विहे सक [**वि+धा**] करना, बनाना। विहेइ, विहेंति, विहेसि, विहेमि; (धर्मसं १०११; स ६३४; ७१२; गउड ३३२; कुमा ७, ६७)। संकृ—**विहेऊणं**; (पि ५८५)। हेकृ—**विहेउं**; (हित १)। कृ—**विहियव्व**, **विहेअ**, **विहेअव्व**; (सुपा १५८; हि २२; धम्मो ४; महा; सुपा १९३; श्रा १२; हि २; पउम ६६, १८; सुपा १५९)।

विहेड सक [**वि+हेठय्**] १ मारना, हिंसा करना। २ पीड़ा करना। वकृ—**विहेडयंत**; (उत्त १२, ३९)। कवकृ—"विहम्ममाणाहिं विहेड(?ड)यंता" (पराग १, ३—पत्र ५३)।

विहेडय वि [**विहेठक**] अनादर-कर्ता; (दस १०, १०)।

विहेडि वि [**विहेठिन्**] १ हिंसा करने वाला; २ पीड़ा करने वाला; "अंगे मंते अहिज्जंति पाणभूयविहेडिणो" (सूअ १, ८, ४)।

विहेडिय वि [**विहेठित**] पीड़ित; (भत्त १३३)।

विहेढणा स्त्री [**विहेठना**] कदर्थना, पीड़ा; (उव)।

विहोड सक [**ताडय्**] ताड़न करना। विहोडइ; (हे ४, २७)।

विहोडिअ वि [**ताडित**] जिसका ताड़न किया गया हो वह; (कुमा)।

विहोय (अप) देखो **विहव**; (भवि)।

वी देखो **वि**=अपि, वि; "एक्कं चिय जाव न वी, दुक्खं वोलेइ जणियपियविरहं" (पउम १७, १२)।

वीअ सक [**वीजय्**] हवा डालना, पंखा करना। वीअअंति; (अभि ८९), वीयंति; (सुर १, ९६) वकृ—**वीअंत**; (गा ८९; सुर ७, ८८)। कवकृ—**विइज्जंत**, **वीइज्जमाण**; (से ६, ३७; गाया १,१—पत्र ३३)।

वीअ वि [**दे**] १ विधुर, व्याकुल; २ तत्काल, तात्कालिक, उसी समय का; (दे ७, ९३)।

वीअ देखो **बीअ**=द्वितीय; (कुमा; गा ८९; २०९; ४०९; गउड)।

वीअ वि [**वीत**] विगत, नष्ट; (भग; अज्झ ९९)। °**कम्ह** न [°**कश्म ?**] १ गोत्र-विशेष; २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न; (ठा ७—पत्र ३९०)। °**धूम** वि [°**धूम**] द्वेष-रहित; (भग ७, १—पत्र २९१)। °**भय**, °**भय** न [°**भय**] १ नगर-विशेष, सिन्धुसौवीर देश की प्राचीन राजधानी; (धर्मवि १६; २१; इक; विचार ४८; महा)। २ वि. भय-रहित; (धर्मवि २१)। °**मोह** वि [°**मोह**] मोह-रहित; (अज्झ ९९)। °**राग**, °**राय** वि [°**राग**] राग-रहित, क्षीण-राग; (भग; सं ४१)। °**सोग** पुं [°**शोक**] एक महाग्रह; (सुज्ज २०; ठा २,३—पत्र ७९)। °**सोगा** स्त्री [°**शोका**] सलिलावती-नामक विजय-प्रान्त की राजधानी, नगरी-विशेष; (णाया १, ८—पत्र १२१; इक; पउम २०, १४२)।

वीअजमण देखो **बीअजमण**; (दे ६, ९३ टी)।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वीअण न [**वीजन**] १ हवा करना, पंखे से हवा करना; (कप्पू)। २ स्त्रीन. पंखा, व्यजन; (सुर १, ९६; कुप्र ३३३; महा), स्त्री—°**णी**; (औप; सूत्र १, ६,८; गाया १,१—पत्र ३२)।

वीआविय वि [**वीजित**] जिसको पंखे से हवा कराई गई हो वह; (स ५४९)।

वीइ पुंस्त्री [**वीचि**] १ तरंग, कल्लोल; (पाअ; औप)। २ आकाश, गगन; (भग २०, २—पत्र ७७५)। ३ संप्रयोग, संबन्ध; (भग १०, २—पत्र ४९५)। ४ पृथग्-भाव, जुदाई; (भग १४, ६ टी—पत्र ६४४)। °**दव्व** न [**द्रव्य**] प्रदेश से न्यून द्रव्य, अवयव-हीन वस्तु; (भग १४, ६ टी—पत्र ६४४)।

वीइ स्त्री [**विकृति**] १ विरूप कृति, दुष्ट क्रिया; २ वि. दुष्ट क्रिया वाला; (भग १०, २—पत्र ४९५)। ३ देखो **विगइ** ; (कस ४, ५टी)।

वीइंगाल वि [**वीताङ्गार**] राग-रहित; (भग ७, १—पत्र २९२; पि १०२)।

वीइक्कंत वि [**व्यतिक्रान्त**] १ व्यतीत, गुजरा हुआ; "वासीए राइंदिएहिं वीइक्कंतेहिं" (सम ८९)। २ जिसने उल्लंघन किया हो वह; (भग १०, ३ टी—पत्र ४९९)।

वीइक्कम सक [**व्यति+क्रम्**] उल्लंघन करना। वकृ—**वीइक्कममाण**; (कस)।

वीइज्जमाण देखो **वीअ**=वीजय्।

वीइमिस्स वि [**व्यतिमिश्र**] मिश्रित, मिला हुआ; (आचा)।

वीइय वि [**वीजित**] जिसको हवा की गई हो वह; (औप; महा)।

वीइवय सक [**व्यति+व्रज्**] १ परिभ्रमण करना २ गमन करना, जाना। ३ उल्लंघन करना। वीइवयइ; वीइवइज्जा, वीइवएज्जा; (सुज २० टी; भग १०, ३—पत्र ४९८)। वकृ—**वीइवयमाण**; (गाया १, १—पत्र ३१)। संकृ—**वीइवइत्ता**, **वीइवएत्ता**; (भग २, ८; १०, ३—पत्र ४९९)।

वीई स्त्री. देखो **वीइ**=वीचि; (पाअ; भग १०, २; २०, २)।

वीई अ [**विविच्य**] पृथग् होकर, जुदा हो कर; (भग १०,२—पत्र ४९५)।

वीई अ [**विचिन्त्य**] चिन्तन करके; (भग १०, २—पत्र ४९५)।

वीईवय देखो **वीइवय**। वीईवयइ; (भग; सुज्ज २० टी; भग ७, १०—पत्र ३२४)। वकृ—**वीईवयमाण**; (राय १९; पि ७०; १५१)।

वीचि देखो **वीइ**=वीचि; (कप्प; भग १४, ६—पत्र ६४४)।

वीचि स्त्री [**दे**] लघु रथ्या, छोटा मुहल्ला; (दे ७, ७३)।

वीज देखो **वीअ**=वीजय्। वीजइ, वीजेमि; (हे ४, ५; पड्; मै ६६)।

वीजण देखो **वीअण**; (कुमा)।

वीजिय देखो **वीइय**; (स ३०८)।

वीडग }
वीडय } देखो **वीडग**; (स ६७)।

वीडय पुं [**व्रीडक**] लज्जा, शरम; (गउड ७३१)।

वीडिअ वि [**व्रीडित**] लज्जित, शरमिन्दा; (गाया १, ८—पत्र १४३)।

वीडिआ स्त्री [**वीटिका**] सजाया हुआ पान, बीड़ा; (गउड)। देखो **वीडी**।

°**वीढ** देखो **पीढ**; (गउड; उप पृ ३२९; भवि)।

वीण सक [**वि+चारय्**] विचार करना। वीणइ, वीणेइ; (धात्वा १५३; प्राकृ ७१)।

°**वीण** देखो **पीण**; (सुर १३, १८१)।

वीणण न [**दे**] १ प्रकट करना; (उप पृ ११८)। २ विदित करना, ज्ञापन; (उप ७६५)।

वीणा स्त्री [**वीणा**] वाद्य-विशेष; (औप; कुमा; गा ५६१; स्वप्न ६७)। °**यरिणी** स्त्री [°**करी**] वीणा-नियुक्त दासी; "ता लहु वीणायरिणिं सद्देहि, सद्दिया वीणायरिणी" (स ३०९)। °**वायग** वि [°**वादक**] वीणा बजाने वाला; (महा)।

वीत देखो **वीअ**=वीत; (ठा २,१—पत्र ५२; पण्ण १७—पत्र ४९४; सुज्ज २०—पत्र २९५)।

वीतिकंत }
वीतिक्कंत } देखो **वीइक्कंत**; (भग १०, ३—पत्र ४९८; गाया १,१—पत्र २४; २६)।

वीतिवय }
वीतीवय } देखो **वीइवय**। वीतिवयंति; (भग)। वीती-वयइ; (गाया १, १२—पत्र १७४)। वकृ—**वीतिवयमाण**; (कप्प)। संकृ—**वीतिवइत्ता**; (औप)।

वीमंस सक [**वि+मृश्**, **मीमांस्**] विचार करना, पर्यालोचन करना। संकृ—**वीमंसिय**; (सम्मत्त ५६)।

वीमंसय वि [**विमर्शक**, **मीमांसक**] विचार-कर्ता; (उव)।

वीमंसा स्त्री [**विमर्श**, **मीमांसा**] विचार, पर्यालोचन,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निर्णय की चाह; (सूत्र १, १, २, १७; विसे २८६; ३६६; ५६५; उप ५२०)।

वीमंसिय वि [**विमर्शित, मीमांसित**] विचारित, पर्यालोचित ; (सम्मत्त ५४)।

वीर पुं [**वीर**] १ भगवान् महावीर; (पराह १, १—पत्र २३; १, २; सुज्ज २०; जी १)। २ छन्द-विशेष; (पिंग)। ३ साहित्य-प्रसिद्ध एक रस; (अणु १३६)। ४ वि. पराक्रमी, शूर; (आचा; सूत्र १, ८, २३; कुमा)। ५ पुंन. एक देव-विमान; (सम १२; इक)। ६ न. वैताढ्य पर्वत की उत्तर श्रेणी में स्थित एक विद्याधर-नगर; (इक)। °**कंत** पुंन [°**कान्त**] एक देव-विमान; (सम १२)। °**कण्ह** पुं [°**कृष्ण**] राजा श्रेणिक का एक पुत्र; (निर १, १; पि ५२)। °**कण्हा** स्त्री [°**कृष्णा**] राजा श्रेणिक की एक पत्नी; (अंत २५)। °**कूड** पुंन [°**कूट**] एक देव-विमान; (सम १२)। °**गत** पुंन [°**गत**] एक देव-विमान; (सम १२)। °**जस** पुं [°**यशस्**] भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेने वाला एक राजा; (ठा ८—पत्र ४३०)। °**ज्झय** पुंन [°**ध्वज**] एक देव-विमान; (सम १२)। °**धवल** पुं [°**धवल**] गुजरात का एक प्रसिद्ध राजा; (ती २; हम्मीर १३)। °**निहाण** न [°**निधान**] स्थान-विशेष; (महा)। °**प्पभ** न [°**प्रभ**] एक देव-विमान; (सम १२)। °**भद्द** पुं [°**भद्र**] भगवान् पार्श्वनाथ का एक गणधर; (सम १३; कप्प)। °**मई** स्त्री [°**मती**] एक चोर-भगिनी; (महा)। °**लेस** पुंन [°**लेश्य**] एक देव-विमान; (सम १२)। °**वण्ण** पुंन [°**वर्ण**] एक देव-विमान; (सम १२)। °**वरण** न [°**वरण**] प्रतिसुभट से युद्ध का स्वीकार, 'इस योद्धा से मैं लडूँगा' ऐसी युद्ध की माँग; (कुमा ६, ४६; ५२)। °**वरणी** स्त्री [°**वरणी**] प्रतिसुभट से प्रथम शस्त्र-प्रहार की याचना; (सिरि १०२४)। °**वलय** न [°**वलय**] सुभट का एक आभूषण, वीरत्व-सूचक कड़ा; (कप्प; तंदु २९)। °**विराली** स्त्री [°**विराली**] वल्ली-विशेष; (पराण १—पत्र ३३)। °**सिंग** पुंन [°**शृङ्ग**] एक देव-विमान; (सम १२)। °**सिट्ठ** पुंन [°**सृष्ट**] एक देव-विमान; (सम १२)। °**सेण** पुं [°**सेन**] एक प्रसिद्ध वीर यादव का नाम; (णाया १, ५—पत्र १००; अंत; उप ६४८ टी)। °**सेणिय** पुंन [°**सैनिक, °श्रेणिक**] एक देव-विमान; (सम १२)। °**वत्त** पुंन [°**वर्त**] देवविमान-विशेष; (सम १२)। °**सण** न [°**सन**] आसन-विशेष, नीचे पैर रख कर सिंहासन पर बैठने के जैसा अवस्थान; (णाया १, १—पत्र ७२; भग)। °**सणिय** वि [°**सनिक**] वीरासन से बैठने वाला; (ठा ५, १—पत्र २९९; कस; औप)।

वीरंगय पुं [**वीराङ्गद**] १ भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेने वाला एक राजा; (ठा ८—पत्र ४३०)। २ एक राजकुमार; (उप १०३१ टी)।

वीरण स्त्रीन [**वीरण**] तृण-विशेष; उशीर; (अणु २१२; पात्र)।

वीरल्ल पुं [**वीरल्ल**] श्येन पक्षी; (पराह १, १—पत्र ८; १३)।

वीरिअ पुं [**वीर्य**] १ भगवान् पार्श्वनाथ का एक मुनि-संघ; २ भगवान् पार्श्वनाथ का एक गणधर; (ठा ८—पत्र ४२९)। ३ पुंन. शक्ति, सामर्थ्य; (उवा; ठा ३, १ टी—पत्र १०६)। ४ अंतरंग शक्ति, आत्म-बल; (प्रासू ४६; अज्झ ६५)। ५ पराक्रम; (कम्म १, ५२)। ६ एक देव-विमान; (देवेन्द्र १३१)। ७ शरीर-स्थित एक धातु, शुक्र; ८ तेज, दीप्ति; (हे २, १०७; प्राप्र)।

वीरुणी स्त्री [**वीरुणी**] पर्व-वनस्पति विशेष; "वीरुणा (?णी) तह इक्कडे य मासे य" (पराण १—पत्र ३३)।

वीरुत्तरवडिंसग पुंन [**वीरोत्तरावतंसक**] एक देव-विमान; (सम १२)।

वीरुहा स्त्री [**वीरुधा**] विस्तृत लता; (कुप्र ६५; १३६)।

वीलण वि [**दे**] पिच्छिल, स्निग्ध, मसृण; (दे ७, ७३)।

वीलय देखो **बीलय**; (दे ६, ९३)।

वीली स्त्री [**दे**] १ तरंग, कल्लोल; (दे ७, ७३)। २ वीथी, पंक्ति, श्रेणी; (षड्)।

वीवाह देखो **विवाह**=विवाह; "एसा एक्का धूया वल्लहिया ता इमीए वीवाहं" (सुर ७, १२१; महा)।

वीवाहण न [**विवाहन**] विवाह-करण, विवाह-क्रिया; (उव ९८९ टी; सिरि १५१)।

वीवाहिग वि [**वैवाहिक**] विवाह-संबन्धी; (धर्मवि १४७)।

वीवाहिय वि [**विवाहित**] जिसकी शादी की गई हो वह; (महा)।

वीवी स्त्री [**दे**] वीचि, तरंग; (षड्)।

वीस देखो **विस्स**=विस; (सूत्र २, २, ६६; संक्षि २०)।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वीस देखो **विस्स**=विश्व; (सूअ १, ६, २२)। °**उरी** स्त्री [°**पुरी**] नगरी-विशेष; (उप ५६२)। °**सअ** वि [°**सृज्**] जगत्कर्ता; (षड्)। °**सेण** पुं [°**सेन**] १ चक्रवर्ती राजा; " जोहेसु णाए जह वीससेणे " (सूअ १, ६, २२)। २ पुं. अहोरात्र का १८ वाँ मुहूर्त; (सुज्ज १०, १३)।

वीस° } स्त्री [**विंशति**] १ संख्या-विशेष, वीस, २०;
वीसइ } २ जिनकी संख्या वीस हों वे; (कप्प; कुमा; प्राकृ ३१ ; संक्षि २१)। °**म** वि [°**म**] १ वीसवाँ; २० वाँ; (सुपा ४५२; ४५७; पउम २०, २०८; पव ४६)। २ न. लगा तार नव दिनों का उपवास; (णाया १, १—पत्र ७२)। °**हा** अ [°**धा**] वीस प्रकार से; (कम्म १, ५)।

वीसंत वि [**विश्रान्त**] विश्राम-प्राप्त, जिसने विश्रान्ति ली हो वह; "परिस्संता वीसंता नग्गोहतरुतले" (कुप्र ६२; पउम ३३, १३; दे ७, ८६; पाअ; सण; उप ६४८ टी)।

वीसंदण न [**विस्यन्दन**] दही की तर और आटे से बनता एक प्रकार का खाद्य; (पव ४; पभा ३३)।

वीसंभ देखो **विस्संभ**=वि+श्रम्भ्। वीसंभइ; (सूअनि ६१ टी)।

वीसंभ देखो **विस्संभ**=विश्रम्भ ; (उव; प्राप्र; गा ४३७)।

वीसज्जिअ देखो **विसज्जिअ**; (से ६, ७७; १५, ६३; पउम १०, ५२; धर्मवि ४६)।

वीसत्थ वि [**विश्वस्त**] विश्वास-युक्त; (प्राप्र; गा ६०८)।

वीसद्ध वि [**विश्रब्ध**] विश्वास-युक्त; (गा ३७६; अभि ११६; भवि; नाट—मृच्छ १६१)।

वीसम देखो **विस्सम**=वि+श्रम्। वीसमइ, वीसमामो; (षड्; महा; पि ४८६)। वकृ—**वीसममाण**; (पउम ३२, ४२; पि ४८६)।

वीसम देखो **विस्सम**=विश्रम; (षड्)।

वीसम देखो **वीस-म**।

वीसमिर वि [**विश्रमितृ**] विश्राम करने वाला; (सण)।

वीसर देखो **विस्सर**=वि+स्मृ। वीसरइ; (हे ४, ७५; ४२६; प्राकृ ६३; षड् ; भवि), वीसरेसि; (रंभा)।

वीसर देखो **विस्सर**=विस्वर; "वीसरसरं रसंतो जो सो जोणीमुहाओ निप्फिडइ" (तंदु १४)।

वीसरणालु वि [**विस्मर्तृ**] भूल जाने वाला ; (ओघ ४२५)।

वीसरिअ देखो **विस्सरिय**; (गा ३६१)।

वीसव (अप) सक [**वि+श्रमय्**] विश्राम करवाना। वीसवइ; (भवि)।

वीसस देखो **विस्सस**। वीससइ; (पि ६४; ४६६)। वकृ—**वीससंत**; (पउम ११३, ५)। कृ—**वीससणिज्ज, वीससणीअ**; (उत्त २६, ४२; नाट—मालवि ५३)।

वीससा अ [**विस्रसा**] स्वभाव, प्रकृति; (ठा ३, ३—पत्र १५२; भग; णाया १, १२)।

वीससिय वि [**वैस्रसिक**] स्वाभाविक; (आवम)।

वीसा देखो **वीसइ**; (हे १, २८; ६२; ठा ३, १—पत्र ११६; षड्)।

वीसा स्त्री [**विश्वा**] पृथिवी, धरती; (नाट)।

वीसाण पुं [**विष्वाण**] आहार, भोजन; (हे १, ४३)।

वीसाम पुं [**विश्राम**] १ विराम, उपरम; २ प्रवृत्त व्यापार का अवसान, चालू क्रिया का अंत; (हे १, ४३; से २, ३१; महा)।

वीसामण देखो **विस्सामण**; (कुप्र ३१०)।

वीसामणा देखो **विस्सामणा**; (कुप्र ३१०)।

वीसाय देखो **विसाय**=वि+स्वादय्। कृ—**विसायणिज्ज**; (पराग १७—पत्र ५३२)।

वीसार देखो **विस्सार**=वि+स्मृ। वीसारेइ; (धर्मवि ५३)।

वीसारिअ वि [**विस्मारित**] भुलवाया हुआ; (कुमा)।

वीसाल सक [**मिश्रय्**] मिलाना, मिलावट करना। वीसालइ; (हे ४, २८)।

वीसालिअ वि [**मिश्रित**] मिलाया हुआ; (कुमा)।

वीसावँ (अप) देखो **वीसाम**; (कुमा)।

वीसास देखो **विस्सास**; (प्राप्र; कुमा)।

वीसिया स्त्री [**विंशिका**] वीस संख्या वाला; (वव १)।

वीसु न [**दे**] युतक, पृथग्, जुदा; (दे ७, ७३)।

वीसुं अ [**विष्वक्**] १ समन्तात्, सब ओर से; २ समस्तपन, सामस्त्य; (हे १, २४; ४३; ५२; षड्; कुमा; दे ७, ७३ टी)।

वीसुंभ देखो **वीसंभ**=वि+श्रम्भ्। वीसुंभेज्जा; (ठा ५, २—पत्र ३०८; कस)।

वीसुंभ अक [**दे**] पृथग् होना, जुदा होना। वीसुंभेज्जा; (ठा ५, २—पत्र ३०८; कस)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वीसुंभण न [**दे**] पृथग्भाव, अलग होना; (ठा ५, २ टी—पत्र ३१०)

वीसुंभण न [**विश्रम्भण**] विश्वास; (ठा ५, २ टी—पत्र ३१०)।

वीसुय देखो **विस्सुअ**; (पराह १, ४—पत्र ६८)।

वीसेढि } देखो **विसेढि**; (भास १०; णंदि १८४)।
वीसेणि }

वीहि पुंन [**व्रीहि**] धान्य-विशेष; "सालीणि वा वीहीणि वा कोद्दवाणि वा कंगूणि वा" (सूअ २, २, ११; कस)।

वीहि } स्त्री [**वीथि, °का, °थी**] १ मार्ग, रास्ता;
वीहिया } (आचा; सूअ १, २, १, २१; प्रयौ १००;
वीही } गउड ११८८)। २ श्रेणि, पंक्ति; (स १४)। ३ क्षेत्र-भाग; (ठा ६—पत्र ४६८)। ४ बाजार; (उप २८; महा)।

वुअ वि [**दे**] १ बुना हुआ; २ बुनवाया हुआ; "जन्न तयट्ठा कीयं नेव वुयं जं न गहियमन्नेसिं" (पव १२५)। देखो **वूय**।

वुअ } वि [**वृत**] १ प्रार्थित; २ प्रार्थना आदि से नियुक्त;
वुइय } "वुओ" (संक्षि ४)। ३ वेष्टित; "कुकम्मवुइया" (सुपा ६३)।

वुइय वि [**उक्त**] कथित; (उत्त १८, २६)।

वुंज(?) सक [**उद्+नमय्**] ऊँचा करना। वुंजइ; (धात्वा १५४)।

वुंताकी स्त्री [**वृन्ताकी**] बैंगन का गाछ; (दे ७, ६३)।

वुंद देखो **वंद=वृन्द**; (गा ५५६; हे १, १३१)।

वुंदारय देखो **वंदारय**; (दे १, १३२; कुमा; षड्)।

वुंदावण देखो **विंदावण**; (हे १, १३१; प्राप्र; संक्षि ४; कुमा)।

वुंद्र देखो **वंद्र**; (हे १, ५३; कुमा १, ३८)।

वुक्क देखो **वुक्क=दे**; (सण)।

वुक्कंत वि [**व्युत्क्रान्त**] १ अतिक्रान्त, व्यतीत, गुजरा हुआ; "वोलीणं वुक्कंतं अइच्छिअं वोलिअं अइक्कंतं" (पाअ); "वुक्कंतो बहुकालो तुह पयसेवं कुणंतस्स" (सुपा ५६१)। २ विध्वस्त, विनष्ट; (राज)। ३ निष्क्रान्त, बाहर निकला हुआ; (निचू १६)। देखो **वोक्कंत**।

वुक्कंति स्त्री [**व्युत्क्रान्ति**] उत्पत्ति; (राज)।

वुक्कम पुं [**व्युत्क्रम**] १ वृद्धि, बढ़ाव; (सूअ २, ३, १)। २ उत्पत्ति; (सूअ २, ३, १; २, ३, १७)।

वुक्कस सक (**व्युत्+कृष्**) पीछे खींचना, वापिस लौटाना। वुक्कसाहि; (आचा २, ३, १, ६)।

वुक्कार देखो **बुक्कार**; (सण)।

वुक्कार सक [**दे. वृक्कारय्**] गर्जन करना। वुक्कारेंति; (राय १०१)।

वुक्कारिय न [**दे. वृक्कारित**] गर्जना; (स ५४८)।

वुग्गह पुं [**व्युद्ग्रह**] १ कलह, झगड़ा, विग्रह, लड़ाई; (ठा ५, १—पत्र ३००; वव १; पव २६८)। २ धाड़, डाका; (उप पृ २४५)। ३ बहकाव; (संबोध ५२)। ४ मिथ्याभिनिवेश, कदाग्रह; (राज)।

वुग्गहअ वि [**व्युद्ग्राहक**] कलह-कारक, "नय वुग्गहिअं कहं कहिज्जा" (दस १०, १०)।

वुग्गहिअ वि [**व्युद्ग्रहिक**] कलह-संबन्धी; (दस १०, १०)।

वुग्गाह सक [**व्युद्+ग्राहय्**] बहकाना, भ्रान्त-चित्त करना। वुग्गाहेमो; (महा)। वकृ—**वुग्गाहेमाण**; (णाया १, १२—पत्र १७४; औप)।

वुग्गाहणा स्त्री [**व्युद्ग्राहणा**] बहकाव; (ओघभा २५)।

वुग्गाहिअ वि [**व्युद्ग्राहित**] बहकाया हुआ, भ्रान्त-चित्त किया हुआ; (कस; चेइय ११७; सिरि १०८१)।

वुच्च° देखो **वय=वच्**।

वुच्चमाण वि [**उच्यमान**] जो कहा जाता हो वह; (सूअ १, ६, ३१; भग; उप ५३० टी)।

वुच्चा अ [**उक्त्वा**] कह कर; (सूअ २, २, ८१; पि ५८७)।

वुच्छ देखो **वच्छ=वृक्ष**; (नाट—मृच्छ १५४)।

वुच्छ° देखो **वोच्छ°**; (कम्म १, १)।

वुच्छ° देखो **वोच्छिंद**।

वुच्छिण्ण देखो **वुच्छिन्न**; (राज)।

वुच्छित्ति देखो **वोच्छित्ति**; (विसे २४०५)।

वुच्छिन्न वि [**व्युच्छिन्न, व्यवच्छिन्न**] १ अपगत, हटा हुआ; २ विनष्ट; (उव)। ३ न. लगा तार चौदह दिनों का उपवास; (संबोध ५८)।

वुच्छेअ देखो **वोच्छेअ**; (पव २७३; कम्म २, २२; सुपा २५४)।

वुच्छेयण देखो **वोच्छेयण**; (ठा ६—पत्र ३५८)।

वुज्ज अक [**त्रस्**] डरना। वुज्जइ; (प्राप्र)। देखो **वोज्ज**।

वुज्जण न [**दे**] स्थगन, आच्छादन, ढकना; (धर्मसं

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१०२१ टी; ११०२)।

वुज्झंत वि [**उह्यमान**] पानी के वेग से खिंचा जाता, वह जाता; (पउम १०२, २४), "गिरिनिज्झरणोदगेहि वुज्झंता" (वै ८२)। देखो **वह**=वह्।

वुज्झण देखो **वुज्जण**; (धर्मसं १०२१)।

वुज्झमाण देखो **वुज्झंत**; (पउम ८३, ४)।

वुज्ञ (अप) देखो **वच्च**=व्रज्। वुज्ञइ; (हे ४, ३९२; कुमा)। संकृ—**वुज्ञेप्पि, वुज्ञेप्पिणु**; (हे ४, ३९२)।

वुट्ट अक [**व्युत् + स्था**] उठना, खड़ा होना। वुट्टए; (पि ३३७)।

वुट्ठ वि [**वृष्ट**] १ बरसा हुआ; (हे १, १३७; विपा २, १—पत्र १०८; कुमा १, ८५)। २ न. वृष्टि; (दस ८, ६)।

वुट्ठि देखो **विट्ठि**=वृष्टि; (हे १, १३७; कुमा)। °**काय** पुं [°**काय**] बरसता जल-समूह; (भग १४, २—पत्र ६३४; कप्प)।

वुट्ठिय वि [**व्युत्थित**] जो उठ कर खड़ा हुआ हो वह; (भवि)।

वुड देखो **पुड**=पुट; "जंपइ कयंजलिवुडो" (पउम ९३, २२)।

वुड्ढ अक [**वृध्**] बढ़ना; (संक्षि ३४)। वुड्ढंति; (भग ५, ८)।

वुड्ढ सक [**वर्धय्**] बढ़ाना। वकृ—**वुड्ढंत**; (द्र २३)।

वुड्ढ वि [**वृद्ध**] १ जरा अवस्था वाला, बूढ़ा; (औप; सुर ३, १०४; सुपा २२७; सम्मत्त १५८; प्रासू ११६; सण)। २ बड़ा, महान्; (कुमा)। ३ वृद्धि-प्राप्त; ४ अनुभवी, कुशल, निपुण; ५ पंडित, जानकार; (हे १, १३१; २, ४०; ९०)। ६ निभृत, शान्त, निर्विकार; (ठा ८)। ७ पुं. तापस, संन्यासी; (णाया १, १५—पत्र १९३; अणु २४)। ८ एक जैन मुनि का नाम; (कप्प)। °**त्त, °त्तण** न [°**त्व**] बुढ़ापा, जरावस्था; (सुपा ३६०; २४२)। °**वाइ** पुं [°**वादिन्**] एक समर्थ जैनाचार्य जो सुप्रसिद्ध कवि सिद्धसेन दिवाकर के गुरू थे; (सम्मत्त १४०)। °**वाय** पुं [°**वाद**] किंवदन्ती, कहावत, जनश्रुति; (स २०७)। °**सावग** पुं [°**श्रावक**] ब्राह्मण; (णाया १, १५—पत्र १९३; औप)। °**णुग** वि [°**नुग**] वृद्ध का अनुयायी; (सं ३३)।

वुड्ढ वि [**दे**] विनष्ट; (राज)।

वुड्ढि स्त्री [**वृद्धि**] १ बढ़ाव, बढ़ना; (आचा; भग; उवा; कुमा; सण)। २ अभ्युदय, उन्नति; ३ समृद्धि, संपत्ति; ४ व्याकरण-प्रसिद्ध ऐकार आदि वर्णों की एक संज्ञा; (सुपा १०३; हे १, १३१)। ५ समूह; ६ कलान्तर, सूद; ७ ओषधि-विशेष; ८ पुं. गन्धद्रव्य-विशेष; (हे १, १३१)। °**कर** वि [°**कर**] वृद्धि-कर्ता; (सुर १, १२९; द्र २४)। °**धम्मय** वि [°**धर्मक**] बढ़ने वाला, वर्धन-शील; (आचा)। °**म** वि [°**मत्**] वृद्धि वाला; (विचार ४९७)।

वुणण न [**दे**] बुनना; (सम्मत्त १७३)।

वुणिय वि [**दे**] बुना हुआ; "अ-वुणिया वत्था" (कुप्र २२६)।

वुण्ण वि [**दे**] १ भीत, त्रस्त; (दे ७, ९४. विपा १, २—पत्र २४)। २ उद्विग्न; (दे ७, ९४)।

वुत्त वि [**उक्त**] कथित; (उवा; अनु ३; महा)।

वुत्त वि [**उप्त**] बोया हुआ; (उव)।

वुत्त न [**वृत्त**] छन्द, कविता, पद्य; (पिंग)। देखो **वट्ट**=वृत्त।

वुत्त देखो **पुत्त**; (प्रयौ २२)।

वुत्तंत पुं [**वृत्तान्त**] खबर, समाचार हकीकत, बात; (स्वप्न १५३; प्राप्र; हे १, १३१; स ३५)।

वुत्ति देखो **वत्ति**=वृत्ति; "जायामायावुत्तिएणं" (सूअ २, १, ५०; प्राकृ ८)।

वुत्थ वि [**उषित**] बसा हुआ, रहा हुआ; (पाअ; णाया १, ८—पत्र १४८; उव; धण ४३; उप पृ १२७; सुख २, १७; से ११, ८०; कुप्र १८७)।

वुद देखो **वुअ**=वृत; (प्राकृ ८)।

वुदास पुं [**व्युदास**] निरास; (विसं ३४७५)।

वुदि देखो **वइ**=वृति; (प्राकृ ८)।

वुद्ध देखो **वुड्ढ**=वृद्ध; (षड्)।

वुद्धि देखो **वुड्ढि**; (ठा १०—पत्र ५२५; सम १७; संक्षि ४)।

वुन्न देखो **वुण्ण**; (सुर ६, १२४; सुपा २५०; गामि १०; भवि; कुमा; हे ४, ४२१)।

वुप्पंत वि [**उप्यमान**] बोया जाता; "पेच्छइ य मंगलसएहि वप्पिरणं करिसगेहि वुप्पंतं" (आक २५; पि ३३७)।

वुप्पाय वि [**व्युत्+पादय्**] व्युत्पन्न करना हुशियार करना। वकृ—**वुप्पाएमाण**; (णाया १, १२—पत्र १७४; औप)।

वुप्फ न [**दे**] शेखर, शिरः-स्थित; (दे ७, ७४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वुब्भ देखो **वह** — वह्।

वुब्भमाण देखो **वुज्झमाण**; (कुप्र २२३)।

वुर देखो **पुर**; (अच्चु १९)।

वुरिस देखो **पुरिस** — पुरुष; (पउम ६५, ४५)।

वुल्लाह पुं [**दे**] अश्व की उत्तम जाति; (सम्मत्त २१६)।

वुसह देखो **वसभ**; (चारु ७; गा ४६०; ८२०; नाट — मृच्छ १०)।

वुसि स्त्री [**वृषि**] मुनि का आसन। °**राइ**, °**राइअ** वि [**°राजिन्**] संयमी, जितेन्द्रिय, त्यागी, साधु; (निचू १६)। देखो **वुसि**, **वुसी**।

वुसि वि [**वृषिन्**] संविग्न, साधु, संयमी, मुनि; "वुसि संविग्गो भणिओ" (निचू १६)।

वुसिम वि [**वश्य**] वश में आने वाला, अधीन होने वाला; "निस्सारियं वुसिमं मन्नमाणा" (निचू १६)।

वुसी स्त्री [**वृषी**] मुनि का आसन। °**म** वि [°**मत्**] संयमी, साधु, मुनि; " एस धम्मे वुसीमओ " (सूअ १, ८, १६; १, ११, १५; १, १५, ४; उत्त ५, १८; सुख ५, १८)। देखो **वुसि**।

वुस्सग देखो **विओसग्ग**; "सच्चित्ताणं पुप्फाइयाण दव्वाण कुणइ वुस्सग्गं" (उप १४२; संबोध ५१; ५२)।

वूढ देखो **वुड्ढ**=वृद्ध; (सुपा ५१०; ५२०)।

वूढ वि [**व्यूढ**] १ धारण किया हुआ; "सीआपरिमट्ठेण व वूढो तेणवि णिरंतरं रोमंचो " (से १, ४२; धण २०; विचार २२९; णंदि ५२)। २ ढोया हुआ; "मुणि-वूढो सीलभरो विसयपसत्ता तरंति नो वोढुं " (प्रवि १७; स १९२)। ३ वहा हुआ, वेग में खिंचा गया; (भत्त १२२)। ४ उपचित, पुष्ट; (से ६, ५०)। ५ निःसृत, निकला हुआ;

> "जम्मुहमहद्दहाओ दुवालसंगी महानई वूढा।
> ते गणहरकुलगिरिणो सव्वे वंदामि भावेण"
> (चेइय ४)।

वूणक पुंन [**दे**] बालक, बच्चा; (राज)।

वूय वि [**दे**] बुना हुआ; " जं न तयट्ठा वूयं नय किणियं नेय गहियमन्नेहिं " (सुपा ६४३)। देखो **वुअ**=(दे)।

वूह पुंन [**व्यूह**] १ युद्ध के लिए की जाती सैन्य की रचना-विशेष; (पणह १, ३—पत्र ४४; औप; स ६०३; कुमा)। २ समूह; (सम १०९; कुप्र ५६)।

वे देखो **वइ**=वै; (प्राकृ ८०; राज)।

वे अक [**वि + इ**] नष्ट होना। वेइ; (विसे १९८४)।

वे } सक [**व्ये**] संवरण करना। वेइ, वेअइ, वेअए;
वेअ } (षड्)।

वेअ सक [**वेदय्**] १ अनुभव करना, भोगना। २ जानना। वेअइ, वेएइ, वेएंति; (सम्यक्त्वो ६; भग)। वकृ— **वेअंत**, **वेएमाण**, **वेयमाण**; (सम्यक्त्वो ५; पउम ७५, ४५; सुपा २४३; गाया १, १—पत्र ६६; औप; पंच ५, १३२; सुपा ३६६)। कवकृ— **वेइज्जमाण**; (भग; पणह १, ३—पत्र ५५)। संकृ— **वेयइत्ता**; (सूअ १, ६, २७)। कृ— **वेय**, **वेअव्व**, **वेइयव्व**; (ठा ३, १—पत्र ४७; रयण २४; सुख ६, १; सुपा ६१४; महा)। देखो **वेअ**= (वेद्य), **वेअणिज्ज**, **वेअणिय**।

वेअ अक [**वि+एज्**] विशेष काँपना। वेयइ; (णंदि ४२ टी)। वकृ— **वेयंत**; (ठा ७—पत्र ३८३)।

वेअ अक [**वेप्**] काँपना। वकृ— **वेअमाण**; (गा ३१२ अ)।

वेअ पुं [**वेद**] १ शास्त्र-विशेष, ऋग्वेद आदि ग्रन्थ; (विपा १, ५ टी—पत्र ६०; पाअ; उव)। २ कर्म-विशेष, मोहनीय कर्म का एक भेद, जिसके उदय से मैथुन की इच्छा होती है; (कम्म १, २२; उप पृ ३५३)। ३ आचारांग आदि जैन ग्रन्थ; (आचा १, ३, १, २)। ४ विज्ञ, जानकार; (भग)। °**व** वि [°**वत्**] वेदों का जानकार; (आचा १, ३, १, २)। °**वि**, °**विउ** वि [°**विद्**] वही अर्थ; (पि ४१३; श्रा २३)। °**वत्त** न [**व्यक्त**] चैत्य-विशेष; (आचा २, १५, ३५)। °**वित्त** न [°**वर्त**] देखो °**वत्त**; (आचा २, १५, ५)।

वेअ न [**वेद्य**] कर्म-विशेष, सुख तथा दुःख का कारण-भूत कर्म; (कम्म १, ३)।

वेअ पुं [**वेग**] शीघ्र गति, दौड़, तेजी; (पाअ; से ५, ४३; कुमा; महा; पउम ६३, ३६)। २ प्रवाह; ३ रेतस्; ४ मूत्र आदि निःसारण-यन्त्र; ५ संस्कार-विशेष; (प्राकृ ४१)। देखो **वेग**।

वेअंत पुं [**वेदान्त**] दर्शन-विशेष, उपनिषद् का विचार करने वाला दर्शन; (अच्चु १)।

वेअग वि [**वेदक**] १ भोगने वाला, अनुभव करने वाला; (सम्यक्त्वो १२; संबोध ३३; श्रावक ३०९)। २ न. सम्यक्त्व का एक भेद; (कम्म ३, १९)। ३ वि. सम्यक्त्व-विशेष वाला जीव; (कम्म ४, १३; २२)। °**छहिय** वि

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

[छिन्नवेदक] जिसका पुरुष-चिह्न आदि काटा गया हो वह; (सूत्र २, २, ६३)।

वेअच्छ न [**वैकक्ष**] १ उत्तरासंग, छाती में यज्ञोपवीत की तरह पहना जाता वस्त्र, माला आदि; २ बन्ध-विशेष, मर्कट-बन्ध; ३ कन्धे के नीचे लटकना; (णाया १, ८—पत्र १३३)।

वेअड सक [**खच्**] जड़ना। वेअडइ; (हे ४, ८९; षड्)।

वेअडिअ वि [**खचित**] जड़ा हुआ, जड़ाऊ; (कुमा; पाअ; भवि)।

वेअडिअ वि [**दे**] प्रत्युप्त, फिर से बोया हुआ; (दे ७, ७७)।

वेअडिअ पुं [**दे. वैकटिक**] मोती वेधने वाला शिल्पी, जौहरी; (कप्पू)।

वेअड्ढि देखो **विअड्ढि**; (औप)।

वेअड्ड न [**दे**] भल्लातक, भिलावाँ; (दे ७, ६६)।

वेअड्ड पुं [**वैताढ्य**] पर्वत-विशेष; (सुर ६, १७; सुपा ६२९; महा; भवि)।

वेअड्ड न [**वैदग्ध्य**] विदग्धता, विचक्षणता; (सुपा ६२९)।

वेअण न [**वेतन**] मजूरी का मूल्य, तनखाह; (पाअ; विपा १, ३—पत्र ४२; उप पृ ३६८)।

वेअण न [**वेपन**] १ कम्प, काँपना; (चेइय ४३५; नाट—उत्तर ६१)। २ वि. काँपने वाला; (चेइय ४३५)।

वेअण न [**वेदन**] अनुभव, भोग; (आचा; कम्म २, १३)।

वेअणा देखो **विअणा**; (उवा; हे १, १४६; प्राप्र १०४; १३३; १७४)।

वेअणिज्ज } वि [**वेदनीय**] १ भोगने योग्य; २ न.
वेअणिय } कर्म-विशेष, सुख-दुःख आदि का कारण-भूत कर्म; (प्रारू; ठा २, ४; कप्प; कम्म १, १२)।

वेअय देखो **वेअग**; (विसे ५२८)।

वेअरणी स्त्री [**वैतरणी**] १ नरक-नदी; (कुप्र ४३२; उव)। २ परमाधार्मिक देवों की एक जाति, जो वैतरणी की विकुर्वणा करके उसमें नरक-जीवों को डालता है; (सम २९)। ३ विद्या-विशेष; (आवम)।

वेअल्ल देखो **वेइल्ल=विचकिल**; "वेयल्लफुल्लनियर-च्छलेण हसइव्व गिम्हरिऊ" (धर्मवि २०)।

वेअल्ल वि [**दे**] १ मृदु, कोमल; (दे ७, ७५)। २ न. असामर्थ्य; (दे ७, ७५; पाअ)।

वेअल्ल न [**वैकल्य**] विकलता, व्याकुलता; (गउड)।

वेअव्व देखो **वेअ=वेदय्**।

वेअस पुं [**वेतस**] वृक्ष-विशेष, बेत का पेड़; (हे १, २०७; षड्; गा ६४५)।

वेआगरण वि [**वैयाकरण**] व्याकरण-संबन्धी, संदेह-निराकरण से संबन्ध रखने वाला; (पंचभा)।

वेआर सक [**दे**] ठगना, प्रतारण करना। वेयारइ; (भवि)। कर्म—वेआरिज्जसि; (गा ६०९)। हेकृ—वेआरिउं; (गा २८६; वज्जा ११४)।

वेआरणिय वि [**वैदारणिक**] विदारण-संबन्धी, विदारण से उत्पन्न; (ठा २, १—पत्र ४०)।

वेआरणिय वि [**दे**] प्रतारण-संबन्धी, ठगने से उत्पन्न; (ठा २, १—पत्र ४०)।

वेआरणिय वि [**वैचारणिक**] विचार-संबन्धी; (ठा २, १—पत्र ४०)।

वेआरिअ वि [**दे**] १ प्रतारित, ठगा हुआ; (दे ७, ९५; पउम १४, ४६; सुपा १५२)। २ पुं. केश, बाल; (दे ७, ९५)।

वेआल पुं [**वेताल**] १ भूत-विशेष, विकृत पिशाच, प्रेत; (पण्ह १, ३—पत्र ४६; गउड; महा; पिंग)। २ छन्द-विशेष; (पिंग)।

वेआल वि [**दे**] १ अन्धा; २ पुं. अंधकार; (दे ७, ९५)।

वेआलग वि [**विदारक**] विदारण-कर्ता; (सूअनि ३६)।

वेआलग न [**विदारण**] फाड़ना, चीरना; (सूअनि ३६)।

वेआलि पुं [**वैतालिन्**] बन्दी, स्तुति-पाठक; (उप ७२८ टी)।

वेआलिअ देखो **वइआलिअ**; (पाअ; दे १, १५२; चेइय ७४६)।

वेआलिय वि [**वैक्रिय**] विक्रिया से उत्पन्न; (सूअ १, ५, २, १७)।

वेआलिय वि [**वैकालिक**] विकाल-संबन्धी, अपराह्न में बना हुआ; (दसनि १, ६; १५)।

वेआलिय न [**विदारक**] विदारण-क्रिया; (सूअनि ३६)।

वेआलिय देखो **वइआलीअ**; (सूअनि ३८)।

वेआलिया स्त्री [**वैतालिकी**] वीणा-विशेष; (जीव ३)।

वेआली स्त्री [**वैताली**] १ विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अचेतन काष्ठ भी उठ खड़ा होता है—चेतन की तरह क्रिया करता है; (सूत्र २, २, २७)। २ नगरी-विशेष; (णाया १, १६—पत्र २१७)।

वेइ स्त्री [वेदि] परिष्कृत भूमि-विशेष, चौतरा; (कुमा; महा)।

वेइ वि [वेदिन्] १ जानने वाला; (चेइय ११६; गउड)। २ अनुभव करने वाला; (पंच ५, ११६)।

वेइअ वि [वेदित] १ अनुभूत; (भग)। २ ज्ञात, जाना हुआ; (दस ४, १; पउम ६६, ३)।

वेइअ देखो **वेविअ**=वेपित; (गा ३९२ अ)।

वेइअ वि [वैदिक] १ वेदाश्रित, वेद-संबन्धी; (ठा ३, ३—पत्र १५१)। २ वेदों का जानकार; (दसनि ४, ३५)।

वेइअ वि [वेगित] वेग वाला, वेग-युक्त; (णाया १, १—पत्र २९)।

वेइअ वि [व्येजित] १ कम्पित, काँपा हुआ; (भग १, १ टी—पत्र १८)। २ कँपाया हुआ; (राय ७४)।

वेइआ स्त्री [दे] पनीहारी, पानी ढोने वाली स्त्री; (दे ७, ७६)।

वेइआ स्त्री [वेदिका] १ परिष्कृत भूमि-विशेष, चौतरा; (भग; कुमा; महा)। २ अंगुलि-मुद्रा, अंगूठी; (दे ७, ७६ टी)। ३ वर्जनीय प्रतिलेखन का एक भेद, प्रत्युपेक्षणा का एक दोष; (उत्त २६, २६; सुख २६, २६; ओघभा १६३)।

वेइज्ज अक [वि + एज्] काँपना। वकृ—**वेइज्जमाण**; (भग १, १ टी—पत्र १८)।

वेइज्जमाण देखो **वेअ**=वेदय्।

वेइद्ध वि [दे] १ ऊँचा किया हुआ; २ विसंस्थुल; ३ आविद्ध; ४ शिथिल; (दे ७, ९५)।

वेइल्ल देखो **विअइल्ल**; (हे १, १६६; २, ९८; कुमा)।

वेउंठ देखो **वेकुंठ**; (गउड)।

वेउट्टिया स्त्री [दे] पुनः पुनः, फिर फिर; (कप्प)।

वेउव्व देखो **विउव्व**=वि+कृ, कुर्व्। संकृ—**वेउव्विऊण**; (सुपा ४२)।

वेउव्व वि [वैक्रिय] १ विकृत, विकार-प्राप्त; (विसे २५७९ टी)। २ देखो **विउव्व**=वैक्रिय; (कम्म ३, १६)। °**लद्धि** स्त्री [°लब्धि] शक्ति-विशेष, वैक्रिय शरीर उत्पन्न करने का सामर्थ्य; (पउम ७०, २९)।

वेउव्वि देखो **विउव्वि**; (पराह २, १—पत्र ९९; कप्प; ओप; ओघभा ५७)।

वेउव्विअ देखो **विउव्विअ**=विकृत, विकुर्वित; "वेउव्वियं असुइजंबालं अइचिक्कणं फासेणा" (स ७६२; सुपा ४७)।

वेउव्विअ वि [वैक्रिय, वैक्रियिक, वैकुर्विक] १ शरीर-विशेष, अनेक स्वरूपों और क्रियाओं को करने में समर्थ शरीर; (सम १४१; भग; दं ८)। २ वैक्रिय शरीर बनाने की शक्ति वाला; (सम १०३; पव—गाथा ६)। ३ विकुर्वणा से बनाया हुआ; "विंझगिरिसमीवगयं एयं वेउव्वियं च मह भवणं" (सुपा १७८)। ४ वैक्रिय शरीर वाला; (विसे ३७५)। ५ वैक्रिय शरीर से संबन्ध रखने वाला; (भग)। ६ विभूषित; (भग १८, ५—पत्र ७४६)। °**लद्धिअ** वि [°लब्धिक] वैक्रिय शरीर उत्पन्न करने की शक्ति वाला; (भग)। °**समुग्घाय** पुं [°समुद्घात] वैक्रिय शरीर बनाने के लिए आत्म-प्रदेशों को बाहर निकालना; (अंत)।

वेउव्विया स्त्री [दे] पुनः पुनः, फिर फिर; (कप्प)।

वेंकड पुं [वेङ्कट] दक्षिण देश में स्थित एक पर्वत; (अच्चु १)। °**णाह** पुं [°नाथ] विष्णु की वेङ्कटाद्रि पर स्थित मूर्ति; (अच्चु १)।

वेंगी स्त्री [दे] वृति वाली, वाड़ वाली; (दे ७, ४३)।

वेंजण देखो **वंजण**; (प्राकृ ३१)।

वेंट देखो **विंट**=वृन्त; (गा ३५९; हे १, १३९; २, ३१; कुमा; प्राकृ ४)।

वेंटल देखो **विंटल**; (ओघ ४२४)।

वेंटली देखो **विंटलिआ**; "तओ तेण तस्स (करिणो) पुरओ वेंटलीकाऊण पक्खित्तमुत्तरीयं" (महा)।

वेंटिआ देखो **विंटिया**; (ओघ २०३; ओघभा ७९; उप १४२ टी; वव १)।

वेंड पुं [वेतण्ड] हाथी, हस्ती; (प्राकृ ३०)। देखो **वेयंड**।

वेंढसुरा स्त्री [दे] कलुष मदिरा; (दे ७, ७८)।

वेंढि पुं [दे] पशु; (दे ७, ७४)।

वेंढिअ वि [दे] वेष्टित, लपेटा हुआ; (दे ७, ७६; महा)।

वेंभल देखो **विंभल**; (पराह १, ३—पत्र ४५; पउम ५, १९२)।

वेकक्ख देखो **वेअच्छ** "वेकक्खउत्तरीआ" (कुमा)।

वेकच्छिया } देखो **वेगच्छिया**; (ओघभा ३१८; ओघ
वेकच्छी } ६७७)।

वेकिलिअ न [दे] रोमन्थ, चबी हुई चीज को फिर से

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चबाना; (दे ७, ८२)।

वेकुंठ पुं [**वैकुण्ठ**] १ विष्णु, नारायण; २ इन्द्र, देवाधीश; ३ गरुड पक्षी; ४ अर्जक वृक्ष, सफेद बर्बरी का गाछ; ५ लोक-विशेष, विष्णु का धाम; (हे १, १९९)। ६ पुंन. मथुरा का एक वैष्णव तीर्थ; (ती ७)।

वेग देखो **वेअ**=वेग; (उवा; कप्प; कुमा)। °**वई** स्त्री [°**वती**] एक नदी का नाम; (ती १५)। °**वंत** वि [°**वत्**] वेग वाला; (सुर २, १६७)।

वेगच्छ देखो **वेअच्छ**; (उवा)।

वेगच्छिया } स्त्री [**वैकक्षिका, °क्षा**] कक्षा के पास
वेगच्छी } पहना जाता वस्त्र, उत्तरासंग; (पव ६२), "कयतिलओ वेगच्छिं आणाववहारपणरूवं" (संबोध ६)।

वेगड स्त्रीन [**दे**] पोत-विशेष, एक तरह का जहाज; "चउसट्ठी वेगडाणं" (सिरि ३८२)।

वेगर पुं [**दे**] द्राक्षा, लौंग आदि से मिश्रित चीनी आदि; (उर ५, ९)।

वेगुन्न देखो **वइगुण्ण**; (धर्मसं ८८४; सुपा २९०)।

वेग्ग देखो **विअग्ग**; (प्राकृ ३०)।

वेग्ग देखो **वेग**; (भवि)।

वेग्गल वि [**दे**] दूर-वर्ती; गुजराती में 'वेगळुं'; (हे ४, ३७०)।

वेचित्त देखो **वइचित्त**; (भास ३०; अज्झ ४६)।

वेच्च देखो **विच्च**=वि+अय्। वेच्चइ; (हे ४, ४१९)।

वेच्छ° देखो **विअ**=विद्।

वेच्छा देखो **वेगच्छिया**। °**सुत्त** न [°**सूत्र**] उपवीत की तरह पहनी जाती साँकली; (भग ९, ३३ टी—पत्र ४७७; राय)।

वेजयंत पुंन [**वैजयन्त**] १ एक अनुत्तर देव-विमान; (सम ५६; औप; अनु)। २-७ जंबूद्वीप, लवण समुद्र, धातकी खण्ड, कालोद समुद्र, पुष्करवर द्वीप तथा पुष्करोद समुद्र का दक्षिण द्वार; (ठा ४, २—पत्र २२५; जीव ३, २—पत्र २६०; ठा ४, २—पत्र २२६; जीव ३, २—पत्र ३२७; ३२९; ३३१; ३४७)। ८-१३ पुं. जंबूद्वीप, लवण समुद्र आदि के दक्षिण द्वारों के अधिष्ठाता देव; (ठा ४, २—पत्र २२५; जीव ३, २—पत्र २६०; ठा ४, २—पत्र २२६; जीव ३, २—पत्र ३२७; ३२९; ३३१; ३४७)। १४ एक अनुत्तर देव-विमान का निवासी देव; (सम ५६)। १५ जंबू-मन्दर के उत्तर रुचक पर्वत का एक शिखर; "विजए य वि(? वे) जयंते" (ठा ८—पत्र ४३६)। १६ वि. प्रधान, श्रेष्ठ; (सूअ १, ६, २०)।

वेजयंती स्त्री [**वैजयन्ती**] १ ध्वजा, पताका; (सम १३७; सूअ १, ६, १०; सुर १, ७०; कुमा)। २ षष्ठ बलदेव की माता का नाम; (सम १५२)। ३ अंगारक आदि महाग्रहों की एक २ अग्रमहिषी का नाम; (ठा ४, १—पत्र २०४)। ४ पूर्व रुचक पर रहने वाली एक दिक्कुमारी देवी; (ठा ८—पत्र ४३६)। ५ विजय-विशेष की राजधानी; (ठा २, ३—पत्र ८०)। ६ एक विद्याधर-नगरी; (सुर ५, २०४)। ७ रामचन्द्रजी की एक सभा; (पउम ८०, ३)। ८ भगवान् पद्मप्रभ की दीक्षा-शिबिका; (सम १५१)। ९ उत्तर अंजनगिरि की दक्षिण दिशा में स्थित एक पुष्करिणी; (ठा ४, २—पत्र २३०)। १० पक्ष की आठवीं रात्रि का नाम; "विजया य विजयंता (? वेजयंती)" (सुज्ज १०, १४)। ११ भगवान कुन्थुनाथ की दीक्षा-शिबिका; (विचार १२९)

वेज्ज वि [**वेद्य**] भोगने योग्य, अनुभव करने योग्य; (संबोध ३३)।

वेज्ज पुं [**वैद्य**] १ चिकित्सक, हकीम; (गा २३६; उव)। २ वृक्ष-विशेष; ३ वि. पण्डित, विद्वान्; (हे १, १४८; २, २४)। °**सत्थ** न [°**शास्त्र**] चिकित्सा-शास्त्र; (स १७)।

वेज्जग } न [**वैद्यक**] १ चिकित्सा-शास्त्र; (ओघ ६२२ टी;
वेज्जय } स ७११)। २ वैद्य-संबन्धी क्रिया, वैद्य-कर्म; (अणु २३४; कुप्र १८१)।

वेज्झ वि [**वेध्य**] बीधने योग्य; (नाट—साहित्य १५८)।

वेट्टण देखो **वेढण**; (नाट—मालती ११९)।

वेट्टणग पुं [**वेष्टनक**] १ सिर पर बाँधी जाती एक तरह की पगड़ी; २ कान का एक आभूषण; (राज)।

वेट्टया देखो **विट्ठा**; (सुर १६, १७५)।

वेट्टि देखो **विट्ठि**; "रायवेट्टिं व मन्नंता" (उत्त २७, १३; प्राकृ ५)।

वेट्ठिद (शौ) देखो **वेढिअ**; (नाट—मृच्छ ९२)।

वेड [**दे**] देखो **बेड**; (दे ६, ९५; कुमा)।

वेडइअ पुं [**दे**] वाणिजक, व्यापारी; (दे ७, ७८)।

वेडंबग देखो **विडंबग**; "जह वेडंबगलिंगे" (संबोध १२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वेडस पुं [**वेतस**] वृक्ष-विशेष, वेत का गाछ; (पाअ; सम १५२; कप्प)।

वेडिअ पुं [**दे**] मणिकार, जौहरी; (दे ७, ७७)।

वेडिकिल्ल वि [**दे**] संकट, सकड़ा, कमचौड़ा; (दे ७, ७८)।

वेडिस देखो **वेडस**; (प्राप्र; हे १, ४६; २०७; कुमा; गा ७६०)।

वेडुज्ज } देखो **वेरुलिअ**; (हे २, १३३; पाअ; नाट—
वेडुरिअ } मृच्छ १३६)।

वेडुल्ल वि [**दे**] गर्वित, अभिमानी; (दे ७, ४१)।

वेड्ड देखो **वेढ**=वेष्ट्। वेड्ढइ; (प्राप्र)।

वेड्डय पुं [**वेष्टक**] छन्द-विशेष; (अजि ६)।

वेढ सक [**वेष्ट्**] लपेटना। वेढइ, वेढेइ; (हे ४, २२१; उवा)। कर्म—वेढिज्जइ; (हे ४, २२१)। वकृ—**वेढंत, वेढेमाण**; (पउम ४६, २१; णाया १, ६)। कवकृ—**वेढिज्जमाण**; (सुपा ६४)। संकृ—**वेढित्ता, वेढेत्ता, वेढिउं, वेढेउं**; (पि ३०४; महा)। प्रयो—वेढावेइ; (पि ३०४)।

वेढ पुं [**वेष्ट**] १ छन्द-विशेष; (सम १०६; अणु २३३; णंदि २०६)। २ वेष्टन, लपेटन; (गा ६६; २२१; से ६, १३)। ३ एक वस्तु-विषयक वाक्य-समूह, वर्णन-ग्रन्थ; (णाया १, १६—पत्र २१८; १, १७—पत्र २२८; अनु)।

°**वेढ** देखो **पीढ**; (गउड)।

वेढण न [**वेष्टन**] लपेटना; (से १, ६०; ६, ४३; १२, ९५; गा ५६३; धर्मसं ४६७)।

वेढिअ वि [**वेष्टित**] लपेटा हुआ; (उव; पाअ; सुर २, २३८)।

वेढिम वि [**वेष्टिम**] १ वेष्टन से बना हुआ; (पण्ह २, ५—पत्र १५०; णाया १, १३—पत्र १७८; औप)। २ पुंस्त्री. खाद्य-विशेष; (पण्ह २, ५—पत्र १४८; राज)।

वेण पुं [**दे**] नदी का विषम घाट; (दे ७, ७४)।

वेण (अप) देखो **वयण**=वचन; (हे ४, ३२६)।

वेणइअ न [**वैनयिक**] १ विनय, नम्रता; (ठा ५, २—पत्र ३३१; दस ६, १, १२; सट्ठि १०६ टी)। २ मिथ्यात्व-विशेष, सभी देवों और धर्मों को सत्य मानना; (संबोध ५२)। ३ वि. विनय-संबन्धी; (सम १०६; भग)। ४ विनय को ही प्रधान मानने वाला, विनय-वादी; (सूअ १, ६, २७)। °**वाद** पुं [°**वाद**] विनय को ही मुख्य मानने वाला दर्शन; (धर्मसं ९९५)।

वेणइगी } स्त्री [**वैनयिकी**] विनय से प्राप्त होने वाली
वेणइया } बुद्धि; (उप पृ ३४०; णाया १, १—पत्र ११)।

वेणइया स्त्री [**वैणकिया**] लिपि-विशेष; (सम ३५; पणण १—पत्र ६२)।

वेणा स्त्री [**वेणा**] महर्षि स्थूलभद्र की एक भगिनी; (कप्प; पडि)।

वेणि स्त्री [**वेणि**] १ एक प्रकार की केश-रचना; (उवा)। २ वाद्य-विशेष; (सण)। ३ गंगा और यमुना का संगम-स्थान; (राज)। °**वच्छराय** पुं [°**वत्सराज**] एक राजा; (कुप्र ४४०)।

वेणिअ न [**दे**] वचनीय, लोकापवाद; (दे ७, ७५; षड्)।

वेणी स्त्री [**वेणी**] देखो **वेणि**; (से १, ३६; गा २७३; कप्पू)।

वेणु पुं [**वेणु**] १ वंश, बाँस; (पाअ; कुमा; षड्)। २ एक राजा; (कुमा)। ३ वाद्य-विशेष, बंसी; (हे १, २०३)। °**दालि** पुं [°**दालि**] एक इन्द्र, सुपर्णकुमार देवों का उत्तरदिशा का इन्द्र; (ठा २, ३—पत्र ८४; इक)। °**देव** पुं [°**देव**] १ सुपर्णकुमार-नामक देव-जाति का दक्षिण दिशा का इन्द्र; (ठा २, ३—पत्र ८४)। २ देव-विशेष; (ठा २, ३—पत्र ६७; ७६)। ३ गरुड पक्षी; (सूअ १, ६, २१)। °**याणुजाय** पुं [°**कानुजात**] गणितशास्त्र-प्रसिद्ध दश योगों में द्वितीय योग, जिसमें चन्द्र, सूर्य और नक्षत्र वंशाकार से अवस्थान करते हैं; (सुज्ज १२—पत्र २३३)।

वेणुणास } पुं [**दे**] भ्रमर, भौंरा; (दे ७, ७८; षड्)।
वेणुसाअ }

वेण्ण वि [**दे**] आक्रान्त; (षड्)।

वेण्णा स्त्री [**वेन्ना**] नदी-विशेष; °**यड** न [°**तट**] नगर-विशेष; (पउम ४८, ६३; महा)।

वेण्हु देखो **विण्हु**; (संक्षि ३; प्राकृ ५)।

वेताली स्त्री [**दे**] तट, किनारा; "जन्नं नावा पुव्ववेतालीउ दाहिणवेतालिं जलपहेणं गच्छति" (पणण १६—पत्र ४८०)।

वेत्त न [**दे**] स्वच्छ वस्त्र; (दे ७, ७५)।

वेत्त पुं [**वेत्र**] वृक्ष-विशेष, बेंत का गाछ; (पणण १—पत्र ३३; विपा १, ६—पत्र ६६)। °**ासण** न [°**ासन**]

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बेंत का बना हुआ आसन; (पउम ६६, १४)।

वेत्तव्व वि [**वेत्तव्य**] जानने योग्य; (प्राप्र)।

वेत्तिअ पुं [**वैत्रिक**] द्वारपाल, चपरासी; (सुपा ७३)।

वेद देखो **वेअ**=वेदय्। वेदेइ, वेदंति, वेदेंति; (भग; सूअ १, ७, ४; ठा २, ४—पत्र १००), वेदेज; (धर्मसं१९६)। भूका—वेदेंसु; (ठा २, ४; भग)। भवि—वेदिस्संति; (ठा २, ४; भग)। कवकृ—**वेदेज्जमाण**; (ठा १०—पत्र ४७२)।

वेद देखो **वेअ**=वेद; (पराह १, २—पत्र ४०; धर्मसं ८९२)।

वेदंत देखो **वेअंत**; (धर्मसं ८९३)।

वेदक, **वेदग** देखो **वेअग**; (पराह १, २—पत्र २८; धर्मसं १९६)।

वेदणा देखो **विअणा**; (भग; स्वप्न ८०; नाट—मालवि १४)।

वेदब्भी स्त्री [**वैदर्भी**] प्रद्युम्न कुमार की एक स्त्री का नाम; (अंत १४)।

वेदस (शौ) देखो **वेडिस**; (प्राकृ ८३; नाट—शकु ९८)।

वेदि देखो **वेइ**=वेदि; (पउम ११, ७३)।

वेदिग पुं [**वैदिक**] एक इभ्य मनुष्य-जाति;

"अंबट्ठा य कलंदा य वेदेहा वेदिगातिता (? इया)।
हरिता चुंचुणा चेव छप्पेता इब्भजाइओ ॥"
(ठा ६—पत्र ३५८)।

वेदिय देखो **वेइअ**=वेदित; (भग)।

वेदिस न [**वैदिश**] विदिशा तरफ का नगर; (अणु १४९)।

वेदुलिय देखो **वेरुलिअ**; (चंड)।

वेदूणा स्त्री [**दे**] लजा, शरम; (दे ७, ६५)।

वेदेसिय देखो **वइदेसिअ**; (राज)।

वेदेह पुं [**वैदेह**] एक इभ्य मनुष्य-जाति; (ठा ६—पत्र ३५८)। देखो **वइदेह**।

वेदेहि पुं [**विदेहिन्**] विदेह देश का राजा; (उत्त ९, ६२)।

वेधम्म देखो **वइधम्म**; (धर्मसं १८५)।

वेधव्व देखो **वेहव्व**; (मोह ९९)।

वेन्ना देखो **वेण्णा**; (उप पृ ११५)।

वेप्प वि [**दे**] भूत आदि से गृहीत, पागल; (दे ७, ७४)।

वेप्पुअ न [**दे**] १ शिशुपन, बचपन; २ वि. भूत-गृहीत, भूताविष्ट; (दे ७, ७६)।

वेफल्ल न [**वैफल्य**] निष्फलता; (विसे ४१६; श्रा २२; अज्झ १३३)।

वेब्भल वि [**विह्वल**] व्याकुल; (प्राप्र)।

वेब्भार, **वेभार** पुं [**वैभार**] पर्वत-विशेष, राजगृही के समीप का एक पहाड़; (णाया १, १—पत्र ३३; तिरि ४)।

वेम देखो **वेमय**। वेमइ; (प्राकृ ७४)।

वेम पुं [**वेमन्**] तन्तुवाय का एक उपकरण; (विसे २१००)।

वेमइअ वि [**भग्न**] भाँगा हुआ; (कुमा ६, ६८)।

वेमणस्स न [**वैमनस्य**] १ मनमुटाव, भीतरी द्वेष; (उव)। २ दैन्य, दीनता; (पराह १, १—पत्र ५)।

वेमय सक [**भञ्ज्**] भाँगना, तोड़ना। वेमयइ; (हे ४, १०६; षड्)।

वेमाउअ, **वेमाउग** वि [**वैमातृक**] विमाता की संतान; (सम्मत्त १७१; मोह ८८)।

वेमाणि पुंस्त्री [**विमानिन्**] विमान-वासी देवता, एक उत्तम देव-जाति; (दं २), स्त्री—°**णिणी**; (पराण १७—पत्र ५००; पंचा २, १८)।

वेमाणिअ पुं [**वैमानिक**] एक उत्तम देव-जाति, विमान-वासी देवता; (भग; औप; पराह १, ५—पत्र ९३; जी २४)।

वेमाया स्त्री [**विमात्रा**] अनियत परिमाण; (भग १, १ टी)।

वेम्मि क्रि [**वच्मि**] मैं कहता हूँ; (चंड)।

वेयंड पुं [**वेतण्ड**] हस्ती, हाथी; (स ६३०; ७३५)। देखो **वेंड**।

वेयावच्च, **वेयावडिय** न [**वैयावृत्त्य, वैयापृत्य**] सेवा, शुश्रूषा; (उव; कस; णाया १, ५; औप; ओघभा ३२१; आचा; णाया १, १—पत्र ७५; धर्मसं ९९५; अंत ५३)।

वेर न [**वैर**] दुश्मनाई, शत्रुता; (दे १, १५२; अंत १२; प्रासू १२३)।

वेर न [**द्वार**] दरवाजा; (षड्)।

वेरग्ग न [**वैराग्य**] विरागता, उदासीनता; (उव; स्वप्न ३०; सुपा १७३; प्रासू ११९)।

वेरग्गिअ वि [**वैराग्यिक**] वैराग्य-युक्त, विरागी; (उव;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स १३५)।

वेरज्ज न [**वैराज्य**] १ वैरि-राज्य, विरुद्ध राज्य; (सुख २, ३५; कस)। २ जहाँ पर राजा विद्यमान न हो वह राज्य; ३ जहाँ पर प्रधान आदि राजा से विरक्त रहते हों वह राज्य; (कस; बृह १)।

वेरत्तिय वि [**वैरात्रिक**] रात्रि के तृतीय प्रहर का समय; (उत्त २६, २०; ओघ ६६२)।

वेरमण न [**विरमण**] विराम, निवृत्ति; (सम १०; भग; उवा)।

वेराड पुं [**वैराट**] भारतीय देश-विशेष, अलवर तथा उसके चारों ओर का प्रदेश; (भवि)।

वेराय (अप) पुं [**विराग**] वैराग्य, उदासीनता; (भवि)।

वेरि, **वेरिअ** } देखो **वइरि**; (गउड; कुमा; पि ६१)।

वेरिज्ज वि [**दे**] १ असहाय, एकाकी; २ न. सहायता, मदद; (दे ७, ७६)।

वेरुलिअ पुंन [**वैडूर्य**] १ रत्न की एक जाति; " सुचिरं पि अच्छमाणो वेरुलिओ काचमणीअ उम्मीसो " (प्रासू ३२; पाअ), "वेरुलिअं" (हे २, १३३; कुमा)। २ विमानावास-विशेष; (देवेन्द्र १३२)। ३ शक्र आदि इन्द्रों का एक आभाव्य विमान; (देवेन्द्र २६३)। ४ महाहिमवंत पर्वत का एक शिखर; (ठा २, ३—पत्र ७०; ठा ८—पत्र ४३६)। ५ रुचक पर्वत का एक शिखर; (ठा ८—पत्र ४३६)। ६ वि. वैडूर्य रत्न वाला; (जीव ३, ४; राय)। °**मय** वि [°**मय**] वैडूर्य रत्नों का बना हुआ; (पि ७०)।

वेरोयण देखो **वइरोअण** = वैरोचन; (णाया २, १—पत्र २४७)।

वेल न [**दे**] दन्त-मांस, दाँत के मूल का माँस; (दे ७, ७४)।

वेलंधर पुं [**वेलन्धर**] एक देव-जाति, नागराज-विशेष; (सम ३३)। २ पर्वत-विशेष; ३ न. नगर-विशेष; (पउम ५४, ३९)।

वेलंधर वि [**वैलन्धर**] वेलन्धर-संबन्धी; (पउम ५५, १७)।

वेलंब पुं [**वेलम्ब**] १ वायुकुमार-नामक देवों का दक्षिण दिशा का इन्द्र; (ठा २, ३—पत्र ८५; इक)। २ पाताल-कलश का अधिष्ठाता देव-विशेष; (ठा ४, १—पत्र १९८; ४, २—पत्र २२६)।

वेलंब पुं [**दे. विडम्ब**] १ विडम्बना; (दे ७, ७५; गउड)। २ वि. विडम्बना-कारक; (पण्ह २, २—पत्र ११४)।

वेलंबग पुं [**विडम्बक**] १ विदूषक, मसखरा; (औप; णाया १, १ टी—पत्र २; कप्प)। २ वि. विडम्बना करने वाला; (पुप्फ २२६)।

वेलक्ख न [**वैलक्ष्य**] लज्जा, शरम; (गउड)।

वेलणय न [**दे. व्रीडनक**] १ लज्जा, शरम; (दे ७, ६५ टी)। २ पुं. साहित्य-प्रसिद्ध रस-विशेष, लज्जा-जनक वस्तु के दर्शन आदि से उत्पन्न होने वाला एक रस; (अणु १३५)।

वेलव सक [**उपा + लभ्**] १ उपालम्भ देना, उलहना देना। २ कँपाना। ३ व्याकुल करना। ४ व्यावृत्त करना, हटाना। वेलवइ; (हे ४, १५६; षड्)। वकृ—**वेलवंत**; (से २, ८)। कवकृ—**वेलविज्जंत**; (से १०, ६८)। कृ—**वेलवणिज्ज**; (कुमा)।

वेलव सक [**वञ्च्**] १ ठगना। २ पीड़ा करना। वेलवइ; (हे ४, ९३)। कर्म—वेलविज्जंति; (सुपा ४८२; गउड)।

वेलविअ वि [**वञ्चित**] १ प्रतारित, ठगा हुआ; (पाअ; वज्जा १५२; विवे ७७; वै २६)। २ पीड़ित, हैरान किया हुआ; (खा ११)।

वेला स्त्री [**दे**] दन्त-मांस, दाँत के मूल का माँस; (दे ७, ७४)।

वेला स्त्री [**वेला**] १ समय, अवसर, काल; (पाअ; कप्पू)। २ ज्वार, समुद्र के पानी की वृद्धि; (पण्ह १, ३—पत्र ५५)। ३ समुद्र का किनारा; (से १, ६२; औप; गउड)। ४ मर्यादा; (सूअ १, ६, २६)। ५ वार, दफा; (पंचा १२, २६)। °**उल** न [°**कुल**] बन्दर, जहाजों के ठहरने का स्थान; (सुर १३, ३०; उप ५६७ टी)। °**वासि** पुं [°**वासिन्**] समुद्र-तट के समीप रहने वाला वानप्रस्थ; (औप)।

वेलाइअ वि [**दे**] मृदु, कोमल; २ दीन, गरीब; (दे ७, ९६)।

वेलाव (अप) सक [**वि + लम्बय्**] देरी करना, विलम्ब करना। वेलावसि; (पिंग)।

वेलिल्ल वि [**वेलावत्**] वेला-युक्त; (कुमा)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वेली स्त्री [दे] १ लता-विशेष, निद्राकरी लता; (दे ७, ३४)। २ घर के चार कोणों में रखा जाता छोटा स्तम्भ; (पव १३३)।

वेलु देखो **वेणु**; (हे १, ४; २०३)।

वेलु पुं [दे] १ चोर, तस्कर; २ मुसल; (दे ७, ९४)।

वेलुंक वि [दे] विरूप, खराब, कुत्सित; (दे ७, ९३)।

वेलुग } **वेलुय** } पुंन [**वेणुक**] १ बेल का गाछ; २ बेल का फल; (आचा २, १, ८, १४)। ३ वंश, बाँस; "वेलुयाणि तणाणि य" (पराण १—पत्र ४३; पि २४३)। ४ बांसकरिला, वनस्पति-विशेष; (दस ५, २, २१)।

वेलुरिअ } **वेलुलिअ** } देखो **वेरुलिअ**; (प्राप्र; पि २४१; दे ७, ७७)।

वेलूणा स्त्री [दे] लज्जा, लाज; (दे ७, ९५)।

वेल्ल अक [**वेल्ल्**] १ काँपना। २ लेटना। ३ सक. कँपाना। ४ प्रेरना। वेल्लइ; (पि १०७)। वेल्लंति; (गउड)। वकृ—**वेल्लंत, वेल्लमाण**; (गउड; हे १, ६६; पि १०७)।

वेल्ल अक [**रम्**] क्रीड़ा करना। वेल्लइ; (हे ४, १६८)। कृ—**वेल्लणिज्ज**; (कुमा ७, १४)।

वेल्ल पुं [दे] १ केश, बाल; २ पल्लव; ३ विलास; (दे ७, ९४)। ४ मदन-वेदना, काम-पीडा; ५ वि. अविदग्ध, मूर्ख; (संक्षि ४७)। ६ न. देखो **वेल्लग**; (सुपा २७६)।

वेल्लइअ देखो **वेल्लाइअ**; (षड्)।

वेल्लग न [दे] १ एक तरह की गाड़ी, जो ऊपरसे ढकी हुई होती है, गुजराती में 'वेल'; २ गाड़ी ऊपर का तला; (श्रा १२)।

वेल्लण न [**वेल्लन**] प्रेरणा; (गउड)।

वेल्लय देखो **वेल्लग**; (सुपा २८१; २८२)।

वेल्लरिअ पुं [दे] केश, बाल; (षड्)।

वेल्लरिआ स्त्री [दे] वल्ली, लता; (षड्)।

वेल्लरी स्त्री [दे] वेश्या, वारांगना; (दे ७, ७६; षड्)।

वेल्लविअ देखो **वेल्लिअ**; (से १, २६)।

वेल्लविअ वि [दे] विलिप्त, पोता हुआ; (से १, २६)।

वेल्लहल } **वेल्लहल्ल** } वि [दे] १ कोमल, मृदु; (दे ७, ९६; षड्; गउड; सुपा ५६२; स ७०४)। २ विलासी; (दे ७, ९६; षड्; सुपा ५२)। ३ सुन्दर; (गा ५६८)।

वेल्ला स्त्री [दे. **वल्ली**] लता, वल्ली; (दे ७, ९४)।

वेल्लाइअ वि [दे] संकुचित, सकुचा हुआ; (दे ७, ७९)।

वेल्लि देखो **वल्लि**; (उव; कुमा)।

वेल्लिअ वि [**वेल्लित**] १ कँपाया हुआ; (से ७, ५१)। २ प्रेरित; (से ६, ६५)।

वेल्लिर वि [**वेल्लितृ**] काँपने वाला; (गउड)।

वेल्ली देखो **वेल्लि**; (गा ८०२; गउड)।

वेव अक [**वेप्**] काँपना। वेवइ; (हे ४, १४७; कुमा; षड्)। वकृ—**वेवंत, वेवमाण**; (रंभा; कप्प; कुमा)।

वेवज्झ न [**वैवाह्य**] विवाह, शादी; (राज)।

वेवण्ण न [**वैवर्ण्य**] फीकापन; (कुमा)।

वेवय पुंन [**वेपक**] रोग-विशेष, कम्प; (आचा)।

वेवाइअ वि [दे] उल्लसित, उल्लास-प्राप्त; (दे ७, ७९)।

वेवाहिअ वि [**वैवाहिक**] संबन्धी, विवाह-संबन्ध वाला; (सुपा ४९६; कुप्र १७७)।

वेविअ वि [**वेपित**] १ कम्पित; (गा ३९२; पाअ)। २ पुं. एक नरक-स्थान; (देवेन्द्र २७)।

वेविर वि [**वेपितृ**] काँपने वाला; (कुमा; हे २, १४५; ३, १३५)।

वेव्व अ [दे] आमन्त्रण-सूचक अव्यय; (हे २, १९४; कुमा)।

वेव्व अ [दे] इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ भय, डर; २ वारण, रुकावट; ३ विषाद, खेद; ४ आमन्त्रण; (हे २, १९३; १९४; कुमा)।

वेस पुं [**वेष**] शरीर पर वस्त्र आदि की सजावट; (कप्प; स्वप्न ५२; सुपा ३८६; ३८७; गउड; कुमा)।

वेस वि [**व्येष्य**] विशेष रूप से वांछनीय; (वव ३)।

वेस पुं [**वेष**] १ विरोध, वैर; २ घृणा, अप्रीति; (गउड; भवि)।

वेस वि [**वेष्य**] वेषोचित, वेष के योग्य; (भग २, ५—पत्र १३७; सुज्ज २०—पत्र २९१)।

वेस वि [**द्वेष्य**] १ द्वेष करने योग्य, अप्रीतिकर; (पउम ८८, १९; गा १२६; सुर २, २०८; दे १, ४१)। २ विरोधी, शत्रु, दुश्मन; (सुपा १५२; उप ७६८ टी)।

वेस देखो **वइस्स**=वैश्य; (भवि)।

वेसइअ वि [**वैषयिक**] विषय से संबन्ध रखने वाला; (पि ६१)।

वेसंपायण देखो **वइसंपायण**; (हे १, १५२; षड्)।

वेसंभ पुं [**विश्रम्भ**] विश्वास; (पउम २८, ५४)।

वेसंभरा स्त्री [दे] गृहगोधा, छिपकली; (दे ७, ७७)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वेसक्खिअ न [दे] द्वेष्यत्व, विरोध, दुश्मनाई; (दे ७, ७६)।

वेसण न [दे] वचनीय, लोकापवाद; (दे ७, ७२)।

वेसण न [वेषण] जीरा आदि मसाला; (पिंड ५४)।

वेसण न [वेसन] चना आदि द्विदल का आटा; (पिंड २५६)।

वेसमण पुं [वैश्रमण] १ यक्षराज, कुबेर; (पात्र; णाया १, १—पत्र ३६; सुपा १२८)। २ इन्द्र का उत्तर दिशा का लोकपाल; (सम ८६; भग ३, ७—पत्र १६६)। ३ एक विद्याधर-नरेश; (पउम ७, ६६)। ४ एक राज-कुमार; (विपा २, ६)। ५ एक शेठ का नाम; (सुपा १२८; ६२७)। ६ अहोरात्र का चौदहवाँ मुहूर्त; (सुज १०, १३; सम ५१)। ७ एक देव-विमान; (देवेन्द्र १४४)। ८ क्षुद्र हिमवान् आदि पर्वतों के शिखरों का नाम; (ठा २, ३—पत्र ७०; ८०; ८—पत्र ४३६; ६—पत्र ४५४)। °काइय पुं [°कायिक] वैश्रमण की आज्ञा में रहने वाली एक देव-जाति; (भग ३, ७—पत्र १६६)। °दत्त पुं [°दत्त] एक राजा का नाम; (विपा १, ६—पत्र ८८)। °देवकाइय पुं [°देवकायिक] वैश्रमण के अधीनस्थ एक देव-जाति; (भग ३, ७—पत्र १६६)। °प्पभ पुं [°प्रभ] वैश्रमण के उत्पात-पर्वत का नाम; (ठा १०—पत्र ४८२)। °भद्द पुं [°भद्र] एक जैन मुनि; (विपा २, ३)।

वेसम्म न [वैषम्य] विषमता, अ-समानता; (अज्झ ५; पत्र २१६ टी)।

वेसर पुंस्त्री [वेसर] १ पक्षि-विशेष; (पयह १, १—पत्र ८)। २ अश्वतर, खच्चर; स्त्री—°री; (सुर ८, १६)।

वेसलग पुं [वृषल] शूद्र, अधम-जातीय मनुष्य; (सूअ २, २, ५४)।

वेसवण पुं [वैश्रवण] देखो **वेसमण**; (हे १, १५२; चंड; देवेन्द्र २७०)।

वेसवाडिय पुं [वेशवाटिक] एक जैन मुनि-गण; (कप्प)।

वेसवार पुं [वेसवार] धनिया आदि मसाला; (कुप्र ६८)।

वेसा देखो **वेस्सा**, (कुमा; सुर ३, ११६; सुपा २३५)।

वेसाणिय पुं [वैषाणिक] १ एक अन्तर्द्वीप; २ अन्तर्द्वीप विशेष में रहने वाली मनुष्य-जाति; (ठा४, २—पत्र २२५)।

वेसानर देखो **वइसानर**; (सहि ६ टी)।

वेसायण देखो **वेसियायण**; (राज)।

वेसालिअ वि [वैशालिक] १ समुद्र में उत्पन्न; २ विशालाख्य जाति में उत्पन्न; ३ विशाल, बड़ा, विस्तीर्ण; "मच्छा वेसालिया चेव" (सूअ १, १, ३, २)। ४ पुं. भगवान् ऋषभदेव; (सूअ १, २, ३, २२)। ५ भगवान् महावीर; (सूअ १, २, ३, २२; भग)।

वेसाली स्त्री [वैशाली] एक नगरी का नाम; (कप्प; उप ३३०)।

वेसास देखो **वीसास**; " को किर वेसासु वेसासो" (धर्मवि ६५)।

वेसासिअ वि [वैश्वासिक, विश्वास्य] विश्वास-योग्य, विश्वसनीय, विश्वास-पात्र; (ठा ५,३—पत्र ३४२; विपा १,१—पत्र १५; कप्प; औप; तंदु ३५)।

वेसाह देखो **वइसाह**; (पात्र; वव १)।

वेसाही स्त्री [वैशाखी] १ वैशाख मास की पूर्णिमा; २ वैशाख मास की अमावस; (इक)।

वेसि वि [द्वेषिन्] द्वेष करने वाला; (पउम ८, १८७; सुर ६, ११५)।

वेसिअ देखो **वइसिअ**; (हे १, १५२)।

वेसिअ पुंस्त्री [वैशिक] १ वैश्य, वणिक्; (सूअ १, ६, २)। २ न. जैनेतर शास्त्र-विशेष, काम-शास्त्र; (अणु ३६; राज)।

वेसिअ वि [वैषिक] वेष-प्राप्त, वेष-संबन्धी; (सूअ २, १, ५६; आचा २, १, ४, ३)।

वेसिअ वि [व्येषित] १ विशेष रूप से अभिलषित; २ विविध प्रकार से अभिलषित; (भग ७, १—पत्र २६३)।

वेसिट्ठ देखो **वइसिट्ठ**; (धर्मसं २७१)।

वेसिणी स्त्री [दे] वेश्या, गणिका; (गा ४७४)।

वेसिया देखो **वेस्सा**; "कामासत्तो न मुणइ गम्मागम्मंपि वेसियाणुव्व" (भत्त ११३; ठा ४, ४—पत्र २७१)।

वेसियायण पुं [वैश्यायन] एक बाल तापस; (भग १५—पत्र ६६५; ६६६)।

वेसी स्त्री [वैश्या] वैश्य जाति की स्त्री; (सुख ३, ४)।

वेसुम पुं [वेश्मन्] गृह, घर; (प्राकृ २८)।

वेस्स देखो **वइस्स**=वैश्य; (सूअ १, ६, २)।

वेस्स देखो **वेस**=द्वेष्य; (उत्त १३, १८)।

वेस्स देखो **वेस**=वेष्य; (राज)।

वेस्सा स्त्री [वेश्या] १ पण्यांगना, गणिका; (विसे १०३०;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गा १५६; ८६०)। २ ओषधि-विशेष; पाढ़ का गाछ; (प्राकृ २६)।

वेस्सासिअ देखो **वेसासिअ**; (भग)।

वेह सक [**प्र+ईक्ष्**] देखना, अवलोकन करना। "जहा संगामकालंसि पिट्ठतो भीरु वेहइ" (सूअ १, ३, ३, १)।

वेह सक [**व्यध्**] बींधना। वेहइ; (पि ४८६)।

वेह पुं [**वेध**] १ वेधन, छेद; (सम १२५; वज्जा १४२)। २ अनुवेध, अनुगम, मिश्रण; ३ द्यूत-विशेष, एक तरह का जूआ; (सूअ १, ६, १७)। ४ अनुशय, अत्यन्त द्वेष; (पराह १, ३—पत्र ४२)।

वेह पुं [**वेधस्**] विधि, विधाता; (सुर ११, ५)।

वेहण न [**वेधन**] वेधन, छेद करना; (राय १४६; धर्मवि ७१)।

वेहम्म देखो **वइधम्म**; (उप १०३१ टी; धर्मसं १८५ टी)।

वेहल्ल पुं [**विहल्ल**] राजा श्रेणिक का एक पुत्र; (अनु १; २; निर १, १)।

वेहव सक [**वञ्च्**] ठगना। वेहवइ; (हे ४, ९३; षड्)।

वेहव न [**वैभव**] विभूति, ऐश्वर्य; (भवि)।

वेहविअ पुं [**दे**] १ अनादर, तिरस्कार; २ वि॰ क्रोधी; (दे ७, ९६)।

वेहविअ वि [**वञ्चित**] प्रतारित; (दे ७, ९६ टी)।

वेहव्व न [**वैधव्य**] १ विधवापन, रँडापन; (गा ६३०; हे १, १४८; गउड; सुपा १३६)।

वेहाणस देखो **वेहायस**; (आचा २, १०, २; ठा २, ४—पत्र ९३; सम ३३; णाया १, १६—पत्र २०२; भग)।

वेहाणसिय वि [**वैहायसिक**] फाँसी आदि से लटक कर मरने वाला; (औप)।

वेहायस वि [**वैहायस**] १ आकाश-संबन्धी, आकाश में होने वाला; २ न॰ मरण-विशेष, फाँसी लगा कर मरना; (पव १५७)। ३ पुं॰ राजा श्रेणिक का एक पुत्र; (अनु)।

वेहारिय वि [**वैहारिक**] विहार-संबन्धी, विहार-प्रवण; (सुख २, ४५)।

वेहास न [**विहायस्**] १ आकाश, गगन; (णाया १, ८—पत्र १३४)। २ अन्तराल, बीच भाग; (सूअ १, २, १, ८)।

वेहास देखो **वेहायस**; (पव १५७; अनु १)।

वेहिम वि [**वैध्रिक, वेध्य**] तोड़ने योग्य, दो टुकड़े करने योग्य; (दस ७, ३२)।

वैउंठ देखो **वेकुंठ**; (समु १५०)।

वैभव देखो **वेहव**; (ति १०३)।

वोअस देखो **वोक्कस**। कवकृ—**वोयसिज्जमाण**; (भग)।

वोइय वि [**व्यपेत**] वर्जित, रहित; (भवि)।

वोंट देखो **विंट**=वृन्त; (हे १, १३९)।

वोकिल्ल वि [**दे**] गृह-शूर, झूठा शूर; (दे ७, ८०)।

वोकिल्लिअ न [**दे**] रोमन्थ, चबी हुई चीज को पुनः चबाना; (दे ७, ८२)।

वोक्क सक [**वि+ज्ञपय्**] विज्ञप्ति करना। वोक्कइ; (हे ४, ३८)। वकृ—**वोक्कंत**; (कुमा)।

वोक्क सक [**व्या+हृ, उद्+नद्**] पुकारना, आह्वान करना। वोक्कइ; (षड्; प्राकृ ७४)।

वोक्क सक [**उद्+नट्**] अभिनय करना। वोक्कइ; (प्राकृ ७४)।

वोक्कंत वि [**व्युत्क्रान्त**] १ विपरीत क्रम से स्थित; (हे १, ११६)। २ अतिक्रान्त; "पज्जवनयवोक्कंतं तं वत्थुं दव्वट्ठिअस्स वयणिज्जं" (सम्म ८)। देखो **वुक्कंत**।

वोक्कस सक [**व्यप+कृष्**] ह्रास प्राप्त करना, कमी करना। कवकृ—**वोक्कसिज्जमाण**; (भग ५, ६—पत्र २२८)।

वोक्कस देखो **वोक्कस**; (सूअ १, ९, २)।

वोक्कस देखो **वुक्कस**=व्युत्+कृष्। वोक्कसाहि; (आचा २, ३, १, १४)।

वोक्का स्त्री [**दे**] वाद्य-विशेष; "डकावोकाण खो विंभिओ रायपंगणए" (सुपा २४२)। देखो **वुक्का**।

वोक्का स्त्री [**व्याहृति**] पुकार; (उप ७६८ टी)।

वोक्कार देखो **बोक्कार**; (सुर १, २४६)।

वोक्ख देखो **वोक्क**=उद्+नद्। वोक्खइ; (धात्वा १५४)।

वोक्खंदय पुं [**अवस्कन्द**] आक्रमण; (महा)।

वोक्खारिय वि [**दे**] विभूषित; "पवरदेवंगवत्थवोक्खारियकणयखंभं" (स २३९)।

वोगड वि [**व्याकृत**] १ कहा हुआ, प्रतिपादित; (सूअ २, ७, ३८; भग; कस)। २ परिस्फुट; (आचानि २९२)।

वोगडा स्त्री [**व्याकृता**] प्रकट अर्थ वाली भाषा; (पराण ११—पत्र ३७४)।

वोगसिअ वि [**व्युत्कर्षित**] निष्कासित, बाहर निकाला हुआ; (तंदु २)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वोच) सक [वद्] बोलना, कहना। वोचइ, वोच्चइ;
वोच्च) (धात्वा १५४)।

वोच्चत्थ वि [व्यत्यस्त] विपरीत, उल्टा; "हियनिस्सेस-(?यस)बुद्धिवोच्चत्थे" (उत्त ८, ५; सुख ८, ५; विसे ८५३)।

वोच्चत्थ न [दे] विपरीत रत; (दे ७, ५८)।

वोच्छ° देखो **वय=वच्**।

वोच्छिंद सक [व्युत्, व्यव + छिद्] १ भाँगना, तोड़ना, खण्डित करना। २ विनाश करना। ३ परित्याग करना। वोच्छिंदइ; (उत्त २९, २)। भवि—वोच्छिंदिहिंति; (पि ५३२)। कर्म—बुच्छिज्जं, वोच्छिज्जइ, वोच्छिज्जए; (कम्म २, ७; पि ५४६; काल); भवि—वोच्छिजिहिंति; (पि ५४९)। वकृ—**वोच्छिंदंत**, **वोच्छिंदमाण**; (से १५, ६२; ठा ६—पत्र ३५९)। कवकृ—**वोच्छिज्जंत**, **वोच्छिज्जमाण**; (से ८, ५; ठा ३, १—पत्र ११९)।

वोच्छिण्ण देखो **वोच्छिन्न**; (विपा १, २—पत्र २८)।

वोच्छित्ति स्त्री [व्यवच्छित्ति] विनाश; "संसारवोच्छित्ती" (विसे १९३३)। °णय पुं [°नय] पर्याय-नय; (णंदि)।

वोच्छिन्न देखो **बुच्छिन्न**; (भग; कप्प; सुर ४, ९९)।

वोच्छेअ) पुं [व्युच्छेद, व्यवच्छेद] १ उच्छेद, विनाश;
वोच्छेद) "संसारवोच्छेयकरे" (णाया १, १—पत्र ६०; धर्मसं २२८)। २ अभाव, व्यावृत्ति; (कम्म ६, २३)। ३ प्रतिबन्ध, रुकावट, निरोध; (उवा; पंचा १, १०)। ४ विभाग; (गउड ७४०)।

वोच्छेयण न [व्युच्छेदन] १ विनाश; (चेइय ५२४; पिंड ६६६)। २ परित्याग; (ठा ६ टी—पत्र ३६०)।

वोज्ज देखो **वुज्ज**। वोजइ; (हे ४, १९८ टी)।

वोज्ज सक [वोजय्] हवा करना। वोजइ; (हे ४, ५; षड्)। वकृ—**वोज्जंत**; (कुमा)।

वोज्जिर वि [त्रसितृ] डरने वाला; (कुमा)।

वोज्झ देखो **वह**=वह्। भवि—"तेणं कालेणं तेणं समएणं गंगासिंधूओ महानदीओ रहपहवित्थराओ अक्खसोयप्प-माणमेत्तं जणं वोज्झिहिंति" (भग ७, ६—पत्र ३०७)। कृ—"नासानीसासवायवोज्झं...अंसुयं" (णाया १, १—पत्र २५; राय १०२; प्राप)।

वोज्झ) पुं [दे] बोझ, भार; "असिवोज्झं फलय-
वोज्झमल्ल) वोज्झमल्लं च" (दे ७, ८०)।

वोज्झर वि [दे] १ अतीत; २ भीत, त्रस्त; (दे ७, ९९)।

वोट्टि वि [दे] सक्त, लीन; (षड्)।

वोड वि [दे] १ दुष्ट; २ छिन्न-कर्ण, जिसका कान कट गया हो वह; (गा ५४६)। देखो **बोड**।

वोडहा स्त्री [दे] १ तरुणी, युवति; २ कुमारी; "सिक्खंतु वोडहीओ" (गा ३९२)। देखो **वोद्रह**।

वोड्ड वि [दे] मूर्ख, बेवकूफ; (उव)।

वोढ वि [ऊढ] वहन किया हुआ; (धात्वा १५४)।

वोढ वि [दे] देखो **वोड**; (गा ५५० अ)।

वोढव्व देखो **वह** = वह्।

वोढु वि [वोढृ] वहन-कर्ता; (महा)।

वोढुं देखो **वह** = वह्।

वोढूण अ [उड्ढ्वा] वहन कर; (पि ५८६)।

वोत्तव्व देखो **वय**=वच्।

वोत्तुआण अ [उक्त्वा] कह कर; (षड्—पृ १५३)।

वोत्तुं) देखो **वय**=वच्।
वोत्तूण)

वोदाण न [व्यवदान] १ कर्म-निर्जरा, कर्मों का विनाश; (ठा ३, ३—पत्र १५६; उत्त २९, १)। २ शुद्धि, विशेष रूप से कर्म-विशोधन; (पंचा १५, ४; उत्त २९, १; भग)। ३ तप, तपश्चर्या; (सूअ १, १४, १७)। ४ वनस्पति-विशेष; (पण्ण १—पत्र ३४)।

वोद्रह वि [दे] तरुण, युवा; (दे ७, ८०), "वोद्रहद्रहम्मि पडिआ" (हे २, ८०); स्त्री—°ही; "सिक्खंतु वोद्रहीओ" (हे २, ८०)।

वोभीसण वि [दे] वराक, दीन, गरीब; (दे ७, ८२)।

वोम न [व्योमन्] आकाश, गगन; (पाअ; विसे ६५९)। °**विंदु** पुं [°बिन्दु] एक राजा का नाम; (पउम ७, ५३)।

वोमज्झ पुं [दे] अनुचित वेष; (दे ७, ८०)।

वोमज्झिअ न [दे] अनुचित वेष का ग्रहण; (दे ७, ८० टी)।

वोमिल पुं [व्योमिल] एक जैन मुनि; (कप्प)।

वोमिला स्त्री [व्योमिला] एक जैन मुनि-शाखा; (कप्प)।

वोय पुं [वोक] एक देश का नाम; (पउम ९८, ६४)।

वोरच्छ वि [दे] तरुण, युवा; (दे ७, ८०)।

वोरमण न [व्युपरमण] हिंसा, प्राणि-वध; (पण्ह १, १—पत्र ५)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वोरल्ली स्त्री [**दे**] १ श्रावण मास की शुक्ल चतुर्दशी तिथि में होने वाला एक उत्सव; २ श्रावण मास की शुक्ल चतुर्दशी; (दे ७, ८१)।

वोरविअ वि [**व्यपरोपित**] जो मार डाला गया हो वह; "सक्कारित्ता जुयलं दिन्नं विइएण वोरविश्रो" (वव १)।

वोरुट्टी स्त्री [**दे**] रुई से भरा हुआ वस्त्र; (पव ८४)।

वोल सक [**गम्**] १ गति करना, चलना। २ गुजारना, पसार करना। ३ अतिक्रमण करना, उल्लंघन करना। ४ अक. गुजरना, पसार होना। वोलइ; (प्राकृ ७३; हे ४, १६२; महा; धर्मसं ७५४), "कालं वोलेइ" (कुप्र २२४), वोलंति; (वज्जा १४८; धर्मवि ५३)। वकृ—**वोलंत, वोलेंत**; (कुमा; गा २१०; २२०; पउम ६, ५४; से १४, ७५; सुपा २२४; से ६, ९६)। संकृ—**वोलिऊण, वोलेत्ता**; (महा; आव)। कृ—**वोलेअव्व**; (से २, १; स ३९३)। प्रयो—संकृ—**वोलाविउं, वोलावेउं**; (सुपा १४०; गा ३४९ अ ?)। देखो **बोल**=व्यति+क्रम्।

वोल देखो **बोल**=दे; (दे ६, ९०)।

वोलट्ट अक [**व्यप+लुट्**] छलकना। वकृ—**वोलट्टमाण**; (भग)।

वोलाविअ वि [**गमित**] अतिक्रामित; (वज्जा १४; सुपा ३३४; गा २१)।

वोलिअ } वि [**गत**] १ गया हुआ; (प्राकृ ७७)। २ **वोलीण** } गुजरा हुआ, जो पसार हुआ हो वह, व्यतीत; (सुर ६, १९; महा; पव ३५; सुर ३, २५)। ३ अतिक्रान्त, उल्लंघित; (पाअ; सुर २, १; कुप्र ४५; से १, ३; ४, ४८; गा ५७; २५२; ३४०; हे ४, २५८; कुमा; महा)।

वोल्ल सक [**आ+क्रम्**] आक्रमण करना। वोल्लइ; (धात्वा १५४)।

वोल्लाह पुं [**वोल्लाह**] देश-विशेष; (स ८१)।

वोल्लाह वि [**वौल्लाह**] देश-विशेष में उत्पन्न; (स ८१)।

वोवाल पुं [**दे**] वृषभ, बैल; (दे ७, ७९)।

वोसग्ग पुं [**व्युत्सर्ग**] परित्याग; (विसे २९०५)।

वोसग्ग } अक [**वि+कस्**] १ विकसना। २ बढ़ना। **वोसट्ट** } वोसग्गइ, वोसट्टइ; (षड्; हे ४, १९५; प्राकृ ७६)। वकृ—**वोसट्टमाण**; (भग; गा ८२८)।

वोसट्ट सक [**वि+कासय्**] १ विकाश करना। २ बढ़ाना। वोसट्टइ; (धात्वा १५४)।

वोसट्ट वि [**विकसित**] विकास-प्राप्त; (हे ४, २५८; प्राकृ ७७)।

वोसट्ट वि [**दे**] भर कर खाली किया हुआ; (दे ७, ८१)।

वोसट्टिअ वि [**विकसित**] विकास-प्राप्त; (कुमा)।

वोसट्ठ वि [**व्युत्सृष्ट**] १ परित्यक्त, छोड़ा हुआ; (कप्प; कस; ओघ ६०५; उत्त ३५, १९; आचा २, ८, १; पंचा १८, ९)। २ परिष्कार-रहित, साफसूफ-वर्जित; (सूअ १, १६, १)। ३ कायोत्सर्ग में स्थित; (दस ५, १, ९१)।

वोसमिय वि [**व्यवशमित**] उपशमित, शान्त किया हुआ; "खामिय वोसमियाइं अहिगरणाइं तु जे उदीरेंति। ते पावा नायव्वा" (ठा ६ टी—पत्र ३७१)।

वोसर } सक [**व्युत्+सृज्**] परित्याग करना, छोड़ना। **वोसिर** } वोसरिमो, वोसिरइ, वोसिरामि; (पव २३७; महा; भग; ओप), वोसिरेज्जा, वोसिरे; (पि २३५)। वकृ—**वोसिरंत**; (कुप्र ८१)। संकृ—**वोसिज्ज, वोसिरित्ता**; (सूअ १, ३, ३, ७; पि २३५)। कृ—**वोसिरियव्व**; (पत्र ४६)।

वोसिर वि [**व्युत्सर्जन**] छोड़ने वाला; (उप पृ २९८)।

वोसिरण न [**व्युत्सर्जन**] परित्याग; (हे २, १७४; श्रा १२; श्रावक ३७९; ओघ ८५)।

वोसिरिअ देखो **वोसट्ठ**; (पउम ४, ५२; धर्मसं १०५१; महा)।

वोसेअ वि [**दे**] उन्मुख-गत; (दे ७, ९१)।

वोहित्त न [**वहित्र**] प्रवहण, जहाज, नौका; (गा ७४६)। देखो **बोहित्थ**।

वोहार न [**दे**] जल-वहन; (दे ७, ८१)।

व्युड पुं [**दे**] विट, भड़ुआ; (षड्)।

व्ंद देखो **वंद**=वृन्द; (प्राप्र)।

व्रत्त (अप) देखो **वय**=व्रत; (हे ४, ३९४)।

व्राकोस (अप) पुं [**व्याक्रोश**] १ शाप; २ निन्दा; ३ विरुद्ध चिन्तन; (प्राकृ ११२)।

व्रागरण (अप) देखो **वागरण**; (प्राकृ ११२)।

व्राडि (अप) पुं [**व्याडि**] संस्कृत व्याकरण और कोष का कर्ता एक मुनि; (प्राकृ ११२)।

व्रास देखो **वास**=व्यास; (हे ४, ३९९; प्राकृ ११२; षड्; कुमा)।

व्व देखो **इव**; (हे २, १८२; कप्प; रंभा)।

व्व देखो **वा**=अ; (प्राकृ २६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्वअ देखो वय = व्रत; (कुमा)।
व्ववसिअ देखो ववसिअ=व्यवसित; (अभि १२४)।
व्वाज देखो वाय=व्याज; (मा २०)।
व्वावार देखो वावार = व्यापार; (मा ३६)।
व्वावुड देखो वावुड; (अभि २४६)।
व्वाहि देखो वाहि; (मा ४४)।
व्विव देखो इव; (प्राकृ २६)।
व्वे अ [दे] संबोधन-सूचक अव्यय; (प्राकृ ८०)।

इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि वआराइसद्दसंकलणो पंचतीसइमो तरंगो समत्तो।

———ooo———

श

शिआल (मा) पुं [श्याल] बहू का भाई; (प्राकृ १०२; मृच्छ २०४)।
श्चिंट (मा) देखो चिट्ठ = स्था। श्चिटदि; (धात्वा १५४; प्राकृ १०३)।

इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि शआराइसद्दसंकलणो छत्तीसइमो तरंगो समत्तो।

———ooo———

स

स पुं [स] व्यञ्जन वर्ण-विशेष, इसका उच्चारण-स्थान दाँत होने से यह दन्त्य कहा जाता है; (प्राप)। °अण, °गण पुं [°गण] पिंगल-प्रसिद्ध एक गण, जिसमें प्रथम के दो ह्रस्व और तीसरा गुरु अक्षर होता है; (पिंग)। °गार पुं [°कार] 'स' अक्षर; (दसनि १०, २)।
स देखो सं=सम्; (षड्; पिंग)।
स पुं [श्वन्] श्वान, कुत्ता; (हे १, ५२; ३, ५६; षड्)। °पाग पुं [°पाक] चण्डाल; (उव)। °मुहि पुंस्त्री [°मुखि] कुत्ते की तरह आचरण, कुत्ते की तरह भषण; (णाया १, ६—पत्र १६०)। °वच पुं [°पच] चाण्डाल; (दे १, ६४)। °वाग, °वाय देखो °पाग; (वै ५६; पाअ)।
स अ [स्वर्] सुरालय, स्वर्ग; (विसे १८८३)।
स वि [सत्] १ श्रेष्ठ, उत्तम; (उवा; कुमा; कुप्र १४१)। २ विद्यमान; "नो य उप्पजए अ-सं" (सूअ १, १, १,१६)। °उरिस पुं [°पुरुष] श्रेष्ठ पुरुष, सज्जन; (गउड)। °क्कय वि [°कृत] संमानित; (पण्ह १, ४—पत्र ६८); देखो °क्किअ। °क्कह वि [°कथ] सत्य-वक्ता; (सं ३२)। °क्किअ न [°कृत] सत्कार, संमान; (उत्त १५, ५); देखो °क्कय। °गइ स्त्री [°गति] उत्तम गति—१ स्वर्ग; २ मुक्ति, मोक्ष; (भवि; राज)। °ज्जण पुं [°ज्जन] भला आदमी, सत्पुरुष; (उव; हे १, ११; प्रासू ७)। °त्तम वि [°त्तम] अतिशय साधु, सज्जनों में अतिश्रेष्ठ; (सुपा ६५५; श्रा १४; सार्ध ३)। °त्थाम न [°स्थामन्] प्रशस्त बल; (गउड)। °धम्मिअ वि [°धार्मिक] श्रेष्ठ धार्मिक; (श्रा १२)। °न्नाण न [°ज्ञान] उत्तम ज्ञान; (श्रा २७)। °प्पभ वि [°प्रभ] सुन्दर प्रभा वाला; (राय)। °प्पुरिस पुं [°पुरुष] १ सज्जन, भला आदमी; (अभि २०१; प्रासू १२)। २ किंपुरुष-निकाय का दक्षिण दिशा का इन्द्र; (ठा २, ३—पत्र ८५)। ३ श्रीकृष्ण; (कुप्र ४८)। °प्फल वि [°फल] श्रेष्ठ फल वाला; (अच्चु ३१)। °ब्भाव पुं [°भाव] १ संभव, उत्पत्ति; (उप ७२६)। २ सत्त्व, अस्तित्व; (सम्म ३७; ३८; ३६)। ३ सुन्दर भाव, चित्त का अच्छा अभिप्राय; "सब्भावो पुण उज्जुजणस्स कोडिं विसेसेइ" (प्रासू ६; १७२; उव; हे २, १६७)। ४ भावार्थ, तात्पर्य; (सुर ३,१०१)। ५ विद्यमान पदार्थ; (अणु)। °ब्भावदायणा स्त्री [°भावदर्शन] आलोचना, प्रायश्चित्त के लिए निज दोष का गुर्वादि के समक्ष प्रकटीकरण; (ओघ ७६१)। °ब्भाविअ वि [°भावित] सद्भाव-युक्त; (स २०१; ६६८)। °ब्भूअ वि [°भूत] १ सत्य, वास्तविक, सच्चा; "सब्भूएहिं भावेहिं" (उवा)। २ विद्यमान; (पंचा ४, २४)। °यचार पुं [°आचार] प्रशस्त आचरण; (रयण १५)। °रूव वि [°रूप] प्रशस्त रूप वाला; (पउम ८, ६)। °ल्लग पुं [°लग] प्रशस्त संवरण, इन्द्रिय-संयम; (सूअ २, २, ५७) °वाय पुं [°वाद] प्रशस्त वाद; (सूअ २, ७, ५)। °वाया स्त्री [°वाच्] प्रशस्त वाणी; (सूअ २, ७, ५)।
स पुं [स्व] १ आत्मा, खुद; (उवा; कुमा; सुर २, २०६)। २ ज्ञाति, नात; (हे २, ११४; षड्)। ३ वि. आत्मीय, स्वीय, निजी; (उवा; ओघभा ६; कुमा; सुर ४, ६०)। ४ न. धन, द्रव्य; (पंचा ८, ६; आचा २, १, १, ११)। ५ कर्म; (आचा २, १६, ६)। °कडब्भि, °गडब्भि वि [°कृतभिद्] निज के किए हुए कर्मों का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विनाशक; (पि १६६; आचा १, ३, ४, १; ४)। °जण पुं [°जन] १ ज्ञाति, सगा; २ आत्मीय लोक; (स्वप्न ६७; षड्)। °तंत वि [°तन्त्र] १ स्वाधीन, स्व-वश; (विसे २११२; दे ३, ४३; अच्चु १)। २ न. स्वकीय सिद्धान्त; (निचू ११)। °त्थ वि [°स्थ] १ तंदुरस्त, स्वभाव-स्थित; २ सुख से अवस्थित; (पाअ; पउम २६, ३१; स्वप्न १०६; सुर १०, १०४; सुपा २७६; महा; सण)। °पक्ख पुं [°पक्ष] १ साधर्मिक, समान धर्म वाला; (द्र १७)। २ तरफदार; (कुप्र ११९)। ३ अपना पक्ष; (सम्म २१)। °पाय न [°पात्र] निज का नाम, खुद की संज्ञा; (राज)। °प्पभ वि [°प्रभ] निजसे ही शोभने वाला; (सम १३७)। °ब्भाव, °भाव पुं [°भाव] प्रकृति, निसर्ग; "कणियारतरू नवकणिणआरसुंदेरदरिअस-ब्भावो" (कुमा ३, ४४; सम्म २१; सुर १, २७; ४, १२५),

"कुवियस्स आउरस्स य वसणासत्तस्स आयरत्तस्स ।
मत्तस्स मरंतस्स य सब्भावा पायडा हुंति"
(प्रासू ६४)।

°भावन्नु वि [°भावज्ञ] स्वभाव का जानकार; (पउम ५८, ४१)। °यण देखो °जण; (उवा; हे २, ११४; सुर ४, ७६; प्रासू ७६; ६५)। °रूय, °रूव न [°रूप] स्वभाव; (गउड; धर्मसं ६१३; कुमा; भवि; सुर २, १४२)। °संवेयण न [°संवेदन] स्व-प्रत्यक्ष ज्ञान; (धर्मसं ४४)। °हाअ, °हाव देखो °भाव; (से ३, १५; ७, १७; गउड; सुर ३, २२; प्रासू २; १०३)। °हाववाद पुं [°भाव-वाद] स्वभाव से ही सब कुछ होता है ऐसा मानने वाला मत; (उप १००३)। °हिअ न [°हित] १ निज का भला, स्वीय भलाई; २ वि. निज का भला करने वाला, स्व-हितकर; (सुपा ४१०)।

स° वि [स°] १ सहित, युक्त; (सम १३७; भग; उवा; सुपा १६२; सण)। २ समान, तुल्य; "सगुत्ते", "सपक्खे" (कप्प; निर १, १)। °अण्ह वि [°तृष्ण] उत्कण्ठित, उत्सुक; (से १२, ६८; गा ३४८; गउड; सुपा ३८४)। °अर वि [°कर] कर-सहित; (से २, २६)। °अर वि [°गर] विष-युक्त, जहरिला; (से २, २६)। °इण्ह देखो °अण्ह; (सुपा ४१२)। °उण वि [°गुण] गुण-युक्त; (सुपा १८५)। °उण्ण, °उन्न वि [°पुण्य] पुण्य-युक्त, पुण्य-शाली; (महा; सुर २, ६८; सुपा ६३५)। °ओस वि [°तोष] संतुष्ट; (उप ७२८ टी)। °ओस वि [°दोष] दोष-युक्त; (उप ७२८ टी)। °काम वि [°काम] १ समृद्ध मनोरथ वाला; (स्वप्न ३०)। २ मनोरथ-युक्त, इच्छा वाला; (राज)। °कामणिज्जरा स्त्री [°कामनिर्जरा] कर्म-निर्जरा का एक भेद; (राज)। °काममरण न [°काममरण] मरण-विशेष, पण्डित-मरण; (उत्त ५, २)। °केय वि [°केत] १ गृहस्थ; २ प्रत्याख्यान-विशेष; (पव ४)। °क्खर वि [°क्षर] विद्वान्, जानकार; (वज्जा १५८; सम्मत्त १४३)। °गार वि [°गार] गृहस्थ; (ओघभा २०)। °गार वि [°कार] आकार-युक्त; (धर्मवि ७२)। °गुण वि [°गुण] गुणवान्, गुणी; (उव; सुपा ३४५; सुर ४, १६६)। °ग्ग वि [°ग्र] श्रेष्ठ, उत्तम; (से ६, ४७)। °गाह वि [°ग्रह] उपरक्त, गुहण-युक्त, दुष्ट ग्रह से आक्रान्त; (पाअ; वव १)। °घिण वि [°घृण] दयालु; (अच्चु ५०)। °चक्खु, °चक्खुअ वि [°चक्षुष्, °चक्षुष्क] नेत्र वाला, देखता; (पउम ६७, २३; वसु; सं ७८; विपा १, १—पत्र ५)। °चित्त वि [°चित्त] चेतना वाला, सजीव; (उवा; पडि)। °चेयण वि [°चेतन] वही अर्थ; (विसे १७५३)। °च्चित्त देखो °चित्त; (ओघ २२; सुपा ६२१; ६२६; पि १६६; ३५०)। °जिय देखो °ज्जीअ; (सुर १२, २१०)। °जोइ वि [°ज्योतिष्] प्रकाश-युक्त; (पि ४११; सूअ १, ५, १, ७)। °जोणिय वि [°योनिक] उत्पत्ति-स्थान वाला, संसारी; (ठा २, १—पत्र ३८)। °ज्जीअ, °ज्जीव वि [°जीव] १ ज्या-युक्त, धनुष की डोरी वाला; २ सचेतन, जीव वाला; (पि १६६; से १, ४५)। ३ न. कला-विशेष, मृत धातु वगैरः को सजीवन करने का ज्ञान; (औप; राय; जं २ टी—पत्र १३७)। °ड्ढ वि [°ार्ध] डेढ़। °ड्ढकाल पुं [°ार्धकाल] तप-विशेष, पुरिमड्ढ तप; (संबोध ५८)। °णप्पय, णप्फय °णप्फय वि [°नखपद] नख-युक्त पैर वाला, सिंह आदि श्वापद जंतु; (सूअ २, ३, २३; ठा ४, ४—पत्र २७१; सूअ १, ५, २, ७; पराण १—पत्र ४६; पि १४८)। °णाह वि [°नाथ] स्वामी वाला, जिसका कोई मालिक हो वह; (विपा १, २—पत्र २७; रंभा; कुमा)। °तण्ह वि [°तृष्ण] तृष्णा-युक्त, उत्कण्ठित, उत्सुक; (से १, ४६)। °त्तर वि [°त्वर] १ त्वरा-युक्त, वेग वाला; २ न. शीघ्र, जल्दी; (सुपा १५६)। °द्ध वि [°ार्ध]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्ध-सहित, डेढ़; (पउम ९८, ५४)। °**धवा** स्त्री [°**धवा**] सौभाग्यवती स्त्री, जिसका पति जीवित हो वह स्त्री; (सुपा ३६५)। °**नय** वि [°**नय**] न्याय-युक्त, व्याजवी; (सुपा ५०४)। °**पक्ख** वि [°**पक्ष**] १ पाँख वाला, पाँखों से युक्त; (से २, १४)। २ सहायता करने वाला, सहायक, मित्र; (पव २३९; स ३९७)। ३ समान पार्श्व वाला, दक्षिण आदि तरफ से जो समान हो वह; (निर १, १)। °**पुन्न** वि [°**पुण्य**] पुण्यशाली, पुण्यवान; :(सुपा ३८४)। °**प्पभ** वि [°**प्रभ**] प्रभा-युक्त; (सम १३७; भग)। °**प्परिआव**, °**प्परिताव** वि [°**परिताप**] परिताप—संताप से युक्त; (श्रा ३७; पड)। °**प्पिसल्लग** वि [°**पिशाचक**] पिशाच-गृहीत, पागल; (पण्ह २, ५—पत्र १५०)। °**प्पिवास** वि [°**पिपास**] तृषातुर, सतृष्ण; (हे २, ९७)। °**प्पिह** वि [°**स्पृह**] स्पृहा वाला; (दे ७, २६)। °**प्फंद** वि [°**स्पन्द**] चलायमान; (दे ८, ९)। °**प्फल**, °**फल** वि [°**फल**] सार्थक; (से १५, १४; हे २, २०४; प्राप; उप ७२८ टी)। °**ब्बल** वि [°**बल**] बलवान, बलिष्ठ; (पिंग)। °**भल** देखो °**फल**; (हे १, २३६; कुमा)। °**मण** वि [°**मनस्**] १ मन वाला, विवेक-बुद्धि वाला; (धरण २२)। २ समान मन वाला, राग-द्वेष आदि से रहित, मुनि, साधु; (अणु)। °**मणक्ख** वि [°**मनस्क**] पूर्वोक्त अर्थ; (सूअ २, ४, २)। °**मय** वि [°**मद**] मद-युक्त; (से १, १९; सुपा १८८)। °**महिड्डिअ** वि [°**महर्द्धिक**] महान वैभव वाला; (प्रासू १०७)। °**मिरिईअ**, °**मिरीय** वि [°**मरीचिक**] किरण-युक्त; (भग; औप; ठा ४, १—पत्र ३२९)। °**मेर** वि [°**मर्याद**] मर्यादा-युक्त; (ठा ३, २—पत्र १२६)। °**यण्ह** वि [°**तृष्ण**] तृष्णा-युक्त; (गउड; सुपा ३८४)। °**याण** वि [°**ज्ञान**] सियाना, जानकार; (सुपा ३८५)। °**योगि** वि [°**योगिन्**] १ व्यापार-युक्त, योग वाला; २ न. तेरहवाँ गुण-स्थानक; (कम्म २, ३१)। °**रय** वि [°**रत**] कामी; (से १, २७)। °**रहस** वि [°**रभस**] वेग-युक्त, उतावला; (गा ३५४; सुपा ६३२; कप्पू)। °**राग** वि [°**राग**] राग-सहित; (ठा २, १—पत्र ५८)। °**रागसंजत**, °**रागसजय** वि [°**रागसंयत**] वह साधु जिसका राग क्षीण न हुआ हो; (पण्ण १७—पत्र ४९४; उवा)। °**रूव** वि [°**रूप**] समान रूप वाला; (पउम ८, ६)। °**लूण** वि [°**लवण**] लावण्य-युक्त; (सुपा २९३)। °**लोग** वि [°**लोक**] समान, सदृश; (सट्टि २१ टी)। °**लोण** देखो °**लूण**; (गा ३१६; हे ४, ४४४; कुमा), स्त्री— °**लोणी**; (हे ४, ४२०)। °**वक्ख** देखो °**पक्ख**; (गउड; भवि)। °**वण** वि [°**व्रण**] घाव वाला, व्रण-युक्त; (सुपा २८१)। °**वय** वि [°**वयस्**] समान उम्र वाला; (दे ८, २२)। °**वय** वि [°**व्रत**] व्रती; (सुपा ४५१)। °**वाय** वि [°**पाद**] सवाया; (स ४४१)। °**वाय** वि [°**वाद**] वाद-सहित; (सूअ २, ७, ५)। °**वास** वि [°**वास**] समान वास वाला, एक देश का रहने वाला; (प्रासू ७९)। °**विज्ज** वि [°**विद्य**] विद्या-वान् , विद्वान; (उप पृ २१५)। °**व्वण** देखो °**वण**; (गउड; श्रा १२)। °**व्वेक्ख** वि [°**व्यपेक्ष**] दूसरे की परवा रखने वाला, सापेक्ष; (धर्मसं ११९७)। °**व्वाव** वि [°**व्याप**] व्याप्ति-युक्त, व्यापक; (भग १, ६—पत्र ७७)। °**व्विवर** वि [°**विवर**] विवरण-युक्त, सविस्तर; (सुपा ३९४)। °**संक** वि [°**शङ्क**] शङ्का-युक्त; (दे २, १०९; सुर १६, ५५; कुप्र ४४५; गउड)। °**संकिअ** वि [°**शङ्कित**] वही; (सुर ८, ४०)। °**सत्ता** स्त्री [°**सत्त्वा**] सगर्भा, गर्भिणी स्त्री; (उत्त:२१, ३)। °**सिरिय**, °**सिरीय** वि [°**श्रीक**] श्री-युक्त, शोभा-युक्त; (पि ९८; णाया १, १; राय)। °**सिह** वि [°**स्पृह**] स्पृहा वाला; (कुमा)। °**सिह** वि [°**शिख**] शिखा-युक्त; (राज)। °**सूग** वि [°**शूक**] दयालु; (उव)। °**सेस** वि [°**शेष**] १ सावशेष, बाकी रहा हुआ; (दे ८, ५९; गउड)। २ शेषनाग-सहित; (गउड १५)। °**सोग**, °**सोगिल्ल** वि [°**शोक**] दिलगीर, शोक-युक्त; (पउम ६३, ४; सुर ६, १२४)। °**स्सिरिअ**, °**स्सिरीअ** देखो °**सिरिय**; (पि ९८; अभि १५९; भग; सम १३७; णाया १, ९—पत्र १५७)।

सअ सक [**स्वद्**] १ प्रीति करना। २ चखना, स्वाद लेना। सअइ; (प्राकृ ७५; धात्वा १५४)।

सअ न [**सदस्**] सभा; (षड्)।

सअअ न [**दे**] १ शिला, पत्थर का तख्ता; २ वि. घूर्णित; (दे ८, ४६)।

सअक्खगत्त पुं [**दे**] कितव, जुआरी; (दे ८, २१)।

सअज्जिअ, **सअज्झिअ** } पुंस्त्री [**दे**] प्रातिवेश्मिक, पड़ौसी; (गा ३३५), स्त्री— °**आ**; (गा ३६; ३९ अ), "सअज्झिअं संठवंतीए" (गा ३९; पिंड ३४२)। देखो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सइज्झिअ।

सअडिआ देखो **सगडिआ**; (पि २०७)।

सअढ पुं [**दे**] लम्बा केश; (दे ८, ११)।

सअढ पुं [**शकट**] १ दैत्य-विशेष; (प्राप्र; संक्षि ७; हे १, १९६)। २ पुंन. यान-विशेष, गाड़ी; (हे १, १७७; १८०)। °**रि** पुं [°**रि**] नरसिंह, श्रीकृष्ण; (कुमा)। देखो **सगड**।

सअर देखो **स-अर**=स-कर, स-गर।

सअर देखो **सगर**; (से २, २९)।

सआ अ [**सदा**] १ हंमेशा, निरन्तर; (प्राप्र; हे १, ७२; कुमा; प्रासू ४६)। °**चार** पुं [°**चार**] निरन्तर गति; (रयण १५)।

सआ स्त्री [**स्रज्**] माला; (षड्)।

सइ देखो **सआ**=सदा; (पाअ; हे १, ७२; कुमा)।

सइ अ [**सकृत्**] एक बार, एक दफा; (हे १, १२८; सम ३५; सुर ८, २४४)।

सइ स्त्री [**स्मृति**] स्मरण, चिन्तन, याद; (श्रा १९)। °**काल** पुं [°**काल**] भिक्षा मिलने का समय; (दस ५, २, ६)।

सइ देखो **स**=स्व; "सइकारियजिणपडिमाए" (सुपा ५१०; भवि)।

सइ देखो **सय**=शत; "अस्सोयव्वं सोचावि फुट्टए जं न सइखंडं" (सुर १४, २)। °**कोडि** स्त्री [°**कोटि**] एक सौ करोड़, एक अबज; (षड्)।

सइ देखो **सइं**=स्वयम्; (काल; हे ४, ३९५; ४३०)।

सइ° देखो **सई**=सती; (सुपा ३०१)।

सइअ वि [**शतिक**] सौ का परिमाण वाला; (णाया १, १—पत्त ३७)। देखो—**सइग**।

सइअ वि [**शयित**] सुप्त, सोया हुआ; (दे ७, २८; गा २५४; पउम १०१, ६०)।

सइएल्लय देखो **स**=स्व; "ताव य आगओ परिव्वायओ जक्खदेउलाओ सइएल्लए दालिद्दपुरिसे घेत्तूण" (महा)।

सइं देखो **सइ**=सकृत्; (आचा)।

सइं देखो **सयं**=स्वयम्; (ठा २, ३—पत्त ६३; हे ४, ३३९; ४०२; भवि)।

सइग वि [**शतिक**] सौ (रुपया आदि) की कीमत का; (दसनि ३, १३)।

सइज्झ } **सइज्झिअ** } पुंस्त्री [**दे**] प्रातिवेश्मिक, पड़ोसी; (दे ८, १०); स्त्री—°**आ**; (सुपा २७८; पिंड ३४२ टी; वज्जा ९४)।

